त्रिभाषा कोशमाला-3

# हिंदी-कन्नड-अंग्रेज़ी

## त्रिभाषा कोश : जिल्द 1

केंद्रीय हिंदी निदेशालय
शिक्षा विभाग
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
भारत सरकार

त्रिभाषा कोशमाला-3

केंद्रीय हिन्दी निदेशालय
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(शिक्षा विभाग)
भारत सरकार की ओर से भेंट

# हिंदी-कन्नड-अंग्रेज़ी
## त्रिभाषा कोश
(जिल्द : 1)

# Hindi-Kannada-English
## Trilingual Dictionary
(Volume : 1)

(अ - ध)

**केंद्रीय हिंदी निदेशालय**
शिक्षा विभाग
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(भारत सरकार)

**Central Hindi Directorate**
Department of Education
Ministry of
Human Resources Development
(Government of India)

PED – 561 (E) (KAN)

1000 – 1984 (DSK II)

© केंद्रीय हिंदी निदेशालय
प्रथम संस्करण : 1986

मूल्य : रुपये 244.00

प्रकाशक : केंद्रीय हिंदी निदेशालय,
शिक्षा विभाग,
मानव संसाधन विकास मंत्रालय,
पश्चिमी खण्ड-7,
रामकृष्णपुरम्, नई दिल्ली-110066

मैसर्ज़ राज प्रिंटिंग वर्क्स,
44, चाँदनी चौक, दिल्ली द्वारा
भारत में 1986 में मुद्रित ।

# प्राक्कथन

देश की एकता और अखंडता को सुदृढ़ करने के लिए यह आवश्यक है कि विभिन्न भाषा-भाषी प्रदेशों की जनता को भावात्मक दृष्टि से परस्पर निकट लाया जाए। इसके अतिरिक्त यह भी जरूरी है कि देश के विभिन्न प्रदेशों की बौद्धिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान की स्वस्थ परंपरा को उत्तरोत्तर बहुआयामी प्रोत्साहन दिया जाए। भाषा एक ऐसा माध्यम है जो विभिन्न भाषा-भाषियों को निकट लाने में एक सुगम सेतु का काम कर सकता है। इसके लिए भाषिक आधार पर आदान-प्रदान को तथा एक दूसरे की भाषा को सीखने-समझने की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। भारतीय संविधान में हिंदी के राजभाषा स्वीकृत हो जाने से यह और भी आवश्यक हो गया है कि उसे संविधान में स्वीकृत सभी भारतीय भाषाओं के निकट लाया जाए और उनमें परस्पर समान तत्वों की खोज की जाए।

भारतीय शिक्षाजगत् में जब से त्रिभाषा सूत्र लागू किया गया है तब से इस बात की आवश्यकता का अनुभव किया जा रहा है कि ऐसे कोश तैयार किए जाएं जिनमें हिंदी, प्रादेशिक भाषा और अंग्रेज़ी – तीनों के समानांतर पर्याय दिए जाएं ताकि संविधान स्वीकृत किसी भाषा को बोलने वाला छात्र या शोधकर्ता भारतीय भाषाओं और अंग्रेज़ी के समानार्थक शब्द साथ-साथ देख सके। इसी लक्ष्य को सामने रख कर शिक्षा तथा संस्कृति मंत्रालय की शिक्षा समिति की भारतीय भाषा समिति और कार्यकारिणी उपसमिति की सिफारिशों पर केंद्रीय हिंदी निदेशालय ने सन् 1969 में त्रिभाषा कोशों के निर्माण की एक योजना बनाई। कालांतर में केंद्रीय हिंदी निदेशालय ने द्विभाषा कोशों और भारतीय भाषा कोश के निर्माण का काम भी हाथ में लिया।

त्रिभाषा कोशमाला के अंतर्गत हिंदीमूलक और प्रादेशिक भाषामूलक 12–12 कोश तैयार किए जा रहे हैं। इन सभी कोशों में तीसरी भाषा समान रूप से अंग्रेज़ी है। प्रस्तुत हिंदी-कन्नड-अंग्रेज़ी कोश इस कोशमाला का तीसरा पुष्प है।

इस कोश में लगभग 20,000 प्रविष्टियाँ हैं। हिंदी की आधार शब्दावली केंद्रीय हिंदी निदेशालय में संकलित की गई है और उनके अंग्रेज़ी पर्याय भी निदेशालय ने ही अंकित किए हैं। कन्नड पर्याय-अंकन का कार्य मैसूर विश्वविद्यालय, मैसूर के माध्यम से करवाया गया है।

1. **शब्दों का चुनाव**

इस कोश के लिए शब्दों का चुनाव करते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखा गया है :—

(क) इस कोश में ऐसे शब्द सम्मिलित किए गए हैं जो सामान्य जनता के दैनिक व्यवहार में आते हैं और स्कूलों तथा विश्वविद्यालयों की पाठ्य-पुस्तकों में जिनका प्रयोग किया जाता है।

(ख) हिंदी में गृहीत अरबी, फारसी और अंग्रेज़ी के शब्दों को भी इसमें स्थान दिया गया है।

(ग) विभिन्न भावों, विचारों और क्रियाओं को व्यक्त करने वाले संकल्पनामूलक शब्दों के अतिरिक्त खाने-पीने की चीजों, फलों, सब्जियों, गहनों, कपड़ों आदि के नामवाची शब्द भी इसमें शामिल किए गए हैं।

(घ) दफ्तरों, बाजारों, कारखानों, विधान मंडलों, संसद आदि में प्रयुक्त होने वाले शब्द तथा विविध कलाओं से संबंधित ऐसे शब्द भी सम्मिलित किए गए हैं जिनका अधिकतर प्रयोग किया जाता है।

## 2. शब्दों का रूप और वर्तनी

इस कोश में बोलचाल की भाषा में प्रयुक्त होने वाले तथा स्कूल और कालिज की पाठ्य-पुस्तकों में प्रयुक्त होने वाले शब्दों का स्वरूप एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में प्राय: भिन्न होता है और उनके एकाधिक रूप प्रचलित होते हैं। अत: इन शब्दों के रूप और वर्तनी के निर्धारण में नीचे लिखे नियमों का पालन किया गया है :-

(क) यदि तत्सम और तद्‌भव दोनों रूप प्रचलित हैं और दोनों रूपों में भिन्नता है तो अधिक प्रचलित रूप को मुख्य प्रविष्टि माना गया है और दूसरे रूप को कोष्ठक में दे दिया गया है।

(ख) यदि तद्‌भव रूप तत्सम रूप से बहुत भिन्न है अथवा उसमें अर्थ परिवर्तन हो गया है तो तत्सम और तद्‌भव दोनों रूपों को वर्णक्रमानुसार प्रविष्टि के रूप में दिया गया है।

(ग) तद्‌भव और देशज शब्दों के विभिन्न रूपों में सबसे अधिक प्रचलित रूप को ही प्रविष्टि माना गया है और दूसरे कम प्रचलित रूपों को कोष्ठक में दिया गया है। बहुत ही कम प्रचलित अथवा नितांत स्थानीय रूपों को छोड़ दिया गया है।

(घ) शब्दों के व्याकरणिक अथवा व्युत्पन्न रूपों को अलग से देना आवश्यक नहीं समझा गया है। शब्दों को ग्रहण करने अथवा छोड़ देने का निर्णय उनकी प्रयोग-बहुलता तथा उनके प्रयोग-क्षेत्र की व्यापकता के आधार पर किया गया है।

## 3. रूपबंध (फार्मेट)

इस कोश को तीन जिल्दों में प्रकाशित किया जा रहा है। पहली जिल्द में 'अ' से 'ध' तक के शब्द सम्मिलित हैं।

(क) प्रत्येक पृष्ठ पर छह कॉलम हैं। पहले कॉलम की हिंदी प्रविष्टि मोटे टाइप में दी गई है।

(ख) दूसरे कॉलम में प्रत्येक शब्द की व्याकरणिक कोटि दी गई है।

(ग) तीसरे कॉलम में मुख्य प्रविष्टि के व्याख्यात्मक अर्थ दिए गए हैं। इन्हीं अर्थों को ध्यान में रख कर बाद में लक्ष्य भाषा और अंग्रेज़ी भाषा के पर्याय दिए गए हैं।

(घ) चौथे कॉलम में कन्नड के पर्याय दिए गए हैं।

(ङ) पांचवें कॉलम में कन्नड पर्यायों का देवनागरी लिप्यंतरण दिया गया है।

(च) अंतिम छठे कॉलम में मुख्य प्रविष्टि के अंग्रेज़ी पर्याय दिए गए हैं।

निदेशालय लंबे समय से पारिभाषिक शब्दावली के क्षेत्र में काम करता रहा है। हिंदी और विभिन्न भारतीय भाषाओं के द्विभाषी एवं बहुभाषी कोशों की रचना के क्षेत्र में निदेशालय का यह आरंभिक प्रयास है। इस दृष्टि से हमें अपनी कमियों और सीमाओं का भली प्रकार से ज्ञान है तथा इस कोश में कुछ त्रुटियां रह जाने की संभावना का भी हमें पूरी तरह से अहसास है। इस तथ्य को हम स्वीकार करते हैं और इसीलिए इस कोश को प्रथम प्रारूप के रूप में सुविज्ञ प्रयोक्ताओं के सम्मुख इस आशा से प्रस्तुत कर रहे हैं कि वे इसमें पाई गई कमियों की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट करेंगे। ध्यान में लाई गई कमियों को अगले संस्करण में दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

इस कोश के निर्माण-कार्य में अनेक विद्वानों ने सहयोग दिया है। निदेशालय के अधिकारियों ने भी परिश्रम और निष्ठापूर्वक कार्य किया है। इन सब सहयोगियों की सूची आगे दी जा रही है। मैं इन सभी के प्रति अपना आभार व्यक्त करता हूँ।

(राजमणि तिवारी)
निदेशक

नई दिल्ली
दिनांक : 22 जनवरी, 1986

# संक्षेप सूची

| | |
|---|---|
| **व्या. को.** | व्याकरणिक कोटि |
| **पुं.** | पुंलिंग |
| **स्त्री.** | स्त्रीलिंग |
| **सर्व.** | सर्वनाम |
| **वि.** | विशेषण |
| **क्रि.वि.** | क्रियाविशेषण |
| **स.क्रि.** | सकर्मक क्रिया |
| **अ.क्रि.** | अकर्मक क्रिया |
| **अव्य.** | अव्यय |

# कोश कार्य से सम्बद्ध विशेषज्ञ
# तथा
# निदेशालय के अधिकारी

**कन्नड पर्याय-अंकन**
मैसूर विश्वविद्यालय, मैसूर

**कन्नड पर्याय-पुनरीक्षण**
डा. सेतुमाधव राव

## निदेशालय के वर्तमान अधिकारी

**संपादन**
श्री राजमणि तिवारी, निदेशक
डा. नरेंद्र व्यास, प्रधान संपादक
श्री एस. एल. गूमर, सहायक शिक्षा अधिकारी
श्रीमती सुदर्शन अरोड़ा, अनुसंधान सहायक
डा. एन. के. नागराज, अनुसंधान सहायक

**परामर्श**
डा. नगेंद्र, परामर्शदाता

**संकलन**
श्री प्रेमदास, सहायक निदेशक
श्री ओम्प्रकाश रोहतगी, सहायक शिक्षा अधिकारी
श्रीमती सरोज जैन, सहायक शिक्षा अधिकारी
श्रीमती संतोष नंदा, अनुसंधान सहायक
श्रीमती पुष्पलता तनेजा, अनुसंधान सहायक
श्री ब्रजमोहन लाल रस्तोगी, अनुसंधान सहायक
श्रीमती सुमन शर्मा, अनुसंधान सहायक
डा. भगवती प्रसाद निदारिया, अनुसंधान सहायक

**प्रकाशन**
डा. एम. पी. श्रीवास्तव, उपनिदेशक
डा. बी. पी. सिंह, सहायक निदेशक
श्री के. आर. कर्ण, सहायक शिक्षा अधिकारी
श्री कृपा शंकर सक्सेना, अनुसंधान सहायक
श्रीमती कुलदीप कौर, अनुसंधान सहायक
श्री एम. एल. ओबराय, कलाकार

**मैसूर विश्वविद्यालय, मैसूर**
**कन्नड़ पर्याय संपादन समिति**

(स्वर्गीय) प० वेंकटाचल शर्मा
डा० मे० राजेश्वरय्या
प्रो० ना० नागप्पा
श्री गु० सच्चिदानंदन
डा० हा० मा० नायक
श्री के० वी० राघवाचार

## निदेशालय के भूतपूर्व अधिकारी

डा. गोपाल शर्मा, निदेशक
डा. हरवंश लाल शर्मा, निदेशक
डा. रणवीर रांग्रा, निदेशक
श्री आर. पी. मालवीय, अपर निदेशक
श्री जीवन नायक, प्रधान संपादक
श्री राजमल जैन, उपनिदेशक
श्री योगेन्द्र मोहन गुप्त, सहायक निदेशक
श्रीमती पी. भौर्या, सहायक निदेशक
श्री प्रकाशनारायण शर्मा, सहायक शिक्षा अधिकारी
श्री नूरनबी अब्बासी, अनुसंधान सहायक
श्री रामशंकर सिंह, अनुसंधान सहायक

# हिंदी-कन्नड-अंग्रेज़ी त्रिभाषा कोश

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| अंक | पु. | 1. संख्या; | ಅಂಕಿ; | अंकि; | number, numerical figure; |
| | | 2. चिह्न, छाप; | ಚಿಹ್ನೆ, ಗುರುತು; | चिह्नॆ, गुरुतु; | mark or spot; |
| | | 3. गोद; | ತೊಡೆ, ಮಡಿಲು; | तॊडॆ, मडिलु; | lap; |
| | | 4. परीक्षा आदि में सफलतासूचक इकाई; | ಪರೀಕ್ಷೆಯಲ್ಲಿ ದೊರೆತ ಅಂಕಗಳು | परीक्षॆयल्लि दॊरॆत अंकगळु; | marks (in an examination); |
| | | 5. नाटक का एक खंड या भाग जिसमें कई दृश्य होते हैं; | ನಾಟಕದ ಹಲವು ದೃಶ್ಯಗಳನ್ನೊಳಗೊಂಡ ಒಂದು ಭಾಗ | नाटकद हलवु दृश्यगळन्नॊळगॊंड ऒंदु भाग; | act of a drama containing several scenes; |
| | | 6. पत्र-पत्रिकाओं आदि का कोई निश्चित समय पर या समय विशेष पर होने वाला प्रकाशन। | ನಿಯಮಿತ ಕಾಲದಲ್ಲಿ ಪ್ರಕಟವಾಗುವ ಪತ್ರಿಕೆಯ ಸಂಚಿಕೆ ಅಥವಾ ವಿಶೇಷಾಂಕ | नियमित कालदल्लि प्रकटवागुव पत्रिकॆय संचिकॆ अथवा विशेषांक | number of a periodical or a magazine etc. |
| अंकक | पु. | 1. हिसाब लिखने वाला; | ಲೆಕ್ಕ ಬರೆಯುವವ, | लॆक्क बरॆयुवव; | accountant; |
| | | 2. चिह्न लगानेवाला। | ಗುರುತು ಹಾಕುವವ | गुरुतु हाकुवव | marker. |
| अंकगणित | पु. | गणित की वह शाखा जिसमें संख्याओं के जोड़, बाकी, गुणा, भाग आदि द्वारा प्रश्नों के उत्तर निकाले जाते हैं, हिसाब। | ಅಂಕಗಣಿತ | अंकगणित | arithmetic. |
| अंकन | पु. | 1. चिह्न बनाना; | ಗುರುತು ಹಾಕುವಿಕೆ; | गुरुतु हाकुविकॆ; | mark, act of marking; |
| | | 2. लेखन; | ಬರೆಯುವಿಕೆ; | बरॆयुविकॆ; | writing; |
| | | 3. गिनती करना; | ಎಣಿಕೆ; | ऎणिकॆ; | numbering; |
| | | 4. चित्र बनाना। | ಚಿತ್ರಿಸುವಿಕೆ | चित्रिसुविकॆ | painting or drawing a picture |
| अंकित | वि. | 1. जिसका अंकन किया गया हो; | ಗುರುತು ಹಾಕಿದ; | गुरुतु हाकिद; | marked, branded; |
| | | 2. जिस पर चिह्न बना हो, चिह्नित; | ಗುರ್ತಾದ; | गुर्ताद; | spotted; |
| | | 3. लिखित; | ಬರೆದ; | बरॆद; | written on; |
| | | 4. चित्रित; | ಚಿತ್ರಿಸಿದ; | चित्रिसिद; | drawn or painted on; |
| | | 5. गिना हुआ। | ಎಣಿಕೆಯಾದ | ऎणिकॆयाद | numbered, counted. |
| अंकुर | पु. | 1. अंखुआ; | ಮೊಳಕೆ; | मॊळकॆ; | sprout, shoot, blade; |
| | | 2. घाव के भराव के समय मास के छोटे दाने; | ಮಾಯುತ್ತಿರುವ ಗಾಯದಲ್ಲಿನ ಮೊಳೆ; | मायुत्तिरुव गायदल्लिन मॊळॆ; | granulation; |
| | | 3. नोक; | ಅಲಗು; | अलगु | edge; |
| | | 4. भावी उन्नति, विकास आदि के सूचक लक्षण। | ಭವಿಷ್ಯದ ಬೆಳವಣಿಗೆಯನ್ನು ಸೂಚಿಸುವ ಲಕ್ಷಣ | भविष्यद बॆळवणिगॆयन्नु सूचिसुव लक्षण | signs, germs. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **अंकुरित** | वि. | 1. अंकुरयुक्त; | ಚಿಗುರಿದ; | चिगुरिद; | sprouted, having sprout; |
| | | 2. प्रस्फुटित; | ಮೊಳೆತ; | मॊळॆत; | budded; |
| | | 3. उत्पन्न। | ಹುಟ್ಟಿದ | हुट्टिद | germinated. |
| **अंकुश** | पुं. | 1. लोहे का कांटा या एक तरह का भाला जिसे महावत हाथी के सिर पर कोंच कर उसे चलाता है; | ಮಾವುತನು ಉಪಯೋಗಿಸುವ ಕಬ್ಬಿಣದ ಚೂಪಾದ ಕೊಕ್ಕೆ, ಅಂಕುಶ; | मावुतनु उपयोगिसुव कब्बिणद कॊक्कॆ, अंकुश; | iron hook with which the elephants are driven, goad; |
| | | 2. रोक, नियंत्रण। | ಅಂಕೆ | अंकॆ | restraint, or check. |
| **अंखुआ** | पुं. | अंकुर, कुल्ला। | ಮೊಳಕೆ | मॊळकॆ | sprout, shoot, bulb. |
| **अंग** | पुं. | 1. शरीर, देह; | ದೇಹ, ಶರೀರ; | देह, शरीर; | body; |
| | | 2. शरीर का भाग; | ಶರೀರದ ಭಾಗ; | शरीरद भाग; | limb or member of the body; |
| | | 3. भाग, विभाग; | ಭಾಗ, ವಿಭಾಗ; | भाग, विभाग; | division or subdivision; |
| | | 4. प्रधान या अंगी का सहायक; | ಮುಖ್ಯವಾದುದಕ್ಕೆ ಸಹಾಯಕ ಅಂಶ; | मुख्यवादुदक्कॆ सहायक अंश; | secondary or auxiliary or dependent; |
| | | 5. उपाय, साधन। | ಸಾಧನ | साधन | means or expedient. |
| **अंगड़ खंगड़** | वि. | टूटा-फूटा। | ಹರಕು ಮುರುಕಾದ | हरकु मुरुकाद | broken; |
| | पुं. | टूटा-फूटा सामान। | ಹರಕಲು ಮುರುಕಲು | हरकलु मुरुकलु | old or broken furniture etc. |
| **अंगड़ाई** | स्त्री. | जंभाई के साथ अंगों को फैलाना या तानना। | ಆಕಳಿಸುತ್ತಾ ಮೈ ಮುರಿಯುವಿಕೆ | आकळिसुत्ता मै मुरियुविकॆ | twisting or stretching the body for relaxation, yawning. |
| **अंगड़ाना** | अ. क्रि. | अंगड़ाई लेना। | ಆಕಳಿಸು, ಆಕಳಿಸುತ್ತಾ, ಮೈ ಮುರಿಯು | आकळिसु, आकळिसुत्ता मै मुरियु | to stretch the limbs, to yawn. |
| **अंगना** | स्त्री. | 1. सुंदर अंगोंवाली, सुंदरी; | ಸುಂದರಾಂಗಿ, ಸುಂದರಿ; | सुंदरांगि, सुंदरि; | woman of beautiful form; |
| | | 2. कामिनी। | ಕಾಮಿನಿ | कामिनि | woman or female in general. |
| **अंग-प्रत्यंग** | पुं. | शरीर के सभी अंग। | ಶರೀರದ ಎಲ್ಲಾ ಅಂಗಗಳು | शरीरद ऎल्ला अंगगळु | every limb, small or big. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **अंगभंग** | पुं. | 1. किसी अंग का टूट जाना; | ಅಂಗಗಳ ಮುರಿದು ಹೋಗುವಿಕೆ; | अंगगळ मुरिदु होगुविके; | mutilation of any limb of the body; |
| | | 2. अंगों का ऐंठना। | ಅಂಗ ಚಲನೆ ಯಾಗದಿರುವಿಕೆ | अंग चलनेयाग-दिरुविके | stiffening of the joints of the body. |
| | वि. | अपाहिज, लूला-लंगड़ा। | ಅಂಗಹೀನ, ವಿಕಲಾಂಗ | अंगहीन, विकलांग | crippled,mutilated. |
| **अंगभंगिमा** | स्त्री. | अंगों द्वारा कोमल और चित्ताकर्षक चेष्टाएं, अदा, हावभाव। | ಹಾವಭಾವ | हावभाव | coquetry. |
| **अंगभूत** | वि. | 1. अंग से उत्पन्न; | ಅಂಗದಿಂದಾದ; | अंगदिंदाद; | born from the body; |
| | | 2. अंगस्वरूप बना हुआ; | ಅಂಶದಂತೆ ಆಗಿ ರುವ; | अंशदंते आगिरुव; | forming parts of a constituent; |
| | | 3. अंतर्गत। | ಅಂಗದಂತಿರುವ | अंगदंतिरुव | component. |
| **अंगरक्षक** | पुं. | शासक आदि बड़े आदमियों की शरीर-रक्षा के लिए नियुक्त जन। | ಶರೀರ ರಕ್ಷಕ | शरीर रक्षक | body-guard. |
| **अँगरखा (अँगरखी)** | पुं. (स्त्री.) | पुरुषों का एक लंबा पहनावा, अंगा, अचकन। | ಗಂಡಸರು ಧರಿಸುವ ನಿಲುವಂಗಿ | गंडसरु धरिसुव निलुवंगि | upper garment, long coat or tunic. |
| **अंगराग** | पुं. | सुगंधित लेप या उबटन। | ಹಚ್ಚಿಕೊಳ್ಳುವ ಸುಗಂಧದ ಪುಡಿ | हच्चिकोळ्ळुव सुगंधद पुडि | scented cosmetics; |
| **अँगरेज (अँग्रेज़)** | पुं. | इंग्लैंड देश का रहने वाला। | ಇಂಗ್ಲೀಷಿನವ | इंग्लीषिनव | an Englishman. |
| **अँगरेजी (अँग्रेजी)** | वि. | 1. अँगरेज संबंधी; | ಇಂಗ್ಲೆಂಡು ದೇಶಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ; | इंग्लेंडु देशक्के संबंधिसिद; | English, British; |
| | | 2. अँगरेजों जैसा। | ಇಂಗ್ಲೀಷಿನವರಂತೆ | इंग्लीषिनवरंते; | English-like. |
| | स्त्री. | अंगरेजों की भाषा। | ಇಂಗ್ಲೀಷು ಭಾಷೆ | इंग्लीषु भाषे | the English language. |
| **अंगविक्षेप** | पुं. | 1. बोलने, गाने आदि में हाथ, पैर, सिर आदि हिलाना; | ಹಾಡುವಾಗ ಅಥವಾ ಮಾತನಾಡುವಾಗ ಮಾಡುವ ಅಂಗ ಚಲನೆ; | हाडुवाग अथवा मातनाडुवाग माडुव अंगचलने; | movement of the limbs in dancing, speech etc; |
| | | 2. नृत्य। | ನಾಟ್ಯ | नाट्य | dancing. |
| **अंगहानि** | स्त्री. | अंग का कटकर अलग या नष्ट हो जाना। | ಅಂಗಹೀನತೆ | अंगहीनते | loss of a limb. |
| **अंगहीन** | वि. | जिसके शरीर का कोई अंग खंडित हो, लुंज। | ಅಂಗ ಹೀನವಾದ | अंगहीनवाद | having some defective limb or deprived of the same, mutilated. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **अंगांगिभाव** | पुं. | 1. अंग और अंगी (शरीर) का संबंध या भाव; | ಶರೀರ ಹಾಗೂ ಅದರ ಅಂಗಗಳ ಸಂಬಂಧ; | शरीर हागू अदर अंगगळ संबंध; | relation of a limb to the body; |
| | | 2. मुख्य वस्तु का उसके गौण या लघुभाग से संबंध। | ಪ್ರಧಾನ ವಸ್ತುವಿಗೂ ಅದರ ಅಪ್ರಧಾನ ಭಾಗಕ್ಕೂ ಇರುವ ಸಂಬಂಧ | प्रधान वस्तुविगू अदर अप्रधान भागक्कू इरुव संबंध | relation of the principal and the subordinate parts. |
| **अंगार (अंगारा)** | पुं. | 1. दहकता हुआ कोयला; | ಕೆಂಡ; | कॆंड; | burning charcoal; |
| | | 2. चिनगारी; | ಕಿಡಿ; | किडि; | embers; |
| | | 3. (ला.) लाल रंग। | ಕೆಂಬಣ್ಣ | कॆंबण्ण | red colour. |
| **अंगिया** | स्त्री. | चोली। | ರವಿಕೆ | रविकॆ | bodice or undergarment. |
| **अंगीकरण** | पुं. | स्वीकार या ग्रहण करने की क्रिया। | ಒಪ್ಪುವಿಕೆ, ಸ್ವೀಕರಿಸುವಿಕೆ | ऑप्पुविकॆ, स्वीकरिसुविकॆ | acceptance, taking. |
| **अंगीकार** | पुं. | 1. स्वीकार; | ಒಪ್ಪಿಗೆ; | ऑप्पिगॆ; | acceptance; |
| | | 2. ग्रहण; | ಸ್ವೀಕಾರ; | स्वीकार; | taking to: |
| | | 3. (कोई काम, जिम्मेदारी) ऊपर लेना, उठाना। | ಜವಾಬ್ದಾರಿ | जवाब्दारि | undertaking (any responsibility etc.). |
| **अँगीठी** | स्त्री. | मिट्टी, लोहे आदि का वह पात्र जिसमें आग सुलगाते हैं। | ಅಗ್ಗಿಷ್ಟಿಕೆ | अग्गिष्टिकॆ | portable oven of earth, iron etc., chafing dish. |
| **अंगुल** | पुं. | 1. एक नाप जो अंगुली की चौड़ाई के बराबर होती है; | ಬೆರಳ ಅಗಲದ ಅಳತೆ; | बॆरळ अगलद अळतॆ; | measure equal to a finger's breadth; |
| | | 2. उंगली। | ಬೆರಳು | बॆरळु | finger. |
| **अंगुलि** | स्त्री. | 1. उंगली; | ಬೆರಳು; | बॆरळु; | finger; |
| | | 2. अंगुल की चौड़ाई के बराबर नाप। | ಬೆರಳ ಅಗಲದ ಅಳತೆ | बॆरळ अगलद अळतॆ | a finger's breadth. |
| **अंगूठा** | पुं. | मनुष्य के हाथ या पैर की पहली और सबसे छोटी अंगुली। | ಹೆಬ್ಬೆರಳು | हॆब्बॆरळु | thumb or great toe. |
| **अंगूठी** | स्त्री. | उंगली में पहनने का एक गहना। | ಉಂಗುರ | उंगुर | finger ring. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **अंगूर** | पुं. | 1. एक छोटा मीठा फल जो पकने पर बहुत मीठा होता है, किशमिश, द्राक्षा, दाख; | ದ್ರಾಕ್ಷಿ ಹಣ್ಣು; | द्राक्षि हण्णु | grape; |
| | | 2. उक्त फल की लता; | ದ್ರಾಕ್ಷಿ ಬಳ್ಳಿ; | द्राक्षि बळ्ळि; | vine; |
| | | 3. भरते हुए घाव के लाल दाने। | ಮಾಯುತ್ತಿರುವ ಹುಣ್ಣಿನ ಮೊಳೆ | मायुत्तिरुव हुण्णिन मोळे | granulations. |
| **अंगूरी** | वि. | 1. अंगूर से बना हुआ; | ದ್ರಾಕ್ಷಿಯಿಂದಾದ; | द्राक्षियिंदाद; | made from grapes; |
| | | 2. अंगूर के रंग का। | ದ್ರಾಕ್ಷಿಯ ಬಣ್ಣದ | द्राक्षिय बण्णद | of the colour of grapes. |
| **अंगोछना** | स. क्रि. | गीले गमछे से बदन पोंछना या रगड़ना। | ಒದ್ದೆ ಟವಲಿನಿಂದ ಶರೀರವನ್ನು ಉಜ್ಜಿ ಒರೆಸು | ओद्दे टवलिनिंद शरीरवन्नु उज्जि ओरेसु | to rub with wet towel. |
| **अंगोछा** | पुं. | शरीर पोंछने का कपड़ा, तौलिया या गमछा। | ಟವಲು | टवलु | cloth fastened round the waist when bathing and used for wiping the body, towel. |
| **अंचल** | पुं. | 1. आंचल या पल्ला; | ಸೆರಗು; | सेरगु; | border or end of a (garment) skirt or hem; |
| | | 2. ओढ़नी आदि का वह छोर जो छाती और पेट पर रहता है; | ಅಂಚು, | अंचु; | end or edge; |
| | | 3. छोर, किनारा; | ಪ್ರದೇಶದ ಹದ್ದು; | प्रदेशद हद्दु; | border, zone, region; |
| | | 4. कोना; | ಮೂಲೆ; | मूले; | corner or outer angle; |
| | | 5. तट, किनारा। | ದಡ, ತೀರ | दड, तीर | shore, coast. |
| **अंजन** | पुं. | 1. काजल, सुरमा; | ಕಣ್ಣಿಗೆ ಹಚ್ಚುವ ಕಪ್ಪು, ಸುರಮಾ; | कण्णिगे हच्चुव कप्पु, सुरमा; | collyrium, eye ointment; |
| | | 2. रात, रात्रि; | ರಾತ್ರಿ, ಇರುಳು; | रात्रि, इरुळु; | night; |
| | | 3. इंजन। | ಇಂಜನ್ | इंजन् | engine. |
| | वि. | काला, सुरमई। | ಕರಿಯ ಬಣ್ಣದ | करिय बण्णद | black, of the colour of collyrium. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **अंजर-पंजर** | पुं. | 1. शरीर की ठठरी या जोड़; | ಅಸ್ಥಿಪಂಜರ; | अस्थिपंजर ; | joints of the body; |
| | | 2. पसली; | ಪಕ್ಕೆಲುಬು; | पक्कॅलुबु; | ribs; |
| | | 3. किसी चीज का ढांचा। | ರೂಪರೇಷೆ(ಖೆ) | रूपरेषॆ (खॆ) | skeleton. |
| **अंजलि (अंजली, अंजुली, अंजुरी)** | स्त्री. | 1. दोनों हथेलियों से बनाया हुआ संपुट; | ಬೊಗಸೆ; | बॊगसॆ; | cavity formed by folding and joining the open hands together; |
| | | 2. अंजलिभर वस्तु, एक नाप; | ಅಳತೆಯ ಪ್ರಮಾಣ; | अळतॆय प्रमाण; | a measure; |
| | | 3. अभिवादन का संकेत। | ನಮಸ್ಕರಿಸುವ ಸಂಕೇತ | नमस्करिसुव संकेत | mark of respect or salutation. |
| **अंजाम** | पुं. | 1. अंत, समाप्ति; | ಕೊನೆಗಾಣಿಕೆ; | कॊनॆगाणिकॆ; | end; |
| | | 2. परिणाम, फल। | ಪರಿಣಾಮ | परिणाम | result, consequence. |
| **अंजीर** | पुं. | गूलर की जाति का एक प्रसिद्ध पेड़ और उस का फल। | ಅಂಜೂರದ ಗಿಡ ಮತ್ತು ಹಣ್ಣು | अंजूरद गिड मत्तु हण्णु | fig tree and its fruit. |
| **अँटना** | अ. क्रि. | 1. समाना; | ಹಿಡಿಸು; | हिडिसु ; | to be contained; |
| | | 2. काफी होना, पूरा पड़ना; | ಸಾಕಾಗು; | साकागु ; | to be sufficient; |
| | | 3. ठीक नापका होना (कपड़ा, जूता आदि)। | ಅಳತೆಗೆ ಸರಿಯಾಗು | अळतॆगॆ सरियागु | to fit in properly; to come or fit into. |
| **अंट-संट** | वि. | दे. 'अंड-बंड'। | ನೋಡಿ "अंड बंड" | नोडि 'अंड बंड' | see 'अंड-बंड'. |
| **अंटा** | पुं. | 1. बड़ी गोली; | ದೊಡ್ಡ ಚೆಂಡು; | दॊड्ड चॆंडु; | a big ball; |
| | | 2. बड़ी कोड़ी; | ಮರದ ಭಾರಿ ದಿಮ್ಮಿ | मरद भारि दिम्मि; | a large kaurie; |
| | | 3. सूत या रेशम का लच्छा; | ದಾರದ ಲಡಿ; | दारद लडि; | bobbin or a spool of thread; |
| | | 4. बिलियर्ड का खेल। | ಬಿಲಿಯರ್ಡ್ಸ್ ಎಂಬ ಒಂದು ಆಟ | बिलयर्ड्स ऍंब ऑंदु आट | billiard game. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **अंटी** | स्त्री. | 1. दो उंगलियों के बीच की जगह; | ಎರಡು ಬೆರಳುಗಳ ಮಧ್ಯಭಾಗ; | एरडु बॅरॅळुगळ मध्यभाग ; | space between two fingers; |
| | | 2. कमर के ऊपर धोती की लपेट; | ಸೊಂಟಕ್ಕೆ ಬಿಗಿದು ಸುತ್ತಿದ ಧೋತ್ರದ ಸುತ್ತು; | सॉंटिक्कॅ बिगिदु सुत्तिद धोत्रद सुत्तु ; | fold of dhoti above waist; |
| | | 3. सूत आदि की लच्छी; | ದಾರದ ಲಡಿ; | दारद लडि ; | hank of thread; |
| | | 4. पहलवानों का एक दाँव। | ಕುಸ್ತಿ ಮಾಡುವ ಪೈಲ್ವಾನರ ಪಟ್ಟು | कुस्तिमाडुव पैलवानर पट्टु | a trick of the wrestlers. |
| **अंटीबाज** | वि. | छल या धूर्तता से दूसरों का धन उड़ा लेने वाला, दगाबाज। | ಮೋಸಗಾರ, ಮೋಸ ಗೊಳಿಸುವ | मोसगार, मोसगॉळिसुव | cheat. |
| **अंड** | पुं. | 1. अंडा; | ಮೊಟ್ಟೆ; | मॉट्टॅ; | egg; |
| | | 2. अंडकोश। | ತರಡು | तरडु | testicles, scrotum. |
| **अंडकोश** | पुं. | दूध पीकर पलने वाले जीवों के नरों या पुरुषों की इंद्रिय के नीचे की थैली जिसमें दो गुठलियां होती हैं। | ಬೀಜಕೋಶ, ವೃಷಣಕೋಶ | बीजकोश, वृषणकोश | testicles, scrotum. |
| **अंडज** | पुं. | अंडे से उत्पन्न प्राणी। | ಮೊಟ್ಟೆಯಿಂದ ಹುಟ್ಟಿದ ಜೀವಿ | मॉट्टॅयिंद हुट्टिद जीवि | animal born from an egg. |
| | वि. | जो अंडे से उत्पन्न हो। | ಮೊಟ್ಟೆಯಿಂದ ಹುಟ್ಟಿದ | मॉट्टॅयिंद हुट्टिद | born from an egg. |
| **अंडबंड** | पुं. | असंबद्ध प्रलाप, अनाप-शनाप। | ಅಸಂಬದ್ಧ ಪ್ರಲಾಪ, ಕಾಡು ಹರಟೆ | असंबद्ध प्रलाप, काडु हरटॆ | irrelevant talk. |
| | वि. | 1. व्यर्थ का; | ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ಬಾರದ; | कॅलसक्कॅ बारद; | pointless; |
| | | 2. इधर उधर का ; | ಅಸಂಬದ್ಧ; | असंबध्द ; | disconnected; |
| | | 3. अनुपयुक्त। | ತಾಳಮೇಳವಿಲ್ಲದ | ताळमेळविल्लद | inconsistent. |
| **अंडवृद्धि** | स्त्री. | अंडकोश बढ़ने की बीमारी। | ಬೀಜಕೋಶದಲ್ಲಿ ನೀರು ತುಂಬಿ ಬರುವ ರೋಗ | बीजकोशदल्लि नीरु तुंबि बरुव रोग | hydrocele. |
| **अंडा** | पुं. | कुछ विशिष्ट जीवों के गर्भाशय से निकलने वाला वह गोल या लम्बोतरा पिंड जिसमें से उनके बच्चे निकलते हैं। | ಮೊಟ್ಟೆ | मॉट्टॅ | egg. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| अंडाकार (अंडाकृति) | वि. | अंडे के आकार का। | ಮೊಟ್ಟೆಯ ಆಕಾರವುಳ್ಳ | मॊट्टॆय आकारवुळ्ळ | egg-shaped,oval. |
| अंडी | स्त्री. | 1. रेंड का वृक्ष, फल या बीज; | ಹರಳ ಗಿಡ, ಕಾಯಿ, ಬೀಜ; | हरळ गिड, कायि, बीज | castor oil seed; |
| | | 2. एक प्रकार का मोटा रेशम; | ಒಂದು ಬಗೆಯ ಒರಟು ರೇಶ್ಮೆ; | ऒंदु बगॆय ऒरटु रेश्मॆ; | a kind of cloth; |
| | | 3. उक्त रेशम की बनी हुई चादर या कपड़ा। | ಒರಟು ರೇಶ್ಮೆಯ ಬಟ್ಟೆ | ऒरटु रेश्मॆय बट्टॆ | sheet or cloth made from this. |
| अंतःकरण | पुं. | 1. मन, हृदय; | ಮನ, ಹೃದಯ; | मन, हृदय ; | mind, heart; |
| | | 2. मन की वह आंतरिक वृत्ति या शक्ति जिसके द्वारा हम भले बुरे, सत्य-असत्य आदि की पहचान करते हैं; | ಯೋಗ್ಯ-ಅಯೋಗ್ಯಗಳನ್ನು ವಿವೇಚಿಸುವ ಶಕ್ತಿ, ಆತ್ಮ; | योग्य-अयोग्यगळन्नु विवेचिसुव शक्ति, आत्म; | conscience, soul; |
| | | 3. विवेक, बुद्धि। | ವಿವೇಕ, ಬುದ್ಧಿ | विवेक, बुध्दि | thinking faculty. |
| अंतःकालीन | वि. | दो कालों या घटनाओं के बीच का और फलतः अस्थायी समय का, अंतरिम। | ತಾತ್ಕಾಲಿಕ, ಹಳೆ-ಹೊಸದುಗಳ ನಡುವಣ | तात्कालिक, हळॆ-हॊसदुगळ नडुवण | provisional, interim. |
| अंतःपुर | पुं. | घर या महल का वह भीतरी भाग जिसमें स्त्रियां रहती हैं, रनिवास, जनानखाना। | ಅಂತಃಪುರ, ರಾಣಿವಾಸ | अंत :पुर, राणिवास | inner apartments of a dwelling or palace set apart for women. |
| अंतःप्रेरणा | स्त्री. | सहज या स्वाभाविक प्रेरणा। | ತಾನಾಗಿಯೇ ಬುದ್ಧಿಗೋಚರವಾಗುವಿಕೆ, ಹೊಳೆಯುವಿಕೆ | तानागिये बुध्दिगोचरवागुविकॆ, हॊळॆयुविकॆ | inspiration. |
| अंतःशुद्धि | स्त्री. | चित्त की शुद्धि। | ಹೃದಯ ಶುದ್ಧವಾಗಿರುವಿಕೆ | हृदय शुद्धवागिरुविकॆ | purity of mind or heart. |
| अंत | पुं. | 1. समाप्ति; | ಕೊನೆ; | कॊनॆ; | end; |
| | | 2. मृत्यु; | ಸಾವು; | सावु; | death or end of life; |
| | | 3. अंतिम भाग, सीमा; | ಎಲ್ಲೆ, ಹದ್ದು; | ऎल्लॆ, हद्दु; | boundary; |
| | | 4. परिणाम; | ಪರಿಣಾಮ; | परिणाम; | result; |
| | | 5. छोर, किनारा; | ಕೊನೆಯ ಸರಹದ್ದು; | कॊनॆय सरहद्दु; | last or extreme point, edge; |
| | | 6. नाश। | ಸರ್ವನಾಶ | सर्वनाश | destruction. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **अंतड़ी** | स्त्री. | आँत। | ಕರುಳು | कर्लु | intestine. |
| **अंततः** | क्रि. वि. | अंत में, आखिरकार। | ಕಟ್ಟಕಡೆಗೆ,<br>ಕೊನೆಗೆ | कट्टकडॅगॅ,<br>कॉनॅगॅ | at last,<br>finally,lastly. |
| **अंततोगत्वा** | क्रि. वि. | अंत में। | ಕೊನೆಯಲ್ಲಿ,<br>ಕಟ್ಟಕಡೆಗೆ | कॉनॅयाल्लि,<br>कट्टकडॅगॅ | at last, in the<br>end, ultimately. |
| **अंतरंग** | वि. | 1. घनिष्ठ; | ಆಪ್ತ; | आप्त; | intimate, close; |
| | | 2. भीतरी; | ಮನದೊಳಗಣ; | मनदोळगण; | inward, inner; |
| | | 3. शरीर के<br>भीतरी अंग। | ಶರೀರದೊಳಗೆ<br>ಅಡಗಿರುವ<br>(ವಿಶೇಷ ಅಂಗ) | शरीरदॉळगॅ<br>अडगिरुव (विशेष<br>अंग) | internal organs<br>of the body. |
| | पुं. | 1. घनिष्ठ मित्र; | ಆಪ್ತ ಸ್ನೇಹಿತ; | आप्त स्नेहित; | intimate friend; |
| | | 2. हृदय। | ಹೃದಯ | हृदय | heart. |
| **अंतर** | पुं. | 1. भीतरी भाग; | ಒಳಭಾಗ; | ऑळभाग; | internal part; |
| | | 2. बीच या मध्य; | ಮಧ್ಯಭಾಗ; | मध्यभाग; | middle, centre; |
| | | 3. दो वस्तुओं के<br>बीच की दूरी; | ಎರಡು ವಸ್ತುಗಳ<br>ನಡುವಣ ದೂರ; | एॅरडु वस्तुगळ<br>नडुवण दूर; | distance; |
| | | 4. दो घटनाओं के<br>बीच का समय; | ಎರಡು ಘಟನೆಗಳ<br>ನಡುವಣ ಕಾಲ; | एॅरडु घटनॅगळ<br>नडुवण काल; | interval,<br>intermediate<br>space; |
| | | 5. भेद, भिन्नता; | ವ್ಯತ್ಯಾಸ; | व्यात्यास; | difference; |
| | | 6. अंतःकरण, मन,<br>हृदय। | ಅಂತಃಕರಣ,<br>ಮನಸ್ಸು, ಹೃದಯ,<br>ಆತ್ಮ | अंतःकरण, मनस्सु<br>हृदय, आत्म | heart, mind,<br>soul. |
| **अंतरण** | पुं. | 1. हस्तांतरण, बदली,<br>2. राशि या रकम का,<br>एक खाते या मद<br>से दूसरे खाते<br>या मद में जाना<br>या लिखा जाना। | ವರ್ಗಾಯಿಸುವಿಕೆ,<br>ಒಂದು ಜಾಗದಿಂದ<br>ಮತ್ತೊಂದು ಕಡೆಗೆ<br>ಬದಲಾಯಿಸುವಿಕೆ | वर्गायिसुविकॅ,<br>ऑंदु जागदिंद<br>मत्तॉंदु कडॅगॅ<br>बदलायिसुविकॅ | transfer. |
| **अंतरतम** | वि. | 1. आत्मीय; | ಬಹಳ ಆತ್ಮೀಯ; | बहळ आत्मीय; | most intimate,<br>nearest; |
| | | 2. अंदर का। | ಒಳಗಣ | ऑळगण | internal. |
| | पुं. | 1. किसी वस्तु का सब<br>से भीतर का भाग; | ಯಾವುದಾದರೊಂದು<br>ವಸ್ತುವಿನ<br>ಬಹಳ ಒಳಗಿರುವಿಕೆ; | यावुदादरॉंदु<br>वस्तविन बहळ<br>ऑळगिरुविकॅ; | innermost portion; |
| | | 2. विशुद्ध अंतःकरण। | ಬಹಳ ಒಳ್ಳೆಯ<br>ಮನಸ್ಸು | बहळ ऑळ्ळॅय<br>मनस्सु | heart, conscience. |
| **अंतरा** | पुं. | स्थायी या टेक को<br>छोड़कर गीत के<br>और सब चरण। | (ಹಾಡುಗಾರಿಕೆ)<br>ಸ್ಥಾಯಿಯನ್ನು<br>ಬಿಟ್ಟು ಉಳಿದ ಹಾಡಿನ<br>ಪೂರ್ವಾರ್ಧ | (हाडुगारिकॅ)<br>स्थायियन्नु<br>बिट्टु उळिद हाडिन<br>पूर्वार्ध | the second part<br>of a song usually<br>confined to the<br>upper octave. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **अंतरात्मा** | स्त्री. | 1. जीवात्मा; | ಜೀವಾತ್ಮ; | जीवात्म; | soul, |
| | | 2. अंतःकरण; | ಅಂತಃಕರಣ; | अंत:करण; | conscience; |
| | | 3. (ला.) किसी बात या विषय का मूल तत्व। | ಯಾವುದೇ ವಿಷಯದ ಮೂಲ ತತ್ವ | यावुदे विषयद मूल तत्व | (fig) inherent element. |
| **अंतराय** | पुं. | 1. विघ्न, बाधा; | ಅಡಚಣೆ, ಆತಂಕ; | अडचणे, आतंक; | obstacle; |
| | | 2. मन की एकाग्रता में बाधक बातें। | ಏಕಾಗ್ರತೆಯಲ್ಲಿ ಭಂಗ ಅಥವಾ ಅಡ್ಡಿ | एकाग्रतॆयल्लि भंग अथवा अड्डि | obstacles in concentration of mind. |
| **अंतराल** | पुं. | 1. मध्यवर्ती स्थान या काल; | ನಡುವಣ ಸ್ಥಾನ ಅಥವಾ ಕಾಲ; | नडुवण स्थान अथवा काल; | intermediate space, region or time; |
| | | 2. बीच का भाग। | ಮಧ್ಯಭಾಗ | मध्यभाग | middle portion. |
| | वि. | बीच का। | ನಡುವಣ | नडुवण | intermediate, central. |
| **अंतरिक्ष** | पुं. | पृथ्वी तथा अन्य ग्रहों या लोकों के बीच का स्थान, आकाश। | ಭೂಮಿ ಮತ್ತು ಇತರ ಗ್ರಹಲೋಕಗಳ ನಡುವಣ ಸ್ಥಾನ, ಆಕಾಶ | भूमि मत्तु इतर ग्रह लोकगळ नडुवण स्थान, आकाश | space, the intermediate region between heaven and earth. |
| **अंतरित** | वि. | 1. जिसका अंतरण हुआ हो; | ವರ್ಗಾಯಿಸಿದ, ಬದಲಾಯಿಸಿದ; | वर्गायिसिद, बदलायिसिद; | transferred; |
| | | 2. छिपा या ढका हुआ; | ಮರೆಯಲ್ಲಿ ಅಡಕವಾದ; | मरॆयल्लि अडकवाद; | concealed, hidden; |
| | | 3. भीतर आया या किया हुआ; | ಒಳಗೆ ಅಡಗಿದ; | ऑळगॆ अडगिद; | placed within; |
| | | 4. अदृश्य; | ಕಾಣದಾದ, ಅದೃಶ್ಯ; | काणदाद, अदृश्य; | concealed; |
| | | 5. पृथक किया हुआ। | ಬೇರ್ಪಡಿಸಿದ | बेर्पडिसिद | separated. |
| **अंतरिम** | वि. | दो समयों के बीच का, मध्यवर्ती। | ಮಧ್ಯಾವಧಿ | मध्यावधि | interim. |
| **अंतरीप** | पुं. | भूमि का नुकीला भाग जो समुद्र में दूर तक चला गया हो। | ಭೂಶಿರ, ಸಮುದ್ರದ ಒಳಕ್ಕೆ ಚಾಚಿಕೊಂಡ ಭೂಭಾಗ | भूशिर, समुद्रद ऑळक्कॆ चाचिकोंड भूभाग | cape, a portion of land stretching out into the sea. |
| **अंतर्गत** | वि. | 1. भीतर समाया हुआ; | ಒಳಗೊಂಡ; | ऑळगोंड; | contained in, included in; |
| | | 2. शामिल। | ಸೇರಿಕೊಂಡಿರುವ, ಸಮ್ಮಿಳಿತ | सेरिकोंडिरुव, सम्मिळित | gone between or into. |
| **अंतर्जातीय** | वि. | दो या कई जातियों के बीच का। | ಎರಡು ಅಥವಾ ಅನೇಕ ಜಾತಿಗಳ ನಡುವಣ | ऍरडु अथवा अनेक जातिगळ नडुवण | intercaste, inter-racial. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| अंतर्ज्ञान | पुं. | अंतःकरण में अपने आप होने वाला ज्ञान, अंतर्बोध। | ತಾನಾಗಿಯೇ ಹೊಳೆದ ಜ್ಞಾನ | तानागिये होळेद ज्ञान | intuition, inward knowledge. |
| अंतर्दर्शन | पुं. | 1. अंदर की ओर देखना;<br>2. आत्मनिरीक्षण। | ಒಳನೋಟ;<br>ಆತ್ಮ ನಿರೀಕ್ಷಣೆ | ऑळनोट;<br>आत्म निरीक्षणे | seeing within;<br>introspection. |
| अंतर्दशा | स्त्री. | प्रत्येक ग्रह का भोगकाल। | ಗ್ರಹ ದೆಶೆ,<br>ಗ್ರಹದ ಭುಕ್ತಿ | ग्रह दॆशॆ, ग्रहद भुक्ति | the time when a particular planet exercises its influence over man's destiny, intermediate period (in astron.). |
| अंतर्दृष्टि | स्त्री. | भीतर की आंख, ज्ञानचक्षु। | ಒಳನೋಟ | ऑळनोट; | insight,<br>inner vision. |
| अंतर्देशीय | वि. | किसी देश के आंतरिक भागों में होने या उससे संबंध रखनेवाला। | ದೇಶದೊಳಗಣ ಕಾರ್ಯಕಲಾಪಗಳಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | देशदॊळगण कार्यकलापगळिगॆ संबंधिसिद | inland. |
| अंतर्द्वन्द्व | पुं. | मन में होनेवाला परस्पर-विरोधी भावों का संघर्ष, मानसिक संघर्ष। | ಮಾನಸಿಕ ಸಂಘರ್ಷಣೆ | मानसिक संघर्षणॆ | mental conflict,<br>inner conflict. |
| अंतर्धान | वि. | अचानक आंखों से ओझल हो जानेवाला, अदृश्य, लुप्त। | ಕಾಣದಾದ,<br>ಮಾಯವಾದ | काणदाद, मायवाद | disappearing suddenly, invisible, out of sight. |
| | पुं. | अदृश्य या लुप्त हो जाने की क्रिया या भाव। | ಕಾಣದಾಗುವಿಕೆ,<br>ಮಾಯವಾಗುವಿಕೆ | काणदागुविकॆ,<br>मायवागुविकॆ | disappearance, state of being invisible. |
| अंतर्निहित | वि. | भीतर स्थित या छिपा हुआ। | ಒಳಗಡಗಿದ | ऑळगडगिद | placed within, being concealed within, contained within. |
| अंतर्भाव | पुं. | सम्मिलित, समाविष्ट या अंतर्गत होना। | ಸೇರಿಕೊಂಡಿರುವಿಕೆ,<br>ಅಡಕವಾಗಿರುವಿಕೆ | सेरिकॊंडिरुविकॆ<br>अडकवागिरुविकॆ | inclusion,<br>comprising in. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **अंतर्भावना** | स्त्री. | मन ही मन किया जाने वाला चिंतन, अंतस्थ भावना। | ಮನದಲ್ಲಿ ಅಡಕವಾದ ಭಾವನೆ | मनदल्लि अडकवाद भावने | inward meditation or anxiety. |
| **अंतर्भूत** | वि. | भीतर समाया हुआ, अंतर्गत। | ಒಳಗಡಗಿರುವ, ಸೇರಿಕೊಂಡ | ऑळगडगिरुव, सेरिकोंड | being within, included or contained in. |
| **अंतर्यामी** | वि., पुं. | अंतःकरण या मन की बात जाननेवाला। | ಮನೋಗತವನ್ನರಿತ | मनोगतवन्नरित | knowing the inward heart, Supreme Spirit, Providence. |
| **अंतर्राष्ट्रीय** | वि. | दो या अधिक राष्ट्रों के बीच का, उनसे संबद्ध या उनमें प्रचलित। | ಎರಡು ಇಲ್ಲವೆ ಹೆಚ್ಚಿನ ದೇಶಗಳ ಪರಸ್ಪರ ಸಂಬಂಧದ | एरडु इल्लवे हेच्चिन देशगळ परस्पर संबंधद | international. |
| **अंतर्लीन** | वि. | 1. भीतर छिपा हुआ ; 2. डूबा हुआ, मग्न; 3. ध्यानमग्न। | ಒಳಗಡಗಿದ; ಮುಳುಗಿದ; ಧ್ಯಾನ ಮಗ್ನ | ऑळगडगिद; मुळुगिद; ध्यान मग्न | concealed inside; drowned; absorbed in meditation. |
| **अंतर्वस्तु** | स्त्री. | किसी पुस्तक, पात्र, पेटी आदि के भीतर की वस्तु। | ಒಳಗಡಗಿದ ವಸ್ತು ಅಥವಾ ವಿಷಯ | ऑळगडगिद वस्तु अथवा विषय | contents. |
| **अंतर्विकार** | पुं. | 1. मन में होने वाला कोई विकार; | ಮನದಲ್ಲಿ ಉಂಟಾಗುವ ವಿಕಾರ; | मनदल्लि उंटागुव विकार; | any mental or emotional disturbance within; |
| | | 2. शारीरिक धर्म (भूख, प्यास आदि)। | ಹಸಿವೆ, ಬಾಯಾರಿಕೆ ಮುಂತಾದ ಶರೀರ ಧರ್ಮ | हसिवे बायारिके मुंताद शरीर धर्म | physical quality (such as hunger, thirst etc.). |
| **अंतर्विरोध** | पुं. | 1. भीतरी विरोध, आपसी वैमनस्य; | ಭಾವಗಳ ಪರಸ್ಪರ ವಿರೋಧ; | भावगळ परस्पर विरोध; | self-contradiction, mutual contradiction, inherent contradiction; |
| | | 2. दे. 'अंतर्द्वन्द्व'। | ನೋಡಿ "अंतर्द्वन्द्व" | नोडि 'अंतर्द्वन्द्व' | see 'अंतर्द्वन्द्व' |
| **अंतर्वेदना** | स्त्री. | हृदय की वेदना। | ಮನದ ಬೇನೆ | मनद बेने | disquiet in mind, loss of peace of mind, pain, agony. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **अंतर्हित** | वि. | जो अंतर्धान हो गया हो, अदृश्य | ಕಾಣೆಯಾದ, ಮಾಯವಾದ | काणेयाद, मायवाद | disappeared, vanished, invisible, out of sight. |
| **अंतस्तल** | पुं. | 1. हृदय या मन;<br>2. अचेतन या सुप्त मन। | ಹೃದಯ, ಮನಸ್ಸು;<br>ಚೈತನ್ಯ ಶೂನ್ಯ ಮನ | हृदय, मनस्सु;<br>चैतन्य शून्य मन | heart or mind;<br>the unconscious. |
| **अंतस्थ** | वि.<br>पुं. | 1. अंत या अंतिम, अंत में स्थित;<br>2. दवनागरी लिपि में स्पर्श और अन्य वर्णों के मध्य पड़ने वाले वर्ण (य,र,ल और व)। | ಕೊನೆಯಲ್ಲಿರುವ;<br>ಸ್ವರ ವ್ಯಂಜನದ ನಡುವಣ ಅರ್ಧ ಸ್ವರಗಳು (ಯ,ರ,ಲ,ವ) | कॊनॆयल्लिरुव;<br>स्वर व्यंजनद नडुवण, अर्ध स्वरगळु (य, र, ल, व) | being situated in the end;<br>term applied to the semi-vowels as standing between vowels and consonants. |
| **अंतिम** | वि. | 1. सबसे पीछे का, आखिरी;<br>2. चरम, परम। | ತುಟ್ಟ ತುದಿಯ;<br>ಕೊನೆಯ ದಾದ; | तुट्ट तुदिय;<br>कॊनॆयदाद | last, final;<br>ultimate, extreme. |
| **अंत्य** | वि.<br>पुं. | अंतिम।<br>अंत्यज। | ಕೊನೆ<br>ಅಂತ್ಯಜ | कॊनॆ<br>अंत्यज | last.<br>man of the lowest caste. |
| **अंत्यकर्म** | पुं. | किसी की मृत्यु होने पर किये जाने वाले कर्म-कांड सम्बन्धी धार्मिक कृत्य या संस्कार, मृतक कर्म। | ಅಪರ ಕರ್ಮ, ಮೃತಕ ಸಂಸ್ಕಾರ | अपर कर्म, मृतक संस्कार | last or funeral rites. |
| **अंत्यक्रिया** | स्त्री. | दे. 'अंत्यकर्म'। | ನೋಡಿ "अंत्यकर्म" | नोडि 'अंत्यकर्म' | see 'अंत्यकर्म'. |
| **अंत्यज** | वि.<br>पुं. | अंतिम वर्ण से उत्पन्न।<br>1. शूद्र;<br>2. अछूत या अस्पृश्य जाति। | ಕಡೆಯ ಜಾತಿಯಲ್ಲಿ ಹುಟ್ಟಿದ<br>ಶೂದ್ರ;<br>ಅಸ್ಪೃಶ್ಯ ಜಾತಿ | कडॆय जातियल्लि हुट्टिद<br>शूद्र;<br>अस्पृश्य जाति | last born.<br>Shudra, person of the lowest caste;<br>the untouchable class. |
| **अंत्यलोप** | पुं. | शब्द के अंतिम अक्षर का लोप। | ಕೊನೆಯ ಅಕ್ಷರ ಲೋಪವಾಗು-ವುದು | कॊनॆय अक्षर लोपवागुवुदु | dropping of the last letter or syllable of a word. |
| **अंत्याक्षर** | पुं. | शब्द का अंतिम अक्षर। | ಪದದ ಕೊನೆಯ ಅಕ್ಷರ | पदद कॊनॆय अक्षर | the final letter of a word. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| अंत्याक्षरी | स्त्री. | पद्यपाठ की वह प्रतियोगिता जिसमें पहले पढ़े हुए पद्य के अंतिम अक्षर से आरंभ होनेवाला पद्य पढ़ना होता है। | ಒಂದು ಪದ್ಯದ ಕೊನೆಯ ಅಕ್ಷರ ದಿಂದ ಆರಂಭ ವಾಗುವ ಮತ್ತೊಂದು ಪದ್ಯ | ऒंदु पद्यद कॊनॆय अक्षरदिंद आरंभ-वागुव मत्तॊंदु पद्य | reciting a verse beginning with the final letter or sound of a verse recited just previously. |
| अंत्यानुप्रास | पुं. | अनुप्रास अलंकार का एक भेद जिसके अनुसार किसी पद्य के चरणों के अंतिम अक्षर या अक्षरों में सादृश्य होता है, तुक। | ಶಬ್ದಾಲಂಕಾರದ ಒಂದು ಭೇದ (ಪದ್ಯದ ಚರಣ ಗಳ ಕೊನೆಯ ಅಕ್ಷರ ಅಥವಾ ಅಕ್ಷರಗಳಲ್ಲಿಸಮಾನತೆ) | शब्दालंकारद ऒंदु भेद (पद्यद चरणगळ कॊनॆय अक्षर अथवा अक्षर-गळल्लि समानतॆ) | a kind of alliteration, repetition of similar letters, syllables or sounds in poetry, a rhyme. |
| अंत्येष्टि | स्त्री. | दे. अंत्यकर्म। | ನೋಡಿ "अंत्यकर्म" | नोडि 'अंत्यकर्म' | see 'अंत्यकर्म.' |
| अंत्र | पुं. | आंत। | ಕರುಳು | करुळु | the bowels, intestine. |
| अंत्रवृद्धि | स्त्री. | 1. आंत उतरने की बीमारी; | ಹರ್ನಿಯಾ; | हर्निया; | inguinal hernia; |
| | | 2. अंडकोश बढ़ने का रोग। | ಅಂಡಕೋಶ ಬೆಳೆಯುವ ರೋಗ | अंडकोश बॆळॆयुव रोग | swelling of the scrotum. |
| अंदर | क्रि. वि. | भीतर, अंदर। | ಒಳಗೆ | ऒळगॆ | within, inside. |
| अंदाज (अंदाजा) | पुं. | 1. अनुमान; | ಅಂದಾಜು; | अंदाजु; | estimate; |
| | | 2. मोहक ढंग; | ಮೋಹಕ ರೀತಿ; | मोहक रीति; | attractive manners; |
| | | 3. अटकल। | ಊಹೆ | ऊहॆ | guess. |
| अंदाजन | क्रि. वि. | 1. अनुमानत: | ಅಂದಾಜಿನಂತೆ; | अंदाजिनंतॆ; | inferentially; |
| | | 2. लगभग। | ಸ್ವಲ್ಪ ಹೆಚ್ಚು ಕಡಿಮೆ | स्वल्प हॆच्चु कडिमॆ | almost, approximately. |
| अंदेशा | पुं. | 1. आशंका; | ಭಯ | भय | apprehension; |
| | | 2. दुविधा। | ಇಕ್ಕಟ್ಟು | इक्कट्टु | anxiety, fear. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **अंध** | वि. | 1. अंधा; | ಕುರುಡು; | कुरुडु; | blind; |
| | | 2. विचार और विवेक से रहित; | ವಿವೇಕ ವಿಚಾರಗಳಿಲ್ಲದ; | विवेक विचार-गळिल्लद; | thoughtless, rash; |
| | | 3. मूर्ख। | ಮೂರ್ಖ, ಅವಿವೇಕಿ | मूर्ख, अविवेकि | foolish. |
| | पुं. | 1. अंधा आदमी; | ಕುರುಡ | कुरुड; | a blind man; |
| | | 2. अंधकार। | ಕತ್ತಲೆ | कत्तलॆ | darkness. |
| **अंधकार** | पुं. | 1. अंधेरा; | ಕತ್ತಲು; | कत्तलु; | darkness; |
| | | 2. अज्ञान; | ಅಜ್ಞಾನ; | अज्ञान; | ignorance; |
| | | 3. (ला.) उदासी। | ದುಗುಡ | दुगुड | sadness. |
| **अंधकूप (अंधा कुंआ)** | पुं. | सूखा कुंआ जिसका मुंह घासपात से ढका हो, अंधेरा कुंआ। | ನೀರಿಲ್ಲದ ಗಿಡ-ಗಂಟೆ ಬೆಳೆದ ಭಾವಿ | नीरिल्लद गिडगंटॆ बॆळॆद भावि | a well overgrown with plants, a blind well. |
| **अंधड़** | पुं. | आंधी, तूफान। | ಬಿರುಗಾಳಿ | बिरुगाळि | duststorm, hurricane. |
| **अंधपरपरा** | स्त्री. | बिना सोचे समझे पुरानी रीति, प्रथा या रूढ़ि का अनुसरण, भेड़िया धसान। | ವಿವೇಚಿಸದೆ ನಡೆದು ಬಂದ ಪದ್ಧತಿಗಳನ್ನು ನಡೆಸಿಕೊಂಡು ಹೋಗುವಿಕೆ | विवेचिसदॆ नडॆदु बंद पद्धतिगळन्नु नडॆसिकॊंडु होगुविकॆ | blindly following some tradition. |
| **अंधविश्वास** | पुं. | बिना सोचे समझे किसी बात को मान लेना, विवेकरहित धारणा। | ಕುರುಡು ನಂಬಿಕೆ | कुरुडु नंबिकॆ | superstition. |
| **अंधश्रद्धा** | स्त्री. | विचार रहित श्रद्धा। | ವಿವೇಚನೆ ಯಿಲ್ಲದ ಶ್ರದ್ಧೆ | विवेचनॆयिल्लद श्रद्धॆ | blind faith. |
| **अंधा** | वि. | (अंधी स्त्री) | | | blind; |
| | | 1. बिना आंख का; | ಕಣ್ಣಿಲ್ಲದ; | कण्णिल्लद; | |
| | | 2. देखने की शक्ति से रहित; | ನೋಡಲಾಗದ (ಕಣ್ಣಿನವ); | नोडलागद (कण्णिनव); | deprived of sight; |
| | | 3. बिना सोचे-समझे काम करने वाला, विचाररहित; | ನೋಡದ, ವಿಚಾರ ಮಾಡದ; | नोडद, विचार माडद; | thoughtless; |
| | | 4. जिसके अंदर कुछ भी दिखाई न दे, अंधेरा। | ಕಗ್ಗತ್ತಲಾದ, ಏನೂ ಕಾಣದ | कग्गत्तलाद, एनू काणद | dark, concealed, hidden. |
| | पुं. | दृष्टिशक्ति से रहित पुरुष। | ಕುರುಡ | कुरुड | a blind man. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **अंधाधुंध** | क्रि. वि. | 1. बिना सोचे-विचारे;<br>2. बेहिसाब। | ವಿಚಾರಮಾಡದೆ;<br>ಲೆಕ್ಕವಿಲ್ಲದ | विचार माडदे<br>लेक्कविल्लद | indiscretely;<br>limitlessly, without limit, excessively. |
| | वि. | 1. विचारहीन;<br>2. बहुत अधिक। | ವಿಚಾರ ಮಾಡದ;<br>ಬಹಳ | विचार माडद;<br>बहळ | thoughtless;<br>excessive, extra-vagant. |
| **अंधानुकरण** | पुं. | किसी व्यक्ति या व्यवहार का बिना विचारे अनुकरण करना। | ಪದ್ಧತಿಯ ವಿಚಾರವಿಲ್ಲದ ಅನುಸರಣೆ | पद्धतिय विचार विल्लद अनुसरणे | blind following. |
| **अंधेर** | पुं. | 1. अनीति, अन्याय; | ಅನ್ಯಾಯ, ಅನೀತಿ; | अन्याय, अनीति; | injustice, tyranny; |
| | | 2. नियम-व्यवस्था का अभाव; | ಅವ್ಯವಸ್ಥೆ; | अव्यवस्थे; | anarchy, misrule; |
| | | 3. अशांति या विप्लव की स्थिति। | ಅಶಾಂತಿಅಥವಾ ಕ್ರಾಂತಿಕಾರಕ ಸ್ಥಿತಿ | अशांति अथवा क्रांतिकारक स्थिति | unrest, tumult. |
| **अंधेरखाता** | पुं. | 1. गड़बड़, अव्यवस्था;<br>2. मनमानी कार्रवाई। | ಗಡಿಬಿಡಿ, ಅವ್ಯವಸ್ಥೆ;<br>ತೋಚಿದಂತೆ ಮಾಡುವಿಕೆ | गडिबिडि, अव्यवस्थे;<br>तोचिदंते माडुविके | injustice, mismanagement;<br>tyranny. |
| **अंधेरगर्दी** | स्त्री. | दे. 'अंधेरखाता'। | ನೋಡಿ "अंधेरखाता" | नोडि "अंधेरखाता" | see 'अंधेरखाता' |
| **अंधेरनगरी** | स्त्री. | वह स्थान जहाँ कोई नियम-व्यवस्था न हो। | ನೀತಿ ನಿಯಮ–ಗಳಿಲ್ಲದ ಸ್ಥಾನ | नीति नियम-गळिल्लद स्थान | place where misrule or anarchy prevails. |
| **अंधेरा** | पुं. | 1. अंधकार;<br>2. नैराश्य। | ಕಗ್ಗತ್ತಲು;<br>ನಿರಾಶೆ | कग्गत्तलु;<br>निराशे | darkness;<br>disappointment, gloom. |
| | वि. | 1. प्रकाशरहित। | ಬೆಳಕಿಲ್ಲದ | बेळकिल्लद | dark. |
| **अंधेरी** | स्त्री. | 1. अंधकार;<br>2. घोड़े या बैल की आँख पर डालने का काला पर्दा या जाली। | ಕತ್ತಲು;<br>ಕುದುರೆ ಅಥವಾ ಎತ್ತಿನ ಕಣ್ಣಿನ ಮೇಲೆ ಹಾಕುವ ಪರದೆ | कत्तलु;<br>कुदुरे अथवा ऍत्तिन कण्णिन मेले हाकुव परदे | darkness;<br>blind, any screen or sheet put on the eyes of an ox or a horse. |
| | वि. | अंधकारपूर्ण। | ಕತ್ತಲಾಗಿರುವ | कत्तलागिरुव | dark. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| अंधेरे-उजाले | क्रि. वि. | समय-कुसमय । | ಸಮಯಾಸಮಯ | समयासमय | in season and out of season. |
| अंबर | पुं. | 1. आकाश;<br>2. वस्त्र;<br>3. एक प्रकार का सुगंधित द्रव्य। | ಆಕಾಶ;<br>ಬಟ್ಟೆ;<br>ಒಂದು ಬಗೆಯ ಸುಗಂಧ ದ್ರವ್ಯ | आकाश;<br>बट्टॆ<br>ऒंदु बगॆय सुगंध द्रव्य | sky;<br>clothes, apparel;<br>a kind of perfume. |
| अंबा | स्त्री. | 1. माता;<br>2. दुर्गा। | ತಾಯಿ;<br>ದುರ್ಗಿ | तायि;<br>दुर्गि | mother;<br>name of Goddess Durga. |
| अंबार | पुं. | ढेर, राशि। | ರಾಶಿ, ಗುಡ್ಡೆ | राशि, गुड्डॆ | pile, heap, stock. |
| अंबु | पुं. | जल। | ನೀರು | नीरु | water. |
| अंबुज | पुं.<br>वि. | कमल।<br>जल में उत्पन्न। | ಕಮಲ<br>ನೀರಿನಲ್ಲಿ ಹುಟ್ಟಿದ | कमल<br>नीरिनल्लि हुट्टिद | a lotus.<br>produced in water, water-born. |
| अंबुद | पुं.<br>वि. | बादल।<br>जल देने वाला। | ಮೋಡ<br>ನೀರನ್ನು ಕೊಡುವ | मोड<br>नीरन्नु कॊडुव | cloud.<br>giver of water. |
| अंबुधि | पुं. | 1. समुद्र;<br>2. जल रखने का पात्र। | ಸಮುದ್ರ;<br>ನೀರು ತುಂಬುವ ಪಾತ್ರೆ | समुद्र;<br>नीरु तुंबुव पात्रॆ | the ocean;<br>any receptacle of water, such as a jar. |
| अंश | पुं. | 1. भाग, हिस्सा;<br>2. (गणित) भाज्य अंक;<br>3. मापक्रम के लिए किए जाने वाले विभागों में से हर एक। | ಭಾಗ;<br>ಭಾಜ್ಯದ ಅಂಕಿ;<br>ಭಾಗಮಾಡಿದ ಪ್ರತಿಯೊಂದು ಭಾಗ | भाग;<br>भाज्यद अंकि;<br>प्रतियॊंदु भागमाडिद भाग | part, share, division;<br>(Maths) numerator;<br>degree, fraction. |
| अंशकालिक | वि. | पूरे या निर्धारित समय के एक अंश के लिए या उससे संबंधित। | ನಿಯಮಿತ ಕಾಲದ ಒಂದು ಅಂಶದ ಅಥವಾ ಆ ಭಾಗಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | नियमित कालद ऒंदु अंशद अथवा आ भागक्कॆ संबंधिसिद | part-time. |
| अंशतः | क्रि. वि. | किसी हद तक, आंशिक रूप में। | ಒಂದು ಹಂತದ ವರೆಗೆ, ಆಂಶಿಕವಾಗಿ | ऒंदु हंतद वरॆगॆ, आंशिकवागि. | partly, to a limited extent. |
| अंशदान | पुं. | अपने अंश या हिस्से के रूप में किसी को कुछ देना या किसी कार्य में योग देना। | ಚಂದಾ, ವಂತಿಗೆ, ಅಂಶದಾನ | चंदा, वंतिगॆ, अंशदान | subscription, contribution. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **अंशपत्र** | पुं. | वह लेख-पत्र जिसमें हिस्सेदारों का हिस्सा हो । | ಭಾಗಪತ್ರ | भागपत्र | share certificate. |
| **अंशभागी** | वि. | हिस्सा पाने वाला। | ಭಾಗ ಪಡೆಯುವ | भाग पडॆयुव | sharer, shareholder |
| **अंशु** | पुं. | किरण। | ಕಿರಣ | किरण | ray or beam of light. |
| **अंशुजाल** | पुं. | किरणों का समूह। | ಕಿರಣಗಳ ಸಮೂಹ | किरणगळ समूह | collection of rays. |
| **अंशुमान** | पुं. | सूर्य। | ಸೂರ್ಯ | सूर्य | sun. |
| **अंशुमाली** | पुं. | सूर्य। | ಸೂರ್ಯ | सूर्य | sun. |
| **अकचकाना** | अ. क्रि. | चौंकना, आश्चर्य-चकित होना। | ಚಕಿತಗೊಳ್ಳು,<br>ಅಚ್ಚರಿಯಿಂದ<br>ಬೆಚ್ಚಿಬೀಳು | चकितगॊळ्ळु,<br>अच्चरियिंद<br>बॆच्चिबीळु | to be startled. |
| **अकड़** | स्त्री. | 1. अकड़ने का भाव, ढिठाई; | ದಿಟ್ಟತನ; | दिट्टतन; | conceit, obstinacy; |
| | | 2. कड़ापन, तनाव; | ಬಾಗದಿರುವಿಕೆ; | बागदिरुविकॆ; | stiffness, contraction; |
| | | 3. ऐंठ; | ಅಹಂಕಾರ; | अहंकार; | haughtiness, arrogance; |
| | | 4. घमंड। | ಗರ್ವ | गर्व | pride. |
| **अकड़ना** | अ. क्रि. | 1. सूखकर कड़ा होना, ऐंठना;<br>2. घमंड करना;<br>3. ढिठाई करना। | ಒಣಗಿ ಸೆಟೆದು<br>ಕೊಳ್ಳು;<br>ಗರ್ವ ತೋರು;<br>ದಿಟ್ಟತನದಿಂದ<br>ನಡೆಯು | ऒणगि<br>सॆटॆदुकॊळ्ळु;<br>गर्व तोरु;<br>दिट्टतनदिंद नडॆयु | to become stiff,<br>to cramp;<br>to be arrogant;<br>to be obstinate. |
| **अकड़बाज** | वि. | 1. अकड़ दिखाने वाला, घमंडी; | ಅಹಂಕಾರಿ,<br>ಗರ್ವಿಷ್ಠ; | अहंकारि, गर्विष्ठ; | swaggering, arrogant ; conceited; |
| | | 2. लड़ाका। | ಜಗಳಗಂಟ | जगळगंट | quarrelsome. |
| **अकड़बाजी** | स्त्री. | ऐंठ, घमंड। | ಗರ್ವ<br>ಅಹಂಕಾರ | गर्व, अहंकार | arrogance, swaggering. |
| **अकड़ाव** | पुं. | अकड़ने की क्रिया या भाव, तनाव, ऐंठन। | ಸೆಟೆದಿರುವಿಕೆ | सॆटॆदिरुविकॆ | contortion, convulsion. |
| **अकथनीय** | वि. | 1. जो कहा न जा सके;<br>2. जिस का वर्णन न हो सके, अवर्णनीय। | ಹೇಳಲಾಗದ;<br>ಬಣ್ಣಿಸಲಾಗದ,<br>ಅವರ್ಣನೀಯ | हेळलागद;<br>बण्णिसलागद,<br>अवर्णनीय | inexpressible;<br>indescribable. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **अकबक** | पुं. | असंबद्ध प्रलाप। | ಅಸಂಬದ್ಧ ಹರಟೆ | असंबद्ध हरटॆ | irrelevant talk. |
| | वि. | चकित। | ಚಕಿತ | चकित | taken aback |
| **अकबकाना** | अ.क्रि. | भौचक्का होना, घबराना। | ಚಕಿತಗೊಳ್ಳು, ಗಾಬರಿಗೊಳ್ಳು | चकितगॊळ्ळु, गाबरिगॊळ्ळु | to be taken aback, to be perplexed. |
| **अकरकरा** | पुं. | दवा के काम आने वाला एक पौधा। | ಔಷಧಿಗೆ ಉಪಯೋಗಿಸುವ ಒಂದು ಗಿಡ | औषधिगॆ उपयोगिसुव ऒंदु गिड | a medicinal plant. |
| **अकरण** | पुं. | 1. कुछ न करना, कर्म का अभाव; 2. जो काम किया जाना चाहिए वह न करना। | ಏನೂ ಮಾಡದಿರುವಿಕೆ; ಮಾಡಬೇಕಾದುದನ್ನು ಮಾಡದಿರುವಿಕೆ | एनू माडदिरुविकॆ; माडबेकादुदन्नु माडदिरुविकॆ | absence of action; omission (of any act). |
| **अकरणीय** | वि. | न करने योग्य। | ಮಾಡಬಾರದ | माडबारद | not fit to be done, unbecoming, indecent. |
| **अकर्तव्य** | पुं. | अनुचित कर्म। | ಮಾಡಬಾರದ ಕೆಲಸ | माडबारद कॆलस | improper or unbecoming act. |
| | वि. | न करने योग्य, अनुचित। | ಮಾಡಲು ಅಯೋಗ್ಯವಾದ | माडलु अयोग्यवाद | not fit to be done. |
| **अकर्ता** | वि. | 1. जो कर्ता न हो; | ಕರ್ತನಿಲ್ಲದ; | कर्तनिल्लद; | one who is not a doer, not an agent or creator; |
| | | 2. कर्म से अलिप्त। | ಕರ್ಮದಿಂದ ರಹಿತ | कर्मदिंदरहित | actionless. |
| **अकर्तृक** | पुं. | जिसका कोई कर्ता न हो, कर्ताविहीन। | ಕರ್ತೃಹೀನ | कर्तृहीन | without a creator, agentless. |
| **अकर्म** | पुं. | 1. बुरा काम; | ಯೋಗ್ಯವಲ್ಲದ ಕೆಲಸ; | योग्यवल्लद कॆलस; | a wicked act, an improper act or work, crime or vice; |
| | | 2. कर्म का अभाव, निष्क्रियता। | ಕ್ರಿಯಾ ಶೂನ್ಯತೆ | क्रियाशून्यतॆ | absence of work, inaction. |
| **अकर्मक** | वि. | क्रिया का वह भेद जिस के लिए कर्म की अपेक्षा न हो। | (ವ್ಯಾಕರಣ) ಅಕರ್ಮಕ ಕ್ರಿಯೆ | (व्याकरण) अकर्मक क्रियॆ | (grammar) intransitive verb requiring no object. |
| **अकर्मण्य** | वि. | 1. निकम्मा, आलसी; 2. जो किसी काम का न हो, व्यर्थ | ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ಬಾರದ; ವ್ಯರ್ಥ | कॆलसक्कॆबारद; व्यर्थ | idle; worthless, good for nothing. |
| **अकर्मण्यता** | स्त्री. | अकर्मण्य होने की अवस्था या भाव। | ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ಬಾರದಂತಿರುವಿಕೆ, | कॆलसक्कॆ बारदंतिरुविकॆ | state of being idle or worthless. |
| **अकलंक** | वि. | 1. कलंकरहित; | ಕಳಂಕವಿಲ್ಲದ; | कळंकविल्लद; | without any spot, spotless, pure, of good reputation; |
| | | 2. निर्दोष। | ದೋಷರಹಿತ | दोष रहित | innocent. |
| **अकल (अक़्ल)** | स्त्री. | बुद्धि, समझ। | ಬುದ್ಧಿ, ತಿಳಿವಳಿಕೆ | बुद्धि, तिळिवळिकॆ | sense, wisdom, understanding. |
| **अकलदाढ़** | स्त्री. | जवान होने पर निकलने वाली दाढ़, अकल का दांत। | ಪ್ರಾಯದಲ್ಲಿ ಹುಟ್ಟುವ ದವಡೆ ಹಲ್ಲು | प्रायदल्लि हुट्टुव दवडॆ हल्लु | wisdom tooth. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **अकल्पित** | वि. | 1. कल्पना से बाहर, अकाल्पनिक; | ಕಲ್ಪನೆಯೇ ಇಲ್ಲದ; | कल्पनेये इल्लद; अकल्पित | not thought of before or previously; |
| | | 2. वास्तविक; | ಕೃತ್ರಿಮವಲ್ಲದ; | कृत्रिमवल्लद | natural, genuine; |
| | | 3. पहले से जिसकी कल्पना न की गई हो। | ಮೊದಲೇ ಊಹಿಸದ | मोदले ऊहिसद | unimagined. |
| **अकल्याण** | पुं. | 1. अमंगल, अशुभ; | ಅಶುಭ; | अशुभ; | inauspiciousness; |
| | | 2. अहित। | ಅಹಿತ | अहित | calamity, trouble. |
| **अकसर** | क्रि. वि. | अधिकतर, बहुधा, प्रायः। | ಬಹಳಮಟ್ಟಿಗೆ | बहळमट्टिगे | generally, often, for the most part. |
| **अकसीर** | पुं. | रोग विशेष की अत्यंत गुणकारी, अचूक औषधि। | ರಾಮಬಾಣ ಔಷಧಿ | रामबाण औषधि | most effective remedy, elixir. |
| | वि. | अचूक। | ಗುರಿ ತಪ್ಪದ | गुरि तप्पद | most effective (remedy etc.). |
| **अकस्मात्** | क्रि. वि. | 1. अचानक, सहसा; | ದಿಢೀರನೆ; | दडीरने; | all of a sudden, suddenly; |
| | | 2. संयोगवश। | ಅನಿರೀಕ್ಷಿತ | अनिरीक्षित | accidentally, unexpectedly. |
| **अकांड तांडव** | पुं. | व्यर्थ की बहस, उछल-कूद आदि। | ವ್ಯರ್ಥ ಚರ್ಚೆ, ಕುಣಿದಾಟ | व्यर्थ चर्चे, कुणिदाट | irrelevant display of erudition, indignation etc., unnecessary fray. |
| **अकाज** | पुं. | किसी काम में होने वाली देर, हानि या हरज। | ಅಡ್ಡಿ ಅಡಚಣೆ ಅಥವಾ ಹಾನಿ | अड्डि अडचणे अथवा हानि | delay, obstruction, loss or injury in some work. |
| | क्रि. वि. | व्यर्थ ही, निष्प्रयोजन। | ನಿಷ್ಪ್ರಯೋಜಕ, | निष्प्रयोजक | uselessly, without any purpose. |
| **अकाट्य** | वि. | 1. जो काटा न जा सके; | ಪ್ರತಿ ಹೇಳಲಾಗದ; | प्रति हेळलागद; | unfit to be rent; |
| | | 2. तर्क आदि से जिसका खंडन न किया जा सके; | ಖಂಡಿಸಲು ಸಾಧ್ಯವಾಗದ; | खंडिसलु साध्यवागद; | irrefutable; |
| | | 3. अखंडनीय। | ಪ್ರತಿಭಟಿಸಲಾಗದ | प्रतिभटिसलागद | indivisible. |
| **अकादमी** | स्त्री. | विद्वानों की वह संघटित संस्था जो किसी कला, विज्ञान, शास्त्र आदि की उन्नति, प्रचार और विवेचन के लिए बनी हो। | ಕಲೆ, ವಿಜ್ಞಾನ, ಸಾಹಿತ್ಯ ಆದಿಗಳನ್ನು ಉನ್ನತಗೊಳಿಸಿ ಪ್ರಚಾರ ಮಾಡಲೆಂದು ಏರ್ಪಟ್ಟ ವಿದ್ವಾಂಸರ ಸಂಘ | कले, विज्ञान, साहित्य आदिगळन्नु उन्नतगोळिसि प्रचार माडलेंदु एर्पट्ट विद्वांसर संघ | academy. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **अकाय** | वि. | 1. अशरीरी;<br>2. निराकार (ईश्वर की एक उपाधि)। | ಶರೀರವಿಲ್ಲದ;<br>ನಿರಾಕಾರ | शरीरविल्लद;<br>निराकार | without a body;<br>without any form, (an epithet of the Supreme Spirit so called because He is without body). |
| **अकारण** | वि.<br>क्रि. वि. | कारणरहित।<br>बिना किसी कारण के, बेमतलब। | ಕಾರಣವಿಲ್ಲದ<br>ನಿಷ್ಕಾರಣವಾಗಿ | कारणविल्लद<br>निष्कारणवागि | groundless, causeless;<br>without any reason. |
| **अकारादि** | वि. | 'अ' से आरंभ होने वाला। | 'ಅ'ಕಾರದಿಂದ ಆರಂಭವಾಗುವ | "अ" कारदिंद आरंभवागुव | beginning with the vowel 'अ'. |
| **अकारादि क्रम** | पुं. | (हिन्दी) वर्णों का क्रम। | ಅಕ್ಷರಮಾಲೆಯ ಕ್ರಮ | अक्षरमालॆय क्रम | alphabetical order. |
| **अकाल** | पुं.<br><br><br><br>वि. | 1. दुर्भिक्ष;<br>2. कमी, अभाव;<br>3. असमय;<br>4. कुसमय, अशुभकाल।<br>असामयिक, बेमौसम का। | ಕ್ಷಾಮ;<br>ಅಭಾವ ;<br>ಸಮಯವಲ್ಲದ ಸಮಯ;<br>ಅಶುಭ ಕಾಲ<br>ಕಾಲವಲ್ಲದ | क्षाम;<br>अभाव;<br>समयवल्लद समय;<br>अशुभ काल<br>कालवल्लद | famine;<br>scarcity;<br>inopportune time;<br>inauspicious time.<br>premature, out of season. |
| **अकाल-कुसुम** | पुं. | 1. नियत समय से पूर्व या पश्चात लगने वाला फूल जो उपद्रव, दुर्भिक्ष आदि का लक्षण माना जाता है;<br>2. असामयिक वस्तु। | ಕಾಲವಲ್ಲದಾಗ ಅರಳಿದ ಹೂ (ಹೀಗಾದ ಸಮಯವು ಕ್ಷಾಮಾದಿ ಮುನ್ಸೂಚನೆ ಯೆಂದ ಜನರ ನಂಬಿಕೆ);<br>ಸಮಯ ವಲ್ಲದ ಸಮಯ ದಲ್ಲಿ ಆದ ವಸ್ತು | कालवल्लदाग अरळिद हू (हीगाद समयवु क्षामादि मुन्सूचनॆयॆंदु जनर नंबिकॆ);<br>समयवल्लद समयदल्लि आद वस्तु | a flower blossoming out of season;<br>an inopportune thing. |
| **अकाल प्रसव** | पुं. | स्त्री को ठीक समय से पहले होने वाला प्रसव। | ಸಕಾಲಕ್ಕೆ ಮುಂಚೆ ಆಗುವ ಹೆರಿಗೆ | सकालक्कं मुंचं आगुव हॅरिगं | premature delivery. |
| **अकाल मृत्यु** | स्त्री. | असामयिक या अल्पवय में होने वाली मृत्यु। | ಅಕಾಲ ಮೃತ್ಯು | अकाल मृत्यु | accidental or untimely death. |
| **अकालवृद्ध** | वि. | उचित समय से पहले बूढ़ा हो जाने वाला। | ಚಿಕ್ಕತನದಲ್ಲಿಯೇ ಬಂದ ಮುದಿತನ | चिक्कतनदल्लिये बन्द मुदितन | prematurely old. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **अकाली** | पुं. | 1. सिक्खों का एक संप्रदाय;<br>2. उक्त संप्रदाय का अनुयायी। | ಸಿಕ್ಖರ ಒಂದು ಸಂಪ್ರದಾಯ;<br>ಅಕಾಲಿ ಸಂಪ್ರದಾಯದ ಅನುಯಾಯಿ | सिक्खर ओंदु संप्रदाय;<br>अकालि संप्रदायद अनुयायि | a sect of the Sikhs;<br>a follower of the Akali faith. |
| **अकिंचन** | वि. | 1. अतिनिर्धन, दरिद्र;<br>2. अपरिग्रही। | ಕಡು ಬಡವ;<br>ಸರ್ವಸ್ವವನ್ನೂ ತ್ಯಾಗಮಾಡಿದ | कडुबडव;<br>सर्वस्ववन्नू त्यागमाडिद | utterly destitute; indigent:<br>one who has renounced everything (as a sad |
| **अकिंचनता** | स्त्री. | 1. निर्धनता, दरिद्रता;<br>2. परिग्रह का त्याग। | ಕಡು ಬಡತನ;<br>ಅಪರಿಗ್ರಹ | कडुबडतन;<br>अपरिग्रह | state of being utterly destitute;<br>renunciation of everything, voluntary poverty (as practised by Jaina ascetics). |
| **अकीर्ति** | स्त्री. | अपयश, निंदा, बदनामी। | ಅಪಯಶ, ದುಷ್ಕೀರ್ತಿ | अपयश, दुष्कीर्ति | infamy, ill repute, ill fame, disgrace. |
| ईसाई | पुं.<br>वि. | ईसा - प्रवर्तित धर्म को माननेवाला।<br>ईसा-संबंधी, ईसा का। | ಏಸುವಿನ ಧರ್ಮಾನುಯಾಯಿ;<br>ಏಸುವಿಗೆ ಸಂಬಂ-ಧಿಸಿದ | एसुविन धर्मानुयायि;<br>एसुविगॆ संबंधिसिद | Christian, follower of Christ.<br>pertaining to Christ. |
| उंगली | स्त्री. | हाथ या पैर के पंजों में से निकले हुए पांच लंबे किन्तु पतले अवयवों में से एक। | ಬೆರಳು | बॆरळु | a finger. |
| उंडेलना | स. क्रि. | तरल पदार्थ को एक बर्तन से दूसरे बर्तन में डालना या जमीन पर गिराना। | ಸುರಿಯುವುದು | सुरियुवुदु | to pour, to empty (the contents of). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **उऋण** | वि. | ऋण-मुक्त, जो किसी का ऋण अदा कर चुका हो। | ಋಣಮುಕ್ತ | ऋणमुक्त | free from debt. |
| **उकड़ूं** | पुं. | बैठने का वह ढंग जिसमें घुटने (खड़े बल) मोड़े जाते हैं। | ಮೊಣಕಾಲಿನ ಮೇಲೆ ಕೂಡುವಿಕೆ | मोणकालिन मेले कूडुविके | sitting on the hams with the soles of the feet on the ground, squatting. |
| **उकताना** | अ. क्रि. | बैठे-बैठे या कोई काम करते-करते जी घबरा जाना, ऊबना, अधीर होना। | ಬೇಸರಪಡು | बेसरपडु | to bore, to be tired of, to be bored, to fret. |
| **उकलाहट** | स्त्री. | तंग आना, अधीरता। | ಬೇಸರ | बेसर | boredom, annoyance, fret, loss of patience. |
| **उकसाना** | स. क्रि. | उभारना, भड़काना, उत्साहित, उत्तेजित या प्रेरित करना। | ಪ್ರೇರೇಪಿಸು, ರೊಚ್ಚಿಗೆಬ್ಬಿಸು | प्रेरेपिसु, रोच्चिगेब्बिसु | to incite, to provoke, to encourage, to instigate, to persuade. |
| **उकेरना** | स. क्रि. | पत्थर, लकड़ी, लोहे आदि पर छेनी या अन्य औजार से नक्काशी करना या बेल-बूटे बनाना। | ಕೆತ್ತು (ಕಲ್ಲು, ಮರದ ಹಲಗೆಗಳ ಮೇಲೆ ಕೆತ್ತನೆ ಮಾಡು) | केत्तु (कल्लु, मरद हलगेगळ मेले केत्तने माडु) | to engrave. |
| **उक्त** | वि. | 1. कहा हुआ, कथित; 2. जिसका वर्णन पहले या ऊपर हुआ हो, पूर्वोक्त, उपर्युक्त। | ಹೇಳಲ್ಪಟ್ಟ; ಮೊದಲೇ ಹೇಳಿದ | हेळल्पट्ट; मोदले हेळिद | spoken, said; aforesaid, above-mentioned. |
| **उक्ति** | स्त्री. | किसी की कही हुई बात, कथन, वचन। | ಹೇಳಿಕೆ | हेळिके | saying, utterance, statement. |
| **उखड़ना** | अ. क्रि. | 1. जमी, गड़ी या जड़ी हुई वस्तु का अपने मूल आधार से हटकर अलग होना; | ಬೇರು ಸಮೇತ ಕಿತ್ತು ಹೋಗು, ಬೇರೆಯಾಗು; | बेरु समेत कित्तु होगु, बेरेयागु; | to be uprooted, to be struck off; |
| | | 2. रुकावट पड़ना, टूटना (दम, सांस), बंधे हुए | ಕ್ರಮಪಲ್ಲಟವಾಗು, (ದಮ್) ಮೇಲುಸಿರಾಡು; | क्रमपल्लटवागु, (दम्) मेलुसिराडु; | to gasp (for breath etc.), to be |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | क्रम या सिलसिले का भंग होना; | | | obstructed (repetition etc.) ; |
| | | 3. बेताल या बेसुरा हो जाना; | ಹೊಂದಾಣಿಕೆಯಿಲ್ಲದಾಗು; | हॉंदाणिकॅयिल्लदागु; | to sing or play out of tune; |
| | | 4. असफल रहना, जम न पाना, तोड़ देना (साख, यश आदि); | ಕೀರ್ತಿ ಪ್ರಭಾವಗಳನ್ನು ಕಳಕೊಳ್ಳು; | कीर्ति प्रभावगळन्नु कळकॉळ्ळ; | to be unsuccessful, to lose (credit, reputation etc.); |
| | | 5. मिलने –जुलने, रहने- बैठने आदि के स्थान से हटकर लोगों का तितर-बितर होना; | ಅಸ್ತವ್ಯಸ್ತ ಅಥವಾ ಚಲ್ಲಾಪಿಲ್ಲಿಯಾಗು; | अस्तव्यस्त अथवा चल्लापिल्लियागु; | to be dispersed, to be scattered; |
| | | 6. सुदृढ़ या स्वस्थ स्थिति से विचलित होना या उसमें व्यतिक्रम होना। | ಸ್ಥಿತಿಪಲ್ಲಟವಾಗು | स्थितिपल्लटवागु | to be unsteady or shaky. |
| **उखाड़ना** | स. क्रि. | 1. गड़ी, जमी, बैठाई हुई चीज को उसके आधार से अलग करना: | ಕಿತ್ತೆಸೆ; | कित्तॅसॅ; | to uproot; |
| | | 2. तितर-बितर कर देना, भागने या हटने के लिए विवश करना; | ಚದುರಿಸು, ಚಲ್ಲಾಪಿಲ್ಲಿ ಮಾಡು; | चदुरिसु, चल्ला-पिल्लि माडु; | to drive away; |
| | | 3. प्रभाव आदि न जमने देना। | ಪ್ರಭಾವವನ್ನು ನಾಶ ಮಾಡು | प्रभाववन्नु नाशमाडु | to set (one) against. |
| **उखाड़-पछाड़** | स्त्री. | इधर का उधर और उधर का इधर करने की क्रिया या भाव, वर्तमान स्थिति को अस्तव्यस्त या उलट-पलट करने की क्रिया। | ಸ್ಥಿತಿಗತಿಗಳನ್ನು ತಲೆಕೆಳಗು ಮಾಡು | स्थितिगतिगळन्नु तलॅकॅळगु माडु | manipulation. |
| **उगना** | अ. क्रि. | 1. उदय होना, निकलना; | ಹೊರಹೊಮ್ಮು; | हॉरहॉम्मु; | to rise (as sun, moon etc.); |
| | | 2. अंकुरित होना; | ಮೊಳೆಯು; | मॉळॅयु; | to germinate, to grow, to spring; |
| | | 3. उपजना, पैदा होना। | ಬೆಳೆಯು | बॅळॅयु | to be produced. |
| **उगलना** | स. क्रि. | 1. मुंह में ली हुई चीज़ को थूक देना, खाई-पी | ಉಗುಳು; | उगुळु; | to spit out, to vomit, to eject, to bring up from |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | हुई वस्तु को मुंह से बाहर निकाल देना; | | | the stomach or craw; |
| | | 2. छिपी हुई बात को प्रकट कर देना; | ಗುಟ್ಟು ರಟ್ಟು ಮಾಡು; | गुट्टु रट्टु माडु; | to talk out, to vomit out, to disclose or reveal any secret etc.; |
| | | 3. दबा-छिपा माल बाहर निकालना या औरों के सामने रखना। | ಮರೆಮಾಚಿದುದನ್ನು ಹೊರಗೆ ಹಾಕು | मरेमाचिदुदन्नु होरगे हाकु | to restore or refund (property surreptitiously obtained). |
| **उगलवाना** | स. क्रि. | 1. मुंह के अंदर गई चीज़ को बाहर निकलवाना; | ಉಗುಳಿಸು; | उगुळिसु; | to cause to vomit; |
| | | 2. छिपी हुई बात को प्रकट करवा लेना; | ಗುಟ್ಟು ರಟ್ಟಾಗುವಂತೆ ಮಾಡು; | गुट्टु रट्टागुवंते-माडु; | to cause to admit or confess anything |
| | | 3. छिपा या दबाकर रखा हुआ माल बरामद करा लेना। | ಬಚ್ಚಿಟ್ಟಿದ್ದನ್ನು ಹೊರಗೆ ಹಾಕಿಸು | बच्चिट्टिद्दन्नु होरगे हाकिसु | to cause to reveal any hidden thing. |
| **उगलाना** | स. क्रि. | दे. 'उगलवाना'। | ನೋಡಿ''उगलवाना'' | नोडि ''उगलवाना'' | see 'उगलवाना'. |
| **उगाना** | स. क्रि. | 1. उपजाना, उत्पन्न करना; | ಬೆಳೆಸು; | बॆळॆसु; | to cause to grow, to produce; |
| | | 2. इकट्ठा करना (जैसे चंदा उगाना); | (ಚಂದಾ)ವಸೂಲು ಮಾಡು; | (चंदा) वसूलु माडु; | to raise, to collect (e.g. to raise or collect funds); |
| | | 3. उगने या अंकुरित होने में प्रवृत्त करना। | ಬೆಳೆಯುವಂತೆಮಾಡು | बॆळॆयुवंते माडु | to cause to germinate. |
| **उगालदान** | पुं. | थूकने का बर्तन, पीकदान। | ಪೀಕದಾನಿ, ಉಗುಳುವ ಪಾತ್ರೆ | पीकदानि, उगुळुव पात्रॆ | spittoon. |
| **उगाहना** | स. क्रि. | 1. बहुत से लोगों से मांगकर इकट्ठा करना; | ಅನೇಕರಿಂದ ವಸೂಲು ಮಾಡಿ ಹಣ ಒಂದುಗೂಡಿಸು; | अनेकरिंद वसूलु-माडि हण ऒंदु-गूडिसु; | to collect, to gather, to raise; |
| | | 2. वसूल करना (जैसे कर आदि)। | ವಸೂಲಾತಿಮಾಡು | वसूलाति माडु | to realise, to impose, to levy (as tax etc.). |
| **उगाही** | स्त्री. | उगाहने की क्रिया या भाव, वसूली। | ವಸೂಲಿ | वसूलि | realisation, collection. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **उग्र** | वि. | 1. उत्कट, प्रचण्ड; | ಪ್ರಚಂಡ; | प्रचंड; | radical, extremist; |
| | | 2. भयानक; | ಭಯಾನಕ; | भयानक; | fierce, formidable, frightful; |
| | | 3. क्रूर; | ಕ್ರೂರ; | क्रूर; | angry, wrathful; |
| | | 4. कठोर; | ಕಠೋರ; | कठोर; | harsh, strong; |
| | | 5. असोम्य; | ಅಸೌಮ್ಯ; | असौम्य; | savage; |
| | | 6. क्रूर, हिंसक, निर्दय; | ನಿರ್ದಯ; | निर्दय; | cruel, violent; |
| | | 7. प्रबल। | ಪ್ರಬಲ | प्रबल | intense. |
| **उघड़ना** | अ. क्रि. | 1. खुलना, प्रकट होना; | ಪ್ರಕಟವಾಗು; | प्रकटवागु; | to be uncovered or unveiled, to be disclosed; |
| | | 2. नंगा होना। | ಬೆತ್ತಲೆಯಾಗು | बेत्तलेयागु; | to be laid bare, to be naked or exposed. |
| **उघाड़ना** | स. क्रि. | 1. खोलना, अनावृत्त करना; | ತೆರೆಯು; | तेरेयु; | to uncover, to expose; |
| | | 2. नंगा करना; | ಬೆತ್ತಲೆ ಮಾಡು; | बेत्तले माडु; | to lay bare, to pull off, throw off (covering or dress); |
| | | 3. पर्दाफ़ाश करना। | ಪ್ರಕಟ ಮಾಡು | प्रकट माडु | to disclose, reveal, to betray (a secret or confidence). |
| **उचकना** | अ. क्रि. | 1. पंजों के बल खड़े होकर या थोड़ा उछलकर किसी चीज़ को पाने या देखने के लिए ऊपर उठना; | ನೆಗೆಯು | नेगेयु | to bound, to bounce, to stand on tiptoe; |
| | | 2. उछलना। | | | to leap up, to spring up. |
| | स. क्रि. | लपक कर ले लेना, उठा लेना। | ಹಾರಿ ಅಥವಾ ನೆಗೆದು ತೆಗೆದುಕೊಳ್ಳು | हारि अथवा नेगेदु तेगेदुकोळ्ळु | to snatch, snap, pounce upon. |
| **उचकाना** | स. क्रि. | 1. ऊपर उठाना; | ಮೇಲಕ್ಕೆ ಹಾರುವಂತೆ ಮಾಡು; | मेलक्के हारुवंते माडु; | to raise up, to lift up; |
| | | 2. उछालना। | ಮೇಲೆ ಎಸೆ | मेले एसे | to jerk up. |
| **उचक्का** | पुं. | 1. दूसरों की चीजें छीन | ಕೊಳ್ಳೆಗಾರ | कोळ्ळेगार | pilferer or |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | उठाकर भाग जानेवाला;<br>2. उठाईगीरा। | | | swindler, pick-pocket;<br>shop-lifter, a man of suspicious intentions. |
| **उचटना** | अ. क्रि. | 1. किसी जमी या चिपकी हुई वस्तु का अपने आधार से अलग होना, छूटना;<br>2. मन का हट जाना, न लगना, ऊबना। | ಬಿಟ್ಟುಹೋಗು;<br>ಬೇಸರಗೊಳ್ಳುವುದು | बिट्टुहोगु;<br>बेसरगोळ्ळुवुदु | to come off (as plaster from a wall), to be detached;<br>to be weary of. |
| **उचाट** | वि. | उदासीन, विरक्त(मन)। | ಉದಾಸೀನ, (ಮನ) ವಿರಕ್ತ | उदासीन (मन), विरक्त | sorrowful, dejected, dissatisfied, indifferent. |
| **उचित** | वि. | 1. ठीक;<br>2. मुनासिब, उपयुक्त;<br>3. न्यायसंगत;<br>4. सही। | ಸರಿ;<br>ಯೋಗ್ಯ;<br>ನ್ಯಾಯಸಂಗತ;<br>ಉಚಿತ | सरि;<br>योग्य;<br>न्यायसंगत;<br>उचित | proper, fit;<br>right, suitable;<br>reasonable;<br>correct, natural. |
| **उच्च** | वि. | 1. ऊँचा;<br>2. श्रेष्ठ;<br>3. कुलीन;<br>4. पद आदि की दृष्टि से औरों से ऊपर या बड़ा। | ಎತ್ತರವಾದ;<br>ಮೇಲಣ;<br>ಉತ್ತಮ ವಂಶದ;<br>(ಅಧಿಕಾರದಲ್ಲಿ) ಮೇಲ್ಪಟ್ಟದ | एंत्तरवाद;<br>मेलण;<br>उत्तम वंशद;<br>(अधिकारदल्लि) मेल्पट्टद | high, lofty, tall;<br>superior;<br>noble;<br>superior. |
| **उच्चतम** | वि. | 1. सबसे ऊँचा;<br>2. सर्वश्रेष्ठ;<br>3. सर्वप्रधान। | ಎಲ್ಲಕ್ಕೂ ಮಿಗಿಲಾದ;<br>ಸರ್ವಶ್ರೇಷ್ಠ;<br>ಎಲ್ಲಕ್ಕಿಂತಲೂ ಪ್ರಧಾನ | एंल्लक्कू मिगिलाद;<br>सर्वश्रेष्ठ;<br>एंल्लक्किंतलू प्रधान | highest;<br>best;<br>supreme. |
| **उच्चता** | स्त्री. | ऊँचाई, श्रेष्ठता। | ಉತ್ತಮತೆ, ಶ್ರೇಷ್ಠತೆ | उत्तमतॆ, श्रेष्ठतॆ | height, loftiness, superiority. |
| **उच्च-न्यायालय** | पुं. | राज्य का वह प्रधान न्यायालय जिसमें कुछ विशेष प्रकार के मुकदमे चलाए जाते हैं तथा राज्य भर की छोटी अदालतों के निर्णयों पर पुनर्विचार होता है। | ಹೈಕೋರ್ಟು | हैकोर्टु | High Court. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| उच्चवर्ग | पुं. | समाज का सबसे अधिक धनिक तथा सुखी वर्ग। | ಹಣವಂತವಾದ ಸಮಾಜ ಭಾಗ | हणवंतवाद समाज भाग | the elite, upper class. |
| उच्चाकांक्षा | स्त्री. | बड़प्पन की आकांक्षा या इच्छा, महत्त्वाकांक्षा। | ಮಹತ್ವಾಕಾಂಕ್ಷೆ | महत्वाकांक्षे | aspiration, ambition. |
| उच्चाटन | पुं. | 1. उदासीनता या विरक्ति होना; | ಉದಾಸೀನತೆ; | उदासीनते; | dejection, indifference; |
| | | 2. कहीं चिपकी, लगी या सटी हुई चीज खींचकर वहां से अलग करना या हटाना। | ಉಚ್ಚಾಟನೆ | उच्चाटने | uprooting or separation. |
| उच्चायुक्त | पुं. | ब्रिटिश राष्ट्रमंडल के देशों के एक-दूसरे देश में राजनयिक प्रतिनिधि। | ಹೈಕಮಿಷನರ್ | हैकमिषनर् | High Commissioner. |
| उच्चारण | पुं. | 1. अक्षरों, वर्णों आदि के संयोग से बने हुए सार्थक शब्द कहने या बोलने का निश्चित और शुद्ध ढंग या प्रकार; | ಉಚ್ಚಾರಣೆ | उच्चारणे | pronunciation; |
| | | 2. कंठ, तालु, मूर्धा, दाँत, नासिका, ओष्ठ और जिह्वा के प्रयत्न द्वारा मनुष्यों का मुँह से व्यक्त और विभक्त तथा सार्थक ध्वनि निकालना। | | | articulation. |
| उच्छिष्ट | वि. | 1. (खाद्य-पदार्थ) जो किसी के भोजन करने के बाद उसके आगे बच गया हो; | ತಿಂದು ಮಿಕ್ಕದ್ದು ಎಂಜಲು; | तिंदु मिक्द्दु, एंजलु; | left over (as a remainder of food etc.); |
| | | 2. (कोई पदार्थ) जो किसी ने उपयोग या व्यवहार के उपरांत रद्दी या व्यर्थ समझकर छोड़ दिया हो; | ಉಪಯೋಗಿಸಿ ಉಳಿದದ್ದು; | उपयोगिसि उळिदद्दु; | rejected, abandoned; |
| | | 3. अपवित्र, अशुद्ध। | ಅಪವಿತ್ರ | अपवित्र | unholy, impure. |
| | पुं. | जूठी बची हुई चीज, जूठन। | ಎಂಜಲ ಪದಾರ್ಥ | एंजल पदार्थ | leavings, remainder of food. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| उच्छृंखल | वि. | 1. जो क्रमिक, व्यवस्थित या शृंखलित न हो; | ಕ್ರಮವಿಲ್ಲದ; | क्रमविल्लद; | irregular, desultory, unsystematic; |
| | | 2. जिसका अपने ऊपर नियंत्रण या शासन न हो; | (ತನ್ನ ಮೇಲೆ) ಹತೋಟಿಯಿಲ್ಲದ; | (तन्न मेले) हतोटियिल्लद; | undisciplined; |
| | | 3. मनमाना काम करनेवाला, स्वेच्छाचारी, निरंकुश; | ಸ್ವೇಚ್ಛೆ; | स्वेच्छे; | self-willed; |
| | | 4. किसी का दबाव न माननेवाला, उद्दंड। | ಉದ್ದಂಡ | उद्दंड | unbridled, impertinent. |
| उच्छेदन | पुं. | 1. जड़ से अच्छी तरह उखाड़ने अथवा काटकर अलग करने की क्रिया या भाव; | ಬೇರು ಸಮೇತ ಕಿತ್ತು ಹಾಕುವಿಕೆ; | बेरु समेत कित्तु हाकुविके; | extirpation, eradication; |
| | | 2. नाश। | ನಾಶ | नाश | destruction. |
| उच्छ्वास | पुं. | 1. सहसा कुछ गहराई से निकलकर ऊपर आनेवाला वह श्वास या साँस जो साधारण से कुछ अधिक खिंचा हुआ और लंबा होता है, आस-पास के लोगों को थोड़ा बहुत सुनाई पड़ता है और प्रायः इस बात का सूचक होता है कि श्वास लेने वाले के मन में कोई विशेष कष्ट या वेदना है; | ನಿಟ್ಟುಸಿರು; | निट्टुसिरु; | breath, expiration, breathing a sigh (of pain, sorrow, etc.); |
| | | 2. मरण, मृत्यु; | ಮರಣ; | मरण; | expiring, dying; |
| | | 3. ग्रंथ का कोई अध्याय, प्रकरण या विभाग। | ಗ್ರಂಥದ ಒಂದು ಭಾಗ (ಅಧ್ಯಾಯ) | ग्रंथद ओंदु भाग (अध्याय) | a division or chapter of a book. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **उछल-कूद** | स्त्री. | 1. बार-बार उछलने या कूदने की क्रिया या भाव; | ನೆಗೆದಾಟ; | नेंगेदाट; | leaping and frisking gambols, dancing and cutting capers; |
| | | 2. बालकों की या बालकों जैसी क्रीड़ा; | ಬಾಲಕರ ತೆರ ಆಟ; | बालकर तेरं आट; | childlike action; |
| | | 3. अध्यवसाय, आवेग, उत्सुकता, व्यग्रता आदि का सूचक ऐसा दिखौआ प्रयत्न जो अंत में प्रायः निरर्थक सिद्ध हो। | ಅರ್ಥ-ವಿಲ್ಲದ ಓಡಾಟ | अर्थविल्लद ओडाट | ado. |
| **उछलना** | अ. क्रि. | 1. वेग से ऊपर उठना और गिरना, झटके के साथ इकबारगी शरीर को क्षण भर के लिए इस प्रकार ऊपर उठा लेना कि पृथवी से लगाव छूट जाए; | ನೆಗೆದಾಡು; | नेंगेदाडु; | to leap, to jump, to spring up, to bounce up; |
| | | 2. अत्यंत प्रसन्न होना, खुशी से फूलना; | ಸಂತೋಷ ತೋರು; | संतोष तोरु; | to fly into a passion (joy etc.), to dance with (joy, rage etc.); |
| | | 3. रेखा या चिह्न साफ दिखाई पड़ना, चिह्न पड़ना। | (ಚಿತ್ರ-ರೇಖೆ ಆದಿ) ಮೂಡಿ ಬರು | (चित्र-रेखें आदि) मूडि बरु | to cut a figure. |
| **उछाल** | स्त्री. | 1. उछलकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचना; | ನೆಗೆಯುವಿಕೆ; | नेंगेयुविकें; | jump, leap, motion upwards; |
| | | 2. उतना अंतर या दूरी जितनी एकबार में उछलकर पार की जाए; | ಒಂದು ನೆಗೆತದ ದೂರ; | ओंदु नेंगेतद दूर; | throw; |
| | | 3. वह ऊँचाई या सीमा जहाँ तक कोई चीज़ उछलकर पहुँचती हो। | ನೆಗೆದು ತಲಪುವ ಎತ್ತರ | नेंगेदु तलपुव एंत्तर | toss. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| उछालना | स. क्रि. | 1. वेगपूर्वक ऊपर की ओर फेंकना; | ಮೇಲೆ ಎಸೆ; | मेलॆ एसॆ; | to toss, to throw up; |
| | | 2. ऐसा अनुचित या निंदनीय कार्य करना जिससे लोक में उपहास या अपकीर्ति हो (जैसे नाम उछालना)। | ಕೀರ್ತಿ ಹಾನಿಯಾಗುವಂತಹ ಕೆಲಸ ಮಾಡು | कीर्ति हानियागुवंतह कॆलस माडु | to bring bad name to, to cast a slur on (e.g. on the good name, reputation etc. of). |
| उजड़ना | अ. क्रि. | 1. उजाड़ हो जाना, बसे हुए स्थान की आबादी न रहने या हट जाने के कारण उस स्थान का टूट-फूटकर निकम्मा हो जाना; | ಹಾಳಾಗು; | हाळागु; | to be deserted, to be depopulated; |
| | | 2. आघात, आपत्ति आदि के कारण बुरी तरह से नष्ट होना। | ನಷ್ಟ ಹೊಂದು, ನಾಶವಾಗು | नष्ट हॊंदु, नाशवागु | to be ruined or destroyed, to be rooted up. |
| उजड्ड | वि. | 1. अशिष्ट, असभ्य, गँवार; | ಅಶಿಷ್ಟ; | अशिष्ट; | uncivilised, uncouth, clumsy; |
| | | 2. उद्दंड, निरंकुश। | ಉದ್ದಂಡ | उद्दंड | rude, boorish, unbridled. |
| उजड्डपन | पुं. | 1. अशिष्टता, असभ्यता, गंवारपन; | ಅಸಭ್ಯತೆ, ಹಳ್ಳೀ ಬುರಕತನ; | असभ्यतॆ, हळ्ळी बुरकतन; | incivility, uncouthness; |
| | | 2. उद्दंडता, निरंकुशता। | ಉದ್ದಂಡತೆ | उद्दंडतॆ | rudeness, unbridledness. |
| उजला | वि. | 1. जो निर्मल, साफ या स्वच्छ हो; | ಸ್ವಚ್ಛ; | स्वच्छ; | clean, pure, clear, white; |
| | | 2. प्रकाश से युक्त, दीप्त; | ಪ್ರಕಾಶಿಸುವ; | प्रकाशिसुव; | shining, bright; |
| | | 3. चमकता हुआ। | ಹೊಳೆಯುವ | हॊळॆयुव | luminous. |
| उजलापन | पुं. | उजला होना, उज्ज्वलता। | ಹೊಳಪು, ಶುಭ್ರತೆ | हॊळपु, शुभ्रतॆ | brightness, luminosity, clearness, whiteness, purity. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **उजागर** | वि. | 1. प्रकट, खुले तौर पर, आम; | ಪ್ರಕಟವಾಗಿರುವ; | प्रकटवागिरुव; | open, manifest, common; |
| | | 2. विशेष रूप से प्रसिद्ध; | ಪ್ರಸಿದ್ಧ; | प्रसिद्ध; | renowned; |
| | | 3. उज्ज्वल और प्रकाशमान, चमकता हुआ। | ಥಳಥಳಿಸುವ | थळथळिसुव | brilliant, bright. |
| **उजाड़** | पुं. | 1. ऐसा स्थान जहाँ के निवासी दैवी विपत्तियों (जैसे दुर्भिक्ष, बाढ़, भूकंप आदि) के कारण नष्ट हो चुके हों अथवा वह स्थान छोड़कर कहीं चले गये हों; | ಹಾಳುಬಿದ್ದ ಪ್ರದೇಶ; | हाळुबिद्द प्रदेश; | desolate, deserted; |
| | | 2. ऐसा निर्जन स्थान जहां झाड़-झंखाड के सिवा और कुछ न हो। | ಬಂಜರು ಭೂಮಿ | बंजरु भूमि | barren. |
| **उजाड़ना** | स. क्रि. | 1. अच्छी तरह तोड़-फोड़कर चौपट या नष्ट-भ्रष्ट करना; | ನಾಶಮಾಡು; | नाश माडु; | to destroy, to ruin; |
| | | 2. बहुत अधिक आघात या प्रहार करके किसी की सत्ता ऐसी अस्त-व्यस्त या विकृत करना कि वह फिर काम में आने के योग्य न रह जाये; | ಧ್ವಂಸಮಾಡು; | ध्वंस माडु; | to devastate; |
| | | 3. बुरी तरह से नष्ट या बरबाद करना। | ಹಾಳು ಮಾಡು | हाळु माडु | to root up, to spoil. |
| **उजाला** | पुं. | 1. चांदनी, प्रकाश, रोशनी; | ಬೆಳುದಿಂಗಳು, ಬೆಳಕು; | बेळुदिंगळु, बेळकु; | light, moonlight; |
| | | 2. प्रातः काल होनेवाला प्रकाश। | ಅರುಣೋದಯ ಸಮಯದ ಬೆಳಕು, | अरुणादय समयद बेळकु | day-break, dawn. |
| **उजाली** | स्त्री. | चांदनी। | ಬೆಳುದಿಂಗಳು | बेळुदिंगळु | moonlight. |
| **उज्ज्वल** | वि. | 1. जो जलकर प्रकाश दे रहा हो; | ಉರಿಯುವ ಪ್ರಕಾಶ ; | उरियुव प्रकाश; | burning bright; |
| | | 2. चमकीला, प्रकाशमान, प्रदीप्त; | ಮಿರಮಿರನೆ ಹೊಳೆ-ಯುವ; | मिरमिरने हाळेयुव; | radiant, shining; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. कांतिमान, सुन्दर; | ಪ್ರಕಾಶಯುಕ್ತ; | प्रकाशयुक्त; | luminous, beautifu |
| | | 4. निर्मल, स्वच्छ; | ಶುಭ್ರ; | शुभ्र; | clear, pure, clean; |
| | | 5. सफेद। | ಬಿಳುಪಾದ | बिळुपाद | white. |
| उज्र | पुं. | किसी कथन या कार्य के सम्बन्ध में की जाने वाली आपत्ति। | ಆಪತ್ತಿ | आपात्त | objection, excuse. |
| उज्रदारी | स्त्री. | किसी काम या बात के सम्बन्ध में, मुख्यतः न्यायालय में की जाने वाली आपत्ति। | ಕಾನೂನು ರೀತ್ಯಾ ಯಾವುದೇ ವಿಷಯದ ಬಗ್ಗೆ ಆಪತ್ತಿಯನ್ನು ಸೂಚಿಸುವಿಕೆ | कानूनु रीत्या यावुदे विषयद बग्गे आपत्तियन्नु सूचिसुविके | producing an excuse, a statement of objection. |
| उठना | अ. क्रि. | 1. नीचे के तल या स्तर से ऊपर के तल या स्तर की ओर चलना या बढ़ना, ऊंचाई की ओर या ऊपर जाना अथवा बढ़ना; | ಮೇಲೇಳು; | मेलेळु; | to rise, to rise up; |
| | | 2. गिरे, झुके, बैठे या लेटे होने की स्थिति से खड़े होने या चलने की स्थिति में आना; | ಕೀಳ್ದಶೆ-ಯಿಂದ ಏಳು; | कीळ्दशेयिंद एळु; | to stand up, to get up; |
| | | 3. कुछ करने के लिए उद्यत, प्रस्तुत या सन्नद्ध होना; | ಸಿದ್ಧವಾಗು; | सिद्धवागु; | to be ready (to do something); |
| | | 4. अवनत या गिरी हुई दशा से उन्नत या अच्छी दशा में आना; | ಸ್ಥಿತಿ ಸುಧಾರಿಸಿ ಕುದುರಿ-ಕೊಳ್ಳು; | स्थिति सुधारिसि कुदुरिकोळ्ळु; | to come up; |
| | | 5. निर्माण या रचना की दशा में क्रमशः ऊंचा होना या ऊपर की ओर बढ़ना; | (ಕಟ್ಟಡ) ಮೇಲೇಳು; | (कट्टड) मेलेळु; | to be erected or constructed; |
| | | 6. उभार, विकास या वृद्धि के क्रम में आगे की ओर बढ़ना; | ಮುಂದುವರಿ; | मुंदुवरि; | to grow, to develop; |
| | | 7. भाव, विचार, आदि का मन या मस्तिष्क में आना; | ಬುದ್ಧಿಗೆ ವಿಚಾರ ಹೊಳೆ; | बुद्धिगे विचार होळे; | to come to mind; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 8. चर्चा या प्रसंग छिड़ना; | (ವಿಚಾರ) ಚರ್ಚೆಗೆ ಬರು; | (विचार) चर्चॆगॆ बरु; | to come up in discussion casually; |
| | | 9. सोकर जागना; | ನಿದ್ರೆಯಿಂದ ಏಳು; | निद्रॆयिंद एळु; | to awaken, to rise from bed; |
| | | 10. किसी कार्य का बंद होना (जैसे दुकान आदि) | (ಅಂಗಡಿ, ವ್ಯಾಪಾರ ಆದಿ) ಮುಚ್ಚಿ ಬಂದಾಗು; | (अंगडि-व्यापार आदि) मुच्चि बंदागु; | to be closed (as a shop etc.), to disappear; |
| | | 11. किराए पर लगना; | ಬಾಡಿಗೆಗೆ ತೆಗೆ | बाडिगॆगॆ तॆगॆ; | to be rented out; |
| | | 12. अनुभूति होना (दर्द, खुजली आदि)। | (ನೋವು ಆದಿ) ಅನುಭವ ವಾಗು | (नोवु आदि) अनुभववागु | to feel (pain, itch etc.). |
| उठवाना | स. क्रि. | दूसरों से कोई चीज उठाने का काम कराना। | ಏಳುವಂತೆ ಮಾಡು, ಎಬ್ಬಿಸು | एएळुवंतॆ माडु, ऎब्बिसु | to cause to lift up or rise up. |
| उठाईगीर | पुं. | वह जो दूसरों का माल आँख बचाकर उठा ले जाता हो। | ಕಳ್ಳ | कळ्ळ | pilferer. |
| उठान | स्त्री. | 1. किसी काम या बात के आरम्भ या शुरू होने की अवस्था या भाव; | ಆರಂಭ ದೆಶೆ; | आरंभ दॆशॆ; | beginning; |
| | | 2. शारीरिक दृष्टि से वह अवस्था या स्थिति जो विकास या वृद्धि की ओर उन्मुख हो; | ಬೆಳವಣಿಗೆ; | बॆळवणिगॆ; | build, development (of body etc.); |
| | | 3. खपत। | ಮಾರಲ್ಪಡುವಿಕೆ | मारल्पडुविकॆ | consumption. |
| उठाना | स. क्रि. | 1. किसी को उठने में प्रवृत्त करना; | ಎಬ್ಬಿಸು; | ऎब्बिसु; | to cause to rise up; |
| | | 2. नीचे के तल या स्तर से ऊपर के तल या स्तर की ओर ले जाना; | ಮೇಲಕ್ಕೆ ಎತ್ತು; | मेलक्कॆ ऎत्तु; | to lift up; |
| | | 3. पड़े, बैठे, लेटे या सोये हुए व्यक्ति को खड़े होने या जागने में प्रवृत्त करना; | (ನಿದ್ದೆ) ಎಚ್ಚರಿಸು; | (निद्दॆ) ऎच्चरिसु; | to awaken, to rouse; |
| | | 4. गिरी या पड़ी हुई वस्तु को ऊपर यथास्थान या सीधा करना; | ಎತ್ತಿ ನಿಲ್ಲಿಸು; | ऎत्ति निल्लिसु; | to pick up; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 5. निर्माण या रचना के क्रम में आगे या ऊपर की ओर बढ़ाना या ले जाना; | ಎತ್ತರಿಸು; | एंत्तरिसु; | to erect, to raise; |
| | | 6. कहीं बैठ या रह कर कोई काम करनेवाले व्यक्ति को वहाँ से अलग या दूर करना; | ದೂರಮಾಡು, ಬೇರೆಡೆಗೆ ಎತ್ತಿ ಹಾಕು; | दूरमाडु, बेरॆडॆगॆ ऎत्ति हाकु; | to remove; |
| | | 7. कोई कार्य तत्परता या दृढ़ता से करने के लिए उसका कारण या साधन अपने हाथ में लेना (जैसे हथियार उठाना); | (ಕೆಲಸ ಆದಿ) ಕೈಹಚ್ಚು; | (कॆलस आदि) कै हच्चु; | to take up (as arms); |
| | | 8. उपयोग, व्यवहार आदि के लिए किसी को देना या सौंपना (जैसे मकान किराए पर उठाना); | (ಮನೆ ಆದಿ) ಬಾಡಿಗೆಗೆ ಪಡೆಯು; | (मनॆ आदि) बाडिगॆगॆ पडॆयु; | to rent out (a house etc.); |
| | | 9. विरोध करना (जैसे विरोध में आवाज़ उठाना); | (ಚರ್ಚೆಯಲ್ಲಿ) ವಿರೋಧಿಸಿ ಮಾತನಾಡು; | (चर्चॆयल्लि) विरोधिसि मातनाडु; | to raise (voice against); |
| | | 10. झेलना, सहन करना (जैसे कष्ट उठाना)। | (ಕಷ್ಟ, ದುಃಖ ಆದಿ) ಸಹಿಸು | (कष्ट,दुःख आदि) सहिसु | to bear. |
| **उठवनी** | स्त्री. | कुछ स्थानों में मृतक के दाह - कर्म के दूसरे, तीसरे या चौथे दिन श्मशान में जाकर उसकी अस्थियाँ चुनने की क्रिया या प्रथा। | ಅಸ್ಥಿಸಂಚಯನ | अस्थि संचयन | a certain ceremony performed among certain castes of India in honour of a deceased person on the third or some other day after death when bones of the dead are picked up from the crematorium. |
| **उड़द** | पुं. | उरद (अन्न)। | ಉದ್ದು (ಧಾನ್ಯ) | उद्दु (धान्य) | horse-bean. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **उड़नखटोला** | पुं. | कहानियों आदि में, एक प्रकार का कल्पित वायुयान या विमान, जो प्रायः खटोले या चौकी के आकार का कहा गया है। | ಪುರಾಣ ಕತೆಗಳಲ್ಲಿ ಹೇಳುವ ಕಲ್ಪಿತ ವಿಮಾನ ಅಥವಾ ಹಾರುವ ಹಲಗೆ | पुराण कतॆगळल्लि हेळुव कल्पित विमान अथवा हारुव हलगॆ | a legendary flying palanquin. |
| **उड़नछू** | वि. | जो देखते - देखते अथवा क्षण भर में अदृश्य या गायब हो जाए। | ನೋಡುತ್ತಿದ್ದಂತೆ ಮಾಯವಾಗುವ | नोडुत्तिद्दंतॆ मायवागुव | vanishing in a moment. |
| **उड़नतश्तरी** | स्त्री. | एक प्रकार का ज्योतिर्मय उपकरण या पदार्थ जो कभी-कभी आकाश में दिखाई पड़ता है। | ಹಾರಾಡುವ ತಟ್ಟೆ | हाराडुव तट्टॆ | flying saucer. |
| **उड़ना** | अ. क्रि. | 1. पंखों या परों की सहायता से आधार छोड़कर ऊपर उठना और आकाश या वायु में इधर-उधर आना जाना; | ಹಾರು; | हारु; | to fly; |
| | | 2. प्राकृतिक, रासायनिक आदि कारणों से किसी चीज का धीरे-धीरे कम हो जाना या न रह जाना (जैसे रंग का उड़ना); | (ಬಣ್ಣ ಆದಿ) ಕ್ರಮವಾಗಿ ಇಲ್ಲದಂತಾಗು ಅಥವಾ ಮಾಸು; | (बण्ण आदि) क्रमवागि इल्लदं-तागु अथवा मासु; | to fade, (fading away of colour); |
| | | 3. गायब या लुप्त हो जाना; | ಲೋಪವಾಗು; | लोपवागु; | to disappear; |
| | | 4. लोक या वातावरण में इधर-उधर फैलना या प्रसारित होना। | ಹಾರಿ ಹರಡಿ ಹೋಗು | हारि हरडि होगु | to gain currency. |
| **उड़ाऊ** | वि. | धन उड़ाने या खर्च करनेवाला। | ಮನ ಬಂದಂತೆ ವೆಚ್ಚ ಮಾಡುವ | मन बंदंतॆ वॆच्चमाडुव | prodigal, extravagant. |
| **उड़ाका** | वि. | 1. विमान - चालक;<br>2. जो तीव्र गति से कहीं पहुँच सकता हो। | ವಿಮಾನ ಚಾಲಕ;<br>ತೀವ್ರಗಾಮಿ | विमान चालक;<br>तीव्रगामि | air-navigator, pilot;<br>flying. |
| **उड़ाकू** | वि. | दे. 'उड़ाका'। | ನೋಡಿ "उडाका" | नोडि "उडाका" | see 'उड़ाका' |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **उड़ान** | स्त्री. | 1. हवा में उड़ने की क्रिया; | ಹಾರುವಿಕೆ; | हारुविकॆ; | act of flying; |
| | | 2. उड़ने या उड़ाई जानेवाली वस्तु की गति अथवा मार्ग; | ಹಾರುವ (ವಾಯು) ಮಾರ್ಗ; | हारुव (वायु) मार्ग; | flight; |
| | | 3. उक्ति, कल्पना, क्रिया-कलाप आदि का वह रूप जो साधारण बुद्धि या व्यक्ति की पहुँच के बहुत कुछ बाहर या उससे बहुत ऊंचा या बढ़कर हो। | ಕಲ್ಪನೆ | कल्पनॆ | flight of imagination, etc. |
| **उड़ाना** | स. क्रि. | 1. किसी को उड़ने में प्रवृत्त करना; | ಹಾರುವಂತೆ ಮಾಡು; | हारुवंतॆ माडु; | to cause to fly; |
| | | 2. जो चीज हवा में उठकर इधर-उधर आ-जा सकती हो, उसे हवा में उठाकर गति देना; | ಹಾರಿಸು; | हारिसु; | to fly, to let fly; |
| | | 3. कोई चीज इतनी तेजी से चलाना कि वह हवा में उड़ती हुई सी ज़ान पड़े; | ವೇಗವಾಗಿ ಓಡಿಸು; | वेगवागि ओडिसु; | to drive away; |
| | | 4. बातें, समाचार आदि ऐसे ढंग से और इस उद्देश्य से लोक में प्रचलित करना कि वह दूर-दूर तक फैल जाये; | (ಸಮಾಚಾರ) ಹರಡು; | (समाचार) हरडु; | to spread (news, rumour, etc.); |
| | | 5. बहुत निर्दय या निर्भय होकर किसी चीज या बात का मनमाना उपयोग, व्यय आदि करना; | (ಚಿಂತೆ, ದಯೆ, ದಾಕ್ಷಿಣ್ಯಗಳಿಲ್ಲದ) ವ್ಯಯ ಅಥವಾ ಹಾಳು ಮಾಡು; | चिंतॆ, दयॆ, दाक्षिण्यगळिल्लद व्यय अथवा हाळु माडु; | to squander; |
| | | 6. ऐसा आघात या प्रहार करना कि कोई चीज या उसका कोई अंश कटकर अलग हो जाए या दूर जा पड़े (जैसे तलवार से सिर उड़ा देना, बारूद से चट्टान उड़ाना); | ಕತ್ತರಿಸಿ ಬೀಳುವಂತೆ ಮಾಡು; | कत्तरिसि बीळुवंतॆ माडु; | to cut off, to explode, to blow away, e.g. to cut off head with sword, to explode or blow away rock with gunpowder; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 7. किसी व्यक्ति या वस्तु को कहीं से इस प्रकार हटा ले जाना कि किसी को पता न चले। | (ವ್ಯಕ್ತಿ, ವಸ್ತು) ಹಾರಿಸಿಕೊಂಡು ಹೋಗು | (व्यक्ति, वस्तु) हारिसिकॊंडु होगु | to pilfer, to kidnap. |
| **उड्डयन** | पुं. | आकाश में उड़ने की क्रिया या भाव। | ಹಾರುವಿಕೆ | हारुविकॆ | flying, aviation. |
| **उतना** | वि. | एक सार्वनामिक विशेषण जो 'इतना' का पर-पक्ष रूप है, और जो उस मात्रा, मान या संख्या का सूचक होता है, जिसका उल्लेख, चर्चा या निर्धारण पहले हो चुका हो, अथवा जिसका सम्बन्ध किसी दूरी या पर-पक्ष से हो। | ಅಷ್ಟು (ನಿರ್ಧರಿಸಿದಷ್ಟು ಪ್ರಮಾಣ) | अष्टु (निर्धरिसि-दष्टु प्रमाण) | that much, so much. |
| **उतरना** | अ. क्रि. | 1. किसी वस्तु या व्यक्ति का ऊपर के या ऊँचे स्थान से क्रमशः प्रयत्न-पूर्वक नीचे की ओर आना; | ಕೆಳಗಿಳಿಯು; | कॆळगिळियु; | to come down from a height, to descend; |
| | | 2. यान, वाहन या सवारी पर से आरोही का नीचे आना; | ಇಳಿಯು; | इळियु; | to alight, to get down, to land, to disembark; |
| | | 3. किसी उच्च स्तर से या स्थिति से अपने नीचेवाले प्राधिक, सामान्य या स्वाभाविक स्तर, स्थिति की ओर आना; | ಕಡಿಮೆಯಾಗು; | कडिमॆयागु; | to fall, to subside, to decrease; |
| | | 4. कहीं से किसी स्थान पर टिकना, ठहरना या रुकना; | ಇಳಿದು ತಂಗು; | इळिदु तंगु; | to halt, to stay at; |
| | | 5. शरीर पर धारण की या पहनी हुई वस्तु का वहाँ से हटाये जाने पर अलग होना; | ಬಿಚ್ಚಿ ಬೇರೆ ಮಾಡು; | बिच्चि बेरॆ माडु; | to be freed, to be separated, to be removed; |
| | | 6. अपनी पूर्व स्थिति से नष्ट - भ्रष्ट, पतित या विलुप्त होना। | (ಆದರ ಗೌರವಗಳು) ಕುಗ್ಗಿ ಹೋಗು | (आदर गौरवगळु) कुग्गि होगु | to be disgraced, to be degraded. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **उतराई** | स्त्री. | 1. उतरने या उतारने की क्रिया या भाव; | ಇಳಿಸುವಿಕೆ; | इळिसुविकॆ; | descent; |
| | | 2. किसी चीज या व्यक्ति को नदी आदि के पार उतारने या पहुँचाने के लिए लगनेवाला कर या पारिश्रमिक; | ದಾಟಿಸಿದ-ಇಳಿಸಿದ ಕೂಲಿ; | दाटिसिद-इळिसिद कूलि; | toll or price paid for carrying or conveying over (a river bridge etc.); |
| | | 3. रास्ते में पड़नेवाला उतार या ढाल। | ಇಳಿಜಾರಾಗಿರುವಿಕೆ | इळिजारागिरुविकॆ | slope. |
| **उतराना** | अ. क्रि. | 1. पानी में पड़ी हुई चीज का उसके ऊपर तैरना; | ತೇಲಾಡು; | तेलाडु; | to float; |
| | | 2. विपत्ति या संकट से उद्धार दिलाना; | (ದುಃಖದಲ್ಲಿ) ಪಾರಾಗು; | (दु:खदल्लि) पारागु; | to relieve; |
| | | 3. नीचे लाने में सहायता करना (भार आदि)। | (ಭಾರ ಹೊರೆ) ಇಳಿಸು | (भार हॊरॆ) इळिसु | to help in getting any thing off or down (as load etc.). |
| **उतार** | पुं. | 1. उतरने (नीचे की ओर आने) या उतारने (नीचे की ओर लाने) की क्रिया या भाव या स्थिति; | ಇಳಿಯುವಿಕೆ; | इळियुविकॆ; | descent; |
| | | 2. किसी चीज या बात के नीचे की ओर चलने या होने की प्रवृत्ति; | ಕಡಿಮೆ ಬೀಳುವಿಕೆ; | कडिमॆ बीळुविकॆ; | fall, coming down; |
| | | 3. परिमाण, मात्रा, मान आदि में उत्तरोत्तर या क्रमशः होनेवाली कमी, घटाव या ह्रास; | ಇಳಿಜಾರು; | इळिजारु; | decrease, abatement; |
| | | 4. ढाल; | | | slope; |
| | | 5. नदी का वह भाग जहां से पैदल पार जाया जा सके। | ಇಳಿದು ನಡೆದು ದಾಟಬಹುದಾದ ನದಿಯ ಭಾಗ | इळिदु नडॆदु दाटबहुदाद नदिय भाग | ford. |
| **उतार-चढ़ाव** | पुं. | 1. नीचे उतरना और ऊपर चढ़ना; | ಏರಿಳಿತ; | एरिळित; | descent and ascent; |
| | | 2. ऐसा तल जिसमें कहीं-कहीं उतार हो और कहीं-कहीं चढ़ाव; | ಎತ್ತರ ತಗ್ಗು ಇರುವ ಪ್ರದೇಶ; | ऍत्तर तग्गु इरुव प्रदेश; | rise and fall, ups and downs; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. किसी वस्तु के मान, मूल्य स्तर आदि का बराबर घटते-बढ़ते रहना। | ದರಗಳ ಏರಿಳಿತ | दरगळ एरिळित | fluctuation. |
| उतारना | स. क्रि. | 1. किसी को उतरने में प्रवृत्त करना; | ಇಳಿಸು; | इळिसु; | to cause to descend; |
| | | 2. नाव आदि की सहायता से नदी के पार पहुँचाना | ದೋಣಿಗಳ ಮೂಲಕ ನದಿ ದಾಟು; | दोणिगळ मूलक नदि दाटु; | to ferry across; |
| | | 3. प्रयत्नपूर्वक कोई चीज ऊँचे स्थान से नीचे स्थान पर लाना या ले जाना; | ಕೆಳಗಿಳಿಸು; | कॆळगिळिसु; | to lower, depress, abase; |
| | | 4. किसी चीज़ या स्थान से कांट, तोल, तोड़ या निकालकर अलग करना या नीचे लाना; | ಒಡೆದು ಮುರಿದು ಕೆಳಗಿಳಿಸು; | ऒडॆदु मुरिदु कॆळगिळिसु; | to tear off, strip off, cut or break off (a portion of anything); |
| | | 5. किसी अंकित या नियत पद या विभाग से उसके नीचेवाले पद या विभाग में लाना; | ಅಧಿಕಾರದಿಂದ ಕೆಳಗಿಳಿಸು; | अधिकारदिंद कॆळगिळिसु; | to degrade, to disgrace; |
| | | 6. किसी को किसी स्थान पर लाकर टिकाना या ठहराना; | ಯಾವುದಾದರೊಂದೆಡೆ ನೆಲಸುವಂತೆ ಮಾಡು; | यावुदादरॊंदॆडॆ नॆलसुवंतॆ माडु; | to stay, to halt, to cause to get down; |
| | | 7. कमी, घटाव या ह्रास की ओर ले जाना (जैसे कर्ज)। | (ಸಾಲ ಆದಿ) ಭಾರ ತಗ್ಗುವಂತೆಮಾಡು | (साल आदि) भार तग्गुवंतॆ माडु | to pay off gradually (as a debt.). |
| उतारू | वि. | किसी काम या बात के लिए विशेषतः किसी अनुचित या निंदनीय काम या बात के लिए उद्यत या तत्पर होना। | ಸಿದ್ಧವಾದ, (ಸರಿಯಲ್ಲದ, ಕೆಟ್ಟ ಕೆಲಸ ಮಾಡಲು ಸಿದ್ಧವಾಗುವಿಕೆ) | सिद्धवाद (सरियल्लद, कॆट्ट कॆलस माडलु सिद्धवागुविकॆ) | bent upon, determined, ready for, straining at the leash. |
| उतावला | वि. | 1. जो किसी काम के लिए बहुत आतुर हो; | ಹಾತೊರೆಯುವ; | हातॊरॆयुव; | impatient, restless; |
| | | 2. जो हर काम में जल्दी मचाता हो; | ತ್ವರೆಗೊಳಿಸು; | त्वरॆगॊळिसु; | rash, hasty; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. जो बिना समझे बूझे तथा आवेश में आकर कोई काम करने के लिए तत्पर हो जाए। | ಹಿಂದೆ-ಮುಂದೆ ಯೋಚಿಸದೆ ಆತುರದಲ್ಲಿ ಕೆಲಸ ಮಾಡುವ (ಸ್ವಭಾವ) | हिंदे-मुंदे योचिसदे आतुरदल्लि केलस माडुव (स्वभाव) | headstrong. |
| **उतावलापन** | पुं. | जल्दी मचाना, व्यग्रता। | ಆತುರಪಡಿಸುವಿಕೆ | आतुरपडिसुविके | rashness, haste, impatience. |
| **उतावली** | स्त्री. | 1. उतावला होने का भाव; 2. किसी काम के लिए मचाई जानेवाली जल्दी, व्यग्रता। | ಆತುರಪಡಿಸುವಿಕೆ | आतुरपडिसुविके | rashness, haste; impatience, restlessness. |
| **उत्कंठा** | स्त्री. | 1. कोई काम करने या कुछ पाने की प्रबल इच्छा; | ಪ್ರಬಲವಾದ ಇಚ್ಛೆ; | प्रबलवाद इच्छे; | longing, craving, keen desire; |
| | | 2. किसी कार्य के होने में विलंब न सहकर उसे चटपट करने की अभिलाषा। | ಬೇಗ ಮಾಡಿ ಮುಗಿಸಬೇಕೆಂಬ ಕುತೂಹಲ | बेग माडि मुगिस-बेकॆंब कुतूहल | uneasiness, anxiety. impatience. |
| **उत्कंठित** | वि. | जिसके मन में कोई तीव्र या प्रबल अभिलाषा हो। | ತೀವ್ರವಾದ ಅಭಿ-ಲಾಷೆಯುಳ್ಳ | तीव्रवाद अभिलाषे-युळ्ळ | keenly desirous, anxious. |
| **उत्कट** | वि. | 1. जो मान, मात्रा आदि के विचार से बहुत ऊँचा या बढ़ा-चढ़ा हो; | ಪರಿಮಾಣದಲ್ಲಿ ಅತ್ಯಧಿಕವಾದ; | परिमाणदल्लि अत्यधिकवाद: | intense, excessive. |
| | | 2. जो अपने गुण, प्रभाव, फल आदि के विचार से बहुत उग्र या तीव्र हो। | ಭಯಂಕರ | भयंकर | fierce, furious. |
| **उत्कर्ष** | पुं. | 1. ऊपर की ओर उठने, खिंचने या जाने की क्रिया या भाव; | ಮೇಲಕ್ಕೆ ಎಳೆಯುವಿಕೆ; | मेलक्के ऍळॆयुविके; | pulling upwards; |
| | | 2. पद, मान, संपत्ति आदि में होनेवाली वृद्धि; संपन्नता या समृद्धि; | ಉನ್ನತಿ, ಸಮೃದ್ಧಿ; | उन्नति, समृद्धि; | elevation, eminence, distinction, excellence, highest merit, glory; |
| | | 3. भाव, मूल्य आदि में होनेवाली अधिकता या वृद्धि। | (ದರಗಳ) ಏರುವಿಕೆ | (दरगळ) एरुविके | rise, increase. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **उत्कीर्ण** | वि. | 1. खोदकर अंकित किया हुआ; | (ಚಿತ್ರ) ಕೊರೆದ; | (चित्र) कोरॆद; | engraved, carved, cut out; |
| | | 2. छितरा, फैला या बिखरा हुआ; | ಚಲ್ಲಾಪಿಲ್ಲಿ ಹರಡಿ-ರುವ; | चल्लापिल्लि हरडिरुव; | scattered, thrown up; |
| | | 3. छिदा या भिदा हुआ। | ತೂತು ಮಾಡಿದ | तूतु माडिद | perforated. |
| **उत्कृष्ट** | वि. | 1. अच्छे गुणों से युक्त और फलतः आकर्षक या सुंदर; | ಉತ್ತಮವಾದ; | उत्तमवाद; | excellent, eminent; |
| | | 2. जो औरों से बढ़ा-चढ़ा हो। | ಮಿಗಿಲಾದ | मिगिलाद | superior, best, highest. |
| **उत्कृष्टता** | स्त्री. | उत्कृष्ट होने की अवस्था या भाव। | ಉತ್ತಮತೆ | उत्तमतॆ | excellence, eminence, superiority, greatness. |
| **उत्कोच** | पुं. | घूस, रिश्वत। | ಲಂಚ | लंच | bribe. |
| **उत्क्षेप** | पुं. | ऊपर की ओर उछालना या फेंकना। | ಮೇಲೆಸೆಯುವುದು | मेलॆसॆयुवुदु | throwing or tossing up. |
| **उत्खनन** | पुं. | गड़ी या जमी हुई चीज को खोदना, खोदकर बाहर निकालना। | ಹೂತಿರುವುದನ್ನು ಅಗೆದು ತೆಗೆಯುವಿಕೆ | हूतिरुवुदन्नु अगॆदु तॆगॆयुविकॆ | excavation, digging out. |
| **उत्तप्त** | वि. | 1. खूब तपा या तपाया हुआ; | ಚೆನ್ನಾಗಿ ಕಾದ; | चॆन्नागि काद; | well heated; |
| | | 2. जलता हुआ। | ಹತ್ತಿ ಉರಿಯು-ತ್ತಿರುವ | हत्ति उरियुत्तिरुव | burning. |
| **उत्तम** | वि. | 1. जो गुण, विशेषता आदि में सबसे बढ़कर हो; | ಉತ್ತಮವಾದ, | उत्तमवाद; | best, most excellent; |
| | | 2. सबसे बड़ा, प्रधान। | ಎಲ್ಲಕ್ಕಿಂತ ಒಳ್ಳೆಯ | ऎल्लक्किंत ऒळ्ळॆय | greatest, highest, uppermost, chief, principal. |
| **उत्तम पुरुष** | पुं. | (व्याकरण) वह पद जो बोलनेवाले का वाचक हो, वक्ता का वाचक सर्वनाम। | (ವ್ಯಾಕರಣ) ಉತ್ತಮ ಪುರುಷ (ನಾನು) | (व्याकरण) उत्तम पुरुष (नानु) | (gram.) first person. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **उत्तर** | पुं. | 1. किसी के प्रश्न या शंका करने पर उसके समाधान या संतोष के लिए कही जानेवाली बात, जवाब; | ಜವಾಬು; | जवाबु; | answer, reply; |
| | | 2. वह दिशा जो पूर्व की ओर मुंह करके खड़े होने पर मनुष्य की बांई ओर पड़ती है; | ಉತ್ತರ ದಿಕ್ಕು; | उत्तर दिक्कु; | North; |
| | | 3. गणित आदि में, किसी प्रश्न का निकाला हुआ अंतिम परिणाम; | (ಗಣಿತ) ಉತ್ತರ; | (गाणत) उत्तर; | solution; |
| | | 4. अभियोग या आरोप लगाने पर अपने आचरण या व्यवहार का औचित्य सिद्ध करते हुए कुछ कहना। | ಉತ್ತರ (ಪ್ರತ್ಯುತ್ತರ) | उत्तर (प्रत्युत्तर) | (law) defence, rejoinder. |
| | वि. | बाद का, पिछला। | ನಂತರದ | नंतरद | later, subsequent. |
| **उत्तरदायित्व** | पुं. | किसी काम या बात के लिए उत्तरदायी होने की अवस्था या भाव, जिम्मेदारी। | ಜವಾಬ್ದಾರಿ ಹೊಣೆ | जवाब्दारि, हांणे | responsibility, accountability. |
| **उत्तरदायी** | वि. | 1. जिस पर कोई काम करने का भार हो; | ಹೊಣೆ ಹೊತ್ತಿರುವ; | हांणे हॉत्तिरुव; | responsible; |
| | | 2. जो नैतिक अथवा विधिक दृष्टि से अपने किसी आचरण अथवा दूसरों द्वारा सौंपे हुए कार्य के संबंध में कुछ पूछे जाने पर उत्तर देने के लिए बाध्य हो। | ಹೊಣೆಗಾರಿಕೆಯ | हांणेगारिकेय | answerable, liable, accountable. |
| **उत्तर-प्रत्युत्तर** | पुं. | किसी से किसी बात का उत्तर मिलने पर फिर उसके उत्तर में कुछ कहना-सुनना। | ಉತ್ತರಕ್ಕೆ ಬದಲುತ್ತರ | उत्तरक्कं बदलुत्तर | reply and rejoinder, dispute, altercation, discussion. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **उत्तराधिकार** | पुं. | 1. ऐसा अधिकार जिसके अनुसार किसी के न रह जाने अथवा अपना अधिकार छोड़ देने पर किसी दूसरे को अपनी धन-संपत्ति आदि प्राप्त होती है; | ಉತ್ತರಾಧಿಕಾರ; | उत्तराधिकार; | inheritence; |
| | | 2. किसी के पद या स्थान से हटने पर उसके बाद आनेवाले व्यक्ति को मिलनेवाला उसका अधिकार, गुण, विशेषता, आदि। | ಪರಂಪರೆಯಲ್ಲಿ ಬಂದ ಹಕ್ಕು | परंपरेयल्लि बंद हक्कु | succession. |
| **उत्तराधिकारी** | वि., पुं. | 1. वह व्यक्ति जो किसी की संपत्ति प्राप्त करने का विधितः अधिकारी हो; | ಹಕ್ಕುದಾರ; | हक्कुदार; | heir, inheritor; |
| | | 2. अधिकारी के किसी पद या स्थान से हटने पर उस पद या स्थान पर आनेवाला दूसरा अधिकारी। | ಅಧಿ-ಕಾರಕ್ಕೆ ಬಂದವ | अधिकारक्के बंदव | successor. |
| **उत्तरापेक्षी** | वि. | उत्तर की अपेक्षा करनेवाला, जवाब चाहनेवाला। | ಜವಾಬನ್ನು ನಿರೀಕ್ಷಿಸುವ | जवाबन्नु निरीक्षिसुव | one who expects a reply. |
| **उत्तरायण** | पुं. | वह अवधि या समय जिसमें सूर्य की गति उत्तर अर्थात् कर्क रेखा की ओर रहती है। | ಉತ್ತರಾಯಣ | उत्तरायण | period or time of the sun's progress to the north of the equator, summer solstice. |
| **उत्तरार्ध** | पुं. | किसी वस्तु के दो खंडों या भागों में से उत्तर अर्थात् अंत की ओर या बाद में पड़नेवाला खंड या भाग। | (ಗ್ರಂಥ, ಕಾವ್ಯ, ಪದ್ಯದ) ಕೊನೆಯ ಭಾಗ | (ग्रंथ, काव्य, पद्यद) कोनेय भाग | the latter half (of a book etc.). |
| **उत्तरी** | वि. | उत्तर दिशा में होनेवाला या उत्तर दिशा से संबंधित। | ಉತ್ತರ ದಿಕ್ಕಿನ | उत्तर दिक्किन | northern. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | पुं. | पृथ्वी के गोले का उत्तरी सिरा | ಉತ್ತರ ಧ್ರುವ (ಪ್ರದೇಶ) | उत्तर ध्रुव (प्रदेश) | |
| उत्तरीय | पुं. | कंधे पर रखने का वस्त्र, चादर, दुपट्टा। | ಅಂಗವಸ್ತ್ರ; ಭುಜದ ಮೇಲೆ ಹಾಕಿ-ಕೊಳ್ಳುವ ವಸ್ತ್ರ | अंगवस्त्र; भुजद मेले हाकिकॊळ्ळुव वस्त्र | an upper or outer garment put on shoulder. |
| उत्तरोत्तर | क्रि. वि. | 1. क्रमशः, एक के बाद एक; | ಕ್ರಮವಾಗಿ; ಒಂದರ ನಂತರ ಇನ್ನೊಂದು; | क्रमवागि, ऒंदर नंतर इन्नॊंदु; | successively, more and more, further and further; |
| | | 2. लगातार। | ನಿರಂತರವಾಗಿ | निरंतरवागि | always increasing, always following, continuously. |
| उत्ताप | पुं. | 1. साधारण से बहुत अधिक बढ़ा हुआ ताप; | (ಬಿಸಿಲು, ಬೆಂಕಿ ಗಳ) ಬೇಗೆ; | (बिसिलु, बॆंकिगळ) बेगॆ; | great heat, intense heat, glow; |
| | | 2. मन में होनेवाला बहुत अधिक कष्ट या दुःख। | ದುಗುಡ | दुगुड | affliction, distress, mental agony. |
| उत्ताल | वि. | बहुत अधिक ऊँचा। | ಎತ್ತರವಾದ | ऎत्तरवाद | very high, tall, lofty |
| उत्तीर्ण | वि. | 1. जो किसी जाँच या परीक्षा में पूरा या सफल सिद्ध हो चुका हो; | (ಪರೀಕ್ಷೆ) ಪಾಸಾದ; | (परीक्षॆ) पासाद; | successful, passed (in an examination, etc.); |
| | | 2. जो नदी, नाले आदि के उस पार चला गया हो; | (ನದಿ ಆದಿ) ದಾಟಿದ; | (नदि आदि) दाटिद; | crossed, passed over; |
| | | 3. मुक्त। | ಪಾರಾದ | पाराद | rescued, liberated. |
| उत्तुंग | वि. | बहुत अधिक ऊँचा, उन्नत। | ಬಹಳ ಎತ್ತರವಾದ | बहळ ऎत्तरवाद | lofty, high, tall. |
| उत्तेजक | वि. | 1. उत्तेजना उत्पन्न करनेवाला; | ಉದ್ರೇಕ ಗೊಳಿ-ಸುವ; | उद्रेकगॊळिसुव; | exciting, stimulating; |
| | | 2. किसी को कोई काम करने के लिए उकसाने या भड़कानेवाला। | ಪ್ರೋತ್ಸಾ-ಹಿಸುವ | प्रोत्साहिसुव | instigating, inciting. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **उत्तेजना** | स्त्री. | 1. ऐसी स्थिति जिसमें मन चंचल होकर बिना समझे - बूझे कोई काम करने में उग्रता तथा शीघ्रतापूर्वक प्रवृत्त या रत होता है; | ಉತ್ತೇಜನೆ; | उत्तेजनॆ; | excitement, stirring up; |
| | | 2. कोई ऐसा काम या बात जो किसी का मन चंचल करके उसे उग्रता और शीघ्रतापूर्वक कोई काम करने में प्रवृत्त करे। | ಉದ್ರಿಕ್ತಾವಸ್ಥೆ | उद्रिक्तावस्थॆ | instigation, inducement, incitement. |
| **उत्तेजित** | वि. | 1. जो किसी प्रकार की, विशेषतः मानसिक, उत्तेजना से युक्त हो; | ಉದ್ರೇಕಗೊಂಡ | उद्रेकगॊंड | excited, agitated; |
| | | 2. जो किसी प्रकार की उत्तेजना से युक्त करके आगे बढ़ाया गया हो। | | | instigated, incited. |
| **उत्थान** | पुं. | 1. ऊपर की ओर उठना; | ಏಳುವಿಕೆ; | एळुविकॆ; | rising up, awaking; |
| | | 2. किसी निम्न व हीन स्थिति से निकलकर उच्च या उन्नत अवस्था में पहुँचने की अवस्था या भाव। | ಮುಂದುವರಿ-ಯುವಿಕೆ | मुंदुवरियुविकॆ | progress. |
| **उत्थापन** | पुं. | 1. ऊपर की ओर उठाना; | ಎಬ್ಬಿಸುವಿಕೆ; | ऎब्बिसुविकॆ; | act of raising a thing up; |
| | | 2. सोये हुए को जगाना। | ಎತ್ತುವಿಕೆ | ऎत्तुविकॆ | awakening, rousing. |
| **उत्पत्ति** | स्त्री. | 1. अस्तित्व में आने या उत्पन्न होने की अवस्था, क्रिया या भाव, आविर्भाव; | ಉತ್ಪನ್ನ; | उत्पन्न; | origin, coming into existence. |
| | | 2. जन्म लेकर इस पृथ्वी पर आने की क्रिया या भाव, जन्म, पैदाइश; | ಹುಟ್ಟುವುದು; | हुट्टुवुदु; | birth; |
| | | 3. किसी प्रकार का रूप धारण करके प्रत्यक्ष होने की अवस्था या भाव; | ಅವತರಿ-ಸುವುದು; | अवतरिसुवुदु; | manifestation, emergence; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. किसी उपाय या क्रिया से प्रस्तुत किया हुआ तत्त्व या पदार्थ। | ತಯಾರಿಸುವುದು | तयारिसुवुदु | production. |
| उत्पन्न | वि. | 1. जिसकी उत्पत्ति हुई हो; | ಹುಟ್ಟಿದ; | हुट्टिद; | originated; |
| | | 2. जिसने जन्म लिया हो; | ತಯಾರಿಸಿದ; | तयारिसिद; | born; |
| | | 3. जिसे अस्तित्व में लाया या पैदा किया गया हो; | ಅಸ್ತಿತ್ವಕ್ಕೆ ತಂದ; | अस्तित्वक्कॆ तंद; | created; |
| | | 4. निर्मित किया या बनाया हुआ; | ನಿರ್ಮಿಸಿದ | निर्मिसिद | manufactured; |
| | | 5. उपजा या उपजाया हुआ। | ಬೆಳೆದ (ಬೆಳೆ ಆದಿ) | बॆळॆद (बॆळॆ आदि) | produced. |
| उत्पाटन | पुं. | जड़ से खोदकर कोई चीज उखाड़ना, उन्मूलन। | ಬೇರು ಸಮೇತ ಕೀಳುವಿಕೆ | बेरु समेत कीळुविकॆ | uprooting, eradication. |
| उत्पात | पुं. | 1. उपद्रव; | ಉಪದ್ರವ; | उपद्रव; | disturbance, violence, nuisance; |
| | | 2. अचानक होनेवाली कोई ऐसी प्राकृतिक घटना जो कष्टप्रद या हानिकारक सिद्ध हो या हो सकती हो। | ಆಪತ್ತು | आपत्तु | calamity. |
| उत्पाती | वि. | 1. उपद्रवी; | ಉಪದ್ರವಕಾರಿ; | उपद्रवकारि; | violent, destructive; |
| | | 2. शरारती। | ತಂಟೆಕೋರ | तंटॆकोर | mischievous, teasing. |
| उत्पाद | पुं. | वह वस्तु जिसका उत्पादन हुआ हो। | ಉತ್ಪಾದನೆ ಮಾಡಿದ ವಸ್ತು | उत्पादनॆ माडिद वस्तु | product, production, produce. |
| उत्पादक | वि. | 1. उत्पादन करनेवाला; | ಉತ್ಪಾದಕ | उत्पादक | productive, creative, producing; |
| | | 2. जिससे कुछ उत्पादन हो। | | | producing. |
| | पुं. | जो उत्पादन करता हो। | ತಯಾರುಮಾಡುವ ವ್ಯಕ್ತಿ | तयारु माडुव व्यक्ति | producer. |
| उत्पादन | पुं. | 1. उत्पन्न या पैदा करना; | ಬೆಳೆ; | बॆळॆ; | production, creation; |
| | | 2. उत्पन्न करके या उपजाकर तैयार की या बनाई हुई चीज। | ಬೆಳೆದ ಅಥವಾ ತಯಾರಿಸಿದ ಇಲ್ಲವೇ ಮಾಡಿದ ವಸ್ತು | बॆळॆद अथवा तयारिसिद इल्लवे माडिद वस्तु | produce, product. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **उत्पादित** | वि. | जिसका उत्पादन हुआ हो। | ಬೆಳೆದ; ತಯಾರಿಸಿದ | बेळॆद, तयारिसिद | produced. |
| **उत्पीड़न** | पुं. | 1. कष्ट या पीड़ा; | ಕಷ್ಟ; | कष्ट; | trouble; |
| | | 2. अत्याचार; | ಅತ್ಯಾಚಾರ; | अत्याचार; | oppression; |
| | | 3. दबाना। | ಪೀಡಿಸುವಿಕೆ | पीडिसुविकॆ | pressing or striking against. |
| **उत्पीड़ित** | वि. | 1. जिसे कष्ट या पीड़ा पहुँचाई गई हो; | ಪೀಡಿಸಲ್ಪಟ್ಟ; | पीडिसल्पट्ट; | troubled; |
| | | 2. सताया हुआ; | ಕಷ್ಟಕ್ಕೊಳಗಾಗಿಸಿದ | कष्टक्कॊळ-गागिसिद | oppressed; |
| | | 3. दबाया हुआ। | | | pressed. |
| **उत्प्रवास** | पुं. | अपना देश छोड़कर अन्यत्र बसना। | ಹೊರದೇಶದಿಂದ ಬಂದು ನೆಲಸಿದ | हॊरदेशदिंद बंदु नॆलॆसिद | emigration. |
| **उत्प्रेक्षा** | स्त्री. | एक अर्थालंकार जिसमें उपमेय और उपमान के भेद का ज्ञान होने पर भी इस बात का उल्लेख होता है कि उपमेय मानो उपमान के समान जान पड़ता है। | ಉತ್ಪ್ರೇಕ್ಷೆ (ಒಂದು ಅರ್ಥಾಲಂಕಾರ) | उत्प्रेक्षॆ (ऒंदु अर्थालंकार) | poetical fancy (a figure of speech). |
| **उत्फुल्ल** | वि. | 1. खिला हुआ; | ಅರಳಿದ; | अरळिद; | blossomed; |
| | | 2. खुला हुआ। | ತೆರೆದ | तॆरॆद | opened. |
| **उत्स** | पुं. | 1. बहते हुए पानी की धारा या स्रोत; | ನೀರಿನ ಉಗಮ; | नीरिन उगम; | spring, fountain; |
| | | 2. जलमय स्थान। | ನೀರಿನ ಪ್ರದೇಶ | नीरिन प्रदेश | watery place. |
| **उत्सर्ग** | पुं. | 1. किसी के लिए किया जानेवाला त्याग; | ತ್ಯಾಗ; | त्याग; | sacrifice, dedication; |
| | | 2. दान। | ದಾನ | दान | gift, donation, giving away. |
| **उत्सर्जन** | पुं. | दे. 'उत्सर्ग'। | ನೋಡಿ "उत्सर्ग" | नोडि "उत्सर्ग" | see 'उत्सर्ग'. |
| **उत्सव** | पुं. | 1. ऐसा सामाजिक कार्यक्रम जिसमें लोग किसी विशिष्ट अवसर पर अथवा किसी विशिष्ट उद्देश्य से उत्साहपूर्वक आनन्द मनाते हों; | ಉತ್ಸವ; | उत्सव; | function, celebration; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. त्यौहार। | ಹಬ್ಬ | हब्ब | festival, festivity. |
| **उत्साह** | पुं. | मन की वह वृत्ति या स्थिति जिसके परिणामस्वरूप मनुष्य प्रसन्न होकर और तत्परतापूर्वक कोई काम पूरा करने या कोई उद्देश्य सिद्ध करने के लिए अग्रसर या प्रवृत्त होता है। | ಉತ್ಸಾಹ | उत्साह | enthusiasm, zest, courage. |
| **उत्साही** | वि. | 1. आनंद तथा तत्परता-पूर्वक किसी काम में लगनेवाला;<br>2. जिसके मन में हर काम के लिए और हर समय उत्साह रहता हो। | ಉತ್ಸಾಹವುಳ್ಳ | उत्साहवुळ्ळ | energetic, pushing;<br>zealous, enthusiastic. |
| **उत्सुक** | वि. | जिसके मन में कोई तीव्र या प्रबल अभिलाषा हो या जो किसी काम या बात के लिए कुछ अधीर हो। | ಮುಂದುವರಿಯ ಬೇಕೆಂಬ ಉತ್ಸಾಹವುಳ್ಳ | मुंदुवरिय बेकॆंब उत्साहवुळ्ळ | eager, keen, anxious. |
| **उत्सुकता** | स्त्री. | 1. उत्सुक होने की अवस्था या भाव;<br>2. मन की वह स्थिति जिसमें कुछ करने या पाने की अधीरतापूर्ण प्रबल अभिलाषा होती है और विलंब सहना कठिन होता है। | ತೀವ್ರವಾದ ಆಕಾಂಕ್ಷೆ | तीव्रवाद आकांक्षे | eagerness, keenness, anxiety, ardent desire; impatience. |
| **उथल-पुथल** | स्त्री. | ऐसी हलचल जो सब चीजों या बातों को उलट-पुलट कर अस्त-व्यस्त या तितर-बितर कर दे। | ಗಡಿಬಿಡಿ | गडिबिडि | upheaval, turmoil, disorder. |
| **उथला** | वि. | 1. जो कम गहरा हो;<br>2. जिसके स्वभाव में गंभीरता न हो, ओछा। | ಆಳವಿಲ್ಲದ;<br>ಗಂಭೀರತೆಯಿಲ್ಲದ | आळविल्लद;<br>गंभीरतॆयिल्लद | shallow;<br>not serious, superficial, low. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| उदक | पुं. | जल, पानी। | ನೀರು | नीरु | water. |
| उदजन | पुं. | एक प्रकार का अदृश्य, गंधहीन और वर्णहीन वाष्प जिसकी गणना तत्त्वों में होती है। | ಗಂಧ ವರ್ಣಗಳಿಲ್ಲದ ಆವಿಯಂತಿರುವ ಜಲತತ್ವ, ಹೈಡ್ರೋಜನ್ | गंध वर्णगळिल्लद आवियंतिरुव जलतत्व, हैड्रोजन | hydrogen. |
| उदधि | पुं. | सागर, समुद्र। | ಸಮುದ್ರ | समुद्र | ocean. |
| उदय | पुं. | 1. ऊपर की ओर उठने, उभरने या बढ़ने की क्रिया या भाव; | ಉದಯವಾಗುವಿಕೆ, ಹುಟ್ಟುವಿಕೆ; | उदयवागुविकॆ, हुट्टुविकॆ; | rise, ascent; |
| | | 2. ग्रह, नक्षत्रों आदि का क्षितिज से ऊपर उठकर आकाश में आना और दृश्य होना; | ಕಾಣಿಸುವಿಕೆ; | काणिसुविकॆ; | rising (of the sun, etc.), going up, appearance; |
| | | 3. प्रकट या प्रत्यक्ष होना; | ಪ್ರತ್ಯಕ್ಷವಾಗುವಿಕೆ; | प्रत्यक्षवागुविकॆ; | becoming visible; |
| | | 4. किसी नई शक्ति आदि का उद्भव होना; | ಸ್ಫೂರ್ತಿ ಉಂಟಾಗುವಿಕೆ; | स्फूर्ति उंटागुविकॆ; | emergence; |
| | | 5. पद आदि में होनेवाली उन्नति। | ಉನ್ನತಿ | उन्नति | elevation, rise, good fortune, success. |
| उदर | पुं. | शरीर का वह भाग जो हृदय और पेडू के बीच में स्थित है तथा जिसमें खाई हुई वस्तुएँ पहुँचती हैं। | ಹೊಟ್ಟೆ | हॊट्टॆ | stomach, belly, abdomen, bowels, womb. |
| उदात्त | वि. | 1. ऊँचे स्वर में कहा हुआ; | (ಸ್ವರಭೇದ) ಉದಾತ್ತ; | (स्वरभेद) उदात्त; | highly or acutely accented (as Swara); |
| | | 2. उदार। | ಉದಾರವಾದ | उदारवाद | liberal, noble, generous. |
| उदार | वि. | 1. जो लोगों को हर चीज खुले दिल से और यथेष्ट देता हो; | ಧಾರಾಳಿ; | धाराळि; | generous, liberal, bountiful; |
| | | 2. जो स्वभाव से नम्र और सुशील हो और पक्षपात या संकीर्णता का विचार छोड़कर सबके साथ खुले दिल से आत्मीयता का व्यवहार करता हो। | ಸಂಕುಚಿತವಲ್ಲದ, ಉದಾರಿ | संकुचितवल्लद, उदारि | open-hearted, liberal, great, noble. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **उदारचरित** | वि. | सबके साथ खुले हृदय से आत्मीयता और सज्जनता का व्यवहार करनेवाला। | ಉತ್ತಮ ಶೀಲ ಸ್ವಭಾವ ವುಳ್ಳ ಉದಾರ ವ್ಯಕ್ತಿ | उत्तम शील स्वभाव-वुळ्ळ उदार व्यक्ति | noble-minded, magnanimous. |
| **उदारचेता** | वि. | जिसके चित या विचारों में उदारता हो। | ವಿಶಾಲ ಹೃದಯದ | विशाल हृदयद | liberal; broad-minded. |
| **उदारता** | स्त्री. | उदार होने की अवस्था, गुण या भाव। | ಉದಾರತೆ | उदारत | liberality, generosity, magnanimity. |
| **उदारमना** | वि. | दे. 'उदारचेता'। | ನೋಡಿ "उदारचेता" | नोडि "उदारचेता" | see 'उदारचेता'. |
| **उदास** | वि. | 1. जो किसी प्रकार की उपेक्षा या अभाव के कारण अथवा भावी अनिष्ट की आशंका से खिन्न और चिंतित हो; | ಚಿಂತಾಕ್ರಾಂತ; | चिंताक्रांत; | sad, dejected; |
| | | 2. जिसका मन किसी काम, चीज या बात की ओर से हट गया हो। | ಎದೆಗುಂದಿದ | एंदेगुंदिद | indifferent, disspirited. |
| **उदासी** | स्त्री. | उदास होने की अवस्था या भाव। | ದುಃಖ, ಚಿಂತೆ | दुःख, चिंते | sadness, dejection, melancholy, indifference. |
| **उदासीन** | वि. | 1. जिसके मन में किसी प्रकार की आसक्ति, कामना आदि न हो; | ಉದಾಸೀನ; | उदासीन; | indifferent, detached; |
| | | 2. जो सांसारिक मोह-माया आदि से निर्लिप्त या रहित हो; | ಸಂಸಾರದಲ್ಲಿ ವಿರಕ್ತ; | संसारदल्लि विरक्त; | disinterested, unconcerned; |
| | | 3. जो परस्पर विरोधी पक्षों में से किसी भी पक्ष का समर्थक या सहायक न हो। | ಯಾವ ಪಕ್ಷವನ್ನೂ ವಹಿಸ-ದಿರುವ | याव पक्षवन्नू वहिसदिरुव | neutral. |
| **उदासीनता** | स्त्री. | मन की ऐसी वृत्ति जो किसी को किसी काम या बात में अनुरक्त नहीं होने देती और उससे अलग रखती है। | ಉದಾಸೀನತೆ | उदासीनते | detachment, indifference, disinterestedness, neutrality, apathy. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **उदाहरण** | पुं. | 1. नियम, सिद्धांत आदि को अच्छी तरह बोधगम्य तथा स्पष्ट करने के लिए उपस्थित किए हुए तथ्य; | ಉದಾಹರಣೆ; | उदाहरणॆ; | illustration, example; |
| | | 2. ऐसा आचरण, कृति या क्रिया जो दूसरों को अनुकरण करने के लिए प्रोत्साहित करे। | ಅನುಕರಿಸಲು ಯೋಗ್ಯ | अनुकरिसलु योग्य | instance, example. |
| **उदित** | वि. | जिसका (या जो) उदय हुआ हो। | ಹುಟ್ಟಿದ | हुट्टिद | risen (as the sun, etc.), ascended. |
| **उदीयमान** | वि. | 1. जिसका उदय हो रहा हो; | ಉದಯವಾಗುತ್ತ-ಲಿರುವ; | उदयवागुत्तलिरुव; | rising; |
| | | 2. उठता या उमड़ता हुआ; | ಬೆಳೆಯ ಬಹುದಾದ; | बॆळॆय बहुदाद; | ascending; |
| | | 3. आरंभ में ही जिसमें होनहार होने के लक्षण दृष्टिगोचर होते हों। | ಪ್ರವರ್ಧಮಾನ ಲಕ್ಷಣಗಳಿಂದ ಕೂಡಿದ | प्रवर्धमान लक्षण-गळिंद कूडिद | promising. |
| **उद्गत** | वि. | निकला हुआ, उत्पन्न। | ಹೊಮ್ಮಿದ, ಉತ್ಪನ್ನವಾದ | हॊम्मिद, उत्पन्नवाद | risen up, sprung up. |
| **उद्गम** | पुं. | 1. आविर्भाव होना; | ಆವಿರ್ಭಾವ; | आविर्भाव; | appearance, coming forth, shooting forth; |
| | | 2. आविर्भाव या उत्पत्ति का स्थान। | ಉತ್ಪತ್ತಿ ಸ್ಥಾನ | उत्पत्ति स्थान | source, origin. |
| **उद्गार** | पुं. | अधीरता, आवेश आदि की अवस्था में मुँह से निकली हुई ऐसी बातें जो कुछ समय से मन में दबी रही हों। | ಅನುಭೂತಿಯಿಂದ ಹೊರಹೊಮ್ಮಿದ ಮಾತು | अनुभूतियिंद हॊरहॊम्मिद मातु | expression of inner feelings. |
| **उद्घाटन** | पुं. | 1. एक आधुनिक परिपाटी या रस्म जो कोई नया कार्य आरंभ करने के समय औपचारिक उत्सव या कृत्य के रूप में होती है; | ಆರಂಭೋತ್ಸವ; | आरंभोत्सव; | inauguration, opening; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. आवरण या पर्दा हटाना। | ಉದ್ಘಾಟನೆ | उद्घाटनॆ | revealing, manifesting. |
| उद्घाटित | वि. | 1. जिसका उद्घाटन हुआ हो; | ಆರಂಭಿಸಲ್ಪಟ್ಟ; | आरंभिसल्पट्ट | inaugurated, open, opened; |
| | | 2. जिस पर से आवरण हटाया गया हो। | ಉದ್ಘಾಟಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | उद्घाटिसल्पट्ट | revealed, manifested. |
| उद्घोष | पुं. | 1. चिल्लाकर या जोर से कुछ कहना; | ಘೋಷಣೆ, | घोषणॆ; | proclaiming aloud; |
| | | 2. घोषणा, मुनादी। | ಡಂಗುರ ಹೊಡೆದು ಪ್ರಕಟಗೊಳಿಸುವಿಕೆ | डंगुर हॊडॆदु प्रकटगॊळिसुविकॆ | announcement. |
| उद्घोषणा | स्त्री. | राज्य या शासन की ओर से उसके सर्वप्रधान अधिकारी द्वारा की जानेवाली विशेष घोषणा। | ಸರಕಾರಿ ಪ್ರಕಟನೆ | सरकारि प्रकटनॆ | proclamation. |
| उद्दण्ड | वि. | जो किसी से डरता न हो और अनुचित तथा मनमाना आचरण करता हो। | ನಿರ್ಭಯವಾಗಿ ಅಯೋಗ್ಯ ಕೆಲಸ-ವನ್ನು ಮಾಡುವ | निर्भयवागि अयोग्य कॆलसवन्नु माडुव | impertinent, rebellious. |
| उद्दाम | वि. | 1. जो किसी प्रकार के बंधन में न हो, स्वच्छंद, निरंकुश; | ಅಂಕೆ ಆಧೀನಗಳಲ್ಲಿ-ರದ; | अंकॆ आधीनगळ-ल्लिरद; | unrestrained, unchecked; |
| | | 2. तीव्र, उग्र। | ತೀವ್ರವಾದ | तीव्रवाद | violent, impetuous. |
| उद्दिष्ट | वि. | 1. जिसकी ओर निर्देश या संकेत किया गया हो; | ಸಾಂಕೇತಿಕವಾಗಿ ತಿಳಿಸಲ್ಪಟ್ಟ; | सांकेतिकवागि तिळिसल्पट्ट; | mentioned, shown, pointed; |
| | | 2. जिसे उद्देश्य बनाकर या मानकर कोई काम किया जाए। | ಉದ್ದೇಶಪಟ್ಟ | उद्देशपट्ट | desired, wished for, aimed at. |
| उद्दीपक | वि. | 1. उभाड़ने या भड़कानेवाला, विशेषतः जाग्रत तथा उत्तेजित करनेवाला; | ಮನೋಭಾವ-ಗಳನ್ನು ಉದ್ರೇಕಗೊಳಿಸುವ; | मनोभावगळन्नु उद्रेकगॊळिसुव; | exciting, rendering more intense; |
| | | 2. जलाने या प्रज्वलित करनेवाला; | ಉರಿ-ಯುವ, ಉರಿಸುವ; | उरियुव, उरिसुव; | lighting, inflaming; |
| | | 3. जठराग्नि को तीव्र या दीप्त करनेवाला। | ಜೀರ್ಣಶಕ್ತಿಯನ್ನು ಹೆಚ್ಚಿಸುವ | जीर्णशक्तियन्नु हॆच्चिसुव | appetizing. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| उद्दीपन | पुं. | 1. उत्तेजित करने या उभाड़ने, विशेषत: मनोभावों को जाग्रत तथा उत्तेजित करने की क्रिया या भाव; | ಮನೋಭಾವ-ಗಳನ್ನು ಉದ್ರೇಕಗೊಳಿಸುವಿಕೆ; | मनोभावगळन्नु उद्रेकगॉळिसुविकॅ; | exciting; |
| | | 2. साहित्य में वह वस्तु, व्यक्ति या परिस्थिति जो मन में प्रस्तुत किसी रस को उद्दीप्त तथा उत्तेजित करे। | (ಸಾಹಿತ್ಯದಲ್ಲಿ) ರಸೋತ್ಪಾದಕ ವಿಭಾವಗಳಲ್ಲಿ ಒಂದು ಉದ್ದೀಪನ ವಿಭಾವ | (साहित्यदल्लि) रसोत्पादक विभावगळल्लि ऑंदु उद्दीपन विभाव | (in lit.) that which excites or feeds (a sentiment or rasa), any aggravating or attendant circumstance which gives poignancy to a feeling or passion. |
| उद्दीप्त | वि. | 1. चमकता हुआ; | ಥಳಥಳಿಸುವ; | थळथळिसुव; | shining, bright; |
| | | 2. उभाड़ा या उत्तेजित किया हुआ; | ಉತ್ತೇಜಿಸಿದ; | उत्तेजिसिद; | excited; |
| | | 3. (भाव या रस) जिसका उद्दीपन हुआ हो। | ಭಾವೋದ್ರೇಕ-ದಿಂದಾಗಿ ಉತ್ಪನ್ನ-ವಾದ ರಸ | भावोद्रेकदिंदागि उत्पन्नवाद रस | inflamed, excited. |
| उद्देश्य | पुं. | 1. वह बात, वस्तु या विषय जिसका ध्यान रखकर कुछ कहा या किया जाए; | ಉದ್ದೇಶ್ಯ; | उद्देश्य; | purpose, object, motive; |
| | | 2. व्याकरण में किसी वाक्य का कर्तृपद जो उसके विधेय से भिन्न होता है। | (ವ್ಯಾಕರಣ) ಕರ್ತೃಪದ | (व्याकरण) कर्तृपद | (in Gram.) subject. |
| उद्धत | वि. | जो अपने उग्र, क्रोधी या रूखे स्वभाव के कारण मनमाना हेय आचरण या व्यवहार करता हो। | ಅಹಂಕಾರ ಕ್ರೋಧ-ಗಳಿಂದ ಕೂಡಿದ ದುರಾಚಾರವಂತ, ಸ್ವೇಚ್ಛಾಚಾರಿ | अहंकार क्रोध-गळिंद कूडिद दुराचारवंत, स्वेच्छाचारि | haughty, impudent, overbearing, rude. |
| उद्धरण | पुं. | किसी ग्रंथ लेख आदि से उदाहरण, प्रमाण, साक्षी आदि के रूप में लिया हुआ अंश। | ಪ್ರಮಾಣ ಅಥವಾ ಉದಾಹರಣೆಗಾಗಿ ಬೇರೆ ಗ್ರಂಥಗಳಿಂದ ತೆಗೆದ ವಾಕ್ಯ, ಉದ್ಧರಣೆ | प्रमाण अथवा उदाहरणॅगागि बेरॅ ग्रंथगळिंद तॅगॅद वाक्य, उद्धरणॅ | quotation, extract. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| उद्धार | पुं. | 1. निम्न या हीन स्थिति से उठाकर उच्च या उन्नत स्थिति में लाना; | ಉದ್ಧರಿಸುವಿಕೆ; | उद्धरिसुविकॆ; | uplift, raising up; |
| | | 2. किसी को कष्ट, विपत्ति, संकट आदि से उद्धारना या निकालना; | (ಕಷ್ಟ, ದುಃಖ ಆದಿ-ಗಳಿಂದ) ಮುಕ್ತ-ಗೊಳಿಸುವಿಕೆ; | (कष्ट दु:ख आदि-गळिंद) मुक्त गॊळिसुविकॆ; | salvation, deliverance; |
| | | 3. ऋण आदि से मिलनेवाला छुटकारा। | ಸಾಲ-ಸೋಲಗಳಿಂದ ಬಿಡುಗಡೆ ಹೊಂದು ವಿಕೆ | साल-सोलगळिंद बिडुगडॆ हॊंदुविकॆ | discharge, release. |
| उद्धारक | वि. | किसी का उद्धार करनेवाला। | ಉದ್ಧರಿಸುವ | उद्धरिसुव | saviour, deliverer. |
| उद्धृत | वि. | (किसी का कथन या लेख आदि) जो कहीं से लाकर उदाहरण, प्रमाण या साक्षी के रूप में प्रस्तुत किया गया हो। | ಉದ್ಧರಿ-ಸಲ್ಪಟ್ಟ | उद्धरिसल्पट्ट | quoted, taken extracts of. |
| उद्बुद्ध | वि. | 1. जिसकी बुद्धि जाग्रत हुई हो; | ಬೌದ್ಧಿಕವಾಗಿ ಎಚ್ಚೆತ್ತ; | बौद्धिकवागि ऍच्चॆत्त; | reminded, made to think of, awakened aroused, excited; |
| | | 2. खिला या फूला हुआ, प्रफुल्लित, विकसित। | ವಿಕಾಸ ಗೊಂಡ | विकासगॊंड | opened, expanded, full-blown. |
| उद्बोध | पुं. | 1. जगाना, जागरण; | ಎಚ್ಚರಗೊಳ್ಳು-ವಿಕೆ; | ऍच्चरगॊळ्ळुविकॆ; | awakening, rousing up: |
| | | 2. बोध होना, ज्ञान प्राप्त होना; | ಜ್ಞಾನವಾಗುವಿಕೆ; | ज्ञानवागुविकॆ | incipient knowledge; |
| | | 3. फिर से याद करना या आना, अनुस्मरण। | ನೆನಪಾಗು-ವುದು | नॆनपागुवुदु | recalling to memory, recollection. |
| उद्बोधक | वि. | 1. जगानेवाला; | ಎಚ್ಚರಗೊಳಿಸುವ; | ऍच्चरगॊळिसुव; | rousing or awakening; |
| | | 2. ज्ञान या बोध करानेवाला; | ಜ್ಞಾನೋಪದೇಶಕ; | ज्ञानोपदेशक; | reminding, that which reminds or calls to remembrance: |
| | | 3. उद्दीप्त या उत्तेजित करनेवाला। | ಉತ್ತೇಜನ ಕೊಡುವ | उत्तेजन कॊडुव | exciting. |

| हिंदी शब्द | व्या· को· | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **उद्बोधन** | पुं. | 1. जागने या जगाने की क्रिया या भाव; | ಎಚ್ಚರಿಸುವಿಕೆ; | ,एच्चरिसुविकॆ; | awakening; |
| | | 2. ज्ञान या बोध कराने या होने की क्रिया या भाव; | ಜ್ಞಾನಿಯಾಗುವಿಕೆ; | ज्ञानियागुविकॆ; | recalling to memory, reminding; |
| | | 3. उत्तेजित करना। | ಉತ್ತೇಜನ ಕೊಡು-ವಿಕೆ | उत्तेजन कॊडुविकॆ | exciting. |
| **उद्भट** | वि. | बहुत बड़ा, श्रेष्ठ। | ಬಹಳ ದೊಡ್ಡ, ಶ್ರೇಷ್ಠ | बहळ दॊड्ड, श्रेष्ठ | great, excellent, pre-eminent. |
| **उद्भव** | पुं. | 1. किसी प्रकार उत्पन्न होकर अस्तित्व में आना, नये सिरे से उठकर प्रत्यक्ष होना या सामने आना; | ಉದ್ಭವ; | उद्भव; | generation, origin; |
| | | 2. किसी पूर्वज के वंश में उत्पन्न होने अथवा किसी मूल से निकलने का तथ्य या भाव; | ಹುಟ್ಟುವಿಕೆ; | हुट्टुविकॆ; | birth, being born, springing up; |
| | | 3. उत्पत्ति-स्थान। | ಹುಟ್ಟುವ ಮೂಲ ಸ್ಥಾನ | हुट्टुव मूल स्थान | place of origin, source. |
| **उद्भावक** | वि. | 1. उद्भव या उत्पत्ति करनेवाला; | ಉತ್ಪನ್ನ ಮಾಡುವ; | उत्पन्न माडुव; | originator; |
| | | 2. मनसे कोई बात या विचार निकालनेवाला, उद्भावना करनेवाला। | ಹೊಸ ಹೊಸ ವಿಚಾರಗಳನ್ನು ಕಲ್ಪನೆಮಾಡುವ | हॊस हॊस विचार-गळन्नु कल्पनॆ माडुव | pioneer. |
| **उद्भावना** | स्त्री. | 1. उत्पन्न होना या अस्तित्व में आना; | ಉತ್ಪನ್ನವಾಗುವಿಕೆ; | उत्पन्नवागुविकॆ; | coming into existence; |
| | | 2. मन में उत्पन्न होनेवाली कोई अद्भुत या अनोखी और नई बात या सूझ, कल्पना से निकली हुई कोई नई बात या विचार। | ಕಲ್ಪನೆಯಿಂದ ಹೊರಬಿದ್ದ ಹೊಸ ವಿಚಾರ | कल्पनॆयिंद हॊरबिद्द हॊस विचार | imagination, fancy. |
| **उद्भासित** | वि. | 1. जो सुन्दर रूप में प्रकट हुआ हो; | ಪ್ರಕಟವಾದ; | प्रकटवाद; | come forth, appeared (in a splendid manner); |
| | | 2. चमकता हुआ, प्रकाशित। | ಹೊಳಪಿನಿಂದ ಕೂಡಿದ | हॊळपिनिंद कूडिद | illuminated, lighted up. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **उद्‌भूत** | वि. | जिसका उद्‌भव हुआ हो, जिसकी उत्पत्ति या जन्म हुआ हो। | ಹುಟ್ಟಿದ | हुट्टिद | produced, born, come forth. |
| **उद्यत** | वि. | जो कोई काम करने के लिए तत्पर तथा दृढ़प्रतिज्ञ हो। | ಸಿದ್ಧವಾದ | सिद्धवाद | ready, prepared, on the point of, bent upon. |
| **उद्यम** | पुं. | 1. कोई ऐसा कार्य या व्यापार जो जीविका उपार्जन करने अथवा कोई उद्देश्य सिद्ध करने के लिए किया जाता है;<br>2. परिश्रम, मेहनत। | ಉದ್ಯೋಗ;<br>ಪರಿಶ್ರಮ | उद्योग;<br>परिश्रम | industry, enterprise;<br>diligence, labour, strenuous exertion. |
| **उद्यमी** | वि.,पुं. | उद्यम या उद्योग करनेवाला व्यक्ति। | ಉದ್ಯೋಗ ಮಾಡುವವ, ಶ್ರಮಿಕ | उद्योगमाडुवव, श्रमिक | industrious, enterprising, diligent, hard working. |
| **उद्यान** | पुं. | बाग, बगीचा। | ತೋಟ | तोट | garden, park. |
| **उद्योग** | पुं. | 1. काम-धंधा;<br>2. परिश्रम, मेहनत, अध्यवसाय;<br>3. प्रयत्न, कोशिश। | ಕೆಲಸ;<br>ಪರಿಶ್ರಮ;<br>ಪ್ರಯತ್ನ | कॆलस;<br>परिश्रम;<br>प्रयत्न | industry;<br>labour, hard work, endeavour;<br>effort, exertion. |
| **उद्योग-धंधा** | पुं. | व्यापार आदि के लिए कच्चे माल से लोक-व्यवहार के लिए पक्के माल या सामान बनाना या ऐसे सामान बनानेवाले कारखाने। | ವ್ಯಾಪಾರ-ಉದ್ಯೋಗ | व्यापार-उद्योग | industry. |
| **उद्योगपति** | पुं. | कच्चे माल से पक्का माल तैयार करनेवाले किसी बड़े कारखाने का स्वामी। | ಉದ್ಯೋಗಪತಿ, ಕಾರ್ಖಾನೆ ಆದಿಗಳ ಮಾಲೀಕ | उद्योगपति, कार्खानॆ आदिगळ मालीक | industrialist. |
| **उद्योगी** | वि. | उद्योग या प्रयत्न करनेवाला, अध्यवसायी, परिश्रमी। | ಉದ್ಯೋಗ ಮಾಡುವ, ಕಾರ್ಮಿಕ | उद्योग माडुव, कार्मिक | industrious, laborious, hardworking. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **उद्रेक** | पुं. | बहुत अधिक होने की अवस्था, अधिकता, प्रचुरता। | ಬಹಳ ಹೆಚ್ಚಾಗಿರುವಿಕೆ | बहळ हॆच्चा-गिरुविकॆ | excess, abundance, preponderance. |
| **उद्विग्न** | वि. | जो किसी आशंका, दुःख आदि के कारण बहुत आकुल हो, चिंतित और विचलित। | ದುಃಖದಿಂದ ಚಿಂತಿತನಾದ | दुःखदिंद चिंतितनाद | perplexed, anxious, dejected. |
| **उद्विग्नता** | स्त्री. | उद्विग्न होने की अवस्था या भाव। | ಆಕುಲತೆಯಿಂದ ಉಂಟಾದ ವ್ಯಾಕುಲತೆ | आकुलतॆयिंद उंटाद व्याकलतॆ | perplexity, anxiety, dejection. |
| **उद्वेग** | पुं. | 1. चित्त की किसी वृत्ति की तीव्रता, आवेश, जोश; | ಆವೇಶ; | आवेश; | agitation, uneasiness; |
| | | 2. दुःख, खिन्नता, चिन्ता। | ಚಿಂತೆ | चिंतॆ | anxiety, perplexity, trepidation. |
| **उद्वेलित** | वि. | छलकता या ऊपर से बहता हुआ। | ತರಂಗಾಕುಲ, ಅಲುಗಾಡುವ | तरंगाकुल, अलुगाडुव | shaken, tossed up. |
| **उधड़ना** | अ. क्रि. | 1. सीमन आदि का खुलना या टूटना; | ಹೊಲಿಗೆ ಆದಿ ಬಿಚ್ಚಿ ಹೋಗು; | हॊलिगॆ आदि बिच्चि होगु; | to be torn off, be laid or ripped open, come undone (sewing); |
| | | 2. ऊपर की परत या चिपकी हुई चीज का अलग होना। | ಮೇಲಂಟಿಸಿದ ಪದರ ಕಿತ್ತು ಹೋಗು | मेलंटिसिद पदर कित्तु होगु | to be untied, be separated, be divorced. |
| **उधर** | क्रि. वि. | उस तरफ जिधर वक्ता ने संकेत किया हो, वक्ता के विपक्ष में या सामने की ओर, कुछ दूरी पर। | ಅಲ್ಲಿ, ಆಕಡೆ | अल्लि, आकडॆ | there, on that side. |
| **उधार** | पुं. | 1. कोई चीज इस प्रकार खरीदना या बेचना कि उसका दाम कुछ समय बाद दिया या लिया जाए; | ಸಾಲ; | साल; | credit; |
| | | 2. जो किसी से कुछ समय तक अपने उपयोग में लाने के लिए और कुछ | ಋಣ | ऋण | loan, debt. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | दिन बाद लौटा देने के लिए वादे पर मांगकर लिया गया हो। | | | |
| **उधारखाता** | पुं. | पंजी या बही का वह अंश या विभाग जिसमें उधार दी या ली हुई रकमें लिखी जाती हैं। | ಸಾಲದ ಲೆಕ್ಕದ ಪುಸ್ತಕ | सालद लॆक्कद पुस्तक | credit account. |
| **उधेड़ना** | स. क्रि. | 1. सिलाई के टांके खोलना; | ಹೊಲಿಗೆ ಬಿಚ್ಚಿ ಹಾಕು; | हॊलिगॆ बिच्चि हाकु; | to unsew; |
| | | 2. लगी हुई पर्तें अलग करना, उखाड़ना। | ಮೇಲಣ ಪದರ ಕಿತ್ತು ಹಾಕು | मेलण पदर कित्तु हाकु | to strip off, to undo. |
| **उधेड़बुन** | स्त्री. | ऐसी मानसिक स्थिति जिसमें किसी काम या बात के लिए तरह-तरह के उपाय सोचे और फिर किसी कारण से व्यर्थ समझकर छोड़े जाते हैं, बार-बार किया जानेवाला सोच-विचार। | ನಿಶ್ಚಯಿಸಲಾಗದ ಮನಸ್ಥಿತಿ | निश्चयिसलागद मनस्थिति | state of indecisiveness. |
| **उन** | वि. | 1. उसका बहुवचन रूप; 2. आदरार्थक बहुवचन रूप। | ಅವು, ಅವರು; 'उस' ಎಂಬುದರ ಬಹುವಚನ | अवु, अवरु; "उस" ऎंबुदर बहुवचन | those, them; honorific plural of 'उस'। |
| **उनचास** | वि. | जो गिनती में चालीस और नौ हो या पचास से एक कम। | ನಲವತ್ತೊಂಬತ್ತು | नलवत्तॊंबत्तु | forty-nine. |
| | पुं. | उक्त की सूचक संख्या। | ನಲವತ್ತೊಂಬತ್ತರ ಸಂಖ್ಯೆ | नलवत्तॊंबत्तर संख्यॆ | the number forty-nine. |
| **उनतीस** | वि. | जो गिनती में बीस और नौ हो या तीस से एक कम। | ಇಪ್ಪತ್ತೊಂಬತ್ತು | इप्पत्तॊंबत्तु | twenty-nine. |
| | पुं. | उक्त की सूचक संख्या। | ಇಪ್ಪತ್ತೊಂಬತ್ತರ ಸಂಖ್ಯೆ | इप्पत्तॊंबत्तर संख्यॆ | the number twenty-nine. |
| **उनसठ** | वि. | जो गिनती में पचास और नौ हो या साठ से एक कम। | ಐವತ್ತೊಂಬತ್ತು | ऐवत्तॊंबत्तु | fifty-nine. |
| | पुं. | उक्त की सूचक संख्या। | ಐವತ್ತೊಂಬತ್ತರ ಸಂಖ್ಯೆ | ऐवत्तॊंबत्तर संख्यॆ | the number fifty-nine. |
| **उनहत्तर** | वि. | जो गिनती में साठ और | ಅರವತ್ತೊಂಬತ್ತು | अरवत्तॊंबत्तु | sixty-nine. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | नौ हो या सत्तर से एक कम। | | | |
| | पुं. | उक्त की सूचक संख्या। | ಅರವತ್ತೊಂಬತ್ತರ ಸಂಖ್ಯೆ | अरवत्तोंबत्तर संख्यं | the number sixty-nine. |
| **उनींदा** | वि. | 1. जिसे नींद आ रही हो;<br>2. नींद के कारण अलसाया हुआ। | ನಿದ್ರೆಯ ಮಂಪರ, ತೂಕಡಿಕೆ | निद्रॆय मंपर; तूकडिकॆ | sleepy;<br>drowsy. |
| **उन्तालीस** | वि. | जो गिनती में तीस और नौ हो या चालीस से एक कम। | ಮೂವತ್ತೊಂಬತ್ತು | मूवत्तोंबत्तु | thirty-nine. |
| | पुं. | उक्त की सूचक संख्या। | ಮೂವತ್ತೊಂಬತ್ತರ ಸಂಖ್ಯೆ | मूवत्तोंबत्तर संख्यॆ | the number thirty-nine. |
| **उन्नत** | वि. | 1. पद, मर्यादा, स्थिति आदि के विचार से जो पहले से अथवा अपने वर्ग के अन्य सदस्यों से बहुत आगे बढ़ा हुआ हो, श्रेष्ठ; | ಶ್ರೇಷ್ಠ; | श्रेष्ठ; | elevated, developed, noble, great; |
| | | 2. ऊपर की ओर उठा हुआ, ऊंचा। | ಎತ್ತರವಾದ | ऍत्तरवाद | high, tall, raised. |
| **उन्नति** | स्त्री. | 1. किसी कार्य या क्षेत्र में अच्छी तरह और बराबर आगे बढ़ते रहने या विकसित होते रहने की अवस्था, क्रिया या भाव; | ಮುಂದುವರಿಯುವಿಕೆ; | मुंदुवरियुविकॆ; | progress, advancement, rise; |
| | | 2. उच्चता। | ಉನ್ನತಿ | उन्नति | elevation, height. |
| **उन्नतिशील** | वि. | जिसमें उन्नति करते रहने की योग्यता हो अथवा जो बराबर उन्नति कर रहा हो। | ಮುಂದುವರಿಯುವ ಸ್ವಭಾವದ ಪ್ರಗತಿಶೀಲ | मुंदुवरियुव स्वभावद, प्रगतिशील | progressive. |
| **उन्नयन** | पुं. | 1. ऊपर की ओर उठाना या ले जाना;<br>2. ऐसा काम करना जिससे कोई आगे बढ़े या उन्नति करे; | ಉನ್ನಯನ | उन्नयन | elevating, lifting up;<br>advancing; |
| | | 3. किसी को ऊँची कक्षा या वर्ग में अथवा ऊँचे पद पर पहुँचाना या भेजना। | | | promotion. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **उन्नायक** | वि. | 1. उन्नयन करने या ऊपर उठानेवाला;<br>2. उन्नति की ओर ले जानेवाला;<br>3. आगे बढ़ानेवाला। | ಮುಂದುವರಿಯು-ವಂತೆ ಮಾಡುವ | मुंदुवरियुवंतं माड्डव | one who lifts up;<br>one who promotes, promoter;<br>one who advances. |
| **उन्नासी** | वि. | जो गिनती में सत्तर और नौ हो, अस्सी से एक कम। | ಎಪ್ಪತ್ತೊಂಬತ್ತು | एप्पत्तांबत्तु | seventy-nine. |
| | पुं. | उक्त की सूचक संख्या। | ಎಪ್ಪತ್ತೊಂಬತ್ತರ ಸಂಖ್ಯೆ | एप्पत्तांबत्तर संख्यं | the number seventy-nine. |
| **उन्नीस** | वि. | जो गिनती में दस और नौ हो, बीस से एक कम। | ಹತ್ತೊಂಬತ್ತು | हत्तांबत्तु | nineteen. |
| | पुं. | उक्त की सूचक संख्या। | ಹತ್ತೊಂಬತ್ತರ ಸಂಖ್ಯೆ | हत्तांबत्तर संख्यं | the number nineteen. |
| **उन्मत्त** | वि. | 1. जिसकी बुद्धि या मति में किसी प्रकार का विकार हो गया हो;<br>2. पागल, बावला;<br>3. मादक पदार्थ के सेवन से जिसका मानसिक संतुलन बहुत बिगड़ गया हो या बिल्कुल नष्ट हो गया हो;<br>4. जो किसी प्रकार के आवेश (जैसे – अभिमान, क्रोध आदि) से भरकर मानसिक दृष्टि से उक्त स्थिति में पहुँच गया हो। | ಬುದ್ಧಿಭ್ರಷ್ಟ;<br>ಹುಚ್ಚ;<br>ಅಮಲೇರಿದ;<br>(ಸಿಟ್ಟು-ಆವೇಶ ಆದಿಗ-ಳಿಂದ ಮತಿಗೆಟ್ಟ | बुद्धिभ्रष्ट;<br>हुच्च;<br>अमलेरिद;<br>(सिट्टु-आवेश आदिगळिंद) मतिगॆट्ट | off ones' head;<br>mad, insane;<br>intoxicated, drunk;<br>furious, frantic. |
| **उन्मन** | वि. | 1. अनमना, अन्यमनस्क;<br>2. उद्विग्न। | ಅನ್ಯಮನಸ್ಕ;<br>ಭ್ರಾಂತ | अन्यमनस्क;<br>भ्रांत | absent-minded;<br>excited or disturbed in mind, perplexed. |
| **उन्माद** | पुं. | 1. एक प्रकार का मानसिक रोग जिसमें मस्तिष्क का संतुलन बिगड़ जाता है और रोगी | ಹುಚ್ಚು; | हुच्चु; | insanity, madness, mania (as illness); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | बिना सोचे-समझे अंड-बंड काम और बातें करने लगता है; | | | |
| | | 2. साहित्य में एक संचारी भाव जिसमें वियोग के कारण चित्त ठिकाने नहीं रहता। | ವಿರಹದಿಂದಾದ ಚಿತ್ತ ಚಾಂಚಲ್ಯ, ಒಂದು ಸಂಚಾರಿ ಭಾವ) | विरहदिंदाद चित्त चांचल्य ओंदु संचारि भाव | (lit.) intense passion. |
| **उन्मादक** | वि. | 1. जो किसी को उन्मत्त करे; | ಹುಚ್ಚು ಹಿಡಿಸುವ; | हुच्चु हिडिसुव; | maddening; |
| | | 2. (खाने-पीने की चीज) जिससे नशा होता हो। | ಅಮಲೇರುವಂತೆ ಮಾಡುವ (ತಿಂಡಿ) | अमलेरुवंते माडुव (तिंडि) | intoxicating. |
| **उन्मादी** | वि. | 1. जो उन्माद रोग से ग्रस्त हो; | ಹುಚ್ಚು (ರೋಗ); | हुच्चु (रोग); | insane, mad; |
| | | 2. उन्माद सम्बन्धी। | ಹುಚ್ಚುತನದ | हुच्चुतनद | pertaining to madness. |
| **उन्मीलन** | पुं. | 1. आँखें खोलना; | ಕಣ್ಣು ತೆರೆಯುವಿಕೆ; | कण्णु तॆरॆयुविकॆ; | opening of the eyes; |
| | | 2. (फूल) खिलना, विकसित होना; | (ಹೂ) ಅರಳುವಿಕೆ; | (हू) अरळुविकॆ; | blooming; |
| | | 3. प्रकट होना, सामने आना। | ಪ್ರಕಟವಾಗುವಿಕೆ | प्रकटवागुविकॆ | appearance, becoming visible. |
| **उन्मीलित** | वि. | 1. (नेत्र) जो खुला हुआ हो; | ತೆರೆದ; | तॆरॆद | opened (eye); |
| | | 2. (फूल) जो खिला हुआ हो; | ಅರಳಿದ; | अरळिद; | blossomed; |
| | | 3. प्रकट किया गया। | ವ್ಯಕ್ತವಾದ | व्यक्तवाद | made visible. |
| **उन्मुक्त** | वि. | 1. जिसे बंधन से छुटकारा मिला हो; | ಸ್ವತಂತ್ರವಾದ; | स्वतंत्रवाद; | liberated, free; |
| | | 2. खुला हुआ। | ತೆರೆದ | तॆरॆद | loosened. |
| **उन्मुक्ति** | स्त्री. | 1. उन्मुक्त करने या होने की अवस्था या भाव; | ಸ್ವತಂತ್ರತೆ; | स्वतंत्रतॆ; | deliverance, liberation; |
| | | 2. किसी प्रकार के अभियोग, बंधन आदि से छोड़ा जाना। | ಬಿಡುಗಡೆ | बिडुगडॆ | discharged. |
| **उन्मुख** | वि. | 1. जो ऊपर की ओर मुँह उठाए हुए हो; | ಮುಖ ಮೇಲೆತ್ತಿದ; | मुख मेलॆत्तिद; | looking upwards, raising the face; |
| | | 2. जो किसी को या किसी | ಆಚೆ-ಈಚೆ ಕಡೆ ಮುಖಮಾಡಿದ; | आचॆ-ईचे कडॆ मुख माडिद; | looking towards; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | की ओर देख रहा हो; | | | |
| | | 3. जो उत्कंठापूर्वक प्रतीक्षा कर रहा हो। | ಕುತೂಹಲದಿಂದ ನಿರೀಕ್ಷಿಸುವ | कुतूहलदिंद निरीक्षिसुव | expecting eagerly, eager, waiting for. |
| **उन्मूलन** | पुं. | 1. मूल या जड़ से उखाड़कर फेंकने की क्रिया या भाव; | ಬೇರು ಸಮೇತ ಕಿತ್ತೆಸೆಯುವಿಕೆ; | बेरु समेत कित्तसॆयुविकॆ; | uprooting; |
| | | 2. किसी चीज को पूरी तरह नष्ट-भ्रष्ट करना। | ನಾಶ ಮಾಡುವಿಕೆ | नाश माडुविकॆ | destroying, eradication, extirpation, abolition. |
| **उन्मूलित** | वि. | 1. जड़ से उखाड़ा हुआ; 2. पूरी तरह से नष्ट किया हुआ। | ಕಿತ್ತೆಸೆದ; ನಾಶ ಮಾಡಲ್ಪಟ್ಟ | कित्तसॆद; नाश माडल्पट्ट | uprooted; destroyed, eradicated, abolished, extirpated. |
| **उन्मेष** | पुं. | 1. (आँख का) खुलना; | (ಕಣ್ಣು) ತೆರೆಯುವಿಕೆ; | (कण्णु) तॆरॆयुविकॆ; | opening (of the eyes), twinkling or winking (of the eyes); |
| | | 2. (फूल का) खिलना। | ಅರಳುವಿಕೆ | अरळुविकॆ | blossoming (of a flower). |
| **उन्मोचन** | पुं. | 1. बंधन आदि से मुक्त करना, खोलना; 2. कष्ट, संकट आदि से छुड़ाना। | ಬಂಧನ, ಸಂಕಟಗಳಿಂದ ಬಿಡುಗಡೆ | बंधन संकटगळिंद बिडुगडॆ | the act of unfastening; helping out, saving. |
| **उप** | उप. | एक उपसर्ग जो मुख्यतः किसी से घटकर या छोटा (मान, संख्या, काल आदि के विचार से) होने का बोध कराता है (जैसे उपमंत्री)। | ಒಂದು ಉಪಸರ್ಗ (ನ್ಯೂನಾರ್ಥಕ) ಶಬ್ದದ ಮೊದಲಿಗೆ ಹತ್ತುವ ಪದ | ऒंदु उपसर्ग (न्यूनार्थक) शब्दद मॊदलिगॆ हत्तुव पद | prefix denoting deputy or sub-(as deputy minister). |
| **उपकरण** | पुं. | 1. कुछ बड़े और कई अंगों; उपांगों से युक्त वे औजार या यन्त्र जिनकी सहायता से कोई काम किया या चीजें बनाई जाती हैं; | ಕೆಲಸದ ಮುಟ್ಟುಗಳು, ಯಂತ್ರೋಪಕರಣಗಳು; | कॆलसदमुट्टुगळु, यंत्रोपकरणगळु; | instrument, implement; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. वे वस्तुएँ जिनकी सहायता से कोई काम होता या चीज बनती हो, सामग्री। | ಸಾಮಾನು | सामानु | material, means. |
| उपकार | पुं. | 1. जीवों या प्राणियों के हित के लिए, उन्हें कष्ट, पीड़ा, संकट आदि से बचाने के लिए अथवा उनके सुख — सुभीते में वृद्धि करने के लिए किया जानेवाला कोई अच्छा कार्य; | ಉಪಕಾರ | उपकार | favour, kindness; |
| | | 2. कोई अच्छा और लाभदायक कार्य या फल; | | | benefit; |
| | | 3. सेवा और सहायता। | | | service, assistance. |
| उपकारक | वि. | 1. दूसरों का उपकार, भलाई या हित करनेवाला; 2. (वस्तु) जिससे उपकार या भलाई होती हो। | ಉಪಕಾರಿ, ಸಹಾಯಕ | उपकारि, सहायक | doing service or favour, helping, assisting to; beneficial. |
| उपकारी | वि. | 1. दूसरों का उपकार, भलाई या हित करनेवाला; 2. फायदा पहुँचानेवाला। | ಉಪಕಾರ ಮಾಡುವ (ವ್ಯಕ್ತಿ) | उपकार माडुव (व्यक्ति) | philanthropic, helpful, kind, friendly; beneficient. |
| उपकृत | वि. | 1. जिसका उपकार, भलाई या सहायता की गई हो; | ಸಹಾಯ ಪಡೆದ (ವ್ಯಕ್ತಿ) | सहाय पडेद (व्यक्ति) | helped, assisted, benefited, rendered assistance; |
| | | 2. अपने प्रति किया हुआ उपकार माननेवाला। | | | obliged |
| उपक्रम | पुं. | 1. चलकर किसी के पास पहुँचना; | ಉಪಕ್ರಮ; | उपक्रम; | to go near, to approach; |
| | | 2. कोई कार्य आरम्भ करने से पहले किया जानेवाला आयोजन। | ಆರಂಭಪೂರ್ವ ಸಿದ್ಧತೆ | आरंभपूर्व सिद्धते | preparation, deliberate commencement of an under-taking. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **उपग्रह** | पुं. | 1. वह छोटा ग्रह जो किसी बड़े ग्रह की परिक्रमा करता हो; | ಉಪಗ್ರಹ; | उपग्रह; | satellite; |
| | | 2. आजकल कोई ऐसा यांत्रिक गोला या पिंड जो चन्द्रमा, पृथ्वी आदि किसी ग्रह की परिक्रमा करने के लिए आकाश में छोड़ा जाता है। | ಕೃತಕ-ವಾದ ಹಾರಾಡುವ ಪ್ರಕಾಶ ಪಿಂಡ | कृतकवाद हाराडुव प्रकाश पिंड | as above. |
| **उपचार** | पुं. | 1. रोगी को अच्छा करने के लिए किए जानेवाले कार्य; 2. रसायन, वैद्यक आदि के क्षेत्रों में, वह क्रिया या प्रक्रिया जो कोई चीज ठीक या शुद्ध करके उसे काम में लाने के योग्य बनाने के समय की जाती है; | ಉಪಚಾರ | उपचार | (medical) attendance, service, remedy, treatment; treatment; |
| | | 3. लोक-व्यवहार में ऐसा आचरण या काम जो आवश्यक, उचित और प्रशस्त होने पर भी केवल दिखाने अथवा नियम, परिपाटी आदि का पालन करने के लिए किया जाए। | | | formality. |
| **उपचेतन** | पुं. | आधुनिक मनोविज्ञान में वह अवस्था जिसमें अनुभवों, व्यवहारों आदि की पूरी और स्पष्ट चेतना या ज्ञान नहीं होता, केवल अस्पष्ट या धूमिल चेतना या ज्ञान होता है। | ಅನುಭೂತಿ ಅನುಭವಗಳು ಸ್ಪಷ್ಟವಾಗದಿರುವ ಒಂದು ಮಾನಸಿಕ ಸ್ಥಿತಿ, (ಮನೋವಿಜ್ಞಾನ) | अनुभूति अनुभवगळु स्पष्ट-वागदिरुव ओंदु मानसिक स्थिति (मनोविज्ञान) | subconscious. |
| **उपज** | स्त्री. | 1. वह जो उपजा या बनकर तैयार हुआ हो; | ತಯಾರುಮಾಡಿದ ವಸ್ತು; | तयारु माडिद वस्तु; | production, crop; |
| | | 2. पैदावार; | ಬೆಳೆದ ಬೆಳೆ; | बॆळॆद बॆळॆ; | produce; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. मन की कोई नई उद्भावना या सूझ। | ಬುದ್ಧಿಗೆ ಹೊಳೆದ ವಿಚಾರ | बुद्दिगॆ हॊळॆद विचार | original idea, fancy; |
| **उपजना** | अ. क्रि. | 1. उत्पन्न होना, जन्म लेना; | ಬೆಳೆಯು, ಹುಟ್ಟು; | बॆळॆयु, हुट्टु; | to be produced, to be born; |
| | | 2. अंकुर निकलना या फूटना, उगना; | ಮೊಳೆಯು; | मॊळॆयु; | to shoot forth, to grow; |
| | | 3. कोई नई बात सूझना। | ಬುದ್ಧಿಗೆ ಹೊಳೆಯು | बुद्दिगॆ हॊळॆयु | to occur (to the mind), spring up (in the mind). |
| **उपजाऊ** | वि. | 1. (भूमि) जिसमें अधिक मात्रा में उत्पन्न करने की शक्ति हो; | ಫಲವತ್ತಾದ(ಭೂಮಿ) | फलवत्ताद (भूमि) | fertile; |
| | | 2. कृषि के लिए उपयुक्त। | | | productive. |
| **उपजाना** | स. क्रि. | 1. उत्पन्न या पैदा करना; | ಬೆಳೆಸುವುದು | बॆळॆसुवुदु | to produce; |
| | | 2. उगाना। | | | to grow. |
| **उपजीविका** | स्त्री. | आय के मुख्य साधन के अतिरिक्त और कोई गौण साधन। | ಜೀವನೋಪಾಯದ ಮುಖ್ಯ ಸಾಧನೆಗೆ ಸಹಾಯಕ ಉಪ-ಸಾಧನೆ | जीवनोपायद मुख्य साधनॆगॆ सहायक उप-साधनॆ | subsidiary means of income. |
| **उपजीवी** | वि. | 1. दूसरे के सहारे जीवन बितानेवाला; 2. दूसरे पर निर्भर रहनेवाला। | ಇತರರ ಆಶ್ರಯದಲ್ಲಿ ಜೀವಿಸುವ | इतरर आश्रयदल्लि जीविसुव | living by, subsisting by; living in dependence, dependent. |
| **उपत्यका** | स्त्री. | पर्वत के पास की नीची भूमि या प्रदेश, तराई। | ಬೆಟ್ಟದ ತಪ್ಪಲು-ಪ್ರದೇಶ | बॆट्टद तप्पलु प्रदेश | land at the foot of a mountain or hill, low land, a vale, valley |
| **उपदेश** | पुं. | 1. किसी को अच्छी दिशा में ले जाने के लिए अच्छी बात बतलाना; | ಉಪದೇಶ | उपदेश | advice, counsel; |
| | | 2. बड़ों या विद्वानों का लोगों को धर्म तथा नीति सम्बन्धी अच्छी-अच्छी बातें बतलाना; | | | exhortation, admonition; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. वह तत्व की बात जो गुरु किसी को अपना शिष्य बनाने के समय बतलाता है। | | | preaching, discourse,teaching. |
| **उपदेशक** | पुं. | 1. वह व्यक्ति जो दूसरों को उपदेश देता हो;<br>2. शिक्षक;<br>3. आज-कल वह व्यक्ति जो किसी विशिष्ट धर्म या मत का प्रचार करने के लिए जगह-जगह घूमकर व्याख्यान आदि देता है। | ಉಪದೇಶ ಮಾಡುವವ;<br>ಶಿಕ್ಷಕ;<br>ಧರ್ಮ ಪ್ರಚಾರ ಮಾಡುವವ | उपदेश माडुवव;<br>शिक्षक;<br>धर्मप्रचार माडुवव | counseller, adviser, instructor;<br>teacher, instructor;<br>preacher. |
| **उपद्रव** | पुं. | 1. उत्पात, ऊधम, हलचल;<br>2. दंगा, फसाद। | ಚಳುವಳಿ;<br>ದಂಗೆ, ಬಂಡಾಯ | चळुवळि;<br>दंगॆ, बंडाय | violence, commotion, disturbance;<br>riot. |
| **उपद्रवी** | वि. | 1. उपद्रव या उत्पात करने या मचानेवाला, फसादी;<br>2. नटखट, शरारती। | ದಂಗೆಕೋರ, ಬಂಡಾಯಗಾರ;<br>ಕೀಟಲೆ ಮಾಡುವ | दंगॆकोर, बंडायगार;<br>कीटलॆ माडुव | rowdy, rioteer;<br>mischievous, naughty. |
| **उपनगर** | पुं. | नगर के आस-पास बसा हुआ बाहरी भाग। | ಉಪನಗರ, ಪಟ್ಟಣದ ಬಳಿಯ ನಗರ | उपनगर, पट्टणद बळिय नगर | suburb. |
| **उपनयन** | पुं. | वह संस्कार जिसमें बच्चों को यज्ञोपवीत पहनाकर ब्रह्मचर्य-आश्रम में प्रविष्ट कराया जाता है। | ಉಪನಯನ, ಮುಂಜಿ (ಸಂಸ್ಕಾರ) | उपनयन, मुंजि (संस्कार) | initiation, the initiation of the three first classes of Hindus, investiture with the sacred thread. |
| **उपनाम** | पुं. | 1. किसी व्यक्ति का उसके वास्तविक नाम से भिन्न कोई दूसरा ऐसा प्रसिद्ध नाम जो उसके माता-पिता आदि ने लाड़प्यार से रखा होता है; | ಮುದ್ದಿನ ಹೆಸರು; | मुद्दिन हॆसरु; | nickname; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. कुल नाम; | ವಂಶದ ಹೆಸರು; | वंशद हॆसरु; | family name, a surname; |
| | | 3. कवियों, लेखकों आदि का स्वयं रखा हुआ अपना दूसरा नाम जिससे वे साहित्यिक जगत में प्रसिद्ध होते हैं। | ಬರಹಗಾರರ ಉಪನಾಮ | बरहगारर. उपनाम | pen-name. |
| **उपनायक** | पुं. | नाटकों या कथा-कहानियों में नायक का साथी जो उसके उद्देश्य की सिद्धि में सहायक होता है। | ಉಪನಾಯಕ | उपनायक | side-hero. |
| **उपनिदेशक** | पुं. | किसी विभाग के निदेशक से ठीक बाद के पद पर कार्य करनेवाला अधिकारी। | ಪ್ರಧಾನಾಧಿಕಾರಿಯ ಸಹಾಯಕಾಧಿಕಾರಿ | प्रधानाधिकारिय सहायकाधिकारि | deputy director. |
| **उपनियम** | पुं. | वह नियम जो किसी मुख्य नियम के अंतर्गत बनाया जाए। | ಮುಖ್ಯ ನಿಯಮಕ್ಕೆ ಒಳಪಟ್ಟ ನಿಯಮ, ಉಪನಿಯಮ | मुख्य नियमक्कॆ ऒळपट्ट नियम, उपनियम | bye-law, sub-rule. |
| **उपनिर्वाचन** | पुं. | लोकतंत्री संस्थाओं में, किसी निर्वाचित सदस्य का स्थान अवधि से पहले रिक्त होने पर उस स्थान की पूर्ति के लिए फिर से होनेवाला चुनाव। | ಉಪನಿರ್ವಾಚನೆ | उपनिर्वाचनॆ | bye-election. |
| **उपनिवेश** | पुं. | 1. कुछ व्यक्तियों का वह समुदाय जो दूसरे देश में जाकर स्थायी रूप से बस गया हो; | ವಿದೇಶಗಳಿಂದ ಬಂದು ಬೇರೊಂದು ದೇಶದಲ್ಲಿ ಅಲ್ಲಿನ ನಿಯಮಗಳನ್ನು ಪಾಲಿಸಿಕೊಂಡು ನೆಲೆಯಾಗಿ ನಿಂತ ಜನಾಂಗವುಳ್ಳ ದೇಶ-ಕಾಲೋನಿ | विदेशगळिंद बंदु बेरॊंदु देशदल्लि अल्लिन नियमगळन्नु पालिसिकॊंडु नॆलॆयागि निंत जनांगवुळ्ळ देश – कालोनि | colony; |
| | | 2. वह देश जहां किसी दूसरे राष्ट्र के लोग आकर बस गए हों और इसीलिए उस राष्ट्र ने जिसपर अपना राजनीतिक अधिकार जमा लिया हो। | | | as above. |
| **उपनेता** | पुं. | मुख्य नेता के बाद (महत्व की दृष्टि से) का नेता। | ಉಪನೇತಾ, ಡೆಪ್ಯುಟಿ ಲೀಡರು | उपनेता, डॆप्टी लीडरु | deputy leader. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| उपन्यास | पुं. | वह बड़ी और लम्बी आख्यायिका जिसमें किसी व्यक्ति के काल्पनिक या वास्तविक जीवन-चरित् का चित्र अंकित या उपस्थित किया जाता है। | ಕಾದಂಬರಿ | कादंबरि | novel, fiction. |
| उपन्यासकार | पुं. | वह साहित्यकार जो उपन्यास लिखता हो। | ಕಾದಂಬರಿಕಾರ- (ಲೇಖಕ) | कादंबरिकार (लेखक) | novelist; fiction-writer. |
| उपपत्नी | स्त्री. | वह स्त्री जिसे प्रायः पत्नी के समान (बिना उससे विवाह किए) बनाकर रखा गया हो, रखैल। | ಹೆಂಡತಿಯಂತೆ ಇರಿಸಿ ಕೊಂಡಿರುವ ಸ್ತ್ರೀ | हॆंडतियंतॆ इरिसिकॊंडिरुव स्त्री. | keep, kept woman. |
| उपप्रधान | पुं. | प्रधान के बाद विशिष्टता या योग्यता में जो दूसरे नम्बर पर आता हो। | ಉಪಪ್ರಧಾನ, ಡೆಪ್ಯೂಟೀ ಚೇರ್‌ಮೇನು | उपप्रधान, डॆप्टी चेर्‌मेनु | deputy chairman. |
| उपबंध | पुं. | किसी प्रलेख या विधि का कोई ऐसा उपांग या धारा जिसमें किसी बात की सम्भावना को ध्यान में रखकर कोई अवकाश निकाला या प्रबंध किया गया हो। | ಅಂಗೀಕರಿಸಿದ ವಿಧಿ ನಿಯಮದಲ್ಲಿ ಸಂಭವಿಸಬಹು- ದೆಂದು ಊಹಿಸಿದ ವಿಷಯಗಳಿಗೆ ಅವ ಕಾಶವಿರಲೆಂದು ಮಾಡಿದಉಪಬಂಧ, ವ್ಯವಸ್ಥೆ | अंगीकरिसिद विधि नियमदल्लि संभविसबहुदॆंदु ऊहिसिद विषय- गळिगॆ अवकाश- विरलॆंदु माडिद उपबंध, व्यवस्थॆ | provision. |
| उपबंधित | वि. | जो किसी प्रकार के उपबंध से युक्त किया गया हो। | ಅವಕಾಶ ಕಲ್ಪಿ- ಸಲ್ಪಟ್ಟ | अवकाश कल्पिसल्पट्ट | provided. |
| उपभाषा | स्त्री. | किसी भाषा का वह अंग या विभाग जो किसी छोटे क्षेत्र या जनपद में रहनेवाले लोग बोलते हों, देशभाषा, बोली। | ಯಾವುದಾದ- ರೊಂದು ಪ್ರದೇಶದ ಜನ ಆಡುವ ನುಡಿ, ಉಪಭಾಷೆ | यावुदादरॊंदु प्रदेशद जन आडुव नुडि, उपभाषॆ | dialect. |
| उपभुक्त | वि. | जिसका उपभोग हुआ हो, काम में लाया हुआ। | ಅನುಭವಿಸಲ್ಪಟ್ಟ, ಭೋಗಿಸಿದ | अनुभविसल्पट्ट, भोगिसिद | consumed, used. |
| उपभेद | पुं. | किसी भेद (प्रकार या वर्ग) के अन्तर्गत कोई गौण या छोटा भेद। | ಒಂದು ವರ್ಗದೊಳ- ಗಣ ಅವಾಂತರ ಭೇದ, ಉಪಭೇದ | ऒंदु वर्गदॊळगण अवांतर भेद, उपभेद | sub-division. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **उपभोक्ता** | पुं. | काम में लाने या व्यवहार करनेवाला। | ಉಪಭೋಕ್ತ, ಅನುಭವಿಸುವವ | उपभोक्त, अनुभविसुवव | consumer, enjoyer. |
| **उपभोग** | पुं. | 1. आनन्द या सुख प्राप्त करने के लिए किसी वस्तु का भोग करना या उसे व्यवहार में लाना; | ಅನುಭವಿಸುವಿಕೆ; | अनुभविसुविके; | enjoyment; |
| | | 2. अर्थशास्त्र में, किसी वस्तु को इस प्रकार व्यवहार में लाना कि उसकी उपयोगिता नष्ट या समाप्त हो जाए अथवा वह धीरे-धीरे क्षीण होती चले। | (ಅರ್ಥಶಾಸ್ತ್ರದಲ್ಲಿ) ಅನುಭೋಗ, ಉಪಭೋಗ | (अर्थशास्त्रदल्लि) अनुभोग, उपभोग | consumption. |
| **उपभोग्य** | वि. | जिसका उपभोग होने को हो अथवा हो सकता हो। | ಉಪಭೋಗ ಮಾಡ-<br>ಬಹುದಾದ | उपभोग माड-<br>बहुदाद | consumable, enjoyable. |
| **उपमंत्री** | पुं. | वह छोटा मंत्री जो किसी प्रधान या बड़े मन्त्री (या कार्याधिकारी) के अधीन रहकर उसकी सहायता करता है। | ಉಪಮಂತ್ರಿ | उपमंत्रि | deputy minister. |
| **उपमा** | स्त्री. | 1. एक अर्थालंकार जिसमें उपमेय और उपमान दोनों विभिन्न होते हुए भी उनमें किसी प्रकार की एकता या समानता दिखाई जाती है; | ಉಪಮಾಲಂಕಾರ (ಇದು ಅರ್ಥಾ-<br>ಲಂಕಾರ) | उपमालंकार (इदु अर्थालंकार) | simile (fig. of speech); |
| | | 2. समान गुणों के आधार पर एक वस्तु को दूसरी वस्तु के तुल्य या समान ठहराना या बतलाना। | | | analogy, comparison. |
| **उपमान** | पुं. | वह वस्तु या व्यक्ति जिसके साथ किसी की बराबरी की जाए या समानता बतलाई जाए। | ಉಪಮಾನ | उपमान | the object with which anything is compared. |
| **उपमेय** | पुं. | जिसकी किसी से उपमा दी जाए। | ಉಪಮೇಯ, ಹೋಲಿಸುವ ವಸ್ತು | उपमेय, होलिसुव वस्तु | that which is compared, subject |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | of comparison. |
| **उपयुक्त** | वि. | जो किसी विशिष्ट स्थिति में किसी के साथ पूरी तरह से ठीक बैठता या मेल खाता हो, अनुकूल, संगत, उचित। | ಉಪಯೋಗಿಯಾದ, ಯೋಗ್ಯ, ಸರಿಯಾದ | उपयोगियाद, योग्य, सरियाद | suitable, fit. |
| **उपयुक्तता** | स्त्री. | उपयुक्त होने की अवस्था या भाव। | ಯೋಗ್ಯ-ವಾಗಿ ಇರುವಿಕೆ | योग्यवागि इरुविकॆ | suitableness, fitness. |
| **उपयोग** | पुं. | 1. किसी वस्तु का होने-वाला प्रयोग या व्यवहार; | ಉಪಯೋಗ; | उपयोग; | use, application; |
| | | 2. आवश्यकता की पूर्ति या प्रयोजन की सिद्धि, लाभ। | ಪ್ರಯೋಜನ | प्रयोजन | utility. |
| **उपयोगिता** | स्त्री. | उपयोगी या लाभकारी होने की अवस्था या भाव। | ಉಪಯೋಗ-ವಾಗುವಿಕೆ | उपयोगवागुविकॆ | usefulness, utility. |
| **उपयोगी** | वि. | 1. जो उपयोग में लाए जाने के योग्य हो; | ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ಬರುವ; | कॆलसक्कॆ बरुव; | useful, usable; |
| | | 2. जिसमें ऐसे गुण या तत्व हों जिनसे किसी प्रकार का प्रयोजन सिद्ध होता हो या लाभ होता हो। | ಪ್ರಯೋಜನ ವಾಗುವ | प्रयोजनवागुव | suitable, serviceable. |
| **उपरांत** | अव्य. | किसी के अन्त में, पीछे या बाद में। | ಅನಂತರ | अनंतर | after, afterwards. |
| **उपरूपक** | पुं. | साहित्य में एक प्रकार का छोटा रूपक या नाटक जिसके 18 भेद, प्रकार कहे गये हैं। | (ಸಾಹಿತ್ಯ) ಸಣ್ಣ ನಾಟಕ, ರೂಪಕ | (साहित्य) सण्णनाटक, रूपक | drama of an inferior class of which 18 kinds are enumerated. |
| **उपर्युक्त** | वि. | जिसका उल्लेख या चर्चा ऊपर या पहले हो चुकी हो, उपरिलिखित, पूर्वोक्त। | ಮೇಲೆ ಹೇಳಿದ | मेलॆ हेळिद | above-mentioned, afore-said. |
| **उपलक्ष्य (उपलक्ष)** | पुं. | वह बात जिसे ध्यान में रखकर कुछ कहा या किया जाए। | ಲಕ್ಷ್ಯದಲ್ಲಿಟ್ಟು-ಕೊಂಡು ಮಾಡುವ ಕೆಲಸ | लक्ष्यदल्लिट्टु-कॊंडु माडुव कॆलस | in celebration of, on account of, on the occasion of. |
| **उपलब्ध** | पुं. | प्राप्त या हस्तगत किया हुआ, मिला हुआ। | ದೊರೆತದ್ದು | दॊरॆतद्दु | acquired, available, obtained. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **उपलब्धि** | स्त्री. | 1. उपलब्ध या प्राप्त होने की अवस्था, क्रिया या भाव; | ದೊರೆತ; | दॊरॆत; | acquisition, obtaining, attainment; |
| | | 2. ज्ञान; | ಜ್ಞಾನ; | ज्ञान; | perception, knowledge; |
| | | 3. (प्राप्त की हुई) सफलता या सिद्धि। | ಸಿದ್ಧಿ | सिद्धि | accomplishment, success. |
| **उपलभ्य** | वि. | जो उपलब्ध या प्राप्त हो सकता हो, जो मिल सके। | ದೊರೆಯಬಹುದಾದ | दॊरॆयबहुदाद | obtainable, available. |
| **उपला** | पुं. | गाय, भैंस आदि के गोबर का सूखा हुआ कंडा जो जलाने के काम आता है। | ಬೆರಣಿ | बॆरणि | cowdung cake. |
| **उपवन** | पुं. | बगीचा, बाग। | ಹೂದೋಟ | हूदोट | park, garden. |
| **उपवास** | पुं. | दिन भर या दिन-रात भोजन न करना, भूखे रहना, फाका। | ಉಪವಾಸ | उपवास | fasting, a fast. |
| **उपविधि** | स्त्री. | गौण या अपेक्षया कम महत्ववाली विधि। | (ಕಾನೂನು) ಉಪ-ನಿಯಮ | (कानूनु) उपनियम | bye-law. |
| **उपशमन** | पुं. | 1. शांत करना; | ಸಮಾಧಾನ ಮಾಡುವಿಕೆ; | समाधान माडुविकॆ; | tranquillity, calmness; |
| | | 2. दबाना, घटना। | ಅದುಮುವಿಕೆ | अदुमुविकॆ | mitigation. |
| **उपशीर्ष** | पुं. | किसी बड़े शीर्षक के अन्तर्गत होनेवाला कोई गौण या छोटा शीर्षक। | ಉಪಶೀರ್ಷಿಕೆ, ಸಬ್‌ಹೆಡ್ | उपशीर्षिकॆ, सब्हॆड् | sub-head. |
| **उपसंहार** | पुं. | 1. अंत, समाप्ति; 2. किसी प्रकरण, विषय आदि का वह अंतिम अंश जिसमें उक्त प्रकरण या विषय की मुख्य-मुख्य बातें फिर से अति संक्षेप में बतलाई जाती हैं। | ಉಪಸಂಹಾರ, ಸಮಾಪ್ತಿ ವಚನ | उपसंहार, समाप्ति वचन | conclusion, end; concluding chapter, summing up. |
| **उपसर्ग** | पुं. | वह अव्यय या शब्द जो कुछ शब्दों के आरम्भ में लगकर उनके अर्थों का विस्तार करता है अथवा | ಉಪಸರ್ಗ (ಅವ್ಯಯ ಶಬ್ದ) | उपसर्ग (अव्यय शब्द) | prefix. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | उनमें कोई विशेषता उत्पन्न करता है। | | | |
| उपसाधन | पुं. | सहायक साधन। | ಸಹಾಯಕ ಸಲಕರಣೆ | सहायक सलकरणे | accessory. |
| उपस्कर | पुं. | 1. साज-सामान, औज़ार; | ಸಾಮಾನುಗಳು, | सामानुगळु; | apparatus, instrument; |
| | | 2. सजावट या सजाने की सामग्री। | ಅಲಂಕರಿಸಲು ವಸ್ತುಗಳು | अलंकरिसलु वस्तुगळु | furniture, equipment. |
| उपस्थित | वि. | जो दूसरों के समक्ष या उनकी उपस्थिति में आया हो, प्रस्तुत। | ಪ್ರಸ್ತುತಗೊಳಿಸಿದ, ಹಾಜರಿರುವ | प्रस्तुतगोळिसिद, हाजरिरुव | present, arrived. |
| उपस्थिति | स्त्री. | 1. हाजिरी; | ಹಾಜರಾಗಿರುವಿಕೆ | हाजरागिरुविके | attendance; |
| | | 2. उपस्थित होने की अवस्था। | | | presence. |
| उपहार | पुं. | 1. प्रसन्न होकर तथा सद्भावपूर्वक किसी मित्र, सम्बन्धी आदि को कोई वस्तु देना; | ಉಪಹಾರ; | उपहार; | present; |
| | | 2. किसी विशिष्ट अवसर पर किसी को स्मृति-चिह्न के रूप में दी जानेवाली कोई वस्तु। | ಸ್ಮರಣೆ-ಗಾಗಿ ಕೊಡುವ ಪುರಸ್ಕಾರ | स्मरणेगागि कोडुव पुरस्कार | gift. |
| उपहास | पुं. | 1. हँसी, दिल्लगी;<br>2. यों ही हँसते हुए किसी की खिल्ली उड़ाना। | ಗೇಲಿ, ತಮಾಷೆ | गेलि, तमाशे | laughter, jest, joke;<br>ridicule, derision. |
| उपहासास्पद | वि. | जो उपहास किए जाने के योग्य हो। | ನಗೆಗೀಡಾದ | नगेगीडाद | ridiculous. |
| उपाख्यान | पुं. | 1. विस्तारपूर्वक कही हुई कोई पुरानी कथा; | ವಿಸ್ತರಿಸಿ ಹೇಳಿದ ಪುರಾಣ ಕತೆ; | विस्तरिसि हेळिद पुराण कते; | repetition of a story already heard from others; |
| | | 2. किसी कथा के अन्तर्गत आनेवाली कोई छोटी कथा, उपकथा। | ಅಂತರ ಕತೆ, ಸಣ್ಣ ಕತೆ | अंतर कते, सण्ण कते | short tale or narrative, episode. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **उपादान** | पुं. | ऐसा तत्व जो कोई और रूप धारण करके किसी वस्तु के बनने का कारण होता है, कारण-सामग्री। | ಕಾರಣ ವಸ್ತು | कारण वस्तु | material (of which something is prepared). |
| **उपादेय** | वि. | अच्छा और काम में आने के योग्य, उपयोगी। | ಉಪಯೋಗಿ, ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ಬರುವಿಕೆ | उपयोगि, कॆल-सक्कॆ बरुविकॆ | useful. |
| **उपादेयता** | स्त्री. | किसी वस्तु की उपयोगिता। | ಉಪಯೋಗಿ-ಯಾಗುವಿಕೆ. | उपयोगि-यागुविकॆ | utility. |
| **उपाधि** | स्त्री. | महत्व, योग्यता, सम्मान आदि का सूचक वह पद या शब्द जो किसी के नाम के साथ लगाया जाता है। | ಉಪಾಧಿ, ಡಿಗ್ರಿ (ಯೋಗ್ಯತಾ ಸೂಚಕ) | उपाधि, डिग्रि (योग्यता सूचक) | title, degree. |
| **उपाध्यक्ष** | पुं. | किसी संस्था, समिति में अध्यक्ष के सहायक रूप में परन्तु उसके अधीन काम करनेवाला पदाधिकारी। | ಉಪಾಧ್ಯಕ್ಷ | उपाध्यक्ष | vice-chairman, vice-president. |
| **उपाध्याय** | पुं. | 1. अध्यापक, शिक्षक; | ಅಧ್ಯಾಪಕ; | अध्यापक; | teacher (in general); |
| | | 2. वेद-वेदांगों का अध्ययन करानेवाला पंडित। | ವೇದ ವೇದಾಂಗ ಪಾರಂಗತ | वेद वेदांग पारंगत | spiritual preceptor subsisting by teaching Vedas . |
| **उपाय** | पुं. | 1. तरकीब, युक्ति; | ಉಪಾಯ, ಯುಕ್ತಿ | उपाय, युक्ति | device, means, plan; |
| | | 2. चिकित्सा, इलाज; | | | treatment, cure, remedy; |
| | | 3. ऐसा प्रयत्न जिससे सार्विक रूप से साधारणतः कोई काम सिद्ध हो अथवा वांछित फल की प्राप्ति हो। | | | way, course, measure. |
| **उपार्जन** | पुं. | 1. उद्योग से या प्रयत्नपूर्वक प्राप्त करना, कमाना; | ಸಂಪಾದನೆ | संपादनॆ | earning; |
| | | 2. प्राप्त या हस्तगत करने की क्रिया या भाव। | | | acquisition, acquiring, gaining. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **उपार्जित** | वि. | 1. कमाया हुआ;<br>2. प्राप्त किया, हस्तगत किया हुआ। | ಸಂಪಾದಿಸಿದ | संपादिसिद | earned;<br>acquired, gained. |
| **उपालंभ** | पुं. | किसी के अनुचित या अशिष्ट व्यवहार के कारण उससे की जानेवाली शिकायत, उलाहना। | ತಪ್ಪು ಮಾಡಿದ್ದಕ್ಕೆ ಬೆದರಿಕೆ ಹಾಕುವಿಕೆ, ಉಪಾಲಂಭ | तप्पु माडिद्दक्कें बेंदरिकें हाकुविकें उपालंभ | taunt, abuse, complaint. |
| **उपासक** | पुं. | 1. वह जो उपासना या पूजन करता हो;<br>2. भक्त। | ಪೂಜಕ, ಭಕ್ತ | पूजक, भक्त | worshipper;<br>devotee. |
| **उपासना** | स्त्री. | ईश्वर, देवता आदि की मूर्ति के पास बैठकर किया जानेवाला आध्यात्मिक चिंतन और पूजन। | ಪೂಜೆ, ಉಪಾಸನೆ | पूजें, उपासनें | worship, devotion. |
| **उपास्य** | वि. | 1. जिसकी उपासना की जाती हो;<br>2. जो उपासना किये जाने के योग्य हो। | ಪೂಜೆಯ ದೇವರು;<br>ಪೂಜಿಸಲು ಯೋಗ್ಯ | पूजेंय देवरु;<br>पूजिसलु योग्य | object of reverence or adoration;<br>worthy of reverence or worship. |
| **उपेक्षणीय** | वि. | जो उपेक्षा किये जाने के योग्य हो, उपेक्षा का पात्र। | ಗೌರವಾರ್ಹವಲ್ಲದ, ಉಪೇಕ್ಷಿಸಬಹುದಾದ | गौरवार्हवल्लद, उपेक्षिसबहुदाद | to be overlooked or disregarded, unworthy of regard, object of indifference. |
| **उपेक्षा** | स्त्री. | 1. अवहेलना;<br>2. देखते हुए भी ध्यान न देना। | ಉಪೇಕ್ಷೆ;<br>ನೋಡಿಯೂ ನೋಡ-ದಂತಿರುವಿಕೆ | उपेक्षें;<br>नोडियू नोडदंतिरुविकें | disregard, contempt, neglect;<br>indifference, overlooking. |
| **उपेक्षित** | वि. | जिसका आदर-सम्मान न किया गया हो अथवा जिसकी ओर ध्यान न दिया गया हो, तिरस्कृत। | ಉಪೇಕ್ಷಿಸಲ್ಪಟ್ಟ, ತಿರಸ್ಕರಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | उपेक्षिसल्पट्ट, तिरस्करिसल्पट्ट | disregarded, neglected, ignored. |
| **उपोद्घात** | पुं. | पुस्तक के आरम्भ का वक्तव्य। | ಮುನ್ನುಡಿ | मुन्नुडि | introduction, preface. |
| **उफ** | अव्य. | अपनी या किसी दूसरे की | ಓಹೋ! ಹಾ! ಹಾಯ್! | ओहो ! हा ! हाय् ! | alas! oh! |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | मानसिक या शारीरिक पीड़ा देखकर अथवा कोई भयानक दृश्य देखकर मुंह से निकलनेवाला एक शब्द। | | | |
| **उफनना** | अ. क्रि. | उबलना। | ಕುದಿದು ಉಕ್ಕು | कुदिदु उक्कु | to spill as a result of boiling. |
| **उफान** | पुं. | उफनने या उबलने की क्रिया या भाव, उबाल। | ಉಕ್ಕು (ಹಾಲು ಆದಿ ಕುದಿಯು ವಾಗ) | उक्कु (हालु आदि कुदियुवाग) | ebullition, effervescence. |
| **उबकना** | अ. क्रि. | उबाक आना या होना, जी मिचलना या कै करने को जी चाहना। | (ವಾಂತಿ ಬರುವಂತೆ) ಹೊಟ್ಟೆತೊಳಸು | (वांति बरुवंत) हॉट्टॅ तॉळसु | nausea, vomitting. |
| **उबकाई** | स्त्री. | 1. उल्टी, कै;<br>2. मिचली, मितली। | ವಾಂತಿ | वांति | vomit;<br>nausea. |
| **उबटन** | पुं. | शरीर की त्वचा को कोमल और स्वच्छ करने के लिए उस पर लगाया जानेवाला लेप। | ಶರೀರಕ್ಕೆ ಹಚ್ಚುವ ಲೇಪ | शरीरक्कॅ हच्चुव लेप | unguent paste rubbed on the body before bathing to clean and soften the skin. |
| **उबटना** | अ. क्रि. | उबटन मलना या लगाना। | ಶರೀರವನ್ನು ಮೃದು ವಾಗಿರಿಸಲು ಲೇಪ ಹಚ್ಚು, | शरीरवन्नु मृदु-वागिरिसलु लेप हच्चु | to annoint and rub the body with 'ubtan'. |
| **उबरना** | अ. क्रि. | घात, फन्दे, संकट आदि से बचना या रक्षित रहना। | ಆಪತ್ತು ಆದಿಗಳಿಂದ ರಕ್ಷಿಸಿ ಕೊಳ್ಳು | आपत्तु आदिगळिंद रक्षिसि कॉळ्ळु | to be saved, to be salvaged. |
| **उबलना** | अ. क्रि. | 1. आग पर रखे हुए तरल पदार्थ का फेन के साथ ऊपर उठना; | ಕುದಿಯು; | कुदियु; | to boil; |
| | | 2. किनारे तक भर जाने के कारण आधार या पात्र से बाहर निकलना; | ಕುದಿದು ಉಕ್ಕು; | कुदिदु उक्कु; | to spill, to flow over; |
| | | 3. उत्तेजित होना, आवेश में आना। | ಸಿಟ್ಟಿನಿಂದ ಆವೇಶಗೊಳ್ಳು | सिट्टिनिंद आवेशगॉळ्ळु | to simmer, to be excited. |
| **उबार** | पुं. | उबरने या उबारने की क्रिया या भाव, उद्धार, छुटकारा, बचाव। | ಉದ್ಧಾರ; ಬಿಡುಗಡೆ | उद्धार, बिडुगडॅ | release, deliverance. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **उबारना** | स. क्रि. | कष्ट या विपत्ति से उद्धार करना, संकट से छुड़ाना या मुक्त करना। | ಉದ್ಧರಿಸು, ಬಿಡುಗಡೆಮಾಡು | उद्‌घरिसु, बिडुगर्डमाडु | to rescue, to save, to liberate. |
| **उबाल** | पुं. | 1. उबलने की क्रिया या भाव; | ಕುದಿ; | कुदि; | boiling; |
| | | 2. आग पर रखे हुए पदार्थ का फेन छोड़ते हुए ऊपर उठना; | ಉಕ್ಕುವಿಕೆ; | उक्कुविकं; | effervescence; |
| | | 3. अस्थायी या क्षणिक आवेश, उद्वेग या क्षोभ। | ಕ್ಷಣಿಕ ಆವೇಶ | क्षणिक आवेश | anger, rage, burst of passion, excitement. |
| **उबालना** | स. क्रि. | तरल पदार्थ को आग पर रखकर इतना गरम करना कि उसमें से फेन तथा बुलबुले उठने लगें। | ಉಕ್ಕಿಸು, ಕುದಿಸು | उक्किसु, कुदिसु | to boil, to make boil. |
| **उबासी** | स्त्री. | जंभाई। | ಆಕಳಿಕೆ | आकळिकं | yawning. |
| **उभड़ना** | अ. क्रि. | उभरना। | ನೋಡಿ "उभरना" | नोडि "उभरना" | see 'उभरना'. |
| **उभय** | वि. | दोनों। | ಇಬ್ಬರೂ | इब्बरू | both, the two. |
| **उभयनिष्ठ** | वि. | जो दोनों में निष्ठा रखता हो। | ಇಬ್ಬರಲ್ಲೂ ಪರಸ್ಪರ ಇರುವ | इब्बरल्लू परस्पर इरुव | owing allegiance to both or two. |
| **उभरना** | अ. क्रि. | 1. नीचे के तल से उठ या निकलकर ऊपर आना; | ಉದ್ಧಾರವಾಗು; | उद्धारवागु; | to rise, to spring up; |
| | | 2. किसी आधार या समतल स्तर से कुछ-कुछ या धीरे-धीरे थोड़ा ऊपर उठना या बढ़ना; | ಮೇಲೇಳು; | मेलेळु; | to swell, to be inflated, to protrude; |
| | | 3. उत्पन्न होकर अनुभूत या प्रत्यक्ष होना। | ಗೋಚರವಾಗು | गोचरवागु | to come to light, to emerge. |
| **उभार** | पुं. | उभरने की क्रिया या भाव, वह अंश जो कुछ उभरकर ऊपर की ओर उठा या निकला हो। | ಉಬ್ಬುವಿಕೆ, ಮುಂದಕ್ಕೆ ಅಥವಾ ಮೇಲೆ ಉಬ್ಬುವಿಕೆ | उब्बुविकं, मुंदक्क अथवा मेलं उब्बुविकं | bulging out, projection. |
| **उभारना (उभाड़ना)** | स. क्रि. | 1. किसी को उभरने में प्रवृत्त करना; | ಪ್ರೇರೇಪಿಸು; | प्रेरेपिसु; | to raise; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. कुछ करने के लिए उत्तेजित या उत्साहित करना। | ಉತ್ತೇಜನ ಕೊಡು | उत्तेजन कॉडु | to provoke,to incite. |
| उमंग | स्त्री. | आनंद, उत्साह आदि की ऐसी लहर जो मन में सहसा उत्पन्न होकर किसी को कोई काम करने में प्रवृत्त करे, झोंक। | ಆನಂದೋತ್ಸಾಹ | आनंदोत्साह | elation, exultation. |
| उम्मीदवार | पुं. | किसी पद पर चुने जाने या नियुक्त होने के लिए खड़ा होनेवाला या अपने आपको उपस्थित करनेवाला व्यक्ति, प्रत्याशी। | ಉಮೇದುವಾರ, ಅಭ್ಯರ್ಥಿ | उमेदुवार, अभ्यर्थि | candidate, applicant. |
| उम्मीदवारी | स्त्री. | उम्मीदवार होने की अवस्था या भाव। | ಉಮೇದುವಾರಿಕೆ | उमेदुवारिकॅ | candidature. |
| उम्र | स्त्री. | आयु, वय । | ವಯಸ್ಸು | वयस्सु | age. |
| उर | पुं. | 1. छाती, वक्षस्थल; | ಎದೆ; | ऍदॅ; | breast, bosom, chest; |
| | | 2. मन, हृदय। | ಹೃದಯ | हृदय | mind, heart. |
| उरोज | पुं. | स्त्री की छाती। | ಮೊಲೆ | मॉलॅ | the female breast. |
| उर्फ | पुं. | पुकारने का नाम, उपनाम। | ಕರೆಯುವ ಹೆಸರು | करॅयुव हॅसरु | alias. |
| उर्वर | वि. | 1. (भूमि) जिसमें ऐसे तत्व निहित हों जो पौधों, फसलों आदि के जीवन और विकास के लिए अत्यावश्यक और महत्वपूर्ण हों; | ಫಲವತ್ತಾದ | फलवत्ताद | fertile (soil); |
| | | 2. (ला.) (तत्व) जिसकी उत्पादन-शक्ति बहुत अधिक हो। | | | (fig). fertile. |
| उर्वरक | पुं. | रासायनिक प्रक्रियाओं से प्रस्तुत की हुई ऐसी खाद जो खेतों में उन्हें उपजाऊ या उर्वर बनाने के लिए डाली जाती है। | ಫಲವತ್ತಾಗುವಂತೆ ಮಾಡುವ ಗೊಬ್ಬರ ಆದಿ | फलवत्तागुवंतॅ माडुव गॉब्बर आदि | fertilizer. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **उर्वरता** | स्त्री. | उर्वर होने की अवस्था या भाव, उत्पादन शक्ति बहुत अधिक होने का भाव। | ಫಲವತ್ತಾಗಿರುವಿಕೆ | फलवत्तागिरुविके | fertility. |
| **उर्स** | पुं. | किसी मुसलमान फकीर की मरण-तिथि पर किये जानेवाले श्रद्धापूर्ण कार्य या कृत्य। | ಮುಸಲ್ಮಾನ ಸಂತರ ಪುಣ್ಯದಿನದ ಉತ್ಸವ | मुसल्मान संतर पुण्य दिनद उत्सव | celebration organised to observe the day of a Muslim saint's demise. |
| **उलझन** | स्त्री. | 1. उलझने की क्रिया या भाव; | ಸಿಕ್ಕು | सिक्कु | entanglement; |
| | | 2. किसी कार्य में सामने आनेवाली ऐसी पेचीदा या झंझट की स्थिति जिसमें किसी प्रकार का निश्चय करना बहुत कठिन हो। | | | complication, intricacy, perplexity. |
| **उलझना** | अ. क्रि. | 1. किसी चीज का ऐसी परिस्थिति में पड़ना जहाँ चारों ओर अटकाने, फंसाने या रोक रखनेवाले तत्व या बातें हों; | ಸಿಕ್ಕು ಬೀಳು; | सिक्कु बीळु; | to be entangled. |
| | | 2. किसी चीज के अंगों का आपस में या दूसरी चीज के अंगों के साथ इस प्रकार फंसकर लिपटना कि सब गुथ या मिलकर बहुत कुछ एक हो जाएँ और सहज में एक दूसरे से अलग न हो सकें; | ಗಂಟು ಬೀಳು; | गंटु बीळु; | twisted, entwined; |
| | | 3. घुमाव-फिराव की ऐसी पेचीदा या विकट स्थिति में पड़ना कि जल्दी छुटकारा, निकास या बचाव न हो सके; | ಬಿಡಿಸಲಾಗದಂ-ತಿರು; | बिडिस-लागदंतिरु; | to be complicated, to be made intricate, to be perplexed; |
| | | 4. झंझट या झगड़े-बखेड़े के काम में इस प्रकार फंसना कि जल्दी छुटकारा न हो सके; | ಬಿಡುಗಡೆ-ಯಾಗದಿರು | बिडुगडयागदिरु | to be involved (in difficulties etc.); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 5. किसी से जान-बूझकर इस प्रकार की बातें या व्यवहार करना अथवा उसके कामों में बाधक होना कि झगड़ा या बखेड़ा खड़ा हो और परपक्ष उससे निकलने या बचने न पाए। | | | to fall foul (of), to dispute or wrangle (with). |
| **उलझाना** | स. क्रि. | 1. कोई ऐसा काम करना जिससे कोई (वस्तु या व्यक्ति) कहीं उलझे; | ಸಿಕ್ಕು ಬೀಳಿಸು; | सिक्कु बीळिसु; | to entangle, to complicate; |
| | | 2. दो या कई चीजों को एक दूसरी में अटकाना या फंसाना; | ಬಿಡುಗಡೆಯಾಗ-ದಂತೆಮಾಡು | बिडुगडेयागदंते माडु | to entrap; |
| | | 3. किसी को किसी काम, बात-चीत आदि में इस प्रकार फंसाये रखना कि दूसरी ओर उसका ध्यान न जाने पाए; | | | to confound; |
| | | 4. दूसरों को आपस में लड़ाना। | | | to involve in a quarrel. |
| **उलझाव** | पुं. | 1. उलझने की क्रिया या भाव; | ಸಿಕ್ಕು ಬೀಳುವಿಕೆ; | सिक्कु बीळुविकं; | entanglement; |
| | | 2. उलझन या उससे युक्त स्थिति; | ಬಿಡುಗಡೆಯಾಗ-ದಿರುವಿಕೆ | बिडुगडेयागदिरु-विकं; | perplexity, complication; |
| | | 3. झगड़ा, बखेड़ा। | ಜಗಳ | जगळ | quarrel, dispute. |
| **उलटना** | अ. क्रि., स. क्रि. | 1. 'सीधे' की विपरीत दिशा या स्थिति में जाना या होना; | ಹಿಂದಿರುಗು; | हिंदिरुगु; | to reverse, to be reversed; |
| | | 2. नियत, साधारण या सीधे मार्ग से पीछे की ओर आना, मुड़ना या हटना; | ಎದಿರುಬೀಳು; | एंदिरुबीळु; | to turn, to move backward; |
| | | 3. ऐसी स्थिति में आना या होना कि नीचे का | ತಲೆಕೆಳಗಾಗು | तलेंकेंळगागु | turn upside down, to capsize; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | भाग ऊपर और ऊपर का भाग नीचे हो जाए; | | | |
| | | 4. साधारण स्थिति से विपरीत या विरुद्ध हो जाना या करना। | | | to change, to pervert. |
| **उलट-पुलट** | स्त्री. | चीजें बार-बार उलटने-पलटने की क्रिया या भाव। | ಅಸ್ತವ್ಯಸ್ತತೆ, ಗೊಂದಲ, ಗೋಜು ತಳಕಳಕಾಗುವಿಕೆ | अस्तव्यस्तते, गोंदल, गोजु | confusion, jumble, interchange, topsy-turvy. |
| **उलट-फेर** | स्त्री. | ऐसा परिवर्तन जिसमें अधिकतर चीजें, बातें या उनके क्रम बदल जाएँ। | ಬದಲಾವಣೆ | बदलावणे | transposition, reshuffle, upsetting. |
| **उलटबंसी** | स्त्री. | साहित्य में ऐसी उक्ति या कथन (विशेषतः पद्यात्मक) जिसमें असंगति, विचित्र, विभावना, विषम, विशेषोक्ति आदि अलंकारों से युक्त कोई ऐसी विलक्षण बात कही जाती है जो प्राकृतिक नियम या लोक-व्यवहार के विपरीत होने पर भी किसी गूढ़ आशय या तत्व से युक्त होती है। | ಪರಸ್ಪರ ವಿರೋಧಿ ಹಾಗೂ ವ್ಯವಹಾರ ವಿರುದ್ಧವಾಗಿ ಕಾಣುವ ಅಲಂಕಾರ ಯುಕ್ತ ವಾಗಿರುವ ಗೂಢಾರ್ಥವುಳ್ಳ ಪದ್ಯ | परस्पर विरोधि हागू व्यवहार विरुद्धवागि काणुव अलंकारयुक्त-वागिरुव गूढार्थवुळ्ळ पद्य | pithy saying expressed in apparently contradictory terms. |
| **उलटा** | वि. | 1. जिसका ऊपर का भाग या मुँह नीचे हो गया हो और नीचे का भाग या पेंदा ऊपर आ गया हो; | ತಲೆಕೆಳಗಾದ; | तलेकेळगाद; | inverted, head downwards; |
| | | 2. नियत या परंपरागत क्रम, गति, प्रवाह आदि के विचार से जो ठीक, नियमित या स्वाभाविक न होकर उसके विपरीत हो; | ಪರಂಪರೆಗೆ ವಿರುದ್ಧವಾದ; | परंपरेगे विरुद्धवाद; | opposite; |
| | | 3. जो काल, संख्या आदि के क्रमिक विचार से आगे का पीछे या पीछे का आगे हो; | ಕಾಲವಿರುದ್ಧವಾದ; | काल विरुद्धवाद; | reverse; |
| | | 4. 'दाहिना' का विपरीत (जैसे उलटा हाथ)। | ಅಪಸವ್ಯವಾದ | अपसव्यवाद | left (e.g. left hand). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **उलटाना** | स. क्रि. | 1. उलटना;<br>2. उलटवाना। | ತಲೆಕೆಳಗು ಮಾಡು, ಬೋರಲು ಹಾಕು | तलॅकॅळगु माडु, बोरलुहाकु | to overturn, to upset, to capsize; to cause to be reversed. |
| **उलटा-पलटा** | वि. | 1. जिसका नीचे का कुछ अंश ऊपर अथवा ऊपर का कुछ अंश नीचे किया गया हो;<br>2. जिसमें किसी प्रकार का क्रम न हो। | ಕ್ರಮವಿಲ್ಲದ | क्रमविल्लद | turned upside down or inside out;<br>disordered, confused. |
| **उलटा-पलटी** | स्त्री. | 1. बार-बार उलटने-पलटने की क्रिया या भाव;<br>2. पीछे की ओर पलटने या लौटने की क्रिया या स्थिति। | ತಿರುವಿ ಹಾಕುವಿಕೆ | तिरुवि हाकुविकॅ | turning over frequently, change;<br>turning back. |
| **उलटाव** | पुं. | 1. उलटने या उलटे जाने की क्रिया या भाव;<br>2. पीछे की ओर पलटने या लौटने की क्रिया या स्थिति। | ತಲೆಕೆಳಗಾಗುವಿಕೆ;<br>ಹಿಂತಿರುಗುವಿಕೆ | तलॅकॅळगागुविकॅ;<br>हिंतिरुगुविकॅ | overturning, upsetting;<br>inversion. |
| **उलटा-सीधा** | वि. | 1. बे सिर-पैर का, असंगत;<br>2. उतावली में किया हुआ। | ತಲೆಬುಡವಿಲ್ಲದ;<br>ಆತುರತೆಯಲ್ಲಿ ಮಾಡಿದ | तलॅबुडविल्लद;<br>आतुरतॅयल्लि माडिद | absurd, irrelevant;<br>hurriedly performed or done. |
| **उलटी** | स्त्री. | 1. कै, वमन;<br>2. कलैया, कलाबाजी। | ವಾಂತಿ;<br>ಲಾಗ | वांति;<br>लाग | vomit;<br>somersault. |
| **उलटे** | अव्य. | 1. विपरीत दिशा या स्थिति में;<br>2. क्रम, नियम, न्याय, प्रथा आदि के विपरीत या विरुद्ध। | ವಿರುದ್ಧ ದಿಕ್ಕಿನಲ್ಲಿ;<br>ಕ್ರಮ-ನಿಯಮ ವಿರುದ್ಧ | विरुद्ध दिक्किनल्लि;<br>क्रम-नियम विरुद्ध | in opposite direction;<br>contrary to. |
| **उलथा** | पुं. | अनुवाद। | ಭಾಷಾಂತರ, ಅನುವಾದ | भाषांतर, अनुवाद | translation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **उलार** | वि. | जो असंतुलित भार के कारण पीछे या किसी ओर झुका हो। | ಹಿಂಭಾರ ಅಥವಾ ಮುಂಭಾರ | हिंभार अथवा मुंभार | too heavily laden at the back (as a cart). |
| **उलाहना** | पुं. | अपकार या हानि होने पर उसके प्रतिकार या वारण के उद्देश्य से खेद या दुःखपूर्वक ऐसे व्यक्ति से उसकी चर्चा करना जो उसके लिए उत्तरदायी हो अथवा उसका प्रतिकार कर या करा सकता हो। | ದೂರು, ಉಪಾಲಂಭ | दूरु, उपालंभ | complaint, reproach. |
| **उलीचना** | स. क्रि. | किसी बड़े आधार या पात्र में जल भर जाने पर उसे खाली करने के लिए उसका जल बर्तन या हाथ से बाहर निकालना या फेंकना। | ತುಂಬಿ ತುಳುಕುವ ನೀರನ್ನು ಕಡಿಮೆ ಮಾಡಲು ಪಾತ್ರೆ ಅಥವಾ ಬೊಗಸೆ-ಯಿಂದ ಎತ್ತಿ ಹೊಯ್ಯುವುದು | तुंबि तुळुकुव नीरन्नु कडिमे माडलु पात्रे अथवा बोगसेयिंद ऍत्ति होय्युवुदु | to drain out. |
| **उलूक** | पुं. | उल्लू। | ಗೂಬೆ | गूबे | owl. |
| कच्चे बच्चे | पुं. | 1. बाल-बच्चे;<br>2. बहुत छोटे बच्चे। | ಮಕ್ಕಳು-ಮರಿ;<br>ಚಿಕ್ಕ ಮಕ್ಕಳು | मक्कळु-मरि;<br>चिक्क मक्कळु | children;<br>infants and babies. |
| कच्छ | पुं. | एक प्रकार का जांघिया। | ಕಾಚ | काच | short drawers reaching a little way round the thighs, underwear. |
| कछार | पुं. | नदी या समुद्र के किनारे की तर और नीची भूमि। | ನದೀತೀರ ಪ್ರದೇಶದ ತರಿ ಜಮೀನು | नदी तीर प्रदेशद तरि जमीनु | alluvial land, low and moist land along the river. |
| कछुआ | पुं. | एक जलजंतु जिसके ऊपर बड़ी कड़ी ढाल की तरह खोपड़ी होती है। | ಆಮೆ | आमे | tortoise. |
| कछोटा (कछौटा) | पुं. | 1. धोती पहनने का वह ढंग जिसमें पीछे लांग खोंसी जाती है;<br>2. कमर में पहनने का काछा, कछनी। | ಕಚ್ಚೆ ಪಂಚೆ;<br>ಸಣ್ಣ ಪಂಚೆ | कच्चे पंचे;<br>सण्ण पंचे | mode of wearing a cloth between the legs;<br>small size dhoti. |
| कजरा | पुं. | 1. काजल;<br>2. काली आंखोंवाला बैल। | ಕಣ್ಣಿಗೆ ಹಚ್ಚುವ ಕಾಡಿಗೆ;<br>ಕರಿಕಣ್ಣಿನ ಎತ್ತು | कण्णिगे हच्चुव काडिगे;<br>करि कण्णिन एत्तु | lamp black used for painting the eyes.<br>a bull with deep black eyes. |
| कजरारा | वि. | 1. जिसमें काजल लगा हो;<br>2. काजल जैसे रंगवाला। | ಕಪ್ಪು ಹಚ್ಚಿದ;<br>ಕಾಡಿಗ ಬಣ್ಣದ | कप्पु हच्चिद;<br>काडिगे बण्णद | with collyrium applied to the eyes;<br>jet-black. |
| कजरी (कजली) | स्त्री. | 1. कालिख जिससे काजल बनता है;<br>2. उत्तर प्रदेश में वर्षा ऋतु में गाया जानेवाला | ಕಾಡಿಗೆ ತಯಾರು ಮಾಡುವ ಕಪ್ಪು;<br>ಉತ್ತರಪ್ರದೇಶ-ದಲ್ಲಿ ಮಳೆಗಾಲ- | काडिगे तयारु-माडुव कप्पु;<br>उत्तर देशदल्लि मळेगालदल्लि | lamp black;<br>a type of folk song of rainy season |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | विशेष लोकप्रिय लोकगीत; | ದಲ್ಲಿ ಹಾಡುವ ಹಳ್ಳಿಯ ಹಾಡು; | हाडुव हळ्ळिय हाडु; | sung in Uttar Pradesh, a madrigal; |
| | | 3. काली आंखों वाली गाय। | ಕರಿಗಣ್ಣಿನ ಹಸು | करिगण्णिन हसु | a black-eyed cow. |
| **कजरौरा** | पुं | काजल रखने की डिबिया। | ಕಾಡಿಗೆ ಭರಣಿ | काडिगं भरणि | a pot for keeping Kajal. |
| **कटक** | पुं. | 1. सेना, फौज; | ಸೈನ್ಯ; | सैन्य; | an army; |
| | | 2. सैनिक छावनी, शिविर। | ದಂಡು, ಸೈನ್ಯ ಶಿಬಿರ | दंडु, सैन्य शिबिर | a cantonment. |
| **कटकटाना** | स. क्रि. | 1. क्रुद्ध होने पर ऊपर तथा नीचे के दांतों का बजाना; | ಕೋಪದಿಂದ ಹಲ್ಲು ಕಡಿಯುವುದು; | कोपदिंद हल्लु कडियुवुदु; | to grind teeth; |
| | अ. क्रि. | 2. शीत से स्वयं ही दांतों का बजना। | ಚಳಿಯಿಂದ ತಾನೇ ಹಲ್ಲು ಕಡಿಯುವುದು | चळियिंद ताने हल्लु कडियुवुदु | snapping or closing of teeth due to severe cold. |
| **कटखना** | वि. | 1. काट खानेवाला (जंतु या पशु); | ಕಚ್ಚುವಂತಹ (ಪ್ರಾಣಿ); | कच्चुवंतह (प्राणि); | (animal) inclined to bite; |
| | | 2. (ला.) ऐसा व्यक्ति जो बात-बात पर लड़ने को तैयार होता हो। | (ಲಾಕ್ಷಣಿಕ) ಜಗಳಗಂಟ | (लाक्षणिक) जगळगंट | quarrelsome, of aggressive disposition. |
| **कटघरा** | पुं. | 1. काठ का जंगलेदार घेरा जिसमें जानवरों को रखते हैं; | ಮರದಿಂದ ಮಾಡಿದ ಬೋನು; | मरदिंद माडिद बोनु; | railing, wooden cage, balustrade; |
| | | 2. कचहरी में वह स्थान जिसमें अभियुक्त खड़े होते हैं। | ನ್ಯಾಯಾಲಯದಲ್ಲಿ ಅಪರಾಧಿಯನ್ನು ನಿಲ್ಲಿಸುವ ಕಟಕಟೆ | न्यायालयदल्लि अपराधियन्नु निल्लिसुव कटकटे | dock (in court). |
| **कटना** | अ. क्रि. | 1. किसी वस्तु का किसी दूसरी धारवाली चीज या हथियार से दो या कई भागों में विभक्त किया जाना; | ತುಂಡು ತುಂಡಾಗಿ ಕತ್ತರಿಸಿ ಹೋಗುವುದು; | तुंडु तुंडागि कत्तरिसि होगुवुदु; | to be cut; |
| | | 2. खेत से फसल का काटकर अलग किया जाना; | ಹೊಲದಲ್ಲಿ ಬೆಳೆ ಕೊಯ್ಯುವುದು; | हॊलदल्लि बॆळॆ कॊय्युवुदु; | to be reaped; |
| | | 3. किसी जीवित प्राणी का किसी धारवाली वस्तु से विभक्त होकर मर जाना; | ಮೊನೆಯಾದ ಅಲಗಿಗೆ (ಪ್ರಾಣಿ) ಸಿಕ್ಕಿ ಕತ್ತರಿಸಿ ಬೀಳುವುದು | मॊनॆयाद अलगिगॆ (प्राणि) सिक्कि कत्तरिसि बीळुवुदु; | to be killed; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. (समय) गुजरना, बीतना या समाप्त होना; | ಹೊತ್ತು ಕಳೆದು ಹೋಗುವುದು; | होत्तु कळेदु होगुवुदु; | to be spent (as time, life etc.); |
| | | 5. (गणित) किसी बड़ी संख्या का छोटी संख्या से इस प्रकार भाग लगना या विभक्त होना कि शेष कुछ भी न बचे; | (ಶೇಷ ಉಳಿಯದೆ) ಗಣಿತದಲ್ಲಿ ನಿಃಶೇಷವಾಗಿ ಭಾಗವಾಗುವುದು; | (शेष उळियदे) गणितदल्लि नि:शेषवागि भागवागुवुदु; | to be divided leaving no remainder (maths); |
| | | 6. घायल होना। | ಗಾಯಗೊಳ್ಳುವುದು | गायगोळ्ळुवुदु | to be wounded. |
| **कटरा** | पुं. | 1. छोटा चौकोर बाजार;<br>2. कटड़ा, भैंस का नर बच्चा। | ಚಿಕ್ಕ ಪೇಟೆ;<br>ಎಮ್ಮೆಯ ಗಂಡು ಕರು, ಕೋಣಗರು | चिक्क पेटे;<br>एम्मेय गंडुकरु, कोणगरु | market;<br>buffalo-calf. |
| **कटहल** | पुं. | एक विशेष प्रकार का फल जिसकी तरकारी खाई जाती है। | ಹಲಸಿನ ಮರ-ಕಾಯಿ-ಹಣ್ಣು, ಹಲಸು | हलसिन मर-कायि-हण्णु, हलसु | jack-fruit. |
| **कटाई** | स्त्री. | 1. काटने की क्रिया या भाव जैसे फसल पक जाने पर उसको काट लेना; | (ಬೆಳೆ) ಕೊಯ್ಯು; | (बेळे) कोय्यु; | cutting, reaping; |
| | | 2. फसल आदि काटने की मजदूरी। | ಬೆಳೆ ಕೊಯ್ಯುವ ಕೂಲಿ | बेळे कोय्युव कूलि | price paid for cutting or reaping harvest etc. |
| **कटाक्ष** | पुं. | 1. तिरछी नज़र;<br>2. व्यंग्य, आक्षेप। | ಓರೆ ನೋಟ;<br>ವ್ಯಂಗ್ಯ, ಆಕ್ಷೇಪಣೆ | ओरेनोट;<br>व्यंग्य, आक्षेपणे | side-look;<br>taunt. |
| **कटाना** | स. क्रि. | फसल काटने का काम दूसरे व्यक्ति से कराना। | (ಬೆಳೆ) ಕೊಯ್ಯುವುದು | (बेळे) कोय्युवुदु | to cause to cut or reap. |
| **कटार** | स्त्री. | छोटी छुरी। | ಚಿಕ್ಕ ಚಾಕು | चिक्क चाकु | scimitar, dagger. |
| **कटारी** | स्त्री. | छोटी कटार। | ಚಾಕು, ಕಠಾರಿ | चाकु, कठारि | a small dagger. |
| **कटाव** | पुं. | 1. काट-छांट;<br>2. काटकर बनाए हुए बेलबूटे, कटाई। | ಕತ್ತರಿಸುವಿಕೆ;<br>ಕತ್ತರಿಸಿ ಬಿಡಿಸಿದ ಹೂ ಬಳ್ಳಿಗಳು | कत्तरिसुविके;<br>कत्तरिसि बिडिसिद हू बळ्ळिगळु | cutting;<br>a kind of flowering of cloth, a cut. |
| **कटावदार** | वि. | जिस पर खोद या काट कर चित्र और बेलबूटे बनाये गये हों। | ಹೂ ಬಳ್ಳಿಗಳನ್ನು ಕೊರೆದ ಅಥವಾ ಕಸೂತಿ ಮಾಡಿದ | हू बळ्ळिगळन्नु कोरेद अथवा कसूति माडिद | with ornamental needlework on cloth (or carving). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| कटि | स्त्री. | कमर। | ಸೊಂಟ | सोंट | waist. |
| कटिबद्ध | वि. | 1. कमर बांधे हुए;<br>2. तैयार, तत्पर, उद्यत। | ಸೊಂಟ ಕಟ್ಟಿ ನಿಂತ;<br>ಸಿದ್ಧವಾಗಿರುವ | सोंट कट्टि नित;<br>सिद्धवागिरुव | girt up;<br>ready, prepared, bent. |
| कटिबन्ध | पुं. | 1. कमरबन्द;<br>2. भूगोल में गरमी सरदी के विचारों से किए हुए पृथ्वी के पांच भागों में से हर एक। | ನಡುಕಟ್ಟು;<br>ಕಟಿಬಂಧ | नडुकट्टु;<br>कटिबंध | belt;<br>tropic, zone. |
| कटीला (कंटीला) | वि. | 1. कांटेदार, नुकीला, तीक्ष्ण, पैना;<br>2. मुग्ध करनेवाला। | ಮುಳ್ಳಿನಿಂದ ಕೂಡಿದ, ಚೂಪಾದ<br>ಮುಗ್ಧಗೊಳಿಸುವ | मुळ्ळिनिंद कूडिद, चूपाद,<br>मुग्धगोळिसुव | thorny, pointed, sharp, penetrating;<br>fascinating. |
| कटु | वि. | 1. जिसके स्वाद में कटुता हो;<br>2. बुरा लगनेवाला, अप्रिय। | ಕಹಿ (ರಸ);<br>ಅಪ್ರಿಯವಾದ | कहि (रस);<br>अप्रियवाद | pungent;<br>unpleasant, bitter, caustic. |
| कटुता | स्त्री. | कड़वापन, कड़ुआहट। | ಕಹಿ (ರುಚಿ) | कहि (रुचि) | bitterness. |
| कटूक्ति | स्त्री. | अप्रिय बात, ऐसी उक्ति जो किसी को कष्ट देती हो। | ಮನ ನೋಯಿಸು-ವಂತಹ ಮಾತು | मन नोयिसुवंतह मातु | sarcasm. |
| कटोरदान | पुं. | ऐसा कटोरा जिस पर ढक्कन भी हो। | ಮುಚ್ಚಳವಿರುವ ಡಬ್ಬಿ-ಪಾತ್ರೆ | मुच्चळविरुव डब्बि-पात्रे | bowl with a cover. |
| कटोरा | पुं. | खुले मुंह और चौड़े पैंदे का प्रसिद्ध बरतन। | ಬಟ್ಟಲು, ಅಗಲ-ವಾದ ಬಾಯಿರುವ ಪಾತ್ರೆ | बट्टलु, अगलवाद बायिरुव पात्रे | a shallow bowl of metal. |
| कटोरी | स्त्री. | छोटी कटोरी। | ಚಿಕ್ಕ ಬಟ್ಟಲು | चिक्क बट्टलु | small bowl. |
| कटौती | स्त्री. | 1. कमी या काटना;<br>2. आजकल, मुख्य रूप से किसी को दिये जाने वाले धन (वेतन) में से, किसी उद्देश्य से उसका कुछ अंश कम कर देने की क्रिया। | ಕಡಿಮೆ ಮಾಡುವಿಕೆ;<br>ಸಂಬಳದಲ್ಲಿ ಯಾವುದಾದರೊಂದು ಉದ್ದೇಶಕ್ಕಾಗಿ ಅದರ ಒಂದಂಶವನ್ನು ಹಿಡಿದುಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ | कडिमे माडुविके;<br>संबळदल्लि यावुदादरोंदु उद्देशक्कागि अदर ओंदंशवन्नु हिडिदुकोळ्ळुविके | cut;<br>deduction. |
| कट्टर | वि. | 1. पक्का, दृढ़ निश्चयी, अपने सिद्धान्त पर दृढ़ रहनेवाला;<br>2. हठधर्मी। | ನಿಶ್ಚಯ-ದಂತೆ ನಡೆಯುವ;<br>ಹಟಗಾರ | निश्चयदंते नडेयुव;<br>हटगार | staunch;<br>dogmatic, fanatic. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **कटृठा** | पुं. | 1. खेत या जमीन मापने का एक पुराना माप; | ಜಮೀನನ್ನು ಅಳೆಯುವ ಹಳೇ ಕಾಲದ ಒಂದು ಅಳತೆ; | जमीनन्नु अळॆयुव हळे कालद ऒंदु अळतॆ; | a land-measure (the twentieth part of bigha); |
| | | 2. अनाज तोलने का एक माप जो पांच सेर का होता है। | ಧಾನ್ಯವನ್ನು ಅಳೆಯುವ ಐದು ಸೇರಿನ ಅಳತೆ ಕೊಳಗ | धान्यवन्नु अळॆयुव ऐदु सेरिन अळतॆ कॊळग | a corn-measure containing five seers. |
| **कठघरा** | पुं. | दे. 'कटघरा'। | ನೋಡಿ "कटघरा" | नोडि "कटघरा" | see 'कटघरा'. |
| **कठपुतली** | स्त्री. | 1. काठ की बनी हुई पुतली जिसे डोरे या तार की सहायता से नचाया जाता है; | ಕೈಗೊಂಬೆ; | कैगॊंबॆ; | mariantette, puppet; |
| | | 2. लाक्षणिक अर्थ में ऐसा व्यक्ति जो दूसरों के इशारे पर नाचता हो। | ಮತ್ತೊಬ್ಬರು ಕುಣಿಸಿದಂತೆ ಕುಣಿಯುವ ವ್ಯಕ್ತಿ | मत्तॊब्बरु कुणिसिदंतॆ कुणियुव व्यक्ति | one who dances to others' tunes. |
| **कठफोड़ा** | पुं. | एक विशेष प्रकार का पक्षी जिसकी चोंच लम्बी होती है और जो चोंच से वृक्षों के तने खोदा करता है। | ಮರಕುಟಿಕ (ಪಕ್ಷಿ) | मरकुटिक (पक्षि) | a woodpecker (picus). |
| **कठिन** | वि. | 1. मुश्किल, जो सरलता से न किया जा सके, जो सहज ही बोध-गम्य न हो; | ಕಷ್ಟಕರ, ಸುಲಭವಾಗಿ ತಿಳಿಯಲಾಗದ; | कष्टकर, सुलभवागि तिळियलागद; | difficult; |
| | | 2. कठोर, सख्त। | ಕಠಿಣ,ಕಠೋರ | कठिण, कठोर | hard. |
| **कठिनता** | स्त्री. | 1. कठिन होने की अवस्था, गुण या भाव, कठिनाई; | ಗಟ್ಟಿತನ, ಕಠೋರತೆ, ಕಷ್ಟ; | गट्टितन, कठोरतॆ, कष्ट; | hardness; |
| | | 2. काम में होनेवाली अड़चन या बाधा, मुश्किल। | ಕೆಲಸದಲ್ಲಿ ಆಗುವ ಅಡ್ಡಿ | कॆलसदल्लि आगुव अड्डि | difficulty. |
| **कठिनाई** | स्त्री. | कठिनता। | ಕಠಿಣತೆ | कठिणतॆ | difficulty. |
| **कठोर** | वि. | 1. कड़ा, सख्त; | ಉಗ್ರ,ಗಟ್ಟಿ | उग्र, गट्टि; | hard, severe; |
| | | 2. निर्दयी, निर्मम, निष्ठुर। | ದಯಾ ಹೀನ, ನಿಷ್ಠೂರ | दयाहीन, निष्ठूर | cruel. |
| **कठोरता** | स्त्री. | 1. कड़ाई, सख्ती; | ಗಡುಸಾಗಿರುವಿಕೆ, ಗಟ್ಟಿತನ; | गडुसागिरुविकॆ गट्टितन; | hardness, severity, rigidity; |
| | | 2. निर्दयता। | ನಿರ್ದಯತೆ | निर्दयतॆ | cruelty. |
| **कठौता** | पुं. | लकड़ी का बरतन। | ಮರದ ಪಾತ್ರೆ | मरद पात्रॆ | wooden bowl. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| कड़क | स्त्री. | कड़कड़ाहट का शब्द। | "ಕಡಕಡ" ಶಬ್ದ | "कडकड" शब्द | thunder, loud sound, crack. |
| कड़कड़ाना | अ. क्रि. | 1. कड़कड़ का शब्द होना;<br>2. किसी वस्तु के गरम करने या भुनने से कड़कड़ की ध्वनि होना। | ಕಡಕಡ ಶಬ್ದವಾಗು;<br>ಹುರಿಯುವಾಗ ಆಗುವ (ಕಡ ಕಡ ಶಬ್ದ) | कडकड शब्दवागु;<br>हुरियुवाग आगुव कडकड शब्द | to give forth a cracking sound;<br>to crackle (e.g. oil or ghee). |
| कड़कना | अ. क्रि. | 1. कड़कड़ शब्द होना;<br>2. किसी वस्तु का चिटकना या फटना;<br>3. क्रोधपूर्वक तथा गरजकर किसी से कुछ कहना। | ಕಡಕಡ ಶಬ್ದವಾಗು;<br>ಬಿರಿದು ಒಡೆಯುವುದು;<br>ಸಿಟ್ಟಿನಿಂದ ಗರ್ಜಿಸಿ ಮಾತನಾಡುವುದು | कडकड शब्दवागु;<br>बिरिदु ऑडॆयुवुदु;<br>सिट्टिनिंद गर्जिसि मातनाडुवुदु | to thunder;<br>to crack;<br>to roar, to burst into rage. |
| कड़ा | वि. (स्त्री. कड़ी) | सख्त, कठोर। | ಗಟ್ಟಿಯಾಗಿರುವ | गट्टियागिरुव | hard, stiff, strict. |
| | पुं. | हाथ में पहनने का लोहे का कड़ा जिसे सिक्ख लोग धारण करते हैं। | ಕೈಗೆ ತೊಡುವ ಸಿಖ್ಖರು ಕಡಗ | सिख्खरु, कैगॆ तॊडुव कडग | bracelet. |
| कड़ाई | वि. | 1. कड़ापन;<br>2. कठोर व्यवहार, सख्ती। | ಗಡುಸು;<br>ಕ್ರೂರ ನಡವಳಿಕೆ | गडुसु;<br>क्रूर नडवळिकॆ | hardness;<br>harshness. |
| कड़ाका | पुं. | किसी कड़ी वस्तु के टूटने का शब्द। | ವಸ್ತುವಿನ ಒಡೆವುದರಿಂದಾಗುವ ಶಬ್ದ | वस्तुविन ऑडॆवुदरिंदागुव शब्द | loud cracking sound. |
| कड़ाह (कड़ाहा) | पुं. | पीतल, लोहे आदि का बना हुआ गोल पेंदे, खुले मुंह तथा ऊंची दीवारों का एक प्रसिद्ध पात्र जिसमें खाने-पीने की चीजें तली या पकाई जाती हैं। | ಅಗಲ ಬಾಯಿನ ಬಾಣಲೆಯಾಕಾರದ ಹಿತ್ತಾಳೆ ಅಥವಾ ಕಬ್ಬಿಣದ ಪಾತ್ರೆ, ಕಡಾಯಿ | अगल बायिन बाणलॆयाकारद हित्ताळॆ अथवा कब्बिणद पात्रॆ, कडयि | large cauldron, frying pan. |
| कड़ाही | स्त्री. | छोटा कड़ाह। | ಚಿಕ್ಕ ಬಾಣಲೆ | चिक्क बाणलॆ | cauldron, frying pan with deep bottom. |
| कड़ी | स्त्री. | 1. जंजीर का एक छल्ला;<br>2. गीत की एक पंक्ति;<br>3. छत पर लगाये हुए लकड़ी या लोहे के कुंदे; | ಸರಪಳಿಯ ಕೊಂಡಿ;<br>ಕವಿತೆಯ ಒಂದು ಪಂಕ್ತಿ;<br>ಮಾಳಿಗೆಯ ಕಬ್ಬಿಣ ಅಥವಾ ಮರದ ತೀರು; | सरपळिय कॊंडि;<br>कवितॆय ऑंदु पंक्ति;<br>माळिगॆय कब्बिण अथवा मरद तीरु; | link;<br>a compact portion of a song;<br>beam; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. क्रम, श्रृंखला। | ಕ್ರಮ, ಪರಂಪರೆ | क्रम, परंपरॆ | sequence, order. |
| **कड़ुवा** | वि. | 1. स्वाद में कसैला या कटु;<br>2. तीखी प्रकृति का;<br>3. अप्रिय। | ಕಹಿ (ರುಚಿ);<br>ಕಠೋರ ಸ್ವಭಾವದ;<br>ಅಪ್ರಿಯವಾದ | कहि (रुचि);<br>कठोर स्वभावद;<br>अप्रियवाद | pungent;<br>bitter;<br>unpleasant. |
| **कड़ुवा तेल** | पुं. | सरसों का तेल। | ಸಾಸಿವೆ ಎಣ್ಣೆ | सासिवॆ ऎण्णॆ | mustard oil. |
| **कड़ुवापन**<br>(कड़ुवाहट | पुं.<br>स्त्री.) | स्वाद में कसैलापन। | (ರುಚಿಯಲ್ಲಿ) ಕಹಿತನ | (रुचियल्लि)<br>कहितन | bitter taste. |
| **कढ़ना** | अ. क्रि. | 1. निकलना, बाहर आना;<br>2. उदय होना;<br>3. आगे निकल जाना। | ಹೊರಬೀಳು;<br>ಉದಯವಾಗು;<br>ಮುಂದೆ ಹೋಗು | हॊरबीळु;<br>उदयवागु;<br>मुंदॆ होगु | to be drawn or extracted;<br>to rise;<br>to go ahead. |
| **कढ़ाई** | स्त्री. | बेलबूटे बनाने का या निकालने का काम। | ಕಸೂತಿ ಕೆಲಸ | कसूति कॆलस | the process or act of embroidering. |
| **कढ़ाना** | स. क्रि. | 1. निकलवाना;<br>2. बेल-बूटे बनवाना। | ಹೊರಗೆ ತೆಗೆಯಿಸು;<br>ಕಸೂತಿ ಕೆಲಸ ಮಾಡಿಸು (ವುದು) | हॊरगॆ तॆगॆयिसु;<br>कसूति कॆलस माडिसु (वुदु) | to cause to turn out;<br>to get the thing embroidered. |
| **कढ़ी** | स्त्री. | बेसन, दही और मसाले के योग से बननेवाला ढीली लपसी जैसा एक व्यंजन। | ಮೊಸರು ಪಳಿದ್ಯ,<br>ಮಜ್ಜಿಗೆ ಹುಳಿ | मॊसरु पळिद्य,<br>मज्जिगॆ हुळि | a curry prepared from butter milk and gram flour. |
| **कण** | पुं. | 1. किसी कड़ी या ठोस वस्तु का बहुत छोटा अंश;<br>2. अनाज का दाना या उसका टुकड़ा। | ಕಣ;<br>ಧಾನ್ಯದ ನುಚ್ಚು | कण;<br>धान्यद नुच्चु | particle;<br>single seed of grain or its fragment. |
| **कतई** | वि. | 1. बिल्कुल;<br>2. निश्चित। | ಸಂಪೂರ್ಣವಾಗಿ;<br>ನಿಶ್ಚಿತವಾಗಿ | संपूर्णवागि;<br>निश्चितवागि | entire;<br>definite. |
| **कतरन** | स्त्री. | कपड़े, कागज आदि के काटने के बाद बचे रहनेवाले छोटे, रद्दी टुकड़े। | ಬಟ್ಟೆ, ಕಾಗದ ಮುಂತಾದವುಗಳ ತುಂಡುಗಳು | बट्टॆ, कागद मुंतादवुगळ तुंडुगळु | cuttings, clippings, parings. |
| **कतरनी** | स्त्री. | कैंची, कतरने का साधन। | ಕತ್ತರಿ | कत्तरि | scissors. |
| **कतर–वयोंत** | स्त्री. | 1. काट-छांट; | ಅಂದಗೊಳಿಸಲು ಕತ್ತರಿಸುವಿಕೆ; | अंदगॊळिसलु कत्तरिसुविकॆ; | cutting and clipping, trimming; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. कमी करना। | ಕಡಿಮೆ ಮಾಡುವಿಕೆ | कडिमॆ माडुविकॆ | deduction. |
| **कतराना** | अ. क्रि. | किसी की निगाह से बचना। | ಕಣ್ಣಿಗೆ ಕಾಣದಂತೆ ಮರೆ-ಯಾಗುವುದು | कण्णिगॆ काणदंतॆ मरॆयागुवुदु | to evade, to get out of the way, to slink away. |
| **कताई** | स्त्री. | 1. कातने की क्रिया या भाव;<br>2. कातने की मजदूरी। | ನೂಲುವಿಕೆ;<br>ನೂತ ಕೂಲಿ | नूलुविकॆ;<br>नूत कूलि | spinning;<br>price paid for spinning. |
| **कतार** | स्त्री. | पंक्ति। | ಪಂಕ್ತಿ, ಸಾಲು | पंक्ति, सालु | row, line. |
| **कतिपय** | वि. | 1. कई एक;<br>2. कुछ, थोड़े। | ಹಲಕೆಲವು;<br>ಕೆಲವು, ಸ್ವಲ್ಪ | हलकॆलवु;<br>कॆलवु, स्वल्प | several;<br>some, a few. |
| **कत्थई** | वि. | कत्थे के रंग का। | ಕಂದು ಬಣ್ಣದ | कंदु बण्णद | catechu-brown, of the colour of catechu. |
| **कत्थक** | पुं. | 1. नृत्य की एक शैली;<br>2. एक जाति विशेष जो नाचना और गाना आदि सिखाने का काम करती है। | ನಾಟ್ಯದ ಒಂದು ಬಗೆ;<br>ನಾಟ್ಯ ಮತ್ತು ಹಾಡುಗಾರಿಕೆಯನ್ನು ಕಲಿಸುವ ಒಂದು ಜಾತಿ | नाट्यद ऒंदु बगॆ;<br>नाट्य मत्तु हाडुगारिकॆयन्नु कलिसुव ऒंदु जाति | a kind of classical system of dancing;<br>a particular tribe who teaches dancing and singing. |
| **कत्था** | पुं. | खैर की लकड़ी का सत जो पान में लगाकर खाया जाता है। | (ವೀಳ್ಯದೊಂದಿಗೆ ಉಪಯೋಗಿಸುವ) ಕಾಚು | (वीळ्यदॊंदिगॆ उपयोगिसुव) काचु | an astringent vegetable extract (the produce of the **Mimosa catechu)** which is eaten with betel-leaf. |
| **कत्ल(कतल)** | पुं. | जान से मार डालना, वध, हत्या। | ಕೊಲೆ | कॊलॆ | murder, assassination. |
| **कत्ले-आम** | पुं. | अपराधी, निरपराधी का विचार किये बिना अंधाधुंध कत्ल करना। | ಅಪರಾಧಿ ನಿರಪ-ರಾಧಿಗಳ ವಿಚಾರ ವಿಲ್ಲದೆ ಮಾಡುವ ಕೊಲೆ | अपराधि निरपराधिगळ विचारविल्लदॆ माडुव कॊलॆ | general massacre. |
| **कथन** | पुं. | 1. कोई बात मुंह से उच्चारित करने या कहने की क्रिया या भाव, कहना, बोलना; | ಮಾತನಾಡುವಿಕೆ; | मातनाडुविकॆ; | the act of saying or telling; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. उक्ति; | ಹೇಳಿಕೆ; | हेळिकॆ; | saying, utterance; |
| | | 3. किसी विषय में किसी का दिया हुआ वक्तव्य, बयान। | ಮತ್ತೊಬ್ಬರ ಹೇಳಿಕೆ | (मत्तॊब्बर हेळिकॆ) | statement. |
| **कथनी** | स्त्री. | कही हुई बात, उक्ति। | ಹೇಳಿದ ಮಾತು, ಉಕ್ತಿ | हेळिद मातु, उक्ति | anything said or uttered, a saying. |
| **कथनीय** | वि. | कहने योग्य। | ಹೇಳಬಹುದಾದ | हेळबहुदाद | worth saying or narrating. |
| **कथा** | स्त्री. | 1. किस्सा, कहानी; | ಕತೆ; | कतॆ; | fable, story; |
| | | 2. पौराणिक आख्यान जो धर्मोपदेश के रूप में लोगों को सुनाया जाए। | (ಧರ್ಮವನ್ನು ತಿಳಿಸಲು ಹೇಳುವ) ಪುರಾಣ ಕಥೆ; | धर्मवन्नु तिळिसलु हेळुव पुराण कथॆ | religious discourse. |
| **कथाकार** | पुं. | 1. धर्मविषयक आख्यान का सस्वर वाचन करनेवाला; | ಪುರಾಣ ಹೇಳುವವ; | पुराण हेळुवव; | one who delivers religious discourse, one who narrates religious stories; |
| | | 2. कहानी-लेखक। | ಕತೆಗಾರ | कतॆगार | story writer. |
| **कथानक** | पुं. | किसी रचना (उपन्यास, नाटक आदि) की कथा-वस्तु। | ಕತೆ-ಕಾದಂಬರಿಗಳ ಕಥಾಭಾಗ | कतॆ-कादंबरिगळ कथा भाग | plot (of a novel, drama etc.). |
| **कथा-वस्तु** | स्त्री. | दे. 'कथानक'। | ನೋಡಿ "कथानक" | नोडि "कथानक" | see 'कथानक'. |
| **कथा-वार्ता** | स्त्री. | 1. पौराणिक और धार्मिक कथाएं और उनकी चर्चा; | ಧಾರ್ಮಿಕ/ಪುರಾಣ ಕಥೆ ಮತ್ತು ಅದರ ಬಗ್ಗೆ ವಿಚಾರ; | धार्मिक, पुराण कथॆ मत्तु अदर बग्गॆ विचार; | religious discourse and discussion; |
| | | 2. अनेक प्रकार की बातचीत। | ನಾನಾ ರೀತಿಯ ಮಾತುಕತೆ | नानारीतिय मातुकतॆ | conversation on different topics. |
| **कथा-शिल्प** | पुं. | कहानी लिखने का कलात्मक पक्ष। | ಕತೆಯನ್ನು ಬರೆಯುವ ಕಲೆ | कतॆयन्नु बरॆयुव कलॆ | art of story writing, the technique of story writing. |
| **कथा-साहित्य** | पुं. | कहानी, उपन्यास आदि। | ಕತೆ ಕಾದಂಬರಿ ಮುಂತಾದ ಸಾಹಿತ್ಯ | कतॆ कादंबरि मुंताद साहित्य | story, novel, fiction. |
| **कथित** | वि. | 1. जिसका कथन या वर्णन किया गया हो; | ಹೇಳಲ್ಪಟ್ಟ; | हेळल्पट्ट; | said or described (thing); |
| | | 2. जिसके संबंध में कोई बात कही गई हो। | ಬೇರೆಯವರ ಬಗ್ಗೆ ಹೇಳಿದ (ಮಾತು) | बेरॆयवर बग्गॆ हेळिद (मातु) | alleged. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| कथोपकथन | पुं. | किसी नाटक, उपन्यास, कथा-कहानी आदि के पात्रों में आपस में होनेवाला वार्तालाप। | ನಾಟಕ-ಕತೆ-ಕಾದಂಬರಿಗಳಲ್ಲಿನ ಸಂಭಾಷಣೆ | नाटक-कतॆ-कादंबरिगळल्लिन संभाषणॆ | dialogue (particularly in drama, novel, story etc.). |
| कथ्य | वि. | कहने योग्य। | ಹೇಳಲು ಯೋಗ್ಯವಾದ; | हेळलु योग्यवाद; | fit to be mentioned. |
| | पु. | कही हुई या कही जानेवाली बात। | ಹೇಳಲ್ಪಡುವ ಮಾತು | हेळल्पडुव मातु | subject-matter. |
| कदंब | पुं. | एक प्रकार का प्रसिद्ध वृक्ष। | ಕದಂಬದ ಮರ | कदंबद मर | name of a tree (Nauclea Orientalis). |
| कद | पुं. | (व्यक्ति की) ऊंचाई। | ವ್ಯಕ್ತಿಯ ಎತ್ತರ ಗಾತ್ರ | व्यक्तिय ऍतर गात्र | height, stature (of a person). |
| कदम | पुं. | 1. पांव, पैर;<br>2. चलने में दोनों पावों के बीच का अंतर;<br>3. चलने, नाचने आदि में हर बार पैर उठाने की क्रिया या भाव। | ಕಾಲು;<br>ಹೆಜ್ಜೆಗಳ ನಡುವಣ ಅಂತರ;<br>ನಡಿಗೆ | कालु;<br>हॆज्जॆगळ नडुवण अंतर;<br>नडिगॆ | foot;<br>pace;<br>step (foot-steps). |
| कदर(कद्र) | स्त्री. | 1. आदर, प्रतिष्ठा;<br>2. महत्व;<br>3. मात्रा। | ಗೌರವ, ಆದರಣೆ;<br>ದೊಡ್ಡಸ್ತಿಕೆ;<br>ಪರಿಮಾಣ | गौरव, आदरणॆ;<br>दॊड्डस्तिकॆ;<br>परिमाण | respect, dignity;<br>importance, value;<br>quantity. |
| कदरदान (कद्रदान) | वि. | 1. गुणग्राही;<br>2. किसी का महत्व समझकर उसकी प्रतिष्ठा या सम्मान करनेवाला। | ಗುಣಗ್ರಾಹಿ;<br>ಗುಣವನ್ನರಿತು ಗೌರವಿಸುವ | गुणग्राहि;<br>गुणवन्नरितु गौरविसुव | connoisseur;<br>just appreciator, knowing the work (of a person). |
| कदली | स्त्री. | केला नामक पौधा और उसका फल। | ಬಾಳೆಗಿಡ, ಅದರ ಕಾಯಿ-ಹಣ್ಣು | बाळॆगिड, अदर कायि-हण्णु | plantain or banana (tree or its fruit). |
| कदाचार | पुं. | कुत्सित आचरण, खराब चालचलन। | ಕೆಟ್ಟ ನಡವಳಿಕೆ, | कॆट्ट नडवळिकॆ | bad conduct, misconduct. |
| कदाचित् | अव्य. | शायद, संभवतः। | ಪ್ರಾಯಶಃ, ಬಹುತೇಕ | प्रायशः, बहुतेक | perhaps, possibly, seldom. |
| कदापि | अव्य. | किसी अवस्था में भी, कभी, हर्गिज। | ಯಾವ ಕಾರಣದಿಂದಲೂ, ಎಂದೆಂದೂ | याव कारणदिंदलू, ऍंदॆंदू | on no account, never. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **कदाशय** | पुं.<br>वि. | बुरी नीयत, बदनीयती, दुराशय।<br>जिसका आशय (उद्देश्य या विचार) दूषित या बुरा हो, बदनीयत। | ಕೆಟ್ಟ ಎಣಿಕೆ, ಕೆಟ್ಟ ಆಲೋಚನೆ<br>ಕೇಡು ಎಣಿಸುವ, ಕೆಟ್ಟ ಯೋಚನೆ ಮಾಡುವ | कॆट्ट ऍणिकॆ आलोचनॆ<br>केडु ऍणिसुव, कॆट्ट योचनॆ माडुव | bad intent, malafide intent.<br>malafide, illmeaning. |
| **कद्दावर** | वि. | लम्बे-चौड़े आकार-प्रकार वाला, बड़े डील-डौल का। | ಒಳ್ಳೆಯ ಎತ್ತರ ಗಾತ್ರದ | आॅळ्ळय ऍत्तर गात्रद | of tall stature, gigantic. |
| **कद्दू** | पुं. | घीया या लौकी की जाति का प्रसिद्ध गोल फल जिसकी तरकारी बनती है। | ಕುಂಬಳ, ಬೂದು ಗುಂಬಳ | कुंबळ, बूदुगुंबळ | pumpkin, **cucurbite lagenaria.** |
| **कद्दूकश** | पुं. | एक उपकरण जिससे कद्दू आदि तरकारियों की महीन लच्छियां निकाली जाती हैं। | ತುರಿಮಣೆ | तुरिमणॆ | an instrument for making very fine slices from a pumpkin. |
| **कनक** | पुं. | सोना, स्वर्ण। | ಚಿನ್ನ, ಬಂಗಾರ | चिन्न, बंगार | gold. |
| **कनकटा** | वि. | जिसका कान कटा हुआ हो, बूचा। | ಕಿವಿ ಹರಕ | किविहरक | (a person) whose ear has been cut off, ear-cropt. |
| **कनकी** | स्त्री. | 1. चावल का टूटा हुआ छोटा टुकड़ा;<br>2. छोटा कण। | ಅಕ್ಕಿ ನುಚ್ಚು;<br>ನುಚ್ಚು | अक्कि नुच्चु;<br>नुच्चु | a particle of broken rice;<br>a particle. |
| **कनकौआ** | पुं. | कागज़ की बड़ी पतंग। | ದೊಡ್ಡ ಗಾಳಿಪಟ | दॊड्ड गळिपट | a large paper-kite. |
| **कनखजूरा** | पुं. | एक विशेष प्रकार का कीड़ा जिसके सैकड़ों पैर होते हैं और जो जमीन पर रेंगकर चलता है, गोजर। | ಸಾವಿರಕಾಲು ಹುಳ | साविरकालु हुळ | centipede (scolopendra). |
| **कनखी** | स्त्री. | 1. तिरछी निगाह से देखने की मुद्रा;<br>2. उक्त प्रकार से देखते हुए किया जानेवाला संकेत। | ಓರೆಗಣ್ಣ ನೋಟ;<br>ಓರೆ ನೋಟದ ಸಂಕೇತ | ओरॆगण्ण नोट;<br>ओरॆ नोटद संकेत | side glance, oblique glance;<br>a sign with the eye. |
| **कनटोप (कंटोप)** | पुं. | एक प्रकार की टोपी जिससे सिर तथा कान दोनों ढक जाते हैं। | ತಲೆ ಕಿವಿಗಳನ್ನು ಮುಚ್ಚುವ ಟೋಪಿ | तलॆ किविगळन्नु मुच्चुव टोपि | cap covering head and ears. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **कनपटी** | स्त्री. | प्राणियों की आंख और कान के बीच का स्थान। | ಪ್ರಾಣಿಗಳ ಕಣ್ಣು ಕಿವಿಗಳ ನಡುವಣ ಭಾಗ | प्राणिगळ कण्णु किविगळ नडुवुण भाग | temple. |
| **कनस्तर** | पुं. | टीन का बना चौकोर पात्र या डिब्बा, पीपा। | ಟಿನ್ನಿನ ಡಬ್ಬ, ಪೀಪಾಯಿ | टिन्निन डब्ब, पीपायि | canister. |
| **कनात** | स्त्री. | कोई स्थान घेरने के लिए उसके चारों ओर लगाया जानेवाला मोटा कपड़ा। | ಮರೆ ಮಾಡುವ ದಪ್ಪ ಬಟ್ಟೆ | मरॆ माडुव दप्प बट्टॆ | wall of a tent, a screen of canvas. |
| **कनिष्ठ** | वि. | 1. जो अवस्था की तुलना में औरों से छोटा हो (ज्येष्ठ का विपर्याय); | ಕಿರಿಯ; | किरिय; | younger; |
| | | 2. जो पद, मर्यादा, योग्यता आदि के विचार से दूसरों से घटकर हो (वरिष्ठ का विपर्याय) ; | ಕಿರಿಯ; | किरिय; | junior; |
| | | 3. सबसे छोटा या हलका, तुच्छ, हीन। | ಎಲ್ಲದಕ್ಕಿಂತ ಹೀನ, ನೀಚ, ತುಚ್ಛ | एॅल्लदक्किंत हीन, नीच, तुच्छ | smallest, inferior. |
| **कनी** | स्त्री. | किसी चीज का बहुत छोटा टुकड़ा, कण। | ಪದಾರ್ಥದ ಸಣ್ಣ ಚೂರು, | पदार्थद सण्ण चूरु | a particle, piece. |
| **कनेर** | पुं. | नुकीली तथा लंबी पत्तियोंवाला एक पौधा तथा उसके फूल जो सफेद, पीले और लाल रंग के होते हैं। | ಕಣಗಲು ಗಿಡ, ಅದರ ಹೂ | कणगलु गिड, अदर हू | a tree with white, red or yellow flowers, oleander. |
| **कन्नी** | स्त्री. | 1. किनारा, सिरा; | ಅಂಚು, ಕೊನೆ; | अंचु, कॊनॆ; | border; |
| | | 2. पंतग का किनारा; | ಗಾಳಿಪಟದ ಅಂಚು; | गाळिपटद अंचु; | ends of a kite,edge; |
| | | 3. पंतग की कांप या कमानी में बांधी जानेवाली कपड़े की धज्जी। | ಗಾಳಿಪಟಕ್ಕೆ ಕಟ್ಟುವ ಬಟ್ಟೆ, ಕೋರಿಯ ಬಾಲಂಗೋಚಿ | गाळिपटक्कॆ कट्टुव बट्टॆ, कोरिय बालंगोसि | a small piece of cloth tied to the arch of the kite. |
| **कन्या** | स्त्री. | 1. अविवाहिता लड़की; | ಮದುವೆಯಾಗದಿರುವ ಹುಡುಗಿ; | मदुवॆयागदिरुव हुडुगि; | unmarried girl, virgin; |
| | | 2. पुत्री, बेटी; | ಮಗಳು; | मगळु; | daughter; |
| | | 3 बारह राशियों में से एक राशि (ज्योतिष)। | ಕನ್ಯಾರಾಶಿ | कन्या राशि | a sign of the zodiac, Virgo. |
| **कन्यादान** | पुं. | विवाह में वर को कन्या का दान करने की रस्म। | ಕನ್ಯಾದಾನ | कन्यादान | giving a girl in marriage. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **कपट** | पुं. | 1. बनावटी व्यवहार, छलपूर्ण मिथ्या आचरण; | ನಟನೆಯಿಂದ ಕೂಡಿದ ವ್ಯವಹಾರ; | नटनॆयिंद कूडिद व्यवहार; | deception, hypocrisy; |
| | | 2. धोखा; | ಮೋಸ; | मोस; | fraud, deceit, guile; |
| | | 3. दुराव, छिपाव। | ಮರೆ ಮಾಚುವಿಕೆ | मरॆमाचुविकॆ | concealment. |
| | वि. | छलपूर्ण। | ಮೋಸದಿಂದ ಕೂಡಿದ | मोसदिंद कूडिद | fraudulent, hypocritical. |
| **कपटी** | वि. | छल-कपट करनेवाला, फरेबी, धोखेबाज। | ಮೋಸಗಾರ | मोसगार | deceitful, fraudulent, malicious. |
| **कपड़छन** | पुं. | 1. पिसी हुई वस्तु को कपड़े से छानने की क्रिया; | ಬೀಸಿದ ವಸ್ತುವನ್ನು ಬಟ್ಟೆಯಿಂದ ಶೋಧಿಸುವಿಕೆ; | बीसिद वस्तुवन्नु बट्टॆयिंद शोधिसुविकॆ; | process of straining or sifting through a piece of cloth; |
| | | 2. उक्त प्रकार से छानी वस्तु। | ಹಾಗೆ ಶೋಧಿಸಿದ ವಸ್ತು, | हागॆ शोधिसिद वस्तु | thing thoroughly strained or sifted thrc ugh a piece of cloth. |
| **कपड़ा** | पुं. | 1. कपास, ऊन आदि के धागों से बुनी हुई ओढ़ने, बिछाने, पहनने आदि के काम आनेवाली वस्तु; | ಬಟ್ಟೆ; | बट्टॆ; | cloth; |
| | | 2. पहनावा, पोशाक। | ಉಡಿಗೆ-ತೊಡಿಗೆ | उडिगॆ-तॊडिगॆ | dress, clothes. |
| **कपड़ा-लत्ता** | पुं. | पहनने, ओढ़ने, बिछाने या अन्य कामों में प्रयुक्त कपड़े आदि। | ಬಟ್ಟೆಬರೆ | बट्टॆ-बरॆ | clothes, clothings. |
| **कपाट** | पुं. | 1. किवाड़, दरवाजे के पल्ले; | ಬಾಗಿಲ ಕದ; | बागिल कद; | panels of a door; |
| | | 2. दरवाजा, द्वार। | ಬಾಗಿಲು | बागिलु | door. |
| **कपाल** | पुं. | 1. खोपड़ी; | ಬುರುಡೆ; | बुरुडॆ; | skull, cranium; |
| | | 2. मस्तक; | ಹಣೆ; | हणॆ; | forehead; |
| | | 3. भाग्य; | ಭಾಗ್ಯ; | भाग्य; | destiny; |
| | | 4. भिक्षुओं का मिट्टी का बना हुआ भिक्षापात्र, खप्पर। | ಮಣ್ಣಿನ ಭಿಕ್ಷಾಪಾತ್ರೆ | मण्णिन भिक्षापात्रॆ | begging bowl. |
| **कपाल-क्रिया** | स्त्री. | हिन्दुओं में शव जलाने के समय एक संस्कार जिसमें शव का अधिकांश भाग जल चुकने पर उसकी खोपड़ी बांस, लकड़ी आदि से तोड़ते या फोड़ते हैं। | ಹಿಂದುಗಳಲ್ಲಿ ಹೆಣ ಸುಡುತ್ತಿರುವವಾಗ ಅದರ ತಲೆಬುರುಡೆಯನ್ನು ಕೋಲಿನಿಂದ ಹೊಡೆದು ಒಡೆಯುವ ಒಂದು ಸಂಸ್ಕಾರ. | हिंदुगळल्लि हॆण सुडत्तिरुवाग अदर तलॆ बुरुडॆयन्नु कोलिनिंद हॊडॆदु ऒडॆयुव ऒंदु संस्कार | a ceremony among Hindus: when a dead body is burning and nearly reduced to ahses, the nearest relative |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | breaks the skull with the stroke of a bamboo and pours melted butter into the cavity. |
| कपास | स्त्री. | 1. एक प्रसिद्ध पौधा जिसके ढोंढ (फल) में से रुई निकलती है; | ಹತ್ತಿಗಿಡ; | हत्ति गिड; | cotton-plant; |
| | | 2. इस पौधे के फलों के तंतु जिनसे सूत काता जाता है। | ಹತ್ತಿ | हत्ति | cotton. |
| कपासी | वि. | कपास के फूल के रंग जैसा, बहुत हल्के पीले रंग का। | ಹತ್ತಿಯ ಹೂವಿನಂತೆ ಹಳದಿ ಬಣ್ಣವುಳ್ಳ | हत्तिय हूविनंते हळदि बण्णवुळ्ळ | of the colour of the cotton plant flower, light yellow. |
| कपि | पुं. | बंदर। | ಕೋತಿ | कोति | monkey. |
| कपूत | पुं. | 1. बुरे आचरणवाला पुत्र, नालायक बेटा; | ಅಯೋಗ್ಯನಾದ ಮಗ; | अयोग्यनाद मग; | undutiful or unworthy son; |
| | | 2. वह व्यक्ति जो अपने कुल को कलंकित करे। | ಮನೆತನಕ್ಕೆ ಕೆಟ್ಟ ಹೆಸರು ತರುವ ವ್ಯಕ್ತಿ | मनॆतनक्कॆ कॆट्ट हॆसरु तरुव व्यक्ति | one who brings bad name to his family. |
| कपूर | पुं. | सफेद रंग का एक सुगंधित घन पदार्थ जो हवा में रखने से भाप बनकर उड़ जाता है। | ಕರ್ಪೂರ | कर्पूर | camphor. |
| कपूरी | वि. | 1. कपूर का बना हुआ; | ಕರ್ಪೂರದಿಂದ ಮಾಡಿದ; | कर्पूरदिंद माडिद; | prepared from camphor; |
| | | 2. कपूर की तरह हल्के पीले रंग का। | ಕರ್ಪೂರದಂತೆ ಬಣ್ಣ ಉಳ್ಳ | कर्पूरदंतॆ बण्ण उळ्ळ | light yellow like camphor. |
| | पुं. | एक प्रकार का लंबोतरा सफेद पान। | ಒಂದು ಬಗೆಯ ಉದ್ದವಾದ ವೀಳೆಯದೆಲೆ | ऒंदु बगॆय उद्दवाद वीळॆयदॆलॆ | betel-leaf (pan). |
| कपोत | पुं. | कबूतर। | ಪಾರಿವಾಳ | पारिवाळ | dove, pigeon. |
| कपोल | पुं. | मुख का वह मांसल भाग जो मुंह और आंख, कान, चिबुक के बीच मुंह के दोनों ओर स्थित होता है, गाल। | ಕೆನ್ನೆ | कॆन्नॆ | cheek. |
| कपोल-कल्पना | स्त्री. | ऐसी बात जो केवल मन से | ಆಧಾರವಿಲ್ಲದ | आधारविल्लद | false gossip or |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | गढ़ी गई हो जिसका कोई वास्तविक आधार न हो, मनगढ़ंत निराधार कल्पना या बात। | ಊಹೆ ಅಥವಾ ಕಟ್ಟುಕತೆ, ಕಲ್ಪನೆ, ಮನ ಮಂಡಿಗೆ | ऊहॆ अथवा कट्टु कतॆ, कल्पनॆ, मन मंडिगॆ | product, mere imagination. |
| कपोल-कल्पित | वि. | (ऐसी बात) जो बिना किसी आधार के अपने मन से बना ली गई हो, कल्पना पर आधारित तथा मनगढ़ंत। | ನಿರಾಧಾರವಾದ ಮತ್ತು ಕೇವಲ ಊಹಿಸಲ್ಪಟ್ಟ (ವಿಷಯ) | निराधारवाद मत्तु केवल ऊहि-सल्पट्ट (विषय) | false, merely imaginative. |
| कफ | पुं. | 1. लेई की तरह गाढ़ा और लसीला वह पदार्थ जो खांसने पर मुंह के रास्ते बाहर निकलता है, बलगम; | ಶ್ಲೇಷ್ಮ, ಲೋಳೆ; | श्लेष्म, लोळॆ; | phlegm, one of the three humours of the body; |
| | | 2. वैद्यक के अनुसार शरीर के अंदर की एक धातु जो आमाशय, हृदय, कंठ, सिर और संधियों में रहती है; | ಆಮಾಶಯ, ಹೃದಯ, ಕತ್ತು, ತಲೆ ಮತ್ತು ಅಂಗ-ಸಂಧಿಗಳಲ್ಲಿ ಹರಿಯುವ ದ್ರವ; | आमाशय, हृदय, कत्तु, तलॆ मत्तु अंग-संधिगळल्लि हरियुव द्रव; | watery froth or foam in general; |
| | | 3. कमीज या कुरते की वह अगली तथा दोहरी सिली हुई पट्टी जिसमें बटन लगाए जाते हैं या बटन लगाने के लिए छेद किए जाते हैं। | ಷರಟಿನ ತೋಳ ಕೊನೆಯಲ್ಲಿ ಹೊಲೆ-ಯುವ ಪಟ್ಟಿ, ಕಫ್ | षरटिन तोळ कॊनॆयल्लि हॊलॆयुव पट्टि, कफ् | cuff (of shirt etc). |
| कफ़न | पुं. | सिला हुआ अथवा बिना सिला हुआ वह कपड़ा जिसमें शव को लपेटकर दफनाया या जलाया जाता है। | ಪ್ರೇತವಸ್ತ್ರ, ಹೆಣಕ್ಕೆ ಹೊದಿಸುವ ಬಟ್ಟೆ | प्रेतवस्त्र, हॆणक्कॆ हॊदिसुव बट्टॆ | shroud. |
| कब | क्रि वि. | किस समय? किस वक्त? | ಯಾವಾಗ | यावाग | when? at what time? |
| कबड्डी | स्त्री. | एक विशेष प्रकार का खेल जिसमें खिलाड़ियों के दो दल होते हैं तथा क्रमशः एक दल का खिलाड़ी अपने क्षेत्र से दूसरे दल के क्षेत्र में एक ही | ಕಬಡ್ಡಿ (ಆಟ) | कबड्डि (आट) | an Indian outdoor game (in which a player from one court runs to another to touch |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | सांस में जाकर विपक्षी दल के किसी खिलाड़ी को छूकर अपने क्षेत्र में लौट आने का प्रयत्न करता है। | | | an adversary in one breath). |
| **कबरा** | वि. | जिसमें दूसरे रंग के दाग, धब्बे हों, चितकबरा। | ಬಣ್ಣ ಬಣ್ಣದ ಚುಕ್ಕೆಗಳುಳ್ಳ | बण्ण बण्णद चुक्कॅगळुळ्ळ | spotted, variegated. |
| **कबाड़** | पुं. | 1. टूटी-फूटी या व्यर्थ की वस्तुओं का ढेर; | ಹರುಕು ಮುರುಕು ಸಾಮಾನುಗಳ ರಾಶಿ; | हरुकु मुरुकु सामानुगळ राशि; | junk, rubbish; |
| | | 2. अंडबंड काम या व्यवसाय। | ಉಪಯೋಗ-ವಿಲ್ಲದ ಕೆಲಸ | उपयोगविल्लद कॅलस | useless enterprise, low occupation. |
| **कबाड़ी** | पुं. | टूटी-फूटी चीजें खरीदने या बेचनेवाला, कबाड़िया। | ಹರುಕು ಮುರುಕು ಸಾಮಾನುವ್ಯಾಪಾರಿ | हरुकु मुरुक सामानु व्यापारि | junk-dealer. |
| **कबायली** | पुं. | 1. पश्चिमी पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम में कुछ फिर्कों के व्यक्ति; | ಪಶ್ಚಿಮ ಪಾಕಿಸ್ತಾನದ ಪಶ್ಚಿಮೋತ್ತರ ಪ್ರದೇಶದ ಅಲೆ ಮಾರು ಜನ; | पश्चिम पाकिस्तानद पश्चिमोत्तर प्रदेशद अलॅमारु जन; | tribe or clan of people particularly living in north-west of West Pakistan; |
| | | 2. किसी कबीले का आदमी। | ಒಂದು ಬಣ್ಣಕ್ಕೆ ಸೇರಿದ ವ್ಯಕ್ತಿ | ऑदु बणक्कॅ सेरिद व्यक्ति | a person belonging to a certain tribe or clan. |
| **कबीला** | पुं. | 1. वंश, खानदान; | ವಂಶ, ಮನೆತನ; | वंश, मनॅतन; | tribe, clan; |
| | | 2. कुटुंब, परिवार। | ಕುಟುಂಬ, ಪರಿವಾರ; | कुटुंब, परिवार | family. |
| **कबूतर** | पुं. | मझोले आकार का एक प्रसिद्ध पक्षी जो कई जातियों और रंगों का होता है। | ಪಾರಿವಾಳ | पारिवाळ | pigeon. |
| **कबूतरी** | स्त्री. | कबूतर की मादा। | ಹೆಣ್ಣು ಪಾರಿವಾಳ | हॅण्णु पारिवाळ | female pigeon. |
| **कबूल** | पुं. | मानने या स्वीकार करने की क्रिया या भाव, स्वीकृति। | ಒಪ್ಪಿಗೆ, ಅಂಗೀಕಾರ | ऑप्पिगॅ, अंगीकार | acceptance, admission. |
| **कब्ज** | पुं. | पेट का एक विकार, कोष्ठबद्धता। | ಮಲಬದ್ಧತೆ | मलबध्दतॅ | constipation. |
| **कब्जा** | पुं. | 1. किसी वस्तु पर होनेवाला अधिकार जिसके अनुसार उस वस्तु का उपभोग किया जाता है; | ವಶಪಡಿಸಿಕೊಳ್ಳು-ವಿಕೆ ಅಥವಾ ವಶದಲ್ಲಿರುವಿಕೆ; | वशपडिसिकॉळ्ळु-विकॅ अथवा वशदल्लिरुविकॅ; | possession, occupation. |
| | | 2. किवाड़, संदूक आदि में | ಬಾಗಿಲು, | बागिलु, संदूकु | hinge; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | जड़ा जानेवाला लोहे, पीतल आदि का बना हुआ चौखूंटा उपकरण, कोंढ़ा; | ಸಂದೂಕು ಮುಂತಾದವುಗಳಿಗೆ ಬಿಗಿಸುವ ಕೀಲು; | मुंतादवुगळिगॆ बिगिसुव कीलु; | |
| | | 3. औजार या हथियार का वह भाग जो हाथ या मुट्ठी में पकड़ा जाता है। | ಆಯುಧ ಇಲ್ಲವೇ ಉಪಕರಣದ ಹಿಡಿ | आयुध इल्लवे उपकरणद हिडि | handle. |
| कब्र | स्त्री. | शव को गाड़ने या दफनाने के लिए खोदा जानेवाला गड्ढा। | ಹೆಣವನ್ನು ಹೂಳಲು ತೋಡಿದ ಹಳ್ಳ, ಕುಳಿ | हॆणवन्नु हूळलु तोडिद हळ्ळ, कुळि | grave. |
| कब्रिस्तान | पुं. | शव गाड़ने या दफनाने के लिए नियत स्थान। | ಸ್ಮಶಾನ | स्मशान | grave-yard. |
| कभी | क्रि. वि. | किसी समय, किसी अवसर पर। | ಯಾವಾಗಲಾದರೂ | यावागलादरू | sometime, anytime. |
| कभी-कभार | क्रि. वि. | कभी-कभी। | ಅಪರೂಪವಾಗಿ | अपरूपवागि | often, rarely, seldom. |
| कभी-कभी | क्रि.वि. | 1. किसी-किसी अवसर पर, बहुत कम, जब-तब; | ಆಗಾಗ್ಗೆ; | आगाग्गॆ; | sometimes, now and then; |
| | | 2. रह रहकर कुछ काल के अंतर पर। | ಯಾವಾಗ-ಲಾದರೂ | यावागलादरू | after some interval or gap. |
| कमंडल | पुं. | संन्यासियों का जलपात्र जो धातु, मिट्टी अथवा नारियल आदि का बना होता है। | ಕಮಂಡಲ | कमंडल | earthen or wooden water pot used by the ascetics. |
| कम | वि. | 1. मान, मात्रा आदि के विचार से जो किसी से घटकर या थोड़ा हो; | ಕಡಿಮೆ; | कडिमॆ; | few, less, little, short; |
| | | 2. साधारण या अपेक्षित से घटकर या थोड़ा। | ನಿರೀಕ್ಷಣೆ-ಗಿಂತ ಕಡಿಮೆ | निरीक्षणॆगिंत कडिमॆ | less than expected. |
| | अव्य. | नहीं के बराबर, बहुधा नहीं। | ಬಹು ಮಟ್ಟಿಗೆ ಇಲ್ಲವೇ ಇಲ್ಲದ (ಭಾವ) | बहुमुट्टिगॆ इल्लवे इल्लद (भाव) | rarely, seldom. |
| कम-अकल | वि. | 1. थोड़ी बुद्धिवाला, अल्पबुद्धि; | ಕಡಿಮೆ ಬುದ್ಧಿಯ; | कडिमॆ बुद्धिय; | unwise; |
| | | 2. बुद्धिहीन, मूर्ख। | ಬುದ್ಧಿಯಿಲ್ಲದ, ಮೂರ್ಖ | बुद्धियिल्लद, मूर्ख | stupid, ignorant. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **कमजोर** | वि. | 1. दुर्बल, अशक्त, असमर्थ; | ದುರ್ಬಲ, ನಿಶ್ಶಕ್ತಿ, ಶಕ್ತಿ ಇಲ್ಲದ; | दुर्बल, निश्शक्ति, शक्ति इल्लद; | weak, feeble; |
| | | 2. जो किसी कला या कार्य में प्रथम स्तर से घटकर या नीचे हो; | ನಿರೀಕ್ಷಣೆಗಿಂತ ಕಡಿಮೆ ದರ್ಜೆಯ; | निरीक्षणेगिंत कडिमे दुर्जेय; | one who is not up to the mark; |
| | | 3. आत्मबलरहित या कम आत्मबल वाला। | ಆತ್ಮಬಲವಿಲ್ಲದ | आत्मबलविल्लद | powerless. |
| **कमजोरी** | स्त्री. | कमजोर होने की अवस्था या भाव। | ಶಕ್ತಿಹೀನತೆ, ದುರ್ಬಲತೆ | शक्तिहीनते, दुर्बलते | weakness, feebleness. |
| **कमनीय** | वि. | 1. मनोहर, सुंदर; | ಅಂದವಾದ; | अंदवाद; | pleasing, beautiful; |
| | | 2. कामना करने योग्य; | ಬಯಸಲು ಯೋಗ್ಯವಾದ | बयसलु योग्यवाद | to be desired or wished for. |
| **कमबख्त** | वि. | भाग्यहीन, अभागा। | ದುರದೃಷ್ಟ, ನಿರ್ಭಾಗ್ಯ | दुरदृष्ट, निर्भाग्य | unfortunate, unlucky. |
| **कमर** | स्त्री. | शरीर का मध्य भाग, कटि। | ಸೊಂಟ | सोंट | waist. |
| **कमरख** | पुं. | एक वृक्ष और उसका फल जो फांकदार और खट्टा होता है। | ಕಮರು ದ್ರಾಕ್ಷಿ ಹಣ್ಣು | कमरु द्राक्षि हण्णु | a kind of fruit. |
| **कमरबंद** | पुं. | 1. कमर में बांधने का एक दुपट्टा; | ನಡುಕಟ್ಟು; | नडुकट्टु; | a long piece of cloth folded round the waist; |
| | | 2. कमर में बांधने का फीता, पेटी; | ಸೊಂಟಕ್ಕೆ ಕಟ್ಟುವ ಲಾಡಿ ಅಥವಾ ಪಟ್ಟಿ; | सोंटक्के कट्टुव लाडि अथवा पट्टि | belt, the string with which drawers etc. are fastened; |
| | | 3. वह रस्सा जिससे एक जहाज दूसरे के साथ बांधा जाता है। | ಎರಡು ಹಡಗುಗಳನ್ನು ಸೇರಿಸಿ ಕಟ್ಟುವ ಹಗ್ಗ | एरडु हडगुगळन्नु सेरिसि कट्टुव हग्ग | rope used for tying two ships. |
| **कमरा** | पुं. | किसी इमारत या भवन का वह अंश या विभाग जो चारों ओर से दीवारें आदि से घिरा हो तथा ऊपर से छाया हो, कोठरी, कक्ष। | ಕೊಠಡಿ, ಕೋಣೆ | कोठडि, कोणे | room. |
| **कमल** | पुं. | जलाशयों में होनेवाला एक पौधा तथा उसके हल्के लाल, नीले, पीले या सफेद | ಕಮಲದ ಹೂ | कमलद हू | lotus. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | रंग के फूल जो चौड़ी पंखुड़ियोंवाले होते हैं। | | | |
| **कमलगट्टा** | पुं. | कमल का बीज। | ಕಮಲದ ಬೀಜ | कमलद बीज | seed of lotus. |
| **कमलनाल** | स्त्री. | कमल की डंडी जिसकी तरकारी बनती है, भसींड। | ಕಮಲದ ಹೂವಿನ ದಂಟು | कमलद हूविन दंटु | stalk of the lotus or water-lily. |
| **कमला** | स्त्री. | लक्ष्मी, विष्णु की पत्नी। | ಲಕ್ಷ್ಮಿ ವಿಷ್ಣುವಿನ ಹೆಂಡತಿ | लक्ष्मि विष्णुविन हॆंडति | a name of the Goddess Lakshmi. |
| **कमलिनी** | स्त्री. | छोटा कमल। | ಚಿಕ್ಕ ಕಮಲದ ಹೂ | चिक्क कमलद हू | small lotus. |
| **कमली** | स्त्री. | छोटा और हल्का कंबल, विशेषतः साधुओं आदि के ओढ़ने का कंबल। | ಸಾಧು ಸಂತರು ಉಪಯೋಗಿಸುವ ಕಂಬಳಿ | साधु संतरु उपयोगि सुव कंबळि | small blanket generally used by saints etc. |
| **कमाई** | स्त्री. | 1. कमाने की क्रिया या भाव;<br>2. उपार्जित धन। | ಸಂಪಾದನೆ;<br>ಸಂಪಾದಿಸಿಟ್ಟಿದ್ದು | संपादनॆ;<br>संपादिसिट्टिद्दु | earning;<br>acquired (money), profit, margin. |
| **कमाऊ** | वि. | धन उपार्जन करनेवाला। | ಸಂಪಾದನೆ ಮಾಡುವ | संपादनॆ माडुव | who earns, earning. |
| **कमान** | स्त्री. | 1. धनुष;<br>2. मेहराब;<br>3. कालीन बुननेवालों का एक औजार। | ಬಿಲ್ಲು;<br>ಆರ್ಚು;<br>ಜಮಖಾನ ಒಂದು ಉಪಕರಣ | बिल्लु;<br>आर्चु;<br>जमखान नेयुववर ऒंदु उपकरण | bow;<br>arch;<br>an instrument for weaving the carpet. |
| **कमाना** | स. क्रि. | 1. कुछ व्यवसाय करके आर्थिक लाभ करना, उपार्जन करना;<br>2. शुभाशुभ फलदायक कर्म संचित करना, पाप-पुण्य अर्जित करना;<br>3. किसी चीज को अधिक उपयोगी या ठीक तरह और पूरा काम देने योग्य बनाना;<br>4. मेहतर का काम करना (पाखाना साफ करना)। | ಸಂಪಾದನೆ ಮಾಡುವುದು;<br>ಪಾಪ-ಪುಣ್ಯ ಕೂಡಿಡುವುದು;<br>(ಚರ್ಮವನ್ನು) ಉಪಯೋಗವಾಗುವಂತೆ ಹದಮಾಡುವುದು;<br>ಕಕ್ಕಸ್ಸನ್ನು ಗುಡಿಸುವುದು | संपादनॆ माडुवुदु;<br>पाप-पुण्य कूडिडुवुदु;<br>चर्मवन्नु-उपयोगवागुवंतॆ हदमाडुवुदु;<br>कक्कस्सन्नु गुडिसुवुदु | to earn, to acquire;<br>accumulate;<br>to tan (leather etc);<br>to clean lavatory. |
| **कमानी** | स्त्री. | 1. लोहे का तार अथवा कोई ऐसी लचीली वस्तु जो | ಸ್ಪ್ರಿಂಗು | स्प्रिंगु; | spring (of watch etc.); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | इस प्रकार बैठाई गई हो कि दाब पड़ने से दब जाए और हटाने से फिर अपने स्थान पर आ जाए; | | | |
| | | 2. वह वस्तु जिसका रूप कमान की तरह हो अथवा जो किसी ओर से टेढ़ी हो। | ಬಿಲ್ಲಿನಂತೆ ಬಾಗಿರುವ ವಸ್ತು, | बिल्लिनंतॆ बागिरुव वस्तु | like a bow. |
| **कमानीदार** | वि. | कमानी से युक्त। | ಸ್ಪ್ರಿಂಗು ಹಾಕಿರುವ, | स्प्रिंगु हाकिरुव | fitted with a spring. |
| **कमाल** | पुं. | 1. कोई अद्भुत, अनोखा या साहसपूर्ण काम, किसी कार्य को बहुत ही कौशल से संपन्न करने का भाव; | ಅದ್ಭುತ, ಅಪೂರ್ವ ಹಾಗೂ ಸಾಹಸಪೂರ್ಣ ಕಾರ್ಯ; | अद्भुत, अपूर्व हागू साहसपूर्ण कार्य; | excellence , perfection, marvel; |
| | | 2. उक्त प्रकार से संपन्न किया हुआ कार्य, चामत्कारिक कार्य। | ಚಮತ್ಕಾರ ಪೂರ್ಣ ಕಾರ್ಯ | चमत्कारपूर्ण कार्य | miracle. |
| **कमिश्नरी** | स्त्री. | 1. कमिश्नर के अधीन प्रदेश; | ಕಮಿಷನರ ಅಧಿಕಾರಕ್ಕೊಳಪಟ್ಟಪ್ರದೇಶ | कमिषनर अधिकारक्कॊळपट्ट प्रदेश; | region under the Commissioner, |
| | | 2. कमिश्नर की कचहरी। | ಕಮಿಷನರ್ ಅವರ ಕಾರ್ಯಾಲಯ | कमिषनर् अवर कार्यालय | office of a commissioner. |
| **कमी** | स्त्री. | 1. कम होना; | ಕಡಿಮೆ; | कडिमॆ; | decrease; |
| | | 2. त्रुटि; | ದೋಷ; | दोष; | defect; |
| | | 3. अभाव; | ಇಲ್ಲದಿರುವಿಕೆ; | इल्लदिरुविकॆ; | lack, shortage; |
| | | 4. ह्रास; | ಕುಗ್ಗುವಿಕೆ; | कुग्गुविकॆ; | decline; |
| | | 5. घाटा, हानि। | ನಷ್ಟ | नष्ट | loss. |
| **कमीज** | स्त्री. | कफ और कालरदार कुरता | ಷರಟು | षरटु | shirt. |
| **कमीना** | वि. | तुच्छ तथा हीन विचारोंवाला। | ನೀಚ, ಹೀನ, ಕೆಟ್ಟ ವಿಚಾರವುಳ್ಳ | नीच, हीन, कॆट्ट विचारवुळ्ळ | mean, base. |
| **कमी-बेशी** | स्त्री. | कम या ज्यादा होना। | ಹೆಚ್ಚು-ಕಡಿಮೆ | हॆच्चु-कडिमॆ | fluctuation. |
| **कमीशन** | पुं. | 1. आयोग; | ಆಯೋಗ; | आयोग; | commission; |
| | | 2. छूट; | ವಿನಾಯತಿ; | विनायति; | discount; |
| | | 3. दलाली। | ದಳ್ಳಾಳಿ, ಕಮಿಷನ್ | दळ्ळाळि, कमिषन् | brokerage. |
| **कमो-बेश** | अव्य. | कम या ज्यादा, न्यूनाधिक। | ಸ್ವಲ್ಪ ಹೆಚ್ಚು ಕಡಿಮೆ | स्वल्प हॆच्चु कडिमॆ | more or less, less or more. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **कयामत** | स्त्री. | 1. ईसाइयों तथा मुसलमानों के मतानुसार प्राणियों के कर्मों का लेखा लेने का दिन; | ಕ್ರಿಶ್ಚಿಯನ್ ಮತ್ತು ಮುಸಲ್ಮಾನ ಮತಾನುಸಾರ ಸತ್ತವರ ಕರ್ಮಗಳನ್ನು ಲೆಕ್ಕ ಮಾಡುವ ದಿನ; | क्रिश्चियन् मत्तु मुसल्मान मतानुसार सत्तवर कर्मगळन्नु लॆक्क माडुव दिन; | day of resurrection; |
| | | 2. सृष्टि का अंतिम दिन, प्रलय। | ಪ್ರಳಯದ ದಿನ | प्रळयद दिन. | doom's day. |
| **कर** | पुं. | 1. हाथ; | ಕೈ; | कै; | hand; |
| | | 2. किरण; | ಕಿರಣ; | किरण; | ray of light, beam; |
| | | 3. हाथी की सूंड; | ಆನೆಯ ಸೊಂಡಿಲು; | आनॆय सॊंडिलु; | trunk of an elephant; |
| | | 4. राज्य द्वारा अपने काम के के लिए प्रजा से उगाहा हुआ धन। | ಕಂದಾಯ | कंदाय | tax. |
| **करघा** | पुं. | हाथ से कपड़ा बुनने का एक यंत्र, खड्डी। | ಕೈಮಗ್ಗ | कैमग्ग | weaver's loom, handloom. |
| **करछी (करछुल)** | स्त्री. | खाना पकाने और तलने का एक उपकरण जो धातुनिर्मित तथा चम्मच के आकार का लंबी डंडीवाला होता है। | ಸೌಟು | सौटु | ladle. |
| **करण** | पुं. | 1. किसी कार्य को क्रियात्मक रूप देना; | ಮಾಡುವಿಕೆ; | माडुविकॆ; | making, doing; |
| | | 2. काम करने के साधन; | ಕೆಲಸದ ಮುಟ್ಟು; | कॆलसद मुट्टु; | tool, appliance; |
| | | 3. व्याकरण में एक कारक जो वाक्य की क्रिया को संपन्न करनेवाला होता है; | (ವ್ಯಾಕರಣ) ಕಾರಕ, ತೃತೀಯಾ ವಿಭಕ್ತಿ; | (व्यकरण) कारक, तृतीया विभक्ति; | (gram.) instrumental case; |
| | | 4. विधि के क्षेत्र में एक प्रकार का लेख्य जो किसी और अधिकार के संबंध में होता है, लिखित; | (ಕಾನೂನು) ಅಧಿಕಾರ ಪತ್ರ; | (कानूनु) अधिकार पत्र; | instrument; |
| | | 5. हेतु। | ಕಾರಣ | कारण | cause. |
| **करणीय** | वि. | 1. जो किए जाने योग्य हो; | ಮಾಡಲು ಯೋಗ್ಯವಾದ; | माडलु योग्यवाद; | to be done or made, practicable, feasible; |
| | | 2. जो किया जाने को हो; | ಮಾಡಲಿಕ್ಕಿರುವ; | माडलिक्किरुव; | which has to be done; |
| | | 3. जो कर्तव्यस्वरूप हो। | ಕರ್ತವ್ಯವಾಗಿರುವ | कर्तव्यवागिरुव | to do as a part of duty. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **करतब** | पुं. | 1. किया हुआ काम;<br>2. कौशलपूर्ण काम, करामात। | ಮಾಡಿದ ಕೆಲಸ;<br>ಕುಶಲ ಕಾರ್ಯ, ಪವಾಡ, ಕೈಚಳಕ | माडिद कॆलस;<br>कुशल कार्य, पवाड, कै चळक | deed;<br>acrobatics, jugglery. |
| **करतल** | पुं. | हथेली। | ಅಂಗೈ | अंगै | palm of the hand. |
| **करतल-ध्वनि** | स्त्री. | दोनों हाथों की हथेलियों को एक दूसरे पर मारने से होनेवाला शब्द, ताली। | ಚಪ್ಪಾಳೆ (ಶಬ್ದ) | चप्पाळॆ (शब्द) | clapping (of hands). |
| **करतार** | पुं. | इस संसार का सृजन करनेवाला, ईश्वर, सृष्टिकर्ता। | ಸೃಷ್ಟಿಕರ್ತ, ದೇವರು | सृष्टिकर्त, देवरु | the Creator, God. |
| **करताल** | पुं. | 1. ताल देने का एक प्रसिद्ध बाजा, झांझ, मजीरा;<br>2. दोनों हथेलियों के टकराने से उत्पन्न शब्द, ताली। | (ಕಂಚಿನ) ತಾಳ;<br>ಕೈಚಪ್ಪಾಳೆ | (कंचिन) ताळ;<br>कै चप्पाळॆ | a pair of clappers used for rhythm;<br>clapping of hands. |
| **करतूत** | स्त्री. | 1. करनी, निंदनीय काम;<br>2. किया हुआ काम। | ಕೆಟ್ಟ ಕೆಲಸ;<br>ಮಾಡಿದ ಕೆಲಸ | कॆट्ट कॆलस;<br>माडिद कॆलस | vicious action, evil deed;<br>deed,action. |
| **करधनी** | स्त्री. | सोने, चांदी आदि का गहना जो कमर में पहना जाता है। | ಒಡ್ಯಾಣ, ಡಾಬು, | ओड्याण, डाबु | chain of gold or silver worn round the waist. |
| **करनफूल (कर्णफूल)** | पुं. | फूल के आकार का एक आभूषण जो स्त्रियां कान में पहनती हैं। | (ಕಿವಿಯ) ಓಲೆ ಕಿವಿಗೆ ಧರಿಸಿ-ಕೊಳ್ಳುವ ಕಡಕು | (किविय) ओलॆ किविगॆ धरिसिकॊ-ळ्ळुव कडकु | an ornament worn in the ear. |
| **करना** | स. क्रि. | 1. किसी कार्य को समाप्त करना;<br>2. किसी कार्य का संपादन करना;<br>3. अर्जित करना, कमाना;<br>4. पकाना, बनाना;<br>5. निबाहना;<br>6. किराए या भाड़े पर ठहराना;<br>7. संवारना, सजाना; | ಮಾಡಿ ಮುಗಿಸುವುದು;<br>ಮಾಡುವುದು;<br>ಗಳಿಸುವುದು;<br>ಅಡಿಗೆ ಮಾಡು;<br>ನಿರ್ವಹಿಸುವುದು;<br>ಬಾಡಿಗೆಗೆ ತೆಗೆದುಕೊಳ್ಳು;<br>ಅಣಿಮಾಡುವುದು; | माडि मुगिसुवुदु;<br>माडुवुदु;<br>गळिसुवुदु;<br>अडिगॆ माडु;<br>निर्वहिसुवुदु;<br>बाडिगॆगॆ तॆगॆदुकॊळ्ळु;<br>अणिमाडुवुदु; | to complete;<br>to do;<br>to earn;<br>to cook;<br>to carry;<br>to hire;<br>to decorate; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 8. पति या पत्नी के रूप में साथ रखना, विवाह करना; | ಮದುವೆಯಾಗು; | मदुवॆयागु; | to acknowledge as husband or wife; |
| | | 9. किसी वस्तु पर कुछ पोतना, लगाना या लीपना। | ಬಳಿಯು ಅಥವಾ ಸಾರಿಸು | बळियु अथवा सारिसु | to apply. |
| **करनी** | स्त्री. | 1. बोलचाल में अनुचित या हीन आचरण; | ಅಯೋಗ್ಯ ವ್ಯವಹಾರ; | अयोग्य व्यवहार;- | not good conduct; |
| | | 2. वह जो कुछ किया गया हो, कर्म, कार्य; | ಮಾಡಿದ ಕರ್ಮ; | माडिद कर्म; | deed; |
| | | 3. राजगीरों का एक प्रसिद्ध उपकरण, जिससे वे गारा या मसाला उठाकर दीवारों आदि पर थोपते, पोतते या लगाते हैं। | ಕರಣೆ | करणॆ | trowel (mason's). |
| **करम** | पुं. | 1. अपने द्वारा किया गया कार्य, कर्म; | ಮಾಡಿದ ಕರ್ಮ; | माडिद कर्म; | action, deed, act etc. |
| | | 2. भाग्य, कर्म का फल। | ಭಾಗ್ಯ, ಕರ್ಮಫಲ | भाग्य, कर्मफल | fate. |
| **करमकल्ला** | पुं. | एक प्रकार की गोभी जिसमें केवल कोमल-कोमल पत्तों का बंधा हुआ संपुट होता है। | ಎಲೆಕೋಸು | ऎलॆकोसु | cabbage. |
| **करवट** | स्त्री. | बैठने, लेटने आदि में शरीर का वह पार्श्व या बल जिस पर शरीर का सारा भार पड़ता है। | (ಹೊರಳುವಾಗ) ಮಗ್ಗಲು | (हॊरळुवाग) मग्गलु | position of lying or sleeping on a side. |
| **कराधान** | पुं. | कर लगाना। | ಕಂದಾಯ ಹಾಕುವಿಕೆ | कंदाय हाकुविकॆ | taxation. |
| **कराना** | स. क्रि. | 1. किसी को कोई कार्य करने में प्रवृत्त करना; | ಮಾಡಿಸು; | माडिसु; | to cause to be done or made, to actuate; |
| | | 2. किसी के कार्य में सहयोग देना। | ಮಾಡಲು ಸಹಕರಿಸು | माडलु सहकरिसु | to assist. |
| **करामात** | स्त्री. | चमत्कार, आश्चर्यचकित करनेवाला, असाधारण कार्य। | ಪವಾಡ, ಆಶ್ಚರ್ಯಕರವಾದ ಕಾರ್ಯ | पवाड, आश्चर्यकरवाद कार्य | miracle, marvellous work. |
| **करामाती** | पुं. | 1. चमत्कार दिखानेवाला व्यक्ति, जादूगर; | ಮಾಯಗಾರ, ಚಮತ್ಕಾರ ಮಾಡುವವ; | मायगार, चमत्कार माडुवव; | working wonders, magician; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. सिद्धपुरुष। | ಸಿದ್ಧಪುರುಷ. | सिद्ध पुरुष | saint. |
| | वि. | करामात संबंधी। | ಮಾಯಗಾರಿಕೆಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | मायगारिकेगॆ संबंधिसिद | pertaining to magic miracle, miraculous |
| करार | पुं. | इकरार। | ಕರಾರು, ಒಪ್ಪಂದ | करारु, ऑप्पंद | agreement, consent. |
| करारनामा | पुं. | अनुबंधपत्र, इकरारनामा। | ಕರಾರುನಾಮೆ, ಒಪ್ಪಿಗೆ ಪತ್ರ | करारुनामॆ, ऑप्पिगॆ पत्र | bond, agreement (written). |
| करारा (करारी स्त्री.) | वि. | 1. कठोर, कड़ा; | ಗಟ್ಟಿಯಾದ; | गट्टियाद; | hard, stiff; |
| | | 2. तगड़ा, हृष्ट-पुष्ट; | ಹೃಷ್ಟಪುಷ್ಟ; | हृष्ट पुष्ट; | stout, hale and hearty; |
| | | 3. खाने में स्वादिष्ट और कुरकुरा; | ಗರಿಗರಿಯಾಗಿ ರುಚಿಕರವಾಗಿರುವ; | गरिगरियागि रुचिकरवागिरुव; | crisp; |
| | | 4. तेज, उत्कट, उग्र (कार्य, उत्तर)। | ಬಲವಾದ (ಉತ್ತರ, ಕಾರ್ಯ) | बलवाद (उत्तर, कार्य) | forceful, strong (act, reply). |
| कराल | वि. | डरावनी आकृतिवाला, भीषण। | ಭಯಂಕರ, ಉಗ್ರ | भयंकर, उग्र | dreadful, frightful. |
| कराह | स्त्री. | कराहने से उत्पन्न शब्द, पीड़ा का शब्द। | ನೋವಿನ ನರಳಾಟ, ಕಿರುಚಾಟ | नोविन नरळाट, किरुचाट | act of moaning. |
| कराहना | अ. क्रि. | असह्य पीड़ा या वेदना के समय व्यथासूचक शब्द का मुंह से निकलना, आह-आह आदि शब्द करना। | ನೋವಿನಿಂದ ನರಳಾಡು | नोविनिंद नरळाडु | to groan, to moan, to utter ah! (from pain). |
| करिश्मा | पुं. | कोई विलक्षण चमत्कार या काम, करामात। | ಆಶ್ಚರ್ಯಕರ ಕಾರ್ಯ ಪವಾಡ | आश्चर्यकर कार्य पवाड | wonderful feat, miracle. |
| करीना | पुं. | 1. काम करने का तरीका, ढंग; | ಕೆಲಸ ಮಾಡುವ ರೀತಿ; | कॆलसमाडुव रीति; | manner, mode (of work); |
| | | 2. क्रम। | ಕ್ರಮ. | क्रम | order, arrangement. |
| करीब | क्रि. वि. | 1. समीप; | ಹತ್ತಿರ; | हत्तिर; | near |
| | | 2. लगभग। | ಸುಮಾರು | सुमारु | about, approximately. |
| करीबी | वि. | नज़दीकी, निकट का (व्यक्ति या संबंधी)। | ಹತ್ತಿರದ (ವ್ಯಕ್ತಿ, ಸಂಬಂಧಿ) | हत्तिरद (व्यक्ति, संबंधि) | close (person or relation), relative. |
| करुण | वि. | 1. करुणा से भरा हुआ, दयालु; | ಕರುಣೆಯಿಂದ ತುಂಬಿದ; | करुणॆयिंद तुंबिद; | compassionate; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. जिसे देखकर करुणा आती हो, दु:खद;<br>3. काव्य के नौ रसों में से एक रस। | ನೋಡಿದೊಡನೆ ಬರುವ ದಯೆ;<br>(ಸಾಹಿತ್ಯದಲ್ಲಿ) ಕರುಣ ರಸ | नोडिदोडने बरुव दये;<br>(साहित्यदल्लि) करुण रस | causing pity or compassion;<br>one of the Rasas or sentiments of a poem, the pathetic sentiment. |
| **करुणा** | स्त्री. | किसी असमर्थ, असहाय, दु:खी अथवा संकट में पड़े हुए व्यक्ति को देखकर मन में होनेवाली उसके दुख की ऐसी अनुभूति जो उसका कष्ट दूर करने की प्रेरणा देती है, दया। | ದುಃಖ ಬಾಧೆಗಳಿಂದ ನರಳುವವರನ್ನು ಕಂಡಾಗ ಅವರ ದುಃಖ ಬಾಧೆಗಳಲ್ಲಿ ಭಾಗಿಯಾಗಲು ಪ್ರೇರಿಸುವ ಮನೋಭಾವ, ದಯೆ | दु:खबाधेगळिंद नरळुववरन्नु कंडाग अवर दु:ख बाधेगळल्लि भागियागलु प्रेरिसुव मनोभाव, दये | pity, compassion. |
| **करुणाकर** | वि. | दूसरों के दु:ख से दु:खी हो कर उसकी सहायता करनेवाला, दयालु। | ದಯಾವಂತ | दयावंत | very compassionate (person), kind. |
| **करेला** | पुं. | एक बेल और उसका लंबोतरा कड़ुआ फल जो तरकारी के काम आता है। | ಹಾಗಲ (ಕಾಯಿ, ಗಿಡ) | हागल (कायि, गिड) | bitter gourd, **Memordica charantia.** |
| **करोड़** | वि. | जो गिनती में सौ लाख हो। | ನೂರು ಲಕ್ಷಗಳ (ಎಣಿಕೆ) | नूरु लक्षगळ (एणिके) | one hundred lakhs, ten million. |
| | पुं. | उक्त संख्या का सूचक अंक। | ಕೋಟಿ | कोटि | crore. |
| **करोड़पति** | पुं. | वह जिसके पास करोड़ों रुपये हों या करोड़ों की संपत्ति हो। | ಕೋಟ್ಯಾಧೀಶ | कोट्याधीश | multi-millionaire. |
| **करौंदा** | पुं. | एक प्रकार का कांटेदार पौधा तथा उसका फल जो बेर के आकार का होता है और खटाई के रूप में खाया जाता है। | ಎಲಚಿ ಅಥವಾ ಬೋರೆ ಹಣ್ಣಿನ ಜಾತಿಯ ಮುಳ್ಳು ಗಿಡ ಮತ್ತು ಅದರ ಹಣ್ಣು | एंलचि अथवा बोरे हण्णिन जातिय मुळ्ळु गिड मत्तु अदर हण्णु | the corinda, **carissa carandus** ( a small acid fruit). |
| **कर्कराशि** | स्त्री. | बारह राशियों में से चौथी राशि। | (ಜ್ಯೋತಿಷ) ಕರ್ಕಾಟಕ ರಾಶಿ | (ज्योतिष) कर्काटक राशि | Cancer, the fourth sign of the Zodiac. |
| **कर्कश** | वि. | 1. कठोर, कड़ा;<br>2. अप्रिय, कटु और तीव्र (ध्वनि या स्वर); | ಗಟ್ಟಿಯಾದ;<br>ಕೇಳಲು ಕಟುವಾದ (ಧ್ವನಿ); | गट्टियाद;<br>केळलु कटुवाद (ध्वनि); | hard;<br>unpleasant, sharp, piercing (sound or voice); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. उग्र व्यवहारवाला। | ಕಠೋರವಾಗಿ ವ್ಯವಹರಿಸುವ (ವ್ಯಕ್ತಿ) | कठोरवागि व्यवहरिसुव (व्यक्ति) | harsh, cruel, merciless (conduct etc.). |
| **कर्कशता** | स्त्री. | कर्कश होने की अवस्था, गुण या भाव। | ಕಠೋರತೆ | कठोरतॆ | harshness. |
| **कर्कशा** | वि. | झगड़ालू, लड़ाकी, उग्रस्वभाववाली (स्त्री)। | ಕಠೋರ ಸ್ವಭಾವದವಳಾದ, ಜಗಳಗಂಟಿ | कठोरस्वभावद-वळाद, जगळगंटि | quarrelsome, violent (woman). |
| **कर्ज(कर्जा)** | पुं. | उधार लिया हुआ धन, ऋण। | ಸಾಲ | साल | loan, debt. |
| **कर्जदार** | पुं. | उधार लेनेवाला, ऋणी। | ಸಾಲಗಾರ | सालगार | indebted, debtor. |
| **कर्ण** | पुं. | 1. प्राणियों के शरीर का वह अवयव जिसके द्वारा वे सुनते हैं, कान; | ಕಿವಿ; | किवि; | ear; |
| | | 2. नाव की पतवार; | ದೋಣಿಯ ಪಟ | दोणिय पट; | helm of a ship or boat; |
| | | 3. (गणित) वह रेखा जो किसी चतुर्भुज के आमने-सामने के कोणों को मिलाती हो। | (ರೇಖಾ ಗಣಿತ) ಕರ್ಣ | (रेखागणित) कर्ण | (maths.) diagonal (of a square or parallelogram etc.). |
| **कर्णकटु** | वि. | जो (बात) कानों को अप्रिय लगे। | ಕಿವಿಯಿಂದ ಕೇಳ-ಲಾಗದ | किविथिंद केळलागद | disagreeable to the ear, discordant. |
| **कर्णधार** | पुं. | 1. वह व्यक्ति जिसके हाथ में नाव की पतवार रहती है, केवट, मल्लाह; | ನಾವಿಕ, ಅಂಬಿಗ; | नाविक, अंबिग; | helmsman, steerman; |
| | | 2. वह व्यक्ति जिसके हाथ में किसी बड़े काम की सारी व्यवस्था हो। | ಕಾರ್ಯ ನಿರ್ವಾಹಕ ಅಧಿಕಾರಿ | कार्य निर्वाहक अधिकारि | pilot, leader. |
| **कर्णवेध** | पुं. | कान छेदने का संस्कार, कनछेदन। | ಕಿವಿ ಚುಚ್ಚುವ ಒಂದು ಸಂಸ್ಕಾರ | किवि चुच्चुव ऑंदु संस्कार | ear boring ( a religious ceremony sometimes performed as a Sanskara). |
| **कर्तरि प्रयोग** | पुं. | व्याकरण में क्रिया का ऐसे रूप में होनेवाला प्रयोग जिसमें वह कर्ता के पुरुष, | (ವ್ಯಾಕರಣ) ಕರ್ತರಿ ಪ್ರಯೋಗ | (व्याकरण) कर्तरि प्रयोग | (gram) active voice. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लिंग और वचन के अनुसार बदलती है। | | | |
| **कर्तरी** | स्त्री. | 1. कैंची, कतरनी; | ಕತ್ತರಿ; | कत्तरि; | scissors, shears; |
| | | 2. कटार; | ಬಾಕು; | बाकु; | dagger; |
| | | 3. ताल देने का एक पुराना बाजा। | ಹಳೇಕಾಲದ ನಗಾರಿ | हळेकालद नगारि | an ancient beat instrument. |
| **कर्त्तव्य** | पुं. | 1. ऐसा काम जिसे पूरा करना अपने लिए परम आवश्यक और धर्म के रूप में हों; | ಅಗತ್ಯವಾಗಿ ಮಾಡಬೇಕಾದ ಕೆಲಸ; | अगत्यवागि माडबेकाद कॆलस; | that which ought to be done; |
| | | 2. ऐसा कृत्य जिसे संपादित करने के लिए लोग विधान या शासन द्वारा बंधे हों। | ನೌಕರಿಗಾಗಿ ಮಾಡಲೇ ಬೇಕಾದ ಕಡ್ಡಾಯದ ಕೆಲಸ | नौकरिगागि माडलेबेकाद कड्डायद कॆलस | duty, obligation. |
| **कर्त्तव्य-विमूढ़** | वि. | जिसे यह ज्ञान न हो कि उसे क्या करना चाहिए, स्वकर्त्तव्य के ज्ञान से रहित। | ಏನು ಮಾಡಲೂ ತೋಚದಂತಿರುವ | एनु माडलू तोचदंतिरुव | perplexed as to the proper course of action, placed in a dilemmatic state. |
| **कर्त्ता** | वि. | 1. करने या बनानेवाला, रचयिता, निर्माता; | ನಿರ್ಮಾಣ ಮಾಡುವ ಸೃಷ್ಟಿಕರ್ತ; | निर्माण माडुव सृष्टिकर्त; | maker, author, creator; |
| | | 2. किसी प्रकार का कार्य करनेवाला; | ಕೆಲಸಮಾಡುವ; | कॆलसमाडुव; | doer, agent; |
| | | 3. (व्या.) एक कारक जो काम करनेवाले व्यक्ति का बोधक होता है। | (ವ್ಯಾಕರಣ) ಪ್ರಥಮಾ ವಿಭಕ್ತಿ–ಕರ್ತೃ ಕಾರಕ | (व्याकरण) प्रथमा विभक्ति-कर्तृकारक | (gram) subject. |
| **कर्त्ता-धर्त्ता** | पुं. | 1. ऐसा व्यक्ति जो किसी विषय के सभी काम मुख्य रूप से करता हो; | ಸರ್ವಾಧಿಕಾರಿ; | सर्वाधिकारि; | all-in-all; |
| | | 2. वह व्यक्ति जिसको किसी कार्य या विषय के सभी अधिकार सौंपे गए हों या प्राप्त हों। | ಸರ್ವಾಧಿಕಾರ ಒಪ್ಪಿಸಲ್ಪಟ್ಟ ವ್ಯಕ್ತಿ ಅಥವಾ ಸರ್ವಾಧಿಕಾರ ಪಡೆದ ವ್ಯಕ್ತಿ | सर्वाधिकार ऒप्पिसल्पट्ट व्यक्ति अथवा सर्वाधिकार पडॆद व्यक्ति | one who has been given all the rights. |
| **कर्तृत्व** | पुं. | 1. कर्ता होने की अवस्था, गुण, धर्म या भाव; | ನಿರ್ಮಾಣ ಮಾಡುವ. ಹುಟ್ಟಿಸುವ ಅಥವಾ ತಯಾರು ಮಾಡುವ ಗುಣ, ಧರ್ಮ ಅಥವಾ ಶಕ್ತಿ; | निर्माणमाड्डुव, हुट्टिसुव अथवा तयारु माडुव गुण, धर्म अथवा शक्ति; | the state or quality of being the performer, agent or author of anything; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. क्रिया, कर्म, किया गया काम। | ಮಾಡಲ್ಪಟ್ಟ ಕೆಲಸ | माडल्पट्ट कॆलस | act, performance. |
| कर्तृवाच्य | पुं. | व्याकरण में क्रिया के विचार से वाच्य के तीन रूपों में से एक जो इस बात का सूचक होता है कि जो कुछ कहा गया है, वह कर्ता की प्रधानता के विचार से है। | (ವ್ಯಾಕರಣ) ಕರ್ತರಿ ಪ್ರಯೋಗ-ಕರ್ತೃವಿನ ಪ್ರಾಮುಖ್ಯತೆ-ಯನ್ನು ತೋರಿಸುವ ಕ್ರಿಯಾರೂಪ | (व्याकरण) कर्तरि प्रयोग – कर्तृविन प्रामुख्यतॆयन्नु तोरिसुव क्रियारूप | (gram.) active voice. |
| कर्म | पुं. | 1. वह जो किया जाए, काम, कार्य; | ಮಾಡಿದ ಕೆಲಸ; | माडिद कॆलस; | deed, action; |
| | | 2. पूर्व जन्म में किए गए कर्म, भोग्य कर्म; | ಪೂರ್ವ ಜನ್ಮದಲ್ಲಿ ಮಾಡಿದ ಕರ್ಮ; | पूर्व जन्मदल्लि-माडिद कर्म; | fate; |
| | | 3. धार्मिक क्षेत्र में ऐसे कार्य जिन्हें करने का शास्त्रीय विधान हो; | ಶಾಸ್ತ್ರ ವಿಧಿಯಂತೆ ಆಚರಿಸ ಬೇಕಾದ ಕಾರ್ಯ; | शास्त्र विधियंतॆ आचरिस बेकाद कार्य; | religious rites; |
| | | 4. (व्या.) वाक्य का वह पद जिस पर कर्ता की क्रिया का प्रभाव पड़ता है। | (ವ್ಯಾಕರಣ) ಕರ್ಮ ಪದ | (व्याकरण) कर्मपद | (gram.) object. |
| कर्मकांड | पुं. | 1. वे शास्त्र जिनमें पूजा, यज्ञ, संस्कारों आदि से सम्बन्ध रखनेवाले विधानों का विवेचन किया गया हो; | ಶಾಸ್ತ್ರ, ಪೂಜೆ-ಯಜ್ಞ, ಯಾಗ ಆದಿ ಸಂಸ್ಕಾರಗಳನ್ನು ನಡೆಸಬೇಕಾದ ವಿಧಿ ವಿಧಾನಗಳನ್ನು ತಿಳಿಸುವ ಶಾಸ್ತ್ರ | शास्त्र, पूजॆ-यज्ञ यागादि संस्कारगळन्नु नडॆसबेकाद विधि विधानगळन्नु तिळिसुव शास्त्र; | books of rituals; |
| | | 2. उक्त विधानों के अनुसार होनेवाले कृत्य। | ಶಾಸ್ತ್ರ ವಿಧಿಯಂತೆ ಮಾಡುವ ಕಾರ್ಯ | शास्त्र विधियंतॆ माडुव कार्य | rituals, religious rites. |
| कर्मकांडी | पुं. | 1. वह जो कर्म-कांड का पंडित हो; | ಕರ್ಮಕಾಂಡದ ಶಾಸ್ತ್ರಜ್ಞ; | कर्मकांडद शास्त्रज्ञ | versed in rituals; |
| | | 2. कर्मकांड के अनुसार पूजन आदि करने या करानेवाला। | ಕರ್ಮಕಾಂಡ ರೀತ್ಯಾ ಕರ್ಮ ಮಾಡಿಸುವ ಪಂಡಿತ | कर्मकांड रीत्या कर्म माडिसुव पडित | one who performs rituals. |
| कर्मचारी | पुं. | वह व्यक्ति जो किसी दूसरे व्यक्ति के द्वारा किसी कार्य संपादन के लिए पारिश्रमिक या वेतन पर नियुक्त किया गया हो। | ಉದ್ಯೋಗಿ, ನೌಕರ | उद्योगि, नौकर | employee, worker. |
| कर्मठ | वि. | 1. काम में कुशल; | ಕರ್ಮ ಕುಶಲ; | कर्म कुशल; | skilful or clever in |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | work; capable of work; |
| | | 2. मुस्तैदी से करनेवाला, कर्मनिष्ठ। | ಮುತುವರ್ಜಿಯಿಂದ ಕೆಲಸಮಾಡುವ | मुतुवर्जियिंद कॅलसमाडुव | dutiful, industrious. |
| **कर्मणि प्रयोग** | पुं. | व्याकरण में क्रिया का ऐसे रूप में होनेवाला प्रयोग जिसमें वह कर्म के पुरुष; लिंग और वचन के अनुसार बदलती है। | ಕರ್ಮಣಿ ಪ್ರಯೋಗ (ವ್ಯಾಕರಣ) | कर्मणि प्रयोग (व्याकरण) | (gram.) passive voice. |
| **कर्मण्य** | वि. | 1. कार्यकुशल;<br>2. कर्मनिष्ठ, कर्मठ। | ಕಾರ್ಯಕುಶಲ;<br>ಕರ್ಮನಿಷ್ಠ | कार्यकुशल;<br>कर्मनिष्ठ | skilful in work;<br>dutiful, industrious. |
| **कर्मनिष्ठ** | वि. | 1. अपने काम या कर्त्तव्य-पालन में शुद्ध हृदय से और बराबर लगा रहनेवाला;<br>2. धर्म-शास्त्रों में बताये हुए धार्मिक कर्म और कर्त्तव्य अच्छी तरह और बराबर करता रहनेवाला;<br>3. कर्म में आस्था रखनेवाला। | ಕಾರ್ಯನಿರತ;<br>ಶಾಸ್ತ್ರ ವಿಧಿಯಂತೆ ಕರ್ಮವನ್ನು ಶ್ರದ್ಧೆಯಿಂದ ಮಾಡುವ;<br>ಕರ್ಮ ಶ್ರದ್ಧೆಯುಳ್ಳ | कार्यनिरत;<br>शास्त्र विधियंतॅ कर्मवन्नु श्रद्धॅयिंद माडुव;<br>कर्म श्रद्धॅयुळ्ळ | dutiful;<br>one who performs rituals as a matter of duty.<br>one who believes in action. |
| **कर्मफल** | पुं. | भूतकाल या पूर्वजन्म में किए हुए कार्यों के अनुसार मिलनेवाला फल। | ಕರ್ಮಫಲ, ಹಿಂದಿನ ಜನ್ಮದಲ್ಲಿ ಮಾಡಿದುದರ ಫಲ | कर्मफल, हिंदिन जन्मदल्लि माडिदुदर फल | fruit or reward of actions done in a former life. |
| **कर्मभूमि** | स्त्री. | 1. वह क्षेत्र या स्थान जहां धार्मिक कार्य किए जाते हैं;<br>2. कार्य करने का क्षेत्र। | ಧಾರ್ಮಿಕ ಕೃತ್ಯಗಳಿಗಾಗಿ ನಿಯಮಿಸಿದ ಭೂಮಿ;<br>ಕಾರ್ಯಕ್ಷೇತ್ರ | धार्मिक कृत्यगळिगागि नियमिसिद भूमि;<br>कार्यक्षेत्र | land or region of religious actions;<br>place or region of activity or work. |
| **कर्मयोग** | पुं. | दार्शनिक क्षेत्र में, वह मत या सिद्धांत जिसके अनुसार मनुष्य सब प्रकार के शास्त्र विहित तथा शुभ कर्मों का आचरण निर्लिप्त होकर बिना किसी फल की कामना के करता है, फलाफल | ಫಲಾಪೇಕ್ಷೆಯಿಲ್ಲದೆ ಮಾಡುವ ಶಾಸ್ತ್ರೋಕ್ತ ಕರ್ಮ, ಫಲವನ್ನು ಬಯಸದೆ ಕರ್ಮ ಮಾಡುವ ನಿಯಮ | फलापेक्षॅयिल्लदॅ माडुव शास्त्रोक्त कर्म, फलवन्नु बयसदॅ कर्ममाडुव नियम | philosophy or discipline of action, unmindful of results. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | के विचार से रहित और निर्लिप्त होकर कर्त्तव्य कर्मों के पालन करने का नियम या व्रत। | | | |
| **कर्मरेखा** | स्त्री. | भाग्य की रेखा, किस्मत। | ಅದೃಷ್ಟವನ್ನು ಸೂಚಿಸುವ ರೇಖೆ | अदृष्टवन्नु सूचिसुव रेखॆ | mark or line of fate, fortune. |
| **कर्मवाच्य** | पुं. | व्याकरण में क्रिया के विचार से वाक्य के तीन रूपों में से एक जो इस बात का सूचक होता है कि जो कुछ कहा गया है वह कर्म की प्रधानता के विचार से है। | (ವ್ಯಾಕರಣ) ವಾಕ್ಯದಲ್ಲಿ ಕರ್ಮ ಪದಕ್ಕೆ ಪ್ರಾಧಾನ್ಯತೆ ಇರುವಂತೆ ಹೇಳುವ ಕ್ರಿಯಾರೂಪ | (व्याकरण) वाक्यदल्लि कर्मपदक्कॆ प्राधान्यतॆ इरुवंतॆ हेळुव क्रियारूप | (gram.) passive voice. |
| **कर्मवाद** | पुं. | वह सिद्धांत या दर्शन जिसमें कर्म को ही प्रधान माना गया हो, वह सिद्धांत जिसके अनुसार अपने कर्मों का फल प्राणी अवश्य भोगता है। | ಮಾಡಿದ ಕರ್ಮಕ್ಕನುಸಾರವಾದ ಫಲವನ್ನು ಅನುಭವಿಸಲೇ ಬೇಕೆಂದು ದೃಢವಾಗಿ ಹೇಳುವ ವೇದಾಂತ ಅಥವಾ ದರ್ಶನ | माडिद कर्मक्कनुसारवाद फलवन्नु अनुभविसले बेकॆंदु दृढवागि हेळुव वेदांत अथवा दर्शन | school of philosophy which attaches importance to action, theory that one has to face the consequences of one's actions. |
| **कर्मवादी** | वि.,पुं. | 1. कर्म को प्रधान माननेवाला या उसमें विश्वास करनेवाला; | ಕರ್ಮಫಲದಲ್ಲಿ ನಂಬಿಕೆಯುಳ್ಳ; | कर्मफलदल्लि नंबिकॆयुळ्ळ; | one who believes in action; |
| | | 2. भाग्य को प्रधान माननेवाला, भाग्यवादी। | ಭಾಗ್ಯವಾದಿ | भाग्यवादि | fatalist. |
| **कर्मशाला** | स्त्री. | वह स्थान जहां कारीगर या शिल्पी बैठकर काम करते हों, क़ारखाना। | ಕಾರ್ಖಾನೆ, ಕಾರ್ಯಾಗಾರ | कारखानॆ, कार्यागार | workshop. |
| **कर्मशील** | वि. | कर्मठ, कर्मनिष्ठ। | ನಿಷ್ಠೆಯಿಂದ ಕೆಲಸ ಮಾಡುವ | निष्ठॆयिंद कॆलस माडुव | assiduous in work, industrious, dutiful. |
| **कर्महीन** | वि. | 1. अकर्मण्य, निकम्मा; 2. जिसका कर्म (भाग्य) अच्छा न हो, अभागा, भाग्यहीन। | ಕೆಲಸ ಮಾಡದ; ಭಾಗ್ಯಹೀನ | कॆलस माडद; भाग्यहीन | inert, idle; luckless, unfortunate. |
| **कर्मेन्द्रिय** | स्त्री. | शरीर के वे अंग जिनसे कोई क्रिया की जाती है। | ಕೆಲಸಮಾಡುವ ಶರೀರದ ಅಂಗಗಳು | कॆलस माडुव शरीरद अंगगळु | organ of action. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| **कलंक** | पुं. | 1. दाग, धब्बा; | ಕಳಂಕ, ದೋಷ; | कळंक, दोष; | stigma, slur; |
| | | 2. लांछन, अनुचित कार्य से प्राप्त होनेवाली निंदा, अप्रतिष्ठा, अपयश आदि। | ಅಪಕೀರ್ತಿ, ನಿಂದೆ, ಅವಮಾನ | अपकीर्ति, निंदे, अवमान | disgrace, infamy, blemish. |
| **कलंकित** | वि. | बदनाम, लांछित, निंदित। | ನಿಂದೆಗೊಳಗಾದ, ಅವಮಾನಿತ | निन्देगोळगाद, अवमानित | disgraced, defamed, blemished. |
| **कलंकी** | वि. | कोई अपराध या दुष्कर्म करने के कारण जिस पर कलंक लगा हो। | ಮಾಡಬಾರದುದನ್ನು ಮಾಡಿ ಕೆಟ್ಟ ಹೆಸರುಪಡೆದ | माडबारदुदन्नु माडि कॆट्ट हॆसरु पडॆद | disgraced. |
| **कल** | पुं. | 1. आज के दिन से ठीक पहले का बीता हुआ दिन; | ನೆನ್ನೆ; | नॆन्नॆ; | yesterday; |
| | | 2. आज के दिन के ठीक बाद आनेवाला दिन। | ನಾಳೆ | नाळॆ | tomorrow. |
| | वि. | 1. मधुर (ध्वनि); | ಇಂಪಾದ (ಧ್ವನಿ); | इंपाद (ध्वनि); | sweet, soft (sound); |
| | | 2. सुन्दर, मनोहर (रूप, दृश्य)। | ಚೆನ್ನಾಗಿರುವ, ಸುಂದರ | चॆन्नागिरुव, सुंदर | beautiful. |
| | क्रि. वि. | कल के दिन। | ನಾಳಿನ (ದಿನ) | नाळिन (दिन) | tomorrow. |
| | स्त्री. | 1. मशीन, यंत्र; | ಮಿಶನ್ನು, ಯಂತ್ರ; | मिशन्नु, यंत्र; | machine; |
| | | 2. मशीन या यंत्र का पुरजा। | ಯಂತ್ರದ ಭಾಗ | यंत्रद भाग | part of a machine. |
| **कलई** | स्त्री. | 1. सफेद रंग का प्रसिद्ध खनिज पदार्थ, रांगा; | ಕಲಾಯಿ ತವರ; | कलायि तवर; | tin; |
| | | 2. पीतल के बरतनों आदि को चमकदार बनाने के लिए उक्त खनिज पदार्थ का किया जानेवाला पतला लेप; | (ಹಿತ್ತಾಳೆ ಪಾತ್ರೆಗಳಿಗೆ ಹಾಕುವ) ಕಲಾಯಿ; | (हित्ताळॆ पात्रॆगळिगॆ हाकुव) कलायि; | tinplating; |
| | | 3. तथ्य या वास्तविकता को छिपाने के लिए उस पर चढ़ाया हुआ आकर्षक किन्तु मिथ्या आवरण, सत्य को छिपाने के लिए धारण किया हुआ | ನಿಜವನ್ನು ಮರೆಮಾಚಲು ತೋರಿಸುವ ಹೊರರೂಪ; | निजवन्नु मरॆमाचलु तोरिसुव हॊर रूप; | coating, covering; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | दिखावटी रूप; 4. दिखावटी तड़क-भड़क। | ಮೇಲೆ ಕಾಣುವ ರೂಪ, ಮೆರುಗು | मेलॆ काणुव रूप, मॆरुगु | external grandeur, pomp and show. |
| **कलईदार** | वि. | कलई किया हुआ (बरतन)। | ಕಲಾಯಿ ಮಾಡಿದ | कलायि माडिद | tinned, plated. |
| **कल-कल** | पुं. | नदियों, स्रोतों आदि के बहने से होनेवाली अव्यक्त, कोमल मधुर ध्वनि। | ನೀರು ಹರಿಯುವಾಗ ಆಗುವ ಮಧುರ ಶಬ್ದ, ಕಲಕಲ ಧ್ವನಿ | नीरु हरियुवाग आगुव मधुर शब्द, कलकल ध्वनि | murmuring (of river, stream etc.). |
| **कलगी (कलँगी)** | स्त्री. | 1. पक्षियों के सिर के ऊपर निकला हुआ परों या बालों का गुच्छा, चोटी; | ಪಕ್ಷಿಗಳ ತಲೆಯ ಮೇಲಿನ ಶಿಖೆ; | पक्षिगळ तलॆयमेलिन शिखॆ; | crest; |
| | | 2. पगड़ी की शोभा बढ़ाने के लिए लगाया जानेवाला पक्षियों के परों का गुच्छा। | ಟೋಪಿ, ಪೇಟಾವನ್ನು ಅಲಂಕರಿಸುವ ಪಕ್ಷಿಗಳ ರೆಕ್ಕೆಪುಕ್ಕ | टोपि, पेटावन्नु अलंकरिसुव पक्षिगळ रॆक्कॆ-पुक्क | plume. |
| **कलत्र** | पुं. | स्त्री, पत्नी, भार्या। | ಹೆಂಡತಿ, ಪತ್ನಿ | हॆंडति, पत्नि | wife. |
| **कलदार** | वि. | जिसमें किसी प्रकार का कल या पेंच लगा हो। | ಸ್ಕ್ರೂ ಮುಂತಾದವುಗಳಿಂದ ಬಿಗಿ ಮಾಡಿ ಜೋಡಿಸಿದ ವಸ್ತು; | स्क्रू मुंतादवुगळिंद बिगि माडि जोडिसिद वस्तु | fitted with accessory parts, screws etc. |
| **कलपना** | अ. क्रि. | विलाप करना, बिलखना। | ದುಃಖದಲ್ಲಿ ವಿಲಾಪಿಸು | दुःखदल्लि विलापिसु | to lament, to grieve. |
| **कलपाना** | स. क्रि. | जी दुखाना। | ದುಃಖಪಡಿಸು | दुःखपडिसु | to cause to grieve or lament. |
| **कल-पुर्जा** | पुं. | मशीन आदि के आवश्यक भाग या अंग, मशीन के पुरजे। | ಯಂತ್ರಕ್ಕೆ ಹಾಕುವ ಬಿಡಿ ಭಾಗಗಳು | यंत्रक्कॆ हाकुव बिडि भागगळु | important parts of the machine, parts of the machine. |
| **कलफ** | पुं. | चावल, अरारोट आदि को पकाकर बनाई हुई पतली लेई जिसे धुले कपड़ों पर लगाकर उनकी तह कड़ी की जाती है, मांड। | ಇಸ್ತ್ರಿಮಾಡುವಾಗ ಒಗೆದ ಬಟ್ಟೆಗಳಿಗೆ ಹಾಕುವ ಗಂಜಿ | इस्त्रि माडुवाग ऒगॆद बट्टॆगळिगॆ हाकुव गंजि | rice or arrowroot starch used for clothes. |
| **कलम** | स्त्री. | 1. धातु, सरकंडे, किलिक आदि का बना हुआ | ಲೇಖನಿ; | लेखनि; | pen; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | वह उपकरण या साधन जिसके द्वारा स्याही की सहायता से कागज आदि पर कुछ लिखा या अंकित किया जाता है; | | | |
| | | 2. चित्र बनाने की कूंची; | ಬ್ರಶ್; | ब्रश; | brush (for painting); |
| | | 3. चित्रकारी का विशिष्ट क्षेत्र या शैली; | ಚಿತ್ರಗಾರಿಕೆಯ ವಿಶಿಷ್ಟ ಶೈಲಿ; | चित्रगारिकॆय विशिष्ट शैलि; | school or style of painting; |
| | | 4. बेलबूटे आदि उकेरने का उपकरण; | ಹೂ ಬಳ್ಳಿ ಬಿಡಿಸುವ ಉಪಕರಣ; | हू-बळ्ळि बिडिसुव उपकरण; | instrument for embroidery etc,; |
| | | 5. पेड़-पौधे की वे टहनियां जो काटकर दूसरी जगह लगाई जाती हैं; | (ಗಿಡಗಳನ್ನು) ಕಸಿ ಮಾಡುವುದು; | (गिडगळन्नु) कसि माडुवुदु; | graft; |
| | | 6. उक्त प्रकार से काटकर लगाई हुई टहनी से उगा हुआ पेड़-पौधा; | ಕಸಿ (ಮಾಡಿದ) ಗಿಡ; | कसि (माडिद) गिड; | cultivated by grafting; |
| | | 7. कनपटियों पर बाल की वह लंबी रेखा जो कान के मध्य भाग के पास से काटकर अलग करदी जाती है। | ಕಿವಿಯ ಮಧ್ಯ ಭಾಗಕ್ಕೆ ಸರಿಯಾಗಿ ರೇಖೆಯಂತೆ ಕತ್ತರಿಸಿದ ಕೇಶ | किविय मध्य भागक्कॆ सरियागि रेखॆयंतॆ कत्तरिसिद केश | hair on the temple. |
| कलमदान | पुं. | कलम और दवात रखने का आधान या डिब्बा। | ಮಸಿಕುಡಿಕೆ ಲೇಖನಿ ಪೆಟ್ಟಿಗೆ | मसिकुडिकॆ लेखनि पॆट्टिगॆ | pen and ink case. |
| कलमी | वि. | 1. (पौधा या वृक्ष) जो कहीं से कलम के रूप में काटकर लाया और लगाया गया हो तथा उसमें लगनेवाले फल-फूल; | ಕಸಿಮಾಡಿದ ಗಿಡ-ದಿಂದ ಆದ (ಹೂ, ಹಣ್ಣು); | कसिमाडिद गिडदिंद आद (हू, हण्णु); | cultivated by grafting (tree or plant); |
| | | 2. (रासायनिक पदार्थ) जो कलम या रवे के रूप में जमा या जमाया हुआ है। | ಹರಳಿನಂತೆ ಹೆಪ್ಪುಗಟ್ಟಿ ಒಂದುಗೂಡಿದ | हरळिनंतॆ हॆप्पु-गट्टि ऒंदुगूडिद | crystalline. |
| कलमुंहा | वि. | 1. कलंकित, लांछित; | ಕೆಟ್ಟ ಹೆಸರು ಹೊಂದಿದ; | कॆट्ट हॆसरु हॊंदिद; | stained, blemished; |
| | | 2. अभागा; | ನಿರ್ಭಾಗ್ಯ; | निर्भाग्य; | unfortunate; |
| | | 3. अशुभ बातें कहनेवाला; | ಕೆಟ್ಟ ಮಾತನಾಡುವ; | कॆट्ट मातनाडुव; | person who speaks ill things; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. काले मुंहवाला। | ಕಪ್ಪು ಮೋರೆಯ | कप्पु मोरॆय | black-faced. |
| **कलरव** | पुं. | 1. पक्षियों के चहकने का कोमल और मधुर शब्द; | (ಪಕ್ಷಿಗಳ) ಕಲರವ; | (पक्षिगळ) कलरव; | sweet notes of birds etc.; |
| | | 2. मधुर तथा रसीली ध्वनि। | ಇಂಪಾದ ಧ್ವನಿ | इंपाद ध्वनि | low sweet tone. |
| **कलश (कलसा)** | पुं. | 1. घड़ा; | ಬಿಂದಿಗೆ, ಚೌರಿಗೆ; | बिंदिगॆ, चौरिगॆ; | water pot, pitcher; |
| | | 2. मंदिरों आदि के शिखर पर लगा हुआ घड़े के आकार का कंगूरा; | ಗುಡಿಯ ಗೋಪುರದ ಮೇಲಿನ ಕಳಶ; | गुडिय गोपुरद-मेलिन कळश; | pinnacle; |
| | | 3. चोटी, सिरा। | ಶಿಖರ, ತುದಿ | शिखर, तुदि | peak, top. |
| **कलह** | पुं. | विवाद, घरेलू झगड़ा। | ಜಗಳ | जगळ | quarrel, strife, broil. |
| **कलहप्रिय** | वि. | झगड़ालू। | ಜಗಳಗಂಟಿ | जगळगंटि | quarrelsome. |
| **कला** | स्त्री. | 1. किसी चीज का बहुत छोटा या सबसे छोटा अंश; | ಯಾವುದಾದರೊಂದು ವಸ್ತುವಿನ ಚಿಕ್ಕ ಅಂಶ; | यावुदादरॊंदु वस्तुविन चिक्क अंश; | small part of anything; |
| | | 2. चन्द्रमा के प्रकाश और बिम्ब के घटने-बढ़ने के विचार से उसका सोलहवां अंश; | ಚಂದ್ರನ ಕಲೆಗಳಲ್ಲಿ 1/16 ನೆಯ ಭಾಗ; | चंद्रन कलॆगळल्लि 1/16 नॆय भाग; | sixteenth part of the moon; |
| | | 3. सूर्य के परिक्रमण-मार्ग में पड़नेवाली राशियों के विचार से सूर्य का बारहवां अंश; | ಸೂರ್ಯನ ಸಂಚಾರ ಮಾರ್ಗದ ಮೇಲೆ ಬೀಳುವ ರಶ್ಮಿಗಳ 1/12 ನೆಯ ಭಾಗ; | सूर्यन संचार मार्गद मेलॆ बीळुव रश्मिगळ 1/12 नॆय भाग; | the twelfth part of the sun's diameter; |
| | | 4. समय का एक बहुत छोटा मान या विभाग; | ಕಾಲದ ಬಹಳ ಚಿಕ್ಕ ಭಾಗ, ಕಲೆ; | कालद बहळ चिक्क भाग, कलॆ; | a minute division of time (about 8 seconds), a degree; |
| | | 5. किसी कार्य को भली-भांति करने या किसी कृति को ठीक तरह से प्रस्तुत करने का कौशल, हुनर; | ಕೆಲಸದಲ್ಲಿನ ಕೌಶಲ್ಯ; | कॆलसदल्लिन कौशल्य; | art, skill; |
| | | 6. (विज्ञान से भिन्न) अध्ययन और अनुशीलन का अंश या क्षेत्र विशेष; | ವಿಜ್ಞಾನದಿಂದ ಭಿನ್ನವಾದ ಅಭ್ಯಾಸದ ವಿಷಯ; | विज्ञानदिंद भिन्नवाद अभ्यासद विषय; | arts; |
| | | 7. अनोखे करतब या कार्य। | ಅಪೂರ್ವವಾದ ಕೆಲಸ | अपूर्ववाद कॆलस | acrobatic feat. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **कलाई** | स्त्री. | 1. हाथ के पहुंचे का भाग जहां हथेली का जोड़ रहता है, मणिबंध; | ಮುಂಗೈ, ಮಣಿಬಂಧ; | मुंगै, मणिबंध; | wrist; |
| | | 2. सिले हुए कपड़े का वह भाग जो कलाई पर पड़ता है; | ಷರಟಿನ ತೋಳ ಮುಂಭಾಗ, ಕಫ್ | षरटिन तोळ मुंभाग, कफ़; | portion of the stitched garment which comes up to the wrist; |
| | | 3. सूत आदि का लच्छा। | ದಾರದ ಲಡಿ | दारद लड़ि | skein of thread. |
| **कलाकंद** | पुं. | खोए और मिश्री की बनी बरफी। | ಹಾಲ್‌ಖೋವಾ ಬರಫಿ | हालखोवा बरफि | kind of sweet. |
| **कलाकार** | पुं. | 1. वह व्यक्ति जो कोई कलापूर्ण कृति बनाता हो, चित्रकार; | ಕಲಾವಿದ, ಚಿತ್ರಕಾರ; | कलाविद, चित्रकार; | painter; |
| | | 2. अभिनेता, नट; | ನಟ; | नट; | actor; |
| | | 3. किसी कला का ज्ञाता। | ಒಂದು ಕಲೆಯಲ್ಲಿ ಕುಶಲನಾದವ | ओंदु कलॆयल्लि कुशलनादव | artist. |
| **कलाकारिता** | स्त्री. | कलाकार का काम या भाव। | ಕಲಾಪೂರ್ಣವಾದ ಕಾರ್ಯ | कलापूर्णवाद कार्य | artistry |
| **कला-कुशल** | वि. | किसी कला में निपुणता प्राप्त करनेवाला, किसी कला में चतुर या होशियार। | ಯಾವುದಾದರೊಂದು ಕಾರ್ಯದಲ್ಲಿ ನಿಪುಣತೆಯುಳ್ಳ | यावुदादरोंदु कार्यदल्लि निपुणतॆयुळ्ळ | skilled in the arts. |
| **कलाकृति** | स्त्री. | कलापूर्ण कृति या रचना। | ಕಲೆಯಿಂದ ತುಂಬಿರುವ ಕೃತಿ | कलॆयिंद तुंबिरुव कृति | work of art, artistic creation. |
| **कला-कौशल** | पुं. | 1. किसी कला में कुशल होने की अवस्था या भाव; | ಕಲಾ ನಿಪುಣತೆ; | कला निपुणतॆ; | artistic skill; |
| | | 2. कारीगरी, दस्तकारी, शिल्प। | ಶಿಲ್ಪ ಕೌಶಲ್ಯ, ಹಸ್ತ ಕೌಶಲ್ಯ, ಶಿಲ್ಪ | शिल्प कौशल्य, हस्त कौशल्य, शिल्प | craftsmanship, artisanship, handicraft. |
| **कलात्मक** | वि. | 1. (कोई भी वस्तु) जो कलापूर्ण ढंग से बनाई गई हो; | ಕಲೆಯ ಸೌಂದರ್ಯದಿಂದ ತುಂಬಿದ (ರಚನೆ, ವಸ್ತು); | कलॆय सौंदर्यदिंद तुंबिद (रचनॆ वस्तु); | artistic; |
| | | 2. कला सम्बन्धी। | ಕಲೆಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | कलॆगॆ संबंधिसिद | pertaining to art. |
| **कलाप** | पुं. | 1. मोर की पूंछ। | ನವಿಲಗರಿ | नविलगरि | tail of a peacock. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **कलापक्ष** | पुं. | किसी भी वस्तु या कृति का कलात्मक भाग या पहलू, किसी वस्तु या कृति की सुन्दरता को कुशलतापूर्वक प्रस्तुत करने का पक्ष। | ಯಾವುದಾದರೊಂದು ರಚನೆ ಅಥವಾ ವಸ್ತುವನ್ನು ಸುಂದರವಾದ ರೀತಿಯಲ್ಲಿ ಸಜ್ಜುಗೊಳಿಸುವ ಕಲಾತ್ಮಕ ಪಕ್ಷ | यावुदादरोंदु रचने अथवा वस्तुवन्नु सुंदरवाद रीतियल्लि सज्जुगॊळिसुव कलात्मक पक्ष | form. |
| **कलाबत्तू** | पुं. | रेशम के धागे पर लपेटा हुआ सोने या चांदी का तार। | ಕಲಾಬತ್ತು, ಜರಿ, ಜರತಾರಿ | कलाबत्तु, जरि, जरतारि | gold thread or silver thread which is twisted on silk thread. |
| **कलाबाज** | वि. | 1. कलापूर्ण ढंग से अद्भुत शारीरिक खेल दिखानेवाला, नट-क्रिया करनेवाला; | ದೊಂಬರ ಆಟ ತೋರಿಸುವ, ಶರೀರ ಶ್ರಮದ ಆಟ ತೋರಿಸುವ; | दोम्बर आट तोरिसुव, शरीर श्रमद आट तोरिसुव; | acrobat; |
| | | 2. हाथों की सफाई दिखानेवाला। | ಕೈಚಳಕ ತೋರಿಸಬಲ್ಲ | कैचळक तोरिसबल्ल | magician. |
| **कलाबाजी** | स्त्री. | 1. सिर नीचा करके उलट जाने की क्रिया या खेल; | ತಲೆ ಕೆಳಗೆ ಮಾಡಿ ತೋರಿಸುವ ಆಟ; | तले कॆळगॆ माडि तोरिसुव आट; | somersault; |
| | | 2. कलाबाज की कोई क्रिया या खेल। | ದೊಂಬರ ಆಟ | दोंबर आट | acrobatic feat. |
| **कलाम** | पुं. | 1. वाक्य; | ವಾಕ್ಯ; | वाक्य; | sentence; |
| | | 2. उक्ति, कथन; | ಹೇಳಿಕೆ, ವಚನ; | हेळिकॆ, वचन; | saying, statement; |
| | | 3. वार्तालाप। | ಮಾತುಕತೆ | मातुकतॆ | talk, conversation. |
| **कलाल** | पुं. | मद्य बनाने और बेचने वाली एक जाति, कलवार। | ಈಡಿಗ (ಹೆಂಡ ಇಳಿಸುವ ಒಂದು ಜಾತಿ) | ईडिग (हॆंड इळिसुव ऒंदु जाति | an Indian caste dealing in liquor. |
| **कलावंत** | वि. | 1. संगीत-कला में निपुण (व्यक्ति); | ಸಂಗೀತದಲ್ಲಿ ನಿಪುಣ (ಸಂಗೀತಗಾರ); | संगीतदल्लि निपुण (संगीतगार); | possessed of art or skill esp. music; |
| | | 2. कलाबाजी करनेवाला; | ಒಳ್ಳೆಯ ಆಟಗಾರ; | ऒळ्ळॆय आटगार; | acrobat; |
| | | 3. किसी कला का ज्ञाता या विशेषज्ञ। | ಕಲೆಯಲ್ಲಿ ನಿಪುಣನಾದ | कलॆयल्लि निपुणनाद | artist. |
| | पुं. | गवैया, गायक। | ಗಾಯಕ | गायक | artiste. |
| **कलावान** | वि. | किसी कला अथवा कई कलाओं का अच्छा ज्ञाता। | ಕಲೆ ಅಥವಾ ಕಲೆಗಳಲ್ಲಿ ನಿಪುಣತೆಯುಳ್ಳ | कलॆ अथवा कलॆगळल्लि निपुणतॆयुळ्ळ | well-versed in the arts. |
| **कलाविद्** | पुं. | 64 कलाओं में से किसी एक में निपुणता प्राप्त | ಕಲಾಕುಶಲ, ಕಲಾನಿಪುಣ | कलाकुशल, कलानिपुण | artist, well-versed in the arts. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | करनेवाला या उसका ज्ञाता। | | | |
| **कलि** | पुं. | 1. पुराणानुसार चार युगों में से अंतिम युग जो इस समय चल रहा है, कलियुग; | ಕಲಿಯುಗ; | कलियुग; | name of the fourth and the last age of universe according to Hindu mythology; |
| | | 2. (ला०) दुराचार, पाप, क्लेश, कलह आदि का युग। | ಪಾಪ, ದುಃಖ ದುರಾಚಾರಗಳಿಂದ ಕೂಡಿದ ಯುಗ | पाप, दुःख दुराचार गळिंद कूडिद युग | (fig.) age of vice. |
| **कलिका** | स्त्री. | 1. बिना खिला फूल, कली; | ಮೊಗ್ಗು; | मांग्गु; | unblown flower, bud; |
| | | 2. वीणा का मूल भाग; | ವೀಣೆಯ ಅಡಿಯ ಭಾಗ | वीणय अडिय भाग | bottom or peg of the Indian lute or **veena;** |
| | | 3. छोटा अंश या भाग। | ಚಿಕ್ಕ ಅಂಶ | चिक्क अंश | particle or part. |
| **कलिकाल** | पु. | दे. 'कलियुग' | ನೋಡಿ "कलियुग" | नोडि "कलियुग" | see 'कलियुग'. |
| **कलियुग** | पुं. | पुराणानुसार चार युगों में से चौथा युग जो आजकल चल रहा है, 4,32,000 वर्षों का वर्तमान युग। | ಪುರಾಣದಲ್ಲಿ ಹೇಳಿರುವ ನಾಲ್ಕು ಯುಗಗಳಲ್ಲಿ ಕೊನೆಯ ಯುಗ- 4,32,000 ವರ್ಷಗಳ ಇಂದಿನ ಯುಗ | पुराणदल्लि- हेळिरुव नाल्कु- युगगळल्लि कोनय युग – 4,32,000 वर्षगळ इंदिनयुग | Kali age, the fourth age of the universe according to Hindu mythology, the present age. |
| **कलियुगी** | वि. | 1. कलियुग में पैदा होनेवाला या उससे संबंध रखनेवाला; | ಕಲಿಯುಗದಲ್ಲಿ ಹುಟ್ಟಿದ; | कलियुगदल्लि हुट्टिद; | born in or pertaining to Kaliyuga. |
| | | 2. कलियुग की विशेषताओं एवं गुणों से युक्त। | ಕಲಿಯುಗದ ಗುಣಗಳುಳ್ಳ | कलियुगद गुण-गळ्ळळ | possessing the qualities of Kaliyuga, wicked, sinful. |
| **कली** | स्त्री. | 1. फूल का वह आरंभिक अंश या अविकसित रूप जिसमें पंखुड़ियां अभी खिली या खुली न हों; | ಅರಳದ ಹೂ, ಮೊಗ್ಗು; | अरळद हू, मोग्गु; | unblown flower, bud; |
| | | 2. चिड़ियों का नया निकला हुआ पर; | ಹೊಸದಾಗಿ ಹುಟ್ಟಿದ ಪಕ್ಷಿಯ ರೆಕ್ಕೆ; | हॉसदागि हुट्टिद पक्षिय रॅक्कॅ; | new feather of a bird; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. ऐसी किशोरी जिसका यौवन अभी पूर्णतया विकसित न हुआ हो; | ನೆರೆಯುದ ಕನ್ಯೆ; | नॅरॅयद कन्यॅ; | (fig.) maiden, who has yet to attain youth; |
| | | 4. कपड़े का कटा हुआ वह लंबोतरा तिकोना टुकड़ा जो सिले जानेवाले कपड़ों को अधिक खुला तथा विस्तृत बनाने के लिए उसके जोड़ों के साथ टांका जाता है; | ತ್ರಿಕೋಣಾಕಾರ-ವಾಗಿ ಉದ್ದವಾಗಿ ಕತ್ತರಿಸಿದ ಹೊಲೆಯು ಬೇಕಾದ ಬಟ್ಟೆಗೆ ಅಗಲವಾಗುವಂತೆ ಮಾಡಲು ಜೋಡಿಸುವ ಬಟ್ಟೆಯ ತುಂಡು; | त्रिकोणाकारवागि उद्दवागि क़त्तरिसिद हॉलॅय बेकाद बट्टॅगॅ अगल वागुवंतॅ माडलु जोडिसुव बट्टॅय तुंडु; | gusset; |
| | | 5. हुक्के का नीचेवाला भाग जिसमें पानी रहता है। | ಹುಕ್ಕ ಅಥವಾ ಗುಡಗುಡಿಯ ನೀರಿರಿಸುವ ಕುಡಿಕೆ ಅಥವಾ ಪಾತ್ರೆ | हुक्क अथवा गुडगुडिय नीरिरिसुव कुडिकॅ अथवा पात्रॅ | bottom of the hubble bubble where water is put. |
| कलुष | पुं. | 1. मलिन होने की अवस्था या भाव, मलिनता, मैल; | ಕೊಳೆ; | कॉळॅ; | impurity, dirt; |
| | | 2. अपवित्रता; | ಅಪವಿತ್ರತೆ; | अपवित्रतॅ; | unholiness; |
| | | 3. पातक, पाप; | ಪಾಪ; | पाप; | sin; |
| | | 4. कलंक, बदनामी। | ಕಳಂಕ | कळंक | blot, slur. |
| कलुषित | वि. | 1. निंदित, बुरा, खराब; | ನಿಂದನೀಯ, ಕೆಟ್ಟ; | निंदनीय, कॅट्ट | despicable, bad; |
| | | 2. गंदा और मैला; | ಕೊಳೆಯಾಗಿರುವ; | कॉळॅयागिरुव; | dirty; |
| | | 3. अपवित्र। | ಅಪವಿತ್ರವಾದ | अपवित्रवाद | impure. |
| कलूटा | वि. | अत्यन्त काला। | ಬಹಳ ಕರ್ರಗಿರುವ | बहळ कर्रगिरुव | of black complexion blacky. |
| कलेजा | पुं. | 1. प्राणियों का एक भीतरी अवयव जो सीने के अंदर बायीं ओर रहता है और जिसकी क्रिया के फलस्वरूप सारे शरीर में रक्त-संचार होता है, हृदय; | ಹೃದಯ; | हृदय; | heart; |
| | | 2. उक्त अंग का ऊपरी भाग, छाती, वक्षस्थल; | ಎದೆ; | ऍदॅ; | bosom; |
| | | 3. जीवट, साहस। | ಧೈರ್ಯ, ಸಾಹಸ | धैर्य, साहस | courage, spirit. |
| कलेवर | पुं. | 1. किसी भी वस्तु का | ಸಂಪೂರ್ಣ ಆಕಾರ | संपूर्ण आकार | structure; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | सम्पूर्ण आकार, बाहरी या ऊपरी ढांचा; | ಅಥವಾ ರೂಪರೇಖೆ; | अथवा रूपरेखॆ; | |
| | | 2. देह, शरीर। | ಶರೀರ | शरीर | body. |
| कलेवा | पुं. | 1. सवेरे का जलपान;<br>2. मार्ग में खाने के लिए लिया गया भोजन। | ಬೆಳಗಿನ ತಿಂಡಿ;<br>(ದಾರಿಗೆ) ಬುತ್ತಿ | बॆळगिन तिंडि;<br>(दारिगॆ) बुत्ति | breakfast;<br>tiffin. |
| कलौंजी (कलोंजी) | स्त्री. | 1. मंगरैला नाम का पौधा और उसके छोटे-छोटे काले रंग के बीज जो मसाले के काम आते हैं; | ಮಸಾಲೆ ಪುಡಿಗೆ ಉಪಯೋಗಿಸುವ ಮಂಗರವಳ್ಳಿಯ ಬೀಜ; | मसालॆ पुडिगॆ उपयोगिसुव मंगरवळ्ळिय बीज; | nigella; |
| | | 2. समूचे करेले, परवल, बैंगन आदि का वह रूप जो उसके अंदर मिर्च-मसाले भरकर और उन्हें घी आदि में तलने या भूनने पर प्राप्त होता है। | ಹಾಗಲ, ಬದನೆ ಮುಂತಾದವುಗಳಲ್ಲಿ ಮಸಾಲೆ ತುಂಬಿ ತುಪ್ಪ ಅಥವಾ ಎಣ್ಣೆಯಲ್ಲಿ ಹುರಿದು ಮಾಡಿದ ತುಂಬುಗಾಯಿ | हागल, बदनॆ मुंतादवुगळल्लि मसालॆ तुंबि तुप्प अथवा ऎण्णॆयल्लि हुरिदु माडिद तुंबुगायि | a special preparation of cooked vegetables. |
| कल्प | पुं. | हिंदू पंचांग के अनुसार काल या समय का एक बहुत बड़ा विभाग जो एक हजार महायुगों अर्थात् 4 अरब 32 करोड़ वर्षों का कहा गया है। | ಕಲ್ಪ, ಹಿಂದೂ ಪಂಚಾಂಗದ ಅನುಸಾರವಾಗಿ ಬ್ರಹ್ಮನ 1000 ಯುಗಗಳ ಒಂದು ದಿನ, 4,320,000,000 ವರ್ಷಗಳ ಕಾಲಾವಧಿ | कल्प, हिंदू पंचांगद अनुसारवागि ब्राह्मन 1000 युगगळ ऒंदु दिन, अदरॆ 4,320,000,000 वर्षगळ कालावधि | a fabulous period of time, a day of Brahma or 1000 **yugas,** a period of 4,320,000,000 years (measuring the duration of the world). |
| कल्पना | स्त्री. | 1. वह क्रियात्मक मानसिक शक्ति जो अंतःकरण में ऐसी वस्तुओं के स्वरूप उपस्थित करती है जो उस समय इंद्रियों के सम्मुख उपस्थित नहीं होतीं तथा काव्य, चित्रों आदि के रूप में अभिव्यक्त होती है; | ಕಲ್ಪನೆ, ಮನಸ್ಸಿನಲ್ಲಿ ರೂಪುಗೊಳ್ಳುವ ಯಾವುದಾದರೊಂದು ವಿಷಯ, ಇಂದ್ರಿಯಗಳಿಗೆ ಗೋಚರಿಸದ ಅಂತಃಕರಣದಲ್ಲಿ ರೂಪುಗೊಳ್ಳುವಂತಹ (ವಸ್ತು) ರೂಪ; | कल्पनॆ, मनस्सिनल्लि रूपुगॊळ्ळुव यावुदादरॊंदु विषय, इंद्रियगळिगॆ गोचरिसद अंतःकरणदल्लि रूपगॊळ्ळुवंतह (वस्तु) रूप; | imagination; |
| | | 2. मनगढ़ंत बात; | ಊಹೆಯ ಮಾತು; | ऊहॆय मातु; | fabrication; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. गणित में कुछ समय के लिए किसी मात्रा या राशि को वास्तविक मान लेना; | (ಗಣಿತ) ಊಹಿಸಿರುವ ಸಂಖ್ಯೆಯನ್ನು ನಿಜವೆಂದು ಭಾವಿಸಿಕೊಳ್ಳುವುದು; | (गणित) ऊहिसिरुव संख्येयन्नु निजवेंदु भाविसि कॊळ्ळुवुदु; | presumption, supposition; |
| | | 4. किसी वस्तु में अन्य वस्तु का आरोप। | ಒಂದು ವಿಷಯದಲ್ಲಿ ಮತ್ತೊಂದನ್ನು ಆರೋಪಿಸುವಿಕೆ | ऒंदु विषयदल्लि मत्तॊंदन्नु आरोपिसुविकॆ | superimposition. |
| **कल्पनाशील** | वि. | नई-नई बातों, वस्तुओं, घटनाओं आदि की कल्पना करने वाला, नई-नई उद्भावनाएं करनेवाला। | ಕಲ್ಪನಾಶೀಲ, ಹೊಸಹೊಸ ವಿಚಾರಗಳನ್ನು ಊಹಿಸಬಲ್ಲ | कल्पनाशील, हॊस हॊस विचार-गळन्नु ऊहिस बल्ल | imaginative. |
| **कल्पनाशीलता** | स्त्री. | कल्पनाशील होने की अवस्था या भाव। | ಕಲ್ಪನಾಶೀಲತೆ | कल्पनाशीलतॆ | imaginativeness. |
| **कल्पनालोक** | पुं. | काल्पनिक जगत, अवास्तविक जगत। | ಬರೀ ಊಹೆಯಿಂದ ಕಟ್ಟಿದ ಜಗತ್ತು | बरी ऊहॆयिंद कट्टिद जगत्तु | imaginary world. |
| **कल्प-वृक्ष** | पुं. | 1. पुराणानुसार देवलोक का एक अनश्वर वृक्ष जो सभी इच्छाओं को पूर्ण करनेवाला माना जाता है; | ಪುರಾಣದಲ್ಲಿ ಹೇಳಿರುವ ಬೇಡಿದುದನ್ನು ಕೂಡಲೇ ಕೊಡುವ ಒಂದು ದೇವವೃಕ್ಷ | पुराणदल्लि हेळिरुव बेडिदुदन्नु कूडले कॊडुव ऒंदु देववृक्ष | mythological tree of heaven fabled to fulfil all desires; |
| | | 2. (ला.) बहुत बड़ा दानी। | | | (fig.) a generous person. |
| **कल्पित** | वि. | 1. जिसकी कल्पना की गई हो, कल्पनाप्रसूत; | ಊಹಿಸಲ್ಪಟ್ಟ, ಕಲ್ಪನೆಯ; | ऊहिसल्पट्ट, कल्पनॆय; | imaginary; |
| | | 2. मनगढ़ंत; | ಮನದಲ್ಲಿ ಆದ; | मनदल्लि आद; | fabricated; |
| | | 3. बनावटी, नकली, अवास्तविक; | ನಕಲಿ, ನಿಜವಲ್ಲದ; | नकलि, निजवल्लद; | false, unreal; |
| | | 4. (गणित) कुछ समय के लिए या यों ही काम चलाने के लिए सत्य या वास्तविक माना हुआ। | (ಗಣಿತ) ತಾತ್ಕಾಲಿಕವಾಗಿ ಭಾವಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | (गणित) तात्कालिकवागि भाविसल्पट्ट | (maths.)assumed, supposed. |
| **कल्मष** | पुं. | 1. मैल, मल; | ಕೊಳೆ; | कॊळॆ; | dirt; |
| | | 2. दोष, बुराई; | ದೋಷ; | दोष; | fault, defect; |
| | | 3. पाप। | ಪಾಪ | पाप | sin. |
| **कल्याण** | पुं. | 1. समृद्धि तथा भलाई; | ಸಮೃದ್ಧಿ, ಒಳಿತು; | समृद्धि, ऒळितु; | welfare, prosperity; |
| | | 2. मंगल, शुभ। | ಶುಭ, ಮಂಗಳಕರ | शुभ, मंगळकर | weal, good fortune. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **कल्याणकारी** | वि. | 1. मंगलकारी, शुभ;<br>2. समृद्धि और भलाई करनेवाला। | ಶುಭವಾದ;<br>ಒಳಿತನ್ನು ಮಾಡುವ | शुभवाद;<br>ऑळितन्नु माडुव | auspicious;<br>causing prosperity or profit or good fortune, beneficial. |
| **कल्ला** | पुं. | 1. अंकुर;<br>2. जबड़ा;<br>3. लालटेन आदि का वह ऊपरी जालीदार अवयव जिसमें बत्ती जलती है। | ಮೊಳಕೆ;<br>ದವಡೆ;<br>ಲಾಟೀನು ಮುಂತಾದ ದೀಪಗಳಲ್ಲಿ ಬತ್ತಿ ಉರಿಯುವ ಭಾಗ | मॉळकें;<br>दवडॆ;<br>लाटीनु मुंताद दीपगळल्लि बत्ति उरियुव भाग | sprout;<br>jaws or cheeks;<br>burner of a lamp. |
| **कल्लोल** | पुं. | 1. पानी की लहर, तरंग, हिलोर;<br>2. आमोद-प्रमोद, मौज। | ನೀರಿನ ಅಲೆ;<br>ಮನೋರಂಜನೆ | नीरिन अलॆ;<br>मनोरंजनॆ | wave, billow;<br>gambling, recreation. |
| **कवच** | पुं. | 1. ऐसा आवरण जो बाहरी आघात से रक्षा करने के लिए हो;<br>2. योद्धाओं के पहनने का लोहे का आवरण, वर्म;<br>3. लड़ाई के जहाज़ों, गाड़ियों आदि पर रक्षा के लिए लगी हुई लोहे कीं मोटी चादरें। | ಶರೀರ ರಕ್ಷಣೆಗಾಗಿ ಧರಿಸುವ ಕವಚ;<br>ಸೈನಿಕರ ಲೋಹದ ಅಂಗಿ;<br>ಕವಚ | शरीर रक्षणॆगागि धरिसुव कवच;<br>सैनिकर लोहद अंगि;<br>कवच | shell;<br>armour;<br>thick iron sheets put on the warship etc. for defence, armour. |
| **कवयित्री** | स्त्री. | वह स्त्री जो कविता लिखती हो, स्त्री कवि। | ಸ್ತ್ರೀ ಕವಿ | स्त्री कवि | poetess. |
| **कवलित** | वि. | 1. जो खाने या चबाने के लिए मुंह में रख लिया गया हो;<br>2. खाया या निगला हुआ। | ಅಗಿದು ತಿನ್ನಲು ಬಾಯಲ್ಲಿ ಹಾಕಿಕೊಂಡ;<br>ತಿಂದ ಅಥವಾ ನುಂಗಿದ | अगिदु तिन्न्लु बायल्लि हाकिकॉंड;<br>तिंद अथवा नुंगिद | taken in the mouth to eat or to chew;<br>eaten, swallowed. |
| **कवायद** | स्त्री. | सिपाहियों, सैनिकों आदि का वह अभ्यास जो उन्हें व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ने, पीछे हटने, लड़ने आदि के ढंग सिखाने के लिए कराया जाता है। | ಸೈನಿಕರಿಗೆ ಅಭ್ಯಾಸಕ್ಕಾಗಿ ಮಾಡಿಸುವ ವ್ಯಾಯಾಮ, ಡ್ರಿಲ್ಲು | सैनिकरिगॆ अभ्यासक्कागि माडिसुव व्यायाम, ड्रिल्लु | drill, exercise. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **कवि** | पुं. | वह जो कविता या काव्य की रचना करता हो। | ಕವನಮಾಡಬಲ್ಲವ, ಕವಿ | कवन माडबल्लव कवि | poet. |
| **कविकर्म** | पुं. | कविता या काव्य रचने वाले का कार्य, कवि का काव्य रचना संबंधी कार्य। | ಕಾವ್ಯ ರಚನೆಯ ಕೆಲಸ | काव्य रचनॆय कॆलस | the work of a poet, poetic function/ creation. |
| **कविता** | स्त्री. | कवि की लयप्रधान साहित्यिक रचना जो प्रायः छंदों में होती है, काव्य। | ಕವಿತೆ, ಕವನ | कवितॆ, कवन | poetry, poem. |
| **कवित्व** | पुं. | कवि या काव्यरचना का कौशल, गुण या शक्ति। | ಕವನ ಕೌಶಲ್ಯ-ಶಕ್ತಿ | कवन कौशल्य-शक्ति | poetic skill, power or quality. |
| **कविदृष्टि** | स्त्री. | कविता लिखनेवाले की विचारधारा, कवि का दृष्टिकोण। | ಕವಿಯ ವಿಚಾರ-ದರ್ಶನ | कविय विचार-दर्शन | ideology of a poet, poet's viewpoint. |
| **कविराज** | पुं. | 1. कवियों में श्रेष्ठ; | ಕವಿಗಳಲ್ಲಿ ಶ್ರೇಷ್ಠ ; | कविगळल्लि श्रेष्ठ; | great poet, king among the poets; |
| | | 2. चारण या भाट; | ಹೊಗಳುಭಟ; | हॊगळुभट; | bard; |
| | | 3. वैद्यों की एक उपाधि। | ಆಯುರ್ವೇದ ಪಂಡಿತರ ಒಂದು ಉಪಾಧಿ | आयुर्वेद पंडितर ऒंदु उपाधि | a title of physicians. |
| **कविसमय** | पुं. | कवियों में परंपरा से चली आई हुई वर्णनसंबंधी कुछ विशिष्ट परिपाटियां और मान्यताएं। | ಕವಿ ಪರಂಪರೆಗನು-ಸಾರವಾಗಿ ಸಮ್ಮ-ತಿಸಲ್ಪಟ್ಟ ವಿಶಿಷ್ಟ ಪರಿಪಾಟಿಗಳು | कवि परंपरॆगनु-सारवागि सम्मति-सल्पट्ट विशिष्ट परिपाटिगळु | poetic convention. |
| **कवींद्र** | पुं. | सब कवियों में श्रेष्ठ कवि, बहुत बड़ा कवि। | ಶ್ರೇಷ್ಠ ಕವಿ, ದೊಡ್ಡ ಕವಿ | श्रेष्ठ कवि, दॊड्ड कवि | prince among poets. |
| **कव्वाली** | स्त्री. | 1. गाने की एक विशेष पद्धति; | ಸಂಗೀತದ ಒಂದು ರೀತಿ; | संगीतद ऒंदु रीति; | a form of vocal music; |
| | | 2. उक्त पद्धति से गाए जानेवाले गीत। | ಕವ್ವಾಲಿ | कव्वालि | songs sung in the said style. |
| **कश** | पुं. | धूम्रपान में मुंह के अंदर एक बार धुआं खींचने की क्रिया या भाव, फूंक, दम। | ಧೂಮಪಾನದ ಒಂದು ಎಳೆತ ಅಥವಾ ದಮ್ | धूमपानद ऒंदु ऎळॆत अथवा दम् | drawing in of the smoke of tobacco into the mouth, puff. |
| **कशमकश** | स्त्री. | 1. खींचा-तानी; | ಎಳೆದಾಟ; | ऎळॆदाट; | mutual pulling; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. धक्कमधक्का; | ನೂಕು ನುಗ್ಗಲು; | नूकु नुग्गलु; | struggle; |
| | | 3. दुविधा, असमंजस, आगापीछा। | ಸಂದಿಗ್ಧಾವಸ್ಥೆ, ಅಸಮಂಜಸ | संदिग्धावस्थॆ, असमंजस | hitch, doubt. |
| **कशीदा** | पुं. | सूई-धागे से कपड़े पर बेल-बूटे बनाने का काम। | ಕಸೂತಿಯ ಕೆಲಸ | कसूतिय कॆलस | embroidery, ornamental needle work. |
| **कशीदाकारी (कसीदाकारी)** | स्त्री. | सूई-धागे से कपड़े पर फूल या बेल-बूटे बनाने का काम। | ಕಸೂತಿಯ ಕೆಲಸ | कसूतिय कॆलस | embroidery. |
| **कषाय** | वि. | 1. कसैले स्वादवाला; | ಒಗರಾಗಿರುವ; | ऒगरागिरुव; | of astringent flavour or taste; |
| | | 2. गेरू के रंग में रंगा हुआ, गैरिक। | ಕಾವಿಬಣ್ಣದ | काविबण्णद | red, dull red, yellowish red. |
| | पुं. | गेरुआ वस्त्र। | ಕಾವಿಬಣ್ಣದ ಬಟ್ಟೆ | काविबण्णद बट्टॆ | yellowish red cloth. |
| **कष्ट** | पुं. | 1. पीड़ा; | ನೋವು; | नोवु; | pain, suffering; |
| | | 2. दु:ख; | ದುಃಖ; | दु:ख; | distress; |
| | | 3. मुसीबत, आपत्ति; | ವಿಪತ್ತು; | विपत्तु; | trouble; |
| | | 4. श्रम। | ಶ್ರಮ | श्रम | exertion. |
| **कष्टकर** | वि. | 1. पीड़ा देनेवाला, दु:खद; | ನೋವು ಆಗುವಂತಹ; | नोवु आगुवंतह; | causing pain or trouble, painful; |
| | | 2. जिसे करने में कठिनाई हो। | ಮಾಡಲು ಕಠಿಣವಾದ | माडलु कठिणवाद | difficult to accomplish. |
| **कष्टसाध्य** | वि. | जिसका करना कठिन हो, श्रमसाध्य। | ಸುಲಭವಾಗಿ ಮಾಡಲು ಆಗದ, ಶ್ರಮದಿಂದ ಆಗುವ | सुलभवागि माडलु आगद, श्रमदिंद आगुव | to be accomplished with difficulty, painful, toilsome, laborious. |
| **कसक** | स्त्री. | 1. रह-रहकर होनेवाली मानसिक वेदना या कष्ट, टीस; | ಮನೋವೇದನೆ; | मनोवेदनॆ; | aching, sensation, internal pain; |
| | | 2. मन में दबा हुआ ऐसा द्वेष जो रह-रहकर व्यथित करता हो; | ಮನದಲ್ಲಿ ಅಡಗಿದ್ದು ಆಗಾಗ್ಗೆ ದುಃಖವನ್ನುಂಟುಮಾಡುವ; | मनदल्लि अडगिद्दु आगाग्गॆ दु:खवन्नुंटुमाडुव; | old malice; |
| | | 3. मन में दबी हुई अभिलाषा, कामना या वासना; | ಮನಸ್ಸಿನಲ್ಲಿ ಅಡಗಿದ ಅಭಿಲಾಷೆ; | मनस्सिनल्लि अडगिद अभिलाषॆ; | suppressed desire; |
| | | 4. रह-रहकर होनेवाला हलका और मीठा दर्द। | ಮರೆಯದ ಮನೋವ್ಯಥೆ | मरॆयद मनोव्यथॆ | persistent slow pain. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **कसकना** | अ. क्रि. | रह-रहकर कष्ट होना, कसक होना, पीड़ा होना। | ಮನನೋಯು, ಆಗಾಗ್ಗೆ ಮನೋವ್ಯಥೆಯಾಗುತ್ತಿರು | मननोयु, आगाग्गं मनोव्यर्थयागुत्तिरु | to suffer aching sensation, to be painful. |
| **कसना** | स. क्रि. | 1. बंधन को दृढ़ करने के लिए उसकी डोरी को खींचना; | ಬಿಗಿಸು; | बिगिसु; | to tighten; |
| | | 2. बंधन कड़ा करना, दृढ़ता से बांधना; | ಬಿಗಿಸಿಕಟ್ಟು; | बिगिसि कट्टु; | to fasten; |
| | | 3. जकड़कर बैठना या लगाना; | ಗಡುಸಾಗಿ ಬಿಗಿಸು; | गडुसागि बिगिसु; | to press, to fix firmly; |
| | | 4. किसी पात्र में ठूंसकर या दबाकर भरना; | ಅದುಮಿ ತುಂಬುವುದು; | अदुमि, तुंबुवुदु; | to fill up forcefully in a vessel; |
| | | 5. सोने आदि की जांच के लिए उसकी परीक्षा करना; | ಚಿನ್ನವನ್ನು ಪರೀಕ್ಷಿಸಲು ಒರೆ ಹಚ್ಚು; | चिन्नवन्नु परीक्षिसलु ऑरें-हच्चु; | to rub on a touchstone; |
| | | 6. किसी उद्देश्य के लिए किसीको कष्ट देना या पीड़ित करना। | ಒಂದು ಉದ್ದೇಶಕ್ಕಾಗಿ ತೊಂದರೆಗೊಳಿಸು | ऑंदु उद्देशक्कागि तोंदरें-गॉळिसु | to trouble. |
| **कसम** | स्त्री. | शपथ। | ಪ್ರತಿಜ್ಞೆ, ಪಣ | प्रतिज्ञें, पण | oath, swearing. |
| **कसमसाना** | अ.क्रि. | 1. कुलबुलाना, हलकी-सी चेष्टा करना, थोड़ा इधर-उधर हिलना - डुलना ; | ಅಲುಗಾಡು, ಸ್ವಲ್ಪ ಸ್ವಲ್ಪವಾಗಿ ಸರಿ, ಸ್ವಲ್ಪವಾಗಿ ಹೀಗೆ-ಹಾಗೆ ಅಲುಗಾಡು; | अलुगाडु, स्वल्पस्वल्पवागि सरि, स्वल्पवागि हीगें-हागें अलुगाडु; | to shake, to move slightly; |
| | | 2. बेचैन होना; | ಅಶಾಂತವಾಗು; | अशांतवागु; | to fidget; |
| | | 3. कुछ करने के लिए थोड़ा उत्सुक या सक्रिय होना। | ಕೆಲಸ ಮಾಡಲು ಪ್ರಯತ್ನಪಡು | कॆलस माडलु प्रयत्नपडु | to be enthusiastic or active. |
| **कसमसाहट** | स्त्री. | कसमसाने की क्रिया या भाव। | ಕಳವಳಗೊಳ್ಳುವಿಕೆ | कळवळगॉळ्ळुविकें | restlessness. |
| **कसर** | स्त्री. | 1. कमी, न्यूनता; | ಕಡಿಮೆ, ನ್ಯೂನತೆ; | कडिमें, न्यूनतें; | deficiency; |
| | | 2. दोष, विकार; | ದೋಷ, ತಪ್ಪು; | दोष, तप्पु; | defect, flaw; |
| | | 3. थोड़ी हानि, टोटा। | ಅಲ್ಪಹಾನಿ | अल्पहनि | loss. |
| **कसरत** | स्त्री. | 1. व्यायाम; | ವ್ಯಾಯಾಮ; | व्यायाम; | physical exercise; |
| | | 2. परिश्रम, आयास। | ಪರಿಶ್ರಮ | परिश्रम | (fig.) labour, practice. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **कसरती** | वि. | 1. व्यायाम करनेवाला;<br>2. कसरत या व्यायाम से पुष्ट। | ವ್ಯಾಯಾಮ ಮಾಡುವ;<br>ವ್ಯಾಯಾಮದಿಂದ ಪುಷ್ಟವಾದ | व्यायाममाडुव;<br>व्यायामदिंद पुष्टवाद | athlete;<br>athletic. |
| **कसाई** | पुं. | 1. जानवरों को काटकर उसका मांस बेचने का व्यवसाय करनेवाला, बूचड़;<br>2. निर्दयी। | (ಪಶು ಅಥವಾ ದನಗಳ) ಮಾಂಸದ ವ್ಯಾಪಾರಿ, ಕಟುಕ;<br>ದಯೆಯಿಲ್ಲದವ್ಯಕ್ತಿ | (पशु अथवा दनगळ) मांसद व्यापारि, कटुक;<br>दयॆयिल्लद व्यक्ति | butcher;<br>cruel person. |
| | स्त्री. | 1. कसने की क्रिया या भाव;<br>2. कसने का पारिश्रमिक। | ಬಿಗಿಸುವಿಕೆ;<br>ಬಿಗಿಸಿಕಟ್ಟಿದ ಕೂಲಿ | बिगिसुविकॆ;<br>बिगिसि कट्टिद कूलि | the act of tightening, fastening etc.;<br>wages paid for the work of fastening etc. |
| **कसाईखाना** | पुं. | वह स्थान जहां पर मांस विक्रय के उद्देश्य से पशुओं का वध होता है। | ಕಸಾಯಿಖಾನೆ, ಕಟುಕರ ಅಂಗಡಿ | कसायिखानॆ, कटुकर अंगडि | slaughter house. |
| **कसाव** | पुं. | 1. खिचाव, तनाव;<br>2. कसे जाने की क्रिया, भाव या स्थिति। | ಬಿಗಿತ;<br>ಬಿಗಿಸುವಿಕೆ | बिगित;<br>बिगिसुविकॆ | tightness;<br>tightening. |
| **कसावट** | स्त्री. | 1. कसने, कसाने या कसे हुए होने की अवस्था या भाव;<br>2. अच्छी गठन। | ಬಿಗಿಸುವಿಕೆ;<br>ಒಳ್ಳೆಯ ಮೈಕಟ್ಟು | बिगिसुविकॆ;<br>ऑळ्ळॆय मैकट्टु | tightening, tightness;<br>muscularity (of the body etc.). |
| **कसूर** | पुं. | 1. अपराध;<br>2. त्रुटि या भूल;<br>3. दोष। | ಅಪರಾಧ;<br>ತಪ್ಪು;<br>ದೋಷ | अपराध;<br>तप्पु;<br>दोष | guilt;<br>error;<br>fault. |
| **कसूरवार** | वि. | कसूर करनेवाला। | ತಪ್ಪಿತಸ್ಥ | तप्पितस्त | guilty (person). |
| **कसेरा** | पुं. | कांसे के बरतन आदि बनाने और बेचनेवाली एक जाति। | ಕಂಚುಗಾರ, ಪಾತ್ರೆ ಮಾಡುವವ-ಮಾರುವವ | कंचुगार, पात्रॆ माडुवव-मारुवव | vendor of metallic vessels,<br>coppersmith. |
| **कसैला** | वि. | कषाय स्वादवाला। | ಒಗರಾಗಿರುವ (ರುಚಿ) | ऑगरागिरुव (रुचि) | astringent. |
| **कसैलापन** | पुं. | कसैले होने की अवस्था या भाव। | ಒಗರಾಗಿರುವಿಕೆ (ರುಚಿ) | ऑगरागिरुविकॆ (रुचि) | astringency. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **कसौटी** | स्त्री. | 1. एक प्रकार का काला पत्थर जिसपर रगड़कर सोने की परख की जाती है; | ಒರೆಗಲ್ಲು; | ओरॆगल्लु; | touchstone. |
| | | 2. महत्व या मूल्य आंकने का कोई मानक आधार। | ಬೆಲೆಯನ್ನು ನಿರ್ಧರಿಸುವ ಆಧಾರ | बॆलॆयन्नु निर्धरिसुव आधार | criterion. |
| **कस्तूरी** | स्त्री. | एक प्रसिद्ध सुगंधित पदार्थ जो एक विशेष मृग की नाभि के पास की थैली से निकलता है। | ಕಸ್ತೂರಿ | कस्तूरि | musk. |
| **कस्तूरी-मृग** | पुं. | हिमालय के ठंडे पहाड़ी स्थानों में पाया जानेवाला एक प्रकार का बिना सींगोंवाला हिरन जिसकी नाभि के पास की थैली से कस्तूरी निकलती है। | ಕಸ್ತೂರಿ ಮೃಗ | कस्तूरि मृग | the musk deer. |
| **कस्बा** | पुं. | छोटा शहर। | ಚಿಕ್ಕ ಪಟ್ಟಣ | चिक्क पट्टण | small town. |
| **कहकहा** | पुं. | जोर की हंसी, ठहाका। | ಹೊಟ್ಟೆ ಬಿರಿಯುವಂತಹ ಜೋರಾದ ನಗೆ | हॊट्टॆ बिरियुवंतह जोराद नगॆ | boisterous laughter, burst of laughter. |
| **कहना** | स. क्रि. | 1. शब्द द्वारा भाव व्यक्त करना; | ಹೇಳು, ವ್ಯಕ್ತಪಡಿಸು; | हेळु, व्यक्तपडिसु; | to express (in words); |
| | | 2. उच्चारण करना, बोलना; | ಮಾತನಾಡು; | मातनाडु; | to utter, to say, to state, to tell; |
| | | 3. घोषणा करना; | ಕೂಗಿ ಹೇಳು; | कूगि हेळु; | to declare; |
| | | 4. सूचना देना; | ಸೂಚನೆ ಕೊಡು; | सूचनॆ कॊडु; | to inform; |
| | | 5. (नाम-विशेष से) पुकारना; | ಹೆಸರಿಸಿ ಕರೆ; | हॆसरिसि करॆ; | to call, to address; |
| | | 6. समझाना-बुझाना। | ತಿಳಿಸು | तिळिसु | to advise. |
| | पुं. | 1. कथन, बात; | ಹೇಳಿಕೆ, ಮಾತು; | हेळिकॆ, मातु; | saying, utterance; |
| | | 2. आदेश; | ಆದೇಶ, ಆಜ್ಞೆ; | आदेश, आज्ञॆ; | order; |
| | | 3. सलाह; | ಸಲಹೆ; | सलहॆ; | advice; |
| | | 4. अनुरोध, प्रार्थना। | ಪ್ರಾರ್ಥನೆ, ಬೇಡಿಕೆ | प्रार्थनॆ, बेडिकॆ | request. |
| **कहलवाना** | स. क्रि. | दे. 'कहलाना'। | ನೋಡಿ "कहलाना" | नोडि "कहलाना" | see 'कहलाना'. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **कहलाना** | स.क्रि. | 1. कहने का काम किसी दूसरे से कराना; | ಹೇಳಿಸುವುದು; | हेळिसुवुदु; | to cause to say or tell; |
| | | 2. किसी के द्वारा संदेश भेजना। | ಹೇಳಿ ಕಳಿಸುವುದು | हेळि कळिसुवुदु | to send word. |
| | अ. क्रि. | किसी नाम से पुकारा जाना या प्रसिद्ध होना। | ಯಾವುದಾದರೊಂದು ಹೆಸರಿನಿಂದ ಕರೆ ಪ್ರಸಿದ್ಧವಾಗು | यावुदादरोंदु हॆसरिनिंद करॆ प्रसिद्धवागु | to be called. |
| **कहां** | क्रि. वि. | किस स्थान पर, किस स्थिति में, किस अवसर पर। | ಎಲ್ಲಿ, ಯಾವಸ್ಥಿತಿಯಲ್ಲಿ, ಯಾವಾಗ | ऎल्लि, यावस्थितियल्लि, यावाग | where. |
| **कहाकही** | स्त्री. | वाद-विवाद। | ವಾದವಿವಾದ. | वादविवाद | wrangling. |
| **कहाना** | स.क्रि. | दे.'कहलाना'। | ನೋಡಿ "कहलाना" | नोडि "कहलाना" | 'कहलाना' |
| **कहानी** | स्त्री. | 1. मौखिक या लिखित, कल्पित या वास्तविक तथा गद्य या पद्य में लिखी हुई कोई घटना जिसका मुख्य उद्देश्य पाठकों का मनोरंजन करना, उन्हें कोई शिक्षा देना अथवा किसी वस्तुस्थिति से परिचित कराना होता है, छोटी कथा; | ಕಥೆ; | कथॆ; | short story, tale; |
| | | 2. मनगढंत बात। | ಕಲ್ಪನೆಯ ಅಥವಾ ಕಟ್ಟು ಕಥೆ | कल्पनॆय अथवा कट्टु कथॆ | fabricated statement. |
| **कहानीकार** | पुं. | कहानी लिखनेवाला। | ಕತೆಗಾರ | कतॆगार | story-writer. |
| **कहार** | पुं. | एक जाति जो पानी भरने और डोली उठाने का काम करती है। | ನೀರು ಅಥವಾ ಡೋಲಿಗಳನ್ನು ಹೊರುವ ಒಂದು ಜಾತಿ | नीरु अथवा डोलिगळन्नु हॊरुव ऒंदु जाति | a caste of Hindus whose business is to carry palanquin and to draw water etc., palanquin bearer, water-drawer etc. |
| **कहावत** | स्त्री. | ऐसा बंधा हुआ लोकप्रचलित कथन या वाक्य जिसमें कोई तथ्य या अनुभव की बात संक्षेप में चामत्कारिक ढंग से कही गई हो। | ಗಾದೆ | गादॆ | saying, proverb. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **कहा-सुना** | पुं. | अनुचित कथन और व्यवहार। | ಅನುಚಿತವಾದ ಮಾತು,ನಡವಳಿಕೆ, | अनुचितवाद मातु, नडवळिकॆ | improper speech and behaviour. |
| **कहा-सुनी** | स्त्री. | वाद-विवाद | ವಾದ-ವಿವಾದ | वाद-विवाद | dispute, wrangling, altercation, |
| **कहीं.** | क्रि. वि. | 1. किसी जगह, किसी अज्ञात या अनिर्धारित स्थान पर; | ಎಲ್ಲೋ, ಎಲ್ಲಾದರೂ (ಒಂದು ಜಾಗ); | ऍल्लो, ऍल्लादरू (ऒंदु जाग); | anywhere, somewhere; |
| | | 2. किसी अज्ञात परन्तु संभावित अवस्था या दशा में, ऐसा न हो कि; | ಯಾವುದೋ ರೀತಿ ಅಥವಾ ಸ್ಥಿತಿಯಲ್ಲಿ; | यावुदो रीति अथवा स्थितियल्लि; | lest; |
| | | 3. बहुत अधिक (बढ़कर आदि)। | ಸಾಟಿಯಿಲ್ಲದಷ್ಟು (ಬಹಳ ಅಧಿಕ) | साटियिल्लदष्टु (बहळ अधिक) | far, greatly. |
| **कहीं-कहीं** | क्रि. वि. | 1. कुछ स्थानों पर; | ಅಲ್ಲಲ್ಲಿ; | अल्लल्लि; | here and there, in sundry places; |
| | | 2. कुछ अवसरों पर। | ಆಗಾಗ್ಗೆ, | आगाग्गॆ | at times, sometimes, at intervals. |
| **कहीं.-न-कहीं** | क्रि. वि. | किसी न किसी स्थान पर। | ಎಲ್ಲಿಯಾದರೂ | ऍल्लियादरू | somewhere or other. |
| **कांख** | स्त्री. | बाहुमूल के नीचे की ओर का गड्ढा। | ಕಂಕಳು | कंकळु | armpit. |
| **कांच** | पुं. | 1. शीशा; | ಗಾಜು; | गाजु; | glass; |
| | | 2. गुदेंद्रिय के भीतर का भाग, गुदावर्त। | ಮಲ ದ್ವಾರದ ಒಳ ಭಾಗ | मलद्वारद ऒळ भाग | intertinum rectum. |
| **कांचन** | पुं. | 1. सोना; | ಚಿನ್ನ, ಬಂಗಾರ; | चिन्न, बंगार; | gold; |
| | | 2. धन-संपत्ति। | ಐಶ್ವರ್ಯ | ऐश्वर्य | wealth. |
| **कांजी** | स्त्री. | 1. एक प्रकार का खट्टा गाढ़ा रस जो पिसी हुई राई के साथ नमक, जीरा, सौंठ आदि मिलाकर पानी में घोलकर रखने से खमीर उठने पर बनता है; | ನುಣ್ಣಗೆ ತಿರುವಿ ಹುಳಿಯಾಗುವಂತೆ ಇಟ್ಟ ಒಂದು ಬಗೆಯ ಗಂಜಿಯಂತಹ ಪದಾರ್ಥ; | नुण्णगॆ तिरुवि हुळियागुवंतॆ इट्ट ऒंदु बगॆय गंजियंतह पदार्थ; | a kind of sour gruel, or vinegar made by steeping rice or mustard seed, etc. in water and letting the liquor ferment; |
| | | 2. छाछ (मट्ठे या दही का पानी)। | ಹುಳಿ ಮಜ್ಜಿಗೆ | हुळि मज्जिगॆ | butter milk. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| कांजी-हाउस | पुं. | वह सरकारी पशुशाला जिसमें लोगों के छूटे या भटके हुए पशु बंद किए जाते हैं। | ಪೋಲಿ ತೊಂಡು ದನಗಳನ್ನು ಕೂಡುವ ದೊಡ್ಡಿ | पोलि तोंडु दनगळन्नु कूडुव दोड्डि | cattle pound. |
| कांटा | पुं. | 1. कुछ विशिष्ट प्रकार के पेड़-पौधों की डालियों आदि पर निकले हुए सुई की तरह नुकीले और कड़े अंकुर; | ಮುಳ್ಳು; | मुळ्ळु; | thorn; |
| | | 2. जीभ आदि पर निकलनेवाला छोटा नुकीला अंकुर जो फुंसी की तरह कष्टदायक होता है; | ನಾಲಿಗೆಯ ಮೇಲೆ ಆಗುವ ಮುಳ್ಳಿನಂತಹ ಹುಣ್ಣು; | नालिगेय मेले आगुव मुळ्ळिनंतह हुण्णु; | eruption (on the tongue or the body after fever etc.); |
| | | 3. लोहे आदि का पतला, लंबा, नुकीला टुकड़ा, कील; | ನೀಳವಾದ ಮುಳ್ಳಿನಂತಹ ಕಬ್ಬಿಣದ ತುಂಡು ಮೊಳೆ; | नीळवाद मुळ्ळिनंतह कब्बिणद तुंडु मोळे; | nail; |
| | | 4. तराजू; | ತಕ್ಕಡಿ; | तक्कडि; | balance, scale; |
| | | 5. अंकुड़े या अंकुसी की तरह की कोई कड़ी, नुकीली चीज जो आगे की ओर झुकी या मुड़ीहो; | ಚೂಪಾದ ಕೊಕ್ಕೆ; | चूपाद कोक्के; | hook; |
| | | 6. धातु का एक उपकरण जिससे खाने की चीजें उठाकर खाई जाती हैं; | ಮುಳ್ಳು-ಚಮಚ; | मुळ्ळु-चमच; | fork; |
| | | 7. गुणन-चिह्न; | (ಗಣಿತ) ಗುಣಾಕಾರದ ಚಿಹ್ನೆ; | (गणित) गुणाकारद चिह्ने; | (in Arith.) a cross drawn to prove a multiplication sum; |
| | | 8. (ला०) विघ्न। | ವಿಘ್ನ | विघ्न | obstacle. |
| कांटी | स्त्री. | 1. छोटा कांटा; | ಚಿಕ್ಕ ಮುಳ್ಳು; | चिक्क मुळ्ळु; | little thorn; |
| | | 2. छोटी कंटिया, अंकुड़ी; | ಚಿಕ್ಕ ಮೊಳೆ, ಕೊಕ್ಕೆ; | चिक्क मोळे, कोक्के; | a small nail, hook; |
| | | 3. वह छोटी तराजू जिसकी डांडी पर कांटा लगा हो। | ತ್ರಾಸು | त्रासु | small pair of scales etc. |
| कांड | पुं. | 1. किसी वस्तु या कृति का कोई खंड या भाग; | ಒಂದು ವಸ್ತು ಅಥವಾ ಕಾವ್ಯದ ಭಾಗ; | ओंदु वस्तु अथवा काव्यद भाग; | section or part (of a book), division, chapter; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. दर्द, दुर्घटना, अप्रिय या अशुभ घटना। | ದುರ್ಘಟನೆ ಅಥವಾ ಅಪ್ರಿಯವಾದ ಸಂಭವ | दुर्घटनॆ अथवा अप्रियवाद संभव | accident, unpleasant or inauspicious incident. |
| **कांत** | वि. | 1. कोमल और मनोहर;<br>2. प्रिय और रुचिकर। | ಕೋಮಲ ಮನೋಹರ;<br>ಪ್ರಿಯ ಹಾಗೂ ರುಚಿಕರ | कोमल, मनोहर;<br>प्रिय हागू, रुचिकर | soft, lovely;<br>dear, favourite. |
| | पुं. | 1. पति, स्वामी;<br>2. प्रेमी। | ಪತಿ, ಗಂಡ;<br>ಪ್ರಿಯ | पति, गंड;<br>प्रिय | husband;<br>lover. |
| **कांता** | स्त्री. | 1. प्रेमिका;<br>2. पत्नी, भार्या;<br>3. सुन्दर स्त्री। | ಪ್ರಿಯೆ;<br>ಹೆಂಡತಿ, ಪತ್ನಿ;<br>ಸುಂದರಿ | प्रियॆ;<br>हॆंडति, पत्नि;<br>सुंदरि | beloved;<br>wife;<br>lovely woman. |
| **कांति** | स्त्री. | 1. चमक, आभा;<br>2. शोभा, सौंदर्य। | ಹೊಳಪು;<br>ಸೌಂದರ್ಯ | हॊळपु;<br>सौंदर्य | brightness;<br>beauty, loveliness. |
| **कांतिमान्** | वि. | 1. तेजोमय;<br>2. मनोहर, सुंदर;<br>3. भव्य। | ಥಳಥಳಿಸುವ;<br>ಮನೋಹರವಾದ;<br>ಭವ್ಯ | थळथळिसुव;<br>मनोहरवाद;<br>भव्य | bright;<br>lovely;<br>splendid. |
| **कांपना** | अ.क्रि. | 1. शीत आदि के कारण शरीर का रह-रहकर हिलना, थरथराना;<br>2. क्रोध या भय से शरीर का हिलना, थर्राना। | ನಡುಗು (ಚಳಿಯಿಂದ);<br>ಸಿಟ್ಟು, ಇಲ್ಲವೇ ಭಯದಿಂದಾಗುವ ಮೈನಡುಕ | नडुगु (चळियिंद);<br>सिट्टु इल्लवे भयदिंदागुव मैनडुक | to shiver, to tremble (with cold etc.);<br>to shudder (with anger or fear). |
| **कांवर** | स्त्री. | एक विशेष प्रकार की बहँगी जिसमें बांस के टुकड़े के दोनों सिरों पर दो पिटारियां बंधी रहती हैं और जिसमें सामान रखकर कांवारथी तीर्थ-यात्रा करने निकलते हैं। | ಕಾವಡಿ, ಅಡ್ಡೆ | कावडि, अड्डॆ | a bamboo lath with slings at each end (for the conveyance of pitchers, baskets etc.). |
| **कांसा(कांस्य)** | पुं. | एक मिश्र-धातु जो तांबे, जस्ते आदि के योग से बनती है, कसकुट। | ಕಂಚು | कंचु | bronze. |
| **काइयां** | वि. | बहुत बड़ा चालाक या धूर्त। | ಧೂರ್ತ, ಮೋಸಗಾರ | धूर्त, मोसगार | cunning, crafty (person). |
| **काई** | स्त्री. | 1. एक प्रकार की बहुत | ಪಾಚಿ; | पाचि; | moss; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | छोटी वनस्पति जो जल में उगकर कंकड़ों, पत्थरों पर जम जाती है; | | | |
| | | 2. कोई ऐसा मैल जो कहीं अच्छी तरह जम गया हो; | ಚೆನ್ನಾಗಿ ಕಟ್ಟಿದ ಕೊಳೆ; | चेन्नागि कट्टिद कॊळॆ; | green mould on walls etc.; |
| | | 3. मन का कलुष, मलिनता। | ಮನೋಮಾಲಿನ್ಯ | मनोमालिन्य | impurity. |
| काक | पुं. | 1. कौआ नामक प्रसिद्ध पक्षी; | ಕಾಗೆ; | कागॆ; | crow; |
| | | 2. (ला०) ऐसा व्यक्ति जो बहुत चालाक और धूर्त हो। | ಧೂರ್ತ ಅಥವಾ ಮೋಸಗಾರ | धूर्त अथवा मोसगार | cunning fellow. |
| काकतालीय न्याय | पुं. | एक प्रकार का सिद्धान्त-सूचक न्याय या कथन जिसका प्रयोग ऐसे अवसरों पर होता है जब कोई एक बड़ी घटना संयोगवश किसी बहुत बड़ी घटना के साथ या एक ही समय में हो जाती है और दोनों घटनाओं में कार्यकारण सम्बन्ध का धोखा होने की संभावना रहती है। | ಅಕಸ್ಮಾತ್ತಾಗಿ ಕಾರ್ಯಕಾರಣ ಸಂಬಂಧವಿಲ್ಲದೆ ಸಂಭವಿಸುವ ಘಟನೆ-ಇಂತಹ ಸಂದರ್ಭದಲ್ಲಿ ಸಂಭವಿಸಿದ ಘಟನೆ ಮೊದಲೇ ಯೋಚಿಸಿದ್ದಾಗಿರದೆ ತಾನಾಗಿ ದೈವಯೋಗದಿಂದ ನಡೆದು ಹೋಗುತ್ತದೆ | अकस्मात्तागि कार्यकारण संबंधविल्लदॆ संभविसुव घटनॆ-इंतह संदर्भदल्लि संभविसिद घटनॆ मॊदलेयोचिसिद्दागिरदॆ तानागि दैवयोगदिंद नडॆदु होगुत्तदॆ | (anything) taking place quite unexpectedly and accidentally, coincidence. |
| काका | पुं. (स्त्री. काकी) | पिता का छोटा भाई, चाचा। | ತಂದೆಯ ತಮ್ಮ, ಚಿಕ್ಕಪ್ಪ | तंदॆय तम्म, चिक्कप्प | paternal uncle. |
| काकु | पुं. | 1. वह विचित्र या परिवर्तित ध्वनि जो आश्चर्य, क्रोध, भय आदि के कारण मुंह से निकलती है; | ಆಶ್ಚರ್ಯ-ಭಯ-ಸಿಟ್ಟು ಆದಿಗಳಿಂದ ಆಗುವ ಧ್ವನಿ ಪರಿವರ್ತನೆ; | आश्चर्य-भय-सिट्टु आदिगळिंद आगुव ध्वनि परिवर्तनॆ; | a peculiar tone or change of the voice resulting from distress or fear or anger or grief etc.; |
| | | 2. वक्रोक्ति अलंकार का एक भेद जिसमें किसी की काकु उक्ति में कही हुई बात का दूसरे द्वारा अन्य अर्थ कल्पित किया जाता है। | ವಕ್ರೋಕ್ತಿ ಅಲಂಕಾರದ ಒಂದು ಭೇದ (ಕೊಂಕುನುಡಿ) | वक्रोक्ति अलंकारद ऒंदु भेद (कॊंकुनुडि) | a figure of speech, innuendo. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **काग** | पुं. | कौआ। | ಕಾಗೆ | कागॆ | crow. |
| **कागज** | पुं. | 1. सन, बांस, चीथड़े आदि की लुगदी से बनाई हुई वस्तु जो लिखने-छापने आदि के काम आती है; | ಕಾಗದ; | कागद; | paper; |
| | | 2. ऐसा आवश्यक पत्र, लेख्य आदि जिसका कुछ विधिक महत्व हो। | ಲೆಕ್ಕ ಪತ್ರಗಳು | लॆक्क पत्रगळु | document. |
| **कागज-पत्र** | पुं. | 1. लिखे हुए कागज; | ಬರೆದಿರುವ ಹಾಳೆಗಳು; | बरॆदिरुव हाळॆगळु; | written documents; |
| | | 2. प्रामाणिक लेख, दस्तावेज। | ದಸ್ತಾವೇಜು, ಪತ್ರ | दस्तावेजु, पत्र | document, deed. |
| **कागजात** | पुं. | बहुत से कागज-पत्र। | ಕಾಗದ ಪತ್ರಗಳು | कागद पत्रगळु | papers, documents. |
| **कागजी** | वि. | 1. कागज का बना हुआ; | ಕಾಗದದಿಂದಾದ; | कागददिंदाद; | of paper, made of paper; |
| | | 2. कागज पर लिखकर किया जानेवाला; | ಲಿಪಿಬದ್ಧವಾದ | लिपिबद्धवाद; | written (on the paper); |
| | | 3. जिसका छिलका कागज की तरह पतला हो। | ಕಾಗದದಂತೆ ತೆಳು<br>ವಾದ | कागददंतॆ<br>तॆळुवाद | with a thin rind (as fruits etc.). |
| | पुं. | कागज का व्यापारी। | ಕಾಗದದ ವ್ಯಾಪಾರಿ | कागदद व्यापारि | paper merchant. |
| **कागजी नीबू** | पुं. | पतले तथा मुलायम छिलकेवाला एक प्रकार का नीबू। | ತೆಳುವಾದ ಸಿಪ್ಪೆ<br>ಯಿರುವ ನಿಂಬೆ<br>ಹಣ್ಣು | तॆळुवाद सिप्पयिरुव<br>निंबॆ हण्णु | lemon having a thin rind. |
| **कागजी बादाम** | पुं. | एक प्रकार का बादाम जिसका छिलका पतला तथा मुलायम होता है। | ತೆಳುವಾದ ಸಿಪ್ಪೆಯು-<br>ಬಾದಾಮಿಯ<br>ಒಂದು ಜಾತಿ | तॆळुवाद सिप्पॆय<br>बादामिय ऒंदु<br>जाति | almond having a thin rind. |
| **काछ** | स्त्री. | 1. पेड़ू और जांघ तथा उसके नीचे का भाग; | ತೊಡೆಯ ಮೇಲಣ<br>ಭಾಗ-ಸೊಂಟ; | तॊडॆय मेलण<br>भाग-सॊंट; | upper part of the thigh; |
| | | 2. धोती का वह भाग जो सामने से पीछे लाकर कमर में खोंसा जाता है, लांग; | ಪಂಚೆಯ ಕಚ್ಚೆ; | पंचॆय कच्चॆ; | cloth worn round the hips, passing between the legs and tucked in behind; |
| | | 3. नटों की वेशभूषा। | ನಟನ ಉಡುಪು | नटन उडुपु | dress of an actor. |
| **काछना** | स.क्रि. | 1. लांग पीछे ले जाकर खोंसना; | ಕಚ್ಚೆ ಕಟ್ಟಿಕೊಳ್ಳು; | कच्चॆ<br>कट्टिकॊळ्ळु; | to bind or tie up the **Kachha;** |
| | | 2. सँवारना; | ಸರಿಪಡಿಸು; | सरिपडिसु; | to dress up neatly; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. भेस बदलना या भेस धारण करना; | ವೇಷ ಬದಲಾಯಿಸು; | वेष बदलायिसु; | to disguise; |
| | | 4. उंगली या हथेली से कोई तरल पदार्थ समेटकर इकट्ठा करना या उठाना। | ಕೈ ಅಥವಾ ಬೆರಳುಗಳಿಂದ ಸವರಿ (ಬೆಣ್ಣೆ ಆದಿ) ಒಂದುಗೂಡಿಸು | कै अथवा बॆरळुगळिंद सवरि (बॆण्णॆ आदि) ऒंदुगूडिसु | to skim, to gather. |
| काज | पुं. | 1. कार्य; | ಕೆಲಸ; | कॆलस; | work; |
| | | 2. प्रयोजन; | ಪ್ರಯೋಜನ; | प्रयोजन; | purpose, object; |
| | | 3. मंगल या शुभकार्य; | ಶುಭಕಾರ್ಯ; | शुभ कार्य; | an auspicious ceremony, function; |
| | | 4. व्यापार, व्यवसाय; | ವ್ಯಾಪಾರ, ಉದ್ಯೋಗ; | व्यापार, उद्योग; | business, occupation ; |
| | | 5. बटन लगाने के लिए सिले हुए कपड़ों में किए गए छेद। | ಕಾಜಾ | काजा | button-hole. |
| काजल | पुं. | दिए के धुएं की कालिख जो सुरमे की तरह आंख में लगाई जाती है। | (ಕಣ್ಣಿಗೆ ಹಚ್ಚುವ) ಕಪ್ಪು | (कण्णिगॆ हच्चुव) कप्पु | collyrium. |
| काज़ी | पुं. | वह व्यक्ति या अधिकारी जो मुसलमानी धर्म के अनुसार धर्म-अधर्म संबंधी विवादों का निर्णय करता है। | ಇಸ್ಲಾಮ್ ಮತಾನುಸಾರವಾಗಿ ವ್ಯಾಜ್ಯದಲ್ಲಿ ತೀರ್ಪು ಕೊಡುವ ಕಾಜಿ | इस्लाम् मतानुसार-वागि व्याज्य-दल्लि तीर्पु कॊडुव काजि | Muhammedan judge (civil, criminal and eccelesiastic). |
| काजू | पुं. | एक वृक्ष तथा उसके फल जिनकी गिनती सूखे मेवों में होती है तथा जो बादाम की तरह परंतु सफेद रंग का होता है। | ಗೋಡಂಬಿ ಅಥವಾ ಗೋಡಂಬಿಯ ಗಿಡ | गोडंबि अथवा गोडंबिय गिड | cashewnut. |
| काट | स्त्री. | 1. काटने की क्रिया, भाव या ढंग, | ಕತ್ತರಿಸುವಿಕೆ; | कत्तरिसुविकॆ; | act or style of cutting; |
| | | 2. ऐसी क्रिया या योजना जो किसी के आघात, युक्ति आदि को रोकने या खंडित करने के लिए की जाए; | (ಉಪಾಯ-ಮಾತು ಆದಿ) ಖಂಡಿಸುವಿಕೆ; | (उपाय-मातु आदि) खंडिसुविकॆ; | counter, rebuttal; |
| | | 3. कलम या पेंसिल की लकीर से कोई अंक, पद, | ಬರೆದದ್ದನ್ನು ಹೊಡೆದು ಹಾಕುವಿಕೆ | बरॆददन्नु हॊडॆदु हाकुविकॆ | strike off. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लेख आदि काटने की क्रिया या भाव। | | | |
| **काट-छाँट** | स्त्री. | 1. किसी वस्तु को काटकर उसमें से चुन कर अलग कर देने की क्रिया या भाव; | ಕತ್ತರಿಸಿ ಬೇರೆ ಮಾಡುವಿಕೆ; | कत्तरिसि बेरॆ माडुविकॆ; | pruning; |
| | | 2. ऐसी चीज की बनावट या रचना का ढंग जिसमें प्रायः फालतू अंश काट-छांटकर अलग कर दिए जाते हैं तथा आवश्यक अंश बचा लिए जाते हैं; | ಬರವಣಿಗೆಯಲ್ಲಿ ಅನಾವಶ್ಯಕವಾದುದನ್ನು ತೆಗೆದು ಉಪಯೋಗವಾದ ಅಂಶವನ್ನು ಬೇರೆ ಮಾಡುವಿಕೆ; | बरवणिगॆयल्लि अनावश्यकवादुदन्नु तॆगॆदु उपयोगवाद अंशवन्नु बेरॆ माडुविकॆ; | abridgement; |
| | | 3. की जानेवाली कमी-बेशी, घटाव-बढ़ाव। | ಹೆಚ್ಚಿಸುವಿಕೆ ಅಥವಾ ಕಡಿಮೆ ಮಾಡುವಿಕೆ | हॆच्चिसुविकॆ अथवा कडिमॆ माडुविकॆ | additions and alterations. |
| **काटना** | स. क्रि. | 1. शस्त्र आदि की धार धंसाकर किसी वस्तु के दो या अधिक टुकड़े करना; | ಕತ್ತಿ ಆದಿಗಳಿಂದ ಕತ್ತರಿಸಿ ತುಂಡು ಮಾಡು; | कत्ति आदिगळिंद कत्तरिसि तुंडु माडु; | to cut; |
| | | 2. किसी उद्दिष्ट या उपयोगी रूप की दृष्टि से काट-छांट करना; | ಸುಂದರವಾಗುವಂತೆ ಕತ್ತರಿಸು; | सुंदरवागुवंतॆ कत्तरिसु; | to prune; |
| | | 3. कुतरना; | ಕಡಿದು ಚೂರುಮಾಡು; | कडिदु चूरुमाडु; | to gnaw; |
| | | 4. दांत गड़ाकर घाव कर देना; | ಹಲ್ಲಿನಿಂದ ಕಚ್ಚಿ ಗಾಯಮಾಡು; | हल्लिनिंद कच्चि गायमाडु; | to bite; |
| | | 5. डंक मारना; | ಕುಟುಕು; | कुटुकु; | to sting; |
| | | 6. सामने पड़नेवाले अवरोध को दूर करना, हटाना; | ಅಡ್ಡಿ ಆತಂಕಗಳನ್ನು ದೂರಮಾಡು; | अड्डि आतंकगळन्नु दूरमाडु; | to ward off; |
| | | 7. किसी नाम, पद, लेख, अंक आदि का अस्तित्व समाप्त करने के लिए उस पर कलम से लकीर खींचना; | ಹೊಡೆದು ಹಾಕು; | हॊडॆदु हाकु; | to strike off; |
| | | 8. कोई अंग या अंश अलग करना या निकालना; | (ಶರೀರದ) ಅಂಗ ಅಥವಾ ಅಂಶವನ್ನು ಕತ್ತರಿಸು; | (शरीरद) अंग अथवा अंशवन्नु कत्तरिसु; | to amputate; |
| | | 9. अप्रिय होने के कारण कष्टदायक प्रतीत होना; | ನೋಯು; | नोयु; | to pinch; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 10. दूर करना; | ದೂರ ಮಾಡು; | दूर माडु; | to remove; |
| | | 11. गुण, प्रभाव आदि समाप्त करना; | ಕೊನೆಗಾಣಿಸು; | कॊनॆगाणिसु; | to put an end to; |
| | | 12. रास्ता पार करना; | ದಾರಿ ಹಾಯು; | दारिहायु; | to cross (road); |
| | | 13. बिताना; | (ದಿನಆದಿ) ಕಳೆಯು; | (दिन आदि) कळॆयु; | to pass, to spend; |
| | | 14. एक रेखा पर दूसरी रेखा इस प्रकार फेरना कि मिलन-बिन्दु पर कोण बन जाएं; | (ರೇಖಾ ಗಣಿತ) ರೇಖೆಯನ್ನು ಕತ್ತರಿಸುವಂತೆ ಮತ್ತೊಂದು ರೇಖೆ ಎಳೆ; | (रेखगणित) रेखॆयन्नु कत्तरिसुवंतॆ मत्तॊंदु रेखॆ ऎळॆ; | to dissect; |
| | | 15. खंडन करना, अमान्य ठहराना; | ಖಂಡಿಸು; | खंडिसु; | to refute; |
| | | 16. किसी छोटी संख्या से किसी ऐसी बड़ी संख्या को भाग देना कि शेष कुछ न बचे। | ಶೇಷ ಉಳಿಯದಂತೆ ಚಿಕ್ಕ ಸಂಖ್ಯೆಯಿಂದ ದೊಡ್ಡ ಅಂಕೆಯನ್ನು ಭಾಗಿಸು | शेष उळियदंतॆ चिक्क संख्यॆयिंद दॊड्ड अंकॆयन्नु भागिसु | to divide a number leaving no remainder. |
| **काठ** | पुं. | 1. लकड़ी; | ಮರ; | मर; | timber, wood; |
| | | 2. ईंधन, जलाने की लकड़ी। | (ಒಲೆಯುರಿಸುವ) ಕಟ್ಟಿಗೆ; | (ऒलॆयुरिसुव) कट्टिगॆ; | firewood. |
| | वि. | जो सूखकर काठ की तरह कठोर या निश्चेष्ट हो गया हो। | ಒಣಗಿ ಕಟ್ಟಿಗೆಯಂತೆ ಚೈತನ್ಯವಿಲ್ಲದಂತಿರುವ | ऒणगि कट्टिगॆयंतॆ चैतन्यविल्लदंतिरुव | wooden, feelingless. |
| **काठी** | स्त्री. | 1. घोड़े आदि की पीठ पर कसने की जीन जिसमें नीचे काठ लगा होता है; | ಕುದುರೆಯ ಜೀನಿಗೆ ಹಾಕಿದ ಹಲಗೆ; | कुदुरॆय जीनिगॆ हाकिद हलगॆ; | saddle frame; |
| | | 2. देह की गठन। | ಶರೀರದ ಕಟ್ಟು | शरीरद कट्टु | build of body. |
| **काढ़ना** | स. क्रि. | 1. किसी वस्तु के भीतर से कोई चीज़ बाहर निकालना; | ಹೊರಗೆ ತೆಗೆ; | हॊरगॆ तॆगॆ; | to draw forth; |
| | | 2. आवरण हटाकर किसी वस्तु को प्रत्यक्ष करना; | ಹೊರಪಡಿಸು; | हॊरपडिसु; | to take out; |
| | | 3. पत्थर या कपड़े आदि पर बेल-बूटे बनाना; | ಕಸೂತಿ ಕೆಲಸ ಮಾಡು; | कसूति कॆलस माडु; | to embroider; |
| | | 4. घी, तेल आदि में तलना। | ತುಪ್ಪ, ಎಣ್ಣೆಯಲ್ಲಿ ಕರಿ | तुप्प एॆण्णयल्लि करि | to fry (in fat etc.). |
| **काढ़ा** | पुं. | औषधियों को उबालकर उतारा हुआ अर्क, क्वाथ। | ಕಷಾಯ | कषाय | decoction. |
| **कातना** | स.क्रि. | रुई, ऊन, रेशम आदि | ಹತ್ತಿ, ಉಣ್ಣೆ, | हत्ति, उण्णॆ, | to spin (cotton, |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | बटकर तागा बनाना। | ರೇಶ್ಮೆ ನೂಲುತೆಗೆ, ನೂಲು | रेश्मं नूलुतंगं, नूलु | wool or silk thread). |
| **कातर** | वि. | 1. व्याकुल, दु:खी;<br>2. डरा हुआ, भयभीत;<br>3. डरपोक, भीरु। | ದುಃಖಗೊಂಡ;<br>ಹೆದರಿದ;<br>ಅಂಜುಬುರುಕನಾದ | दु:खगांड;<br>हंदरिद;<br>अंजुबुरुकनाद | perturbed;<br>frightened;<br>coward. |
| **कातरता** | स्त्री. | 1. व्याकुलता, बेचैनी;<br>2. डरपोकपन, भीरुता। | ವ್ಯಾಕುಲತೆ, ಮಾನಸಿಕ ಅಶಾಂತಿ;<br>ಅಂಜುಬುರುಕತನ | व्याकुलतं, मानसिक अशांति;<br>अंजुबुरुकतन | perturbation, restlessness;<br>cowardice, timidity. |
| **कातिक (कार्तिक)** | पुं. | वह महीना जो क्वार के बाद पड़ता है। | ಕಾರ್ತಿಕ ಮಾಸ | कार्तिक मास | the eighth month of the Indian calendar. |
| **कातिल** | पुं. | कत्ल करनेवाला, हत्यारा। | ಕೊಲೆಗಾರ | कॉलंगार | murderer. |
| **कादंबिनी** | स्त्री. | बादलों की घटा, मेघमाला। | ಮೇಘ ಮಾಲೆ, ಮೋಡಗಳು | मेघमालं, मोडगळु | long line or bank of clouds. |
| **कान** | पुं. | 1. वह इंद्रिय जिससे शब्द का ज्ञान होता है, कर्ण;<br>2. श्रवणशक्ति। | ಕಿವಿ;<br>ಕೇಳುವ ಶಕ್ತಿ | किवि;<br>केळुव शक्ति | ear;<br>faculty of hearing. |
| **कानन** | पुं. | जंगल। | ಕಾಡು | काडु | forest. |
| **काना (स्त्री. कानी)** | वि. | 1. जिसकी एक आंख खराब या विकृत हो या किसी प्रकार फूट गई हो;<br>2. वे फल आदि जिनका कुछ भाग कीड़ों ने खा लिया हो। | ಒಕ್ಕಣ್ಣ;<br>ಹುಳು ತಿಂದು ಉಳಿದ ಹಣ್ಣು ಹಂಪಲು ಆದಿ | आंक्कण्ण;<br>हुळु तिंदु उळिद हण्णु हंपलु आदि | one-eyed (person);<br>(fruit) a part of which has been eaten away by insects. |
| **काना-फूसी** | स्त्री. | वह बात जो कान के पास धीरे से कही जाए। | ಪಿಸುಮಾತು | पिसुमातु | whisper. |
| **कानून** | पुं. | 1. राज्यनियम, विधि;<br>2. विधि-विधान;<br>3. निश्चित नियम;<br>4. किसी वर्ग या समाज में प्रचलित सर्वमान्य नियम और रूढ़ियां। | ಸರಕಾರದ ನಿಯಮ;<br>ವಿಧಿ-ನಿಯಮ;<br>ನಿಶ್ಚಯಿಸಿರುವ ಕಟ್ಟಳೆ;<br>ನಡೆದು ಬಂದ ರೂಢಿ ಅಥವಾ ಪರಿಪಾಟಿ | सरकारद नियम;<br>विधि-नियम;<br>निश्चयिसिरुव कट्टळं;<br>नडंदु बंद रूढि अथवा परिपाटि | rule, law;<br>method and manner;<br>set (prescribed) rules;<br>customs. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **कानूनगो** | पुं. | माल विभाग का एक कर्मचारी जो पटवारियों की जांच करता है। | ಜಮೀನಿನ ಲೆಕ್ಕ ಪತ್ರಗಳನ್ನಿಡುವ ಅಧಿಕಾರಿ | जमीनिन लॅक्क पत्रगळन्निडुव अधिकारि | land record officer. |
| **कानूनन** | क्रि. वि. | विधि के अनुसार। | ನಿಯಮಾನುಸಾರ-ವಾಗಿ.ಕಾಯಿದೆಯಂತೆ | नियमानुसारवागि, कायिदॅयंतॅ | by law, according to law, legally. |
| **कानूनी** | वि. | 1. कानून संबंधी, कानून का, विधिक; | ಕಾಯಿದೆ ಕಾನೂನಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ; | कायिदॅ कानूनिगॅ संबंधिसिद; | pertaining to law, legal, according to law; |
| | | 2. व्यर्थ के कारण निकालकर झगड़ा या हुज्जत करनेवाला (व्यक्ति)। | ನ್ಯಾಯವಿಲ್ಲದೆ ಕಾಲು ಕೆರೆದು ಜಗ-ಳಕ್ಕೆ ನಿಲ್ಲುವ(ವ್ಯಕ್ತಿ) | न्यायविल्लदॅ कालु कॅरॅदु जगळक्कॅ निल्लुव (व्यक्ति) | pugnacious. |
| **कापी** | स्त्री. | 1. प्रतिलिपि, नकल; | ನಕಲು; | नकलु; | duplicate, copy; |
| | | 2. लिखने की कोरे कागजों की पुस्तक; | ನೋಟುಪುಸ್ತಕ; | नोटु पुस्तक; | exercise book; |
| | | 3. प्रति। | ಪ್ರತಿ | प्रति | copy. |
| **कापुरुष** | पुं. | 1. कायर या भीरु पुरुष; | ಹೇಡಿ; | हेडि; | coward; |
| | | 2. नीच या तुच्छ व्यक्ति। | ನೀಚ ಮನುಷ್ಯ | नीच मनुष्य | mean fellow. |
| **काफिर** | पुं. | मुसलमानों के अनुसार उनसे भिन्न धर्म को माननेवाला। | ಇಸ್ಲಾಂ ಮತಾನು-ಯಾಯಿಯಲ್ಲದ ಬೇರೆ ಮತದವ | इस्लां मतानुयायि-यल्लद बेरॅ मतदव | disbeliever in Mohammedanism, pagan. |
| | वि. | 1. ईश्वर को न माननेवाला, नास्तिक; | ದೇವರನ್ನು ನಂಬದ, ನಾಸ್ತಿಕ; | देवरन्नु नबद, नास्तिक; | one who denies the existence of God, atheist; |
| | | 2. अत्याचार, अनर्थ या उपद्रव करनेवाला। | ಅತ್ಯಾಚಾರಿ | अत्याचारि | cruel, merciless. |
| **काफिला** | पुं. | यात्रियों का दल। | ಪ್ರಯಾಣಿಕರ ಗುಂಪು | प्रयाणिकर गुंपु | caravan. |
| **काफी** | वि., स्त्री. | 1. पर्याप्त, यथेष्ट; | ಸಾಕಾಗುವಷ್ಟು; | साकागुवष्टु; | enough, sufficient; |
| | | 2. एक प्रकार का पेय, कहवा। | ಕಾಫಿ | काफि | coffee. |
| **काफूर** | वि. | गायब या समाप्त हो गया हो। | ಮಾಯವಾದ | मायवाद | vanished, disappeared. |
| | पुं. | कपूर। | ಕರ್ಪೂರ | कर्पूर | camphor. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **काबला** | पुं. | एक बड़ा पेच जिसके ऊपर ढिबरी या बोल्ट कसा जाता है। | ತಿರುಪು, ಬೋಲ್ಟು | तिरुपु, बोल्टु | bolt. |
| **क़ाबिल** | वि. | 1. योग्य; | ಸಮರ್ಥ, ಯೋಗ್ಯ; | समर्थ, योग्य; | able, capable, competent; |
| | | 2. जो किसी विषय का अच्छा ज्ञाता या विशेषज्ञ हो, विद्वान। | ನಿಪುಣ, ದಕ್ಷ | निपुण, दक्ष | expert. |
| **क़ाबलियत** | स्त्री. | 1. योग्यता; | ಯೋಗ್ಯತೆ, ದಕ್ಷತೆ; | योग्यतॆ, दक्षतॆ; | ability, competence; |
| | | 2. पांडित्य, विद्वता। | ಪಾಂಡಿತ್ಯ | पांडित्य | scholarship, learning. |
| **क़ाबू** | पुं. | अधिकार, वश। | ವಶ,ಅಧಿಕಾರ | वश, अधिकार | control, hold. |
| **काम** | पुं. | 1. इंद्रियों की अपने विषयों के भोग की ओर होनेवाली प्रवृत्ति, जो चार पुरुषार्थों में से एक है; | ಇಂದ್ರಿಯ ವಿಕಾರ, ಪುರುಷಾರ್ಥಗಳಲ್ಲಿ ಒಂದು; | इंद्रिय विकार, पुरुषार्थगळल्लि ऒंदु; | love or desire of enjoyment considered as one of the ends of life; |
| | | 2. इच्छा, अभिलाषा, कामना; | ಇಚ್ಛೆ, ಬಯಕೆ; | इच्छॆ, बयकॆ; | desire, wish; |
| | | 3. मैथुन या सहवास की इच्छा या प्रवृत्ति; | ಸಂಭೋಗಾಭಿಲಾಷೆ; | संभोगाभिलाषॆ; | lust, passion; |
| | | 4. कामदेव; | ಮನ್ಮಥ; | मन्मथ; | Cupid; |
| | | 5. कार्य, कृत्य; | ಕೆಲಸ; | कॆलस; | task, work, action; |
| | | 6. जीविका, निर्वाह के लिए किया जानेवाला धंधा, व्यापार, नौकरी आदि का कार्य; | ಜೀವನಕ್ಕಾಗಿ ಮಾಡುವ ಉದ್ಯೋಗ; | जीवनक्कागि-माडुव उद्योग; | occupation, business, employment; |
| | | 7. किसी कृति या रचना में दिखाई पड़नेवाला कर्ता का कौशल आदि; | ಕಾಣ ಬರುವ ಕಾರ್ಯ ಕೌಶಲ್ಯ; | काण बरुव कार्य कौशल्य; | skill; |
| | | 8. उपभोग, प्रयोग, व्यवहार; | ಉಪಯೋಗ, ಪ್ರಯೋಗ; | उपयोग, प्रयोग; | use; |
| | | 9. वास्ता, मतलब, सरोकार; | ಸಂಬಂಧ; | संबंध; | concern; |
| | | 10. उद्देश्य, अभिप्राय। | ಅಭಿಪ್ರಾಯ, ಉದ್ದೇಶ್ಯ | अभिप्राय, उद्देश्य | aim, purpose. |
| **कामकला** | स्त्री. | 1. मैथुन, रति; | ಸಂಭೋಗ, ಸ್ತ್ರೀಸಂಗ; | संभोग, स्त्रीसंग; | cohabitation, art |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | of love, enjoyment of love, sexual passion; |
| | | 2. कामदेव की पत्नी, रति। | ಮನ್ಮಥನ ಹೆಂಡತಿ ರತಿ | मन्मथन हॆंडति रति | name of the wife of Cupid. |
| **कामकाज** | पुं. | 1. काम-धंधा; 2. व्यापार। | ಕೆಲಸ ಕಾರ್ಯಗಳು; ಉದ್ಯಮ, ವ್ಯಾಪಾರ | कॆलस कार्यगळु; उद्यम, व्यापार | work, affair; business. |
| **कामकाजी** | वि. | काम-धंधे में लगा रहनेवाला। | ಉದ್ಯೋಗ ವ್ಯಾಪಾರಗಳುಳ್ಳ | उद्योग व्यापार-गळुळ्ळ | industrious, busy, active. |
| **कामगार** | पुं. | मजदूर। | ಕೂಲಿಗಾರ | कूलिगार | labourer. |
| **कामचलाऊ** | वि. | जिससे किसी प्रकार का काम निकल सके। | ಕಾರ್ಯಸಾಧ್ಯ, ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ಬರುವ | कार्यसाध्य, कॆलसक्कॆ बरुव | workable, serviceable. |
| **कामचोर** | वि. पुं. | अपने कर्त्तव्य या काम से जी चुरानेवाला। | ಮೈಗಳ್ಳ | मैगळ्ळ | lazy, shirker, truant. |
| **कामदानी** | स्त्री. | 1. बेल-बूटा जो बादले के तार या सलमे-सितारे से बनाया जाए; 2. वह कपड़ा जिस पर उक्त प्रकार का बेल-बूटा बनाया गया हो। | ಚಿನ್ನ ಅಥವಾ ಬೆಳ್ಳಿಯ ಜರಿನಕ್ಕಿಯ ಕಸೂತಿ ಕೆಲಸ; ಇಂತಹ ಕಸೂತಿ ಮಾಡಿದ ಬಟ್ಟೆ | चिन्न अथवा बॆळ्ळिय जरि-नक्किय कसूति कॆलस; इंतह कसूति माडिद बट्टॆ | embroidery done with gold and silver thread; cloth on which such embroidery is done. |
| **कामदार** | वि. | 1. जिस पर कलाबत्तू आदि के बेल-बूटे बने हों; 2. प्रधान कर्मचारी, प्रबंधकर्ता। | ಕಲಾಬತ್ತಿನ ಕೆಲಸ ಮಾಡಿದ; ವ್ಯವಸ್ಥಾಪಕ | कलाबत्तिन कॆलस-माडिद; व्यवस्थापक | embroidered; manager, agent. |
| **कामदेव** | पुं. | स्त्री-पुरुष के संयोग की प्रेरणा करनेवाला देवता, कामवासना का अधिष्ठाता देवता। | ಸಂಭೋಗಾಭಿಲಾಷೆಯನ್ನು ಹೆಚ್ಚಿಸುವ ಮನ್ಮಥನೆಂಬ ಪ್ರೇಮ ದೇವತೆ | संभोगाभिलाषॆ-यन्नु हॆच्चिसुव मन्मथनॆंब प्रेम देवतॆ | god of love, Cupid of the Hindu mythology. |
| **कामधेनु** | स्त्री. | पुराणानुसार एक गाय जो सब प्रकार की कामनाएं पूरी करनेवाली मानी गई है, सुरभि। | ಎಲ್ಲ ಇಷ್ಟಾರ್ಥಗಳನ್ನು ಈಡೇರಿಸುವ ಕಾಮಧೇನು | ऎल्ल इष्टार्थ-गळन्नु ईडेरिसुव कामधेनु | a heavenly cow yielding all desires. |
| **कामना** | स्त्री. | अभीष्ट, हार्दिक इच्छा। | ಇಚ್ಛೆ, ಬಯಕೆ | इच्छॆ, बयकॆ | desire, wish. |
| **कामयाब** | वि. | जिसे सफलता प्राप्त हुई हो, सफल। | ಸಫಲತೆ ಪಡೆದ | सफलतॆ पडॆद | successful. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **कामयाबी** | स्त्री. | सफलता। | ಸಫಲತೆ | सफलतॆ | success. |
| **कामांध** | वि. | जिसे काम वासना की प्रबलता में भले-बुरे का ज्ञान न हो, कामवासना के कारण विवेकरहित, परम कामातुर। | ಬಲವಾದ ಸಂಭೋಗೇಚ್ಛೆಯಿಂದ ವಿವೇಚನೆ ಮಾಡಲಾರದ ಕುರುಡ | बलवाद संभोगेच्छॆयिंद विवेचनॆ माडलारद कुरुड | blinded by love or passion. |
| **कामाग्नि** | स्त्री. | उत्कट या तीव्र कामवासना, प्रबल संभोगेच्छा। | ಶರೀರವನ್ನೇ ಸುಡುವಂತಹ ಸಂಭೋಗಾಭಿಲಾಷೆ | शरीरवन्ने सुडुवंतह संभोगाभिलाषॆ | fire of love, passion, lust. |
| **कामातुर** | वि. | जो कामवासना के कारण बहुत विकल हो रहा हो। | ಕಾಮಾತುರ | कामातुर | love-sick, passionate. |
| **कामिनी** | स्त्री. | वह सुंदरी जिसकी कामना की जाए या की जा सके। | ಸೌಂದರ್ಯವತಿ, ಚೆಲುವೆ | सौंदर्यवति, चॆलुवॆ | lovely and beautiful woman. |
| **कामी** | वि. | 1. कामना रखनेवाला, इच्छुक;<br>2. विषयी, कामवासनारत। | ಅಭಿಲಾಷೆಯುಳ್ಳ;<br>ಕಾಮವಾಸನೆಗೊಳಗಾದ | अभिलाषॆयुळ्ळ;<br>कामवासनॆगॊळगाद | desirous;<br>libidinous. |
| **कामुक** | वि. | विषयी, कामी। | ಕಾಮೇಚ್ಛೆಯುಳ್ಳ | कामेच्छॆयुळ्ळ | libidinous, passionate. |
| **कामुकता** | स्त्री. | कामुक होने की अवस्था या भाव, कामासक्ति, कामवासनायुक्त होना। | ಕಾಮವಾಸನೆ | कामवासनॆ | libidinousness, lewdness. |
| **कामोद्दीपक** | वि. | कामवासना को उत्तेजित करनेवाला या बढानेवाला। | ಕಾಮೇಚ್ಛೆಯನ್ನು ಉದ್ರೇಕಗೊಳಿಸುವ | कामेच्छॆयन्नु उद्रेकगॊळिसुव | passion-arousing, exciting. |
| **काम्य** | वि. | 1. जिसकी इच्छा की गई हो, कामना किए जाने के योग्य ;<br>2. कमनीय, प्रिय, सुंदर। | ಇಚ್ಛಿಸಿದ, ಅಭಿಲಾಷೆಪಟ್ಟ;<br>ಸುಂದರವಾದ, ಪ್ರಿಯ | इच्छिसिद, अभिलाषॆपट्ट;<br>सुंदरवाद, प्रिय | to be desired.<br>beautiful, handsome. |
| **काय** | पुं. | शरीर, देह। | ಶರೀರ, ದೇಹ | शरीर, देह | body. |
| **कायदा** | पुं. | 1. कोई कार्य करने का व्यवस्थित ढंग, प्रकार, सलीका;<br>2. किसी विषय में परम्परा से चली आई हुई प्रथा;<br>3. आचरण आदि के लिए | ಕೆಲಸ ಮಾಡುವ ನಿಯಮಿತ ರೀತಿ, ಕ್ರಮ;<br>ಪರಂಪರೆಯಿಂದ ಬಂದ ಪದ್ಧತಿ;<br>ಆಚರಣೆಗಾಗಿ | कॆलस माडुव नियमित रीति, क्रम;<br>परंपरॆयिंद बंद पद्धति;<br>आचरणॆगागि | method, mode, manner;<br>custom, practice;<br>rule, law; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | निश्चित किए गए विधान, नियम, विधि; | ನಿಯಮಿಸಿದ ವಿಧಾನ, ನೇಮ; | नियमिसिद विधान, नेम; | |
| | | 4. पढ़ने-लिखने के क्षेत्र में किसी विषय की आरंभिक या पहली पुस्तक। | ಓದು ಕಲಿಸಲು ನೇಮಿಸಿದ ಮೊದಲ ಪುಸ್ತಕ | ओदु कलिसलु नेमिसिद मॉदल पुस्तक | first reading book, primer. |
| **कायम** | वि. | 1. निर्मित, प्रचलित या स्थापित किया हुआ; | ಸ್ಥಾಪಿಸಿದ, ಸ್ಥಿರೀಕರಿಸಿದ; | स्थापिसिद, स्थिरीकरिसिद; | established; |
| | | 2. किसी नियत स्थान पर ठहरा हुआ, स्थिर; | ಒಂದು ಜಾಗದಲ್ಲಿ ಸ್ಥಿರವಾಗಿ ನಿಂತ; | ऑंदु जागदल्लि स्थिरवागि निंत; | stopped, stable, stationary; |
| | | 3. पक्का, दृढ़; | ಗಟ್ಟಿಯಾದ; | गट्टियाद; | firm; |
| | | 4. निर्धारित या निश्चित। | ನಿಶ್ಚಿತವಾದ | निश्चितवाद | fixed. |
| **कायर** | वि. | 1. डरपोक; | ಅಂಜುಬುರುಕ; | अंजुबुरुक; | timid (person), coward; |
| | | 2. उत्साह, बल या साहस से रहित। | ನಿರುತ್ಸಾಹಿ, ಶಕ್ತಿ ಸಾಹಸಗಳಿಲ್ಲದ | निरुत्साहि, शक्ति साहसगळिल्लद | disheartened, discouraged. |
| **कायरता** | स्त्री. | 1. डरपोकपन; | ಅಂಜುಬುರುಕತನ; | अंजुबुरुकतन; | cowardice, timidity; |
| | | 2. साहसहीनता। | ಸಾಹಸವಿಲ್ಲದಿರುವಿಕೆ | साहसविल्ल-दिरुविके | lack of adventure. |
| **कायल** | वि. | जो किसी के तर्क या विचार को ठीक समझकर मान ले। | ಒಬ್ಬರ ವಿಚಾರವನ್ನು ಸರಿಯೆಂದು ಒಪ್ಪಿಕೊಂಡ | ऑब्बर विचारवन्नु सरियॆंदु ऑप्पिकॉंड | person convinced by argument. |
| **काया** | स्त्री. | 1. शरीर, देह; | ಶರೀರ; | शरीर; | body; |
| | | 2. किसी वस्तु का बाहरी रूप या ढांचा। | ಮೇಲ್ಮೈ, ರೂಪರೇಖೆ | मेल्मै, रूपरेखॆ | structure. |
| **कायाकल्प** | पुं. | औषध के प्रभाव से वृद्ध शरीर को पुनः तरुण और सबल करने की क्रिया या चिकित्सा। | ಮುದುಕರನ್ನು ಯುವಕರನ್ನಾಗಿ ಮಾಡುವ ಚಿಕಿತ್ಸಾ ವಿಧಾನ | मुदुकरन्नु युवकरन्नागि माडुव चिकित्सा विधान | process or treatment of restoring youth by means of certain medicines etc., rejuvenation, total transformation. |
| **कायापलट** | पुं. | 1. बहुत बड़ा परिवर्तन या रूपांतरण; | ಬಹಳ ದೊಡ್ಡ ಬದಲಾವಣೆ | बहळ दॊड्ड बदलावणॆ; | complete change, total change; |
| | | 2. एक शरीर या रूप का दूसरे शरीर या रूप में परिवर्तित हो जाना, दूसरा रूप या शरीर | ಶರೀರ ಅಥವಾ ರೂಪವನ್ನು ಸಂಪೂರ್ಣವಾಗಿ ಗುರುತಿಸಲಾಗದಂತೆ ಬದಲಾಯಿಸುವಿಕೆ | शरीर अथवा रूपवन्नु संपूर्णवागि गुरुतिसलागदंतॆ बदलायिसुविकॆ | change of body, metamorphosis. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | धारण करना। | | | |
| **कायिक** | वि. | 1. काया में होनेवाला या उससे संबद्ध, शारीरिक; | ಶರೀರಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ; | शरीरक्के संबंधिसिद; | **relating to the body, bodily;** |
| | | 2. शरीर द्वारा किया जाने या होनेवाला। | ಶರೀರದಿಂದ ಆಗುವ ಅಥವಾ ಮಾಡಲ್ಪಡುವ | शरीरदिंद आगुव अथवा माडल्पडुव | **physical.** |
| **कारक** | पुं. | (व्या.) संज्ञा या सर्वनाम शब्द की वह स्थिति जिसके द्वारा किसी वाक्य में उसका क्रिया के साथ संबंध प्रकट होता है। | (ವ್ಯಾಕರಣ) ವಾಕ್ಯದಲ್ಲಿ ಕ್ರಿಯಾಪದಕ್ಕೆ ಅನ್ವಯಿಸುವಂತೆ ನಾಮಪದ ಅಥವಾ ಸರ್ವನಾಮಕ್ಕೆ ಹತ್ತುವ ಪ್ರತ್ಯಯ | (व्या.) वाक्यदल्लि क्रियापदक्के अन्वयिसुवंते नामपद अथवा सर्वनामक्के हत्तुव प्रत्यय | **(gram.) case.** |
| **कारखाना** | पुं. | वह स्थान जहां यंत्रों आदि की सहायता से किसी वस्तु का अधिक परिमाण में उत्पादन किया जाता है। | ಕಾರ್ಖಾನೆ | कार्खाने | **factory, workshop, mill.** |
| **कारगर** | वि. | असर करनेवाला, अपना गुण, प्रभाव या फल दिखानेवाला। | ಕ್ರಿಯಾಶೀಲ, ಪರಿಣಾಮಕಾರಿ, ಪ್ರಭಾವಶಾಲಿ | क्रियाशील, परिणामकारि, प्रभावशालि | **effective, active (as a medicine).** |
| **कारगुज़ार** | वि. | हर काम अच्छी तरह पूरा कर दिखानेवाला। | ಉತ್ತಮ ರೀತಿಯಲ್ಲಿ ಕೆಲಸ ಮಾಡುವ | उत्तम रीतियल्लि केलस माडुव | **skilful in business, expert.** |
| **कारगुज़ारी** | स्त्री. | 1. अच्छी तरह और ध्यान देकर कोई कठिन काम पूरा करने की स्थिति, कर्मठता, कर्मण्यता; | ಕರ್ತವ್ಯನಿಷ್ಠತೆ, ಕರ್ಮಶ್ರದ್ಧೆ; | कर्तव्यनिष्ठते, कर्मश्रद्धे; | **diligence, industriousness;** |
| | | 2. उक्त प्रकार से किया हुआ कोई कठिन या बड़ा काम; | ಶ್ರದ್ಧೆ ಹಾಗೂ ನಿಷ್ಠೆಯಿಂದ ನಿರ್ವಹಿಸಿದ ಕೆಲಸ | श्रद्धे हागू निष्ठेयिंद निर्वहिसिद केलस | **achievement;** |
| | | 3. कार्यपटुता। | ಕಾರ್ಯದಕ್ಷತೆ | कार्यदक्षते | **efficiency.** |
| **कारण** | पुं. | 1. हेतु, उद्देश्य, प्रयोजन; | ಕಾರಣ; | कारण | **reason, motive, factor;** |
| | | 2. ऐसी घटना या परिस्थिति जो कोई प्रभाव या फल उत्पन्न करे, वजह; | ಫಲ ಪ್ರಾಪ್ತಿಗೆ ಮೂಲವಾದ ಆಧಾರ; | फल प्राप्तिगे मूलवाद आधार; | **cause;** |
| | | 3. आदि, मूल। | ಮೂಲ, ಆಧಾರ | मूल, आधार | **origin.** |
| **कारतूस** | पुं. | बंदूक, रिवाल्वर आदि में रखकर चलाई जानेवाली | ಬಂದೂಕು ಅಥವಾ ರಿವಾಲ್ವರ್‌ಗೆ | बंदूकु अथवा रिवालवर्गे | **cartridge.** |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | धातु, दफ्ती आदि की बनी हुई खोली जिसमें धातु की गोली और बारूद भरा होता है। | ಉಪಯೋ- ಗಿಸುವ ಮದ್ದಿನ ಗುಂಡು | उपयोगिसुव मद्दिन गुंडु | |
| कारनामा | पुं. | 1. किसी के किए हुए महान कार्यों का विवरण; | ಕಾರ್ಯ ವಿವರಣೆ; | कार्य विवरणॆ; | memoirs; |
| | | 2. किया हुआ कोई अच्छा और महान कार्य। | ಮಾಡಿದ ಭಾರಿ ಕೆಲಸ | माडिद भारि कॆलस | laudable deed. |
| कारवां | पुं. | यात्रियों का दल, काफिला। | ಯಾತ್ರಿಗಳ ಗುಂಪು | यात्रिगळ गुंपु | caravan. |
| कारस्तानी | स्त्री. | 1. किसी को हानि पहुंचाने के उद्देश्य से गुप्त रूप से की हुई कोई युक्ति, कारसाजी, चालबाजी; | ಹಾನಿಯನ್ನುಂಟು ಮಾಡಲು ಮಾಡುವ ಪಿತೂರಿ ಅಥವಾ ಒಳಸಂಚು; | हानियन्नुंटुमाडलु माडुव पितूरि अथवा ऒळसंचु; | trickery, craftiness; |
| | | 2. अनुचित काम। | ಅಯೋಗ್ಯವಾದ ಕೆಲಸ | अयोग्यवाद कॆलस | improper act. |
| कारागार | पुं. | जेलखाना, बंदीगृह। | ಬಂದಿಖಾನೆ | बंदिखानॆ | jail, prison. |
| कारावास | पुं. | बंदीगृह में रहने का दंड। | ಜೈಲುವಾಸ | जैलुवास | imprisonment. |
| कारीगर | पुं. | हाथ या छोटे-मोटे उपकरणों से सुंदर वस्तुओं की रचना करनेवाला, शिल्पकार। | ಕುಶಲ ಶಿಲ್ಪಿ, ಹಸ್ತ ಕೌಶಲ್ಯವುಳ್ಳವ, ಸುಂದರ ವಸ್ತುಗಳನ್ನು ನಿರ್ಮಿಸಬಲ್ಲ ವ್ಯಕ್ತಿ | कुशल शिल्पि, हस्तकौशल्य-वुळ्ळव, सुंदर वस्तुगळन्नु निर्मिसबल्ल व्यक्ति | artisan, craftsman. |
| कारीगरी | स्त्री. | 1. हाथ या छोटे-मोटे उपकरणों से सुंदर कृतियां तैयार करने की कला, कारीगर का हुनर; | ಕಾರ್ಯ ಕುಶಲತೆ, ಹಸ್ತಕೌಶಲ್ಯ; | कार्य कुशलतॆ, हस्तकौशल्य; | workmanship; |
| | | 2. उत्तम प्रकार से तैयार की हुई कलापूर्ण कृति या वस्तु; | ಒಳ್ಳೆಯ ಕಲಾ ಪೂರ್ಣವಾದ ಕೃತಿ; | ऒळ्ळॆय कला-पूर्णवाद कृति; | superior or artistic work ; |
| | | 3. कारीगर होने की अवस्था या भाव। | ಕುಶಲ ಶಿಲ್ಪಿ | कुशल शिल्पि | craftsmanship, skill. |
| कारुणिक | वि. | 1. (व्यक्ति) जिसमें करुणा हो; | ಕರುಣಾಳು; | करुणाळु; | inspiring kindness; |
| | | 2. जिसे देखकर मन में करुणा उत्पन्न होती है। | ಕರುಣೆಯನ್ನುಂಟು- ಮಾಡುವ | करुणॆयन्नुंटु माडुव | pathetic. |
| कारुण्य | पुं. | करुण होने की अवस्था या भाव, करुणा। | ಕರುಣೆ, ದಯೆ | करुणॆ, दयॆ | kindness, pity. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **कारोबार (कारबार)** | पु. | व्यवसाय। | ಉದ್ಯೋಗ | उद्योग | business. |
| **कारोबारी (कारबारी)** | वि. | कारबार संबंधी। | ಉದ್ಯೋಗಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | उद्योगक्कें संबंधिसिद; | pertaining to business; |
| | पु. | 1. कारबार या व्यवसाय करनेवाला, व्यवसायी;<br>2. कारिंदा। | ಉದ್ಯೋಗ ಮಾಡುವವ;<br>ಏಜೆಂಟು | उद्योग माड्डुवव<br>एंजंटु | businessman;<br>agent. |
| **कार्तिक** | पु. | चांद्र संवत् का आठवां और सौर संवत् का सातवां महीना जो क्वार के बाद और अगहन से पहले पड़ता है। | ಕಾರ್ತಿಕ ಮಾಸ | कार्तिक मास | eighth lunar month of the Hindu calendar. |
| **कार्मिक** | पु. | कर्म या कार्य करनेवाला व्यक्ति। | ಕೆಲಸಗಾರ | कॆलसगार | personnel. |
| **कार्य** | पु. | 1. वह जो कुछ किया जाए या किया गया हो;<br>2. कर्तव्य;<br>3. व्यवसाय;<br>4. नौकरी, सेवा;<br>5. परिणाम, फल। | ಕೆಲಸ;<br>ಕರ್ತವ್ಯ;<br>ಉದ್ಯೋಗ;<br>ನೌಕರಿ;<br>ಪರಿಣಾಮ, ಫಲ | कॆलस;<br>कर्तव्य;<br>उद्योग;<br>नौकरि;<br>परिणाम, फल | work;<br>duty;<br>business;<br>service;<br>effect, result. |
| **कार्यकर्ता** | पु. | 1. काम करनेवाला व्यक्ति;<br>2. कर्मचारी। | ಕೆಲಸ ಮಾಡುವವ;<br>ನೌಕರ | कॆलस माड्डुवव;<br>नौकर | worker;<br>employee. |
| **कार्यकारण भाव** | पु. | वह भाव या संबंध जो कारण का कार्य से और कार्य का कारण से होता है। | ಪ್ರಯತ್ನ ಮತ್ತು ಫಲಗಳಿಗೆ ಇರುವ ಸಂಬಂಧ | प्रयत्न मत्तु फलगळिगॆ इरुव संबंध | relation of cause and effect. |
| **कार्यकारिणी** | स्त्री. | किसी संस्था आदि का कार्य चलानेवाली समिति। | ಸಂಘ ಸಂಸ್ಥೆಗಳ ಕಾರ್ಯ ನಿರ್ವಾಹಕ ಸಮಿತಿ | संघ संस्थॆगळ कार्यनिर्वाहक समिति | executive committee. |
| **कार्यकारी** | वि. | विशेषरूप से कोई काम करनेवाला, कार्य निष्पादन करनेवाला, कार्यपालक। | ವಿಶೇಷ ಕೆಲಸ ಮಾಡುವ, ಕಾರ್ಯನಿರ್ವಾಹಕ | विशेष कॆलस माड्डुव, कार्यनिर्वाहक | executive. |
| **कार्यकाल** | पु. | किसी अधिकारी के किसी पद पर कार्य करने की नियत अवधि, पदावधि। | ಅಧಿಕಾರಾವಧಿ, ನಿಯಮಿಸಲ್ಪಟ್ಟ ಕಾರ್ಯಾವಧಿ | अधिकारावधि, नियमिसल्पट्ट कार्यावधि | term (of office), tenure (of the post) |
| **कार्यकुशल** | वि. | किसी कार्य को करने में | ಕಾರ್ಯದಕ್ಷ | कार्यदक्ष | skilful in work, |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | दक्ष। | | | efficient. |
| **कार्यक्रम** | पुं. | 1. किसी समारोह आदि की कार्यवाहियों की पहले से तैयार की हुई क्रम-सूची; | ಕಾರ್ಯಗಳ ಕ್ರಮವನ್ನು ಸೂಚಿಸುವ ಪಟ್ಟಿ; | कार्यगळ क्रमवन्नु सूचिसुव पट्टि; | agenda; |
| | | 2. उक्त सूची के अनुसार होनेवाला कोई कार्य; | ನಿರ್ದಿಷ್ಟ ಕ್ರಮದಂತೆ ನಡೆವ ಕೆಲಸ; | निर्दिष्ट क्रमदंतॆ नडॆव कॆलस; | item of programme; |
| | | 3. मनोरंजन आदि के लिए होनेवाला कोई कार्य। | ಮನರಂಜನೆಗಾಗಿ ಏರ್ಪಡಿಸಿದ ಕಾರ್ಯಕ್ರಮ | मनरंजनॆगागि एर्पडिसिद कार्यक्रम | programme. |
| **कार्यक्षम** | वि. | जो कोई कार्य करने के लिए योग्य तथा समर्थ हो। | ಕೆಲಸ ಕಾರ್ಯಗಳಲ್ಲಿ ದಕ್ಷ ಅಥವಾ ಸಮರ್ಥ | कॆलस कार्यगळल्लि दक्ष अथवा समर्थ | fit for work, competent. |
| **कार्यक्षमता** | स्त्री. | किसी कार्य को करने की सामर्थ्य और योग्यता। | ಕಾರ್ಯದಕ್ಷತೆ | कार्यदक्षतॆ | competency, ability. |
| **कार्य-दिवस** | पुं. | काम करने का दिन। | ಕೆಲಸದ ದಿನಗಳು | कॆलसद दिनगळु | working day. |
| **कार्यपालक** | वि. | दे. कार्यकारी। | ನೋಡಿ "कार्यकारी" | नोडि – "कार्यकारी" | see 'कार्यकारी' |
| **कार्यपालिका** | स्त्री. | शासन का वह विभाग जो संसद द्वारा पारित विधियों को कार्यरूप में परिणत करता तथा उनका निष्पादन करता हो। | ಕಾರ್ಯ ನಿರ್ವಾಹಕ ವಿಭಾಗ | कार्य निर्वाहक विभाग | executive. |
| **कार्यप्रणाली** | स्त्री. | किसी कार्य को करने का स्वीकृत ढंग। | ಕೆಲಸವನ್ನು ಮಾಡಲು ಸಮ್ಮತಿಸಲ್ಪಟ್ಟ ರೀತಿ | कॆलसवन्नु माडलु सम्मति-सल्पट्ट रीति | modus operandi, procedure. |
| **कार्यभार** | पुं. | किसी कार्य या पद का उत्तरदायित्व। | ಕೆಲಸ ಅಥವಾ ಅಧಿಕಾರದ ಜವಾಬ್ದಾರಿ | कॆलस अथवा अधिकारद जबाब्दरि | charge (of work or office). |
| **कार्यभारी** | वि. | वह व्यक्ति जिसने अपने ऊपर किसी कार्य, पद आदि के निर्वाह का पूरा दायित्व ले रखा हो, प्रभारी, भारसाधक। | ಯಾವುದೇ ಕೆಲಸ ಅಥವಾ ಅಧಿಕಾರದ ಜವಾಬ್ದಾರಿಯನ್ನು ಹೊತ್ತ ಅಧಿಕಾರಿ | यावुदे कॆलस अथवा अधिकारद जवाब्दारियन्नु हॊत्त अधिकारि | incharge. |
| **कार्यवाही (कार्रवाई)** | स्त्री. | 1. किसी कार्य के संपादन के समय होनेवाली या की जानेवाली आवश्यक क्रियाएं; | ಯಾವುದೇ ಕೆಲಸವನ್ನು ನಿರ್ವಹಿಸುವಾಗ ಮಾಡಲ್ಪಡುವ ಅಗತ್ಯವಾದ ಕೆಲಸಗಳು; | यावुदे कॆलसवन्नु निर्वहिसुवाग माडल्पडुव अगत्यवाद कॆलसगळु; | action; |
| | | 2. किसी सभा, संस्था आदि की उक्त प्रकार की | ಕಾರ್ಯಕಲಾಪಗಳ ಬರೆದಿಟ್ಟ ವಿವರಣೆ | कार्यकलापगळ बरॆदिट्ट विवरणॆ | proceedings. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | क्रियाओं का अभिलेख या वर्णन, कार्यवृत्त। | | | |
| **कार्यविधि** | स्त्री. | किसी काम को करने का तरीका, कार्यपद्धति, प्रक्रिया। | ಕೆಲಸ ಮಾಡುವ ರೀತಿ, ಕಾರ್ಯ ಪದ್ಧತಿ | कॆलस माडुव रीति कार्यपद्धति | working method, procedure. |
| **कार्य-विवरण** | पुं. | सभा, समिति आदि में जो कार्य हो चुके हों उनका लेखा या विवरण, कार्यवृत्त। | ಕಾರ್ಯ ವಿವರಣೆ | कार्य विवरणॆ | proceedings, minutes. |
| **कार्यवृत्त** | पुं. | देखिए 'कार्यविवरण'। | ನೋಡಿ "कार्यविवरण" | नोडि – "कार्य विवरण" | see 'कार्यविवरण'. |
| **कार्य-समिति** | स्त्री. | 1. किसी कार्य-विशेष के निर्वाह या संचालन के लिए बनी हुई समिति; 2. किसी संस्था या सभा की प्रबंधकारिणी समिति। | ಕೆಲಸವನ್ನು ನಡೆಸಲು ಚುನಾಯಿಸಿ ಏರ್ಪಡಿಸಿದ ಸಮಿತಿ; ಸಂಸ್ಥೆ ಅಥವಾ ಸಂಘವನ್ನು ನಡೆಸಿಕೊಂಡು ಹೋಗಲು ಏರ್ಪಟ್ಟ ಕಮಿಟಿ | कॆलसवन्नु नडॆसलु चुनायिसि एर्पडिसिद समिति; संस्थॆ अथवा संघवन्नु नडॆसिकॊंडु होगलु एर्पट्ट कमिटि | (special) committee; working committee. |
| **कार्य-सूची** | स्त्री. | किसी कार्य को व्यवस्थित ढंग से करने के लिए उसके सब अंगों-उपांगों की क्रम से बनाई हुई सूची जिसके अनुसार काम किया जाता हो। | ಒಂದಾದ ಮೇಲೆ ಒಂದರಂತೆ ಕ್ರಮವಾಗಿ ನಡೆಸಲು ತಯಾರಿಸಿದ ಕಾರ್ಯಸೂಚಿ, ಅಜೆಂಡ | ऒंदाद मेलॆ ऒंदरंतॆ क्रमवागि नडॆसलु तयारिसिद कार्य सूचि, अजॆंड | agenda. |
| **कार्य-स्थगन प्रस्ताव** | पुं. | किसी महत्वपूर्ण प्रश्न पर विचार करने के लिए विधान-सभा में रखा जानेवाला वह प्रस्ताव, जिसमें सदस्यों से प्रार्थना की जाती है कि अन्य कार्य छोड़कर पहले इसी आवश्यक विषय पर विचार किया जाए। | ನಿಗದಿಯಾದ ಇತರ ವಿಷಯಗಳನ್ನು ಬಿಟ್ಟು ಅತ್ಯಾವಶ್ಯಕವಾದ ವಿಷಯವನ್ನು ಮೊದಲು ಚರ್ಚಿಸಲು ಸಭೆಯ ಮುಂದಿರಿಸುವ ಪ್ರಸ್ತಾವನೆ, ನಿಲುವಳಿ ಸೂಚನೆ | निगदियाद इतर विषयगळन्नु बिट्टु अत्यावश्यकवाद विषयवन्नु मॊदलु चर्चिसलु सभॆय मुंदिरिसुव प्रस्तावनॆ, निलुवळि सूचनॆ | adjournment motion. |
| **कार्यांग** | पुं. | दे 'कार्यपालिका'। | ನೋಡಿ "कार्यपालिका" | नोडि "कार्यपालिका" | see 'कार्यपालिका' |
| **कार्यान्वित** | वि. | कार्यरूप में या व्यवहार में लाया हुआ, कार्यरूप में परिणत। | ಕಾರ್ಯಗತವಾದ | कार्यगतवाद | executed, implemented. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **कार्यालय** | पुं. | वह स्थान या भवन जहां कार्य-विशेष के निर्वाह के लिए कुछ लोग नियमित रूप से काम करते हों, दफ्तर। | ಕಚೇರಿ, ಆಫೀಸು, ಕಾರ್ಯಾಲಯ | कचेरि, आफीसु, कार्यालय | office. |
| **काल** | पुं. | 1. दो क्रियाओं, घटनाओं आदि के बीच का अवकाश जिसकी गणना वर्ष, मास, दिन, रात, घड़ी, पल आदि के रूप में की जाती है, समय; | ಸಮಯಾವಧಿ; | समयावधि; | time; |
| | | 2. काल की कोई निश्चित अवधि, मान या बिन्दु; | ನಿಯಮಿತ ಸಮಯ; | नियमित समय; | period; |
| | | 3. उपयुक्त अवसर या निश्चित समय; | ಅನುಕೂಲವಾದ ಸಮಯ; | अनुकूलवाद समय; | appropriate occasion, fixed time; |
| | | 4. समय का प्रवाह; | ಸಮಯದ ಗತಿ; | समयद गति; | flow of time; |
| | | 5. विनाश का समय; | ಕೊನೆಗಾಲ; | कोनेगाल; | time of destruction; |
| | | 6. मौत, मृत्यु; | ಸಾವು; | सावु; | death; |
| | | 7. यमराज; | ಯಮ; | यम; | Yama, the god of death; |
| | | 8. (व्या.) क्रियाओं से सूचित वह तत्व जिससे किसी घटना या बात के घटित होने के समय का ज्ञान होता है। | (ವ್ಯಾಕರಣ) ವರ್ತಮಾನ-ಭೂತ-ಭವಿಷ್ಯತ್ ಕಾಲಗಳು | (व्याकरण) वर्तमान-भूत-भविष्यत् कालगळु | (gram.) tense. |
| **काल-कवलित** | वि. | जो काल का ग्रास बना हो, मृत। | ಸತ್ತು ಹೋದ, ಮರಣ ಹೊಂದಿದ | सत्तु होद, मरण होंदिद | dead, overtaken by death. |
| **कालकूट** | पुं. | 1. अत्यंत भंयकर विष; | ಭಯಂಕರ ವಿಷ; | भयंकर विष; | deadly poison; |
| | | 2. समुद्रमंथन के समय निकला हुआ परम भीषण विष जिसका शिवजी ने पान किया था; | ಸಮುದ್ರ ಮಥನ ವಾದಾಗ ಹುಟ್ಟಿದ ಮತ್ತು ಶಿವನಿಂದ ಕುಡಿಯಲ್ಪಟ್ಟ ವಿಷ; | समुद्र मथनवादाग हुट्टिद मत्तु शिवनिंद कुडियल्पट्ट विष; | a poison produced at the churning of the ocean.; |
| | | 3. एक भीषण वानस्पतिक विष, काल, बछनाग। | ವತ್ಸನಾಭಿ ಎಂಬ ಭಯಂಕರ ವಿಷ ಮೂಲಿಕೆ | वत्सनाभि एंब भयंकर विष मूलिके | vegetable poison which is called aconitum ferox. |
| **काल-कोठरी** | स्त्री. | 1. जेलखाने की वह बहुत छोटी और अंधेरी कोठरी जिसमें भीषण अपराध करनेवाले कैदी रखे जाते हैं; | ಕತ್ತಲಾದ ಸಣ್ಣ ಬಂದಿಖಾನೆಯ ಕೊಠಡಿ; | कत्तलाद सण्ण बंदिखानेय कोठडि; | dark dungeon in a prison wherein criminals are shut up, solitary cell; |

केंद्रीय हिंदी निदेशालय मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) भारत सरकार की ओर से भेंट

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. बहुत ही अंधेरी और तंग जगह। | ಬಹಳ ಕತ್ತಲಾದ ಮತ್ತು ಇಕ್ಕಟ್ಟಾದ ಸ್ಥಳ | बहळ कत्तलाद मत्तु इक्कट्टाद स्थळ | a black hole. |
| **काल-क्रम** | पुं. | कार्यों, घटनाओं, तथ्यों आदि का वह क्रम जो उनके क्रम से घटित होने के विचार से लगाया जाता है, घटनाओं आदि के घटने का समयानुसार क्रम। | ಕಾರ್ಯ, ಘಟನೆ ಆದಿಗಳು, ಒಂದಾದ ನಂತರ ಒಂದರಂತೆ ಕ್ರಮವಾಗಿ ಸಂಭವಿಸುವ ವೇಳೆಗಳ ಕ್ರಮ | कार्य, घटनॆ आदिगळु ऑंदाद नंतर ऑंदरंतॆ क्रमवागि संभविसुव वेळॆगळ क्रम | chronology. |
| **काल-चक्र** | पुं. | समय का बराबर पलटते या बदलते रहना जो एक पहिये के घूमने के समान माना गया है, समय का फेर। | (ಗಾಡಿಯ ಚಕ್ರದಂತೆ) ಸಮಯದ ಹೊರಳುವಿಕೆ | (गाडिय चक्रदंतॆ) समयद हॊरळुविकॆ | wheel of time (time being represented as a wheel always moving). |
| **काल-दोष** | पुं. | किसी तथ्य, घटना आदि का अपने वास्तविक या ठीक समय के बहुत पहले अथवा पीछे होना बतलाया जाना, कालक्रम में कुछ भूल होना। | ಕಾಲದೋಷ | कालदोष | anachronism. |
| **कालयापन** | पुं. | समय का काटना या बिताना। | ಕಾಲ ಕಳೆಯುವಿಕೆ | काल कळॆयुविकॆ | allowing time to pass. |
| **काल-रात्रि** | स्त्री. | 1. बहुत अंधेरी और भयावनी रात;<br>2. प्रलय की रात जिसमें सारी सृष्टि नष्ट हो जाती है;<br>3. मृत्यु की रात। | ಕಗ್ಗತ್ತಲೆಯ ಭಯಂಕರ ರಾತ್ರಿ;<br>ಪ್ರಳಯ ರಾತ್ರಿ;<br>ಮರಣ ಸಂಭವಿಸುವ ರಾತ್ರಿ | कग्गत्तलॆय भयंकर रात्रि;<br>प्रळय रात्रि;<br>मरण संभविसुव रात्रि | fearful night;<br>night of annihilation;<br>when the death is due, night of death. |
| **कालांतर** | पुं. | उल्लिखित समय से भिन्न या बाद का समय। | ಬೇರೆ ಸಮಯ | बेरॆ समय | different time. |
| **काला** | वि. | 1. जो काजल या धुएं के रंग का हो, कृष्ण, श्याम;<br>2. जिसमें प्रकाश न हो, प्रकाश-रहित, अंधकारपूर्ण;<br>3. जिसके मन में कपट हो;<br>4. अस्वच्छ, मलिन;<br>5. अनुचित, बुरा;<br>6. कलंकित, लांछित; | ಕಪ್ಪು ಬಣ್ಣದ;<br>ಕಗ್ಗತ್ತಲಾದ;<br>ಕಪಟಿ;<br>ಮಲಿನವಾದ;<br>ಸರಿಯಲ್ಲದ;<br>ದೋಷವುಳ್ಳ; | कप्पु बण्णद;<br>कग्गत्तलाद;<br>कपटि;<br>मलिनवाद;<br>सरियल्लद;<br>दोषवुळ्ळ; | black;<br>dark;<br>wicked (person);<br>unclean, stained;<br>improper, bad;<br>disgraced, blemished |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 7. अनर्थकारी, भीषण, विकट। | ಭಯಂಕರವಾದ | भयंकरवाद | terrible. |
| **काला-कलूटा** | वि. | बहुत ही काला और कुरूप। | ಕರಿಯ ಮತ್ತು ಕುರೂಪಿ | करिय मत्तु कुरूपि | jet-black and ugly. |
| **कालातिक्रमण** | | 1. समय का बीतना;<br>2. नियत समय का बीतना;<br>3. विलम्ब। | ಕಾಲ ಮೀರುವಿಕೆ;<br>ನಿಯಮಿತ ವೇಳೆಯ ತಪ್ಪಿ ಹೋಗುವಿಕೆ;<br>ವಿಳಂಬ | काल मीरुविकॆ;<br>नियमित वेळॆय तप्पि होगुविकॆ;<br>विळंब | lapse of time;<br>lapse of fixed (proper) time;<br>delay. |
| **कालातीत** | वि. | 1. जिसका निर्धारित समय बीत गया हो, कालबाधित<br>2. जो काल से परे हो। | ನಿಯಮಿತ ಸಮಯ ಮೀರಿದ;<br>ಕಾಲಗತಿಗೊಳಗಾಗದ | नियमित समय मीरिद;<br>कालगतिगॊळगागद | time barred;<br>not bound by time. |
| **काला धन** | पुं. | वास्तविक आय का वह अंश जो सरकारी करों आदि से बचने के लिए छिपा लिया जाए। | ಸರಕಾರದ ತೆರಿಗೆಗಳಿಗೆ ಒಳಗಾಗದಂತೆ ಮರೆಯಲ್ಲಿಟ್ಟ ಲಾಭದ ಹಣದ ಭಾಗ, ಕರಿಹಣ | सरकारद तॆरिगॆ-गळिगॆ ऒळ-गागदंतॆ मरॆ-यल्लिट्ट लाभद हणद भाग, करिहण | black money. |
| **काला नमक** | पुं. | हर्र, बहेड़े, सज्जी आदि के योग से बना हुआ एक प्रकार का पाचक लवण जो काले रंग का होता है। | ಅಳಲೆ ಮುಂತಾದವುಗಳನ್ನು ಬೆರೆಸಿ ತಯಾರಿಸಿದ ಜೀರ್ಣಕಾರಿ ಲವಣ | अळलॆ मुंतादवुगळन्नु बॆरॆसि तयारिसिद जीर्णकारि लवण | a kind of rock salt. |
| **काला पानी** | पुं. | देशनिकाले या द्वीपान्तर वास का दंड। | ದ್ವೀಪಾಂತರ-ದಲ್ಲಿರಿಸುವ ದಂಡನೆ | द्वीपांतरदल्लि-रिसुव दंडनॆ | transportation for life. |
| **कालावधि** | स्त्री. | कोई काम करने या होने के लिए निश्चित किया गया समय, अवधि। | ಯಾವುದಾದರೂ ಒಂದು ಕೆಲಸಕ್ಕಾಗಿ ನಿಶ್ಚಯಿಸಿದ ಸಮಯ | यावुदादरू ऒंदु कॆलसक्कागि निश्चयिसिद समय | defined period of time, period. |
| **कालिंदी** | स्त्री. | यमुना नदी जो कालिंदी पर्वत से निकली है। | ಕಾಳಿಂದಿ ಬೆಟ್ಟದಿಂದ ಹುಟ್ಟಿದ ಯಮುನಾ ನದಿ. | काळिंदि बॆट्टदिंद हुट्टिद यमुना नदि | an epithet of the river Yamuna. |
| **कालिख** | स्त्री. | 1. धुएं आदि के कारण जमने वाला मैल;<br>2. ऐसी लज्जाजनक बात या कार्य जिससे किसी का अनादर होता हो, कलंक। | ಹೊಗೆಯಿಂದಾದ ಕಪ್ಪು, ಕೊಳೆ;<br>ಕಳಂಕ | हॊगॆयिंदाद कप्पु कॊळॆ;<br>कळंक | blackness;<br>(fig.) stigma. |
| **कालिमा** | स्त्री. | 1. कालापन, कालिख; | ಕಪ್ಪುತನ; | कप्पुतन; | blackness; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. अंधकार;<br>3. कलंक, लांछन। | ಕಾರ್ಗತ್ತಲು;<br>ಕಳಂಕ | कार्गत्तलु;<br>कळंक | darkness;<br>stigma, slur. |
| **काली** | स्त्री. | चंडी या दुर्गा का एक रूप, कालिका। | ಚಂಡಿ ಅಥವಾ ದುರ್ಗಾದೇವಿಯ ಒಂದು ರೂಪ, ಕಾಳಿ | चंडि अथवा दुर्गा देविय ओंदु रूप, काळि | the goddess Kali, Parvati, the wife of Shiva. |
| **काली करतूत** | स्त्री. | लज्जाजनक या अपमानजनक कार्य। | ಮಾಡಬಾರದ ಕೆಟ್ಟ ಕೆಲಸ | माडबारद कॆट्ट कॆलस | black deed, evil deed. |
| **कालीन** | पुं. | ऊन, सूत आदि का बना हुआ एक प्रकार का मोटा बिछावन जिस पर रंग-बिरंगे बेल-बूटे होते हैं, गलीचा। | ರತ್ನಗಂಬಳಿ | रत्नगंबळि | carpet. |
| | वि. | काल विशेष से संबंधित या उसमें होनेवाला। | ಕಾಲೀನ | कालीन | belonging or relating to any particular period. |
| **काली मिर्च** | स्त्री. | एक प्रसिद्ध पौधे के छोटे गोल दाने, जो स्वाद में मिर्च की तरह होते हैं और मसाले के काम आते हैं, गोल मिर्च। | ಮೆಣಸು | मॆणसु | black pepper. |
| **काली सूची** | स्त्री. | बुरे, अवैधानिक या नियम-विरुद्ध कार्य करनेवालों की सूची, किसी दृष्टि से परित्यक्त माने गए लोगों की सूची। | ಕಪ್ಪು ಪಟ್ಟಿ | कप्पु पट्टि | black list. |
| **कालुष्य** | पुं. | 1. कालिमा, मलिनता;<br>2. पाप, पातक;<br>3. कलंक, बदनामी;<br>4. दोष। | ಕೊಳೆ, ಮಲಿನತೆ;<br>ಪಾಪ;<br>ಕಳಂಕ;<br>ದೋಷ | कॊळॆ, मलिनतॆ;<br>पाप;<br>कळंक;<br>दोष | foulness, dirtiness;<br>sin;<br>stigma, slur;<br>fault. |
| **काल्पनिक** | वि. | 1. मनगढ़ंत;<br>2. कल्पित, कल्पनाप्रसूत। | ಮನಸ್ಸಿಗೆ ಹೊಳೆದ;<br>ಕಲ್ಪಿಸಿದ | मनस्सिगॆ हॊळॆद;<br>कल्पिसिद | imaginary;<br>existing only in fancy, fictitious. |
| **काव्य** | पुं. | 1. कविता;<br>2. पद्यात्मक साहित्यिक रचना। | ಕವಿತೆ;<br>ಪದ್ಯರೂಪದಲ್ಲಿ ಬರೆದ ರಚನೆ | कवितॆ;<br>पद्यरूपदल्लि बरॆद रचनॆ | a poem, poetry;<br>literary composition in verse. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **काव्यलिंग** | पुं. | साहित्य में एक अलंकार जिसमें किसी बात को सिद्ध करने के लिए प्रमाणस्वरूप कोई कारण बताया जाता है। | ಸಾಹಿತ್ಯದಲ್ಲಿ ಒಂದು ಅಲಂಕಾರ–ಹೇಳಿದುದನ್ನು ಸಮರ್ಥಿಸಲು ಕಾರಣಭೂತವಾಗಿ ಪ್ರಮಾಣ ಕೊಡುವುದು | साहित्यदल्लि ऒंदु अलंकार-हेळिदुदन्नु समर्थिसलु कारण भूतवागि प्रमाण-कॊडुवुदु | a kind of Alankara or figure of rhetoric in which a statement is explained or made clearer by giving the reason for it. |
| **काश** | अव्य. | यदि ईश्वर ऐसा करे या करता। | ದೇವರು ಹಾಗೆ ಮಾಡಿದ್ದರೆ ಅಥವಾ ಮಾಡಿಸಿದ್ದರೆ | देवरु हागॆ माडिद्दरॆ अथवा माडिसिद्दरॆ ! | would do God that! would that; |
| | पुं. | एक प्रकार की घास। | ಒಂದು ಬಗೆಯ ಹುಲ್ಲು | ऒंदु बगॆय हुल्लु | a species of grass. |
| **काशीफल** | पुं. | कद्दू, कुम्हड़ा। | ಕುಂಬಳ, ಸಿಹಿ–ಗುಂಬಳ | कुंबळ, सिहिगुंबळ | sweet fruit of the tree cucurbita gourd, field pumpkin. |
| **काश्त** | स्त्री. | 1. खेती-बारी का काम, कृषि; | ಬೇಸಾಯ, ಕೃಷಿ; | बेसाय, कृषि; | cultivation, farming; |
| | | 2. किसी दूसरे की जमीन कुछ समय तक जोतने-बोने के कारण किसान को उस पर प्राप्त होनेवाला अधिकार। | ಬೇರೆಯವರ ಹೊಲದಲ್ಲಿ ವ್ಯವಸಾಯ ಮಾಡಿದುದರಿಂದ ರೈತನಿಗೆ ದೊರೆಯುವ ಅಧಿಕಾರ | बेरॆयवर हॊल-दल्लि व्यवसाय माडिदुदरिंद रैतनिगॆ दॊरॆयुव अधिकार | holding, tenure (of land), tenancy. |
| **काश्तकार** | पुं. | 1. खेती-बारी करनेवाला व्यक्ति, किसान, खेतिहर: | ಬೇಸಾಯಗಾರ; | बेसायगार; | cultivator, farmer; |
| | | 2. वह व्यक्ति जिसने जमींदार को लगान देकर उसकी जमीन पर खेती करने का स्वत्व प्राप्त किया हो। | ಜಮೀನ್ದಾರನಿಗೆ ಕಂದಾಯ ಕೊಟ್ಟು ಉತ್ತು ಬಿತ್ತಿ ಬೆಳೆಯನ್ನನುಭವಿಸುವ ಅಧಿಕಾರಪಡೆದವ | जमींदारनिगॆ कंदाय कॊट्टु उत्तु बित्ति बॆळॆयन्ननुभविसुव अधिकार पडॆदव | tenant. |
| **काश्तकारी** | वि. | 1. काश्तकार संबंधी; | ರೈತನಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ; | रैतनिगॆ संबंधिसिद; | pertaining to the farmer; |
| | | 2. खेती-बारी संबंधी। | ಕೃಷಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | कृषिगॆ संबंधिसिद | pertaining to the cultivation; |
| | स्त्री. | काश्तकार का काम, खेतीबारी। | ರೈತನ ಕೆಲಸ, ವ್ಯವಸಾಯದ ಕೆಲಸ | रैतन कॆलस, व्यवसायद कॆलस | cultivation, farming. |
| **काषाय** | वि. | 1. गेरु के रंग में रंगा हुआ, | ಕಾವಿ ಬಣ್ಣದ; | कावि बण्णद; | brown red, dyed of |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | गेरुवा, गैरिक; | | | a reddish colour; |
| | | 2. कसैला। | ಒಗರು | ओगरु | astringent. |
| | पुं. | गैरिक वस्त्र। | ಕಾವಿ ಬಟ್ಟೆ | कावि बट्टे | a brown red cloth or garment. |
| काष्ठ | पुं. | 1. वृक्ष की लकड़ी, काठ; 2. ईंधन। | ಕಟ್ಟಿಗೆ; ಸೌದೆ | कट्टिगे; सौदे | timber, wood; fuel, fire wood. |
| कासनी | वि. | गहरा नीला (रंग)। | (ಗಾಢವಾದ) ನೀಲಿ ಬಣ್ಣ | (गाढवाद) नीलि बण्ण | dark blue (colour). |
| काहिल | वि. | आलसी, सुस्त। | ಸೋಮಾರಿ | सोमारि | lazy, idle. |
| काहिली | स्त्री. | काहिल होने की अवस्था या भाव, सुस्ती। | ಸೋಮಾರಿತನ | सोमारितन | lethargy, laziness, indolence. |
| किंकर | पुं. | 1. दास; 2. सेवक। | ದಾಸ; ಸೇವಕ, ಆಳು | दास; सेवक, आळु | slave; servant. |
| किंकर्त्तव्यवि-मूढ़ | वि. | जिसे यह न सूझ पड़े कि अब आगे क्या करना है, कार्याकार्य के विवेक से रहित। | ಮುಂದೇನು ಮಾಡ-ಬೇಕೆಂದು ಹೊಳೆಯದ (ಸ್ಥಿತಿ) | मुंदेनु माडबेकेंदु होळेयद (स्थिति) | being at a loss as to what to do, to be caught in a dilemma. |
| किंकिणी | स्त्री. | 1. छोटी घंटी; 2. करधनी। | ಪುಟ್ಟ ಘಂಟೆ; ಸೊಂಟಕ್ಕೆ ಕಟ್ಟುವ ಗೆಜ್ಜೆ, ಉಡಿ ಗೆಜ್ಜೆ | पुट्ट घंटे; सोंटक्के कट्टुव गेज्जे, उडि गेज्जे | small bell; tinkling ornament for women and children. |
| किंचित् | वि. | थोड़ा, कुछ। | ಸ್ವಲ್ಪ, ಕೊಂಚ | स्वल्प, कोंच | a little, something. |
| | क्रि. वि. | कम मात्रा में, बहुत थोड़ा। | ಕಡಿಮೆ ಪ್ರಮಾಣದಲ್ಲಿ, ಬಹಳ ಸ್ವಲ್ಪ | कडिमे प्रमाणदल्लि, बहळ स्वल्प | to a certain degree. |
| किंतु | अव्य. | 1. लेकिन, वरन्; | ಆದರೆ; | आदरे; | but; |
| | | 2. फिर भी, तथापि। | ಆದಾಗ್ಯೂ | आदाग्यू | even then, yet, still. |
| किंवदन्ती | स्त्री. | 1. ऐसी बात जिसे लोग परंपरा से सुनते चले आ रहे हों, जनश्रुति; | ಕಿವಿಯಿಂದ ಕಿವಿಗೆ ಹರಡುವ ಸುದ್ದಿ; | किवियिंद किविगे हरडुव सुद्दि; | hearsay, traditional tale; |
| | | 2. अफवाह, प्रवाद। | ಪುಕಾರು, ಜನಶ್ರುತಿ | पुकारु, जनश्रुति | rumour, false report. |
| किंवा | अव्य. | अथवा, या। | ಅಥವಾ, ಇಲ್ಲವೇ | अथवा, इल्लवे | whether, or. |
| कि | अव्य. | 1. एक स्वरूपवाचक अव्यय जिससे किसी | (ವ್ಯಾಕರಣ) ಹಿಂದಿ ಭಾಷೆಯಲ್ಲಿ ಅನೇಕ | (व्याकरण) हिंदी भाषेयल्लि अनेक | this word is used in various ways: 1st, |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | आश्रित वाक्य का आरंभ सूचित होता है; | ರೂಪಗಳಲ್ಲಿ ಇದರ ಪ್ರಯೋಗವಾಗುತ್ತದೆ-ಒಂದು ವಾಕ್ಯದಲ್ಲಿ ಆಶ್ರಿತ ವಾಕ್ಯದ ಆರಂಭ ಸೂಚಕ, ಸಂಬಂದ ಸೂಚಕ ಸರ್ವನಾಮ ಇತ್ಯಾದಿ ರೂಪಗಳಲ್ಲಿ ಇದರ ಪ್ರಯೋಗ ವಾಗುತ್ತದೆ; | रूपगळल्लि इदर प्रयोगवागुत्तदे – ओंदु वाक्यदल्लि आश्रित वाक्यद आरंभ सूचक संबंध सूचक, सर्वनाम इत्यादि रूपगळल्लि इदर प्रयोगवागुत्तदे; | as a rel. pronoun who, which, that; 2nd, as a conj. that since, for: (a) (gram.) marker of predicative substantive clauses; (b) marker of disjunctive (coordinated) sentences; |
| | | 2. अथवा, या जैसे—तुम कपड़े लोगे कि रुपए। | ಅಥವಾ. ಇಲ್ಲವೇ | अथवा, इल्लवे | that, or. |
| किचकिच | स्त्री. | 1. व्यर्थ का वाद-विवाद; | ಉಪಯೋಗವಿಲ್ಲದ ಮಾತು-ಕತೆ; | उपयोगविल्लद मातु-कते; | useless prattling, chit-chat; |
| | | 2. साधारण बातों पर होती रहनेवाली तू-तू-मैं-मैं। | ಮಾತುಕತೆಯಲ್ಲಿ ಉಂಟಾಗುವ ವೈಮನಸ | मातु-कतेयल्लि उंटागुव वैमनस्य | useless discussion. |
| किचकिचाना | स. क्रि. | दांत पीसना। | ಹಲ್ಲು ಕಡಿಯುವುದು | हल्लु कडियुवुदु | to grind (or gnash) teeth. |
| किटकिटाना | अ. क्रि. | 1. दांत का बजना; | ಹಲ್ಲು ಕಡಿ (ನಡುಕ ದಿಂದ); | हल्लु कडि (नडुकदिंद); | snapping or clashing (of the teeth together); |
| | | 2. खाते समय दांत के नीचे कंकड़ी पड़ना। | ಅಗಿದು ತಿನ್ನುವಾಗ ಹಲ್ಲಿಗೆ ಕಲ್ಲು ಸಿಗು(ವುದು) | अगिदु तिन्नुवाग हल्लिगे कल्लु सिगु (वुदु) | to feel hard under the teeth (as a bit of sand, stone). |
| | स. क्रि. | क्रोध में दांत पीसना। | ಸಿಟ್ಟಿನಿಂದ ಹಲ್ಲು ಕಡಿಯು | सिट्टिनिंद हल्लु कडियु | to gnash in anger. |
| कितना | वि. | किस संख्या, परिमाण या मात्रा का। | ಎಷ್ಟು (ಪರಿಮಾಣ) | एष्टु (परिमाण) | how much, how many. |
| कितने | वि. | 'कितना' का बहुवचन, किस संख्या, परिमाण या मात्रा का। | "कितना" ದ ಬಹು ವಚನ, ಎಷ್ಟು (ಪರಿಮಾಣ) | "कितना" द बहुवचन, एष्टु (परिमाण) | how many. |
| किताब | स्त्री. | 1. पुस्तक, ग्रंथ; 2. बही-खाता। | ಪುಸ್ತಕ; ಲೆಕ್ಕದ ಬುಕ್ಕು | पुस्तक; लेक्कद बुक्कु | book; account book. |
| किताबी | वि. | किताब संबंधी, पुस्तकीय। | ಪುಸ್ತಕೀಯ, ಪುಸ್ತಕಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | पुस्तकीय, पुस्तकक्के संबंधिसिद | of or belonging to a book, bookish. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **किताबी कीड़ा** | पुं. | सदा कुछ न कुछ पढ़ता रहनेवाला व्यक्ति। | ಯಾವಾಗಲೂ ಓದುತ್ತಿರುವವ | यावागलू ओदुत्तिरुवव | book-worm, voracious reader, one who is always engaged in reading books. |
| **किधर** | क्रि. वि. | किस ओर। | ಯಾವಕಡೆ, ಎಲ್ಲಿ | यावकडॆ, ऍल्लि | where, in what direction, which way. |
| **किनारा** | पुं. | 1. किसी वस्तु का अन्तिम छोर, सिरा; | ಕೊನೆಯ ಅಂಚು; | कॊनॆय अंचु; | edge; |
| | | 2. नदी या समुद्र का छोर, तट; | ನದಿ (ಸಮುದ್ರ) ತೀರ; | नदि (समुद्र) तीर; | bank, shore; |
| | | 3. पार्श्व, बगल; | ಪಕ್ಕ; | पक्क; | side; |
| | | 4. कपड़ों आदि में चौड़ाई या लंबाई का वह अंतिम विस्तार जिस पर शोभा या सजावट के लिए कुछ अलग प्रकार या रंग की बनावट या बेलबूटे आदि होते हैं। | ಬಟ್ಟೆಯ ಅಂಚು | बट्टॆय अंचु | border. |
| **किनारी** | स्त्री. | सुनहला या रूपहला पतला गोटा जो कपड़ों के किनारे पर लगाया जाता है। | ಚಿನ್ನ ಬೆಳ್ಳಿಗಳ ಜರಿಯಿಂದ ಕಟ್ಟಿದ ಬಟ್ಟೆಯ ಅಂಚು, ಲೇಸ್ | चिन्न बॆळ्ळिगळ जरियिंद कट्टिद बट्टॆय अंचु, लेस् | border, lace (of gold or silver). |
| **किनारे** | क्रि. वि. | 1. सीमा पर; | ಎಲ್ಲೆಯಲ್ಲಿ; | ऍल्लॆयल्लि; | on the border; |
| | | 2. तट पर। | ತೀರದಲ್ಲಿ | तीरदल्लि | on shore. |
| **किन्नर** | पुं. | 1. पुराणानुसार देवलोक या स्वर्ग के एक प्रकार के गायक-उपदेवता; | ಪುರಾಣ ಪ್ರಸಿದ್ಧರಾದ ದೇವಲೋಕದ ಗಾಯಕರ ದೇವಜಾತಿ; | पुराण प्रसिद्धराद देवलोकद गायकर देवजाति; | according to Purana Kinnars were singers or demigods of heaven; |
| | | 2. आजकल गाने-बजाने का पेशा करनेवाली एक जाति। | ಹಾಡುವ ವಾದ್ಯಾದಿಗಳನ್ನು ಬಾರಿಸುವ ಇಂದಿನ ಒಂದು ಜಾತಿ | हाडुव वाद्यादिगळन्नु बारिसुव इंदिन ऒंदु जाति | a caste whose occupation is singing and dancing. |
| **किफायत** | स्त्री. | 1. किसी चीज के उपभोग, | ಅಗತ್ಯವಾದಷ್ಟೇ | अगत्यवादष्टे | thrift, economy; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | व्यय आदि में की जानेवाली आवश्यक और उचित कमी; | ಖರ್ಚು ಮಾಡುವಿಕೆ; | खर्चु माडुविके; | |
| | | 2. बचत। | ಮಿತವ್ಯಯ | मितव्यय | saving. |
| **किफायती** | वि. | 1. कम खर्च करनेवाला, संभालकर खर्च करनेवाला; | ಮಿತವ್ಯಯಿ; | मितव्ययि; | thrifty, frugal; |
| | | 2. कम कीमत में मिलनेवाला, सस्ता। | ಕಡಿಮೆ ಬೆಲೆಯಲ್ಲಿ ದೊರೆಯುವ, ಅಗ್ಗವಾದ | कडिमे बॅलॅयल्लि दॊरॅयुव, अग्गवाद | cheap. |
| **किरकिरा** | वि. | 1. (वस्तु) जिसमें महीन और कड़े कंकड़, बालू आदि के कण मिले हों; | ಕಲ್ಲ ಹರಳು ಅಥವಾ ಮರಳು ಬೆರೆತ (ವಸ್ತು); | कल्ल हरळु अथवा मरळु बॅरॅत (वस्तु); | sandy, gritty. |
| | | 2. (आनंद) जिसमें विघ्न पड़ गया हो। | (ಸುಖ ಸಂತೋಷದಲ್ಲಿ) ಅಡಚಣೆ, ಅಡ್ಡಿ | (सुख संतोषदल्लि) अडचणॆ, अड्डि | impaired, marred, spoilt (as taste or enjoyment). |
| **किरकिराना** | अ. क्रि. | 1. किरकिरे खाद्य पदार्थ का मुंह में किरकिर शब्द करना; | ಕಲ್ಲು ಮರಳು ಬೆರೆತ ತಿನಿಸನ್ನು ಅಗಿಯುವಾಗ ಆಗುವ ಶಬ್ದ; | कल्लु मरळु बॅरॅत तिनिसन्नु अगियुवाग आगुव शब्द; | to sound gritty, etc. |
| | | 2. (आंख में) किरकिरी (कंकड़ या बालू आदि का कण) पड़ने से पीड़ा होना। | ಕಣ್ಣಿನಲ್ಲಿ ಧೂಳು ಬಿದ್ದು ನೋಯು | कण्णिनल्लि धूळु बिद्दु नोयु | to have an itching sensation in the eye caused by some alien matter (sand or small particle of dust etc.). |
| **किरकिराहट** | स्त्री. | 1. आंख या मुंह में किरकिरी (कंकड़ आदि का कण) पड़ने के कारण होनेवाली पीड़ा; | ಕಣ್ಣು ಬಾಯಿಗಳಲ್ಲಿ- ಕಲ್ಲು ಹರಳು ಬಿದ್ದುದರಿಂದಾಗುವ ಬಾಧೆ; | कण्णु बायिगळल्लि कल्लु हरळु बिद्दुदरिंदागुव बाधॆ; | pain as of a grain of dust in the eye, or feeling hardness under the teeth; |
| | | 2. किरकिरा होने की अवस्था, गुण या भाव। | (ಕಣ್ಣಲ್ಲಿ ಮಣ್ಣು-ಮರಳು ಬಿದ್ದು) ಆಗುವ ಕಿರಿಕಿರಿ। | कण्णल्लि मण्णु-मरळु बिद्दु) आगुव किरिकिरि | grittiness. |
| **किरकिरी** | स्त्री. | 1. किसी चीज विशेषतः कंकड़ आदि का बहुत छोटा टुकड़ा; | ಧೂಳಿನ ಚಿಕ್ಕ ಚೂರು; | धूळिन चिक्क चूरु; | a mote, or particle of dust; |
| | | 2. अपमान। | ಅಗೌರವ, ಅವಮಾನ | अगौरव, अवमान | dishonour, disrespect. |
| **किरच (किरिच)** | स्त्री. | 1. किसी कड़ी चीज (कांच, | (ಗಾಜು-ಹರಳು | (गाजु-हरळु- | splinter; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **हीरा आदि) का बहुत छोटा नुकीला टुकड़ा; 2. एक प्रकार की छोटी पतली बरछी।** | ಕಲ್ಲುಗಳ) ಮೊನೆಯಾದ ಚಿಕ್ಕಚೂರು; ಈಟಿಯಾಕಾರದ ಮೊನೆಯಾಗಿರುವ ತೆಳ್ಳಗಿನ ಅಲುಗುಳ್ಳ ಕತ್ತಿ | कल्लुगळ) मोनेयाद चिक्क चूरु; ईटियाकारद मोनेयागिरुव तेळ्ळगिन अलुगुळ्ळ कत्ति | a straight sword meant to be thrust in a bayonet, **bayonet.** |
| **किरण (किरन)** | स्त्री. | **1. प्रकाश की रेखा, रश्मि; 2. बादले की झालर या तार।** | ಕಿರಣ ಪರದೆಗೆ ಹಚ್ಚಿದ ಜರಿ-ಝಾಲರ | किरण; परदेगे हच्चिद जरि-झालर | **ray of light, beam; tassel (of gold or silver).** |
| **किरात** | पुं. | एक आदिम जाति जो हिमालय के पूर्वी भागों तथा उसके आसपास के प्रदेशों में रहती थी। | ಹಿಮಾಲಯದ ಪೂರ್ವ ಪ್ರದೇಶಗಳಲ್ಲಿ ವಾಸ ಮಾಡುವ ಒಂದು ಆದಿಮ ಜಾತಿ ಜನ | हिमालयद पूर्व प्रदेशगळल्लि वासमाडुव ओंदु आदिम जाति जन; | **a savage tribe of old times.** |
| | स्त्री. | जवाहिरात की एक तौल जो चार जौ के बराबर होती है। | ರತ್ನ ವಜ್ರಗಳ ಒಂದು ತೂಕ (ಕ್ಯಾರೆಟ್ಟು) | रत्न वज्रगळ ओंदु तूक (क्यारेट्टु) | **a weight for precious stones.** |
| **किराना** | पुं. | पंसारी की दुकान से मिलनेवाली चीजें। | ಕಿರಾಣಿ ಅಂಗಡಿಯಲ್ಲಿ ಸಿಗುವ ಪದಾರ್ಥಗಳು | किराणि अंगडियल्लि सिगुव पदार्थगळु | **grocery.** |
| **किराया** | पुं. | किसी की संपत्ति का भोग करने के बदले में उसे दिया जानेवाला धन, भाड़ा। | ಬಾಡಿಗೆ | बाडिगे | **rent, hire, fare.** |
| **किरायेदार** | पुं. | किसी की दुकान या मकान अपने भोग के लिए किराए पर लेनेवाला व्यक्ति। | ಬಾಡಿಗೆದಾರ | बाडिगेदार | **tenant.** |
| **किरीट** | पुं. | 1. एक प्रकार का प्राचीन शिरोभूषण जो राजा या विजयी होने का सूचक होता था; 2. मुकुट। | ರಾಜರ ಅಥವಾ ಜಯಶಾಲಿಗಳ ಪ್ರಾಚೀನಕಾಲದ ಶಿರೋಭೂಷಣ; ಕಿರೀಟ | राजर अथवा जयशालिगळ प्राचीन कालद शिरोभूषण; किरीट | diadem; crown. |
| **किलक** | स्त्री. | 1. हर्षध्वनि, किलकार; 2. एक प्रकार का बढ़िया नरकट जिससे लिखने के लिए कलमें बनाई जाती हैं। | ಸಂತೋಷ ಸೂಚಕ ಶಬ್ದ; ಬರೆಯುವ ಲೇಖನಿಯನ್ನು ತಯಾರಿಸುವ ಕಡ್ಡಿ | संतोष सूचक शब्द; बरेयुव लेखनियन्नु तयारिसुव कड्डि | sound expressing joy; a kind of reed of which a pen is made for writing. |
| **किलकना** | अ. क्रि. | हर्षध्वनि करना, किलकारी मारना। | ಸಂತೋಷದಿಂದ ನಲಿದಾಡು | संतोषदिंद नलिदाडु | to shout in joy. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **किलकारना** | अ. क्रि. | बहुत जोर से हर्षध्वनि करना। | ಖುಷಿಯನ್ನು ತೋರುತ್ತಾ, ಜೋರಾಗಿ ನಗು | खुषियन्नु तोरुत्ता जोरागि नगु | to make a loud noise, cry out with joy. |
| **किलकारी** | स्त्री. | हर्षध्वनि। | ಹರ್ಷಧ್ವನಿ. | हर्षध्वनि | joyful outcry. |
| **किलकिल** | स्त्री. | 1. व्यर्थ की कहासुनी, बकवाद, | ಹಾಳುಹರಟೆ; | हाळुहरटे; | idle talk, prattle; |
| | | 2. कलह, तकरार। | ಕಲಹ, ತರಕಾರು | कलह, तकरारु | quarrel, wrangling. |
| **किलकिलाना** | अ. क्रि. | जोर से आनंदसूचक शब्द करना, किलकारना। | ಜೋರಾಗಿ ಸಂತೋಷ ತೋರುತ್ತಾ ಶಬ್ದ ಮಾಡು | जोरागि संतोष तोरुत्ता शब्द माडु | to make a joyful noise. |
| **किलकिलाहट** | स्त्री. | किलकारी। | ಹರ್ಷಧ್ವನಿ | हर्षध्वनि | a loud noise, joyful outcry. |
| **किलकी** | स्त्री. | 1. बढ़इयों का एक औजार जिससे वे काष्ठ पर निशान लगाते हैं; | ಮರ ಗೆಲಸದವರ ಒಂದು ಉಪಕರಣ; | मरगॆलसदवर ऒंदु उपकरण; | carpenter's instrument with which he marks the timber; |
| | | 2. किलकने की क्रिया या भाव। | ಹರ್ಷದಿಂದ ನಗೆದಾಡುವಿಕೆ | हर्षदिंद नगॆदाडुविकॆ | joyful outcry. |
| **किलवाना** | स. क्रि. | 1. कीलने का काम किसी दूसरे से कराना, कील ठुकवाना; | ಮೊಳೆ ಹೊಡೆಸು; | मॊळॆ हॊडॆसु; | to cause to drive or fix a nail in an object; |
| | | 2. जादू या टोना करा देना। | ಮಾಟ ಮಂತ್ರ ಮಾಡಿಸು | माट मंत्र माडिसु | to practise sorcery or witchcraft. |
| **किलवारी** | स्त्री. | छोटी नावों, डोंगियों आदि में पतवार का काम देनेवाला छोटा डंडा। | ಹುಟ್ಟುಗೋಲು | हुट्टुगोलु | rudder, a small oar of a boat. |
| **किला** | पुं. | 1. दुर्ग, गढ़; | ದುರ್ಗ, ಕೋಟೆ; | दुर्ग, कोटॆ; | fort; |
| | | 2. कोई बहुत बड़ी, मजबूत तथा सुरक्षित इमारत। | ಕೋಟೆಯಂತೆ ಭದ್ರವಾದ ಸುರಕ್ಷಿತವಾದ ಕಟ್ಟಡ | कोटॆयंतॆ भद्रवाद सुरक्षितवाद कट्टड | strong and fortified building. |
| **किलाबंदी** | स्त्री. | 1. शत्रु के आक्रमण के समय किले की सुरक्षा के लिए की जानेवाली व्यवस्था, सुरक्षात्मक कार्रवाई; | ವೈರಿಗಳಿಂದ ಕೋಟೆಯನ್ನು ರಕ್ಷಿಸಲು ಮಾಡಿದ ಏರ್ಪಾಡು; | वैरिगळिंद कोटॆयन्नु रक्षिसलु माडिद एर्पाडु; | fortification, safety measures; |
| | | 2. व्यूह रचना, मोरचाबंदी, | ಸೇನೆಯನ್ನು ಆಯಕಟ್ಟಾದ ಜಾಗದಲ್ಲಿ- | सेनॆयन्नु आयक- | tactical placement |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | ರಿಸಿ ವೈರಿಗಳಿಗೆ ಧಾಳಿಮಾಡಲು ಅವಕಾಶ ಇಲ್ಲದಂತೆ ಮಾಡುವಿಕೆ; | ट्टाद जागदल्लिरिसि वैरिगळिगॆ धाळि माडलु अवकाश इल्लंदतॆ माडुविकॆ; | or strategic disposition of forces, stratagem; |
| | | 3. शतरंज के खेल में बादशाह को मोहरों से घेर कर इस प्रकार सुरक्षित रखना कि विपक्षी जल्दी मात न कर सके। | ಚದುರಂಗದ ಆಟದಲ್ಲಿ ಬಾದಶಹನ ಸುತ್ತಲೂ ಸಿಪಾಯಿ-ಗಳನ್ನು ಇರಿಸಿ ಎದುರಾಟಗಾರನಿಗೆ ಬಾದಶಹನನ್ನು ಹೊಡೆಯಲು ಅವಕಾಶ ಕೊಡ-ದಿರುವಿಕೆ | चदुरंगद आटदल्लि बादशहन सुत्तलू सिपायिगळन्नु इरिसि ऍदुराटगार-निगॆ बादशहनन्नु हॊडॆयलु अवकाश कॊडदिरुविकॆ | in the game of chess the king is kept surrounded by pawns in such a manner that the opponent cannot give defeat easily. |
| किलेदार | पुं. | किले का प्रधान अधिकारी। | ಕೋಟೆಯ ಸಂರಕ್ಷಕ, ಸೇನೆಯ ಮುಖ್ಯಾಧಿಕಾರಿ | कोटॆय संरक्षक, सेनॆय मुख्याधिकारि | commandant of garrison. |
| किलो (किलोग्राम) | पुं. | 1. दाशमिक प्रणाली की एक तौल जो 1000 ग्राम के बराबर होती है, एक प्रकार का वजन जो एक सेर से कुछ ज्यादा होता है; | ಸಾವಿರ ಗ್ರಾಂಗಳ ತೂಕ ಕಿಲೋ; | साविर ग्रांगळ तूक, किलो; | 1 kilo; |
| | | 2. उक्त तौल का बाट। | ತೂಕದ ಕಿಲೋ ಬಟ್ಟು | तूकद किलो बट्टु | weight of a kilo. |
| किलोमीटर | पुं. | दूरी की एक माप, जो प्राय: 3280 फुट या एक मील के 5/8 (पंच अष्टमांश) के बराबर होती है। | ಸುಮಾರು 3280 ಅಡಿ ಅಥವಾ 5/8 ಮೈಲಿಯ ಉದ್ದಳತೆ | सुमारु 3280 अडि अथवा 5/8 मैलिय उद्दळतॆ | kilometer. |
| किल्लत | स्त्री. | कमी, अल्पता, कठिनाई से मिलना, दुर्लभता। | ಕೊರತೆ, ಸಾಕಾ-ಗದಿರುವಿಕೆ, ದೊರೆ-ಯದಿರುವಿಕೆ | कॊरतॆ, साकाग-दिरुविकॆ, दॊरॆयदिरुविकॆ | dearth, want, shortage, scarcity. |
| किल्ला | पुं. | 1. जमीन में गाड़ा हुआ लकड़ी, लोहे आदि का खूंटा जिसमें गाय, बैल आदि के गले में पहनाई हुई रस्सी बांधी जाती है, कीला; | ದನ ಕಟ್ಟಲು ನೆಟ್ಟ ಗೂಟ; | दन कट्टलु नॆट्ट गूट; | stake; |
| | | 2. लकड़ी की वह मेख जो जांते के बीचोंबीच गड़ी रहती है। | ಗೂಟ | गूट | peg. |
| किल्ली | स्त्री. | 1. सिटकिनी; | ಅಗಣಿ; | अगणि; | diminutive of किल्ला; |
| | | 2. दीवारों में गाड़ी हुई लकड़ी आदि की खूंटी | ಗೋಡೆಯಲ್ಲಿ ಬಟ್ಟ ಬರೆ | गोडॆयल्लि बट्ट बरॆ | as above; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | जिस पर कपड़े आदि टांगे जाते हैं। | ನೇತು ಹಾಕಲು ನೆಟ್ಟ ಗೂಟ; | नेतुहाकलु नॆट्ट गूट; | |
| | | 3 किसी कल या पेंच का वह पुरजा या मुठिया जिसे घुमाने से वह चले। | ಯಂತ್ರದ ಒಂದು ತಿರುಗಣಿ; | यंत्रद ऑंदु तिरुगणि; | handle of a shutter; |
| | | 4. छोटा किल्ला या मेख। | ಚಿಕ್ಕ ಗೂಟ ಅಥವಾ ಮೊಳೆ | चिक्क गूट अथवा मॊळॆ | small nail. |
| किवाड़ | पुं. | दरवाजे का पल्ला, कपाट। | ಬಾಗಿಲು | बागिलु | door leaf. |
| किशमिश | स्त्री. | सुखाया हुआ छोटा बेदाना अंगूर या दाख जिसकी गिनती मेवों में होती है। | ಬೀಜವಿಲ್ಲದ ಒಣ ದ್ರಾಕ್ಷಿ | बीजविल्लद ऑण द्राक्षि | raisin. |
| किशलय | पुं. | नया निकला हुआ कोमल पत्ता, कल्ला। | ಚಿಗುರು | चिगुरु | sprout, young and tender shoot or foliage. |
| किशोर | वि. | ग्यारह से पंद्रह वर्ष तक की अवस्था का, बाल्यावस्था और युवावस्था के बीच का। | ಹನ್ನೊಂದರಿಂದ ಹದಿನೈದು ವರ್ಷಗಳ ಮಧ್ಯ ವಯಸ್ಸುಳ್ಳ, | हन्नोंदरिंद हदिनैदु वर्षगळ मध्य वयस्सुळ्ळ | youth, aged eleven to fifteen years; |
| | पुं. | 1. ऐसा बालक जो ग्यारह से पंद्रह वर्ष तक के बीच की अवस्थावाला हो; | 11 ರಿಂದ 15 ರ ಮಧ್ಯದ ವಯಸ್ಸಿನ ಹುಡುಗ; | 11रिंद 15र मध्यद वयस्सिन हुडुग; | youth, lad, boy; |
| | | 2. जो अभी बालिग या वयस्क न हुआ हो। | ಮೆಂಜಾರಿಟಿಗೆ ಬಾರದವ, ಮೈನರ್ | मॆंजारिटिगॆ बारदव, मैनर् | minor. |
| किशोरी | स्त्री. | 1. ग्यारह से पंद्रह वर्ष की अवस्था की बालिका; | 11 ರಿಂದ 15ರ ಮಧ್ಯದ ವಯಸ್ಸಿನ ಹುಡುಗಿ; | 11 रिंद 15 र मध्यद वयस्सिन हुडुगि; | girl between the age of eleven and fifteen years; |
| | | 2. कुआंरी लड़की। | ಕುಮಾರಿ | कुमारि | maiden, young woman. |
| किश्ती | स्त्री. | नाव, नौका। | ನಾವೆ | नावॆ | boat. |
| किश्तीनुमा | वि. | किश्ती की तरह लंबोतरा। | ನಾವೆಯಂತೆ (ಉದ್ದವಿರುವ) | नावॆयंतॆ (उद्दविरुव) | like a boat. |
| किस | सर्व., वि. | 'कौन' और 'क्या' का वह रूप जो उन्हें विभक्ति | ವಿಭಕ್ತಿ ಪ್ರತ್ಯಯ ಹಚ್ಚುವ ಮುನ್ನ ಆಗುವ "ಕೌನ್", "ಕ್ಯಾ" ಗಳ ರೂಪ | विभक्ति प्रत्यय हच्चुव मुन्न आगुव "कौन", "क्या" | the formative of the oblique cases |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लगाने से पहले प्राप्त होता है। | | " कौन", "क्या" गळ रूप | of sing. of the interrog. pron.**Kaun** 'who?' etc. |
| **किसान** | पुं. | खेती-बारी करनेवाला, कृषक। | ರೈತ | रैत | farmer, peasant. |
| **किसानी** | स्त्री. | किसान का काम—कृषि-कर्म। | ಬೇಸಾಯ, ಕೃಷಿ | बेसाय, कृषि | farming. |
| **किसी** | सर्व., वि. | कोई का वह रूप जो उसे विभक्ति लगने पर प्राप्त होता है। | ವಿಭಕ್ತಿ ಪ್ರತ್ಯಯ ಹಚ್ಚಿದ ನಂತರ "कोई" ಗೆ ಬರುವ ರೂಪ | विभक्ति प्रत्यय हच्चिदनंतर "कोई" गॆ बरुव रूप | the inflective case of 'कोई' in singular, any. |
| **किस्त** | स्त्री. | 1. ऋण के भुगतान करने की वह प्रणाली जिसके अनुसार ऋणी को कुछ निश्चित अवधियों में ऋण को कई बराबर खंडों में चुकाना पड़ता है; | ಸಾಲದ ಕಂತು; | सालद कंतु; | portion; |
| | | 2. एक किस्त में चुकाए गए ऋण की मात्रा; | ಕಂತಿನ ಪ್ರಮಾಣ; | कंतिन प्रमाण; | amount; |
| | | 3. किसी वस्तु की प्राप्त कुल मात्रा का वह अंश जो किसी एक अवधि में दिया या लिया जाय। | ಪೂರ್ತಿಯಾಗಿ ಕೊಡದೆ ನಿಗದಿಯ ಪ್ರಕಾರ ಅಷ್ಟಷ್ಟು ಕೊಡುವಂತೆ ನಿಶ್ಚಯಿಸಿದ ಪರಿಮಾಣ | पूर्तियागि कॊडदॆ निगदिय प्रकार अष्टष्टु कॊडुवंतॆ निश्चयिसिद परिमाण | instalment. |
| **किस्तवार** | क्रि. वि. | 1. किस्तों के रूप में; 2. हर किस्त पर अलग-अलग। | ಕಂತಿನಂತೆ; ಪ್ರತಿ ಕಂತಿನ ಕ್ರಮದಂತೆ | कंतिनंतॆ; प्रति कंतिन क्रमदंतॆ | in instalments; by instalments. |
| **किस्म** | स्त्री. | प्रकार। | ತರಹೆ, ಪ್ರಕಾರ, | तरहॆ, प्रकार | type, kind. |
| **किस्मत** | स्त्री. | भाग्य। | ಭಾಗ್ಯ, ಅದೃಷ್ಟ | भाग्य, अदृष्ट | luck, fate. |
| **किस्सा** | पुं. | 1. विवरणात्मक रूप में लिखी या कही जानेवाली कल्पित घटना या बात, कहानी; | ವಿವರವಾಗಿ ಹೇಳಲ್ಪಟ್ಟ ಕಲ್ಪನೆ ಅಥವಾ ಕಟ್ಟುಕತೆ, ಕತೆ; | विवरवागि हेळल्पट्ट कल्पनॆ अथवा कट्टु कतॆ, कतॆ; | story, tale; |
| | | 2. किसी घटना या बात का पूरा विवरण, वृत्तांत। | ಘಟನೆ ಅಥವಾ ವಿಷಯದ ವಿವರ | घटनॆ अथवा विषयद विवर | narration. |
| **कीकर** | पुं. | बबूल (वृक्ष)। | ಜಾಲಿ ಮರ | जालिमर | the Babul tree, the acacia tree. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| कीचड़ | पुं. | किसी स्थान पर पानी, मिट्टी आदि के जमा हो जाने से बननेवाला गाढ़ा घोल, पंक, कर्दम। | ಕೆಸರು | केसरु | mud. |
| कीट | पुं. | 1. कीड़ा;<br>2. जमा हुआ मैल। | ಹುಳು;<br>ಜಮಾಯಿಸಿ ಕೊಂಡಿರುವ ಕೊಳೆ | हुळु;<br>जमायिसि कोंडिरुव कोळे | insect;<br>sediment, deposit. |
| कीटनाशक | वि. | कीड़ों को नष्ट या मारनेवाला (पदार्थ)। | ಕ್ರಿಮಿನಾಶಕ | क्रिमिनाशक | which kills insects etc. |
| | पुं. | कीटनाशक दवा। | ಹುಳುಗಳನ್ನು ನಾಶ ಮಾಡುವ ಔಷಧ | हुळुगळन्नु नाशमाडुव औषध | insecticide. |
| कीटाणु | पुं. | ऐसे सूक्ष्म कीड़े जो कई प्रकार के रोगों के मूल कारण माने जाते हैं। | ರೋಗಗಳನ್ನು ಹರಡುವ ಸೂಕ್ಷ್ಮವಾದ ಹುಳುಗಳು | रोगगळन्नु हरडुव सूक्ष्मवाद हुळुगळु | germ (germs). |
| कीड़ा | पुं. | 1. छोटा उड़ने या रेंगनेवाला जंतु;<br>2. सांप। | ಹಾರುವ ಅಥವಾ ಸರಿಯುವ ಚಿಕ್ಕ ಪ್ರಾಣಿ;<br>ಹಾವು | हारुव अथवा सरियुव चिक्क प्राणि;<br>हावु | insect, worm;<br>snake. |
| कीड़े-मकौड़े | पुं. | छोटे-छोटे उड़ने या रेंगने वाले जंतु। | ಹಾರುವ ಅಥವಾ ಸರಿಯುವ ಚಿಕ್ಕ ಪ್ರಾಣಿಗಳು | हारुव अथवा सरियुव चिक्क प्राणिगळु | insects, worms. |
| कीप | पुं. | वह गावदुमा चोंगी जिसे तंग मुंह के बरतन में इसलिए लगाते हैं जिससे द्रव पदार्थ उसमें डालते समय बाहर न गिरे। | ಬುದ್ಧಿವಂತ, ಫನಲು, ಆಲಿಕೆ | बुद्धिवंत, फनलु, आलिके | funnel. |
| कीमत | स्त्री. | 1. दाम, मूल्य;<br>2. महत्व। | ಬೆಲೆ;<br>ಮಹತ್ವ | बेले;<br>महत्व | cost, price, value;<br>worth. |
| कीमती | वि. | 1. अधिक कीमत का, मूल्यवान;<br>2. महत्वपूर्ण। | ಬಹಳ ಬೆಲೆಯುಳ್ಳ;<br>ಮಹತ್ವದ | बहळ बेलेयुळ्ळ;<br>महत्वद | costly, valuable, precious;<br>important. |
| कीर्तन | पुं. | 1. ईश्वर या देवता के नाम और यश का बार-बार विशेषतः गाते-बजाते हुए किया जानेवाला कथन;<br>2. उक्त प्रकार की पद्यात्मक रचना;<br>3. यशोवर्णन, गुणकथन, बखान। | ದೇವರನ್ನು ಸ್ತುತಿಸುವ ಪದ;<br>ಸ್ತೋತ್ರ;<br>ದೇವರನ್ನು ವರ್ಣಿಸುವಿಕೆ | देवरन्नु स्तुतिसुव पद;<br>स्तोत्र;<br>देवरन्नु वर्णिसुविके | devotional music;<br>devotional verse;<br>praise. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **कीर्ति** | स्त्री. | यश, ख्याति। | ಯಶಸ್ಸು, ಖ್ಯಾತಿ | यशस्सु, ख्याति | fame, glory, reputation. |
| **कीर्तिमान** | वि. | 1. यशस्वी, विख्यात;<br>2. किसी कार्य विशेष या क्षेत्र में स्थापित किया गया कुशलता का नया स्तर या मानदंड। | ಹೆಸರಾಂತ;<br>ಕೆಲಸ ಅಥವಾ ಕಾರ್ಯ ಕ್ಷೇತ್ರದಲ್ಲಿ ಹೊಸ ದಾಗಿ ಸ್ಥಾಪಿಸಲ್ಪಟ್ಟ ಕಾರ್ಯ ಕುಶಲ ತೆಯ ಮಟ್ಟ | हॆसरांत;<br>कॆलस अथवा कार्यक्षेत्रदल्लि हॊसदागि स्थापिसल्पट्ट कार्य कुशलतॆय मट्ट | famous, renowned;<br>standard. |
| **कीर्तिशाली** | वि. | जिसकी विशेष कीर्ति या ख्याति हो, यशस्वी। | ಕೀರ್ತಿವೆತ್ತ,<br>ಯಶೋವಂತನಾದ | कीतिर्वत्त,<br>यशोवंतनाद | famous. |
| **कीर्ति-स्तम्भ** | पुं. | वह स्तंभ या वास्तु रचना जो किसी का यश बहुत दिनों तक स्मरण कराने या उसे स्थायी रखने के लिए बनाई गई हो। | ಕೀರ್ತಿಯನ್ನು ನೆನಪಿಗೆ ತರಲು ಶಾಶ್ವತವಾಗಿರು-ವಂತೆ ಕಟ್ಟಿದ ಸ್ಮಾರಕ ಸ್ತಂಭ | कीर्तियन्नु नॆनपिगॆ तरलु शाश्वतवागिरुवंतॆ कट्टिद स्मारक स्तंभ | pillar set up in commemoration of the glory of some one, column of fame. |
| **कील** | स्त्री. | 1. लकड़ी, लोहे आदि का गोलाकार, लंबोतरा नुकीला टुकड़ा जो गाड़ने, फंसाने आदि के लिए बनाया गया हो, मेख, खूंची; | ಕಟ್ಟಿಗೆ ಅಥವಾ ಲೋಹದ ಗೂಟ; | कट्टिगॆ अथवा लोहद गूट; | nail; |
| | | 2. नाक में पहनने का एक छोटा आभूषण; | ಮೂಗಿನ ನತ್ತು (ಆಭರಣ); | मूगिन नत्तु (आभरण); | gold pin (inserted in the nose as an ornament by women); |
| | | 3. फुंसी या फोड़े के मुंह पर आई हुई पीप की कील। | ಹುಣ್ಣು ಅಥವಾ ಕುರುವಿನ ಕೀವು ತುಂಬಿದ ಮೂತಿ | हुण्णु अथवा कुरुविन कीवु तुंबिद मूति | core (of a boil). |
| **कीलक** | पुं. | 1. बड़ी कील या कांटा;<br>2. गाय आदि बांधने का खूंटा। | ದೊಡ್ಡ ಗೂಟ;<br>ಪಶುಗಳನ್ನು ಕಟ್ಟುವ ಗೂಟ | दॊड्ड गूट;<br>पशुगळन्नु कट्टुव गूट | big nail or spike;<br>peg. |
| **कीलना** | स. क्रि. | 1. कील ठोंकना या गाड़ना;<br>2. कील आदि ठोककर दो वस्तुओं को जोड़ना;<br>3. कील आदि ठोककर किसी चीज का मुंह बन्द करना; | ಮೊಳೆ ಹೊಡೆಯು;<br>ಮೊಳೆ ಹೊಡೆದು ಎರಡು ವಸ್ತುಗಳನು ಜೋಡಿಸು(ವುದು);<br>ಮೊಳೆ ಹೊಡೆದು (ಯಾವುದಾದ ರೊಂದು ವಸ್ತುವಿನ) ಬಾಯಿ ಮುಚ್ಚು; | मॊळॆ कॊडॆयु;<br>मॊळॆ हॊडॆदु ऎरडु वस्तुगळन्नु जोडिसु (वुदु);<br>मॊळॆ हॊडॆदु (यावुदादरॊंदु वस्तुविन) बायि-मुच्चु; | to drive a nail;<br>to fasten;<br>to rivet, to close, to close up; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. किसी की बढ़ती हुई गति या शक्ति बीच में रोकना; | ಮುಂದುವರಿಯುವ ಶಕ್ತಿಯನ್ನು ತಡೆ-ಗಟ್ಟು; | मुंदुवरियुव शक्तियन्नु तडॆगट्टु; | to stop the progress or the propagation of; |
| | | 5. बहुत-सी चीज़ों को एक में बांधना, मिलाना या लगाना। | ಅನೇಕ ಪದಾರ್ಥಗಳನ್ನು ಒಂದು ಗೂಡಿಸಿ ಕಟ್ಟು | अनेक पदार्थगळन्नु ऒंदुगूडिसि कट्टु | to tie, to mix, to arrange. |
| **कीला** | पुं. | बड़ी और मोटी कील। | ದಪ್ಪನಾದ ದೊಡ್ಡ ಮೊಳೆ | दप्पनाद दॊड्ड मॊळॆ | large nail. |
| **कीली** | स्त्री. | 1. छोटी कील या खूंटा; | ಚಿಕ್ಕ ಮೊಳೆ, ಗೂಟ; | चिक्क मॊळॆ, गूट; | small nail or peg; |
| | | 2. किसी चक्र के ठीक मध्य के छेद में पड़ी हुई वह कील या डंडा जिस पर वह घूमता है; | ಗಾಡಿಯ ಚಕ್ರಗಳನ್ನು ತಿರುಗುವಂತೆ ಜೋಡಿಸುವ ಅಚ್ಚು ಅಥವಾ ಧುರಿ; | गाडिय चक्रगळन्नु तिरुगुवंतॆ जोडिसुव अच्चु अथवा धुरि; | cotter-pin; |
| | | 3. किसी प्रकार की वह केंद्रीय शक्ति जिसके बल पर उसके ऊपर बनी या लगी हुई चीज गोलाकार घूमती है, धुरी। | ಅಕ್ಷ,(ಮಧ್ಯದಲ್ಲಿರಿಸಿದ ಆಧಾರದ ಮೇಲೆ ಸುತ್ತಲೂ ತಿರುಗಿಸು-ವಂತಿರುವ) ಕೇಂದ್ರ ಶಕ್ತಿ, ಧುರಿ | अक्ष (मध्यदल्लि-रिसिद आधारद मेलॆ सुत्तलू तिरुगिसुवंतिरुव) केंद्रशक्ति, धुरि | axis. |
| **कुंअर (कुंवर)** | पुं. | 1. राजपुरुष, राजकुमार; | ರಾಜಕುಮಾರ; | राजकुमार; | prince; |
| | | 2. पुत्र, बेटा। | ಮಗ, ಪುತ್ರ | मग, पुत्र | son. |
| **कुंआरा (कुंवारा)** | वि. | जिसका अभी विवाह न हुआ हो, अविवाहित। | ಮದುವೆಯಾಗದವ, ಅವಿವಾಹಿತ | मदुवॆयागदव, अविवाहित | bachelor, unmarried. |
| **कुंआरी (कुंवारी)** | वि. | जिसका अभी विवाह न हुआ हो (युवती)। | ಕನ್ಯೆ, ಅವಿವಾಹಿತೆ | कन्यॆ, अविवाहितॆ | maiden, unmarried (girl). |
| **कुंकुम** | पुं. | 1. केसर; | ಕೇಸರಿ; | केसरि; | saffron; |
| | | 2. रोली जिसे स्त्रियां माथे पर लगाती हैं। | (ಹೆಂಗಸರು ಹಣೆಗೆ ಹಚ್ಚುವ) ಕುಂಕುಮ | (हॆंगसरु हणॆगॆ हच्चुव) कुंकुम | red powder which women put on their forehead. |
| **कुंचित** | वि. | 1. सिकुड़ा हुआ; | ಸಂಕುಚಿತ; | संकुचित; | contracted; |
| | | 2. टेढ़ा, मुड़ा हुआ; | ಬಾಗಿದ; | बागिद; | curved, bent; |
| | | 3. घुंघराला। | ಗುಂಗುರಾಗಿರುವ | गुंगुरागिरुव | curled. |
| **कुंज** | पुं. | 1. झाड़ियों, लताओं आदि से घिरा हुआ, प्रायः गोलाकार स्थान, लतामंडप; | ಲತಾ ಮಂಟಪ; | लता मंटप; | bower, grove; |
| | | 2. चादर, दुशाला आदि | ಶಾಲು ಮುಂತಾದ | शालु मुंतादवुगळ | embroidery on the |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | के चारों ओर के कोनों पर बनाए जानेवाले बूटे। | ದವುಗಳ ಮೂಲೆ-ಗಳಲ್ಲಿ ಮಾಡಿದ ಕಸೂತಿ | मूलेगळल्लि माडिद कसूति | four corners of a sheet or shawl etc. |
| कुंज-गली | स्त्री. | वह पगडंडी या तंग रास्ता जो झाड़ियों लताओं आदि से छाया हुआ हो। | ಗಿಡಬಳ್ಳಿಗಳ ನೆರಳಿನಲ್ಲಿನ ಹಾದಿ | गिडवळ्ळिगळ नेरळिनल्लिन हादि | arbour–lane. |
| कुंजड़ा | पुं. | 1. तरकारी, फल आदि बेचनेवाले लोगों की एक जाति; | ತರಕಾರಿ, ಹಣ್ಣು ಹಂಪಲು ಮಾರುವ ಒಂದು ಜಾತಿ; | तरकारि हण्णु हंपलु मारुव ओंदु जाति; | name of a caste whose business is to sell vegetables, fruits; |
| | | 2. तरकारी, फल आदि बेचनेवाला दुकानदार। | ತರಕಾರಿ, ಹಣ್ಣು ಹಂಪಲು ಮಾರುವ ಅಂಗಡಿಗಾರ | तरकारि, हण्णु हंपलु मारुव अंगडिगार | vegetable vendor, green-grocer. |
| कुंजी | स्त्री. | 1. चाबी, ताली; | ಬೀಗ, ಬೀಗದ ಕೈ; | बीग, बीगद कै; | key; |
| | | 2. ताली जैसी कोई वस्तु; | ಬೀಗದಂತಹ ವಸ್ತು; | बीगदंतह वस्तु; | key-like; |
| | | 3. ऐसी सहायक पुस्तक जिसमें किसी दूसरी कठिन पुस्तक के अर्थ स्पष्ट किये गये हों; | ಕಠಿಣವಾದುದನ್ನು ಸುಲಭವಾಗಿ ತಿಳಿಯುವಂತೆ ಬರೆದ ನೋಟ್ಸು; | कठिणवादुदन्नु सुलभवागि तिळियुवंते बरेद नोट्सु; | guide, annotation to a book; |
| | | 4. ऐसा सरल साधन जिससे कोई उद्देश्य सहज में सिद्ध होता हो। | ಸಹಜವಾಗಿ ಕಾರ್ಯ ಸಿದ್ಧಿಯಾಗುವ ಸಾಧನ | सहजवागि कार्यसिद्धियागुव साधन | means, (fig.) key. |
| कुंठा | स्त्री. | 1. मनुष्य की अतृप्त तथा सुप्त भावना; | ತೃಪ್ತಿ ಇಲ್ಲದಿರುವಿಕೆಯ ಮನೋಭಾವ; | तृप्ति इल्लदिरुविकेय मनोभाव; | frustration; |
| | | 2. निराशा। | ನಿರಾಶೆ | निराशे | disappointment. |
| कुंठित | वि. | 1. जिसकी धार या नोक तीक्ष्ण या तेज न हो, कुंद; | ಮೊಂಡಾದ, ಹರಿತವಿಲ್ಲದ; | मोंडाद, हरितविल्लद; | blunted; |
| | | 2. जिसकी बुद्धि मंद हो; | ಮಂದ ಬುದ್ಧಿಯ; | मंदबुद्धिय; | dull, not sharp; |
| | | 3. गतिहीन, अवरुद्ध। | ಮುಂದುವರಿಯದ | मुंदुवरियद | slow. |
| कुंड | पुं. | 1. छोटा तालाब; | ಚಿಕ್ಕ ಕೆರೆ, ಕುಂಟೆ; | चिक्क केरे, कुंटे; | tank, pool; |
| | | 2. किसी प्रकार का गहरा स्थान, गड्ढा; | ಆಳವಿರುವ ನೀರು ನಿಲ್ಲುವ ಒಡ್ಡು; | आळविरुव नीरु निल्लुव ओड्डु; | pit. |
| | | 3. होम करने के लिए खोदा हुआ गड्ढा या मिट्टी का बना हुआ वैसा पात्र। | ಹೋಮ ಕುಂಡ | होम कुंड | square vessel of clay or metal in which oblations to fire are made. |
| कुंडल | पुं. | 1. कान में पहना जानेवाला | ಕಡಕು, ಓಲೆ; | कडकु, ओले; | large ear-ring; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | मंडलाकार प्रसिद्ध गहना,<br>जो बड़े बाले की तरह<br>होता है; | | | |
| | | 2. किसी प्रकार की<br>मंडलाकार आकृति या<br>रचना। | ದುಂಡಗಿರುವ<br>ಒಂದು ವಸ್ತು | दुंडगिरुव ओंदु<br>वस्तु | circle. |
| **कुंडलिनी** | स्त्री. | मूलाधार चक्र में स्थित एक<br>शक्ति जिसे तंत्र और<br>हठयोग का साधक जगाकर<br>ब्रह्मरंध्र में पहुंचाने का<br>यत्न करता है। | ಕುಂಡಲಿನಿ | कुंडलिनि | one of the<br>prominent<br>ganglions in the<br>body (according to<br>Hathayoga). |
| **कुंडली** | स्त्री. | 1. किसी प्रकार की गोल<br>आकृति रचना या रेखा; | ಗೋಳಾಕಾರ; | गोळाकार; | **coil;** |
| | | 2. फलित ज्योतिष में वह<br>गोलाकार चक्र अथवा<br>चौकोर लिखावट जिसमें<br>यह दिखलाया जाता है<br>कि किसी के जन्म के<br>समय कौन-कौन से ग्रह<br>किस लग्न या स्थान में थे<br>और जिसके आधार पर<br>उसके सारे जीवन के<br>शुभाशुभ फल बताये<br>जाते हैं। | ಜನ್ಮ ಕುಂಡಲಿ,<br>(ಹುಟ್ಟಿದಾಗಣ<br>ಗ್ರಹಸ್ಥಿತಿ ಸ್ಥಾನ<br>ಗಳನ್ನು ಸೂಚಿಸುವ)<br>ಜಾತಕ | जन्म कुंडलि<br>(हुट्टिदागण<br>ग्रहस्थिति स्थान-<br>गळन्नु सूचिसुव)<br>जातक | **horoscope.** |
| **कुंडा** | पुं. | 1. मिट्टी का चौड़े मुंह का<br>एक बहुत बड़ा, गहरा<br>बरतन; | ಅಗಲ ಬಾಯಿಯ<br>ಮಣ್ಣಿನ ಪಾತ್ರೆ; | अगल बायिय<br>मण्णिन पात्रॆ; | large and hollow<br>earthen bowl; |
| | | 2. किवाड़ की चौखट में<br>लगा हुआ कोंढ़ा जिसमें<br>सांकल फंसाते हैं। | ಬಾಗಿಲಿನ ಅಗಳಿ<br>ಗೂಟ, ಚಿಲುಕ | बागिलिन अगळि-<br>गूट, चिलुक | hasp. |
| **कुंडी** | स्त्री. | 1. पत्थर का बना गोल,<br>गहरा पात्र जिसमें कोई<br>चीज घोटी जाती है,<br>कूंड़ी; | (ಅರೆಯಲು<br>ಉಪಯೋಗಿಸುವ)<br>ಕಲ್ಲಿನ ಅಗಲ ಬಾಯ<br>ಪಾತ್ರೆ | (अरॆयलु<br>उपयोगिसुव)<br>कल्लिन अगल बाय<br>पात्रॆ ; | small shallow<br>earthen pot; |
| | | 2. दरवाजा बंद करने की<br>जंजीर; | ಅಗಳಿ, ಚಿಲುಕ, | अगळि, चिलुक; | iron chain (to<br>fasten the door); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| | | 3. जंजीर की कोई कड़ी; | ಸರಪಳಿಯ ಕೊಂಡಿ; | सरपळिय कोंडि; | staple; |
| | | 4. किसी प्रकार की मंडलाकार रचना, छल्ला। | ಉಂಗುರದಾಕಾರದ ವಸ್ತು | उंगुरदाकारद वस्तु | any circular thing or ring. |
| **कुंतल** | पुं. | सिर के बाल। | ತಲೆಗೂದಲು | तलॅगूदलु | hair (of the head). |
| **कुंद** | वि. | 1. गुठला, कुंठित; | ಮೊಂಡಾದ; | मोंडाद; | obtuse; |
| | | 2. मंद। | ಮಂಕಾದ | मंकाद | dull, slow. |
| | पुं. | जूही की तरह का एक पौधा तथा उसके सफेद फूल। | ಒಂದು ಜಾತಿಯ ಮಲ್ಲಿಗೆ ಗಿಡ–ಹೂ, | ओंदु जातिय मल्लिगॅ गिड-हू | a kind of Jasmine and its flowers. |
| **कुंदन** | पुं. | बढ़िया और खालिस सोना। | ಶುದ್ಧವಾದ ಚಿನ್ನ, ಅಪರಂಜಿ | शुद्धवाद चिन्न, अपरंजि | very fine gold, pure gold. |
| | वि. | कुंदन के समान स्वच्छ, सुंदर और शुद्ध। | ಸ್ವಚ್ಛವಾದ, ಅಂದವಾಗಿ ಹಾಗೂ ಶುದ್ಧವಾಗಿರುವ | स्वच्छवाद, अंदवागि हागू शुद्धवागिरुव | pure like gold, beautiful and pure. |
| **कुंदरु** | पुं. | एक प्रकार की लता तथा उसमें परवल की तरह लगनेवाले छोटे फल जिनकी तरकारी बनाई जाती है। | ತೊಂಡೇಕಾಯಿ | तोंडेकायि | a kind of wild gourd, **Trichosanthes.** |
| **कुंदा** | पुं. | 1. वृक्षों आदि के तने या मोटी डालों का बड़ा और मोटा टुकड़ा जो अभी चीरकर काम में लाने योग्य न बनाया गया हो; | ಮರದ ದಿಮ್ಮಿ; | मरददिम्मि; | log; |
| | | 2. बंदूक का पिछला चौड़ा भाग जो लकड़ी का होता है; | ಬಂದೂಕಿನ ಹಿಂಭಾಗದಲ್ಲಿ ಮರದಿಂದ ಮಾಡಿದಭಾಗ; | बंदूकिन हिंभागदल्लि मरदिंद-माडिद भाग; | butt-end of a gun; |
| | | 3. दस्ता, मूठ; | ಹಿಡಿ; | हिडि; | handle (of an instrument); |
| | | 4. लकड़ी का वह मोगरा जिससे कपड़ों आदि की कुटाई की जाती है; | ಬಟ್ಟೆಗಳನ್ನು ಸ್ವಚ್ಛ ಮಾಡಲು ಉಪಯೋಗಿಸುವ ಮರದ ತುಂಡು; | बट्टॅगळन्नु स्वच्छ माडलु उपयोगिसुव मरद तुंडु; | wooden block which is used for washing clothes; |
| | | 5. लकड़ी का वह टुकड़ा जिससे खोआ बनाने के समय दूध चलाया और कड़ाही के तल से रगड़ा जाता है। | ಹಾಲನ್ನು ಕಾಯಿಸಿ ಖೋವಾ ತಯಾರಿಸಲು ಕಲಕಿ ಕಡೆಯುವ ಮರದ ಕಡೆಗೋಲು | हालन्नु कायिसि खोवा तयारिसलु कलकि कडयुव मरद कडॅगोलु | stick or wooden ladle used to stir milk while preparing Khoya. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| कुंदी | स्त्री. | धुले या रंगे हुए कपड़ों को लकड़ी की मोगरी से कूटने की वह क्रिया जो उनकी तह जमाने और उनमें चमक तथा चिकनाई लाने के लिए की जाती है। | ಒಗೆದ ಬಟ್ಟೆಗಳನ್ನು ಮಡಿಸಿ ಮಡಿಕೆ ಸರಿಯಾಗಿ ನಿಲ್ಲುವಂತೆ ಮರದ ತುಂಡಿನಿಂದ ತಟ್ಟಿ ಹೊಳಪು ಬರುವಂತೆ ಮಾಡುವಿಕೆ | अ.गंद बट्टॆगळन्नु मडिसि मडिकॆ सरियागि निल्लुवंतॆ मरद तुडिनिंद तट्टि हॊळपु बरुवंतॆ माडुविकॆ | act or process of calendering (cloth). |
| कुंभ | पुं. | 1. धातु, मिट्टी आदि का घड़ा, कलश; | ಮಣ್ಣು ಅಥವಾ ಹಿತ್ತಾಳೆ ಕೊಡ; | मण्णु अथवा हित्ताळॆ कॊड; | pot made of metal, clay etc.; |
| | | 2. हाथी के मस्तक के दोनों ओर के भाग; | ಆನೆಯ ಕುಂಭಸ್ಥಳ; | आनॆय कुंभस्थळ; | frontal globes on the upper part of the forehead of an elephant; |
| | | 3. ज्योतिष में ग्यारहवीं राशि; | (ಜ್ಯೋತಿಷ) ಕುಂಭ ರಾಶಿ | (ज्योतिष) कुंभ, राशि; | eleventh sign of the Zodiac, Aquarius; |
| | | 4. प्रति बारहवें वर्ष लगनेवाला एक प्रसिद्ध पर्व जो सूर्य और बृहस्पति के कुछ विशेष राशियों में प्रविष्ट होने के समय पड़ता है। | ಸೂರ್ಯ, ಗುರು ಗ್ರಹಗಳು ವಿಶೇಷ ರಾಶಿಗಳಲ್ಲಿರುವಾಗ 12 ವರ್ಷಕ್ಕೆ ಒಮ್ಮೆ ನಡೆಯುವ ಉತ್ಸವ, ಕುಂಭಮೇಳ | सूर्य, गुरु ग्रहगळु विशेष राशि-गळल्लिरुवाग 12 वर्षक्कॆ ऒम्मॆ नडॆयुव उत्सव, कुंभमेळ | a religious festival which occurs after every 12 years. |
| कुंभक | पुं. | प्राणायाम की वह क्रिया जिसमें सांस लेकर वायु को शरीर के भीतर रोक रखते हैं। | (ಪ್ರಾಣಾಯಾಮ) ಉಸಿರನ್ನು ಎಳೆದು ನಿಲ್ಲಿಸುವ ಸಾಧನೆ | (प्रणायाम) उसिरन्नु ऎळॆदु निल्लिसुव साधनॆ | a particular exercise of stopping the breath. |
| कुंभकार | पुं. | मिट्टी के बरतन बनानेवाली एक जाति, कुम्हार। | ಕುಂಬಾರ | कुंबार | potter. |
| कुआं(कुंआ) | पुं. | पानी निकालने के लिए पृथ्वी में खोदा हुआ गहरा तथा गोल गड्ढा। | ಭಾವಿ | भावि | well. |
| कुआर (क्वार) | पुं. | हिन्दू वर्ष का सातवां महीना, आश्विन मास। | ಆಶ್ವಯುಜ ಮಾಸ | आश्वयुज मास | seventh month of the Indian calendar. |
| कुकडूकूं | स्त्री. | मुरगे की बोली या आवाज। | ಕೋಳಿಯ ಕೂಗು | कोळिय कूगु | the crow of a cock, cock-a-doodle-do. |
| कुकर | पुं. | एक प्रकार का बड़ा पात्र, जिसमें कई डब्बे होते हैं और | ಕುಕರ್ | कुकर् | pressure cooker. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | जिसमें भाप की सहायता से एक ही समय में कई चीजें पकाई जाती हैं। | | | |
| **कुकर्म** | पुं. | 1. निंदनीय कर्म, बुरा कर्म; 2. स्त्री-पुरुष का परस्पर अवैध संबंध। | ಕೆಟ್ಟ ಕೆಲಸ; ಹೆಣ್ಣು-ಗಂಡಿನ ನೀತಿ ವಿರುದ್ಧ ಸಂಬಂಧ | कॅट्ट कॅलस; हॅण्णु-गंडिन नीति विरुद्ध संबंध | evil doing, vice; illicit relations. |
| **कुकर्मी** | वि. | 1. निंदनीय कार्य करनेवाला; 2. अवैध संबंध रखनेवाला। | ಕೆಟ್ಟ ಕೆಲಸ ಮಾಡುವ; ಕೆಟ್ಟ ನಡತೆಯ | कॅट्ट कॅलस माडुव; कॅट्ट नडतॅय | evil-doer; malefactor, fornicator. |
| **कुकर खांसी** | स्त्री. | वह सूखी खांसी जिसमें कफ न गिरे और खांसते-खांसते उलटी हो जाए। | ನಾಯಿ ಕೆಮ್ಮು | नायि कॅम्मु | whooping cough. |
| **कुकरमुत्ता** | पुं. | एक छोटा जंगली पौधा, जिसमें से दुर्गन्ध निकलती है। | ನಾಯಿಕೊಡೆ | नायिकॉडॅ | mushroom, toadstool. |
| **कुक्कुट** | पुं. | मुर्गा। | ಹುಂಜ | हुंज | cock. |
| **कुक्षि** | स्त्री. | 1. उदर, पेट; 2. पेट के बगल का भाग, कोख; 3. किसी चीज के बीच का भाग। | ಹೊಟ್ಟೆ; ಉದರ ಗುಹೆ; ವಸ್ತುವಿನ ಒಳ ಭಾಗ | हॉट्टॅ; उदर गुहॅ; वस्तुविन ऑळभाग | belly; cavity of the abdomen;, interior of anything. |
| **कुख्यात** | वि. | बदनाम। | ಕೆಟ್ಟ ಹೆಸರು ಪಡೆದ | कॅट्ट हॅसरु पडॅद | defamed. |
| **कुख्याति** | स्त्री. | बदनामी। | ಕೆಟ್ಟ ಹೆಸರು | कॅट्ट हॅसरु | infamy, disrepute. |
| **कुच** | पुं. | स्त्रियों की छाती, स्तन। | ಮೊಲೆ, ಸ್ತನ | मॉलॅ, स्तन | female breast, teat. |
| **कुचक्र** | पुं. | किसी को हानि पहुंचाने के लिए किया गया गुप्त षड्यन्त्र। | ಪಿತೂರಿ, ಷಡ್ಯಂತ್ರ | पितूरि, षड्यंत्र | stratagem or intrigue, secret plot. |
| **कुचक्री** | पुं. वि. | षड्यन्त्र रचनेवाला (व्यक्ति)। | ಪಿತೂರಿಗಾರ, ಪಿತೂರಿ ಮಾಡುವ | पितूरिगार, पितूरि माडुव | plotter. |
| **कुचलना** | स. क्रि. | 1. किसी वस्तु या पदार्थ को इस प्रकार पीसना या रगड़ना कि वह बिलकुल महीन हो जाए; 2. आघात, प्रहार या किसी | ಯಾವುದಾದರೊಂದು ವಸ್ತುವನ್ನು ನುಣ್ಣನೆಯ ಹುಡಿ ಯಾಗುವಂತೆ ಜಜ್ಜಿ ಕುಟ್ಟು; ಹೊಡೆದು ಬಡಿದು | यावुदादरॉंदु वस्तुवन्नु नुण्णनॅय हुडियागुवंतॅ जज्जि कुट्टु; हॉडॅदु बडिदु | to beat to pulp; to stamp; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अन्य प्रकार से दबाकर घायल या बेकार कर देना; | ಗಾಯಮಾಡು; | गायमाडु; | |
| | | 3. रौंदना; | (ಕಾಲಿನಿಂದ) ಹೊಸಕು; | (कालिनिंद) हॊसकु; | to trample; |
| | | 4. दमन करना। | ತಡೆಗಟ್ಟು | तडॆगट्टु | to crush. |
| **कुचाग्र** | पुं. | स्त्रियों के स्तन का अग्रभाग। | ಮೊಲೆಯ ಅಗ್ರ ಭಾಗ, ಚೂಚಿ | मॊलॆय अग्रभाग, चूचि | nipple. |
| **कुचाल** | स्त्री. | 1. बुरा चालचलन, निंदनीय आचरण; | ಕೆಟ್ಟ ನಡತೆ; | कॆट्ट नडतॆ; | misconduct; |
| | | 2. दुष्टता; | ದುಷ್ಟತನ; | दुष्टतन; | roguishness; |
| | | 3. दुष्टतापूर्वक चली हुई चाल या की हुई युक्ति। | ಕೆಟ್ಟ ನಡವಳಿಕೆಯಿಂದ ಹೂಡಿದ ಯುಕ್ತಿ | कॆट्ट नडवळिकॆयिंद हूडिद युक्ति | evil course, trick. |
| | वि. | 1. बुरे आचरणवाला, कुमार्गी; | ಕೆಟ್ಟ ನಡತೆಯುಳ್ಳ, ದುರ್ಮಾರ್ಗಿ; | कॆट्ट नडतॆयुळ्ळ, दुर्मार्गि; | ill-behaved; |
| | | 2. दुष्ट। | ದುಷ್ಟ | दुष्ट | rogue. |
| **कुचेष्टा** | स्त्री. | बुरा कार्य करने का प्रयत्न। | ಕೆಟ್ಟ ಕೆಲಸದ ಪ್ರಯತ್ನ | कॆट्ट कॆलसद प्रयत्न | evil contrivance. |
| **कुछ** | सर्व. | 1. अज्ञात, अनिर्दिष्ट या अनिश्चित वस्तु या बात; | ನಿರ್ದಿಷ್ಟ ಅಥವಾ ನಿಗದಿ ಇಲ್ಲದಷ್ಟು; | निर्दिष्ट अथवा निगदि इल्लदष्टु; | something; |
| | | 2. अनिश्चित या अनिर्दिष्ट अंश या भाग; | ಪರಿಮಿತಿಯಿಲ್ಲದ ಯಾವುದೋ ಅಂಶ; | परिमितियिल्लद यावुदो अंश; | some; |
| | | 3. अनुचित, कड़ी या खटकनेवाली बात; | (ಮನ ನೋಯುವ) ಯಾವುದೋ ಮಾತು; | (मन नोयुव) यावुदो मातु; | anything (annoying); |
| | | 4. कोई हानिकारक चीज या बात। | (ತೊಂದರೆಗೀಡು ಮಾಡುವ) ಯಾವುದೋ ವಿಷಯ | (तॊंदरॆगीडु माडुव) यावुदो विषय | something (harmful). |
| | वि. | अनिश्चित या अनिर्दिष्ट (पदार्थ, परिमाण, संख्या आदि), कम, थोड़ा अल्प। | ಅಲ್ಪ-ಸ್ವಲ್ಪ, ಸ್ವಲ್ಪ | अल्प-स्वल्प, स्वल्प | a few, a little. |
| | क्रि. वि. | 1. अनिर्दिष्ट परिमाण, मात्रा या रूप में; | ಅನಿಶ್ಚಿತ ಪರಿಮಾಣ; | अनिश्चित परिमाण; | a bit; |
| | | 2. अल्प या सामान्य रूप में; | ಸ್ವಲ್ಪ; | स्वल्प; | a little; |
| | | 3. किसी दशा, प्रकार या रूप में। | ಹೇಗಾದರೂ, ಯಾವ ರೂಪದಲ್ಲಾದರೂ | हेगादरू, यावरूपदल्लादरू | in any manner or degree. |
| **कुछेक** | वि. | गिनती या संख्या में कम, थोड़ा। | ಸ್ವಲ್ಪ, ಕಡಿಮೆ ಪ್ರಮಾಣದ | स्वल्प, कडिमॆ प्रमाणद | a few, a little. |
| **कुजाति** | स्त्री. | 1. नीच या बुरे काम करनेवाली जाति; | ಹೀನ ಜಾತಿ; | हीन जाति; | a low caste; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. समाज में हीन समझी जानेवाली जाति। | ಸಮಾಜದಲ್ಲಿ ಹೀನವೆಂದು ಪರಿಗಣಿಸಲ್ಪಟ್ಟ ಜಾತಿ | समाजदल्लि हीनवेंदु परिगणिसल्पट्ट जाति | mean caste. |
| | पुं. | 1. जाति से बहिष्कृत व्यक्ति; | ಬಹಿಷ್ಕರಿಸಲ್ಪಟ್ಟ ವ್ಯಕ್ತಿ; | बहिष्करिसल्पट्ट व्यक्ति; | outcaste; |
| | | 2. हीन जाति का व्यक्ति। | ನೀಚ ಜಾತಿಯ ಮನುಷ್ಯ | नीच जातिय मनुष्य | person of a low caste. |
| **कुटकी** | स्त्री. | 1. पौधा जिसकी जड़ दवा के काम आती है; | ಔಷಧಿಗೆ ಉಪಯೋಗಿಸುವ ಒಂದು ಮೂಲಿಕೆ; | औषधिगॆ उपयोगिसुव ऒंदु मूलिकॆ; | medicinal plant; |
| | | 2. एक छोटा कीड़ा जो मच्छर की तरह पशुओं और मनुष्यों को काटता है; | ದನ ಮತ್ತು ನಾಯಿಗಳಿಗೆ ಹತ್ತುವ ಸೊಳ್ಳೆ ಜಾತಿಯ ಒಂದು ಕ್ರಿಮಿ; | दन मत्तु नायिगळिगॆ हत्तुव सॊळ्ळॆ जातिय ऒंदु क्रिमि; | gnat which infests dogs and cattle; |
| | | 3. कंगनी नामक अन्न। | ರಾಗಿ, ಸಾವೆ, ಸಜ್ಜೆ ಜಾತಿಯ ಧಾನ್ಯ | रागि, सावॆ सज्जॆ जातिय धान्य | cornice, a kind of grain. |
| **कुटज** | पुं. | एक प्रकार का जंगली पौधा और उसका फूल, कुरैया। | ಕೊಡಸಿಗೆ ಗಿಡ ಮತ್ತು ಹೂ | कॊडसिगॆ गिड मत्तु हू | a wild plant and its flowers. |
| **कुटना** | अ. क्रि. | 1. कूटा जाना; | ಕುಟ್ಟಲ್ಪಡುವುದು; | कुट्टल्पडुवुदु | to be thrashed; |
| | | 2. मारा-पीटा जाना। | ಹೊಡೆ, ಬಡಿ | हॊडॆ, बडि | to be beaten. |
| **कुटनी** | स्त्री. | 1. स्त्रियों को बहकाकर उन्हें परपुरुष से मिलानेवाली स्त्री; | ತಲೆಹಿಡಿಕಿ; | तलॆहिडिकि; | procuress; |
| | | 2. दो पक्षों या व्यक्तियों में झगड़ा करानेवाली स्त्री। | ಅಲ್ಲಿನ ಮಾತು ಇಲ್ಲಿ ಇಲ್ಲಿನ ಮಾತು ಅಲ್ಲಿ ಹೇಳುವ ಜಗಳಗಾತಿ | अल्लिन मातु इल्लि इल्लिन मातु अल्लि हेळुव जगळगाति | a woman who creates quarrels. |
| **कुटवाना** | स. क्रि. | 1. कूटने की क्रिया दूसरे से कराना; | ಕುಟ್ಟಿಸುವುದು; | कुट्टिसुवुदु; | to cause to be pounded; |
| | | 2. किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा पिटवाना। | ಬೇರೆ ಯವರಿಂದ ಹೊಡೆಸು | बेरॆयवरिंद हॊडॆसु | to cause to be beaten. |
| **कुटाई** | स्त्री. | 1. कूटने या कूटे जाने का काम, भाव या मजदूरी; | ಕುಟ್ಟಿಸುವಿಕೆ ಅಥವಾ ಕುಟ್ಟಿಸಿದುದರ ಕೂಲಿ; | कुट्टिसुविकॆ अथवा कुट्टिसिदुदर कूलि; | pounding, price paid for pounding; |
| | | 2. अच्छी तरह मारने-पीटने या मारे-पीटे जाने की क्रिया या भाव। | ಚೆನ್ನಾಗಿ ಹೊಡೆಯುವಿಕೆ | चॆन्नागि हॊडॆयुविकॆ | the act or process of good beating. |
| **कुटिया** | स्त्री. | 1. घास-फूस का बना छोटा घर, झौंपड़ी, कुटी; | ಗುಡಿಸಲು; | गुडिसलु; | hut; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. साधु-संतों आदि के रहने की झौंपड़ी। | ಸಾಧು ಸಂತರ ಆಶ್ರಮ | साधु संतर आश्रम | cottage, hermitage. |
| **कुटिल** | वि. | 1. टेढ़ा; | ಡೊಂಕಾದ, ಬಾಗಿದ | डोंकाद, बागिद; | curved; |
| | | 2. मन में छल, कपट, द्वेष आदि रखने और छिपकर बदला लेनेवाला, दुष्ट। | ಕೆಟ್ಟ ಮನೋಭಾವದ, ಮರೆ ಮಾಚಿ ಸೇಡು ತೀರಿಸಿಕೊಳ್ಳುವ | कॆट्ट मनोभावद, मरॆमाचि सेडु तीरिसिकॊळ्ळुव | wicked, vile. |
| **कुटिलता** | स्त्री. | 1. टेढ़ापन, वक्रता; | ಬಾಗಿರುವಿಕೆ; | बागिरुविकॆ; | crookedness; |
| | | 2. दुष्टता। | ದುಷ್ಟತನ | दुष्टतन | wickedness. |
| **कुटी** | स्त्री. | 1. घासफूस से बनाया हुआ घर, झौंपड़ी, पर्णशाला; | ಜೋಪಡಿ, ಗುಡಿಸಲು; | जोपडि, गुडिसलु; | hut; |
| | | 2. ऋषियों, साधुओं आदि का निवासस्थान। | (ಋಷಿ ಮುನಿಗಳ) ಪರ್ಣಶಾಲೆ | (ऋषि मुनिगळ) पर्णशालॆ | hermitage, cottage. |
| **कुटीर** | पुं. | कुटी। | ಗುಡಿಸಲು | गुडिसलु | hut. |
| **कुटीर उद्योग** | पुं. | ऐसे छोटे-छोटे काम जिन्हें लोग घर में ही करके जीविका निर्वाह के लिए धन कमा सकते हैं, घरेलू उद्योग। | ಗ್ರಾಮೋದ್ಯೋಗ | ग्रामोद्योग | cottage industry. |
| **कुटुंब** | पुं. | परिवार। | ಸಂಸಾರ (ಹೆಂಡತಿ ಮಕ್ಕಳು) | संसार (हॆंडति-मक्कळु) | family. |
| **कुटुंबी** | पुं. | 1. परिवार के लोग; | ಮನೆಯ ಜನ; | मनॆय जन; | of or belonging to family (persons); |
| | | 2. कुटुंब या परिवारवाला, कुनबेवाला। | ಮಕ್ಕಳು ಮರಿಗಳುಳ್ಳ, ಗೃಹಸ್ಥ | मक्कळु मरिगळुळ्ळ गृहस्थ | householder. |
| **कुटेव** | स्त्री. | बुरी आदत। | ದುರಭ್ಯಾಸ | दुरभ्यास | bad habit. |
| **कुट्टी** | स्त्री. | 1. बच्चों में प्रयुक्त एक शब्द जिसका अर्थ है संबंध त्याग, बोलचाल बंद कर देना आदि; | ಜತೆ ಬಿಡುವುದು (ಮಕ್ಕಳು ಆಟದಲ್ಲಿ 'ಠೂ' ಹೇಳುವುದು) | जतॆ बिडुवुदु (मक्कळु आटदाल्लि "ठू" हेळुवुदु) | sign of severance of friendship in children; |
| | | 2. कूटकर सड़ाया हुआ वह कागज जिससे खिलौने, दौरिया आदि बनाई जाती है; | ಬೊಂಬೆ ಮುಂತಾದ ಆಟದ ಸಾಮಾನು ಮಾಡಲು ಕುಟ್ಟಿ ಕೊಳೆಸಿದ ಕಾಗದ; | बॊंबॆ मुंताद आटद सामानु माडलु कुट्टि कॊळॆसिद कागद; | pulverized paper, **papier mache** (used for binding books, making pen—boxes, stiffening caps etc.); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. पशुओं के लिए काटा हुआ चारा। | ಪಶುಗಳಿಗಾಗಿ ಸಣ್ಣ ಚೂರು ಚೂರು ಮಾಡಿದ ಹುಲ್ಲು | पशुगळिगागि सण्ण चूरु चूरु माडिद हुल्लु | chopped straw or fodder. |
| **कुठांव** | स्त्री. | 1. बुरी जगह;<br>2. शरीर का कोमल या सुकुमार अंग, मर्मस्थल। | ಕೆಟ್ಟ ಜಾಗ;<br>ಶರೀರದ ಕೋಮಲವಾದ ಮರ್ಮ ಸ್ಥಳ | कॆट्ट जाग;<br>शरीरद कोमलवाद मर्म स्थळ | bad place;<br>delicate portion of body, vulnerable point. |
| **कुठार** | पुं. | 1. कुल्हाड़ा;<br>2. फरसा। | ಕೊಡಲಿ;<br>ಗಂಡುಗೊಡಲಿ | कॊडलि;<br>गंडुगॊडलि | axe;<br>hatchet. |
| **कुठाराघात** | पुं. | 1. कुल्हाड़ी का आघात;<br>2. गहरी चोट, अत्यंत हानिकारक आघात, वज्रपात (ला.)। | ಕೊಡಲಿ ಪೆಟ್ಟು;<br>ಆಳವಾದ ಗಾಯ, ವಜ್ರಾಘಾತ | कॊडलि पॆट्टु;<br>आळवाद गाय, वज्राघात | stroke of the axe;<br>violent stroke. |
| **कुठाली** | स्त्री. | सुनारों का वह घरिया (मिट्टी का छोटा पात्र) जिसमें वे सोना, चांदी आदि गलाते हैं। | (ಚಿನ್ನ, ಬೆಳ್ಳಿ ಕರಗಿಸಲು) ಅಕ್ಕಸಾಲೆಯ ಮೂಸೆ | (चिन्न बॆळ्ळि करगिसलु) अक्कसालॆय मूसॆ | an earthen pot or vessel for melting gold or silver etc. |
| **कुठेर** | पुं. | दे. 'कुठांव'। | ನೋಡಿ "कुठांव" | नोडि "कुठांव" | see 'कुठांव'. |
| **कुढंग** | पुं. | 1. बुरा तरीका या ढंग;<br>2. बुरी चाल, अनरीत। | ಕೆಟ್ಟ ರೀತಿ;<br>ಕೆಟ್ಟ ನಡತೆ | कॆट्ट रीति;<br>कॆट्ट नडतॆ | misbehaviour, bad manners;<br>evil course. |
| **कुढंगा** | वि. | 1. जिसकी बनावट का ढंग ठीक न हो, बेढंगा;<br>2. जिसका आचरण या व्यवहार ठीक न हो;<br>3. जो ठीक ढंग से काम न करता हो;<br>4. कुरूप, भद्दा। | (ಆಕಾರ) ಅಂದವಿಲ್ಲದ;<br>(ನಡತೆ) ಸರಿಯಿಲ್ಲದ;<br>ಸರಿಯಾಗಿ ಕೆಲಸ ಮಾಡದ;<br>ಕುರೂಪಿಯಾದ | (आकार) अंदविल्लद;<br>(नडतॆ) सरियिल्लद;<br>सरियागि कॆलस माडद;<br>कुरूपियाद | ill-shaped;<br>unmannerly;<br>one who does not work in proper way or manner;<br>ugly. |
| **कुढ़न** | स्त्री. | कष्ट, विपत्ति आदि के कारण मन में होनेवाला सन्ताप। | (ಕಷ್ಟ ಅಥವಾ ಆಪತ್ತುಗಳಿಂದಾದ) ದುಃಖ, ವ್ಯಥೆ | (कष्ट अथवा आपत्तुगळिंदाद) दुःख, व्यथॆ | fret mixed with jealousy, grief. |
| **कुढ़ना** | अ.क्रि. | 1. मन ही मन दुखी और विकल होना;<br>2. डाह करना। | ಮನದಲ್ಲೇ ನೊಂದುಕೊಳ್ಳು;<br>ಅಸೂಯೆಪಡು | मनदल्ले नॊंदुकॊळ्ळु;<br>असूयॆपडु | to fret or grieve;<br>to envy. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| **कुढ़ाना** | स. क्रि. | 1. दुःखी करना;<br>2. चिढ़ाना। | ಮನ ನೋಯಿಸು;<br>ರೇಗಿಸುವುದು | मननोयिसु;<br>रेगिसुवुदु | to grieve;<br>to vex. |
| **कुतरन** | पुं. | कुतरा हुआ अंश। | ಕತ್ತರಿಸಿದ ಭಾಗ,<br>ತುಂಡು | कत्तरिसिद भाग,<br>तुंडु | portion of a cutting. |
| **कुतरना** | स. क्रि. | 1. दांत से छोटे-छोटे टुकड़ों के रूप में काटना;<br>2. बीच में पड़कर किसी वस्तु का कुछ अंश अपने लिए निकाल लेना। | ಹಲ್ಲಿನಿಂದ ಕಡಿದು ಚಿಕ್ಕ ಚೂರು ಮಾಡು;<br>ನಡುವೆ ನುಗ್ಗಿ ತನ್ನ ಭಾಗ ತೆಗೆದು ಕೊಳ್ಳುವುದು | हल्लिनिंद कडिदु चिक्क चूरु माडु;<br>नडुवॅ नुग्गि तन्न भाग तॅगॅदु-कोळ्ळुवुदु | to nibble;<br>to gnaw. |
| **कुतर्क** | पुं. | असंगत तर्क। | ವಿತಂಡವಾದ | वितंडवाद | wrong reasoning, fallacious argument. |
| **कुतुब** | पुं. | ध्रुव तारा। | ಧ್ರುವ ನಕ್ಷತ್ರ | ध्रुव नक्षत्र | the polar star, the north pole. |
| **कुतुबनुमा** | पुं. | वह यंत्र जिससे दिशा का ज्ञान होता है, दिग्दर्शक यंत्र। | ದಿಕ್ಸೂಚಿ, ದಿಕ್ಕು ತೋರಿಸುವ ಯಂತ್ರ | दिक्सूजि, दिक्कु-तोरियुव यंत्र | mariner's compass. |
| **कुतूहल** | पुं. | जिज्ञासा। | ಜಿಜ್ಞಾಸೆ | जिज्ञासॅ | curiosity. |
| **कुत्ता** | पुं. | 1. गीदड़, भेड़िये आदि की जाति का एक पालतू जानवर;<br>2. लाक्षणिक अर्थ में ऐसा व्यक्ति जो बहुत तुच्छ, दुष्ट या लोभी हो;<br>3. किसी यंत्र का वह पुरजा जो किसी चक्कर को पीछे की ओर घूमने से रोकता हो। | ನಾಯಿ;<br>ನೀಚ, ದುಷ್ಟ, ಲೋಭಿ ಮನುಷ್ಯ (ಲಾಕ್ಷಣಿಕ);<br>ಯಂತ್ರದ ಚಕ್ರವನ್ನು ಹಿಂದಕ್ಕೆ ತಿರುಗದಂತೆ ತಡೆಯುವ ಭಾಗ | नायि;<br>नीच, दुष्ट, लोभि मनुष्य (लाक्षणिक);<br>यंत्रद चक्रवन्नु हिंदक्कॅ तिरुगदंतॅ तडॅयुव भाग | dog;<br>(fig.) a low mean person;<br>ratchet. |
| **कुत्सित** | वि. | निंदनीय, निंदित, अधम, नीच। | ನೀಚ, ಅಧಮ, ನಿಂದನೀಯ | नीच, अधम, निंदनीय | despised, contemptible, low, mean. |
| **कुदकना** | अ. क्रि. | बार-बार उछलना या उछलते हुए चलना। | ಹಾರಿಕೊಂಡು ನಡೆಯುವುದು | हारिकोंडु नडॅयुवुदु | to leap, to gambol. |
| **कुदरत** | स्त्री. | 1. प्रकृति;<br>2. ईश्वरीय शक्ति। | ಪ್ರಕೃತಿ;<br>ದೈವೀ ಶಕ್ತಿ | प्रकृति;<br>दैवी शक्ति | nature;<br>divine power. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **कुदांव** | पुं. | **1. दूसरे की हानि करने के लिए चली जानेवाली अनुचित चाल, बुरी चाल;** | ಇತರರಿಗೆ ಹಾನಿಯಾಗುವಂತಹ ನಡೆವಳಿ,, ಮೋಸಗಾರಿಕೆ; | इतररिगॆ हानियागुवंतह नडॆवळि, मोसगारिकॆ; | all-plight; |
| | | **2. मर्मस्थान।** | (ಶರೀರದಲ್ಲಿ) ಅಪಾಯಸ್ಥಳ | (शरीरदल्लि) आपाय स्थळ | vital parts of the body. |
| **कुदान** | स्त्री. | **1. ऊंचे स्थान पर से नीचे स्थान पर कूद कर आने या नीचे से ऊंचे की ओर उछलकर जाने की क्रिया या भाव;** | ಮೇಲಿಂದ ಕೆಳಕ್ಕೆ ಅಥವಾ ಕೆಳಗಿನಿಂದ ಮೇಲಕ್ಕೆ ಕುಪ್ಪಳಿಸುವಿಕೆ; | मेलिंद कॆळक्कॆ अथवा कॆळगिनिंद मेलक्कॆ कुप्पळिसुविकॆ; | mode or act of jumping; |
| | | **2. एक बार में कूदकर पार की जानेवाली दूरी।** | ಒಮ್ಮೆ ಕುಪ್ಪಳಿಸುವಷ್ಟು ದೂರ | ऒम्मॆ कुप्पळिसुवष्टु दूर | distance covered in a jump. |
| | पुं. | **1. अशुभ कार्य या अवसर पर दिया जानेवाला दान;** | ಅಶುಭ ಕಾರ್ಯಗಳಲ್ಲಿ ಕೊಡುವ ದಾನ; | अशुभ कार्यगळल्लि कॊडुव दान; | charity given at the inauspicious time; |
| | | **2. कुपात्र को दिया जानेवाला दान।** | ಅಪಾತ್ರನಿಗೆ ಕೊಡಲ್ಪಟ್ಟ ದಾನ | अपात्रनिगॆ कॊडल्पट्ट दान | charity given to an undeserving person. |
| **कुदाना** | स. क्रि. | किसी को कूदने में प्रवृत्त करना। | ಕುಪ್ಪಳಿಸುವಂತೆ ಮಾಡು | कुप्पळिसुवंतॆ माडु | to cause to jump. |
| **कुदाल** | पुं. | मिट्टी खोदने और खेत गोड़ने का एक औजार जिस में लकड़ी का वेंट लगा रहता है। | (ಮಣ್ಣು ಅಗೆದು ಜಮೀನನ್ನು ಸಮ ಮಾಡುವ) ಗುದ್ದಲಿ | (मण्णु अगॆदु जमीनन्नु सम माडुव) गुद्दलि | pick-axe. |
| **कुदाली** | स्त्री. | दे. 'कुदाल'। | ನೋಡಿ "कुदाल" | नोडि "कुदाल" | see 'कुदाल'. |
| **कुदिन** | पुं. | 1. बुरे दिन, संकट का समय; | ಕೆಟ್ಟ ದಿನಗಳು; | कॆट्ट दिनगळु; | time of adversity, bad days; |
| | | 2. ऐसा दिन जिसमें कोई अशुभ घटना घटे। | ಅಶುಭ ದಿವಸ | अशुभ दिवस | evil or inauspicious day. |
| **कुदृष्टि** | स्त्री. | 1. बुरे उद्देश्य से किसी की ओर देखने की क्रिया; | ಕೆಟ್ಟ ಉದ್ದೇಶ್ಯದಿಂದ ನೋಡುವಿಕೆ; | कॆट्ट उद्देश्यदिंद नोडुविकॆ; | ill-intended look; |
| | | 2. बुरी नज़र। | ಕೆಟ್ಟ ದೃಷ್ಟಿ | कॆट्ट दृष्टि | evil eye, having bad eye. |
| **कुनकुना** | वि. | थोड़ा गरम। | ಉಗುರು ಬೆಚ್ಚನೆಯ | उगुरु बॆच्चनॆय | lukewarm, tepid. |
| **कुनबा** | पुं. | परिवार। | ಪರಿವಾರ | परिवार | family. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| कुपंथ | पुं. | 1. बुरा मार्ग, कुमार्ग, दुराचरण का मार्ग; | ಕೆಟ್ಟ ಹಾದಿ; | कॆट्ट हादि; | wrong course, evil way; |
| | | 2. कुत्सित सिद्धान्त या सम्प्रदाय, बुरा मत। | ಕೆಟ್ಟ ಮತ ಅಥವಾ ಸಂಪ್ರದಾಯ | कॆट्टमत अथवा संप्रदाय | heterodox doctrine. |
| कुपथ | पुं. | कुमार्ग, कुपंथ। | ದುರ್ಮಾರ್ಗ | दुर्मार्ग | bad path, bad way, evil conduct, wrong course. |
| कुपथ्य | पुं. | 1. स्वास्थ्य को हानि पहुंचानेवाला आहार; | ಆರೋಗ್ಯ ಕೆಡುವಂತಹ ಆಹಾರ; | आरोग्य कॆडुवंतह आहार; | unwholesome diet; |
| | | 2. रोगग्रस्त होने पर किया जानेवाला उक्त प्रकार का आहार, बदपरहेजी। | (ಅನಾರೋಗ್ಯವಿರುವಾಗ) ಮಾಡಬಾರದ ಆಹಾರ | (अनारोग्यविरुवाग) माडबारद आहार | lack of discrimination in eating. |
| कुपाठ | पुं. | बुरी सलाह, कुमंत्रणा। | ಕೆಟ್ಟ ಸಲಹೆ. | कॆट्ट सलहॆ | evil advice. |
| कुपात्र | पुं. | वह जिसे दान देना शास्त्रों में निषिद्ध हो। | ದಾನಕ್ಕೆ ಅರ್ಹನಲ್ಲದ ವ್ಯಕ್ತಿ | दानक्कॆ अर्हनल्लद व्यक्ति | unfit recipient. |
| | वि. | अयोग्य, नालायक। | ಅಯೋಗ್ಯ, ನಾಲಾಯಕ್ | अयोग्य, नालायक् | unfit, incapable, unworthy. |
| कुपित | वि. | 1. क्रोधयुक्त, क्रुद्ध;<br>2. अप्रसन्न, नाराज। | ಸಿಟ್ಟಿನಿಂದ ಕೂಡಿದ;<br>ಕೋಪಗೊಂಡ | सिट्टिनिंद कूडिद;<br>कोपगॊंड | angry, enraged;<br>unhappy, indignant. |
| कुपुत्र | पुं. | बुरे आचरणवाला पुत्र, नालायक बेटा, कपूत। | ಅಯೋಗ್ಯನಾದ ಮಗ | अयोग्यनाद मग | an undutiful or unfilial son, a bad son. |
| कुपोषण | पुं. | शरीर के लिए ऐसा पोषण जो अनुपयुक्त और हानिकारक हो। | ಶರೀರದ ಬೆಳುವಣಿಗೆಗೆ ಸಹಾಯಕವಾಗದಂತಹ ಪೋಷಣೆ | शरीरद बॆळुवणिगॆगॆ सहायकवागदंतह पोषणॆ | malnutrition. |
| कुप्पा | पुं. | घी, तेल आदि रखने के लिए बना हुआ टिन या चमड़े आदि का गोल या चौकोर पात्र। | ಎಣ್ಣೆ ತುಪ್ಪ ಮುಂತಾದುವನ್ನು ಇರಿಸಲು ಮಾಡಿದ ಚರ್ಮದ ಪಾತ್ರೆ | ऎण्णॆ तुप्प मुंतादुवन्नु इरिसलु मडिद चर्मद पात्रॆ | a large tin or leather vessel for holding oil, ghee etc. |
| | वि. | (ला.) मोटा-ताजा, भरा हुआ, फूला हुआ। | ತುಂಬಿದ, ಕೊಬ್ಬಿದ, ಊದಿದಂತಿರುವ | तुंबिद, कॊब्बिद, ऊदिदंतिरुव | (fig.) inflated, fatty. |
| कुप्पी | स्त्री. | छोटा कुप्पा। | ಚಿಕ್ಕ ಡಬ್ಬ ಅಥವಾ ಬುದ್ದಲಿ | चिक्क डब्ब अथवा बुद्दलि | small flask for dropping oil etc. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **कुप्रबंध** | पु. | उचित व्यवस्था का न होना, खराब या बुरा प्रबंध। | ಸರಿಯಾದ ಏರ್ಪಾಡಿಲ್ಲದಿರುವಿಕೆ | सरियाद एर्पाडिल्लदिरुविकें | bad management. |
| **कुप्रयोग** | पु. | किसी वस्तु का अनुचित रूप से होनेवाला प्रयोग। | ಸರಿಯಲ್ಲದ ಉಪಯೋಗ | सरियल्लद उपयोग | bad use, improper use. |
| **कुफल** | पु. | किसी कार्य या बात का होने या मिलनेवाला बुरा फल। | ಕೆಟ್ಟ ಪರಿಣಾಮ | कॆट्ट परिणाम | bad result. |
| **कुबड़ा** | पु. | ऐसा व्यक्ति जिसकी पीठ आगे की ओर झुकी हुई हो। | ಗೂನು ಬೆನ್ನಿನವ | गूनु बॆन्निनव | hunch-backed person . |
| | वि. | झुका हुआ, टेढ़ा। | ಬಾಗಿದ, ಡೊಂಕಾದ | बागिद, डॊंकाद | bent, oblique. |
| **कुबड़ापन** | पु. | कुबड़े होने की अवस्था या भाव। | ಬೆನ್ನು ಗೂನಾಗಿರುವಿಕೆ | बॆन्नु गूनागिरुविकॆ | state of being hunch-backed. |
| **कुबड़ी** | स्त्री. | 1. ऐसी स्त्री जिसकी कमर आगे की ओर झुकी हो; | ಗೂನು ಬೆನ್ನಿನ ಹೆಂಗಸು; | गूनु बॆन्निन हॆंगसु; | hunch-backed woman; |
| | | 2. ऐसी छड़ी जिसका ऊपरी भाग कुछ झुका हुआ हो; | ಬಾಗಿದ ಹಿಡಿಯ ಬೆತ್ತ; | बागिद हिडिय बॆत्त | walking stick which has a bent handle. |
| | | 3. टेढ़ी, वक्र। | ಡೊಂಕಾದ, ಬಾಗಿದ | डॊंकाद, बागिद | curved. |
| **कुबुद्धि** | स्त्री. | 1. मूर्खता; | ಕೆಟ್ಟ ಬುದ್ಧಿ; | कॆट्ट बुद्धि; | foolishness; |
| | | 2. बुरी या हानिकारक बुद्धि। | ಹಾನಿಯನ್ನುಂಟು ಮಾಡುವ ಬುದ್ಧಿ | हानियन्नुंटुमाडुव बुद्धि | having vile sentiments, wickedness, viciousness. |
| | वि. | 1. निकृष्ट बुद्धिवाला, दुर्बुद्धि, दुष्ट; | ಕೆಟ್ಟ ಬುದ್ಧಿಯುಳ್ಳ; | कॆट्ट बुद्धियुळ्ळ; | wicked, vicious; |
| | | 2. मूर्ख। | ಮೂರ್ಖ | मूर्ख | dull headed, stupid. |
| **कुबोल** | पु. | किसी को या किसी के संबंध में कही जानेवाली अनुचित, अशुभ या बुरी बात, बुरा वचन। | ಕೆಟ್ಟ ಮಾತು | कॆट्ट मातु | improper/unpleasant / ominous words. |
| **कुमंत्रणा** | स्त्री. | अनुचित या बुरी सलाह। | ಸರಿಯಲ್ಲದ ಅಥವಾ ಕೆಟ್ಟ ಸಲಹೆ | सरियल्लद अथवा कॆट्ट सलहॆ | bad advice. |
| **कुमक** | स्त्री. | 1. सैनिक कामों के लिए अथवा सैनिकों आदि के रूप में मिलनेवाली सहायता; | ಸೈನ್ಯ ಸಹಾಯ; | सैन्य सहाय; | reinforcement; |
| | | 2. किसी प्रकार की मदद। | ಸಹಾಯ | सहाय | aid, assistance. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| कुमकुम | पुं. | 1. केसर;<br>2. रोली। | ಕೇಸರಿ;,<br>ಕುಂಕುಮ (ಹಣೆಗೆ ಹಚ್ಚುವ) | केसरि;<br>कुंकुम (हणॅगॆ हच्चुव) | saffron;<br>turmeric and lime powder used for applying on the forehead as a tilak. |
| कुमार | पुं. | 1. पांच वर्ष तक की अवस्था का बालक;<br>2. पुत्र, बेटा;<br>3. युवक;<br>4. युवराज, राजकुमार। | ಹುಡುಗ;<br>ಮಗ;<br>ಯುವಕ;<br>ರಾಜಪುತ್ರ | हुडुग;<br>मग;<br>युवक;<br>राजापुत्र | child, boy;<br>son;<br>youth;<br>prince. |
| | वि. | अविवाहित (व्यक्ति), क्वारा। | ಮದುವೆಯಾಗದ (ವ್ಯಕ್ತಿ) | मदुवॅयागद (व्यक्ति) | unmarried (person). |
| कुमारी | स्त्री. | 1. बारह वर्ष की अवस्था की बालिका;<br>2. अविवाहिता कन्या। | (12 ವರ್ಷದ) ಬಾಲಿಕೆ, ಹುಡುಗಿ;<br>ಅವಿವಾಹಿತ ಕನ್ಯೆ | (12 वर्षद) बालिकॆ, हुडुगि;<br>आववाहित कन्यॆ | young girl.<br>unmarried girl. |
| | वि. | अविवाहिता, कुंआरी। | ಅವಿವಾಹಿತೆ, ಕುಮಾರಿ | अविवाहितॆ, कुमारि | unmarried,virgin. |
| कुमार्ग | पुं. | अनुचित या बुरा रास्ता, अनुचित आचरण का मार्ग। | ಸರಿಯಿಲ್ಲದ ದಾರಿ | सरियल्लद दारि | wrong course, evil path. |
| कुमार्गी | वि. | 1. कुमार्ग पर चलनेवाला;<br>2. भ्रष्ट आचरणवाला;<br>3. अधर्मी, पापी। | ಕೆಟ್ಟದಾರಿಯಲ್ಲಿ ನಡೆವ;<br>ಭ್ರಷ್ಟಾಚಾರಿ;<br>ಪಾಪಿ | कॆट्ट दारियल्लि नडॆव;<br>भ्रष्टाचारि;<br>पापि | wicked, one who follows evil course;<br>of bad character;<br>unrighteous. |
| कुमुद | पुं. | 1. कुई, कोई;<br>2. रक्त कमल। | ಕುಮುದ, ಲಿಲ್ಲಿ;<br>ಕೆಂಪು ಕಮಲ | कुमुद, लिल्लि;<br>कॆंपु कमल | lily;<br>red lotus. |
| कुमुदिनी | स्त्री. | एक प्रकार का पौधा जिसमें कमल की तरह के सफेद पर छोटे फूल लगते हैं तथा जो रात में खिलते हैं, कुई। | ಕಮಲದ ಹೂವಿನಂತೆ ಬಿಳಿದಾದ ಮತ್ತು ರಾತ್ರಿಯಲ್ಲಿ ಅರಳುವ ಹೂ | कमलद हूविनंतॆ बिळिदाद मत्तु रात्रियल्लि अरळुव हू | water-lily with white lotus-flowers. |
| कुम्हड़ा | पुं. | एक रोएंदार तथा गोल पत्तोंवाली बेल तथा उसके फल जिनकी तरकारी बनती है, कांशी फल। | ಕುಂಬಳಕಾಯಿ | कुंबळकायि | field pumpkin. |
| कुम्हलाना | स. क्रि. | 1. मुरझाना;<br>2. चेहरे का रंग फीका पड़ना। | ಬಾಡು;<br>(ಮುಖ) ಸೊರಗಿ ಬಾಡಿ ಹೋಗು | बाडु;<br>(मुख), सॊरगि बाडि होगु | to wither;<br>to lose lustre, to fade. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| कुम्हार | पुं. | 1. मिट्टी के बर्तन बनाकर अपनी जीविका चलानेवाली जाति;<br>2. उक्त जाति का व्यक्ति। | ಮಣ್ಣಿನಲ್ಲಿ ಮಡಕೆ ಕುಡಿಕೆ ಮಾಡುವ ಜಾತಿ;<br>ಕುಂಬಾರ | मण्णिनल्लि मडकॆ कुडिकॆ माडुव जाति;<br>कुंबार | potter;<br>a member of that caste. |
| कुम्हारी | स्त्री. | कुम्हार का काम। | ಮಣ್ಣಿನ ಪಾತ್ರೆಗಳನ್ನು ಮಾಡುವ ಉದ್ಯೋಗ | मण्णिन पात्रॆगळन्नु माडुव उद्योग | occupation of a potter. |
| | वि. | कुम्हार का, कुम्हार संबंधी। | ಕುಂಬಾರನ ಅಥವಾ ಅವನಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | कुंबारन अथवा अवनिगॆ संबंधिसिद | pertaining to the potter. |
| कुरंग | पुं. | 1. बादामी रंग का हिरन;<br>2. बुरा रंग;<br>3. बुरा लक्षण। | ಜಿಂಕೆ;<br>ಕೆಟ್ಟ ಬಣ್ಣ;<br>ಅವಲಕ್ಷಣ | जिंकॆ;<br>कॆट्ट बण्ण;<br>अवलक्षण | a kind of antelope, a species of deer;<br>bad colour;<br>bad sign. |
| कुरकुरा | वि. | खस्ता और करारा जिसे तोड़ने से कुरकुर शब्द हो। | ತಿನ್ನಲು ಗರಿಗರಿಯಾಗಿರುವ | (तिन्नलु) गरिगरियागिरुव | crisp. |
| कुरान | पुं. | मुसलमानों का धर्म-ग्रन्थ जिसमें हजरत मुहम्मद की वाणियाँ संकलित हैं। | ಮುಸಲ್ಮಾನರ ಧರ್ಮಗ್ರಂಥ | मुसलमानर धर्मग्रंथ | the sacred book of the Muhammedans, the Qoran. |
| कुरीति | स्त्री. | 1. कुप्रथा;<br>2. दुराचरण, कुचाल। | ಕೆಟ್ಟ ಪದ್ಧತಿ;<br>ಕೆಟ್ಟ ಆಚರಣೆ, ಕೆಟ್ಟ ನಡತೆ | कॆट्ट पद्धति;<br>कॆट्ट आचरणॆ, कॆट्ट नडतॆ | evil custom;<br>misconduct, improper course. |
| कुरूप | वि. | बदसूरत, बेडौल, भद्दा। | ಅಂದವಿಲ್ಲದ | अंदविल्लद | ill-formed, ugly. |
| कुरूपता | स्त्री. | बदसूरती। | ಕುರೂಪ | कुरूप | ugliness. |
| कुरेदना | स. क्रि. | 1. खुरचना;<br>2. किसी बात का रहस्य जानने के लिए किसी अन्य प्रासंगिक बात की उधेड़-बुन करना;<br>3. मन में खलबली या बेचैनी पैदा करना। | ಕೆರೆಯು, ಪರಚು;<br>ಗುಟ್ಟನ್ನು ತಿಳಿದುಕೊಳ್ಳಲು ಬೇರೆ ಮಾತಿನಿಂದ ಊಹಾಪೋಹ ಮಾಡು;<br>ಮನಸ್ಸನ್ನು ಕಲಕಿ ಅಶಾಂತಿಯನ್ನುಂಟುಮಾಡು | कॆरॆयु, परचु;<br>गुट्टन्नु तिळिदुकॊळ्ळलु बेरॆ मातिनिंद ऊहापोह माडु;<br>मनस्सन्नु कलकि अशांतियन्नुंटुमाडु | to rake, to scrape, to scratch;<br>to scoop, to scoop out;<br>to pinch. |
| कुर्क | वि. | न्यायालय के आदेशानुसार दंड-स्वरूप या देन आदि चुकाने के लिए राज्य या शासन द्वारा किसी अपराधी | ನ್ಯಾಯಾಲಯದ ಅಪ್ಪಣೆಯಂತೆ ಸಾಲ ತೀರಿಸುವ ಸಲುವಾಗಿ ಸಾಲ | न्यायालयद अप्पणॆयंतॆ साल तीरिसुव सलुवागि साल पडॆदवन | distrained, attached (property). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | या देनदार का जब्त किया हुआ (माल या सम्पत्ति)। | ಪಡೆದವನ ಜಪ್ತಿ ಮಾಡಿದ ಆಸ್ತಿ | जप्तिमाडिद (आस्ति) | |
| **कुर्क-अमीन** | पुं. | माल कुर्क करनेवाला शासनिक कर्मचारी। | ಜಪ್ತಿ ಮಾಡಿಸುವ ನ್ಯಾಯಾಲಯದ ಅಧಿಕಾರಿ, ಅಮೀನ | जप्तिमाडिसुव न्यायालयद अधिकारि, अमीन | an official of the court who attaches property of debtor. |
| **कुर्कनामा** | पुं. | किसी का माल या धन-संपत्ति कुर्क करने के लिए न्यायालय द्वारा जारी किया गया अधिपत्र या परवाना। | ಅಟಾಚ್‌ಮೆಂಟಿನ ಆರ್ಡರು | अटाच्मेंटिन आर्डरु | writ of execution. |
| **कुर्की(कुड़की)** | स्त्री. | जुर्माने आदि की वसूली के लिए माल या जायदाद का जब्त किया जाना। | ಆಸ್ತಿ ಪಾಸ್ತಿಗಳನ್ನು ಜಪ್ತಿ ಮಾಡುವಿಕೆ | आस्ति-पास्ति-गळन्नु जप्ति माडुविकॆ | distraint, attachment. |
| **कुर्ता** | पुं. | कमीज के ढंग का एक ढीला-ढाला सिला हुआ पहनावा। | ಜುಬ್ಬ | जुब्ब | loose shirt without collar and cuffs. |
| **कुर्ती** | स्त्री. | 1. स्त्रियों के पहनने का छोटा कुर्ता जिसमें प्राय: आगे की ओर बटन लगे होते हैं; | ರವಿಕೆ; | रविकॆ; | blouse (for females); |
| | | 2. अंगिया या चोली के नीचे स्तन ढकने के लिए पहना जानेवाला एक परिधान। | ಸ್ತನಾವರಣ (ಬಾಡಿ) | स्तनावरण (बाडि) | bodice. |
| **कुर्बान** | वि. | 1. निछावर; | ಸಮರ್ಪಿಸಿದ; | समर्पिसिद; | sacrificed; |
| | | 2. जो किसी उद्देश्य की सिद्धि के लिए बलि चढ़ाया गया हो। | ಮುಡುಪಿಗಾಗಿ ದೇವರಿಗೆ ಅರ್ಪಿಸಿದ (ಬಲಿ) | मुडुपिगागि देवरिगॆ अर्पिसिद (बलि) | sacrificed. |
| **कुर्बानी** | स्त्री. | 1. किसी महान् उद्देश्य की सिद्धि के लिए किया जानेवाला पूरा या बहुत बड़ा त्याग; | ದೊಡ್ಡ ಆದರ್ಶಕ್ಕಾಗಿ ಮಾಡಿದ ಭಾರಿ ತ್ಯಾಗ; | दॊड्ड आदर्शक्कागि माडिद भारि त्याग; | sacrifice; |
| | | 2. किसी उद्देश्य या कामना की पूर्ति के लिए किसी इष्टदेव के सम्मुख किसी जीव या प्राणी को बलि चढ़ाने की क्रिया या भाव। | ಇಷ್ಟಾರ್ಥ ಸಿದ್ಧಿಗಾಗಿ ಇಷ್ಟ ದೇವರಿಗೆ ಅರ್ಪಿಸುವ ಜೀವಬಲಿ, ಪ್ರಾಣಿ ಬಲಿ | इष्टार्थ सिद्धिगागि इष्ट देवरिगॆ अर्पिसुव जीव बलि, प्राणि बलि | offering. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **कुर्सी** | स्त्री. | 1. चार ऊंचे पायों का एक आदमी के बैठने का आसन जिसमें सिर तथा बाहों के सहारे के लिए स्थान बना होता है; | ಕುರ್ಚಿ; | कुर्चि | chair; |
| | | 2. अधिकारी का पद; | ಅಧಿಕಾರ ಪದವಿ ಅಥವಾ ಸ್ಥಾನ; | अधिकार पदवि अथवा स्थान; | post of an officer, office; |
| | | 3. भवन का उतना निर्मित अंश जो जमीन में चबूतरे की तरह रहता है और जिसके ऊपर भवन बनता है। | ಕಟ್ಟಡಕ್ಕಾಗಿ ಹಾಕಿದ ಎತ್ತರವಾದ ಅಡಿಪಾಯ | कट्टडक्कागि हाकिद ऎत्तरवाद अडिपाय | plinth, raised foundation. |
| **कुल** | पुं. | 1. खानदान, घराना, वंश; | ವಂಶ, ಮನೆತನ; | वंश, मनॆतन; | lineage, family, dynasty; |
| | | 2. एक ही मूल तत्व या पदार्थ के भिन्न-भिन्न वर्गों या शाखाओं का समूह; | ಒಂದೇ ವಂಶದ ನಾನಾ ಶಾಖೆಗಳ ಸಮೂಹ; | ऒंदे वंशद नाना शाखॆगळ समूह; | family; |
| | | 3. झुंड, समूह। | ಸಮೂಹ, ಗುಂಪು | समूह, गुंपु | group, assemblage. |
| | वि. | सब, सारा, समस्त, पूरा। | ಎಲ್ಲವೂ, ಒಟ್ಟು, ಪೂರ್ತಿ, ಜುಮ್ಲಾ | ऎल्लवू, ऒट्टु, पूर्ति, जुम्ला | all, whole, entire. |
| **कुल-कलंक** | पुं. | कुल की प्रतिष्ठा में दाग लगानेवाला। | ಮನೆತನಕ್ಕೆ ಕೆಟ್ಟ ಹೆಸರು ತರುವ ವ್ಯಕ್ತಿ | मनॆतनक्कॆ कॆट्ट हॆसरु तरुव व्यक्ति | one who is a disgrace to his family. |
| **कुलक्षण** | पुं. | बुरा लक्षण, बुरा रंग-ढंग। | ಅವಲಕ್ಷಣ, ಕೆಟ್ಟ ಶಕುನ | अवलक्षण, कॆट्ट शकुन | bad sign, unlucky mark. |
| | वि. | बुरे लक्षणोंवाला। | ಲಕ್ಷಣ ಸರಿಯಾಗಿಲ್ಲದ | लक्षण सरियागिल्लद | having bad or ill-boding marks. |
| **कुलक्षणी** | स्त्री. | 1. बुरे लक्षणोंवाली स्त्री;<br>2. दुष्ट स्त्री। | ಅವಲಕ್ಷಣವಂತೆ;<br>ದುಷ್ಟೆ | अवलक्षणवंते;<br>दुष्टॆ | ominous woman;<br>woman of evil disposition, hag. |
| | वि. | 1. बुरे लक्षणोंवाला;<br>2. दुष्ट स्वभाववाला। | ಅವಲಕ್ಷಣದ;<br>ಕೆಟ್ಟ ಸ್ವಭಾವದ | अवलक्षणद;<br>कॆट्ट स्वभावद | ominous;<br>having evil disposition. |
| **कुलगुरु** | पुं. | 1. वह जिसके कुल या वंश के लोग बराबर किसी | ವಂಶ ಪರಂಪರೆಯಾಗಿ ಬಂದ ಗುರು; | वंश परंपरॆयागि बंद गुरु; | family priest; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | दूसरे कुल या वंश के लोगों के गुरु होते आए हों; | | | |
| | | 2. गुरुकुल का अध्यक्ष। | ಗುರು ಕುಲದ ಪ್ರಧಾನ, | गुरुकुलद प्रधान | principal of Gurukul. |
| कुलटा | स्त्री. | व्यभिचारिणी। | ಹಾದರಗಿತ್ತಿ, ವ್ಯಭಿಚಾರಿಣಿ | हादरगित्ति, व्यभिचारिणि | unchaste (woman), adulteress. |
| कुलदेवता | पुं. | वह देवता जिसकी पूजा किसी कुल में परम्परा से होती आई हो। | ಮನೆ ದೇವರು | मने देवरु | family deity. |
| कुल-नाम | पुं. | वह संज्ञा जो कुल के सब व्यक्तियों के नाम के साथ लगती है, जाति या वंशगत नाम। | ಮನೆತನದ ಹೆಸರು, ವಂಶದ ಹೆಸರು | मनेतनद हेसरु, वंशद हेसरु | family name, surname. |
| कुलपति | पुं. | 1. किसी विश्वविद्यालय का प्रधान; | ಉಪಕುಲಪತಿ, ಉಪಾಧ್ಯಕ್ಷ, ವೈಸ್ ಚಾನ್ಸಲರ್; | उपकुलपति, उपाध्यक्ष; वैस् चान्सलर्;- | vice-chancellor; |
| | | 2. प्राचीन भारत में गुरुकुल का वह प्रधान अधिकारी जो विद्यार्थियों को शिक्षा देता था और उनके भोजन-वस्त्रादि की व्यवस्था करता था। | ಪ್ರಾಚೀನ ಕಾಲದ ಗುರುಕುಲಗಳಲ್ಲಿ ಅನ್ನ ವಸತಿಗಳನ್ನು ಕೊಟ್ಟು ವಿದ್ಯೆ ಹೇಳಿಕೊಡುತ್ತಿದ್ದ ಮುಖ್ಯಸ್ಥ | प्राचीन कालद गुरुकुलगळल्लि अन्न वसतिगळन्नु कोट्टु विद्ये हेळिकोडुत्तिद्द मुख्यस्त | the teacher who supports and teaches his pupils in Gurukul (in ancient India). |
| कुलफा | पुं. | एक प्रकार का साग जिसके पत्ते छोटे, चौड़े और नुकीले होते हैं। | ತರಕಾರಿಗೆ ಉಪಯೋಗಿಸುವ ಒಂದು ಬಗೆಯ ಸೊಪ್ಪು | तरकारिगे उपयोगिसुव ओंदु बगेय सोप्पु | green vegetable. |
| कुलफी (कुल्फी) | स्त्री. | 1. वह नली जैसा सांचा जिसमें दूध, मलाई आदि भरकर बरफ से जमाते हैं; | ಐಸ್‌ಕ್ರೀಂ ತಯಾರಿಸುವ ಕೊಳವಿ; | ऐसक्रीं तयारिसुव कोळवि; | a conical mould for making ice-cream; |
| | | 2. उक्त रूप से जमाई हुई वस्तु। | ಈ ಕೊಳವಿಯಲ್ಲಿರಿಸಿ ಗಟ್ಟಿ ಮಾಡಿದ ವಸ್ತು | ई कोळवियल्लिरिसि गट्टि माडिद वस्तु | ice-cream of this shape. |
| कुलबुलाना | अ.क्रि. | बहुत छोटे-छोटे जीवों का एक साथ रेंगना, हिलना-डुलना तथा शब्द करना। | ಸಣ್ಣ ಸಣ್ಣ ಕ್ರಿಮಿ ಕೀಟಗಳೊಟ್ಟಿಗೆ ಸರಿದಾಡುತ್ತಾ ಶಬ್ದ ಮಾಡೋಣ | सण्ण सण्ण क्रिमि कीटगळु ओट्टिगे सरिदाडुत्ता शब्द माडोण | to wriggle, to be restless. |
| कुलबुलाहट | स्त्री. | कुलबुलाने की क्रिया या भाव। | ಹುಳುವಿನಂತೆ ಒದ್ದಾಡುವಿಕೆ | हुळुविनंते ओद्दाडुविके | restlessness, wriggle. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **कुलवधू** | स्त्री. | 1. अच्छे कुल की वधू; 2. कुल की मर्यादा का पालन करनेवाली स्त्री। | ಉತ್ತಮ ವಂಶದ ಹೆಣ್ಣು; ವಂಶದ ಗೌರವವನ್ನು ಸಂರಕ್ಷಿಸುವ ಹೆಂಗಸು | उत्तम वंशद हेण्णु; वंशद गौरववन्नु संरक्षिसुव हेंगसु | woman/bride of good family; woman who maintains the decorum of the family. |
| **कुलांगना** | स्त्री. | भले घर की साध्वी स्त्री, कुलवधू। | ಒಳ್ಳೆಯ ವಂಶದ ಸಾಧ್ವೀ, ಉತ್ತಮ ಗುಣವುಳ್ಳ ಸ್ತ್ರೀ | ओळ्ळेय वंशद साध्वी, उत्तम गुणवुळ्ळ स्त्री. | respectable or high-born (chaste) woman. |
| कौतूहल | पुं. | दे. 'कुतूहल'। | ನೋಡಿ "कुतूहल" | नोडि "कुतूहल" | see 'कुतूहल'। |
| कौन | सर्व. | एक प्रश्नवाचक सर्वनाम, जो किसी वस्तु, व्यक्ति आदि के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रयुक्त होता है। | ಯಾರು, ಏನು, ಯಾವುದು (ಪ್ರಶ್ನಾರ್ಥಕ ಸರ್ವನಾಮ) | यारु, एनु, यावुदु, (प्रश्नार्थक सर्वनाम) | who, what, which. |
| कौपीन | पुं. | ब्रह्मचारियों और संन्यासियों आदि के पहनने का एक वस्त्र, लंगोटी। | ಲಂಗೋಟಿ | लंगोटि | small piece of cloth worn by ascetics etc. over the privities commonly called a langoti. |
| कौम | स्त्री. | 1. जाति;<br>2. राष्ट्र। | ಜಾತಿ;<br>ರಾಷ್ಟ್ರ | जाति;<br>राष्ट्र | caste;<br>nation. |
| कौमार्य | पुं. | विवाह होने से पहले की अवस्था। | ಮದುವೆಗೆ ಮುಂಚಿನ ಅವಸ್ಥೆ | मदुवॆगॆ मुंचिन अवस्थॆ | virginity, bachelorhood. |
| कौमी | वि. | 1. जाति सम्बन्धी, जातीय;<br>2. राष्ट्रसंबंधी, राष्ट्रीय। | ಜಾತಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ, ಜಾತೀಯ;<br>ರಾಷ್ಟ್ರಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ, ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ | जातिगॆ संबंधिसिद, जातीय;<br>राष्ट्रक्कॆ संबंधिसिद, राष्ट्रीय | pertaining to a caste;<br>pertaining to a nation, national. |
| कौमुदी | स्त्री. | 1. ज्योत्सना, चांदनी;<br>2. कार्तिक मास की पूर्णिमा;<br>3. कुमुदिनी, कुई;<br>4. किसी ग्रंथ के गूढ़ तत्वों या विचारों पर प्रकाश डालनेवाली उसकी टीका या व्याख्या। | ಬೆಳುದಿಂಗಳು;<br>ಕಾರ್ತಿಕ ಹುಣ್ಣಿಮೆ;<br>ಕುಮುದಿನಿ;<br>ಗೂಢಾರ್ಥವನ್ನು ವಿವರಿಸುವಂತಹ ಟೀಕೆ | बॆळुदिंगळु;<br>कार्तिक हुण्णिमॆ;<br>कुमुदिनि;<br>गूढार्थवन्नु विवरिसुवंतह टीकॆ | moonlight;<br>full moonday in Kartika;<br>water-lily;<br>elucidation. |
| कौर | पुं. | हाथ की उंगलियों से लिया हुआ उतना भोजन जितना एक बार मुंह में डाला जाए, ग्रास। | ತುತ್ತು | तुत्तु | mouthful, morsel; |
| कौल | पुं. | 1. वाममार्गी; | ಶಕ್ತಿ ಪೂಜಕರ ಒಂದು ಸಂಪ್ರದಾಯ, ವಾಮಮಾರ್ಗ; | शक्ति पूजकर ऒंदु संप्रदाय वाममार्गि; | follower of Vamamarga, worshipper of Shakti according |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | to left hand ritual; |
| | | 2. उक्ति, कथन; | ಹೇಳಿಕೆ; | हेळिके; | saying, statement, dictation; |
| | | 3. किसी बात के लिए दिया जानेवाला वचन, प्रतिज्ञा। | ಕೆಲವು ಶರತ್ತು-ಗಳಿಗೆ ಒಪ್ಪಿ ಮಾಡಿ ಕೊಂಡ ಕರಾರು | केलवु शरत्तुगळिगे ऑप्पि माडिकोंड करारु | promise, word, contract, agreement. |
| **कौल-करार** | पुं. | राजीनामा, करारनामा। | ಅಗ್ರಿಮೆಂಟು, ಕರಾರುನಾಮೆ | अग्रिमेंटु, करारुनामे | agreement, contract, mutual promise. |
| **कौशल** | पुं. | 1. दक्षता;<br>2. **चतुराई**;<br>3. **योग्यता**, समर्थता। | ದಕ್ಷತೆ;<br>ಚಾತುರ್ಯ;<br>ಯೋಗ್ಯತೆ | दक्षते;<br>चातुर्य;<br>योग्यते | skill, dexterity;<br>cleverness;<br>ability, capability. |
| **क्या** | सर्व. | 1. **एक प्रश्नवाचक सर्वनाम जो उद्दिष्ट या अभिप्रेत** वस्तु, किसी तथ्य, स्थिति आदि के संबंध में जिज्ञासा का भाव व्यक्त करता है **या उसकी ओर संकेत करता है;** | ಏನು (ಪ್ರಶ್ನಾರ್ಥಕ ಸರ್ವನಾಮ); | एनु (प्रश्नार्थक सर्वनाम); | what; |
| | | 2. **आश्चर्यजनक प्रसंगों में किसी प्रकार का आधिक्य या श्रेष्ठता सूचित करता है तथा उपेक्षासूचक प्रसंगों में तुच्छता या हीनता का बोध कराता है।** | ಏನು (ಆಶ್ಚರ್ಯದ ಅಥವಾ ಅಗಾಧವಾದ ವಿಷಯವನ್ನು ಕಂಡಾಗ ಕೇಳಿದಾಗ ಇಲ್ಲವೇ ತುಚ್ಛತೆ-ಯನ್ನು ತೋರಿಸಲು ಉಪಯೋಗಿಸುವ ಶಬ್ದ) | एनु (आश्चर्यद अथवा अगाधवाद विषयवन्नु कंडाग केळिदाग इल्लवे तुच्छते-यन्नु तोरिसलु उपयोगिसुव शब्द) | what. |
| **क्यारी** | स्त्री. | 1. **खेतों, बगीचों आदि में** थोड़ी-थोड़ी दूरी पर मेड़ों **से बनाये** हुए वे विभाग **जिनमें बीज बोये या पौधे लगाये जाते हैं;** | ತೋಟ ಗದ್ದೆಗಳಲ್ಲಿ ಪೈರು ಹಾಕಲು, ಗಿಡ ಬೆಳೆಸಲು, ಮಾಡಿದ ಪಾತಿ; | तोट गद्देगळल्लि पैरु हाकलु, गिड बेळेसलु, माडिद पाति; | bed (of a garden or field); |
| | | 2. **उक्त प्रकार का वह विभाग जिसमें नमक बनाने के लिए समुद्र का पानी भरते हैं।** | ಸಮುದ್ರದ ನೀರಿನಿಂದ ಉಪ್ಪು ತಯಾರಿಸಲು ಮಾಡುವ ಪಾತಿಗಳು | समुद्रद नीरिनिंद उप्पु तयारिसलु माडुव पातिगळु | bed (of salt). |
| **क्यों** | क्रि.वि. | **किस उद्देश्य से।** | ಏಕೆ, ಯಾವ ಅಭಿ ಪ್ರಾಯದಿಂದ | एके, याव अभिप्रायदिंद, | why. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | वि. | किस अधिकार से, किस कारण से, किस लिए। | ಯಾವ ಕಾರಣದಿಂದ, ಏತಕ್ಕಾಗಿ | याव कारणदिंद, एतक्कागि | wherefor, for what reason. |
| क्योंकर | क्रि. वि. | किस प्रकार, कैसे। | ಹೇಗೆ, ಯಾವ ರೀತಿಯಲ್ಲಿ | हेगॆ, याव-रीतियल्लि | in what way, how. |
| क्योंकि | अव्य. | कारण यह है कि, इसलिए कि। | ಏಕೆಂದರೆ, ಕಾರಣವೇನೆಂದರೆ | एकॆंदरॆ कारणवेनंदरॆ | because. |
| क्रंदन | पुं. | विलाप, रोदन। | ಅಳು | अळु | weeping, lamenting. |
| क्रम | पुं. | 1. पूर्वापर सम्बन्धी व्यवस्था, तरतीब, सिलसिला; | ಕ್ರಮ, ಪೂರ್ವಾಪರ ವ್ಯವಸ್ಥೆ; | क्रम, पूर्वापर व्यवस्थॆ; | order, sequence; |
| | | 2. उचित रूप से तथा ठीक प्रकार से काम करने का ढंग। | ಸರಿಯಾಗಿ ಕ್ರಮವನ್ನನುಸರಿಸಿ ಕೆಲಸ ಮಾಡುವ ರೀತಿ | सरियागि क्रमवन्ननुसरिसि कॆलस माडुव रीति | method, system. |
| क्रम-परिवर्तन | पुं. | पूर्वापर सम्बन्धी व्यवस्था में होनेवाला हेर-फेर, क्रम में आगे से पीछे या पीछे से आगे होना, विपर्यय। | ಪೂರ್ವಾಪರ ಕ್ರಮದಲ್ಲಿ ಹಿಂದು-ಮುಂದು ಅಥವಾ ಮುಂದು-ಹಿಂದು ಮಾಡುವ ಬದಲಾವಣೆ | पूर्वापर क्रमदल्लि हिंदु-मुंदु अथवा मुंदु-हिंदु माडुव बदलावणॆ | transposition. |
| क्रमबद्ध | वि. | क्रम से लगा हुआ, सिलसिलेवार। | ಕ್ರಮವಾದ, ಒಂದರ ನಂತರ ಒಂದರ ರೀತಿ | क्रमवाद, ऒंदर-नंतर ऒंदर रीति | orderly, systematic. |
| क्रमभंग | पुं. | किसी बंधे हुए क्रम में होनेवाला उलटफेर, व्यतिक्रम। | ನಿಯಮಿತ ರೀತಿಯಲ್ಲಿ ಹೆಚ್ಚು ಕಡಿಮೆ ಅಥವಾ ವ್ಯತಿಕ್ರಮ | नियमित रीतियल्लि हॆच्चु कडिमॆ अथवा व्यतिक्रम | disarrangement, disorder |
| क्रमशः | क्रि. वि. | 1. नियत क्रम के अनुसार, सिलसिलेवार; | ನಿಯಮಿತ ಕ್ರಮಾನುಸಾರ; | नियमित, क्रमानुसार; | in due order, regularly, respectively; |
| | | 2. एक-एक करके, बारी-बारी से; | ಒಂದೊಂದಾಗಿ; | ऒंदॊंदागि; | successively, turn by turn; |
| | | 3. थोड़ा-थोड़ा करके। | ಸ್ವಲ್ಪ ಸ್ವಲ್ಪವಾಗಿ | स्वल्प स्वल्पवागि | gradually, by degrees. |
| क्रमसंख्या | स्त्री. | एक क्रम से लिखे जाने वाले नामों, जातों आदि के आरम्भ में लिखी जानेवाली संख्या जो उनके क्रम की सूचक होती है। | ಕ್ರಮ ಸಂಖ್ಯೆ | क्रमसंख्यॆ | serial number. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **क्रयांक** | पुं. | (परीक्षा आदि में) रोल नंबर। | (ಪರೀಕ್ಷೆಯ) ರೋಲ್ ನಂಬರ್ | (परीक्षंय) रोल् नंबर् | roll number. |
| **क्रमागत** | वि. | 1. ठीक क्रम या बारी से आया हुआ; | ಕ್ರಮವಾಗಿ ಬಂದ; | क्रमवागि बंद; | successive, in due order; |
| | | 2. परंपरागत; | ಪರಂಪರೆಯಿಂದ ಬಂದ; | परंपरॆयिंद बंद; | traditional, descended or inherited lineally, (anything) coming from one's ancestors in regular succession; |
| | | 3. जो क्रम-क्रम से होता आ रहा है और आगे भी इसी प्रकार कुछ समय तक होने को हो। | ಕ್ರಮವಾಗಿ ಆರಂಭವಾಗಿ ಮುಂದುವರೆಯುವ | क्रमवागि आरंभवागि मुंदुवरॆयुव | continued. |
| **क्रमानुसार** | क्रि.वि. | 1. क्रम के अनुसार, क्रम-क्रम से, क्रमपूर्वक; | ಕ್ರಮಾನುಸಾರ; | क्रमानुसार; | respectively, in order; |
| | | 2. बारी-बारी से। | ಸರದಿಯ ಪ್ರಕಾರ | सरदिय प्रकार | turn by turn. |
| **क्रमिक** | वि. | 1. किसी क्रम से चलने या होनेवाला, क्रमयुक्त; | ಕ್ರಮದಿಂದ ಕೂಡಿದ; | क्रमदिंद कूडिद; | serial, successive; |
| | | 2. निश्चित क्रम के अनुसार लगातार एक-एक करके होनेवाला; | ನಿಲ್ಲದೆ ಒಂದರ ನಂತರ ಒಂದರ ಕ್ರಮದಂತೆ ನಡೆಯುವ; | निल्लदॆ ओंदर नंतर ओंदर क्रमदंतॆ नडॆयुव; | in order; |
| | | 3. किसी एक के फलस्वरूप तुरंत उसके बाद होनेवाला; | ಯಾವುದಾದರೊಂದರ ಫಲವಾಗಿ ಆದಾದ ಕೂಡಲೇ ಆಗುವಂತಹ; | यावुदादरॊंदर फलवागि अदाद कूडले आगुवंतह; | consecutive; |
| | | 4. धीरे-धीरे होनेवाला; | ನಿಧಾನವಾಗಿ ಆಗುವ; | निधानवागि आगुव; | gradual; |
| | | 5. जिसमें उतार-चढ़ाव, छोटाई-बड़ाई आदि का क्रम हो। | ಏರಿಳಿತ, ಹಿರಿ-ಕಿರಿತನ ಆದಿಗಳಲ್ಲಿ ಕ್ರಮವಿರುವ | एरिळित, हिरि-किरितन आदि-गळल्लि क्रम विरुव | graduated. |
| **क्रय** | पुं. | खरीद। | ಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ | कॊळ्ळुविकॆ, | purchase, buying. |
| **क्रय-पँजी** | स्त्री. | बही या रोजनामचा जिसमें प्रतिदिन की खरीद का ब्यौरा हो, खरीद-बही। | ಪ್ರತಿದಿನ ಕೊಂಡುದರ ವಿವರವನ್ನು ಬರೆಯುವ ಲೆಕ್ಕದ ಪುಸ್ತಕ | प्रतिदिन कॊण्डुदर विवरवन्नु बरॆयुव लॆक्कद पुस्तक | purchases journal, purchases book. |
| **क्रय-विक्रय** | पुं. | खरीदने और बेचने का कार्य या व्यापार, खरीद-फरोख्त। | ಕೊಳ್ಳುವ ಮಾರುವ ಕೆಲಸ, ವ್ಯಾಪಾರ | कॊळ्ळुव मारुव कॆलस, व्यापार | purchase and sale, buying and selling. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **क्रय-शक्ति** | स्त्री. | 1. किसी वस्तु की खरीद की दृष्टि से द्रव्य या रुपए-पैसे की तत्कालीन योग्यता, सामर्थ्य या मूल्य; | ಕೊಳ್ಳಲು ಬೇಕಾದ ಧನ ಸಾಮರ್ಥ್ಯ; | कॊळ्ळलु बेकाद घन सामथ्य; | value (of money), purchasing power (of money); |
| | | 2. किसी वस्तु के खरीदने के लिए किसी व्यक्ति के पास धन या द्रव्य का होनेवाला भावाभाव। | ಕೊಂಡು ಮಾರುವ ವ್ಯಕ್ತಿಗತವಾದ ಹಣಕಾಸಿನ ಬಲಾಬಲಗಳು | कॊंडु-मारुव व्यक्तिगतवाद हण कासिन बलाबलगळु | capacity of buying, purchasing power (of an individual). |
| **क्रांत** | वि. | 1. जिसके ऊपर से कोई लांघकर गया हो, लांघा या पार किया हुआ; | ದಾಟಿದ; | दाटिद; | gone, passed over, traversed; |
| | | 2. जिससे आगे कोई बढ़ गया हो; | ಮುಂದುವರಿದ; | मुंदुवरिद; | surpassed; |
| | | 3. जिसे किसी ने अभिभूत कर लिया हो। | ಪ್ರಭಾವಗೊಂಡ | प्रभावगॊंड | overwhelmed, overpowered. |
| **क्रांतदर्शी** | पुं. | त्रिकालदर्शी। | ಭೂತ ಭವಿಷ್ಯ ವರ್ತಮಾನಗಳನ್ನು ಕಂಡವ, ತ್ರಿಕಾಲ-ದರ್ಶಿ | भूत भविष्य वर्तमानगळन्नु कंडव, त्रिकालदर्शी | omniscient, gifted with preternatural vision, seer. |
| **क्रांति** | स्त्री. | 1. राज्य-व्यवस्था का उलट दिया जाना, राज्यक्रांति; | ರಾಜಕೀಯ ಕ್ರಾಂತಿ; | राजकीय क्रांति; | revolution; |
| | | 2. महान् परिवर्तन; | ಭಾರಿ ಬದಲಾವಣೆ; | भारि बदलावणॆ; | revolution, upheaval; |
| | | 3. पृथ्वी के चारों ओर सूर्य के घूमने का मार्ग। | ಭೂಮಿಯ ಸುತ್ತಲೂ ಇರುವ ಸೂರ್ಯನ ಸಂಚಾರ ಮಾರ್ಗ | भूमिय सुत्तलू इरुव सूर्यन संचारमार्ग | sun-path (around the earth). |
| **क्रांतिकारी** | पुं.वि. | वर्तमान राज्य-व्यवस्था का विरोध करके उसको उलटने का प्रयत्न करनेवाला। | ರಾಜಕೀಯ ವ್ಯವಸ್ಥೆಯಲ್ಲಿ ಭಾರಿ ಬದಲಾವಣೆಯನ್ನು ತರುವಂತಹವ, ಕ್ರಾಂತಿಕಾರಿ | राजकीय व्यवस्थॆयल्लि भारि बदलावणॆयन्नु तरुवंतहव, क्रांतिकारि | revolutionary. |
| **क्रिया** | स्त्री. | 1. कोई कार्य होने या चलते रहने की अवस्था या भाव; | ಕ್ರಿಯೆ, ಕೆಲಸ; | क्रियॆ, कॆलस; | action, activity; |
| | | 2. अन्त्येष्टि; | ಅಪರ ಕ್ರಿಯೆ· | अपर क्रियॆ; | last rites, funeral rites; |
| | | 3. कोई काम करने का ढंग या विधि; | ಕೆಲಸ ಮಾಡುವ ರೀತಿ; | कॆलस माडुव रीति; | process, method; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. नित्य या नैमित्तिक रूप से किए जाने वाले कार्य; | ನಿತ್ಯವೂ ಮಾಡುವ ಕರ್ಮ; | नित्यवू माडुव कर्म; | routine; |
| | | 5. नियम या विधि के अनुसार होनेवाले कार्य; | ವಿಧಿ ನಿಯಮದಂತೆ ಮಾಡುವ ಕರ್ಮ; | विधि नियमदंते माडुव कर्म; | treatment, processing, operation; |
| | | 6. (व्या.) शब्द जो किसी कार्य के होने या किए जाने के वाचक होते हैं। | (ವ್ಯಾಕರಣ) ಕ್ರಿಯಾಪದ | (व्याकरण) क्रियापद | (in gram.) verb. |
| क्रिया-कर्म | पुं. | मृत्यु के पश्चात् किए जानेवाले संस्कार। | ಪ್ರೇತ ಸಂಸ್ಕಾರ, ಸತ್ತನಂತರದ ಕರ್ಮ | प्रेत संस्कार, सत्तनंतरद कर्म | last rites, funeral rites, obsequies. |
| क्रिया-कलाप | पुं. | किसी व्यक्ति के द्वारा किसी क्षेत्र या समय में होने वाले कार्य। | ಕಾರ್ಯಗಳು, ಕಾರ್ಯಕ್ರಮಗಳು | कार्यगळु, कार्यक्रमगळु | activity. |
| क्रियात्मक | वि. | 1. क्रिया या कार्य के रूप में आया या किया हुआ; | ಕಾರ್ಯರೂಪದಲ್ಲಿ ಪರಿಣತಿಗೊಂಡ; | कार्यरूपदल्लि परिणतिगोंड; | functional, active; |
| | | 2. व्यावहारिक। | ವ್ಯವಹಾರದಲ್ಲಿರುವ | व्यवहारदल्लिरुव | practical. |
| क्रियानिष्ठ | वि. | 1. अपने कर्त्तव्य या काम में ठीक तरह लगा रहने और उसको पूरी तरह निभानेवाला; | ಕರ್ತವ್ಯದಲ್ಲಿ ನಿರತನಾಗಿ ನಿರ್ವಹಿಸುವಂತಹ; | कर्तव्यदल्लि निरतनागि निर्वहिसुवंतह; | dutiful; |
| | | 2. शास्त्रविहित धर्मकार्य नियमित रूप से करनेवाला। | ಶಾಸ್ತ್ರ ವಿಧಿಯಂತೆ ಧರ್ಮ ಕಾರ್ಯದಲ್ಲಿ ನಿಯಮ ನಿಷ್ಠೆಯುಳ್ಳ | शास्त्र विधियंते धर्मकार्यदल्लि नियम निष्ठेयुळ्ळ | conscientious. |
| क्रियाविशेषण | पुं. | व्याकरण में ऐसा शब्द जिससे किसी क्रिया अथवा विशेषण के सम्बन्ध में कोई विशिष्ट बात सूचित होती हो अथवा उसके काल, प्रकार, रूप, स्थान आदि का बोध होता हो। | (ವ್ಯಾಕರಣ) ಕ್ರಿಯಾಪದ ಅಥವಾ ಗುಣವಾಚಕದ ವಿಶೇಷತೆಯನ್ನು ತಿಳಿಸುವ ಪದ, ಕ್ರಿಯಾ ವಿಶೇಷಣ | (व्याकरण) क्रियापद अथवा गुणवाचकद विशेषतेयन्नु तिळिसुव पद, क्रियाविशेषण | adverb. |
| क्रियाशील | वि. | 1. निरन्तर कार्यों में लगा रहनेवाला, कर्मनिष्ठ; | ಸದಾ ಕೆಲಸದಲ್ಲಿ ನಿರತ, ಕರ್ಮನಿಷ್ಠ; | सदा केलसदल्लि निरत, कर्मनिष्ठ; | dutiful; |
| | | 2. सक्रिय। | ಕಾರ್ಯಶೀಲ | कार्यशील | active. |
| क्रीड़ांगण | पुं. | खेलने का स्थान। | ಆಟದ ಮೈದಾನ | आटद मैदान | play-ground. |
| क्रीड़ा | स्त्री. | 1. आमोद-प्रमोद; | ಲೀಲಾ ವಿನೋದ; | लीला विनोद; | merriment; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. खेल-कूद। | ಆಟ | आट | sport. |
| **क्रीड़ा-कौतुक** | पुं. | आमोद-प्रमोद या खेलकूद। | ಆಟ ತಮಾಷೆ, ಮನೋವಿನೋದ | आट तमाषे, मनोविनोद | fun and frolic. |
| **क्रीड़ागृह** | पुं. | 1. खेलने के लिए बनाया गया कक्ष;<br>2. केलि-मंदिर। | ಆಟದ ಕೋಣೆ;<br>ವಿಲಾಸ ಮಂದಿರ | आटद कोणे;<br>विलास मंदिर | a room specially meant for play etc.;<br>pleasure-house. |
| **क्रीड़ा-स्थल** | पुं. | खेलने का स्थान या मैदान। | ಆಟದ ಮೈದಾನ | आटद मैदान | play ground. |
| **क्रीत** | वि. | खरीदा हुआ। | ಕೊಂಡುಕೊಂಡ | कोंडुकोंड | bought, purchased. |
| **क्रुद्ध** | वि. | क्रोधयुक्त, कुपित। | ಕೋಪಗೊಂಡ | कोपगोंड | angry, provoked. |
| **क्रूर** | वि. | 1. निर्मम तथा हिंसक कार्य करनेवाला;<br>2. निर्दय, निष्ठुर, कठिन, कठोर। | ಮಮತೆಯಿಲ್ಲದ, ಹಿಂಸೆ ಮಾಡುವ;<br>ದಯೆಯಿಲ್ಲದ, ನಿಷ್ಠುರ, ಕಠೋರ | ममतेयिल्लद, हिंसे माडुव;<br>दयेयिल्लद, निष्ठुर, कठोर | cruel;<br>pitiless, hard-hearted. |
| **क्रूरता** | स्त्री. | क्रूर होने की अवस्था या भाव। | ಕಠೋರತೆ, ಕ್ರೂರವಾಗಿರುವ ಸ್ವಭಾವ | कठोरते, क्रूरवागिरुव स्वभाव | cruelty, ruthlessness, harshness. |
| **क्रूरात्मा** | वि. | दुष्ट प्रकृति या दुःस्वभाव वाला। | ದುಷ್ಟ ಅಥವಾ ಕಠೋರ ಸ್ವಭಾವದ | दुष्ट अथवा कठोर स्वभावद | of cruel nature. |
| **क्रेता** | पुं. | वह जो दूसरे से वस्तुएं मोल लेता हो, खरीदनेवाला। | ಕೊಳ್ಳುವವ | कोळ्ळुवव | buyer, purchaser. |
| **क्रोड** | पुं. | 1. गोद;<br>2. वह अवकाश जो किसी को आलिंगन करने के समय दोनों बाहों के बीच में पड़ता है। | ತೊಡೆ, ಮಡಿಲು;<br>ಒಬ್ಬರನ್ನೊಬ್ಬರು ಆಲಿಂಗಿಸಿಕೊಳ್ಳುವಾಗ ನಡುವೆ ಇರುವ ಅಂತರ | तोडे, मडिलु;<br>ओब्बरन्नोब्बरु आलिंगिसि कोळ्ळुवाग नडुवे इरुव अंतर | the lap;<br>the portion between arms while embracing. |
| **क्रोध** | पुं. | किसी के अनुचित या अन्यायपूर्ण काम के फलस्वरूप मन में उत्पन्न होनेवाला उग्र तथा तीक्ष्ण मनोविकार, क्रोध, गुस्सा। | ಸಿಟ್ಟು, ಕೋಪ | सिट्टु, कोप | anger, fury, wrath. |
| **क्रोधवश** | क्रि. वि. | क्रोध में होने के कारण। | ಸಿಟ್ಟಿಗೊಳಪಟ್ಟ | सिट्टिगोळपट्ट | out of anger. |
| **क्रोधी** | वि. | प्रायः क्रोध करनेवाला, गुस्सा करनेवाला, गुस्सावर। | ಸಿಟ್ಟಿನ ಸ್ವಭಾವದ | सिट्टिन स्वभावद | angry, wrathful. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रोश | पुं. | दूरी का एक प्राचीन माप जो लगभग दो मील के बराबर होता है, कोस। | ಕೋಸು, ಎರಡು ಮೈಲಿಗಳ ದೂರದ ಅಳತೆ | कोसु, एरडु मैलिगळ दूरद अळतॆ | a measure of length equal to about two English miles. |
| क्रोशिया | पुं. | लोहे आदि की वह तीली या सलाई जिसकी सहायता से गंजी, मोजे आदि केवल हाथों से (करघे पर नहीं) बुने जाते हैं। | ಕಸೂತಿಯ ಕೆಲಸದ ಅಥವಾ ಕಾಲುಚೀಲ ಮುಂತಾದುವನ್ನು ನೇಯುವ ಕ್ರೋಷಾ ಸೂಜಿ | कसूतिय कॆलसद अथवा कालुचील मुंतादुवन्नु नेयुव क्रोषा सूजि | crochet. |
| क्रौंच | पुं. | हलके भूरे रंग की एक प्रसिद्ध बड़ी चिड़िया जो ठंडे प्रदेशों में पानी के किनारे रहती है, करांकुल। | ಕ್ರೌಂಚ ಪಕ್ಷಿ | क्रौंच पक्षि | kind of curlew or heron, Ardea jaculator. |
| क्लांत | वि. | थका हुआ, शिथिल, श्रांत। | ಆಯಾಸಗೊಂಡ, ಬಳಲಿದ | आयासगॊंड, बळलिद | tired, fatigued, exhausted. |
| क्लांति | स्त्री. | 1. थकावट, शिथिलता; 2. आयास, परिश्रम। | ಬಳಲಿಕೆ, ಶಿಥಿಲತೆ; ಆಯಾಸ | बळलिकॆ, शिथिलतॆ; आयास | fatigue, weariness; langour. |
| क्लिष्ट | वि. | (वाक्य या शब्द) जिसका अर्थ आसानी से समझ में न आता हो, कठिन, दुरुह। | ಸುಲಭವಾಗಿ ಅರ್ಥವಾಗದ, ಕಠಿಣವಾದ | सुलभवागि अर्थवागद, कठिणवाद | difficult, obscure. |
| क्लिष्ट-कल्पना | स्त्री. | ऐसी कल्पना जो स्वतः सिद्ध या स्पष्ट न हो, बल्कि बहुत खींचतान या कठिनता से ठीक सिद्ध की जा सके, दुरूह कल्पना, दुरारूढ़ कल्पना। | ಸುಲಭವಾಗಿ ಅರ್ಥವಾಗದ ಊಹೆಗೆ ಎಟುಕದ ಕಲ್ಪನೆ | सुलभवागि अर्थवागद ऊहॆगॆ एटुकद कल्पनॆ | far-fetched imagination. |
| क्लिष्टता | स्त्री. | दुरूहता या कठिनाई। | ಕಠಿಣತೆ, ಸುಲಭವಾಗಿ ಅರ್ಥವಾಗದಂತಿರುವಿಕೆ | कठिणतॆ सुलभवागि अर्थवागदंतिरुविकॆ | difficulty, obscurity (of a passage). |
| क्लीव | वि. | 1. नपुंसक; 2. कायर, डरपोक। | ಷಂಡ, ನಪುಂಸಕ; ಹೇಡಿ, ಅಂಜುಬುರುಕ | षंड, नपुंसक; हेडि, अंजुबुरुक | impotent; timid, cowardly. |
| क्लीवता | स्त्री. | 1. नपुंसकता; 2. कायरता। | ನಪುಂಸಕತೆ; ಹೇಡಿತನ | नपुंसकतॆ; हेडितन | impotence; timidity, cowardice. |
| क्लेश | पुं. | 1. कष्टपूर्ण मानसिक स्थिति; 2. घर के सदस्यों की आपसी कलह। | ಮನೋವೇದನೆ, ದುಗುಡ; ಗೃಹ ಕಲಹ, ಮನೆಮಂದಿಯಲ್ಲಿನ ವೈಮನಸ್ಯ | मनोवेदनॆ, दुगुड; गृहकलह, मनॆमंदियल्लिन वैमनस्य | anguish; quarrel (domestic). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| क्वचित् | क्रि. वि. | कदाचित् ही कोई, शायद ही कोई, बहुत कम। | ಅಪರೂಪವಾಗಿ | अपरूपवागि, | rarely someone (an individual), a few. |
| | वि. | कहीं-कहीं या कभी-कभी परन्तु बहुत कम मिलने या होनेवाला। | ಅಪರೂಪವಾಗಿ ಅಲ್ಲಲ್ಲಿ ಅಥವಾ ಆಗಾಗ ಸಂಭವಿಸುವ | अपरूपवागि अल्लल्लि अथवा आगाग संभविसुव | rare. |
| क्वारा | वि. | जिसका विवाह न हुआ हो, अविवाहित। | ಅವಿವಾಹಿತ, ಮದುವೆಯಾಗದ | अविवाहित, मदुवेयागद | bachelor, unmarried. |
| क्षण | पु. | 1. काल का एक बहुत छोटा परिमाण; | (ಸಮಯ) ಕ್ಷಣ, ಸೆಕೆಂಡು; | (समय) क्षण, सेकेंडु; | a moment; |
| | | 2. एक बार पलक झपकने भर का समय, निमेष; | ರೆಪ್ಪೆ ಹೊಡೆಯುವಷ್ಟು ಕಾಲ; | रेप्प होडेयुवष्टु काल; | twinkling; |
| | | 3. अवसर। | ಸಂಧಿ (ಸಮಯ) | संधि (समय) | opportunity. |
| क्षणभंगुर | वि. | 1. एक या कुछ ही क्षणों में नष्ट हो जानेवाला; | ಸ್ವಲ್ಪ ಸಮಯ ದಲ್ಲಿಯೇ ನಾಶವಾಗುವ; | स्वल्प समयदल्लिये नाशवागुव; | transitory, momentary; |
| | | 2. नाशमान्, अस्थायी। | ಅಳಿಯುವಂತಹ, ಶಾಶ್ವತವಲ್ಲದ | अळियुवंतह, शाश्वतवल्लद | perishable, temporary. |
| क्षणिक | वि. | 1. क्षणभर ठहरने या होनेवाला; | ತುಸು ಕಾಲದ; | तुसुकालद; | momentary, transitory; |
| | | 2. अस्थायी, अनित्य। | ನಿತ್ಯವಲ್ಲದ | नित्यवल्लद, | temporary, passing. |
| क्षणिकता | स्त्री. | क्षणिक होने की अवस्था या भाव। | ಕ್ಷಣಕಾಲದ್ದು | क्षणकालद्दु, | momentariness. |
| क्षत | पु. | घाव, जखम। | ಗಾಯ, ಪೆಟ್ಟು | गाय, पेट्टु | wound, injury. |
| | वि. | 1. जिसे हानि पहुंची हो; | ಹಾನಿಗೊಂಡ; | हानिगोंड; | one who has suffered; |
| | | 2. घायल; | ಗಾಯಗೊಂಡ; | गायगोंड; | wounded; |
| | | 3. खंडित। | ತುಂಡಾದ, ಮುರಿದ | तुंडाद, मुरिद | broken. |
| क्षत-विक्षत | वि. | 1. बुरी तरह घायल, लहूलुहान (व्यक्ति); | ಬಹಳ ಗಾಯಗೊಂಡ (ವ್ಯಕ್ತಿ); | बहळ गायगोंड (व्यक्ति); | wounded, mangled, covered with cuts and wounds; |
| | | 2. अनेक आघातों के कारण जिसके सब अंग विकृत हो गए हों (पदार्थ)। | ಬಹಳ ಪೆಟ್ಟು ಬಿದ್ದು ಜಜ್ಜಿ ಹೋದ (ವಸ್ತು) | बहळ पेट्टु बिद्दु जज्जि होद (वस्तु) | torn all over. |
| क्षति | स्त्री. | 1. आघात या चोट लगने से होनेवाला घाव; | ಪೆಟ್ಟು ಬಿದ್ದುದರಿಂ- ದಾದ ಗಾಯ; | पेट्टु बिद्दुदरिंदाद गाय; | wound, injury; |
| | | 2. कोई चीज़ खो जाने, | ಕೆಟ್ಟು ಹಾಳಾದು- ದರಿಂದಾದ ಹಾನಿ | केट्टु हाळदुदरिंदाद हानि | damage; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | खराब या क्षीण हो जाने अथवा किसी के द्वारा नष्ट किए जाने पर होनेवाली हानि; | | | |
| | | 3. व्यापार में होनेवाली हानि, घाटा; | ವ್ಯಾಪಾರದಲ್ಲಿ ಆದ ನಷ್ಟ; | व्यापारदल्लि आद नष्ट; | loss; |
| | | 4. कीर्ति या यश में लगने वाला धब्बा, कलंक। | ಕೀರ್ತಿಗೆ ತಗುಲುವ ಕಳಂಕ | कीर्तिगे तगुलुव कळंक | blot. |
| क्षतिग्रस्त | वि. | जिसकी किसी प्रकार की हानि हुई हो। | ಹಾನಿ ಅಥವಾ ನಷ್ಟಕ್ಕೆ ಒಳಗಾದ | हानि अथवा नष्टक्के ओळगाद | put to loss or harm. |
| क्षतिपूर्ति | स्त्री. | 1. हानि या घाटे का पूरा होना; | ನಷ್ಟವನ್ನು ಕಟ್ಟಿಕೊಡುವಿಕೆ; | नष्टवन्नु कट्टिकोडुविके; | making good the loss; |
| | | 2. किसी की हानि पूरी करने के लिए दिया जानेवाला धन। | ಹಾನಿಗಾಗಿ ಕಟ್ಟಿಕೊಡುವ ಹಣ | हानिगागि कट्टिकोडुव हण | compensation. |
| क्षत्र | पुं. | 1. बल, शक्ति, सत्ता; | ಶಕ್ತಿ, ಬಲ, ಪರಾಕ್ರಮ; | शक्ति, बल, पराक्रम; | power, might, authority; |
| | | 2. क्षत्रिय जाति या उसका व्यक्ति; | ಕ್ಷತ್ರಿಯ (ಜಾತಿ); | क्षत्रिय (जाति); | Kshatriya caste or a man of the Kshatriya caste; |
| | | 3. शासित क्षेत्र। | ಆಳ್ವಿಕೆಗೆ ಒಳಪಟ್ಟ ಭೂಮಿ | आळ्विकेगे ओळपट्ट भूमि | dominient. |
| क्षत्राणी | स्त्री. | 1. क्षत्रिय जाति की स्त्री; | ಕ್ಷತ್ರಿಯ ಜಾತಿಯ ಹೆಂಗಸು; | क्षत्रिय जातिय हेंगसु; | a woman of the Kshatriya caste; |
| | | 2. बहादुर या वीर स्त्री। | ವೀರಳಾದ ಸ್ತ್ರೀ | वीरळाद स्त्री. | brave woman. |
| क्षत्रिय | पुं. | क्षत्रिय जाति का पुरुष। | ಕ್ಷತ್ರಿಯ (ಗಂಡು) | क्षत्रिय (गंडु) | a man of Kshatriya caste. |
| क्षम | वि. | 1. समर्थ, सशक्त; | ಸಮರ್ಥ, ಶಕ್ತ; | समर्थ, शक्त; | able, fit; |
| | | 2. सहिष्णु, सहनशील। | ಸಹನೆಯುಳ್ಳ | सहनेयुळ्ळ | patient, enduring. |
| क्षमता | स्त्री. | 1. सामर्थ्य; | ಸಾಮರ್ಥ್ಯ; | सामर्थ्य; | power; |
| | | 2. कोई काम करने का गुण या विशेषता; | ಕಾರ್ಯದಕ್ಷತೆ; | कार्यदक्षते; | ability; |
| | | 3. ग्रहण या धारण कर सकने की पात्रता। | ಹಿಡಿಸುವ ಇಲ್ಲವೇ ಗ್ರಹಿಸುವ ಯೋಗ್ಯತೆ | हिडिसुव इल्लवे ग्रहिसुव योग्यते | capacity. |
| क्षमा | स्त्री. | 1. किसी दोषी या अपराधी को बिना किसी प्रतिकार | ಕ್ಷಮಿಸುವಿಕೆ, ಮಾಫ್ ಮಾಡುವಿಕೆ; | क्षमिसुविके, माफ् माडुविके; | forgiveness, pardon; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | के छोड़ देने का भाव, माफी; | | | |
| | | 2. मन की वह भावना या वृत्ति जिससे मनुष्य दूसरे के द्वारा पहुंचाया हुआ कष्ट चुपचाप सहन कर लेता है और कष्ट पहुंचानेवाले के प्रति मन में कोई विकार नहीं आने देता। | ಕಷ್ಟ, ದುಃಖ ನೋವು-ಗಳನ್ನು ತಡೆದು ಕೊಳ್ಳುವ ಕ್ಷಮಾ ಗುಣ | कष्ट, दुःख नोवुगळन्नु तडॆदु कॊळ्ळुव क्षमागुण | patience, forbearance. |
| क्षमावान | वि. | क्षमा करने वाला। | ಕ್ಷಮೆ ಮಾಡುವ | क्षमॆमाडुव | forbearing. |
| | पुं. | दोषी को दंडित करने की क्षमता होने पर भी उसे दयापूर्वक छोड़नेवाला। | ದಂಡಿಸುವ ಶಕ್ತಿಯಿದ್ದೂ ದಯೆ ತೋರಿ ಕ್ಷಮಿಸುವವ | दंडिसुव शक्तियिद्दू दयॆतोरि क्षमिसुवव | pardoner. |
| क्षमाशील | वि. | प्रायः या सदा क्षमा करनेवाला, सहनशील। | ಕ್ಷಮಿಸುವ ಸ್ವಭಾವವುಳ್ಳ | क्षमिसुव स्वभाववुळ्ळ | readily forgiving. |
| क्षम्य | वि. | 1. (अपराध या व्यक्ति) जो क्षमा किए जाने के योग्य हो, सह्य; | ಕ್ಷಮಿಸಲು ಅರ್ಹವಾದ, ಸಹಿಸಬಹುದಾದ; | क्षमिसलु अर्हवाद, सहिसबहुदाद; | pardonable, forgivable; |
| | | 2. अदंडनीय (बात या व्यवहार)। | ದಂಡನೆಗೆ ಗುರಿಪಡಿಸಲಾಗದ | दंडनॆगॆ गुरिपडिसलागद | unpunishable, not fit to be punished. |
| क्षय | पुं. | 1. किसी की क्रमशः तथा प्रकृतिशः होनेवाली अवनति, ह्रास, छीजन; | ಕ್ರಮವಾಗಿ ಕ್ಷೀಣವಾಗುವ, ಕುಂದುವ; | क्रमवागि क्षीणवागुव, कुंदुव; | decay, deterioration; |
| | | 2. नाश; | ನಾಶ, | नाश; | destruction; |
| | | 3. यक्ष्मा नामक रोग। | ಕ್ಷಯರೋಗ | क्षयरोग | tuberculosis. |
| क्षयरोग | पुं. | यक्ष्मा नामक रोग जिसमें शरीर धीरे-धीरे क्षीण होता चलता है। | ಶರೀರವು ಕ್ರಮೇಣ ಕ್ಷೀಣವಾಗುವ ರೋಗ, ಯಕ್ಷ್ಮಾ, ಕ್ಷಯರೋಗ | शरीरवु क्रमेण क्षीणवागुव रोग, यक्ष्मा, क्षयरोग | tuberculosis. |
| क्षरण | पुं. | तरल पदार्थ का किसी पात्र में से बूंद-बूंद करके गिरना, रिसना, चूना। | ತೊಟ್ಟು ತೊಟ್ಟಾಗಿ ಸೋರುವಿಕೆ, ಹರಿಯುವಿಕೆ | तॊट्टु तॊट्टागि सोरुविकॆ, हरियुविकॆ | act of flowing, trickling, dropping, oozing. |
| क्षरित | वि. | जिसका क्षरण हुआ हो। | ಸೋರಿದ, ಹರಿದ | सोरिद, हरिद | oozed, melted. |
| क्षात्रधर्म | पुं. | क्षत्रियों के कर्त्तव्य-कर्म। | ಕ್ಷತ್ರಿಯರ ಕರ್ತವ್ಯ | क्षत्रियर कर्तव्य | duty or functions of a Kshatriya. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **क्षार** | पुं. | दाहक, जारक आदि खनिज पदार्थों के योग से तथा रासायनिक प्रक्रिया द्वारा तैयार की हुई राख या नमक जो औषधि के रूप में काम आता है। | ಕ್ಷಾರ (ಸೋಡಾ, ಪೊಟಾಸಿಯಂ ಮುಂತಾದವು) | क्षार (सोडा पोटासियं मुंतादवु) | **soda or potash, alkali.** |
| | वि. | खारा। | ಉಪ್ಪಿನಂತೆ (ರುಚಿ) ಇರುವ | उप्पिनंतॆ (रुचि) इरुव | **salty, alkaline.** |
| **क्षारलवण** | पुं. | खारा नमक। | ಕರಿ ಉಪ್ಪು | करि उप्पु | **black** salt. |
| **क्षालन** | पुं. | 1. पानी से धोने की क्रिया या भाव, धुलाई;<br>2. साफ करने का काम। | (ನೀರಿನಿಂದ) ತೊಳೆಯುವಿಕೆ;<br>ಸ್ವಚ್ಛಮಾಡುವಿಕೆ | (नीरिनिंद) तॊळॆयुविकॆ;<br>स्वच्छमाडुविकॆ | **washing**, cleansing **(with** water);<br>**the act** of washing, cleansing. |
| **क्षालित** | वि. | धोया या साफ किया हुआ। | ತೊಳೆದ | तॊळॆद | washed, cleansed. |
| **क्षिति** | स्त्री. | पृथ्वी। | ಭೂಮಿ, ಪೃಥ್ವಿ | भूमि, पृथ्वि | earth. |
| **क्षितिज** | पुं. | पृथ्वी तल के चारों ओर की वह कल्पित रेखा या स्थान जहां पर पृथ्वी और आकाश एक दूसरे से मिलते हुए से जान पड़ते हैं। | ಭೂಮಿ ಆಕಾಶಗಳು ಸೇರಿದಂತೆ ಕಾಣುವ ಜಾಗ, ಕ್ಷಿತಿಜ | भूमि आकाशगळु सेरिदंतॆ काणुव जाग, क्षितिज | horizon. |
| **क्षिप्र** | क्रि. | 1. शीघ्र, जल्दी; | ಬೇಗನೆ ; | बेगनॆ; | quickly; |
| | वि. | 2. तत्काल, तुरंत। | ಈಗಲೆ, ಕೂಡಲೆ | ईगलॆ, कूडलॆ | immediately. |
| | वि. | 1. तेजी से चलता हुआ;<br>2. तुरंत या शीघ्र समझनेवाला;<br>3. अस्थिर, चंचल। | ವೇಗವಾಗಿ ಹೋಗುವ;<br>ಬೇಗ;<br>ಚಂಚಲ | वेगवागि होगुव;<br>बेग;<br>चंचल | speedy;<br>quick;<br>unsteady. |
| **क्षीण** | वि. | 1. जिसका क्षय हुआ हो;<br>2. घटा हुआ या घटनेवाला;<br>3. दुबला-पतला;<br>4. सूक्ष्म। | ಸವೆದ;<br>ಕುಂದುವ;<br>ಸವಕಲಾದ, ಸವೆದ;<br>ಸೂಕ್ಷ್ಮ | सवॆद;<br>कुंदुव;<br>सवकलाद, सवॆद;<br>सूक्ष्म | worn away;<br>waning (as the moon);<br>lean and thin;<br>minute, thin. |
| **क्षीणता** | स्त्री. | क्षीण होने की अवस्था या भाव। | ಕ್ಷಯಿಸುವಿಕೆ<br>ಕುಂದುವಿಕೆ, | क्षयिसुविकॆ,<br>कुंदुविकॆ | slenderness, thinness, decay. |
| **क्षीर** | पुं. | 1. दूध;<br>2. पौधों, वृक्षों आदि में से निकलनेवाला दूध जैसा तरल सफेद पदार्थ; | ಹಾಲು;<br>ಗಿಡ ಮರಗಳಿಂದ ಬರುವ ಬಿಳಿಯ ದ್ರವ; | हालु;<br>गिड मरगळिंद बरुव बिळिय द्रव; | milk;<br>the milky juice or sap of trees; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. खीर। | ಪಾಯಸ | पायस | a sweet dish prepared from rice and milk. |
| **क्षीरसागर** | पुं. | सात समुद्रों में से एक समुद्र जो दूध से भरा हुआ माना गया है। | ಸಪ್ತಸಮುದ್ರಗಳಲ್ಲಿ ಒಂದೆಂದು ಹೇಳುವ ಹಾಲಿನ ಸಮುದ್ರ | सप्त समुद्रगळल्लि आंदेंदु हेळुव हालिन समुद | the ocean of milk. |
| **क्षुण्ण** | वि. | 1. कुचला या रौंदा हुआ; | ಜಜ್ಜಿದ, ತುಳಿದ, ಕುಟ್ಟಿದ; | जज्जिद, तुळिद, कुट्टिद; | stamped or trampled; |
| | | 2. जिसके अंग या अवयव खंडित अथवा छिन्न-भिन्न हो चुके हों। | ಚೂರು ಚೂರು ಮಾಡಿದ, | चूरु चूरुमाडिद | **broken** to pieces, **crushed.** |
| **क्षुद्र** | वि. | 1. (व्यक्ति) जो **निम्न श्रेणी** अथवा निम्न या हीन विचारों **का हो, अधम, नीच, ओछा;** | ನೀಚ, ಅಧಮ; | नीच, अधम; | **mean, low;** |
| | | 2. (वस्तु) जिसका **महत्व या** मान कुछ **भी न हो, नगण्य;** | ಬೆಲೆಯಿಲ್ಲದ, ಮರ್ಯಾದೆಯಿಲ್ಲದ; | बॅलॅयिल्लद, मर्यादॅयिल्लद; | **petty, insignificant;** |
| | | 3. छोटा; | ಚಿಕ್ಕದಾದ; | चिक्कदाद; | **small;** |
| | | 4. थोड़ा, **कम।** | ಕಡಿಮೆಯಾಗಿರುವ | कडिमॅयागिरुव | **a little,** trifling. |
| **क्षुद्रता** | स्त्री. | 1. ओछापन, **नीचता;** | ನೀಚತನ; | नीचतन; | **smallness, meanness;** |
| | | 2. महत्वहीनता, तुच्छता। | ದೊಡ್ಡತನವಿಲ್ಲದಿರುವಿಕೆ | दॉड्डतनविल्लदिरुविकॅ | **insignificance.** |
| **क्षुद्रबुद्धि** | वि. | 1. छोटी या तुच्छ बुद्धिवाला; | ನೀಚಬುದ್ಧಿಯ; | नीचबुद्धिय; | **low-minded,** mean; |
| | | 2. मूर्ख। | ಮೂರ್ಖ | मूर्ख | foolish, fool. |
| **क्षुधा** | स्त्री. | कुछ न खाने के फलस्वरूप होनेवाला कष्टप्रद संवेदन, भूख। | ಹಸಿವು | हसिवु | hunger, appetite. |
| **क्षुधित** | वि. | जिसे भूख लगी हो, भूखा। | ಹಸಿದ | हसिद | hungry. |
| **क्षुब्ध** | वि. | 1. **विकल,** व्याकुल; | ದುಃಖಗೊಂಡ, ವ್ಯಾಕುಲಗೊಂಡ; | दु:खगॉंड, व्याकुलगॉंड; | impatient, agitated (mentally); |
| | | 2. **क्रुद्ध,** कुपित। | ಸಿಟ್ಟುಗೊಂಡ | सिट्टुगॉंड | angry. |
| **क्षेत्र** | पुं. | 1. जोता-बोया जानेवाला भूमिखंड, खेत; | ಉತ್ತುಬಿತ್ತಿ, ಬೆಳೆಯುವಂತಹ ಭೂಮಿ; | उत्तु बित्ति बॅळॅयुवंतह भूमि; | a plot of ground fit for cultivation, a field; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. प्राकृतिक, भौगोलिक, राजनीतिक आदि दृष्टियों से विशिष्ट विशेषता-संपन्न भूभाग। | ಪ್ರಾಕೃತಿಕ ಭೌಗೋಲಿಕ ರಾಜಕೀಯ ದೃಷ್ಟಿಯಿಂದ ವಿಶೇಷವಾಗಿ ಸಮೃದ್ಧ ಭೂಭಾಗ | प्राकृतिक भौगोलिक राजकीय दृष्टियिंद विशेषवागि समृद्ध भूभाग | region, zone. |
| **क्षेत्रगणित** | पुं. | जिसमें जमीन नापने और उसका क्षेत्रफल निकालने की विधियां बताई जाती हैं। | ಕ್ಷೇತ್ರಗಣಿತ | क्षेत्रगणित | mensuration. |
| **क्षेत्रज** | वि. | खेत में उत्पन्न होनेवाला। | ಹೊಲದಲ್ಲಿ ಬೆಳೆದ | हॉलदल्लि बॆळॆद | produced in the field. |
| | पुं. | बारह प्रकार के पुत्रों में से एक, जो किसी मृत या असमर्थ पुरुष की स्त्री ने दूसरे पुरुष के संयोग से उत्पन्न किया हो। | ಹಿಂದೂಧರ್ಮಶಾಸ್ತ್ರದ ಪ್ರಕಾರ ಮಕ್ಕಳಿಲ್ಲದ ವಿಧವೆ ಅಥವಾ ನಪುಂಸಕನಾದವನ ಹೆಂಡತಿ ಒಪ್ಪಿಗೆ ಪಡೆದು ಪರ ಪುರುಷ ಸಂಸರ್ಗಮಾಡಿ ಪಡೆದ ಮಗ | हिंदू धर्मशास्त्रद प्रकार मक्कळिल्लद विधवॆ अथवा नपुंसकनादवन हॆंडति ऑप्पिगॆ पडॆदु पर पुरुष संसर्गमाडि पडॆद मग | one of the twelve kinds of sons allowed by the old Hindu law, the offspring of a wife by a kinsman duly appointed to raise up issue to the husband. |
| **क्षेत्रज्ञ** | पुं. | 1. क्षेत्र या शरीर का अधिष्ठाता, जीवात्मा;<br>2. किसान। | ಶರೀರವನ್ನು ಹಿಡಿದಿಟ್ಟಿರುವ ಜೀವಾತ್ಮ;<br>ರೈತ, ಕೃಷಕ | शरीरवन्नु हिडिदिट्टिरुव जीवात्म;<br>रैत, कृषक | the soul;<br>farmer. |
| | वि. | किसी विषय का जानकार, ज्ञाता। | ವಿಷಯವನ್ನರಿತ, ತಿಳಿದ | विषयवन्नरित, तिळिद | one who knows, skilful, dexterous. |
| **क्षेत्रपाल** | पुं. | 1. खेत की रक्षा करनेवाला व्यक्ति;<br>2. प्रबन्धकर्ता। | ಭೂಸಂರಕ್ಷಕ, ಕಾವಲುಗಾರ;<br>ವ್ಯವಸ್ಥೆ ಮಾಡುವವ | भूसंरक्षक, कावलुगार;<br>व्यवस्थॆ माडुवव | one who guards the field, chowkidar;<br>organiser. |
| **क्षेत्रफल** | पुं. | किसी क्षेत्र की लम्बाई और चौड़ाई का गुणन करने से निकलनेवाला वर्गात्मक परिमाण, रकबा। | ಭೂಮಿಯ ಉದ್ದ ಅಗಲಗಳನ್ನು ಗುಣಿಸಿದುದರಿಂದ ಬರುವ ಕ್ಷೇತ್ರಫಲ | भूमिय उद्द अगलगळन्नु गुणिसिदुदरिंद बरुव क्षेत्रफल | area. |
| **क्षेत्रीय** | वि. | 1. क्षेत्र या खेत सम्बन्धी;<br>2. खेत में उपजने या होनेवाला;<br>3. किसी विशिष्ट भूभाग या कार्यक्षेत्र से संबंधित। | ಭೂಮಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ;<br>ಹೊಲದಲ್ಲಿ ಬೆಳೆಯುವ;<br>ಯಾವುದಾದರೊಂದು ವಿಶಿಷ್ಟ ಭೂಭಾಗದ | भूमिगॆ संबंधिसिद;<br>हॉलदल्लि बॆळॆयुव;<br>यावुदादरॊंदु विशिष्ट भू-भागद | relating to a field;<br>produced in the field;<br>territorial, zonal. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **क्षेपक** | वि.<br>पुं. | फेंकनेवाला।<br>वह अंश, जो बाद में किसी वस्तु, विशेषतः पुस्तक आदि में, किसी दूसरे व्यक्ति के द्वारा बढ़ाया या मिलाया गया हो। | ಎಸೆಯುವ<br>ಹೊಸದಾಗಿ ಮೂಲದೊಂದಿಗೆ ಬೇರೆಯವರಿಂದ ಸೇರಿಸಲ್ಪಟ್ಟ ಅಂಶ ಅಥವಾ ಭಾಗ, ಪ್ರಕ್ಷಿಪ್ತ ಅಂಶ | एसेयुव,<br>हॊसदागि मूलदॊंदिगे बेरेयवरिंद सेरिसल्पट्ट अंश अथवा भाग, प्रक्षिप्त अंश | thrower.<br>interpolation. |
| **क्षेम** | पुं. | 1. कुशल-मंगल;<br>2. सुख;<br>3. मुक्ति। | ಕ್ಷೇಮ ಸಮಾಚಾರ;<br>ಸುಖ;<br>ಮುಕ್ತಿ | क्षेम समाचार;<br>सुख;<br>मुक्ति | welfare, well-being;<br>happiness;<br>salvation. |
| **क्षेमकर** | वि. | मंगलकारक, कल्याणकर। | ಮಂಗಳಕರವಾದ | मंगळकरवाद | propitious, conferring happiness. |
| **क्षेम-कल्याण** | पुं. | कुशल-मंगल। | ಸುಖ ಸಮಾಚಾರ | सुख समाचार | welfare, well-being; |
| **क्षेमकारी** | वि. | मंगलकारी, कल्याणकारी। | ಮಂಗಳವನ್ನುಂಟು ಮಾಡುವ | मंगळवन्नुंटुमाडुव | auspicious, propitious. |
| **क्षोभ** | पुं. | 1. कोई आपत्तिजनक बात या व्यवहार होने पर मन में होनेवाली दुःख-जन्य विकलता, व्याकुलता;<br>2. खलबली, आन्दोलन, अशांति;<br>3. क्रोध। | ದುಗುಡ, ಮನೋವ್ಯಥೆ;<br>ಆಂದೋಳನ, ಅಶಾಂತಿ;<br>ಸಿಟ್ಟು | दुगुड, मनोव्यथॆ;<br>आंदोळन,अशांति;<br>सिट्टु | distress, anguish;<br>disturbance;<br>anger. |
| **क्षौर** | पुं. | सिर के बाल काटने का काम, हजामत। | ಕ್ಷೌರ | क्षौर | shaving of the head. |
| **क्षौरकर्म** | पुं. | 1. मुंडन संस्कार;<br>2. दे. 'क्षौर'। | ಚೌಲ<br>ನೋಡಿ "क्षौर" | चौल,<br>नोडि "क्षौर" | tonsure (ceremony);<br>see 'क्षौर' |
| **खंखार** | पुं. | गाढ़ा थूक या कफ़ जो खंखारने से निकले, बलगम। | ಕಫ, ಉಗುಳು | कफ, उगुळु | phlegm, sputum, expectoration. |
| **खंखारना** | अ. क्रि. | 1. खरखराहट के साथ गले में चिपका हुआ कफ निकालना; | ಕೇಕರಿಸು; | केकरिसु; | to clear the throat of phlegm; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. खांसना | ಕೆಮ್ಮು | कंम्मु | to cough, to expectorate. |
| **खंग** | पुं. | 1. तलवार;<br>2. गेंडा। | ಕತ್ತಿ;<br>ಗೇಂಡಾಮೃಗ | कत्ति;<br>गेंडामृग | sword;<br>rhinoceros. |
| **खंगालना** | स.क्रि. | पूरी सफाई के लिए धुले हुए बर्तन को हल्का धोना। | (ಪಾತ್ರೆ ಆದಿ) ತೊಳೆದು ಗಲಬರಿಸು | (पात्रं आदि) ताॅळॆदु गलबरिसु | to rinse, to wash lightly. |
| **खंजन** | पुं. | काले या मटमैले रंग का और लंबी पूंछवाला एक प्रसिद्ध पक्षी। | ಖಂಜನ ಪಕ್ಷಿ | खंजन पक्षि | wagtail. |
| **खंजर** | पुं. | कटार। | ಕಠಾರಿ | कठारि | dagger. |
| **खंजरी** | स्त्री. | एक प्रकार की छोटी डफली। | ಖಂಜಡ (ವಾದ್ಯ) | खंजड (वाद्य) | small tambourine, timbrel. |
| **खंड** | पुं. | 1. भाग;<br>2. किसी टूटी या फूटी हुई वस्तु का कोई अंश या टुकड़ा;<br>3. इमारत का कोई तल्ला या मंजिल;<br>4. किसी धारा या उपधारा का कोई स्वतंत्र अंश;<br>5. कुछ विशेष कार्यों के लिए व्यवस्थित रूप से किया हुआ कोई विभाग;<br>6. किसी राज्य का कोई प्रदेश या प्रांत;<br>7. किसी ग्रंथ का कोई भाग या विभाग। | ಭಾಗ;<br>ಚೂರು;<br>ಮಹಡಿ, ಅಂತಸ್ತು<br>ಕಾನೂನಿನ ಅಂಶ;<br>ವಿಭಾಗ;<br>ರಾಷ್ಟ್ರದ ಒಂದು ಹಿಸ್ಸೆ;<br>ಗ್ರಂಥದ ಒಂದು ಭಾಗ | भाग;<br>चूरु;<br>महडि, अंतस्तु;<br>कानूनिन अंश;<br>विभाग;<br>राष्ट्रद ऒंदु हिस्से;<br>ग्रंथद ऒंदु भाग | part;<br>piece, fragment, portion;<br>storey;<br>clause;<br>division, section etc. maintained for some special purpose;<br>region, province of any state;<br>volume. |
| | वि. | 1. खंडित, अपूर्ण, विभक्त;<br>2. लघु या छोटा। | ಪೂರ್ಣವಲ್ಲದ;<br>ಚಿಕ್ಕದಾದ | पूर्णवल्लद;<br>चिक्कदाद | divided, not full, incomplete, partial;<br>small. |
| **खंडकाव्य** | पुं. | छोटा कथात्मक काव्य, जिसमें किसी महापुरुष या विशिष्ट व्यक्ति के जीवन की किसी एक या कुछ महान् घटनाओं का | ವಿಶಿಷ್ಟ ವ್ಯಕ್ತಿ ಅಥವಾ ಯಾರಾದರೊಬ್ಬ ಮಹಾ ಪುರುಷನ ಜೀವನದ ವಿಶೇಷ ಘಟನೆ | विशिष्ट व्यक्ति अथवा यारादरॊब्ब महापुरुषन जीवनद विशेष घटनॆगळन्नु | epicoid, a kind of small narrative poem in which an episode (or a few episodes) of a great |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | विस्तारपूर्वक वर्णन होता है। | ಗಳನ್ನು ಕುರಿತು ಕಥೆಯ ರೂಪದಲ್ಲಿ ಬರೆದ ಕಾವ್ಯ, ಖಂಡಕಾವ್ಯ | कुरितु कथॆय रूपदल्लि बरॆद काव्य, खंडकाव्य | man or a distinguished person is delineated in detail. |
| खंडन | पुं. | 1. दोष दिखलाकर किसी बात या सिद्धांत को अमान्य या गलत ठहराना; | ಖಂಡನೆ; | खंडनॆ; | contradiction; |
| | | 2. किसी आरोप या अभियोग का निराकरण करते हुए उसे झूठा सिद्ध करना; | ಚೂರುಚೂರಾಗಿ ಕತ್ತರಿಸುವಿಕೆ; | चूरुचूरागि कत्तरिसुविकॆ; | refutation; |
| | | 3. खंड-खंड या टुकड़े-टुकड़े करने की क्रिया या भाव; | ಭಾಗ ಮಾಡುವಿಕೆ | भाग माडुविकॆ | breaking, shattering; |
| | | 4. विभाजित करना। | | | dividing. |
| खंडन-मंडन | पुं. | किसी बात या सिद्धांत के पक्ष तथा विपक्ष दोनों के संबंध में दोनों पक्षों की ओर से कुछ कहा जाना, परपक्ष का प्रतिवाद तथा स्वपक्ष का समर्थन करना। | ಪರಪಕ್ಷ ಖಂಡನೆ, ಸ್ವಪಕ್ಷ ಸಮರ್ಥನೆ | परपक्ष खंडनॆ, स्वपक्ष समर्थनॆ | refutation and ratification. |
| खंडनीय | वि. | 1. (मत या सिद्धांत) जिसका खंडन होना आवश्यक और उपयुक्त हो; | ಖಂಡಿಸಬಹುದಾದ; | खंडिसबहुदाद; | refutable, contradictable; |
| | | 2. खंडन करने या तोड़े-फोड़े जाने के योग्य। | ಮುರಿಯಬಹು-ದಾದ | मुरियबहुदाद | liable to be broken up, frangible,brittle |
| खंडशः | क्रि. वि. | कई खंडों में बांटकर, खंडों के रूप में। | ಖಂಡ ಖಂಡವಾಗಿ | खंड खंडवागि | bit by bit, piece by piece, piecemeal. |
| खंडसारी | स्त्री. | (खांडसारी) देशी चीनी। | ಸಕ್ಕರೆ (ಸ್ವದೇಶಿ) | सक्करॆ (स्वदेशि) | indigenous sugar. |
| खंडहर | पुं. | गिरे या टूटे हुए मकान का अवशेष, भग्नावशेष। | ಅಳಿದುಳಿದ ಕಟ್ಟಡ ಆದಿ, ಭಗ್ನಾವಶೇಷ | अळिदुळिद कट्टड आदि, भग्नावशेष | ruins, dilapidated building. |
| खंडित | वि. | 1. जिसका कोई अंश टूट या कट कर अलग हो गया हो; | ಹರಿದು ಮುರಿದ (ಭಾಗ); | हरिदु मुरिद (भाग); | cut, broken in pieces, fragmented; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. गलत ठहराया हुआ;<br>3. अपूर्ण;<br>4. नष्ट। | ಖಂಡಿಸಲ್ಪಟ್ಟ;<br>ಅಪೂರ್ಣ;<br>ನಷ್ಟವಾದ | खंडिसल्पट्ट;<br>अपूर्ण;<br>नष्टवाद | refuted;<br>incomplete;<br>destroyed. |
| खंता | स्त्री. | 1. गड्ढा, गर्त;<br>2. जमीन खोदने का उपकरण, कुदाली, फावड़ा। | ಕುಳಿ, ಗುಣಿ;<br>ಹಾರೆ, ಗುದ್ದಲಿ | कुळि, गुणि;<br>हारॆ, गुद्दलि | pit, hole;<br>an instrument to dig the land, spade, mattock. |
| खंदक | स्त्री. | 1. खाईं;<br>2. गहरा गड्ढा। | ಕಂದಕ;<br>ಆಳವಾದ ಗುಣಿ | कंदक;<br>आळवाद, गुणि | a moat round a fort, trench, ditch;<br>deep pit. hole. |
| खंभा | पुं. | ईंट, पत्थर, लोहा, काठ आदि की लंबी खड़ी रचना जिस पर छत आदि टिकी रहती है। | ಕಂಭ | कंभ | pillar, column. |
| खखार | पुं. | खखारने से निकलनेवाला गाढ़ा थूक। | ಶ್ಲೇಷ್ಮ, ಕಫ | श्लेष्म, कफ | phlegm, sputum. |
| खखारना | अ. क्रि. | खखराहट के साथ गले के साथ चिपका हुआ कफ निकालना। | ಕೇಕರಿಸಿ ಕಫವನ್ನು ಹೊರಗೆಡಹು | केकरिसि कफवन्नु हॊरगॆडहु | to cough, to expectorate. |
| खग | पुं. | हवा में पंखों के सहारे उड़नेवाले जीव, पक्षी। | ಹಕ್ಕಿ | हक्कि | bird. |
| खगोल | पुं. | 1. आकाशमंडल;<br>2. दे. खगोलविद्या। | ಆಕಾಶ ಮಂಡಲ;<br>ನೋಡಿ "खगोलविद्या" | आकाश मंडल;<br>नोडि "खगोलविद्या" | celestial sphere;<br>see 'खगोलविद्या'. |
| खगोलविद्या | स्त्री. | वह विद्या जिससे आकाश के नक्षत्रों, ग्रहों आदि की गतिविधि का ज्ञान प्राप्त हो, ज्योतिष। | ಗ್ರಹ ನಕ್ಷತ್ರಗಳ ಗತಿಯನ್ನು ತಿಳಿಸುವ ಶಾಸ್ತ್ರ | ग्रह नक्षत्रगळ गतियन्नु तिळिसुव शास्त्र | astronomy. |
| खचाखच | क्रि. वि. | बहुत भरा हुआ, ठसाठस। | ಎಳ್ಳಷ್ಟೂ ಜಾಗ ವಿಲ್ಲದಂತೆ ತುಂಬಿರುವ | एॅळ्ळष्टू जागविल्लदंतॆ तुंबिरुव | over-crowded, packed to capacity, choke-full. |
| खचित | वि. | 1. अंकित, चित्रित;<br>2. जड़ा हुआ, जड़ित;<br>3. युक्त। | ಕೆತ್ತಲ್ಪಟ್ಟ;<br>ಹುದುಗಿದ;<br>ಸರಿಯಾದ | कॆत्तल्पट्ट;<br>हुदुगिद;<br>सरियाद | painted, engraved;<br>inlaid, set, studded;<br>fastened, joined, full of, mixed, blended. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **खच्चर** | पुं. | घोड़े से मिलता-जुलता एक जानवर जो घोड़े और गधे की मिश्र संतति हो। | ಹೇಸರಕತ್ತೆ | हेसरकत्तॆ | mule. |
| **खजांची (खजानची)** | पुं. | 1. खजाने का प्रधान अधिकारी, कोषाध्यक्ष; | ಕೋಶಾಧ್ಯಕ್ಷ; | कोशाध्यक्ष; | treasurer; |
| | | 2. वह व्यक्ति जिसके पास रोकड़ या आय-व्यय का हिसाब रहता है, रोकड़िया। | ಹಣಕಾಸಿನ ಲೆಕ್ಕ ಪತ್ರಗಳನ್ನಿಡುವವ, ಕ್ಯಾಷಿಯರ್ | हणकासिन लॆक्क पत्रगळन्नि डुवव, क्याषियर् | cashier. |
| **खजाना** | पुं. | 1. संचित धनराशि; | ಕೂಡಿಟ್ಟ ಹಣ; | कूडिट्ट हण; | treasure; |
| | | 2. संचित धनराशि रखने का स्थान; | ಖಜಾನೆ· | खजानॆ; | treasury; |
| | | 3. वह भवन या स्थान जहां किसी राज्य या संस्था की आय का धन रहता है और जहां से व्यय के लिए धन निकलता है; | ಸರಕಾರಿ ಖಜಾನೆ; | सरकारि खजानॆ; | treasury (of public revenue); |
| | | 4. वह स्थान जहां कोई चीज़ बहुत अधिकता से पाई जाती है, भंडार। | ಉಗ್ರಾಣ | उग्राण | repository, repertory a store. |
| **खजाना अधिकारी** | पुं. | सरकारी खजाने का वह प्रधान अधिकारी जिसके यहां जिले की सरकारी आय जमा होती है और जिसकी स्वीकृति से व्यय होता है। | ಖಜಾನೆಯ ಅಧಿಕಾರಿ | खजानॆय अधिकारि | treasury officer. |
| **खजूर** | पुं. | 1. ताड़ की ज़ाति का एक पेड़ तथा उसके मीठे लंबोतरे फल; | ಖರ್ಜೂರದ ಹಣ್ಣು; | खर्जूरद हण्णु; | date-tree and its fruits, date-palm; |
| | | 2. एक प्रकार की मिठाई जो आटे, घी, शक्कर आदि के संयोग से बनती है। | ಒಂದು ಬಗೆಯ ಮಿಠಾಯಿ | ऒंदु बगॆय मिठायि | a kind of sweetmeat. |
| **खटक** | स्त्री. | 1. चिंता; | ಚಿಂತೆ; | चिंतॆ; | anxiety; |
| | | 2. आशंका; | ಸಂದಿಗ್ಧತೆ; | संदिग्धतॆ; | apprehension, doubt, suspense, suspicion; |
| | | 3. खटकने की क्रिया या भाव। | 'ಖಟಕ್' ಎಂಬ ಶಬ್ದ | "खटक्" ऎंब शब्द | click, clatter, rattle. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **खटकना** | अ.क्रि. | 1. खलना, कष्टदायक जान पड़ना; | ಮನ ನೋಯು; | मननोयु; | to pinch, to offend; |
| | | 2. अनबन होना; | ಹೊಂದಾಣಿಕೆಯಿಲ್ಲ-ದಾಗು; | हांदाणिकें-यिल्लदागु; | to quarrel, to fall out; |
| | | 3. उचटना; | ಮನಸ್ಸು ಕೆಡು; | मनस्सु कॆडु; | to feel disgusted, to be averse (to or from); |
| | | 4. रहरहकर इसकी पीड़ा होना; | ಆಗಾಗ ನೋಯು; | आगगनोयु; | to rankle, to prick; |
| | | 5. आशंका होना; | ಹೆದರು; | हॆदरु; | to feel apprehension or doubt, to fear; |
| | | 6. 'खटखट' शब्द होना। | 'ಖಟ್ ಖಟ್' ಶಬ್ದವಾಗು | "खट् खट्" शब्दवागु | to click, to rattle, to clatter. |
| **खटकरम** | पुं. | 1. झमेला, व्यर्थ और झंझट के काम, खटराग; | ಅರ್ಥವಿಲ್ಲದ ಕೆಲಸ; | अर्थविल्लद कॆलस; | entanglement, useless and boring task; |
| | | 2. टेढ़े विधि-विधानवाला पूजन। | ಕಷ್ಟಕರವಾದ ಪೂಜಾ ವಿಧಿಗಳು | कष्टकरवाद पूजाविधिगळु | tedious rituals. |
| **खटका** | पुं. | 1. 'खटखट' की आवाज़; | 'ಖಟ್ ಖಟ್' ಶಬ್ದ | "खट् खट्" शब्द; | click, knock, rap; |
| | | 2. आशंका; | ಸಂದೇಹ, ಹೆದರಿಕೆ; | संदेह, हॆदरिकॆ; | fear, apprehension; |
| | | 3. चिंता, फिक्र; | ಚಿಂತೆ; | चिंतॆ; | care, anxiety; |
| | | 4. सिटकनी; | (ಕದದ) ಚಿಲುಕ | (कदद) चिलुक | bolt; |
| | | 5. वह कमानी, पेंच या ऐसा ही कोई टुकड़ा जिसके घुमाने, आदि से 'खट' शब्द करते हुए कोई काम होता है। | ಅದುಮಿದರೆ 'ಖಟ್' ಎಂದು ಶಬ್ದ ಮಾಡುವ ಸ್ವಿಚ್ಚು | अदुमिदरॆ "खट्" ऎंदु शब्द माडुव स्विच्चु | catch, switch. |
| **खटकाना** | स. क्रि. | 1. 'खटखट' शब्द उत्पन्न करना, खटखटाना; | 'ಖಟ್ ಖಟ್' ಶಬ್ದಮಾಡು; | 'खट् खट्' शब्द माडु; | to knock or rap at, to click; |
| | | *2. बिगाड़ करना या कराना। | ಜಗಳ ಮಾಡು, ಮಾಡಿಸು | जगळ माडु, माडिसु | to create quarrel or fall out. |
| **खटखट** | स्त्री. | 1. लगातार ठोकने-पीटने का शब्द; | ಒಂದೇ ಸಮನೆ ಆಗುವ 'ಖಟ ಖಟ' ಶಬ್ದ; | ऒंदेसमनॆ आगुव 'खट् खट्' शब्द | repeated or continuous knocking or rapping, clattering; |
| | | 2. लड़ाई झगड़ा; | ಜಗಳ; | जगळ; | quarrel; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. झंझट, झमेला। | ತೊಂದರೆ, ಅಡ್ಡಿ ಆತಂಕ | तोंदरे, अड्डि आतंक | difficulty, trouble, complication. |
| खटखटाना | स. क्रि. | 1. आघात द्वारा खटखट की आवाज निकालना; | ಹೊಡೆದು ಸದ್ದು ಮಾಡು; | होडेदु सद्दु माडु; | to knock, to rap; |
| | | 2. याद दिलाना। | ನೆನಪು ಮಾಡು | नेनपु माडु | to remind. |
| खटना | अ. क्रि. | 1. धन कमाना; | ಹಣ ಗಳಿಸು; | हण गळिसु; | to earn money or wealth; |
| | | 2. कठोर श्रम करना। | ದುಡಿಯು | दुडियु | to labour hard. |
| खटपट | स्त्री. | 1. 'खट-खट' की आवाज़; | ಖಟ್ ಖಟ್ ಶಬ್ದ; | खट् खट् शब्द; | noise made by two objects striking together, clatter, rattle; |
| | | 2. झगड़ा, अनबन। | ಜಗಳ, ಮನಸ್ತಾಪ | जगळ, मनस्ताप | quarrel, wrangling, conflict. |
| खटमल | पुं. | खाट, बिस्तर, कुर्सियों आदि में उत्पन्न होनेवाला मटमैले रंग का कीड़ा जो मनुष्य का रक्त अपने डंक से चूसता है। | ತಿಗಣೆ | तिगणे | bug. |
| खटमिट्ठा (खटमीठा) | वि. | जिसमें खटास और मिठास दोनों हों। | ಸೀ-ಹುಳಿಗಳ ಮಿಶ್ರಿತ ವ್ಯಂಜನ | सी-हुळिगळ मिश्रित व्यंजन | sour and sweet, mixed taste of sour and sweet. |
| खटराग | पुं. | 1. झमेला, बखेड़ा; | ಇಲ್ಲದ ಜಂಜಾಟ; | इल्लद जंजाट; | trouble, entanglement, useless and boring task; |
| | | 2. व्यर्थ और अनावश्यक चीज़ें, कूड़ा-करकट; | ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ಬಾರದ ವಸ್ತುಗಳು; | केलसक्के बारद वस्तुगळु; | useless articles; |
| | | 3. लड़ाई-झगड़ा। | ಜಗಳ, ಜಂಜಾಟ | जगळ, जंजाट | wrangling, quarrel, conflict. |
| खटाई | स्त्री. | 1. खट्टापन; | ಹುಳಿ (ರುಚಿ); | हुळि (रुचि); | sourness, tartness, acidity; |
| | | 2. खट्टी चीज़। | ಹುಳಿ ಪದಾರ್ಥ | हुळि पदार्थ | sour substance. |
| खटाक | पुं. | 'खट' की आवाज। | 'ಖಟ್' ಶಬ್ದ | 'खट्' शब्द | sound of rapping, |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | clattering, rattling, a click. |
| **खटाखट** | पुं. | 'खट-खट' की आवाज। | 'ಖಟ್ ಖಟ್' ಶಬ್ದ | 'खट् खट्' शब्द | rattling noise, clattering, rapping; |
| | क्रि. | 1. तुरंत; | ಕೂಡಲೆ | कूडले | at once; |
| | वि. | 2. 'खटखट' शब्द के साथ। | 'ಖಟ್-ಖಟ್' ಶಬ್ದದೊಂದಿಗೆ | 'खट्-खट्' शब्ददोंदिगे | with rattling noise. |
| **खटाना** | अ.क्रि. | 1. किसी वस्तु में खट्टापन आ जाना; | ಹುಳಿಯಾಗು; | हुळियागु; | to be sour; |
| | | 2. निभना, निर्वाह होना; | ನಿರ್ವಹಿಸು; | निर्वहिसु; | to be accommodated, to stay, to be carried on, support oneself; |
| | | 3. परीक्षा या परख में ठीक उतरना। | ಸಫಲವಾಗು | सफलवागु | to be successful in trial. |
| **खटाव** | पुं. | 1. खट्टापन; | ಹುಳಿ (ರಸ); | हुळि (रस); | sourness; |
| | | 2. निर्वाह, गुजर। | (ಜೀವನ) ನಿರ್ವಾಹ | (जीवन) निर्वाह | accommodation, carrying on, pulling on. |
| **खटास** | स्त्री. | 1. खट्टापन; | ಹುಳಿ; | हुळि; | sourness; |
| | | 2. वह तत्व जिसके कारण कोई वस्तु खट्टी होती है, जामन। | ಹೆಪ್ಪು ಹಾಕುವ ಮಜ್ಜಿಗೆ | हंप्पु हाकुव मज्जिगे | substance which makes anything sour, ferment, rennet, coagulator. |
| **खटिक** | पु. | तरकारी, फल आदि बेचनेवाली एक हिंदू जाति। | ಹಣ್ಣು ಕಾಯಿಪಲ್ಯಗಳನ್ನು ಮಾರುವ ಒಂದು ಹಿಂದೂ ಜಾತಿ | हण्णु कायपल्य-गळन्नु मारुव ओंदु हिंदू जाति | A Hindu community engaged in the profession of selling fruits and vegetables. |
| **खटिया** | स्त्री. | छोटी खाट, चारपाई। | ಚಿಕ್ಕ ಮಂಚ | चिक्क मंच | small bedstead, cot for babies. |
| **खटोला** | पुं. | छोटी खाट। | ಚಿಕ್ಕ ಮಂಚ | चिक्क मंच | small bedstead, cot for babies. |
| **खट्टा** | वि. | जिसमें खटास हो, आम, इमली आदि के से स्वादवाला। | ಹುಳಿಯಾಗಿರುವ | हुळियागिरुव | sour, tart, acid. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| खड़ंजा | पुं. | 1. ईंटों की खड़ी चुनाई से बना फर्श; | ಇಟ್ಟಿಗೆ ಹಾಸಿದ ನೆಲ; | इट्टिगे हासिद नेल; | pavement made with upright bricks; |
| | | 2. ईंटों की खड़ी चुनाई; | ಇಟ್ಟಿಗೆ ನಿಲ್ಲಿಸಿ ಕಟ್ಟಿದ ಗೋಡೆ; | इट्टिगे निल्लिसि कट्टिद गोडे; | upright laying of bricks; |
| | | 3. खड़ी चुनी हुई ईंट। | ನಿಲ್ಲಿಸಿದ ಇಟ್ಟಿಗೆ | निल्लिसिद इट्टिगे | brick laid upright. |
| खड़कना | अ.क्रि. | 'खड़-खड़' की आवाज़ होना, खटकना। | ಖಡ-ಖಡ ಶಬ್ದವಾಗು | खड-खड शब्दवागु | to bang, to rattle,. to clatter. |
| खड़काना | स. क्रि. | खटकाना। | ಖಟ ಖಟ ಶಬ್ದ ಮಾಡು | खट खट शब्दमाडु | to knock, to rap, to click. |
| खड़खड़ाना | स. क्रि. | 'खड़-खड़' आवाज़ पैदा करना। | ಖಡ-ಖಡ ಶಬ್ದ ಮಾಡು | खड-खड शब्दमाडु | to rattle, to clatter, to rustle, to jar. |
| | अ. क्रि. | 'खड़खड़' शब्द होना। | ಖಡ-ಖಡ ಶಬ್ದವಾಗು | खड-खड शब्दवागु | to rattle, to clatter, to rustle, to jar. |
| खड़खड़ाहट | स्त्री. | 'खड़-खड़' होने की आवाज़ या क्रिया। | ಖಡ-ಖಡ ಶಬ್ದ | खड-खड शब्द | rattle, clatter, jarring. |
| खड़खड़ी | स्त्री. | 1. उलटफेर; | ಗಡಿಬಿಡಿ; | गडिबिडि; | confusion, disorder; |
| | | 2. हलचल; | ಗಲಭೆ; | गलभे; | commotion, tumult; |
| | | 3. वस्तुओं के उलटने-पलटने से होनेवाला शब्द। | ಸಪ್ಪಳ | सप्पळ | clatter, rattle. |
| खड़ा | वि. | 1. सीधा ऊपर को उठा हुआ; | ನೆಟ್ಟಗೆ ಮೇಲೆತ್ತಿದ; | नेट्टगे मेलेत्तिद; | erect, upright; |
| | | 2. पैरों के सहारे शरीर सीधा करके स्थित या ऊपर उठा हुआ; | ನೆಟ್ಟಗೆ ನಿಂತ; | नेट्टगे नित; | standing; |
| | | 3. ठहरा या रुका हुआ; | ತಡೆದು ನಿಂತ; | तडेदु नित; | standing, stationary; |
| | | 4. उद्यत, तत्पर, कटिबद्ध; | ಸಿದ್ಧವಾಗಿ ನಿಂತ; | सिद्धवागि नित; | ready, prepared; |
| | | 5. निर्वाचित होने के लिए प्रत्याशी के रूप में प्रस्तुत होनेवाला; | ಚುನಾವಣೆಗ ಉಮೇದುವಾರನಾಗಿ ನಿಂತ; | चुनावणगे उमेदुवारनागि नित; | contesting in the election; |
| | | 6. उपस्थित। | ಹಾಜರಿರುವ | हाजरिरुव | present. |
| खड़ाऊं | स्त्री. | काठ के तल्ले की खुली पादुका जिसमें आगे की ओर पैर का अंगूठा और | ಹಾವುಗ | हावुग | wooden sandals. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | उंगली फंसाने के लिए खूंटी लगी रहती है। | | | |
| **खड़िया** | स्त्री. | 1. एक प्रकार की सफेद मिट्टी जो लिखने और सफेदा आदि के काम आती है; | ಸುಣ್ಣ, ಸೀಮೆಸುಣ್ಣ | सुण्ण, सीमेसुण्ण | chalk, white clay, gypsum; |
| | | 2. उक्त मिट्टी से बनी हुई बत्ती या डली जिससे तख्ती आदि पर लिखा जाता है। | | | stick of the chalk. |
| **खड़ी** | स्त्री. | 1. खड़िया (मिट्टी); | ಸೀಮೆಸುಣ್ಣ; | सीमेसुण्ण; | chalk, white clay, gypsum; |
| | | 2. बारहखड़ी। | ಕಾಗುಣಿತ | कागुणित | the aggregate of the twelve short vowels of the **Nagari** alphabet in combination with consonants. |
| | वि. | 'खड़ा' का स्त्रीलिंग रूप। | ನಿಂತಿರುವ, (ಖಡಾ ಕ್ರಿಯೆಯ ಸ್ತ್ರೀಲಿಂಗ ರೂಪ) | नितिरुव (खड़ा क्रियेय स्त्रीलिंग रूप) | feminine form of 'खड़ा'. |
| **खड़ी बोली** | स्त्री. | 1. पश्चिमी हिंदी की वह बोली जिसका प्रयोग मेरठ और दिल्ली के आसपास के प्रदेशों में होता है; | ದೆಹಲಿ ಮೀರತ್‌ಗಳ ನಡುವಣ ಪ್ರದೇಶದ ಭಾಷೆ; | देहलि मीरत्‌गळ नडुवण प्रदेशद भाषॆ; | a western Hindi dialect which is spoken near Delhi and Meerut; |
| | | 2. उक्त बोली का परिष्कृत और साहित्यिक रूप जिसे आजकल 'हिंदी' कहा जाता है। | ಇಂದು 'ಹಿಂದೀ' ಎಂದು ಕರೆಯುವ ಈ ಭಾಷೆಯ ಇಂದಿನ ಸಾಹಿತ್ಯಿಕ ರೂಪ | इंदु 'हिंदी' ऍंदु करॆयुव ई भाषॆय इंदिन साहित्यिक रूप | refined and literary form of the above dialect which is now called 'Hindi'. |
| **खड़े-खड़े** | क्रि वि. | 1. खड़ा रहते हुए; | ನಿಂತ ಹಾಗೇ | निंत हागे | standing all the while; |
| | | 2. जल्दी। | ಬೇಗ ಬೇಗ | बेगबेग | quickly, promptly, expeditious, soon. |
| **खड्ग** | पु. | एक प्रकार की चौड़ी छोटी तलवार। | ಅಗಲ ಅಲುಗಿನ ಚಿಕ್ಕ ಕತ್ತಿ | अगल अलुगिन चिक्क कत्ति | sword, scimitar. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| खड्गधारी | पु. | खड्ग धारण करने वाला। | ಖಡ್ಗಧರಿಸಿದ | खड्ग धरिसिद | swordsman. |
| खड्गहस्त | वि. | 1. जिसके हाथ में खड्ग हो; | ಕೈಯಲ್ಲಿ ಕತ್ತಿ ಹಿಡಿದ; | कैयल्लि कत्ति हिडिद; | sword in hand; |
| | | 2. लड़ने या मारने के लिए उद्यत। | ಸಾಯಲು ಸಿದ್ಧವಿರುವ | सायलु सिद्धविरुव | bellicose. |
| खड्ड | पुं. | गहरा गड्ढा। | ಗುಣಿ | गुणि | deep pit. |
| खत | पुं. | 1. पत्र, चिट्ठी; | ಕಾಗದ, ಪತ್ರ; | कागद, पत्र; | letter; |
| | | 2. लिखावट; | ಬರೆವಣಿಗೆ; | बरॅवणिगॅ; | handwriting, chirography, writing character; |
| | | 3. कनपटी और दाढ़ी पर के बाल; | ಗಡ್ಡ ಮತ್ತು ಕಿವಿಯ ಕೂದಲು; | गड्ड मत्तु किविय कूदलु; | hair of the beard, a shave; |
| | | 4. लेखनी का अग्रभाग जिसे स्याही में डुबोकर लिखा जाता है। | ಬರೆಯುವ ಮುಳ್ಳಿನ ಅಗ್ರಭಾಗ | बरॅयुव मुळ्ळिन, अग्रभाग | front point of the pen. |
| खतना | पुं. | मुसलमानों में बच्चे के लिंग के अगले हिस्से के ऊपरी चमड़े को काटने का संस्कार, सुन्नत। | ಸುನ್ನತ್ತು (ಮುಸಲ್ಮಾನರ ಮಕ್ಕಳ ಒಂದು ಸಂಸ್ಕಾರ) | सुन्नत्तु (मुसलमानर मक्कळ ओंदु संस्कार) | circumcision (of the foreskin of penis). |
| खतम (खत्म) | वि. | 1. पूर्ण; | ಪೂರ್ಣ; | पूर्ण; | completed, finished; |
| | | 2. समाप्त; | ಸಮಾಪ್ತಿ; | समाप्ति; | terminated, concluded, ended; |
| | | 3. नष्ट। | ನಷ್ಟ | नष्ट | destroyed. |
| खतरनाक | वि. | 1. खतरे से भरा हुआ, जोखिम का; | ಅಪಾಯಕರ; | अपायकर; | risky; |
| | | 2. जो किसी प्रकार के खतरे का कारण बन सकता हो; | ಅಪಾಯಕ್ಕೆ ಕಾರಣವಾಗ ಬಹುದಾದ; | अपायक्कॅ कारण-वागबहुदाद; | dangerous, perilous, hazardous; |
| | | 3. भयजनक। | ಭಯೋತ್ಪಾದಕ | भयोत्पादक, | frightful. |
| खतरा | पुं. | 1. भय, डर; | ಭಯ; | भय; | danger, fear; |
| | | 2. आशंका; | ಆಶಂಕೆ; | आशंकॅ; | apprehension; |
| | | 3. जोखिम। | ಅಪಾಯ | अपाय | risk. |
| खता | स्त्री. | 1. अपराध, कसूर; | ಅಪರಾಧ; | अपराध; | wrong action, fault; |
| | | 2. भूल, चूक; | ತಪ್ಪು; | तप्पु; | mistake, slip, error; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. धोखा। | ಮೋಸ | मोस | deception. |
| खतियाना | स.क्रि. | खाते में चढ़ाना या लिखना। | ಖಾತೆ ಯಲ್ಲಿ ಬರೆ | खाते यल्लि बरे | to enter in an account-book or ledger. |
| खतोकिताबत | स्त्री. | पत्र-व्यवहार, पत्राचार, लिखापढ़ी। | ಪತ್ರ ವ್ಯವಹಾರ | पत्र व्यवहार | correspondence. |
| खतौनी | स्त्री. | 1. पटवारी या लेखपाल की वह पंजी जिसमें यह लिखा जाता है कि कौन-सा खेत किसकी जोत में है; | ಜಮೀನು ಪಟ್ಟಾದಾರರ ವಿವರಗಳುಳ್ಳ ಲೆಕ್ಕದ ಪುಸ್ತಕ; | जमीनु पट्टादारर विवरगळुळ्ळ लॆक्कद पुस्तक; | land record or register having details of tenants' holdings; |
| | | 2. बही-खाता। | ಲೆಕ್ಕದ ಪುಸ್ತಕ | लॆक्कद पुस्तक | account book. |
| खत्ती | स्त्री. | 1. छोटा गड्ढा; | ಸಣ್ಣ ಗುಣಿ; | सण्ण गुणि; | small pit; |
| | | 2. बखार या कोठा जिसमें अन्न रखा जाता है। | ಧಾನ್ಯಾದಿಗಳನ್ನು ಸುರಕ್ಷಿತವಾಗಿರಿಸಲು ಮಾಡಿದ ಕಣಜ | धान्यादिगळन्नु सुरक्षित-वागिरिसलु माडिद कणज | a pit or cavity (for grain). |
| खत्री | पुं. | हिंदुओं में एक जाति। | ಹಿಂದುಗಳಲ್ಲಿ ಒಂದು ಜಾತಿ, | हिंदुगळल्लि ऒंदु जाति | a caste among Hindus. |
| खदान | स्त्री. | 1. खान; | ಗಣಿ; | गणि; | mine; |
| | | 2. जमीन या पहाड़ खोदने पर बननेवाला गड्ढा। | ಅಗೆದು ಮಾಡಿದ ಗುಣಿ | अगॆदु माडिद गुणि | ditch. |
| खदेड़ना | स. क्रि. | बलपूर्वक या डरा धमका कर कहीं से भगाना या हटाना। | ಹಿಂದೂಡು | हिंदूडु | to drive away, to chase out. |
| खद्दर | पुं. | हाथ के काते सूत का हाथ से बुना हुआ कपड़ा। | ಖಾದಿ, ಕೈಯಿಂದ ನೂತು ನೆಯ್ದ ಬಟ್ಟೆ | खादि, कैयिंद नूतु नॆय्द बट्टॆ | hand-spun cloth. |
| खद्योत | पुं. | जुगनू। | ಮಿಣುಕು ಹುಳ | मिणुकु हुळ | glow-worm, firefly. |
| खनक | स्त्री. | धातु खंडों के आपस में टकराने की आवाज। | ಲೋಹಗಳ ತಗುಲುವಿಕೆಯಿಂದಾಗುವ ಶಬ್ದ | लोहगळ तगुलुविकॆयिंदागुव शब्द | ring, clink, jingle, chunk. |
| | पुं. | 1. जमीन खोदनेवाला; | ಅಗೆಯುವವ; | अगॆयुवव; | digger; |
| | | 2. खान खोदनेवाला मजदूर | ಗಣಿ ಕೆಲಸದವ | गणि कॆलसदव | miner. |
| खनकना | अ. क्रि. | 'खन-खन' करके बजना। | ಖಣಿಗುಟ್ಟು | खणिगुट्टु | to clink, to ring, jingle, clank, to chink (money). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **खनकाना** | स. क्रि. | धातुखंड आदि से खनखन शब्द उत्पन्न करना। | ಖಣಿಖಣಿ ಶಬ್ದ ಮಾಡು | खणि खणि शब्द माडु | to cause to chink, ring, jingle. |
| **खनकार** | स्त्री. | दे. 'खनक'। | ನೋಡಿ "खनक" | नोडि "खनक" | see 'खनक'। |
| **खनखनाना** | अ. क्रि. | 'खन-खन' करके बजना। | ಖಣಿಗುಟ್ಟು | खणिगुट्टु | to ring, clink, clank, tinkle, jingle, to clink (money). |
| | स. क्रि. | 'खन-खन' शब्द उत्पन्न करना। | ಖಣಿಗುಟ್ಟಿಸು | खणिगुट्टिसु | to cause to clink, ring, jingle etc. |
| **खनिज** | वि. | खान से निकाला या निकला हुआ (सोना आदि)। | ಖನಿಜ | खनिज | extracted from the mine, mineral. |
| | पुं. | खान से निकला पदार्थ, खनिज पदार्थ। | ಖನಿಜವಸ್ತು | खनिज वस्तु | mineral substance. |
| **खनित्र** | पुं. | जमीन खोदने का एक उपकरण, फावड़ा, खंता। | ಅಗೆಯುವ ಸಾಧನ, ಗುದ್ದಲಿ | अगॆयुव साधन, गुद्दलि | instrument for digging, spade, shovel. |
| **खपची** (खपच्ची) | स्त्री. | 1. बांस की पतली तीली; 2. बांस की अपेक्षाकृत चौड़ी पट्टी जो टूटी हुई हड्डी को सीधा करने के लिए बांधी जाती है; 3. लकड़ी की चेली या छिपटी। | ಬಿದುರಿನ ಸೀಳು | बिदुरिन सीळु | thin bamboo stick; splint; splinter. |
| **खपड़ा** | पुं. | 1. मिट्टी का पका हुआ टुकड़ा जो मकान छाने के काम आता है; | ಮಣ್ಣಿನ ಹೆಂಚು; | मण्णिन हॆंचु; | roofing tile; |
| | | 2. कछुए की पीठ का कड़ा आवरण; | ಆಮೆ ಚಿಪ್ಪು; | आमॆ चिप्पु; | shard or hard covering on the back of tortoise; |
| | | 3. भीख मांगने का मिट्टी का बर्तन, खप्पर; | ಕಪಾಲ; | कपाल; | earthen begging pot; |
| | | 4. ठीकरी। | ಮಡಕೆಯ ಒಡೆದ ಚೂರು | मडकॆय ऒडॆद चूरु | broken tile, potshard. |
| **खपत** | स्त्री. | 1. उपयोग में आना, खर्च; | ಖರ್ಚು; | खर्चु; | consumption, use, expenditure; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. माल की बिक्री; | ಮಾರಾಟ; | माराट; | sale; |
| | | 3. मांग। | ಅಗತ್ಯ | अगत्य | demand. |
| खपना | अ.क्रि. | 1. उपयोग या व्यवहार में आना; | ಉಪಯೋಗವಾಗು; | उपयोगवागु; | to be consumed, to be expended, to be used; |
| | | 2. बिक जाना; | ಮಾರಾಟವಾಗು; | माराटवागु; | to obtain a vent or market, to find sale, to go off, to sell; |
| | | 3. बहुत अधिक परिश्रम करते तंग या परेशान होना। | ಶ್ರಮಪಟ್ಟು ಆಯಾಸಗೊಳ್ಳು | श्रमपट्टु आयासगॊळ्ळु | to be in a difficulty. |
| खपरैल | पुं. | 1. खपड़े से छाई हुई छाजन या छत; | ಹೆಂಚಿನ ಹೊದಿಕೆ (ಮಾಳಿಗೆ); | हॆंचिन हॊदिकॆ (माळिगॆ); | tiled shed; |
| | | 2. खपड़े से छाया हुआ घर; | ಹೆಂಚಿನ ಮನೆ; | हॆंचिन मनॆ; | tiled house or building; |
| | | 3. घर छाने के लिए प्रयुक्त खपड़ा। | ಹೆಂಚು | हॆंचु | building tile. |
| | वि. | खपड़े से छाया हुआ। | ಹೆಂಚಿನ ಹೊದಿಕೆಯ | हॆंचिन हॊदिकॆय | tiled. |
| खपाच | पुं. | 1. दे. 'खपची'; | ನೋಡಿ "खपची" | नोडि "खपची"; | see 'खपची'; |
| | | 2. रेशम बुननेवालों का एक औज़ार। | ರೇಶ್ಮೆ ನೇಯುವವರ ಒಂದು ಉಪಕರಣ. | रेश्मॆ नेयुववर ऒंदु उपकरण | an instrument of the silk-weaver. |
| खपाना | स. क्रि. | 1. किसी प्रकार व्यय करना, उपयोग में लाकर समाप्त करना; | ಖರ್ಚು ಮಾಡು; | खर्चु माडु; | to finish by bringing into use or by consumption, to spend, to exhaust, |
| | | 2. माल आदि बेच डालना; | ಮಾರು; | मारु; | to sell; |
| | | 3. अवकाश या गुंजाइश निकालना। | ಅವಕಾಶ ಮಾಡು | अवकाश माडु | to absorb. |
| खप्पर | पुं. | 1. दरियाई नारियल का बना एक प्रकार का भिक्षा-पात्र; | ಸಮುದ್ರದ ತೆಂಗಿನ ಚಿಪ್ಪು; | समुद्रद तॆंगिन-चिप्पु; | beggar's bowl or dish; |
| | | 2. खोपड़ी; | ತಲೆಬುರುಡೆ; | तलॆबुरुडॆ; | skull, cranium; |
| | | 3. काली के हाथ में रहनेवाला एक पात्र जिसमें वे शत्रुओं का | ಕಾಳಿಯ ಕೈಯಲ್ಲಿನ ಕಪಾಲ | काळिय कैयल्लिन कपाल | vessel in the hand of goddess Kali in which she |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | रक्त भरकर पीती थीं। | | | drinks the blood of the enemies. |
| खफा | वि. | रुष्ट, अप्रसन्न, क्रुद्ध। | ಕೋಪಗೊಂಡ | कोपगौंड | displeased, vexed, angry. |
| खबर | स्त्री. | 1. समाचार, वृत्तान्त, हाल; | ಸಮಾಚಾರ, ವರ್ತಮಾನ; | समाचार, वर्तमान; | news; |
| | | 2. संदेश; | ಸಂದೇಶ; | संदेश; | message; |
| | | 3. सूचना; | ಸೂಚನೆ; | सूचनें; | information; |
| | | 4. जानकारी, ज्ञान; | ಪರಿಚಯು; | परिचय; | acquaintance, a piece of information, knowledge; |
| | | 5. होश। | ಪರಿಜ್ಞಾನ | परिज्ञान | notice, care, heed. |
| खबरदार | वि. | सावधान, सजग, चौकन्ना। | ಎಚ್ಚರಿಕೆ; | एंच्चरिकें; | alert, cautious, careful. |
| | अव्य. | किसी को सजग या सावधान करने के लिए प्रयुक्त पद। | ಎಚ್ಚರಿಸಲು ಹೇಳುವ ಶಬ್ದ | एंच्चरिसलु हेळुव शब्द | be on guard! mind well! be careful! |
| खबरदारी | स्त्री. | सजग या चौकन्ना रहने की अवस्था या भाव, सावधानी। | ಎಚ್ಚರದಿಂದಿರುವಿಕೆ | एच्चरदिंदिरुविकें | cautiousness, carefulness. |
| खब्त | पुं. | सनक, झक। | ಹುಚ್ಚು, ಗೀಳು | हुच्चु, गीळु | mania, craze. |
| खब्ती | वि. पुं. | सनकी, झक्की। | ಹುಚ್ಚ | हुच्च | crazy (person), maniac. |
| खमीर | पुं. | 1. गुंधे आटे को देर तक रखने से उसमें सड़न के कारण पैदा होनेवाली खटास; | ಕಲಸಿಟ್ಟ ಹಿಟ್ಟಿನಲ್ಲಿ ಸ್ವಲ್ಪಕಾಲದ ನಂತರ ಬರುವ ಹುಳಿ; | कलसिट्ट हिट्टिनल्लि स्वल्प कालद नंतर बरुव हुळि; | yeast, leaven; |
| | | 2. उक्त प्रकार से थोड़ा सड़ाकर तैयार किया हुआ आटा। | ಹುಳಿಯಾದ ಕಲಸಿಟ್ಟ ಹಿಟ್ಟು | हुळियाद कलसिट्ट हिट्टु | leavened flour. |
| खमीरी | वि. | 1. जिसका या जिसमें खमीर उठाया गया हो; | ಹುಳಿ ಬಂದ; | हुळि बंद; | leavened, yeasty; |
| | | 2. उठाए हुए खमीर से बननेवाला (पदार्थ); | ಹುಳಿಬಂದ ಹಿಟ್ಟಿನ ವಸ್ತು; | हुळिबंद हिट्टिन वस्तु; | (anything) made of leaven or yeast; |
| | | 3. खमीरयुक्त। | ಹುಳಿಯಿಂದ ಕೂಡಿದ | हुळियिंद कूडिद | mixed with yeast. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| खमीरा | पुं. | चीनी या शीरे में पकाकर बनाई हुई औषधि, अवलेह। | ಅವಲೇಹ | अवलेह | jelly, medicinal jelly. |
| खयानत | स्त्री. | 1. धरोहर रखी हुई वस्तु को न देना अथवा कम देना, बेईमानी; | ನಂಬಿಕೆ ದ್ರೋಹ; | नंबिकं द्रोह; | misappropriation, perfidy, breach of trust, dishonesty; |
| | | 2. गबन। | ಹಣ ದಸ್ತು ಮಾಡುವಿಕೆ | हण दस्तु माडुविकं | embezzlement. |
| खयाल (ख्याल) | पुं. | 1. धारणा, विचार; | ವಿಚಾರ; | विचार; | idea, thought; |
| | | 2. मत; | ಅಭಿಪ್ರಾಯ; | अभिप्राय; | opinion; |
| | | 3. याद, स्मृति; | ನೆನಪು; | नंनपु; | recollection, remembrance; |
| | | 4. आदरपूर्ण ध्यान; | ನಿಗಾ; | निगा; | regard or deference; |
| | | 5. ध्यान या देखभाल; | ಇಂದಿನ ಹಿಂದೂಸ್ತಾನಿ ಸಂಗೀತದ ಒಂದು ಪ್ರಕಾರ | इंदिन हिंदूस्तानि संगीतद ओंदु प्रकार | care; |
| | | 6. आधुनिक हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत का एक मुख्य प्रकार। | | | one of the principal forms of modern Hindustani classical vocal music. |
| खयाली | वि. | 1. कल्पित; | ಕಲ್ಪನೆಯ; | कल्पनंय; | imaginary, fanciful; |
| | | 2. केवल खयाल या विचार में रहनेवाला; | ವಿಚಾರದಲ್ಲಿಯೇ ಇರುವ; | विचारदल्लिये इरुव; | existing in idea or thought only; |
| | | 3. खयाल संबंधी। | ವಿಚಾರ ಸಂಬಂಧವಾದ | विचार संबंधवाद | relating to idea. |
| खयाली पुलाव | पुं. | कल्पित विचार। | ಕಲ್ಪನೆ | कल्पनं | vain speculation, building castles in the air. |
| खर | वि. | 1. कठोर, कड़ा; | ಗಡುಸಾದ; | गडुसाद; | hard, harsh; |
| | | 2. तीक्ष्ण, तेज; | ಹರಿತ; | हरित; | sharp, keen, cutting, severe; |
| | | 3. तेज धारवाला; | ಹರಿತವಾದ ಅಲುಗಿನ; | हरितवाद अलुगिन; | sharp edged; |
| | | 4. कुरकुरा, करारा। | ಗರಿಗರಿಯಾಗಿರುವ | गरिगरियागिरुव | crisp, brittle. |
| | पुं. | 1. गधा; | ಕತ್ತೆ; | कत्तं; | ass; |
| | | 2. तृण, तिनका। | ಹುಲ್ಲು | हुल्लु | grass, straw. |
| खरगोश | पुं. | चूहे की तरह का किन्तु उससे बड़ा एक प्रकार का जंतु जिसके कान लंबे, मुंह गोल तथा त्वचा नरम और रोएंदार होती है, खरहा। | ಮೊಲ | मोल | rabbit, hare. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **खरदिमाग** | वि. | 1. गधों की तरह के दिमागवाला, नासमझ, मूर्ख; | ಮೂರ್ಖ; | मूर्ख; | stupid; |
| | | 2. तीक्ष्ण स्वभाववाला, गरममिज़ाज। | ಮುಂಗೋಪಿ | मुंगोपि | hot-headed. |
| **खरब** | वि. | जो गिनती में सौ अरब हो। | ಸಾವಿರ ಕೋಟಿ | साविर कोटि | a hundred thousand million. |
| | पुं. | उक्त संख्या का सूचक अंक। | ಸಾವಿರ ಕೋಟಿಯ ಸೂಚಕ ಸಂಖ್ಯೆ | साविर कोटिय सूचक संख्ये | a number indicating above. |
| **खरबूजा** | पुं. | ककड़ी की जाति की एक बेल तथा उसके फल जो गोल बड़े, मीठे और सुगंधित होते हैं। | ಕರಬೂಜದ ಹಣ್ಣು | करबूजद हण्णु | musk melon. |
| **खरल** | पुं. | लकड़ी, पत्थर आदि की कूंदी जिसमें दवाएं आदि कूटते हैं। | ಕಲಬತ್ತು | कलबत्तु | vessel of wood or stone for grinding medicine, a mortar. |
| **खरवांस** | पुं. | पूस और चैत का महीना जब सूर्य धनु और मीन का होता है तथा जिसमें मांगलिक कार्य करना वर्जित होता है, खरमास। | ಶುಭ ಕಾರ್ಯಕ್ಕೆ ಯೋಗ್ಯವಲ್ಲದ ಪುಷ್ಯ ಮತ್ತು ಚೈತ್ರ ಶೂನ್ಯ ಮಾಸಗಳು | शुभ कार्यक्के योग्य वल्लद पुष्य मत्तु चैत्र शून्यमासगळु | inauspicious months, months of Pausa and Chaitra of the Hindu Calendar. |
| **खरहरा** | पुं. | 1. घोड़े के रोएं साफ करने के लिए एक प्रकार की दांतेदार कंघी; | ಕುದುರೆಗೆ ಕೂದಲನ್ನು ಬಾಚಿ ಸ್ವಚ್ಛಗೊಳಿಸುವ ಬಾಚಣಿಗೆ | कुदुरेगे कूदलन्नु- बाचि स्वच्छ गोळिसुव बाचणिगे; | currycomb; |
| | | 2. अरहर आदि के डंठलों से बना झाड़ू। | ತೊಗರಿ ಬರಲಿನಿಂದ ಮಾಡಿದ ಪೊರಕೆ | तोगरि बरलिनिंद माडिद पोरके | broom made of the stems of pigeon-pea etc. |
| **खरा** | वि. | 1. विशुद्ध; | ಚೊಕ್ಕ, ಶುದ್ಧ; | चोक्क, शुद्ध; | pure, unadulterated, genuine; |
| | | 2. छल-कपट से रहित, ईमानदार; | ನಂಬಿಕೆಯುಳ್ಳ; | नंबिकेयुळ्ळ; | true, faithful, honest; |
| | | 3. सत्य और स्पष्ट कहनेवाला; | ಇದ್ದುದನ್ನು ಇದ್ದಂತೆ ಹೇಳುವ; | इद्दुद्दन्नु इद्दंते हेळुव; | plain spoken, outspoken; |
| | | 4. बिल्कुल ठीक और पूरा, उचित और उपयुक्त; | ಸರಿಯಾದ; | सरियाद; | just, fair, right, exact, accurate; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 5. (प्राप्य धन) जो मिल गया हो या जिसके मिलने में कोई संदेह न रह गया हो। | ನಿಶ್ಚಿತ | निश्चित | obtained, sure to be obtained. |
| **खरा-खोटा** | वि. | 1. अच्छा-बुरा; | ಒಳ್ಳೆಯದು-ಕೆಟ್ಟದ್ದು; | ऑळ्ळॅयदु-कॅट्टद्दु; | good and bad; |
| | | 2. सही-गलत। | ಸರಿ- ತಪ್ಪು | सरि-तप्पु | real and unreal, pure and impure, genuine and non-genuine. |
| **खराद** | पुं. | एक प्रकार का यंत्र जो लकड़ी या धातु की बनी वस्तुओं के बेडौल अंग छीलकर उन्हें सुडौल तथा चिकना बनाता है। | ತೋಂಪಡಾ | तांपड़ा | lathe. |
| | स्त्री. | 1. खरादने की क्रिया या भाव; | ತೋಂಪಡಾ ಹಿಡಿಯುವಿಕೆ; | तांपडा हिडियुविकॅ; | turning on a lathe; |
| | | 2. वह रूप जो किसी चीज के खरादने पर बनता है। | ತೋಂಪಡಾ ಹಾಕಿದ ನಂತರದ ನುಣುಪಾದ ಮೇಲ್ಮೈ | तांपडा हाकिद नंतरद नुणुपाद मेल्मै | form obtained after being turned on a lathe. |
| **खरादना** | स. क्रि. | 1. खराद पर चढ़ाकर किसी वस्तु को सुंदर और सुडौल करना; | ತೋಂಪಡಾ ಹಾಕಿ ನುಣುಪಾಗಿ ಮಾಡು; | तांपडा हाकि नुणुपागि माडु; | to turn on a lathe; |
| | | 2. काट-छांटकर सुडौल बनाना। | ಕತ್ತರಿಸಿ ಸುಂದರಗೊಳಿಸು | कत्तरिसि सुंदरगॉळिसु | to repair and correct by pruning. |
| **खरापन** | पुं. | 1. सत्यता, सच्चाई, ईमानदारी; | ಪ್ರಾಮಾಣಿಕತೆ; | प्रामाणिकतॆ; | honesty, sincerity, truth; |
| | | 2. स्पष्टवादिता; | ಸ್ಪಷ್ಟವಾದ ಮಾತು; | स्पष्टवाद मातु; | plain speaking; |
| | | 3. विशुद्धता। | ಪರಿಶುದ್ಧತೆ | परिशुद्धतॆ | genuineness, purity, reality, trueness. |
| **खराब** | वि. | 1. बुरा; | ಕೆಟ್ಟ; | कॅट्ट; | bad, improper, unsuitable; |
| | | 2. पतित, मर्यादा-भ्रष्ट, बुरा; | ಕೆಳಗೆ ಬಿದ್ದ; | कॅळगॆ बिद्द; | corrupt, bad, wicked; |
| | | 3. अमांगलिक, अशुभ; | ಅಶುಭಕರ; | अशुभकर; | unfavourable, inauspicious; |
| | | 4. सड़ा या गला; | ಕೊಳೆತ; | कॉळॅत; | spoiled, rotten; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 5. दोषयुक्त, सदोष, जिसमें खराबी हो; | ದೋಷಭರಿತ; | दोषमरित; | defective; |
| | | 6. दुर्दशाग्रस्त। | ಹೀನವಾದ | हीनवाद | miserable, pitiable. |
| खराबी | स्त्री. | 1. खराब होने की अवस्था या भाव; | ಕೆಟ್ಟುದಾಗಿರುವ ಸ್ಥಿತಿ; | कॆट्टुदागिरुव-स्थिति; | badness; |
| | | 2. बुराई, दोष। | ದೋಷ | दोष | defect, demerit. |
| खराश | स्त्री. | 1. त्वचा छिल जाने पर होनेवाला छोटा या हलका घाव, खरोच, छिलका; | ಪರಚಿದ ಗಾಯ; | परचिद गाय; | scratch, scrape (in the skin); |
| | | 2. गले के अंदर होनेवाली खुजली। | ಗಂಟಲ ಕೆರೆತ | गंटल कॆरॆत | irritation (in throat). |
| खरी-खोटी | स्त्री. | 1. सच्ची तथा कड़वी बात; | ಕಟು ಸತ್ಯ; | कटु सत्य; | bitter but plain speaking, admonition; |
| | | 2. अपशब्द, गाली। | ಬೈಗಳ | बैगळ | foul language, abuse. |
| खरीद | स्त्री. | 1. खरीदने की क्रिया या भाव, क्रय; | ಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ; | कॊळ्ळुविकॆ; | buying, purchase; |
| | | 2. वह जो कुछ खरीदा जाए; | ಕೊಂಡದ್ದು; | कॊंडद्दु; | thing bought; |
| | | 3. वह मूल्य जिस पर कोई वस्तु खरीदी जाए। | ಬೆಲೆ | बॆलॆ | cost, price, cost price. |
| खरीदना | स. क्रि. | मोल लेना, क्रय करना। | ಕೊಳ್ಳು | कॊळ्ळु | to purchase, to buy. |
| खरीद-फरोख्त | स्त्री. | खरीदना-बेचना, क्रय-विक्रय। | ವ್ಯಾಪಾರ, ಮಾರುವಿಕೆ-ಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ | व्यापार, मारुविकॆ-कॊळ्ळुविकॆ | purchase and sale, buying and selling. |
| खरीदार (खरीददार) | पुं. | 1. जो कोई वस्तु खरीदता हो, ग्राहक, क्रेता; | ಕೊಳ್ಳುವವ, ಗ್ರಾಹಕ; | कॊळ्ळुवव, ग्राहक; | buyer, purchaser, customer; |
| | | 2. गुणग्राहक, चाहनेवाला। | ಗುಣಗ್ರಾಹಕ | गुणग्राहक | admirer, fan. |
| खरीदारी (खरीददारी) | स्त्री. | खरीदने का काम। | ಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ | कॊळ्ळुविकॆ | buying, purchasing. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| खरीफ | स्त्री. | वह फसल जो आषाढ़ से आधे अगहन के बीच तैयार होती है। | ಆಷಾಢದಲ್ಲಿ ಆರಂಭವಾಗಿ ಆಶ್ವಯುಜಕ್ಕೆ ಕಟಾವಾಗುವ ಬೆಳೆ | आषढदल्लि आरंभवागि आश्वयुजक्कॆ कटावागुव बॆळॆ | crop reaped in autumn, the autumnal harvest. |
| खरोंच | स्त्री. | नख या अन्य किसी नुकीली वस्तु से छिलने से पड़ा हुआ दाग, खराश। | ಉಗುರು ಅಥವಾ ಮೊನಚಾದ ವಸ್ತು ತಗಲಿ ಆದ ಕಲೆ, ಗುರುತು | उगुरु अथवा मॊनचाद वस्तु तगलि आद कलॆ, गुरुतु | scratch, scrape. |
| खरोंचना | स. क्रि. | किसी नुकीली वस्तु से छीलना या खुरचना। | ಪರಚು | परचु | to scratch, to scrape. |
| खर्च | पुं. | 1. धन की वह राशि जो किसी वस्तु को खरीदने में या आवश्यकताओं की पूर्ति में लगाई जाए, व्यय; | ಖರ್ಚು, ವ್ಯಯ | खर्चु, व्यय | expenditure; |
| | | 2. धन, वस्तु, शक्ति आदि का होनेवाला उपभोग; | | | consumption, use; |
| | | 3. किसी वस्तु को निर्मित या प्रस्तुत करने में होनेवाला व्यय, लागत। | | | cost, outlay. |
| खर्चना | स. क्रि. | 1. धन का व्यय करना; 2. किसी वस्तु को काम में लाना। | ಖರ್ಚುಮಾಡು | खर्चुमाडु | to expend, spend; to use, bring into use. |
| खर्चा | पुं. | 1. खाने-पहनने, खरचने आदि के लिए मिलने वाला धन; | ಜೀವನ ನಿರ್ವಹಣೆಗೆ ಸಿಗುವ ಹಣ; | जीवन निर्वहणॆगॆ सिगुव हण; | subsistence money; |
| | | 2. दे. 'खर्च'। | ನೋಡಿ "खर्च" | नोडि "खर्च" | see 'खर्च'. |
| खर्चीला | वि. | 1. आवश्यकता से अधिक अथवा व्यर्थ के कामों में खर्च करनेवाला, अपव्ययी; | ದುಂದು (ಗಾರಿಕೆ); | दुंदु (गारिकॆ); | spendthrift, prodigal, extravagant; |
| | | 2. महंगा। | ಹೆಚ್ಚು ಬೆಲೆಯ | हॆच्चु बॆलॆय | expensive, costly. |
| खर्रा | पुं. | एक बहुत लम्बा परंतु कम चौड़ा कागज़ जिसमें कोई बड़ा हिसाब या विवरण लिखा हो और जो प्रायः लपेटकर रखा जाता है। | ಲೆಕ್ಕ ಬರೆದ ಕಡಿಮೆ ಅಗಲದ ನೀಳವಾದ ಕಾಗದದ ಸುರಳಿ | लॆक्क बरॆद कडिमॆ अगलद नीळवाद कागदद सुरळि | a piece of lengthy paper on which a long account is written, a roll (of paper). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **खर्राटा** | पु. | सोते समय मुंह से जोर से सांस लेने पर होनेवाला खर-खर शब्द। | (ನಿದ್ರಿಸುವಾಗ) ಗೊರಕೆ | (निद्रिसुवाग) गोरिके | snore, snoring (while asleep). |
| **खल** | वि. | दुष्ट स्वभाववाला, दुर्जन, पाजी (व्यक्ति)। | ದುಷ್ಟ | दुष्ट | wicked or mischievous (person), vile, villain, sinful. |
| **खलना** | अ. क्रि. | बुरा लगना, अखरना, कष्टदायक प्रतीत होना। | ಕೆಟ್ಟದ್ದೆನಿಸು | कॆट्टद्दॆनिसु | to feel bad, to be displeasing. |
| **खलनायक** | पु. | उपन्यास, कहानी, नाटक आदि का एक दुष्ट पात्र जो नायक का प्रतिद्वन्द्वी या विरोधी होता है। | ಕತೆ, ಕಾದಂಬರಿ, ನಾಟಕಗಳ ದುಷ್ಟ ನಾಯಕ | कतॆ, कादंबरि, नाटकगळ दुष्ट नायक | villain. |
| **खलबली** | स्त्री. | 1. हलचल; | ಕಳವಳ; | कळवळ; | commotion, agitation; |
| | | 2. घबराहट। | ಗಾಬರಿ | गाबरि | confusion, bewilderment. |
| **खलल** | पु. | विघ्न, बाधा। | ಅಡಚಣೆ, ವಿಘ್ನ | अडचणॆ, विघ्न | interruption, obstruction, disturbance. |
| **खलास** | वि. | 1. किसी प्रकार के बंधन से छूटा हुआ, मुक्त; | ಮುಕ್ತ; | मुक्त; | free, liberated, released, redeemed; |
| | | 2. समाप्त; | ಪೂರೈಸಿದ· | पूरैसिद; | done, finished; |
| | | 3. जिसके पास कुछ न रह गया हो, खाली; | ಬರಿದಾದ | बरिदाद | emptied; |
| | | 4. संभोग के समय जिसका वीर्यपात हो चुका हो। | ಸಂಭೋಗದಲ್ಲಿ ವೀರ್ಯ ಬಿದ್ದು ಮುಗಿದ | संभोगदल्लि वीर्य बिद्दु मुगिद | discharged. |
| **खलासी** | पुं. | जहाज पर या रेलों में छोटा-मोटा काम करनेवाला मजदूर। | (ಹಡಗು, ರೈಲು ಇಂಜಿನು ಆದಿ ಗಳಲ್ಲಿ) ಕೆಲಸಗಾರ | (हडगु, रैलु इंजिनु आदिगळल्लि) कॆलसगार | servant on board of a ship or in railway engines, porter. |
| **खलियान (खलिहान)** | पुं. | 1. वह स्थान जहां फसल काट कर मांड़ने के लिए रखी जाती है; | ಕಣ; | कण; | place for threshing corn, threshing-floor; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2.अव्यवस्थित ढेर। | ಅವ್ಯವಸ್ಥಿತ ಗುಡ್ಡೆ | अव्यवस्थित गुड्डे | unsystematic stock, heap. |
| खली | स्त्री. | तेल निकालने पर तिलहन की बची हुई सीटी। | (ಎಣ್ಣೆ ತೆಗೆದ ನಂತರ ಉಳಿಯುವ) ಹಿಂಡಿ | (एण्णे तेगेद नंतर उळियुव) हिंडि | oil-cake |
| खलीफा | पुं. | 1. मुसलिम राष्ट्र में एक सर्वोच्च पद जिस पर मुहम्मद साहब का उत्तराधिकारी नियुक्त होता था तथा जो मुसलमानों का सर्वोच्च नेता माना जाता था; | ಮುಸ್ಲಿಂ ರಾಷ್ಟ್ರದ ಪೈಗಂಬರನ ಉತ್ತರಾಧಿಕಾರಿಯೆಂದು ನೇಮಿಸಿದ ಅಧಿಕಾರಿ, ಖಲೀಫ; | मुस्लिं राष्ट्रद पैगंबरन नेमिसद अधिकारि, खलीफ; | sovereign (particularly applied to the successors of Mohammad), caliph; |
| | | 2. बड़ा बुड्ढा और मान्य व्यक्ति; | ಗಣ್ಯಮಾನ್ಯವೃದ್ಧ; | गण्यमान्य वृद्ध; | veteran, distinguished or experienced person; |
| | | 3. मुसलमान नाइयों, दर्जियों आदि का उपनाम; | ಮುಸಲ್ಮಾನ ದರ್ಜಿ ಆದಿಗಳ ಅಡ್ಡ ಹೆಸರು; | मुसलमान दर्जि आदिगळ अड्ड हेसरु; | an epithet applied to a Mohammadan barber, tailor etc.; |
| | | 4. बहुत बड़ा चालाक या धूर्त व्यक्ति। | ಧೂರ್ತ ವ್ಯಕ್ತಿ | धूर्त व्यक्ति | extremely cunning or clever person. |
| खल्वाट | वि. | जिसके सिर के बाल झड़ गए हों, गंजा। | ಬಟ್ಟ ತಲೆ | बट्ट तले | bald-headed, bald; |
| | पुं. | सिर के बाल झड़ने का रोग, गंज। | ಕೂದಲು ಉದುರುವ ರೋಗ | कूदलु उदुरुव रोग | baldness. |
| खस | स्त्री. | 1. गांडर नामक घास की जड़ें जो सुगंधित होती हैं और गरमी में ठंडक पहुंचाने के लिए जिनकी टट्टियां बनाई जाती हैं; | ಲಾವಂಚ; | लावंच; | scented root of a grass used for cooling purposes; |
| | | 2. खस से बनाया गया एक सुगंधित द्रव्य। | ಲಾವಂಚದಿಂದ ಮಾಡಿದ ಸುಗಂಧ ದ್ರವ್ಯ | लावंचदिंद माडिद सुगंध द्रव्य | name of an essence or perfume made from the above root. |
| खसखस | पुं. | पोस्त का दाना। | ಗಸಗಸೆ। | गसगसे | poppy seed, mawseed. |
| खसम | पुं. | 1. पति; | ಪತಿ; | पति; | husband; |
| | | 2. मालिक; | ಯಜಮಾನ; | यजमान; | master, owner; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. (रहस्य सम्प्रदाय में) | (ರಹಸ್ಯವಾದದಲ್ಲಿ)) ಆತ್ಮ-ಪರಮಾತ್ಮ | (रहस्यवाददल्लि) आत्म-परमात्म | (in Hindi mystic poetry) |
| | | क–जीवात्मा; | | | a. soul; |
| | | ख–परमात्मा। | | | b. supreme being. |
| **खसरा** | पुं. | 1. एक प्रकार का संक्रामक रोग जिसमें शरीर पर पानी से भरे हुए छाले निकल आते हैं, मसूरिका; | ಅಮ್ಮ (ಒಂದು ಸಾಂಕ್ರಾಮಕ ರೋಗ); | अम्म (ओंदु सांक्रामक रोग); | measles; |
| | | 2. पटवारी का वह कागज जिसमें प्रत्येक खेत की संख्या, क्षेत्रफल आदि लिखा होता है। | ಜಮೀನಿನ ವಿವರಗಳಿರುವ ಹಳ್ಳಿ ಪಟೇಲನ ಲೆಕ್ಕದ ಕಾಗದ ಪತ್ರ | जमीनिन विवर गळिरुव हळ्ळि पटेलन लॆक्कद कागद पत्र | patwari's village paper containing an account of area etc. of each field. |
| **खसोट** | स्त्री. | 1. बुरी तरह उखाड़ने या नोचने की क्रिया; | ಬಲವಾಗಿ ಹಿಡಿದು ಕೀಳುವುದು; | बलवागि हिडिदु कीळुवुदु; | plucking, tearing out, pulling out; |
| | | 2. बलपूर्वक छीनना। | ಬಲ ವಂತದಿಂದ ಕಿತ್ತು ಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ | बलवंतदिंद कित्तुकॊळ्ळुविकॆ | act of snatching. |
| | वि. | खसोटनेवाला (यौ. के अंत में)। | ಕೀಳುವವ | कीळुवव | one who snatches or pulls out (at the end of comp.). |
| **खसोटना** | स. क्रि. | 1. झटके से या बलपूर्वक उखाड़ना, नोचना; | ಬಲಪೂರ್ವಕವಾಗಿ ಕೀಳು (ವುದು); | बलपूर्वकवागि कीळु (वुदु); | to pull out, to pluck, to tear out; |
| | | 2. बलपूर्वक छीनना। | ಕಿತ್ತುಕೊಳ್ಳು (ವುದು) | कित्तुकॊळ्ळु (वुदु) | to snatch. |
| **खस्ता** | वि. | 1. भुरभुरा, मुलायम तथा कुरकुरा; | ಮೃದು ಹಾಗೂ ಗರಿ ಮುರಿ; | मृदु हागू गरिमुरि; | fragile, brittle, crisp; |
| | | 2. दुर्दशाग्रस्त ; | ಕಷ್ಟಕ್ಕೀಡಾದ; | कष्टक्कीडाद; | afflicted, in distress; |
| | | 3. टूटा-फूटा, भग्न। | ಹರುಕು ಮುರುಕು | हरुकु मुरुकु | worn out, ragged. |
| **खस्ताहाल** | वि. | 1. दुर्दशाग्रस्त,विपद्ग्रस्त, पीड़ित; | ಸ್ಥಿತಿಗೆಟ್ಟ; ; | स्थितिगॆट्ट; | in bad circumstances, afflicted, distressed; |
| | | 2. जीर्ण-शीर्ण, टूटा हुआ, भग्न। | ಹರಕು-ಮುರುಕಾದ, ಚಿಂದಿಯಾಗಿರುವ | हरुकु-मुरुकाद चिंदियागिरुव | worn out, ragged. |
| **खस्सी** | पुं. | 1. बकरा; | ಮೇಕೆ; | मेकॆ; | goat; |
| | | 2. बधिया पशु; | ಬೀಜ ಹೊಡೆದ ಪಶು; | बीज हॊडॆद पशु; | castrated animal; |
| | | 3. हिजड़ा, नपुंसक। | ನಪುಂಸಕ | नपुंसक | eunuch, impotent. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | वि. | बधिया किया हुआ। | ಬೀಜ ಹೊಡದ | बीज हॊडद | castrated. |
| खांचा | पुं. | 1. पतली टहनियों आदि का बना हुआ बड़ा टोकरा; | ಸಣ್ಣ ತೆಳುವಾದ ರೆಂಬೆಗಳಿಂದ ಹೆಣೆದ ದೊಡ್ಡ ಬುಟ್ಟಿ; | सण्ण तॆळुवाद रॆंबॆगळिंद हॆणॆद दॊड्ड बुट्टि; | big basket made of thin twigs etc., a pannier; |
| | | 2. किसी चीज़ में खोदकर बनाया गया गहरा और लम्बा निशान; | ಕೊರೆದು- ಕೆತ್ತಿ ಮಾಡಿದ ಆಳವಾದ ಗುರುತು; | कॊरॆदु-कॆत्ति माडिद आळवाद गुरुतु; | groove; |
| | | 3. मुर्गियों का बड़ा पिंजरा। | ಕೋಳಿಗಳನ್ನು ಮುಚ್ಚುವ ಪಂಜರ | कोळिगळन्नु मुच्चुव पंजर | hen-coop or cage. |
| खांड | स्त्री. | बिना साफ की हुई चीनी। | ಬೆಲ್ಲ, ಪರಿಶುದ್ಧ- ವಲ್ಲದ ಸಕ್ಕರೆ | बॆल्ल, परिशुद्ध-वल्लद सक्करॆ | unrefined sugar. |
| खांडा | पुं. | खड्ग। | ಖಡ್ಗ | खड्ग | sword, scimitar. |
| खांसना | अ. क्रि. | गले में रुके हुए कफ या और किसी अटकी हुई चीज़ को निकालने के लिए या केवल शब्द करने के लिए वायु को झटके के साथ कंठ के बाहर निकालना। | ಕೆಮ್ಮುವುದು | कॆम्मुवुदु | to cough. |
| खांसी | स्त्री. | 1. शारीरिक व्यापार जिसमें फेफड़ों से निकलने वाली हवा श्वासनली में रुकने पर सहसा वेगपूर्वक मुंह के रास्ते बाहर निकलने का प्रयत्न करती है; | ಕೆಮ್ಮು; | कॆम्मु; | cough, coughing; |
| | | 2. खांसी का रोग। | ಕೆಮ್ಮಿನ ರೋಗ | कॆम्मिन रोग | disease of coughing, cough. |
| खाई | स्त्री. | 1. किले आदि के चारों ओर रक्षा के लिए खोदी गई छोटी नहर; | ಕಂದಕ; | कंदक; | moat; |
| | | 2. युद्धक्षेत्र में छिपकर गोली चलाने के लिए खोदे जानेवाले गड्ढे। | ಯುದ್ಧದಲ್ಲಿ ಮರೆಯಲ್ಲಿನಿಂತು ಹೊಡೆಯಲು ಮಾಡಿಕೊಂಡ ಗುಣಿ | युद्धदल्लि मरॆयल्लि-निंतु हॊडॆयलु माडिकॊंड गुणि | trench, ditch. |
| खाऊ | वि. | 1. बहुत खानेवाला, पेटू; | ಹೊಟ್ಟೆಬಾಕ; | हॊट्टॆबाक; | great eater, voracious, glutton; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. घूस लेनेवाला। | ಲಂಚಕೋರ | लंचकोर | (one) who takes or receives bribes. |
| खाक | स्त्री. | 1. धूल, मिट्टी; | ಧೂಳು; | धूळु; | dust, earth; |
| | | 2. राख, भस्म। | ಬೂದಿ | बूदि | ashes. |
| | अव्य. | कुछ भी नहीं, नाम को भी नहीं.। | ಏನೂ ಇಲ್ಲ | एनू इल्ल | none at all, nothing whatever. |
| खाका | पुं. | 1. रेखाओं आदि द्वारा बनाया हुआ किसी चित्र आदि का ढांचा, नक्शा, मानचित्र; | ರೂಪರೇಖೆ, ನಕ್ಷೆ; | रूपरेखॆ, नक्षॆ; | sketch, map; |
| | | 2. रेखाओं आदि का ऐसा अंकन जो समय-समय पर होनेवाले परिवर्तनों आदि का सूचक होता है; | ಪ್ರಗತಿ ಸೂಚಕ ರೇಖೆ; | प्रगति सूचक रेखॆ; | graph, diagram; |
| | | 3. मसौदा; | ಕರಡು; | करडु; | draft, outline; |
| | | 4. चिट्ठा, तखमीना। | ಅಂದಾಜು ಪಟ್ಟಿ | अंदाजु पट्टि | estimate. |
| खाकी | वि. | मिट्टी के रंग का, भूरा। | ಖಾಕಿ ಬಣ್ಣದ | खाकि बण्णद | dust-coloured, dull-yellow. |
| | पुं. | खाकी या भूरे रंग का कपड़ा। | ಖಾಕಿ ಬಣ್ಣದ ಬಟ್ಟೆ | खाकि बण्णद बट्टॆ | cloth of the colour of dust or earth. |
| खाज | स्त्री. | खुजली नामक रोग। | ಕಜ್ಜಿ (ಚರ್ಮ ರೋಗ) | कज्जि (चर्मरोग) | scabies, itch, itchiness. |
| खाजा | पुं. | 1. एक प्रकार की मिठाई; | ಒಂದು ಬಗೆಯ ಮಿಠಾಯಿ; | ऒंदु बगॆय मिठायि; | a kind of sweetmeat; |
| | | 2. पक्षियों आदि का खाद्य पदार्थ; | ಪಕ್ಷಿಗಳ ಆಹಾರ; | पक्षिगळ आहार; | food of birds etc.; |
| | | 3. मनुष्यों का उत्तम खाद्य पदार्थ; | ಉತ್ತಮವಾದ ತಿನಿಸು; | उत्तमवाद तिनिसु; | best food of man; |
| | | 4. एक प्रकार का वृक्ष तथा उसके फल जिसकी गिनती सूखे मेवों में होती है। | ಒಂದು ಬಗೆಯ ಹಣ್ಣಿನ ಮರ ಮತ್ತು ಅದರ ಹಣ್ಣು | ऒंदु बगॆय हण्णिन मर मत्तु अदर हण्णु | a kind of tree and its fruit which is a kind of dry fruit. |
| खाट (खटिया) | स्त्री. | चारपाई। | ಮಂಚ | मंच | cot, bedstead. |
| खाट-खटोला | पुं. | गृहस्थी का सामान। | ಮನೆಯ ಸಾಮಾನು | मनॆय सामानु | bag and baggage, goods and chattels. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **खाड़ी** | स्त्री. | समुद्र का वह भाग जो तीन ओर स्थल से घिरा हो। | (ಸಮುದ್ರದ) ಕೊಲ್ಲಿ | (समुद्रद) कॉल्लि | bay, creek, gulf. |
| **खातमा (खात्मा)** | पुं. | 1. अंत, समाप्ति;<br>2. मृत्यु। | ಕೊನೆ;<br>ಸಾವು | कॉनॆ;<br>सावु | end;<br>death. |
| **खाता** | पुं. | 1. वह बही जिसमें लेन-देन का हिसाब लिखा जाता हो;<br>2. आय-व्यय या लेन-देन का लेखा;<br>3. मद। | ಲೇವಾದೇವಿಯ ಲೆಕ್ಕದ ಪುಸ್ತಕ;<br>ಆದಾಯ-ವೆಚ್ಚದ ಲೆಕ್ಕ;<br>ಐಟಂ | लेवादेविय लॆक्कद पुस्तक;<br>आदाय-वॆच्चद लॆक्क;<br>ऐटं | account-book, ledger;<br>account;<br>item. |
| **खाता-बही** | स्त्री. | वह बही जिसमें विभिन्न मदों या व्यक्तियों के अलग-अलग हिसाब लिखे होते हैं। | ಬೇರೆ ಬೇರೆ ವ್ಯಕ್ತಿ ಅಥವಾ ಐಟಂವಾರು ಲೆಕ್ಕದಪುಸ್ತಕ | बेरॆ बेरॆ व्यक्ति अथवा ऐटंवारु लॆक्कद पुस्तक | account book, ledger. |
| **खातिर** | स्त्री. | 1. आवभगत, सत्कार, आतिथ्य;<br>2. आदर, सम्मान। | ಆತಿಥ್ಯ, ಸತ್ಕಾರ;<br>ಆದರ-ಮನ್ನಣೆ | आतिथ्य, सत्कार;<br>आदर-मन्नणॆ | hospitality, reception;<br>regard, honour. |
| | अव्य. | वास्ते, के लिए। | ಓಸ್ಕರ, ಕ್ಕಾಗಿ | ओस्कर, क्कागि | for the sake of, for. |
| **खातिरदारी** | स्त्री. | आदर-सम्मान करने की क्रिया। | ಆದರ-ಸತ್ಕಾರ | आदर-सत्कार | hospitality, warm reception. |
| **खातिरी** | स्त्री. | 1. आव-भगत, खातिरदारी;<br>2. इतमीनान, तसल्ली। | ಆದರ-ಸಮ್ಮಾನ;<br>ತೃಪ್ತಿ, ಸಮಾಧಾನ | आदर-सम्मान;<br>तृप्ति, समाधान | hospitality, reception, regard;<br>satisfaction. |
| **खाद** | स्त्री. | वे पदार्थ जो खेत में उपज बढ़ाने के लिए डाले जाते हैं। | ಗೊಬ್ಬರ | गॉब्बर | manure. |
| **खादर** | पुं. | 1. नदी के पास की नीची भूमि जो बाढ़ आने पर डूब जाती है, कछार, तराई;<br>2. चरागाह। | ನದಿಯ ಬಳಿಯ ತಗ್ಗಾದ ಜೌಗು ಪ್ರದೇಶ;<br>ಗೋಮಾಳ | नदिय बळिय तग्गाद जौगु प्रदेश;<br>गोमाळ | low alluvial land, alluvium;<br>pasture, meadow. |
| **खादी** | स्त्री. | हाथ से काते हुए सूत का हाथ-करघे पर बना कपड़ा, खद्दर। | ಖಾದಿ ಬಟ್ಟೆ | खादि बट्टॆ | hand-woven cloth. |
| **खाद्य** | पुं. | 1. खाई जानेवाली वस्तु, | ತಿನ್ನುವ ಪದಾರ್ಥ; | तिन्नुव पदार्थ; | food, victuals, |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | खाद्य पदार्थ; | | | eatables; |
| | | 2. भोजन। | ಊಟ | ऊट | meals. |
| | वि. | खाने योग्य। | ತಿನ್ನಲು ಯೋಗ್ಯವಾದ | तिन्नलु योग्यवाद | eatable, edible. |
| खाद्यान्न | पुं. | वे अन्न जो खाने के काम आते हों। | ಆಹಾರ ಪದಾರ್ಥ | आहार पदाथ | food grains. |
| खान (खदान) | स्त्री. | 1. जमीन के अन्दर खोदा गया गड्ढा जिसमें से खनिज पदार्थ निकाले जाते हैं, आकर; | ಗಣಿ; | गणि; | mine; |
| | | 2. वह स्थान जहां कोई वस्तु अधिकता से होती या पाई जाती है। | ಖಜಾನೆ | खजाने | treasure, store, treasure-house. |
| खान | पुं. | 1. पुराने मुसलमान राजाओं या सरदारों की उपाधि; | ಹಿಂದಿನ ಕಾಲದ ಮುಸಲ್ಮಾನ ಸರದಾರರ ಒಂದು ಉಪಾಧಿ; | हिंदिन कालद मुसलमान सरदारर ओंदु उपाधि; | title of Mohammadan nobles; |
| | | 2. सरदार; | ಸರದಾರ; | सरदार; | head-man or chief (of several villages); |
| | | 3. मालिक। | ಮಾಲೀಕ | मालीक | master, owner. |
| खानदान | पुं. | घराना, कुल, वंश। | ಮನೆತನ; ವಂಶ, ಕುಲ | मनेतन, वंश, कुल | family, kinsfold, lineage. |
| खानदानी | वि. | 1. अच्छे और ऊंचे वंश का, कुलीन; | ಉತ್ತಮ ವಂಶದ, ಕುಲೀನ; | उत्तमवंशद, कुलीन; | of high family, of noble birth; |
| | | 2. पैतृक। | ಪೈತೃಕ | पैतृक | ancestral, hereditary. |
| खानपान | पुं. | 1. खाने-पीने की क्रिया, भाव या प्रकार; | ತಿಂಡಿ-ತೀರ್ಥ; | तिंडि-तीर्थ; | eating and drinking; |
| | | 2. खाने-पीने का ढंग या रीति-रिवाज। | ತಿಂಡಿ-ತೀರ್ಥದ ರೀತಿ ನೀತಿಗಳು | तिंडि-तीर्थद रीतिनीतिगळु | mode of eating and drinking. |
| खानसामा | पुं. | खाना बनानेवाला नौकर, रसोइया। | ಅಡಿಗೆಯವ | अडिगेयव | house-steward, the head of kitchen and pantry department. |
| खाना | स. क्रि. | 1. मुंह में कोई खाद्य वस्तु रखकर चबाना और निगल जाना, भोजन करना; | ತಿನ್ನು, ಉಣ್ಣು; | तिन्नु, उण्णु; | to eat; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. हिंसक जंतुओं का शिकार पकड़ना और भक्षण करना; | ನುಂಗು; | नुंगु; | to swallow, to eat up, to devour; |
| | | 3. (ला.) रिश्वत लेना; | ಲಂಚ ತೆಗೆದುಕೊಳ್ಳು; | लंच तॆगॆदुकॊळ्ळु; | to take bribe; |
| | | 4. धन हड़पना; | ದುಡ್ಡು ಹೊಡಿ; | दुड्डु हॊडि; | to usurp; |
| | | 5. नष्ट करना; | ನಷ್ಟ ಮಾಡುವುದು; | नष्ट माडुवुदु; | to destroy, squander; |
| | | 6. तंग करना; | ತೊಂದರೆ ಮಾಡುವುದು; | तॊंदरॆ माडुवुदु | to harass, trouble, annoy; |
| | | 7. अपने आप में अंतर्युक्त करना; | ಅಡಗಿಸಿಕೊಳ್ಳುವುದು; | अडगिसिकॊळ्ळुवुदु | to hold, contain; |
| | | 8. आघात, वेग आदि सहन करना। | ಹೊಡೆತ ತಿನ್ನುವುದು | हॊडॆत तिन्नुवुदु | suffer, endure. |
| | पुं. | भोजन। | ಊಟ | ऊट | food. |
| **खाना** | पुं. | 1. दीवार, अल्मारी आदि में वस्तुएं रखने के लिए बना हुआ अंश या विभाग; | (ಮೇಜು, ಅಲಮಾರಿಗಳ) ಖಾನೆ | (मेजु, अलमारिगळ) खानॆ | shelf, drawer; |
| | | 2. घर, मकान; | ಮನೆ; | मनॆ; | house, dwelling place; |
| | | 3. कमरा, कक्ष ; | ಕೊಠಡಿ; | कॊठडि; | apartment; |
| | | 4. कागज के पृष्ठ पर सीधी रेखाओं में विभाजित स्थान, स्तंभ। | (ಕಾಗದದ) ಕಾಲಂ | (कागदद) कालं | column. |
| **खाना-तलाशी** | स्त्री. | किसी खोई या चुराई हुई वस्तु के लिए मकान के अंदर होनेवाली छानबीन या तलाशी, घर की तलाशी। | ಹುಡುಕುವಿಕೆ | हुडुकुविकॆ | act of searching a house, house-search. |
| **खानापूरी** | स्त्री. | किसी चक्र, सारिणी आदि के खानों में यथास्थान संख्या या शब्द आदि लिखना या भरना। | (ಬರೆದು) ಕಾಲಂ ಭರ್ತಿ ಮಾಡುವಿಕೆ | (बरॆदु) कालं भर्ति माडुविकॆ | filling in the columns(of), entry. |
| **खानाबदोश** | वि. | जिसका घर बार न हो और इसलिए जो अपनी गृहस्थी की चीजें साथ लिए घूमता हो, यायावर। | ಯಾಯಾವರ ಜಾತಿ ಮನೆಮಾರಿಲ್ಲದೆ ಅಲೆಯುವ ಜಾತಿ | यायावर जाति, मनॆमारिल्लदॆ अलॆयुव जाति | nomad, idle wanderer. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **खामखाह** | क्रि. वि. | बिना आवश्यकता के और प्रायः व्यर्थ। | ವ್ಯರ್ಥವಾಗಿ | व्यर्थवागि | unnecessarily, in vain. |
| **खामी** | स्त्री. | 1. खराबी, त्रुटि; | ತಪ್ಪು; | तप्पु; | defect, draw-back, fault; |
| | | 2. कमी, अपूर्णता। | ಅಪೂರ್ಣತೆ | अपूर्णते | shortage, lack, deficiency. |
| **खामोश** | वि. | चुप, मौन, शांत। | ಮೌನ, ಶಾಂತ | मौन, शांत | silent, quiet, peacefu |
| **खामोशी** | स्त्री. | चुप्पी, मौन। | ಮೌನವಾಗಿರುವಿಕೆ | मौनवागिरुविके | silence, taciturnity. |
| **खार** | पुं. | 1. कुछ विशिष्ट वनस्पतियों आदि को जलाकर अथवा रासायनिक प्रक्रिया से निकाला जानेवाला खारा पदार्थ जो औषधियों तथा औद्योगिक कार्यों में प्रयुक्त होता है, क्षार; | ಬೇರು ನಾರುಗಳನ್ನು ಸುಟ್ಟು ಔಷಧಿಗಳಿಗೆ ಉಪಯೋಗವಾಗುವಂತೆ ತಯಾರಿಸಿದ ಬೂದಿ-ಕ್ಷಾರ; | बेरु नारुगळन्नु सुट्टु औषधिगळिगे उपयोगवागुवंते तयारिसिद बूदि-क्षार; | alkali; |
| | | 2. नोनी मिट्टी, रेह। | ಉಪ್ಪು ಮಣ್ಣು | उप्पु मण्णु | saline soil. |
| | स्त्री. | द्वेष, डाह, जलन। | ದ್ವೇಷ, ಅಸೂಯೆ | द्वेष, असूये | envy, jealousy, dislike. |
| **खारा** | वि. | 1. जो स्वाद में नमकीन हो; | ಉಪ್ಪು-ಖಾರದ ರುಚಿಯ; | उप्पु-खारद रुचिय; | salty, saline; |
| | | 2. क्षारयुक्त, क्षार के गुण से युक्त। | ಕ್ಷಾರಯುಕ್ತ | क्षारयुक्त | alkaline. |
| | पुं. | 1. झाबा, खांचा; | ಪಾಳಿ; | पाळि; | groove; |
| | | 2. घास-फूस आदि बांधने की जाली। | ಹುಲ್ಲು ಕಟ್ಟುವ ಬಲೆ | हुल्लु कट्टुव बले | net for holding grass or straw. |
| **खारिज** | वि. | 1. अस्वीकृत, रद्द; | ರದ್ದು; | रद्दु; | rejected, dismissed; |
| | | 2. किसी सूची आदि से निकाला या काटा हुआ। | ಹೊಡೆದು ಅಥವಾ ತೆಗೆದು ಹಾಕುವಿಕೆ | होडेदु अथवा तेगेदु हाकुविके | struck off. |
| **खाल** | स्त्री. | त्वचा, चमड़ा। | ಚರ್ಮ | चर्म | skin, hide. |
| **खाला** | स्त्री. | माता की बहन, मौसी। | ಚಿಕ್ಕಮ್ಮ (ತಾಯಿಯ ತಂಗಿ) | चिक्कम्म (तायिय तंगि) | mother's sister, aunt. |
| **खालिस** | वि. | जिसमें कोई दूसरी वस्तु न मिली हो, विशुद्ध, मिलावट रहित। | ಶುದ್ಧ, ಮಿಶ್ರಣವಿಲ್ಲದ | शुद्ध, मिश्रणविल्लद | pure, unadulterated, genuine. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| खाली | वि. | 1. जिसके भीतर का स्थान शून्य हो, जिसमें कुछ न हो, रिक्त; | ಖಾಲಿ; | खालि; | empty, vacant, blank; |
| | | 2. जिस पर कुछ या कोई स्थित न हो; | ಯಾರೂ ಇಲ್ಲದ; | यारु इल्लद; | unoccupied; |
| | | 3. रोजगार-रहित; | ನಿರುದ್ಯೋಗಿ; | निरुद्योगि; | unemployed; |
| | | 4. विशेष कार्य रहित; | ವಿಶೇಷ ಕೆಲಸವಿಲ್ಲದ; | विशेष कॆलसविल्लद; | free; |
| | | 5. जो इस समय उपयोग में न आ रहा हो; | ಉಪಯೋಗಿಸದ; | उपयोगिसद; | which is not in use at present; |
| | | 6. निष्फल, व्यर्थ; | ವ್ಯರ್ಥ; | व्यर्थ; | without effect, ineffective; |
| | | 7. रहित, विहीन। | ಹೊರತಾದ | हॊरताद | devoid, destitute(of). |
| | अव्य. | अकेले, केवल। | ಕೇವಲ, ಮಾತ್ರ | केवल, मात्र | singly, alone, only. |
| खास | वि. | 1. साधारण से भिन्न, विशेष, मुख्य; | ವಿಶೇಷವಾದ, ಮುಖ್ಯ; | विशेषवाद, मुख्य; | special, important, chief; |
| | | 2. विशिष्ट वस्तु या व्यक्ति से संबद्ध; | ವಿಶಿಷ್ಟ; | विशिष्ट | particular, especial, specific; |
| | | 3. निज का, आत्मीय; | ಆತ್ಮೀಯ; | आत्मीय; | personal, private, own; |
| | | 4. विशुद्ध। | ವಿಶುದ್ಧ | विशुद्ध | pure, unmixed. |
| खासकर | क्रि. वि. | विशेष रूप से, विशेषकर। | ವಿಶೇಷವಾಗಿ | विशेषवागि | particularly, especially. |
| खासा | वि. | 1. अच्छा, भला; | ಉತ್ತಮವಾದ; | उत्तमवाद; | good, fine; |
| | | 2. स्वस्थ तथा सुंदर, सुडौल; | ಕಟ್ಟುಮಸ್ತಾದ; | कट्टुमस्ताद; | healthy and beautiful, well-built; |
| | | 3. भरपूर, पूरा; | ಪೂರ್ತಿಯಾಗಿ; | पूर्तियागि; | complete, full, whole; |
| | | 4. यथेष्ट, पर्याप्त। | ಸಾಕಷ್ಟು | साकष्टु | enough, sufficient. |
| खासियत | स्त्री. | 1. विशेषता, विशिष्ट गुण; | ವಿಶಿಷ್ಟತೆ, ವಿಶೇಷ ಗುಣ; | विशिष्टतॆ, विशेष गुण; | speciality, distinctive quality; |
| | | 2. स्वभाव; | ಸ್ವಭಾವ; | स्वभाव; | natural disposition, nature, habit; |
| | | 3. प्रभाव, असर। | ಪ್ರಭಾವ | प्रभाव | effect. |
| खिंचना | अ.क्रि. | 1. किसी की ओर | ಎಳೆಯಿಲು, ಸೆಳೆಯಲು; | ऎळॆयु, सॆळॆयु; | to be drawn, |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | बलपूर्वक लाया जाना, खींचा जाना; | | | dragged or pulled; |
| | | 2. किसी आकर्षण शक्ति या विशेषता के कारण उसकी ओर जाना या बढ़ना, आकृष्ट होना; | ಆಕರ್ಷಿಸು; | आकर्षिसु; | to be attracted; |
| | | 3. किसी वस्तु के गुण, सार आदि निकलना या निकाला जाना; | ಸಾರ ತೆಗೆ; | सार तॆगॆ; | to be extracted; |
| | | 4. भभके से अर्क, शराब आदि तैयार होना; | ಭಟ್ಟಿ ಇಳಿಸು, | भट्टि इळिसु; | to be brewed, to be distilled; |
| | | 5. अंकित होना, लिखा जाना या बनना; | ಅಂಕಿತಗೊಳ್ಳುವುದು; | अंकितगॊळ्ळुवुदु; | to be drawn (as a photograph, line etc.); |
| | | 6. तनना; | ಬಿಗಿಯುವುದು; | बिगियुवुदु; | to be tightened, stretched, expanded; |
| | | 7. विरक्त होना। | ವಿರಕ್ತಿಗೊಳ್ಳುವುದು; | विरक्तिगॊळ्ळुवुदु | to be estranged. |
| खिंचवाना | स.क्रि. | खींचने का काम दूसरे से करवाना। | ಎಳೆಸು; ಸೆಳೆಸು | ऍळॆसु, सॆळॆसु | to cause to be drawn pulled, brewed, extracted. |
| खिंचाई | स्त्री. | 1. खींचने की क्रिया या काम; | ಎಳೆಯುವಿಕೆ, ಸೆಳೆಯುವಿಕೆ; | ऍळॆयुविकॆ, सॆळॆयुविकॆ; | drawing, dragging, pulling, tugging; |
| | | 2. खींचने की मज़दूरी; | ಎಳೆಯುವ ಕೂಲಿ; | ऍळॆयुव कूलि; | price paid for drawing or pulling; |
| | | 3. कठोर मेहनत कराना; सख्त काम लेना। | ಕಠಿಣ ಪರಿಶ್ರಮ ಮಾಡಿಸುವುದು | कठिण परिश्रम माडिसुवुदु | to engage in hard work. |
| खिंचाव | पुं. | 1. खींचे जाने या खिंचे हुए होने की अवस्था या भाव; | ಎಳೆತ, ಸೆಳೆತ; | ऍळॆत, सॆळॆत; | drawing, pulling, dragging etc; |
| | | 2. आकर्षण; | ಆಕರ್ಷಣೆ; | आकर्षणॆ; | attraction; |
| | | 3. तनाव। | ಎಳೆತ, ತುಯ್ತ | ऍळॆत, तुय्त | tension, tenseness. |
| खिचड़ी | स्त्री. | 1. एक साथ पकाई गई दाल और चावल; | ಹುಗ್ಗಿ; | हुग्गि; | dish prepared from the mixture of rice and pulses; |
| | | 2. एक ही में मिली हुई विभिन्न प्रकार की वस्तुएं; | ಅನೇಕ ಪದಾರ್ಥಗಳ ಮಿಶ್ರಿತ ತಿಂಡಿ-ತಿನಿಸು; | अनेक पदार्थगळ मिश्रित तिंडि-तिनिसु; | hotch-potch; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. विवाह की एक रस्म जिसमें दामाद को पहले-पहल बुलाकर खिचड़ी खिलाई जाती है। | ಅಳಿಯನನ್ನು ಕರೆದು ಮೊದಲನೆಯ ಸಲ ಹುಗ್ಗಿ ಊಟ ಮಾಡಿಸುವ ಒಂದು ಪದ್ಧತಿ | अळियनन्नु करॆदु मॊदलनॆय सल हुग्गि ऊट माडिसुव ऒंदु पद्धति | a particular custom in the marriage ceremony. |
| | वि. | आपस में मिलाजुला। | ಕಲಬೆರಿಕೆಯಾಗಿರುವ | कलबॆरिकॆयागिरुव | mixed together, jumbled. |
| **खिजलाना** | अ.क्रि. | खीजना, व्याकुल होना। | ವ್ಯಾಕುಲಪಡು | व्याकुलपडु | to be vexed, teased or irritated, to fret. |
| | स.क्रि. | विकल करना। | ವ್ಯಾಕುಲಗೊಳಿಸು | व्याकुलगॊळिसु | to vex, to tease, to irritate. |
| **खिजाना (खिझाना)** | स.क्रि. | गुस्सा दिलानेवाली बात करना, परेशान करना। | ಸಿಟ್ಟು ಬರುವಂತೆ ಮಾತನಾಡು | सिट्टु बरुवंतॆ मातनाडु | to vex, to irritate, to tease. |
| **खिजाब** | पुं. | सफेद बालों को काला या रंगीन करने की औषधि। | ಬಿಳಿಗೂದಲನ್ನು ಕಪ್ಪು ಮಾಡುವ ಔಷಧಿ | बिळिगूदलन्नु कप्पु माडुव औषधि | hair-darkener, hair-dye. |
| **खिड़की** | स्त्री. | 1. घर, गाड़ी, जहाज आदि की दीवारों में बना हुआ झरोखा तथा उसमें लगा दरवाजा; | ಕಿಟಕಿ; | किटकि; | window; |
| | | 2. चोरदरवाजा। | ಕಿಂಡಿ | किंडि | private or back-door. |
| **खिताब** | पुं. | उपाधि। | ಉಪಾಧಿ | उपाधि, | title. |
| **खिदमत** | स्त्री. | सेवा, टहल। | ಸೇವೆ, ಶುಶ್ರೂಷೆ | सेवॆ, शुश्रूषॆ | service. |
| **खिदमतगार** | पुं. | छोटी-छोटी तथा वैयक्तिक सेवाएं करनेवाला नौकर, टहलुआ। | ಸೇವಕ, ಪರಿಚಾರಕ | सेवक, परिचारक | servant, a serving man. |
| **खिन्न** | वि. | 1. उदास तथा विकल; | ದುಃಖಿತ; | दुःखित; | depressed, distressed, suffering pain or uneasiness, fatigued, wearied, exhausted; |
| | | 2. अप्रसन्न, असंतुष्ट; | ಅಸಂತುಷ್ಟ; | असंतुष्ट; | unhappy, unsatisfied; |
| | | 3. असहाय, दीन-हीन। | ನಿಸ್ಸಹಾಯ | निस्सहाय | helpless. |
| **खिलखिलाना** | अ. क्रि. | बहुत प्रसन्न होने पर जोर से हंसना। | ಸಂತೋಷದಿಂದ ನಗು | संतोषदिंद नगु | to laugh loudly, to titter, to giggle. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **खिलखिलाहट** | स्त्री. | 1. खिलखिलाने की क्रिया; | ಕಿಲಕಿಲನೆ ನಗು; | किलकिलनॆ नगु; | laughter; |
| | | 2. खिलखिलाने से मुंह से होनेवाला शब्द। | ನಗುವಿನ ಕಿಲಕಿಲ ಶಬ್ದ | नगुविन किलकिल शब्द | laughing sound. |
| **खिलना** | अ. क्रि. | 1. कली या फूल का विकसित होना; | ಅರಳು, ವಿಕಸಿಸು; | अरळु, विकसिसु; | to blossom, to bloom; |
| | | 2. प्रसन्न होना; | ಪ್ರಸನ್ನವಾಗು; | प्रसन्नवागु; | to be delighted; |
| | | 3. सुन्दर लगना, ठीक बैठना। | ಚಂದ ಕಾಣು | चंद काणु | to look well or becoming. |
| **खिलवाड़** | स्त्री. | 1. मन-बहलाने या समय बिताने के लिए की जानेवाली क्रीड़ा, खेल आदि; | ಮನರಂಜನೆಗಾಗಿ ಆಟವಾಡುವಿಕೆ; | मनरंजनॆगागि आटवाडुविकॆ; | a play; |
| | | 2. मनबहलाव, दिल्लगी; | ವಿನೋದ; | विनोद; | pastime, frolic; |
| | | 3. बहुत ही साधारण रूप से किया हुआ काम, सरल तथा सुगम कार्य। | ಕೆಲಸವನ್ನು ಸುಲಭವಾಗಿ ಮಾಡುವಿಕೆ | कॆलसवन्नु सुलभवागि माडुविकॆ | easy or trifling task. |
| **खिलवाना** | स. क्रि. | 1. दूसरे के द्वारा किसी को भोजन कराना; | ಊಟಮಾಡಿಸು, ಉಣಿಸು; | ऊटमाडिसु, उणिसु; | to cause to be fed; |
| | | 2. प्रफुल्ल या विकसित कराना। | ಅರಳುವಂತೆ ಮಾಡು | अरळुवंतॆ माडु | to cause to be blossomed. |
| **खिलाई** | स्त्री. | 1. खाने अथवा खिलाने की क्रिया या भाव; | ಉಣಿಸುವಿಕೆ; | उणिसुविकॆ; | work of eating or feeding; |
| | | 2. खाने या खिलाने का पारिश्रमिक। | ಊಟ ಮಾಡಿಸಿದುದರ ಬೆಲೆ | ऊटमाडिसिदुदर बॆलॆ | price or money paid for eating or feeding. |
| **खिलाड़ी** | पुं. | 1. खेलनेवाला; | ಆಟಗಾರ; | आटगार; | player; |
| | वि. | 2. किसी खास खेल, कार्य या दांव-पेंच में कुशल। | ಯುಕ್ತಿವಂತ | युक्तिवंत | skilled in some trick, trickster. |
| **खिलाना** | स. क्रि. | 1. किसी को कोई चीज़ खाने में प्रवृत्त करना, भोजन कराना; | ಉಣಿಸು; | उणिसु; | to feed, to cause to eat; |
| | | 2. खेल खिलाना; | (ಆಟ) ಆಡಿಸು; | (आट) आडिसु; | to cause to play; |
| | | 3. दुलारना; | ಮುದ್ದು ಮಾಡು; | मुद्दुमाडु; | to dandle; |
| | | 4. किसी को प्रफुल्लित करना। | ಮುಖ ಅರಳುವಂತೆ ಮಾಡು | मुख अरळुवंतॆ माडु | to cause to be blossomed. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **खिलाफ** | वि. | 1. विरोधी, विरुद्ध (व्यक्ति); | ವಿರೋಧವಾಗಿರುವ | विरोधवागिरुव | opposite, against; |
| | | 2. विपरीत (बात)। | | | contrary. |
| | अव्य. | मुकाबले में, विरोध में। | ವಿರುದ್ಧ | विरुद्ध | against, in opposition (to). |
| **खिलाफत** | स्त्री. | 1. खलीफा का पद; | ಖಲೀಫನ ಅಧಿಕಾರ; | खलीफन; अधिकार; | office or dignity of Caliph; |
| | | 2. खिलाफ होने अर्थात् विरोध करने की क्रिया या भाव। | ವಿರೋಧವಾಗಿರು-ವಿಕೆ | विरोधवागिरुविकॆ | opposition. |
| **खिलौना** | पुं. | 1. बच्चों के खेलने के लिए मिट्टी आदि की बनी वस्तु; | ಮಕ್ಕಳ ಆಟದ ಸಾಮಾನು; | मक्कळ आटद सामानु; | toy, play-thing; |
| | | 2. मनबहलाव का साधन; | ಮನ ರಂಜನೆಯ ವಸ್ತು; | मनरंजनॆय वस्तु; | a thing to amuse; |
| | | 3. बहुत ही साधारण या महत्वहीन वस्तु। | ಸಾಮಾನ್ಯ ಪದಾರ್ಥ | सामान्य पदार्थ | a trivial object. |
| **खिल्ली** | स्त्री. | हंसने के लिए किसी को तुच्छ सिद्ध करते हुए कही जानेवाली हास्यास्पद बात, हंसी। | ಹಾಸ್ಯ, ಹಾಸ್ಯ-ಕ್ರೀಡುಮಾಡುವಿಕೆ | हास्य, हास्य-क्कीडुमाडुविकॆ | fun, jest, joke, ridicule. |
| **खिवैया (खेवैया)** | पुं. | 1. केवट, मल्लाह; | ಅಂಬಿಗ; | अंबिग; | boatman, rower; |
| | | 2. संकट से पार लगानेवाला व्यक्ति। | ಕಷ್ಟದಿಂದ ಪಾರು ಮಾಡುವವ | कष्टदिंद पारु माडुवव | a rescuer. |
| **खिसकना** | अ.क्रि. | 1. चुपके से उठकर चल देना; | ಜಾರಿಕೊಳ್ಳು; | जारिकॊळ्ळु; | to slip away, to steal away; |
| | | 2. बैठे-बैठे किसी ओर बढ़ना या हटना; | ಸರಿಯು; | सरियु; | to move slowly; |
| | | 3. किसी वस्तु का अपने स्थान से कुछ हट जाना। | ಜಾರು | जारु | to stir, move, slip. |
| **खिसकाना** | स.क्रि. | 1. किसी वस्तु को खींच कर किसी ओर हटाना; | ಸರಿಸುವುದು; | सरिसुवुदु; | to remove from a place, to displace; |
| | | 2. चुपके से कोई वस्तु उठा कर चल देना। | ಯಾರಿಗೂ ತಿಳಿ-ಯದಂತೆ ಏನನ್ನಾದರೂ ಹಾರಿಸುವುದು | यारिगू तिळियदंतॆ एनन्नादरू हारिसुवुदु | to take away secretly, to steal. |
| **खिसियाना** | अ.क्रि. | लज्जित होना। | ನಾಚಿಕೊಳ್ಳು | नाचिकॊळ्ळु | to be embarrassed, to be abashed. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | वि. | लज्जित। | ನಾಚು | नाचु | abashed, put to shame, ashamed. |
| **खिसियाहट** | स्त्री. | खिसियाने की क्रिया या भाव। | ನಾಚಿಕೆಂಳ್ಳುವಿಕೆ | नाचि कोंळ्ळुविकॆ | state of being put to shame, shamefacedness, bashfulness. |
| **खींच** | स्त्री. | खींचने या खिचे हुए होने की अवस्था या भाव। | ಎಳೆತ, ಸೆಳೆತ | एंळॆत, सॆळॆत | state of pulling or being pulled, pull, draw. |
| **खींच-तान** | स्त्री. | 1. किसी वस्तु को विभिन्न दिशाओं की ओर विभिन्न पक्षों द्वारा एक साथ खींचकर ले जाने का किया गया प्रयास; | ಎಳೆದಾಟ; | एंळॆदाट; | exerting to drag in opposite directions, tug of war; |
| | | 2. शब्द या वाक्य का जबरदस्ती साधारण से भिन्न कोई दूसरा अर्थ लगाना; | ಎಳೆದೂ ಮಾಡಿ ಬೇರೆ ಅರ್ಥ ಹಚ್ಚುವುದು; | एंळॆदू माडि बेरॆ अर्थ हच्चुवुदु; | attaching quite a different meaning to a clause of sentence by twisting the meaning of words; |
| | | 3. दो या अधिक व्यक्तियों का एक दूसरे के विरुद्ध किया जानेवाला उद्योग या प्रयत्न। | ಪರಸ್ಪರ ಸೆಣಸಾಟ | परस्पर सॆणसाट | tussle, tugging, struggle, contention. |
| **खींचना** | स.क्रि. | 1. किसी वस्तु को बलपूर्वक अपनी ओर लाना या अपने साथ लेते हुए आगे बढ़ना; | ಎಳೆ; | एंळॆ; | to draw, drag, pull; |
| | | 2. बाहर निकालना; | ಹೊರಗೆಳೆದು ತೆಗೆ; | हॊरगॆळॆदु तॆगॆ; | to draw out, to take out, to stretch; |
| | | 3. किसी वस्तु का तत्व या सार निकालना; | ಸಾರವನ್ನು ಎಳೆ; | सारवन्नु एळॆ; | to extract; |
| | | 4. भभके से शराब आदि चुवाना; | ಭಟ್ಟಿಗೆ ಹಾಕಿ ಸಾರ ತೆಗೆ; | भट्टिगॆ हाकि सार तॆगॆ; | to brew, distil; |
| | | 5. चूसना, सोखना; | ಹೀರು; | हीरु; | to suck in, absorb; |
| | | 6. आकृष्ट करना; | ಆಕರ್ಷಿಸು; | आकर्षिसु; | to attract; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 7. अंकित करना या बनाना। | (ಚಿತ್ರ ಆದಿ) ಗೆರೆ ಎಳೆದು ತೋರು | (चित्र आदि) गॆरॆ ऎळॆदु तोरु | to draw (as line, photograph etc.). |
| **खींचातानी** | स्त्री. | दे. 'खींचतान'। | ನೋಡಿ "खींचतान" | नोडि "खींचतान" | see 'खींचतान'. |
| **खीज (खीझ)** | स्त्री. | खीजने की अवस्था, क्रिया या भाव। | ಕೋಪಿಸಿಗೊಳ್ಳುವಿಕೆ | कोपिसिगॊळ्ळुविकॆ | vexation, irritation, fretfulness. |
| **खीजना (खीझना)** | अ.क्रि. | झुंझलाना। | ಕೋಪಗೊಳ್ಳುವುದು | कोपगॊळ्ळुवुदु | to be irritated or displeased. |
| **खीर** | स्त्री. | दूध में चावल उबालने तथा चीनी मिलाने से बननेवाला भोज्य पदार्थ। | ಪರಮಾನ್ನ, ಪಾಯಸ | परमान्न, पायस | a sweet dish prepared from rice and milk. |
| **खीरा** | पुं. | ककड़ी की जाति का एक प्रकार का फल। | ಮುಳ್ಳು ಸೌತೇಕಾಯಿ | मुळ्ळु सौतेकायि | cucumber. |
| **खील** | स्त्री. | 1. भुना हुआ धान, लावा; 2. किसी चीज़ का बहुत छोटा टुकड़ा; 3. मांसकील। | ಭತ್ತ ಹುರಿದ ಅರಳು; ಯಾವುದಾದರೊಂದು ವಸ್ತುವಿನ ಚಿಕ್ಕ ಚೂರು, ಕಣ; ಹುಣ್ಣಿನ ಬೇರು | भत्त हुरिद अरळु; यावुदादरॊंदु वस्तुविन चिक्क चूरु, कण; हुण्णिन बेरु | parched paddy; small piece or fragment of anything; core (of a boil etc.). |
| **खीस** | स्त्री. | 1. पशुओं के लंबे तथा नुकीले दांत; 2. खुले हुए और बाहर से दिखाई देनेवाले दांत; 3. नई ब्याई हुई गाय आदि का 10-12 दिनों का वह दूध जो पीने योग्य नहीं होता। | ದನದ ಕೋರೆ ಹಲ್ಲು; ಉಬ್ಬು ಹಲ್ಲು; ಹತ್ತು ಹನ್ನೆರಡು ದಿನದ ಗಿಣ್ಣು ಹಾಲು | दनद कोरॆ हल्लु; उब्बु हल्लु; हत्तु हन्नॆरडु दिनद गिण्णु हालु | long and pointed teeth of animals; exposed teeth, grinning, showing the teeth (in anger, mortification etc.); undrinkable milk of newly foaled cow. |
| **खुजलाना** | स.क्रि. | शरीर के किसी अंग पर खुजली मिटाने के लिए नख या उंगली से रगड़ना। | ಕೆರೆದುಕೊಳ್ಳು | कॆरॆदुकॊळ्ळु | to scratch. |
| | अ.क्रि. | खुजली होना। | ನವೆಯಾಗು | नवॆयागु | to feel itch. |
| **खुजलाहट** | स्त्री. | खुजली होने की अवस्था या भाव। | ನವೆ, ತಿನುಸು | नवॆ, तिनुसु | itching, itchiness. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **खुजली** | स्त्री. | 1. एक चर्मरोग जिसमें छोटे-छोटे दाने निकल आते हैं और खुजली होती है; | ಕಜ್ಜಿ, ನವೆಯಾಗುವ ಒಂದು ಚರ್ಮ ರೋಗ | कज्जि, नवॆयागुव ऑंदु चर्मरोग; | scabies; |
| | | 2. त्वचा में होनेवाली सुरसरी जो शरीर के किसी अंग में रक्त का संचार रुक जाने के कारण होती है। | ನವೆ, ಕಡಿತ | नवॆ, कडित | itch, itching sensation. |
| **खुजाना** | स.क्रि. | दे. 'खुजलाना'। | ನೋಡಿ "खुजलाना" | नोडि "खुजलाना" | see 'खुजलाना'. |
| **खुद** | सर्व. | स्वयं, आप। | ತಾನೇ, ಸ್ವಯಂ, | ताने, स्वयं | self (my, thy, etc). |
| | अव्य. | अपने आप, स्वेच्छा से। | ತನ್ನಷ್ಟಕ್ಕೆ ತಾನೇ | तन्नष्टक्कॆ ताने | of one's own accord, voluntarily. |
| **खुदकुशी** | स्त्री. | आत्महत्या। | ಆತ್ಮಹತ್ಯೆ | आत्महत्यॆ | suicide. |
| **खुदगरज** | वि. | स्वार्थी। | ಸ್ವಾರ್ಥಿ | स्वार्थि | selfish, self-interested. |
| **खुदगरजी** | स्त्री. | गुदगरज होने की अवस्था या भाव, स्वार्थ, स्वार्थ-परायणता। | ಸ್ವಾರ್ಥಪರತೆ | स्वार्थपरतॆ | selfishness, self-interest. |
| **खुदमुख्तार** | वि. | जिस पर किसी दूसरे का प्रभुत्व या शासन न हो, स्वतंत्र। | ಸ್ವತಂತ್ರ, ಮತ್ತೊಬ್ಬರ ಅಂಕೆಯಲ್ಲಿಲ್ಲದ | स्वतंत्र, मत्तॊब्बर अंकॆयल्लिल्लद | independent. |
| **खुदमुख्तारी** | स्त्री. | खुदमुख्तार होने की अवस्था या भाव, स्वतंत्रता। | ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯ | स्वातंत्र्य | independence. |
| **खुदरा** | वि. | फुटकर (माल, बिक्री आदि)। | ಚಿಲ್ಲರೆ ವ್ಯಾಪಾರ | चिल्लरॆ व्यापार | retail (goods etc.). |
| | पुं. | रेजकारी। | ಚಿಲ್ಲರೆ (ಹಣ) | चिल्लरॆ (हण) | small coins or notes, change. |
| **खुदवाई** | स्त्री. | खुदवाने की क्रिया, भाव या मजदूरी। | (ಭೂಮಿಯನ್ನು) ಅಗೆಸುವುದು; ಅಗೆದುದರ ಕೂಲಿ | (भूमियन्नु) अगॆसुवुदु, अगॆदुदर कूलि | work of or wages paid for digging, engraving, carving etc. |
| **खुदवाना** | स.क्रि. | खोदने का काम दूसरे से कराना। | (ಭೂಮಿಯನ್ನು) ಅಗತೆ ಮಾಡಿಸು | (भूमियन्नु) अगतॆ माडिसु | to cause to be dug, excavated, engraved, carved. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **खुदा** | पुं. | परमात्मा। | ದೇವರು | देवरु | God. |
| **खुदाई** | स्त्री. | 1. खोदने का काम; | ಅಗತೆ; | अगतॆ; | digging, engraving, |
| | | 2. खोदने की मजदूरी; | ಅಗೆದುದರ ಕೂಲಿ; | अगॆदुदर कूलि; | wages for digging; |
| | | 3. ईश्वरत्व; | ದೇವತ್ವ; | देवत्व; | Godship, divinity, providence; |
| | | 4. सृष्टि। | ಸೃಷ್ಟಿ | सृष्टि | creation, the world. |
| | वि. | ईश्वरीय। | ದೈವಿಕ | दैविक | godly. |
| **खुफिया** | वि. | छिपकर काम करनेवाला, गुप्त। | ಗುಪ್ತ | गुप्त | secret. |
| | पुं. | गुप्तचर, जासूस। | ಗುಪ್ತಚರ | गुप्तचर | detective, spy. |
| **खुमानी (खुबानी)** | स्त्री. | एक प्रकार का फल जिसकी गिनती मेवों में होती है। | ಒಂದು ಬಗೆಯ ಹಣ್ಣು | ऒंदु बगॆय हण्णु | apricot. |
| **खुमार (खुमारी)** | पुं. | 1. नशा उतरते समय या उतर जाने के बाद की आलस्यपूर्ण स्थिति; | ಮದ್ಯ ಕುಡಿದ ಅಮಲು ಇಳಿದ ನಂತರದ ಆಲಸ್ಯ; | मद्य कुडिद अमलु इळिद नंतरद आलस्य; | hang-over of a drink; |
| | | 2. रात भर जागने या थके होने के कारण हानेवाली सुस्ती; | ನಿದ್ರೆ ಕೆಟ್ಟದ್ದರಿಂದ ಆದ ಆಲಸ್ಯ; | निद्रॆ कॆट्टद्दरिंद आद आलस्य; | drowsiness left over by inadequate sleep; |
| | | 3. (ला.) आध्यात्मिक प्रेम का नशा या मद। | ಭಗವತ್ಪ್ರೇಮದ ಅಮಲು | भगवत्प्रेमद अमलु | (fig.) intoxication of spiritual love. |
| **खुर** | पुं. | सींगवाले पशुओं के पैरों का अगला सिरा जो बीच से फटा होता है, टाप। | ಗೊರಸು | गॊरसु | hoof. |
| **खुरचन** | स्त्री. | 1. खुरचने की क्रिया या भाव; | ಕೆರೆತ; | कॆरॆत; | scraping, scrape; |
| | | 2. खुरचकर निकाली हुई चीज़; | ಕೆರೆದು ತೆಗೆದ ವಸ್ತು; | कॆरॆदु तॆगॆद वस्तु; | scrapings; |
| | | 3. एक प्रकार की मिठाई जो कड़ाही में से खुरचकर निकाली जाती है। | ಒಂದು ಮಿಠಾಯಿ | ऒंदु मिठायि | a kind of sweet. |
| **खुरचना** | स.क्रि. | किसी चिपकी या जमी हुई वस्तु को कुरेद कर अलग करना, छीलना। | ಕೆರೆದು ತೆಗೆ | कॆरॆदु तॆगॆ | to scrape, to scratch. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| खुरचनी | स्त्री. | खुरचने का औजार। | ಕೆರೆಯುವ ಉಪಕರಣ | कॅरॅयुव उपकरण | an instrument for scraping or scratching, a scraper. |
| खुरदरा | वि. | जिसकी सतह रुक्ष हो, दानेदार। | ಒರಟಾದ ಮೇಲ್ಮೈಯುಳ್ಳ | ऑरटाद मेल्मेयुळ्ळ | rough, coarse. |
| खुरपा | पुं. | जमीन खोदने या घास छीलने का लोहे का एक छोटा औजार। | ಹುಲ್ಲು ಕೆತ್ತುವ ಅಥವಾ ನೆಲವನ್ನಗೆಯುವ ಉಪಕರಣ, ಬಾಚಿ | हुल्लु कॅत्तुव अथवा नॅलवन्नगॅयुव उपकरण, बाचि | a grubbing or scraping instrument. |
| खुरपी | स्त्री. | छोटा खुरपा। | ಕೈಬಾಚಿ | कै बाचि | a small grubbing or scraping instrument. |
| खुरबंदी | स्त्री. | घोड़े आदि के खुरों में नाल जड़ने का काम। | (ಗೊರಸಿಗೆ) ಲಾಳ ಕಟ್ಟುವಿಕೆ | (गॉरसिगॅ) लाळ कट्टुविकॅ | shoeing ( a horse etc.). |
| खुरमा | पुं. | 1. छुहारा नामक सूखा फल | ಖರ್ಜೂರದ ಹಣ್ಣು; | खर्जूरद हण्णु; | date-fruit; |
| | | 2. एक प्रकार की मिठाई। | ಒಂದು ಬಗೆಯ ಮಿಠಾಯಿ | ऑंदु बगॅय मिठायि | a kind of sweetmeat. |
| खुराक | स्त्री. | 1. खाद्य पदार्थ, भोजन, आहार; | ಆಹಾರ; | आहार; | diet, ration; |
| | | 2. एक व्यक्ति का एक समय का (नियत) भोजन; | ಒಂದು ಹೊತ್ತಿನ ಊಟ; | ऑंदु हॉत्तिन ऊट; | one meal of the day, square meal; |
| | | 3. नियत या उचित मात्रा। | ನಿಶ್ಚಿತ ಪ್ರಮಾಣ | निश्चित प्रमाण | dose. |
| खुराकी | स्त्री. | 1. वह धन जो खुराक अर्थात् भोजन करने या भोजन की सामग्री खरीदने के लिए दिया जाए; | ಒಂದು ಹೊತ್ತಿನ ಆಹಾರದ ಖರ್ಚು; | ऑंदु हॉत्तिन आहारद खर्चु; | daily allowance of food or of money to purchase it; |
| | | 2. भोजन की सामग्री। | ಆಹಾರ ವಸ್ತುಗಳು | आहार वस्तुगळु | food stuff. |
| | वि. | जिसकी खुराक बहुत अधिक हो। | ಚೆನ್ನಾಗಿ ತಿನ್ನುವವ | चॅन्नागि तिन्नुवव | eating much, a gourmand. |
| खुराफात | स्त्री. | 1. उपद्रव, शरारत; | ಉಪದ್ರವ, ಗಲಭೆ; | उपद्रव, गलभॅ; | disturbance, mischief, quarrel; |
| | | 2. बेहूदा और भद्दी बातें। | ಅರ್ಥವಿಲ್ಲದ ಕೆಟ್ಟ ಮಾತು | अर्थविल्लद कॅट्ट मातु | senseless or improper speech. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **खुराफ़ाती** | वि. | 1. खुराफ़ात करनेवाला, उपद्रवी, शरारती; | ಗಲಭೆಯನ್ನೆಬ್ಬಿಸುವ; | गलभॆयन्नॆब्बिसुव; | mischievous, quarrelsome; |
| | | 2. बेहूदा तथा भद्दी बातें करनेवाला। | ಕೆಟ್ಟ ಕೆಟ್ಟ ಮಾತನಾಡುವ | कॆट्ट कॆट्ट मतनाडुव | who indulges in senseless and improper talk. |
| **खुरी** | स्त्री. | 1. खुर या टाप का चिह्न; | ಗೊರಸಿನ ಗುರುತು | गॊरसिन गुरुतु; | mark made by hoof of a quadruped; |
| | | 2. टाप | ಗೊರಸಿನ ಶಬ್ದ | गॊरसिन शब्द | a hoof. |
| **खुर्दबीन** | स्त्री. | सूक्ष्मदर्शक यंत्र। | ಸೂಕ್ಷ್ಮದರ್ಶಕ ಯಂತ್ರ, | सूक्ष्मदर्शक यंत्र | microscope. |
| **खुर्राट** | वि. | 1. चालाक, चालबाज; | ಮೋಸಗಾರ; | मोसगार; | clever, cunning; |
| | | 2. अनुभवी, बड़ा-बूढ़ा, वृद्ध। | ಅನುಭವಸ್ಥ, ಮುದುಕ | अनुभवस्त, मुदुक | experienced, old. |
| **खुलना** | अ.क्रि. | 1. आवरण हटना, अनावृत होना; | ಹೊದಿಕೆಯನ್ನು ತೆಗೆ; | हॊदिकॆयन्नु तॆगॆ; | to be uncovered; |
| | | 2. लिपटी या लपेटी हुई वस्तु का अपने स्थान से अलग होना; | ಸಡಿಲಾಗು; | सडिलागु; | to get loose. |
| | | 3. बंधी हुई चीज़ का बंधन न रहना; | ಕಟ್ಟು ಬಿಚ್ಚು; | कट्टु बिच्चु; | to be untied; |
| | | 4. किवाड़ों का इधर-उधर हो जाना; | ತೆರೆ; | तॆरॆ; | to be opened (as the door etc.); |
| | | 5. किसी चीज़ का सार्वजनिक उपभोग के लिए सुगम होना; | ಸಾರ್ವಜನಿಕರಿಗಾಗಿ ತೆರೆದಿಡು | सार्वजनिकरिगागि तॆरॆदिडु | to be declared open for public use; |
| | | 6. मोड़ी या तह की हुई वस्तु का फैलना; | ಮಡಿಕೆ ಬಿಚ್ಚಿ ಹರಡು; | मडिकॆ बिच्चि हरहु; | to be expanded, widened or enlarged; |
| | | 7. जोड़ या टांका टूटना या अलग होना; | ಹೊಲಿಗೆ ಬಿಚ್ಚಿಹೋಗು | हॊलिगॆ बिच्चि होगु; | to be broken (as joint, stitch etc.); |
| | | 8. यांत्रिक साधन से बंद की हुई चीज़ में विपरीत क्रिया द्वारा ऐसी स्थिति कि वह बंद न रह जाए; | ಮುಚ್ಚಿದ್ದನ್ನು ತೆಗೆ | मुच्चिद्दन्नु तॆग | to be switched on; |
| | | 9. यांत्रिक कल पुर्जों का अलग-अलग होना; | ಯಂತ್ರದ ಅಂಗಗಳು ಬಿಚ್ಚಿ ಬೇರೆಯಾಗು; | यंत्रद अंगगळु बिच्चि बेरॆयागु; | to be disintegrated (as constituent parts etc.); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 10. छेद होना; | ತೂತಾಗು; | तूतागु; | to have a hole made; |
| | | 11. बादल, धुँध, आदि का छिन्न भिन्न होकर हट जाना; | ಮೋಡಗಳು ಇಲ್ಲದಂತಾಗು | मोडगळु इल्लंदतागु; | to be dispersed (as clouds etc.), to be cleared; |
| | | 12. स्थापित या परिपालित होना; | (ಸಂಸ್ಥೆ ಉದ್ಯೋಗ ಆದಿ) ಸ್ಥಾಪಿತವಾಗು; | (संस्थे उद्योग आदि) स्थापितवागु; | to be set up, established or started; |
| | | 13. आरंभ होना; | (ಶಾಲೆ ಆದಿ) ಆರಂಭವಾಗು; | (शाले आदि) आरंभवागु; | to begin, to commence (as a work etc.); |
| | | 14. अभ्यस्त होना; | ಅಭ್ಯಾಸವಾಗು; | अभ्यासवागु; | to get accustomed; |
| | | 15. समझ में आना; | ತಿಳಿವಳಿಕೆಗೆ ಬರು; | तिळिवळिकॆगॆ बरु; | to become clear, evident or intelligible; |
| | | 16. रहस्य प्रकट होना; | ರಹಸ್ಯ ಹೊರ ಬೀಳು; | रहस्य हॊर बीळु; | to be unfolded, revealed, disclosed; |
| | | 17. स्वच्छन्द होना। | ಸ್ವತಂತ್ರವಾಗು | स्वतंत्रवागु | to be set free (from restraint or control etc.). |
| **खुलकर** | क्रि.वि. | 1. निःसंकोच, स्वच्छन्दतापूर्वक; | ನಿಸ್ಸಂಕೋಚವಾಗಿ, ಸ್ವತಂತ್ರವಾಗಿ; | निस्संकोचवागि; स्वतंत्रवागि; | openly, publicly, freely, without restraint or hesitation; |
| | | 2. अच्छी तरह, बिना किसी बाधा के। | ಯಾವ ಅಡ್ಡಿ ಆತಂಕವೂ ಇಲ್ಲದ | यावअड्डि आतंकवू इल्लदॆ | without obstruction or obstacle. |
| **खुलवाना** | स.क्रि. | खोलने का काम दूसरे से करवाना। | ತೆರೆಸುವುದು; | तॆरॆसुवुदु, | to cause to be opened. |
| **खुला** | वि. | 1. जो बंद या भेड़ा हुआ न हो; | ತೆರೆದ; | तॆरॆद; | open, unclosed, not shut up; |
| | | 2. बंधन-रहित; | ಬಿಚ್ಚಿದ; | बिच्चिद; | not tied up, not fastened; |
| | | 3. निर्बाध, बेरोक; | ಅಡಚಣೆಯಿಲ್ಲದ; | अडचणॆयिल्लद; | unrestricted, unrestrained; |
| | | 4. लंबा-चौड़ा, विस्तृत; | ವಿಶಾಲವಾದ; | विशालवाद; | wide, broad, expanded, spacious; |
| | | 5. (मशीन आदि) जिसका | ಕೆಲಸ ಮಾಡಲು ಯೋಗ್ಯಗೊಳಿಸಿದ (ಯಂತ್ರ ಆದಿ); | कॆलस माडलु योग्यगॊळिसिद (यन्त्र आदि); | switched on; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | पेच घुमाकर काम करने की स्थिति में कर दिया गया हो; | | | |
| | | 6. आवरण-रहित, अनाच्छादित; | ಹೊರಬಿದ್ದ; | हॊरबिद्द; | uncovered, exposed, bare, naked; |
| | | 7. साफ, स्पष्ट; | ಸ್ಪಷ್ಟವಾದ; | स्पष्टवाद; | plain, clear; |
| | | 8. अलग-अलग (कागज आदि)। | ಬೇರೆ-ಬೇರೆಯಾದ | बेरॆ-बेरॆयाद | loose, detached. |
| खुलासा | पुं. | सारांश। | ಸಾರಾಂಶ | सारांश | summary, gist. |
| | वि. | साफ, स्पष्ट। | ಸ್ಪಷ್ಟ | स्पष्ट | clear. |
| खुले आम | क्रि. वि. | खुलकर और सबके सामने, प्रत्यक्ष रूप से। | ಎಲ್ಲರೆದುರಿಗೆ, ಪ್ರತ್ಯಕ್ಷವಾಗಿ | ऍल्लरॆदुरिगॆ, प्रत्यक्षवागि | openly, publicly, unhesitatingly, without reserve. |
| खुल्लमखुल्ला | क्रिवि. | दे. 'खुले आम'। | ನೋಡಿ "खुलेआम" | नोडि "खुलेआम" | see 'खुले आम'. |
| खुश | वि. | प्रसन्न, संतुष्ट, सुखी। | ಪ್ರಸನ್ನ, ಸಂತೋಷದಿಂದಿರುವ | प्रसन्न, संतोषदिंदिरुव | pleased, happy, contented. |
| खुशकिस्मत | वि. | अच्छे भाग्यवाला, भाग्यवान। | ಅದೃಷ್ಟವಂತ, ಭಾಗ್ಯವಂತ | अदृष्टवंत, भाग्यवंत | fortunate, lucky. |
| खुशकिस्मती | स्त्री. | सौभाग्य, अच्छी किस्मत। | ಅದೃಷ್ಟ, ಭಾಗ್ಯ | अदृष्ट, भाग्य | good fortune, luck. |
| खुशखबरी | स्त्री. | प्रसन्न करनेवाला समाचार, शुभ समाचार। | ಒಳ್ಳೆಯ ಸಮಾಚಾರ | ऑळ्ळॆय समाचार | good news. |
| खुशनसीब | वि. | भाग्यवान, सौभाग्यशाली। | ಭಾಗ್ಯವಂತ | भाग्यवंत | fortunate, lucky. |
| खुशनसीबी | स्त्री. | सौभाग्य। | ಭಾಗ್ಯ, ಅದೃಷ್ಟ | भाग्य, अदृष्ट | good fortune, luck. |
| खुशबू | स्त्री. | 1. सुगंध; | ಸುಗಂಧ; | सुगंध; | fragrance, aroma, sweet smell; |
| | | 2. सुगंधि देनेवाला पदार्थ, सुगंधि। | ಸುಗಂಧ ದ್ರವ್ಯ | सुगंध द्रव्य | perfume, scent. |
| खुशबूदार | वि. | सुगंधयुक्त। | ಸುಗಂಧದಿಂದ ಕೂಡಿದ | सुगंधदिंद कूडिद | sweet-smelling, fragrant, perfumed. |
| खुशमिजाज | वि. | 1. प्रसन्न रहनेवाला, हंसमुख; | ಹಸನ್ಮುಖ; | हसन्मुख; | cheerful, gay; |
| | | 2. अच्छे स्वभाववाला। | ಒಳ್ಳೆಯ ಸ್ವಭಾವವುಳ್ಳ | ऑळ्ळॆय स्वभाव-वुळ्ळ | good-tempered. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **खुशहाल** | वि. | सुखी। | ಒಳ್ಳೆಯ ಸ್ಥಿತಿಯಲ್ಲಿರುವ | ऑळ्ळॅय स्थिति-यल्लिरुव | prosperous, happy. |
| **खुशहाली** | स्त्री. | सुख-संपन्नता। | ಉತ್ತಮ ಸ್ಥಿತಿ | उत्तम स्थिति | prosperity. |
| **खुशामद** | स्त्री. | किसी को प्रसन्न करने के लिए की जानेवाली झूठी प्रशंसा, चापलूसी। | ಮುಖಸ್ತುತಿ | मुखस्तुति | flattery, adulation. |
| **खुशामदी** | वि.,पुं. | खुशामद करनेवाला (व्यक्ति), चापलूस। | ಮುಖಸ್ತುತಿ ಮಾಡುವ | मुखस्तुति माडुव | flattering (person), flatterer. |
| **खुशी** | स्त्री. | प्रसन्नता। | ಸಂತೋಷ | संतोष | pleasure, joy. |
| **खुशी-खुशी** | क्रि. वि. | प्रसन्नतापूर्वक। | ಸಂತೋಷವಾಗಿ | संतोषवागि | happily, gladly, cheerfully. |
| **खुश्क** | वि. | 1. जो तर न हो, सूखा; | ಒಣಗಿದ; | ऑणगिद; | dry; |
| | | 2. रूखे स्वभाव का, अरसिक; | ರಸಿಕತೆಯಿಲ್ಲದ; | रसिकतॆयिल्लद; | emotionless; |
| | | 3. जिसमें घी न लगा हो, चिकनाई रहित (रोटी आदि)। | ತುಪ್ಪ-ಜಿಡ್ಡಿಲ್ಲದ ರೊಟ್ಟಿ ಆದಿ | तुप्पजिड्डिल्लद रॉट्टि आदि | to which ghee or fat has not been added (as a bread etc.). |
| **खुश्की** | स्त्री. | 1. सूखापन, शुष्कता; | ಶುಷ್ಕತೆ; | शुष्कतॆ; | **dryness;** |
| | | 2. रूखापन, स्निग्धता से रहित होना; | ಒಣಗಿರುವಿಕೆ; | ऑणगिरुविकॆ; | **ungreasiness;** |
| | | 3. रूखी; | ತಲೆಗೂದಲ ಬುಡದ ಹೊಟ್ಟು; | तलॆगूदल बुडद हॊट्टु; | **dandruff;** |
| | | 4. ऐसी जमीन जो जल से परे या दूर हो, स्थल। | ಖುಶ್ಕಿ ಜಮೀನು | खुश्कि जमीनु | **dry land.** |
| **खुसुर-पुसुर** | स्त्री. | कान के पास मुंह ले जाकर बहुत धीमी आवाज़ में की जानेवाली बातचीत, कानाफूसी। | ಪಿಸುಮಾತು | पिसुमातु | whispering. |
| | क्रि. वि. | उक्त प्रकार की बहुत धीमी आवज़ से। | ಪಿಸುಮಾತಿನಿಂದ | पिसुमातिनिंद | in whispers, in very low tones. |
| **खूंखार-(खूंख्वार)** | वि. | 1. खून पीनेवाला, हिंसक; | ರಕ್ತಪಿಪಾಸು; | रक्तपिपासु; | blood-thirsty, murderous, deadly; |
| | | 2. भयंकर; | ಭಯಂಕರ; | भयंकर; | ferocious, fearful, terrible; |
| | | 3. क्रूर, निर्दय। | ದಯಾಹೀನ | दयाहीन | cruel. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **खूंट** | पुं. | 1. छोर, सिरा; | ಮೂಲೆ; | मूलॆ; | corner; |
| | | 2. मकान की मजबूती के लिए कोनों पर लगाया जानेवाला पत्थर; | ಕಟ್ಟಡದ ಮೂಲೆಗಳಲ್ಲಿ ಭದ್ರತೆಗಾಗಿ ಇಡುವ ಕಲ್ಲು; | कट्टडद मूलॆगळल्लि भद्रतॆगागि इडुव कल्लु; | corner-stone; |
| | | 3. दिशा, ओर, तरफ; | ದಿಶೆ; | दिशॆ; | direction; |
| | | 4. किसी ओर का भाग या प्रांत। | ಎಲ್ಲೆಕಟ್ಟು | ऎल्लॆकट्टु | border, side. |
| | स्त्री. | कान का मैल। | ಕಿವಿಯ ಕೊಳೆ | किविय कॊळॆ | ear-wax, cerumen. |
| **खूंटा** | पुं. | पशु आदि बांधने के लिए जमीन में गड़ी लकड़ी आदि का टुकड़ा। | ಗೂಟ | गूट | stake, peg. |
| **खूंटी** | स्त्री. | 1. छोटा खूंटा; | ಚಿಕ್ಕ ಗೂಟ, ಮೊಳೆ; | चिक्क गूट, मॊळॆ; | a peg, small stake; |
| | | 2. दीवार में कोई चीज टांगने आदि के लिए गाड़ी गई कील आदि; | ಗೂಟ; | गूट; | pin, spike, peg; |
| | | 3. फसल काट लेने पर खेतों में बचे हुए खूंटों की तरह निकले हुए डंठल; | ಕೂಳೆ; | कूळॆ; | stump of corn left after reaping the harvest; |
| | | 4. सितार, सारंगी आदि में जड़ी छोटी मेख; | ತಂತಿ ವಾದ್ಯಗಳ ಕಿವಿ; | तंति वाद्यगळ किवि; | ear of a stringed musical instrument; |
| | | 5. बाल की जड़ जो उस्तरे से मूंडने के बाद रह जाती है। | ಕ್ಷೌರದ ನಂತರದ ಕೂದಲಿನ ಕೂಳೆ | क्षौरद नंतरद कूदलिन कूळॆ | root of the hair. |
| **खूंदना** | अ. क्रि. | 1. पैर उठा कर जल्दी-जल्दी भूमि पर पटकना; | ಕಾಲಿನಿಂದ ತುಳಿ; | कालिनिंद तुळि; | to stamp (one's feet on the ground), to paw; |
| | | 2. पैरों से कुचलना, रौंदना। | ಕಾಲಿನಿಂದ ಹೊಸಕು | कालिनिंद हॊसकु | to trample. |
| **खून** | पुं. | 1. रक्त, रुधिर, लहू; | ರಕ್ತ; | रक्त; | blood; |
| | | 2. हत्या। | ಖೂನಿ, ಹತ್ಯೆ | खूनि, हत्यॆ | murder. |
| **खून-खराबा (खून-खराबी)** | पुं. | 1. मार-काट, रक्तपात; | ರಕ್ತಪಾತ; | रक्तपात; | bloodshed; |
| | | 2. हत्याकांड, कत्लेआम। | ಕಗ್ಗೊಲೆ | कग्गॊलॆ | massacre. |
| **खूनी** | पुं. | हत्यारा। | ಕೊಲೆಪಾತಕ | कॊलॆपातक | murderer, assassin. |
| | वि. | 1. रक्तपिपासु, हिंसक; | ರಕ್ತಪಿಪಾಸು; | रक्तपिपासु; | blood-thirsty; |
| | | 2. गहरा लाल; | ಕೆಂಬಣ್ಣ; | कॆंबण्ण; | dark red; |
| | | 3. खून संबंधी, खून का। | ರಕ್ತದ | रक्तद | relating to blood, bloody, bleeding. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **खूब** | वि. | अच्छा, बढ़िया। | ಚೆನ್ನಾಗಿರುವ | चॆन्नागिरुव | nice, good. |
| | क्रि.वि. | अच्छी तरह से, भलीभांति। | ಚೆನ್ನಾಗಿ | चॆन्नागि | beautifully, well, abundantly. |
| **खूबसूरत** | वि. | सुंदर। | ಸುಂದರವಾದ | सुंदरवाद | beautiful, handsome. |
| **खूबसूरती** | स्त्री. | सुंदरता। | ಸೌಂದರ್ಯ | सौंदर्य | beauty, handsomeness, elegance. |
| **खूबी** | स्त्री. | 1. गुण, विशेषता; | ವಿಶೇಷತೆ; | विशेषतॆ; | quality, speciality; |
| | | 2. अच्छाई। | ಒಳ್ಳೆಯತನ | ऒळ्ळॆयतन | goodness, merit. |
| **खूसट** | वि. | 1.निकम्मा, जीर्ण, जर्जर; | ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ಬಾರದ, ಹಳತಾದ; | कॆलसक्कॆ बारद, हळताद; | decrepit, useless, worthless; |
| | | 2. मनहूस; | ಅಪಲಕ್ಷಣವಾದ; | अवलक्षणवाद; | inauspicious; |
| | | 3. मूर्ख। | ಮೂರ್ಖ | मूर्ख | foolish. |
| **खेड़ा** | पुं. | 1. छोटा गांव; | ಚಿಕ್ಕಹಳ್ಳಿ; | चिक्क हळ्ळि; | small village, hamlet; |
| | | 2. कच्चा मकान। | ಮಣ್ಣಿನ ಮನೆ | मण्णिन मनॆ | mud house. |
| **खेत** | पुं. | 1. वह भूखंड जो फसल उपजाने के लिए जोता-बोया जाए; | ಹೊಲ; | हॊल; | field, farm; |
| | | 2. खेत की खड़ी फसल; | ಬೆಳೆದು ನಿಂತ ಬೆಳೆ; | बॆळॆदु निंत बॆळॆ; | standing crop; |
| | | 3. युद्धक्षेत्र। | ಯುದ್ಧಭೂಮಿ | युद्धभूमि | battle-field. |
| **खेतिहर** | पुं. | खेती करनेवाला, किसान, कृषक। | ಕೃಷಕ, ರೈತ | कृषक, रैत | farmer, peasant, cultivator. |
| **खेती** | स्त्री. | 1. खेत को जोतने-बोने और उससे अन्न उपजाने की कला तथा कार्य, कृषि-कर्म; | ವ್ಯವಸಾಯ, ಬೇಸಾಯ; | व्यवसाय, बेसाय, | farming, cultivation, agriculture; |
| | | 2. खेत में बोई हुई फसल। | ಬಿತ್ತಿದ ಬೆಳೆ | बित्तिद बॆळॆ | crop (sown in the field). |
| **खेती-बारी (खेती-बाड़ी)** | स्त्री. | 1. कृषिकर्म; | ಬೇಸಾಯ; | बेसाय; | farming, agriculture, agricultural undertaking; |
| | | 2. फसल। | ಬೆಳೆ | बॆळॆ | crop. |
| **खेद** | पुं. | दुःख। | ದುಃಖ | दुःख | regret, sorrow. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **खेदजनक** | वि. | दुःखदायी। | ದುಃಖದಾಯಕ | दुखदायक | regrettable, sorrowful. |
| **खेदा** | पुं. | जंगली हाथियों के झुंड पकड़ने की वह क्रिया या ढंग जिसमें वे चारों ओर से खदेड़कर एक घेरे के अंदर लाकर फंसाए जाते हैं। | ಆನೆಗಳನ್ನು ಹಿಡಿಯುವುದಕ್ಕಾಗಿ ಮಾಡುವ ಏರ್ಪಾಡುಗಳು, ಖೆಡ್ಡಾ | आनॆगळन्नु हिडियुवुदक्कागि माडुव एर्पाडुगळु, खॆड्डा | the act of driving wild elephants to bring them into a trap or an enclosure in order to catch them. |
| **खेना** | स.क्रि. | 1. नाव चलाने के लिए डांड मारना; | ಹುಟ್ಟುಹಾಕು; | हुट्टुहाकु; | to row; |
| | | 2. कष्टपूर्वक दिन बिताना, दिन काटना। | ಕಷ್ಟದಿಂದ ದಿನ ಕಳೆ | कष्टदिंद दिन कळॆ | to pass time (with trouble). |
| **खेप** | स्त्री. | 1. उतनी वस्तुएं या आदमी जितने एक बार में एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाएं; | ಒಮ್ಮೆ ರವಾನಿಸ ಬಹುದಾದಷ್ಟು ಸಾಮಾನು ಅಥವಾ ಜನ; | ऑम्मॆ रवानिस बहुदादष्टु सामानु अथवा जन; | quantity or number transported in one lot; |
| | | 2. सामान आदि लादकर हर बार एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने की क्रिया। | ಒಂದೆಡೆಯಿಂದ ಮತ್ತೊಂದೆಡೆಗೆ ಸಾಮಾನು ಸಾಗಿಸುವಿಕೆ | ऑंदॆडॆयिंद मत्तॊंदॆडॆगॆ सामानु सागिसुविकॆ | trip. |
| **खेमा** | पुं. | 1. तंबू; | ಡೇರ; | डेर; | tent; |
| | | 2. बांस आदि की सहायता से तंबू को जमीन पर खड़ा करके बनाया हुआ घर। | ಗುಡಾರ | गुडार | camp. |
| **खेल** | पुं. | 1. मनबहलाव या व्यायाम के लिए या केवल चित के उल्लास के लिए किया जानेवाला काम, क्रीड़ा; | ಆಟ, ವ್ಯಾಯಾಮ, ಕ್ರೀಡೆ; | आट, व्यायाम, क्रीडॆ; | game, play, sport; |
| | | 2. तमाशा; | ತಮಾಶೆ; | तमाशॆ; | show; |
| | | 3. बहुत साधारण या तुच्छ काम; | | | a trivial work; |
| | | 4. कोई अद्भुत या विचित्र काम। | ಪವಾಡ | पवाड | wonderful work, marvel, miracle. |
| **खेलकूद** | स्त्री. | 1. खेल, क्रीड़ा; | ಆಟ; | ओट; | sports, play and sport; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. (बच्चों की) उछलकूद, आमोद-प्रमोद, कलोल। | ಮಕ್ಕಳ ಆಟ | मक्कळ आट | fun and frolic. |
| **खेलना** | अ.क्रि. | 1. मन बहलाने या व्यायाम के लिए इधर-उधर उछलना, कूदना, दौड़ना आदि शारीरिक क्रियाएं करना; | ವ್ಯಾಯಾಮ ಮಾಡು, ಆಟವಾಡು; | व्यायाम माडु, आटवाडु; | to play, to sport, to frisk, to frolic; |
| | | 2. परिणामों का ध्यान छोड़कर कोई काम करना, खेलवाड़ या मजाक समझकर कोई काम करना। | ಪರಿಣಾಮವನ್ನು ಗಮನಿಸದೆ ಕೆಲಸ ಮಾಡು | परिणामवन्नु गमनिसदे केलस माडु | to do any work without caring for its consequences, to do any work considering it to be a trivial one. |
| | स.क्रि. | 1. मन बहलाने के लिए किसी खेल में सम्मिलित होना; | ಆಟಕ್ಕೆ ಸೇರು; | आटक्के सेरु; | to play at or with; |
| | | 2. अभिनय करना; | ಅಭಿನಯಿಸು; | अभिनयिसु; | to stage (as a drama); |
| | | 3. धन लगाकर हारजीत की बाजी में शामिल होना। | ಜೂಜಾಡು | जूजाडु | to gamble. |
| **खेलाना** | स.क्रि. | 1. किसी को खेल में लगाना; | ಆಟವಾಡಿಸು; | आटवाडिसु; | to cause to play; |
| | | 2. दुलारना; | ಪ್ರೀತಿ ಮಾಡು; | प्रीतिमाडु; | to dandle; |
| | | 3. कौशलपूर्ण आचरण या हस्तलाघव द्वारा किसी को थकाना या शिथिल करना। | ಜಾಣ್ಮೆ ಅಥವಾ ಕೈ ಚಳಕದಿಂದ ದಣಿಯುವಂತೆ ಮಾಡು | जाण्मे अथवा कै चळकदिंद दणियुवंते माडु | to make tired, wearied or fatigued by feats of skill. |
| **खेवट** | पुं. | 1. पटवारी का एक कागज़ जिसमें खेत के हर एक पट्टीदार का नाम और हिस्सा तथा मालगुजारी की रकम लिखी होती है; | ಜಮೀನಿನ ಮಾಲೀಕನ ಪಟ್ಟಾ, ಹೆಸರು, ಕಂದಾಯ ಆದಿಗಳ ಲೆಕ್ಕವಿರುವ ಕಾಗದ ಪತ್ರಗಳು; | जमीनिन मालीकन-पट्टा, हेसरु, कंदाय आदिगळ लेक्कविरुव कागद पत्रगळु; | land-recod of shares, register of mutations; |
| | | 2. मल्लाह, केवट। | ಅಂಬಿಗ | अंबिग | rower, boatman. |
| **खेवनहार** | पुं. | 1. नाव खेनेवाला, केवट; | ಅಂಬಿಗ; | अंबिग; | rower, boatman; |
| | | 2. पार लगानेवाला। | ದಾಟಿಸುವವ | दाटिसुवव | one who takes across. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **खेवा** | पुं. | 1. लदी हुई नाव को एक स्थान से दूसरे स्थान पर खेकर ले जाने की क्रिया; | ಹರಿಗೋಲನ್ನು ನಡೆಸುವಿಕೆ; | हरिगोलन्नु नडॆसुविकॆ; | ferry-trip; |
| | | 2. उक्त की मजदूरी; | ದೋಣಿ ಸಾಗಣೆ ಕೂಲಿ; | दोणि सागणॆ कूलि; | ferry-toll, wharfage; |
| | | 3. कोई वस्तु लादकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने की क्रिया या भाव; | ವಸ್ತುವನ್ನು ಒಂದೆಡೆಯಿಂದ ಮತ್ತೊಂದೆಡೆಗೆ ಸಾಗಿಸುವಿಕೆ; | वस्तुवन्नु ऒंदॆडॆयिंद मत्तॊंदॆडॆगॆ सागिसुविकॆ; | a trip in general, transportation of a thing from one place to another; |
| | | 4. उतनी वस्तु जितनी एक बार में ढोकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाई जाए, खेप; | ಒಮ್ಮೆ ಸಾಗಿಸ ಬಹುದಾದಷ್ಟು ಸಾಮಗ್ರಿ; | ऒम्मॆ सागिस बहुदादष्टु सामग्रि; | quantity or number transported in one lot; |
| | | 5. कोई कार्य एक बार में पूरा करने का समय। | ಕೆಲಸವನ್ನು ಮಾಡಿ ಮುಗಿಸುವಷ್ಟು ಸಮಯ | कॆलसवन्नु माडि मुगिसुसुवष्टु समय | the time in which a work is to be finished. |
| **खेवाई** | स्त्री. | 1. नाव खेने की क्रिया; | ನಾವೆಯನ್ನು ನಡೆಸುವಿಕೆ; | नावॆयन्नु नडॆसुविकॆ; | work of rowing, ferrying; |
| | | 2. उक्त की मजदूरी। | ನಡೆಸಿದುದರ ಕೂಲಿ | नडॆसिदुदर कूलि | wharfage, ferry-toll. |
| **खेस** | पुं. | करघे पर बुना हुआ एक प्रकार का मोटा कपड़ा जो बिछाने या ओढ़ने के काम आता है। | ದುಪ್ಪಟಿ, ಹೊದಿಕೆ | दुप्पटि, हॊदिकॆ | thick cotton sheet. |
| **खैर** | पुं. | 1. एक प्रकार का बबूल, कथकीकर; | ಒಂದು ಬಗೆಯ ಜಾಲಿ ಮರ; | ऒंदु बगॆय जालि मर; | the tree Acacia catechu; |
| | | 2. कत्था। | ಕಾಚು | काचु | catechu. |
| | स्त्री. | कुशल, क्षेम। | ಕುಶಲ, ಕ್ಷೇಮ | कुशल, क्षेम | well-being, welfare. |
| | अव्य. | अच्छा, अस्तु, ऐसा ही सही। | ಸರಿ, ಹಾಗೇ ಆಗಲಿ | सरि, हागे आगलि | all-right, well, let it be so. |
| **खैरखाह (खैरख्वाह)** | पुं. वि. | भलाई चाहनेवाला, शुभचिंतक। | ಹಿತೈಷಿ | हितैषि | well-wisher, friend. |
| **खैरात** | स्त्री. | दान या दान के रूप में दिया गया धन या पदार्थ। | ದಾನ | दान | charity, alms. |
| **खैराती** | वि. | दान या दान के रूप में या दान के धन से चलनेवाला, धर्मार्थ संचालित। | ಧರ್ಮಾರ್ಥ | धर्मार्थ | charitable. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **खैरियत** | स्त्री. | कुशल-क्षेम, कल्याण, भलाई। | ಕುಶಲ ಕ್ಷೇಮ | कुशल क्षेम | welfare, well-being, safety. |
| **खोंच** | पुं. | 1. नुकीली वस्तु से छिल जाने से पड़ा हुआ निशान, खरोंच; | ಮೊನೆ ತಗುಲಿ ಹರಿದ ಗುರುತು, ಭಾಗ | मॉनॅ तगुलि हरिद गुरुतु, भाग | scratch; |
| | | 2. नुकीली वस्तु से कपड़े का थोड़ा-सा फटा हुआ अंश। | | | torn portions of clothes scratched by thorns, hooks etc. |
| **खोंचा** | पुं. | 1. फेरीवालों की टोकरी जिसमें वे बेचने का सामान रखते हैं; | ತಿರುಗು ವ್ಯಾಪಾರಿಯ ಸಾಮಾನಿನ ಬುಟ್ಟಿ; | तिरुगु व्यापारिय सामानिन बुट्टि; | vendor's or pedlar's selling basket; |
| | | 2. बहेलियों का चिड़िया फंसाने का लंबा बांस। | ಪಕ್ಷಿಗಳನ್ನು ಹಿಡಿಯಲು ಬಲೆ ಕಟ್ಟಿದ ನೀಳವಾದ ಬಿದಿರಿನ ಗಳು | पक्षिगळन्नु हिडियलु बलॅ कट्टिद नीळवाद बिदिरिन गळु | the long bamboo of a fowler for catching bird. |
| **खोंपना** | स. क्रि. | कोई नुकीली चीज़ गड़ाना या धंसाना, भोंकना, घोंपना। | ತಿವಿಯು, ಇರಿಯು | तिवियु, इरियु | to pierce, to penetrate. |
| **खोंसना (खोसना)** | स. क्रि. | 1. डालना, प्रवेश कराना; | ಸೇರಿಸು; | सेरिसु; | to insert; |
| | | 2. घोंपना, घुसेड़ना; | ಚುಚ್ಚು; | चुच्चु; | to thrust, to pierce; |
| | | 3. अटकाना, फंसाना। | ಸಿಕ್ಕಿಸು | सिक्किसु | to noose, to ensnare. |
| **खोखला** | वि. | 1. जिसके भीतर कुछ न हो, भीतर से रिक्त; | ಟೊಳ್ಳಾದ; | टॉळ्ळाद; | hollow, empty, containing nothing; |
| | | 2. निस्सार, थोथा। | ನಿಸ್ಸಾರವಾದ | निस्सारवाद | unsubstantial, immaterial, worthless. |
| **खोखा** | पुं. | लकड़ी के पट्टों का बना हुआ आधान, घर आदि। | ಹಲಗೆಯಿಂದ ಮಾಡಿದ ಪೆಟ್ಟಿ ಅಥವಾ ಕೇಸ್ | हलगॅयिंद माडिद पॅट्टि अथवा केस् | wooden case or structure. |
| **खोज** | स्त्री. | 1. खोई हुई वस्तु को ढूंढने या पता लगाने का काम; | ಹುಡುಕುವಿಕೆ; | हुडुकुविकॅ; | discovery; |
| | | 2. छिपी हुई या अज्ञात वस्तु का पता लगाने का काम; | ಪತ್ತೆ, ಹಚ್ಚುವಿಕೆ; | पर्त्ते हच्चुविकॅ; | exploration, quest; |
| | | 3. अनुसंधान या शोध; | ಅನುಸಂಧಾನ; | अनुसंधान; | research; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. किसी व्यक्ति या पशु के चलने से जमीन या मिट्टी पर बननेवाला चिह्न, निशान; | ಜಾಡು ಪತ್ತೆ, ಹಿಡಿಯುವಿಕೆ; | जाडु पत्तॆ हिडियुविकॆ; | trace, track; |
| | | 5. जांच, छानबीन। | ಪರೀಕ್ಷಿಸುವಿಕೆ | परीक्षिसुविकॆ | investigation, inquiry, search. |
| **खोजना** | स.क्रि. | 1. खोई हुई वस्तु को ढूंढना; | ಹುಡುಕು; | हुडुकु; | to discover, to search etc.; |
| | | 2. अज्ञात या छिपी हुई वस्तु का पता लगाना; | ಪತ್ತೆ ಹಚ್ಚು; | पत्तॆ हच्चु; | to explore; |
| | | 3. अनुसंधान या शोध करना; | ಅನುಸಂಧಾನ ಮಾಡು; | अनुसंधान माडु; | to make research; |
| | | 4. जांच करना, छानबीन करना। | ಪರೀಕ್ಷಿಸು | परीक्षिसु | to search, to seek, to investigate. |
| **खोजवाना** | स.क्रि. | खोजने का काम दूसरे से कराना। | ಹುಡುಕಿಸು | हुडुकिसु | to cause to be searched, investigated etc. |
| **खोजी** | वि. | 1. खोजनेवाला, ढूंढनेवाला; | ಹುಡುಕುವ; | हुडुकुव; | investigator, discoverer; |
| | | 2. सूक्ष्मता से चिंतन करनेवाला। | ಅನ್ವೇಷಕ | अन्वेषक | searching, seeking; |
| | पुं. | वह व्यक्ति जो पैरों के चिह्न देखकर चोरों आदि का पता लगाता हो। | ಪತ್ತೇದಾರ | पत्तेदार | tracker, tracer, detective. |
| **खोट** | स्त्री. | 1. दोष; | ದೋಷ; | दोष; | defect, flaw; |
| | | 2. किसी कार्य या व्यक्ति के प्रति मन में होनेवाली बुरी भावना; | ಕೆಟ್ಟ ಭಾವನೆ; | कॆट्ट भावनॆ; | malice, ill-will; |
| | | 3. दूसरों को ठगने के लिए किसी अच्छे पदार्थ में मिलाया हुआ निकृष्ट पदार्थ। | ಖೋಟಾ (ಪದಾರ್ಥ, ಮನುಷ್ಯ ಆದಿ) | खोटा (पदार्थ, मनुष्य आदि) | alloy. |
| **खोटा** | वि. | 1. नकली, झूठा, बनावटी; | ನಕಲು, ಕೃತಕ, ಕೃತ್ರಿಮ; | नकलु, कृतक, कृत्रिम; | counterfeit, spurious, forged; |
| | | 2. मिलावटी; | ಮಿಶ್ರಣವಾದ; | मिश्रणवाद; | alloyed, adulterated; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. कपटी, धोखेबाज; | ಮೋಸದ; | मोसद; | deceitful, dishonest, fraudulent; |
| | | 4. अनुचित और बुरा, निकृष्ट। | ನಿಕೃಷ್ಟವಾದ | निकृष्टवाद | faulty, censurable, bad, vicious. |
| खोटापन | पुं. | खोटे होने की अवस्था, गुण या भाव, खोटाई। | ಮೋಸಗಾರಿಕೆ, ಕೃತ್ರಿಮತೆ | मोसगारिकॆ, कृत्रिमतॆ | the state or quality of being 'खोटा'. |
| खोदना | स. क्रि. | 1. कुदाल आदि से जमीन पर आघात करके गड्ढा बनाना; | (ನೆಲ) ಅಗೆ; | (नॆल) अगॆ; | to dig; |
| | | 2. उक्त क्रिया द्वारा किसी चीज़ पर बनी, लगी या अंदर पड़ी हुई वस्तु बाहर निकालना, खोदकर निकालना; | ಅಗೆದು ತೆಗೆ; | अगॆदु तॆगॆ; | to dig out, to excavate; |
| | | 3. नक्काशी करना; | (ಚಿತ್ರ) ಕೊರೆ; | (चित्र) कॊरॆ | to engrave, to carve; |
| | | 4. कोई बात जानने के लिए किसी से तरह-तरह के प्रश्न करना; | (ಪ್ರಶ್ನೆ ಮಾಡಿ) ಪತ್ತೆಹಚ್ಚು; | (प्रश्न माडि) पत्तॆ हच्चु; | to inquire closely, to make a searching enquiry, to investigate; |
| | | 5. किसी के अंग में उंगली आदि गड़ाना या उससे दबाना; | ಬೆಟ್ಟಿನಿಂದ ಅದುಮು; | बॆट्टिनिंद अदुमु; | to press with a stick, finger etc. |
| | | 6. उत्तेजित करना, उकसाना। | ಉತ್ತೇಜನಗೊಳಿಸು | उत्तेजनगॊळिसु | to excite. |
| खोना | स. क्रि. | 1. भूल से किसी वस्तु को कहीं गंवाना; | ಕಳೆದುಕೊಳ್ಳು; | कळॆदुकॊळ्ळु; | to lose; to be deprived of; |
| | | 2. असावधानी, दुर्घटना, मृत्यु आदि के कारण बहुत बड़ी क्षति से ग्रस्त होना; | ನಷ್ಟ ಹೊಂದು; | नष्ट हॊंदु; | to suffer loss of; |
| | | 3. सदुपयोग न कर पाना; | ಹಾಳಾಗು ಅಥವಾ ಹಾಳು ಮಾಡು; | हाळागु अथवा हाळु माडु; | not to be able to make the proper use of; |
| | | 4. खराब या बरबाद करना। | ನಾಶಮಾಡು | नाशमाडु | to waste, to squander. |
| | अ. क्रि. | तल्लीन होना, डूब जाना। | ತನ್ನನ್ನು ತಾನೇ ಮರೆ | तन्नन्नु ताने मरॆ | to be lost, to be engrossed. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **खोपड़ा** | पुं. | 1. हड्डियों का ढांचा जिसमें मस्तिष्क सुरक्षित रहता है; | ತಲೆ ಬುರುಡೆ; | तलॆ बुरुडॆ; | **skull, cranium;** |
| | | 2. नारियल और उसके अंदर की गरी; | ಕೊಬ್ಬರಿ; | कॊब्बरि; | **cocoanut and its kernel;** |
| | | 3. सिर; | ತಲೆ; | तलॆ | **head;** |
| | | 4. मस्तिष्क। | ಬುದ್ಧಿ | बुद्धि | **brain (fig.).** |
| **खोपड़ी** | स्त्री. | 1. सिर की हड्डी, कपाल; | ಬುರುಡೆ, ಕಪಾಲ; | बुरुडॆ, कपाल; | **skull, cranium;** |
| | | 2. (ला.) सिर; | ತಲೆ; | तलॆ; | **head (fig.);** |
| | | 3. (ला.) मस्तिष्क; | ಬುದ್ಧಿ; | बुद्धि; | **brain (fig.);** |
| | | 4. गोलाकार और बहुत बड़ा ऊपरी आवरण। | ದುಂಡನೆಯ ಮೇಲ್ಮೈ | दुंडनॆय मेल्मै | **a shell (of cocoanut, tortoise etc.).** |
| **खोया** | पुं. | औटा कर लुगदी सा बनाया हुआ दूध, मावा। | ಖೋವಾ | खोवा | condensed or thickened milk. |
| **खोल** | पुं. | 1. किसी चीज़ का ऊपरी आवरण; | ಮೇಲಿನ ಆವರಣ; | मेलिन आवरणु; | cover; |
| | | 2. कुछ विशिष्ट प्रकार के कीड़े-मकोड़ों का प्राकृतिक आवरण; | ಮೈಮೇಲಿನ ಪೊರೆ; | मै मेलिन पॊरॆ; | shell; |
| | | 3. किसी वस्तु को सुरक्षित रखने के लिए बनाया गया ऊपरी आवरण। | ಕವರು, ಗೌನು, ಮೇಲು ಹೊದಿಕೆ | कवरु, गौनु, मेलु हॊदिकॆ | case, covering, sheath, etc. |
| **खोलना** | स. क्रि. | 1. अनावृत करना, आवरण हटाना; | ತೆರೆ, ಆವರಣವನ್ನು ತೆಗೆ; | तॆरॆ, आवरणवन्नु तॆगॆ; | to uncover, to lay bare; |
| | | 2. छिपाने या रोकने या लपेटनेवाली वस्तु को हटाना; | ಕಟ್ಟು, ಸಡಿಲ ಮಾಡು; | कट्टु सडिल माडु; | to loose, to loosen, to open; |
| | | 3. किसी बंधी हुई वस्तु को मुक्त करना, बंधनरहित करना; | ಬಂಧನದಿಂದ ಮುಕ್ತಿಗೊಳಿಸು; | बंधनदिंद मुक्तिगॊळिसु; | to set free; |
| | | 4. बांधने या जोड़नेवाली वस्तु को अलग करना; | ಕಟ್ಟು ಬಿಚ್ಚು; | कट्टु बिच्चु; | to untie, to unfasten; |
| | | 5. प्रकट या स्पष्ट कर देना: | ಸ್ಪಷ್ಟಗೊಳಿಸು; | स्पष्टगॊळिसु; | to reveal, to disclose, to make clear or intelligible; |
| | | 6. जड़ी या जमाइ हुई वस्तु को अलग करना; | ಬೇರ್ಪಡಿಸು; | बेर्पडिसु; | to detach, to take away; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 7. काट, चीर या तोड़कर खंडित करना; | ಕುಯ್ದು-ಕತ್ತರಿಸಿ ಹೊರಪಡಿಸು; | कुय्दु-कत्तरिसि हॊरपडिसु; | to cut open, to break (as head), to cleave; |
| | | 8. दरवाज़े, खिड़की आदि के पल्लों को पृथक करना; | ಕಿಟಕಿ, ಬಾಗಿಲು ಗಳನ್ನು ತೆರೆ; | किटकि बागिलु-गळन्नु तॆरॆ; | to open (as the door etc.), to separate; |
| | | 9. मोड़ी या तह की हुई वस्तु को फैलाना; | ಮಡಿಕೆ ಬಿಚ್ಚು | मडिकॆ बिच्चु; | to expand, widen, enlarge; |
| | | 10. सिलाई के टांके तोड़ना; | ಹೊಲಿಗೆ ಬಿಚ್ಚು; | हॊलिगॆ बिच्चु; | to break (as a stitch); |
| | | 11. शरीर पर धारण की हुई चीज़ उतारना या अलग करना; | (ಉಡುಪು ಆದಿ) ಬಿಚ್ಚು; | (उडुपु आदि) बिच्चु; | to take off (clothes etc.); |
| | | 12. कल-पुरज़े अलग-अलग करना; | (ಯಂತ್ರದ) ಭಾಗಗಳನ್ನು ಬಿಚ್ಚಿ ಬೇರೆ ಮಾಡು; | (यंत्रद) भागगळन्नु बिच्चि बेरॆ माडु; | to disintegrate (as constituent parts etc.); |
| | | 13. सार्वजनिक उपयोग के लिए सुलभ करना; | ಸಾರ್ವಜನಿಕ ಉಪಯೋಗಕ್ಕಾಗಿ ತೆರೆದಿಡು; | सार्वजनिक उपयोगक्कागि तॆरॆदिडु; | to declare open for public use; |
| | | 14. कोई नया कार्य आरंभ करना या संस्था खड़ी करना; | ಹೊಸದಾಗಿ ಸಂಘ, ಉದ್ಯೋಗ ಆದಿಗಳನ್ನು ಆರಂಭ ಮಾಡು | हॊसदागि संघ, उद्योग आदिगळन्नु आरंभ माडु | to establish, to start, to set up; |
| | | 15. काम शुरू करना; | ಕೆಲಸ ಶುರುಮಾಡು; | कॆलस शुरुमाडु; | to begin, to commence or to open (as work in an office etc.); |
| | | 16. किसी विशिष्ट यांत्रिक क्रिया द्वारा कोई कार्य आरंभ करना। | ಯಾಂತ್ರಿಕ ಕ್ರಿಯೆಯಿಂದ ಕೆಲಸ ಪ್ರಾರಂಭಿಸು | यांत्रिक क्रियॆयिंद कॆलस प्रारंभिसु | to switch on. |
| **खोली** | स्त्री. | आवरण, गिलाफ। | ಆವರಣ, ದಿಂಬು ಆದಿಗಳ ಚೀಲ, ಕವರ್ | आवरण, दिंबु आदिगळ चील, कवर् | a case, sheath, covering. |
| **खोह** | स्त्री. | 1. गुफा, कंदरा; 2. गहरा गड्ढा; 3. दर्रा। | ಗುಹೆ, ಕಂದರ; ಆಳವಾದ ಗುಣಿ; ಕಣಿವೆ | गुहॆ, कंदर; आळवाद गुणि; कणिवॆ | cave, cavern; abyss, deep pit; mountain pass. |
| **खौफ** | पुं. | डर, भय। | ಹೆದರಿಕೆ, ಭಯ | हॆदरिकॆ, भय | terror, fear, dread. |
| **खौफनाक** | वि. | डरावना, भयानक। | ಭಯಂಕರ | भयंकर | fearful, terrible, dreadful. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **खौलना** | अ. क्रि. | 1. आग पर रखे हुए तरल पदार्थ में अधिक गरम होने पर उबाल आना या बुलबुले उठना, उबलना;<br>2. जोश आना, आवेश में होना। | ಕುದಿಯು;<br>ಉದ್ರೇಕಗೊಳ್ಳು | कुदियु;<br>उद्रेकगॊळ्ळु | to boil, to bubble, to effervesce;<br>to be agitated, excited. |
| **खौलाना** | स. क्रि. | 1. तरल पदार्थ को इतना अधिक गरम करना कि उसमें उबाल आने लगे;<br>2. क्रुद्ध करना। | ಕುದಿಸು;<br>ಕೋಪಗೊಳಿಸು | कुदिसु;<br>कोपगॊळिसु | to cause to boil, to boil (water etc.);<br>to agitate, to excite. |
| **ख्यात** | वि. | 1. प्रसिद्ध, मशहूर;<br>2. ऐतिहासिक (काव्य-ग्रन्थ, घटना आदि)। | ಪ್ರಸಿದ್ಧವಾದ<br>ಐತಿಹಾಸಿಕ | प्रसिद्धवाद<br>ऐतिहासिक | well-known, famous, renowned, celebrated;<br>historical. |
| **ख्याति** | स्त्री. | प्रसिद्धि, कीर्ति, यश, जगत या समाज में होनेवाला नाम। | ಪ್ರಸಿದ್ಧಿ; ಕೀರ್ತಿ | प्रसिद्धि; कीर्ति | renown, fame, reputation, glory, celebrity. |
| **ख्रीष्टाब्द** | | ईसवी सन्। | ಇಸವಿ | इसवि | Christian era. |
| **ख्वाब** | पुं. | स्वप्न। | ಸ್ವಪ್ನ | स्वप्न | dream. |
| **ख्वाहिश** | स्त्री. | अभिलाषा, इच्छा। | ಅಭಿಲಾಷೆ, ಇಚ್ಛೆ | अभिलाषॆ, इच्छॆ | acute desire, wish. |
| **गंगा** | स्त्री. | एक पवित्र और प्रधान नदी। | ಗಂಗಾ ನದಿ | गंगा नदि | the sacred river Ganges. |
| **गंगा-जमुनी** | वि. | 1. दो रंगों का या दो तरह का;<br>2. सोने और चांदी अथवा तांबे और पीतल के मेल से बना हुआ। | ಎರಡು ಬಣ್ಣ ಅಥವಾ ಬಗೆಗಳ;<br>ಚಿನ್ನ ಬೆಳ್ಳಿ ಅಥವಾ ಹಿತ್ತಾಳೆ-ತಾಮ್ರಗಳನ್ನು ಬೆರೆಸಿ ಮಾಡಿದ | ऎरडु बण्ण अथवा बगॆगळ;<br>चिन्न-बॆळ्ळि अथवा हित्ताळॆ-ताम्रगळन्नु बॆरॆसि माडिद | of two colours;<br>of gold and silver or brass and copper mixed up. |
| | स्त्री. | कान में पहनने का एक प्रकार का गहना। | ಒಂದು ಬಗೆಯ ಕರ್ಣಾಭರಣ, ಓಲೆ | ऒंदु बगॆय कर्णाभरण, ओलॆ | earring. |
| **गंगाजली** | स्त्री. | शीशे या धातु की सुराहीनुमा लुटिया जिसमें गंगा का पवित्र जल रखा जाता है। | ಗಂಗಾನದಿಯ ಪವಿತ್ರವಾದ ನೀರನ್ನು ಇರಿಸುವ ಹೂಜದಂತಹ ಪಾತ್ರ | गंगानदिय पवित्रवाद नीरन्नु इरिसुव हूजदंतह पात्र | a vessel in which Ganges water is kept. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **गंज** | पुं. | 1. सिर के बालों के झड़ जाने का रोग, खल्वाट; | ತಲೆಗೂದಲುದು- ರುವ ರೋಗ; | तलॆगूदलुदुरुव रोग; | baldness; |
| | | 2. मंडी, बाजार। | ಅಂಗಡಿ,ಮಂಡಿ | अंगडि, मंडि | a place of merchandize, a market. |
| **गंजा** (**गंजी**) | वि.पुं. वि (स्त्री.) | जिसके सिर के बाल झड़ गए हों। | (ತಲೆಗೂದಲು ಉದುರಿದ) ಬಟ್ಟತಲೆ | (तलॆगूदलु उदुरिद) बट्ट तलॆ | scald-headed, bald person. |
| **गंजापन** | पुं. | गंज, गंजा होने का भाव। | ಕೂದಲುದುರುವಿಕೆ | कूदलुदुरुविकॆ | baldness. |
| **गंजी** | स्त्री. | 1. बनियान; | ಬನೀನು; | बनीनु; | a knitted under-garment which sticks to the body; |
| | | 2. ढेर, राशि; | ರಾಶಿ; | राशि; | pile, collection, heap; |
| | | 3. शकरकंद। | ಗೆಣಸು | गॆणसु | an edible root **(Erythorium Indicum).** |
| **गंजेड़ी** | वि. | गांजा पीनेवाला। | ಗಾಂಜಾ (ಮಾದಕ ವಸ್ತು) ಸೇವಿಸುವ | गांजा (मादक वस्तु) सेविसुव | person addicted to the use of **Ganja.** |
| **गंठजोड़** | पुं. | 1. विवाह अथवा किसी धार्मिक कृत्य के समय पतिपत्नी के कपड़ों के पल्लों में गांठ लगाने की रीति; | (ಮದುವೆಯಲ್ಲಿ) ಗಂಡು ಹೆಣ್ಣಿನ ಸೆರಗು ಗಂಟು ಹಾಕುವಿಕೆ; | (मदुवॆयल्लि) गंडु हॆण्णिन सॆरगु गंटु हाकुविकॆ; | a custom in marriage (or other religious) ceremony in which the skirts of bridegroom's and bride's mantles are tied together; |
| | | 2. दो व्यक्तियों या पक्षों में होनेवाला घनिष्ठ सम्बन्ध; | ಘನಿಷ್ಠ ಸಂಬಂಧ; | घनिष्ठ संबंध; | close relationship between two persons or two parties; |
| | | 3. गुप्तसंधि, सांठ-गांठ। | ಗುಪ್ತ ಸಂಧಿ | गुप्त संधि | secret treaty, plot. |
| **गंडस्थल** | पुं. | कनपटी। | ಗಂಡಸ್ಥಳ | गंडस्थळ | the temples. |
| **गंडा** | पुं. | 1. दैविक उपद्रवों एवं बाधाओं से रक्षा के लिए कलाई अथवा गले में | ದೈವಕಾಟ ನಿವಾರಣೆಗಾಗಿ ಯಂತ್ರ; | दैवकाट निवारणॆ-गागि यंत्र; | a charmed cord bound round the neck or wrist to |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | बांधा जानेवाला मंत्रपूत डोरा; | | | avert or remove demoniac influence or the farcination of an evil eye. |
| | | 2. पशुओं के गले में बांधा जानेवाला पट्टा। | ದನದ ಕತ್ತಿಗೆ ಕಟ್ಟುವ ಪಟ್ಟಿ | दनद कत्तिगॆ कट्टुव पट्टि | collar tied on the neck of animals. |
| गंडा-तावीज | पुं. | मंत्रपूत डोरा, रक्षाकवच आदि। | ರಕ್ಷಾ ಕವಚ, ರಕ್ಷೆ | रक्षाकवच, रक्षॆ | charmed cord, armlet etc. |
| गंडासा (गंडासी स्त्री.) | पुं. | 1. हंसिये की तरह का चारा काटने का औजार; 2. एक हथियार जिसमें डंडे के सिरे पर लोहे का खमदार फलक लगा रहता है, परशु। | ಹುಲ್ಲು ಕತ್ತರಿಸುವ ; ಮಚ್ಚುಕತ್ತಿ; ಗಂಡುಗೊಡಲಿ | हुल्लु कत्तरिसुव; मच्चुकत्ति; गंडुगॊडलि | chopper with broad blade; battle-axe. |
| गंडेरी | स्त्री. | गन्ने के छोटे टुकड़े जो चूसने के लिए काटे जाते हैं। | ಕಬ್ಬಿನ ಚೂರುಗಳು | कब्बिन चूरुगळु | segment cut off from a sugar-cane. |
| गंतव्य | पुं.वि. | (स्थान) जहां किसी को जाना अथवा पहुंचना हो। | ಹೋಗಬೇಕಾದ ಜಾಗ | होगबेकाद जाग | destination. |
| गंद | पु. | दे. 'गंदगी'। | ನೋಡಿ "गंदगी" | नोडि "गंदगी" | see 'गंदगी' |
| गंदगी | स्त्री. | 1. गंदे होने की अवस्था या भाव, मैलापन; 2. खराब, मैला और सड़ी-गली चीजें; 3. अपवित्रता, अशुद्धता। | ಕೊಳೆಯಾಗಿರುವಿಕೆ; ಕೆಟ್ಟ, ಕೊಳೆತ ವಸ್ತುಗಳು; ಅಪವಿತ್ರತೆ | कॊळॆयागिरुविकॆ; कॆट्ट, कॊळॆत वस्तुगळु; अपवित्रतॆ | dirtiness; filth; impurity. |
| गंदला | वि. | गंदा, मैला-कुचैला। | ಕೊಳೆಯಾದ | कॊळॆयाद | dirty, filthy, muddy (as water). |
| गंदा | वि. | 1. धूल, मिट्टी आदि से युक्त, मैला; 2. दूषित, बुरा। | ಕೊಳೆಯಾದ; ಕೆಟ್ಟ | कॊळॆयाद; कॆट्ट | dirty, filthy; foul, nasty. |
| गंध | स्त्री. | 1. बास, बू; 2. सुगंधित द्रव्य; 3. बहुत ही हल्के रूप में नाममात्र का अंश; 4. बहुत ही थोड़ा या नाममात्र का अंश। | ವಾಸನೆ, ನಾತ; ಸುಗಂಧ ದ್ರವ್ಯ; ಲವ ಮಾತ್ರದ ಅಂಶ; ಹೆಸರಿಗೆ ಮಾತ್ರ ಸೇರಿಸಿದ ಅಂಶ | वासनॆ, नात; सुगंध द्रव्य; लवमात्रद अंश; हॆसरिगॆ मात्र सेरिसिद अंश; | smell, odour; any fragrant substance a trace of anything; a little, a very small quantity; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **गंधक** | पुं. | तीक्ष्ण गंधयुक्त पीतवर्ण का खनिज पदार्थ जो दवा, बारूद आदि बनाने के काम आता है। | ಗಂಧಕ | गंधक | sulphur. |
| **गंधर्व** | पुं. | 1. देवताओं का एक भेद जो स्वर्ग में गाने-बजाने का कार्य करते हैं; | ದೇವ ಗಾಯಕರು; | देव गायकरु; | celestial musicians, a class of demi-gods regarded as the singers or musicians of gods; |
| | | 2. गायक; | ಗಾಯಕ; | गायक; | singer in general; |
| | | 3. एक जाति जिसकी लड़कियां नाचने-गाने का काम करती हैं; | ನೃತ್ಯಸಂಗೀತವನ್ನೇ ವೃತ್ತಿಯನ್ನಾಗಿ ಮಾಡಿಕೊಂಡ ಹುಡುಗಿಯರ ಒಂದು ಜಾತಿ; | नृत्य संगीतवन्ने वृत्तियन्नागि माडिकोंड हुडु-गियर ओंदु जाति; | a caste whose girls are singers by profession; |
| | | 4. घोड़ा। | ಕುದುರೆ | कुदुरे | horse. |
| **गंधर्व-विद्या** | स्त्री. | गाने-बजाने की विद्या, संगीत। | ಸಂಗೀತ ವಿದ್ಯೆ | संगीत विद्ये | the science of music. |
| **गंधर्व-विवाह** | पुं. | आठ प्रकार के विवाहों में से एक, जिसमें वर तथा कन्या परस्पर प्रेम से प्रेरित होकर माता-पिता की अनुमति लिए बिना ही विवाह कर लेते हैं। | ಗಂಧರ್ವ ವಿವಾಹ | गंधर्व विवाह | one of the eight forms of marriage; (in this form, marriage proceeds entirely from love or mutual inclination of a youth and maiden without ceremonies and without consulting relatives.). |
| **गंधसार** | पुं. | 1. चंदन; | ಗಂಧ; | गंध; | sandal; |
| | | 2. मोगरा; | ಒಂದು ಬಗೆಯ ಮಲ್ಲಿಗೆ; | ओंदु बगेय मल्लिगे; | a kind of jasmine; |
| | | 3. कपूर। | ಕರ್ಪೂರ | कर्पूर | camphor. |
| **गंधी** | पुं. | वह जो सुगंधित तेल, इत्र आदि बनाता और बेचता हो, अत्तार। | ಅತ್ತರುಗಳನ್ನು ಮಾಡುವವ; | अत्तरुगळन्नु माडुवव | one who manufactures or sells perfumes; |
| | स्त्री. | धान की बालों में लगने | ಧಾನ್ಯದ ತನೆಗೆ | धान्यद तेनेगे | bug, flying bug, |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | वाला एक प्रकार का कीड़ा, गंधिया कीड़ा। | ಹತ್ತುವ ಕ್ರಿಮಿಗಳು | हत्तुव क्रिमिगळु | **Xanthophyllum Virens.** |
| **गंभीर** | वि. | 1. गहरा; | ಆಳವಾದ; | आळवाद; | deep (in all senses); |
| | | 2. जटिल, गूढ़,दुर्बोध ; | ಗೂಢ; | गूढ; | intricate, inscrutable, difficult to be perceived or understood; |
| | | 3. चिंतित और भयभीत करनेवाला, चिंताजनक; | ಭಯಪಡಿಸುವ; | भय पडिसुव; | causing anxiety or fear; |
| | | 4. ऊंची और भारी (आवाज); | ಗಂಭೀರ (ಧ್ವನಿ); | गंभीर (ध्वनि); | deep-sounding; |
| | | 5. कम बोलनेवाला, शांत, धीर; | ಶಾಂತ, ಮೌನ; | शांत, मौन; | one who talks less, serious, sedate; |
| | | 6. घोर, विकट। | ಭಯಂಕರ | भयंकर | grave, reserved, serious. |
| **गंवाना** | स.क्रि | 1. खोना; | ಕಳೆದುಕೊಳ್ಳು; | कळेदुकोळ्ळु; | to lose; |
| | | 2. नष्ट करना। | ನಷ್ಟಗೊಳ್ಳು | नष्टगोळ्ळ | to waste. |
| **गंवार** | वि.पुं. | 1. देहाती; | ಹಳ್ಳಿಗ, ಹಳ್ಳಿಯು; | हळ्ळिग, हळ्ळिय; | villager; |
| | | 2. मूर्ख, अनाड़ी; | ಮೂರ್ಖ, ಏನೂ ತಿಳಿಯದ(ವ); | मूर्ख, एनू तिळियद (व); | stupid (person), simpleton; |
| | | 3. असभ्य, अशिष्ट। | ಒರಟ, ಅಶಿಷ್ಟ | ओरट, अशिष्ट | rustic, uncivilized. |
| **गंवारू** | वि. | 1. गांव या गंवार का सा; | ಹಳ್ಳಿಯ ತೆರನ; | हळ्ळिय तेरन; | rural, rustic; |
| | | 2. भोंदू, बेढंगा, शिष्टतारहित। | ಶಿಷ್ಟಾಚಾರವನ್ನರಿಯದ | शिष्टाचार-वन्नरियद | rough, slangy (language, manners etc), rude. |
| **गऊ** | स्त्री. | गाय। | ಹಸು | हसु | cow. |
| | वि. | (ला.) सीधा। | (ಲಾಕ್ಷಣಿಕ) ಸಾಧು | (लाक्षणिक) साधु | (fig.) simple. |
| **गगन** | पुं. | आकाश, अन्तरिक्ष। | ಆಕಾಶ | आकाश | sky, the regions or expanse above. |
| **गगनचुंबी** | वि. | बहुत ऊंचा। | ಗಗನಚುಂಬಿ | गगनचुंबि | very high, touching the sky, skyscraping. |
| **गगनभेदी** | वि. | 1. आकाश को भेदने या फाड़नेवाला (शब्द या स्वर); | ಆಕಾಶವನ್ನು ಭೇದಿಸುವ; | आकाशवन्नु भेदिसुव; | deafening sound (as if tearing into the sky); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. बहुत ऊंचा। | ಬಹಳ ಎತ್ತರವಾದ | बहळ एत्तरवाद | very high. |
| **गगनस्पर्शी** | वि. | आकाश का स्पर्श करनेवाला, बहुत ऊंचा। | ಆಕಾಶವನ್ನು ಮುಟ್ಟುವ | आकाशवन्नु मुट्टुव | skyscraping, touching the sky, very high. |
| **गगरा** (**गगरी** स्त्री.) | पुं. | तांबे, पीतल आदि का बना घड़ा, कलसा। | (ತಾಮ್ರ ಅಥವಾ ಹಿತ್ತಾಳೆಯ) ಬಿಂದಿಗೆ | (ताम्र अथवा हित्ताळॆय) बिंदिगॆ | a large jar or pitcher for holding water, made of copper or bronze. |
| **गच** | स्त्री. | 1. किसी नरम चीज़ में कड़ी पैनी चीज़ के धंसने या घुसने की आवाज; | ಗಚಕ್ಕನೆ ಚುಚ್ಚಿಕೊಳ್ಳುವ ಶಬ್ದ; | गचक्कनॆ चुच्चिकॊळ्ळुव शब्द; | the sound made by a hard thing penetrating a soft one; |
| | | 2. चूने-सुर्खी का मसाला; | ಗಾರೆ, ಗಚ್ಚು; | गारॆ, गच्चु; | mortar, plaster; |
| | | 3. स्पंजरहित चूना; | ಜಿಪ್ಸಮ್ಮಿನ ಬಿಳಿಪುಡಿ; | जिप्सम्मिन बिळि पुडि; | plaster of Paris; |
| | | 4. पक्का फर्श। | ಗಾರೆ ನೆಲ | गारॆ नॆल | floor plastered with lime. |
| **गचकारी** | स्त्री. | पक्की छत या फर्श आदि बनाने का काम। | ಗಾರೆ ಗಚ್ಚಿನ ಕೆಲಸ | गारॆ गच्चिन कॆलस | working (or building) with mortar or cement. |
| **गज** | पुं. | 1. हाथी; | ಆನೆ; | आनॆ; | elephant; |
| | | 2. लंबाई की एक माप जो सोलह गिरह या छत्तीस इंच के बराबर होती है, उक्त माप का उपकरण; | (ಅಳತೆ)ಗಜ, ಗಜದ ಕಡ್ಡಿ; | (अळतॆ) गज, गजद कड्डि; | yard, yardstick; |
| | | 3. लोहे की छड़; | ಕಬ್ಬಿಣದ ಸಲಾಕಿ; | कब्बिणद सलाकि; | iron-bar; |
| | | 4. सारंगी बजाने की कमानी; | ಪಿಟೀಲು ಬಾರಿಸುವ ಕಮಾನು; | पिटीलु बारिसुव कमानु; | bow (of a fiddle); |
| | | 5. वह पतली लकड़ी जो बैलगाड़ी के पहिए में मुंडी से पुट्ठी तक लगाई जाती है। | ಗಾಡಿಯ ಚಕ್ರಕ್ಕೆ ಬಿಗಿಸುವ ಪಟ್ಟಿ | गाडिय चक्रक्कॆ बिगिसुव पट्टि | spoke of a wheel. |
| **गजक** | स्त्री. | 1. गुड़ या चीनी की पात बनाकर सूखे मेवे, तिल आदि डालकर जमाई गई एक प्रकार की पपड़ी, | ಬೆಲ್ಲ ಅಥವಾ ಸಕ್ಕರೆ ಪಾಕದಲ್ಲಿ ಎಳ್ಳು ಆದಿಗಳನ್ನು ಬೆರೆಸಿ ಮಾಡಿದ ಸಿಹಿ ತಿಂಡಿ; | बॆल्ल अथवा सक्करॆ पाकदल्लि ऍळ्ळु आदिगळन्नु बॆरॆसि माडिद सिहि तिंडि; | sweetmeat made of sesame-seed etc. and sugar or gur; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. शराब के साथ या शराब पीने के बाद खाई जाने वाली चटपटी चीज। | ಹೆಂಡ-ಸಾರಾಯಿ ಕುಡಿಯುವಾಗ ಅಥವಾ ನಂತರ ತಿನ್ನುವ ಸಿಹಿ ತಿಂಡಿ | हेंड-साराथि कुडियुवाग अथवा नंतर तिन्नुव सिहि तिंडि | relishing sweet-meat eaten after drinking wine. |
| गजगामिनी | वि. | हाथी की तरह मंद गौरव-भरी चाल वाली। | ಗಜಗಮನೆ | गजगमने | a woman having a stately elephant-like gait. |
| गजब | पु. | 1. बहुत बड़ा अनिष्ट, अनर्थ; | ಆಗಬಾರದ ಅನರ್ಥ; | आगबारद अनर्थ; | calamity, catastrophe; |
| | | 2. अन्याय, जुल्म; | ಅನ್ಯಾಯ; | अन्याय; | injustice, tyranny; |
| | | 3. अद्भुत विलक्षण वस्तु या कार्य। | ಅದ್ಭುತವಾದ ಕಾರ್ಯ | अद्भुतवाद कार्य | something very strange. |
| गजमुक्ता | स्त्री. | एक प्रकार का कल्पित मोती जो हाथी के मस्तक में स्थित माना जाता है, गजमणि। | ಗಜಮಣಿ (ಆನೆಯ ಮಸ್ತಕದಲ್ಲಿರುವುದೆಂದು ಪ್ರತೀತಿ) | गजमणि (आनेय मस्तकदल्लिरु-वुदेंदु प्रतीति) | pearl supposed to be found in the projection of an elephant's forehead. |
| गजरा | पु. | 1. फूलों की घनी गुंथी हुई बड़ी माला, | ಹೂಮಾಲೆ | हूमाले | thick garland of flowers; |
| | | 2. उक्त प्रकार की छोटी माला जो कलाई पर गले की तरह पहनी जाती है। | | | bracelet. |
| गजल | स्त्री. | फारसी, उर्दू में मुक्तक काव्य का एक भेद जिसका प्रधान विषय प्रेम होता है, इसमें दो-दो कड़ियों का एक चरण होता है तथा प्रत्येक दूसरी कड़ी में अनुप्रास होना है। | ಫಾರಸಿ-ಉರ್ದು ಭಾಷೆಗಳ ಒಂದು ಬಗೆಯ ಮುಕ್ತಕ ಕಾವ್ಯ-ಪ್ರೇಮಗೀತೆ | फारसि-उर्दु भाषॆगळ ऒंदु बगॆय मुक्तक काव्य-प्रेमगीते | a poetic form of Urdu, an amatory peom. |
| गजेंद्र | पुं. | 1. ऐरावत; | ಐರಾವತ; | ऐरावत; | the name of Indra's elephant, Airavat; |
| | | 2. बहुत बड़ा हाथी, गजराज। | ದೊಡ್ಡ ಆನೆ | दॊड्ड आने | a big elephant. |
| गटकना | स.क्रि | 1. निगलना, | ನುಂಗು | नुंगु | to swallow, to gulp, |
| | | लगाना; | | | |
| | | 3. जोड़ लगवाना। | ಜೋಡಿ ಹಾಕಿಸು | जोडि-हाकिसु | to cause to join or adhere. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. हड़पना। | | | to misappropriate. |
| **गटपट** | स्त्री. | 1. दो व्यक्तियों में होने वाली घनिष्ठता; | ಗಾಢ ಸಂಬಂಧ; | गाढ संबंध; | close friendship; |
| | | 2. विभिन्न वस्तुओं में होने वाला मेल। | ಅನೇಕ ಪದಾರ್ಥಗಳು ಬೆರೆಯುವಿಕೆ | अनेक पदार्थगळु बॆरॆयुविकॆ | jumbled together. |
| **गटागट** | पु. | तरल पदार्थ को पीने के समय गले से उत्पन्न होनेवाला शब्द। | ಗಟಗಟನೆ ಕುಡಿಯುವ ಶಬ್ದ | गटगटनॆ कुडियुव शब्द | the repeated sound of a beverage going down the throat. |
| | क्रि. वि. | गले से उक्त प्रकार का शब्द करते हुए जल्दी और तेजी से। | ಗಟಗಟ ಶಬ್ದದೊಂದಿಗೆ | गटगट शब्ददॊंदिगॆ | in successive or repeated gulps, etc. |
| **गट्टा** | पु. | 1. कलाई; | ಮುಂಗೈ; | मुंगै; | wrist; |
| | | 2. टखना; | ಮೊಳಕೈ; | मॊळकै; | ankle; |
| | | 3. नैचे की गांठ जो फरशी या हुक्के के मुंह पर रहती है; | ಗುಡಗುಡಿಯು ನಳಿಗೆಗೆ ಸುತ್ತುವ (ಬಟ್ಟೆಯು) ಪಟ್ಟಿ; | गुडगुडिय नळिगॆगॆ सुत्तुव (बट्टॆय) पट्टि; | the padding round the part of the tube of a **huqqa** which fixes into the mouth of the metal bottom; |
| | | 4. गांठ; | ಗಂಟು; | गंटु; | joint or knot; |
| | | 5. किसी चीज का मोटा और कड़ा बीज; | ಗಟ್ಟಿಬೀಜ; | गट्टि बीज; | seed; |
| | | 6. एक प्रकार की मिठाई। | ಒಂದು ಬಗೆಯ ಮಿಠಾಯಿ | ऒंदु बगॆय मिठायि | a kind of sweetmeat. |
| **गट्ठर** | पु. | कपड़े या रस्सियों आदि से बंधा हुआ सामान, गठरी। | ಗಂಟು, ಮೂಟೆ | गंटु, मूटॆ | large bundle, bale. |
| **गट्ठा** | पु. | 1. घास, लकड़ी आदि का बंधा हुआ बोझा; | ಹೊರೆ; | हॊरॆ; | a load of wood, grass, etc; |
| | | 2. गट्ठर, गारी; | ಪಿಂಡಿ, ಮೂಟೆ; | पिंडि, मूटॆ; | bundle, bale; |
| | | 3. जरीब का बीसवां भाग जो तीन गज का होता है। | ತೊಂಬತ್ತೊಂಬತ್ತು ಇಂಚಿನ ಅಳತೆ | तॊंबत्तॊंबत्तु इंचिन अळतॆ | the twentieth part of a **Jarib** (each Gattha containing three gaz or 99 inches.). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| गठन | स्त्री. | 1. बनावट, रचना; | ರಚನೆ; | रचनॆ; | construction, structure; |
| | | 2. अंगों का कसाव। | ಮೈ ಕಟ್ಟು | मै कट्टु | build. |
| गठना | क्रि. | 1. दो वस्तुओं का परस्पर मिलकर एक होना, जुड़ना, सटना; | ಎರಡು ವಸ್ತುಗಳು ಒಂದರೊಡನೊಂದು ಸೇರು; | ऍरडु वस्तुगळु ऒंदरॊडनॊंदु सेरु; | to be connected, to join, unite; |
| | | 2. मोटी सिलाई होना, बड़े-बड़े टांके लगना; | ಟಾಕ ಹಾಕಿ ಹೊಲಿ; | टाक हाकि हॊलि; | to be sewn roughly; |
| | | 3. हेल-मेल होना; | ಮೇಳವಿಸು; | मेळविसु; | to become friends; |
| | | 4. किसी षडयन्त्र आदि में शामिल होना; | ಷಡ್ಯಂತ್ರದಲ್ಲಿ ಸೇರು; | षड्यंत्रदल्लि सेरु; | to collude, to fabricate, to forge; |
| | | 5. अच्छी तरह निर्मित होना या बनना। | ಸಂಘಟಿಸಿ ಕಟ್ಟು, ನಿರ್ಮಿಸು | संघटिसि कट्टु, निर्मिसु | to be built well. |
| गठबंधन | पुं. | 1. विवाह या किसी धार्मिक कृत्य के समय की एक रीति जिसमें वर-वधू के कपड़े के छोर एक गांठ में बांध दिए जाते हैं; | ಮದುವೆ ಅಥವಾ ಧಾರ್ಮಿಕ ಸಂದರ್ಭದಲ್ಲಿ ವಧೂವರರ ಬಟ್ಟೆಗಳನ್ನು ಸೇರಿಸಿ ಗಂಟು ಹಾಕುವ ಒಂದು ಪದ್ಧತಿ; | मदुवॆ अथवा धार्मिक संदर्भदल्लि वधूवरर बट्टॆगळन्नु सेरिसि गंटु हाकुव ऒंदु पद्धति; | tying the knot (a ceremony attending a Hindu marriage, or other religious ceremony in which the skirts or mantles of the bride and bridegroom are fastened together). |
| | | 2. घनिष्ठ संबंध; | ಘನಿಷ್ಠ ಸಂಬಂಧ; | घनिष्ठ संबंध; | close relationship; |
| | | 3. गुप्त संधि, सांठ-गांठ। | ಗುಪ್ತಸಂಧಿ | गुप्त संधि | secret treaty, plot. |
| गठरी | स्त्री. | 1. कपड़े में बंधा हुआ सामान, छोटा गट्ठर; | ಬಟ್ಟೆಯ ಗಂಟು; | बट्टॆय गंटु; | goods wrapped in cloth, bundle; |
| | | 2. (ला०) कमाई, पूंजी। | (ಲಾಕ್ಷಣಿಕ) ಕೂಡಿಟ್ಟ ಗಂಟು | (लाक्षणिक) कूडिट्ट गंटु | income, wealth. |
| गठवाना | स.क्रि. | 1. गठने या गांठने का काम दूसरे से कराना; | ಗಂಟು ಹಾಕಿಸು; | गंटु हाकिसु; | to cause to be joined or united together; |
| | | 2. बड़ी और मोटी गांठ लगाना; | ದಪ್ಪ ಗಂಟು ಹಾಕು; | दप्प गंटु हाकु; | to mend or cobble; |
| | | 3. जोड़ लगवाना। | ಜೋಡಿ ಹಾಕಿಸು | जोडि-हाकिसु | to cause to join or adhere. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **गठित** | वि. | गठा हुआ, बना हुआ। | ಚೆನ್ನಾಗಿ ಕಟ್ಟಿದ | चेन्नागि कट्टिद | strongly built, well-constituted. |
| **गठिया** | पुं. | 1. शरीर के जोड़ों में होनेवाला एक रोग जिसमें पीड़ा और सूजन होती है; | ಕೀಲು ನೋವು, ವಾತ ರೋಗ; | कीलु नोवु, वातरोग; | gout, rheumatism; |
| | | 2. घोड़े, बैल आदि पर अनाज आदि लादने का टाट का थैला या बोरा, खुरजी; | ಗೋಣಿಚೀಲ; | गोणिचील; | a sack; |
| | | 3. कोरे कपड़ों आदि की वह बड़ी गठरी जो बाहर भेजने के लिए बांधी जाती है। | ಬೇರೆಡೆಗೆ ಕಳಿಸಲು ಸಿದ್ಧ ಪಡಿಸಿದ ಬಟ್ಟೆಗಳ ಗಂಟು-ಮೂಟೆ | बेरेडेगे कळिसलु सिद्ध-पडिसिद बट्टेगळ गंटु-मूटे | a bale of cloth, cotton etc. |
| **गठीला** | वि. | 1. गठा हुआ, जिसकी बनावट अच्छी और सुन्दर हो; | ಕಟ್ಟುಮಸ್ತಾದ, ಸುಂದರ ರಚನೆಯ; | कट्टुमस्ताद, सुंदर रचनेय | well-built; |
| | | 2. हृष्ट-पुष्ट, दृढ़। | ದಷ್ಟ-ಪುಷ್ಟ, ದೃಢ | दष्ट-पुष्ट, दृढ़ | robust, strong. |
| **गड़गड़ाना** | अ. क्रि. | 1. गड़गड़ शब्द होना; | ಗಡಗಡ ಶಬ್ದವಾಗು; | गडगड शब्दवागु; | to gurgle. |
| | | 2. गरजना (बादल का)। | (ಮೇಘಗಳ)ಗುಡುಗು | (मेघगळ) गुडुगु | to thunder. |
| | स. क्रि. | गड़गड़ शब्द उत्पन्न करना। | ಗಡಗಡ ಶಬ್ದ ಉಂಟುಮಾಡು | गडगड शब्द उंटु माडु | to produce a gurgling or thundering sound. |
| **गड़गड़ाहट** | स्त्री. | गड़गड़ाने का शब्द। | ಗಡಗಡಿಸುವ ಶಬ್ದ | गडगडिसुव शब्द | thundering or rumbling sound. |
| **गड़ना** | अ.क्रि | 1. चुभना, धंसना; | ಚುಚ್ಚುವುದು; | चुच्चुवुदु; | to penetrate (into); |
| | | 2. जमना, ठहरना, स्थिर होना; | ಸ್ಥಿರವಾಗು; | स्थिरवागु; | to be firmly fixed; |
| | | 3. गाड़ा जाना, दफन होना; | ಹೂತು ಹೋಗು; | हूतु होगु; | to be put into the ground , to be buried; |
| | | 4. शरीर के अदर बाह्य पदार्थ के आने के | ನೋವಾಗುವಂತೆ ಶರೀರದಲ್ಲಿ ಚುಚ್ಚು | नोवागुवंते शरीरदल्लि चुच्चु | to feel a pinching pain. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | कारण उसके दवाब से किसी अंग में पीड़ा होना। | | | |
| गड़बड़ाना | अ. क्रि. | 1. गड़बड़ी या धोखे में पड़ना; | ಗಡಿಬಿಡಿಯಲ್ಲಿ ಸಿಕ್ಕಿ ಬೀಳು; | गडिबिडियल्लि सिक्कि बीळु; | to be confused, to be confounded; |
| | | 2. भूल करना; | ತಪ್ಪು ಮಾಡು; | तप्पु माडु; | to err; |
| | | 3. अस्त-व्यस्त होना। | ಅವ್ಯವಸ್ಥೆಯಾಗು | अव्यवस्थेयागु | to be disturbed. |
| | स.क्रि. | 1. गड़बड़ी या धोखे में डालना; | ಗಡಿಬಿಡಿಯಲ್ಲಿ ಸಿಕ್ಕಿ ಬೀಳಿಸು; | गडिबिडियल्लि सिक्कि बीळिसु; | to confound; |
| | | 2. भ्रम में डालना; | ಭ್ರಾಂತಿಯಾಗುವಂತೆ ಮಾಡು; | भ्रांतियागुवंते माडु; | to confuse; |
| | | 3. अस्त-व्यस्त करना। | ಅವ್ಯವಸ್ಥೆ ಮಾಡು | अव्यवस्थे माडु | to disturb. |
| गड़बड़ी | स्त्री. | 1. अव्यवस्था; | ಅವ್ಯವಸ್ಥೆ; | अव्यवस्थे; | confusion, mess; |
| | | 2. गोलमाल; | ತಿಂದು ಹಾಕು; | तिंदु हाकु; | embezzlement; |
| | | 3. खराबी; | ಕೆಡುಕು; | कॆडुकु; | damage; |
| | | 4. उपद्रव, उत्पात। | ಉಪದ್ರವ | उपद्रव | disturbance, riot. |
| गडरिया | पुं. | 1. भेड़ें पालने-वाली एक जाति; | ಕುರುಬ (ಜಾತಿ); | कुरुब (जाति); | shepherd (a caste of sheep–keepers); |
| | | 2. उक्त जाति का पुरुष। | ಕುರುಬ (ಜಾತಿಯ ವ್ಯಕ್ತಿ) | कुरुब (जातिय व्यक्ति) | shepherd. |
| गड़वाना | स. क्रि. | गाड़ने या गड़ाने का काम किसी से कराना। | ಹೂಳಿಸುವುದು | हूळिसुवुदु | to cause to be buried. |
| गड़ाना | स. क्रि. | चुभाना, धंसाना। | ನೆಡಿಸುವುದು, ನೂಕಿಸುವುದು | नॆंडिसुवुदु, नूकिसुवुदु | to pierce, to thrust (into). |
| गडारी | स्त्री. | गोल चरखी, घिरनी। | ಗಾಲಿ, ಬಂಡಿ, ಚಕ್ರ | गालि, बंडि, चक्र | pulley, reel. |
| गडुआ | पुं. | टोंटीदार लोटा। | ಕೊಳವೆ ಬಾಯಿನ ಥಾಲಿ | कॊळवॆ बायिन थालि | drinking pot with a spout. |
| गड्डमड्ड | वि. | अव्यवस्थित रूप से एक दूसरे से मिलाया हुआ। | ಕ್ರಮವಿಲ್ಲದೆ ಬೆರಕೆ ಮಾಡಿದ (ಮಿಶ್ರಣ) | क्रमविल्लदॆ बॆरकॆ माडिद (मिश्रण) | in confusion, jumbled. |
| गड्डी | स्त्री. | 1. प्रायः एक ही आकार- | ಒಂದೇ ಸೈಜಿನ | ऒंदे सैजिन | pack; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रकार की वस्तुओं का क्रमशः ऊपर-तले रखा हुआ समूह; | ವಸ್ತುಗಳ ಸಮುದಾಯ; | वस्तुगळ समुदाय; | |
| | | 2. ढेर, समूह। | ರಾಶಿ | राशि | bundle (of grass, etc.). |
| **गड्ढा** | पुं. | प्राकृतिक रूप से या खोदकर बनाया हुआ आसपास की अपेक्षा कुछ गहरा धंसा हुआ स्थल, गर्त, गढ़ा। | ಹಳ್ಳ, ಗುಂಡಿ, ಕುಳಿ, ಗುಣಿ | हळ्ळ, गुंडि, कुळि गुणि | a depression in earth, pit, cavity. |
| **गढ़ंत** | स्त्री. वि. | 1. कोई चीज़ गढ़कर तैयार करने या बनाने की क्रिया या भाव, गढ़ना; | (ಆಕಾರ ಕಲ್ಪನೆ ಮಾಡಿ) ರಚಿಸುವಿಕೆ; | (आकार कल्पने माडि) रचिसुविके; | construction, structure; |
| | | 2. कपोलकल्पित बात, मनगढंत। | ಕಲ್ಪನೆ | कल्पने | concoction. |
| **गढ़** | पुं. | 1. किला, दुर्ग;<br>2. केन्द्र, मुख्य स्थान, अड्डा। | ಕೋಟೆ;<br>ಮುಖ್ಯ ಕೇಂದ್ರ | कोटे;<br>मुख्य केंद्र | fort, castle, citadel; centre, place of assembly, station. |
| **गढ़न** | स्त्री. | 1. गढ़ने या गढ़े जाने की क्रिया, ढंग या भाव; | ಕಟ್ಟುವಿಕೆ, ಕೆತ್ತುವಿಕೆ, ಕೊರೆಯುವಿಕೆ; | कट्टुविके, केत्तुविके, कोरेयुविके; | structure; |
| | | 2. बनावट, गठन। | ರೂಪ ನಿರ್ಮಾಣ | रूप निर्माण | form, build. |
| **गढ़ना** | स. क्रि. | 1. औजारों की सहायता से काट-छांट कर कुछ बनाना या दुरुस्त करना; | (ಉಳಿ ಸುತ್ತಿಗೆ ಆದಿ ಉಪಕರಣಗಳ ಸಹಾಯದಿಂದ) ಕೆತ್ತು, | (उळि सुत्तिगे आदि उपकरणगळ सहायदिंद) केत्तु; | to forge, to carve; |
| | | 2. कोई कल्पित बात बनाना या नमक-मिर्च लगाकर सुन्दर रूप में प्रस्तुत करना। | ಕಲ್ಪಿತವನ್ನು ಉತ್ಪ್ರೇಕ್ಷೆಮಾಡಿ ಹೇಳು | कल्पितवन्नु उत्प्रेक्षे माडि हेळु | to fabricate or exaggerate a thing. |
| **गढ़ा** | पुं. | दे. 'गड्ढा'। | ನೋಡಿ "ಗಡ್ಢಾ" | नोडि "गड्ढा" | see 'गड्ढा'. |
| **गढ़ाई** | स्त्री. | गढ़ने की क्रिया, ढंग या मजदूरी। | (ಚಿನ್ನ ಬೆಳ್ಳಿ ಆಭರಣಗಳಲ್ಲಿ ರತ್ನ ಹರಳು ಆದಿಗಳನ್ನು) ಹುದುಗಿಸುವಿಕೆ ಮತ್ತು ಅದರ ಕೂಲಿ | (चिन्न बेळ्ळि आभरणगळल्लि रत्न हरळु आदिगळन्नु) हुदुगिसुविके मत्तु अदर कूलि | malleating (jewellery), the price of malleating jewellery, or of graving, etc. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **गढ़ाना** | स.क्रि | गढ़ने का काम किसीसे कराना, गढ़वाना, बनवाना। | ಹುದುಗಿಸು | हुदुगिसु | to cause to make, form or fashion (specially by beating or hammering). |
| **गढ़िया** | पुं. | गढ़नेवाला। | ಹುದುಗಿಸುವ ಕೆಲಸ ಮಾಡುವವ, ಚಿನಿವಾರ | हुदुगिसुव कॅलस माडुवव, चिनिवार | one who hammers a thing into shape. |
| **गढ़ी** | स्त्री. | 1. छोटा गढ़, किला;<br>2. ऊंचाई पर बनी हुई बड़ी और मजबूत इमारत। | ಸಣ್ಣ ಕೋಟೆ;<br>ಎತ್ತರದಲ್ಲಿ ಕಟ್ಟಿದ ಭದ್ರವಾದ ಕಟ್ಟಡ | सण्णकोटॆ;<br>ऍत्तरदल्लि कट्टिद भद्रवाद कट्टड | fortress;<br>a well-constructed building on some height. |
| **गिरि** | पु. | पर्वत, पहाड़। | ಬೆಟ್ಟ | बॆट्ट | mountain, hill. |
| **गिरिकंदरा** | स्त्री. | पहाड़ की गुफा। | ಗುಹೆ | गुहॆ | cave, cavern. |
| **गिरिराज** | पु. | 1. गोवर्धन पर्वत; | ಗೋವರ್ಧನ ಪರ್ವತ; | गोवर्धन पर्वत; | mountain Govardhan; |
| | | 2. हिमालय। | ಹಿಮಾಲಯ ಪರ್ವತ | हिमालय पर्वत | the Himalaya mountain. |
| **गिरिशिखर** | पु. | पहाड़ की चोटी। | ಬೆಟ್ಟದ ಶಿಖರ | बॆट्टद शिखर | the summit of a mountain. |
| **गिरी** | स्त्री. | कुछ विशिष्ट फलों के बीजों के अन्दर का मुलायम गूदा। | ಬೀಜದೊಳಗಣ ತಿರುಳು, ಕಾಯಿ | बीजदॊळगण तिरुळु, कायि | kernel. |
| **गिरोह** | पु. | एक विचार के या एक साथ कार्य करनेवाले व्यक्तियों का समूह, गुट या झुंड। | ಒಂದೇ ವಿಚಾರವುಳ್ಳವರ ಗುಂಪು | ऒंदे विचार-वुळ्ळवर गुंपु | gang, group, band. |
| **गिरोही** | पु. | गिरोह का आदमी, संगी, साथी। | ಗುಂಪಿಗೆ ಸೇರಿದ ವ್ಯಕ್ತಿ | गुंपिगॆ सेरिद-व्यक्ति | of the same group, companion, colleague. |
| **गिर्द** | क्रि. वि. | आसपास, चारों ओर। | ಅಕ್ಕ-ಪಕ್ಕದಲ್ಲಿ | अक्क पक्कदल्लि | round, around. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **गिलट** | स्त्री. | चांदी के रंग की एक घटिया धातु। | ಬೆಳ್ಳಿಯ ಗಿಲೀಟಿರುವ ಧಾತು | बॆळ्ळिय गिलीटिरुव धातु | silver-gilt. |
| **गिलटी (गिल्टी)** | स्त्री. | 1. रक्त में विकार होने के कारण शरीर के अंदर पड़नेवाली छोटी गाँठ; | ರಕ್ತ ಕೆಟ್ಟು ಆದ ಗಡ್ಡೆ; | रक्त कॆट्टु आद गड्डॆ; | hard glandular swelling; |
| | | 2. शरीर के अंदर जोड़ों आदि के पास होनेवाली गोल गाँठ जिसमें से कई प्रकार के रस निकलकर शारीरिक व्यापारों में सहायक होते हैं। | ರಸೋತ್ಪಾದಕ ಗ್ರಂಥಿಗಳು | रसोत्पादक ग्रंथिगळु | gland. |
| **गिलहरी** | स्त्री. | पेड़ों पर रहनेवाला चूहे जैसा एक छोटा जंतु। | ಅಳಿಲು | अळिलु | squirrel. |
| **गिलाफ** | पु. | कपड़े की वह बड़ी थैली जो तकिये,लिहाफ आदि पर उनकी रक्षा के लिए चढ़ाई जाती है, खोल। | ತಲೆದಿಂಬು ಆದಿಗಳಿಗೆ ಹಾಕುವ ಚೀಲ | तलॆदिंबु आदि-गळिगॆ हाकुव चील | cover, case. |
| **गिलास** | पु. | शीशे या धातु का बना पानी पीने का गोल, लम्बोतरा प्याला। | ಲೋಟ | लोट | glass, tumbler. |
| **गिलौरी** | स्त्री. | पान का तिकोना या चौकोना बीड़ा। | ಪಾನ್ ಬೀಡಾ | पान् बीडा | prepared and folded betel leaf. |
| **गीत** | पु. | छोटी पद्यात्मक रचना जो गाए जाने के लिए बनी हो। | ಪದ, ಹಾಡು | पद, हाडु | song. |
| **गीतकार** | पु. | गीत लिखनेवाला। | ಗೀತಕಾರ | गीतकार | song-writer. |
| **गीदड़** | पु. | भेड़िये की जाति का एक जानवर, स्यार। | ನರಿ | नरि | jackal. |
| **गीदड़ भभकी** | स्त्री. | दिखाऊ धमकी, डराने के लिए झूठी धमकी देना। | ತೋರಿಕೆಯ ಬೆದರಿಕೆ | तोरिकॆय बॆदरिकॆ | false or empty threat. |
| **गीला** | वि. | भीगा हुआ, नम, आर्द्र। | ತೊಯ್ದ, ಒದ್ದೆಯಾದ | तॊय्द, ऒद्दॆयाद | wet,damp, moist. |
| **गीलापन** | पु. | गीले होने की अवस्था या भाव, नमी। | ತೇವ, ಜೌಗು | तेव, जौगु | wetness, dampness, moisture. |
| **गुंजन** | पु. | गूँजने का शब्द, गुंजार। | ಗುಂಜನ, ಝೇಂಕಾರ ಧ್ವನಿ | गुंजन, झेंकार ध्वनि | buzzing or humming sound. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| गुंजा | स्त्री. | घुंघची। | ಗುಲಗಂಜಿ (ಬೀಜ) | गुलगंजि (बीज) | the shrub **Abrusbrecatorius,** and its seed (which forms the smallest of a jeweller's weights). |
| गुंजाइश | स्त्री. | स्थान, अवकाश, समाई। | ಅವಕಾಶ. | अवकाश | capacity, scope. |
| गुंजान | वि. | घना, सटा हुआ। | ದಟ್ಟವಾದ | दट्टवाद | thick, dense, close. |
| गुंजायमान | वि. | गूंजता हुआ। | ಗುಂಜಾರವದಿಂದ ಕೂಡಿದ | गुंजारवदिंद कूडिद | humming, buzzing. |
| गुंजार | पु. | भौंरों की गूँज, भौंरों की भनभनाहट। | ದುಂಬಿಗಳ ಝೇಂಕಾರ | दुंबिगळ झेंकार | the humming of bees, buzzing. |
| गुंजारना | अ. क्रि. | गुंजार करना, मधुर ध्वनि उत्पन्न करना। | ಮಧುರ ಧ್ವನಿಗೈಯು, ಝೇಂಕರಿಸು | मधुर ध्वनिगैयु, झेंकरिसु | to buzz, to hum. |
| गुंडा | वि.पुं. | बदमाश, दुर्वृत्त, खोटे चाल-चलन वाला। | ಧೂರ್ತ, ದುಷ್ಟ | धूर्त, दुष्ट | bully, rogue, scoundrel. |
| गुंडागर्दी | स्त्री. | गुंडों का सा आचरण या व्यवहार। | ದುಷ್ಟತನ, ಗೂಂಡಾಗಿರಿ | दुष्टतन, गूंडागिरि | hooliganism, rowdyism. |
| गुंडापन | पु. | गुंडे होने की अवस्था या भाव। | ಪುಂಡಾಟಿಕೆ | पुंडाटिकॆ | foppishness, hooliganism. |
| गुँथना | अ. क्रि. | 1. तागों, बालों आदि की लटों का गुच्छेदार लड़ी के रूप में गूंथा या पिरोया जाना; | ಹೆಣೆದುಕೊಳ್ಳು; | हॆणॆदुकॊळ्ळु; | to be plaited or strung; |
| | | 2. लड़ते समय एक दूसरे को कस कर दबाना या पकड़ना। | ಹೊಡೆದಾಡುವಾಗ ಒಬ್ಬರನ್ನೊಬ್ಬರು ಬಿಗಿಯಾಗಿ ಅದುಮುವುದು | हॊडॆदाडुवाग ऒब्बरन्नॊब्बरु बिगियागि अदुमुवुदु | to be entangled physically or to be in grip while fighting. |
| गुंधना | अक्रि. | गुंधे जाने की क्रिया। | ಹೆಣೆ | हॆणॆ | to be kneaded. |
| गुंफन | पुं. | गूँथना, डोरे आदि में पिरोना। | ಪೋಣಿಸುವಿಕೆ | पोणिसुविकॆ | stringing together, winding (a garland). |
| गुंफित | वि. | गूँथा हुआ, सुन्दरतापूर्वक एक दूसरे के साथ मिलाया हुआ। | ಸುಂದರವಾಗಿ ಹೊಂದಿಕೊಂಡಂತೆ ಹೆಣೆದ | सुंदरवागि हॊंदिकॊंडंतॆ हॆणॆद | strung together, beautifully arranged. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| गुंबद (गुंबज) | पुं. | वास्तु रचना में वह शिखर जो गोले के आकार का और अन्दर से पोला होता है। | ಗುಂಬಜ್, ಗೋಲಾಕಾರದ ಗೋಪುರ | गुंबज्, गोलाकारद गोपुर | dome, vault. |
| गुग्गुल | पुं. | 1. एक कंटीला पेड़; | ಒಂದು ಬಗೆಯ ಮುಳ್ಳಿನ ಮರ; | ऑंदु बगॆय मुळ्ळिन मर; | the tree Amyris agallochum ; |
| | | 2. उस पेड़ का गोंद जो गंध द्रव्य है और दवा के काम भी आता है। | ಗೋಂದಿನಂತಿರುವ ಸುಗಂಧ ದ್ರವ್ಯ, ಗುಗ್ಗುಳ | गोंदिनंतिरुव सुगंध द्रव्य, गुग्गुळ | fragrant gum resin (the exudation of the said tree), biellium. |
| गुच्छा | पुं. | 1. एक ही प्रकार की बहुत सी वस्तुओं का समूह जो एक साथ गुथा या उपजा या बना हो; | ಗೊಂಚಲು | गॊंचलु | tuft, cluster; |
| | | 2. एक साथ इकट्ठी की हुई एक प्रकार की वस्तुओं का समूह। | | | bunch. |
| गुच्छेदार | वि. | जिसमें गुच्छे लगे हों। | ಗೊಂಚಲು ಗೊಂಚಲಾಗಿರುವ | गॊंचलु गॊंचलागिरुव | having cluster, tufted. |
| गुच्छी | स्त्री. | 1. छोटा गुच्छा; | ಸಣ್ಣ ಗೊಂಚಲು; | सण्ण गॊंचलु; | a small bunch or tuft; |
| | | | ಔಷಧಕ್ಕೆ ಬರುವ | औषधक्कॆ बरुव | |
| | | 2. करंज; | ಒಂದು ಮರದ ಬೀಜ; | ऑंदु मरद बीज; | fever-nut; |
| | | 3. रीठा; | ಅಂಟುವಾಳದ ಕಾಯಿ; | अंटुवाळद कायि; | soap-nut; |
| | | 4. पर्वत पर होनेवाला एक प्रकार का फूल जो सुखाकर सब्जी के काम आता है और बड़ा स्वादिष्ट होता है। | ತರಕಾರಿಗೆ ಉಪಯೋಗವಾಗುವ ಬೆಟ್ಟದ ಮೇಲೆ ಬೆಳೆಯುವ ಒಂದು ಬಗೆಯ ಒಣ ಹೂ | तरकारिगॆ उपयोगवागुव बॆट्टद मेलॆ बॆळॆयुव ऑंदु-बगॆय ऑण हू | a kind of hilly vegetable. |
| गुजर | स्त्री. | 1. कालक्षेप, जीवनयापन की दृष्टि से होनेवाला निर्वाह; | ಜೀವನ ನಿರ್ವಹಣೆ; | जीवन निर्वहणॆ; | passing of time, living; |
| | | 2. पैठ, प्रवेश; | ಪ್ರವೇಶ; | प्रवेश; | access, entrance; |
| | | 3. आने जाने या निकलने का द्वार या मार्ग; | ಓಡಾಡುವ ದಾರಿ, ಅಥವಾ ಬಾಗಿಲು | ओडाडुव दारि अथवा बागिलु | passage, path, way, road. |
| गुजरना | अ. क्रि. | 1. किसी स्थान से होते हुए आगे बढ़ना; | ಹಾಯ್ದು ಹೋಗು; | हाय्दु होगु; | to pass; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. घटित होना; | ಸಂಭವಿಸು; | संभविसु; | to happen; |
| | | 3. व्यतीत होना, बीतना; | ಕಳೆದು ಹೋಗು | कळॆदु होगु; | to elapse; |
| | | 4. किसी की मृत्यु हो जाना। | ಮೃತಿ ಹೊಂದು | मृति हॊंदु | to pass away. |
| **गुजर-बसर** | स्त्री. | निर्वाह, गुजारा। | ನಿರ್ವಾಹ | निर्वाह | maintenance, livelihood. |
| **गुजारना** | स. क्रि. | 1. किसी स्थान से होते हुए आगे बढ़ाना; | ಹಾಯ್ದು ಹೋಗು-ವಂತೆ ಮಾಡು; | हाय्दु होगुवंतॆ माडु; | to cause to pass; |
| | | 2. (समय) काटना या बिताना। | ಹೊತ್ತು ಕಳೆ | हॊत्तु कळॆ | to pass time. |
| **गुजारा** | पुं. | 1. निर्वाह; | ನಿರ್ವಾಹ; | निर्वाह; | livelihood; |
| | | 2. निर्वाहार्थ दी जानेवाली रकम। | ಜೀವನಾಂಶ | जीवनांश | subsistence. |
| **गुझिया** | स्त्री. | मैदे की कुसली में मेवा, खोया आदि भर कर बनाया हुआ एक पकवान। | ಕರಿಗಡಬು | करिगडबु | a kind of sweetmeat. |
| **गुट(गुट्ट)** | पुं. | टोली, गिरोह। | ಗುಂಪು, ಪಾರ್ಟಿ | गुंपु, पार्टि | faction, block, clique. |
| **गुटका** | पुं. | 1. छोटे आकार में छपी हुई पुस्तक; | ಸಣ್ಣ ಆಕಾರದ ಪುಸ್ತಕ; | सण्ण आकारद पुस्तक; | hand book; |
| | | 2. सूखे कत्थे में मिलाई हुई इलायची लोंग सुपारी आदि जो पान में मिलाकर या पान के स्थान पर खाई जाती है; | ವೀಳೆಯದೊಂದಿಗೆ ಸೇರಿಸಿ ಅಥವಾ ಅದಕ್ಕೆ ಬದಲಾಗಿ ತಿನ್ನುವ ಚೂರ್ಣ | वीळॆयदॊंदिगॆ सेरिसि अथवा अदक्कॆ बदलागि तिन्नुव चूर्ण | a mixture of cardamom and lime etc. which is eaten alongwith betel leaf; |
| | | 3. किवाड़ों को बंद होने से रोकने के लिए चौखट और किवाड़ के बीच लगा लकड़ी का टुकड़ा। | ಕದ ಮುಚ್ಚಿಕೊಳ್ಳದೆ ಇರುವಂತೆ ತಡೆ-ಯುವ ಬಾಗಿಲ ಬಿರಟೆ | कदमुच्चि कॊळ्ळदॆ इरुवंतॆ तडॆयुव बागिल बिरटॆ | wedge (of wood etc.). |
| **गुटबन्दी** | स्त्री. | पारस्परिक मतभेद, राग-द्वेष आदि के कारण किसी संस्था,समुदाय आदि के लोगों का छोटे-छोटे गुट बनाना। | ಗುಂಪುಗಳಾಗುವಿಕೆ | गुंपुगळागुविकॆ | factionalism, groupism. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| गुटिका | स्त्री. | छोटी गोली या टिकिया। | ಮಾತ್ರೆ | मात्रे | pill, tablet. |
| गुठली | स्त्री. | आम, जामुन आदि फलों के बीच से निकलनेवाला कड़ा तथा बड़ा बीज। | ಮಾವು ಆದಿ ಹಣ್ಣುಗಳ ವಾಟೆ, ಬೀಜ | मावु आदि हण्णुगळ वाटे, बीज | stone (of fruit). |
| गुड़ | पुं. | ईख या ताड़-खजूर के रस को गाढ़ा करके बनाया हुआ पदार्थ जो भेली रूप में मिलता है। | ಬೆಲ್ಲ | बेल्ल | raw sugar in the form of cakes. |
| गुड़धानी | स्त्री. | भुने हुए गेहूं को गुड़ में मिलाकर बनाया जानेवाला लड्डू। | ಹುರಿದ ಗೋಧಿಗೆ ಬೆಲ್ಲ ಸೇರಿಸಿ ಮಾಡಿದ ಲಡ್ಡು | हुरिद गोधिगे बेल्ल सेरिसि-माडिद लड्डु | a ball shaped sweetmeat made of parched wheat mixed with raw sugar. |
| गुड़गुड़ | स्त्री. | हुक्का पीने या आंतों में वायु के संचार से होनेवाला शब्द। | ಹುಕ್ಕಾ ಸೇದುವಾಗ, ಆಗುವ 'ಗುಡಗುಡ' ಶಬ್ದ | हुक्का सेदुवाग आगुव "गुडगुड" शब्द | the gurgling sound made by the water in a huqqa. |
| गुड़गुड़ाना | अ. क्रि. | गुड़गुड़ की आवाज होना। | "ಗುಡಗುಡ" ಶಬ್ದವಾಗು | "गुडगुड" शब्दवागु | to rumble. |
| | सं. क्रि. | हुक्का पीना। | ಹುಕ್ಕಾ ಸೇದು | हुक्का सेदु | to smoke tobacco on a hubble-bubble. |
| गुड़गुड़ी | स्त्री. | काठ की निगाली वाला छोटा हुक्का। | ಹುಕ್ಕಾ | हुक्का | a small huqqa, a kind of pipe for smoking. |
| गुड़गोबर | क्रि. वि. | चौपट, नष्ट। | ನಷ್ಟವಾದ, ಕೆಟ್ಟುಹೋದ | नष्टवाद, केट्टुहोद | spoilt, undone. |
| गुड़मार | स्त्री. | एक प्रकार की वनस्पति। | ಒಂದು ಬಗೆಯ ವನೌಷಧಿ | ओंदु बगेय वनौषधि | a sort of vegetation. |
| गुड़िया | स्त्री. | बच्चों के खेलने का एक खिलौना जो छोटी लड़की के रूप में कपड़े, रबड़ आदि का बना होता है। | ಬೊಂಬೆ | बोंबे | doll. |
| गुड्डा | पुं. | 1. कपड़े का बना हुआ पुतला;<br>2. बड़ी पतंग। | ದೊಡ್ಡ ಬಟ್ಟೆ ಗೊಂಬೆ;<br>ದೊಡ್ಡ ಗಾಳಿಪಟ | दोड्ड बट्टे गोंबे;<br>दोड्ड गाळिपट | a big doll made of rags;<br>a large kite. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **गुड्डी** | स्त्री. | पतले कागज और बांस का बना वह चौकोर टुकड़ा जो डोर की सहायता से आकाश में उड़ाया जाता है, पतंग, कनकौवा। | ಸಣ್ಣ ಗಾಳಿಪಟ | सण्ण गाळिपट | a paper kite. |
| **गुण** | पुं. | 1. महत्वपूर्ण विशेषता जिसके कारण एक वस्तु दूसरी से अलग मानी तथा समझी जाती हो; 2. किसी वस्तु का लाभदायक तत्व, प्रभाव; 3. प्रशंसनीय बात; 4. प्रकृति का धर्म-सत्व, रज, तम; 5. ज्ञानेन्द्रिय का विषय; 6. साहित्य में वह तत्व जिससे काव्य की शोभा बढ़ती है। | ಗುಣ | गुण | quality (good or bad); virtue; merit; element, ingredient of nature; an attribute of the five sense organs; quality of **rasa** or sentiment in poetry. |
| **गुणक** | पुं. | वह अंक जिससे गुणा करें। | (ಗಣಿತ) ಗುಣಿಸುವ ಸಂಖ್ಯೆ | (गणित) गुणिसुव संख्ये | (in Arith.) the multiplier. |
| **गुणकर्म** | पुं. | गुण और कर्म। | ಗುಣ ಕರ್ಮಗಳು | गुण कर्मगळु | property or ingredient of one's nature and one's action combined. |
| **गुणकारक** | वि. | गुण करनेवाला, लाभदायक। | ಗುಣಕಾರಿ, ಲಾಭಕಾರಿ | गुणकारि, लाभकारि | effective, beneficial. |
| **गुणकारी** | वि. | गुणकारक। | ಗುಣಕಾರಿ | गुणकारि | effective, beneficial, efficient. |
| **गुणकीर्तन** | पुं. | गुणों का बखान या वर्णन। | ಗುಣಗಳ ವರ್ಣನೆ, ಗುಣಕೀರ್ತನೆ | गुणगळ वर्णने, गुणकीर्तने | telling the merits, praise. |
| **गुणगान** | पुं. | गुणों का गान, गुणकीर्तन। | ಗುಣಗಾನ | गुणगान | singing the virtues or excellent qualities, praise. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **गुणग्रहण** | पुं. | (किसी का) गुण समझना, गुण का आदर करना। | ಗುಣಗ್ರಹಣೆ | गुणग्रहणॆ | acknowledging or appreciating merits or good qualities. |
| **गुणग्राहक** | पुं. | गुण को परख कर उनका आदर और सम्मान करनेवाला। | ಗುಣಗಳನ್ನು ಗ್ರಹಿಸುವವ | गुणगळन्नु ग्रहिसुवव | one who appreciates merits or qualities. |
| **गुणग्राही** | वि.पुं. | दे. 'गुणग्राहक'। | ನೋಡಿ "गुणग्राहक" | नोडि "गुणग्राहक" | same as 'गुणग्राहक'। |
| **गुणज्ञ** | वि. | गुण को जानने और पहचाननेवाला, पारखी। | ಗುಣಗಳನ್ನು ಗ್ರಹಿಸಬಲ್ಲ | गुणगळन्नु ग्रहिसबल्ल | knowing how to admire or appreciate merits, appreciating. |
| **गुणदोष** | पुं. | अच्छाइयाँ और बुराइयाँ। | ಗುಣದೋಷಗಳು | गुणदोषगळु | merits and demerits, virtues and vices. |
| **गुणधर्म** | पुं. | वस्तुगत विशेषता, किसी पदार्थ में विशेष रूप से पाया जानेवाला विशेष गुण या धर्म। | ಗುಣಧರ್ಮಗಳು | गुणधर्मगळु | the virtue or duty incidental to the possession of certain qualities. |
| **गुणन** | पुं. | गुणा करना। | ಗುಣಿಸುವಿಕೆ | गुणिसुविकॆ | multiplication. |
| **गुणनचिह्न** | पुं. | गुणा का सूचक चिह्न विशेष। | ಗುಣಾಕಾರ ಚಿಹ್ನೆ | गुणाकार चिह्नॆ | sign of multiplication (×) |
| **गुणनखंड** | पुं. | (गणित में) ऐसी राशि या राशियां जिनसे किसी बड़ी राशि को भाग देने पर शेष कुछ न बचे। | ದೊಡ್ಡ ಸಂಖ್ಯೆಯನ್ನು ನಿಃಶೇಷವಾಗಿ ಭಾಗಿಸಬಲ್ಲ ಸಂಖ್ಯೆ | दॊड्ड संख्यॆयन्नु नि:शेषवागि भागिसबल्ल संख्यॆ | factor (in Math.) |
| **गुणनफल** | पुं. | एक संख्या को दूसरी संख्या से गुणा करने पर प्राप्त होनेवाली संख्या। | ಗುಣಲಬ್ಧ | गुणलब्ध | the product (in multiplication). |
| **गुणवान** | वि. | गुणशाली, गुणी, गुणों से युक्त। | ಗುಣವಂತ | गुणवंत | endowed with good qualities or virtues or merits, meritorious, virtuous. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **गुणहीन** | वि. | जिसमें कोई गुण या विशेषता न हो। | ಗುಣಹೀನ | गुणहीन | void of merit or meritless. |
| **गुणा** | पुं. | गणित में जोड़ने की एक संक्षिप्त रीति जिसमें कोई संख्या कई बार जोड़ने के बजाय एक बार में ही उतने गुनी बढ़ाई जा सकती है। | ಗುಣಾಕಾರ | गुणाकार | multiplication. |
| **गुणातीत** | वि. | किसी भी प्रकार के गुणों से मुक्त, प्रकृति के तीनों गुणों से अलिप्त या परे। | ಗುಣಾತೀತ | गुणातीत | freed from or beyond all properties, beyond three properties of nature. |
| **गुणानुवाद** | पुं. | किसी के अच्छे गुणों की चर्चा या वर्णन, तारीफ, प्रशंसा। | ಪ್ರಶಂಸೆ | प्रशंसे | praise, eulogy, applause, encomium. |
| **गुणित** | वि. | जिसका गुणन किया गया हो, गुणा किया हुआ। | ಗುಣಿಸಿದ | गुणिसिद | multiplied. |
| **गुणी** | वि.पुं. | गुणों ये युक्त, हुनरमंद। | ಗುಣವಂತ, ಕಲೆಯಲ್ಲಿ ಚತುರ | गुणवंत, कलॆयल्लि चतुर | possessed of or endowed with merits, meritorious. |
| **गुत्थम-गुत्था** | स्त्री. | गुंथ जाने का भाव, भिड़ंत। | ಜಗಳ, ಕೈ ಕೈ ಮಿಲಾಯಿಸುವಿಕೆ | जगळ, कै कै मिलायिसुविकॆ | brawl, wrangle, tussle, entanglement. |
| **गुत्थी** | स्त्री. | 1. तार आदि में उलझने से पड़ी हुई गांठ; | ಸಿಕ್ಕು; | सिक्कु; | knot, entanglement. |
| | | 2. उलझन, कठिनाई। | ತೊಡಕು | तॊडकु | riddle, enigma. |
| **गुदगुदा** | वि. | नरम, मांसल, जो छूने पर मुलायम तथा भला प्रतीत हो। | ಮೃದು, ಮಾಂಸಲ, ಮೆತ್ತನೆಯ | मृदु, मांसल, मॆत्तनॆय | fleshy, soft, plump. |
| **गुदगुदाना** | स. | 1. बगल, तलवे आदि को उंगलियों से इस तरह से सहलाना कि वह हंसने लगे; | ಚಕ್ಕಲಗುಳಿ ಇಡು; | चक्कलगुळि इडु | to tickle, to titillate; |
| | | 2. छेड़ना; | ಛುಡಾಯಿಸು; | छुडायिसु; | to tease for merriment; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. लालसा उत्पन्न करना। | ಸುಪ್ತ ಅಭಿಲಾಷೆಗಳನ್ನು ಉದ್ರೇಕಗೊಳಿಸು | सुप्त अभिलाषे-गळन्नु उद्रेक-गॊळिसु | to make eager or impatient. |
| **गुदगुदाहट** | स्त्री. | 1. गुदगुदी, गुदगुदाने की क्रिया या भाव; 2. मन में होनेवाली किसी बात की हलकी इच्छा। | ಚಕ್ಕಳಗುಳಿ ಇಡುವಿಕೆ; (ಮಾನಸಿಕ) ಆಕಾಂಕ್ಷೆ | चक्कलगुळि इडुविकॆ; (मानसिक) आकांक्षॆ | tickling, titillation; desire. |
| **गुदगुदी** | स्त्री. | दे. 'गुदगुदाहट'। | ನೋಡಿ "गुदगुदाहट" | नोडि "गुदगुदाहट" | same as 'गुदगुदाहट'। |
| **गुदड़ी** | स्त्री. | फटे पुराने कपड़ों के अनेक टुकड़ों को सीकर बनाया हुआ ओढ़ना या बिछावन। | ಚಿಂದಿ ಬಟ್ಟೆ | चिंदि बट्टॆ | tattered clothes, rags. |
| **गुदवाना** | स. क्रि. | गोदने का काम कराना। | ಹಚ್ಚೆ ಹೊಯ್ಯಿಸಿಕೊಳ್ಳು | हच्चॆ हॊय्यि-सिकॊळ्ळु | to get oneself tattooed. |
| **गुदा** | स्त्री. | वह इंद्रिय जिसमें से प्राणी मल त्याग करते हैं, मलद्वार। | ಮಲದ್ವಾರ | मलद्वार | rectum, anus. |
| **गुनगुनाना** | स. क्रि. | 1. धीमे स्वर में अस्पष्ट शब्दोच्चारण करते हुए गाना; 2. नाक से बोलना। | ತನ್ನಷ್ಟಕ್ಕೆ ತಾನೇ ಮೆಲುದನಿಯಲ್ಲಿ ಹಾಡಿಕೊಳ್ಳು; ಗೊಣಗುಟ್ಟು | तन्नष्टक्कॆ ताने मॆलुदनियल्लि हाडिकॊळ्ळु; गॊणगुट्टु | to hum, to sing softly to oneself; to speak through the nose. |
| **गुनना** | स. क्रि. | विचार करना, सोचना। | ಯೋಚಿಸಿ ವಿಚಾರಮಾಡು | योचिसि विचारमाडु | to think upon, to consider, to judge of. |
| **गुना** | वि. | गुणित, संख्यावाचक शब्दों के अन्त में लगाया जाने वाला प्रत्यय जिससे यह जाना जाये कि कोई मात्रा या संख्या निरंतर कई बार जोड़ने पर कितनी होती है। | ಅಷ್ಟು, (ಹತ್ತರಷ್ಟು, ನೂರರಷ್ಟು ಆದಿ), ಪಟ್ಟು, (ನೂರು ಪಟ್ಟು, ಸಾವಿರ ಪಟ್ಟು ಆದಿ) | अष्टु, (हत्तरष्टु, नूररष्टु आदि), पट्टु, (नूरु पट्टु, साविर पट्टु आदि) | fold, times, multiple (postp.) |
| **गुनाह** | पुं. | दोष, अपराध, पाप। | ದೋಷ, ಅಪರಾಧ, ಪಾಪ | दोष, अपराध, पाप | vice, fault, sin. |
| **गुनाहगार (गुनहगार)** | वि. | दोषी, अपराधी। | ದೋಷಿ, ಅಪರಾಧಿ | दोषि, अपराधि | guilty, culprit. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| गुनाही | वि. | दे. 'गुनाहगार'। | ನೋಡಿ."ಗುನಾಹಗಾರ" | नोडि "गुनाहगार" | see 'गुनाहगार'। |
| गुनही | वि. | दे. 'गुनाहगार'। | ನೋಡಿ "ಗುನಾಹಗಾರ" | नोडि "गुनाहगार" | see 'गुनाहगार'। |
| गुपचुप | क्रि. वि. | बिना किसी से कुछ कहे हुए या बतलाए हुए। | ಗಪ್‌ಚುಪ್ಪಾಗಿ, ಮೌನವಾಗಿ | गप्चुप्पागि, मौनवागि | secretly, quietly. |
| गुप्त | वि. | 1. जो दूसरों से छिपाकर किया जाय; | ಗುಪ್ತ; | गुप्त; | secret, confidential; |
| | | 2. छिपाकर रखा हुआ; | ಬಚ್ಚಿಡಲ್ಪಟ್ಟ; | बच्चिडल्पट्ट; | hidden; |
| | | 3. वैश्यों का उपनाम या वर्णसूचक उपाधि। | ವೈಶ್ಯರ ಉಪನಾಮ 'ಗುಪ್ತ' | वैश्यर उपनाम "गुप्त" | an appellation of the Vaishya class. |
| गुप्तचर | पुं. | जासूस, छिपकर टोह लेनेवाला। | ಗೂಢಚಾರ | गूढचार | spy, detective. |
| गुप्तदान | पुं. | ऐसा दान, उपहार या भेंट जो अपना नाम पता और दान की वस्तु का मूल्य एवं स्वरूप किसी पर प्रकट किए बिना दिया जाय। | ಗುಪ್ತದಾನ | गुप्तदान | secret donation or gift or present. |
| गुप्तवेश | वि. | जो वेश बदले हुए हो। | ಗುಪ್ತವೇಷ | गुप्तवेष | in disguise. |
| | पुं. | बदला हुआ वेश। | ಬದಲಾಯಿಸಿದ ವೇಷ | बदलायिसिद वेष | disguise. |
| गुप्तांग | पुं. | स्त्री या पुरुष की जननेन्द्रिय। | ಗುಪ್ತಾಂಗ | गुप्तांग | genital organ (of male or female). |
| गुफा | स्त्री. | जमीन अथवा पहाड़ के अन्दर का गहरा तथा अन्धेरा गढ्ढा। | ಗುಹೆ | गुहॆ | cave. |
| गुबरैला | पुं. | गोबर में पड़ने या रहने वाला एक प्रकार का छोटा कीड़ा। | ಗೊಬ್ಬರದ ಹುಳ | गॊब्बरद हुळ | the species of black-beetle found in dunghills or old cow-dung. |
| गुबार | पुं. | 1. धूल, गर्द; | ಧೂಳು; | धूळु; | dirt, dust; |
| | | 2. मन में संचित दुःख, शिकायत। | ಮನದಲ್ಲಿ ಅಡಗಿದ ದುಃಖ | मनदल्लि अडगिद दुःख | soreness, ill-feeling. |
| गुब्बारा | पुं. | झिल्ली जैसे रबड़ की एक थैली सी जिसमें हवा भरी जाती है और जिससे बच्चे खेलते हैं। | ಬಲೂನು | बलूनु | balloon. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **गुम** | वि. | खोया हुआ, गायब, लुप्त, लापता। | ಕಳೆದುಹೋದ | कळॆदु होद | lost, missing, vanished, untraceable. |
| **गुमटी** | स्त्री. | 1. मकान में सबसे ऊपर उठी हुई कमरे या सीढ़ी की छत; | ಮಾಹಡಿಯ ಮೇಲೆ ಎತ್ತರದಲ್ಲಿ ಕಟ್ಟಿದ ಕೋಣೆ; | महाडिय मेलॆ ऎत्तरदल्लि कट्टिद कोणॆ; | cupola. |
| | | 2. रेलवे लाइन की हिफाजत करनेवाले चौकीदार के रहने के लिए लाइन के पास बनी हुई छोटी कोठरी। | ರೈಲ್ವೆ ಕಾವಲುಗಾರನಿಗಾಗಿ ಕಟ್ಟಿದ ಕಂಬಿ ಬಳಿಯ ಕೋಣೆ | रैल्वे कावलुगार-निगागि कट्टिद कंबि बळिय कोणॆ | residential cabin of a railway employee near the railway line, who keeps watch on it. |
| **गुमना** | स. | गुम हो जाना, खो जाना। | ಕಳೆದು ಹೋಗು | कळॆदु होगु | to be lost, to disappear. |
| **गुमनाम** | वि. | 1. अप्रसिद्ध; | ಅಪ್ರಸಿದ್ಧ; | अप्रसिद्ध; | anonymous; |
| | | 2. बिना नाम का, जिसमें किसी का नाम न लिखा हो। | ಹೆಸರಿಲ್ಲದ | हॆसरिल्लद | obscure, unknown. |
| **गुमराह** | वि. | 1. भटका हुआ, पथभ्रष्ट, जो रास्ता भूल गया हो; | ದಾರಿತಪ್ಪಿದ, ಪಥಭ್ರಷ್ಟ; | दारितप्पिद, पथभ्रष्ट; | astray, misled; |
| | | 2. बुरे रास्ते पर जानेवाला। | ಕುಮಾರ್ಗಿ | कुमार्गि | treading on an evil path, erring. |
| **गुमसुम** | वि. क्रि. वि. | चुप और निश्चेष्ट। | ಸುಮ್ಮನೆ | सुम्मनॆ | quiet, mute, taciturn. |
| **गुमान** | पुं. | 1. अनुमान, कल्पना; | ಅನುಮಾನ, ಕಲ್ಪನೆ; | अनुमान, कल्पनॆ; | imagination, fancy; |
| | | 2. अभिमान, घमण्ड; | ಅಹಂಕಾರ; | अहंकार; | pride; |
| | | 3. शक, सन्देह। | ಸಂದೇಹ | संदेह | doubt, suspicion. |
| **गुमाना** | स. क्रि. | खो देना, गवाना। | ಕಳೆದುಕೊಳ್ಳು | कळॆदुकॊळ्ळु | to lose, to let (a thing) be lost. |
| **गुमाश्ता** | पुं. | कर्मचारी। | ಗುಮಾಸ್ತೆ | गुमास्तॆ | agent, representative, manager. |
| **गुर** | पुं. | हिसाब निकालने का संक्षिप्त और पक्का कायदा, | ರಹಸ್ಯ | रहस्य | formula, principle, device. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | कठिन कार्य को सरलता से सम्पन्न करने का साधन या सूत्र। | | | |
| गुरिल्ला युद्ध | पुं. | वह लड़ाई जिसमें छोटे-छोटे दस्तों में बंटी हुई सेना मौका पाकर दुश्मन पर छापा मारती है। | ಯುದ್ಧದ ಒಂದು ಪ್ರಕಾರ | युद्द ओंदु प्रकार | guerilla warfare. |
| गुरु | वि. | 1. भारी; | ಭಾರಿ; | भारि; | heavy, weighty; |
| | | 2. कठिन; | ಕಠಿಣ; | कठिण; | arduous, difficult; |
| | | 3.दुष्पाच्य; | ಜೀರ್ಣಿಸಲಾಗದ; | जीर्णिसलागद; | hard of digestion; |
| | | 4. (छन्द) दो मात्रा वाला वर्ण। | (ಛಂದಃಶಾಸ್ತ್ರ)ಎರಡು ಮಾತ್ರೆಗಳ ವರ್ಣ | (छंद:शास्त्र) एंरडु मात्रेगळ वर्ण | (prosody) long syllable. |
| | पुं. | 1. शिक्षक, विद्या देनेवाला; | ಅಧ್ಯಾಪಕ; | अध्यापक; | teacher; |
| | | 2. धार्मिक शिक्षा अथवा उपदेश करनेवाला; | ಉಪದೇಶಕ; | उपदेशक; | spiritual guide; |
| | | 3. बृहस्पति। | ಬೃಹಸ್ಪತಿ | बृहस्पति | Brihaspati or the planet Jupiter. |
| गुरुआनी | स्त्री. | गुरुपत्नी, शिक्षा देने वाली स्त्री। | ಗುರುಪತ್ನಿ | गुरुपत्नि | wife of **Guru** or teacher, a teacher (female). |
| गुरुकुल | पुं. | 1. गुरु का वासस्थान जहां रहकर शिष्य विद्याध्ययन करते हों; | ಗುರುಕುಲ | गुरुकुल | the house of a Guru where his pupils live and learn; |
| | | 2. प्राचीन पद्धति पर स्थापित विद्यापीठ। | | | ancient Indian educational institution. |
| गुरुघंटाल | वि., पुं. | चलता पुर्जा, मक्कार, धूर्त। | ಧೂರ್ತ | धूर्त | a thorough knave. |
| गुरुजन | पुं. | पूज्य पुरुष, माता, पिता, आचार्य आदि। | ಹಿರಿಯರು | हिरियरु | any venerable or elderly person (father, the elder of a family etc.). |
| गुरुता | स्त्री. | 1. भारीपन, बोझ; | ಭಾರವಾಗಿರುವಿಕೆ; | भारवागिरुविकें; | heaviness, weight; |
| | | 2. महत्व, गौरव। | ಮಹತ್ವ, ಹಿರಿತನ | महत्व, हिरितन | importance, dignity, greatness. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| गुरुत्व | पुं. | 1. गुरु होने की अवस्था या भाव; | ಉಪಾಧ್ಯಾಯನ ವೃತ್ತಿ | उपाध्यायन वृति; | the position or office of a (religious) teacher, tutorship; |
| | | 2. पृथ्वी की वह शक्ति जो उपरिस्थित पदार्थों को अपनी ओर अर्थात् नीचे खींचती है। | ಭೂಮಿಯ ಗುರುತ್ವಾಕರ್ಷಣ ಶಕ್ತಿ | भूमिय गुरुत्वाकर्षण शक्ति | gravitation. |
| गुरुत्वाकर्षण | पुं. | भौतिक शास्त्र में वह शक्ति जिसके द्वारा कोई पिंड किसी दूसरे पिंड को अपनी ओर आकृष्ट करता है अथवा स्वयं आकृष्ट होता है। | (ಭೌತಿಕಶಾಸ್ತ್ರ) ಗುರುತ್ವಾಕರ್ಷಣೆ | (मौतिक शास्त्र) गुरुत्वाकर्षणे | attraction or gravity. |
| गुरुदक्षिणा | स्त्री. | सारी विद्या पढ़ चुकने के उपरान्त गुरु को दी जानेवाली दक्षिणा। | ಗುರುದಕ್ಷಿಣೆ | गुरुदक्षिणे | fee given to a spiritual preceptor or teacher. |
| गुरुद्वारा | पुं. | सिक्खों का मन्दिर जहां लोग ग्रन्थ साहब का पाठ करने जाते हैं। | ಸಿಕ್ಖರ ದೇವಾಲಯ | सिक्खर देवालय | Sikh temple. |
| गुरुमंत्र | पुं. | 1. दीक्षा के समय गुप्त रूप में बताया जानेवाला मंत्र; | ದೀಕ್ಷೆ ಕೊಡುವಾಗ ಉಪದೇಶಮಾಡುವ ಮಂತ್ರ; | दीक्षे कोडुवाग उपदेश माडुव मंत्र; | sacred formula uttered into the ears of the disciple by his teacher or preceptor at the time of initiation; |
| | | 2. कठिन कार्य करने के लिए अनुभवी व्यक्ति द्वारा बताई गई सरल युक्ति। | ಕಠಿಣ ಕಾರ್ಯ ಸಾಧನೆಯ ಸುಲಭಯುಕ್ತಿ | कठिण कार्य साधनेय सुलभयुक्ति | counsel from some experienced person. |
| गुरुवार | पुं. | सप्ताह का पांचवा दिन जो बुध और शुक्र के बीच पड़ता है। | ಗುರುವಾರ | गुरुवार | Thursday. |
| गुर्दा | पुं. | 1. रीढ़दार जीवों के पेट के अन्दर वे दो अंग जो खाये हुए पदार्थों में | ಮೂತ್ರಗ್ರಂಥಿಗಳು; | मूत्रग्रंथिगळु; | kidney; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | बननेवाला रक्त साफ करते हैं और बचे हुए तरल पदार्थ को पेशाब के रूप में भेजते हैं; | | | |
| | | 2. साहस, हिम्मत। | ಧೈರ್ಯ, ಸಾಹಸ | धैर्य, साहस | courage. |
| गुर्राना | स.क्रि. | कुत्ते, बिल्ली आदि का क्रोध में मुंह बंद करके भारी आवाज निकालना, क्रोध में कर्कश स्वर से बोलना। | ಗುರುಗುಟ್ಟು | गुरुगुट्टु | to growl. |
| गुल | पुं. | 1. गुलाब; | ಗುಲಾಬಿ; | गुलाबि; | rose; |
| | | 2. फूल; | ಹೂ; | हू; | flower; |
| | | 3. दीए की बत्ती अथवा तंबाखू आदि का वह अंश जो बिल्कुल जल जाने पर छोटे से फूल का आकार धारण कर लेता है; | ದೀಪದ ಕುಡಿ; | दीपद कुडि; | burnt portion of wick or tobacco etc; |
| | | 4. शोर, हल्लागुल्ला। | ಗಲಾಟೆ | गलाटॆ | noise, din, clamour, confusion of voices. |
| गुलकंद | पुं. | गुलाब की पंखुडियों में शकर या मिश्री मिलाकर बनाई हुई औषध जो रेचक होती है। | ಗುಲ್‌ಕನ್, ಗುಲಾಬಿ ರೇಕು ಗಳಿಂದ ಮಾಡಿದ ರಸಾಯನ | गुल्कन्, गुलाबि रेकुगळिंद माडिद रसायन | a conserve prepared from rose leaves. |
| गुलगुला | वि. | नरम, मुलयाम। | ಮೆತ್ತಗಿರುವ | मॆत्तगिरुव | soft. |
| | पुं. | आटे में गुड़ या चीनी मिलाकर घी या तेल में तलकर बनाया हुआ एक तरह का पकवान। | ತುಪ್ಪದಲ್ಲಿ ಹುರಿದ ಹಿಟ್ಟಿಗೆ ಸಕ್ಕರೆ ಬೆರೆಸಿ ಮಾಡಿದ ಸಿಹಿ ತಿಂಡಿ | तुप्पदल्लि हुरिद हिट्टिगॆ सक्करॆ बॆरसि माडिद सिहि तिंडि | a kind of sweet preparation. |
| गुलछर्रा | पुं. | मौज, ऐश, अनुचित रूप से तथा खूब खुलकर किया जानेवाला आनंद मंगल। | ಮಜಾ ಮಾಡುವಿಕೆ ಮೋಜುಮಾಡುವಿಕೆ | मजा माडुविकॆ, मोजु माडुविकॆ | revelry, riotous merry making. |
| गुलजार | पुं. | बाग, वाटिका। | ತೋಟ | तोट | garden. |
| | वि. | 1. हराभरा; | ಚೆನ್ನಾಗಿ ವಿಕಸಿಸಿದ; | चॆन्नागि विकसिसिद; | blooming, flourishing; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. चहल-पहल और रौनकवाला। | ಆನಂದ ಕೋಲಾಹಲ | आनंद कोलाहल | bustling with life, gay. |
| गुलदस्ता | पुं. | फूलों तथा पत्तियों को क्रम से सजाकर बांधा हुआ गुच्छा। | ತುರಾಯಿ | तुरायि | bouquet. |
| गुलदान | पुं. | गुलदस्ता रखने का पात्र, फूलदान। | ಹೂವಿನ ಕುಂಡ | हूविन कुंड | flower-pot, flower-vase. |
| गुलशन | पुं | बगीचा, उद्यान। | ಉದ್ಯಾನ | उद्यान | flower garden. |
| गुलाब | पुं. | एक प्रकार का प्रसिद्ध कंटीला पौधा जिसके सुगंधित फूल गुलाबी, लाल, पीले, सफेद आदि अनेक रंगों के होते हैं। | ಗುಲಾಬಿ ಗಿಡ, ಹೂ | गुलाबि गिड, हू | rose. |
| गुलाबजल | पुं. | गुलाब के फूलों का भभके में उतारा हुआ सुगंधित अरक। | ಗುಲಾಬಿ ಪನ್ನೀರು | गुलाबि पन्नीरु | rose-water. |
| गुलाबजामुन | पुं. | घी में तली हुई तथा शीरे में डुबोई हुई खोए की एक मिठाई। | ಜಾಮೂನು | जामूनु | an Indian sweet-meat prepared of Khoya (condensed milk). |
| गुलाबी | वि. | 1. गुलाब के रंग का, हलका लाल; | ಗುಲಾಬಿ ಬಣ್ಣದ | गुलाबि बण्णद | rosy, pink; |
| | | 2. बहुत थोड़ा या हलका। | | | mild. |
| | स्त्री. | शराब पीने की प्याली। | ಸಾರಾಯಿ ಕುಡಿಯುವ ಪಾತ್ರೆ | सारायि कुडियुव पात्रे | flagon (for holding rose-water, or wine etc.). |
| गुलाम | पुं. | 1. मोल लिया हुआ नौकर, दास; | ಕ್ರೀತದಾಸ, ಗುಲಾಮ; | क्रीतदास, गुलाम; | slave; |
| | | 2. अधीन, वशवर्ती मनुष्य, नौकर; | ಆಳು | आलु; | servant; |
| | | 3. ताश का एक पत्ता जिस पर गुलाम की आकृति होती है। | ಇಸ್ಪೀಟು ಜಾಕಿ | इस्पीटु जाकि | jack or knave (cards). |
| गुलामी | स्त्री. | दासता, पराधीनता। | ದಾಸ್ಯ, ಗುಲಾಮಗಿರಿ, ಪರಾಧೀನತೆ | दास्य, गुलामगिरि, पराधीनते | slavery, bondage. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **गुलाल** | पुं. | एक प्रकार की रंगदार बुकनी या चूर्ण जिसे होली के दिनों में एक दूसरे पर डालते हैं या मलते हैं। | ಗುಲಾಲು (ಕೆಂಬಣ್ಣದ ಪುಡಿ) | गुलालु (कॆंबण्णद पुडि) | red farinaceous powder which Hindus throw or apply on each other's person during the Holi festival. |
| **गुलूबंद** | पुं. | 1. सरदी से बचने के लिए गले में लपेटा जानेवाला लम्बे आकार का कपड़ा; | ಮಫ್ಲರು; | मफलरु; | muffler; |
| | | 2. एक प्रकार का आभूषण जो लंबी पट्टी के आकार का होता है। | ಚಿನ್ನದ ಪಟ್ಟಿ (ಕತ್ತಿಗೆ ಹಾಕುವ ಆಭರಣ) | चिन्नद पट्टि (कत्तिगॆ हाकुव आभरण) | ornament worn by women round the neck. |
| **गुलेल** | स्त्री. | एक प्रसिद्ध छोटा उपकरण जिसमें लगी हुई रबड़ की डोरी की सहायता से मिट्टी की गोलियाँ या कंकड दूर तक फैंके जाते हैं। | ಕವಣೆ | कवणॆ | pellet-bow. |
| **गुल्म** | पुं. | 1. एक प्रकार का उदर रोग जिसमें प्रवृद्ध वायु के कारण गोला सा बन जाता है; | ಪ್ಲೀಹಾ ರೋಗ; | प्लीहा रोग; | the spleen, or (as variously situated) any glandular enlargement in the abdomen (as that of the mesenteric gland, etc.) so as to be perceived externally; |
| | | 2. बिना तने का पौधा जिसमें जड़ से ही कई शाखाएं निकलती हैं, झाड़; | ಪೊದೆಯಂತೆ ಬೆಳೆಯುವ ಗಿಡ; | पॊदॆयंतॆ बॆळॆयुव गिड; | a bush, a shrub; |
| | | 3. प्राचीन भारत में सेना की वह टुकड़ी जिसमें 9 रथ, 9 हाथी, 27 घोड़े तथा 45 पैदल सैनिक होते हैं। | 9 ರಥ, 9 ಆನೆ, 27 ಕುದುರೆ 45 ಪದಾತಿ ಸೈನ್ಯ ವಿರುವ ಪ್ರಾಚೀನ ಕಾಲದ ಸೈನ್ಯದಳ | 9 रथ, 9 आनॆ, 27 कुदुरॆ 45 पदाति सैन्यविरुव प्राचीनकालद सैन्यदळ | a divison of an army (consisting of nine platoons, each amounting to nine elephants, |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | nine chariots, twenty-seven horses and forty-five foot). |
| गुल्ली | स्त्री. | खेलने के काम आनेवाला लकड़ी का लंबोतरा टुकड़ा जिसके दोनों छोर नुकीले हों। | ಚಿಣ್ಣಿ | चिण्णि | tapered short stock in game of tip-cat. |
| गुल्लीडंडा | पुं. | एक प्रकार का खेल जिसमें गुल्ली को डंडे से मारते हैं। | ಚಿಣ್ಣಿ-ದಾಂಡಿನ ಆಟ | चिण्णि-दांडिन आट | game of tip-cat. |
| गुस्ताखी | स्त्री. | बेअदबी, अशिष्टता, उद्दण्डता। | ಅಸಭ್ಯ ಅಥವಾ ಅಶಿಷ್ಟ ವ್ಯವಹಾರ | असभ्य अथवा अशिष्ट व्यवहार | arrogance, rudeness, impudence. |
| गुस्सा | पुं. | क्रोध, रोष। | ಸಿಟ್ಟು | सिट्टु | anger, rage. |
| गुस्सैल | वि. | क्रोधी, स्वभावत: जिसे बात बात पर गुस्सा आता हो। | ಸಿಡುಕಿನ (ಸ್ವಭಾವ) | सिडुकिन (स्वभाव) | choleric, of furious temperament. |
| गुहा | स्त्री. | गुफा, खोह, माँद। | ಗುಹೆ | गुहे | cave, cavern, den. |
| गुह्य | वि. | 1. कठिनता से समझ में आनेवाला; | ಗೂಢವಾದ; | गूढवाद; | difficult to understand; |
| | | 2. छिपाये जाने योग्य। | ರಹಸ್ಯವಾಗಿರಿಸಲು ಅರ್ಹವಾದ | रहस्यवागिरिसलु अर्हवाद | to be covered or concealed, requiring concealment. |
| गूंगा | वि. | जो बोल न सके, मूक। | ಮಾತು ಬಾರದ | मातुबारद | dumb, mute; |
| | पुं. | वह जो बोल न सकता हो। | ಮೂಗ | मूग | dumb, mute. |
| गूंज | स्त्री. | टकरा कर लौटनेवाली आवाज, प्रतिध्वनि। | ಪ್ರತಿಧ್ವನಿ | प्रतिध्वनि | echo, reverberation. |
| गूंजना | अ. क्रि. | आवाज का टकराकर लौटना, किसी ध्वनि से किसी स्थान का व्याप्त हो जाना, ध्वनि का देर तक सुनाई देते रहना। | ಪ್ರತಿಧ್ವನಿಸು | प्रतिध्वनिसु | to echo, to resound. |
| गूंथना | स. क्रि. | 1. आटे में पानी डालकर हाथ से मलना; | ಹಿಟ್ಟು ನಾದು; | हिट्टु नादु; | to knead; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. धागों या बालों की लड़ी बनाना, चोटी करना; | ಹೆಣೆ; | हॆणॆ; | to arrange hair in braids; |
| | | 3. पिरोना। | ಪೋಣಿಸು | पोणिसु | to thread. |
| गूंधना | स. क्रि. | दे. 'गूंथना'। | ನೋಡಿ "गूंथना" | नोडि "गूंथना" | see 'गूंथना'. |
| गूढ़ | क्रि. वि. | 1. छिपा हुआ, गुप्त; | ರಹಸ್ಯವಾದ; | रहस्यवाद; | hidden, concealed, kept secret; |
| | | 2. समझने में कठिन, दुरुह। | ಊಹೆಗೂ ಎಟುಕದ | ऊहॆगू एटुकद | difficult to understand, mysterious. |
| गूदड़ | पुं. | जीर्ण कपड़ा जो काम में आने योग्य न रह गया हो। | ಉಪಯೋಗಕ್ಕೆ ಬಾರದ ಹಳೆ ಬಟ್ಟೆ | उपयोगक्कॆ बारद हळॆ बट्टॆ | tattered clothes, rags. |
| गूदा | पुं. | 1. फल के छिलके के नीचे का खाद्यांश; | ಹಣ್ಣಿನ ಸಾರವಾದ ಭಾಗ; | हण्णिन सारवाद भाग, | flesh of fruits and vegetables; |
| | | 2. नरम एवं सार भाग; | ಮೃದು ಹಾಗೂ ಸಾರವಾದ ಭಾಗ; | मृदु हागू सारवाद भाग; | essential portion of a thing; |
| | | 3. किसी चीज को कूटकर तैयार किया हुआ उसका कुछ गीला पिंड। | ರುಬ್ಬಿದ ತಿರುಳು | रुब्बिद तिरुळु | pulp. |
| गूलर | पुं. | 1. बरगद, पीपल की जाति का एक पेड़; | ಅತ್ತಿಮರ; | अत्ति मर; | a wild fig tree (ficus glomerata); |
| | | 2. उक्त वृक्ष का फल। | ಅತ್ತಿ ಹಣ್ಣು, ಕಾಯಿ | अत्ति हण्णु, कायि | a kind of fig. |
| गृध्र | पुं. | गिद्ध नाम का प्रसिद्ध शिकारी पक्षी। | ಹದ್ದು (ಪಕ್ಷಿ) | हद्दु (पक्षि) | vulture. |
| गृह | पुं. | घर, वासस्थान। | ಮನೆ, ನಿವಾಸ | मनॆ, निवास | house, dwelling. |
| गृहकलह | पुं. | घर के लोगों में आपस में होनेवाला लड़ाई झगड़ा। | ಮನೆ ಜಗಳ | मनॆ जगळ | domestic feuds. |
| गृहकार्य | पुं. | घर का काम काज। | ಮನೆಗೆಲಸ | मनॆगॆलस | domestic affairs, household work. |
| गृहत्याग | पुं. | विरक्त होकर घर छोड़कर कहीं चले जाना। | ಗೃಹತ್ಯಾಗ (ವಿರಕ್ತಿ) | गृहत्याग (विरक्ति) | renunciation of house and family. |
| गृहपति | पुं. | 1. घर में रहनेवाले | ಮನೆ ಯಜಮಾನ; | मनॆ यजमान; | master of a house, |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | परिवार का मुख्य व्यक्ति; | | | head of a family; |
| | | 2. अग्नि। | ಅಗ್ನಿ | अग्नि | an epithet of Agni. |
| **गृहप्रवेश** | पुं. | नए बनवाये हुए या खरीदे हुए घर में विधिपूर्वक पूजन आदि करने के उपरान्त प्रवेश करना। | ಗೃಹಪ್ರವೇಶ | गृहप्रवेश | a solemn entrance into a house according to prescribed rites. |
| **गृहयुद्ध** | पुं. | किसी एक ही राष्ट्र के विभिन्न प्रदेशों के निवासियों या राजनीतिक दलों का आपस में होनेवाला युद्ध। | ರಾಷ್ಟ್ರ ಅಥವಾ ದೇಶದ ಒಳ ಯುದ್ಧ | राष्ट्र अथवा देशद ओळयुद्ध | civil war. |
| **गृहलक्ष्मी** | स्त्री. | घर की स्वामिनी, सती और सुशीला स्त्री। | ಗೃಹಲಕ್ಷ್ಮಿ | गृहलक्ष्मि | mistress of the house, noble woman. |
| **गृहसचिव** | पुं. | गृह मंत्रालय का प्रधान शासनिक अधिकारी। | ಗೃಹ ಮಂತ್ರಿ | गृहमंत्रि | secretary to the ministry of Home Affairs. |
| **गृहस्थ** | पुं. | ब्रह्मचर्य पालने के बाद विवाह करके दूसरे आश्रम में प्रवेश करने वाला, बाल बच्चों वाला। | ವಿವಾಹಿತ ಗೃಹಸ್ಥ | विवाहित, गृहस्थ | one who has entered the second Ashram, householder. |
| **गृहस्थाश्रम** | पुं. | ब्रह्मचर्य के बाद का आश्रम, विवाहित जीवन। | ವಿವಾಹಿತ ಜೀವನ, ಗೃಹಸ್ಥಾಶ್ರಮ | विवाहित जीवन, गृहस्थाश्रम | the second stage of life according to Hindu Philosophy, married life. |
| **गृहस्थी** | स्त्री. | 1. घर-बार और बाल-बच्चे; | ಪರಿವಾರ; | परिवार; | family; |
| | | 2. घर का माल असबाब। | ಮನೆ ಸಾಮಾನು | मनॆ सामानु | household. |
| **गृहस्वामिनी** | स्त्री. | घर की मालकिन, पत्नी। | ಮನೆ ಯಜಮಾನಿ, ಹೆಂಡತಿ | मनॆ यजमानि, हॆंडति | housewife, mistress of the house. |
| **गृहिणी** | स्त्री. | दे. 'गृहस्वामिनी'। | ನೋಡಿ "गृहस्वामिनी" | नोडि "गृहस्वामिनी" | see 'गृहस्वामिनी'. |
| **गृहीत** | वि. | 1. ग्रहण किया हुआ; | ಪಡೆದುಕೊಂಡ; | पडॆदुकॊंड: | taken, received; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | प्राप्त किया हुआ;<br>2. लिया हुआ, पकड़ा हुआ। | ತೆಗೆದುಕೊಳ್ಳಲ್ಪಟ್ಟ | तॆगॆदुकॊळ्ळल्पट्ट | obtained, seized. |
| गृहोद्योग | पुं. | जीविकार्थ घर में बैठकर किए जानेवाले रचनात्मक कार्य। | ಗೃಹ ಕೈಗಾರಿಕೆ | गृह कैगारिकॆ | cottage industry. |
| गेंद | पुं., स्त्री. | कपड़े, रबर, काष्ठ आदि का बना गोला जिससे बच्चे खेलते हैं। | ಚೆಂಡು | चॆंडु | ball. |
| गेंदई | वि. | गेंदे के फूल जैसे रंग का, जर्द। | ಹಳದಿ ಬಣ್ಣದ, ಚೆಂಡು ಹೂವಿನ ಬಣ್ಣದ | हळदि बण्णद, चॆंडु हूविन बण्णद | of the colour of the marigold, yellow colour. |
| गेंदबाज | पुं. | गेंद बल्ले के खेल में वह व्यक्ति जो बल्लेबाज के सामने गेंद फैंकने का काम करे। | ಆಟದಲ್ಲಿ ಚೆಂಡನ್ನು ಎಸೆಯುವವ, ಬೌಲರ್ | आटदल्लि चॆंडन्नु ऎसॆयुवव, बौलर् | bowler. |
| गेंदा | पुं. | 1. एक प्रकार का छोटा पौधा जिसमें पीले, नारंगी रंग के फूल लगते हैं; | ಚೆಂಡು ಹೂವಿನ ಗಿಡ; | चॆंडु हूविन गिड; | plant of marigold. |
| | | 2. उक्त पौधे के फूल। | ಅದರ ಹೂ | अदर हू | flower of marigold. |
| गेय | पुं. | गाने लायक, जो गाया जा सके। | ಹಾಡಲು ಯೋಗ್ಯವಾದ | हाडलु योग्यवाद | fit to be sung, which can be sung. |
| गेयता | स्त्री. | गाए जाने की योग्यता। | ಹಾಡಲು ಯೋಗ್ಯವಾಗಿರುವಿಕೆ | हाडलु योग्यवागिरुविकॆ | fitness of being sung. |
| गेरना | स. क्रि. | गिराना, उंडेलना, डालना। | ಕೆಳಗೆ ಬೀಳಿಸು, (ಕೆಳಗೆ) ಹಾಕು | कॆळगॆ बीळिसु, (कॆळगॆ) हाकु | to throw down, to pour, to put (into). |
| गेरुवा | वि. | गेरु के रंग का, गेरु में रंगा हुआ। | ಕಾವಿ ಬಣ್ಣದ | कावि बण्णद | of the colour of red ochre, dyed in ruddle. |
| गेरु | पुं., | एक प्रसिद्ध खनिज, लाल मिट्टी जो रंगने और दवा के काम आती है। | ಔಷಧಿ ಮತ್ತು ಬಣ್ಣಗಳಿಗೆ ಉಪಯೋಗವಾಗುವ ಒಂದು ಕೆಂಪು ಮಣ್ಣಿನ ಖನಿಜ | औषधि मत्तु बण्णगळिगॆ उपयोगवागुव ऒंदु कॆंपु मण्णिन खनिज | red chalk, red earth, ruddle. |
| गेह | पुं. | घर, मकान। | ಮನೆ | मनॆ | house, dwelling. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **गेहुंआ** | वि. | गेहुं के रंग का, गंदुमी। | ಗೋಧಿಯ ಬಣ್ಣದ | गोधिय बणणद | wheat-coloured, tawny. |
| **गेहूँ** | पुं. | एक प्रसिद्ध पौधे की बालों में लगनेवाले छोटे लम्बोतरे दाने जिनके आटे से पूरी, रोटी आदि बनती है। | ಗೋಧಿ | गोधि | wheat. |
| **गेंडा** | पुं. | भैंसे की शक्ल का एक विशालकाय जन्तु जिसकी नाक पर एक या दो सींग होते हैं और जिसके चमड़े की ढाल बनाई जाती है। | ಗೇಂಡಾಮೃಗ | गेंडामृग | rhinoceros. |
| **गैंती** | स्त्री. | जमीन खोदने की कुदाल। | ಅಗೆಯುವ ಗುದ್ದಲಿ | अगेयुव गुद्दलि | pick-axe. |
| **गैया** | स्त्री. | गाय। | ಹಸು | हसु | cow. |
| **गैर** | वि. | 1. विपरीत; | ವಿರುದ್ಧ, ಪ್ರತಿಕೂಲ, ಹೊಂದಿಕೆಯಿಲ್ಲದ; | विरुद्ध, प्रतिकूल, हॊंदिकॆयिल्लद; | non-, un-, in-, ir-, etc.; |
| | | 2. अन्य, दूसरा; | ಬೇರೆಯ; | बेरॆय; | other; |
| | | 3. जिसके साथ आत्मीयता का सम्बन्ध न हो। | ಆತ್ಮೀಯತೆ-ಯಿಲ್ಲದ | आत्मीयतॆयिल्लद | stranger |
| **गैरजिम्मेवार** | वि. | 1. जिम्मेदारी न समझने वाला; | ಜವಾಬ್ದಾರಿ-ಯಿಲ್ಲದ; | जवाब्दारियल्लद; | irresponsible; |
| | | 2. जिसका भरोसा न किया जा सके। | ಭರವಸೆಯಿಲ್ಲದ | भरवसॆयिल्लद | unreliable. |
| **गैरत** | स्त्री. | 1. सम्मान की भावना; | ಗೌರವ ಭಾವ; | गौरव भाव; | sense of honour; |
| | | 2. अपने ही सम्बन्ध में मन में होनेवाला वह खेद जो कोई अनुचित या अशोभन काम करने पर उत्पन्न होता है या होना चाहिए, लज्जा, शर्म। | ಮನಸ್ಸಿನಲ್ಲಿ ಆಗುವ ಸಂಕೋಚ, ನಾಚಿಕೆ | मनस्सिनल्लि आगुव संकोच, नाचिकॆ | indignation, shame. |
| **गैरसरकारी** | वि. | जो सरकारी न हो। | ಖಾಸಗಿ, ಸರಕಾರಿ-ಯಲ್ಲದ | खासगि, सरकारि-यल्लद | unofficial. |
| **गैरहाजिर** | वि. | अनुपस्थित, जो हाजिर या मौजूद न हो। | ಹಾಜರಾಗಿರದ | हाजरागिरद | absent, not present. |
| **गैरहाजिरी** | स्त्री. | अनुपस्थिति। | ಅನುಪಸ್ಥಿತಿ | अनुपस्थिति | absence. |
| **गैल** | स्त्री. | मार्ग, रास्ता, गली। | ದಾರಿ, ರಸ್ತೆ | दारि, रस्तॆ | road, path, street. |

of the house.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **गृहिणी** | स्त्री. | दे. 'गृहस्वामिनी'। | ನೋಡಿ "गृहस्वामिनी" | नोडि "गृहस्वामिनी" | see 'गृहस्वामिनी'. |
| **गृहीत** | वि. | 1. ग्रहण किया हुआ; | ಪಡೆದುಕೊಂಡ; | पडॆदुकॊंड: | taken, received; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **गोंद** | पुं. | कुछ विशिष्ट पौधों तथा वृक्षों में से निकलनेवाला चिपचिपा निर्यास जिसे पानी में घोलकर कागज आदि चिपकाए जाते हैं तथा औषध के रूप में भी प्रयुक्त किया जाता है। | ಗೋಂದು | गोंदु | gum. |
| **गोंददानी** | स्त्री | वह पात्र जिसमें गोंद भिगोकर रखा जाए। | ಗೋಂದು ಬಾಟಲು | गोंदु बाटलु | gum-pot. |
| **गो** | स्त्री. | 1. गाय, गौ;<br>2. इंद्रिय;<br>3. वाणी, सरस्वती;<br>4. किरण। | ಹಸು;<br>ಇಂದ್ರಿಯಗಳು;<br>ಸರಸ್ವತಿ;<br>ಕಿರಣ | हसु;<br>इंद्रियगळु;<br>सरस्वति;<br>किरण | cow;<br>organ of sense;<br>speech, words, the goddess of speech, Sarasvati;<br>a ray of light. |
| **गोखरु** | पुं. | 1. एक प्रकार का पौधा जिसमें चने के बराबर कड़े और कंटीले फल लगते हैं;<br>2. कलाई पर पहनने का एक आभूषण। | ನೆಗ್ಗಿಲು ಗಿಡ-ಮುಳ್ಳು;<br>ಮುಂಗೈಯ ಆಭರಣ | नॆग्गिलु गिड-मूळ्ळु;<br>मुंगैय आभरण | the plant Ruellia longifolia and the thorny fruit of this plant;<br>a kind of ornament worn by women on the wrist. |
| **गोचर** | वि.<br>पुं. | जिसका ज्ञान इंद्रियों द्वारा हो सके।<br>फलित ज्योतिष में वह गणना जो मनुष्य की जन्मपत्री के अभाव में उसके प्रसिद्ध नाम के आधार पर की जाती है। | ಇಂದ್ರಿಯಗಳಿಗೆ ತಿಳಿದುಬರುವ<br>ನಾಮನಕ್ಷತ್ರದ ಆಧಾರದಿಂದ ಜಾತಕ ಬರೆಯುವ ಜ್ಯೋತಿಷ್ಯ | इंदियगळिगॆ तिळिदुबरुव;<br>नाम्नक्षत्रद आधारदिंद जातक बरॆयुव ज्योतिष्य | object of sense (as sound, shape etc).<br>calculations based on the name of a person in the absence of his horoscope in astrology. |
| **गोट** | स्त्री. | 1. सोने अथवा चांदी के काम वाली कपड़े की पट्टी जो सुन्दरता के लिए धोती, लिहाफ आदि के किनारों पर लगाई जाती है; | ಚಿನ್ನ ಬೆಳ್ಳಿಗಳ ತಂತಿಯಿಂದ ಹೆಣೆದ ಅಂಚು | चिन्न बॆळ्ळिगळ तंतियिंद हॆणॆद अंचु; | gold or silver lace, brocade; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. चौसर आदि खेलने के लिए लकड़ी आदि की बनी गोटी। | ಆಟದ ಪಗಡೆಕಾಯಿ | आटद पगडॆकायि | a piece (in games). |
| गोटा | पुं. | 1. सुनहले या रुपहले और रेशम के तारों को मिलाकर बुना हुआ फीता; | ಜರಿ ಮತ್ತು ರೇಶ್ಮೆ ದಾರದಿಂದ ನೆಯ್ದ ಅಂಚು; | जरि मत्तु रेश्मॆदारदिंद नॆय्द अंचु; | gold or silver lace, edging; |
| | | 2. धनिया, खरबूजे आदि की गिरी, सुपारी और इलायची आदि का मिश्रण जो पान के बदले खाते हैं। | ಕೊತ್ತುಂಬರಿ ಬೀಜ, ಕರಬೂಜದ ಬೀಜ, ಎಲಕ್ಕಿ, ಕೊಬ್ಬರಿ ತುರಿ, ಅಡಕೆ ಮುಂತಾದವನ್ನು ಬೆರೆಸಿ ವೀಳ್ಯಕ್ಕೆ ಬದಲಾಗಿ ಉಪಯೋಗಿಸಲು ಮಾಡಿದ ಮಿಶ್ರಣ | कॊत्तुंबरि बीज करबूजद बीज एलक्कि, कॊब्बरि तुरि, अडकॆ मुंतादवन्नु बॆरॆसि वीळ्यक्कॆ बदलागि उपयोगिसलु माडिद मिश्रण | a preparation of coriander seeds, cocoa-nut, cardamoms etc. which serves the purpose of betel-leaf. |
| गोटी | स्त्री. | 1. कंकड़, पत्थर इत्यादि का छोटा टुकड़ा जिससे लड़के कई प्रकार के खेल खेलते हैं; | ಆಟದ ಗೋಲಿ; | आटद गोलि; | small round stone or pebble; |
| | | 2. लकड़ी, हाथी दांत आदि के बने विशिष्ट आकार-प्रकार के टुकड़े जिनसे चौपड़, शतरंज आदि खेलते हैं, मोहरा। | ಚದುರಂಗ, ಪಗಡೆ ಆಟದ ದಂತ ಅಥವಾ ಮರದಿಂದ ಮಾಡಿದ ಕಾಯಿ | चदुरंग पगडॆ आटद दंत अथवा मरदिंद माडिद कायि | a piece (in games). |
| गोठ | पुं. | गौएं बांधकर रखने का घेरा या स्थान। | ದನದ ಕೊಟ್ಟಿಗೆ | दनद कॊट्टिगॆ | cow house. |
| | स्त्री. | बस्ती के बाहर रमणीक स्थान में की जानेवाली वह सैर जिसमें वहीं भोजन आदि बनाकर खाते हैं और सैर करते हैं। | ಗೋಷ್ಠಿ, ವನಭೋಜನ ವಿಹಾರ ಸ್ಥಾನ | गोष्ठि, वनभोजन विहार स्थान | excursion. |
| गोड़ना | स. क्रि. | फावड़े से अखाड़े, खेत आदि की मिट्टी इस प्रकार खोदना तथा उसे उलट-पलट करना जिससे वह पोली, भुरभुरी एवं मुलायम हो जाए। | ನೆಲವನ್ನು ಅಗೆದು ಹಸನು ಮಾಡು | नॆलवन्नु अगॆदु हसनु माडु | to hoe, to dig, to turn up (the soil). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **गोड़ाई** | स्त्री. | 1. गोड़ने की क्रिया;<br>2. गोड़ने की मजदूरी। | ಅಗೆದು ಹಸನು ಮಾಡುವಿಕೆ;<br>ಅಗೆದು ಹಸನು ಮಾಡಿದುದರ ಕೂಲಿ | अगेदु हसनु माडुविके;<br>अगेदु हसनु माडिदुदर कूलि | the work of hoeing;<br>wages paid for hoeing. |
| **गोता** | पुं. | डुबकी, शरीर को जल में इस प्रकार डुबाना जिससे शरीर का कोई अंग बाहर न रह जाए। | ನೀರಿನಲ್ಲಿ ಮುಳುಗುವಿಕೆ | नीरिनल्लि मुळुगुविके | dive, dip. |
| **गोताखोर** | वि. | डुबकी या गोता लगानेवाला। | ಮುಳುಗಬಲ್ಲವ | मुळुगबल्लव | diver. |
| **गोत्र** | पुं. | 1. वंश-नाम;<br>2. संतति, संतान;<br>3. पर्वत। | ವಂಶದ ಹೆಸರು;<br>ಸಂತಾನ;<br>ಪರ್ವತ | वंशद हेसरु;<br>संतान;<br>पर्वत | family name;<br>lineage, family;<br>mountain. |
| **गोद** | स्त्री. | बैठे हुए व्यक्ति का सामने कमर और घुटनों के बीच का भाग जिसमें बच्चों आदि को लिया जाता है। | ಮಡಿಲು, ತೊಡೆ | मडिलु, तॊडॆ | lap. |
| **गोदना** | स. क्रि. | 1. नुकीली तथा कड़ी चीज कोमल तल में गड़ाना, चुभाना;<br>2. उत्तेजित या प्रेरित करनेवाली कोई क्रिया करना या बात कहना;<br>3. सुन्दरता के लिए शरीर में सुई द्वारा पक्के रंग से बिन्दी या फूल बनाना। | ಚುಚ್ಚು;<br>ಉತ್ತೇಜಿಸು;<br>ಹಚ್ಚೆ ಹಾಕಿಸು | चुच्चु;<br>उत्तेजिसु;<br>हच्चॆ हाकिसु | to puncture;<br>to goad;<br>to tattoo. |
| **गोदान** | पुं. | शास्त्रीय विधि से संकल्प करके ब्राह्मण को गौ देने की क्रिया जो कुछ विशिष्ट अवसरों पर की जाती है। | ಶಾಸ್ತ್ರ ವಿಧಿಯಂತೆ ಮಾಡುವ ಗೋದಾನ | शास्त्रविधियंते माडुव गोदान | the gift of a cow to a Brahman with due ceremonies. |
| **गोदाम** | पुं. | वह बड़ा स्थान जहां तिजारती माल जमा करके रखा जाता है। | ಮಳಿಗೆ, ಗಡಂಗು | मळिगॆ, गडंगु | godown, warehouse, store. |
| **गोदी** | स्त्री. | 1. गोद;<br>2. समुद्र का घाट जहां पर जहाजों पर माल चढ़ाया उतारा जाता है। | ಮಡಿಲು, ತೊಡೆ;<br>ಹಡಗಿನಿಂದ ಸಾಮಾನು ಇಳಿಸುವ ಏರಿಸುವ ಬಂದರಿನ ಭಾಗ | मडिलु, तॊडॆ;<br>हडगिनिंद सामानु इळिसुव एरिसुव बंदरिन भाग | lap;<br>dockyard. |

जाता है तथा औषध के रूप में प्रयुक्त होता है।

from the urine or the bile of a cow, or vomitted in the shape of scibulae by that animal, it is considered sacred and used in medicine.

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| गोदोहन | पुं. | गौ का दूध दुहने की क्रिया या भाव। | ಹಾಲು ಕರೆಯುವಿಕೆ | हालु करॆयुविकॆ | milking a cow. |
| गोधन | पुं. | पशुओं के रूप में होनेवाली संपत्ति, गो-समूह। | ಪಶುಸಂಪತ್ತಿ | पशुसंपत्ति | property in cattle, a herd of cows. |
| गोधूलि (गोधूली) | स्त्री. | सायंकाल का वह समय जब जंगल में चरकर लौटती हुई गोओं के खुरों से धूल उड़ती है और जो शुभ कार्यों के लिए अच्छा मुहूर्त माना जाता है। | ಗೋಧೂಳಿ, ಸಂಜೆಯುವೇಳೆ, ದನಕರುಗಳು ಮೇಯ್ದು ಮನೆಗೆ ಹಿಂದಿರುಗುವ ವೇಳೆ | गोधूळि, संजॆयवेळॆ, दनकरुगळु मेय्दु मनॆगॆ हिंदिरुगुव वेळॆ | dust of the cows which rises in the evening when the cattle return home after grazing, evening, twilight. |
| गोनी | स्त्री. | टाट का थैला, बोरा, सन। | ಗೋಣಿ ಚೀಲ | गोणिचील | jute bag, sack, jute. |
| गोप | पुं. | गोओं का पालन करनेवाला और स्वामी, अहीर, ग्वाला। | ಗೊಲ್ಲ | गॊल्ल | cow-herd, herdsman. |
| गोपन | पुं. | छिपाना, छिपाव। | ಬಚ್ಚಿಡುವಿಕೆ | बच्चिडुविकॆ | hiding, concealment. |
| गोपनीय | वि. | छिपाने लायक, रक्षणीय, जिसे दूसरों पर प्रकट नहीं करना चाहिए। | ಗುಟ್ಟಾಗಿರಿಸ-ಬೇಕಾದ | गुट्टागिरिसबेकाद | concealable, secret, confidential. |
| गोपनीयता | स्त्री. | दिखाने या दूसरों पर प्रकट न होने देने की क्रिया या भाव। | ರಹಸ್ಯ-ವಾಗಿರಿಸಿರುವಿಕೆ | रहस्यवागिरि-सिरुविकॆ | concealment, secrecy. |
| गोपी | स्त्री. | गोप जाति की स्त्री या ग्वाले की पत्नी। | ಗೊಲ್ಲಿತಿ, ಗೋಪಿ | गॊल्लिति गोपि | milkmaid, cowherd's wife. |
| गोप्य | वि. | गुप्त रखने या छिपाने लायक। | ರಹಸ್ಯವಾಗಿರಿಸಲು ಯೋಗ್ಯವಾದ | रहस्यवागिरिसलु योग्यवाद | fit to be kept secret or hidden. |
| गोबर | पुं. | गाय का मल जो लेपने, पोतने और सुखाने पर जलाने के काम आता है। | ಸಗಣಿ | सगणि | cow-dung. |
| गोबर-गणेश | वि. | मूर्ख, बुद्धु। | ಮೂರ್ಖ | मूर्ख | simpleton, fool. |
| गोभी | स्त्री. | एक प्रसिद्ध शाक जो फूल गोभी, पात गोभी और गांठ गोभी के भेद से तीन प्रकार का होता है। | ಕೋಸುಗೆಡ್ಡೆ, ಎಲೆ ಕೋಸು, ಹೂಕೋಸು | कोसुगॆड्डॆ, ऎलॆ कोसु, हूकोसु | cabbage, cauliflower. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| गोया | अव्य. | जैसे, मानो। | ಎಂಬಂತೆ | एंबंते | supposing, granting, as if. |
| गोरखधंधा | पुं. | 1. कई तारों या लकड़ी के टुकड़ों की वह रचना जिसे जोड़ने या अलग-अलग करने के लिए विशेष बुद्धिबल की आवश्यकता होती है; | ಬುದ್ಧಿವಂತಿಕೆ-ಯಿಂದ ಬಿಡಿಸಲು ಅಸಾಧ್ಯವಾದ ಸಿಕ್ಕು; | बुद्धिवंतिकेयिंद बिडिसलु असाध्यवाद सिक्कु; | a Chinese puzzle (consisting of a number of pins passed through holes in an oblong plate); |
| | | 2. जल्दी समझ में न आनेवाला मामला; | ಬೇಗ ಅರ್ಥವಾಗದ ಸಂಗತಿ ; | बेग अर्थवागद संगति; | perplexing business; |
| | | 3. झंझट या बखेड़ा जिससे जल्दी छुटकारा न हो। | ಬಿಡಿಸಿಕೊಳ್ಳಲಾಗದ ಸಿಕ್ಕು | बिडिसि कोळ्ळलागद सिक्कु | puzzling entangelment. |
| गोरखा | पुं. | 1. नेपाल देश का एक प्रदेश; | ನೇಪಾಳ ದೇಶದ ಒಂದು ಭಾಗ; | नेपाळ देशद ओंदु भाग; | a place in Nepal; |
| | | 2. उक्त प्रदेश में रहनेवाली एक जाति। | ಆ ಪ್ರದೇಶದ ನಿವಾಸಿ | आ प्रदेशद निवासि | inhabitants of this place. |
| गोरस | पुं. | गौ का दूध। | ಹಸುವಿನ ಹಾಲು | हसुविन हालु | cow's milk. |
| गोरा | वि.. पुं. | गौर, श्वेतवर्णवाला (पुरुष)। | ಗೌರವರ್ಣದ (ಮನುಷ್ಯ) | गौरवर्णद (मनुष्य) | of fair complexion. (male). |
| गोरी | वि., स्त्री. | 1. वह स्त्री जिसका वर्ण गौर हो; | ಗೌರಾಂಗಿ | गौरांगि; | white complexioned (female); |
| | | 2. रूपवती स्त्री। | ಸುಂದರಿ | सुंदरि | beautiful damsel. |
| गोरु | पुं. | सींगदार चौपाया, विशेषतः गाय, बैल। | ಹಸು ಎತ್ತು ವಗೈರೆ | हसु एंतु वगैरे | horned cattle, cow, ox. |
| गोरोचन | पुं. | एक पीला सुगंधित द्रव्य, जो गो के पित्त अथवा मूत्र से निकलता है, पवित्र माना जाता है तथा औषध के रूप में प्रयुक्त होता है। | ಗೋರೋಜನ. | गोरोजन | a bright yellow pigment prepared from the urine or the bile of a cow, or vomitted in the shape of scibulae by that animal, it is considered sacred. and used in medicine. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **गोलंदाज** | पुं. | गोला चलानेवाला, तोपची। | ಗುಂಡು ಹೊಡೆಯುವವ | गुंडु हॊडॆयुवव | gunner. |
| **गोल** | वि. | मण्डलाकार या वृत्ताकार। | ವೃತ್ತಾಕಾರ | वृत्ताकार | round, globular. |
| | पुं. | फुटबाल आदि खेलों का गोल। | ಚೆಂಡಾಟದಲ್ಲಿ ಗೋಲು | चॆंडाटदल्लि गोलु | goal (in games). |
| **गोलक** | पुं. | 1. वह थैली या सन्दूक जिसमें बिक्री आदि की राशि का संग्रह किया जाए; | ಗೋಲಕ; | गोलक; | box in which the sale proceeds of the day are kept; |
| | | 2. किसी प्रकार का गोल पिंड, गेंद। | ಚೆಂಡು | चॆंडु | globe, ball. |
| **गोलमटोल** | वि. | 1. नाटे कद तथा भारी शरीरवाला (व्यक्ति); | ಕುಳ್ಳನೆಯ ದಪ್ಪ (ವ್ಯಕ್ತಿ); | कुळ्ळनॆय दप्प (व्यक्ति); | fat and short statured (person), roly-poly; |
| | | 2. जिसका कोई साफ अर्थ न निकले, अस्पष्ट। | ಅಸ್ಪಷ್ಟವಾದ (ಮಾತು) | अस्पष्टवाद (मातु) | unintelligible, not clear. |
| **गोलमाल** | पुं. | गड़बड़, घपला। | ಗಡಿಬಿಡಿ | गडिबिडि | confusion, mess, bungling. |
| **गोला** | पुं. | 1. गोल पिंड; | ಉಂಡೆ, ಪಿಂಡ; | उंडॆ, पिंड; | ball; |
| | | 2. धड़ाके से फटनेवाला रासायनिक विस्फोटक पिंड, तोप का गोला; | ಸಿಡಿಮದ್ದಿನ ಗುಂಡು; | सिडिमद्दिन गुंडु; | cannon-ball; |
| | | 3. नारियल का वह भाग जो ऊपर की जटा छीलने के बाद बच रहता है। | ಕೊಬ್ಬರಿ ಗಿಟುಕು | कॊब्बरि गिटकु | kernel of cocoanut. |
| **गोलाई** | स्त्री. | गोल होने का भाव या स्थिति। | ದುಂಡಾಗಿರುವಿಕೆ | दुंडागिरुविकॆ | roundness. |
| **गोलाकार** | वि. | गोल आकारवाला। | ದುಂಡಾಗಿರುವ | दुंडागिरुव | round, globular. |
| **गोलाबारी** | स्त्री. | तोप से की जानेवाली गोलोंकी वर्षा। | ಸಿಡಿಮದ್ದಿನ ಸುರಿಮಳೆ | सिडिमद्दिन सुरिमळॆ | shelling, bombardment. |
| **गोलाबारूद** | पुं. | युद्ध-सामग्री। | ಯುದ್ಧ ಸಾಮಗ್ರಿ (ಮದ್ದುಗುಂಡು) | युद्ध सामग्रि (मद्दुगुंडु) | ammunition, arms and weapons. |
| **गोलार्ध** | पुं. | 1. पृथ्वी का आधा भाग | ಗೋಳಾರ್ಧ; | गोळार्ध; | hemisphere; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | जो एक से दूसरे ध्रुव तक रेखा खींचने से बने; | | | |
| | | 2. किसी प्रकार के गोले का आधा भाग। | ಯಾವುದೇ ಗೋಳಾಕಾರದಲ್ಲಿ ಅರ್ಧ | यावुदे गोळाकार-दल्लि अर्ध | half of anything globular. |
| गोली | स्त्री. | 1. छोटा गोला;<br>2. सीसे या लोहे का छोटा गोला जिसे बंदूक, तमंचे में भरकर छोड़ते हैं;<br>3. गोली के रूप में बनाई हुई दवा। | ಸಣ್ಣ ಗೋಳ;<br>(ಬಂದೂಕು ಆದಿಗಳಲ್ಲಿ) ಗುಂಡು;<br>ಮಾತ್ರೆ | सण्ण गोळ;<br>बंदूकु आदिगळल्लि गुंडु;<br>मात्रे | globule;<br>bullet;<br>pill. |
| गोलोक | पुं. | कृष्ण का निवासस्थान जो पुराणानुसार ब्रह्माण्ड में सब लोकों से ऊपर और श्रेष्ठ माना गया है, स्वर्ग का एक भाग। | ವೈಕುಂಠದ ಭಾಗವೆಂದು ಹೇಳುವ ಲೋಕ, ಗೋಲೋಕ | बैकुंठद भागवेंदु हेळुव लोक, गोलोक | the abode or residence of Lord Krishna, a part of heaven. |
| गोलोकवास | पुं. | परलोकवास (मृत्यु के लिए आदरार्थक)। | ಪರಲೋಕವಾಸ (ಮೃತ್ಯು) | परलोकवास (मृत्यु) | passing away, leaving for heavenly abode, death. |
| गोवध | पुं. | गौ को मार डालना। | ಗೋವಧೆ | गोवधे | the killing of cow. |
| गोशाला | स्त्री. | वह स्थान जहां गौएं पाली तथा रखी जाती हों; गौओं के रहने का स्थान। | ಗೋಶಾಲೆ | गोशाले | enclosure for cattle (esp. cows). |
| गोश्त | पुं. | माँस। | ಮಾಂಸ | मांस | meat, flesh. |
| गोष्ठी | स्त्री | कुछ व्यक्तियों का इकट्ठे होकर किसी विषय पर चर्चा करना। | ಗೋಷ್ಠಿ | गोष्ठि | an assembly or a meeting held to discuss some topic. |
| गोसाईं | पुं. | 1. उत्तर भारत की एक जाति जो गृहस्थ होने पर भी प्रायः गेरुए वस्त्र पहनती है;<br>2. साधु, संन्यासियों और त्यागियों के लिए एक सम्बोधन। | ಕಾಷಾಯಧಾರಿ ಸಂಸಾರಂದಿಗರ ಉತ್ತರ ಭಾರತದ ಒಂದು ವಿಶಿಷ್ಟ ಜಾತಿ;<br>ಸಾಧು ಸನ್ಯಾಸಿಗಳನ್ನು ಕರೆಯುವ ಒಂದು ಸಂಬೋಧನೆ | काषायधारि संसारंदिगर उत्तर भारतद ओंदु विशिष्ट जाति;<br>साधु संन्यासिगळन्नु करेयुव ओंदु संबोधने | a caste in Northern India whose members generally wear saffron coloured clothes;<br>a religious mendicant. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| गोह | स्त्री. | छिपकली की जाति का एक विषैला जन्तु जो आकार में नेवले के बराबर होता है। | ಹಲ್ಲಿಯ ಜಾತಿಗೆ ಸೇರಿದ ಮುಂಗುಸಿಯಷ್ಟಿರುವ ಒಂದು ವಿಷಜಂತು | हल्लिय जातिगं सेरिद मुंगुसियष्टि-रुव ओंद विषजंतु | a species of Iguana. |
| गोहत्या | स्त्री. | गौ को मार डालना। | ಗೋಹತ್ಯ | गोहत्यं | the slaughter or killing of cow. |
| गोहार (गुहार) | स्त्री. | कष्ट, संकट आदि के समय अपनी रक्षा या सहायता के लिए मचाई जानेवाली पुकार। | ಗೋಳಿನ ಕೂಗು | गोळिन कूगु | a cry for help. |
| | पुं. | 1. बंग देश का वह प्राचीन विभाग जो मध्य बंगाल से उड़ीसा की उत्तरी सीमा तक था; | ಬಂಗಾಳದಿಂದ ಉಡಿಸ್ಸಾದ ಉತ್ತರ ಎಲ್ಲೆವರೆಗಿನ ಒಂದು ದೇಶ-ಗೌಡದೇಶ; | बंगाळदिंद उडिस्साद उत्तर एल्लॆवरॆगिन ओंदु देश-गौडदेश; | the central part of Bengal extending from Bang to the borders of Orissa; |
| | | 2. उक्त देश का निवासी; | ಗೌಡ ದೇಶದ ನಿವಾಸಿ; | गोड देशद निवासि; | the inhabitants (or an inhabitant) of Gaur; |
| | | 3. ब्रह्मणों का एक वर्ग; | ಗೌಡ ಬ್ರಾಹ್ಮಣ ಜಾತಿ; | गौड ब्राह्मण जाति; | a caste of Brahmans; |
| | | 4. कायस्थों की एक उपजाति। | ಕಾಯಸ್ಥರಲ್ಲಿ ಒಂದು ಉಪಜಾತಿ | कायस्थरल्लि ओंदु उपजाति | a subcaste among Kayasthas. |
| गौण | वि. | जो महत्व, मान आदि के विचार से कुछ घटकर हो, जो प्रधान या मुख्य न हो। | ಗೌಣ, ಅಪ್ರಧಾನ | गौण, अप्रधान | having lesser importance or value, secondary. |
| गौना | पुं. | विवाह के बाद की एक रस्म जिसमें वर वधू को पहले-पहले अपने साथ अपने घर लाता है। | ಮೊದಲ ಬಾರಿಗೆ ವಧುವನ್ನು ಕರೆತರುವ ಒಂದು ಪದ್ಧತಿ | मॊदल बारिगं-वधुवन्नु करॆतरुव ओंदु पद्धति | ceremony of bride's going to her husband's home after marriage. |
| गौर | वि. | गोरे रंग का, श्वेत, सफेद। | ಗೌರವರ್ಣದ | गौरवर्णद | white. |
| | पुं. | सोच-विचार, चिंतन, ध्यान। | ನಿಗಾ, ಚಿಂತನೆ | निगा, चिंतनं | consideration, deep thought, close attention. |
| गौरव | पुं. | 1. भारी होने की अवस्था या भाव; | ತೂಕವಾಗಿರುವಿಕೆ; | तूकवागिरुविकं; | weight or heaviness; |
| | | 2. बड़प्पन, महत्व; | ಹಿರಿತನ; | हिरितन; | high value or |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. आदर, प्रतिष्ठा, मान-मर्यादा। | ಮರ್ಯಾದೆ | मर्यादे | estimation, importance; glory, dignity, honour. |
| **गौरवर्ण** | वि. | गोरे रंगवाला, गोरा। | ಬಿಳಿಬಣ್ಣದ | बिळिबण्णद | of white complexion. |
| **गौरवान्वित** | वि. | गौरव या महिमा से युक्त। | ಗೌರವ ಮರ್ಯಾದೆಗಳಿಂದ ಕೂಡಿದ | गौरव मर्यादेगळिंद कूडिद | glorified, honoured. |
| **गौरांग** | वि. | गोरा। | ಬಿಳಿಯ ಶರೀರದ | बिळिय शरीरद | white-complexioned. |
| | पुं. | चैतन्य महाप्रभु, विष्णु। | ಮಹಾಪ್ರಭು ಚೈತನ್ಯ | महाप्रभु चैतन्य | name of Chaitanya Mahaprabhu, name of god Vishnu. |
| **गौरेया** | स्त्री. | 1. एक प्रकार की छोटी चिड़िया; | ಗುಬ್ಬಚ್ಚಿ; | गुब्बच्चि; | a kind of sparrow; |
| | | 2. काले रंग का एक प्रकार का जल-पक्षी जिसका सिर भूरा और गरदन सफेद होती है। | ಕರಿಬಣ್ಣದ ಒಂದು ಜಲ-ಪಕ್ಷಿ | करिबण्णद ओंदु जलपक्षि | a kind of black bird. |
| **ग्यारह** | वि. | जो गिनती में दस और एक हो। | ಹನ್ನೊಂದು | हन्नोंदु | eleven. |
| | पुं. | उक्त अंक की सूचक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है–11. | ಹನ್ನೊಂದರ ಸಂಖ್ಯೆ | हन्नोंदर संख्ये | figure of eleven (11). |
| **ग्रंथ** | पुं. | पुस्तक। | ಪುಸ್ತಕ | पुस्तक | book. |
| **ग्रंथ साहिब** | पुं. | सिक्खों का धार्मिक ग्रंथ। | ಸಿಕ್ಖರ ಧರ್ಮಗ್ರಂಥ | सिक्खर धर्मग्रंथ | sacred book of the Sikhs. |
| **ग्रंथकार** | पुं. | ग्रंथ की रचना करनेवाला। | ಗ್ರಂಥ ಲೇಖಕ | ग्रंथ लेखक | writer, author. |
| **ग्रंथमाला** | स्त्री. | एक ही स्थान से समय-समय पर क्रमपूर्वक प्रकाशित होनेवाली एक ही वर्ग की पुस्तकों की श्रृंखला। | ಗ್ರಂಥಮಾಲೆ, ಪುಸ್ತಕಮಾಲೆ | ग्रंथमाले, पुस्तकमाले | series of books. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| ग्रंथागार | पुं. | वह स्थान जहां विविध विषयों की पुस्तकें संगृहीत हों, पुस्तकालय। | ಪುಸ್ತಕ ಸಂಗ್ರಹಾಲಯ | पुस्तक संग्रहालय | library. |
| ग्रंथावली | स्त्री. | ग्रंथमाला। | ಗ್ರಂಥಮಾಲೆ | ग्रंथमाले | same as 'ग्रंथमाला' |
| ग्रंथि | स्त्री. | 1. गांठ, गिरह, गुत्थी; | ಗಂಟು; | गंटु; | knot,tie; |
| | | 2. शरीर के अन्दर कोषाणुओं के योग से बनी गाँठ; | ಶರೀರದಲ್ಲಿನ ಗ್ರಂಥಿಗಳು; | शरीरदल्लिन ग्रंथिगळु; | joint in body; |
| | | 3. गन्ने आदि की गाँठ; | ಗೆಣ್ಣು; | गेण्णु; | knot in a reed or cane; |
| | | 4. कुटिलता, टेढ़ापन। | ಕುಟಿಲತೆ, ವಕ್ರತೆ | कुटिलते, वक्रते | crookedness, distortion. |
| ग्रथित | वि. | 1. गठा या बंधा हुआ, गूंथा हुआ; | ಪೋಣಿಸಿದ; | पोणिसिद; | connected, tied together or in order; |
| | | 2. रचित, क्रमबद्ध किया हुआ। | ಕ್ರಮದಲ್ಲಿರಿಸಿದ | क्रमदल्लिरिसिद | composed, arranged. |
| ग्रसना | स. | 1. इस प्रकार किसी को पकड़ना कि वह जल्दी छूटने या भागने न पावे; | ಬಿಟ್ಟು ಹೋಗದಂತೆ ಹಿಡಿಯು; | बिट्टु होगदंते हिडियु; | to seize or hold strongly; |
| | | 2. सताना। | ಸತಾಯಿಸು | सतायिसु | to tease, torment. |
| ग्रस्त | वि. | 1. ग्रसा हुआ, पकड़ा हुआ; | ಹಿಡಿಯಲ್ಪಟ್ಟ; | हिडियल्पट्ट; | seized, taken; |
| | | 2. पीड़ित; | ಪೀಡಿಸಲ್ಪಟ್ಟ; | पीडिसल्पट्ट; | tormented, affected by; |
| | | 3. ग्रहण लगा हुआ; | ಗ್ರಹಣ ಹಿಡಿದ; | ग्रहण हिडिद; | eclipsed; |
| | | 4. खाया हुआ, निगला हुआ। | ನುಂಗಿದ | नुंगिद | eaten, swallowed. |
| ग्रह | पुं. | 1. पकड़ने या वश में करने की क्रिया या भाव; | ಹಿಡಿಯುವಿಕೆ; | हिडियुविके; | seizing, grasping; |
| | | 2. आकाशस्थ पिंड जो सौर जगत का अंग हो और सूर्य की परिक्रमा करता हो; | ಗ್ರಹ; | ग्रह; | planet; |
| | | 3. बालकों को दैवी प्रभावों से होनेवाले अनेक छोटे-मोटे रोग। | ಮಕ್ಕಳ ಬಾಲ ಗ್ರಹಾದಿ ಕಾಯಿಲೆ | मक्कळ बालग्रहादि कायिले | a particular class of evil influences of spirits supposed to |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | seize upon children and produce convulsion etc. |
| **ग्रहण** | पुं. | 1. पकड़ने या लेने की क्रिया या भाव; | ಹಿಡಿಯುವಿಕೆ; | हिडियुविकं; | seizing, holding, taking, catching, clasping; |
| | | 2. अंगीकार या स्वीकार करना; | ಅಂಗೀಕರಿಸುವಿಕೆ; | अंगीकरिसुविकं; | accepting; |
| | | 3. सूर्य या चंद्रमा पर क्रमशः चन्द्रमा या पृथ्वी की छाया पड़ने की वह स्थिति जिसमें उनका कुछ या पूरा बिंब ज्योतिर्विहीन सा लगने लगता है; | ಸೂರ್ಯ ಚಂದ್ರ ಗ್ರಹಣ; | सूर्य चंद्र ग्रहण; | eclipse; |
| | | 4. किसी व्यक्ति आदि की वह स्थिति जिसमें उसकी उज्ज्वलता, महत्व, मान आदि पर किसी प्रकार का धब्बा लगा हो। | ವ್ಯಕ್ತಿಯ ಕೀರ್ತಿ ಭಾಗ್ಯಗಳು ಕ್ಷಯಿಸುವಿಕೆ ಅಥವಾ ಕಳಂಕಿತವಾಗುವಿಕೆ | व्यक्तिय कीर्ति भाग्यगलु क्षयि-सुविकं अथवा कळंकितवागुविकं | stigma or blot on one's position or character. |
| **ग्रहणशीलता** | स्त्री. | ग्रहण करने की प्रवृत्ति। | ಗ್ರಹಿಸುವ ಸ್ವಭಾವ | ग्रहिसुव स्वभाव | ability to accept or adopt. |
| **ग्रहणीय** | वि. | ग्रहण करने योग्य। | ಗ್ರಹಿಸಲು ಯೋಗ್ಯ | ग्रहिसलु योग्य | acceptable. |
| **ग्रहदशा** | स्त्री. | 1. ज्योतिष के अनुसार ग्रहों की किसी विशिष्ट स्थिति का मनुष्य के भाग्य पर प्रभाव; | (ಜ್ಯೋತಿಷ) ಗ್ರಹದೆಶೆ | (ज्योतिष) ग्रहदशं | the influence of stars on man's fate; |
| | | 2. गोचर ग्रहों की स्थिति। | | | the aspect of planets. |
| **ग्रहदोष** | पुं. | ग्रह-विशेष की अशुभ, अनिष्टकारक दृष्टि। | ಗ್ರಹಗತಿಯ ಕೆಟ್ಟ ಪ್ರಭಾವ | ग्रहगतिय कंट्ट प्रभाव | evil influence of the planets. |
| **ग्रहपति** | पुं. | सूर्य, चन्द्र। | ಸೂರ್ಯ, ಚಂದ್ರ | सूर्य, चंद्र | the sun, the moon. |
| **ग्रहयोग** | पुं. | राशि विशेष के एक ही अंश पर ग्रहों का आ जाना। | ಗ್ರಹಗಳ ಒಕ್ಕೂಟ | ग्रहगळ ओंक्कूट | conjunction of planets. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **ग्रहशांति** | स्त्री. | जप, पूजन, या दानादि द्वारा ग्रहदोष की निवृत्ति का उपाय किया जाना। | ಗ್ರಹಶಾಂತಿ | ग्रहशांति | propitiation of planets by sacrifices etc. |
| **ग्रहीता** | वि., पुं. | ग्रहण करनेवाला, ग्राहक। | ಗ್ರಹಿಸುವ (ವಸ್ತು, ವ್ಯಕ್ತಿ) | ग्रहिसुव (वस्तु, व्यक्ति) | taker, acceptor. |
| **ग्राम** | पुं. | 1. गाँव, बस्ती;<br>2. एक माप। | ಹಳ್ಳಿ;<br>ಒಂದು ಅಳತೆ | हळ्ळि;<br>ऑंदु अळते | village, hamlet;<br>gramme. |
| **ग्रामगीत** | पुं. | गाँवों में गाए जानेवाले गीत। | ಗ್ರಾಮಗೀತೆ, ಹಳ್ಳಿಯ ಹಾಡು | ग्रामगीत, हळ्ळिय हाडु | village song, folk song. |
| **ग्रामदेवता** | पुं. | गाँव का स्थानिक प्रधान देवता जिसे रक्षक माना जाता है और जिसकी पूजा की जाती है। | ಗ್ರಾಮ ದೇವತೆ | ग्राम देवते | tutelary deity of a village. |
| **ग्रामपंचायत** | स्त्री. | गाँव के चुने हुए लोगों का मंडल जो गाँव के विवादों का निर्णय करता है और सब प्रकार की सुव्यवस्था करता है। | ಗ್ರಾಮ ಪಂಚಾಯತಿ | ग्राम पंचायति | village council. |
| **ग्रामवासी** | वि. पुं. | गाँव में रहनेवाला। | ಹಳ್ಳಿಯ ನಿವಾಸಿ | हळ्ळिय निवासि | villager. |
| **ग्रामसुधार** | पुं. | ग्रामीण क्षेत्रों की सब तरह से उन्नति करने और अवस्था सुधारने का काम। | ಗ್ರಾಮ ಸುಧಾರಣೆ | ग्राम सुधारणे | rural reform. |
| **ग्रामीण** | वि. पुं. | 1. ग्राम सम्बन्धी;<br>2. गँवार, गाँव का। | ಹಳ್ಳಿಯ ಸಂಬಂಧದ;<br>ಹಳ್ಳಿಯ | हळ्ळिय संबंधद;<br>हळ्ळिय | rural;<br>rustic, villatic, villager. |
| **ग्राम्य** | वि. | 1. ग्राम सम्बन्धी;<br>2. अनाड़ी;<br>3. अशिष्ट, अश्लील;<br>4. पालतू (पशु)। | ಹಳ್ಳಿಯ;<br>ಅಜ್ಞಾನಿ;<br>ಅಸಭ್ಯ;<br>ಸಾಕಿದ (ಪಶು ಆದಿ) | हळ्ळिय;<br>अज्ञानि;<br>असभ्य;<br>साकिद (पशु आदि) | relating to or used in a village;<br>simpleton, unrefined;<br>indecent, obscene;<br>domesticated, tame (as an animal). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| ग्रास | पु. | 1. उतना भोजन जितना एक बार मुंह में डाला, जाए, कौर, निवाला; | ತುತ್ತು; | तुत्तु; | mouthful,quantity of anything equal to a mouthful, morsel; |
| | | 2. ग्रसने की क्रिया या भाव; | ನುಂಗುವಿಕೆ; | नुंगुविकॆ; | the act of swallowing; |
| | | 3. चंद्रमा या सूर्य का ग्रहण लगा भाग। | ಸೂರ್ಯ ಚಂದ್ರರಿಗೆ ಗ್ರಹಣ ಹಿಡಿದ ಭಾಗ | सूर्य चंद्ररिगॆ ग्रहण हिडिद भाग | the part of the sun or the moon eclipsed. |
| ग्राह | पुं. | मगर, घड़ियाल। | ಮೊಸಳೆ | मॊसळॆ | crocodile. |
| ग्राहक | वि. | ग्रहण करनेवाला। | ಗ್ರಹಿಸುವ | ग्रहिसुव | one who receives, takes etc. |
| | पुं. | खरीदार, मूल्य देकर कोई वस्तु लेनेवाला। | ಗಿರಾಕಿ | गिराकि | customer, purchaser. |
| ग्राही | वि. | 1. ग्रहण करनेवाला, पकड़नेवाला; | ಹಿಡಿಯುವ ತೆಗೆದುಕೊಳ್ಳುವ; | हिडियुव तॆगॆदुकॊळ्ळुव; | seizing, taking, holding; |
| | | 2. कब्ज करनेवाला। | ಮಲಬದ್ಧತೆಯನ್ನುಂಟು ಮಾಡುವ | मलबद्धतॆयन्नुंटु-माडुव | astringent (food). |
| ग्राह्य | वि. | 1. ग्रहण करने योग्य, पकड़ने योग्य; | ಗ್ರಹಿಸಲು ಯೋಗ್ಯ; | ग्रहिसलु योग्य; | fit to be adopted or held; |
| | | 2. मान्य, जो ठीक होने के कारण माना जा सकता हो। | ಸ್ವೀಕಾರ್ಯ | स्वीकार्य | worthy of acceptance, acceptable, agreeable. |
| ग्रीवा | स्त्री. | सिर और धड़ का जोड़नेवाला अंग, गरदन। | ಕತ್ತು | कत्तु | neck. |
| ग्रीष्म | पुं. | छः ऋतुओं में से दूसरी ऋतु जिसमें गरमी अधिक पड़ती है, जेठ और आषाढ़ के दिन। | (ಜ್ಯೇಷ್ಠ-ಆಷಾಢ) ಬೇಸಿಗೆ ಕಾಲ | (ज्येष्ठ-आषाढ) बेसिगॆ काल | the summer, hot season (the months of Jyestha and Ashadha, from the middle of May to the middle of July). |
| ग्लानि | स्त्री. | 1. मानसिक या शारीरिक शिथिलता; | ಬಳಲಿಕೆ; | बळलिकॆ; | exhaustion, languor, fatigue; |
| | | 2. अपने कृत्य का अनौचित्य मालूम होने पर मन में होनेवाला खेद, पश्चाताप। | ಮಾನಸಿಕ ಅಶಾಂತಿ, ಪಶ್ಚಾತ್ತಾಪ | मानसिक अशांति, पश्चात्ताप | remorse, repentence. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| ग्वाला | पुं. | अहीर, गोप। | ಗೊಲ್ಲ | गॉल्ल | milkman, cowherd. |
| ग्वालिन | स्त्री. | 1. अहीर जाति की स्त्री; | ಗೊಲ್ಲಿತಿ, ಗೊಲ್ಲಗಿತ್ತಿ; | गॉल्लिति, गॉल्लगित्ति; | cowherdess, milkmaid; |
| | | 2. ग्वाले की पत्नी। | ಗೊಲ್ಲರವನ ಹೆಂಡತಿ | गॉल्लरवन हॅंडति | milkman's or cowherd's wife. |
| घंघोलना | स. क्रि. | नदी नाले अथवा किसी पात्र में जल को इस प्रकार हिलाना-डुलाना कि उसके तल की मिट्टी आदि ऊपर उठ कर पानी को गदला कर दे। | ಕದಡು | कदडु | to make water dirty by stirring. |
| घंटा | पुं. | 1. दिन-रात का चौबीसवां भाग जो 60 मिनट का होता है; | 60 ನಿಮಿಷಗಳ ಒಂದು ಘಂಟೆ; | 60 निमिषगळ ऑंदु घंटॅ | hour; |
| | | 2. धातु का एक गोल टुकड़ा जिस पर लकड़ी आदि के डंडे से आघात करने पर जोर की आवाज होती है। विशेषत: मंदिरों में आरती के समय इसे बजाया जाता है; | ಗಂಟೆ; | गंटॅ; | gong; |
| | | 3. कोई काम करने की निश्चित अवधि जैसे स्कूल में हिसाब का घंटा, हिंदी का घंटा; | ತರಗತಿಯ ಪೀರಿಯಡ್ಡು; | तरगतिय पीरियड्डु; | period; |
| | | 4. समय बतानेवाली बड़ी घड़ी। | ಗಡಿಯಾರ | गडियार | clock. |
| घंटाघर | पुं. | वह ऊंची मीनार जिस पर बड़ी घड़ी लगी रहती है और जिसके घंटे का शब्द दूर तक सुनाई पड़ता है। | ಗಡಿಯಾರದ ಗೋಪುರ | गडियारद गोपुर | clock tower. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| घंटी | स्त्री. | 1. औंधे मुंह का अर्ध गोलाकार पात्र जैसा उपकरण जिसके बीच में बजाने के लिए धातु का टुकड़ा बंधा होता है; | ಚಿಕ್ಕಗಂಟೆ; | चिक्कगंटॆ; | small bell; |
| | | 2. ऐसा छोटा उपकरण जिस पर आघात करने से शब्द उत्पन्न होता हो, जैसे साइकिल या मेज पर की घंटी। | ಕರೆಗಂಟೆ, ಕಾಲಿಂಗ್ ಬೆಲ್ | करॆगंटॆ, कालिंग् बॆल् | bell. |
| घट | पुं. | 1. पानी रखने का बड़ा, विशेषतः मिट्टी का बरतन; | ಗಡಿಗೆ; | गडिगॆ; | large (earthen) water-jar; |
| | | 2. देह, शरीर। | ಶರೀರ | शरीर | body. |
| घटक | पुं. | घटित करने, बनाने या रचनेवाला अंश या तत्व। | ವಸ್ತು ರಚನೆಗೆ ಅಣಿಯಾಗುವ ಅಂಶ | वस्तु रचनॆगॆ अणियागुव अंश | constituent, component. |
| घटती | स्त्री. | 1. कमी, न्यूनता; | ನ್ಯೂನತೆ; | न्यूनतॆ; | deficiency, alleviation; |
| | | 2. अवनति, ह्रास। | ಅವನತಿ | अवनति | decline, diminution. |
| घटना | स्त्री. | 1. ऐसी बात जो घटित हुई हो; | ಸಂಭವ; | संभव; | happening, occurring, event; |
| | | 2. अप्रत्याशित या विलक्षण बात। | ಅನಿರೀಕ್ಷಿತ ಘಟನೆ | अनिरीक्षित घटनॆ | unexpected event, accident. |
| घटना | अ. क्रि. | 1. घटित होना; | ಸಂಭವಿಸು; | संभविसु; | to happen; |
| | | 2. कम होना। | ಕಡಿಮೆಯಾಗು | कडिमॆयागु | to lessen, to become deficient. |
| घटनाक्रम | पुं. | घटनाओं का सिलसिला। | ಘಟನೆಯ ಕ್ರಮ | घटनॆय क्रम | chain of events. |
| घटनाचक्र | पुं. | एक के बाद एक अथवा एक के साथ एक करके होनेवाली अनेक प्रकार की घटनाओं का समूह। | ಘಟನಾಚಕ್ರ | घटनाचक्र | march of events. |
| घटनास्थल | पुं. | घटना घटित होने का स्थान। | ಘಟನೆಯ ಸ್ಥಾನ | घटनॆय स्थान | place of event. |
| घट-बढ़ | स्त्री. | 1. कम या अधिक होने | ಹೆಚ್ಚು ಕಡಿಮೆ; | हॆच्चु कडिमॆ; | slight increase or |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | की अवस्था या भाव, कमी-बेशी; | | | decrease; |
| | | 2. उतार-चढ़ाव। | ಏರಿಳಿತ | एरिळित | fluctuation. |
| **घटवाना** | स. क्रि. | कम कराना। | ಕಡಿಮೆ ಮಾಡಿಸು | कडिमॆ माडिसु | to cause to decrease, lessen. |
| **घटा** | स्त्री. | आकाश में उमड़े हुए बादलों का समूह। | ಮೇಘ | मेघ | dark clouds, gathering of clouds, mass of clouds. |
| **घटाटोप** | पुं. | 1. घने बादलों की गहरी और चारों ओर छाई हुई घटा; | ದಟ್ಟವಾಗಿ ಕವಿದ ಮೋಡಗಳು; | दट्टवागि कविद मोडगळु; | dense clouds gathering in the sky; |
| | | 2. गाड़ी या बहली को ढक लेनेवाला ओहार। | ಪಲ್ಲಕ್ಕಿ ಅಥವಾ ಗಾಡಿಗೆ ಹೊದಿಸುವ ಪರದೆ | पल्लक्कि अथवा गाडिगॆ हॊदिसुव परदॆ | covering used for a palanquin, carriage etc. |
| **घटाना** | स. क्रि. | 1. कम करना; | ಕಡಿಮೆ ಮಾಡು; | कडिमॆ माडु; | to reduce or decrease; |
| | | 2. गणित में किसी बड़ी राशि में से कोई छोटी राशि निकालना; | (ಗಣಿತ) ಕಳೆ; | (गणित) कळॆ; | to deduct; |
| | | 3. किसी एक बात को दूसरी बात पर पूरा उतारना। | ಅನ್ವಯಿಸು | अन्वयिसु | to apply. |
| **घटाव** | पुं. | घटने अर्थात् कम होने की अवस्था या भाव, कमी। | ಕಡಿಮೆಯಾಗುವಿಕೆ | कडिमॆयागुविकॆ | decrease, reduction. |
| **घटिका** | स्त्री. | 1. घड़ी; | ಗಡಿಯಾರ; | गडियार; | an instrument for recording time; |
| | | 2. समय का एक मान जो 24 मिनट के बराबर होता है। | '24 ನಿಮಿಷಗಳ ಒಂದು ಘಳಿಗೆ | 24 निमिषगळ ऒंदु घळिगॆ | a period of time equal to twenty-four minutes. |
| **घटित** | वि. | 1. जो घटना के रूप में हुआ हो; | ಸಂಭವಿಸಿದ; | संभविसिद; | happened, occurred; |
| | | 2. रचित, निर्मित। | ರಚಿಸಿದ | रचिसिद | produced, made. |
| **घटिया** | वि. | जो गुण आदि की दृष्टि से औरों की तुलना में खराब हो। | ಕೀಳ್ಮಟ್ಟದ | कीळ्मट्टद | of low quality or standard; cheap. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **घटी** | स्त्री. | 1. 24 मिनट का समय; | ಘಳಿಗೆ (24 ನಿಮಿಷಗಳ ಸಮಯ); | घळिगॆ (24 निमिषगळ समय); | the time of 24 minutes; |
| | | 2. समय बतानेवाला यंत्र, घड़ी। | ಗಡಿಯಾರ | गडियार | an Indian clock. |
| **घड़ना** | स. क्रि. | 1. किसी पदार्थ को काट-छांट कर सुन्दर रूप देना; | ಚಂದಗೊಳಿಸು; | चंदगॊळिसु; | to make, to fashion; |
| | | 2. मन से बढ़ा कर बात बनाना। | ಊಹಿಸಿ ಕಲ್ಪಿಸಿ ಕತೆ ಕಟ್ಟು | ऊहिसि कल्पिसि कतॆ कट्टु | to fabricate. |
| **घड़ा** | पुं. | धातु, मिट्टी आदि का बना एक गोलाकर पात्र जो प्राय: पानी भरने के काम आता है। | ಮಣ್ಣಿನ ಮಡಕೆ, ಗಡಿಗೆ | मण्णिन मडकॆ, गडिगॆ | pitcher without a handle. |
| **घड़िया** | स्त्री. | मिट्टी का छोटा बर्तन जिसमें सुनार सोना चांदी गलाते हैं। | ಚಿನ್ನ ಬೆಳ್ಳಿ ಕರಗಿಸುವ ಮೂಸೆ | चिन्न बॆळ्ळि करगिसुव मूसॆ | a crucible in which goldsmiths melt gold, silver etc. |
| **घड़ियाल** | पुं. | 1. वह बड़ा घंटा जो पूजा में या समय की सूचना के लिए बजाया जाता है; | ಜಾಗಟೆ, ದೊಡ್ಡ ಗಂಟೆ; | जागटॆ, दॊड्ड गंटॆ; | gong; |
| | | 2. छिपकली की जाति का एक बड़ा और हिंसक जलजंतु। | ಮೊಸಳೆ | मॊसळॆ | crocodile. |
| **घड़ी** | स्त्री. | 1. समयसूचक यंत्र; | ಗಡಿಯಾರ; | गडियार; | watch; |
| | | 2. समय का एक मान जो 24 मिनट के बराबर होता है; | ಘಳಿಗೆ (24 ನಿಮಿಷ); | घळिगॆ (24 निमिष); | the space of twenty-four minutes; |
| | | 3. किसी काम के होने का अवसर या समय। | ಮುಹೂರ್ತ | मुहूर्त | moment, time, hour. |
| **घड़ीसाज** | पुं. | घड़ी की मरम्मत करनेवाला कारीगर। | ಗಡಿಯಾರ ರಿಪೇರಿ ಮಾಡುವವ | गडियार रिपेरि माडुवव | watch-maker. |
| **घड़ीसाजी** | स्त्री. | घड़ी की मरम्मत करने का काम। | ಗಡಿಯಾರ ರಿಪೇರಿ ಕೆಲಸ | गडियार रिपेरि कॆलस | watch-repairing. |
| **घन** | वि. | दे. 'घना'। | ನೋಡು "ಘನಾ" | नोडु "घना" | see 'घना'. |
| | पुं. | 1. बादल; | ಮೇಘ; | मेघ; | clouds; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. लोहा पीटने का बहुत बड़ा हथौड़ा;<br>3. किसी अंक को उसी अंक के वर्ग से गुण करने पर निकलनेवाला गुणनफल। | ಕಮ್ಮಾರನ ಸುತ್ತಿಗೆ;<br>(ಗಣಿತ) ಘನಫಲ | कम्मारन सुत्तिगं;<br>(गणित) घनफल | sledge-hammer;<br>the cube (of a number). |
| **घनक्षेत्र** | पुं. | किसी चीज की गहराई, चौड़ाई और लम्बाई का समूचा विस्तार। | ಉದ್ದ ಅಗಲ ಆಳಗಳ ಸಂಪೂರ್ಣ ವಿಸ್ತಾರ | उद्द, अगल, आळगळ संपूर्ण विस्तार | volume. |
| **घनघटा** | स्त्री. | बादलों का जमाव। | ಆವರಿಸಿದ ಮಳೆಯ ಮೋಡಗಳು | आवरिसिद मळय मोडगळु | accumulation of thick black clouds. |
| **घनघोर** | वि. | 1. बहुत अधिक, घना;<br>2. भीषण, विकट। | ಬಹಳ ಅಧಿಕ;<br>ಭಯಂಕರ | बहळ अधिक;<br>भयंकर | thick;<br>terrible. |
| **घनता** | स्त्री. | 1. घनापन;<br>2. अणुओं आदि का पारस्परिक ठोस गठन;<br>3. किसी पदार्थ की लम्बाई, चौड़ाई और मोटाइ का समूह। | ಘನತ್ವ;<br>ಪರಮಾಣುಗಳು ಪರಸ್ಪರ ಸೇರಿ ಒಂದಾಗುವಿಕೆ;<br>ವಸ್ತುವಿನ ಉದ್ದ ಅಗಲ ಗಾತ್ರಗಳ ಘನ ಪ್ರಮಾಣ | घनत्व;<br>परमाणुगळु परस्पर सेरि ओंदागुविकं;<br>वस्तुविन उद्द अगल गात्रगळ घन प्रमाण | density;<br>compactness;<br>volume. |
| **घनत्व** | पुं. | घनता। | ಘನ | घन | volume. |
| **घनफल** | पुं. | 1. लम्बाई, चौड़ाई और मोटाई तीनों का गुणनफल;<br>2. वह गुणनफल जो किसी संख्या की उसी संख्या से दो बार गुणा करने से प्राप्त हो। | ಉದ್ದ ಅಗಲ ಗಾತ್ರಗಳ ಗುಣಫಲ;<br>ಘನಫಲ | उद्द अगल गात्रगळ गुणफल;<br>घनफल | volume;<br>cube. |
| **घनमूल** | पुं. | गणित में किसी राशि का मूल अंक, जैसे—27 का घनमूल 3 है। | ಘನಮೂಲ (27 ರ ಘನ ಮೂಲ 3) | घनमूल (27र घनमूल 3) | the cube-root. |
| **घना** | वि. | 1. जिसके अवयव या अंश पास-पास सटे हों जैसे घनी आबादी, घने बादल;<br>2. बहुत अधिक। | ದಟ್ಟವಾದ;<br>ಬಹಳ ಅಧಿಕ | दट्टवाद;<br>बहल अधिक | dense, thick;<br>much, many. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| घनिष्ठ | वि | जिसके साथ बहुत अधिक मित्रता या सम्बन्ध हो। | ಬಹಳ ಹತ್ತಿರದ ಸ್ನೇಹ-ಸಂಬಂಧ | बहळ हत्तिरद स्नेह-संबंध | intimate, close. |
| घनिष्ठता | स्त्री | गहरी दोस्ती। | ಗಾಢವಾದ ಸ್ನೇಹ | गाढवाद स्नेह | intimacy. |
| घनीभूत | वि. | 1. जो घना हो गया हो; 2. जो किसी प्रकार बढ़कर बहुत अधिक हो गया हो। | ಗಟ್ಟಿಯಾದ; ಮಂಜುಗಡ್ಡೆಯಂತೆ ಘನ ರೂಪವಾದ | गट्टियाद; मंजुगड्डेयंते घनरूपवाद | thickened; intensified, solidified, condensed. |
| घपला | पुं. | 1. गड़बड़ी, अव्यवस्था; | ಅವ್ಯವಸ್ಥೆ; | अव्यवस्थे; | bungle, confusion, disorder; |
| | | 2. गोलमाल। | ತಿಂದುಹಾಕುವಿಕೆ | तिंदुहाकुविके | embezzlement. |
| घपलेबाजी | स्त्री. | घपला करने की अवस्था या गुण। | ತಿಂದುಹಾಕುವಿಕೆ | तिंदुहाकुविके | same as 'घपला' |
| घबड़ाना (घबराना) | अ. क्रि. | 1. व्याकुल होना; | ಗಾಬರಿಗೊಳ್ಳು; | गाबरिगोळ्ळु; | to be perturbed, to be perplexed; |
| | | 2. हिचकना। | ಹಿಂಜರಿ | हिंजरि | to hesitate. |
| | स. क्रि. | व्याकुल करना। | ವ್ಯಾಕುಲಗೊಳಿಸು | व्याकुलगोळिसु | to perturb, to perplex. |
| घबड़ाहट (घबराहट) | स्त्री. | 1. व्याकुलता; | ವ್ಯಾಕುಲತೆ; | व्याकुलते; | perturbation, perplexity, restlessness; |
| | | 2. उतावली। | ಆತುರಗೊಳ್ಳುವಿಕೆ | आतुरगोळ्ळुविके | haste, impatience. |
| घमंड | वि. | अभिमान। | ಅಹಂಕಾರ | अहंकार | pride, vanity. |
| घमंडी | वि. | अभिमानी। | ಅಹಂಕಾರಿ | अहंकारि | proud, vain, conceited. |
| घमासान | वि. | भयंकर (युद्ध)। | ಭಯಂಕರ(ಯುದ್ಧ) | भयंकर (युद्ध) | fierce (fight). |
| घमौरी | स्त्री. | पसीने आदि के कारण उत्पन्न होनेवाले छोटे-छोटे दाने। | ಬೆವರು ಗುಳ್ಳೆಗಳು | बेवरु गुळ्ळेगळु | prickly heat, small pimples which appear on the body in sultry days. |
| घर | पुं. | मनुष्य के रहने का दीवार से घिरा छतवाला स्थान, मकान। | ಮನೆ | मने | home, house. |
| घर-गृहस्थी | स्त्री. | घर में रहनेवाले परिवार | ಪರಿವಾರದವರು | परिवारदवरु | family and its |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | के सदस्य और उनकी सब वस्तुएं.। | ಮತ್ತು ಸಾಮಾನು | मत्तु सामानु | belongings as a whole. |
| **घरघराना** | अ. क्रि. | घर घर शब्द निकलना या होना। | 'ಗರಗರ' ಶಬ್ದ ಮಾಡು | "गरगर" शब्दमाडु | to produce a whirring sound. |
| **घरघराहट** | स्त्री. | घर-घर शब्द होने की क्रिया या भाव। | 'ಗರಗರ' ಶಬ್ದ | "गरगर" शब्द | a whir, a whizz. |
| **घरजँवाई** | पुं. | वह दामाद जिसे सास-ससुर अपने घर रख लें। | ಅಳಿಯನನ್ನು ಮನೆಯಲ್ಲಿರಿಸಿ-ಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ | अळियनन्नु मनॆयल्लिरिसि-कॊळ्ळुविकॆ | a man staying permanently with his in-laws. |
| **घरद्वार** | पुं. | 1. वह स्थान जहां कोई रहता है तथा परिवार; | ಮನೆ-ಮಠ | मनॆ-मठ | family and house; |
| | | 2. घर और घर के सब कामकाज एवं वस्तुएं। | | | household effects and house-wifery. |
| **घरबार** | पुं. | घरद्वार। | ಮನೆ-ಮಠ | मनॆ-मठ | same as 'घरद्वार' |
| **घरवाला** | पुं. | 1. घर का मालिक; | ಮನೆಯ ಯಜಮಾನ; | मनॆय यजमान; | the master of house; |
| | | 2. स्त्री की दृष्टि से उसका पति। | ಮನೆ ಯಜಮಾನಿಯ ಗಂಡ | मनॆ यजमानिय गंड | husband. |
| **घरवाली** | स्त्री. | 1. घर की मालकिन; | ಮನೆಯ ಯಜಮಾನಿ; | मनॆय यजमानि | mistress of house; |
| | | 2. पति की दृष्टि से उसकी पत्नी। | ಮನೆ ಯಜಮಾನನ ಹೆಂಡತಿ | मनॆ यजमानन हॆंडति | wife. |
| **घराना** | पुं. | कुल, वंश (विशेषत: प्रतिष्ठित और संपन्न)। | ಕುಲ, ವಂಶ | कुल, वंश | family. |
| **घरेलू** | वि. | 1. घर-संबंधी;<br>2. निजी;<br>3. पालतू। | ಮನೆಯ;<br>ಸ್ವಂತದ;<br>ಸಾಕಿದ | मनॆय;<br>स्वंतद;<br>साकिद | domestic, homely;<br>personal;<br>tame. |
| **घरौंदा** | पुं. | खेलने के लिए बच्चों का बनाया हुआ मिट्टी आदि का नन्हा-सा घर। | ಮಕ್ಕಳು ಆಟಕ್ಕಾಗಿ ಕಟ್ಟುವ ಮನೆ | मक्कळु आटक्कागि कट्टुव मनॆ | small house made by children to play with, toy-house. |
| **घर्षण** | पुं. | रगड़। | ಘರ್ಷಣೆ | घर्षणॆ | friction, rubbing. |
| **घसियारा** | पुं. | घास खोदनेवाला। | ಹುಲ್ಲು ಕೀಳುವವ | हुल्लु कीळुवव | grass-cutter, hay-trusser. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **घसीट** | स्त्री. | 1. घसीटने की क्रिया; | ಎಳೆಯುವಿಕೆ; | एळॅयुविकॅ; | dragging; |
| | | 2. जल्दी का लिखा हुआ लेख। | ಮೋಡಿ ಬರವಣಿಗೆ | मोडि बरवणिगॅ | swift writing, scribble. |
| **घसीटना** | स. क्रि. | 1. किसी वस्तु को इस प्रकार खींचना कि वह जमीन से रगड़ खाती हुई जाए; | ಎಳೆಯು; | एळॅयु; | to drag, to trail; |
| | | 2. जल्दी-जल्दी तथा अस्पष्ट लिखना; | ಗೀಚಿ ಬರೆಯು; | गीचि बरॅयु; | to scribble; |
| | | 3. किसी काम में जबरदस्ती शामिल करना। | ಬಲವಂತದಿಂದ ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ಎಳೆಯು | बलवंतदिंद कॅलसक्कॅ एळॅयु | to include forcibly. |
| **घहराना** | अ. क्रि. | गरजने का सा गंभीर शब्द करना। | ಗರ್ಜಿಸು | गर्जिसु | to thunder, to roar. |
| **घाघ** | पुं. | गोंडे में रहनेवाले एक बहुत चतुर और अनुभवी कवि जिसकी कही हुई बहुत-सी कहावतें उत्तरी भारत में प्रसिद्ध हैं। | ಉತ್ತರ ಭಾರತದ ಗೋಂಡಾದ ಪ್ರಸಿದ್ಧ ಕವಿ ಘಾಘ | उत्तर भारतद गोंडाद प्रसिद्ध कवि घाघ | a clever experienced person of Gonda whose maxims pertaining to agricultural life are in vogue in northern India. |
| | वि. | बहुत चालाक। | ಚತುರ | चतुर | clever and cunning (person). |
| **घाघरा** | पुं. | लहँगा। | ಲಂಗ | लंग | skirt from waist to ankle, petticoat. |
| **घाट** | पुं. | नदी, झील आदि में वह स्थान जहां लोग नहाएँ-धोएँ और नाव आदि से उतरें। | ನದಿ ಆದಿಗಳ ಸ್ನಾನ ಘಟ್ಟ | नदि आदिगळ स्नान घट्ट | wharf, bathing place at the bank of a river or tank. |
| **घाटबंदी** | स्त्री. | 1. घाट पर नाव लाने, ले जाने अथवा माल आदि चढ़ाने या उतारने का निषेध; | ಬಂದರಿನಲ್ಲಿ ಮಾಲನ್ನು ಇಳಿಸಲು ಅಥವಾ ತುಂಬಿ ಕಳಿಸಲು ನಿಷೇಧಾಜ್ಞೆ | बंदरिनल्लि मालन्नु इळिसलु अथवा तुंबि कळिसलु निषेधाज्ञॅ; | embargo; |
| | | 2. घाट बनाने की क्रिया या ढंग। | ಬಂದರು ಅಥವಾ ಘಟ್ಟ ಕಟ್ಟುವಿಕೆ | बंदरु अथवा घट्ट कट्टुविकॅ | act or manner of making a wharf. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **घाटा** | पुं. | हानि। | ನಷ್ಟ | नष्ट | loss, deficit. |
| **घाटी** | स्त्री. | पर्वतीय प्रदेशों के बीच पड़नेवाला मैदान। | ಕಣಿವೆ | कणिवॆ | valley. |
| **घात** | पुं.<br><br>स्त्री. | 1. चोट, प्रहार;<br>2. हत्या।<br>अनुकूल अवसर की प्रतीक्षा, ताक। | ಏಟು. ಹೊಡೆತ;<br>ಕೊಲೆ<br>ಸಮಯ<br>ಕಾಯುವಿಕೆ | एट्टु, हॉडॆत;<br>कॉलॆ<br>समय कायुविकॆ | blow, bruise;<br>slaying, killing.<br>fit opportunity, ambuscade, ambush. |
| **घातक** | वि. | 1. हत्यारा;<br>2. हानिकर। | ಕೊಲೆಗಾರ;<br>ಹಾನಿಕರ | कॉलॆगार;<br>हानिकर | killer, murderer;<br>injurious, ruinous. |
| **घाती** | वि. | 1. घातक;<br>2. नाश करनेवाला। | ಘಾತಕ;<br>ಹಾನಿಕಾರಕ | घातक;<br>हानिकारक | murderer;<br>ruinous. |
| **घान(घानी)** | पुं. | उतनी वस्तु जितनी एक बार में कड़ाही, चक्की, कोल्हू आदि में डाली जाए। | ಒಬ್ಬೆ, ಒಮ್ಮೆ<br>ಬೀಸಲು ಅಥವಾ<br>ಹುರಿಯಲು<br>ಹಾಕುವಷ್ಟು<br>ಕಾಳು | ऑब्बॆ, ऑम्मॆ<br>बीसलु अथवा<br>हुरियलु<br>हाकुवष्टु काळु | quantity of oilseed or wheat etc. to be ground or pressed or cooked in one turn. |
| **घाम** | पुं. | धूप। | ಬಿಸಿಲು | बिसिलु | heat of sun, sunshine. |
| **घायल** | वि. | 1. जख्मी, आहत, जिसे क्लेश हुआ हो;<br>2. प्रेम का मारा। | ಗಾಯಗೊಂಡ | गायगॉंड | wounded, injured (person);<br>smitten (with love). |
| **घालना** | स. क्रि. | 1. कोई चीज किसी के अन्दर डालना या ऊपर रखना;<br>2. नाश करना। | ಹೊರಿಸು ಅಥವಾ<br>ತುರುಕು;<br>ಹಾಳುಮಾಡು | हॉरिसु अथवा<br>तुरुकु;<br>हाळुमाडु | to thrust (into) or to place (on);<br>to ruin, to destroy. |
| **घाव** | पुं. | जख्म, चोट। | ಗಾಯ | गाय | wound, injury. |
| **घास** | स्त्री. | पृथ्वी पर उगनेवाली हरी वनस्पति जिसे चौपाए चरते हैं। | ಹುಲ್ಲು | हुल्लु | grass. |
| **घास-फूस** | पुं. | 1. तृण और वनस्पति, खरपतवार;<br>2. कूड़ा-करकट। | ಹುಲ್ಲು, ಹುಲ್ಲುಕಡ್ಡಿ;<br>ಕಸ | हुल्लु, हुल्लुकडडि;<br>कस | grass and straw;<br>rubbish. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **घासलेट** | पुं. | 1. मिट्टी का तेल; | ಸೀಮೆ ಎಣ್ಣೆ; | सीमेएण्णे; | kerosene; |
| | | 2. तुच्छ या घटिया वस्तु । | ತುಚ್ಛ ವಸ್ತು | तुच्छ वस्तु | trifle and base thing. |
| **घिग्घी** | स्त्री. | 1. रोते-रोते सांस का रुकने सा लगना; | ಅಳುವಾಗ ಬಿಕ್ಕಳಿಸುವಿಕೆ; | अळुवाग बिक्कळिसुविकें; | choking sensation in the throat while weeping; |
| | | 2. अधिक भय आदि के कारण मुंह से बोल या साफ आवाज न निकलना। | ಭಯದಲ್ಲಿ ಅಸ್ಪಷ್ಟವಾಗಿ ಮಾತನಾಡುವಿಕೆ | भयदल्लि अस्पष्टवागि मातनाडुविकें | choking of the throat through fear etc. |
| **घिघियाना** | अ. क्रि. | गिड़गिड़ाना, बार-बार विनती करना। | ಹಲ್ಲು ಕಿರಿದು ಬೇಡು | हल्लुकिरिदु बेडु | to cringe, to beg for mercy. |
| **घिन** | स्त्री. | किसी गंदी अथवा गली-सड़ी वस्तु को देखने से मन में होनेवाली अरुचिपूर्ण भावना जिसके फलस्वरूप मनुष्य उससे दूर भागना चाहता है, घृणा। | ಅಸಹ್ಯ | असह्य | nausea, hatred, abhorrence. |
| **घिनौना** | वि. | जिसे देखने से घिन लगे, घृणित। | ಅಸಹ್ಯಕರ | असह्यकर | loathsome, detestable, obnoxious. |
| **घिया** | पुं. | एक प्रकार की तरकारी (लौकी)। | ಸೋರೆಕಾಯಿ | सोरेकायि | pompeon, **cucurbita lagenaria.** |
| **घियातरोई (घियातोरी)** | स्त्री. | एक बेल जिसके फलों की तरकारी बनती है। | ತುಪ್ಪ ಹೀರೆಕಾಯಿ | तुप्प हीरेकायि | the vegetable Luffa pentandra. |
| **घिरना** | अ. क्रि. | 1. सब ओर से रोका जाना; | ಸುತ್ತುಗಟ್ಟಿ ತಡೆಯು; | सुत्तुगट्टि तडेयु; | to be surrounded; |
| | | 2. चारों ओर से जैसे अंधकार छाना, घटा घिरना। | ಆವರಿಸು | आवरिसु | to gather (as clouds etc.) |
| **घिरनी** | स्त्री. | 1. कुएं से पानी खींचने की चरखी; | ಭಾವಿಯ ರಾಟೆ; | भाविय राटे; | pulley; |
| | | 2. रस्सी बटने की चरखी। | ಹಗ್ಗ ಹೊಸೆಯುವ ಚಕ್ರ | हग्ग होसेयुव चक्र | a wheel for winding thread, rope etc. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **घिरवाना** | स. क्रि. | घेरने का काम किसी से कराना। | ಸುತ್ತುಗಟ್ಟಿಸು-ವುದು | सुत्तुगट्टिसुवुदु | to cause to be surrounded. |
| **घिराई** | स्त्री. | 1. घेरने की क्रिया, भाव या पारिश्रमिक; 2. पशु चराने का काम या उसका पारिश्रमिक। | ಸುತ್ತುಗಟ್ಟುವಿಕೆ ಮತ್ತು ಅದರ ಕೂಲಿ; ದನ ಮೇಯಿಸುವಿಕೆ, ಮೇಯಿಸಿದುದರ ಕೂಲಿ | सुत्तुगट्टुविकॅ, मत्तु अदर कूलि; दन मेयिसुविकॅ, मेयिसिदुदर कूलि | the act of or wages for surrounding; fee or charge for penning and feeding cattle. |
| **घिराव** | पुं. | घेरने या घेरे जाने की क्रिया या भाव। | ಸುತ್ತುಗಟ್ಟುವಿಕೆ, ಮುತ್ತುವಿಕೆ | सुत्तुगट्टुविकॅ, मुत्तुविकॅ | investment, occlusion. |
| **घिरिया** | स्त्री. | 1. शिकार के घेरने के लिए बनाया जानेवाला मनुष्यों का घेरा; 2. बहुत असमंजस या संकट की स्थिति। | ಬೇಟೆಗಾಗಿ ಸುತ್ತುಗಟ್ಟಿ ಮಂದಿಯು ನಿಲ್ಲುವಿಕೆ; ಅಸಮಂಜಸ ಸ್ಥಿತಿ | बेटॅगागि सुत्तुगट्टि मंदिय निल्लुविकॅ; असमंजस स्थिति | circle of men to surround a prey; the state of being in a dilemma. |
| **घिर्री** | स्त्री. | दे. 'घिरनी'। | ನೋಡಿ "घिरनी" | नोडि "घिरनी" | see 'घिरनी'. |
| **घिसघिस** | स्त्री. | 1. रोज का नीरस कार्य; 2. टालमटोल, उचित समय से अधिक देर लगाना। | ಒಂದೇ ಬಗೆಯ ಬೇಜಾರಿನ ಕೆಲಸ; ಕೆಲಸವನ್ನು ಬೇಗ ಮುಗಿಸದೆ ಸಮಯ ಕಳೆಯುವಿಕೆ | ऑंदे बगॅय बेजारिन कॅलस; कॅलसवन्नु बेग मुगिसदॅ समय कळॅयुविकॅ | drudgery, dull routine work; dilly dallying, dilatoriness. |
| **घिसटना** | अ. | घसीटा जाना, जमीन पर रेंगते या उससे रगड़ खाते हुए बहुत धीरे-धीरे चलना। | ಎಳೆದಾಡು | ऍळॅदाडु | to be dragged, to be trailed. |
| **घिसना** | स. क्रि. | किसी वस्तु को किसी दूसरी वस्तु पर इस प्रकार रगड़ना कि वह छीजने लगे। | ತಿಕ್ಕಿ ಸವೆಸು | तिक्कि सवॅसु | to rub; |
| | अ. क्रि. | रगड़ से कटना या छीजना। | ಉಜ್ಜಿ ಸವೆಯು | उज्जि सवॅयु | to be worn out. |
| **घिसवाना** | स. क्रि. | घिसने का काम किसी दूसरे से कराना। | ತಿಕ್ಕಿಸಿ ಸವೆಸು | तिक्किसि सवॅसु | to cause to be rubbed. |
| **घिसाई** | स्त्री. | 1. घिसने की क्रिया, भाव या मज़दूरी; 2. कड़ी मेहनत। | ತಿಕ್ಕುವಿಕೆ, ತಿಕ್ಕಿದುದರ ಕೂಲಿ; ಪರಿಶ್ರಮ | तिक्कुविकॅ, तिक्किदुदरकूलि; परिश्रम | act ro state of or the wages for rubbing; hard labour. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **घिसाना** | स. क्रि. | दे. 'घिसवाना'। | ನೋಡಿ"घिसवाना" | नोडि "घिसवाना" | see 'घिसवाना'. |
| **घिसा-पिटा** | वि. | 1. रद्दी, साधारण, तुच्छ;<br>2. जो बहुत दिनों से चला आ रहा हो, पुराना। | ಸವೆದ;<br>ಸವೆದು ಉಪ-ಯೋಗವಿಲ್ಲದ | सवॅद;<br>सवॅदु उपयोगविल्लद | hackneyed;<br>old, worn out. |
| **घिस्सा** | पुं. | 1. रगड़;<br>2. चकमा, धोखा। | ತಿಕ್ಕಾಟ;<br>ಮೋಸ | तिक्काट;<br>मोस | rubbing, friction;<br>treachery, trick. |
| **घी** | पुं. | मक्खन को तपाकर बनाया हुआ प्रसिद्ध चिकना पदार्थ। | ತುಪ್ಪ | तुप्प | ghee, butter clarified by boiling and straining. |
| **घुंघराला** | वि. | जिसमें छल्ले की तरह कई बल पड़े हों। | ಗುಂಗುರು ಗುಂಗುರಾದ | गुंगुरु गुंगुराद | curly. |
| **घुंघरू** | पुं. | चांदी, पीतल आदि का गोल पोला दाना जिसके अंदर कंकड़ी रहती है और हिलने से ध्वनि होती है। प्राय: नृत्य के समय इन्हें पैरों में पहना जाता है। | ಕಾಲ್ಗೆಜ್ಜೆ | काल्गॅज्जॆ | small bells worn around the ankles. |
| **घुंडी** | स्त्री. | कपड़े का गोल बटन। | ಗುಂಡಿ, ಬಟನ್ | गुंडि, बटन् | ball-shaped button of cloth. |
| **घुंडीदार** | वि. | जिसमें घुंडी लगी हो। | ಗುಂಡಿ ಹಾಕಿದ | गुंडि हाकिद | having the shape of button. |
| **घुइँया** | स्त्री. | अरवी नामक तरकारी। | ಕೆಸವಿನ ಗಡ್ಡೆ | कॅसविनगड्डॆ | a kind of Indian vegetable. |
| **घुटन** | स्त्री. | 1. दम घुटने की सी अवस्था या भाव;<br>2. ऐसी अवस्था जिसमें कर्त्तव्य न सूझने पर मन में बहुत घबराहट होती है, निराशाजनक स्थिति। | ಶ್ವಾಸ ಹಿಡಿದಂತಾಗುವಿಕೆ;<br>ನಿರಾಶೆಯ ಸ್ಥಿತಿ | श्वास हिडिदंता-गुविकॅ;<br>निराशॅय स्थिति | suffocation;<br>frustration. |
| **घुटना** | अ. क्रि. | 1. सांस का भीतर ही रुक जाना;<br>2. अच्छी तरह पिसने, | ಉಸಿರು ಒಳಗೇ ನಿಂತುಹೋಗುವುದು;<br>ಬೆಂದು ಕರಗು; | उसिरु ऑळगे नितुहोगुवुदु;<br>बॅंदु करगु; | to be suffocated;<br>to be thoroughly |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | मिलने या पकाये जाने से घुल-मिल जाना; | | | mixed (in or with), to be well-boiled or cooked; |
| | | 3. आपस में घनिष्ठतापूर्ण बातें होना; | ಸಂಭಾಷಣೆಯಲ್ಲಿ ಬೆರೆ; | संभाषणेयल्लि बॆरॆ; | to be engaged in conversation (with); |
| | | 4. उस्तरे से बालों का अच्छी तरह मूंडा जाना; | ಬೋಳಿಸು; | बोळिसु; | to be shaved clean; |
| | | 5. रगड़े जाने पर चिकना होना। | ಉಜ್ಜಿ ನುಣುಪು ಮಾಡು | उज्जि नुणुपु माडु | to be rubbed smooth. |
| | पुं. | पैर के बीच का वह जोड़ जिसके ऊपर जाँघ और नीचे टाँग होती है। | ಮೊಣಕಾಲು, ಮಂಡಿ | मॊणकालु, मंडि | knee. |
| **घुटवाना (घुटाना)** | स. क्रि. | घोटने का काम दूसरे से कराना। | ತೇಯಿಸುವುದು | तेयिसुवुदु | causal form of 'घोटना'. |
| **घुटाई** | स्त्री. | 1. घोटने का भाव, क्रिया या मज़दूरी; | ತಿಕ್ಕುವಿಕೆ, ತಿಕ್ಕಿದ ಕೂಲಿ; | तिक्कुविकॆ, तिक्किद कूलि; | the act or state of or wages for rubbing, polishing etc. |
| | | 2. खूब रगड़-रगड़ कर किसी चीज़ को चिकना बनाने का काम; | ತಿಕ್ಕಿ ನುಣುಪು ಮಾಡುವಿಕೆ ; | तिक्कि नुणुपुमाडुविकॆ; | the act of rubbing smooth; |
| | | 3. दाढ़ी, मूँछ आदि मूंडने या मुंडवाने की क्रिया, भाव या मज़दूरी; | ಗಡ್ಡ, ಮೀಸೆ ಬೋಳಿಸುವಿಕೆ, ಅದರ ಕೂಲಿ; | गड्ड, मीसॆ बोळिसुविकॆ, अदर कूलि; | the act or state of or wages for shaving; |
| | | 4. रट कर याद करने की क्रिया। | ಕಂಠಪಾಠ ಮಾಡುವಿಕೆ | कंठपाठ माडुविकॆ | cramming. |
| **घुट्टी** | स्त्री. | छोटे बच्चे को पाचन के लिए पिलाई जानेवाली एक देशी दवा। | ಮಕ್ಕಳಿಗೆ ಹಾಕುವ ಜೀರ್ಣಕಾರಿ ನಾಟಿ ಔಷಧಿ | मक्कळिगॆ हाकुव जीर्णकारि नाटि औषधि | digestive medicine or tonic given to infants. |
| **घुड़कना** | स. क्रि. | गुस्से में डाँटना। | ಸಿಟ್ಟಿನಿಂದ ಗದರಿಸು | सिट्टिनिंद गदरिसु | to rebuff, to reprimand. |
| **घुड़की** | स्त्री. | वह बात जो क्रोध में आकर डराने के लिए कही जाए। | ಸಿಟ್ಟಿನಿಂದ ಹೆದರಿಸುವಿಕೆ | सिट्टिनिंद हॆदरिसुविकॆ | threat, threatening expression and gestures, rebuff. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **घुड़चढ़ी** | स्त्री. | विवाह की एक रीति जिसमें दूल्हा घोड़ी पर चढ़कर दुल्हन के घर जाता है। | ವರನು ಹೆಣ್ಣು ಕುದುರೆಯ ಮೇಲೆ ಕೂತು ವಧುವಿನ ಮನೆಗೆ ಬರುವ ಒಂದು ಆಚಾರ | वरनु हॆण्णु कुदुरॆय मेलॆ कूतु वधुविन मनॆगॆ बरुव ऒंदु आचार | the ceremony in which the bridegroom. at the time of marriage, goes to the bride's house on a mare. |
| **घुड़दौड़** | स्त्री. | घोड़ों की दौड़। | ಕುದುರೆ ಓಟ | कुदुरॆ ओट | horse race. |
| **घुड़सवार** | पुं., | वह जो घोड़े पर सवार हो। | ಸವಾರ | सवार | cavalier. horse-rider. |
| **घुड़साल** | स्त्री. | वह जगह जहाँ घोड़े बांधे जाते हैं, अस्तबल। | ಅಶ್ವಶಾಲೆ, ಲಾಯ | अश्वशालॆ, लाय | stable. |
| **घुणाक्षरन्याय** | पुं. | एक प्रकार का न्याय जिसका प्रयोग उस अवस्था में होता है जिसमें कोई घटना संयोगवश वैसे ही हो जाती है जैसे लकड़ी आदि पर घुन लगने से यों ही कुछ अक्षर बन जाते हैं। | ಆಕಸ್ಮಿಕವಾಗಿ ತನ್ನಷ್ಟಕ್ಕೆ ತಾನೇ ನೆನೆದಂತೆ ಆಗುವ ಸಂದರ್ಭದಲ್ಲಿ ಉಪಯೋಗಿಸುವ ಒಂದು ನ್ಯಾಯ | आकस्मिकवागि तन्नष्टक्के ताने नॆनॆदंतॆ आगुव संदर्भदल्लि उपयोगिसुव ऒंदु न्याय | the maxim of letters used to denote any fortuitous or chance occurrence. |
| **घुन** | पुं. | एक छोटा कीड़ा जो अनाज, लकड़ी आदि में लगता है | ಕುಟ್ಟೆ ಹುಳ | कुट्टॆ हुळ | wood-worm, weevil. |
| **घुनना** | अ. क्रि. | 1. घुन के द्वारा लकड़ी, अनाज आदि का खाया जाना; | ಹುಳುಗಳು ಧಾನ್ಯಾದಿಗಳನ್ನು ತಿನ್ನುವಿಕೆ; | हुळुगळु धान्यादि-गळन्नु तिन्नुविकॆ; | to be eaten up by worms; |
| | | 2. चिंता, रोग आदि के कारण मनुष्य का दिन प्रति दिन क्षीण होना। | ಚಿಂತೆ, ವ್ಯಥೆ ರೋಗಗಳಿಂದ ಶರೀರ ಕ್ಷೀಣಿಸು | चिंतॆ, व्यथॆ रोग-गळिंद शरीर क्षीणिसु | to get emaciated due to worry or disease. |
| **घुन्ना** (स्त्री. घुन्नी) | वि. | जो अपने क्रोध, दुःख, द्वेष आदि के भाव मन में उपयुक्त अवसर पर किसी से बदला लेने के लिए छिपाए रखता है। | ಸಮಯ ಸಿಕ್ಕಾಗ ಸೇಡು ತೀರಿಸಿ ಕೊಳ್ಳಲು ಅದುಮಿಟ್ಟುಕೊಂಡ ಕ್ರೋಧ-ದ್ವೇಷಗಳು | समय सिक्काग सेडु तीरिसि-कॊळ्ळलु अदुमिट्टुकॊंड क्रोध-द्वेषगळु | rancorously reticent. |
| **घुमंतू** | वि. | जो बराबर इधर-उधर यों ही घूमता-फिरता रहता हो। | ಅಲೆದಾಡುವ ಸ್ವಭಾವದ | अलॆदाडुव स्वभावद | itinerant. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **घुमक्कड़** | वि. | अधिक घूमनेवाला व्यक्ति। | ಅಲೆದಾಡುವ | अलेदाडुव | fond of wandering, rover. |
| **घुमड़ना** | अ. क्रि. | बादलों का इधर-उधर से आकर इकट्ठा होना। | ಮೋಘಗಳು ಒಂದುಗೂಡುವುದು | मेघगळु ओंदुगूडुवुदु | gathering up of clouds in the sky. |
| **घुमाना** | स. क्रि. | 1. चक्कर या फेरा देना; | ಸುತ್ತಿಸು; | सुत्तिसु; | to turn round, to give a twist; |
| | | 2. सैर कराना; | ಓಡಾಡಿಸು; | ओडाडिसु; | to take to stroll; |
| | | 3. सूचनार्थ किसी पत्र आदि को इधर-उधर भेजना। | ಸೂಚನೆ ಕೊಡಲು ಪತ್ರಾದಿಗಳನ್ನು ಕಳಿಸು | सूचने कोडलु पत्रादिगळन्नु कळिसु | to circulate. |
| **घुमाव** | पुं. | घूमने या घुमाने का भाव, चक्कर, पेच। | ತಿರುಗಿಸುವಿಕೆ, ತಿರುವು | तिरुगिसुविके, तिरुवु | turn, curvature, twist. |
| **घुमावदार** | वि. | चक्करदार, पेचदार। | ಬಳಸಾದ, ತಿರು-ವಿರುವ, ತೊಡಕಾದ | बळसाद, तिरुविरुव, तोडकाद | circuitous, meandering, curved. |
| **घुमाव-फिराव** | पुं. | बातचीत या व्यवहार में होनेवाला ऐसा पेचीदापन या जटिलता जिसमें कुछ छल-कपट भी हो। | ಸ್ಪಷ್ಟವಾಗಿ ಮಾತನಾಡದೆ ತಿರುಗು ಮುರುಗು ಮಾತನಾಡುವಿಕೆ | स्पष्टवागि मातनाडदे तिरुगु-मुरुगु मातनाडुविके | deceptive ambiguity, vagueness in speech or practice. |
| **घुलनशील** | वि. | जो घुल सके। | ಕರಗುವ | करगुव | soluble. |
| **घुलना** | अ. क्रि. | 1. किसी कड़ी या ठोस चीज़ का तरल पदार्थ में गल कर अच्छी तरह मिल जाना; | ಕರಗು ; | करगु; | to be dissolved; |
| | | 2. रोग आदि से शरीर का क्षीण होना। | ಶರೀರ ಕ್ಷೀಣವಾಗು | शरीर क्षीणवागु | to languish, to become lean. |
| **घुलाना** | स. क्रि. | 1. गलाना; | ಕರಗಿಸು ; | करगिसु; | to melt, to dissolve; |
| | | 2. शरीर दुर्बल करना। | ಕ್ಷೀಣವಾಗುವಂತೆ ಮಾಡು | क्षीणवागुवंते माडु | to emaciate. |
| **घुसना** | अ. | बलपूर्वक घँसना, प्रवेश करना, धँसना। | ಒಳಹೊಗು | ओळहोगु | to enter, to penetrate, to intrude, to thrust. |
| **घुसपैठ** | स्त्री. | 1. प्रयत्न करके या बलपूर्वक कहीं पहुँचकर अपने लिए स्थान बनाने की क्रिया या भाव; | ಒಳಹೊಕ್ಕು ಕೂಡುವಿಕೆ; | ओळहोक्कु कूडुविके; | infiltration; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. पहुँच, प्रवेश। | ಪ್ರವೇಶಿಸುವಿಕೆ | प्रवेशिसुविके | access, entrance. |
| घुसपैठिया | पुं. | प्रयत्न करके बलपूर्वक कहीं पहुँचकर अपने लिए स्थान बनानेवाला व्यक्ति। | ಬಲವಂತವಾಗಿ ಒಳ ಹೊಕ್ಕು ಜಾಗ ಮಾಡಿಕೊಳ್ಳ ಬಲ್ಲವ | बलवंतवागि ओळहॊक्कु जाग माडिकॊळ्ळ बल्लव | infiltrator. |
| घुसवाना | स. क्रि. | घुसने या घुसाने का काम किसी से कराना। | ನುಗ್ಗಿಸು, ಒಳ ಹೊಗುವಂತೆ ಮಾಡು | नुग्गिसु, ओळ-हॊगुवंते माडु | to cause to enter, penetrate or thrust in. |
| घुसेड़ना | स. क्रि. | घुसाना। | ಒಳಹೊಗಿಸು | ओळहॊगिसु | to thrust in, to pierce, to penetrate. |
| घूँघट | पुं. | स्त्रियों की चुंदरी, धोती, साड़ी आदि का वह भाग जिसे वे सिर पर से कुछ नीचे खींचकर अपना मुंह ढंकती हैं। | ಪರದೆ, ಮುಸುಕು, ಸೆರಗಿನ ಮುಸುಕು | परदे, मुसुकु, सॆरगिन मुसुकु | veil. |
| घूंघर | पुं. | बालों में पड़ा हुआ मरोड़, छल्ला। | ಗುಂಗುರು ಕೂದಲು | गुंगुरु कूदलु | curl of hair. |
| घूँट | पुं. | तरल पदार्थ की उतनी मात्रा जितनी एक बार मुँह में भर कर गले के नीचे उतारी जाती है। | ಗುಟುಕು | गुटुकु | sip. |
| घूँसा | पुं. | बँधी हुई मुठ्ठी का वह रूप जो किसी को मारने के लिए उठाया जाता है। | ಹೊಡೆಯಲು ಎತ್ತಿದ ಮುಷ್ಟಿ | हॊडॆयलु ऎत्तिद मुष्टि | blow (with the fist), buffer. |
| घूंसेबाज | वि. | वह खिलाड़ी जो घूंसेबाजी के खेल में भाग लेता हो। | ಮುಷ್ಟಿ ಯುದ್ಧ-ಗಾರ | मुष्टि युद्धगार | boxer. |
| घूमना | अ. क्रि. | 1. चक्कर खाना;<br>2. सैर करना;<br>3. किसी ओर मुड़ना। | ಸುತ್ತು;<br>ಸುತ್ತಾಡು, ಅಡ್ಡಾಡು;<br>ಒಂದು ಕಡೆ ತಿರುಗು | सुत्तु;<br>सुत्ताडु, अड्डाडु;<br>ऒंदु कडॆ तिरुगु | to revolve;<br>to wander or travel;<br>to turn. |
| घूरना | स. क्रि. | आँख गड़ाकर देखना। | ಎವೆಯಿಕ್ಕದೆ ನೋಡು | ऎवॆयिक्कदॆ नोडु | to stare. |
| घूरा | पुं. | कूड़े-करकट का ढेर। | ಕಸದ ರಾಶಿ | कसद राशि | rubbish, dust-heap. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **घूर्णन** | पुं. | घूमने या चक्कर लगाने की क्रिया या भाव। | ಹಿಂದೆ ಮುಂದೆ ಸುತ್ತ ತಿರುಗುವಿಕೆ | हिंदं मुंदं सुत्त तिरुगुविकं | revolving, moving to and fro. |
| **घूस** | स्त्री. | 1. रिश्वत<br>2. चूहे के वर्ग का एक बड़ा जन्तु जो पृथ्वी के अंदर बिल खोद कर रहता है। | ಲಂಚ;<br>ಹೆಗ್ಗಣ | लंच;<br>हेंग्गण | bribe;<br>bandicootrat. |
| **घूसखोर** | वि. पुं. | रिश्वत लेनेवाला। | ಲಂಚಕೋರ | लंचकोर | addicted to bribe (person). |
| **घृणा** | स्त्री. | अरुचि, नफरत। | ಅರುಚಿ, ಅಸಹ್ಯ | अरुचि, असह्य | aversion, hatred, contempt |
| **घृणास्पद** | वि. | घृणा करने योग्य। | ಅಸಹ್ಯಕರವಾದ | असह्यकरवाद | abominable, despicable, heinous. |
| **घृत** | पुं. | मक्खन को तपाकर तैयार किया जानेवाला एक प्रसिद्ध खाद्य द्रव्य। | ತುಪ್ಪ | तुप्प | clarified butter. |
| **घेर** | पुं. | घेरा, फैलाव। | ಸುತ್ತಳತೆ, ವಿಸ್ತಾರ | सुत्तळतं, विस्तार | width, circumference. |
| **घेरघार** | पुं. | चारों ओर से घेरने की क्रिया या भाव। | ಸುತ್ತುಗಟ್ಟುವಿಕೆ | सुत्तुगट्टुविकं | the act of surrounding. |
| **घेरदार** | वि. | जिसका घेरा अधिक हो। | ವಿಶಾಲವಾದ ಸುತ್ತಳತೆಯ | विशालवाद सुत्तळतंय | of wide circumference. |
| **घेरना** | स. क्रि. | 1. चारों ओर से रोकना, अवरोध करना;<br>2. कब्जा करना, कोई जगह इस प्रकार भरना कि औरों के लिए स्थान न रह जाए;<br>3. दबाव डाल कर कोई काम करने के लिए विवश करना। | ನಾಲ್ಕೂ ಕಡೆಯಿಂದ ಮುತ್ತು;<br>ಆಕ್ರಮಿಸು;<br>ಒತ್ತಾಯಪಡಿಸಿ ಕೆಲಸ ಮಾಡಿಸು | नाल्कू कडंयिंद मुत्तु;<br>आक्रमिसु;<br>ओत्तायपडिसि कंलस माडिसु | to encircle, to besiege;<br>to occupy;<br>to compel, to press. |
| **घेरा** | पुं. | 1. लम्बाई चौड़ाई आदि का सारा विस्तार या फैलाव;<br>2. इस प्रकार घेरकर खडे | ಉದ್ದ-ಅಗಲ, ವಿಸ್ತಾರ;<br>ತಡೆಗಟ್ಟಿ ಸುತ್ತಲೂ ನಿಲ್ಲುವಿಕೆ; | उद्द-अगल, विस्तार;<br>तडंगट्टि सुत्तलू निल्लुविकं; | circumference;<br>siege, blockade; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | होने की स्थिति जिससे कि उस स्थान से काई बाहर न निकल सके; | | | |
| | | 3. घिरा हुआ स्थान। | ಹದ್ದುಬಸ್ತಾದ ಜಾಗ | हद्दुबस्ताद जाग | enclosure. |
| घेराई | स्त्री. | घेरने की क्रिया, भाव या पारिश्रमिक। | ಸುತ್ತುಗಟ್ಟುವಿಕೆ, ಬೇಲಿ ಹಾಕುವಿಕೆ, ಬೇಲಿ ಹಾಕಿದುದರ ಕೂಲಿ | सुत्तुगट्टुविकॆ, बेलि हाकुविकॆ, बेलि हाकिदुदर कूलि | the act or state of or wages for encirclement, occupation etc. |
| घेराबंदी | स्त्री. | किसी के चारों ओर घेरा डालने की क्रिया या भाव। | ಸುತ್ತ ಬೇಲಿ ಹಾಕುವಿಕೆ | सुत्त बेलि हाकुविकॆ | encirclement, cordon. |
| घेराव | पुं. | घिराव। | ಸುತ್ತುಗಟ್ಟುವಿಕೆ | सुत्तुगट्टुविकॆ | investment, occlusion. |
| घोंघा | पुं. | शंख की तरह का एक कीड़ा जो प्रायः नदियों, तालाबों आदि में पाया जाता है। | ಕವಡೆ, ಕಪ್ಪೆ ಚಿಪ್ಪು, ಶಂಖ | कवडॆ, कप्पॆ चिप्पु, शंख | snail, conch, oyster. |
| | वि. | बेवकूफ। | ಮೂರ್ಖ | | foolish, imbecile. |
| घोंपना | स. क्रि. | 1. धंसाना, चुभाना; | ತಿವಿ, ಇರಿ; | तिवि, इरि; | to pierce, to penetrate; |
| | | 2. भद्दी और मोटी सिलाई करना। | ಕೆಟ್ಟ-ಕೆಟ್ಟದಾಗಿ ಹೊಲಿ | कॆट्ट-कॆट्टदागि हॊलि | to stitch badly. |
| घोंसला | पुं. | वृक्ष आदि पर तिनके, पत्ते आदि का बना हुआ स्थान जिसमें पक्षी रहते तथा अंडे देते हैं। | ಗೂಡು (ಮರಗಳ ಮೇಲೆ ಪಕ್ಷಿಗಳು ಕಟ್ಟುವ ಗೂಡು) | गूडु (मरगळ मेलॆ पक्षिगळु कट्टुव गूडु) | nest. |
| घोखना | क्रि. | याद रखने के लिए बार-बार पढ़ना या रटना। | ಕಂಠಪಾಠ ಮಾಡು | कंठपाठ माडु | to commit to memory. |
| घोटना | स. क्रि. | 1. गले को इस तरह दबाना कि सांस रुक जाए; | ಉಸಿರು ಕಟ್ಟುವಂತೆ ಕತ್ತು ಕಿವುಚು; | उसिरु कट्टुवंतॆ कत्तु किवुचु; | to throttle, to strangle; |
| | | 2. किसी कड़ी वस्तु को किसी दूसरी वस्तु पर बार-बार इस प्रकार मलना या रगड़ना कि वह चिकनी या चमकीली हो जाए; | ಚೆನ್ನಾಗಿ ಉಜ್ಜಿ ಅಥವಾ ಅರೆದು ನುಣ್ಣಗೆ ಮಾಡು; | चॆन्नागि उज्जि अथवा अरॆदु नुण्णगॆ माडु; | to smooth, to polish (by rubbing); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. मुँहजबानी याद करना। | ಕಂಠಪಾಠ ಮಾಡು | कंठपाठ माडु | to cram. |
| **घोटनी** | स्त्री. | घोटने का छोटा औजार। | ಅರೆಯುವ ಕಲ್ಲು | अरॆयुव कल्लु | rubber, muller. |
| **घोटा** | पुं. | 1. घोटने, पीसने, रगड़ने अथवा याद करने की क्रिया या भाव; | ಅರೆಯುವ, ಉಜ್ಜುವ, ತಿಕ್ಕುವ ಇಲ್ಲವೆ ಉರು ಹೊಡೆಯುವ ಕೆಲಸ; | अरॆयुव, उज्जुव, तिक्कुव इल्लवॆ उरु हॊडॆयुव कॆलस; | the act or state of pounding, pulverizing, rubbing and cramming; |
| | | 2. वह उपकरण जिससे घोटा जाए। | ಅರೆಯಲು ಉಪಯೋಗಿಸುವ ಕಲ್ಲು | अरॆयलु उपयोगिसुव कल्लु | burnisher, rubbing implement. |
| **घोटाला** | पुं. | 1. किसी काम या बात में होनेवाली बहुत बड़ी गड़बड़ी; | ಕ್ರಮವಿಲ್ಲದ ಕೆಲಸ; | क्रमविल्लद कॆलस; | disorder, confusion; |
| | | 2. धन आदि का दुरुपयोग। | ಹಣದ ದುರುಪ-ಯೋಗ | हणद दुरुपयोग | misappropriation. |
| **घोटू** | वि. | घोटनेवाला। | ಅರೆಯುವ (ಉಪಕರಣ, ಯಂತ್ರ) | अरॆयुव (उपकरण यंत्र) | crammer, pulverizer etc. |
| **घोड़ा** | पुं. | 1. तेज़ दौड़नेवाला एक प्रसिद्ध पालतू चौपाया जो सवारी आदि के काम आता है; | ಕುದುರೆ; | कुदुरॆ; | horse; |
| | | 2. बंदूक, तमंचे आदि का खटका जिसे दबाने से वह चलता है; | ಬಂದೂಕದ ಕುದುರೆ; | बंदूकद कुदुरॆ; | trigger; |
| | | 3. शतरंज में घोड़े की आकृति का एक मोहरा जो 2½ घर चलता है। | ಚದುರಂಗದಾಟದ 2½ ಮನೆ ನಡೆಯುವ ಕಾಯಿ | चदुरंगदाटद 2½ मनॆ नडॆयुव कायि | a piece in chess (knight). |
| **घोड़ा-गाड़ी** | स्त्री. | वह गाड़ी जिसे घोड़े खींचते हैं। | ಕುದುರೆ ಗಾಡಿ | कुदुरॆ गाडि | a carriage which is drawn by horses. |
| **घोड़ी** | स्त्री. | 1. घोड़ा जाति के पशु की मादा; | ಹೆಣ್ಣು ಕುದುರೆ; | हॆण्णु कुदुरॆ; | mare; |
| | | 2. काठ का एक प्रकार का आयताकार ढाँचा। | ನಿಲುವಿನ ಮೇಲಿಟ್ಟ ಹಲಗೆ | निलुविन मेलिट्ट हलगॆ | a wooden board on stand. |
| **घोर** | वि. | 1. भयानक, डरावना; | ಭಯಂಕರ; | भयंकर; | frightful; |
| | | 2. बहुत ज्यादा; | ಅತ್ಯಧಿಕವಾಗಿ; | अत्यधिकवागि; | too much; |
| | | 3. घना; | ನಿಬಿಡವಾದ; | निबिडवाद; | thick, dense; |
| | | 4. बहुत ही बुरा। | ಬಹಳ ಅಸಹ್ಯಕರ | बहळ असह्यकर | awful, violent, vehement. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| घोल | पुं. | किसी तरल पदार्थ में कोई दूसरी (घुलनशील) वस्तु मिलाकर तैयार किया हुआ मिश्रण। | ಕರಗಿಸಿ ಸಕ್ಕರೆ, ಔಷಧಿ ಆದಿ ಬೆರಸಿ ಮಾಡಿದ ಮಿಶ್ರಣ, ಕಷಾಯ, ದ್ರವ ಆದಿ | करगिसि सक्करे औषधि आदि बॅरसि माडिद मिश्रण कषाय, द्रव आदि | solution, mixture. |
| घोलना | स. क्रि. | किसी तरल पदार्थ में कोई अन्य घुलनशील वस्तु मिलाना। | ಕರಗಿಸು, ನೀರಿನಲ್ಲಿ ಕರಗಿಸು | करगिसु, नीरिनल्लि करगिसु | to dissolve, to mix. |
| घोष | पुं. | 1. शब्द;<br>2. व्याकरण में शब्दों के उच्चारण में होनेवाला एक प्रकार का बाह्य प्रयत्न। | ಶಬ್ದ;<br>(ವ್ಯಾಕರಣ) ಘೋಷವರ್ಣ | शब्द;<br>(व्याकरण) घोषवर्ण | indistinct noise;<br>soft or mute sound (in grammar). |
| घोषक | पुं. | घोषणा करनेवाला अधिकारी या कर्मचारी। | ಘೋಷಣೆ ಮಾಡುವ ಅಧಿಕಾರಿ | घोषणॅ माडुव अधिकारि | crier, proclaimer. |
| घोषणा | स्त्री. | 1. जन-साधारण को सुनाकर जोर से कही जानेवाली बात;<br>2. सार्वजनिक रूप से निकली हुई राजाज्ञा। | ಸಾರ್ವಜನಿಕ ಘೋಷಣೆ | सार्वजनिक घोषणॅ | public announcement;<br>proclamation, declaration. |
| घोषणा-पत्र | पुं. | वह पत्र जिस पर कोई राजाज्ञा लिखी हो। | ಘೋಷಣಾ ಪತ್ರ | घोषणा पत्र | announcement, declaration, proclamation. |
| घोसी | पुं. | अहीर या ग्वाला।. | ಗೊಲ್ಲ | गॉल्ल | milkman. |
| घ्राण | पुं. | 1. सूंघने की इन्द्रिय (नाक);<br>2. गंध। | ಮೂಗು;<br>ಗಂಧ | मूगु;<br>गंध | nose;<br>smell, odour. |
| घ्राणेंद्रिय | स्त्री. | सूंघने की इन्द्रिय अर्थात् नाक। | ಮೂಗು | मूगु | organ of smell or nose. |
| चंगा (स्त्री. चंगी) | वि. | 1. स्वस्थ, तंदुरुस्त, नीरोग; | ಆರೋಗ್ಯವಾಗಿರುವ; | आरोग्यवागिरुव; | healthy, sound, healed; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. अच्छा, बढ़िया; | ಉತ್ತಮ; | उत्तम; | good, beautiful; |
| | | 3. निर्विकार और पवित्र। | ಪವಿತ್ರ | पवित्र | pure, right. |
| **चंगुल** | पुं. | 1. पक्षियों (जैसे—कौवा, चील आदि) तथा पशुओं का टेढ़ा पंजा जिससे वे किसी पर प्रहार करते हैं अथवा कोई चीज़ पकड़ते हैं; | ಪಶು, ಪಕ್ಷಿ, ಮೃಗ ಆದಿಗಳ ಪಂಜ; | पशु, पक्षि, मृग आदिगळ पंज; | claw (of a wild beast), talon (of a bird); |
| | | 2. किसी व्यक्ति के प्रभाव अथवा वश में होने की वह स्थिति जिसमें से निकलना सहज न हो। | ಹಿಡಿತ | हिडित | clutch, grasp, hook. |
| **चंचल** | वि. | 1. जिसमें स्थायित्व या स्थिरता न हो; | ಚಂಚಲ; | चंचल; | moving to and fro, unsteady, restless; |
| | | 2. नटखट, शरारती; | ತುಂಟ; | तुंट; | sportive, playful; |
| | | 3. जो शांत न हो, उद्विग्न। | ಶಾಂತವಾಗಿರದ | शांतवागिरद | fickle, uncertain. |
| **चंचलता** | स्त्री. | 1. अस्थिरता; | ಚಂಚಲತೆ; | चंचलतॆ; | unsteadiness, restlessness, inconstancy; |
| | | 2. शरारत; | ತುಂಟತನ; | तुंटतन; | playfulness; |
| | | 3. उद्विग्नता। | ಉದ್ವಿಗ್ನತೆ | उद्विग्नतॆ | capriciousness. |
| **चंचला** | स्त्री. | 1. लक्ष्मी; | ಲಕ್ಷ್ಮಿ; | लक्ष्मि; | Laksmi, the goddess of wealth; |
| | | 2. बिजली। | ಮಿಂಚು | मिंचु | lightning. |
| **चंचु** | स्त्री. | पक्षियों की चोंच। | ಕೊಕ್ಕು | कॊक्कु | beak, bill of a bird. |
| **चंट** | वि. | चालाक, धूर्त। | ಧೂರ್ತ | धूर्त | clever, cunning. |
| **चंड** | वि. | 1. बहुत अधिक तेज या प्रखर; | ಬಹಳ ತೀಕ್ಷ್ಣ; | बहळ तीक्ष्ण; | fierce, violent, impetuous; |
| | | 2. क्रोधी। | ಸಿಟ್ಟಿನ ಸ್ವಭಾವದ | सिट्टिन स्वभावद | passionate, wrathful, furious. |
| **चंडाल** | पुं. | 1. एक बहुत निकृष्ट या निम्न जाति जिसकी उत्पत्ति शूद्र पिता तथा | ಚಂಡಾಲ; | चंडाल; | one of the lowest and most despised of the mixed tribes |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | ब्राह्मणी माता से मानी जाती है; | | | (born from a Sudra father and a Brahman mother); |
| | | 2. उक्त जाति का पुरुष। | | | a man of that tribe. |
| | वि. | नीच, अधम, क्रूर। | ಅಧಮ | अधम | low born, deproved, wretched, cruel. |
| **चंडालिनी** | स्त्री. | 1. चंडाल वर्ण की स्त्री; | ಚಂಡಾಲಿ; | चंडालि; | woman of the candal caste: |
| | | 2. बहुत ही दुष्ट और निकृष्ट स्वभाववाली स्त्री। | ಅಧಮ ಸ್ತ್ರೀ | अधम स्त्री. | degraded, vile woman, etc. |
| **चंडी** | स्त्री. | 1. दुर्गा; | ದುರ್ಗೆ; | दुर्गि; | epithet of Durga; |
| | | 2. उग्र स्वभाववाली, कर्कश और दुष्ट स्त्री। | ಕ್ರೂರ, ದುಷ್ಟ ಹೆಂಗಸು | क्रूर, दुष्ट हेंगसु | passionate, wild and cruel woman, Vixen. |
| **चंडू** | पुं. | अफीम से बनाया हुआ एक प्रकार का अवलेह जो नशे के लिए तमाकू की तरह पिया जाता है। | ಮತ್ತು ತರುವ ಅಫೀಮು ಮಿಶ್ರಿತ ಹೊಗೆಬತ್ತಿ | मत्तु तरुव अफीमु मिश्रित होगेबत्ति | a preparation of opium smoked for intoxication. |
| | | 3. पशुओं के मस्तक पर का गोलाकार सफेद या किसी भिन्न रंग का दाग या फूल। | ಪಶುಗಳ ಹಣೆಯ ಮೇಲಣ ಮಚ್ಚೆ (ಸುಳಿ) | पशुगळ हणॆय मेलण मच्चॆ (सुळि) | white spot in the forehead of cattle, etc. |
| **चांदनी** | स्त्री. | 1. चांद का प्रकाश; 2. बिछाने की बड़ी सफेद चादर; | ಬೆಳುದಿಂಗಳು; ಬಿಳಿ ಮಗ್ಗಲು ಹಾಸಿಗೆ; | बेळुदिंगळु; बिळि मग्गलु हासिगॆ; | moonlight; bedsheet, white cloth spread over a carpet; |
| | | 3. छत पर या ऊपर की ओर तानने का कपड़ा। | ಡೇರೆಯ ಮೇಲೆ ಮುಚ್ಚುವ ಗುಡಾರದ ಬಟ್ಟೆ | डेरॆय मेलॆ मुच्चुव गुडारद बट्टॆ | canopy. |
| **चांदमारी** | स्त्री. | दीवार या कपड़े पर बने हुए चिह्नों को लक्ष्य करके गोली चलाने का अभ्यास। | ಗೋಲಿ ಚಲಾಯಿಸುವ ಅಭ್ಯಾಸ | गोलि चलायिसुव अभ्यास | shooting practice, range. |
| **चांदा** | पुं. | 1. दूरबीन का लक्ष्य-स्थान; | ಗುಂಡನ್ನು ಹಾರಿಸಲು ದುರ್ಬೀನಿನ ಲಕ್ಷ್ಯ ಸ್ಥಾನ; | गुंडन्नु हारिसलु दुर्बीनिन लक्ष्य स्थान; | place of shooting, range where telescope is fixed; |
| | | 2. भूमि का एक माप; | ಜಮೀನಿನ ಒಂದು ಅಳತೆ; | जमीनिन ऒंदु अळतॆ; | a measure of land; |
| | | 3. ज्यामिति में काम आनेवाला एक अर्धवृत्ताकार उपकरण। | ಪ್ರೊಟ್ರಾಕ್ಟರ್ (ರೇಖಾಗಣಿತ) | प्रोट्राक्टर् (रेखागणित) | protractor. |
| **चांदी** | स्त्री. | 1. सफेद रंग की एक नरम चमकीली धातु जो गहने, सिक्के आदि बनाने के काम आती है; | ಬೆಳ್ಳಿ; | बॆळ्ळि; | silver, argent; |
| | | 2. (ला.) आर्थिक लाभ। | ಅರ್ಥಲಾಭ | अर्थलाभ | (fig.) monetary gains. |
| **चांद्रमास** | पुं. | महीने भर का एक व्रत जिसमें चंद्रमा के घटने-बढ़ने के अनुसार आहार के कौर या ग्रास घटाने-बढ़ाने पड़ते हैं। | ಚಂದ್ರನ ವೃದ್ಧಿ ಕ್ಷಯಗಳಿಗನುಸಾರವಾಗಿ ಆಹಾರವನ್ನು ಸೇವಿಸುವ ಒಂದು ವ್ರತ, ಚಾಂದ್ರಮಾಸ | चंद्रन वृद्धि क्षयगळिगनुसारवागि आहारवन्नु सेविसुव ऒंदु व्रत, चांद्रमास | lunar month, lunation, religious observance or expiatory penance regulated by the moon's age. |
| **चाक** | पुं. | 1. खरिया; | ಸೀಮೆ ಸುಣ್ಣ; | सीमॆ सुण्ण; | chalk; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. चक्राकार पत्थर जिसे फिराकर कुम्हार बरतन बनाता है; | ಕುಂಬಾರನ ಚಕ್ರ; | कुंबारन चक्र; | potter's wheel; |
| | | 3. पहिया; | ಚಕ್ರ; | चक्र; | wheel; |
| | | 4. कुएं से पानी खींचने की चरखी। | ಭಾವಿಯ ರಾಟೆ | भाविय राटे | pulley (over which a well-rope passes). |
| **चाकर** | पुं. | नौकर। | ಆಳು, ನೌಕರ | आलु, नौकर | servant, orderly. |
| **चाकरी** | स्त्री. | नौकरी। | ಚಾಕರಿ, ಕೆಲಸ | चाकरि, कॆलस | service, attendance. |
| **चाकू** | पुं. | कलम बनाने, फल-तरकारी काटने का छोटा औजार। | ಚಾಕು, ಚೂರಿ | चाकु, चूरि | knife. |
| **चाक्षुष** | वि. | 1. चक्षु संबंधी; | ಕಣ್ಣಿನ; | कण्णिन; | relating to the eye, visual, optical; |
| | | 2. जिसका ज्ञान नेत्रों से हो। | ನೋಡಿ ತಿಳಿದ | नोडि तिळिद | knowledge dependant on vision. |
| **चाचा (चाची स्त्री.)** | पुं. | पिता का छोटा भाई। | ಚಿಕ್ಕಪ್ಪ, ತಂದೆಯ ತಮ್ಮ | चिक्कप्प तंदॆय-तम्म | paternal uncle. |
| **चाट** | स्त्री. | 1. चस्का; | ಚಾಳಿ, ಚಟ; | चाळि, चट; | habit or taste, irresistible proclivity; |
| | | 2. मसाला डालकर तैयार किया हुआ फलों-तरकारियों आदि का तीखे स्वादवाला खाद्य। | ಹಣ್ಣು-ತರಕಾರಿಗೆ ಮಸಾಲೆ ಬೆರೆಸಿ ತಯಾರಿಸಿದ ತಿನಸು | हण्णु-तरकारिगॆ मसालॆ बॆरॆसि तयारिसिद तिनसु | spicy preparation of vegetable, fruit etc. |
| **चाटना** | स. क्रि. | 1. जीभ लगाकर या जीभ से पोंछ कर खाना या प्यार से जबान फेरना; | ನೆಕ್ಕು; | नॆक्कु; | to lick, to lap, to taste; |
| | | 2. धन-संपत्ति आदि उड़ाकर नष्ट करना। | ಆಸ್ತಿಪಾಸ್ತಿಗಳನ್ನು ತಿಂದು ಮುಗಿಸು | आस्तिपास्ति-गळन्नु तिंदु मुगिसु | to consume, devour. |
| **चाटुकार** | पुं. | खुशामद करनेवाला व्यक्ति, चापलूस। | ಹೊಗಳು ಭಟ್ಟ | हॊगळु भट्ट | flatterer, sycophant. |
| **चाटुकारिता** | स्त्री. | खुशामद करने का काम, चापलूसी। | ಹೊಗಳಿಕೆ, ಮುಖ ಸ್ತುತಿ | हॊगळिकॆ, मुखस्तुति | flattery, sycophancy. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **चातक** | पुं. | पपीहा पक्षी जो वर्षा काल में बहुत बोलता है। | ಚಾತಕ ಪಕ್ಷಿ | चातक पक्षि | the bird Cucculus malanoleucus (said to subsist on rain drops). |
| **चातुरी** | स्त्री. | 1. व्यवहार-दक्षता, होशियारी;<br>2. चालाकी। | ವ್ಯವಹಾರ ದಕ್ಷತೆ;<br>ಚತುರತೆ | व्यवहार दक्षतॆ;<br>चतुरतॆ | skill, dexterity, ability;<br>cleverness, shrewdness. |
| **चातुर्मास्य** | पुं. | चार महीनों में होनेवाला एक वैदिक यज्ञ। | 4 ತಿಂಗಳುಗಳ ಕಾಲ ಮಾಡುವ ಒಂದು ವೈದಿಕ ಯಜ್ಞ | 4 तिंगळुगळ काल माडुव ओंदु वैदिक यज्ञ | a sacrifice performed every four months i.e. at the beginning of कार्तिक, फागुन and आषाढ़। |
| **चातुर्य** | पुं. | दे. 'चातुरी'। | ನೋಡಿ "चातुरी" | नोडि "चातुरी" | see 'चातुरी'. |
| **चातुर्वर्ण्य** | पुं. | हिन्दुओं के ये चारों वर्ण ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र। | ಹಿಂದುಗಳಲ್ಲಿ ಬ್ರಾಹ್ಮಣ, ಕ್ಷತ್ರಿಯ, ವೈಶ್ಯ, ಶೂದ್ರ ವರ್ಣಗಳು | हिंदुगळल्लि ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र वर्णगळु | the aggregate of the four original castes, viz. the **Brahman, Kshatriya, Vaisya** and **Sudra.** |
| **चादर (चद्दर)** | स्त्री. | 1. कपड़े का वह आयताकार टुकड़ा जिसे सोते समय लोग नीचे बिछाते अथवा ऊपर ओढ़ते हैं;<br>2. किसी धातु का बहुत बड़ा आयताकार और पतला पत्तर;<br>3. ऊपर से गिरते या बहते हुए पानी की वह धारा जिसकी चौड़ाई अधिक और मोटाई कम हो। | ಹೊದ್ದಿಕೆ;<br>ಲೋಹದ ತಗಡು;<br>ತೆಳುವಾಗಿ ಹರಡಿ ಬೀಳುವ ಜಲಪಾತ ಅಥವಾ ಜಲಧಾರೆ | हॊद्दिकॆ;<br>लोहद तगडु;<br>तॆळुवागि हराडि बीळुव जलपात अथवा जलधारॆ | sheet, covering, coverlet;<br>sheet (of iron, etc);<br>cascade. |
| **चाप** | पुं.<br>स्त्री. | धनुष।<br>पैरों की आहट। | ಬಿಲ್ಲು<br>ಹೆಜ್ಜೆಯ ಶಬ್ದ | बिल्लु<br>हॆज्जॆय शब्द | bow, arc.<br>sound. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **चापलूस** | वि. | खुशामदी। | ಹೊಗಳುವ | होगळुव | flatterer, sycophant., wheedler. |
| **चाबना** | स. क्रि. | दे. 'चबाना'। | ನೋಡಿ "चबाना" | नोडि "चबाना" | see 'चबाना'. |
| **चाबी(चाभी)** | स्त्री. | 1. ताली;<br>2. कोई ऐसा पच्चड़ जिसे दो जुड़ी हुई वस्तुओं की संधि में ठोक देने से जोड़ दृढ़ होता हो। | ಬೀಗದ ಕೈ;<br>ಸೇರಿಸಲು, ತೂತು ಮುಚ್ಚಲು ಹಾಕುವ ಬೆಣೆ | बीगद कै;<br>सेरिसलु, तूतु मुच्चलु हाकुव बेणे | key;<br>splint. |
| **चाबुक** | पुं. | कोड़ा। | ಚಾವುಟಿ | चावुटि | whip. |
| **चाम** | पुं. | चमड़ा। | ಚರ್ಮ | चर्म | skin, hide, leather. |
| **चामर** | पुं. | 1. चंवर;<br>2. एक प्रकार का वर्णवृत जिसके प्रत्येक चरण में रगण जगण रगण जगण और रगण होते हैं। | ಚಾಮರ;<br>ಪ್ರತಿ ಚರಣದಲ್ಲಿ 'ರ-ಜ-ರ-ಜ- ಮತ್ತು ರ' ಗಣ ಗಳಿರುವ ಒಂದು ವರ್ಣ ವೃತ್ತ | चामर;<br>प्रति चरणदल्लि "र-ज-र-ज मत्तु र" गणगळिरुव ओंदु वर्णवृत्त | the tail of the Bos grunniens;<br>a kind of metre (in poetry). |
| **चाय** | स्त्री. | एक प्रसिद्ध पौधा जिसकी सुखाई हुई पत्तियों का काढ़ा चीनी और दूध मिला कर पिया जाता है। | ಚಹ | चह | tea. |
| **चायदानी** | स्त्री. | वह बरतन जिसमें चाय बनाई या बनाकर रखी जाती है। | ಚಹದ ಪಾತ್ರೆ | चहद पात्रे | tea-pot. |
| **चायपानी** | पुं. | अल्पाहार। | ಫಲಾಹಾರ, ಟಿಫನ್ನು | फलाहार, टिफन्नु | light refreshment. |
| **चार** | वि. | जो गिनती में तीन से एक अधिक हो। | ನಾಲ್ಕು | नाल्कु | four; the number 4. |
| **चारखाना** | पुं. | आड़ी और खड़ी धारियों या रेखाओं की ऐसी रचना जिसमें बीच-बीच में चौकोर खाने पड़ते हों। | ಚೌಕಳಿಗಳಿರುವ ಬಟ್ಟೆ, ಅಥವಾ ಕಾಗದ | चौकळिगळिरुव बट्टे अथवा कागद | cloth ornamented with squares, chequered cloth. |
| **चारण** | पुं. | राजाओं के दरबार में उनकी तथा उनके पूर्वजों की प्रशंसा गानेवाला व्यक्ति, बंदीजन, भाट। | ರಾಜರ ಆಸ್ಥಾನದಲ್ಲಿನ ಚಾರಣರು, ವಂದಿ ಮಾಗಧರು | राजर आस्थान-दल्लिन चारणरु, वंदि मागधरु | bard, penegyrist. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **चारपाई** | स्त्री. | पलंग, खाट। | ಮಂಚ | मंच | bedstead, cot. |
| **चार सौ बीस** | वि. | धोखेबाज़। | ಮೋಸಗಾರ | मोसगार | fraudulent, deceitful. |
| **चार सौ बीसी** | स्त्री. | धोखेबाज़ी। | ಮೋಸಗಾರಿಕೆ | मोसगारिकॆ | fraud, deceit, forgery. |
| **चारा** | पुं. | 1. पशुओं के खाने की घास, पत्ती, डंठल आदि; | ಹುಲ್ಲು ಆದಿ ಮೇವು; | हुल्लु आदि मेवु; | food (for cattle), fodder; |
| | | 2. चिड़ियों, मछलियों आदि को फंसाने के लिए खिलाई जानेवाली वस्तु; | ಮೀನು ಹಿಡಿಯಲು ಗಾಳದಲ್ಲಿ ಇಡುವ ಆಹಾರ ಅಥವಾ ಎರೆ; | मीनु हिडियलु गाळदल्लि इडुव आहार अथवा एरॆ; | bait (for fish etc.); |
| | | 3. उपाय, इलाज, युक्ति। | ಯುಕ್ತಿ | युक्ति | remedy, means. |
| **चारित्र्य** | पुं. | चरित्र, आचरण। | ಆಚರಣೆ | आचरणॆ | conduct, character. |
| **चारु** | वि. | सुंदर, आकर्षक। | ಸುಂದರ, ಆಕರ್ಷಕ | सुंदर, आकर्षक | beautiful, lovely, elegant. |
| **चारुता** | स्त्री. | सुंदरता। | ಚೆಲುವು, ಸುಂದರತೆ | चॆलुवु, सुंदरतॆ | beauty, elegance. |
| **चाल** | स्त्री. | 1. चलने की क्रिया या भाव; | ನಡಿಗೆ; | नडिगॆ; | motion, movement, gait, walk; |
| | | 2. गति, रफ़्तार; | ವೇಗ; | वेग; | speed, pace; |
| | | 3. आचरण; | ನಡೆ, ಆಚರಣೆ; | नडॆ, आचरणॆ; | conduct, behaviour; |
| | | 4. धूर्तता; | ಕಪಟ ತಂತ್ರ; | कपट तंत्र; | expedient, artifice, manoeuvre, trick, stratagem; |
| | | 5. शतरंज, ताश आदि के खेल में गोटी को एक घर से दूसरे घर में ले जाने अथवा पत्ते पास को दांव पर डालने की क्रिया। | ಚದುರಂಗದ ಕಾಯಿ ನಡೆಸುವಿಕೆ | चदुरंगद कायि नडॆसुविकॆ | a move (in chess, etc.). |
| **चालक** | वि. | चलानेवाला। | ಚಾಲಕ | चालक | driver, pilot. |
| **चालचलन** | पुं. | नैतिक दृष्टि से देखा जानेवाला व्यवहार या आचरण, चरित्र। | ನೈತಿಕ ಆಚರಣೆ, ನಡತೆ | नैतिक आचरणॆ, नडतॆ | conduct, character. |
| **चाल-ढाल** | स्त्री. | 1. किसी व्यक्ति के चलने-फिरने का ढंग या मुद्रा; | ನಡಿಗೆಯ ರೀತಿ; | नडिगॆय रीति; | gait, motion; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी व्यक्ति का ऊपरी आचरण या व्यवहार। | ವ್ಯಕ್ತಿಯ ಆಚರಣೆ ವ್ಯವಹಾರ | व्यक्तिय आचरणं, व्यवहार | deportment. bearing, demeanour. |
| **चालन** | पुं. | 1. चलाने की क्रिया या भाव; | ನಡೆಸುವಿಕೆ; | नडसुविकं; | causing to move, motion; |
| | | 2. चलनी; | ಜರಡಿ; | जरडि; | sieve, strainer; |
| | | 3. चोकर जो आटा चालने के बाद बच रहता है। | ಜರಡಿ ಹಿಡಿದ ಹೊಟ್ಟು | जरडि हिडिद हॉट्टु | residue, left after sifting. |
| **चालबाज** | वि. | धूर्तता से अपना काम निकाल लेनेवाला। | ಮೋಸಗಾರ | मोसगार | deceitful, crafty, cunning, |
| **चालबाजी** | स्त्री. | धोखेबाजी। | ಮೋಸಗಾರಿಕೆ | मोसगारिकं | deception, trick, craftiness. |
| **चालाक** | वि. | होशियार, धूर्त। | ಚಾಲಾಕು, ಧೂರ್ತ | चालाकु, धूर्त | clever, cunning, crafty. |
| **चालाकी** | स्त्री. | चतुराई, धूर्तता। | ಚಾಲಾಕುತನ ಧೂರ್ತತೆ | चालाकुतन, धूर्तत | cleverness, craftiness. |
| **चालीस** | वि. | जो गिनती में तीस से दस अधिक हो। | ನಲವತ್ತು | नलवत्तु | forty. |
| | पुं. | उक्त की बोधक संख्या–40 | ನಲವತ್ತರ ಸಂಖ್ಯೆ | नलवत्तर संख्यं | the number 40. |
| **चालीसा** | पुं. | 1. चालीस पदों का संकलन; | ನಲವತ್ತು ಪದ್ಯಗಳ ಸಂಗ್ರಹ; | नलवत्तु पद्यगळ संग्रह; | collection of forty stanzas; |
| | | 2. चालीस दिन का समय। | ನಲವತ್ತು ದಿನಗಳ ಸಮಯ | नलवत्तु दिनगळ समय | period of forty days. |
| **चालू** | वि. | 1. प्रचलित; | ಪ್ರಚಲಿತವಾದ; | प्रचलितवाद; | current, prevalent; |
| | | 2. जो चल रहा हो; | ನಡೆಯುತ್ತಿರುವ; | नडयुत्तिरुव; | moving, in motion; |
| | | 3. चालाक। | ಯುಕ್ತಿವಂತ | युक्तिवंत | shrewd, cunning. |
| **चाव** | पुं. | प्रबल इच्छा। | ಪ್ರಬಲವಾದ ಅಭಿಲಾಷೆ | प्रबलवाद अभिलाषं | fondness, eagerness, ardent desire. |
| **चावल** | पुं. | धान के बीजों के अन्दर के दाने जिनकी गिनती प्रसिद्ध अन्नों में है। | ಅಕ್ಕಿ | अक्कि | rice. |
| **चाशनी** | स्त्री. | चीनी गुड़ आदि को आंच पर चढ़ाकर गाढ़ा और लसीला किया हुआ रस। | ಬೆಲ್ಲದ ಅಥವಾ ಸಕ್ಕರೆಯ ಪಾಕ | बॅल्लद अथवा सक्करय पाक | treacle. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **चाह** | स्त्री. | 1. इच्छा; | ಇಚ್ಛೆ; | इच्छॆ; | desire, longing, craving; |
| | | 2. प्रेम। | ಪ್ರೇಮ, ಪ್ರೀತಿ | प्रेम, प्रीति | liking, love. |
| **चाहना** | स. क्रि. | 1. इच्छा करना; | ಬಯಸು; | बयसु; | to desire, to require, to want; |
| | | 2. प्रेम करना। | ಪ್ರೀತಿಸು | प्रीतिसु | to be enamoured of, to love. |
| **चाहिए** | अव्य. | 1. आवश्यकता है; | ಬೇಕಾಗಿದೆ; | बेकागिदॆ; | wanted, is necessary, is needful or requisite; |
| | | 2. उचित है। | ಸರಿಯಾಗಿದೆ | सरियागिदॆ | is proper or right, it behoves, should or ought. |
| **चाहे** | अव्य. | यदि इच्छा हो, यदि मन में आवे। | ಇಷ್ಟವಿದ್ದಲ್ಲಿ, ಮನಸ್ಸಿದ್ದರೆ | इष्टविद्दल्लि, मनस्सिद्दरॆ | even if, whether, either. |
| **चिउंटा** | पुं. | च्यूंटी की जाति का किन्तु उससे आकार में बड़ा एक कीड़ा जो मीठे के पास बहुत जाता है। | ಗೊದ್ದ | गॊद्द | large ant (black or red). |
| **चिउंटी** | स्त्री. | चींटी। | ಇರುವೆ | इरुवॆ | ant. |
| **चिंघाड़** | स्त्री. | 1. हाथी के बहुत जोर से बोलने का शब्द; | ಆನೆಯ ಕೂಗು; | आनॆय कूगु; | trumpet of an elephant; |
| | | 2. किसी के सहसा उत्तेजित होकर बहुत जोर से चिल्लाने का शब्द। | ಅಕಸ್ಮಾತ್ತಾಗಿ ಉತ್ತೇಜನಗೊಂಡು ಕೂಗುವಿಕೆ | अकस्मात्तागि उत्तेजनगॊंडु कूगुविकॆ | roar in rage. |
| **चिंघाड़ना** | अ. क्रि. | 1. हाथी का बोलना या चिल्लाना; | ಆನೆಯ ಕೂಗು; | आनॆय कूगु; | to trumpet (as an elephant); |
| | | 2. चिल्लाना। | ಕಿರುಚು | किरुचु | to roar in rage. |
| **चिंतक** | वि., पुं. | चिंतन या मनन करनेवाला, सोचनेवाला। | ಮನನ, ಚಿಂತನ ಮಾಡುವ (ವ) | मनन, चिंतन माडुव (व) | thinker, philosopher, contemplator. |
| **चिंतन** | पुं. | कोई बात समझने या सोचने के लिए मन में बार-बार किया जानेवाला उसका ध्यान या विचार। | ಚಿಂತನ, ಮನನ | चिंतन, मनन | thinking, thought, reflection. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **चिंतनीय** | वि. | चिंतन या ध्यान करने येग्य। | ಚಿಂತನೀಯ; ಚಿಂತನೆ ಮಾಡಲು ಯೋಗ್ಯ | चिंतनीय, चिंतनें- माडलु योग्य | capable of being thought about, thinkable, causing anxiety or worry. |
| **चिंता** | स्त्री. | सोच, फिक्र। | ಚಿಂತೆ, ಯೋಚನೆ | चिंतें, योचनें | worry, care, concern. |
| **चिंतित** | वि. | जिसे किसी बात की फिक्र या चिंता हो। | ಯೋಚನೆ- ಗೀಡಾದ. | योचनेंगीडाद | anxious, worried, pensive. |
| **चिंत्य** | वि. | जिसके संबंध में चिंतन करना आवश्यक या उचित हो। | ಚಿಂತಿಸಲು ಯೋಗ್ಯ | चिंतिसलु योग्य | to be considered or thought over, requiring consideration, doubtful, questionable. |
| **चिंदी** | स्त्री. | कपड़े का बहुत छोटा टुकड़ा या धज्जी। | ಹರಕಲು ಬಟ್ಟೆ, ಚಿಂದಿ ಬಟ್ಟೆ | हरकलु बट्टें, चिंदि बट्टें | small piece, scrap, rag. |
| **चिउड़ा (चिड़वा)** | पुं. | हरे भिगोए या कुछ उबाले हुए धान को भाड़ में भूनकर और फिर कूटकर बनाया हुआ उसका चिपटा दाना। | ಅವಲಕ್ಕಿ | अवलक्कि | rice prepared and beaten flat. |
| **चिक** | स्त्री. | बांस या सरकंडे की तीलियों का बना हुआ झंझरीदार परदा। | ಬಿದುರಿನ ಪರದೆ, ತಡಿಕೆ | बिदुरिन परदें, तडिकें | screen usually made of bamboo parings or reeds. |
| **चिकटना** | अ. क्रि. | मैल जमने के कारण चिपचिपा होना। | ಜಿಡ್ಡು, ಧೂಳು ಬೆರೆತು ಜಿಗಟಾಗು | जिड्डु, धूळु बेरेंतु जिगटागु | to be sticky owing to oiliness and dirt. |
| **चिकन** | स्त्री. | एक प्रकार का महीन सूती कपड़ा जिस पर उभरे हुए बूटे कढ़े रहते हैं। | ಕಸೂತಿ ಹಾಕಿರುವ ಮಲ್ಲು ಬಟ್ಟೆ | कसूति हाकिरुव मल्लु बट्टें | embroidered fine muslin. |
| **चिकना (चिकनी** | वि. स्त्री.) | 1. जो छूने में खुरदरा न हो; 2. जिस पर पैर आदि फिसलें; 3. जिसमें तेल आदि कोई चिकना पदार्थ लगा हो। | ನುಣುಪಾದ; ಜಾರುವಂತಿರುವ; ಜಿಡ್ಡಾಗಿರುವ | नुणुपाद; जारुवंतिरुव; जिड्डागिरुव | smooth, glossy; slippery; oily or greasy. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **चिकनाई** | स्त्री. | 1. घी, तेल आदि चिकने पदार्थ;<br>2. स्निग्धता;<br>3. चिकनापन। | ಜಿಡ್ಡಿನ ಪದಾರ್ಥ;<br>ನುಣುಪು;<br>ಜಿಡ್ಡಾಗಿರುವಿಕೆ | जिड्डिन पदार्थ;<br>नुणुपु;<br>जिड्डागिरुविकें | oil, grease, fat, butter;<br>smoothness;<br>greasiness. |
| **चिकनाना** | स. क्रि. | 1. रूखापन, खुरदरापन मिटाना;<br>2. तेल आदि लगाना। | ನುಣುಪು ಮಾಡು;<br>ಎಣ್ಣೆ ಸವರು | नुणुपु माडु;<br>एण्णं सवरु | to smooth, to polish, to clean;<br>to oil, lubricate, to grease. |
| **चिकनाहट** | स्त्री. | चिकना होने की अवस्था या भाव। | ನುಣುಪಾಗಿರುವಿಕೆ | नुणुपागिरुविकें | oiliness, greasiness. |
| **चिकारा** | पुं. | 1. सारंगी की तरह का एक बाजा जो घोड़े के बालों की कमानी से बजाया जाता है;<br>2. हिरन की जाति का एक जानवर जो तेज दौड़ने और सुंदर आँखों के लिए प्रसिद्ध है। | ಪಿಟೀಲಿನಂತಹ ತಂತಿ ವಾದ್ಯ;<br>ಒಂದು ಬಗೆಯ ಜಿಂಕೆ, ಸಾರಂಗ | पिटीलिंनतह तंति वाद्य;<br>ऑंदु बगॆय जिंकें सारंग | a kind of violin;<br>the ravine deer. |
| **चिकित्सक** | पुं. | रोगों की चिकित्सा करनेवाला। | ವೈದ್ಯ, ಚಿಕಿತ್ಸಕ | वैद्य, चिकित्सक | physician, doctor. |
| **चिकित्सा** | स्त्री. | रोग-निवारण का उपाय। | ಚಿಕಿತ್ಸೆ | चिकित्सें | medical treatment, remedy. |
| **चिकित्सा शास्त्र** | पुं. | वह शास्त्र जिसमें अनेक प्रकार के रोगों के लक्षणों और उनकी चिकित्साओं का विवेचन होता है। | ಚಿಕಿತ್ಸಾ ಶಾಸ್ತ್ರ | चिकित्सा शास्त्र | medical science. |
| **चिकोटी** | स्त्री. | हाथ की चुटकी की वह मुद्रा जिससे किसी के शरीर का थोड़ा सा मांस पकड़कर दबाया जाए। | ಚಿವುಟುವಿಕೆ | चिवुटुविकें | pinch, tweak, twitch. |
| **चिट** | स्त्री. | कागज का वह छोटा टुकड़ा जिस पर कोई बात लिखी जाए। | ಚೀಟಿ | चीटि | chit. |
| **चिट्टा** | वि. | जिसका रंग या वर्ण सफेद हो। | ಬಿಳುಪಾದ | बिळुपाद | clear, white, bright, fair. |
| | | शब्द। | | | |
| **चिघाड़ना** | अ. क्रि. | 1. हाथी का बोलना या चिल्लाना;<br>2. चिल्लाना। | ಆನೆಯ ಕೂಗು;<br>ಕಿರುಚು | आनॆय कूगु;<br>किरुचु | to trumpet (as an elephant);<br>to roar in rage. |
| **चिंतक** | वि., पुं. | चिंतन या मनन करनेवाला, सोचनेवाला। | ಮನನ, ಚಿಂತನ ಮಾಡುವ (ವ) | मनन, चिंतन माडुव (व) | thinker, philosopher, contemplator. |
| **चिंतन** | पुं. | कोई बात समझने या सोचने के लिए मन में बार-बार किया जानेवाला | ಚಿಂತನ, ಮನನ | चिंतन, मनन | thinking, thought, reflection. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **चिट्ठा** | पुं. | 1. आय-व्यय या लेन-देन का वह हिसाब जो मुख्यत: एक ही कागज पर लिखा गया हो; | ಲೆಕ್ಕ ಬರೆಯುವ ಪುಸ್ತಕ; | लॆक्क बरॆयुव पुस्तक; | account book, day book; |
| | | 2. किसी काम या बात का पूरा ब्योरा या विस्तृत विवरण। | ವಿವರಣೆಯ ಪಟ್ಟಿ | विवरणॆय पट्टि | detailed list. |
| **चिट्ठी** | स्त्री. | वह कागज जिस पर कहीं भेजने के लिए समाचार आदि लिखा हो, पत्र, खत। | ಪತ್ರ, ಕಾಗದ | पत्र, कागद | letter, note. |
| **चिड़चिड़ा** | वि. | जो जरा सी बात पर चिढ़ जाए, झुंझला उठे। | ಸಿಡುಕಿನ ಸ್ವಭಾವದ | सिडुकिन स्वभावद | peevish, irritable. |
| **चिड़चिड़ाना** | अ. क्रि. | जरा सी बात से चिढ़कर क्रोध-भरी बातें कहना। | ಸಿಡುಗುಟ್ಟು, ಸಿಡುಕಿನಿಂದ ಮಾತನಾಡು | सिडुगुट्टु, सिडुकिनिंद मातनाडु | to be irritated or petulant, to fume, fret, etc. |
| **चिड़चिड़ाहट** | स्त्री. | चिड़चिड़ाने की अवस्था, क्रिया या भाव। | ಸಿಡುಗುಟ್ಟುವಿಕೆ | सिडुगुट्टुविकॆ | irritability, peevishness. |
| **चिड़िया** | स्त्री. | पक्षी। | ಪಕ್ಷಿ, ಹಕ್ಕಿ | पक्षि, हक्कि | bird. |
| **चिड़ियाघर** | पुं. | वह स्थान जहां अनेक प्रकार के पशु-पक्षी आदि जनसाधारण को प्रदर्शित करने के लिए एकत्र करके रखे जाते हैं। | ಮೃಗಾಲಯ | मृगालय | zoo. |
| **चिड़ी** | स्त्री. | 1. पक्षी; | ಪಕ್ಷಿ; | पक्षि; | bird; |
| | | 2. ताश का चिड़िया नामक रंग। | ಇಸ್ಪೀಟು ಆಟದ ಎಲೆ, ಇಸ್ಪೀಟು | इस्पीटु आटद ऎलॆ, इस्पीटु | the club suit in playing cards. |
| **चिड़ीमार** | पुं. | चिड़िया पकड़ने या फंसानेवाला। | ಪಕ್ಷಿಗಳನ್ನು ಹಿಡಿಯುವವ | पक्षिगळन्नु हिडियुवव | bird-catcher, fowler. |
| **चिढ़** | स्त्री. | 1. चिढ़ने का भाव; | ಸಿಟ್ಟು; | सिट्टु; | irritation, disgust; |
| | | 2. नफरत; | ದ್ವೇಷ; | द्वेष; | aversion, antipathy, abhorrence; |
| | | 3. ऐसी बात जिससे कोई व्यक्ति चिढ़ता हो। | ಸಿಟ್ಟು ಬರುವಂತಹ ಮಾತು | सिट्टु बरुवंतह मातु | provocation, mocking, jeer. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **चिढ़ना** | अ. क्रि. | नाराज होना, बुरा मानना। | ಸಿಟ್ಟುಗೊಳ್ಳು | सिट्टुगॊळ्ळु | to be irritated, to be teased. |
| **चिढ़ाना** | स. क्रि. | 1. नाराज करना; | ಸಿಟ್ಟುಗೊಳ್ಳುವಂತೆ ಮಾಡು; | सिट्टु-गॊळ्ळुवंतॆ माडु | to irritate, to offend. to annoy; |
| | | 2. किसी को कुढ़ाने के लिए मुंह बनाना। | ಚುಡಾಯಿಸು | चुडायिसु | to make grimaces at. |
| **चित** | वि. क्रिवि | पीठ के बल सीधा पड़ा हुआ। | ಅಂಗಾತಾಗಿ ಬಿದ್ದ | अंगातागि बिद्द | supine, lying flat (on the back) |
| | पुं. | सिक्के का चेहरेवाला भाग। | ತಲೆ ಇರುವ ನಾಣ್ಯದ ಮುಖ | तलॆ इरुव नाण्यद मुख | head (of a coin). |
| **चितकबरा** | वि. | किसी एक रंग पर दूसरे के दागवाला। | ಒಂದು ಬಣ್ಣದ ಮೇಲೆ ಬೇರೆ ಬಣ್ಣದ ಚುಕ್ಕೆ ಗಳಿರುವ | ऒंदु बण्णद मेलॆ बेरॆ बण्णद चुक्कॆगळिरुव | spotted, piebald, variegated. |
| **चितवन** | स्त्री. | किसी की ओर देखने का ढंग, कटाक्ष। | ದೃಷ್ಟಿ, ನೋಟ | दृष्टि, नोट | glance, sight, look. |
| **चिता** | स्त्री. | चुनकर रखी हुई लकड़ियों का ढेर जिस पर मुर्दा जलाया जाता है। | ಚಿತೆ | चितॆ | a pile of wood (on which the Hindus burn their dead), pyre, funeral pile. |
| **चितेरा** | पुं. | चित्रकार। | ಚಿತ್ರಗಾರ | चित्रगार | painter, artist. |
| **चित्त** | पुं. | 1. मन; | ಚಿತ್ತ, ಮನಸ್ಸು; | चित्त, मनस्सु; | intellect, reasoning faculty, mind; |
| | | 2. अन्त:करण। | ಅಂತಃಕರಣ | अंत:करण | conscience. |
| **चित्त-विक्षोभ** | पुं. | चित्त की अस्थिरता या चंचलता। | ಮನಸ್ಸಿನ ಚಂಚಲತೆ | मनस्सिन चंचलतॆ | mental inconstancy or fickleness. |
| **चित्त-विभ्रम** | पुं. | 1. मन में होनेवाली किसी प्रकार की भ्रांति या भ्रम; | ಭ್ರಾಂತಿ; | भ्रांति; | mental illusion; |
| | | 2. उन्माद, पागलपन। | ಹುಚ್ಚು | हुच्चु | derangement of mind, madness. |
| **चित्तवृत्ति** | स्त्री. | चित्त की अवस्था, अभिरुचि। | ಅಭಿರುಚಿ, ಮನೋವೃತ್ತಿ | अभिरुचि, मनोवृत्ति | disposition or state of mind, inclination. |
| **चित्ताकर्षक** | वि. | मोहित करने या लुभानेवाला। | ಮನವನ್ನು ಆಕರ್ಷಿಸುವ | मनवन्नु आकर्षिसुव | charming, fascinating, attractive. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **चित्ताकर्षण** | पुं. | किसी के प्रति मन का खिंचाव। | ಆಕರ್ಷಣೆ | आकर्षणॆ | fascination, charm. |
| **चित्ती** | स्त्री. | किसी एक रंगवाली वस्तु पर दूसरे रंग का लगा हुआ चिह्न या दाग। | ಒಂದು ಬಣ್ಣದ ಮೇಲೆ ಬೇರೊಂದು ಬಣ್ಣದ ಕಲೆ | ऒंदु बण्णद मेलॆ बेरॊंदु बण्णद कलॆ | spot, mark, stain, blotch. |
| **चित्र** | पुं. | 1. तसवीर;<br>2. आकृति;<br>3. मानसिक चक्षुओं के सामने आनेवाली आकृति या रूप। | ಚಿತ್ರ;<br>ಆಕೃತಿ;<br>ಪ್ರತಿಮೆ, ಬಿಂಬ | चित्र;<br>आकृति;<br>प्रतिमॆ, बिंब | picture, painting;<br>figure, diagram;<br>image, form. |
| **चित्रकला** | स्त्री. | तसवीर बनाने का हुनर। | ಚಿತ್ರಕಲೆ | चित्रकलॆ | art of painting. |
| **चित्रकार** | पुं. | चित्र बनानेवाला। | ಚಿತ್ರಕಾರ | चित्रकार | painter, artist. |
| **चित्रकारी** | स्त्री. | 1. चित्र बनाने की कला या विद्या;<br>2. चित्रकार का काम या भाव। | ಚಿತ್ರಕಲೆ | चित्रकलॆ | art of painting;<br>act or function of an artist. |
| **चित्रकाव्य** | पुं. | वह आलंकारिक काव्य जिसके चरणों की रचना ऐसी युक्ति से की गई हो कि वे चरण किसी विशिष्ट क्रम से लिखे जाने पर कमल, खड्ग, घोड़े, हाथी आदि के चित्रों के समान बन जाते हैं। | ಚಿತ್ರಕಾವ್ಯ | चित्रकाव्य | kind of ornamental poetry whose feet are so arranged that in a particular order they appear to be figures of lotus, sword, horse, elephant etc. |
| **चित्रण** | पुं. | किसी घटना, भाव, वस्तु, व्यक्ति आदि का विशद तथा सजीव रूप में शब्दों में किया जानेवाला वर्णन। | ಬರವಣಿಗೆಯಲ್ಲಿ ಅಥವಾ ಬಣ್ಣಗಳಿಂದ ಚಿತ್ರಿಸುವುದು, ಶಬ್ದಚಿತ್ರ | बरवणिगॆयल्लि अथवा बण्णगळिंद चित्रिसुवुदु, शब्दचित्र | painting, portrayal, depiction. |
| **चित्रपट** | पुं. | चल-चित्र। | ಚಿತ್ರಪಟ, ಚಲನಚಿತ್ರ | चित्रपट, चलनचित्र | motion picture. |
| **चित्रलिपि** | स्त्री. | वह लिपि जिसमें वर्णों या अक्षरों की जगह वस्तुओं और क्रियाओं के चित्र बनाकर उनके द्वारा भाव व्यक्त किए जाते हैं। | ಚಿತ್ರಲಿಪಿ | चित्रलिपि | pictograph, pictorial script. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **चित्रवत्** | क्रि. वि. | चित्र के समान, गति-रहित और स्तब्ध। | ಚಿತ್ರದಂತೆ ಮೂಕ, ಸ್ತಬ್ಧ | चित्रदंत, मूक, स्तब्ध | picture-like, still, motionless. |
| **चित्र-विचित्र** | वि. | 1. विलक्षण;<br>2. रंग-बिरंगा। | ವಿಚಿತ್ರ;<br>ಬಣ್ಣಬಣ್ಣದ | विचित्र;<br>बण्णबण्णद | strange, odd;<br>variously coloured, variegated. |
| **चित्रशाला** | स्त्री. | 1. वह स्थान जहां चित्र बनते हों;<br>2. वह स्थान जहां चित्र विक्रयार्थ या प्रदर्शनार्थ रखे जाते हों। | ಚಿತ್ರಶಾಲೆ;<br>ಚಿತ್ರಗಳನ್ನು ಮಾರಾಟ ಮಾಡುವ ಸ್ಥಳ | चित्रशाले;<br>चित्रगळन्नु माराट माडुव स्थळ | painter's studio;<br>picture gallery. |
| **चित्राधार** | पुं. | कोरे पन्नों की नत्थी की हुई वह पुस्तक जिसमें अनेक प्रकार के चित्र एकत्रित करके लगाए जाते हैं। | ಚಿತ್ರ ಸಂಪುಟ, ಚಿತ್ರಗಳನ್ನು ಅಂಟಿಸುವ ರಟ್ಟಿನ ಪುಸ್ತಕ, ಆಲ್ಬಮ್ | चित्रसंपुट, चित्रगळन्नु अंटिसुव रट्टिन पुस्तक, आल्बम् | album. |
| **चित्रित** | वि. | 1. चित्र के रूप में खींचा या दिखाया हुआ;<br>2. शब्दों में वर्णन किया हुआ। | ಚಿತ್ರಿಸಿದ;<br>ವರ್ಣಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | चित्रिसिद;<br>वर्णिसल्पट्ट | portrayed, painted, drawn;<br>described, depicted. |
| **चित्रीकरण** | पुं. | 1. विभिन्न वर्णों में रंग भरकर चित्रित करना;<br>2. सजाना। | ಬಣ್ಣಗಳಿಂದ ಚಿತ್ರಿಸುವಿಕೆ;<br>ಅಲಂಕರಿಸುವಿಕೆ | बण्णगळिंद चित्रिसुविके;<br>अलंकरिसुविके | painting, photography;<br>decorating, embellishing. |
| **चिथड़ा** | पुं. | बहुत पुराना, फटा हुआ मैला कपड़ा। | ಹರಿದ, ಮಾಸಿದ ಹಳೆಯ ಬಟ್ಟೆ, ಚಿಂದಿ | हरिद, मासिद हळेय बट्टे, चिंदि | rag, tatter, shred. |
| **चिनगारी** | स्त्री. | 1. जलती हुई वस्तु से निकलकर अलग होनेवाला आग का छोटा कण;<br>2. (ला.) कोई ऐसी छोटी बात जिसका आगे चलकर बहुत उग्र या भीषण प्रभाव हो सकता है। | ಬೆಂಕಿಯ ಕಿಡಿ;<br>ಭಯಂಕರ ಪರಿಣಾಮಕಾರಿ-ಯಾಗಬಹುದಾದ ಸಣ್ಣ ವಿಷಯ | बेंकिय किडि;<br>भयंकर परिणाम कारियागबहुदाद सण्ण विषय | spark, ember ;<br>(fig.) anything inflammatory. |
| **चिनना** | स. क्रि. | दीवारों की जुड़ाई में क्रम से और ठीक तरह से ईंट, पत्थर आदि बैठाना या लगाना, चुनना। | ಇಟ್ಟಿಗೆ ಸರಿಯಾಗಿ ಜೋಡಿಸಿ ಗೋಡೆ ಕಟ್ಟು | इट्टिगे सरियागि जोडिसि गोडे कट्टु | to build up (a wall, doorway etc.). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **चिनाई (चुनाई)** | स्त्री. | 1. चुनने की क्रिया, भाव या मज़दूरी; | ಇಟ್ಟಿಗೆಯನ್ನು ಆರಿಸಿ ಮಾಡಿ ಕಟ್ಟುವ ಕೆಲಸ ಮತ್ತು ಅದರ ಕೂಲಿ; | इट्टिगॆयन्नु आरिसि माडि कट्टुव कॆलस मत्तु अदर कूलि; | act of or wages for piling up (stones, bricks etc.); |
| | | 2. दीवार की जुड़ाई या उसका ढंग। | ಇಟ್ಟಿಗೆ ಕಟ್ಟಡದ ಕೆಲಸ | इट्टिगॆ कट्टडद कॆलस | building up (a wall), bricklaying, masonry work. |
| **चिन्मय** | पुं.वि. | 1. परमात्मा; | ಪರಮಾತ್ಮ; | परमात्म; | the Almighty; |
| | | 2. पूर्ण तथा विशुद्ध ज्ञानमय। | ಜ್ಞಾನಮಯ | ज्ञानमय | consisting of pure intelligence, spiritual. |
| **चिन्मयता** | स्त्री. | पूर्ण तथा विशुद्ध ज्ञान की अवस्था। | ವಿಶುದ್ಧ ಜ್ಞಾನಾವಸ್ಥೆ | विशुद्ध ज्ञानावस्थॆ | state of being conscious. |
| **चिपकना** | अ. क्रि. | 1. किसी लसीली वस्तु के कारण दो वस्तुओं का परस्पर जुड़ना; | ಅಂಟಿಕೊಳ್ಳು; | अंटिकॊळ्ळु; | to stick, to adhere, to cling; |
| | | 2. दो वस्तुओं का इतना पास होना कि दोनों के बीच अवकाश न रह जाए। | ಎರಡು ವಸ್ತುಗಳ ನಡುವೆ ಜಾಗ ಇಲ್ಲದಂತಿರುವುದು | ऎरडु वस्तुगळ नडुवॆ जाग इल्लदंतिरुवुदु | to be compressed, to be shut tight. |
| **चिपकाना** | स. क्रि. | 1. किसी लसीली वस्तु की सहायता से दो वस्तुओं को जोड़ना; | ಅಂಟಿಸು; | अंटिसु; | to paste, to cause to stick; |
| | | 2. गले लगाना; | ಆಲಿಂಗಿಸು; | आलिंगिसु; | to embrace, to take into one's lap; |
| | | 3. किसी काम-धंधे में लगाना। | ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ಸೇರಿಸು | कॆलसक्कॆ सेरिसु | stick (a person into a place), to get employment (to a person). |
| **चिपचिप** | स्त्री. | किसी लसदार वस्तु को छूने से होनेवाला अनुभव या शब्द। | ಅಂಟು ಪದಾರ್ಥ ಮುಟ್ಟಿದರೆ ಆಗುವ ಚಿಪ-ಚಿಪ ಶಬ್ದ | अंटु पदार्थ मुट्टिदरॆ आगुव चिप-चिप शब्द | the sound or feeling of stickiness or greasiness. |
| **चिपचिपा** | वि. | 1. चिपकनेवाला;<br>2. लसदार। | ಅಂಟಿಕೊಳ್ಳುವ;<br>ಲೋಳೆಯಂತಿರುವ | अंटिकॊळ्ळुव;<br>लोळॆयंतिरुव | sticky, greasy;<br>adhesive, glutinous. |
| **चिपचिपाना** | अ. क्रि. | किसी वस्तु का लसदार लगना। | ಅಂಟಾಗುವುದು | अंटागुवुदु | to be sticky, greasy. |

| | का. | | पर्याय | लिप्यंतरण | |
|---|---|---|---|---|---|
| **चिपचिपाहट** | स्त्री. | चिपचिपे होने की अवस्था, गुण या भाव। | ಅಂಟಿಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ; | अंटिकॊळ्ळुविकॆ; | stickiness, adhesiveness. |
| **चिपटना** | अ. क्रि. | चिपकना। | ಅಂಟಿಕೊಳ್ಳು | अंटिकॊळ्ळु | to cling to, to hold fast. |
| **चिपटा (चिपटी)** | वि. स्त्री. | जिसकी सतह बहुत कुछ दबी हुई या बराबर फैली हो। | ಚಪ್ಪಟೆಯಾಗಿರುವ | चप्पटॆयागिरुव | flat. |
| **चिपटाना** | स. क्रि. | 1. चिपकाना, सटाना; | ಅಂಟಿಸು; | अंटिसु; | to cause to adhere, to sitck on (anything, as a wafer etc). |
| | | 2. आलिंगन करना। | ಆಲಿಂಗಿಸು | आलिंगिसु | to embrace, to hold fast. |
| **चिपटी** | स्त्री. | कान में पहनने की एक प्रकार की बाली। | ಒಂದು ಬಗೆಯ ಓಲೆ | ऒंदु बगॆय ओलॆ | kind of ear-ring. |
| **चिप्पी** | स्त्री. | 1. लकड़ी, धातु आदि का छोटा चिपटा टुकड़ा; 2. कागज़ का छोटा टुकड़ा जो कहीं चिपका दिया जाए। | ಅಂಟಿಕೊಂಡಿರುವ ಚಕ್ಕೆ; ಚೀಟಿ | अंटिकॊंडिरुव चक्कॆ; चीटि | small piece stuck on to anything; lable, poster. |
| **चिबुक** | पुं. | ठोड़ी। | ಗಲ್ಲ | गल्ल | chin. |
| **चिमटना** | अ. | चिपकना। | ಅಂಟಿಕೊಂಡಿರು, ಅಪ್ಪಿಕೊಂಡಿರು | अंटिकॊंडिरु, अप्पिकॊंडिरु | to cling to, to embrace, to hold fast. |
| **चिमटा (स्त्री. चिमटी)** | वि. | एक औजार जिससे उस स्थान की चीजों को पकड़ कर उठाते हैं जहां हाथ नहीं ले जा सकते। | ಇಕ್ಕಳ, ಚಿಮಟ | इक्कळ, चिमट | tongs, forceps. |
| **चिमटाना** | स. क्रि. | आलिंगन करना, गले लगाना | ಆಲಿಂಗಿಸು, ಅಪ್ಪು | आलिंगिसु, अप्पु | to embrace, to hold fast. |
| **चिमटी** | स्त्री. | कई प्रकार के कारीगरों के काम का वह छोटा उपकरण जो चिमटे के आकार का होता है और जिससे छोटी-छोटी चीजें उठाते और रखते हैं। | ಇಕ್ಕಳ, ಚಿಮಟ | इक्कळ, चिमट | tweezer.. |
| [illegible] | पुं. | बहुत पुराना, फटा हुआ मैला कपड़ा। | [illegible] ಹಳೆಯ ಬಟ್ಟೆ, ಚಿಂದಿ | हरिद, मासिद हळॆय बट्टॆ, चिंदि | rag, tatter, shred. |
| **चिनगारी** | स्त्री. | 1. जलती हुई वस्तु से निकलकर अलग होनेवाला आग का छोटा कण; | ಬೆಂಕಿಯ ಕಿಡಿ; | बॆंकिय किडि; | spark, ember ; |
| | | 2. (ला.) कोई ऐसी छोटी बात जिसका आगे चलकर बहुत उग्र या भीषण प्रभाव हो सकता है। | ಭಯಂಕರ ಪರಿಣಾಮಕಾರಿ-ಯಾಗಬಹುದಾದ ಸಣ್ಣ ವಿಷಯ | भयंकर परिणाम कारियागबहुदाद सण्ण विषय | (fig.) anything inflammatory. |
| **चिनना** | स. क्रि. | दीवारों की जुड़ाई में क्रम से और ठीक तरह से ईंट, | ಇಟ್ಟಿಗೆ ಸರಿಯಾಗಿ ಜೋಡಿಸಿ ಗೋಡೆ | इट्टिगॆ सरियागि जोडिसि गोडॆ कट्टु | to build up (a wall. doorway etc.). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **चिमनी** | स्त्री. | मकान या कारखाने आदि का धुआं बाहर निकालनेवाली विशेष नली, लेंप या लालटेन पर की शीशे की नली। | ಹೊಗೆ ಹೊರಗೆ ಹೋಗಲು ಕಟ್ಟಿದ ಚಿಮನಿ | हॉगॆ हॊरगॆ होगलु कट्टिद चिमनि | chimney, funnel. |
| **चिरंजीव** | वि.पुं. | —बहुत दिनों तक जीवित रहनेवाला। पुत्र। | ಚಿರಂಜೀವಿ | चिरंजीवि | long-lived. son. |
| | अव्य. | छोटों के लिए एक आशीर्वादात्मक विशेषण या संबोधन जिसका अर्थ होता है—बहुत दिनों तक जीवित रहो। | | | phrase–may you live long (used as a benediction). |
| **चिरंजीवी** | वि. | चिरजीवी। | ದೀರ್ಘಾಯು | दीर्घायु | long-lived. |
| **चिरंतन** | वि. | जो बहुत दिनों से चला आ रहा हो, पुरातन। | ಪುರಾತನವಾದ | पुरातनवाद | old, ancient, of long standing, pristine. |
| **चिर** | वि. | 1. बहुत दिनों तक रहनेवाला;- | ದೀರ್ಘ ಕಾಲದ; | दीर्घ कालद; | lasting long time, existing from ancient times; |
| | | 2. सदा रहनेवाला। | ಸದಾ ಇರುವ | सदा इरुव | ever lasting, perpetual. |
| | क्रि. वि. | बहुत दिनों तक। | ಬಹಳ ದಿನಗಳವರೆಗೆ | बहळ दिनगळवरॆगॆ | long, for a long time, long since. |
| **चिरकाल** | पुं. | दीर्घकाल। | ದೀರ್ಘಕಾಲ | दीर्घकाल | long time. |
| **चिरकालिक** | वि. | 1. बहुत दिनों से चला आता हुआ; | ಬಹಳ ಕಾಲದಿಂದ ನಡೆದುಬಂದ; | बहळ कालदिंद नडॆदु बंद; | of long standing, old; |
| | | 2. बहुत दिनों तक बना रहनेवाला। | ಬಹಳ ಕಾಲದ-ವರೆಗೆ ನಡೆಯುವ | बहळ कालदवरॆगॆ नडॆयुव | long-continued. |
| **चिरकालीन** | वि. | दे. 'चिरकालिक'। | ನೋಡಿ "चिरकालिक" | नोडि "चिरकालिक" | see 'चिरकालिक' |
| **चिरजीवी** | वि. | 1. दीर्घजीवी; | ದೀರ್ಘಜೀವಿ; | दीर्घजीवि; | long lived; blessed with long life; |
| | | 2. सदा जीवित रहनेवाला, शाश्वत। | ಶಾಶ್ವತ | शाश्वत | everlasting, immortal. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **चिरना** | अ. क्रि. | 1. सीध में कटना; | ಸೀಳು; | सीळु; | to be sawed, to be dissected; |
| | | 2. लकीर के रूप में घाव होना। | ಗೆರೆಯಂತೆ ಗಾಯವಾಗುವುದು | गॅरॅयंतॅ गायवागुवुदु | to be injured, wounded. |
| **चिरनिद्रा** | स्त्री. | मृत्यु। | ಸಾವು | सावु | eternal sleep. |
| **चिर-परिचित** | वि. | जिससे बहुत दिनों से जान पहचान हो। | ಬಹಳ ಕಾಲದಿಂದ ಪರಿಚಿತವಾದ | बहळ कालदिंद परिचितवाद | long-known, long-acquainted. |
| **चिररोगी** | वि. | जो बहुत दिनों से बीमार चला आ रहा हो। | ಬಹಳ ಕಾಲದ ರೋಗಿ | बहळ कालद रोगि | chronic patient. |
| **चिरवाई** | स्त्री. | चिरवाने का काम, भाव या मज़दूरी। | ಸೀಳುವ ಕೆಲಸ ಅಥವಾ ಅದರ ಕೂಲಿ | सीळुव कॅलस अथवा अदर कूलि | act of sawing or tearing, price paid for having wood split or sawed. |
| **चिरवाना** | स. क्रि. | चीरने का काम दूसरे से करवाना। | ಸೀಳಿಸುವುದು | सीळिसुवुदु | to cause to be torn, cut or sawn. |
| **चिरशांति** | स्त्री. | 1. सदा बनी रहनेवाली शांति; | ಚಿರಶಾಂತಿ; | चिरशांति; | perpetual peace, lasting peace; |
| | | 2. मुक्ति। | ಮುಕ್ತಿ | मुक्ति | salvation. |
| **चिरस्थायी** | वि. | बहुत दिनों तक बना रहनेवाला। | ಚಿರಸ್ಥಾಯಿ, ಬಹಳ ಕಾಲ ಇರುವ | चिरस्थायि, बहळकाल इरुव | ever continuing or enduring, lasting, abiding. |
| **चिरस्मरणीय** | वि. | बहुत दिनों तक याद रखने योग्य। | ಚಿರಸ್ಮರಣೀಯ | चिरस्मरणीय | memorable, worth remembering (for a long time). |
| **चिराई** | स्त्री. | (लकड़ी) चीरने का भाव, क्रिया या मज़दूरी। | ಕಟ್ಟಿಗೆಯನ್ನು ಸೀಳುವಿಕೆ ಸೀಳಿದುದರ ಕೂಲಿ | कट्टिगॅयन्नु सीळुविकॅ, सीळिदुदर कूलि | sawing, tearing, splitting (wood), wages paid for tearing or sawing (wood). |
| **चिराग** | पुं. | दीपक, दीया। | ದೀಪ | दीप | lamp, light. |
| **चिरायंध** | स्त्री. | वह दुर्गंध जो चरबी, चमड़े, बाल, मांस आदि के जलने से फैलती है। | ಚರ್ಬಿ ಮಾಂಸ ಮೊದಲಾದವನ್ನು ಸುಡುವುದರಿಂದ ಉಂಟಾಗುವ ದುರ್ಗಂಧ | चर्बि मांस मॉदलादवन्नु सुडुवुदरिंद उंटागुव दुर्गंध | the smell of burning leather, fat or hair etc. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| चिरायता | पुं. | एक कड़वा पौधा जो दवा के काम में आता है। | ಕಹಿಯಾದ ಒಂದು ವನೌಷಧಿ | कहियाद ओंदु वनौषधि | warmwood, the plant Geutiana charetta which is used in medicine. |
| चिरायु | वि. | जिसकी आयु लंबी हो। | ದೀರ್ಘಾಯು | दीर्घायु | long-lived, blessed with long life. |
| चिराव | पुं. | 1. चीरने की अवस्था, क्रिया या भाव; 2. चिरने के कारण होनेवाला घाव। | ಸೀಳುವಿಕೆ; ಸೀಳಿದ ಗಾಯ | सीळुविकॆ; सीळिद गाय | sawing, splitting; slit, rent, fissure, cleft. |
| चिरौंजी | स्त्री. | प्रियाल वृक्ष के फलों के बीज की गिरी जिसकी गिनती मेवों में होती है। | ಬಾದಾಮಿ ಜಾತಿಯ ಒಂದು ಕಾಯಿ | बादामि जातिय ओंदु कायि | chironjia, sapida. |
| चिरौरी | स्त्री. | दीनतापूर्वक की जानेवाली प्रार्थना या विनती। | ದೈನ್ಯದಿಂದ ಬೇಡುವಿಕೆ | दैन्यदिंद बेडुविकॆ | supplication, entreaty, request. |
| चिलकना | अ. क्रि. | 1. रह-रहकर चमकना; 2. रह-रहकर दर्द उठना। | ಆಗಾಗ ಹೊಳೆ, ಮಿಂಚು, ಮಿನುಗು; ಆಗಾಗ್ಗೆ ನೋವಾಗು | आगाग हॊळॆ, मिंचु, मिनुगु; आगाग्गॆ नोवागु | to shine, sparkle, glitter; to have an intermittent smarting pain. |
| चिलगोजा | पुं. | एक प्रकार का मेवा। | ಒಂದು ಒಣ ಫಲ | ओंदु ओण फल | nut of the pine tree. |
| चिलचिलाना | अ. क्रि. | चिलकना। | ಹೊಳೆಯುವುದು | हॊळॆयुवुदु | to be very hot (as the sun), to shine scorchingly. |
| चिलबिला | वि. | चंचल, शरारती। | ಚಂಚಲ, ತುಂಟ | चंचल, तुंट | restless, fidgety, naughty, mischievous. |
| चिलम | स्त्री. | कटोरी के आकार का नलीदार मिट्टी का एक बरतन जिसमें तमाकू और आग रख कर हुक्के के ऊपर लगाया जाता है। | ಚಿಲುಮೆ | चिलुमॆ | an earthen vessel on the tip of a hubble-bubble for containing tobacco and fire. |
| चिलमन | पुं. | बांस की फट्टियों का परदा, चिक। | ತಡಿಕೆಯ ಪರದೆ | ताडिकॆय परदॆ | a curtain of split bamboo sticks. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| चिल्ल-पों | स्त्री. | शोरगुल। | ಗಲಾಟೆ | गलाटॆ | hue and cry, shout, clamour. |
| चिल्लाना | अ. क्रि. | जोर से बोलना, चीखना। | ಅರಚು, ಕಿರುಚು | अरचु, किरुचु | to cry or shout, to squeal. |
| चिल्लाहट | स्त्री. | चिल्लाने की क्रिया या भाव। | ಅರಚುವಿಕೆ, ಚೀರುವಿಕೆ | अरचुविकॆ, चीरुविकॆ | cry, scream, noise, clamour. |
| चिहुंकना | अ. क्रि. | चौंकना। | ಬೆಚ್ಚಿಬೀಳು | बॆच्चिबीळु | to be startled, to be roused (from sleep). |
| चिह्न | पुं. | 1. वह लक्षण जिससे किसी चीज़ की पहचान हो; | ಚಿಹ್ನೆ, ಗುರುತು; | चिह्नॆ, गुरुतु; | sign, symptom; |
| | | 2. दाग, धब्बा। | ಕಲೆ | कलॆ | mark, spot, scar, stain. |
| चिह्नित | वि. | पहचान के लिए जिस पर चिह्न लगाया गया हो। | ಚಿಹ್ನೆ ಮಾಡಿದ | चिह्नॆ माडिद | marked, signed, branded. |
| चीं-चपड़ | स्त्री. | वह प्रतिवाद या विरोध जो किसी बड़े या सबल के सामने किया जाए। | ವಿರೋಧ | विरोध | impudent talk, jabber, chatter. |
| चींटा | पुं. | चिऊंटी से मिलता जुलता, पर उससे बड़े आकार का कीड़ा। | ಗೊದ್ದ | गॊद्द | big black ant. |
| चींटी | स्त्री. | एक छोटा कीड़ा जो मीठे की गंध से उसके पास पहुँच जाता है। | ಇರುವೆ | इरुवॆ | ant. |
| चीकट | वि. | जिस पर चिकनाई के साथ मैल जमा हो, बहुत मैला। | ಜಿಡ್ಡು, ಧೂಳು ಬೆರೆತು ಬಹಳ ಕೊಳೆಯಾದ | जिड्डु, धूळु बॆरॆतु बहळ कॊळॆयाद | greasy and black or dirty (as cloth) etc. |
| चीख | स्त्री. | भय अथवा पीड़ा के कारण निकलनेवाली उच्च या तीव्र ध्वनि, चिल्लाहट। | ಭಯದಿಂದ ಅರಚುವಿಕೆ, ಆಕ್ರಂದನ | भयदिंद अरचुविकॆ, आक्रंदन | scream, shriek. |
| चीखना | अ. क्रि. | पीड़ा या भय के कारण जोर से चिल्लाना, बहुत जोर से बोलना। | ಆಕ್ರಂದಿಸು, ಅರಚು, ಕಿರುಚು | आक्रंदिसु, अरचु, किरुचु | to scream, to shriek, to squeak. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **चीख-पुकार** | स्त्री. | कष्ट के समय रक्षा, सहायता आदि के लिए की जानेवाली पुकार। | ಕಷ್ಟದಲ್ಲಿ ಸಂರಕ್ಷಣೆಗಾಗಿ ಕೂಗುವಿಕೆ, ಮೊರೆ | कष्टदल्लि संरक्षणगागि कूगुविके, मोरे | shrieking and screaming, hullabaloo, hubbub. |
| **चीज़** | स्त्री. | 1. उपयोग या व्यवहार में आनेवाली वस्तु या पदार्थ; | ವಸ್ತು; | वस्तु; | thing, object; |
| | | 2. विलक्षण वस्तु। | ವಿಶಿಷ್ಟ ವಸ್ತು | विशिष्ट वस्तु | wonderful object, something very excellent. |
| **चीड़** | पुं. | एक बहुत ऊंचा पेड़ जिसके गोंद से गंदाबिरोजा और तारपीन का तेल निकलता है। | ಯೂಕಲಿಪ್ಟಸ್ ಗಿಡ (ಇದರಿಂದ ಟರ್ಪೆಂಟೈನ್ ಎಣ್ಣೆ ತೆಗೆಯುತ್ತಾರೆ) | यूकलिप्टस् गिड (इदरिंद टर्पेटैन् एण्णे तेगेयुत्तारे) | chir, pine tree. |
| **चीतल** | पुं. | 1. एक प्रकार का हिरन जिसके शरीर पर चित्तियां होती हैं; | ಬಿಳಿ ಚುಕ್ಕೆಗಳ ಜಿಂಕೆ; | बिळि चुक्केगळ जिंके; | an antelope with white spots; |
| | | 2. अजगर की जाति का एक प्रकार का चित्तीदार सांप। | ಚುಕ್ಕೆಗಳುಳ್ಳ ಹೆಬ್ಬಾವಿನ ಜಾತಿಗೆ ಸೇರಿದ ಹಾವು | चुक्केगळुळ्ळ हेब्बाविन जातिगे सेरिद हावु | a large spotted snake. |
| **चीता** | पुं. | बिल्ली, शेर आदि की जाति का एक प्रसिद्ध हिंसक जंतु जिसकी चमड़ी पर चित्तियां या धब्बे होते हैं। | ಚಿರತೆ | चिरते | panther, leopard, cheetah. |
| **चीत्कार** | पुं. | दे. 'चीख'। | ನೋಡು "चीख" | नोडु "चीख" | see 'चीख'. |
| **चीनी** | स्त्री. | 1. ईख, चुकंदर, खजूर आदि के रस से बना हुआ खूब साफ और मीठा चूर्ण, शक्कर; | ಸಕ್ಕರೆ; | सक्करे; | sugar; |
| | | 2. चीनी मिट्टी, चीन का निवासी या वहां की भाषा। | ಪಿಂಗಾಣಿಯ ಮಣ್ಣು, ಚೈನಾ ದೇಶವಾಸಿ ಚೈನಾ ಭಾಷೆ | पिंगाणिय मण्णु, चैना देशवासि, चैना भाषे | China clay; Chinese or Chinaman or Chinese language. |
| | वि. | चीन देश का। | ಚೈನಾ ದೇಶದ | चैना देशद | of or belonging to China. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **चीनी मिट्टी** | स्त्री. | एक प्रकार की मिट्टी जो पहले-पहल चीन के एक पहाड़ से निकली, जिस पर पालिश बहुत अच्छी होती है और जिसके बरतन, खिलौने आदि बनते हैं। | ಚೈನಾ ಮಣ್ಣು | चैना मण्णु | China clay. |
| **चीमड़** | वि. | जो खींचने, मोड़ने या झुकाने आदि से फटे या टूटे नहीं। | ಎಳೆದು ಬಾಗಿಸಿದರೂ ಮುರಿಯದ | एळॆदु बागिसिदरू मुरियद | stiff and elastic. |
| **चीर** | पुं. | 1. वस्त्र; | ವಸ್ತ್ರ; | वस्त्र; | a cloth or garment in general; |
| | | 2. चिथड़ा; | ಚಿಂದಿ; | चिंदि; | a strip of cloth, rag, tatter; |
| | | 3. वृक्ष की छाल; | ಮರದ ತೊಗಟೆ; | मरद तॊगटॆ; | bark; |
| | | 4. चीर कर बनाई हुई दरार या संधि। | ಸೀಳಿ ಆದ ಬಿರುಕು | सीळि आद बिरुकु | cut, cleavage. |
| **चीरना** | स. क्रि. | 1. फाड़ना जैसे—कपड़ा, फोड़ा या लकड़ी चीरना; | ಹರಿಯು, ಸೀಳು; | हरियु, सीळु; | to rend or cleave, to saw, to cut into pieces; |
| | | 2. राह निकालना (भीड़, पानी)। | (ಗುಂಪಿನಲ್ಲಿ, ನೀರಿನಲ್ಲಿ) ದಾರಿಮಾಡಿಕೊಳ್ಳುವುದು | (गुंपिनल्लि, नीरिनल्लि) दारि माडिकॊळ्ळुवुदु | to tear away, to separate. |
| **चीर-फाड़** | स्त्री. | 1. चीरने और फाड़ने की क्रिया या भाव; | ಸೀಳುವಿಕೆ, ಹರಿಯುವಿಕೆ; | सीळुविकॆ, हरियुविकॆ; | cutting and hacking; |
| | | 2. नश्तर आदि से फोड़े चीरने का काम। | ಶಸ್ತ್ರಕ್ರಿಯೆ, ಶಲ್ಯಕ್ರಿಯೆ | शस्त्रक्रियॆ, शल्यक्रियॆ, | dissection, amputation, surgery. |
| **चीरा** | पुं. | 1. चीरकर बनाया हुआ घाव; | ಸೀಳಿ ಮಾಡಿದ ಗಾಯ; | सीळि माडिद गाय; | incision, surgical operation; |
| | | 2. गांव की सीमा पर गाड़ा हुआ पत्थर या खंभा; | ಹಳ್ಳಿಯ ಗಡಿಗಲ್ಲು ಗಡಿಗಂಬ; | हळ्ळिय गडिगल्लु, गडिगंब; | the stone fixed on the boundary of a village; |
| | | 3. एक प्रकार का लहरिएदार रंगीन कपड़ा जो पगड़ी बनाने के काम में आता है। | ರುಮಾಲು, ಪೇಟಾದ ಬಟ್ಟೆ | रुमालु, पेटाद बट्टॆ | a kind of cloth used for a turban. |

जोर से बोलना। shriek, to squeak.

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| चील | स्त्री. | गिद्ध की जाति का एक बड़ा पक्षी जो तेज़ उड़ता है और झपट्टा मार कर चीजें छीन ले जाता है। | ಹದ್ದು, ಗಿಡಗ | हद्दु गिडग | kite. |
| चीवर | पुं. | संन्यासियों, भिक्षुओं (विशे. बौद्ध) आदि के पहनने का फटा-पुराना कपड़ा। | ಸಂನ್ಯಾಸಿಗಳು (ಬೌದ್ಧ) ಭಿಕ್ಷುಗಳು ಧರಿಸುವ ಹಳೆಯ ಕಾಷಾಯ ವಸ್ತ್ರ | संन्यासिगळु (बौद्ध) भिक्षुगळु धरिसुव हळेय काषाय वस्त्र | the tattered dress of a mendicant (esp. of Buddhist) |
| चीस | स्त्री. | सख्त तकलीफ, पीड़ा, टीस। | ಬಹಳ ನೋವು, ಶೂಲೆ | बहळ नोवु, शूलें | shooting pain. throb. |
| चुंगी | स्त्री. | नगरपालिका आदि द्वारा बाहर से लाए हुए कुछ मालों पर वसूल होनेवाला कर। | ಸುಂಕ | सुंक | octroi. |
| चुंदरी | स्त्री. | वह रंगीन कपड़ा जिसके बीच-बीच में बुंदकियां होती हैं और जो साड़ी के काम आता है, चुनरी। | ಬಣ್ಣದ ಚುಕ್ಕಿಯ ಸೀರೆ | बण्णद चुक्किय सीरें | a parti-coloured sheet or **sari** (worn by women). |
| चुंधा | वि. | अपेक्षाकृत बहुत छोटी आँखोंवाला। | ಸಣ್ಣ ಕಣ್ಣಿನ | सण्ण कण्णिन | possessing small eyes. |
| चुंधियाना | अ. क्रि. | अत्यधिक प्रकाश के कारण पलकों का झपकना और कोई वस्तु स्पष्ट न दिखाई देना, चौंधियाना। | ಪ್ರಕಾಶದಿಂದ ಕಣ್ಣು ಕೋರೈಸುವಿಕೆ | प्रकाशदिंद कण्णु कोरयिसुविकें | to be dazzled by excess of light, to see dimly (owing tc weak eyes), to be purblind. |
| चुंबक | पुं. | एक प्रकार का पत्थर या धातु जिसमें लोहे को अपनी ओर आकर्षित करने की शक्ति होती है। | ಸೂಜಿಗಲ್ಲು | सुजिगल्लु | leadstone, magnet |
| चुंबकीय | वि. | जिसमें चुंबक या उसका गुण हो। | ಸೂಜಿಗಲ್ಲಿನಂತಹ | सुजिगल्लिनंतह | magnetic. |
| चुंबन | पुं. | प्रेमवश होंठों से होंठ, गाल, सिर आदि अंगों का स्पर्श करना। | ಮುತ್ತು, ಚುಂಬನ | मुत्तु, चुंबन | kiss. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **चुंबित** | वि. | 1. किसी के साथ थोड़ा स्पर्श करता हुआ;<br>2. जिसका चुंबन किया गया हो। | ಮೃದುವಾಗಿ ಸ್ಪರ್ಶಮಾಡಿದ;<br>ಮುತ್ತಿಟ್ಟ, ಚುಂಬಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | मृदुवागि स्पर्शमाडिद;<br>मुत्तिट्ट, चुंबिसल्पट्ट | touched softly;<br>kissed. |
| **चुंबी** | वि. | जो किसी को छूता या स्पर्श करता हुआ हो। | ಯಾವುದಾದರೊಂದನ್ನು ಮುಟ್ಟುವಂತಹ | यावुदादरॊंदन्नु मुट्टुवंतह | kissing, touching closely (used in compounds). |
| **चुआना** | स. | 1. बूंद-बूंद गिराना या टपकाना;<br>2. भभके से अर्क उतारना। | ತೊಟ್ಟು ತೊಟ್ಟಾಗಿ ಬೀಳುವಂತೆ ಮಾಡು;<br>ಭಟ್ಟಿಯಿಳಿಸು | तॊट्टु तॊट्टागि बीळुवंते माडु;<br>भट्टियिळिसु | to cause to drop or drip;<br>to distil, filter, draw off, drain. |
| **चुकंदर** | पुं. | गाजर, शलजम आदि की तरह का एक मीठा कंद जो सलाद, तरकारी आदि के काम आता है। | ಬೀಟ್‌ರೂಟು (ತರಕಾರಿ) | बीटरूटु (तरकारि) | beet. |
| **चुकता** | वि. | जो चुका दिया गया हो, अदा कर दिया गया हो। | ಪೂರ್ತಿ ಸಂದಾಯ ಮಾಡಿದ | पूर्ति संदाय माडिद | paid up. |
| **चुकना** | अ. | समाप्त होना। | ಮುಗಿಯುವುದು | मुगियुवुदु | to be finished etc. |
| **चुकवाना** | स. क्रि. | किसी को कुछ चुकाने में प्रवृत्त करना। | ಸಂದಾಯ ಮಾಡುವಂತೆ ಮಾಡು | संदाय माडुवंते माडु | to cause to pay, to cause to be paid. |
| **चुकाना** | स.क्रि | अदा करना। | ತೀರಿಸುವುದು | तीरिसुवुदु | to repay, to defray. |
| **चुगना** | स.क्रि | पक्षियों आदि का अपनी चोंच से अनाज के कण, कीड़े मकौड़े आदि उठा-उठाकर खाना। | ಪಕ್ಷಿಗಳು ಕೊಕ್ಕಿನಿಂದ ಒಂದೊಂದನ್ನೇ ಆರಿಸಿಕೊಂಡು ತಿನ್ನುವುದು | पक्षिगळु कॊक्किनिंद ऒंदॊंदन्ने आरिसिकॊंडु तिन्नुवुदु | to pick up food (with the beak). |
| **चुगलखोर** | वि. | किसी की हानि करने के उद्देश्य से दूसरों के सम्मुख बुराई करनेवाला। | ಚಾಡಿ ಹೇಳುವ | चाडि हेळुव | tale-bearer, tell-tale, back-biter. |
| **चुगलखोरी** | स्त्री. | चुगलखोर का काम। | ಚಾಡಿ ಹೇಳುವಿಕೆ | चाडि हेळुविके | tale-bearing, back-biting. |
| **चुगा(चुग्गा)** | पुं. | चिड़ियों का चारा। | ಪಕ್ಷಿಗಳ ಆಹಾರ | पक्षिगळ आहार | food picked up with the beak, pickings. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **चुगाई** | स्त्री. | चुगने या चुगाने की क्रिया, भाव या मजदूरी। | ಹೆಕ್ಕಿ ತಿನ್ನುವಿಕೆ, ಹೆಕ್ಕಿಸುವಿಕೆ ಹೆಕ್ಕಿಸಿದುದರ ಕೂಲಿ | हॆक्कितिन्नुविकॆ हॆक्किसुविकॆ, हॆक्किसिदुदर कूलि | act of picking or price or fee paid for pasturage etc. |
| **चुगाना** | स.क्रि | चिड़ियों को दाना डालकर उन्हें चुगने में प्रवृत्त करना। | ಹಕ್ಕಿ ಆದಿಗಳಿಗೆ ಆಹಾರ ಹಾಕಿ ಹೆಕ್ಕಿ ತಿನ್ನುವಂತೆ ಮಾಡು | हक्कि आदिगळिगॆ आहार हाकि हॆक्कि तिन्नुवंतॆ माडु | to cause to feed,to take (animal, fowls, etc.) out to pick up food. |
| **चुटकी** | स्त्री. | 1. किसी वस्तु को पकड़ने, दबाने या लेने आदि के लिए अंगूठे और पास की उंगली का मेल; | ಚುಟುಕಿ; | चुटकि; | pinch; |
| | | 2. चुटकी बजने का शब्द। | ಚಿಟಿಕೆ; | चिटिकॆ | snapping with fingers. |
| **चुटकुला** | पुं. | 1. चमत्कारपूर्ण और विलक्षण उक्ति जिसको सुन कर हंसी आए; | ನಗೆಹನಿ, ಹಾಸ್ಯದ ಚಟಾಕಿ; | नगॆहनि, हास्यद चटाकि; | joke, pleasantry; |
| | | 2. दवा का कोई छोटा और सहज नुस्खा जो बहुत गुणकारक सिद्ध होता है, लटका। | ಗುಣಕಾರಿಯಾದ ಸುಲಭ ಔಷಧಿ | गुणकारियाद सुलभ औषधि | a specific remedy |
| **चुटिया** | स्त्री. | सिर के बालों की वह लट जो हिन्दू पुरुष सिर के बीचों-बीच रखते हैं। | ಶಿಖೆ, ಜುಟ್ಟು | शिखॆ, जुट्टु | a lock of hair on the top of the head (kept by Hindus), braid. |
| **चुटीला** | पुं. | छोटी चोटी। | ಚಿಕ್ಕದಾದ ಶಿಖೆ, ಶಿಖಾ ಬಂಧದ ಒಂದು ಬಗೆ | चिक्कदाद शिखॆ, शिखा बंधद ऒंदु बगॆ | three stranded cotton braid with tassels usded for hair-do. |
| | वि. | जिसे चोट या घाव लगा हो। | ಏಟು ಬಿದ್ದ, ಗಾಯಗೊಂಡ | एटु बिद्द, गायगॊंड | incisive, hurt. |
| **चुड़ैल** | स्त्री. | 1. भूत की स्त्री; | ಹೆಣ್ಣುಭೂತ ಪಿಶಾಚಿನಿ; | हॆण्णुभूत; पिशाचिनि | the ghost of a woman, witch, shrew; |
| | | 2. बहुत ही क्रूर या दुष्ट स्वभाववाली स्त्री; | ದುಷ್ಟೆಯಾದ ಸ್ತ್ರೀ; | दुष्टॆयाद स्त्री; | termagant (woman); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. बहुत ही कुरूप और घृणित स्त्री। | ಬಹಳ ಕುರೂಪಿಯಾದ ಹೆಂಗಸು | बहळ कुरूपियाद हेंगसु | dirty or ugly woman, slut, slattern. |
| चुनचुनाना | अ. क्रि. | कुछ जलन लिए हुए चुभन की सी मंद-मंद पीड़ा होना। | ಉರಿದು ತಿವಿಯುವಂತಹ ನೋವು, ಮೂಗುನೋವು | उरिदु तिवियुवंतह नोवु, मूगुनोवु | to have pain with burning sensation in the body. |
| चुनना | स. | 1. बहुत में से कुछ को पसंद करके लेना; | ಆಯು; | आयु; | to select, to choose; |
| | | 2. राजनीतिक क्षेत्र में, कई उम्मीदवारों में से किसी एक को निर्वाचित करना; | ಆಯ್ಕೆ ಮಾಡು, ನಿರ್ವಾಚನೆ ಮಾಡು; | आय्के माडु, निर्वाचनॆ माडु; | to elect; |
| | | 3. छोटी वस्तओं को हाथ, चोंच आदि से एक-एक करके उठाना; | ಆರಿಸು; | आरिसु; | to pick up (food, etc. as a brid): |
| | | 4. दीवार की जुड़ाई करना; | ಗೋಡೆ ಕಟ್ಟು; | गोडॆ कट्टु; | to build up; |
| | | 5. फूलों आदि को तोड़ कर इकट्ठा करना। | ಹೂ-ಹಣ್ಣುಗಳನ್ನು ಬಿಡಿಸಿ ಒಂದುಗೂಡಿಸು | हू-हण्णुगळन्नु बिडिसि ऒंदुगूडिसु | to pluck. |
| चुनरी | स्त्री. | वह रंगीन कपड़ा जिसके बीच-बीच में बुंदकियां होती हैं। | ಚುಕ್ಕಿ ಸೀರೆ, ಬಣ್ಣದ ಚುಕ್ಕೆ ಚುಕ್ಕೆಗಳ ಸೀರೆ | चुक्कि सीरॆ बण्णद चुक्कॆ चुक्कॆगळ सीरॆ | cloth dyed parti-coloured, parti-coloured sheet or sari (worn by women). |
| चुनवाना (चुनाना) | स. क्रि. | चुनने का काम किसी दूसरे से कराना। | ಬೇರೆಯವರಿಂದ ಆರಿಸುವ ಕೆಲಸ ಮಾಡಿಸು | बेरॆयवरिंद आरिसुव कॆलस माडिसु | to cause to be gathered or picked. |
| चुनांचे | अव्य. | इसलिए, अतः। | ಅದಕ್ಕಾಗಿ, ಆದ್ದರಿಂದ | अदक्कागि, आद्दरिंद | so that, thus, accordingly. |
| चुनाव | पुं. | 1. चुनने की क्रिया या भाव; | ಆರಿಸುವಿಕೆ; | आरिसुविकॆ; | selection; |
| | | 2. किसी पद के लिए कई उम्मीदवारों में से किसी एक को अपना मत देना, निर्वाचन। | ಚುನಾವಣೆ | चुनावणॆ | election. |
| चुनिंदा | वि. | 1. चुना हुआ; 2. प्रतिष्ठत। | ಆರಿಸಿದ; ಪ್ರತಿಷ್ಠಿತ | आरिसिद; प्रतिष्ठित | picked; chosen, select, choice. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **चुनौती** | स्त्री | अपनी बात मनवाने के लिए किसी को उत्तेजित करते हुए सामना करने के लिए कहना। | ಆಹ್ವಾನ, ಪ್ರತಿಭಟನೆ, ಸವಾಲು | आह्वान, प्रतिभटनॆ, सवालु | challenge, defiance, provocation. |
| **चुन्नट (चुनट, चुनत)** | स्त्री. | वह सिकुड़न जो दाब पाकर कपड़े, कागज़ आदि पर पड़ती हैं। | ನೆರಿಗೆ, ಸುಕ್ಕು | नॆरिगॆ, सुक्कु | rumple, crease. |
| **चुन्नी** | स्त्री. | 1. किसी प्रकार के रत्न विशेषतः मानिक का बहुत छोटा टुकड़ा या नग; | ವಜ್ರದ ಚಿಕ್ಕ ಚೂರು; | वज्रद चिक्क चूरु; | samll ruby; |
| | | 2. ओढ़नी। | ಮುಸುಕು | मुसुकु | a veil. |
| **चुप** | वि. | जो कुछ भी न बोल रहा हो। | ಮೌನವಾಗಿರುವ | मौनवागिरुव | silent, quiet. |
| | स्त्री. | खामोशी, मौन। | ಮೌನ | मौन | silence, quiet, stillness. |
| | अव्य. | खामोश! मौन रहो। | ಮೌನ! ಸುಮ್ಮನಿರು | मौन ! सुम्मनिरु | silence! be quiet! |
| **चुपके से** | अव्य. | इस प्रकार से कि किसी को पता न लगे। | ಯಾರಿಗೂ ತಿಳಿಯದಂತೆ | यारिगू तिळियदंतॆ | silently, quietly, stealthily, clandestinely. |
| **चुपचाप** | क्रि. वि. | 1. बिना कुछ भी कहे सुने; | ಏನೂ ಹೇಳದೇ-ಕೇಳದೇ | एनू हेळदे केळद | silently, quietly; |
| | | 2. इस प्रकार छिपे-छिपे कि किसी को पता तक न लगे। | ಸುಮ್ಮನೆ, ಅರಿಯದಂತೆ | सुम्मनॆ, अरियदंतॆ | stealthily, clandestinely. |
| **चुपड़ना** | स. क्रि. | किसी गीली या चिपचिपी वस्तु का लेप करना। | ಅಂಟಿಸು | अंटिसु | to anoint, to besmear. |
| **चुपड़ा** | वि. | 1. किसी वस्तु या तेल से पुता हुआ, चिकनाहट भरा; | ಜಿಡ್ಡಾಗಿರುವ; | जिड्डागिरुव; | oily, unctuous, greasy; |
| | | 2. चिकनी चुपड़ी बातें करनेवाला। | ಗಿಲೀಟು ಮಾತನಾಡುವ | गिलीटु मातनाडुव | oily-tongued, mealy-mouthed, flatterer. |
| **चुपड़ी** | वि. | तेल, घी से पुती हुई। | ತುಪ್ಪ ಎಣ್ಣೆ ಬಳಿದ | तुप्प ऎण्णॆ बळिद | oiled, oily. |
| | स्त्री. | घी पुती हुई रोटी। | ತುಪ್ಪ ಸವರಿದ ರೊಟ್ಟಿ | तुप्प सवरिद रॊट्टि | cake rubbed over with or dipped in ghee. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **चुप्पी** | स्त्री. | मौन, खामोशी। | ಮೌನ | मौन | silence, taciturnity. |
| **चुभना** | अ. क्रि. | 1. किसी नुकीली वस्तु का दबाव पाकर किसी नरम वस्तु के भीतर गड़ना; | ಚುಚ್ಚು; | चुच्चु; | to be pricked or pinched, to stick (into), to run (into); |
| | | 2. मन में व्यथा उत्पन्न करना; | ವ್ಯಥೆಯಾಗು; | व्यथॅयागु; | to feel bad; |
| | | 3. खटकना; | ಕೆಟ್ಟೆನಿಸು | कॅट्टॅनिसु | to be disagreeable, go against the grain. |
| **चुभाना (चुभोना)** | स. क्रि. | गड़ाना या धंसाना। | ಚುಚ್ಚು | चुच्चु | to cause to penetrate or pierce, to pierce, to prick. |
| **चुमकारना** | स. क्रि. | प्रेम या दुलार करना, पुचकरना। | ಪ್ರೀತಿಯಿಂದ ಮುದ್ದಿಸು | प्रीतियिंद मुद्दिसु | to fondle, to caress, to pamper. |
| **चुरमुरा** | पुं. | जो दबाने पर चुरमुर शब्द करे, करारा। | ಚರ್‌ಮರ್ ಶಬ್ದ ವಾಗುವಿಕೆ, ಗರಗು | चर्मर् शब्द-वागुविकॅ, गरगु | crisp, fragile. |
| **चुरवाना** | स. क्रि. | चोरी कराना; | ಕಳವು ಮಾಡಿಸು | कळवु माडिसु | to cause to steal, get (a thing) stolen. |
| **चुराना** | स. क्रि. | 1. गुप्त रूप से पराई वस्तु हरण करना; | ಕಳ್ಳತನ ಮಾಡು; | कळ्ळतन माडु; | to steal, to fetch, to pilfer; |
| | | 2. लोगों की दृष्टि से बचाना (आँख, मुंह, नजर आदि)। | ಕಣ್ಮರೆಯಾಗಿರು | कण्मरॅयागिरु | to turn aside or away (the eyes). |
| **चुल** | स्त्री. | 1. किसी अंग के मले या सहलाए जाने की इच्छा | ಅಂಗವನ್ನು ನೀವಿಸಿ ಕೊಳ್ಳುವ ಬಯಕೆ; | अंगवन्नु नीविसिकॉळ्ळुव बयकॅ; | itching, itchiness, titillation; |
| | | 2. काम-वासना। | ಕಾಮೇಚ್ಛೆ | कामेच्छॅ | lust, sexual passion. |
| **चुलबुला** | वि. | चंचल, नटखट। | ಚಂಚಲ | चंचल | frolicsome, mirthful, sportive. |
| **चुलबुलाना** | अ. क्रि. | चंचलता या चपलता दिखाना। | ಚಾಂಚಲ್ಯ ತೋರು | चांचल्य तोरु | to be restless or fidgetry, to fidget. |
| **चुलबुली** | स्त्री. | दे. 'चुलबुला'। | ನೋಡಿ "चुलबुला" | नोडि "चुलबुला" | see 'चुलबुला' |
| | | 3. छाया आदि के लिए वस्त्रादि को फैलाना। | ಚಪ್ಪರ ಹಾಕು | चप्पर हाकु | to spread something for shade. |
| | अ. क्रि. | किसी चीज या बात का इस प्रकार चारों ओर फैल जाना कि सब तरफ वही दिखाई दे। | ಹರಡಿಹೋಗು | हरडि होगु | to overwhelm, to overspread. |
| **छाप** | पुं. | 1. छापने की क्रिया या भाव; | ಮುದ್ರಣ; | मुद्रण; | the act or state of printing; |
| | | 2. वह ठप्पा या सांचा जिससे कोई चीज छापी जाए; | ಮುದ್ರೆ; | मुद्रॆ; | print, stamp, impression; |
| | | 3. वस्तुओं पर पहचान के लिए छपा हुआ कोई चिह्न आदि; | ಗುರುತಿನ ಚಿಹ್ನೆ; | गुरुतिन चिह्नॆ; | mark etc impressed upon articles for recognition; |
| | | 4. प्रभाव, असर। | ಪ್ರಭಾವ | प्रभाव | effect, influence. |
| **छापना** | स. क्रि. | 1. यंत्रों की सहायता से अक्षर, चित्र आदि मुद्रित करना; | ಮುದ್ರಿಸು; | मुद्रिसु; | to print; |
| | | 2. पुस्तक, लेख, समाचार पत्र आदि प्रकाशित करना। | ಮುದ್ರಿಸಿ ಪ್ರಕಟ-ಗೊಳಿಸು | मुद्रिसि प्रकटगॊळिसु | to publish. |
| **छापा** | पुं. | 1. धातु अथवा लकड़ी का वह टुकड़ा जिस पर फूल पत्ती आदि खुदी रहती हैं और जिस पर रंग या स्याही लगाकर उसकी | ಅಚ್ಚು, ಟೈಪು, ಸೀಲು; | अच्चु, टैपु, सीलु; | stamp, seal; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | छाप किसी कागज़, कपड़े आदि पर लगाई जाती है; | | | |
| | | 2. उक्त उपकरण की छाप; | ಸೀಲಿನ ಗುರುತು; | सीलिन गुरुतु; | impression, imprint; |
| | | 3. अचानक बहुत तेजी से किया गया हमला। | ಅಕಸ್ಮಾತ್ತಾಗಿ ಹಾಕಿದ ಮುತ್ತಿಗೆ | अकस्मात्तागि हाकिद मुत्तिगें | raid. |
| **छापाखाना** | पुं. | वह जगह जहां छपाई का काम हो। | ಮುದ್ರಣಾಲಯ | मुद्रणालय | printing press. |
| **छापामार** | पुं. | अचानक आक्रमण करनेवाला, छापा मारकर दुश्मन को परेशान करनेवाला। | ಸಿದ್ಧತೆಯಿಲ್ಲದ ವೈರಿಗಳನ್ನು ಅನಿರೀಕ್ಷಿತವಾಗಿ ಮುತ್ತುವ ಆಕ್ರಮಣಕಾರ | सिद्धतेयिल्लद वैरिगळन्नु अनिरीक्षितवागि मुत्तुव आक्रमणकार | raider, guerilla. |
| **छापामारी** | स्त्री. | छापामार युद्ध। | ಅನಿರೀಕ್ಷಿತ ಆಕ್ರಮಣ | अनिरीक्षित आक्रमण | guerilla warfare. |
| **छाया** | स्त्री. | 1. प्रकाश के अवरोध से उत्पन्न हलका अंधेरा; | ನೆರಳು; | नेरळु; | shade, shadow; |
| | | 2. प्रकाश का अवरोध करनेवाली वस्तु की परछाई या प्रतिबिम्ब; | ಪ್ರತಿಬಿಂಬ; | प्रतिबिंब; | reflection; |
| | | 3. किसी वस्तु के अनुकरण पर बनी हुई कुछ-कुछ वैसी ही जान पड़नेवाली अनुकृति; | ಅನುಕೃತಿ; | अनुकृति; | imitation shape or form, image; |
| | | 4. सादृश्य; | ಸಮಾನತೆ, ಸಾದೃಶ್ಯ; | समानतें, सादृश्य; | resemblance, likeness; |
| | | 5. चित्र का अपेक्षाकृत कम प्रकाशवाला अंश जहां कुछ कालापन आ गया हो। | ಚಿತ್ರದ ಕಪ್ಪು ಭಾಗ | चित्रद कप्पु भाग. | darker part of picture. |
| **छायाचित्र** | पुं. | अक्सी तसवीर, फोटो। | ಫೋಟೋ, ಛಾಯಾ ಚಿತ್ರ, | फोटो, छायाचित्र | photo. |
| **छायाचित्रण** | पुं. | छाया चित्र उतारने का काम। | ಫೋಟೋ ತೆಗೆಯುವಿಕೆ | फोटो तेंगेयुविकें | photography. |
| **छायादान** | पुं. | अनिष्ट की शांति के लिए कांसे की कटोरी में घी या तेल भरकर और उसमें अपनी छाया देखकर | ಛಾಯಾದಾನ | छायादान | offering up one's shadow, to ward off the influence of evil, by looking at |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | दक्षिणा सहित दिया जानेवाला एक प्रकार का विशेष दान। | | | one's image in a cup of oil or ghee. |
| **छायानाट्य** | पुं. | एक प्रकार का नाटक जिसमें पुतलों और पुतलियों को इस प्रकार नचाया और उनसे अभिनय कराया जाता है कि उनकी छाया आगे पर्दे पर पड़ती है। | ತೆರೆಯ ಮೇಲೆ ತೋರಿಸುವ ಬೊಂಬೆಯಾಟ | तॆरॆय मेलॆ तोरिसुव बॊंबॆयाट | shadow play. |
| **छायावाद** | पुं. | एक काव्यगत शैली जिसमें अज्ञेय के प्रति जिज्ञासा और प्राकृतिक विषयों में निराकार भावना व्यकत की जाती है। | ಹಿಂದಿ ಕಾವ್ಯದಲ್ಲಿ ಕಾಣಬರುವ ಒಂದು ಸಿದ್ಧಾಂತ-ಛಾಯಾವಾದ | हिंदिकाव्यदल्लि-काणबरुव ऒंदु सिद्दांत – छायावाद | romantic movement in Hindi poetry. |
| **छायावादी** | वि. | 1. छायावाद सम्बन्धी; | ಛಾಯಾವಾದ ಸಂಬಂಧವಾದ; | छायावाद संबंधवाद; | pertaining to or connected with romanticism; |
| | | 2. इस सिद्धांत का अनुसरण करनेवाला (व्यक्ति)। | ಛಾಯಾವಾದ ಕಾವ್ಯ ಶೈಲಿಯ (ಕವಿ) | छायावाद काव्य शैलिय (कवि ) | follower of romanticism. |
| **छाल** | स्त्री. | पेड़ के धड़, शाखा आदि पर मोटा, कड़ा छिलका। | ಮರದ ತೊಗಟೆ | मरद तॊगटॆ | bark. |
| **छाला** | पुं. | शरीर के किसी अंग पर गरम पानी आदि पड़ने अथवा स्थान विशेष पर लगातार रगड़ लगने के कारण होनेवाला मांस का कोमल और नरम उभार, फफोला। | ಬಿಸಿನೀರು, ಎಣ್ಣೆ ಆದಿ ತಾಗಿದ್ದರಿಂದ ಆದ ಬೊಬ್ಬೆ | बिसिनीरु, ऎण्णॆ आदि तागिद्ददिंद आद बॊब्बॆ | blister. |
| **छाली** | स्त्री. | सुपारी, कटी हुई सुपारी। | ಅಡಿಕೆ,ಚೂರಡಿಕೆ | अडिकॆ,चूरडिकॆ | betel-nut or its parings. |
| **छावनी** | स्त्री. | वह स्थान जहां सेना रहती हो, सैनिकों की बस्ती। | ಸೈನಿಕರಿರುವ ಸ್ಥಳ, ದಂಡು | सैनिकरिरुव स्थळ. दंडु | cantonment. |
| **छीछड़ा** | पुं. | 1. मांस का बेकार टुकड़ा | ಮಾಂಸದ ಚೂರು; | मांसद चूरु; | uneatable part of |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | जो कुत्तों, बिल्लियों के खाने के लिए फेंक दिया जाता है; | | | flesh; |
| | | 2. तरल पदार्थ में विद्यमान घने टुकड़े। | ದ್ರವದಲ್ಲಿನ ಗಟ್ಟಿಯಾದ ಚೂರುಗಳು | द्रवदल्लिन गट्टियाद चूरुगळु | waste fibre fragments in a liquid substance. |
| **छिछला** | वि. | जिसमें गहराई न हो, कम गहरा, उथला। | ಆಳವಿಲ್ಲದ | आळविल्लद | shallow. |
| **छिछोरा** | वि. | जो स्वभाव से गम्भीर न हो, कमीना, ओछा, क्षुद्र। | ನೀಚ, ಕ್ಷುದ್ರ, ಗಂಭೀರತೆಯಿಲ್ಲದ | नीच, क्षुद्र, गंभीरतेयिल्लद | mean, trifling, petty, puerile. |
| **छिछोरापन** | पुं. | ओछापन, कमीनापन, क्षुद्रता। | ನೀಚತನ, ಲುಚ್ಚಾತನ | नीचतन, लुच्चातन | frivolity, puerility, meanness. |
| **छिटकना** | अ. क्रि. | बिखरना, फैलना। | ಚೆಲ್ಲಿ ಹರಡಿ ಹೋಗು | चॆल्लि हरडि होगु | to be diffused, to be scattered. |
| **छिटकाना** | स. क्रि. | बिखेरना, फैलाना, चारों ओर फेंकना। | ಹರಡುವಂತೆ ಮಾಡು | हरडुवंतॆ माडु | to scatter, to spread all-round, to scatter. |
| **छिड़कना** | स. क्रि. | जल या किसी तरल पदार्थ को इस प्रकार फेंकना कि उसके छींटे बिखरकर चारों ओर पड़ें। | ಸಿಂಪಡಿಸು | सिंपडिसु | to sprinkle or spray, to scatter. |
| **छिड़कवाना** | स. क्रि. | छिड़कने का काम दूसरे से कराना। | ಬೇರೆಯವರಿಂದ ಸಿಂಪಡಿಸುವಂತೆ ಮಾಡಿಸು | बेरॆयवरिंद सिंपडिसुवंतॆ माडिसु | to cause to sprinkle or to be sprinkled over. |
| **छिड़काई** | स्त्री. | छिड़कने का कार्य, भाव या पारिश्रमिक। | ಸಿಂಪಡಿಸುವಿಕೆ ಅಥವಾ ಅದರ ಕೂಲಿ | सिंपडिसुविकॆ अथवा अदर कूलि | act or state of or wages for sprinkling. |
| **छिड़काव** | पुं. | छिड़कने की क्रिया या भाव। | ಸಿಂಪಡಿಸುವಿಕೆ | सिंपडिसुविकॆ | sprinkling. |
| **छिड़ना** | अ.क्रि | आरम्भ होना। | ಆರಂಭವಾಗು | आरंभवागु | to begin, to be waged. |
| **छितराना** | स.क्रि | चारों ओर बिखेरना, फैलाना, अलग-अलग करना। | ನಾಲ್ಕ್ಕುಕಡೆ ಹರಡು | नाल्कु कडॆ हरडु | to scatter, to spread, to disperse. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | अ.क्रि | चारों ओर बिखरना, फैलना, अलग-अलग होना। | ಸುತ್ತಲೂ ಹರಡಿ-ಕೊಳ್ಳು | सुत्तलू हरडि-कॉळ्ळु | to scatter. to spread. to disperse. |
| छितराव | पुं. | छितरे या छितराए हुए होने की अवस्था या भाव। | ಹರಡಿರುವಿಕೆ | हरडिरुविकॆ | scattering. dispersion. |
| छिदना | अ.क्रि | नुकीली वस्तु के धंसने या धंसाए जाने के कारण किसी वस्तु में आर-पार छेद होना। | ರಂಧ್ರವಾಗು, ತೂತು ಬೀಳು | रंध्रवागु, तूतु बीळु | to be pierced. to be bored. |
| छिदवाई | स्त्री. | छेदने की क्रिया या भाव या मजदूरी। | ರಂಧ್ರ ಮಾಡುವಿಕೆ, ಅದರ ಕೂಲಿ | रंध्र माडुविकॆ, अदरकूलि | act or state of or wages for piercing. |
| छिदवाना | स.क्रि | छेद या सुराख करवाना। | ರಂಧ್ರಮಾಡಿಸು ತೂತು ಹೊಡೆಸು | रंध्र माडिसु, तूतु हॉडॆसु | to cause to be pierced, to have or get pierced or bored. |
| छिदाना | स.क्रि | छिदवाना। | ರಂಧ್ರ ಮಾಡಿಸು | रंध्र माडिसु, | see 'छिदवाना' |
| छिद्र | पुं. | 1. छेद, सुराख; | ರಂಧ್ರ; | रंध्र; | hole, aperture, opening; |
| | | 2. दोष, त्रुटि, दुर्बलपक्ष। | ದೋಷ | दोष | fault, flaw, weak point. |
| छिद्रान्वेषण | पुं. | किसी कार्य या व्यक्ति में दोष या त्रुटि निकालना। | ತಪ್ಪು ಹುಡುಕುವಿಕೆ | तप्पु हुडुकुविकॆ | fault-finding. |
| छिद्रान्वेषी | वि. | छिद्रान्वेषण करनेवाला। | ದೋಷಾನ್ವೇಷಣೆ ಮಾಡುವ | दोषान्वेषणॆ माडुव | looking out for faults or flaws. |
| छिद्रित | वि. | छेदवाला, सुराखवाला। | ರಂಧ್ರ ಮಾಡಲ್ಪಟ್ಟ | रंध्र माडल्पट्ट | perforated, having holes. |
| छिनना | अ.क्रि | किसी अधिकार, वस्तु आदि का किसी से छीना जाना। | ವಶಪಡಿಸಿಕೊಳ್ಳು | वशपाडिसकॉळ्ळु | to be snatched, to be seized, to be wrested. |
| छिनवाना | स.क्रि | छीनने का काम दूसरे से कराना। | ಕಿತ್ತುಕೊಂಡು ವಶಪಡಿಸಿಕೊಳ್ಳು-ವಂತೆ ಮಾಡು | कित्तुकॉंडु वशपडिसि-कॉळ्ळुवंतॆ माडु | to cause to be snatched, to make one snatch. |
| छिनाना | स.क्रि | दे. 'छिनवाना'। | ನೋಡಿ "छिनवाना" | नोडि "छिनवाना" | see छिनवाना' |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **छिनाल** | वि., स्त्री. | पर पुरुषों से संबंध रखनेवाली, व्यभिचारिणी। | ಹಾದರಗಿತ್ತಿ, ವ್ಯಭಿಚಾರಿಣಿ | हादरगित्ति, व्यभिचारिणि | adulterous (woman), harlot. |
| **छिन्न-भिन्न** | वि. | कटा-फटा, बिखरा या छितराया हुआ, तितर-बितर। | ಹರಿದ, ಹರುಕು ಮುರುಕಾಗಿ ಹರಡಿ-ಕೊಂಡಿರುವ | हरिद, हरुकु मुरुकागि हरडिकोंडिरुव | cut up through and through, shattered, scattered. |
| **छिपकली** | स्त्री. | एक रेंगनेवाला जन्तु जो प्रायः घर की दीवारों पर दिखाई देता है और कीड़े मकौड़े खाता है। | ಹಲ್ಲಿ | हल्लि | lizard. |
| **छिपना** | अ.क्रि | आड़ या परदे में होना, ऐसी जगह होना जहां कोई देख न सके, दृष्टि से ओझल होना। | ಬಚ್ಚಿಟ್ಟುಕೊಳ್ಳು | बच्चिट्टुकोंळ्ळु | to hide, to elude or escape observation. |
| **छिपाना** | स.क्रि | 1. आड़ में करना, ऐसी जगह या स्थिति में रखना जहां कोई देख न सके; | ಬಚ್ಚಿಡು; | बच्चिडु; | to hide, to cover; |
| | | 2. किसी बात की किसी को जानकारी न कराना या न होने देना। | ಮುಚ್ಚಿಡು | मुच्चिडु | to conceal. |
| **छिपा रुस्तम** | वि. | 1. अप्रसिद्ध गुणी या पंडित; | ಅಪ್ರಸಿದ್ಧ ಕಲಾಕಾರ, ಪಂಡಿತ; | अप्रसिद्ध कलाकार, पंडित; | dark horse; |
| | | 2. देखने में भला किन्तु बदमाश। | ದೊಡ್ಡ ಮನುಷ್ಯ ನಂತೆ ಕಾಣುವ ಧೂರ್ತ | दोंड्ड मनुष्यनंतें काणुव धूर्त | pseudo-gentleman. |
| **छिपाव** | पुं. | छिपने या छिपाने की क्रिया या भाव, दुराव। | ಬಚ್ಚಿಡುವಿಕೆ, ಮುಚ್ಚಿಡುವಿಕೆ | बच्चिडुविकें, मुच्चिडुविकें | concealment, secrecy. |
| **छियानवे** | वि. | जो गिनती में नब्बे से छः अधिक हो। | ತೊಂಬತ್ತಾರು | तोंबत्तारु | ninety-six. |
| | पुं. | उक्त की सूचक संख्या 96. | ತೊಂಬತ್ತಾರರ ಸಂಖ್ಯೆ | तोंबत्तारर संख्यें | the number 96. |
| **छियालीस** | वि. | जो गिनती में चालीस से छः अधिक हो। | ನಲವತ್ತಾರು | नलवत्तारु | forty-six. |
| | पुं. | उक्त की सूचक संख्या 46. | ನಲವತ್ತಾರರ ಸಂಖ್ಯೆ | नलवत्तारर संख्यें | the number 46. |
| **छियासठ (छाछठ)** | वि., पुं. | जो गिनती में साठ से छः अधिक हो। | ಅರುವತ್ತಾರು | अरुवत्तारु | sixty-six; |
| | पुं. | उक्त की सूचक संख्या 66. | ಅರುವತ್ತಾರರ ಸಂಖ್ಯೆ | अरुवत्तारर संख्यें | the number 66. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **छियासी** | वि. | जो गिनती में अस्सी से छः अधिक हो। | ಎಂಬತ್ತಾರು | एंबत्तारु | eighty-six; |
| | पुं. | उक्त की सूचक संख्या 86. | ಎಂಬತ್ತಾರರ ಸಂಖ್ಯೆ | एंबत्तारर संख्ये | the number — 86. |
| **छिलका** | पुं. | फल-फूल आदि की त्वचा जिसके अन्तर्गत उनका सारभाग रहता है। | ಸಿಪ್ಪೆ | सिप्पे | husk, shell, bark, peel. |
| **छिलना** | अ.क्रि | 1. चमड़े या छिलके का कटकर अलग हो जाना; | ಸುಲಿದು ಹೋಗು; | सुलिदु होगु; | to be pealed, to be shelled, to be husked; |
| | | 2. शरीर के किसी अंग में रगड़ लगने से त्वचा का उतर जाना। | ಪರಚಿ ಅಥವಾ ತರಚಿ ಹೋಗು | परचि अथवा तरचि होगु | to be scratched or bruised. |
| **छिलवाई** | स्त्री. | 1. छिलने या छीलने की क्रिया या भाव; | ಸುಲಿಯುವಿಕೆ; | सुलियुविके; | peeling, paring, husking, etc; |
| | | 2. छिलवाने की मजदूरी। | ಸುಲಿದುದರ ಕೂಲಿ | सुलिदुदर कूलि | price paid for peeling or husking etc. |
| **छिहत्तर** | वि. | जो गिनती में सत्तर से छः अधिक हो। | ಎಪ್ಪತ್ತಾರು | एप्पत्तारु | seventy-six. |
| | पुं. | उक्त की सूचक संख्या 76. | ಎಪ್ಪತ್ತಾರರ ಸಂಖ್ಯೆ | एप्पत्तारर संख्ये | the nember 76. |
| **छींक** | स्त्री. | श्वास वायु का अकस्मात् नाक और गले से एक विशिष्ट प्रकार का शब्द करते हुए निकलना। | ಸೀನು | सीनु | sneeze. |
| **छींकना** | अ.क्रि | सहसा जोर से नाक और मुंह से इस प्रकार सांस फेंकना कि जोर का शब्द हो। | ಸೀನುವುದು | सीनुवुदु | to sneeze. |
| **छींका(छीका)** | पुं. | 1. रस्सी तार आदि की बनी झोली जैसी चीज जिसे छत आदि से लटकाकर सुरक्षा के लिए खाने पीने की चीजें उसमें रखते हैं; | ನಿಲುವು, ನೆಲುವು, ಪಾತ್ರೆಗಳನ್ನು ತೂಗು ಹಾಕುವ ಹಗ್ಗದ ಜಾಳಿಗೆ | निलुवु, नेलुवु, पात्रेगळन्नु तूगुहाकुव हग्गद जाळिगे; | net-work of strings or cords to hang anything in (as food, pots, etc.); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. पशुओं के मुंह पर बांधी जानेवाली रस्सियों की जाली। | ದನ-ಕರುಗಳಿಗೆ ಹಾಕುವ ಬಾಯಿಕಟ್ಟು | दन-करुगळिगे हाकुव बायिकट्टु | a muzzle (for cattle). |
| **छींट** | स्त्री. | 1. पानी अथवा किसी तरल पदार्थ का छोटा कण या बूंद; | ನೀರಿನ ಅಥವಾ ದ್ರವದ ಹನಿ; | नीरिन अथवा द्रवद हनि; | splash of water or any liquid; |
| | | 2. उक्त छोटे कण या बूंद से पड़नेवाला धब्बा। | ಹನಿ ಬಿದ್ದು-ದರಿಂದಾದ ಕಲೆ; | हनि बिद्दुदरिंदाद कले; | spot or stain caused by it; |
| | | 3. वह कपड़ा जिस पर रंगबिरंगी बूटियां पड़ी हों। | ಚೀಟಿ ಬಟ್ಟೆ | चीटि बट्टॆ | printed cloth. |
| **छींटा** | पुं. | 1. बूंद, छींट; | ಹನಿ, ತೊಟ್ಟು; | हनि तॊट्टु; | splash; |
| | | 2. उक्त बूंदों से वस्त्र आदि पर पड़नेवाला धब्बा; | ಹನಿ ಬಿದ್ದ ಕಲೆ; | हनि बिद्द कले; | spot or stain caused by them; |
| | | 3. हल्की वर्षा या बौछार; | ಮಳೆ ಹನಿ; | मळे हनि; | light shower; |
| | | 4. आक्षेप, व्यंगोक्ति। | ಆಕ್ಷೇಪಣೆ, ವ್ಯಂಗ್ಯ | आक्षेपणॆ, व्यंग्य | ironical remark. |
| **छींटाकशी** | स्त्री. | आक्षेप, व्यंग। | ಆಕ್ಷೇಪಣೆ, ವ್ಯಂಗ್ಯೋಕ್ತಿ | आक्षेपणॆ, व्यंग्योक्ति | aspersion, ironical remarks. |
| **छीछालेदार** | स्त्री. | बुरी तरह से की गई दुर्गति, फजीहत। | ದುರ್ದಶೆ, ದುರ್ಗತಿ | दुर्दशॆ, दुर्गति | muck, mess, ruin, disgrace. |
| **छीजन(छीज)** | स्त्री. | किसी वस्तु का वह अंश जो उसके प्रयोग करने से कम हो जाता है, कमी, हानि। | ಸವೆದು ತೇಯುವಿಕೆ | सवॆदु तेयुविकॆ | leakage, wastage, reduction, loss. |
| **छीजना** | अ.क्रि | व्यवहार आदि में आते रहने अथवा पुराने पड़ने से किसी चीज का क्षीण होना, कम होना या खराब हो जाना। | ಸವೆಯು, ತೇಯು | सवॆयु, तेयु | to wear out, to decrease, to decay. |
| **छीनना** | स.क्रि | किसी से कोई वस्तु आदि बलात् ले लेना, ऐंठ लेना। | ಬಲಾತ್ಕಾರದಿಂದ ತೆಗೆದುಕೊಳ್ಳು | बलात्कारदिंद तॆगॆदुकॊळ्ळु | to snatch, to grab, to take by force. |
| **छीना-झपटी** | स्त्री. | एक दूसरे के हाथ से छीन लेने की कोशिश, दूसरे के हाथ से झपट कर ले लेना। | ಮೇಲೆ ಬಿದ್ದು ದುಂಡಾವರ್ತಿ-ಯಿಂದ ಕಿತ್ತು-ಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ | मेलॆबिद्दु दुंडावर्तियिंद कित्तुकॊळ्ळुविकॆ | grab, attempt to seize forcibly, scramble. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **छीपी (छीपिन स्त्री.)** | पुं. | कपड़ों पर बेलबूटे आदि छापने का काम करनेवाला। | ಬಟ್ಟೆಯ ಮೇಲೆ ಆಕೃತಿಗಳನ್ನು ಮುದ್ರಿಸುವವ | बट्टॆय मेलॆ आकृतिगळन्नु मुद्रिसुवव | cloth-printer, one who stamps floor-cloth. |
| **छीलन** | स्त्री. | 1. किसी वस्तु को छीलने की क्रिया या भाव; | ಹೆರೆಯುವಿಕೆ; | हॆरॆयुविकॆ; | the act or state of scraping something; |
| | | 2. किसी वस्तु को छीलने पर निकलनेवाले छोटे-छोटे टुकड़े। | ಹೆರೆದುದರಿಂದ ಬರುವ ಸಣ್ಣ-ಸಣ್ಣ ಚೂರುಗಳು | हॆरॆदुदरिंद बरुव सण्ण-सण्ण चूरुगळु | scrapings, clippings, shavings. |
| **छीलना** | स.क्रि | 1. किसी चीज़ के ऊपर जमे या सटे हुए आवरण, तह या परत को खींचकर उससे अलग करना; | ಕೆತ್ತು; | कॆत्तु; | to peel, to pare, to take off the skin; |
| | | 2. उगी या जमी हुई चीज को काटकर या खुरचकर अलग करना। | ಹೆರೆ | हॆरॆ | to scratch, to scrape, to erase. |
| **छुआछूत** | स्त्री. | धार्मिक या सामाजिक दृष्टि से स्पर्शास्पर्श का विवेक। | ಅಸ್ಪೃಶ್ಯತೆ | अस्पृश्यतॆ | untouchability. |
| **छुआना** | स.क्रि | स्पर्श कराना। | ಮುಟ್ಟಿಸು | मुट्टिसु | to cause to touch, get (one) to touch. |
| **छुईमुई (छुईमूई)** | स्त्री. | एक प्रकार का पौधा जो स्पर्श किए जाने पर अपनी पत्तियों को सिकोड़ लेता है। | ಮುಟ್ಟಿದರೆ ಮುನಿ ಗಿಡ | मुट्टिदरॆ मुनि गिड | touch me not, Munosa pudica. |
| | वि. | 1. नाजुक मिजाज (व्यक्ति); | ಸೂಕ್ಷ್ಮ ಮನಸ್ಸಿನ (ವ್ಯಕ್ತಿ); | सूक्ष्म मनस्सिन (व्यक्ति) | sensitive or irritable person; |
| | | 2. बहुत कमजोर (चीज) | ಬಹಳ ದುರ್ಬಲವಾದ (ವಸ್ತು) | बहळ दुर्बलवाद (वस्तु) | delicate or frail (thing). |
| **छुच्छी** | स्त्री. | 1. पतली छोटी नली; | ಸಣ್ಣ ಕೊಳವೆ, ನಳ; | सण्ण कॊळवॆ नळ; | :hin small tube; |
| | | 2. नाक में पहनने का एक गहना; | ಮೂಗು ನತ್ತು; | मूगु नत्तु; | nose ornament; |
| | | 3. कीप जिसकी सहायता से बोतलों में तेल भरा जाता है। | ಬುದ್ಧಿವಂತ | बुद्धिमत | funnel. |
| **छुटकारा** | पुं. | 1. बंधन आदि से मुक्ति; | ಬಿಡುಗಡೆ; | बिडुगडॆ; | release, acquittal; |
| | | 2. संकट, विपत्ति आदि से | ಬಂಧನ ಮುಕ್ತಿ | बंधन मुक्ति | riddance, |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | सकुशल बच निकलने का भाव। | | | liberation. |
| **छुटपन** | पुं. | 1. बचपन, लड़कपन; | ಬಾಲ್ಯ, ಹುಡುಗುತನ; | बाल्य, हुडुगुतन; | childhood, infancy; |
| | | 2. छोटे होने की अवस्था या भाव। | ಚಿಕ್ಕತನ | चिक्कतन | pettiness, smallness. |
| **छुटपुट** | वि. | 1. प्रकीर्ण, छोटी मोटी (वस्तु); | ಚಿಕ್ಕಪುಟ್ಟ (ವಸ್ತು); | चिक्क पुट्ट (वस्तु); | miscellaneous (articles etc.); |
| | | 2. जो थोड़ा करके कभी कहीं कभी कहीं घटित हो (घटना आदि)। | ಆಗಾಗ್ಗೆ ಅಲ್ಲಲ್ಲಿ ಆಗುವ (ಘಟನೆ ಆದಿ) | आगाग्गे अल्लल्लि आगुव (घटने आदि) | sporadic (incident etc). |
| **छुटभैया** | पुं. | छोटे दर्जे या हैसियत का व्यक्ति। | ಕೆಳ ದರ್ಜೆಯ ಮನುಷ್ಯ | कॆळ दर्जय मनुष्य | petty person. |
| **छुट्टी** | स्त्री. | 1. काम बंद रहने का दिन; | ರಜೆಯ ದಿನ; | रजॆय दिन; | holiday; |
| | | 2. निश्चित समय तक काम कर चुकने के बाद बीच में मिलनेवाला अवकाश; | ಮಧ್ಯಾಂತರ, ವಿರಾಮ; | मध्यांतर, विराम; | interval, recess; |
| | | 3. जाने की अनुमति; | ಹೋಗಲು ಅನುಮತಿ; | होगलु अनुमति; | leave; |
| | | 4. छुटकारा। | ಮುಕ್ತಿ | मुक्ति | release. |
| **छुड़वाना** | स.क्रि दे. 'छुड़ाना'। | | ನೋಡಿ "छुड़ाना" | नोडि "छुड़ाना" | see 'छुड़ाना'. |
| **छुड़ाई** | स्त्री. | छोड़ने या छुड़ाने की क्रिया, भाव या पारिश्रमिक। | ಬಿಡುವಿಕೆ, ಬಿಡಿಸುವಿಕೆ ಅಥವಾ ಅದಕ್ಕಾಗಿ ಕೂಲಿ | बिडुविकॆ, बिडिसुविकॆ अथवा अदक्कागि कूलि | liberation, release, ransome, wages paid for delivery, release etc. |
| **छुड़ाना** | स.क्रि | 1. बंधन, बाधा आदि से मुक्त कराना, स्वतंत्र कराना; | ಬಂಧನದಿಂದ ಬಿಡಿಸು; | बंधनदिंद बिडिसु; | to get released, to cause to get free, to liberate; |
| | | 2. दूसरे की पकड़, कब्जे आदि से निकालना; | ಅಧೀನತೆ ತಪ್ಪಿಸು; | अधीनतॆ तप्पिसु; | to rescue, to extricate; |
| | | 3. महसूल आदि चुकाकर वस्तु को ले लेना; | ಹಣ ಕೊಟ್ಟು ಬಿಡಿಸಿ ಕೊಳ್ಳು; | हण कॊट्टु बिडिसिकॊळ्ळु; | to take delivery after payment; |
| | | 4. सटी, लगी हुई वस्तु अथवा उसके अंश को अलग करना; | ಸೇರಿರುವುದನ್ನು ಬೇರ್ಪಡಿಸು; | सेरिरुवुदन्नु बेर्पडिसु; | to remove, to separate; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 5. किसी प्रकार की क्रिया, प्रवृत्ति आदि से अलग करना; | ಅಭ್ಯಾಸ ಬಿಡಿಸು; | अभ्यास बिडिसु; | to cause to give up; |
| | | 6. देय धन में कमी कराना। | ಕೊಡ ಬೇಕಾದ ಹಣದಲ್ಲಿ ಕಡಿಮೆ ಮಾಡಿಸು | कॊडबेकाद हणदल्लि कडिमे माडिसु | to lessen payable amount; |
| छुरा (छुरी स्त्री.) | पुं. | 1. लंबे फलवाला बड़ा चाकू जो बंद नहीं किया जा सकता; | ಕತ್ತಿ; | कत्ति; | dagger, large knife; |
| | | 2. बाल मूंडनेवाला उस्तरा। | ಕ್ಷೌರದ ಕತ್ತಿ | क्षौरद कत्ति | razor. |
| छुरेबाजी | स्त्री. | छुरे की लड़ाई, छुरा भोंकने की घटना। | ಕತ್ತಿವರಸೆ | कत्तिवरसे | infliction or exchange of dagger-blows. |
| छुहारा | पुं. | खजूर की जाति का एक सूखा मेवा। | ಖರ್ಜೂರ | खर्जूर | dried date. |
| छूछा(छूंछा) | वि. | 1. खाली, खोखला; | ಬರಿದಾದ; | बरिदाद; | empty; |
| | | 2. साररहित। | ಸಾರಹೀನ | सारहीन | unsubstantial. |
| छूट | स्त्री. | 1. बंधन आदि से मुक्ति, छुटकारा; | ಬಿಡುಗಡೆ; | बिडुगडॆ; | release, riddance; |
| | | 2. रियायत, सुविधा; | ರಿಯಾಯಿತಿ; | रियायिति; | concession, privilege; |
| | | 3. देय धन चुकाने में किसी कारण से मिलनेवाली वह सुविधा जिसमें उसका कुछ अंश नहीं देना पड़ता है; | ಕೊಡಬೇಕಾದ ಹಣದಲ್ಲಿ ಬಿಟ್ಟು ಕೊಡುವಿಕೆ, ಕಡಿಮೆ ಮಾಡುವಿಕೆ, ಸೋಡಿ, ವಟ್ಟ; | कॊडबेकाद हणदल्लि बिट्टु कॊडुविकॆ, कडिमै माडुविकॆ, सोडि वट्ट; | rebate, discount; |
| | | 4. कुछ करने की आजादी, रोक न रहना। | ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯ | स्वातंत्र्य | liberty, exemption. |
| छूटना | अ.क्रि | 1. बंधन आदि से मुक्त होकर स्वतंत्र होना; | ಬಂಧನದಿಂದ ಬಿಡಿಸಿಕೊಳ್ಳು; | बंधनदिंद बिडिसिकॊळ्ळु; | to be liberated, to be acquitted; |
| | | 2. सटी, चिपकी हुई चीज़ का अलग होना; | ಬೇರೆಯಾಗು; | बेरॆयागु; | to get separated, to get removed, to come off; |
| | | 3. जकड़ या पकड़ से दूर होना; | ಹಿಡಿತದಿಂದ ಬಿಡುಗಡೆ ಹೊಂದು; | हिडितदिंद बिडुगडॆ हॊंदु; | to escape, to slip (from); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. देय धन चुकाए जाने पर दूसरे के हाथ गई वस्तु वापिस मिलना; | ಅಡಮಾನ ಬಿಡಿಸಿ ಕೊಳ್ಳು; | अडमान बिडिसिकोळ्ळु; | to get back the mortgaged article; |
| | | 5. यान आदिका गंतव्य स्थान के लिए चल पड़ना; | ರೈಲು ಆದಿ ಹೊರಡು; | रैलु आदि होरडु; | to begin, to move, to be set in motion (as train etc.), to start; |
| | | 6. कथन लेख आदि के प्रसंग में उपयुक्त विषय का यथास्थान आने से रह जाना; | ಹೇಳಿಕೆ, ಬರವಣಿಗೆಗಳಲ್ಲಿ ಬಿಟ್ಟು ಹೋಗು; | हेळिके बरवणिगेगळल्लि बिट्टु होगु; | to be left out, to be omitted; |
| | | 7. धारा रूप में वेग से निकलना; | ನೀರು ಆದಿ ವೇಗವಾಗಿ ಹರಿ; | नीरु आदि वेगवागि हरि; | to gush forth; |
| | | 8. नौकरी आदि से अलग किया जाना; | ಕೆಲಸದಿಂದ ಬಿಡುಗಡೆಯಾಗು; | केलसदिंद बिडुगडेयागु; | to be dismissed, discharged or released; |
| | | 9. बंदूक, आतिशबाजी आदि का चलना; | ಮದ್ದುಗುಂಡು ಆದಿ ಹಾರು; | मद्दुगुंडु आदि हारु; | to be let off, to go off (gun etc.); |
| | | 10. (क) किसी कार्य आदि में पीछे रहना;<br>(ख) किसी स्थान का पीछे रह जाना। | ಹಿಂದುಳಿಯು | हिंदुळियु | (a) to lay behind (in any work etc.)<br>(b) to be left behind (of place). |
| छूत | स्त्री. | 1. ऐसा निषिद्ध संसर्ग जिससे रोग आदि का संचार होता हो; | ಸಾಂಕ್ರಾಮಿಕ ರೋಗ ಆದಿ ; | सांक्रामिक रोग आदि ; | infection, contamination; |
| | | 2. अपवित्र वस्तु को छूने से होनेवाला दोष; | ಸ್ಪರ್ಶ ದೋಷ; | स्पर्श दोष; | impurity caused by touching an impure object; |
| | | 3. छूने या छू जाने का भाव। | ಸೋಕುವಿಕೆ, ತಾಗುವಿಕೆ | सोकुविके, तागुविके | touch. |
| छूतछात | स्त्री. | स्पृश्य और अस्पृश्य का भाव या विवेक। | ಸ್ಪೃಶ್ಯಾಸ್ಪೃಶ್ಯತೆ | स्पृश्यास्पृश्यते | discrimination of touchable and untouchable. |
| छूना | अ.क्रि | दो वस्तुओं के बीच व्यवधान का अभाव होना। | ತಾಗು | तागु | absence of space between two objects. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | स.क्रि | 1. किसी वस्तु का शरीर के किसी अंग अथवा पहने हुए वस्त्र से लगना या स्पर्श करना; | ತಾಗು, ತಾಗಿಸು; | तागु, तागिसु; | to touch, to feel; |
| | | 2. दान के लिए किसी वस्तु का स्पर्श करना; | ದಾನಮಾಡಲು ಮುಟ್ಟು; | दानमाडलु मुट्टु; | to touch an object to be gifted away; |
| | | 3. किसी विषय के सम्बन्ध में कुछ कहना या लिखना। | ಯಾವುದಾದರೊಂದು ವಿಷಯದ ಬಗ್ಗೆ ಮಾತನಾಡು ಅಥವಾ ಬರೆ | यावुदादरोंदु विषयद बग्गे मातनाडु अथवा बरॆ | to deal with a subject; |
| छूमंतर | वि. | गायब। | ಮಾಯವಾಗು | मायवागु | vanished, disappeared. |
| | पुं. | मंत्र पढ़कर फूंकना, जादू। | ಮಂತ್ರ ಹಾಕುವಿಕೆ | मंत्र हाकुविकॆ | an incantation, a charm. |
| छेड़ | स्त्री. | 1. छेड़ने की क्रिया या भाव; | ಚುಡಾಯಿಸುವಿಕೆ; | छुडायिसुविकॆ; | the act of teasing, offending etc; |
| | | 2. खिजाने, चिढ़ाने का प्रयत्न या खिजाने, चिढ़ानेवाली बात, नोकझोंक। | ಸಿಟ್ಟು ಬರುವಂತೆ ಪೀಡಿಸುವಿಕೆ | सिट्टु बरुवंतॆ पीडिसुविकॆ | annoying, irritation, (action or a statement), provocation, pranks, vexation. |
| छेड़खानी | स्त्री. | छेड़नेवाली बात, काम, हंसी, ठिठोली, नोकझोंक। | ಹಾಸ್ಯಕ್ಕಾಗಿ ಚುಡಾಯಿಸುವಿಕೆ | हास्यक्कागि चुडायिसुविकॆ | act of teasing or provoking, offensive activity, pricksand pranks, raillery. |
| छेड़छाड़ | स्त्री. | दें. छेड़खानी। | ನೋಡಿ "छेड़खानी" | नोडि "छेड़खानी" | see छेड़खानी'. |
| छेड़ना | स.क्रि | 1. किसी को उत्तेजित करने के लिए कुछ कहना या करना, चिढ़ाना; | ಚುಡಾಯಿಸು; | चुडायिसु; | to tease, to vex, to provoke; |
| | | 2. किसी वस्तु को अकारण या व्यर्थ में छूना जिससे उसमें विकार उत्पन्न हो सकता है; | ಕೆಣಕು; | कॆणकु; | to meddle with; |
| | | 3. स्वर निकालने के लिए किसी वाद्ययंत्र को छूना; | ಸ್ವರ ನುಡಿಸಲು ವಾದ್ಯವನ್ನು ಮೀಟು; | स्वर नुडिसलु वाद्यवन्नु मीटु; | to tune (an instrument preparatory to playing on it); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. काम आदि आरम्भ करना। | ಕೆಲಸ ಆದಿ ಆರಂಭಿಸು | कॅलस आदि आरंभिसु | to commence (a work etc.). |
| **छेद** | पुं. | छिद्र, सुराख। | ರಂಧ್ರ, ತೂತು | रंध्र, तूतु | hole, opening, aperture, perforation. |
| **छेदना** | स.क्रि | 1. छेद करना, सुराख करना; | ತೂತು ಮಾಡು; | तूतु माडु; | to make a hole in, to bore, to pierce, to perforate; |
| | | 2. काटना, छिन्न करना। | ತುಂಡರಿಸು, ಕತ್ತರಿಸು | तुंडरिसु, कत्तरिसु | to cut, to pare, to cut or lop off. |
| **छेना** | पुं. | फटे हुए दूध का वह गाढ़ा अंश जो उसका पानी निकाल देने पर बचा रहता है। | ಒಡೆದ ಹಾಲಿನ ಗಿಣ್ಣು | ऑडॅद हालिन गिण्णु | a kind of cheese. |
| **छेनी** | स्त्री. | धातु, पत्थर आदि काटने का चौड़े फलवाला लोहे का एक उपकरण। | ಉಳಿ | उळि | chisel. |
| **छैल-छबीला** | वि. | बन-ठन कर रहनेवाला, बनाव-सिंगार का शौकीन। | ಷೋಕಿಲಾಲು, ಸೊಗಸುಗಾರ | षोकिलालु, सोगुसुगार | cox-comb, dandy, foppish (person). |
| **छैला** | पुं. | छैल-छबीला, रंगीला पुरुष। | ಷೋಕಿಲಾಲ, ಸೊಗಸುಗಾರ | षोकिलाल, सॉगसुगार | same as'**छैल छबीला**'. |
| **छोकरा** (**छोकरी** स्त्री.) | पुं. | कच्ची उम्र और अक्ल का लड़का। | ಚಿಕ್ಕ ವಯಸ್ಸಿನ ಹುಡುಗ (ಹುಡುಗಿ) | चिक्क बयस्सिन हुडुग (हुडुगि) | boy, lad. |
| **छोटा** | वि. | 1. मान, विस्तार आदि में अपेक्षाकृत कम या थोड़ा; | ಚಿಕ್ಕದಾದ | चिक्कदाद; | small, little, short; |
| | | 2. उम्र में कम; | ಸಣ್ಣ ಪ್ರಾಯದ; | सण्ण प्रायद; | younger (brother, etc.); |
| | | 3. प्रतिष्ठा आदि में औरों से घटकर होनेवाला। | ಕೀಳ್ಮಟ್ಟದ | कीळ्मट्टद | inferior, trivial, low, mean. |
| **छोटी हाजिरी** | स्त्री. | हिन्दुस्तान में रहनेवाले यूरोपियनों का सवेरे का नाश्ता। | (ಭಾರತದಲ್ಲಿರುವ ಇಂಗ್ಲೀಷರ) ಬೆಳಗಿನ ಉಪಾಹಾರ | (भारतदल्लिरुव इंग्लीषर) बॅळगिन उपाहार | the little breakfast (of Europeans). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| छोड़ना | स.क्रि | 1. बंधन से मुक्त करना, स्वतंत्र करना; | ಬಂಧನದಿಂದ ಮುಕ್ತಗೊಳಿಸು; | बंधनदिंद मुक्त-गोळिसु; | to free, to release, to liberate; |
| | | 2. त्याग देना अथवा संबंध विच्छेद करना; | ಬಿಡು, ತ್ಯಜಿಸು; | बिडु, त्यजिसु; | to leave, to relinquish; |
| | | 3. नीचे गिराना, डालना; | ಕೆಳಗೆ ಹಾಕು, ಬೀಳಿಸು; | केळगे हाकु, बीळिसु; | to pour, to let go, to drop; |
| | | 4. कथन, लेख आदि के प्रसंग में आवश्यक अक्षर या पद का प्रयोग न करना; | ಹೇಳಿಕೆ ಬರವಣಿಗೆಗಳಲ್ಲಿ ಅಕ್ಷರ, ಶಬ್ದ ಬಿಟ್ಟು ಹೋಗು; | हेळिके बरवणिगेगळल्लि अक्षर, शब्द बिट्टु होगु; | to omit; |
| | | 5. उपभोग से बचा रहने देना; | ಉಪಯೋಗಿಸದೇ ಬಿಡು; | उपयोगिसदे बिडु; | to leave unused; |
| | | 6. तीर, गोली आदि चलाना; | ಬಾಣ, ಗುಂಡು ಬಿಡು; | बाण, गुंडु बिडु; | to discharge, to throw, to shoot, to fire (an arrow or a gun, etc.), to launch (satellite); |
| | | 7. कोई चीज़ रियायत करते हुए न लेना; | ರಿಯಾಯಿತಿಗಾಗಿ ಬಿಡು; | रियायितिगागि बिडु; | to give concession or rebate, to abandon, to desert, to forsake (payable amount); |
| | | 8. कोई कार्य आदि सौंपना। | ಕಾರ್ಯಭಾರ ವಹಿಸಿಕೊಡು | कार्यभार वहिसि-कोडु | to entrust to, to assign to. |
| छोर | पुं. | नोक, सिरा, किनारा, सीमा। | ತುದಿ, ಅಂಚು, ಎಲ್ಲೆ | तुदि, अंचु, एल्ले | tip, border, edge, end. |
| छोरा (छोरी स्त्री.) | पुं. | लड़का, छोकरा। (छोकरी स्त्री.). | ಹುಡುಗ | हुडुग | boy, lad. |
| छोलदारी (छौलदारी) | स्त्री. | छोटा तम्बू। | ಚಿಕ್ಕ ಗುಡಾರ | चिक्क गुडार | a kind of small tent. |
| छोला | पुं. | हरा चना। | ಹಸಿ ಕಡಲೆ | हसि कडले | green gram. |
| छौंक | स्त्री. | 1. छौंकने की क्रिया या भाव; | ಒಗ್ಗರಣೆ; | ओग्गरणे; | seasoning; |
| | | 2. वह मसाला जिसमें तरकारी, दाल आदि छोंकी जाती हैं। | ಒಗ್ಗರಣೆಗೆ ಹಾಕುವ ಮಸಾಲೆ | ओग्गरणेगे हाकुव मसाले | spices for seasoning food. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **छौंकना** | स.क्रि | दाल, तरकारी को स्वादिष्ट करने के लिए उसमें जीरे, मिर्च, हींग आदि का मिला हुआ कड़कड़ाता हुआ घी या तेल छोड़ना। | ಒಗ್ಗರಣೆ ಹಾಕು | ओग्गरणे हाकु | to season preparation with boiling ghee and spices etc. |
| **छौना** | पुं. | जानवर का छोटा प्यारा बच्चा। | ಯಾವುದೇ ಪ್ರಾಣಿಯ ಕರು, ಸಣ್ಣ ಕರು | यावुदे प्राणिय करु, सण्ण करु | the young one (of an animal). |
| **जंग** | स्त्री. | युद्ध। | ಯುದ್ಧ | युद्ध | battle, war. |
| **जंग** | पुं. | लोहे पर जमनेवाला वह मैला या विकृत अंश जो वायु और नमी के प्रभाव से लोहे में उत्पन्न होता है। | ತುಕ್ಕು | तुक्कु | rust. |
| **जंगम** | वि. | चलनेवाला, चल, जिसे एक स्थान से अन्य स्थान पर ले जाया जा सके। | ಚಲಿಸುವ | चलिसुव | moving, movable. |
| **जंगल** | पुं. | 1. वह स्थान जहां बहुत से वृक्ष और वनस्पतियां अपने-आप उग आई हों; | ಕಾಡು; | काडु; | forest; |
| | | 2. उजाड़, एकांत स्थान। | ಯಾರೂ ಇಲ್ಲದ ಪಾಳು ಜಾಗ | यारू इल्लद पाळु जाग | secluded or unfrequented place. |
| **जंगला** | पुं. | बरामदे, छज्जे आदि के किनारे-किनारे लगी हुई बाड़ जिसमें लोहे या लकड़ी की छड़ें या जाली लगी हो। | ಕಂಬಿಯ ಚೌಕಟ್ಟು, ಅಡ್ಡ ಕಂಬಿ, ಕಟಕಟೆ | कंबिय चौकट्टु, अड्ड कंबि, कटकटे | grating, railing. |
| **जंगली** | वि. | 1. जो पालतू न हो, बनैला; | ಕಾಡಿನ (ಪ್ರಾಣಿ); | काडिन (प्राणि); | wild, savage; |
| | | 2. जंगल कें मिलने या पैदा होनेवाला ; | ಕಾಡಿನಲ್ಲಿ ಬೆಳೆ-ಯುವ; | काडिनल्लि बेळेयुव; | of or pertaining to a forest or wood, |
| | | 3. असभ्य, उजड्ड। | ಅನಾಗರಿಕ, ಒಡ್ಡ | अनागरिक, ओड्ड | uncivilized, barbarian. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **जंगी** | वि. | 1. **युद्धोपयोगी, युद्ध सम्बन्धी;** 2. **बहुत बड़ा, दीर्घकाय।** | ಯುದ್ಧೋಪಯೋಗಿ, ಯುದ್ಧ ಸಂಬಂಧೀ; ಬಹಳ ದೊಡ್ಡ, ದೀರ್ಘಕಾಯ | युद्धोपयोगि, युद्ध संबंधी; बहळ दॊड्ड, दीर्घकाय | martial, relating to war; great, vast, extensive. |
| **जंघा** | स्त्री. | घुटने और कमर के बीच का भाग। | ತೊಡೆ | तॊडॆ | the thigh, upper part of the leg. |
| **जंचना** | अ.क्रि | 1. जांचा, परखा जाना; | ಪರೀಕ್ಷಿಸಲ್ಪಡು; | परीक्षिसल्पडु; | to be examined, to be valued; |
| | | 2. भला जान पड़ना, पसन्द आना। | ಒಪ್ಪಿಗೆ ಆಗು, ಮೆಚ್ಚಿಗೆಯಾಗು | ऒप्पिगॆ आगु, मॆच्चिगॆयागु | to look attractive, to appeal. |
| **जंजाल** | पुं. | झंझट, बखेड़ा, झमेला। | ತಂಟೆ ತಕರಾರು | तंटॆ तकरारु | trouble, entanglement, fuss. |
| **जंजीर** | स्त्री. | धातु की बहुत सी कड़ियों को एक दूसरे में पहनाकर बनाई जानेवाली लड़ी, किवाड़ के पल्ले बंद करने की सिकड़ी, साँकल। | ಸರಪಣಿ, ಸಂಕಲೆ, ಚಿಲಕ | सरपाणि, संकलॆ, चिलक | chain, fetters. |
| **जंतर-मंतर** | पुं. | 1. जादू-टोना; | ಮಾಯಾ-ಮಂತ್ರ; | माया-मंत्र; | magical or mystical ceremonies in which diagrams are drawn and charms or prayers are repeated; |
| | | 2. वेधशाला जहां पर नक्षत्रों की गतिविधि देखी जाती है। | ಗ್ರಹ ನಕ್ಷತ್ರಗಳ ಗತಿವಿಧಿಗಳನ್ನು ನಿರೀಕ್ಷಿಸುವ ಯಂತ್ರಾಗಾರ | ग्रह नक्षत्रगळ गतिविधिगळन्नु निरीक्षिसुव यंत्रागार | observatory. |
| **जंता** | पुं. | सुनारों का तार खींचने का उपकरण। | ತಂತಿ ಎಳೆಯುವ ಉಪಕರಣ, ಕಂಬಚ್ಚು | तंति एळॆयुव उपकरण, कंबच्चु | instrument for drawing wire. |
| **जंतु** | पुं. | प्राणी, जीव, पशु। | ಪ್ರಾಣಿ, ಪಶು, ಜೀವ | प्राणि, पशु, जीव | creature, animal. |
| **जंतु-विज्ञान** | पुं. | जीव-विज्ञान। | ಜೀವ ವಿಜ್ಞಾನ | जीव विज्ञान | biology. |
| **जंतु-शाला** | स्त्री. | वह स्थान जहां प्रदर्शन या अध्ययन के लिए जीवित जंतु रखे जाएं, चिड़ियाघर। | ಜೀವಜಂತು ಪ್ರದರ್ಶನಶಾಲೆ, ಮೃಗಾಲಯ | जीवजंतु प्रदर्शन-शालॆ, मृगालय | zoo. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **जंत्री(जंतरी)** | स्त्री. | 1. सुनारों का एक उपकरण जिससे वे तार खींच कर पतला तथा लंबा करते हैं; | ಕಂಬಚ್ಚು; | कंबच्चु; | perforated plate of steel through which ingots of gold, silver, etc., are drawn into wire; |
| | | 2. पंचांग, तिथिपत्र। | ಪಂಚಾಂಗ | पंचांग | almanac, calendar. |
| **जंबू** | पुं. | जामुन का पेड़ और उसका फल। | ನೇರಳೆ ಗಿಡ ಮತ್ತು ಅದರ ಹಣ್ಣು | नेरळे गिड मत्तु अदर हण्णु | black plum tree and its fruit. |
| **जंबूर (जंबूरा)** | पुं. | चिमटी की तरह का एक उपकरण जिससे कारीगर चीजों को ऐंठते, दबाते या घुमाते हैं। | ಚಿಮುಟ, ಇಕ್ಕಳ | चिमुट, इक्कळ | pliers. |
| **जंभाई (जम्हाई)** | स्त्री. | एक शारीरिक व्यापार जिसमें मनुष्य गहरा सांस लेने के लिए पूरा मुंह खोलता है और थकावट या नींद आने का सूचक होता है। | ಆಕಳಿಕೆ | आकळिके | yawning, gaping. |
| **जंभाना (जम्हाना)** | अ.क्रि | जंभाई लेना। | ಆಕಳಿಸು | आकळिसु | to yawn, to gape. |
| **जई** | स्त्री. | 1. एक प्रसिद्ध मोटा अन्न जिसका पौधा जौ के पौधे से मिलता-जुलता होता है; | ಓಟ್ಸ್ ಧಾನ್ಯ; | ओट्सु धान्य; | oat; |
| | | 2. जौ का छोटा अंकुर जो मंगल द्रव्य माना जाता है; | ಜವೆ ಗೋಧಿಯ ಮೊಳೆ, ಮೊಳಕೆ; | जवे गोधिय मोळे, मोळके; | small shoots of barley (which are carried about in the turbans of Hindus during **dasahara** festival); |
| | | 3. किसी पौधे का अंकुर। | ಮೊಳಕೆ, ಪೈರು | मोळके, पैरु | the first sprouts of germinating rice etc. when the seeds are steeped in water previous to sowing. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| जकड़ | स्त्री. | 1. जकड़ने की क्रिया, ढंग या भाव; | ಬಿಗಿಯಾದ ಹಿಡಿತ; | बिगियाद हिडित; | holding firmly, tightening; |
| | | 2. चारों ओर से दृढ़ बन्धन में होने की अवस्था या स्थिति। | ಹಿಡಿತ | हिडित | grip, grasp. |
| जकड़ना | स.क्रि | इस प्रकार कस कर बांधना कि वह हिल-डुल न सके। | ಅಲುಗಾಡದಂತೆ ಬಿಗಿಸು | अलुगाडदंतं बिगिसु | to tighten, to bind. |
| | अ.क्रि | 1. चारों ओर से कस कर बांधा जाना; | ಬಿಗಿದುಕೊಳ್ಳು; | बिगिदुकॊळ्ळु; | |
| | | 2. शीत आदि के प्रकोप से शरीर अथवा किसी अंग का इस प्रकार ऐंठा जाना कि वह हिल-डुल न सके। | ಸೆಟೆದಿರು | संटेदिरु | |
| जखम (जख्म) | पुं. | 1. आघात आदि के कारण शरीर में लगनेवाली ऐसी चोट जिसमें त्वचा कट-फट या छिल जाती है और रक्त बहने लगता है; | ಗಾಯ; | गाय; | wound, injury; |
| | | 2. हानि। | ಹಾನಿ, ನಷ್ಟ | हानि, नष्ट | damage, loss. |
| जखमी (जख्मी) | वि. | घायल, जिसे जखम लगा हो। | ಗಾಯಗೊಂಡ | गायगॊंड | wounded, injured |
| जग | पुं. | संसार। | ಜಗತ್ತು, ಪ್ರಪಂಚ | जगत्तु, प्रपंच | world, universe. |
| जगत | पुं., | 1. संसार, विश्व; | ಜಗತ್ತು, | जगत्तु; | world, universe; |
| | स्त्री. | 2. कुएं का चबूतरा जोकि उसके चारों ओर बना हुआ होता है और जिस पर खड़े होकर पानी खींचते हैं। | ಬಾವಿ ಕಟ್ಟೆ | बावि कट्टॆ | curb of masonry round a well; |
| जगदंबा | स्त्री. | दुर्गा। | ದುರ್ಗಾದೇವಿ | दुर्गादेवि | the goddess Durga. |
| जगना | अ.क्रि | 1. जागना, नींद से उठना; | ಎಚ್ಚರಗೊಳ್ಳು; | ऍच्चरगॊळ्ळु; | to be awake, wake up; |
| | | 2. अग्नि आदि का प्रदीप्त होना। | ಬೆಂಕಿ ಆದಿ ಹತ್ತು, ಉರಿ | बॆंकि आदि हत्तु, उरि | to be burnt, to sparkle, to glitter. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **जगमग** | वि. | चमकदार, प्रकाशित। | ಥಳಥಳಿಸುವ | थळथाळिसुव | shining, brilliant. |
| **जगमगाना** | अ.क्रि | अपने या दूसरे के प्रकाश से चमकने लगना। | ಪ್ರಕಾಶಿಸು | प्रकाशिसु | to shine, to glimmer. |
| **जगमगाहट** | स्त्री. | जगमगाने की अवस्था या भाव। | ಹೊಳಪು | हॉळपु | shine, glimmer, brilliance. |
| **जगहंसाई** | स्त्री. | लोक निंदा, बदनामी। | ಲೋಕನಿಂದೆ | लोकनिंदे | cause of universal or general laughter, defame. |
| **जगह** | स्त्री. | 1. स्थान; | ಜಾಗ; | जाग; | place; |
| | | 2. बीच में होनेवाला अवकाश या विस्तार; | ಅವಕಾಶ; | अवकाश; | space; |
| | | 3. वह पद या स्थान जहां पर कोई काम करता हो। | ಅಧಿಕಾರ ಸ್ಥಾನ | अधिकार स्थान | post. |
| **जगाना** | स.क्रि | 1. सोते से उठाना; | ಎಚ್ಚರಿಸು; | एंच्चरिसु; | to awaken; |
| | | 2. सजग, सावधान करना; | ಎಚ್ಚರಿಕೆ ಕೊಡು; | एंच्चरिकें कॉडु; | to alert; |
| | | 3. तंत्र मंत्र आदि के प्रसंग में दैवी शक्ति को जागृत करके अपने अनुकूल करने का प्रयत्न करना। | ಮಂತ್ರ ತಂತ್ರಗಳಿಂದ ದೈವೀ ಶಕ್ತಿಯನ್ನು ಎಚ್ಚರಿಸಿ ಆವಾಹಿಸು | मंत्र तंत्रगळिंद दैवी शक्तियन्नु एंच्चरिसि, आवाहिसु | to arouse, to evoke. |
| **जघन** | पुं. | 1. उपस्थ (विशेषतः स्त्रियों का); | (ಹೆಂಗಸರ) ಜಘನ ಪ್ರದೇಶ; | (हेंगसर) जघन प्रदेश; | the hip and loins; |
| | | 2. श्रोणि, नितम्ब; | ನಿತಂಬ | नितंब; | buttocks; |
| | | 3. सेना का पिछला भाग। | ಸೈನ್ಯದ ಹಿಂದಿರುವ ರಕ್ಷಾದಳ | सैन्यद हिंदिरुव रक्षादळ | rear-guard, the reserve of an army. |
| **जघन्य** | वि. | 1. गर्हित, निन्दनीय, हेय; | ನಿಂದನೀಯ, ನೀಚತನದ; | निंदनीय, नीचतनद; | abominable, detested, detestable; |
| | | 2. अंतिम सीमा पर का। | ತೀರ ಹಿಂದುಗಡೆಯ | तीर हिंदुगडेय | hindmost, last. |
| **जच्चा** | स्त्री. | सद्यःप्रसूता, जिसे प्रसव किए 40 दिन न हुए हों। | ಬಾಣಂತಿ | बाणंति | woman confined in child-bed. |
| **जच्चाखाना** | पुं. | प्र 'वगृह, सूतिकागृह। | ಸೂತಿಕಾಗೃಹ, ಹೆರಿಗೆ ಮನೆ | सूतिकागृह हेरिगें मनें | lying in chamber, maternity home. |
| **जच्चा-बच्चा** | पुं. | प्रसूता स्त्री तथा शिशु। | ಮಗು-ಬಾಣಂತಿ | मगु-बाणंति | mother and baby in confinement. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **जज** | पुं. | निर्णायक, फैसला करनेवाला। | ನ್ಯಾಯಾಧೀಶ | न्यायाधीश | judge. |
| **जजमान** | पुं. | 1. यज्ञ करनेवाला; | ಯಜ್ಞಕರ್ತ; | यज्ञकर्त; | one who performs the **yajna** ceremony; |
| | | 2. दक्षिणा आदि देकर ब्राह्मणों से धार्मिक कृत्य करानेवाला; | ಆತಿಥೇಯ; | आतिथेय; | person who institutes the performance of a sacrifice, employs priests for the purpose, and pays the expenses of it; |
| | | 3. यजमान। | ಯಜಮಾನ | यजमान | host. |
| **जजमानी** | स्त्री. | 1. यजमान होने की अवस्था, पद या भाव; | ಯಾಜಮಾನ್ಯ, ಯಜಮಾನಿಕೆ; | याजमान्य, यजमानिक्रॆ; | the state of being a host or **yajna** performer; |
| | | 2. ऐसी वृत्ति जो यजमानों के कृत्य कराने से चलती हो। | ಧರ್ಮಕರ್ಮಗಳನ್ನು ಮಾಡಿಸಿ ಜೀವಿಕೋಪಾರ್ಜನೆ ಮಾಡುವ ವೃತ್ತಿ, ಪೌರೋಹಿತ್ಯ | धर्मकर्मगळन्नु माडिसि जीविकोपार्जनॆ माडुव वृत्ति, पौरोहित्य | occupation of performing yajna by Brahmins on behalf of their clients, for which they are paid. |
| **जटा** | स्त्री. | 1. सिर के लंबे तथा आपस में उलझे हुए बालों की लट; | ಜಟೆ; | जटॆ; | matted hair. |
| | | 2. पेड़-पौधों की जड़ों के आपस में गुथे हुए पतले-पतले रेशों या सूतों का समूह। | ಬಿಳಲು | बिळलु | fibrous root. |
| **जटा-जूट** | पुं. | जटा को लपेट कर बनाया जानेवाला जूड़ा। | ಸುತ್ತಿ ಗಂಟು ಕಟ್ಟಿದ ಜಟೆ, | सुत्ति गंटु कट्टिद जटॆ | matted and braided hair of the head. |
| **जटाधारी** | वि. | जिसके सिर पर जटा हो। | ತಲೆಯ ಮೇಲೆ ಜಟೆಯನ್ನು ಧರಿಸಿದ | तलॆय मेलॆ जटॆयन्नु धरिसिद | wearing matted or twisted or braided hair. |
| **जटित** | वि. | जड़ा हुआ। | ಹುದುಗಿದ | हुदुगिद | studded or set with. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| जटिल | वि. | 1. कठिन, पेचीदा, दुर्बोध उलझा हुआ; | ಕ್ಲಿಷ್ಟವಾದ, ಸಿಕ್ಕಾದ; | क्लिष्टवाद, सिक्काद; | complicated, confused, unintelligible, intermixed; |
| | | 2. जिसके जटाएं हों। | ಜಟೆಯುಳ್ಳ | जटॆयुळ्ळ | having matted or entangled hair. |
| जटिलता | स्त्री. | जटिल होने की अवस्था, गुण या भाव। | ಕ್ಲಿಷ್ಟವಾಗಿ ಇರುವಿಕೆ | क्लिष्टवागि इरुविकॆ | complication, confusion. |
| जठर | पुं. | 1. पेट, कुक्षि; | ಹೊಟ್ಟೆ; | हॊट्टॆ; | stomach, belly, abdomen, womb; |
| | | 2. किसी वस्तु का भीतरी भाग। | ಒಳಭಾಗ | ऒळभाग | interior of anything. |
| | वि. | 1. कड़ा, कठोर; | ಗಡುಸಾದ; | गडुसाद; | hard, stiff, firm; |
| | | 2. बूढ़ा। | ಮುದಿ | मुदि | old. |
| जठराग्नि | स्त्री. | उदर स्थित अग्नि जो आयुर्वेद के मतानुसार आहार को पचाने का काम करती है। | ಜಠರಾಗ್ನಿ | जठराग्नि | the fire of the stomach which helps to digest food. |
| जड़ | वि. | 1. चेतना-रहित, अचेतन; | ಜಡ; | जड; | inanimate; |
| | | 2. मूर्ख, निर्बुद्धि; | ಮೂರ್ಖ; | मूर्ख; | stupid, idiotic; |
| | | 3. अकड़ा हुआ, गतिक्रियारहित, सर्दी से ठिठुरा हुआ; | ಚಳಿಗೆ ಸೆಟೆದು ಗತಿ ಶೂನ್ಯವಾದ; | चळिगॆ सॆटॆदु गति शून्यवाद; | cold, frigid; |
| | | 4. गूंगा। | ಮೂಗ | मूग | dumb. |
| जड़ | स्त्री. | 1. पेड़ पौधे आदि का वह मूल भाग जो पृथ्वी के अन्दर रहता है और पृथ्वी से रस खींचकर पेड़ पौधे का पोषण करता है: | ಬೇರು; | बेरु; | root; |
| | | 2. किसी वस्तु का बिलकुल नीचेवाला भाग; | ತಳ; | तळ; | foundation, base; |
| | | 3. किसी कार्य का मूल कारण या प्रेरक। | ಯಾವುದಾದರೂ ಕೆಲಸದ ಮೂಲ ಕಾರಣ | यावुदादरू कॆलसद मूलकारण | origin. |
| जड़ता | स्त्री. | 1. जड़ होने की अवस्था, गुण या भाव; | ನಿರ್ಜೀವತೆ; | निर्जीवतॆ; | immovableness or inanimateness; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. एक संचारी भाव-यह उस स्तब्धता या चेष्टाहीनता का द्योतक है जो प्रिय व्यक्ति से वियोग होने या भय अथवा आश्चर्य आदि की स्थिति में होती है। | ವಿಯೋಗ, ಭಯ ಅಥವಾ ಆಶ್ಚರ್ಯದಿಂದ ಉಂಟಾಗುವ ನಿಷ್ಕ್ರಿಯತೆ (ಇದು ಒಂದು ಸಂಚಾರಿ ಭಾವ) | वियोग भय अथवा आश्चर्यदिंद उंटागुव निष्क्रियतॆ (इदु ऒंदु संचारि भाव) | insensibility, stupefaction (one of the subordinate feelings). |
| **जड़ना** | स.क्रि | 1. एक वस्तु को किसी दूसरी वस्तु के तल में ठोककर या धंसाकर जमाना; | ಜೋಡಿಸಿ ಬಿಗಿಸು; | जोडिसि बिगिसु; | to fix, to stud; |
| | | 2. किसी प्रकार के रिक्त स्थान में कोई चीज इस प्रकार जमाकर बैठाना कि वह अपने स्थान से इधर-उधर न हो सके; | ಸರಿಯಾಗಿ ಕೂಡಿಸು; | सरियागि कूडिसु; | to fit; |
| | | 3. जोर से आघात या प्रहार करना। | ಜೋರಾಗಿ ಜಡಿ, ಹೊಡೆ | जोरागि जडि, हॊडॆ | to strike. |
| **जड़वाना** | स.क्रि | जड़ने का काम दूसरे से कराना। | ಕೂಡಿಸುವ ಕೆಲಸ ಮಾಡಿಸು | कूडिसुव कलस माडिसु | to cause to be set or studded with; |
| **जड़हन** | पुं. | वह धान जिसके पौधे को एक जगह से उखाड़कर दूसरी जगह बोया जाता है | ಒಂದು ಕಡೆಯಿಂದ ಕಿತ್ತು ಮತ್ತೊಂದು ಕಡೆ ನೆಟ್ಟ ಭತ್ತದ ಪೈರು, ನಾಟಿ | ऒंदु कडॆयिंद कित्तु मत्तॊंदु कडॆ नॆट्ट भत्तद पैरु, नाटि | rice plants which on being sown are transplanted to another field. |
| **जड़ाई** | स्त्री. | 1. जड़ने की क्रिया या भाव; | ಹುದುಗಿಸಿ ಕಟ್ಟುವಿಕೆ; | हुदुगिसि कट्टुविकॆ; | setting (as jewels etc.); |
| | | 2. जड़ने की मजदूरी। | ಹೀಗೆ ಕಟ್ಟಿದುದರ ಕೂಲಿ | हीगॆ कट्टिदुदर कूलि | wages or charges for such wrok. |
| **जड़ाऊ** | वि. | (वह आभूषण) जिसमें रत्न, मोती आदि नग जड़े हुए हों। | ಮುತ್ತು ರತ್ನಗಳನ್ನು ಹುದುಗಿಸಿ ಕಟ್ಟಿದ | मुत्तु रत्नगळन्नु हुदुगिसि कट्टिद | set or studded with jewels. |
| **जड़ित** | वि. | जड़ा हुआ। | ಖಚಿತವಾದ | खचितवाद | studded, bedecked. |
| **जड़िया** | पुं. | नग जड़ने का काम करनेवाला। | ಆಭರಣಗಳಲ್ಲಿ ರತ್ನಗಳನ್ನು ಕಟ್ಟುವವ, ಅಕ್ಕಸಾಲೆ | आभरणगळल्लि रत्नगळन्नु कट्टुवव, अक्कसालॆ | one who sets jewels. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **जड़ी** | स्त्री. | किसी बनस्पति की वह जड़ जो औषध के रूप में काम आती हो। | ಔಷಧಿಗೆ ಉಪಯೋಗಿಸುವ ಬೇರು-ನಾರು | औषधिगें उपयोगिसुव बेरु-नारु | the root of a medicinal herb. |
| **जड़ी-बूटी** | स्त्री. | औषध के काम में आनेवाली जंगली वनस्पतियां और उनकी जड़ें। | ವನೌಷಧಿಗಳು, ನಾರು ಬೇರುಗಳು | वनौषधिगळु, नारु बेरुगळु | medicinal herbs. |
| **जड़ीभूत** | वि. | जिसमें हिलने-डुलने की शक्ति न रह गई हो, निस्पंद। | ಜಡವಾಗಿರುವ, ನಿಸ್ಪಂದ | जडवागिरुव, निस्पंद | become motionless, still. |
| **जतन** | पुं. | यत्न। | ಯತ್ನ, ಪ್ರಯತ್ನ | यत्न, प्रयत्न | same as 'यत्न'. |
| **जतलाना** | स.क्रि | 1. किसी को किसी बात की जानकारी कराना, अवगत कराना;<br>2. आगाह करना, चेताना। | ತಿಳಿವಳಿಕ ಕೊಡು;<br>ಎಚ್ಚರಿಕೆ ಕೊಡು | तिळिवळिकं कोडु;<br>एंच्चरिकं कोडु | to make known, to inform of, to apprise;<br>to caution, to warn. |
| **जताना** | स.क्रि. | जतलाना। | ತಿಳಿವಳಿಕೆ ಅಥವಾ ಎಚ್ಚರಿಕೆ ಕೊಡು | तिळिवळिकं अथवा एंच्चरिकं कोडु | see 'जतलाना'.<br>band, gang, flock. |
| **जन** | पुं. | 1. मनुष्य, व्यक्ति;<br>2. मनुष्य-समूह;<br>3. सेवक, अनुयायी। | ಜನ;<br>ಜನರು;<br>ಸೇವಕ | जन;<br>जनरु;<br>सेवक | man, person;<br>men collectively, the people;<br>servant, page. |
| **जन-आन्दोलन** | पुं. | किसी उद्देश्य की सिद्धि के लिए जनता द्वारा चलाया गया आन्दोलन। | ಜನ ಆಂದೋಳನ, ಚಳುವಳಿ | जन आंदोळन, चळुवळि | mass movement. |
| **जनक** | पुं. | 1. पिता;<br>2. सीता के पिता मिथिला के राजा का नाम। | ತಂದೆ;<br>ಮಿಥಿಲಾ ದೇಶದ ಜನಕ ರಾಜ | तंदं;<br>मिथिलादेशद जनक राज | father;<br>name of the king of Mithila who was the father of Sita, Ram's wife. |
| **जनखा** | पुं. | 1. औरतों जैसी चेष्टा और हाव-भाववाला व्यक्ति;<br>2. हिजड़ा, नपुंसक। | ಹೆಣ್ಣಿಗ;<br>ಷಂಡ, ನಪುಂಸಕ | हॅण्णिग;<br>षंड, नपुंसक | effeminate, womanish;<br>eunuch. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **जनगणना** | स्त्री. | किसी देश के समस्त निवासियों की गणना। | ಜನಗಣನೆ ಖಾನೇಶುಮಾರಿ | **जनगणनॆ खानेशुमारि** | census. |
| **जनजाति** | स्त्री. | जंगलों, पहाड़ों आदि पर रहनेवाली ऐसी पिछड़ी जाति या लोगों का वर्ग जो साधारणतः एक ही पूर्वज के वंशज होते हैं और जिनका प्रायः एक ही पेशा, एक जैसे विचार और एक जैसा रहन-सहन होता है। | ಅನಾಗರಿಕ ಜನರ ತಂಡ, ಬುಡಕಟ್ಟು, ಬಣ, ಕುಲ, ಗಿರಿಜನ-ಪರಿಜನ | अनागरिक जनर तंड, बुडकट्टु, बण, कुल गिरिजन-परिजन | tribe. |
| **जनतंत्र** | पुं. | एक शासन प्रणाली जिसमें देश का शासन जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों द्वारा होता है। | ಜನತಂತ್ರ, ಪ್ರಜಾತಂತ್ರ | **जनतंत्र, प्रजातंत्र** | democracy. |
| **जनता** | स्त्री. | प्रजा, जनसाधारण। | ಜನತೆ, ಪ್ರಜೆ | **जनतॆ, प्रजॆ** | public, masses. |
| **जनन** | पुं. | 1. संतान को जन्म देने या उत्पन्न करने की क्रिया या भाव; | ಹುಟ್ಟಿಸುವಿಕೆ; | **हुट्टिसुविकॆ;** | begetting, giving birth to, producing; |
| | | 2. जन्म, उत्पत्ति, आविर्भाव। | ಹುಟ್ಟುವಿಕೆ | **हुट्टुविकॆ** | birth, production, origination. |
| **जनना** | स.क्रि | जन्म देना, प्रसव करना। | ಹೆರು, ಹುಟ್ಟು | **हॆरु, हुट्टु** | to give brith (to), to bear. |
| **जननी** | स्त्री. | जन्म देनेवाली, मां। | ಹೆತ್ತ ತಾಯಿ | **हॆत्त तायि** | one who gives birth, mother. |
| **जननेंद्रिय** | स्त्री. | वह इंद्रिय जिससे संतान की उत्पत्ति होती है। | ಜನನೇಂದ್ರಿಯ | **जननेंद्रिय** | genital organs, genitals. |
| **जनपद** | पुं. | 1. बस्ती, जिला; | ಜಿಲ್ಲೆ; | **जिल्लॆ;** | habitation, district; |
| | | 2. राज्य, देश; | ರಾಜ್ಯ; | **राज्य;** | empire, inhabited country; |
| | | 3. समुदाय, राष्ट्र। | ಸಮುದಾಯ, ರಾಷ್ಟ್ರ | **समुदाय, राष्ट्र** | community, nation. |
| **जनपदीय** | वि. | जनपद सम्बन्धी। | ಜನಪದಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | **जनपदक्कॆ संबंधिसिद** | relating to district, community etc. |
| **जनप्रवाद** | पुं. | जनता में फैली हुई कोई बात, अफवाह। | ಹರಡಿದ ಸುದ್ದಿ | **हरडिद सुद्दि** | hearsay, r .our. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| जनप्रिय | वि. | जो जनता को प्रिय हो। | ಲೋಕಪ್ರಿಯ | लोकप्रिय | liked by the people, popular. |
| जनमत | पुं. | जनसाधारण की राय। | ಲೋಕಮತ | लोकमत | public opinion. |
| जनमना | अ.क्रि<br>स.क्रि | जन्म लेना, पैदा होना।<br>जन्म देना, प्रसव करना। | ಜನನವಾಗು, ಹುಟ್ಟು<br>ಹೆರು, ಹುಟ್ಟಿಸು | जननवागु, हुट्टु<br>हेरु हुट्टिसु | to be born.<br>to give birth to. |
| जनयित्री | स्त्री. | जन्म देनेवाली, माता। | ಹೆತ್ತ, ತಾಯಿ | हेत्त तायि | one who gives birth, mother. |
| जनरव | पुं. | 1. लोगों का कोलाहल;<br>2. अफवाह, जनश्रुति। | ಕೋಲಾಹಲ;<br>ಹೇಳಿ ಕೇಳಿದ ಸುದ್ದಿ | कोलाहल;<br>हेळि केळिद सुद्दि | noise, clamour;<br>rumour, hearsay. |
| जनवाद | पुं. | 1. जनता में फैली बात, चर्चाका विषय;<br>2. आधुनिक राजनीति का ऐसा सिद्धांत जिसके अनुसार जनसाधारण की इच्छा सर्वोपरि मानी जाती है और नीति-निर्धारण में शासक वर्ग को काफी प्रभावित करती है। | ಹರಡಿದ ಚರ್ಚಾಸ್ಪದ ಸುದ್ದಿ;<br>ಜನಗಳ ಅಭಿಪ್ರಾಯದಂತೆ ಕಾರ್ಯ ನಡೆಸುವ ಒಂದು ರಾಜ್ಯ ಪದ್ಧತಿ, ಗಣತಂತ್ರ ಸಿದ್ಧಾಂತ | हरडिद चर्चास्पद सुद्दि;<br>जनगळ अभिप्राय-दंते कार्य नडेसुव ओंदु राज्य पद्धति, गणतंत्र सिद्धंत | talk of men, rumour, hearsay;<br>republicanism. |
| जनवादी | वि. | जनवाद के सिद्धांत को मानने वाला। | ಜನವಾದಿ | जनवादि | one who believes in republicanism. |
| जनवाना | स.क्रि | जनने अर्थात् प्रसव करने या जन्म देने में सहायक होना। | ಹೆರಿಗೆ ಮಾಡಿಸು | हेरिगे माडिसु | to give help or cause to give birth or to be born. |
| जनवासा | पुं. | बरातियों के ठहरने की जगह। | ಬಿಡದಿ ಮನೆ, ಬೀಗರ ಬಿಡಾರ | बिडदि मने, बीगर बिडार | the place for the stay of the bridegroom and his party at the time of marriage. |
| जनश्रुति | स्त्री. | अफवाह, लोगों में फैली बात। | ಸುದ್ದಿ | सुद्दि | rumour, hearsay. |
| जनसंख्या | स्त्री. | स्थानविशेष में बसनेवालों की संख्या. | ಜನಸಂಖ್ಯೆ | जनसंख्ये | population. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **जनसाधारण** | पुं. | जनता। | ಸಾರ್ವಜನಿಕರು | सार्वजनिकरु | people in general. |
| **जनसेवक** | पुं. | जो जनता की सेवा के काम करता हो। | ಲೋಕಸೇವಕ | लोकसेवक | public servant, social worker. |
| **जनसेवा** | स्त्री. | ऐसे काम जो जनसाधारण या जनता की हितकामना या उपकार के लिए किए जाएं। | ಜನಸೇವೆ | जनसेवे | public service, social service. |
| **जनाजा** | पुं. | अरथी या वह संदूक जिसमें मुसलमान या ईसाई शव रखकर कब्रिस्तान ले जाते हैं। | ಮುಸಲ್ಮಾನ, ಕ್ರೈಸ್ತರ ಹೆಣಸಾಗಿಸುವ ಪೆಟ್ಟಿಗೆ, ಶವಯಾನ | मसल्मान, क्रैस्तर हेण सागिसुव पेट्टिगे, शवयान; | lier (with corpse laid on it). |
| **जनाना** | वि. | 1. स्त्रियों का सा आचरण अथवा उन जैसे हावभाव दिखानेवाला; | ಹೆಣ್ಣಿಗ; | हेण्णिग; | effeminate; |
| | | 2. स्त्री सम्बन्धी, स्त्री की तरह। | ಹೆಂಗಸರಂತಹ | हेंगसरंतह | feminine, womanly. |
| | पुं. | 1. हीजड़ा, नपुंसक; | ಷಂಡ, ನಪುಂಸಕ; | षंड, नपुंसक; | eunuch; |
| | | 2. अन्तःपुर। | ಅಂತಃಪುರ | अंत:पुर | female apartment. |
| **जनानापन** | पुं. | 1. स्त्री होने की अवस्था; 2. नामर्दी। | ಹೆಂಗಸಿನಂತಿರುವಿಕೆ; ಷಂಡತನ | हेंगसिनंतिरुविके; षंडतन | womanishness; impotence. |
| **जनाब** | पुं. | महाशय, महोदय। | ಮಹಾಶಯ, ಅಯ್ಯ, ಬುದ್ಧಿ, ಸ್ವಾಮಿ | महाशय, अय्य, बुद्दि, स्वामि | Sir, your excellency. |
| **जनित** | वि. | उत्पन्न, पैदा हुआ। | ಹುಟ್ಟಿದ | हुट्टिद | born, produced. |
| **जनित्र** | पुं. | 1. भाप, गैस, बिजली आदि उत्पन्न करनेवाला यंत्र; | ಆವಿ, ಗ್ಯಾಸು, ವಿದ್ಯುಚ್ಛಕ್ತಿ ಉತ್ಪಾದನೆ ಯಂತ್ರ | आवि, ग्यासु, विद्युच्छक्ति उत्पादने यंत्र | generator of steam, gas, power etc.; |
| | | 2. जन्म-स्थान, स्रोत। | ಹುಟ್ಟುವ ಜಾಗ, ಮೂಲ | हुट्टुव जाग, मूल | birth place, place of origin. |
| **जनित्री (जनयित्री)** | स्त्री. | जन्म देनेवाली, मां। | ಹೆತ್ತ ತಾಯಿ | हेत्त तायि | progenitrix, mother. |
| **जनून** | पुं. | उन्माद, पागलपन। | ಹುಚ್ಚು | हुच्चु | loss of reason, madness, insanity. |
| **जनेऊ** | पुं. | हिन्दुओं में बालकों के यज्ञोपवीत नामक संस्कार के | ಜನಿವಾರ, ಯಜ್ಞೋಪವೀತ | जनिवार, यज्ञोपवीत | the sacrificial or sacred thread worn |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | समय गले में पहनाया जानेवाला सूत्र, ब्रह्मसूत्र। | | | by the Hindus (over the left shoulder and hanging down diagonally across tl body to the right hip). |
| जनोपयोगी | वि. | जनसाधारण के लिए उपयोगी, हितकर। | ಜನೋಪಯೋಗಿ | जनोपयोगि | of public utility. |
| जन्म | पुं. | 1. गर्भ से निकलकर जीवन धारण करने की क्रिया या भाव, उत्पत्ति; | ಹುಟ್ಟು; | हुट्टु; | birth; |
| | | 2. अस्तित्व में आना, आविर्भाव; | ಅವತಾರ; | अवतार; | to come into existence, origin; |
| | | 3. जीवन, ज़िन्दगी। | ಜೀವನ ಕಾಲ | जीवन काल | life, life-time. |
| जन्मजात | वि. | जन्म से ही, स्वभावतः। | ಒಂದಿಗೆ ಹುಟ್ಟಿದ, ಜನ್ಮತಃ | ऒंदिगे हुट्टिद, जन्मतः | since birth, in-born. |
| जन्मतिथि | स्त्री. | जन्मदिन। | ಹುಟ್ಟಿದ ದಿನ | हुट्टिद दिन | date of birth. |
| जन्मदिन | पुं. | 1. पैदाइश का दिन, जीवन धारण करने का दिन; | ಹುಟ್ಟಿದ ದಿನ; | हुट्टिद दिन; | date of birth; |
| | | 2. तारीख आदि के विचार से प्रतिवर्ष पड़नेवाला किसी के जन्म लेने का दिन जो प्रायः उत्सव के रूप में मनाया जाता है। | ಹುಟ್ಟಿದ ಹಬ್ಬ | हुट्टिद हब्ब | birth day. |
| जन्मपत्री | स्त्री. | वह पत्र या कागज जिसमें किसी के जन्मकाल के ग्रह, नक्षत्रों की स्थिति, उनकी दशा, अन्तर्दशा और उनके शुभाशुभ फल बताए जाते हों। | ಜಾತಕ | जातक | horoscope. |
| जन्मभूमि | स्त्री. | वह ग्राम, नगर, देश जहां किसी का जन्म हुआ हो, जन्म-स्थान। | ಜನ್ಮಭೂಮಿ, ಹುಟ್ಟಿದ ಊರು | जन्मभूमि हुट्टिद ऊरु | motherland. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **जन्मसिद्ध** | वि. | जन्म से प्राप्त, पैदाइशी। | ಹುಟ್ಟಿದಂದಿನಿಂದ ಬಂದ | हुट्टिददिनिंद बंद | inborn, native, innate. |
| **जन्मांतर** | पुं. | अन्य जीवन, दूसरा जन्म। | ಬೇರೆ ಜನ್ಮ, ಎರಡನೆ ಜನ್ಮ | बेरे जन्म, एरडने जन्म | another life, the second birth. |
| **जन्मा** | वि. | वह जिसका जन्म हुआ हो। | ಹುಟ್ಟಿದ | हुट्टिद | born from. |
| **जीवाणु** | पुं. | 1. सेन्द्रिय जीवों का वह मूल और बहुत सूक्ष्म रूप जो विकसित होकर नए जीव का रूप धारण करता है; | ಜೀವಾಣು; | जीवाणु; | bacteria. |
| | | 2. जीवनी शक्ति से युक्त ऐसे अणु जो प्रायः अनेक प्रकार के रोग उत्पन्न करते हैं। | ರೋಗಕಾರಣಗಳಾದ ಜೀವಾಣುಗಳು | रोगकारणगळाद जीवाणुगळु | |
| **जीवात्मा** | स्त्री. | देहस्थ, चैतन्य, वह शक्ति जिसके कारण प्राणी जीवित रहते हैं। | ಜೀವಾತ್ಮ, ಶರೀರದಲ್ಲಿನ ಚೈತನ್ಯ | जीवात्म, शरीरदल्लिन चैतन्य | the individual soul enshrined in the human body. |
| **जीविका** | स्त्री. | वह काम धंधा या वृति जिसके द्वारा मनुष्य को निर्वाह के लिए धन तथा अन्य आवश्यक पदार्थ मिलते हैं। | ಜೀವನೋಪಾಯ | जीवनोपाय | livelihood. |
| **जीवित** | वि. | जीता हुआ, जीवन युक्त। | ಪ್ರಾಣದಿಂದಿರುವ | प्राणदिंदिरुव | living, alive. |
| **जीवी** | वि. | (केवल समास में व्यवहृत) विशिष्ट प्रकार की जीविका से निर्वाह करनेवाला, (से जीनेवाला)। | ಆಧಾರದ ಮೇಲೆ ಜೀವಿಸುವ | आधारद मेलॆ जीविसुव | (generally at the end of comp.) living upon or by. |
| **जुआ** | पुं. | 1. धन आदि को दाव पर लगा कर खेला जानेवाला खेल; वह खेल जिसमें हार जीत होने पर निश्चित राशि विपक्षी से ली जाती है अथवा दी जाती है; | ಜೂಜು; | जूजु; | gambling; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. हल, बैलगाड़ी आदि में जोते जानेवाले बैल के कंधे पर रखे जानेवाली लकड़ी। | ನೊಗ | नोंग | yoke. |
| **जुआरी** | पुं. | जुआ खेलनेवाला। | ಜೂಜುಗಾರ | जूजुगार | gambler. |
| **जुकाम** | पुं. | सरदी-गरमी के योग से होनेवाला वह रोग जिसमें नाक से कफ मिला हुआ पानी निकलता है और सिर भारी जान पड़ता है। | ನೆಗಡಿ | नेंगाडे | cold. |
| **जुगत** | स्त्री. | युक्ति, तरकीब, चतुराई। | ಯುಕ್ತಿ, ಚಾತುರ್ಯ | युक्ति, चातुर्य | means, device, skill. |
| **जुगनू** | पुं. | एक प्रकार का उड़नेवाला कीड़ा जिसका पिछला भाग रात को खूब चमकता है। | ಮಿಣುಕು ಹುಳ, ಮಿಂಚು ಹುಳ | मिणुकु हुळ, मिंचु हुळ | glow-worm, fire-fly. |
| **जुगाड़** | पुं. | इधर-उधर से यत्न करके काम चलाना। | ಯತ್ನಮಾಡಿ ಕೆಲಸ ಸಾಧಿಸುವಿಕೆ | यत्नमाडि कॆलस साधिसुविकॆ | improvisation, manipulation. |
| **जुगाली** | स्त्री. | सींगवाले पशुओं का जल्दी-जल्दी निगले हुए चारे को गले में थोड़ा-थोड़ा निकाल कर पुनः अच्छी तरह से चबाना। | ಮೆಲುಕು ಹಾಕುವಿಕೆ | मॆलुकु हाकुविकॆ | rumination. |
| **जुगुप्सा** | स्त्री. | 1. घृणा; | ಅಸಹ್ಯ, ಜುಗುಪ್ಸೆ; | असह्य, जुगुप्सॆ; | dislike, aversion, disgust, abhorrence; |
| | | 2. वीभत्स रस का स्थायी भाव। | ಭೀಭತ್ಸರಸದ ಸ್ಥಾಯಿಭಾವ | भीभत्स रसद स्थायि भाव | (in rhet.) disgust, considered as the feeling which gives rise to the vibhatsa sentiments. |
| **जुगुप्सित** | पुं. | घृणित। | ಘೃಣಾಸ್ಪದ, ಅಸಹ್ಯಕರ | घृणास्पद, असह्यकर | disliked, disgusted. |
| **जुटना** | पुं.वि. | 1. संयुक्त होना, सटना; | ಸೇರು, ಒಂದಾಗು; | सेरु, ऒंदागु; | to unite, to close (with); |
| | | 2. चीजों, व्यक्तियों आदि का इकट्ठा होना; | ಜನ, ವಸ್ತು ಆದಿ ಒಟ್ಟುಗೂಡು; | जन, वस्तु आदि ऒट्टुगूडु; | to flock; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. किसी कार्य में जी लगाकर योग देना। | ಸಹಕರಿಸು | सहकरिसु | to be engaged in work. |
| **जुटाना** | स.क्रि | 1. इकट्ठा करना; 2. बहुत पास लाकर मिलाना या सटाना। | ಒಂದುಗೂಡಿಸು; ಜೋಡಿಸು | ओंदुगूडिसु; जोडिसु | to collect; to unite closely together, to combine. |
| **जुड़ना** | अ.क्रि | 1. जोड़ा जाना; | ಸೇರು; | सेरु; | to be attached or added; |
| | | 2. इकट्ठा होना; | ಸೇರಿ ಒಂದಾಗು; | सेरि ओंदागु; | to collect (as gathering); |
| | | 3. जुटना। | ಒಟ್ಟುಗೂಡು | ओट्टुगूडु | to be procured. |
| **जुड़वां** | वि. | दो बच्चे जिनका जन्म एक ही समय में कुछ आगे-पीछे हुआ हो। | ಅವಳಿ ಜವಳಿ ಮಕ್ಕಳು | अवळि जवळि मक्कळु | twin, twins. |
| **जुड़वाना (जोड़वाना)** | स.क्रि | जोड़ बैठवाना, मिलवाना या लगाना। | ಸೇರುವಂತೆ ಮಾಡು, ಸೇರಿಸು | सेरुवंते माडु, सेरिसु | to cause to join, to cause to adhere. |
| **जुड़ाई** | स्त्री. | जुड़वाने या जोड़ लगवाने की क्रिया, भाव या मजदूरी। | ಜೋಡಿಸುವಿಕೆ, ಜೋಡಿಸಿದುದರ ಕೂಲಿ | जोडिसुविकें, जोडिसिदुदर कूलि | the act or wages of joining. |
| **जुतना** | अ.क्रि | 1. घोड़े, बैल आदि का गाड़ी में जोता जाना; | ನೊಗ ಹೂಡು; | नोग हूडु; | to be yoked; |
| | | 2. खेत आदि का जोता जाना; | ನೇಗಿಲು ಹೂಡಿ ಉಳು; | नेगिलु हूडि उळु; | to be tilled; |
| | | 3. जी लगाकर किसी कार्य में लगना। | ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ತೊಡಗು | कॆलसक्कॆ तॊडगु | to be engaged in work. |
| **जुतवाना** | स.क्रि | जोतने का कार्य कराना। | ನೊಗ ಗಾಡಿ ಆದಿ ಹೂಡಿಸು, ಹೊಲಗದ್ದೆ ಆದಿ ಉಳಿಸು | नोग गाडि आदि, हूडिसु, हॊल गद्दे आदि उळिसु | to cause to be yoked, to have (a field, etc.) ploughed or tilled (by). |
| **जुताई** | स्त्री. | जुतने या जोते जाने की क्रिया, भाव या मजदूरी। | ಉಳುಮೆ, ಉತ್ತುದರ ಕೂಲಿ | उळुमॆ, उत्तुदर कूलि | ploughing, tillage. |
| **जुतियाना** | स.क्रि | जूते लगाना (बुरी तरह अपमानित करना)। | ಅವಮಾನಗೊಳಿಸು, ಪಾದರಕ್ಷಾ ಪ್ರಯೋಗಮಾಡು | अवमानगॊळिसु, पादरक्षा प्रयोगमाडु | to beat with a shoe or slipper (deemed an act of great degradation). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **जुतौवल** | स्त्री. | ऐसी लड़ाई जिसमें दोनों पक्ष एक दूसरे पर जूतों का प्रहार करते हैं। | ಎಕ್ಕಡದೇಟಿನ ಜಗಳ | ऍक्कडदेटिन जगळ | a shoe fight. |
| **जुदा** | वि. | अलग, पृथक, भिन्न। | ಬೇರೆಯಾದ, ಭಿನ್ನವಾದ | बॆरॆयदाद, भिन्नवाद | separate, apart, distinct. |
| **जुदाई** | स्त्री. | पार्थक्य, वियोग, विलगाव। | ಬೇರೆಯಾಗುವಿಕೆ, ವಿಯೋಗ | बॆरॆयागुविकॆ, वियोग | separation, parting. |
| **जुमला** | वि. | कुल, तमाम, सब। | ಒಟ್ಟು. | ऒट्टु | aggregate, sum total, whole. |
| | पुं. | वाक्य। | ವಾಕ್ಯ | वाक्य | sentence. |
| **जुरमाना (जुर्माना)** | पुं. | किसी अपराध अथवा चूक के दण्डस्वरूप दी जानेवाली राशि-अर्थदण्ड। | ಜುಲ್ಮಾನೆ, ಅರ್ಥದಂಡ | जुल्मानॆ, अर्थदंड | fine, penalty. |
| **जुर्म** | पुं. | वह काम जो कानून में दंडनीय माना गया हो, अपराध। | ಅಪರಾಧ | अपराध | crime, offence. |
| **जुर्राब (जुराब)** | स्त्री. | ऊन या सूत का बुना हुआ पैरों का एक प्रसिद्ध पहनावा, मौजा। | ಕಾಲುಚೀಲ | कालुचील | socks, stocking. |
| **जुलाब (जुल्लाब)** | पुं. | दस्त लानेवाली दवा, विरेचन। | ಭೇದಿ ಔಷಧಿ, ವಿರೇಚನ | भेदि औषधि, विरेचन | purgative. |
| **जुलाहा** | पुं. | कपड़ा बुननेवाला, तंतुवाय। | ನೇಕಾರ, ನೆಯ್ಗೆಯವ | नेकार, नॆय्गॆयव | weaver. |
| **जुल्फ** | स्त्री. | बालों की मुड़ी हुई लट। | ಗುಂಗುರು ಕೂದಲು | गुंगुरु कूदलु | curling lock of hair, ringlet |
| **जुल्म** | पुं. | अन्याय, जबरदस्ती, अत्याचार। | ಅನ್ಯಾಯ, ಅತ್ಯಾಚಾರ, ದಬಾವಣೆ | अन्याय, अत्याचार, दबावणॆ | injustice, oppression, tyranny. |
| **जुल्मी** | वि. | जालिम, अत्याचारी। | ಅನ್ಯಾಯಿ, ಅತ್ಯಾಚಾರಿ | अन्यायि, अत्याचारि | oppressive, tyrannical. |
| **जूं** | स्त्री. | मैल और पसीने के कारण सिर में होनेवाला एक नन्हा कीड़ा। | ಹೇನು | हेनु | louse. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| जूझना | अ. क्रि. | 1. शारीरिक बल लगाते हुए किसीसे लड़ना, हाथापाई करना; | ಶಕ್ತಿ ಪ್ರಯೋಗಿಸಿ ಹೊಡೆದಾಡು; | शक्ति प्रयोगिसि होडॆदाडु; | to fight or to combat; |
| | | 2. शारीरिक बल लगाते हुए प्रयत्न करना। | ಬಲ ಉಪಯೋಗಿಸಿ ಪ್ರಯತ್ನಿಸು | बल उपयोगिसि प्रयत्निसु | to struggle. |
| जूठन | स्त्री. | खाकर छोड़ा हुआ भोजन। | ಉಂಡು ಉಳಿದ ಭೋಜನ, ಎಂಜಲು | उंडु उळिद भोजन, ऍंजलु | leavings (of food etc.). |
| जूठा | वि. | 1. खाकर छोड़ा हुआ, उच्छिष्ट; 2. जिसे किसीने मुंह लगाकर, कुछ खाकर या पीकर अपवित्र कर दिया हो। | ತಿಂದು ಮಿಕ್ಕ, ತಿಂದು ಉಳಿದ; ಎಂಜಲಾದ | तिंदु मिक्क, तिंदु उळिद; ऍंजलाद | leavings of food etc; defiled by eating or drinking. |
| जूड़ा | पुं. | सिर के बालों को लपेटकर बनाया हुआ बालों का आकार विशेष। | ಬಾಚಿ ಕಟ್ಟಿದ ತಲೆಗೂದಲ ಗಂಟು, ಹೆರಳು | बाचि कट्टिद तलॆगूदल गंटु, हॆरळु | bun-shaped hair-do. |
| जूड़ी | स्त्री. | जाड़े और कंप के साथ आनेवाला ज्वर, विषम ज्वर, शीत | ವಿಷಮಜ್ವರ, ಚಳಿ ಬಂದು ಬರುವ ಜ್ವರ | विषम ज्वर चळि बंदु बरुव ज्वर | ague, malarial fever. |
| जूता (जूती) | पुं. (स्त्री.) | कंकड़–मिट्टी से पांवों को बचाने के लिए चमड़े आदि का बना हुआ पादत्राण। | ಮೆಟ್ಟು, ಚಪ್ಪಲಿ | मॆट्टु, चप्पलि | shoe. |
| जून | पुं. | 1. समय, बेला, दिन का आधा भाग; | ಹೊತ್ತು, ದಿನದ ಅರ್ಧಭಾಗ; | होत्तु, दिनद अर्धभाग; | time, period, one half of the day; |
| | | 2. ईसाई संवत् का छठा महीना। | ಜೂನ್ ತಿಂಗಳು | जून् तिंगळु | June. |
| जूना | पुं. | बर्तन आदि साफ करने अथवा गठरी आदि बांधने के लिए घास फूंस बटकर बनाई हुई रस्सी। | ಹುಲ್ಲು ಹೊಸೆದು ಮಾಡಿದ ಹುರಿ, ಹಗ್ಗ | हुल्लु हॊसॆदु माडिद हुरि, हग्ग | a rope of grass for cleaning vessels or for tying a bundle. |
| जूही | स्त्री. | चमेली की तरह का एक पौधा जिसके फूलों की गंध भीनी तथा मधुर होती है। | ಮಲ್ಲಿಗೆ ಜಾತಿಯ ಸುಗಂಧ ಬೀರುವ ಹೂ | मल्लिगॆ जातिय सुगंध बीरुव हू | a kind of jasmine. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **जेटी** | स्त्री. | पानी के ऊपर बना हुआ लकड़ी आदि का वह चबूतरा जिस पर से जहाज पर माल चढ़ाया उतारा जाता है। | ತೆಪ್ಪ, ಹಡಗಿಗೆ ಮಾಲು ಏರಿಸಲು ಇಳಿಸಲು ಮಾಡಿದ ಹಲಗೆಗಳ ಅಟ್ಟ | तेप्प, हडगिग मालु एरिसलु इलिसलु माडिद हलगॆगळ अट्ट | jetty. |
| **जेठ** | पुं. | 1. पति का बड़ा भाई; | ಗಂಡನ ಅಣ್ಣ, ಭಾವ; | गंडन अण्ण, भाव; | husband's elder brother; |
| | | 2. वैशाख और आषाढ़ के बीच का महीना। | ಜ್ಯೇಷ್ಠಮಾಸ | ज्येष्ठमास | third month of the Indian calendar. |
| **जेठा** | वि. | अवस्था में ओरों से बड़ा। | ಹಿರಿಯ | हिरिय | elder (son, brother etc.). |
| **जेठानी** | स्त्री. | पति के बड़े भाई की स्त्री। | ಗಂಡನ ಅಣ್ಣನ ಹೆಂಡತಿ | गंडन अण्णन हेंडति | wife of husband's elder brother. |
| **जेता** | वि. | जीतनेवाला, विजयी। | ಜಯಶಾಲಿ | जयशालि | victorious, triumphant, conqueror. |
| **जेब** | पुं. | कुरते, कमीज आदि में रुपये-पैसे आदि रखने के लिए लगी हुई थैली। | ಜೇಬು | जेबु | pocket. |
| **जेबकतरा** | पुं. | दूसरे की जेब काटकर पैसे निकालनेवाला। | ಜೇಬುಗಳ್ಳ | जेबुगळ्ळ | pick-pocket. |
| **जेबखर्च** | पुं. | निजी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मिलनेवाला धन। | ಸ್ವಂತ ಖರ್ಚಿಗಾಗಿ ಇರಿಸಿದ ಅಥವಾ ದೊರೆಯುವ ಹಣ | स्वंत खर्चिगागि इरिसिद अथवा दॊरॆयुव हण | pocket expense, pocket money. |
| **जेबी** | वि. | 1. जेब में रखा जानेवाला; | ಕಿಸೆಗೆ ಸೇರಿದ; | किसॆगॆ सेरिद; | of or belonging to the pocket; |
| | | 2. इतना छोटा कि जेब में रखा जा सके। | ಕಿಸೆಯಲ್ಲಿರಿಸುವಷ್ಟು | किसॆयल्लिरिसुवष्टु | fit for the pocket. |
| **जेर** | स्त्री. | आंवल। | ಗರ್ಭದಲ್ಲಿನ ಶಿಶುವಿಗೆ ಸುತ್ತಿಕೊಂಡಿರುವ ಪೊರೆ | गर्भदल्लिन शिशुविगॆ सुत्तिकॊंडिरुव पॊरॆ | the membrane in which the foetus is enveloped. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **जेल** | स्त्री. | वह घिरा हुआ स्थान जहां अपराधियों को राज्य की ओर से दंड भोगने के लिए बंद रखा जाता है, कैदखाना। | ಬಂದಿಖಾನೆ, ಜೈಲು | बंदिखाने, जैलु | prison, gaol, jail. |
| **जेलखाना** | पुं. | कैदखाना, कारागार। | ಕಾರಾಗಾರ, ಜೈಲು | कारागार, जैलु | prison, jail. |
| **जेवर** | पुं. | गहना, आभूषण। | ಒಡವೆ, ಆಭೂಷಣ | ओडवे, आभूषण | ornament, jewellery. |
| **जैतून** | पुं. | एक सदाबहार पेड़ जिसका फल खाया जाता है और बीजों का तेल खाने और दवा के काम में लाया जाता है। | ಆಲಿವ್ ಗಿಡ- ಇದರ ಹಣ್ಣನ್ನು ತಿನ್ನಲು ಮತ್ತು ಬೀಜವನ್ನು ಎಣ್ಣೆ ತಯಾರಿಸಲು ಉಪಯೋಗಿಸುತ್ತಾರೆ | आलिवगिड्- इदर हण्णन्नु- तिन्नलु मत्तु बीजवन्नु एण्णे तयारिसलु उपयोगिसुत्तारे | the olive tree, an olive. |
| **जैन** | पुं. | 1. एक प्रसिद्ध अनीश्वर-वादी धार्मिक संप्रदाय जिसके प्रमुख एवं अंतिम तीर्थकर महावीर थे; | ಮಹಾವೀರನಿಂದ ಪ್ರವರ್ತಿತವಾದ ಒಂದು ಪ್ರಸಿದ್ಧ ಧರ್ಮ, ಜೈನಧರ್ಮ; | महावीरनिंद प्रवर्तितवाद ओंदु प्रसिद्ध धर्म, जैनधर्म; | an atheist religious community whose chief and last Tirathankar (god) is Lord Mahavira; |
| | | 2. उक्त सम्प्रदाय का अनुयायी। | ಜೈನಧರ್ಮಾವಲಂಬಿ | जैनधर्मावलंबि | follower of the Jain sect. |
| **जैव** | वि. | जीव सम्बन्धी, जीव का। | ಜೀವದ | जीवद | belonging to **जीव** or the soul. |
| **जैविक** | वि. | जीव सम्बन्धी, जीव का। | ಜೀವಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | जीवक्के संबंधिसिद | same as '**जैव**' |
| **जैविकी** | स्त्री. | जीव-विज्ञान। | ಜೀವ ವಿಜ್ಞಾನ | जीव विज्ञान | biology. |
| **जैसा** | वि. | 1. जिस तरह का, जिस आकार प्रकार या रंग-रूप का; | ಯಾವ ರೀತಿಯ; | याव रीतिय; | alike; |
| | | 2. समान, सदृश। | ಸಮಾನ, ಸದೃಶ | समान, सदृश | similar to. |
| **जैसे** | क्रि. वि. | 1. जिस तरह, जिस रीति से, ज्यों; | ಹೇಗೆ; | हेगे; | as, as if; |
| | | 2. उदाहरणार्थ, यथा। | ಉದಾಹರಣೆಗಾಗಿ | उदाहरणेगागि | for example. |
| **जैसे तैसे** | क्रि. वि. | किसी प्रकार। | ಹೇಗಾದರೂ | हेगादरू | somehow. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **जोंक** | स्त्री. | पानी का एक कीड़ा जो प्राणियों की देह में चिपककर उनका खून चूसता है। | ಜಿಗಣೆ | जिगणं | leech. |
| **जो** | सर्व. | एक सम्बन्ध वाचक सर्वनाम जिसका प्रयोग पहले कही हुई किसी बात अथवा पहले आई हुई संज्ञा, सर्वनाम या पद के संबंध में कुछ और कहने से पहले किया जाता है। | ಸಂಬಂಧ ಸೂಚಕ ಸರ್ವನಾಮ ಯಾವ | संबंध सूचक सर्वनाम याव | who, which, what, that. |
| | वि. | किसी अज्ञात अथवा अनिश्चित बात का सूचक। | ಅಜ್ಞಾತ ಅಥವಾ ಅನಿಶ್ಚಿತ ಮಾತಿನ ಸೂಚಕ | अज्ञात अथवा अनिश्चित मातिन सूचक | |
| **जोखिम** | स्त्री. | हानि, अनिष्ट, घाटे की संभावना, खतरा। | ಹಾನಿ, ನಷ್ಟ ಅಪಾಯ | हानि, नष्ट, अपाय | risk, danger. |
| **जोगिया** | वि. | मटमैलापन लिए लाल, गेरुआ। | ಕಾಷಾಯ ಬಣ್ಣದ | काषाय बण्णद | the colour worn by jogis, |
| | पुं. | एक प्रकार का लाल रंग जो कुछ मटमैलापन लिए होता है। | ಕಾಷಾಯ ಬಣ್ಣ | काषाय बण्ण | a reddish-yellow colour. |
| **जोगी (जोगिन)** | पुं. (स्त्री.) | पंथी जंगम शैव साधु, भिक्षाजीवी गृहस्थ साधुओं का एक समुदाय। | ಯೋಗಿ, ಸಾಧು | योगि, साधु | ascetic. |
| **जोड़** | पुं. | 1. जुड़ने या जुड़े हुए होने की अवस्था, क्रिया या भाव; | ಜೋಡಣೆ; | जोडणं; | addition; |
| | | 2. कई संख्याएं जोड़ने से आने वाली संख्या; | ಮೊತ್ತ; | मोंत्त; | total; |
| | | 3. वह स्थान जहां दो वस्तुएं या टुकड़े जुड़ें, संधिस्थान; | ಎರಡು ವಸ್ತುಗಳು ಸೇರಿರುವ ಸ್ಥಳ; | एरडु वस्तुगळु सेरिरुव स्थळ; | joint. |
| | | 4. जोड़ा जानेवाला टुकड़ा; | ತೇಪೆ; | तेपं; | patch; |
| | | 5. गुण, धर्म आदि के विचार से होनेवाली समानता। | ಗುಣಧರ್ಮಾದಿಗಳಲ್ಲಿನ ಸಮಾನತೆ, ಜೋಡಿ | गुण धर्मादि-गळल्लिन समानतं, जोडि | match. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **जोड़-तोड़** | पुं. | कार्य साधन के लिए चालाकी और दाव-पेंच से मिली हुई कार्यवाही। | ಕಾರ್ಯಸಿದ್ಧಿಗಾಗಿ ಮಾಡುವ ಯುಕ್ತಿಸಾಧನೆ | कार्यसिद्धिगागि-माडुव युक्ति साधने | manoeuvring, contrivance, machination. |
| **जोड़दार** | वि. | जोड़वाला। | ಜೋಡಣೆಯಾಗಿರುವ, ಜಂಟಿಯಾದ | जोड़णयागिरुव, जंटियाद | jointed, having joints. |
| **जोड़ना** | स. क्रि. | 1. दो वस्तुओं या टुकड़ों को एक दूसरे के साथ चिपकाना, सीना, मिलाना आदि; | ಜೋಡಿಸು, ಅಂಟಿಸು; | जोडिसु, अंटिसु; | to join, to unite, to bind; |
| | | 2. टूटी हुई वस्तु के टुकड़ों को मिलाना जिससे वह पूरी हो जाए और पहले की तरह काम देने लगे; | ಸೇರಿಸು; | सेरिसु; | to connect, to attach; |
| | | 3. गणित में संख्याओं को जमा करना; | ಗಣಿತದಲ್ಲಿ ಕೂಡು; | गणितदल्लि कूडु; | to add; |
| | | 4. बटोरना, संचय करना। | ಒಂದುಗೂಡಿಸು | ओंदुगूडिसु | to collect, to amass. |
| **जोड़वाई (जुड़वाई)** | स्त्री. | जुड़वाने की क्रिया, भाव या मजदूरी। | ಜೋಡಿಸುವಿಕೆ, ಜೋಡಿಸಿದುದರ ಕೂಲಿ | जोडिसुविके, जोडिसिदुदर कूलि | the act or wages of joining, binding, collecting etc. |
| **जोड़ा** | पुं. | 1. एक सी या एक साथ काम में आनेवाली दो वस्तुएं; | ಜಂಟಿ, ಜೋಡಿ; | जंटि, जोडि; | pair; |
| | | 2. एक ही प्रकार के जीवों का नर-मादा का युग्म। | ಗಂಡು ಹೆಣ್ಣಿನ ಜೋಡಿ | गंडु हेण्णिन जोडि | couple. |
| **जोड़ाई (जुड़ाई)** | स्त्री. | जोड़ने की क्रिया, भाव या मजदूरी। | ಜೋಡಿಸುವಿಕೆ, ಅದರ ಕೂಲಿ | जोडिसुविके, अदर कूलि | the act or wages of joining etc. |
| **जोड़ी** | स्त्री. | एक ही आकार-प्रकार और गुणधर्मवाली या साथ-साथ रहनेवाली दो वस्तुएं या प्राणी। | ಜೋಡಿ | जोडि | pair, couple. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **जोड़ीदार** | पुं. | 1. बराबर का होकर रहनेवाला;<br>2. साथी। | ಸರಿಸಮಾನ;<br>ಸ್ನೇಹಿತ | सरिसमान;<br>स्नेहित | equal partner;<br>companion. |
| | वि. | मुकाबले का। | ಸರಿಸಮಾನವಾದ | सरिसमानवाद | matching, of equal strength or prowess. |
| **जोत** | स्त्री. | भूमि का वह टुकड़ा जिस पर खेती की जाए। | ಉಳಿಮೆ ಭೂಮಿ | उळिमॆ भूमि | tillage. |
| **जोतना** | स. क्रि. | 1. खेत को बोए जाने के योग्य बनाने के लिए उसमें हल चलाना;<br>2. घोड़े, बैल आदि को गाड़ी आदि में उसे खींचने के लिए बांधना;<br>3. किसीको उसकी इच्छा के विरुद्ध काम पर लगाना। | ಉಳು;<br>ಹೂಡು;<br>ಇಷ್ಟವಿಲ್ಲದವರಿಂದ ಬಲವಂತಮಾಡಿ ಕೆಲಸ ಮಾಡಿಸು | उळु;<br>हूडु;<br>इष्टविल्लदवरिंद बलवंतमाडि कॆलस माडिसु | to plough, to till;<br>to yoke;<br>to harness to work. |
| **जोताई (जुताई)** | स्त्री. | जोतने की क्रिया, भाव या मजदूरी। | ಉಳುಮೆ ಮಾಡುವಿಕೆ, ಉತ್ತುವರ ಕೂಲಿ | उळुमॆ माडुविकॆ उत्तुदर कूलि | act or wages of tilling etc. |
| **जोबन** | पुं. | युवावस्था होने की अवस्था या भाव। | ಯುವಾವಸ್ಥೆ | युवावस्थॆ | youth, puberty. |
| **जोर** | पुं. | 1. शक्ति, ताकत, सामर्थ्य;<br>2. प्रबलता, वेग, तेजी;<br>3. काम में लिए जाने से पड़नेवाला दबाव या दुष्प्रभाव;<br>4. किसी बात पर दिया जानेवाला बल। | ಬಲ;<br>ವೇಗ;<br>ಕೆಲಸದಲ್ಲಿ ತ್ವರೆ;<br>ಬಲಪ್ರಯೋಗ | बल;<br>वेग;<br>कॆलसदल्लि त्वरॆ;<br>बलप्रयोग | strength, prowess;<br>force;<br>stress, strain;<br>emphasis. |
| **जोर-जुल्म** | पुं. | अत्याचार। | ಅತ್ಯಾಚಾರ | अत्याचार | injustice, tyranny. |
| **जोरदार** | वि. | बलशाली, प्रभावशाली। | ಬಲಶಾಲಿ, ಪ್ರಭಾವ ಬೀರುವಂತಹ | बलशालि, प्रभाव बीरुवंतह | powerful, strong, influential. |
| **जोर-शोर** | पुं. | किसी कार्य को पूरा करने के लिए लगाया जानेवाला जोर और दिखाया जानेवाला उत्साह एवं प्रयास। | ಜೋರು, ಉತ್ಸಾಹ, ಹುರುಪು | जोरु, उत्साह, हुरुपु | enthusiasm, zest, fast tempo. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **जोरू** | स्त्री. | पत्नी, भार्या | ಹೆಂಡತಿ | हंडति | wife. |
| **जोरू जांता** | पुं. | घरगृहस्थी, बाल-बच्चे। | ಹೆಂಡತಿ-ಮಕ್ಕಳು, ಸಂಸಾರ, ಪರಿವಾರ | हंडति-मक्कळु, संसार, परिवार | family. |
| **जोश** | पुं. | 1. उत्साह, आवेश; | ಉತ್ಸಾಹ, ಹುಮ್ಮಸ್ಸು; | उत्साह, हुम्मस्सु; | zeal, fervour, vigour; |
| | | 2. उफान, उबाल। | ಆವೇಶ | आवेश | boiling. |
| **जोश खरोश** | पुं. | आवेश। | ಆವೇಶ | आवेश | excitement. |
| **जोशीला** | वि. | जोश से भरा हुआ। | ಹುರುಪಿನಿಂದ ಕೂಡಿದ, ಉತ್ಸಾಹ ಭರಿತ | हुरुपिनिंद कूडिद, उत्साहभरित | zealous, spirited, vigorous. |
| **जोहना** | स. क्रि. | प्रतीक्षा करना, राह देखना। | ನಿರೀಕ್ಷಿಸು, ಹಾದಿ-ನೋಡು, ಕಾಯು | निरीक्षिसु, हादि नाडु, कायु | to wait for, to look longingly or eagerly. |
| **जौ** | पुं. | एक प्रसिद्ध पौधा जिसके दानों को पीस कर बनाया हुआ चूर्ण रोटी बनाने के काम आता है। | ಜವೆ | जवे | barley. |
| **जौहर** | पुं. | 1. युद्ध में शत्रु की विजय निश्चित होने पर राजपूत स्त्रियों का दहकती हुई विशाल चिता में एक साथ प्रवेश कर जाना; | ರಾಜಪೂತ ಸ್ತ್ರೀಯರು ತಮ್ಮವರ ಸೋಲಿನ ಸಂದರ್ಭದಲ್ಲಿ ಆಚರಿಸುತ್ತಿದ್ದ ಅಗ್ನಿ ಪ್ರವೇಶ ವ್ರತ, ಜೌಹರ್; | राजपूत स्त्रीयरु तम्मवर सोलिन संदर्भदल्लि आचरिसुत्तिद्द अग्निप्रवेश व्रत, जौहर्; | valour; |
| | | 2. गुण, खूबी। | ಚಾತುರ್ಯ, ಗುಣ | चातुर्य, गुण | skill. |
| **जौहरी** | पुं. | 1. जवाहरात का रोजगार करनेवाला, रत्न–व्यापारी; | ರತ್ನಪಡಿ ವ್ಯಾಪಾರಿ; | रत्नपडि व्यापारि; | jeweller; |
| | | 2. पारखी। | ಗುಣಗ್ರಾಹಿ, ಪರೀಕ್ಷಕ | गुणग्राहि, परीक्षक | tester. |
| **ज्ञात** | वि. | जाना हुआ, विदित। | ಅರಿತ, ತಿಳಿದ | अरित, तिळिद | known, ascertained. |
| **ज्ञातव्य** | वि. | जानने योग्य, जो जाना जा सके। | ಅರಿಯಬೇಕಾದ | अरियबेकाद | to be known or understood, conceivable, comprehensible. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **ज्ञाता** | वि. | जाननेवाला, जानकार। | ಅರಿತವ | अरितव | one who knows, knowing. |
| **ज्ञाति** | पुं. | एक ही गोत्र या वंश में उत्पन्न मनुष्य, भाई-बंधु। | ಜ್ಞಾತಿಗಳು, ದಾಯಾದಿ | ज्ञातिगळु, दायादि | kinsman. |
| **ज्ञान** | पुं. | जानकारी, बोध। | ತಿಳಿವಳಿಕೆ | तिळिवळिकॆ | knowledge. |
| **ज्ञानवान** | वि. | 1. जानकार;<br>2. आत्मा तथा परमात्मा के अभेद का ज्ञाता। | ತಿಳಿವಳಿಕೆಯುಳ್ಳ;<br>ಆತ್ಮ ಮತ್ತು ಪರಮಾತ್ಮದ ಅಭೇದವನ್ನು ಅರಿತ | तिळिवळिकॆयुळ्ळ;<br>आत्म मत्तु परमात्मद अभेदवन्नु अरित | knowing;<br>one who has spiritual knowledge. |
| **ज्ञानवृद्ध** | वि. | ज्ञान में बड़ा। | ಜ್ಞಾನವಂತ, ಜ್ಞಾನಿ | ज्ञानवंत, ज्ञानि | advanced in knowledge. |
| **ज्ञानी** | वि. | ज्ञानवान। | ಜ್ಞಾನಿ | ज्ञानि | wise, learned, knowledgeable. |
| **ज्ञानेन्द्रिय** | स्त्री. | आंख, कान, नाक, जीभ और त्वचा ये पांच इन्द्रियां जिनसे भौतिक विषयों का ज्ञान होता है। | ಜ್ಞಾನೇಂದ್ರಿಯ | ज्ञानेंद्रिय | knowledge organ, an organ of sensation. |
| **ज्ञापक** | वि. | जतानेवाला, सूचक, बोधक। | ನೆನಪು ಮಾಡುವ, ಸೂಚಿಸುವ, ತಿಳಿಸುವ | नॆनपु माडुव, सूचिसुव, तिळिसुव | making or causing to know, giving information, proclaiming. |
| **ज्ञापन** | पुं. | 1. कोई बात किसीको बताने या सूचित करने की क्रिया या भाव;<br>2. ऐसा पत्र जिसमें किसी अधिकारी को किसी बात या शिकायत आदि से अवगत कराया जाए। | ತಿಳಿಯಪಡಿಸುವಿಕೆ;<br>ವಿಜ್ಞಪ್ತಿ | तिळियपडिसुविकॆ;<br>विज्ञप्ति | making known, notifying;<br>memorandum. |
| **ज्ञापित** | वि. | जतलाया या बतलाया हुआ। | ತಿಳಿಯಪಡಿಸಿದ | तिळियपडिसिद | made known, informed, notified. |
| **ज्ञेय** | वि. | जानने योग्य, जो जाना जा सके। | ತಿಳಿದುಕೊಳ್ಳಲು ಯೋಗ್ಯವಾದ | तिळिदुकॊळ्ळलु योग्यवाद | to be known, perceptible. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **ज्या** | स्त्री. | 1. धनुष की डोरी;<br>2. चाप के सिरों को मिलानेवाली सीधी रेखा। | ಧನುಸ್ಸಿನ ಹೆದೆ;<br>ಜ್ಯಾ | धनुस्सिन हेदे;<br>ज्या | bow string;<br>(in geom.) the chord of an arc. |
| **ज्यादती** | स्त्री. | 1. अधिकता;<br>2. जुल्म, जबरदस्ती। | ಅತಿ, ಹೆಚ್ಚಳ;<br>ದುಂಡಾವರ್ತಿ, ದಬ್ಬಾಳಿಕೆ | अति, हेच्चळ;<br>दुंडावर्ति, दब्बाळिके | excess;<br>high handedness injustice. |
| **ज्यादा** | वि. | मान या मात्रा में आवश्यकता से अधिक। | ಅಗತ್ಯವಾದುದ-ಕ್ಕಿಂತಲೂ ಹೆಚ್ಚಾದ | अगत्यवादुद-क्किंतलू हेच्चाद | more, many, much, abundant. |
| **ज्यामिति** | स्त्री. | गणित का वह विभाग जिसमें पिंडों की नाप-जोख, रेखा, कोण, तल आदि का विचार किया जाता है, रेखागणित। | ಜ್ಯಾಮಿತಿ, ರೇಖಾಗಣಿತ | ज्यामिति, रेखागणित | geometry. |
| **ज्येष्ठ** | वि. | अवस्था, पद या मर्यादा में अपने वर्ग के अन्य जीवों से बड़ा। | ಹಿರಿಯ | हिरिय | eldest, most senior. |
| | पुं. | वैशाख के बाद और आषाढ़ से पहले आनेवाला एक चन्द्र मास। | ಜ್ಯೇಷ್ಠಮಾಸ | ज्येष्ठमास | name of a lunar month between Vaishakh and Asharh. |
| **ज्येष्ठता** | स्त्री. | ज्येष्ठ होने की अवस्था या भाव। | ಹಿರಿಮೆ, ಹಿರಿತನ | हिरिमे, हिरितन | state of being eldest, seniority. |
| **ज्यों** | क्रि. वि. | जैसे, जिस तरह। | ಹೇಗೆಂದರೆ | हेगेंदरे | as, as if. |
| **ज्यों-ज्यों** | क्रि. वि. | जैसे-जैसे, जिस क्रम से। | ಹೇಗೆ ಹೇಗೆ, ಯಾವ ಯಾವ ಕ್ರಮದಲ್ಲಿ | हेगे हेगे, याव याव क्रमदल्लि | as far as, as by degrees. |
| **ज्यों-त्यों** | क्रि. वि. | किसी न किसी प्रकार। | ಹೇಗಾದರೂ ಮಾಡಿ | हेगादरू माडि | somehow. |
| **ज्योति** | स्त्री. | 1. प्रकाश, रोशनी;<br>2. दृष्टि। | ಬೆಳಕು;<br>ದೃಷ್ಟಿ | बेळकु;<br>दृष्टि | light, flame, lustre;<br>vision. |
| **ज्योतिर्मय** | वि. | ज्योति से भरा हुआ, परम प्रकाशमान। | ಪ್ರಕಾಶದಿಂದ ಕೂಡಿದ | प्रकाशदिंद कूडिद | consisting of light, brilliant. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **ज्योतिर्लिंग** | पुं. | 1. शिव के मुख्य बारह लिंग जो भारत में भिन्न-भिन्न भागों में मंदिरों में स्थापित हैं; | ಜ್ಯೋತಿರ್ಲಿಂಗ; | ज्योतिर्लिंग; | name of twelve linga temples; |
| | | 2. शिव। | ಶಿವಲಿಂಗ | शिवलिंग | epithet of Shiva. |
| **ज्योतिष** | पुं. | ग्रह नक्षत्रों की गति, स्थिति आदि का तथा इसके द्वारा उत्पन्न प्रभावों का विचार करने वाला शास्त्र। | ಜ್ಯೋತಿಶ್ಶಾಸ್ತ್ರ | ज्योतिश्शास्त्र | astronomy, astrology. |
| **ज्योतिषी** | पुं. | ज्योतिष शास्त्र को जाननेवाला। | ಜೋಯಿಸ | जोयिस | astrologer. |
| **ज्योत्स्ना** | स्त्री. | चंद्रमा का प्रकाश। | ಬೆಳುದಿಂಗಳು | बॆळुदिंगळु | moonlight. |
| **ज्योनार (जेवनार)** | स्त्री. | बहुत से लोगों को बुलाकर एक साथ कराया जानेवाला भोजन, दावत। | ಸಮಾರಾಧನೆಯ ಊಟ, ಊಟ | समाराधनॆय ऊट, ऊट | feast, banquet, dinner. |
| **ज्वर** | पुं. | एक साधारण रोग जिसमें शरीर का ताप स्वाभाविक से अधिक हो जाता है, बुखार। | ಜ್ವರ | ज्वर | fever. |
| **ज्वरांश** | पुं. | हल्का ज्वर, हरारत। | ಹಗುರವಾದ ಜ್ವರ | हगुरवाद ज्वर | low fever. |
| **ज्वलंत** | वि. | 1. जलता हुआ, प्रकाशमान; | ಉಜ್ವಲವಾದ, ಪ್ರಕಾಶಮಾನವಾದ; | उज्वलवाद, प्रकाशमानवाद; | brilliant, shining, |
| | | 2. अच्छी तरह और स्पष्ट रूप से दिखाई देनेवाला। | ಸ್ಪಷ್ಟವಾಗಿ ಕಾಣುವ | स्पष्टवागि काणुव | apparent, evident. |
| **ज्वलनशील** | वि. | शीघ्र जलने की प्रकृतिवाला। | ಉರಿಯುವ ಸ್ವಭಾವದ | उरियुव स्वभावद | inflammable. |
| **ज्वलित** | वि. | 1. जलता या जलाया हुआ; | ಉರಿದ, ಉರಿಸಿದ; | उरिद, उरिसिद; | burning, burnt; |
| | | 2. खूब चमकता हुआ, दीप्त। | ಬೆಳಗುವ | बॆळगुव | shining, illuminated. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **ज्वार** | स्त्री. | एक प्रकार का मोटा अनाज। | ಜೋಳ; | जोळ; | millet. |
| | पुं. | चँद्रमा के आकर्षण के कारण समुद्र के जल का ऊपर उठना। | ಚಂದ್ರನ ಆಕರ್ಷಣೆಯಿಂದಾಗುವ ಸಮುದ್ರದ ಉಬ್ಬರವಿಳಿತಗಳು | चंद्रन आकर्षणेयिंदागुव समुद्रद उब्बरविळितगळु | tide. |
| **ज्वार-भाटा** | पुं. | समुद्र के जल का ऊपर उठना और नीचे गिरना। | ಸಮುದ್ರದ ಉಬ್ಬರವಿಳಿತ | समुद्रद उब्बरविळित | flood tide and ebb tide, flood and ebb. |
| **ज्वाल** | पुं. | 1. आग की लपट, अग्निशिखा; | ಅಗ್ನಿಜ್ವಾಲೆ; | अग्निज्वाले; | flame; |
| | | 2. ताप, दाह। | ತಾಪ | ताप | heat. |
| **ज्वाला** | स्त्री. | दे० 'ज्वाल' | ನೋಡಿ "ज्वाल" | नोडि "ज्वाल" | same as 'ज्वाल'। |
| **ज्वालामुखी** | पुं. | पृथ्वीतल के कुछ विशिष्ट स्थानों और मुख्यत: पर्वतों में होनेवाले मुख के आकार के बड़े-बड़े गड्ढे जिनमें से कभी आग की लपटें कभी गली हुई धातुएं, पत्थर, आदि और कभी धुएं और राख के बादल निकलते हैं। | ಅಗ್ನಿಪರ್ವತ, ಜ್ವಾಲಾಮುಖಿ | अग्निपर्वत, ज्वालामुखि | volcano. |
| **झंकार (झनकार)** | स्त्री. | धातु के किसी पात्र अथवा तार पर आघात लगने से कुछ समय तक उसमें से निकलनेवाला झनझन शब्द। | ಝಂಕಾರ, ಝಣ ಝಣ ಶಬ್ದ | झेंकार, झण झण शब्द | tinkling, jingling. |
| **झंकृत** | वि. | झंकारयुक्त, झंकार करता हुआ। | ಝಣತ್ಕಾರ ಶಬ್ದದಿಂದ ಕೂಡಿದ | झणत्कार शब्दिंद कूडिद | tinkled, jingled, set tinkling, jingling. |
| **झंखाड़** | पुं. | 1. कांटेदार झाड़ी या पौधा या इनका समूह; | ಮುಳ್ಳಿನ ಗಿಡಗಳ ಪೊದೆ; | मुळ्ळिन गिडगळ पोदे; | a leafless thick thorny bush or its cluster; |
| | | 2. व्यर्थ का कूड़ा-करकट। | ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ಬಾರದ ಕಸ | केलसक्के बारद कस | rubbish. |
| **झंझट** | स्त्री. | कठिनाई, परेशानी, बखेड़ा। | ಕಸಿವಿಸಿ, ತೊಂದರೆ | कसिविसि, तोंदरे | botheration, annoying situation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **झंझटी** | वि. | 1. झंझटवाला (कार्य);<br>2. (व्यक्ति) जो हर कार्य को उलझाता और उसे झगड़े का रूप देता हो। | ತೊಂದರೆ ಕೊಡುವ (ಕೆಲಸ);<br>ಕೆಲಸ ಕಾರ್ಯಗಳಿಗೆ ತೊಂದರೆ ಮಾಡುವಂತಹ(ವ್ಯಕ್ತಿ) | तॊंदरॆ कॊडुव (कॆलस);<br>कॆलस कार्यगळिगॆ तॊंदरॆ माडुवंतह (व्यक्ति) | intricate, difficult;<br>trouble maker, causing imbroglio. |
| **झंझरी** | स्त्री. | 1. जाली, जालीदार खिड़की;<br>2. आटा छानने की चलनी। | ಜಾಲಿ, ಜಾಲಿ ಹಾಕಿದ ಕಿಟಕಿ;<br>ಜರಡಿ | जालि, जालि-हाकिद किटकि;<br>जरडि | lattice, screen;<br>sieve. |
| **झंझा** | स्त्री. | तेज हवा, अंधड़, तेज आंधी जिसके साथ पानी भी बरसता हो। | ಮಳೆಗಾಳಿ, ಗಾಳಿಯಿಂದ ಕೂಡಿದ ಮಳೆ | मळॆगाळि, गाळियिंद कूडिद मळॆ | wind and heavy rain, squall, gale, hurricane. |
| **झंझानिल** | पुं. | 1. प्रचंड वायु, आंधी;<br>2. ऐसी आंधी जिसके साथ पानी भी बरसे। | ಬಿರುಗಾಳಿ;<br>ಮಳೆಯಿಂದ ಕೂಡಿದ ಬಿರುಗಾಳಿ | बिरुगाळि;<br>मळॆयिंद कूडिद बिरुगाळि | squall, stormy gale<br>violent wind and rain. |
| **झंझावात** | पुं. | दे० 'झंझानिल'। | ನೋಡಿ"झंझानिल" | नोडि "झंझानिल" | same as 'झंझानिल'। |
| **झंझोड़ना** | स. क्रि. | पकड़कर जोर-जोर से झटके देना। | ಹಿಡಿದು ಬಲವಾಗಿ ಅಲುಗಾಡಿಸು | हिडिदु बलवागि अलुगाडिसु | to shake, to jerk violently. |
| **झंडा** | पुं. | डंडे के सिरे पर लगा कपड़े का चौकोर या तिकोना कपड़ा जिस पर कुछ विशेष चिह्न बने होते हैं तथा जो राष्ट्र, दल, सम्प्रदाय आदि का प्रतीक होता है, ध्वज, ध्वजा, पताका। | ಬಾವುಟ, ಧ್ವಜ, ಪತಾಕೆ | बावुट, ध्वज, पताकॆ | flag, banner. |
| **झंडाभिवादन** | पुं. | झंडा फहराकर उसके प्रति अपना आदर प्रदर्शित करना। | ಧ್ವಜವಂದನೆ | ध्वजवंदनॆ | to hoist a flag and salute. |
| **झंडी** | स्त्री. | छोटा झंडा। | ಚಿಕ್ಕ ಬಾವುಟ | चिक्क बावुट | small flag, bunting. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **झक** | स्त्री. | मन की वह वृत्ति जिसके फलस्वरूप मनुष्य बिना सोचे समझे प्रायः हठवश किसी कार्य में प्रवृत्त होता है, सनक, खब्त। | ಚಟ | चट | whim, craze. |
| **झकझोरना** | स. क्रि. | पकड़कर जोर-जोर से हिलाना, झटके देना। | ಬಹಳ ವೇಗವಾಗಿ ಅಲುಗಾಡಿಸು | बहळ वेगवागि अलुगाडिसु | o shake violently. |
| **झकझोरा** | पुं. | झटका, धक्का। | ಜೋರಾದ ಅಲುಗಾಟ | जोराद अलुगाट | violent jerk. |
| **झकोरना** | अ.क्रि. | **हवा का झकोरा मारना,** हवा का झोंके के साथ पेड़ों को झकझोरते हुए बहना। | ಬಲವಾದ ಗಾಳಿಯಿಂದ ಗಿಡಮರಗಳು ಅಲ್ಲಾಡು, ಅಲುಗಾಡು | बलवाद गाळियिंद गिडमरगळु अल्लाडु, अलुगाडु | to shake, to put in motion, to drive or beat (as wind or rain). |
| **झकोरा** | पुं. | हवा का तेज झोंका। | ಗಾಳಿಯ ಜೋರಾದ ಹೊಡೆತ | गाळिय जोराद होडॆत | blast, gust. |
| **झक्कड़** | पुं. | अंधड़, तेज हवा। | ಬಿರುಗಾಳಿ | बिरुगाळि | storm, hurricane. |
| **झक्की** | वि. | जिसे किसी बात की झक या सनक हो, खब्ती। | ಚಟಗಾರ, ಚಟವಿರುವ | चटगार, चटविरुव | crazy, eccentric. |
| **झख** | स्त्री. | झींकने की क्रिया या भाव। | ಗೊಣಗಾಟ | गोंणगाट | the act or state of grumbling or grousing. |
| **झगड़ना** | स. क्रि. | दो व्यक्तियों का आपस में कुछ कहा-सुनी करना, झगड़ा करना। | ಜಗಳವಾಡು | जगळवाडु | to quarrel, to dispute, to argue. |
| **झगड़ा** | पुं. | दो पक्षों में होनेवाली कहा-सुनी या विवाद। | ಜಗಳ | जगळ | quarrel, dispute, altercation. |
| **झगड़ालू** | वि. | जिसे झगड़ा करने की आदत हो, कलहप्रिय। | ಜಗಳಗಂಟ | जगळगंट | quarrelsome, cantankerous, disputatious. |
| **झगला** | पुं. | छोटे बच्चों के पहनने का एक प्रकार का ढीला ढाला छोटा कुरता। | ಮಕ್ಕಳಿಗೆ ಹಾಕುವ ಸಡಿಲವಾದ ಜುಬ್ಬ | मक्कळिगॆ हाकुव सडिलवाद जुब्ब | a sort of loose garment for children. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **झज्झर** | पुं. | सुराही। | ಕೂಜ | कूज | a large porous water-jar, a porous goglet. |
| **झट** | क्रि. वि. | तत्काल, तुरन्त, बहुत तेजी या फुरती से। | ಕೂಡಲೆ | कूडले | quickly, speedily instantly, at once. |
| **झटकना** | स. क्रि. | 1. झटका देना; | ಕೊಡವು, ಒದರು; | कोडवु, ओदरु; | to pull with a jerk, to jerk; |
| | | 2. धोखा देकर अथवा जबरदस्ती किसीकी कोई चीज़ ले लेना। | ಮೋಸಗೊಳಿಸಿ ಅಪಹರಿಸು | मोसगॊळिसि अपहरिसु | to snatch, to extort, to wrench. |
| | अ. क्रि. | चिंता, रोग आदि के कारण बहुत अधिक दुर्बल होना। | ರೋಗ,ಚಿಂತೆಗಳಿಂದ ದುರ್ಬಲವಾಗು | रोग,चिंतॆगळिंद दुर्बलवागु | to become lean or thin. |
| **झटका** | पुं. | 1. हलका धक्का; | ಕುಲುಕಾಟ; | कुलुकाट; | jerk, jolt; |
| | | 2. पशुबलि का वह प्रकार जिसमें गरदन एक ही बार में अलग कर दी जाए; | ಒಂದೇ ಏಟಿಗೆ ಪ್ರಾಣಿಯನ್ನು ಕೊಲ್ಲುವಿಕೆ; | ऒंदे एटिगॆ प्राणियन्नु कॊल्लुविकॆ; | beheading an animal with one stroke; |
| | | 3. इस प्रकार मारे गए पशु का मांस; | ಹೀಗೆ ತುಂಡರಿಸಿದ ಪ್ರಾಣಿಯ ಮಾಂಸ; | हीगॆ तुंडरिसिद प्राणिय मांस; | the meat obtained thus; |
| | | 4. आपत्ति, रोग, शोक आदि का ऐसा आघात जो बहुत कुछ निकम्मा कर दे। | ರೋಗ,ಶೋಕಗಳಿಂದ ಆದ ದುರ್ಬಲತೆ ಅಥವಾ ಕೈಲಾಗದಿರುವಿಕೆ | रोग शोकगळिंद आद दुर्बलतॆ अथवा कैलागदिरुविकॆ | shock, blow. |
| **झटकाना** | स. क्रि. | कोई चीज इस तरह से हिलाना कि उस पर पड़ी हुई धूल आदि गिर जाए, जोर से झटका देना। | ಜೋರಾಗಿ ಒದರು, ಕುಲುಕು, ಝಾಡಿಸು | जोरागि ओदरु, कुलुकु, झाडिसु | to shake, to jerk. |
| **झटकारना** | अ. क्रि. | दे० 'झटकाना'। | ನೋಡಿ 'झटकाना' | नोडि ''झटकाना' | same as 'झटकाना'। |
| **झटपट** | क्रि. वि. | अतिशीघ्र, तुरंत। | ಕೂಡಲೆ ಬೇಗ-ಬೇಗ | कूडलॆ, बेग-बेग | speedily, quickly, promptly. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **झड़न** | स्त्री. | 1. झड़ने की क्रिया या भाव; | ಉದುರುವಿಕೆ; | उदुरुविकॅ; | the falling off; |
| | | 2. झड़ने से, झाड़ने से गिरी हुई चीज। | ಮೇಲಿಂದ ಉದುರಿದ ವಸ್ತು | मेलिंद उदुरिद वस्तु | shavings, parings, sweepings, rubbish. |
| **झड़ना** | अ. क्रि. | 1. किसी वस्तु में से उसके छोटे-छोटे अंशों या अंगों का टूटकर गिरना; | ಉದುರು, ಬೀಳು; | उदुरु, बीळु; | to drop, to fall, to fall off; |
| | | 2. स्खलित होना। | ಸ್ಖಲಿತವಾಗು | स्खलितवागु | to be discharged. |
| **झड़प** | स्त्री. | 1. दो जीवों की अल्पकालिक भिंड़त; | ಎರಡು ಪ್ರಾಣಿಗಳ ತಿವಿದಾಟ; | एरडु प्राणिगळ तिविदाट; | skirmish, brawl; |
| | | 2. दो व्यक्तियों के मध्य उपेक्षापूर्ण कटु बातचीत। | ಇಬ್ಬರ ನಡುವೆ ಕಟುವಾದ ವಾದ, ಮಾತಿನ ಬಡಿದಾಟ | इब्बर नडुवॅ कटुवाद वाद, मातिन बडिदाट | contention, altercation. |
| **झड़पना** | अ. क्रि. | हमला करना, टूट पड़ना, उलझना। | ಆಕ್ರಮಣ ಮಾಡು, ಮೇಲೆ ಬೀಳು | आक्रमण माडु, मेलॅ बीळु | to fight, to contend. |
| | स. क्रि. | झटके से छीन लेना। | ಮೇಲೆ ಬಿದ್ದು ಕಿತ್ತುಕೊಳ್ಳು | मेलॅ बिद्दु कित्तुकॊळ्ळु | to snatch away, to wrench. |
| **झड़बेरी** | स्त्री. | जंगली बेर, इसकी झाड़ी और फल। | ಕಾಡು ಬೋರೆ ಗಿಡ, ಅದರ ಹಣ್ಣು, ಎಲಚಿಹಣ್ಣು | काडु बोरॅ गिड, अदर हण्णु, ऍलचि हण्णु | wild ber or jubjube bush. |
| **झड़वाना** | स. क्रि. | 1. झाड़ने का काम दूसरे से कराना; | ಕಸ ಗುಡಿಸಿಸು; | कस गुडिसिसु; | to cause to be shaken or dusted; |
| | | 2. नजर या भूतप्रेत लगने पर ओझे से झाड़ फूंक कराना। | ಮಂತ್ರತಂತ್ರ ಮಾಡಿಸು | मंत्रतंत्र माडिसु | to get cured of evil eye etc. by exorcist. |
| **झड़ाई** | स्त्री. | झाड़ने की क्रिया, भाव या मजदूरी। | ಗುಡಿಸುವಿಕೆ, ಗುಡಿಸಿದುದರ ಕೂಲಿ | गुडिसुविकॅ, गुडिसिदुदर कूलि | the act or state of or wages for dusting, exorcism etc. |
| **झड़ी** | स्त्री. | 1. लगातार अधिक समय तक होनेवाली वर्षा; | ಸೋನೆ ಮಳೆ, ಜಡಿ ಮಳೆ; | सोनॅ मळॆ, जडि मळॆ; | continuous or incessant downpour; |
| | | 2. किसी बात की अविरल क्रिया या क्रम। | ಒಂದರ ಹಿಂದೊಂದರಂತೆ ಆಗುವ ಕಾರ್ಯಗಳು | ऑंदर हिंदोंदरंतॆ आगुव कार्यगळु | uninterrupted occurrence. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| झनकना | अ. क्रि. | 1. किसी पात्र आदि पर आघात लगने से उसमें झनझन शब्द होना; | ಝಣ ಝಣ ಶಬ್ದವಾಗು, ಝಣತ್ಕಾರವಾಗು; | झण झण शब्दवागु, झणत्कारवागु; | to tinkle, to jingle, to clank, to clink, to ring, to rattle, etc.; |
| | | 2. क्रुद्ध और दु:खी होकर बड़बड़ाते रहना। | ಸಿಟ್ಟು ಅಥವಾ ದುಃಖದಿಂದ ಒದರಾಡು | सिट्टु अथवा दु:खदिंद ओदराडु | to be angry, to be offended or vexed, to take umbrage. |
| झनझनाना | स. क्रि. | झनझन की आवाज उत्पन्न करना। | ಝಣಝಣಿಸು | झणझणिसु | to clang, jingle, tinkle, clink. |
| | अ. क्रि. | झनझन शब्द होना, आघात आदि लगने से किसी अंग का शिथिल सा हो जाना। | ಝಣಝಣ ಶಬ್ದವಾಗು | झणझण शब्दवागु | to jingle, to be benumbed or cramped. |
| झनझनाहट | स्त्री. | झनझन शब्द होने की अवस्था, क्रिया या भाव। | ಝಣಝಣಿಸುವಿಕೆ | झणझणिसुविके | jingling, tinkling etc. |
| झन्नाना | अ. क्रि. | दे० 'झनझनाना'। | ನೋಡಿ 'झनझनाना' | नोडि "झनझनाना" | see 'झनझनाना'। |
| झन्नाहट | स्त्री. | दे० 'झनझनाहट' | ನೋಡಿ 'झनझनाहट' | नोडि "झनझनाहट | see 'झनझनाहट' |
| झपक | स्त्री. | 1. बार-बार पलकें खोलने और बंद करने की क्रिया या भाव; | ಮತ್ತೆ ಮತ್ತೆ ರೆಪ್ಪೆ ತೆಗೆದು-ಮುಚ್ಚಿ ಮಾಡುವುದು | मत्ते-मत्ते रेप्पे तेगेदु-मुच्चि माडुवुदु; | the act or state of blinking; |
| | | 2. एक बार पलक गिरने में लगने वाला समय। | ರೆಪ್ಪೆ ಹೊಡೆಯುವಷ್ಟು ಕಾಲ | रेप्पे होडेयुवष्टु काल | blink. |
| झपकना | अ. क्रि. | 1. बार-बार पलक गिरना और उठना; | ರೆಪ್ಪೆ ಮುಚ್ಚಿ ತೆಗೆಯು; | रेप्पे मुच्चि तेगेयु; | to blink; |
| | | 2. ऊंघना। | ತೂಕಡಿಸು | तूकडिसु | to nap. |
| झपकाना | स. क्रि. | बार-बार पलकें गिराना। | ಕಣ್ಣು ಮಿಟುಕಿಸು | कण्णु मिटुकिसु | to wink, to blink. |
| झपकी | स्त्री. | हलकी नींद, थोड़ी देर की नींद। | ಅಲ್ಪ ನಿದ್ರೆ | अल्प निद्रे | nap or doze, blink. |
| झपट | स्त्री. | झपटने अर्थात् तेजी से आगे बढ़कर किसी पर आक्रमण करने की क्रिया या भाव। | ಆಕ್ರಮಣ | आक्रमण | rush, dash, pounce. assault. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **झपटना** | अ. क्रि. | किसी चीज को लेने, पकड़ने अथवा उस पर हमला करने के लिए तेजी से उसकी ओर बढ़ना, लपकना; | ಮೇಲೆ ಹಾರಿಬೀಳು | मेलॆ हारिबीळु | to dash (at), to run (at), to make a sudden swoop (on); to pounce; |
| | स. क्रि. | तेजी से बढ़कर कोई चीज ले लेना। | ಮುನ್ನುಗ್ಗಿ ತೆಗೆದುಕೊಳ್ಳು | मुन्नुग्गि तॆगॆदुकॊळ्ळु | to snatch or snap (at), to grab. |
| **झपटाना** | स. क्रि. | किसीको झपटने में प्रवृत्त करना। | ಮುನ್ನುಗ್ಗುವಂತೆ ಮಾಡು | मुन्नुग्गुवंतॆ माडु | to cause to run or go quickly, to dispatch with all speed. |
| **झपट्टा** | पुं. | किसी से कुछ सहसा छीन लेने के लिए उस पर किया जाने वाला आक्रमण। | ಬಲವಂತದಿಂದ ಕಿತ್ತುಕೊಳ್ಳಲು ಮುನ್ನುಗ್ಗುವಿಕೆ; ಆಕ್ರಮಣ | बलवंतदिंद कित्तुकॊळ्ळलु मुन्नुग्गुविकॆ, आक्रमण | swoop, pounce. |
| **झपना** | अ. क्रि. | 1. पलक गिरना; 2. किसी वस्तु का ऊपर से नीचे की ओर एकाएक आना। | ಕಣ್ಣು ಮಿಟಿಕಿಸು; ಮೇಲಿಂದ ಯಾವುದಾದರೊಂದು ವಸ್ತು ಅಕಸ್ಮಾತ್ತಾಗಿ ಕೆಳಗೆ ಬೀಳುವಿಕೆ | कण्णु मिटिकिसु; मेलिंद यावुदादरॊंदु वस्तु अकस्मात्तागि कॆळगॆ बीळुविकॆ | to blink; to have a sudden dip (paper kite). |
| **झपाटा** | पुं. | दे० 'झपट्टा'। | ನೋಡಿ 'झपट्टा' | नोडि "झपट्टा" | same as 'झपट्टा'। |
| **झपेटा** | पुं. | 1. हमला, धक्का; 2. प्रेतबाधा। | ಆಕ್ರಮಣ; ಭೂತಪ್ರೇತ ಬಾಧೆ | आक्रमण; भूतप्रेत बाधॆ | pounce, assault; influence of evil spirits. |
| **झबरा** | वि. | लम्बे और बिखरे हुए बालोंवाला। | ಕೆದರಿದ ಉದ್ದ ಕೂದಲಿನ | कॆदरिद उद्द कूदलिन | having long hair (an animal), hairy, shaggy. |
| **झबरीला** | वि. | दे० 'झबरा'। | ನೋಡಿ 'झबरा' | नोडि "झबरा" | same as 'झबरा'। |
| **झमेला** | पुं. | झगड़ा, झंझट, बखेड़ा। | ಕಿರುಕುಳ, ಜಗಳ | किरुकुळ, जगळ | botheration, mess, entanglement, imbroglio. |
| **झरना** | पुं. | पहाड़ों आदि में ऊंचाई से गिरनेवाला जल प्रवाह। | ಝರಿ, ತೊರೆ | झरि, तॊरॆ | fall, spring, stream. |
| | अ. क्रि. | ऊँचे स्थान से पानी या किसी और चीज का लगातार नीचे गिरना। | ಜಲ ಪ್ರಪಾತ | जल प्रपात | to fall (off). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **झरी** | स्त्री. | 1. पानी का झरना, सोता; | ಮೇಲಿಂದ ಹರಿದು ಬರುವ ನದಿ, ಝರಿ; | मोलंद हरिदु बरुव नदि, झरि; | water fall, cascade; |
| | | 2. वह धन जो बाजार में बैठकर सौदा बेचनेवाले छोटे दुकानदारों से नित्यप्रति करके रूप में उगाहा जाता है। | ಅಂಗಡಿ ಬೀದಿಯ ಮೇಲೆ ವ್ಯಾಪಾರ ಮಾಡುವ ಚಿಕ್ಕ ಪುಟ್ಟ ವ್ಯಾಪಾರಿಗಳಿಂದ ದಿನನಿತ್ಯ ವಸೂಲು ಮಾಡುವ ಸುಂಕದ ಹಣ | अंगडि बीदिय मेले व्यापार माडुव चिक्क पुट्ट व्यापारिगळिंद दिन-नित्य वसूलु माडुव सुंकद हण | a sort of tax realised daily from petty pavement shopkeepers. |
| **झरोखा** | पुं. | खिड़की, दीवार में बनी हुई छोटी खिड़की। | ಕಿಟಕಿ | किटकि | small window, skylight, aperture. |
| **झलक** | स्त्री. | 1. क्षणिक अधूरा दर्शन; | ಕ್ಷಣಮಾತ್ರದ ದರ್ಶನ; | क्षणमात्रद दर्शन; | glimpse, glance; |
| | | 2. किसी बात का आभास मात्र मिलना; | ಆಭಾಸ; | आभास; | to carry a semblance of; |
| | | 3. चमकना। | ಹೊಳಪು, ಮಿಂಚು, ಮಿರುಗು | हांळपु, मिंचु, मिरुगु | to sparkle, to glitter. |
| **झलका** | पुं. | छाला, फफोला। | ಬೊಬ್ಬೆ, ಹೊಪ್ಪಳೆ | बाॅब्बे, हाॅप्पळे | blister. |
| **झलकाना** | स. क्रि. | 1. आभास देना; | ಛಾಯೆ ತೋರು, ಸುಳಿವು ಕಾಣು; | छाये तोरु, सुळिवु काणु; | to give a semblance, to give glimpse of; |
| | | 2. चमकाना। | ಮಿಂಚುವಂತೆ ಮಾಡು | मिंचुवंते माडु | to cause to shine. |
| **झलकी** | स्त्री. | 1. रेडियो में प्रसारित होनेवाली हास्यव्यंग प्रधान एक बहुत छोटी नाटिका; | ಹಾಸ್ಯಮಯ ಚಿಕ್ಕ ರೇಡಿಯೊ ನಾಟಕ; | हास्यमय चिक्क रेडियो नाटक; | skit; |
| | | 2. झलक। | ಆಲೋಕ, ನೋಟ | आलोक, नोट | glance, |
| **झलना** | स. क्रि. | 1. पंखा आदि हिलाकर हवा करना; | ಬೀಸಣಿಗೆಯಿಂದ ಗಾಳಿ ಹಾಕು; | बीसणिगेयिंद गाळि हाकु; | to fan; |
| | | 2. धातु आदि की चीजों का टांके से जोड़ा जाना। | ಬೆಸಿಗೆ ಹಾಕು | बॆसिगे हाकु | to solder. |
| **झलरी** | स्त्री. | झांझ। | ತಾಳ, ಕಂಸಾಳ, ಝಾಲರಿ | ताळ, कंसाळ, झालरि | a sort of musical instrument. |
| **झलवाना** | स. क्रि. | झलने या झालने का काम दूसरें से करवाना। | ಬೆಸಿಸು, ಬೆಸಿಗೆ ಹಾಕಿಸು | बॆसिसु बॆसिगे हाकिसु | to cause to be soldered or cemented, to get (a thing) soldered or repaired. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **झलाई** | स्त्री. | कड़ी धातुओं को मुलायम धातुओं के टांके से जोड़ने की क्रिया, भाव या मजदूरी। | ಬೆಸಿಗೆ ಹಾಕುವಿಕೆ | बॆसिगॆ हाकुविकॆ | soldering. |
| **झलाईगर** | पुं. | झलाई का काम करनेवाला। | ಬೆಸಿಗೆ ಹಾಕುವವ | बॆसिगॆ हाकुवव | one who **does the** work of **soldering.** |
| **झलाना** | स. | दे० 'झलवाना' | ನೋಡಿ "झलवाना" | नोडि "झलवाना" | same as **'झलवाना'।** |
| **झल्ला** | पुं. | 1. बड़ा टोकरा, झाबा;<br>2. वर्षा की झड़ी जिसके साथ तेज हवा भी हो। | ದೊಡ್ಡ ಬುಟ್ಟಿ;<br>ಗಾಳಿಯಿಂದ ಕೂಡಿದ ಜಡಿಮಳೆ | दॊड्ड बुट्टि;<br>गाळियिंद कूडिद जडिमळॆ | a big **basket;**<br>shower. |
| **झल्लाना** | अ. क्रि. | क्रुद्ध होकर या खीझकर तीक्ष्ण स्वर में बोलना। | ಸಿಟ್ಟು ಅಥವಾ ಉದ್ರೇಕಗೊಂಡು ಕಿರುಚು | सिट्टु अथवा उद्रेकगॊंडु किरुचु | to be annoyed, to be enraged, to shout peevishly. |
| **झल्ली** | स्त्री. | एक प्रकार का टोकरा। | ಒಂದು ಬಗೆಯ ಬುಟ್ಟಿ | ऒंदु बगॆय बुट्टि | a large basket. |
| **झांई** | | 1. छाया, परछाई;<br>2. रक्त विकार से मुंह पर पड़नेवाला धब्बा। | ಪ್ರತಿಚ್ಛಾಯೆ, ನೆರಳು;<br>ರಕ್ತ ಕೆಟ್ಟು ಮುಖದ ಮೇಲೆ ಆದ ಕಲೆ | प्रतिच्छायॆ, नॆरळु;<br>रक्त कॆट्टु मुखद मेलॆ आद कलॆ | shadow, reflection;<br>freckle, black spot on the face (not a mole) |
| **झांकना** | अ. क्रि. | आड़ से, झरोखे आदि से बाहर की वस्तु को देखना। | ಇಣಿಕಿ ನೋಡು | इणिकि नोडु | to peep, to peer. |
| **झांकी** | स्त्री. | 1. किसी घटना अथवा भूभाग का संक्षिप्त परिचय अथवा उसकी विशेषता से अवगत करानेवाला दृश्य;<br>2. कोई मनोहर सुन्दर दृश्य;<br>3. कुछ दूर से होनेवाला अपूर्ण दर्शन। | ಸೂಕ್ಷ್ಮ ಪರಿಚಯವನ್ನುಂಟುಮಾಡು-ವಂತಹ ದೃಶ್ಯ;<br>ಮನಮೋಹಕ ನೋಟ;<br>ದೂರದಿಂದ ಆದ ಅಪೂರ್ಣ ದರ್ಶನ | सूक्ष्म परिचय-वन्नुंटुमाडुवंतह दृश्य;<br>मनमोहक नोट;<br>दूरदिंद आद अपूर्ण दर्शन | tableau:<br>scene;<br>glance, glimpse. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| झांझ | स्त्री. | कांसे आदि के दो तश्तरी जैसे टुकड़ों का जोड़ा जो पूजन आदि के अवसर पर एक दूसरे पर आघात करके बजाए जाते हैं। | ತಾಳ, ಕಂಸತಾಳ | ताळ, कंसताळ | musical instrument. cymbal.. |
| झांप | स्त्री. | खिड़की दरवाजे आदि के ऊपर धूप वर्षा आदि से बचाव के लिए लकड़ी आदि का परदा, ढकने के काम आनेवाली चीज। | ಬಿಸಿಲು, ಮಳೆಗಾಳಿ ಗಳಿಗೆ ಅಡ್ಡವಾಗಿರಿಸುವ ತೆರೆ | बिसिलु मळ- गाळिगळिगं अड्डवागिरिसुव तॆरॆ | weather shed. shade (over windows, dóors etc.), cover. |
| झांवा(झामा) | पुं. | मिटटी का पकाया हुआ टुकड़ा जिमसें बहुत छोटे-छोटे छेद होते हैं तथा शरीर का मैल रगड़कर छुड़ाने के लिए इसका प्रयोग किया जाता है। | ಕೈ ಕಾಲುಗಳಲ್ಲಿನ ಕೊಳೆಯನ್ನು ಉಜ್ಜಿ ಸ್ವಚ್ಛ ಮಾಡಲು ಮಣ್ಣಿನಿಂದ ಅಥವಾ ಇಟ್ಟಿಗೆಯಿಂದ ಮಾಡಿದ ಬ್ರಷ್ಷು | कै कालुगळल्लिन कॊळॆयन्नु उज्जि स्वच्छ माडलु मण्णिनिंद अथवा इट्टिगॆयिंद माडिद ब्रष्षु | a pumice stone, vitrified brick (Com. used to clean the hands and feet with). |
| झांसा | पुं. | अपना काम निकालने के लिए छलपूर्ण बात या उपाय। | ಸ್ವಾರ್ಥ ಸಾಧನೆಗಾಗಿ ಮಾಡುವ ಕಪಟ ಯುಕ್ತಿ | स्वार्थ साधनॆ- गागि माडुव कपट- युक्ति | deception, hoax, trickery. |
| झांसापट्टी | स्त्री. | छल-कपट की बातों में फुसलाकर दिया जाने वाला धोखा। | ಯುಕ್ತಿಯಿಂದ ಪುಸಲಾಯಿಸಿ ಮಾಡುವ ಮೋಸ | युक्तियिंद पुसलायिसि माडुव मोस | wheedling, trickery. |
| झाग | पुं. | किसी तरल पदार्थ का फेंटने आदि से उत्पन्न होनेवाले असंख्य बुलबुलों का समूह, फेन। | ನೊರೆ | नॊरॆ | foam, lather, scum. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **झाड़** | पुं. | 1. ऐसे छोटे पेड़ पौधों का वर्ग जिनकी पतली-पतली शाखाएं आपस में उलझी हुई जमीन से थोड़ी ही ऊंचाई पर फैली रहती हैं; | ಗಿಡಗಂಟೆಗಳ ಪೊದೆ, ಪೊದರು; | गिडगंटॆगळ पॊदॆ, पॊदरु; | bush, shrub; |
| | | 2. कमरे की शोभा के लिए छत से लटकाया जानेवाला मोमबत्ती का, अनेक शाखाओं वाला शीशे का एक बड़ा आधार। | ಮೋಂಬತ್ತಿಗಳನ್ನು ಹಚ್ಚಿಡುವ ಗಾಜಿನ ಗೊಂಚಲು ದೀಪ, ತೂಗು ದೀಪ | मोंबत्तिगळन्नु हच्चिडुव गाजिन गॊंचलु दीप, तूगुदीप | chandelier. |
| | स्त्री. | क्रोधपूर्वक डांटकर कही जानेवाली बात, फटकार, भर्त्सना। | ಸಿಟ್ಟಿನಿಂದ ಆಡುವ ಮಾತು, ಬೆದರಿಕೆ ಬೈಗಳ | सिट्टिनिंद आडुव मातु, बॆदरिकॆ, बैगळ | reprimand, scolding. |
| **झाड़-झंखाड़** | पुं. | कांटेदार झाड़ियों अथवा व्यर्थ के पेड़-पौधों का समूह। | ಮೆಳೆ, ಮುಳ್ಳು ಗಿಡಗಳ ಪೊದೆ | मॆळॆ, मुळ्ळुगिडगळ पॊदॆ | brambles, tangled thicket. |
| **झाड़न** | स्त्री. | 1. झाड़ने के काम आनेवाला कपड़ा; 2. झाड़ने से निकली हुई चीज। | ಕೊಳೆಯನ್ನು ಒರೆಸುವ ಬಟ್ಟೆ; ಕಸ | कॊळॆयन्नु ऒरॆसुव बट्टॆ; कस | duster; sweepings, rubbish. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **झाड़ना** | स. क्रि. | 1. धूल-गर्द साफ करना, बुहारना; | ಕಸ ಗುಡಿಸು; | कस गुडिसु; | to dust, to clean, to sweep; |
| | | 2. डरा-धमका कर अथवा किसी युक्ति से कुछ धन वसूल करना या रकम ऐंठना; | ಹೆದರಿಸಿ ಬೆದರಿಸಿ ಹಣ ಕೀಳು, ಸುಲಿ; | हेदरिसि बेदरिसि हण कीळु, सुलि | to extort; |
| | | 3. फटकारना; | ರೇಗಾಡಿ ಕಿರುಚು; | रेगाडि किरुचु; | to reprimand, to scold; |
| | | 4. मंत्र, तंत्र आदि के प्रयोग से भूत आदि की बाधा को दूर करना; | ಮಂತ್ರ-ತಂತ್ರ ಮಾಡಿ ಭೂತ ಪ್ರೇತ ಓಡಿಸು; | मंत्र-तंत्र माडि भूत-प्रेत ओडिसु; | to exorcise; |
| | | 5. पेड़ से फल गिराना; | ಹಣ್ಣು ಉದುರಿಸು; | हण्णु उदुरिसु; | to shake off, to knock off; |
| | | 6. अपनी योग्यता अथवा धाक जमाने के लिए उलटी-सीधी बातें करना। | ಜಂಭ ಕೊಚ್ಚಿ-ಕೊಳ್ಳು, | जंभ कोच्चि-कोळ्ळु | to show off, to talk tall. |
| **झाड़पोंछ** | स्त्री. | सफाई। | ಸ್ವಚ್ಛ ಮಾಡುವಿಕೆ | स्वच्छ माडुविके | dusting, cleaning. |
| **झाड़-फानूस** | पुं. | शीशे के झाड़, हांडियां आदि जो छत पर टांगी जाती हैं तथा जिनमें दीये, मोमबत्तियां आदि जलाई जाती हैं। | ಮೋಂಬತ್ತಿಗಳನ್ನು ಹಚ್ಚಿಡುವ ಗಾಜಿನ ಗೊಂಚಲು ದೀಪ, ತೂಗುದೀಪ | मोंबत्तिगळन्नु हच्चिडुव गाजिन गोंचलु दीप, तूगुदीप | chandelier. |
| **झाड़फूंक** | स्त्री. | मंत्र बल के द्वारा रोग या प्रेतबाधा दूर करने की क्रिया या भाव। | ಮಂತ್ರ-ತಂತ್ರ ಗಳ ಮೂಲಕ ರೋಗ,ಪ್ರೇತ, ಭೂತ ಆದಿಗಳನ್ನು ನಿವಾರಿಸುವಿಕೆ | मंत्र-तंत्रगळ मूलक रोग,प्रेत, भूत आदिगळन्नु निवारिसुविके | exorcism, sorcery. |
| **झाड़ा** | पुं. | 1. रोग, भूत, प्रेत आदि की बाधा दूर करने के लिए किया जानेवाला मंत्रोपचार; | ರೋಗ, ಭೂತ, ಪ್ರೇತಗಳ ನಿವಾ-ರಣೆಗಾಗಿ ಮಾಡುವ ಮಂತ್ರ-ತಂತ್ರೋಪ-ಚಾರ; | रोग, भूत, प्रेतगळ निवारणेगागि माडुव मंत्र-तंत्रो-पचार; | hocus-pocus, incantation; |
| | | 2. किसी के पहने हुए कपड़े आदि झाड़कर ली जानेवाली तलाशी। | ಬಟ್ಟೆಬರೆ ಒದರಿ ಮಾಡುವ ಪರೀಕ್ಷೆ | बट्टेबरे ओदरि माडुव परीक्षे | minute search. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **झाड़ी** | स्त्री. | कंटीले पौधों या झाड़ों का समूह। | ಮುಳ್ಳು ಗಿಡಗಳ ಪೊದರು, ಪೊದೆ | मुळ्ळु गिडगळ पॉदरु, पॉदॆ | bush, thicket. |
| **झाड़ू** | स्त्री. | लम्बी सीकों, तीलियों आदि का फूला जिससे फर्श पर पड़ा हुआ कूड़ा-करकट, धूल आदि साफ करते हैं। | ಕಸಬರಲು, ಪರಕೆ | कसबरलु, परकॆ | broom, besom, whisk. |
| **झापड़** | पुं. | थप्पड़, जोर का तमाचा। | ಕೆನ್ನೆ ಏಟು | कॆन्नॆ एटु | slap. |
| **झाबा** | पुं. | बड़ा टोकरा। | ದೊಡ್ಡ ಗೂಡೆ | दॊड्ड गूडॆ | big basket. |
| **झामर** | पुं. | पैरों में पहनने का एक गहना। | ಪಾದಾಭರಣ | पादाभरण | anklet. |
| **झारी** | स्त्री. | लंबी गरदनवाला एक प्रकार का टोंटीदार पात्र। | ನೀಳ ಕತ್ತಿನ, ಕೊಂಬಿರುವ ಕೂಜ, ಹೂಜಿ | नीळ कत्तिन, कॊंबिरुव कूज, हूजि | a pitcher with a long neck and a spout to it, an ewer. |
| **झाल** | स्त्री. | 1. गंध, स्वाद आदि की तीव्रता; 2. झालने की क्रिया या भाव। | ರುಚಿಯ ಖಾರ, ತೀವ್ರತೆ; ಬೆಸಿಗೆ ಹಾಕುವಿಕೆ | रुचिय कार, तीव्रतॆ; बॆसिगॆ हाकुविकॆ | sharp, hot, pungent flavour; soldering. |
| **झालना** | स. क्रि | 1. धातु की बनी चीजों को टांके से जोड़ना; 2. किसी पात्र को धातु का टांका लगाकर चारों ओर से अच्छी तरह बंद करना। | ಬೆಸಿಗೆ ಹಾಕಿ ಜೋಡಿಸು; ಪಾತ್ರೆಗೆ ಲೋಹದ ಬೆಸಿಗೆ ಹಾಕಿ ನಾಲ್ಕೂ ಕಡೆಯಿಂದ ಮುಚ್ಚು | बॆसिगॆ हाकि जोडिसु; पात्रॆगॆ लोहद बॆसिगॆ हाकि नाल्कू कडॆयिंद मुच्चु | to solder, to weld; to seal the mouth of any container perfectly by soldering. |
| **झालर** | स्त्री. | किसी चीज अथवा वस्त्र के सिरे पर शोभा या सजावट के लिए लगाया जानेवाला लहरियेदार किनारा या हाशिया। | ಅಲಂಕಾರಕ್ಕಾಗಿ ಬಟ್ಟೆಯ ಅಂಚಿನಲ್ಲಿ ಹೊಲಿಯುವ ನೆರಿಗೆ | अलंकारक्कागि बट्टॆय अंचिनल्लि हॊलियुव नॆरिगॆ | flounce, frill, festoon. |
| **झाला** | पुं. | सितार आदि बजाते समय उत्पन्न की जाने-वाली एक प्रकार की कलात्मक झंकार। | ತಂತಿಯ ವಾದ್ಯದಲ್ಲಿ ಧ್ವನಿ ಮೇಳವಿಸಲು ಮೀಟಿ ಉಂಟು ಮಾಡುವ ಧ್ವನಿ | तंतिय वाद्यदल्लि ध्वनि मेळविसलु मीटि उंटुमाडुव ध्वनि | a rhythmic pattern of instrumental music. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **झिंझरी** | स्त्री. | जालीदार खिड़की। | ಜಾಲಿ ಹಾಕಿದ ಕಿಟಕಿ | जालि हाकिद किटकि | lattice. |
| **झिकझिक** | स्त्री. | व्यर्थ की तकरार करना, बहस करना। | ಬರಿ ತಕರಾರು, ಅರ್ಥವಿಲ್ಲದ ಚರ್ಚೆ | बरि तकरारु, अर्थविल्लद चर्चे | useless wrangling, discussion. |
| **झिझक** | स्त्री. | झिझकने की क्रिया या भाव, हिचक,संकोच। | ಸಂಕೋಚ | संकोच | hitch, hesitation, shyness. |
| **झिझकना** | अ. क्रि. | भय, लज्जा, संकोच आदि के कारण कुछ करने या कहने से रुकना या पीछे हटना। | ಸಂಕೋಚಪಡು, ಹಿಂದು ಮುಂದು ನೋಡು | संकोचपडु, हिंदु मुंदु नोडु | to hesitate, to feel shy, to balk. |
| **झिड़कना** | स. क्रि. | डांटना, फटकारना, क्रुद्ध होकर तिरस्कारपूर्वक कठोर बात कहना। | ಸಿಟ್ಟಿನಿಂದ ಗದರಿಸು-ವುದು | 'सिट्टिनिंद गदरिसुवुदु | to rebuke, to reprimand, to scold, to snub. |
| **झिड़की** | स्त्री. | डांट, फटकार। | ಗದರಿಸಿ ಬೈಯುವ ಬೈಗಳ | गदारिसि बैयुव बैगळ | rebuke, reproof, snub. |
| **झिरझिरा** | वि. | झीना। | ತೆಳುವಾದ | तॆळुवाद | thin, badly woven. |
| **झिरी** | स्त्री. | दो पदार्थों की संधि में वह रिक्त स्थान जिसमें से कोई चीज धीरे-धीरे निकल या बह जाए। | ಬಿರುಕು, ತೂತು | बिरुकु, तूतु | small hole, rent, cleft, fissure. |
| **झिलमिल (झलमल)** | स्त्री. | रह-रहकर चमकती हुई रोशनी जिसमें कभी कुछ उजाला और कभी कुछ अंधेरा हो जाता है। | ಮಿನುಗುಟ್ಟುವಿಕೆ, ಮಿನುಗು, ಹೊಳಪು | मिनुगुट्टुविकॆ मिनुगु हॊळपु | flicker, shimmer, twinkle. |
| **झिलझिला** | वि. | 1. झीना; | ತೆಳುವಾದ ಜಾಳಾದ; | तॆळुवाद, जाळाद; | gauze-like, thin, fine; |
| | | 2. रह-रहकर चमकनेवाला। | ಮಿನುಗುಟ್ಟುವ | मिनुगुट्टुव | sparkling, flashing, shimmery. |
| **झिलमिलाना** | अ. क्रि. | रह-रहकर चमकना, टिमटिमाना। | ಮಿಣುಗುಟ್ಟು | मिणुगुट्टु | to flicker, to shimmer, to twinkle. |
| **झिलमिलाहट** | स्त्री. | झिलमिलाने की क्रिया या भाव। | ಹೊಳೆಯುವಿಕೆ, ಮಿನುಗುಟ್ಟುವಿಕೆ | हॊळॆयुविकॆ, मिनुगुट्टुविकॆ | twinkle, shimmer, flicker. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| झिलमिली | स्त्री. | खिड़कियों आदि में जड़ा जानेवाला आड़ी पटरियों का ढांचा जो पीछे लगी हुई लकड़ी को खींचने से बंद होता है या खुलता है। | ಅಡ್ಡ ಪಟ್ಟಿಗಳಿಗೆ ಉದ್ದ ಪಟ್ಟಿಯನ್ನು ಸೇರಿಸಿ ಎಳೆದಾರ ಮುಚ್ಚಿಕೊಳ್ಳುವ ಕಿಟಕಿಯ ಕದ | अड्ड पट्टिगळिगॆ उद्द पट्टियन्नु सेरिसि ऍळॆदर मुच्चिकॊळ्ळुव किटकिय कद | venetian blind, shutter. |
| झिल्ली | स्त्री. | 1. झींगुर;<br>2. किसी वस्तु के ऊपर का बहुत ही पतला और पारदर्शक आवरण। | ಜೀರುಂಡೆ;<br>ತೆಳುವಾದ ಪಾರದರ್ಶಕ ಆವರಣ, ಹೊದಿಕೆ | जीरुंडॆ;<br>तॆळुवाद पारदर्शक आवरण, हॊदिकॆ | cricket;<br>thin skin, pellicle, membrane, film. |
| झिल्लीदार | वि. | झिल्ली से युक्त। | ಪೊರೆಯಿಂದ ಆವರಿಸಿದ, ಮುಚ್ಚಿದ | पॊरॆयिंद आवरिसिद, मुच्चिद | membranous, covered with a film pellicle. |
| झींकना (झींखना) | अ. क्रि. | दुःखी भाव से रह-रहकर और समय-कुसमय अपना दुःख व्यक्त करते रहना, दुखड़ा रोना। | ಹಲುಬು, ಅಳು, ಮೊರೆಯಿಡು | हलुबु, अळु, मॊरॆयिडु | to snivel, to lament, to grumble, to repine. |
| झींगुर | पुं. | एक छोटा कीड़ा जिसकी आवाज बहुत तेज होती है और बरसात की रात में प्रायः सुनाई देती है। | ಜೀರುಂಡೆ | जीरुंडॆ | cricket (insect). |
| झीना | वि. | (कपड़ा) जिसके ताने और बाने के सूतों की बुनावट कसी हुई न होकर विरल हो। | ಹಾಸು ಹೊಕ್ಕುಗಳನ್ನು ತೆಳುವಾಗಿ ದೂರದೂರ ನೆಯ್ದ (ಬಟ್ಟೆ) | हासु हॊक्कुगळन्नु तॆळुवागि दूर-दूर नॆय्द (बट्टॆ) | thin, threadbare. |
| झील | स्त्री. | प्रकृति निर्मित जलाशय, बहुत बड़ा ताल। | ಪ್ರಾಕೃತಿಕವಾಗಿ ಆದ ಜಲಾಶಯ | प्राकृतिकवागि आद जलाशय | lake. |
| झुंझलाना | अ. क्रि. | इस प्रकार कुछ क्रुद्ध होकर कोई बात कहना जिससे अप्रसन्नता, असंतोष या असहमति सूचित होती हो, खीझना। | ಸಿಡುಗುಟ್ಟು, ಸಿಂಡರಿಸು, ಕೆರಳು | सिडुगुट्टु, सिंडरिसु, कॆरळु | to be irritated or annoyed, to be peevish or fretful. |
| झुंझलाहट | स्त्री. | झुंझलाने की अवस्था, क्रिया या भाव। | ಸಿಟ್ಟು, ಸಿಡುಕು | सिट्टु, सिडुकु | irritation, annoyance, peevishness. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **झुंड** | पुं. | 1. पशु-पक्षियों आदि के समूह; | ಪಶುಪಕ್ಷಿಗಳ ಹಿಂಡು; | पशुपक्षिगळ हिंडु; | flock, herd, group; |
| | | 2. व्यक्तियों का समूह। | ಗುಂಪು | गुंपु | crowd. |
| **झुकना** | अ. क्रि. | 1. टेढ़ा होना, मुड़ना; | ಬಾಗು; | बागु; | to bend, to droop; |
| | | 2. नीचा होना (आंखों का); | ತಗ್ಗು, ಜೋಲುಬೀಳು; | तग्गु, जोलुबीळु; | to hang down, to droop (as the eyes); |
| | | 3. दबना, भार आदि के कारण नमित होना (पेड़ आदि का); | ಭಾರದಿಂದ ಜಗ್ಗು; | भारदिंद जग्गु; | to be bent down, to stoop (as the bough of a tree); |
| | | 4. किसी के प्रति पक्षपात करना; | ಒಂದು ಕಡೆಗೆ ವಾಲು; | ओंदु कडेगे वालु; | to lean, to incline; |
| | | 5. प्रतिपक्षी की महत्ता या प्रबलता स्वीकार करना। | ಮಣಿಯು | मणियु | to bow, to submit, to yield. |
| **झुकाना** | स. क्रि. | 1. टेढ़ा करना, मोड़ना; | ಬಗ್ಗಿಸು, ಬಾಗಿಸು; | बग्गिसु, बागिसु; | to bend, to cause to droop; |
| | | 2. ऊंचाई पर स्थित किसी वस्तु के किसी अंश को नीचे की ओर लाना; | ಓಲಿಸು; | ओलिसु; | to tilt, to cause to stoop; |
| | | 3. किसी का अभिमान, हठ आदि दूर करते हुए उसे नम्र बनाना। | ಮಣಿಯುವಂತೆ ಮಾಡು | मणियुवंते माडु | to force to accept defeat, to force to yield, to cause to lean. |
| **झुकाव** | पुं. | झुकने की क्रिया या भाव। | ಬಾಗಿರುವಿಕೆ, ವಾಲಿರುವಿಕೆ | बागिरुविके, वालिरुविके | the act or state of stooping, bowing down, bent, twist, tilt. |
| **झुग्गी** | स्त्री. | फकीरों, साधुओं आदि के रहने की झोंपड़ी। | ಸಾಧು ಸಂನ್ಯಾಸಿಗಳ ಗುಡಿಸಿಲು | साधु संन्यासिगळ गुडिसिलु | hut. |
| **झुटपुटा** | पुं. | सूर्योदय होने से कुछ पूर्व और सूर्यास्त होने के कुछ बाद का समय जब कुछ-कुछ अंधेरा और कुछ-कुछ उजाला होता है। | ಸಂಜೆಗತ್ತಲು, ಸಂಜೆ ಮಬ್ಬು | संजेगत्तलु, संजे मब्बु | twilight, faint light. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **झुठलाना** | स. क्रि. | झूठा साबित करना। | ಸುಳ್ಳೆಂದು ಸಾಧಿಸು, ಹುಸಿ ಮಾಡು | सुळ्ळॆंदु साधिसु, हुसि माडु | to belie, to falsify. |
| **झुनझुना** | पुं. | बच्चों के खेलने का एक प्रकार का खिलौना जो हिलाने में 'झुनझुन' बजता है। | ಮಕ್ಕಳಾಟದ ಗಿಲಿಕೆ | मक्कळाटद गिलिकॆ | child's rattle, toy. |
| **झुनझुनी** | स्त्री. | शरीर के किसी अंग विशेषतः हाथ और पैरों में रक्त संचार अनियमित होने के कारण कुछ देर तक होनेवाली सनसनाहट। | ಜೋಮು, ಮರಗಟ್ಟುವಿಕೆ | जोमु, मरगट्टुविकॆ | benumbing sensation. |
| **झुमका** | पुं. | कानों में पहनने का एक आभूषण। | ಕಿವಿಯ ಜುಮುಕಿ, ಆಭರಣ | किविय जुमकि आभरण | pendant of an ear ring. |
| **झुरझुरी** | स्त्री. | जूड़ी, बुखार की कंपकंपी। | ಜ್ವರ ಬರುವ ಮುನ್ನ ಬರುವ ಚಳಿ | ज्वर बरुव मुन्न बरुव चळि | shivering or ague that precedes fever. |
| **झुरमुट** | पुं. | पास-पास उगे पेड़ों अथवा झाड़ियों का समूह। | ಪೊದರು, ಕುರುಚಲು ಗಿಡಗಳ ಮೆಳೆ | पॊदरु, कुरुचलु गिडगळ मॆळॆ | cluster of shrubs, grove. |
| **झुर्री** | स्त्री. | 1. दुर्बलता के कारण त्वचा पर पड़नेवाली रेखाएं; | ಶರೀರ ಶೈಥಿಲ್ಯದಿಂದಾದ ಸುಕ್ಕು; | शरीर शैथिल्यदिंदाद सुक्कु; | wrinkle; |
| | | 2 किसी वस्तु के सूखने पर उसके ऊपरी आवरण में पड़नेवाली रेखाएं। | ಒಣಗಿದುದರಿಂದ ಆದ ಸುಕ್ಕು ಅಥವಾ ಬಾಡಿರುವಿಕೆ | ऒणगिदुदरिंद आद सुक्कु अथवा बाडिरुविकॆ | fold, pucker. |
| **झुलनी** | स्त्री. | नथ में लटकता रहनेवाला मोतियों का छोटा गुच्छा। | ಬುಲಾಕು, ಜುಮುಕಿ | बुलाकु, जुमकि | ornament worn in nose |
| **झुलसना** | अ. क्रि. | 1. कुछ-कुछ जल जाने के कारण काला पड़ जाना, वस्तु के केवल ऊपरी भाग का जलना; | ಕಾವು ತಗಲಿ ಬಾಡು; | कावु तगलि बाडु; | to be scorched or half burnt, to be charred; |
| | | 2. धूप, लू आदि से पौधे आदि का सूखना, मुरझाना। | ಬಿಸಿಲಿನ ಬೇಗೆಯಿಂದ ಬಾಡಿ ಹೋಗು | बिसिलिन बेगॆयिंद बाडि होगु | to wither. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| झुलसाना | स. क्रि. | 1. वस्तु का ऊपरी भाग जला देना;<br>2. झुलसने का कारण होना। | ಬಾಡಿಸು, ಹುರಿದು ಬೇಯಿಸಿ ಬಾಡಿಸು ಬಾಡುವಂತೆ ಮಾಡು;<br>ಸುಡಲು ಕಾರಣವಾಗು | बाडिसु, हुरिदु बाडुवंतॆ माडु;<br>सुडलु कारणवागु | to scorch;<br>to singe, to sear. |
| झुलाना | स. क्रि. | 1. लटकी हुई चीज को बारबार इधर उधर हिलाना;<br>2. किसी कार्य या बात के लिए किसी को बार बार आश्वासन देना किन्तु पूरा न करना। | ತೂಗು, ತೂಗಾಡಿಸು;<br>ಅನಿಶ್ಚಿತ ಸ್ಥಿತಿಯಲ್ಲಿಡು | तूगु, तूगाडिसु;<br>अनिश्चित स्थिति-यल्लिडु | to swing, to rock;<br>to keep in suspense/ uncertainty. |
| झूठ | पुं. | असत्य, मिथ्या | ಅಸತ್ಯ, ಸುಳ್ಳು | असत्य, सुळ्ळु | lie, falsehood. |
| झूठ-मूठ | क्रि. वि. | यों ही, अकारण, बिना सत्य आधार के। | ಸುಳ್ಳು ಪೊಳ್ಳಾಗಿ, ಸುಳ್ಳು ಪೊಳ್ಳು | सुळ्ळु पॊळ्ळागि, सुळ्ळु पॊळ्ळु | falsely, without ground or cause, without rhyme or reason. |
| झूठा | वि. | 1. झूठ बोलनेवाला, मिथ्याभाषी;<br>2. जो सच न हो, मिथ्या;<br>3. नकली, बनावटी। | ಸುಳ್ಳುಗಾರ;<br>ಅಸತ್ಯ, ಸಟೆ<br>ಕೃತಕ | सुळ्ळुगार;<br>असत्य, सटॆ;<br>कृतक | liar;<br>untrue;<br>false, fictitious. |
| झूमना | अ. क्रि. | 1. इधर उधर हिलना, लहराना, झोंखे खना।;<br>2. आनन्द या नशे के कारण शरीर को धीरे धीरे हिलाना। | ತೂಗು, ತೂಗಾಡು;<br>ಸಂತೋಷ ಅಥವಾ ಅಮಲೇರಿ ಓಲಾಡು | तूगु, तूगाडु;<br>संतोष अथवा अमलेरि ओलाडु | to sway to and fro;<br>to nod the head in a gay mood or intoxication. |
| झूमर | पुं. | सिर में और कान में पहनने का एक गहना। | ಮುಂದಲೆಯಲ್ಲಿ ಮತ್ತು ಕಿವಿಗಳಲ್ಲಿ ಧರಿಸುವ ಆಭರಣ | मुंदलॆयल्लि मत्तु किविगळल्लि धरिसुव आभरण | a sort of ornament worn on head and ear. |
| झूल | स्त्री. | हाथी घोड़े आदि की पीठ पर सजावट के लिए डाला जानेवाला कपड़ा। | ಆನೆ ಕುದುರೆಗಳ ಬೆನ್ನ ಮೇಲೆ ಹೊದಿಸುವ ವಸ್ತ್ರ | आनॆ कुदुरॆगळ बॆन्न मेलॆ हॊदिसुव वस्त्र | body-clothes (of cattle, etc.). |
| झूलना | अ. क्रि. | 1. झूले पर बैठकर पैंग लेना;<br>2. किसी लटकती हुई चीज का बार बार आगे पीछे होना। | ತೂಗಾಡು, ಓಲಾಡು;<br>ಉಯ್ಯಾಲೆ ತೂಗು | तूगाडु, ओलाडु;<br>उय्यालॆ तूगु | to swing;<br>to dangle, to oscillate. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **झूला** | पुं. | पेड़ की डाल, छत या किसी अन्य ऊंचे स्थान में बांधकर लटकाई हुई रस्सियां जिन पर तख्ता आदि रखकर लोग मनो-विनोद के लिए झूलते हैं। | ಉಯ್ಯಾಲೆ | उय्यालॆ | swing, cradle. |
| **झेंप** | स्त्री. | लज्जा, संकोच, शर्म। | ನಾಚಿಕೆ, ಸಂಕೋಚ | नाचिकॆ, संकोच | blush, shyness. |
| **झेंपना** | अ. क्रि. | लजाना, शर्मिंदा होना। | ನಾಚಿಕೆ ಪಡು | नाचिकॆ पडु | to feel abashed, to blush, to feel embarrassed. |
| **झेंपू** | वि. | साधारण सी बात पर भी लज्जित होनेवाला। | ಲಜ್ಜಾಶೀಲ, ಸಂಕೋಚ ಸ್ವಭಾವದ | लज्जाशील, संकोच स्वभावद | one who is prone to feel abashed, embarrassed or to blush. |
| **झेलना** | स. क्रि. | सहना, बरदाश्त करना। | ಸಹಿಸು, ಅನುಭವಿಸು | सहिसु, अनुभविसु | to bear, to endure, to suffer. |
| **झोंक** | स्त्री. | 1. झोंकने की क्रिया या भाव; | ನೂಕುವಿಕೆ, ದೂಡುವಿಕೆ; | नूकुविकॆ, दूडुविकॆ; | the act or state of throwing in; |
| | | 2. सहसा किसी बात की ओर झुक पड़ने अथवा प्रवृत्त होने की अवस्था या भाव, धुन, आवेश; | ಭಾವಾವೇಶ; | भावावेश; | impulse, inclination; |
| | | 3. झुकाव, झुकाव के कारण किसी चीज पर पड़नेवाला बोझ। | ಬಾಗುವಿಕೆ, ಬಾಗಿದುದರಿಂದ ಆದ ಭಾರ | बागुविकॆ, बागिदुदरिंद आद भार | swing, weight, sway, bend, incurvation. |
| **झोंकना** | स. क्रि. | 1. वेग से एक चीज किसी दूसरी चीज में डालना, गिराना या फेंकना; | ದೂಡು, ನೂಕು; | दूडु, नूकु; | to throw; |
| | | 2. भट्ठी में ईंधन डालना; | ಒಲೆಗೆ ಸೌದೆ ಹಾಕು; | ऑलॆगॆ सौदॆ हाकु; | to thrust or pour something into furnace; |
| | | 3. आवश्यकता से कहीं अधिक व्यय करना। | ಅಗತ್ಯಕ್ಕಿಂತ ಹೆಚ್ಚಾಗಿ ವೆಚ್ಚ ಮಾಡು | अगत्यक्किंत हॆच्चागि वॆच्चमाडु | tq'spend blindly. |
| **झोंका** | पुं. | 1. थोड़े समय के लिए सहसा चलनेवाली वायु-लहरी; | ಗಾಳಿಯ ಹೊಡೆತ; | गाळिय हॊडॆत: | gust, breeze, current (of wind); |
| | | 2. अल्पकालिक नींद। | ನಿದ್ರೆಯ ಝೊಂಪು | निद्रॆय झॊंपु | nap. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **झोंटा** | पुं. | 1. बिखरे हुए रूखे, लम्बे, मैले बाल; | ಕೆದರಿದ ನೀಳ-ಗೂದಲು; | कॆदरिद नीळगूदलु; | coil (of a woman's hair), a thick lock of dishevelled hair; |
| | | 2. भैंस का बच्चा, भैंसा; | ಎಮ್ಮೆಯ ಕರು; | ऎम्मॆय करु; | a buffalo calf; |
| | | 3. पैंग। | ಉಯ್ಯಾಲೆಯ ಮೀಟು | उय्यालॆय मीटु | swing, oscillation. |
| **झोंपड़ा (झोंपड़ी)** | पुं. स्त्री. | घासफूस से छाया हुआ छोटा कच्चा घर। | ಗುಡಿಸಿಲು | गुडिसिलु | hut, cottage. |
| **झोला** | पुं. | 1. तरकारियों आदि में रसा या शोरबा जिसमें उनके टुकड़े इधर उधर हिलते हुए दिखाई देते हैं; | ಹೋಳಿರುವ ಸಾರು ಅಥವಾ ರಸದಿಂದ ಕೂಡಿದ ತರಕಾರಿಯ ಸಾರು; | होळिरुव सारु अथवा रसदिंद कूडिद तरकारिय सारु; | broth, soup; |
| | | 2. कपड़े के किसी अंश का ढीला या नाप से बड़ा होने के कारण लटकने वाला अंश। | ದೊಗಲೆಯಾಗಿ ಹೊಲಿದ ನೇತಾಡುವ ಬಟ್ಟೆ; | दॊगलॆयागि हॊलिद नेताडुव बट्टॆ; | bagginess, rumple, pucker; |
| | | 3. मुलम्मा। | ಗಿಲೀಟು | गिलीटु | veneer, gilding. |
| **झोलदार** | वि. | जिसमें झोल हो। | ದೊಗಲೆಯಾದ | दॊगलॆयाद | puckered, baggy. |
| **झोला** | पुं. | कपड़े, किरमिच आदि का थैला। | ತೂಗು ಚೀಲ, ಹಸಿಬೆ, ಜೋಳಿಗೆ | तूगु चील, हसिबॆ जोळिगॆ | wallet, bag, kit. |
| **झोली** | स्त्री. | 1. छोटा थैला; 2. ओढ़े या पहने हुए कपड़े का पेट पर पड़नेवाला वह अंश जिसे दोनों हाथों से फैलाकर कोई चीज़ ग्रहण की जाती है। | ಸಣ್ಣ ಜೋಳಿಗೆ; ಬೇಡಲು ಒಡ್ಡಿದ ಸೆರಗು | सण्ण जोळिगॆ; बेडलु ऒड्डिद सॆरगु | small bag; beggar's bag. |
| **टंकक** | पुं. | वह व्यक्ति जो टंकण यंत्र पर चिट्ठी पत्री आदि छापता हो। | ಟೈಪಿಸ್ಟ್, ಟೈಪು ಮಾಡುವವ | टैपिस्ट्, टैपु माडुवव | typist. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **टंकन (टंकण)** | पुं. | 1. टंकण-यंत्र पर चिट्ठी-पत्री आदि छापने का काम; | ಟೈಪು ಮಾಡುವ ಕೆಲಸ; | टैप माडुव कॆलस; | typewriting, typing; |
| | | 2. टाँका या जोड़ लगाने का काम; | ಬೆಸಿಗೆಯ ಕೆಲಸ; | बॆसिगॆय कॆलस; | soldering; |
| | | 3. सिक्का ढालने तथा उस पर चिह्न आदि छापने की क्रिया या भाव। | ನಾಣ್ಯಗಳನ್ನು ಮುದ್ರಿಸುವಿಕೆ | नाण्यगळन्नु मुद्रिसुविकॆ | mintage. |
| **टंकनयंत्र** | पुं. | टंकन (टाइप) करने का यंत्र। | ಬೆರಳಚ್ಚು, ಟೈಪ್‌ರೈಟರ್ | बॆरळच्चु, टैप्रैटर् | typewriter. |
| **टँकना** | अ. क्रि. | 1. कपड़े आदि के टुकड़ों के जोड़ पर सूई-धागे से टाँका लगाया जाना; | ತೆಪೆ ಹಾಕು, ಜೋಡಿಸಿ ಹೊಲಿ; | तॆपॆ हाकु, जोडिसि हॊलि; | to be stitched; |
| | | 2. धातुखंडों या पात्रों का टाँके के योग से जोड़ा जाना। | ಬೆಸಿಗೆ ಹಾಕು | बॆसिगॆ हाकु | to be soldered. |
| **टँकवाना** | स. क्रि. | 1. टाँकने का काम किसी दूसरे से करवाना, सिलाकर लगवाना; | ತೇಪೆ ಹಾಕಿ ಹೊಲಿಸು; | तेपॆ हाकिसि हॊलिसु; | to cause to be stitched, to get stitched; |
| | | 2. टाँका लगवाना, धातुखंडों या पात्रों में जोड़ लगवाना। | ಬೆಸಿಗೆ ಹಾಕಿಸು | बॆसिगॆ हाकिसु | to cause to be soldered, to get soldered. |
| **टँकाई** | स्त्री. | टाँकने की क्रिया, भाव या मजदूरी। | ತೇಪೆ ಹಾಕುವಿಕೆ ಅಥವಾ ಬೆಸೆಯುವಿಕೆ ಮತ್ತು ಅದರ ಕೂಲಿ | तेपॆ हाकुविकॆ अथवा बॆसॆयुविकॆ मत्तु अदर कूलि | the work, state or wages for stitching, soldering. |
| **टँकाना** | स. क्रि. | दे० 'टँकवाना'। | ನೋಡಿ "टँकवाना" | नोडि "टँकवाना" | same as '**टँकवाना**' |
| **टँकार** | स्त्री. | 1. धनुष की प्रत्यंचा को तानकर सहसा ढीला छोड़ने पर होनेवाली टन-टन ध्वनि; | ಧನುಸ್ಸಿನ ಟಂಕಾರ | धनुस्सिन टंकार; | twang of a bow-string; |
| | | 2. किसी कसे हुए तार पर उंगली मारने से होनेवाली ध्वनि। | ಬಿಗಿದೆಳೆದ ತಂತಿಯನ್ನು ಮೀಟಿದರೆ ಆಗುವ ಧ್ವನಿ | बिगिदॆळॆद तंतियन्नु मीटिदरॆ आगुव ध्वनि | tinkling sound. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **टंकारना** | स. क्रि. | 1. धनुष की प्रत्यचा को तानकर सहसा ढीला छोड़ना जिससे वह टन-टन शब्द करने लगे; | ಧನುಸ್ಸಿನ ಟಂಕಾರ ಧ್ವನಿ ಮಾಡು; | धनुस्सिन टंकार ध्वनि माडु; | to twang; |
| | | 2. टन-टन शब्द उत्पन्न करना, टनटनाना। | ಟಂಕಾರ ವಾಗುವಂತೆ ಮಾಡು | टंकारवागुवंत माडु | to tinkle, to produce tinkling sound. |
| **टंकी** | स्त्री. | पानी भरकर रखने का एक आधान या पात्र, हौज़, कुंड। | ನೀರಿನ ತೊಟ್ಟಿ, ಹೌದು | नीरिन तॉट्टि, हौदु | small water reservoir, tank, large water container. |
| **टंगना** | अ. क्रि. | 1. किसी वस्तु का किसी ऊँचे आधार पर इस प्रकार अटकना कि उसका प्रायः सब भाग नीचे की ओर आ गया हो, लटकना; | ನೇತು ಬೀಳು, ತೊಂಗು, ನೇತಾಡು; | नेतु बीळु, ताँगु, नेताडु; | to hang, to be hung; |
| | | 2. फांसी पर चढ़ना; | ನೇಣು ಹಾಕಿಕೊಳ್ಳು; | नेणु हाकिकाॅळ्ळु; | to be suspended on gibbet; |
| | | 3. अनिश्चय की स्थिति में होना। | ಅನಿಶ್ಚಿತ ಸ್ಥಿತಿಯಲ್ಲಿರು | अनिश्चित स्थितियल्लिरु | to be in a state of uncertainty or indecision. |
| | पुं. | अलगनी | ಬಟ್ಟೆ ಬರೆ ಒಣಗಿಸಲು ಕಟ್ಟಿದ ಬಿದಿರಿನ ಗಳು, ದಾರ, ಹಗ್ಗ, ತಂತಿ | बट्टॅ बरॅ ऑणगिसलु कट्टिद बिदुरिन गळु, दार, हग्ग, तंति | clothesline, rope, wire or bamboo for hanging clothes on. |
| **टँगवाना** | स. क्रि. | किसीको कुछ टांगने में प्रवृत्त करना। | ನೇತು ಹಾಕಿಸು | नेतु हाकिसु | to cause to be hung up, to hang up. |
| **टँगाना** | स. क्रि. | टंगवाना | ನೇತಾಡುವಂತೆ ಮಾಡು | नेताडुवंत माडु | same as 'टँगवाना' |
| **टंटा** | पुं. | 1. व्यर्थ का उपद्रव, झगड़ा, बैर, विरोध; | ತಂಟೆ ತಕರಾರು ಜಗಳ, ವೈರ, ವಿರೋಧ; | तंटॅ तकरारु,जगळ, वैर, विरोध; | quarrel, wrangling, altercation; |
| | | 2. परेशानी, दिक्कत, बाधा। | ತೊಂದರೆ, ಕಷ್ಟ, ತಾಪತ್ರಯ | ताँदरॅ, कष्ट, तापत्रय | botheration. |
| **टकटकी** | स्त्री. | ऐसी दृष्टि जिसमें देर तक पलक न गिरे। | ದಿಟ್ಟಿಸುವಿಕೆ | दिट्टिसुविकॅ | gaze, stare, fixed look. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **टकराना** | अ. क्रि. | 1 दो वस्तुओं, व्यक्तियों आदि का परस्पर सहसा जोर से भिड़ जाना; | ಡಿಕ್ಕಿ ಹೊಡೆ; | डिक्कि होंडॆ; | to collide, to be knocked; |
| | | 2. बाधक होना, संघर्ष होना, रगड़ना। | ಪರಸ್ಪರ ಘರ್ಷಿಸು | परस्पर घर्षिसु | to clash, to quarrel, to encounter. |
| | स. क्रि. | दो वस्तुओं को भिड़ाना, आपस में टक्कर खिलाना या लगाना। | ಇಬ್ಬರ ಅಥವಾ ಎರಡು ವಸ್ತುಗಳ ಪರಸ್ಪರ ಘರ್ಷಣೆ-ಯಾಗು | इब्बर अथवा ऎरडु वस्तुगळ परस्पर घर्षणॆयागु | to bring into collision, to dash against, to knock (against). |
| **टकसाल** | स्त्री. | वह स्थान जहाँ सिक्के बनाए जाते हैं। | ಟಂಕಸಾಲೆ | टंकसालॆ | mint. |
| **टकसाली** | वि. | 1. टकसाल संबंधी, टकसाल का; | ಟಂಕಸಾಲೆಯ; | टंकसालॆय; | of or pertaining to a mint; |
| | | 2. टकसाल में बना हुआ; | ಟಂಕಸಾಲೆಯಲ್ಲಿ ಆದ; | टंकसालॆयल्लि आद; | coined in a mint; |
| | | 3. प्रामाणिक, चलनसार, वास्तविक, मान्य (सिक्का); | ಪ್ರಾಮಾಣಿಕವಾದ, ಚಲಾವಣೆಯಲ್ಲಿ-ರುವ (ನಾಣ್ಯ); | प्रामाणिकवाद चलावणॆयल्लिरुव (नाण्य); | genuine (coin), real; |
| | | 4. शुद्ध, प्रचलित, मानक (भाषा)। | ಅಚ್ಚ, ಶುದ್ಧ, ಚೊಕ್ಕ, ಪ್ರಚಲಿತ (ಭಾಷೆ) | अच्च, शुद्ध, चॊक्क, प्रचलित (भाषॆ) | standard, pure, chaste, current (speech). |
| **टका** | पुं. | 1. तांबे का एक अप्रचलित भारतीय सिक्का जो दो पैसे के मूल्य का होता है, अधन्ना; | ಹಿಂದಿನ ಕಾಲದ ಅರ್ಧ ಆಣೆ, ಎರಡು ಪೈಸೆ ಬೆಲೆಯ ಒಂದು ತಾಮ್ರದ ನಾಣ್ಯ; | हिंदिन कालद, अर्ध, आणॆ, ऎरडु पैसॆ बॆलॆय ऒंदु ताम्रद नाण्य; | an out-of currency Indian copper coin equal to two pices (paise); |
| | | 2. (ला०) धन-सम्पत्ति, रुपया-पैसा। | (ಲಾಕ್ಷಣಿಕ) ಐಶ್ವರ್ಯ ಸಂಪತ್ತು | (लाक्षणिक) ऐश्वर्य संपत्तु | (fig.) money, wealth. |
| **टकुली** | स्त्री. | 1. पत्थर काटने की छेनी; | ಕಲ್ಕುಟಿಗನ ಉಳಿ; | कल्कुटिगन उळि; | chisel of the engraver; |
| | | 2. चरखे का छोटा तकला | ರಾಟೆಯ ತಕಲಿ | राटॆय तकलि | small spindle (of a spinning wheel). |
| **टकोरी** | स्त्री. | सोना-चांदी आदि तौलने का पुरानी चाल का एक प्रकार का कांटा या तराजू। | ಚಿನ್ನ-ಬೆಳ್ಳಿ ತೂಕ ಮಾಡುವ ಹಳೆ ಕಾಲದ ತ್ರಾಸು | चिन्न-बॆळ्ळि तूक माडुव हळॆ-कालद त्रासु | an out-dated balance or scales for weighing gold, silver etc. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **टक्कर** | स्त्री. | 1. दो वस्तुओं का वेग के साथ आपस में भिड़ जाना; | ಡಿಕ್ಕಿ, ಹೊಡೆತ; | डिक्कि, हॉडॆत; | collision; |
| | | 2. संघर्ष, मुकाबला; | ಸಂಘರ್ಷಣೆ, ಪ್ರತಿಘಟನೆ, ಹೋರಾಟ | संघर्षणॆ, प्रतिभटतॆ होराट | clash, quarrel, encounter; |
| | | 3. ठोकर। | ಪೆಟ್ಟು | पॆट्टु | stumble. |
| **टखना** | पुं. | पिंडली और एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हुई हड्डी। | ಹಿಮ್ಮಡಿಯ, ಕೀಲು | हिम्मडिय कीलु | ankle. |
| **टटिया** | स्त्री. | तिनकों, तीलियों आदि को आपस में फंसा या बांधकर तैयार किया हुआ परदा। | ಬಿದುರು,ಬೆತ್ತದ ಕಡ್ಡಿಗಳಿಂದ ಮಾಡಿದ ತಡಿಕೆ | बिदुरु,बॆत्तद कड्डिगळिंद माडिद तडिकॆ | small screen (made of straw, reed or bamboo parings etc.) |
| **टटोलना** | स. क्रि. | 1. अन्धकार में या स्पष्ट दिखाई न पड़ने पर हाथ या उंगलियों से छूकर वस्तु का अनुमान करना; | ಕತ್ತಲಲ್ಲಿ ತಡಕಾಡು; | कत्तलल्लि तडकाडु; | to grope, to feel; |
| | | 2. वार्तालाप द्वारा किसी के विचारों का पता लगाना, मन की थाह लेना; | ಮಾತುಕತೆಯಲ್ಲಿ ಮನವನ್ನರಿ; | मातुकतॆयल्लि मनवन्नरि; | sound (somebody); |
| | | 3. स्पर्श आदि के द्वारा जांचना, परखना। | ಮುಟ್ಟಿ ನೋಡಿ ಪರೀಕ್ಷಿಸು | मुट्टि नोडि परीक्षिसु | **to probe, to examine**, to test **or try by feeling.** |
| **टट्टर** | स्त्री. | बांस की फट्टियों आदि को जोड़कर बनाया हुआ ढांचा जो ओट या रक्षा के लिए देहाती लोग दरवाजों में लगाते हैं। | ಬಿದುರಿನ ಸೀಳು-ಗಳಿಂದ ಮಾಡಿದ ತಡಿಕೆ, ಬಿದುರು ತಡಿಕೆ | बिदुरिन सीळुगळिंद माडिद तडिकॆ, बिदुरु तडिकॆ | a large bamboo or wicker-work frame. |
| **टट्टा** | पुं. | बड़ी टट्टी, टट्टर। | ದೊಡ್ಡದಾದ ಬಿದುರು ತಡಿಕೆ | दॊड्डदाद बिदुरु तडिकॆ | large bamboo or wicker-work frame. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **टट्टी** | पुं. | 1. शौचालय; | ಶೌಚಗೃಹ; | शौचगृह; | latrine; |
| | | 2. मल, पाखाना; | ಮಲ, ಪಾಯಖಾನೆ; | मल, पायखानॆ; | stool; |
| | | 3. बांस की फट्टियों आदि को जोड़कर बनाई हुई दीवार या ढांचा। | ಮರೆಗಾಗಿ ಇಟ್ಟ ಬಿದುರಿನ ತಡಿಕೆ | मरॆगागि इट्ट बिदुरिन तडिकॆ | screen (made of bamboo parings, straw or reeds etc.) |
| **टट्टू** | पुं. | छोटे या नाटे कद का घोड़ा, टांगन। | ಕುಳ್ಳಾದ ಕುದುರೆ, ಪೋನಿ | कुळ्ळद कुदुरॆ, पोनि | undersized horse, pony. |
| **टप** | स्त्री. | 1. वर्षा अथवा किसी तरल पदार्थ की बूंद या फल आदि के नीचे गिरने से होनेवाला शब्द; | ಹನಿ ಬಿದ್ದಾಗ ಆಗುವ 'ಟಪ್' ಶಬ್ದ; | हनि बिद्दाग आगुव "टप्" शब्द; | sound of dropping water or falling fruits etc.; |
| | | 2. गाड़ियां आदि पर छाया के लिए बनाया हुआ आच्छादन। | ಗಾಡಿ ಮುಂತಾದವು-ಗಳ ಮೇಲೆ ಕಟ್ಟಿದ ಮೇಲು ಹೊದಿಕೆ, ಕಮಾನು | गाडि मुंतादवुगळ मेलॆ कट्टिद मेलु हॊदिकॆ, कमानु | hood (of a carriage, etc.) |
| **टपक** | स्त्री. | 1. टपकने की क्रिया या भाव; | ತೊಟ್ಟು ತೊಟ್ಟಾಗಿ ಹನಿಯುವಿಕೆ; | तॊट्टु तॊट्टागि हनियुविकॆ; | dropping, dripping; |
| | | 2. किसी चीज के ऊपर से गिरने पर होनेवाला शब्द; | ತೊಟ್ಟು ತೊಟ್ಟಾಗಿ ಕೆಳಗೆ ಬಿದ್ದಾಗ ಆಗುವ 'ಟಪ್' ಶಬ್ದ; | तॊट्टु तॊट्टागि कॆळगॆ बिद्दाग आगुव "टप्" शब्द; | sound of dropping (of a liquid, etc.) or of falling (fruits etc.); |
| | | 3. शरीर के किसी अंग में मवाद आदि या और कोई विकार हो जाने के कारण रह-रहकर होनेवाली हलकी पीड़ा, टीस; | ಚುಚ್ಚುವಂತಹ ಬೇನೆ; | चुच्चुवंतह बेनॆ; | throbbing pain; |
| | | 4. धड़कन, कंपन। | ಬಡಿತ, ಮಿಡಿತ | बडित, मिडित | throb, pulsation, beat. |
| **टपकन** | स्त्री. | दे० 'टपक'। | ನೋಡಿ "टपक" | नोडि "टपक" | same as 'टपक'. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| टपकना | अ. क्रि. | 1. किसी तरल पदार्थ का बूंद-बूंद करके या फलों आदि का टप-टप शब्द करते हुए गिरना; | ಹನಿಯು, ತೊಟ್ಟಿಕ್ಕು; | हनियु, ताॅट्टिक्कु; | to drop, to drip, to leak (as liquid or ripe fruit); |
| | | 2. सहसा कहीं आ पहुंचना; | ಇದ್ದಕ್ಕಿದ್ದಂತೆ ಕಾಣಿಸಿಕೊಳ್ಳು; | इद्दक्किद्दंतॆ काणिसिकॊळ्ळु; | to appear all of a sudden; |
| | | 3. किसी अंग में मवाद भरा होने के कारण रह-रहकर पीड़ा होना; | ಕೀವು ತುಂಬಿದುದರಿಂದ ನೋವಾಗು; | कीवु तुंबिदुदरिंद नोवागु; | throbbing pain; |
| | | 4. धड़कना; | ಮಿಡಿ; | मिडि; | to beat, to throb, to palpitate; |
| | | 5. कोई भाव प्रकट होना, झलकना। | ಭಾವ ಮೂಡು ಅಥವಾ ಪ್ರಕಟಗೊಳ್ಳು | भावमूडु अथवा प्रकटगॊळ्ळु | to show up, to be reflected. |
| टपका | पुं. | 1. पेड़ से पककर गिरा हुआ आम; | ಹಣ್ಣಾಗಿ ಉದುರಿದ ಮಾವು; | हण्णागि उदुरिद मावु; | mango fallen from the tree when ripe; |
| | | 2. चूकर या रिसकर निकली हुई बूंद, रिसाव; | ಹನಿ ಹನಿಯಾಗಿ ಬಿದ್ದ ತೊಟ್ಟು; | हनि हनियागि बिद्द ताॅट्टु; | drop; |
| | | 3. टप-टप शब्द करते हुए बूंदों के गिरने की अवस्था या भाव। | ತೊಟ್ಟಿಕ್ಕುವ ಶಬ್ದ | ताॅट्टिक्कुव शब्द | continuous dropping, dripping. |
| टपका-टपकी | स्त्री. | रह-रहकर होनेवाली बूंदा-बांदी या हल्की वर्षा। | ನಿಲ್ಲದೆ ಹನಿಯುವ ಮಳೆ | निल्लदॆ हनियुव मळॆ | persistent falling of rain drops. |
| टपकाना | स. क्रि. | 1. कोई चीज बूंदों के रूप में गिराना; | ತೊಟ್ಟು ತೊಟ್ಟಾಗಿ ಹನಿಸು; | ताॅट्टु ताॅट्टागि हनिसु; | to cause to drop, drip; |
| | | 2. भभके आदि के द्वारा अरक, आसव आदि तैयार करना, चुआना | ಬಟ್ಟಿಯಿಳಿಸಿ ಆಸವ, ಅರ್ಕ ತಯಾರಿಸು | बट्टियिळिसि आसव, अर्क तैयारिसु | to cause to distil. |
| टप-टप | स्त्री. | बूंदों के गिरने या घोड़े आदि के चलने से टप-टप शब्द। | 'ಟಪ್ ಟಪ್' ಶಬ್ದ | "टप् टप्" शब्द | sound of falling of drops etc., patter, pattering sound. |
| | क्रि. वि. | टप-टप शब्द करते हुए। | 'ಟಪ್ ಟಪ್' ಶಬ್ದ ಮಾಡುತ್ತಾ | "टप् टप्" शब्द माडुत्ता | with a sound like that of a dropping liquid, in continuous drops. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **टप्पा** | पुं. | 1. उछाली, कुदाई या फेंकी हुई वस्तु द्वारा एक बार में पार किया जानेवाला फासला या दूरी; | ಒಮ್ಮೆ ಕುಪ್ಪಳಿಸಿ ನೆಗೆಯುವಷ್ಟು ದೂರ; | ऒम्मॆ कुप्पळिसि नॆगॆयुवष्टु दूर; | bound, range(of a ball, bullet etc.); |
| | | 2. उछाल, फलांग; | ನೆಗೆತ, ಕುಪ್ಪಳಿಸುವಿಕೆ; | नॆगॆत, कुप्पळिसुविकॆ; | spring, leap, jump; |
| | | 3. दो चीजों या स्थानों के बीच की दूरी; | ಎರಡು ವಸ್ತುಗಳ ನಡುವಣ ದೂರ; | ऎरडु वस्तुगळ नडुवण दूर; | distance, intervening space, interval; |
| | | 4. बड़ी या मोटी सीमन; | ದೂರ ದೂರವಾಗಿ ಹೊಲಿದ ಹೊಲಿಗೆ; | दूर दूरवागि हॊलिद हॊलिगॆ; | a long stitch (in sewing); |
| | | 5. एक प्रकार का पक्का गाना जिसमें गले से स्वरों के बहुत छोटे-छोटे टुकड़े एक विशेष प्रकार से निकाले जाते हैं। | ಹಿಂದುಸ್ತಾನಿ ಸಂಗೀತದ ಒಂದು ಬಗೆ | हिंदुस्तानि संगीतद ऒंदु बगॆ | a form of light classical Hindustani music employing very quick movements. |
| **टब** | पुं. | पानी रखने या नहाने का एक प्रकार का खुले मुंह का चौड़ा और बड़ा बरतन। | ತೊಟ್ಟಿ | तॊट्टि | tub. |
| **टमटम** | पुं. | दो पहियों की एक खुली गाड़ी जिसमें कई घोड़े जोते जाते हैं। | ಕುದುರೆ ಗಾಡಿ | कुदुरॆ गाडि | a tumtum, an open horse-carriage. |
| **टमाटर** | पुं. | बैंगन की जाति का एक प्रसिद्ध पौधा और उसके फल जो लाल रंग के गोल-गोल होते हैं। | ಟೊಮಾಟೊ | टॊमाटॊ | tomato. |
| **टरकना** | अ. क्रि. | चुपके से चले जाना, धीरे से खिसक जाना, टल जाना। | ಜಾರು, ಹೇಳದೆ ಕೇಳದೆ ನುಸುಳು | जारु, हेळदॆ केळदॆ नुसुळु | to slip away, to slink off. |
| **टरकाना** | स. क्रि. | 1. टालना, टालमटोल करना; | ನೂಕು, ದೂಡು; | नूकु, दूडु; | to put off, to evade; |
| | | 2. बहुत थोड़े में खतम कर देना। | ಸ್ವಲ್ಪದರಲ್ಲಿ ಮುಗಿಸು | स्वल्पदरल्लि मुगिसु | to dispose of summarily. |
| **टर्रा** | वि. | कटुवादी। | ಕಟುವಾದಿ | कटुवादि | harsh-spoken (person), haughty, grumbling. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **टर्राना** | अ. क्रि. | 1. टर्र-टर्र करना, टरटराना, मेंढ़क का बोलना; | 'ಟರ್ ಟರ್' ಶಬ್ದ ಮಾಡು, ಕಪ್ಪೆ ವಟಗುಟ್ಟುವುದು; | 'टर् टर्' शब्द माडु, कप्पॆ वटगुट्टुवुदु; | to croak; |
| | | 2. उद्दण्डतापूर्ण और घमंडभरी बातें करना। | ಅಹಂಕಾರೋಕ್ತಿ, ಗರ್ವದಿಂದ ಮಾತನಾಡು | अहंकारोक्ति, गर्वदिंद मातनाडु | to grumble haughtily. |
| **टलना** | अ. क्रि. | 1. किसी चीज का अपने स्थान से खिसकना, सरकना, हटना; | ಸರಿ, ಮುಂದೆ ಜರುಗು; | सरि, मुंदॆ जरुगु; | to move, to stir, to be displaced; |
| | | 2. किसी काम से आए हुए व्यक्ति का अपना काम पूरा किए बिना चले जाना; | ಕೆಲಸ ಮಾಡಿ ಮುಗಿಸದೇ ಹೊರಟು ಹೋಗುವುದು | कॆलस माडि मुगिसदे हॊरटु होगुवुदु; | to slip away, to make off, to get out of the way; |
| | | 3. घटते होने से रुक जाना, स्थगित हो जाना; | ಆಗದೆ ನಿಲ್ಲು; | आगदॆ निल्लु; | to be averted, to be postponed; |
| | | 4. पालन न होना, माना न जाना; | ಪಾಲನೆಯಾಗದಿರುವುದು, ಒಪ್ಪಿಕೊಳ್ಳದಿರುವುದು; | पालनॆयागदिरुवुदु; ऑप्पिकॊळ्ळदिरुवुदु; | to fail of observance, to be disobeyed; |
| | | 5. (विचार, आदत आदि का) छोड़ना, हटना। | ವಿಚಾರ, ಅಭ್ಯಾಸ ಬಿಟ್ಟುಬಿಡುವುದು | विचार, अभ्यास बिट्टु बिडुवुदु | to withdraw, to recede. |
| **टलाटली** | स्त्री. | बहानेबाजी, टालमटोल। | ನುಣುಚಿಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ | नुणुचिकॊळ्ळुविकॆ | evasion. |
| **टहनी** | स्त्री. | वृक्ष की शाखा। | ರೆಂಬೆ-ಕೊಂಬೆ | रॆंबॆ-कॊंबॆ | twig. |
| **टहल** | स्त्री. | सेवा, सुश्रूषा। | ಸೇವೆ, ಶುಶ್ರೂಷೆ | सेवॆ, शुश्रूषॆ | drudgery, menial service. |
| **टहलना** | अ. क्रि. | जी बहलाने या स्वास्थ्य सुधार के लिए चलना-फिरना। | ಗಾಳಿ ಸಂಚಾರ ಮಾಡು | गाळि संचार माडु | to stroll, to walk. |
| **टहलनी** | स्त्री. | सेविका, दासी। | ಸೇವಕಿ, ದಾಸಿ | सेवकि, दासि | woman servant, maid-servant. |
| **टहलाना** | स. क्रि. | किसीको टहलने में प्रवृत्त करना, घुमाना-फिराना। | ಅಡ್ಡಾಡಿಸು, ತಿರುಗಾಡಿಸು | अड्डाडिसु, तिरुगाडिसु | to cause to walk to and fro. |
| **टहलुआ** | पुं. | टहल करनेवाला, सेवक। | ಸೇವಕ | सेवक | drugde, menial worker. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| टहोका | पुं. | हाथ या पैर से दिया हुआ धक्का। | ಕೈ ಅಥವಾ ಕಾಲಿನ ಏಟು, ಒದೆತ | कै अथवा कालिन एटु, ओदॆत | blow, jog, nudge. |
| टांक | स्त्री. | टांकने की क्रिया या भाव। | ಹೊಲಿಗೆ | हॊलिगॆ | stitching. |
| टांकना | स. क्रि. | 1. सूई, डोरे आदि से सीकर कोई चीज कपड़ों पर लगाना; | ಹೊಲಿಗೆ ಹಾಕು; | हॊलिगॆ हाकु; | to stitch, to cobble; |
| | | 2. दो चीजों को आपस में जोड़ने, मिलाने आदि के लिए किसी प्रकार उनमें टांका लगाना; | ಜೋಡಿಸು; | जोडिसु; | to solder; |
| | | 3. चक्की, सिल आदि को टांकी से रेहना; | ಕಲ್ಲುಳ್ಳು ಹಾಕು; | कल्मुल्लु हाकु; | to roughen the surface of a stonemill; |
| | | 4. लिखना, लिख देना। | ಬರೆದುಕೊ | बरॆदुकॊ | to jot down. |
| टांका | पुं. | 1. हाथ की सिलाई में, धागे आदि की वह सीयन जो एक बार सूई को एक स्थान से गड़ाकर दूसरे स्थान पर निकालने से बनती है, सीवन; | ಹೊಲಿಗೆ; | हॊलिगॆ; | stitch; |
| | | 2. धातुओं को जोड़ने या सटाने के लिए लगाया गया जोड़। | ಬೆಸಿಗೆ | बॆसिगॆ | solder. |
| टांकी | स्त्री. | छैनी की तरह का संगतराशों का एक औजार। | ಕಲ್ಕುಟಿಗನ ಉಳಿ | कल्कुटिगन उळि | stone cutter's chisel. |
| टांग | स्त्री. | जांघ से लेकर एड़ी तक का वह भाग जिसके सहारे प्राणी चलते हैं। | ಕಾಲು | कालु | leg. |
| टांगना | स. क्रि. | 1. किसी चीज को किसी ऊँचे स्थान पर इस प्रकार अटकाना कि वह लटकती या झूलती रहे; | ನೇತುಹಾಕು, ತೂಗ ಹಾಕು, ತಗುಲ ಹಾಕು; | नेतु हाकु, तूग हाकु, तगुल हाकु; | to hang, to suspend; |
| | | 2. फांसी पर चढ़ाना या लटकाना। | ನೇಣು ಹಾಕು | नेणु हाकु | to suspend in gibbet. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| टांगी | स्त्री. | कुल्हाड़ी। | ಕೊಡಲಿ | कॊडलि | small axe, hatchet. |
| टांचना | स. क्रि. | 1. टांकना;<br>2. लिख देना। | ಹೊಲಿ;<br>ಬರದುಕೊ ಗುರುತು ಮಾಡಿಕೊ | हॊलि;<br>बरदुकॊ,गुरुतु माडिकॊ | to stitch;<br>to jot down. |
| टांड | स्त्री. | 1. चीजें रखने के लिए दो दीवारों या अलमारी के बीच में लेटे बल लगा हुआ लकड़ी का तख्ता या पत्थर;<br>2. लकड़ी आदि के खंभों पर बनी हुई कोई छोटी रचना (मचान आदि)। | ಬಡು, ನಿಲುವು;<br>ಕಂಭಗಳ ಮೇಲೆ ಕಟ್ಟಿದ ಆಸನ, ಮಂಚ, ಮಂಚಿಕೆ, ಅಟ್ಟಣೆ | बडु, निलुवु;<br>कंभगळ मेलॆ कट्टिद आसन, मंच, मंचिकॆ, अट्टणॆ | plank fixed in the wall for storing things;<br>raised platform. |
| टाट | पुं. | माल बांधने, बिछाने या परदे के काम आनेवाला सन या पटसन का मोटा कपड़ा। | ಗೋಣಿ ಬಟ್ಟೆ, ಗೋಣಿ ಪಟ್ಟೆ | गोणि बट्टॆ, गोणि पट्टॆ | sack cloth, mat. |
| टाप | स्त्री. | 1. घोड़े के पैर का वह निचला भाग जिसमें खुर होता है और जो जमीन पर पड़ने से टप-टप शब्द करता है;<br>2. उक्त भाग के जमीन पर पड़ने से होनेवाला शब्द;<br>3. तालाब आदि में मछली पकड़ने का खांचा। | ಕುದುರೆ ಗೊರಸಿನ ಶಬ್ದ;<br>'ಟಪ್' ಧ್ವನಿ;<br>ಮೀನು ಹಿಡಿಯಲು ಕಟ್ಟಿದ ಬಿದಿರಿನ ಬಲೆ | कुदुरॆ गॊरसिन शब्द;<br>"टप्" ध्वनि;<br>मीनु हिडियलु कट्टिद बिदिरिन बलॆ | hoof (of a horse);<br>tramp (of a horse);<br>a bamboo frame for catching fish. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **टापना** | स. क्रि. | कूद जाना या लांघना। | ಹಾರು, ಹಾರಿ ದಾಟು | हारु, हारि दाटु | to leap or spring over. |
| | अ. क्रि. | 1. घोड़े का इस प्रकार पैर पटकना जिससे पट-पट शब्द हो, खूंदना; | ಕುದುರೆ ಗೊರಸಿನ ಶಬ್ದ, ಟಪ್ ಟಪ್ ಶಬ್ದವಾಗು; | कुदुरॆ गॊरसिन शब्द, टप् टप् शब्दवागु; | to paw, to trample; |
| | | 2. असहाय स्थिति में होना; | ಸಹಾಯವಿಲ್ಲದಂತೆ ಆಗು; | सहायविल्लदंतॆ आगु; | to be left helpless; |
| | | 3. अधीर होना। | ಅಶಾಂತಿಗೊಳ್ಳು | अशांतिगॊळ्ळु | to be impatient, restless, or agitated. |
| **टापू** | पुं. | स्थल का वह भाग जो चारों ओर पानी से घिरा हो। | ದ್ವೀಪ | द्वीप | island. |
| **टाल** | स्त्री. | 1. एक दूसरी पर लादकर रखी हुई बहुत सी चीजों का ऊँचा और बड़ा ढेर, अंबार, राशि; | ಗುಡ್ಡೆ, ರಾಶಿ, ಕುಪ್ಪೆ; | गुड्डॆ, राशि, कुप्पॆ; | stack, heap; |
| | | 2. लकड़ी, कोयले आदि की दुकान; | ಇದ್ದಿಲು, ಕಟ್ಟಿಗೆಗಳ ಮಳಿಗೆ | इद्दिलु, कट्टिगॆगळ मळिगॆ; | heap of fire-wood, coal etc. |
| | | 3. किसी काम या बात को टालने की क्रिया या भाव, हीला-हवाला। | ನೆಪ, ನೆಪ ಹೇಳಿ ತಪ್ಪಿಸಿಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ | नॆप, नॆप हेळि तप्पिसि-कॊळ्ळुविकॆ | postponement, evasion, subterfuge. |
| **टालना** | स. क्रि. | 1. स्थगित करना; | ಮುಂದೂಡು; | मुंदूडु; | to postpone, to put off; |
| | | 2. बहाना करके पीछा छुड़ाना, हटा देना, टकराना; | ನೆಪ ಹೇಳಿ ತಪ್ಪಿಸಿ-ಕೊಳ್ಳು; | नॆप हेळि तप्पिसि-कॊळ्ळु; | to evade by subterfuge, to evade, to prevaricate; |
| | | 3. निवारण करना, घटित न होने देना; | ಕೆಲಸ ಆಗದಂತೆ ಮಾಡು; | कॆलस आगदंतॆ माडु; | to avert, to avoid; |
| | | 4. पालन न करना, ध्यान न देना, उपेक्षा करना; | ಉದಾಸೀನ ಮಾಡು; | उदासीन माडु; | disobey, to ignore, to fail to observe; |
| | | 5. खिसकाना या सरकाना। | ಸರಿಸು, ತಳ್ಳು | सरिसु, तळ्ळु | to move, to stir, to displace. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| टाल-मटोल | स्त्री. | किसी कार्य को पूरा न करने के लिए बहानेबाजी करना, किसी और समय के लिए टालते रहना। | ಇಂದು-ನಾಳೆ, ಆಗ-ಈಗ ಎಂದು ನೆವ ಹೇಳುತ್ತಿರುವಿಕೆ | इंदु-नाळॆ, आग-ईग ऎंदु नॆव हेळुत्तिरुविकॆ | evasion, putting off (on some pretext), postponement. |
| टिंडा | पुं. | एक लता और उसके छोटे गोल फल जिनकी तरकारी बनाई जाती है। | ಬಳ್ಳಿಯಲ್ಲಿ ಬೆಳೆ-ಯುವ ಸೀಮೆ ಬದನೆ ಜಾತಿಯ ಒಂದು ದುಂಡು ತರಕಾರಿ | बुळ्ळियल्लि बॆळॆयुव सीमॆ बदनॆ जातिय ऒंदु दुंडु तरकारि | a kind of green vegetable, diospyros melanoxylon. |
| टिकट | पुं. | 1. कर या किराया चुकाने पर प्राप्त कागज, दफती आदि का वह टुकड़ा जिससे सिनेमा, रेलगाड़ी, बस आदि में प्रवेश का अधिकार प्राप्त होता है; | ಟಿಕೀಟು; | टिकीटु; | ticket; |
| | | 2. डाक टिकट। | ಅಂಚೆ ಚೀಟಿ, ಸ್ಟ್ಯಾಂಪು | अंचॆ चीटि, स्टांपु | postage, stamp. |
| टिकट घर | पुं. | वह स्थान जहां कुछ विशिष्ट कार्यों के लिए टिकट बिकते हों। | ಟಿಕೀಟು ಮಾರುವ ಸ್ಥಳ | टिकीटु मरुव स्थळ | booking office. |
| टिकटिकी | स्त्री. | 1. मध्ययुग में अपराधी को बाँधकर बेंत लगाने के लिए बना हुआ लकड़ी का ढाँचा या फाँसी देने का तख्ता; | ಮಧ್ಯಯುಗದಲ್ಲಿ ಅಪರಾಧಿಯನ್ನು ಕಟ್ಟಿ ಛಡಿ ಬಿಗಿಯಲು ಮಾಡಿದ ಮರದ ಚೌಕಟ್ಟು ಅಥವಾ ಗಲ್ಲಿನ ಕಟಕಟೆ; | मध्ययुगदल्लि अपराधियन्नु कट्टि छडि बिगियलु माडिद मरद चौकट्टु अथवा गल्लिन कटकटॆ; | a wooden frame used for execution or corporal punishment in medieval India, gallows; |
| | | 2. अरथी। | ಚಟ್ಟ | चट्ट | bier. |
| टिकड़ा | पुं. | 1. किसी चीज का छोटा विशेषतः चिपटा गोल टुकड़ा; | ಗುಂಡಾಗಿ ಚಪ್ಪಟೆ-ಯಾಗಿರುವ ಲೋಹದ ಬಿಲ್ಲೆ; | गुंडागि चप्पटॆयागिरुव लोहद बिल्लॆ; | small round piece of metal etc; |
| | | 2. गले में पहनने के आभूषणों में लटकता धातु का वह गोल खंड जिसमें नग आदि जड़े जाते हैं; | ಕತ್ತಿನಲ್ಲಿ ಧರಿಸುವ ಆಭರಣ, ಪೆಂಡೆಂಟು ಪದಕ; | कत्तिनल्लि धरिसुव आभरण, पॆंडॆंटु, पदक; | pendant; |
| | | 3. आँच पर सेंक कर पकाई हुई छोटी चिपटी मोटी रोटी। | ಕೆಂಡದಲ್ಲಿ ಸುಟ್ಟ ದಪ್ಪ ರೊಟ್ಟಿ | कॆंडदल्लि सुट्ट दप्प रॊट्टि | a small round cake baked in fire, wafer. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| टिकड़ी | स्त्री. | आँच पर सेंककर पकाई हुई छोटी चिपटी रोटी। | ಕೆಂಡದಲ್ಲಿ ಬೇಯಿಸಿದ ತೆಳು ರೊಟ್ಟಿ | कॅडल्लि बेयिसिद तॅळु रॉट्टि | a small round cake baked in fire, wafer |
| टिकना | अ. क्रि. | 1. किसी आधार पर ठीक प्रकार से खड़ा या स्थित होना; | ನೆಲೆಯ ಮೇಲೆ ನಿಲ್ಲು; | नॅलॅय मेलॅ निल्लु; | to stick fast, to stand, to be situated, to remain firm; |
| | | 2. यात्रा के समय विश्राम के लिए कहीं ठहरना; | ತಂಗು; | तंगु; | to stay, to stop, to halt; |
| | | 3. कुछ समय के लिए अस्तित्व में बने रहना; | ಸ್ವಲ್ಪಕಾಲ ಬಾಳು; | स्वल्प काल बाळु: | to last, to continue; |
| | | 4. किसी चीज का ठीक स्थिति में बने रहना, फलतः दूषित या विकृत न होना; | ಬಾಳಿಕೆ ಬರು; | बाळिकॅ बरु; | to become durable; |
| | | 5. केन्द्रित होना। | ಕೇಂದ್ರಿತವಾಗು | केंद्रितवागु | to be concentrated. |
| टिकली (टिकुली) | स्त्री. | विवाहिता हिन्दू स्त्रियों का माथे पर लगाने का एक आभूषण। | ಮುಂದಲೆ ಬೊಟ್ಟು, ಸುಮಂಗಲಿಯರು ಹಣೆಯ ಮೇಲೆ ಧರಿಸುವ ಆಭರಣ | मुंदलॅ बॉट्टु, सुमंगलियरु हणॅय मेलॅ धरिसुव आभरण | an auspicious small round object gummed on the fore-head of a Hindu married woman. |
| टिकाऊ | वि. | जो अधिक समय तक काम में आती रहे। | ಬಹಳ ಕಾಲ ಬಾಳಿಕೆ ಬರುವ | बहळ काल बाळिकॅ बरुव | lasting, durable. |
| टिकाना | स. क्रि. | 1. किसी आधार पर किसी चीज को खड़ा करना या ठहराना; | ನೆಲೆಯ ಮೇಲೆ ನಿಲ್ಲಿಸು; | नॅलॅय मेलॅ निल्लिसु; | to cause to stand, to be situated, remain firm, stick fast; |
| | | 2. किसीके कुछ समय तक ठहरने या रहने की व्यवस्था करना। | ವ್ಯವಸ್ಥೆ ಮಾಡಿ ನಿಲ್ಲಿಸು | व्यवस्थॅ माडि निल्लिसु | to station, encamp, to put (one) up, lodge. |
| टिकाव | पुं. | 1. टिके हुए होने की अवस्था या भाव, स्थिरता; | ನೆಲೆಯಾಗಿ ನಿಲ್ಲುವಿಕೆ, ಸ್ಥಿರವಾಗಿ ನಿಲ್ಲುವಿಕೆ; | नॅलॅयागि निल्लुविकॅ, स्थिरवागि निल्लुविकॅ; | stability, permanence, durability, firmness, |
| | | 2. टिकने का स्थान, पड़ाव। | ನಿಲ್ದಾಣ | निल्दाण | halting place, residence, abode. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| टिकिया (टिक्की) | स्त्री. | 1. कोई गोलाकार चिपटी कड़ी तथा छोटी वस्तु; | ಚಪ್ಪಟೆಯಾಗಿರುವ ಮಾತ್ರೆ; | चप्पटॆयागिरुव मात्रॆ; | pill, tablet; |
| | | 2. साबुन आदि का छोटा आयताकार टुकड़ा। | ಸೋಪಿನ ಬಿಲ್ಲೆ | सोपिन बिल्लॆ | small cake. |
| टिक्कड़ | पुं. | बड़ी टिकिया। | ಬೆಂಕಿಯಲ್ಲಿ ಸುಟ್ಟ ದಪ್ಪ ರೊಟ್ಟಿ | बॆंकियल्लि सुट्ट दप्प रॊट्टि | a thick large cake of bread. |
| टिटिहरी | स्त्री. | पानी के किनारे रहनेवाली एक चिड़िया, कुररी। | ಹೆಣ್ಣು ಟಿಟ್ಟಿಭ, ಬಾನಾಡಿ | हॆण्णु टिटटिभ, बानाडि | the sand-piper, the pewit or lap wing. |
| टिड्डा | पुं. | एक प्रकार का उड़नेवाला बड़ा कीड़ा। | ಹುಲ್ಲು ಮೇಲೆ ಹಾರುವ ಮಿಡಿತೆ ಜಾತಿಯ ಹುಳ | मिडितॆ जातिय हुळ | grass hopper. |
| टिड्डी | स्त्री. | दल बांधकर उड़नेवाला एक प्रकार का बड़ा फतिंगा जो फसल को नष्ट कर देता है। | ಗುಂಪು ಗುಂಪಾಗಿ ಹಾರಿ ಬಂದು ಬೆಳೆಗಳನ್ನು ಹಾಳು ಮಾಡುವ ಮಿಡಿತೆ | गुंपु गुंपागि हारिबंदु बॆळॆगळन्नु हाळुमाडुव मिडितॆ | locust. |
| टिपकारी (टीपकारी) | स्त्री. | ईंटों आदि की जोड़ाई के संधिस्थल पर सीमेंट या बरी का मसाला लगाना, टीपने का कार्य, टीप। | ಸಂದುಗಾರೆ ಕೆಲಸ | सदुगारॆ कॆलस | pointing (in masonry). |
| टिपटाप | पुं. | तड़क-भड़क, ठाट-बाट, ऊपर का बनाव सिंगार, टीमटाम। | ಹೊರಗಿನ ಬೆಡಗು-ಶೃಂಗಾರ, ಥಳಕು-ಬಳಕು, ಆಡಂಬರ, ತೋರಿಕೆ | हॊरगन बॆडगु-शृंगार थळकु-बळकु, आडंबर, तोरिकॆ | pomp, show, ostentation, splendour. |
| | वि. | तड़क-भड़क से रहनेवाला। | ತೋರಿಕೆಯ, ಠೀಕ್‌ಠಾಕಾದ | तोरिकॆय, ठीक्ठाकाद | ostentatious, pompous, showy. |
| टिपवाना | स. क्रि. | 1. टीपने का कार्य किसी और से करवाना, लिखवाना; | ನಕಲು ಮಾಡಿಸು, ಬರೆಸು; | नकलु माडिसु, बरॆसु; | to cause to be copied or jotted down; |
| | | 2. दीवार आदि की संधियों में मसाला भरवाना। | ಗಾರೆ ಆದಿಗಳಿಂದ ಬಿರುಕು ಮುಚ್ಚಿಸು | गारॆ आदिगळिंद बिरुकु मुच्चिवसु | to cause to be pointed (in masonry). |
| टिपाई | स्त्री. | टीपने की क्रिया, भाव या मजदूरी। | ನಕಲು ಮಾಡುವಿಕೆ, ಸಂದುಗಾರೆ ಕೆಲಸ ಮತ್ತು ಅವುಗಳ ಕೂಲಿ | नकलु माडुविकॆ, सदुगारॆ कॆलस मत्तु अवुगळ कूलि | the work of or wages for copying, pointing etc. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **टिप्पण** | पुं. | 1. तथ्यों का संक्षिप्त अभिलेख, एक प्रकार का प्रायः छोटा और औपचारिक पत्र या लेख; | ಟಿಪ್ಪಣಿ; | टिप्पणि | note, annotation; |
| | | 2. व्याख्या, टीका। | ಟೀಕೆ, ವ್ಯಾಖ್ಯೆ, | टीके, व्याख्ये | gloss, commentary |
| **टिप्पणी** | स्त्री. | 1. किसी विषय में तथ्यों का संक्षिप्त अभिलेख, एक प्रकार का प्रायः छोटा और औपचारिक पत्र; | ಟಿಪ್ಪಣಿ; | टिप्पणि; | annotation, note; |
| | | 2. किसी विषय के संबंध में प्रकट किया गया संक्षिप्त विचार। | ವಿಷಯದ ಬಗ್ಗೆ ಪ್ರಕಟಿಸಿದ ಸಂಕ್ಷಿಪ್ತ ವಿಚಾರ, ಅಭಿಪ್ರಾಯ | विषयद बग्गे प्रकटिसिद संक्षिप्त विचार, अभिप्राय | **remark, comment.** |
| **टिप्पा** | स्त्री. | 1. गेंद आदि की टकराकर लौटने की क्रिया या भाव, प्रतिघात, प्रतिक्षेप; | ಚೆಂಡಿನ ಪುಟ-ಹಾರಿ ಹಿಂದಿರುಗು-ವಿಕೆ, ಪ್ರತಿಘಾತ; | चेंडिन पुट हारि-हिंदिरुगुविके, प्रतिघात; | rebound; |
| | | 2. गेंद आदि की उछाल, उछलन। | ಚೆಂಡಿನ ಪುಟ ಹಾರುವಿಕೆ | चेंडिन पुट हारुविके | bounce. |
| **टीकाकार** | पुं. | किसी ग्रंथ के अर्थों की व्याख्या करनेवाला, व्याख्याकार, भाष्यकार, विवृत्तिकार। | ವ್ಯಾಖ್ಯಾಕಾರ, ಟೀಕಾಕಾರ | व्याख्याकार, टीकाकार | **commentator.** |
| **टीका-टिप्पणी** | स्त्री. | कोई प्रसंग छिड़ने या बात सामने आने पर उसके गुण, दोष आदि के संबंध में प्रकट किए जानेवाले विचार। | ಯಾವುದಾದ-ರೊಂದು ವಿಷಯದ ಬಗ್ಗೆ ಅದರ ಗುಣ ದೋಷಗಳನ್ನು ವಿವರಿಸುವ ಟೀಕೆ, ವ್ಯಾಖ್ಯೆ, ಟಿಪ್ಪಣಿ | यावुदादरोंदु विषयद बग्गे अदर गुण, दोष-गळन्नु विवरिसुव टीके, व्याख्ये, टिप्पणि | **remarks, comments, criticism.** |
| **टीन** | पुं. | 1. रांग की कलई की हुई लोहे की पतली चद्दर जिससे कनस्तर, डिब्बे आदि बनते हैं; | ತವರದ ಮುಲಾಮಿನ ಕಬ್ಬಿಣದ ತಗಡು; | तवरद मुलामिन कब्बिणद तगडु; | a white highly malleable metal, tin-plate, tin; |
| | | 2. उक्त चद्दर से बना कनस्तर या डिब्बा। | ಟಿನ್, ಡಬ್ಬ ತಗಡಿನ ಡಬ್ಬ | टिन् डब्ब, तगडिन डब्ब | container made of tin, can, tin. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **टीप** | स्त्री. | 1. ईंट की दीवारों आदि की संधियों में मसाला भरने का काम, मसाला भराई; | ಸಂದುಗಾರೆ ಕೆಲಸ; | संदुगारॆ कॆलस; | pointing; |
| | | 2. इन्दराज, प्रविष्टि; | ನಮೂದಿಸುವಿಕೆ; | नमूदिसुविकॆ; | entry; |
| | | 3. संक्षेप में लिखी हुई कोई बात या सूचना आदि; | ಟಿಪ್ಪಣಿ; | टिप्पणि; | note; |
| | | 4. थपकी,हथेली का हलका आघात; | ಅಂಗೈಯಿಂದ ತಟ್ಟುವಿಕೆ; | अंगैयिंद तट्टुविकॆ; | tapping; |
| | | 5. तीव्रता बनाए रखने के लिए किसी एक स्वर का जोर से किया जानेवाला उच्चारण (संगीत में)। | ಸಂಗೀತದಲ್ಲಿ ತಾರ ಸ್ವರ | संगीतदल्लि तार स्वर | light pitch (in music). |
| **टीपना** | स. क्रि. | 1. याद रखने के लिए कुछ लिख या टांक लेना; | ನೆನಪಿಗಾಗಿ ಗುರುತು ಹಚ್ಚು; | नॆनपिगागि गुरुतु हच्चु; | to note down, to jot down; |
| | | 2. दर्ज करना; | ನಮೂದಿಸು; | नमूदिसु; | to enter, to register; |
| | | 3. ईंटों की दीवार आदि की संधियों में मसाला भरना। | ಸಂದುಗಾರೆ ಕೆಲಸ ಮಾಡು; | संदुगारॆ कॆलस माडु; | to point (in masonry); |
| | | 4. (किसी लेख आदि की) नकल करना। | ನಕಲು ಮಾಡು | नकलु माडु | to copy. |
| **टीप-टाप** | स्त्री. | तड़क-भड़क, ऊपरी बनाव-सिंगार। | ಆಡಂಬರ, ತೋರಿಕೆಯ ಅಲಂಕಾರಶೃಂಗಾರ | आडंबर, तोरिकॆय अलंकार-श्रृंगार | show, pomp, ostentation. |
| **टीला** | पुं. | 1. छोटी पहाड़ी की तरह उभड़ा तथा ऊँचा उठा हुआ भूखंड, ढूह; | ಗುಡ್ಡ; | गुड्ड; | mound; |
| | | 2. छोटी पहाड़ी। | ಚಿಕ್ಕ ಬೆಟ್ಟ, ಗುಡ್ಡ | चिक्क बॆट्ट, गुड्ड | hillock. |
| **टीस** | स्त्री. | सहसा तथा रह-रह कर उठनेवाली पीड़ा, हूल। | ನೋವು, ಶೂಲೆ | नोवु, शूलॆ | agony, shooting pain. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **टुंटा(टुंडा)** | वि. | 1. ऐसा व्यक्ति जिसके एक या दोनों हाथ कटे हों; | ಕೈ ಕತ್ತರಿಸಿ ಹೋದ, ಕೈಯಿಲ್ಲದೆ ಹುಟ್ಟಿದ (ಮನುಷ್ಯ); | कै कत्तरिसि होद, कैयिल्लदे हुट्टिद (मनुष्य) | handless, born without hands, having one or both of the hands cut off; |
| | | 2. एक या दोनों सींगों से रहित(पशु)। | ಕೊಂಬುಗಳಿಲ್ಲದ (ಹಸು, ಎತ್ತು ಆದಿ) | कोंबुगळिल्लद (हसु, एत्तु आदि) | hornless. |
| | पुं. | 1. लूला; | ಅಂಗಹೀನ ವ್ಯಕ್ತಿ; | अंगहीन व्यक्ति; | a person who is without hands or arms (whether maimed or born so); |
| | | 2. टूटे सींगों वाला पशु। | ಕೊಂಬು ಮುರಿದು ಹೋದ ಪಶು | कोंबु मुरिदु होद पशु | hornless animal, animal with one or both of the horns broken. |
| **टुकड़ा** | पुं. | 1. किसी वस्तु में से टूटा या तोड़ा हुआ छोटा अंश; | ಚೂರು; | चूरु; | piece, fragment; |
| | | 2. किसी वस्तु, रचना आदि का कोई विशिष्ट अंश, खंड या भाग; | ವಸ್ತು ಅಥವಾ ಕಾವ್ಯದ ಒಂದು ಅಂಶ ; | वस्तु अथवा काव्यद ओंदु अंश; | part, portion, division etc.; |
| | | 3. रोटी का टुकड़ा। | ರೊಟ್ಟಿ ಚೂರು | रोट्टि चूरु | a bit of bread. |
| **टुकड़ी** | स्त्री. | 1. सैन्यदल; | ಸೈನ್ಯದ ಒಂದು ಭಾಗ, ದಳ; | सैन्यद ओंदु भाग, दळ; | troop, a corps (of an army); |
| | | 2. कुछ विशिष्ट प्रकार के प्राणियों अथवा कोई विशिष्ट कार्य करनेवाले लोगों का छोटा दल, वर्ग या समुदाय। | ಪಶು ಪಕ್ಷಿಗಳ ಒಂದು ವಿಶಿಷ್ಟ ಗುಂಪು, ಕೆಲಸಗಾರರ ಒಂದು ವಿಶಿಷ್ಟ ವರ್ಗ | पशु पक्षिगळ ओंदु विशिष्ट गुंपु, कॅलसगारर ओंदु विशिष्ट वर्ग | group, party, band. |
| **टुच्चा** | वि. | 1. बहुत ही निम्न या क्षुद्र विचारोंवाला (व्यक्ति); | ಲುಚ್ಚಾ, ನೀಚ (ವ್ಯಕ್ತಿ); | लुच्चा, नीच (व्यक्ति); | low,mean (fellow); |
| | | 2. तुच्छ, क्षुद्र, हेय (कथन आदि)। | ಹೇಯವಾದ, ನಗಣ್ಯ (ಕಥನ) | हेयवाद, नगण्य (कथन) | worthless, petty, insignificant. |
| **टुट-पुंजिया** | वि. पुं. | जिसके पास बहुत ही थोड़ी पूंजी हो। | ಅಲ್ಪಧನವುಳ್ಳ, ಸಾಕಷ್ಟಿಲ್ಲದ ಬಡವ್ಯಕ್ತಿ | अल्पधनवुळ्ळ, साकष्टिल्लद बडव्यक्ति | (a man) of petty resources. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **टूंगना (टुंगना)** | स. क्रि. | 1. टहनी के सिरे की कोमल पत्तियों को दांत से काटना, कुतरना; | ಚಿಗುರನ್ನು ಕೊಕ್ಕಿನಿಂದ ಕುಕ್ಕಿ- ಕುಕ್ಕಿ ಮುರಿ, ಕತ್ತರಿಸು; | चिगुरन्नु कॉक्किनिंद कुक्कि-कुक्कि मुरि कत्तरिसु | to nibble, to pick; |
| | | 2. अरुचिपूर्वक थोड़ा थोड़ा करके और धीरे खाना। | ರುಚಿಯನ್ನು ಇಷ್ಟಪಡದೆ ಸ್ವಲ್ಪ ಸ್ವಲ್ಪವಾಗಿ ತಿನ್ನು | रुचियन्नु इष्टपडदे स्वल्प स्वल्पवागि तिन्नु | to eat slowly with distaste. |
| **टूटन** | स्त्री. | 1. टूटने की क्रिया या भाव; | ಮುರಿಯುವಿಕೆ; | मुरियुविकॅ; | breaking; |
| | | 2. टूटी हुई चीज के टुकड़े। | ಮುರಿದು ಬಿದ್ದ ಚೂರುಗಳು | मुरिदु बिद्द चूरुगळु | fragments or pieces of a broken thing. |
| **टूटना** | अ. क्रि. | 1. किसी चीज का खंडित या भग्न होना, टुकड़े होना, कटकर अलग होना; | ಮುರಿದು ಬೇರಾಗು; | मुरिदु बेरागु; | to be broken, fractured, cracked, damaged etc; |
| | | 2. अलगाव या पार्थक्य होना, अलग या दूर होना, निकल जाना; | ಸಂಬಂಧವಿಲ್ಲದಂತಾಗು; | संबंधविल्लदंतागु; | to break with, to be severed, sundered; |
| | | 3. विघटित होना, समाप्त या बंद होना; | ವ್ಯಾಪಾರ ಆದಿ ನಡೆಯದಂತಾಗು; | व्यापार आदि नडॅयदंतागु; | to be dissolved (as partnership), closed, abolished etc. |
| | | 4. घटना, कम हो जाना, ह्रास होना; | ಕುಗ್ಗು, ಕ್ರಮವಾಗಿ ಕಡಿಮೆಯಾಗು; | कुग्गु, क्रमवागि कडिमॅयागु; | to be on the wane; |
| | | 5. ऐसी पीड़ा से युक्त होना जिसमें शरीर के अंगों में ऐंठन मालूम हो; | ನುಲಿಯುವಂತೆ ನೋಯು; | नुलियुवंतॅ नोयु; | to have twisting pain; |
| | | 6. एक साथ दल बांधकर कहीं जाना या पहुँचना: | ಗುಂಪುಗಟ್ಟಿ ಮುನ್ನುಗ್ಗಿ ಆಕ್ರಮಿಸು | गुंपुगट्टि मुन्नुग्गि आक्रमिसु; | break in, rush in, make a rush (upon), attack; |
| | | 7. शत्रुओं के अधिकार में चला जाना; | ವೈರಿವಶವಾಗು; | वैरिवशवागु: | to be in the possession of the enemies; |
| | | 8. छोटे सिक्कों के रूप में परिवर्तित होना, भुनना। | ಹಣ ಚಿಲ್ಲರೆಯಾಗಿ ಪರಿವರ್ತಿಸು | हण चिल्लरॅयागि परिवर्तिसु | to be changed (as money). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **टूट-फूट** | स्त्री. | 1. प्रयोग आदि के कारण किसी वस्तु का होने वाला क्रमिक क्षय, क्षति, हानि; | ನಿರಂತರವಾದ ಉಪಯೋಗದಿಂದ ಆದ ಸವಕಲು, ಸವೆದುದರಿಂದಾದ ನಷ್ಟ; | निरंतरवाद उपयोगदिंद आद सवकलु, सवेदु-दरिंदाद नष्ट; | breakage, damage; |
| | | 2. क्षतिमूल्य, क्षतिपूर्ति | ಕ್ಷತಿಪೂರ್ತಿ, ನಷ್ಟದ ಮೂಲ್ಯ | क्षतिपूर्ति, नष्टद मूल्य | wear and tear, damages. |
| **टूटा-फूटा** | वि. | 1. टूटा हुआ, क्षतिग्रस्त; | ಒಡೆದು ಚೂರು-ಚೂರಾದ, ನಷ್ಟವಾದ; | ओडेदु चूरुचूराद, नष्टवाद; | broken to pieces, damaged; |
| | | 2. ध्वस्त, नष्ट। | ಹಾಳಾದ, ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ಬಾರದಂತಾದ | हाळाद, कॆलसक्कॆ बारदंताद | demolished, worn out; |
| **टेंट** | स्त्री. | 1. कमर में पड़नेवाली धोती की वह लपेट जिसमें रुपये पैसे आदि भी रखे जा सकते हैं; | ಸೊಂಟದಲ್ಲಿ ಪಂಚೆಯ ಮಡಿಕೆ ಕಿಸೆ; | सॊंटदल्लि पंचॆय मडिकॆ किसॆ; | a fold in the dhoti; |
| | | 2. करील का पका फल; | ಹಾಗಲ ಹಣ್ಣು; | हागल हण्णु; | the ripe fruit of karil; |
| | | 3. कपास की टोंट; | ಹತ್ತಿಯ ಕಾಯಿ; | हत्तिय कायि; | a cotton - pod; |
| | | 4. मोतियाबिन्द। | ಕಣ್ಣ ಪೊರೆ | कण्ण पॊरॆ | speck in the eye, cataract. |
| **टेंटी** | स्त्री. | करील नामक पौधा और उसका फल। | ಹಾಗಲಗಿಡ ಮತ್ತು ಅದರ ಕಾಯಿ | हागल गिड मत्तु अदर कायि | the karil tree and its fruit. |
| **टेंटुआ** | पुं. | गला, गरदन। | ಕಂಠ, ಗಂಟಲು, ಕತ್ತು | कंठ, गंटलु, कत्तु | throat, neck. |
| **टेंडर** | पुं. | किसी काम या सेवा का ठेका लेने से पहले उपस्थित किया जानेवाला वह पत्र जिसमें लिखा रहता है कि हम अमुक-अमुक काम इतने दिनों के अन्दर और इतने रुपये लेकर पूरा कर देंगे, निविदा। | ಟೆಂಡರು, ದರಖಾಸ್ತು | टेंडरु, दरखास्तु | tender. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| टेक | पुं. | 1. कोई ऐसी चीज जो दूसरी चीज को गिरने या लुढ़कने से बचाने के लिए सहारा दे; | ಆಧಾರ; | आधार; | prop, stay, support; |
| | | 2. हठ, आग्रह, संकल्प। | ನಿರ್ಧಾರ, ಹಟ, ಸಂಕಲ್ಪ; | निर्धार, हट, संकल्प; | resolve, determination; |
| | | 3. गाने की प्रथम पंक्ति जो बार-बार दोहराई जाती है। | ಸಂಗೀತದಲ್ಲಿ ಪಲ್ಲವಿ | संगीतदल्लि पल्लवि | burden of a song, refrain. |
| टेकना | स. क्रि. | 1. किसी चीज को गिरने आदि से बचाने के लिए उसमें टेक लगाना; | ಆಧಾರ ಕೊಡು; | आधार कोडु; | to support, to prop; |
| | | 2. किसी चीज को किसी दूसरी चीज के सहारे खड़ा करना या बैठाना, टिकाना; | ಆಧಾರದ ಮೇಲೆ ನಿಲ್ಲಿಸು; | आधारद मेले निल्लिसु; | to set down, to rest, to place; |
| | | 3. अशक्त या दुर्बल होने पर सहारे के लिए शरीर का बोझ किसी चीज पर डालना। | ಬಲಹೀನತೆಯ ಕಾರಣದಿಂದ ಆಧಾರ ಅಥವಾ ಆಶ್ರಯದ ಮೇಲೆ ಆನಿಕೊಳ್ಳು | बलहीनतेय कारणदिंद आधार अथवा आश्रयद मेले आनिकोळ्ळु | to lean. |
| टेढ़ा | वि. | 1. जो बीच में इधर-उधर झुका या घूमा हो, वक्र; | ಡೊಂಕಾದ; | डोंकाद | bent, curved; |
| | | 2. कुटिल, धूर्त; | ಧೂರ್ತ; | धूर्त; | crooked; |
| | | 3. मुश्किल, कठिन, उलझन-पूर्ण; | ಕಠಿಣವಾದ, ಸಿಕ್ಕಾದ, | कठिणवाद, सिक्काद; | difficult, intricate; |
| | | 4. जिसकी क्रिया, गति या मार्ग में किसी प्रकार की कुटिलता आ गई हो, तिरछा। | ಅಂಕು-ಡೊಂಕಾದ | अंकु-डोंकाद | oblique, slanting, skew. |
| टेढ़ा-मेढ़ा | वि. | 1. जिसमें बहुत अधिक घुमाव फिराव या मोड़ हो; | ಡೊಂಕು ಡೊಂಕಾಗಿರುವ; | डोंकु डोंकागिरुव; | crooked, zigzag, irregular; |
| | | 2. कठिन। | ಬಹಳ ಕಠಿಣವಾದ | बहळ कठिणवाद | difficult, intricate. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **टेर** | स्त्री. | 1. टेरने की क्रिया या भाव; | ಕೂಗುವಿಕೆ; | कूगुविकॆ; | the act of calling; |
| | | 2. किसीके बुलाने के लिए या सहायता के लिए ऊंचे स्वर में की जानेवाली पुकार; | ಗಟ್ಟಿಯಾಗಿ ಅರಚುವಿಕೆ; | गट्टियागि अरचुविकॆ; | loud appeal or summon, a cry for help; |
| | | 3. संगीत में वह ऊंचा स्वर जिसका उच्चारण एक साथ कुछ समय के लिए किया जाता है। | ಸಂಗೀತದಲ್ಲಿ ತಾರಸ್ಥಾಯಿ | संगीतदल्लि तारस्थायि | high pitch (in music). |
| **टेरना** | स. क्रि. | 1. किसी को अपने पास बुलाने के लिए कुछ ऊंचे स्वर से या चिल्लाकर पुकारना; | ಕರೆಯಲು ಗಟ್ಟಿಯಾಗಿ ಅರಚಿ ಕೂಗು; | करॆयलु गट्टियागि अरचि कूगु; | to call aloud, to summon; |
| | | 2. किसी प्रकार के संकेत के रूप में या यों ही ऊंचा स्वर निकालना। | ಸಂಕೇತ ರೂಪದಲ್ಲಿ ಗಟ್ಟಿಯಾಗಿ ಅರಚು. ಕೂಗು | संकेत रूपदल्लि गट्टियागि अरचु, कूगु | to sing loudly, to produce a sound. |
| **टेलीफोन** | पुं. | वह यंत्र जिसके द्वारा एक स्थान से दूसरे स्थान पर बात-चीत की जा सकती है, दूरभाष यंत्र, दूरभाषक। | ದೂರವಾಣಿ, ಟೆಲಿಫೋನು | दूरवाणि, टॆलिफोनु | telephone. |
| **टेव** | स्त्री. | आदत। | ಅಭ್ಯಾಸ | अभ्यास | habit |
| **टेवा** | पुं. | 1. छोटी जन्मकुंडली, जन्मपत्री; | ಜನ್ಮಕುಂಡಲಿ, ಜಾತಕ; | जन्म कुंडलि, जातक; | a small horoscope; |
| | | 2. वधू पक्ष की ओर से वर पक्ष की ओर भेजा जानेवाला वह पत्र जिसमें विवाह के तय होने और विवाह संबंधी विभिन्न कृत्यों का समय लिखा रहता है, लगनपत्री। | ಲಗ್ನ ಪತ್ರಿಕೆ | लग्न पत्रिकॆ | a letter intimating fixation of marriage and the time of various functions in the marriage ceremony (sent by bride's side to that of the bridegroom). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| टेसू | पुं. | 1. पलाश का वृक्ष और उसका फूल; | ಮುತ್ತುಗದ ಗಿಡ ಮತ್ತು ಅದರ ಹೂ; | मुत्तुगद गिड मत्तु अदर हू; | the tree Butea rondosa and its flower; |
| | | 2. एक शारदीय उत्सव जिसमें लड़के गाते हुए घर-घर जाते हैं और वहां से पैसे या अनाज पाते हैं; | ಶರತ್ಕಾಲದಲ್ಲಿ ಮಕ್ಕಳಾಚರಿಸುವ ಒಂದುಉತ್ಸವ, ಕೋಲಾಟದ ಹಬ್ಬ; | शरत्कालदल्लि मक्कळाचरिसुव ओंदु उत्सव, कोलाटद हब्ब; | an autumnal festival; |
| | | 3. उक्त उत्सव पर गाए जाने वाले गीत। | ಕೋಲಾಟದ ಹಾಡು | कोलाटद हाडु | the songs sung during the above festival. |
| टैक्सी | स्त्री. | किराए पर चलनेवाली मोटरगाड़ी। | ಟ್ಯಾಕ್ಸಿ, ಬಾಡಿಗೆ ಮೋಟರ್ ಕಾರು | ट्याक्सि, बाडिगॆ मोटर् कारु | taxi. |
| टोंटी | स्त्री. | किसी पात्र या नल में आगे की ओर लगा हुआ वह छोटा मुंह जिसमें से पानी आदि गिरता है। | ಗಿಂಡಿಯ ನಳಿಗೆ, ನಳ | गिंडिय नळिगॆ, नळ | spout, tap. |
| टोक | स्त्री. | 1. टोकने की क्रिया या भाव, वक्ता के बोलते समय बीच में ही रोकना; | ಮಾತನಾಡುವಾಗ ನಡುವೆ ಮಾತನ್ನು ನಿಲ್ಲಿಸುವಿಕೆ; | मातनाडुवाग नडुवॆ मातन्नु निल्लिसुविकॆ; | interruption, intervention; |
| | | 2. बीच में रोक कर पूछी जाने वाली प्रश्नात्मक बात। | ಮಾತನಾಡುತ್ತಿರುವಾಗ ನಡುವೆ ಪ್ರಶ್ನೆ ಮಾಡುವಿಕೆ | मातनाडुत्तिरुवाग नडुवॆ प्रश्नॆ माडुविकॆ | questioning, interrogation. |
| टोक-टाक | स्त्री. | किसी को कोई काम करते देख कर उसके संबंध में किए जानेवाले छोटे-मोटे प्रश्न। | ಕೆಲಸ ಮಾಡುತ್ತಿರುವಾಗ ನಡು ನಡುವೆ ಪ್ರಶ್ನೆ ಮಾಡುವಿಕೆ | कॆलस माडुत्तिरुवाग नडुनडुवॆ प्रश्नॆ माडुविकॆ | interruption by interrogation, intervention. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **टोकना** | स. क्रि. | 1. वक्ता के बोलते समय बीच में ही श्रोता का उसे कोई बात कहने से रोककर कोई प्रश्न करना या अपनी शंका प्रगट करना; | ಮಾತನಾಡುವಾಗ ನಡುವೆ ನಿಲ್ಲಿಸು ಅಥವಾ ನಿಲ್ಲಿಸಿ ಪ್ರಶ್ನೆ ಮಾಡು ಇಲ್ಲವೆ ಶಂಕೆಯನ್ನು ವ್ಯಕ್ತಪಡಿಸು | मातनाडुवाग नडुवें निल्लिसु अथवा निल्लिसि प्रश्नेमाडु इल्लव शंकेयन्नु व्यक्त पडिसु; | to object, to question, to interrogate; |
| | | 2. किसी को कोई काम करते हुए या किसी काम के लिए या ठीक तरह से करने के लिए कहना; | ಕಾರ್ಯ ಮಾಡುತ್ತಿರುವಾಗ ನಡುನಡುವೆ ಹಾಗೆಮಾಡು ಹೀಗೆಮಾಡು ಎಂದು ಹೇಳು; | कार्य माडुत्तिरुवाग नडुनडुवें हागें माडु हीगें माडु एंदु हेळु; | to intervene, interrupt, check; |
| | | 3. लड़ने आदि के लिए आह्वान करना। | ಜಗಳಕ್ಕೆ ಕರೆ | जगळक्कें करें | to challenge, to accost. |
| **टोकरा** | पुं. | बांस की खपचियों या तीलियों अथवा बेंत, सरकंडे आदि का बना हुआ खुले तथा चौड़े मुंहवाला बड़ा आधान। | ಬಿದುರಿನ ದೊಡ್ಡ ಬುಟ್ಟಿ | बिदुरिन दोड्ड बुट्टि | a large basket, a coop. |
| **टोकरी** | स्त्री. | छोटा टोकरा। | ಚಿಕ್ಕ ಬುಟ್ಟಿ | चिक्क बुट्टि | basket. |
| **टोटका** | पुं. | कोई बाधा या कष्ट दूर करने या मनोरथ सिद्ध करने के लिए किसी दैवी शक्ति पर विश्वास करके किया जानेवाला उपचार या औपचारिक कृत्य। | ಭೂತಪ್ರೇತ ನಿವಾರಣೆಗಾಗಿ ಅಥವಾ ಬಯಸಿದಂತೆ ಕಾರ್ಯಸಾಧನೆಯಾಗಲು ಮಾಡುವ ಮಂತ್ರ-ಮಾಟ | भूतप्रेत निवारणेगागि अथवा बयसिदंतें कार्य साधनेयागलु माडुव मंत्र-माट | totem, witchcraft, sorcery. |
| **टोटा** | पुं. | 1. लेन-देन, व्यवहार आदि में होनेवाली आर्थिक क्षति, घाटा, हानि; | ಲೇವಾದೇವಿ ವ್ಯಾಪಾರ ವ್ಯವಹಾರಗಳಲ್ಲಿ ಆಗುವ ಹಾನಿ; | लेवादेवि व्यापार-व्यवहारगळल्लि आगुव हानि; | loss, damage; |
| | | 2. अभाव, कमी; | ಅಭಾವ, ಕೊರತೆ | अभाव, कोरतें | want, deficiency, scarcity; |
| | | 3. किसी वस्तु का कोई छोटा अंश या टुकड़ा। | ಸಣ್ಣ ಚೂರು | सण्ण चूरु | butt-end (of a cigarette etc.) |
| **टोड़ी** | स्त्री. | प्रातः काल गाई जानेवाली सम्पूर्ण जाति की एक रागिनी। | ತೋಡಿ ರಾಗ | तोडि राग | the name of a ragini or musical mode. |
| | वि. | खुशामदी, चाटुकार। | ಹೊಗಳು ಭಟ್ಟ | होंगळु भट्ट | sycophant. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **टोना** | पुं. | टोटका, छोटा-मोटा तांत्रिक उपचार। | ಮಂತ್ರ-ಮಾಟ | मंत्र-माट | totem, witchcraft, sorcery. |
| **टोप** | पुं. | 1. बड़ी टोपी;<br>2. लड़ाई में सिर पर पहनी जानेवाली टोपी, शिरस्त्राण। | ಟೋಪಿ, ಟೊಪ್ಪಿಗೆ;<br>ಶಿರಸ್ತ್ರಾಣ | टोपि, टॊप्पिगॆ;<br>शिरस्त्राण | hat;<br>helmet. |
| **टोपा** | पुं. | (जाड़े आदि में पहनी जानेवाली) बहुत बड़ी टोपी। | ಚಳಿಗಾಲದಲ್ಲಿ ಧರಿಸುವ ಟೋಪಿ | चळिगालदल्लि धरिसुव टोपि | large-sized headwear (worn during winter etc.). |
| **टोपी** | स्त्री. | 1. सिर पर रखने का एक विशिष्ट प्रकार का हलका लंबोतरा तिकोना या चौकोर पहनावा;<br>2. टोपी के आकार की गोल और गहरी ढकने की वस्तु;<br>3. बोतल आदि का मुंह बंद करने का धातु का ढक्कन;<br>4. टोपी के आकार का गहरा ढक्कन जिसे बंदूक पर चढ़ाकर घोड़ा गिराने से आग पैदा होती है। | ಟೋಪಿ;<br>ಮುಚ್ಚಳ;<br>ಬಿರಡೆ;<br>ಬಂದೂಕಿನ ಟೊಪ್ಪಿಗೆ | टोपि<br>मुच्चळ;<br>बिरडॆ;<br>बंदूकिन टॊप्पिगॆ | cap, hat;<br>cover;<br>cork;<br>percussion cap. |
| **टोला** | पुं. | किसी बस्ती का कोई विशिष्ट विभाग, मुहल्ला। | ಹಳ್ಳಿಯ ಒಂದು ಕೇರಿ | हळ्ळिय ऒंदु केरि | a quarter, zone or ward of a village or town. |
| **टोली** | स्त्री. | 1. मनुष्यों का समूह, मंडली, दल;<br>2. पशुओं आदि का झुंड। | ಗುಂಪು;<br>ಮಂದೆ | गुंपु<br>मंदॆ | band, batch, group, troupe;<br>herd, group. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| टोह | स्त्री. | 1. खोंज, जांच, तलाशी;<br>2. किसी अज्ञात बात का लगनेवाला कुछ पता, पता ठिकाना;<br>3. मन की थाह लेने की क्रिया, थाह लेना, पता लगाना। | ಹುಡುಕಾಟ;<br>ಪತ್ತೆಯಾಗುವಿಕೆ;<br>ಅಂತರಂಗವನ್ನು ಅರಿತುಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ | हुडुकाट;<br>पत्तॆयागुविकॆ;<br>अंतरंगवन्नु अरितु-कॊळ्ळुविकॆ | search, reconaissance;<br>whereabouts;<br>sounding. |
| टोहना | स. क्रि. | 1. किसी अज्ञात चीज का पता लगाना खोजना;<br>2. जानने के लिए कुछ छूकर देखना। | ಹುಡುಕು, ಪತ್ತೆ ಹಚ್ಚು;<br>ಮುಟ್ಟಿ ನೋಡು | हुडुकु, पत्तॆ हच्चु;<br>मुट्टि नोडु | to grope, to search, to trace;<br>to feel for, to feel, to touch. |
| ट्यूब | पुं. | 1. मोटर आदि के टायर के अंदर रहनेवाला रबर का एक चक्राकार टुकड़ा जिसमें हवा भरी जाती है;<br>2. रबर, कांच या किसी पतली धातु की नली। | ಬೈಸಿಕಲ್ಲು, ಮೋಟಾರು ಆದಿಗಳ ಟ್ಯೂಬು;<br>ಗಾಜಿನ ನಳಿಗೆ ಅಥವಾ ರಬ್ಬರಿನ ಕೊಳವಿ | बैसिकल्लु, मोटारु आदिगळ ट्यूबु;<br>गाजिन नळिगॆ अथवा रब्बरिन कॊळवि | tube;<br>a cylinder of rubber, glass or thin flexible metal, a tube. |
| ट्रक | पुं. | माल ढोने की एक प्रकार की भारी मोटर गाड़ी। | ಲಾರಿ | लारि | truck. |
| ट्राम | स्त्री. | बड़े-बड़े शहरों में बिजली की सहायता से चलनेवाली छोटी गाड़ी। | ಟ್ರಾಮು | ट्रामु | tram. |
| ठंड | स्त्री. | सर्दी। | ಶೀತ, ಚಳಿ | शीत, चळि | cold. |
| ठंडक | स्त्री. | 1. शीत;<br>2. ताप या जलन की कमी;<br>3. (ला०) सन्तोष। | ಶೀತ, ಚಳಿ;<br>ಉಷ್ಣಾಂಶ ಕಡಿಮೆ-ಯಾಗಿರುವಿಕೆ;<br>ಸಂತೋಷ | शीत, चळि;<br>उष्णांश कडिमॆयागिरुविकॆ;<br>संतोष | cold;<br>reduced temperature;<br>solace. |
| ठंडा | वि. | 1. उष्णता या ताप रहित;<br>2. सुखद;<br>3. (पदार्थ) जो पूरी तरह से जल चुका हो अथवा जो बिल्कुल बुझ चुका हो। | ತಣ್ಣಗಿರುವ;<br>ಹಿತವಾದ;<br>ಪೂರ್ತಿ ಆರಿದ | तण्णगिरुव;<br>हितवाद;<br>पूर्ति आरिद | cold, cool;<br>soothed;<br>extinguished. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **ठंडाई** | स्त्री. | बादाम, सौंफ, गुलाब की पत्तियों और खरबूजे आदि के बीजों को घोट कर बनाया गया शरबत जो शीतल होता है। | ಬಾದಾಮಿ ಶರಬತ್ತು, ತಂಪು ಪಾನೀಯ | बदामि शरबत्तु, तंपु पानीय | cooling drink. |
| **ठंडा युद्ध** | पुं. | राजनीतिक क्षेत्रों में एक दूसरे के प्रति चली जानेवाली ऐसी चालें या दांव-पेंच जिसमें शस्त्रास्त्रों का प्रयोग न होने पर भी परिणाम या फल वैसा ही त्रासदायक होता है जैसा शस्त्रास्त्रों से होनेवाले युद्ध का होता है। | ಶೀತಯುದ್ಧ | शीतयुद्ध | cold war. |
| **ठकुरसुहाती** | स्त्री. | स्वामी अथवा किसी बड़े व्यक्ति को प्रसन्न करने या रखने के लिए कही जानेवाली खुशामद भरी बात। | ಯಜಮಾನನನ್ನು ಸಂತೋಷಪಡಿಸಿ ಸ್ವಾರ್ಥಪಡೆಯಲು ಮಾಡುವ ಮುಖಸ್ತುತಿ, ಹೊಗಳಿಕೆ | यजमाननन्नु संतोशपडिसि स्वार्थपडॆयलु माडुव मुखस्तुति, हॊगळिकॆ | compliment, flattery. |
| **ठकुराई** | स्त्री. | 1. ठाकुर होने की अवस्था या भाव; | ಸ್ವಾಮಿತ್ವ; | स्वामित्व; | the rank or status of thakur; |
| | | 2. वह प्रदेश या भूभाग जो किसी ठाकुर के अधीन हो; | ಸ್ವಾಮ್ಯದಲ್ಲಿನ ಆಸ್ತಿಪಾಸ್ತಿ; | स्वाम्यदल्लिन आस्तिपास्ति; | the region or land which is under the thakur; |
| | | 3. ठाकुरों का सा महत्त्व या प्रतिष्ठा। | ಸಾಮಂತಿಕೆ | सामंतिकॆ | lordliness, nobility. |
| **ठकुरानी (ठकुराइन)** | स्त्री. | 1. ठाकुर की पत्नी; | ಸಾಮಂತ ಪತ್ನಿ; | सामंत पत्नि; | wife of a thakur, etc.; |
| | | 2. स्वामिनी। | ಯಜಮಾನಿತಿ | यजमानिति | house wife, female proprietor. |
| **ठग** | पुं. | वह जो धोखा देकर दूसरे का धन या सामान हड़प ले। | ಮೋಸಗಾರ, ಠಕ್ಕ | मोसगार, ठक्क | cheat, swindler, imposter. |
| **ठगना** | स. क्रि. | धोखा देना। | ಮೋಸಮಾಡು | मोसमाडु | to cheat, to swindle. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **ठगनी** | स्त्री. | 1. ठग की पत्नी;<br>2. दूसरों को ठगने या धोखा देनेवाली स्त्री;<br>3. कुटनी। | ಮೋಸಗಾರನ ಪತ್ನಿ;<br>ಮೋಸಗಾತಿ;<br>ಕುಟ್ಟಿನಿ | मोसगारन पत्नि;<br>मोसगाति;<br>कुट्टिनि | wife of a cheat;<br>imposter (female);<br>bawd, procuress. |
| **ठगवाना** | स. क्रि. | धोखा देने का कार्य किसी दूसरे से करवाना। | ಮೋಸಮಾಡಿಸು | मोसमाडिसु | to cause to be cheated or robbed. |
| **ठग-विद्या** | स्त्री. | लोगों को ठगने की कला या विद्या। | ಮೋಸಗಾರಿಕೆಯ ಕಲೆ-ವಿದ್ಯೆ | मोसगारिकॆय कलॆ-विद्यॆ | the art of cheating. |
| **ठगाई** | स्त्री. | ठग का काम या भाव। | ಮೋಸಗಾರಿಕೆ | मोसगारिकॆ | the practice or act of cheating. |
| **ठगाना** | स. क्रि. | किसी ठग के द्वारा ठगा जाना। | ಮೋಸಹೋಗು | मोस होगु | to be cheated. |
| **ठगी** | स्त्री. | ठगों का पेशा। | ಮೋಸ ಮಾಡುವ ಕೆಲಸ | मोस माडुव कॆलस | cheating, trickery, swindle, the business or practice of a thag. |
| **ठट्ठा (ठट्टा)** | पुं. | 1. वह परिहास या हंसी दिल्लगी जो कुतूहलजनक या विलक्षण बातों के आधार पर केवल मनोविनोद के लिए होती है;<br>2. परिहास या हंसी मजाक। | ಹಾಸ್ಯದ ಮಾತು;<br>ಹಾಸ್ಯ | हास्यद मातु;<br>हास्य | banter;<br>fun, joke. |
| **ठट्ठाबाज (ठठ्ठाबाज)** | वि. | हंसी-मजाक करनेवाला। | ಹಾಸ್ಯಗಾರ | हास्यगार | wag, given to joke and jest. |
| **ठठरी** | स्त्री. | 1. मनुष्य या पशु के शरीर की हड्डियों का पूरा ढांचा।<br>2. अरथी। | ಅಸ್ಥಿಪಂಜರ;<br>ಚಟ್ಟ | अस्थिपंजर;<br>चट्ट | skeleton;<br>bier. |
| **ठठेरा** | पुं. | वह कारीगर जो तांबे, पीतल आदि के बरतन बनाता हो। | ಪಾತ್ರೆ ಮಾಡುವವ, ಕಂಚುಗಾರ | पात्रॆ माडुवव, कचुगार | tinker, brazier. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **ठठेरी** | स्त्री. | 1. ठठेरे की स्त्री;<br>2. ठठेरे का व्यवसाय। | ಕಂಚುಗಾರನ ಹೆಂಡತಿ;<br>ಕಂಚುಗಾರಿಕೆ | कंचुगारन हॅंडति:<br>कंचुगारिकॅ | brazier's wife;<br>the profession of a brazier. |
| **ठठोल** | वि. पुं. | ठठोली करनेवाला। | ಹಾಸ್ಯಗಾರ | हास्यगार | jester, humorous. |
| **ठठोली (ठिठोली)** | स्त्री. | हंसी-मजाक या दिल्लगी। | ಹಾಸ್ಯ, ತಮಾಷೆ | हास्य, तमाषॅ | jesting, fun. |
| **ठट्ठ** | पुं. | 1. एक स्थान पर स्थित बहुत सी वस्तुओं का समूह;<br>2. बहुत से लोगों का जमाव या भीड़। | ರಾಶಿ;<br>ಗುಂಪು | राशि;<br>गुंपु | huge heap;<br>throng, milling crowd. |
| **ठनक** | स्त्री. | 1. चमड़े से मढ़े बाजे पर आघात पड़ने का शब्द;<br>2. रह-रह कर उठनेवाली पीड़ा। | ತಮಟೆ,ತಬಲ ಆದಿಗಳ ಶಬ್ದ;<br>ತಿವಿಯುವಂತಹ ನೋವು | तमटॅ, तबल आदिगळ शब्द;<br>तिवियुवंतह नोवु | a deep ringing sound as of a drum beat;<br>shooting pain. |
| **ठनकना** | अ. क्रि. | 1. ठन-ठन शब्द होना;<br>2. टीस मारना या कसकना। | ಠಣ-ಠಣ ಶಬ್ದವಾಗು<br>ಸಹಿಸಲಾರದ ನೋವಾಗು | ठण-ठण शब्दवागु<br>सहिसलारद नोवागु | to give forth a sound, jingle;<br>to shoot (as pain). |
| **ठनठन** | स्त्री. | ठन-ठन शब्द, ठनक। | ಠಣ ಠಣ ಶಬ್ದ | ठण ठण शब्द | clink. |
| **ठन-ठन गोपाल** | वि. | (व्यक्ति) जिसके पास कुछ भी धन न हो या न रह गया हो, जिसमें कुछ भी सार न हो। | ನಿರ್ಧನ ಅಥವಾ ಇದ್ದದ್ದನ್ನು ಮುಗಿಸಿ ಬರಿಗೈಯಾದ | निर्धन अथवा इद्दद्दन्नु मुगिसि बरिगैयाद | pauper, useless. |
| | पुं. | रुपये पैसे का अभाव। | ಹಣಕಾಸಿಲ್ಲದಿರುವಿಕೆ | हणकासिल्ल-दिरुविकॅ | dearth of money. |
| **ठनना** | अ. क्रि. | 1. किसी कार्य को करने का पूरा निश्चय कर लेना;<br>2. झगड़ा होना। | ದೃಢನಿರ್ಧಾರ ಆಗು;<br>ಜಗಳವಾಗು | दृढनिर्धार आगु;<br>जगळवागु | to be determined or resolved;<br>to come to hostilities. |
| **ठप** | क्रि. वि. | कार्य या व्यापार का पूरी तरह बन्द हो जाना। | ಸಮಾಪ್ತಿಗೊಳ್ಳು, ಮುಚ್ಚಿಹೋಗು | समाप्तिगॉळ्ळु, मुच्चि होगु | at a stand still. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **ठप्पा** | पुं. | 1. धातु, लकड़ी आदि का वह टुकड़ा जिस पर नाम या चित्र आदि खुदे रहते हैं और जिससे कपड़ों या कागज पर छापे लगाए जाते हैं; | ಅಚ್ಚು; | अच्चु; | die; |
| | | 2. उक्त उपकरण से लगा या लगाई हुई छाप; | ಮುದ್ರೆ; | मुद्र; | stamp, impression; |
| | | 3. एक प्रकार का चौड़ा नक्शादार गोटा जो ठप्पे से दबाकर बनाया जाता है; | ಅಚ್ಚಿನಿಂದ ಮಾಡಿದ ಕಲಾಬತ್ತಿನ ಅಂಚು; | अच्चिनिंद माडिद कलाबत्तिन अंचु; | broad silver lace; |
| | | 4. वह सांचा जिससे उक्त प्रकार के उभारदार बेल बूटे बनाए जाते हैं। | ಎರಕದ ಅಚ್ಚು | एरकद अच्चु | mould. |
| **ठसकना** | अ. क्रि. | 1. चलते-चलते सहसा कुछ रुकना; | ನಡೆಯುತ್ತಾ ಥಟ್ಟನೆ ನಿಲ್ಲು; | नडॆयुत्ता थट्टनॆ निल्लु; | to walk with a jerky gait; |
| | | 2. ठुमकना। | ಒಲಪಿನಿಂದ ನಡೆ, ವೈಯಾರದಿಂದ ನಡೆ | ऑलपिनिंद नडॆ, वैयारदिंद नडॆ | to walk with grace. |
| **ठर्रा** | पुं. | 1. एक प्रकार की देशी शराब; | ನಾಟಿ ಹೆಂಡ; | नाटि हॆंड; | country liquor; |
| | | 2. बहुत मोटा सूत; | ದಪ್ಪನೂಲು; | दप्पनूलु; | coarse or rough yarn; |
| | | 3. अधपकी ईंट। | ಅರೆ ಬೆಂದ ಇಟ್ಟಿಗೆ | अरॆ बॆंद इट्टिगॆ | half baked brick. |
| **ठलुवा** | वि. | बेकार या आवारा। | ನಿರುದ್ಯೋಗಿ, ಕೆಲಸವಿಲ್ಲದೆ ಅಲೆಯುವ | निरुद्योगि, कॆलसविल्लदॆ अलॆयुव | out of employment, idle. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **ठस** | वि. | 1. ठोस या कड़ा; | ಗಟ್ಟಿಯಾದ; | गट्टियाद; | solid, hard; |
| | | 2. (वस्त्र) जिसके ताने और बाने के सूत परस्पर इतने सटे हुए हों कि उनमें विरलता न दिखाई पड़े; | ಚೆನ್ನಾಗಿ ನೆಯ್ದ (ಬಟ್ಟೆ); | चेन्नागि नेय्द- (बट्ट); | thick, compact; |
| | | 3. जिसकी बुनावट घनी हो; | ದಟ್ಟವಾಗಿ ನೆಯ್ದ; | दट्टवागि नेय्द; | thickly woven (texture); |
| | | 4. जो इतना अधिक भारी हो कि अपने स्थान से हिलाए जाने पर जल्दी न हिले; | ಬಹಳ ಭಾರವಾದ; | बहळ भारवाद; | heavy, not easily moved; |
| | | 5. जिस रुपये की ठीक आवाज न निकले; | ಸರಿಯಾದ ಶಬ್ದ ಕೊಡದ (ನಾಣ್ಯ); | सरियाद शब्द कोडद (नाण्य); | cracked, injured (as coin, etc.), (a coin of) dull sound; |
| | | 6. व्यक्ति जो बहुत कंजूस और जल्दी पैसा खरच न करनेवाला हो; | ಜಿಪುಣ; | जिपुण; | miser; |
| | | 7. आलसी, सुस्त। | ಸೋಮಾರಿ | सोमारि | idle, lazy. |
| **ठसक** | स्त्री. | 1. बड़प्पन, योग्यता आदि दिखलाने के उद्देश्य से की जानेवाली साधारण से भिन्न शारीरिक चेष्टा; | ಐಶ್ವರ್ಯ ಅಂತಸ್ತು ತೋರಿಸಿಕೊಳ್ಳುವ ನಡೆ; | ऐश्वर्य अंतस्तु तोरिसिकोळ्ळुव नडॆ; | swagger; |
| | | 2. नखरा; | ವೈಯಾರ; | वैयार; | coquetry; |
| | | 3. अभिमान, गर्व। | ಅಹಂಕಾರ, ಗರ್ವ | अहंकार, गर्व | dignity, pride, vanity, affection. |
| **ठसका** | पुं. | 1. एक तरह की सूखी खांसी; | ಒಣ ಕೆಮ್ಮು; | ओण कॆम्मु; | kind of dry cough; |
| | | 2. धक्का। | ಢಿಕ್ಕಿ, ಧಕ್ಕೆ, ತಳ್ಳುವಿಕೆ | ढिक्कि, धक्कॆ, तळ्ळुविकॆ | push, shock. |
| **ठसाठस** | क्रि. वि. | खचाखच भरा हुआ। | ಎಳ್ಳಷ್ಟು ಜಾಗವಿಲ್ಲದಂತೆ ತುಂಬಿರುವ | ऍळ्ळष्टु जाग-विल्लदंतॆ तुंबिरुव | crowded, packed, filled. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **ठहरना** | अ. क्रि. | 1. चलते-चलते किसी स्थान पर रुकना, गति से रहित होकर स्थित होना; | ನಿಲ್ಲು; | निल्लु; | to stop; |
| | | 2. किसी स्थान पर विश्राम करने अथवा थोड़े समय के लिए रहने के लिए रुकना; | ತಂಗು; | तंगु; | to stay; |
| | | 3. किसी स्थान पर किसीकी धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा करना ; | ಕಾಯು; | कायु; | to wait; |
| | | 4. निश्चित या पक्का होना; | ನಿಶ್ಚಿತಗೊಳ್ಳು; | निश्चितगोळ्ळु; | to fix; |
| | | 5. गर्भ रहना। | ಗರ್ಭ ತಾಳು | गर्भ ताळु | to conceive. |
| **ठहराना** | स. क्रि. | ठहरने में प्रवृत करना। | ನೆಲೆಗೊಳಿಸು | नेलेगोळिसु | to cause to stand or stay, to stop. |
| **ठहराव** | पुं. | 1. वह स्थिति जिसमें किसी प्रकार की अशांति, उपद्रव चंचलता आदि न हो, स्थिरता; | ಸ್ಥಿರತೆ; | स्थिरते; | stability; |
| | | 2. दो पक्षों में क्रय-विक्रय, विवाद आदि निपटाने के संबंध में होनेवाला निश्चय। | ನಿಶ್ಚಯಗೊಳ್ಳುವಿಕೆ, ನಿರ್ಣಯವಾಗುವಿಕೆ | निश्चयगोळ्ळुविके, निर्णयवागुविके | agreement, settlement. |
| **ठहाका** | पुं. | जोर से हंसने का शब्द। | ಗಟ್ಟಿಯಾಗಿ ನಗುವ ಶಬ್ದ | गट्टियागि नगुव शब्द | peal of laughter. |
| **ठांव** | पुं. | स्थान या ठिकाना। | ತಾಣ, ಸ್ಥಾನ, ಜಾಗ | ताण, स्थान, जाग | place, station. |
| **ठाकुर** | पुं. | 1. देवमूर्ति; | ದೇವರ ಪ್ರತಿಮೆ; | देवर प्रतिमे; | idol, deity, God; |
| | | 2. मालिक या स्वामी। | ಮಾಲೀಕ, ಯಜಮಾನ | मालीक, यजमान | lord, master. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **ठकुरद्वारा** | पुं. | देवालय या मन्दिर। | ದೇವಸ್ಥಾನ, ಗುಡಿ | देवस्थान, गुडि | temple. |
| **ठठ(ठट)** | पुं. | 1. बांसों, लकड़ियों आदि का बना हुआ वह ढांचा जिसके आधार पर कोई रचना तैयार या पूरी की जाती है; | ಚೌಕಟ್ಟು; | चौकट्टु; | frame; |
| | | 2. संगीत में ऐसे क्रमिक स्वरों का वर्ग जो किसी विशेष प्रचलित तथा प्रसिद्ध अथवा शास्त्रीय महत्त्व के राग में लगता हो; | ಸಂಗೀತದ ಒಂದು ರೀತಿ; | संगीतद ऑंदु रीति; | a pattern of musical composition; |
| | | 3. आडम्बर। | ಆಡಂಬರ; | आडंबर | pomp. |
| **ठठ-बाट** | पुं. | आडंबर, तड़क-भड़क तथा विलासपूर्ण आयोजन या प्रदर्शन। | ಆಡಂಬರ, ತೋರಿಕೆ, ವೈಭವಪೂರ್ಣ ಅಟ್ಟಹಾಸದ ಪ್ರದರ್ಶನ | आडंबर, तोरिकॅ, वैभवपूर्ण अट्टहासद प्रदर्शन | pomp and show. |
| **ठनना** | स. क्रि. | कोई काम तत्परता और दृढ़तापूर्वक आरम्भ करना। | ದೃಢ ನಿಶ್ಚಯದಿಂದ ಕೆಲಸವನ್ನು ಆರಂಭಿಸು | दृढ़ निश्चयदिंद कॅलसवन्नु आरंभिसु | to resolve, to determine. |
| **ठर** | वि. | बहुत अधिक ठंडा। | ಮಂಜಿನಂತೆ ತಣ್ಣನೆಯ | मंजिनंतॅ तण्णनॅय | ice cold, very cold. |
| **ठला** | पुं. | (व्यक्ति) जो कुछ भी काम धंधा न करता हो, निठल्ला। | ಕೆಲಸ ಕಾರ್ಯ ಮಾಡದ ಸೋಮಾರಿ | कॅलस कार्य माडद सोमारि | out of employment, idle. |
| **ठिंगना (ठिंगनी)** | वि. | छोटे कद का या नाटा। | ಕುಳ್ಳ | कुळ्ळ | dwarfish, short statured, dwarf. |
| **ठिकाना** | पुं. | 1. रहने का स्थान; | ನೆಲೆ, ನಿಲ್ದಾಣ; | नॅलॅ, निल्दाण; | abode; |
| | | 2. वह स्थान जहां कुछ देर ठहरा जा सके; | ತಂಗುವ ತಾಣ; | तंगुव ताण; | place; |
| | | 3. अवलम्ब। | ಆಸರೆ | आसरॅ | support. |
| **ठिठक** | स्त्री. | 1. ठिठकने की अवस्था, क्रिया या भाव; | ಬೆಚ್ಚುವಿಕೆ; | बॅच्चुविकॅ; | the state of stopping suddenly or standing amazed, etc; |
| | | 2. संकोच। | ಸಂಕೋಚ | संकोच | hitch, hesitation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **ठिठकना** | अ. क्रि. | 1. आशंका, भय आदि की कोई बात देखकर चलते-चलते एकबारगी ठहर या रुक जाना; | ಬೆಚ್ಚಿ ನಿಲ್ಲು; | बॆच्चि निल्लु; | to stop short; |
| | | 2. चकित या स्तम्भित होकर रुकना। | ಚಕಿತಗೊಂಡು ನಿಲ್ಲು | चकितगॊंडु निल्लु | to stand amazed. |
| **ठिठुरना** | अ. क्रि. | बहुत अधिक सरदी लगने के कारण शरीर का कांपना। | ಚಳಿಯಿಂದ ನಡುಗು | चलियिंद नडुगु | to shiver with cold. |
| **ठिनकना** | अ. क्रि. | 1. बच्चों का रह-रहकर रोने का सा शब्द निकलना; | ಬಿಕ್ಕಿ ಬಿಕ್ಕಿ ಅಳು | बिक्कि बिक्कि अळु; | to cry, to fret (as a child); |
| | | 2. नखरा दिखाते हुए मचलना। | ಹಾವ-ಭಾವ ತೋರಿಸುತ್ತಾ ಹಟ ಹಿಡಿ | हाव-भाव तोरिसुत्ता हट हिडि | to pant (wayward child). |
| **ठिया** | पुं. | जमीन में गड़ा हुआ लकड़ी का वह कुंदा जिस पर वस्तुओं को रखकर लोहार, बढ़ई आदि उन्हें पीटते, छीलते, गढ़ते हैं। | ಕಮ್ಮಾರರು, ಬಡಗಿಗಳು ತಮ್ಮ ಕೆಲಸಕ್ಕಾಗಿ ನೆಲದಲ್ಲಿ ನೆಟ್ಟು ಇಟ್ಟ ಮರದ ತುಂಡು ಅಥವಾ ಮೇಜು | कम्माररु, बडगिगळु तम्म कॆलसक्कागि) नॆलदल्लि नॆट्टु इट्ट मरद तुंडु अथवा मेजु | working table or bench. |
| **ठीक** | वि., क्रि. | 1. जो अपने उपयुक्त स्थान पर हो; | ಸರಿ; | सरि; | right; |
| | वि. | 2. जो मिथ्या न हो; | ದಿಟ; | दिट; | true; |
| | | 3. जिसमें किसी प्रकार अशुद्धि न हो; | ತಪ್ಪಿಲ್ಲದ; | तप्पिल्लद; | correct; |
| | | 4. जिसमें कोई कोर-कसर या खराबी न हो; | ಸರಿಯಾದ; | सरियाद; | accurate; |
| | | 5. जो स्वस्थ या प्रसन्न अवस्था में हो। | ಆನಂದದಿಂದಿರುವ, ಆರೋಗ್ಯದಿಂದಿರುವ | आनंददिंदिरुव, आरोग्यदिंदिरुव | fit, good (health). |
| **ठीक-ठीक** | वि. क्रि. वि. | जो बिल्कुल ठीक अवस्था में हो। ठीक प्रकार से, उचित ढंग से। | ಸರಿಯಾದ ಸ್ಥಿತಿಯಲ್ಲಿರುವ, ಸರಿಯಾದ ರೀತಿಯಲ್ಲಿ | सरियाद स्थिति-यल्लिरुव, सरियाद रीतियल्लि | all right, proper, fit, properly, accurately. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| ठीकरा | पुं. | 1. मिट्टी के टूटे-फूटे बरतन का टुकड़ा; | ಮಣ್ಣಿನ ಮಡಕೆಯ ಒಡೆದ ಚೂರು; | मण्णिन मडकॆय आॅडॆद चूरु; | broken piece of earthen ware; |
| | | 2. प्राचीन काल के मिट्टी के बरतन का वह टुकड़ा जो कहीं से खुदाई में निकलता है और जो इतिहास तथा पुरातत्व की दृष्टि से महत्त्व का होता है; | ಪ್ರಾಚೀನವಾದ ಚರಿತ್ರೆ ಮತ್ತು ಪುರಾತತ್ವದ ದೃಷ್ಟಿಯಿಂದ ಮಹತ್ವ ಪಡೆದ ಭೂಶೋಧನೆಯಲ್ಲಿ ದೊರೆತ ಮಣ್ಣಿನ ಮಡಕೆ ಚೂರು· | प्राचीनवाद चरित्रॆ मत्तु पुरातत्वद दृष्टियिंद महत्व पडॆद भूशोधनॆयल्लि दॊरॆत मण्णिन मडकॆ चूरु; | potsherd; |
| | | 3. अत्यन्त तुच्छ। | ತುಚ್ಛವಾದ ವಸ್ತು | तुच्छवाद वस्तु | petty, worthless. |
| ठीकरी | स्त्री. | 1. छोटा ठीकरा; | ಹಂಚಿ ಬಕ್ಕರೆ ಚೂರು; | हंचि बक्करॆ चूरु; | small broken piece of earthen ware; |
| | | 2. तुच्छ या निकम्मी वस्तु; | ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ಬಾರದ ವಸ್ತು; | कॆलसक्कॆ बारद वस्तु; | petty or useless (worthless) thing; |
| | | 3. चिलम के ऊपर रखा जानेवाला मिट्टी का तवा। | ಹುಕ್ಕಾದ ಮೇಲಿರಿಸುವ ಮಣ್ಣಿನ ಹಂಚು | हुक्काद मेलिरिसुव मण्णिन हंचु | an earthen pan (placed on the chilam). |
| ठुकना | अ. क्रि. | 1. ठोका जाना; | ಹೊಡೆಯಲ್ಪಡು; | हॊडॆयल्पडु; | to be knocked, hammered; |
| | | 2. आर्थिक हानि होना। | ನಷ್ಟಗೊಳ್ಳು | नष्टगॊळ्ळु | to suffer a loss. |
| ठुकराना | स. क्रि. | 1. पैर से ठोकर लगाना; | ಒದ್ದು ತಳ್ಳು; | आॅद्दु तळ्ळु; | to kick away; |
| | | 2. उपेक्षा या तिरस्कार-पूर्वक दूर हटाना; | ತಿರಸ್ಕರಿಸು; | तिरस्करिसु; | to put aside contemptuously; |
| | | 3. (प्रस्ताव, सुझाव आदि) की अवज्ञा या उपेक्षापूर्वक न मानना। | ಅಸ್ವೀಕಾರ ಮಾಡು, ಒಪ್ಪದಿರು | अस्वीकार माडु, आॅप्पदिरु | to reject. |
| ठुकवाना | स. क्रि. | 1. ठोकने का काम दूसरे से कराना; | ಹೊಡಿಸು, ಬಡಿಸು, ಕುಟ್ಟಿಸು | हॊडिसु, बडिसु, कुट्टिसु | to get the work of knocking or hammering done by someone; |
| | | 2. पिटवाना। | | | to cause to be beaten or hammered, etc. |
| ठुड्डी (ठोड़ी, ठोटी) | स्त्री. | चेहरे में होंठ के नीचे का भाग, चिबुक। | ಗಡ್ಡ, ಚಿಬುಕ | गड्ड, चिबुक | chin. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **ठुमकना** | अ. क्रि. | 1. बच्चे का उमंग में आकर धीरे-धीरे पैर पटकते तथा इठलाते हुए चलना;<br>2. नाच में, इस प्रकार धीरे-धीरे पैर पटकते हुए आगे बढ़ना कि पैर से घुंघरू बजते रहें। | ಉತ್ಸಾಹದಲ್ಲಿ ಮಕ್ಕಳು ಚೆಲ್ಲಾಟ ಮಾಡುತ್ತಾ ಠೀವಿ ಮತ್ತು ಬಿಂಕದ ಭಂಗಿಯಲ್ಲಿ ಕಾಲು ಹಾಕುವುದು;<br>ನಾಟ್ಯದಲ್ಲಿ ಲಯಬದ್ಧವಾಗಿ ಗೆಜ್ಜೆಯ ಧ್ವನಿ ಮಾಡುತ್ತಾ ಪಾದವಿಕ್ಷೇಪ ಮಾಡು, ಒಯ್ಯಾರದಿಂದ ನಡೆ | उत्साहदल्लि मक्कलु चेल्लाट-माडुत्ताठीवि मत्तु बिंकद भंगियल्लि कालु हाकुवुदु;<br>नाट्यदल्लि लय-बद्धवागि गेज्जेय ध्वनि माडुत्ता पादविक्षेप माडु, ओय्यारदिंद नडे | to strut, to walk with dancing gait;<br>while dancing to take steps in such a manner that the bells may give systematic jingling sound. |
| **ठुमका** | पुं. | धीरे किया जानेवाला आघात या दिया जानेवाला झटका। | ಮೆತ್ತನೆಯ ಎಳೆತ, ಎಸೆತ, ಹೊಡೆತ, ಆಘಾತ ಅಥವಾ ಅಲುಗಾಟ | मेत्तनेय एळेत, एसेत, होडेत, आघात अथवा अलुगाट | delicate or slow jerk. |
| **ठुमकी** | स्त्री. | 1. ठुमक कर चलने की अवस्था, क्रिया या भाव;<br>2. धीरे से किया जानेवाला आघात। | ವೈಯಾರದ ನಡೆ;<br>ಹಗುರವಾದ ಆಘಾತ | वैयारद नडे;<br>हगुरवाद आघात | the state, action etc. of jerky walk;<br>delicate or low jerk. |
| **ठुमरी** | स्त्री. | एक प्रकार का चलता गाना जिसमें एक स्थायी और एक अन्तरा होता है। | ಹಿಂದುಸ್ತಾನಿ ಸಂಗೀತದ ಒಂದು ಶೈಲಿ | हिन्दुस्तानि संगीतद ओंदु शैलि | a style of Indian music. |
| **ठूंठ** | पुं. | 1. वह वृक्ष जिसका धड़ ही बच रहा हो तथा जिसकी टहनियां टूट गई हों;<br>2. कटा हुआ हाथ। | ಮೋಟು ಮರ;<br>ಮೊಂಡಾದ ಕೈ | मोटु मर;<br>मोंडाद कै | stump (of a tree);<br>an amputated hand or arm. |
| **ठूंठा** | वि. | 1. (पेड़) जो शाखाओं से रहित हो गया हो;<br>2. (व्यक्ति) जिसका हाथ कटा हुआ हो, लुंज;<br>3. खाली, रिक्त;<br>4. थोथा, निस्सार। | ರೆಂಬೆಕೊಂಬೆಗಳಿಲ್ಲದ (ಮರ);<br>ಕೈಕತ್ತರಿಸಿದ (ವ್ಯಕ್ತಿ);<br>ಬರಿದಾದ;<br>ಸಾರವಿಲ್ಲದ | रेंबे कोंबेगळिल्लद (मर);<br>कै कत्तरिसिद (व्यक्ति);<br>बरिदाद;<br>सारविल्लद | (tree) without branches;<br>(man) with an amputated hand;<br>empty;<br>useless. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **ठूंसना (ठूसना)** | स. क्रि. | 1. खूब अच्छी तरह कसकर दबाते हुए कोई चीज किसी अवकाश या आधान में भरना; | ತುರುಕು; | तुरुकु; | to stuff; |
| | | 2. जबरदस्ती कोई चीज किसी में डालना या भरना; | ಅದುಮಿ-ಅದುಮಿ ತುಂಬು; | अदुमि-अदुमि तुंबु; | to thrust in; |
| | | 3. खूब और बुरी तरह से खाना या पेट भरना। | ಲೋಭದಿಂದ ತುರುಕುತ್ತಾ ತಿನ್ನು | लोभदिंद तुरकुत्ता तिन्नु | to eat greedily. |
| **ठेंगा** | पुं. | किसी को उसकी विफलता पर चिढ़ाने या लज्जित करने के लिए दिखाया जानेवाला दाहिने हाथ का अंगूठा। | ನಾಚಿಸಲು ತೋರಿಸುವ ಬಲಗೈ ಹೆಬ್ಬೆರಳು | नाचिसलु तोरिसुव बलगै हॆब्बॆरळु | thumb, small club. |
| **ठेंगुर** | पुं. | वह डंडा या लकड़ी का टुकड़ा जो उच्छृंखल पशुओं के गले में इसलिए बांधा जाता है कि वे भाग कर दूर न जाने पावें। | ತೊಂಡು ದನಗಳ ಕತ್ತಿಗೆ ಕಟ್ಟುವ ಮರದ ಕೊರಡು | तॊंडु दनगळ कत्तिगॆ कट्टुव मरद कॊरडु | a stick or a log of wood tied to the neck of the naughty animal so that it may not run away. |
| **ठेक** | स्त्री. | 1. ठेकने की क्रिया या भाव; | ಊರೆ ಕೊಡುವಿಕೆ; | ऊरॆ कॊडुविकॆ; | the act or state of support; |
| | | 2. किसी चीज़ को ठेकने या उसके नीचे सहारा देने के लिए लगाई जानेवाली चीज। | ಊರೆ | ऊरॆ | support. |
| **ठेका** | पुं. | 1. ठेकने अर्थात् टिकने टिकाने या ठहरने की जगह; | ವಿಶ್ರಾಂತಿ ಸ್ಥಾನ; | विश्रांति स्थान; | place of rest (after fatigue); |
| | | 2. किसी कार्य को पूरा करने का दायित्व किसीको सौंपना या लेना; | ಗುತ್ತಿಗೆ; | गुत्तिगॆ; | contract; |
| | | 3. तबला या ढोल बजाने की वह रीति जिसमें पूरे बोल न निकाले जायें, केवल ताल दी जाए। | ಕೇವಲ ತಾಳ ಕೊಡುವ ಉದ್ದೇಶದಿಂದ ಬಾರಿಸುವ ತಬಲ ಅಥವಾ ಡೋಲು | केवल ताळ कॊडुव उद्देशदिंद बारिसुव तबल अथवा डोलु | accompanying a singer (on the tabla, Dhol or other musical instrument). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **ठेकेदार** | पुं. | जिसने ठेका लिया हो। | ಗುತ್ತಿಗೆದಾರ | गुत्तिगॆदार, | contractor. |
| **ठेठ** | वि. | जो अपने विशुद्ध मूलरूप में हो। | ಪರಿಶುದ್ಧ | परिशुद्ध | typical, pure, genuine. |
| **ठेल-ठाल** | स्त्री. | ठेलने की क्रिया या भाव; | ಎಳದಾಟ | एळॆदाट | the act or idea of pushing and pulling. |
| **ठेलना** | स. क्रि. | किसी गाड़ी या वाहन आदि को धकेलना। | ತಳ್ಳು | तळ्ळु | to push. |
| **ठेला** | पुं. | 1. माल ढोने की गाड़ी जिसे बैल चलाते हैं; | ಎತ್ತಿನ ಗಾಡಿ; | ऎत्तिन गाडि; | bullock cart; |
| | | 2. माल ढोने की एक तरह की दो या तीन पहियोंवाली गाड़ी जो आदमी ठेल कर या ढकेल कर चलाता है; | ಮೂರು ಚಕ್ರದ ತಳ್ಳುವ ಗಾಡಿ; | मूरु चक्रद तळ्ळुव गाडि; | wheel barrow; |
| | | 3. उक्त प्रकार की चार पहियोंवाली छोटी गाड़ी जो केवल रेल की पटरियों पर चलती है | ರೈಲು ಕಂಬಿಯ ಮೇಲೆ ತಳ್ಳಿಕೊಂಡು ಹೋಗುವ ಗಾಡಿ, ಟ್ರಾಲಿ; | रैलु कंबिय मेलॆ तळ्ळिकॊंडु होगुव गाडि, ट्रालि; | trolley; |
| | | 4. धक्का। | ತಳ್ಳಾಟ, ಧಕ್ಕೆ | तळ्ळाट, धक्कॆ | violent push. |
| **ठेस** | स्त्री. | 1. ऐसा हल्का आघात जिससे किसी चीज या व्यक्ति को थोड़ी-बहुत सामान्य हानि हो; | ಧಕ್ಕೆ, ಪೆಟ್ಟು; | धक्कॆ, पॆट्टु; | knock; |
| | | 2. किसी प्रकार के अपकृत्य के फलस्वरूप होनेवाला कुछ या सामान्य मानसिक कष्ट; | ಸಾಮಾನ್ಯ ಮಾನಸಿಕ ನೋವು; | सामान्य मानसिक नोवु; | emotional shock; |
| | | 3. किसी तत्व पर होनेवाला आघात। | ಹೊಡೆತ | हॊडॆत | blow. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **ठेंकना (ठेकना)** | स. क्रि. | 1. अच्छी तरह पीटना; | ಚೆನ್ನಾಗಿ ಹೊಡೆ; | चेन्नागि हॊडॆ; | to beat; |
| | | 2. किसी चीज को किसी दूसरी चीज के अन्दर गड़ाने, जमाने, धंसाने, बैठाने आदि के लिए उसके पिछले भाग पर जोर से आघात करना; | ಜಡಿ; | जडि; | to hammer, to drive a nail; |
| | | 3. कोई विशिष्ट प्रकार का कार्य संपादित करने के लिए किसी चीज पर ऐसा आघात करना कि वह कुछ दबे और उसमें से कुछ शब्द निकले। | ಪ್ರೋತ್ಸಾಹಿಸಲು ಬೆನ್ನು ತಟ್ಟು; | प्रोत्साहिसलु बॆन्नु तट्टु; | to pat; |
| | | 4. अधिकार या बलपूर्वक अभियोग आदि उपस्थित करना। | ದೂರು ಹೊರಿಸು | दूरु हॊरिसु | to file (a suit). |
| **ठेंक-पीट** | स्त्री. | भली प्रकार से निरीक्षण करना। | ಪರೀಕ್ಷಿಸಿ ನೋಡುವಿಕೆ | परीक्षिसि नोडुविकॆ | minute inspection. |
| **ठेकर** | स्त्री. | 1. आघात जो चलने में कंकड़ पत्थर आदि के धक्के से पैर में लगे; | ಎಡವುವಿಕೆ; | ऎडवुविकॆ; | stumbling; |
| | | 2. पैर से किसी दूसरी चीज पर किया गया आघात। | ಕಾಲಿನಿಂದ ಒದೆಯುವಿಕೆ | कालिनिंद ऒदॆयुविकॆ | kick. |
| **ठेड़ी** | स्त्री. | चेहरे का निचला सामने वाला भाग जो आगे की ओर झुका हुआ होता है, चिबुक। | ಗಲ್ಲ, ಗದ್ದ | गल्ल, गद्द | chin. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| ठेस | वि. | 1. जिसकी रचना में अन्दर कहीं खोखलापन न हो;<br>2. जिसमें भरपूर तथ्य, पुष्टता या सारभूत बातें हों और इसी लिए जिसमें यथेष्ट उपयोगिता, दृढ़ता प्रामाणिकता, मान्यता आदि गुण वर्तमान हों। | ಪೊಳ್ಳಿಲ್ಲದ, ಗಟ್ಟಿ;<br>ಸಾರವತ್ತಾದ, ತತ್ವಭರಿತ | पॊळ्ळिल्लद, गट्टि;<br>सारवत्ताद, तत्वभरित | solid;<br>sound. |
| ठौर | पुं. | 1. जगह या स्थान;<br>2. अवसर या मौका। | ನೆಲೆ, ಸ್ಥಾನ;<br>ಆಸ್ಪದ, ಅವಕಾಶ | नॆलॆ, स्थान;<br>आस्पद, अवकाश | place;<br>opportunity. |
| ठौर-ठिकाना | पुं. | रहने का स्थान। | ನೆಲೆ, ವಾಸಸ್ಥಳ | नॆलॆ, वासस्थळ | place, whereabouts. |
| डंक | पुं. | 1. बिच्छू, भिड़, मधुमक्खी आदि कीड़ों का जहरीला कांटा जिसे वे जीवों के शरीर में धंसाते हैं;<br>2. पाश्चात्य ढंग की कलमों की जीभ जो धातु की बनी हुई और बहुत नुकीली होती है। | ಕುಟುಕು;<br>ಪೆನ್ನಿನ ಮುಳ್ಳು | कुटुकु;<br>पॆन्निन मुळ्ळु | sting;<br>nib (of a pen). |
| डंका | पुं. | एक प्रकार का नगाड़ा। | ನಗಾರಿ | नगारि | kettle drum. |
| डंकिनी | स्त्री. | डायन या चुड़ैल। | ಹೆಣ್ಣು ಭೂತ, ಪಿಶಾಚಿನಿ | हॆण्णु भूत, पिशाचिनि | a kind of female demon, witch. |
| डंगर | पुं. | 1. चौपाया पशु;<br>2. पशुओं की तरह मूर्ख। | ನಾಲ್ಕು ಕಾಲಿನ ಪ್ರಾಣಿ;<br>ಪಶುವಿನಂತಹ ಮೂರ್ಖ | नाल्कु कालिन प्राणि;<br>पशुविनंतह मूर्ख | quadruped, cattle;<br>stupid. |
| डंठल | पुं. | कुछ विशिष्ट छोटी वनस्पतियों, पौधों आदि का धड़ जो पतला और कुछ लम्बा होता है। | ಗಿಡದ ರೆಂಬೆ | गिडद रॆंबॆ | stem, stalk. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| डंड | पुं. | 1. डंडा; | ದೊಣ್ಣೆ; | दोण्णं; | rod; |
| | | 2. बाहुदंड, बांह, भुजा; | ಬಾಹು, ತೋಳು, ಭುಜ; | बाहु, तोळु, भुज; | the part of the arm above the elbow; |
| | | 3. एक प्रकार का प्रसिद्ध भारतीय व्यायाम जो मुख्य रूप से बांहों को पुष्ट और सबल करने के लिए जमीन पर पेट के बल झुककर बाहों के सहारे बार-बार कुछ ऊपर उठने के रूप में होता है; | ವ್ಯಾಯಾಮದ ಒಂದು ಪ್ರಕಾರ, ಸಾಮು, ದಂಡ; | व्यायामद ओंदु प्रकार, सामु दंड; | an athletic exercise in which the hands are placed on the ground and then body is bent down so as to touch the earth with the breast; |
| | | 4. अपराध आदि के लिए मिलने वाला दंड, सजा, जुरमाना। | ಜುಲ್ಮಾನೆ, ಶಿಕ್ಷೆ | जुल्मानें, शिक्षे | punishment, fine. |
| डंड-बैठक | पुं. | एक प्रकार का प्रसिद्ध भारतीय व्यायाम जो मुख्य रूप से बांहों को पुष्ट और सबल करने के लिए किया जाता है। | ವ್ಯಾಯಾಮ, ಸಾಮು, ದಂಡ ಆದಿ | व्यायाम, सामु, दंड आदि | an athletic exercise. |
| डंडा | पुं. | लकड़ी का मोटा सीधा लंबा टुकड़ा जिसका मुख्य प्रयोग मारने या बचाने के लिए होता है। | ದಂಡ, ಲಾಠಿ | दंड, लाठि | stick, staff. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **डंडी** | स्त्री. | 1. लकड़ी या धातु का गढ़ा हुआ कोई छोटा, पतला, लंबा टुकड़ा जो कई प्रकार के उपकरणों में प्राय: पकड़कर चलाने, रखने, हिलाने आदि के काम में आता है; | ಕೋಲು; | कोलु; | pole or shaft (of a vehicle), lever, handle; |
| | | 2. धातु या लकड़ी का उक्त प्रकार का वह लंबा टुकड़ा जिसके दोनों सिरों पर तराजू के पलड़े बंधे रहते हैं; | ತಕ್ಕಡಿಯ ದಂಡಿಗೆ; | तक्कडिय दंडिगॆ; | beam of a scale. |
| | | 3. कुछ विशिष्ट प्रकार के पौधों का वह बड़ा और लंबा डंठल जिसके सिरे पर बड़े और भारी पत्ते या फूल लगते हैं; | ಕಾಂಡ, ತಾಳು, ದಿಂಡು, ದಂಟು; | कांड ताळु, दिंडु दंटु; | stem, stalk; |
| | | 4. पेड़-पौधों की वह पतली सींक जिसमें पत्तियां और छोटे फूल लगते हैं। | ರೆಂಬೆ | रॆंबॆ | branch, twig. |
| **डकराना** | अ. क्रि. | गाय, भैंस आदि का बोलना। | ಎಮ್ಮೆ, ಹಸು ಆದಿಗಳ ಗುಟುರು ಹಾಕು | एम्मॆ, हसु आदि-गळ गुटरुहाकु | to bellow, low (as an ox) etc. |
| **डकार** | स्त्री. | भोजन करने के पश्चात् पेट में भरी वायु का कंठ से शब्द के साथ निकल पड़ने का शारीरिक व्यापार। | ತೇಗು | तेगु | belch, eructation. |
| **डकारना** | अ. क्रि. | 1. डकार लेना; | ತೇಗು; | तेगु; | to belch; |
| | | 2. किसीका माल जब्त कर लेना। | ಇತರರ ಆಸ್ತಿಯನ್ನು ತಿಂದು ತೇಗು | इतरर आस्तियन्नु तिंदु तेगु | to swallow down, to embezzle. |
| **डकैत** | पुं. | डाकू। | ಡಕಾಯಿತ | डकायित | dacoit, robber. |
| **डकैती** | स्त्री. | डाका मारने का काम। | ಕೊಳ್ಳೆ ಹೊಡೆಯುವಿಕೆ | कॊळ्ळॆ हॊडॆयुविकॆ | dacoity, robbery, piracy. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| डग | पुं. | कदम। | ಕಾಲು, ಹೆಜ್ಜೆ | कालु, हॆज्जॆ | foot, pace, step in walking. |
| डगमग | वि. | 1. लड़खड़ाता हुआ;<br>2. विचलित या अस्थिर। | ಅಲ್ಲಾಡುತ್ತಾ, ತೂರಾಡುತ್ತಾ ಇರುವ, ತತ್ತರಿಸುವ;<br>ನಿಷ್ಕರ್ಷೆಯಿಲ್ಲದ | अल्लाडुत्ता,तूराडुत्ता इरुव, तत्तरिसुव;<br>निष्कर्षॆयिल्लद | tottering, trembling, staggering;<br>unsteady, wavering. |
| डगमगाना | अ. क्रि. स.क्रि. | लड़खड़ाना या विचलित होना या करना। | ತತ್ತರಿಸು, ತೂರಾಡು; ತತ್ತರಿಸುವಂತೆ ಅಥವಾ ತೂರಾಡುವಂತೆ ಮಾಡು | तत्तरिसु, तूराडु; तत्तरिसुवंतॆ अथवा तूराडुवंतॆ माडु | to stagger, to totter. |
| डगर | स्त्री. | 1. मार्ग, रास्ता;<br>2. गांव-देहात का छोटा और तंग रास्ता। | ರಸ್ತೆ, ದಾರಿ;<br>ಹಳ್ಳಿಗಳಲ್ಲಿನ ಕಾಲುಹಾದಿ | रस्तॆ, दारि;<br>हळ्ळिगळल्लिन कालुहादि | path;<br>track. |
| डटना | अ. क्रि. | जमकर खड़ा होना या अड़ना। | ಭದ್ರವಾಗಿ ನಿಲ್ಲು, ಪಟ್ಟು ಹಿಡಿ | भद्रवागि निल्लु, पट्टु हिडि | to stand firmly, to remain rooted. |
| डपट | स्त्री. | किसी को डांट कर कुछ कहना। | ಗದರಿಸುವಿಕೆ | गदरिसुविकॆ | reprimand. |
| डपटना | स. क्रि. | डांटना। | ಗದರಿಸು, ಬೆದರಿಸು | गदरिसु, बॆदरिसु | to rebuke. |
| डपोरशंख (ढपोरसंख) | पुं. | 1. डींग मारनेवाला;<br>2. डील-डौल का बड़ा, पर मूर्ख। | ಜಂಭಗಾರ;<br>ಧಾಂಡಿಗ ಆದರೆ ಮೂರ್ಖ | जंभगार;<br>धांडिग आदरॆ मूर्ख | babbler, pratter;<br>fat stupid person. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| डफ | पुं. | चमड़ा मढ़ा हुआ एक प्रकार का बड़ा बाजा जो प्रायः होली में बजाया जाता है। | ತಮ್ಮಟೆ | तम्मटे | tambourine. |
| डफली | स्त्री. | छोटा डफ या खंजरी। | ಖಂಜರಿ | खंजरि | a kind of small drum, tabor. |
| डबडबाना | अ. क्रि. | (नेत्रों का) अश्रुपूर्ण होना, आंसुओं से भर आना। | ಕಣ್ಣೀರು ತುಂಬಿ ಬರು | कण्णीरु तुंबि बरु | to be tearful to the brim. |
| डबलरोटी | स्त्री. | खमीर उठाकर पकाई हुई एक प्रकार की बड़ी और मोटी रोटी। | ಬ್ರೆಡ್ | ब्रेड् | bread. |
| डब्बा | पुं. | ढकनदार बर्तन, जिसे गत्ते आदि से भी बनाया जाता है। | ಮುಚ್ಚಳವಿರುವ ಡಬ್ಬ, ರಟ್ಟಿನ ಡಬ್ಬ | मुच्चळविरुव डब्ब, रट्टिन डब्ब | a tiny box made of card board etc. |
| डमरू | पुं. | हाथ से हिलाकर बजाया जाने वाला एक प्रकार का बाजा जो बीच में पतला होता है। जिसके दानों सिरे एक समान होते हैं तथा उन पर चमड़ा मढ़ा रहता है। | ಡಮರುಗ, ಬುಡುಬುಡಿಕೆ | डमरुग, बुडुबुडिके | a percussion instrument (leather covered). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **डमरूमध्य** | पुं. | धरती या समुद्र का वह तंग या पतला भाग जो स्थल या जल के दो बड़े खंडों को मिलाता है। | ಭೂಸಂಧಿ, ಜಲಸಂಧಿ | भूसंधि, जलसंधि | isthmus. |
| **डर** | पुं. | 1. वह मनोवेग जो किसी अनिष्ट की आशंका से उत्पन्न होता है; | ಹೆದರಿಕೆ; | हेदरिके; | terror; |
| | | 2. संकोच। | ಸಂಕೋಚ | संकोच | fear. |
| **डरना** | अ. क्रि. | अनिष्ट या हानि की आशंका से आकुल होना। | ಹೆದರು | हेदरु | to be afraid. |
| **डरपोक** | वि. | बहुत डरनेवाला या कायर। | ಅಂಜುಬುರಕ | अंजुबुरक | coward, timid. |
| **डराना** | स. क्रि. | किसी के मन में डर उत्पन्न करना। | ಹೆದರಿಸು, ಭಯ ಹುಟ್ಟಿಸು | हेदरिसु, भय हुट्टिसु | to frighten, to terrify. |
| **डरावना** | वि. | 1. जिससे डर लगे; | ಹೆದರಿಕೆಯನ್ನುಂಟು-ಮಾಡುವ; | हेदरिकेयन्नुंटु-माडुव; | causing fear or dread; |
| | | 2. भयानक। | ಭಯಂಕರ | भयंकर | terrible, horrible. |
| **डरावा** | पुं. | 1. डराने के लिए कही हुई बात; | ಬೆದರಿಕೆಯ ಮಾತು; | बेदरिकेय मातु; | threat; robbery. |
| | | 2. पक्षियों या जानवरों को भगाने के लिए खेतों में खड़ा किया गया ढांचा। | ಬೆದರುಗೊಂಬೆ | बेदरुगोंबे | scare crow. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **डलना** | अ. क्रि. | डाला जाना। | ಇಡಲ್ಪಡು ಹಾಕಲ್ಪಡು | इडल्पडु, हाकल्पडु | to be thrown or cast, to be placed, or put or kept. |
| **डलवाना** | स. क्रि. | डालने का काम किसी दूसरे से कराना। | ಇಡಿಸು, ಹಾಕಿಸು | इडिसु, हाकिसु | to have (a thing) put down, or put on (as a garment, etc.) (by someone). |
| **डला** | पुं. | किसी जमी हुई या ठोस चीज का टुकड़ा। | ಗಟ್ಟಿ ಪದಾರ್ಥದ ಚೂರು, ಗಡ್ಡೆ | गट्टि पदार्थद चूरु, गड्डॆ | lump, clod, small soiled mass. |
| **डलिया** | स्त्री. | छोटी टोकरी। | ಕುಕ್ಕೆ, ಬುಟ್ಟಿ | कुक्कॆ, बुट्टि | small basket. |
| **डली** | स्त्री. | 1. छोटा टुकड़ा या ढेला; | ಚಿಕ್ಕ ಚೂರು; | चिक्क चूरु; | lump, piece, clod, small soiled mass. |
| | | 2. सुपारी। | ಅಡಿಕೆ | अडिकॆ | areca nut. |
| **डसना** | स. क्रि. | 1. किसी जहरीले कीड़े का किसी को इस प्रकार काटना कि उसके शरीर में जहर प्रवेश कर जाए; | ಕಚ್ಚು; | कच्चु; | to bite; |
| | | 2. डंक मारना। | ಕುಟುಕು | कुटुकु | to sting. |
| **डसाना (डसवाना)** | स. क्रि. | डसने का काम दूसरे से करवाना। | ಕಚ್ಚಿಸು, ಕುಟುಕಿಸು | कच्चिसु, कुटुकिसु | to cause to bite. |
| **डांट** | स्त्री. | 1. क्रोध में आकर कही जाने वाली कड़ी बात; | ಸಿಟ್ಟಿನ ಮಾತು, ಬೆದರಿಕೆ; | सिट्टिन मातु, बॆदरिकॆ; | reprimand, scolding; |
| | | 2. उक्त प्रकार की बातें करते हुए किसीकी उच्छृंखलता, उद्दंडता आदि को नियंत्रित रखने के लिए उसके साथ किया जाने वाला आतंकपूर्ण व्यवहार। | ಹೆದರಿಸಿ ಅಂಕೆಯಲ್ಲಿರಿಸಿಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ | हॆदरिसि अंकॆयल्लिरिसि-कॊळ्ळुविकॆ | to keep under control. |
| **डांट-डपट** | स्त्री. | झिड़कना। | ಗದರಿಕೆ, ಬೆದರಿಕೆ | गदरिकॆ, बॆदरिकॆ | rebuke and reprimand. |
| **डांट-फटकार** | स्त्री. | क्रोध में आकर कही जाने वाली कटु बात। | ಗದರಿಕೆಯ ಮಾತು | गदरिकॆय मातु | scolding, rebuke and reprimand. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **डांटना** | स. क्रि. | क्रोध में आकर झिड़कना। | ಗದರಿಸು | गदरिसु | to rebuke, to chide. |
| **डांड** | पुं. | 1. लकड़ी का डंडा, विशेषतः सीधा डंडा; | ಗಳು, ನೆಟ್ಟಗಿರುವ ಕೋಲು; | गळु, नॆट्टगिरुव कोलु; | staff, pole; |
| | | 2. नाव खेने का बांस। | ಹುಟ್ಟು | हुट्टु | oar. |
| **डांडी** | स्त्री. | 1. तराजू की डंडी; | ತಕ್ಕಡಿಯ ದಂಡಿಗೆ; | तक्कडिय दंडिगॆ; | the beam of a pair of scales; |
| | | 2. डंडे में बंधी हुई एक तरह की झेली के आकार की पहाड़ी सवारी। | ಬೆಟ್ಟಗಳ ಮೇಲೆ ಜನರನ್ನು ಹೊತ್ತು ಕೊಂಡು ಹೋಗಲು ಮಾಡಿದ ಜೋಲಿ | बॆट्टगळ मेलॆ जनरन्नु हॊत्तुकॊंडु होगलु माडिद जोलि | a carpet swung on a pole and carried on the shoulders of two men (used for the conveyance of residents in the hills, and called in English dandy'). |
| **डांवाडोल** | वि. | 1. साधारणतया अचल या स्थिर रहनेवाली वस्तु जो सहसा किसी आघात के फलस्वरूप इधर-उधर हिलने डुलने लगे; | ಅಲುಗಾಡುವ; | अलुगाडुव; | dwindling; |
| | | 2. (व्यक्ति अथवा उसके चित्त के संबंध में). जो अधिक चिंतित या भावुक होने के कारण किसी निश्चय तक न पहुंच पाता हो; | ಅಸ್ಥಿರವಾದ; | अस्थिरवाद; | unsteady; |
| | | 3. (स्थिति के संबंध में) जिसमें दो विभिन्न पक्षों में संतुलन न होने के कारण किसी परिणाम का ठीक-ठीक अनुमान न होता हो। | ಅನಿಶ್ಚಿತ | अनिश्चित | fluctuating. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **डांस** | पुं. | 1. बड़ा मच्छर;<br>2. एक तरह की मक्खी | ದೊಡ್ಡ ಸೊಳ್ಳೆ;<br>ದೊಡ್ಡ ನೊಣ | दॊड्ड सॊळ्ळॆ;<br>दॊड्ड नॊण | a large mosquito<br>a gad fly. |
| **डाक** | स्त्री. | 1. चिट्ठी, पत्र-पत्रिकायें, पार्सल, मनीआर्डर, वी. पी. आदि पहुंचने की सरकारी व्यवस्था;<br>2. सवारी का ऐसा प्रबन्ध जिसमें हर पड़ाव पर बराबर जानवर या यान बदले जाते हैं। | ಅಂಚೆ, ಪೋಸ್ಟು;<br>ಅಲ್ಲಲ್ಲಿ ಪ್ರಾಣಿ ಇಲ್ಲ ವಾಹನಗಳನ್ನು ಬದಲಾಯಿಸಿ ಕೊಳ್ಳಲು ಮಾಡಿದ ಸಂಚಾರ ವ್ಯವಸ್ಥೆ | अंचॆ, पोस्टु;<br>अल्ललिल प्राणि इल्ल वाहनगळन्नु बदलायिसिकॊळ्ळलु माडिद संचार व्यवस्थॆ | mail, post<br>disposition or relay of horses. |
| **डाकखाना** | पुं. | वह सरकारी दफ्तर जहां से पत्र, मनीआर्डर, वी. पी. आदि को भेजने और बांटने की व्यवस्था की जाती है। | ಅಂಚೆ ಕಚೇರಿ | अंचॆ कचेरि | post office. |
| **डाक-गाड़ी** | पुं. | वह रेल गाड़ी जो साधारण गाड़ियों से बहुत तेज चलती है और केवल बड़े-बड़े स्टेशनों पर रुकती है तथा जिसमें डाक लाने ले जाने की भी व्यवस्था होती है। | ಅಂಚೆಯನ್ನೊಯ್ಯುವ ಎಕ್ಸ್‌ಪ್ರೆಸ್ ಅಥವಾ ಮೆಯಿಲ್ ರೈಲು ಗಾಡಿ | अंचॆयन्नॊय्युव ऎक्सप्रेस् अथवा मॆयिल् रैलु गाडि | mail train, express train. |
| **डाकघर** | पुं. | डाकखाना। | ಅಂಚೆ ಕಚೇರಿ | अंचॆ कचेरि | post office. |
| **डाकना** | स. क्रि. | फाँदना या लाँघना। | ದಾಟು, ಹಾರು | दाटु, हारु | to jump across, to jump over. |
| **डाकबंगला** | पुं. | वह मकान जो सरकार या किसी विशेष विभाग की ओर से दौरा करने वाले अफसरों या भ्रमण करने वाले लोगों के अस्थायी रूप से ठहरने के लिए बना हो। | ಪ್ರವಾಸಿ ಬಂಗಲೆ | प्रवासि बंगलॆ | dak-bungalow, a rest house meant for officials etc. |
| **डाकव्यय** | पुं. | वह व्यय जो डाक द्वारा कोई चीज भेजने पर करना पड़ता हो, डाक-महसूल। | ಅಂಚೆವೆಚ್ಚ | अंचॆवॆच्च | postage. |
| **डाका** | पुं. | दल बल सहित बलपूर्वक तथा डरा धमका कर लूट-मार करने के लिए किया जानेवाला धावा। | ಡಕಾಯಿತಿ, ದರೋಡೆ | डकायिति, दरोडॆ | robbery, dacoity. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| डाकाजनी | स्त्री. | डाके डालने का काम। | ಲೂಟಿ, ದರೋಡೆ | लूटि, दरोडे | commitment of (a series of) dacoities. |
| डाकिनी | स्त्री. | 1.एक पिशाची या देवी जो काली के गणों में समझी जाती है; | ಕಾಳಿಕಾ ದೇವಿಯ ಪರಿವಾರ ದೇವತೆ, ಡಾಕಿನಿ; | कालिका देविय परिवार देवतॆ, डाकिनि; | a female imp attending Kali (feeding on human flesh); |
| | | 2. भत या प्रेत योनि की स्त्री। | ಹೆಣ್ಣು ಭೂತ, ಪಿಶಾಚಿನಿ | हॆण्णु भूत, पिशाचिनि | female goblin. |
| डाकिया | पुं. | वह सरकारी कर्मचारी जो डाक द्वारा आई हुई चिट्ठियां आदि घर-घर पहुंचाने का कार्य करता है। | ಅಂಚೆಯವನು, ಪೋಸ್ಟ್‌ಮ್ಯಾನ್ | अंचॆयवनु, पोस्ट्म्यान् | postman |
| डाकू | पुं. | वह व्यक्ति जो दूसरों के यहां पहुंचकर और उन्हें डरा-धमका कर या मार-पीट कर उनसे अवैध रूप से धन छीन लेता है। | ಕೊಳ್ಳೆಗಾರ, ಡಕಾಯಿತ | कॊळ्ळॆगार, डकायित | robber, bandit, dacoit. |
| डाक्टर | पुं. | 1. वह व्यक्ति जिसने पाश्चात्य ढंग से चिकित्सा करने की योग्यता प्राप्त की हो; | ಡಾಕ್ಟರ್, ವೈದ್ಯ; | डाक्टर्, वैद्य; | doctor, a medical practitioner; |
| | | 2. विश्वविद्यालय से किसी विषय में सर्वोच्च उपाधि प्राप्त करने वाला व्यक्ति। | ಒಂದು ವಿಷಯದಲ್ಲಿ ನಿಷ್ಣಾತನಾದವನಿಗೆ ವಿಶ್ವವಿದ್ಯಾಲಯ ಕೊಡುವ ಡಾಕ್ಟರೇಟ್ ಉಪಾಧಿ | ऒंदु विषयदल्लि निष्णातनादवनिगॆ विश्वविद्यालय कॊडुव डाक्टरेट् उपाधि | doctorate holder in any subject. |
| डाक्टरी | पुं. | 1. डाक्टर होने की अवस्था, पद या भाव; | ಡಾಕ್ಟರನ ಹುದ್ದೆ; | डाक्टरन हुद्दॆ; | the post of a doctor; |
| | | 2. डाक्टर का काम या पेशा; | ಡಾಕ್ಟರನ ಕೆಲಸ; | डाक्टरन कॆलस; | the medical profession; |
| | | 3. पाश्चात्य ढंग की चिकित्सा प्रणाली या उसका शास्त्र। | ಪಾಶ್ಚಾತ್ಯ ವೈದ್ಯ ಪದ್ಧತಿ ಅಥವಾ ಶಾಸ್ತ್ರ | पाश्चात्य वैद्य पद्धति अथवा शास्त्र | allopathy, medical science |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **डाट** | स्त्री. | 1. वह ईंट या पत्थर जो मेहराब के बीचों बीच दोनों ओर की ईंटों आदि को यथास्थान दृढ़ता-पूर्वक फंसाये रखने के लिए लगाया जाता है; | ಕಟ್ಟಡದಲ್ಲಿ ಕಮಾನಿನ ಎರಡೂ ಕಡೆಗಳಲ್ಲೂ ಇಟ್ಟಿಗೆಯನ್ನು ಭದ್ರವಾಗಿ ಕೂರಿಸಲು ನಡುನಡುವೆ ಇಡುವ ಕಲ್ಲು, ಇಟ್ಟಿಗೆ, ಗಟ್ಟ, ಬೆಣೆ; | कट्टडदल्लि कमानिन एरडु कडॆगळल्लू इट्टि-गॆयन्नु भद्रवागि कूरिसलु नडुनडुवॆ इडुव कल्लु, इट्टिगॆ, गट्ट, बॆणॆ; | key stone; |
| | | 2. बोतल, शीशी आदि का मुँह बन्द करने की वस्तु; | ಬಿರಡೆ; | बिरडॆ; | plug, wedge; |
| | | 3. मेहराब बनाने का प्रकार जिसमें दोनों ओर अर्ध गोलाकार रूप में ईंट जोड़ी या बिठाई जाती हैं। | ಕಮಾನು ಕಟ್ಟುವ ಪದ್ಧತಿ | कमानु कट्टुव पद्धति | arch way. |
| **डाटना** | स. क्रि. | 1. कसकर ठूसना, दबाना या भरना; | ಅದುಮು, ತುರುಕು; | अदुमु, तुरुकु; | to stuff; |
| | | 2. किसी चीज़ का छेद या मुँह डाट लगाकर बंद करना। | ಬಿರಡೆ ಹಾಕು | बिरडॆ हाकु | to stop up, to plug. |
| **डाढ़** | स्त्री. | चबाने के चौड़े दाँत। | ದವಡೆ ಹಲ್ಲು | दवडॆ हल्लु | jaw-tooth, grinding tooth. |
| **डाभ** | पुं. | 1. ऊसर भूमि में होनेवाली एक तरह की घास; | ಬಂಜರು ಭೂಮಿಯಲ್ಲಿ ಬೆಳೆಯುವ ಹುಲ್ಲು; | बंजरु भूमियल्लि बॆळॆयुव हुल्लु; | a kind of grass generally seen in barren land; |
| | | 2. आम के वृक्ष के वे आरंभिक अंकुर जो कुछ समय के बाद मंजरी के रूप में आते हैं; | ಮಾವಿನ ಮೊಗ್ಗು; | माविन मॊग्गु; | new shoots of flowers of mango tree; |
| | | 3. कच्चा नारियल जिसके अंदर का पानी बहुत गुणकारक और स्वादिष्ट होता है। | ಎಳನೀರು | ऎळनीरु | (raw) coconut. |
| **डामर** | पुं. | 1. अलकतरा; | ಡಾರು; | तारु; | asphalt bitumen; |
| | | 2. साल वृक्ष का गोंद राल। | ರಾಳ | राळ | dammar, resin (esp. in commerce, the resin of the sal tree.) |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **डायन (डाइन)** | स्त्री. | 1. भूत-प्रेत योनि की स्त्री, भूतनी; | ಪಿಶಾಚಿನಿ; | पिशाचिनि; | witch; |
| | | 2. कुरूपा और डरावनी स्त्री; | ಕುರೂಪಿ ಹೆಂಗಸು; | कुरूपि हॅंगसु; | ugly and fearful woman; |
| | | 3. बहुत ही दुष्ट प्रभावशाली तथा क्रूर स्त्री। | ದುಷ್ಟ ಹೆಂಗಸು | दुष्ट हॅंगसु | an old hag who is reputed to have an evil eye. |
| **डाल** | स्त्री. | पेड़-पौधे आदि के तने में से निकला हुआ बड़ा अंग जिसमें फल फूल आदि लगते हैं। | ಮರ ಅಥವಾ ಗಿಡದ ರೆಂಬೆ | मर अथवा गिडद रॅंबॆ | branch. |
| **डालना** | स. क्रि. | 1. किसी आधान या पात्र में कोई चीज़ कुछ ऊँचाई से गिराना, छोड़ना, फेंकना या रखना; | ಸುರಿಯುು; | सुरियु; | to put in, to pour; |
| | | 2. कोई काम या बात किसी के जिम्मे करना; | ಹೊಣೆ ಹೊರಿಸು; | हॉणॆ हॉरिसु; | to thrust upon; |
| | | 3. कोई चीज़ किसी को पहनाना; | ಉಡಿಸು, ತೊಡಿಸು; | उडिसु, तॉडिसु; | to put on; |
| | | 4. वस्त्र आदि फैलाना; | ಹಾಸು, ಹರಡು; | हासु, हरडु; | to spread; |
| | | 5. किसी मद या विभाग में सम्मिलित करना। | ಸೇರಿಸು, ಹಾಕು | सेरिसु, हाकु | to deposit. |
| **डाली** | स्त्री. | 1. छोटी डाल; | ಚಿಕ್ಕ ಕೊಂಬೆ; | चिक्क कॉंबॆ; | small branch, twig; |
| | | 2. छोटा डला या डाला, डलिया; | ಚಿಕ್ಕ ಬುಟ್ಟಿ; | चिक्क बुट्टि; | small basket; |
| | | 3. वह डलिया जिसमें उपहार-स्वरूप भेंट भेजी जाती है। | ಉಪಹಾರ-ಗಳನ್ನು ಇಟ್ಟು ಕೊಡುವ ಬುಟ್ಟಿ | उपहारगळन्नु इट्टु कॉडुव बुट्टि | basket in which presents are kept. |
| **डाह** | स्त्री. | ईर्ष्या। | ಹೊಟ್ಟೆಕಿಚ್ಚು, ಅಸೂಯೆ | हॉट्टॆकिच्चु, असूयॆ | envy, jealousy, malice. |
| **डिंब** | पुं. | 1. वह अवस्था जब जीव केवल अंडे के रूप में रहता है; | ಮೊಟ್ಟೆ ಅಥವಾ ಗರ್ಭಪಿಂಡ; | मॉट्टॆ अथवा गर्भपिंड; | egg; |
| | | 2. गर्भाशय; | ಗರ್ಭಕೋಶ; | गर्भकोश; | uterus; |
| | | 3. तिल्ली। | ಗರ್ಭಪಿಂಡಕ್ಕೆ ಸುತ್ತಿರುವ ಪೊರೆ | गर्भपिंडक्कॆ सुत्तिरुव पॉरॆ | spleen. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **डिंभ** | पुं. | 1. छोटा बच्चा;<br>2. मूर्ख;<br>3. एक प्रकार का उदर रोग। | ಹಸುಗೂಸು;<br>ಮೂರ್ಖ;<br>ಒಂದು ಬಗೆಯ ಹೊಟ್ಟೆಯ ರೋಗ | हसुगूसु;<br>मूर्ख;<br>ओंदु बगॆय हॊट्टॆय रोग | young child;<br>fool, block-head;<br>a disease of stomach. |
| **डिगना** | अ. क्रि. | 1. डग का चलते समय ठीक प्रकार से न पड़ना;<br>2. निश्चय, विचार आदि से विचलित होना। | ಕಾಲು ಸರಿಯಾಗಿ ಹಾಕದಿರುವುದು;<br>ವಿಚಲಿತವಾಗು | कालु सरियागि हाकदिरुवुदु;<br>विचलितवागु | to stumble;<br>to deviate, (as from one's faith, ideas etc.). |
| **डिगरी** | स्त्री. | 1. लोक व्यवहार में दीवानी न्यायालय का वह निर्णय या फैसला जिसमें यह कहा जाता है कि अमुक पक्ष दूसरे पक्ष से इतना धन पाने अथवा अमुक सम्पत्ति लेने का अधिकारी है;<br>2. किसी प्रकार के क्रम या श्रृंखला में कोई निश्चित विभाग या अंश;<br>3. विश्वविद्यालय की वह उपाधि या प्रमाण-पत्र जो किसी परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर दिया जाता है। | ಡಿಕ್ರಿ;<br>ಕ್ರಮ ಅಥವಾ ಶ್ರಂಖಲೆಯಲ್ಲಿ ಮಟ್ಟ;<br>ಉಪಾಧಿ | डिक्रि;<br>क्रम अथवा श्रृखलॆयल्लि मट्ट;<br>उपाधि | decree;<br>degree;<br>degree. |
| **डिगरीदार** | वि. | वह व्यक्ति जिसके पक्ष में दीवानी अदालत की डिगरी हुई हो। | ತನ್ನ ಪಕ್ಷದಲ್ಲಿ ಡಿಕ್ರಿ ಪಡೆದ ಡಿಕ್ರಿದಾರ | तन्न पक्षदल्लि डिक्रि पडॆद डिक्रिदार | decree holder, the person in whose favour judgement has been given. |
| **डिगाना** | स. क्रि. | 1. किसी को डिगने में प्रवृत्त करना या विचलित करना;<br>2. किसी को अपने वचन, स्थान आदि से हटाकर इधर-उधर करना। | ಕದಲಿಸು, ಜಾರುವಂತೆ ಮಾಡು;<br>ಸ್ಥಾನ ಅಥವಾ ವಚನ-ಭ್ರಷ್ಟ ಆಗುವಂತೆ ಮಾಡು | कदलिसु, जारवंतॆ माडु;<br>स्थान अथवा वचन-भ्रष्ट आगुवंतॆ माडु | to cause to stumble;<br>to shake (from faith etc.). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **डिग्री** | स्त्री. | दे. डिगरी। | ನೋಡಿ "डिगरी" | नोडि "डिगरी" | same as decree. |
| **डिजाइन** | पुं. | बनावट। | ಮಾದರಿ, ಡಿಜೈನು | मादरि, डिजैनु | design. |
| **डिठौना (डिठौन)** | पुं. | बच्चों को कुदृष्टि से बचाने के लिए उनके माथे पर लगाया जानेवाला काला टीका। | ಪರಿಹಾರಕ್ಕಾಗಿ ಇಡುವ ದೃಷ್ಟಿ ಬೊಟ್ಟು | परिहारक्कागि इडुव दृष्टि बॊट्टु | a black spot on the face (to guard against the malignant eye). |
| **डिपो** | पुं. | गोदाम। | ಡಿಪೋ, ಉಗ್ರಾಣ | डिपो, उग्राण | depot. |
| **डिबिआ (डिबूबी)** | स्त्री. | किसी वस्तु को रखने का ढक्कनदार छोटा आधान, छोटा डिब्बा। | ಡಬ್ಬಿ | डब्बि | small box or basket. |
| **डिब्बा** | पुं. | 1. सामान रखने का बड़ा ढक्कनदार आधान जो पीतल या गत्ते आदि का बना होता है; | ಡಬ್ಬ; | डब्ब; | box, chest; |
| | | 2. रेलगाड़ी में / की कोई एक गाड़ी, माल या सवारी गाड़ी का डिब्बा। | ಯಾತ್ರಿಕರು ಕೂಡುವ ಅಥವಾ ಮಾಲು ಹೊರುವ ರೈಲು ಬೋಗಿ | यात्रिकरु कूडुव अथवा मालु हॊरुव रैलु बोगि | compartment. |
| **डींग** | स्त्री. | अपने बल, योग्यता या साहस के बारे में बढ़ा-चढ़ा कर बात करना। | ಜಂಭ | जंभ | bragging, boasting. |
| **डीठ** | स्त्री. | 1. दृष्टि; | ದೃಷ್ಟಿ; | दृष्टि; | sight; |
| | | 2. देखने की शक्ति। | ನೋಡುವ ಶಕ್ತಿ | नोडुव शक्ति | vision (act of seeing ) |
| **डील-डौल** | पुं. | 1. बनावट या रचना के विचार से जीव-जंतुओं, प्राणियों आदि के शरीर की बनावट या विस्तार; | ಮೈಕಟ್ಟು, ಶರೀರದ ಆಯ; | मैकट्टु, शरीरद आय; | stature, size, shape; |
| | | 2. देह, शरीर। | ಶರೀರ | शरीर | body. |
| **डीह** | पुं. | 1. बस्ती; | ವಸತಿ; | वसति; | habitation; |
| | | 2. छोटा गांव; | ಹಳ್ಳಿ; | हळ्ळि; | tiny village; |
| | | 3. उजड़े गांव का भग्नावशेष। | ಹಾಳುಬಿದ್ದ ಹಳ್ಳಿ | हाळु बिद्द हळ्ळि | site of a deserted village. |
| **डुगडुगी** | स्त्री. | चमड़ा मढ़ा हुआ एक प्रकार का छोटा बाजा जिससे डुगडुग शब्द निकलता है। | ಸಣ್ಣದಾದ ಒಂದು ಬಗೆಯ ಚರ್ಮವಾದ್ಯ | सण्णदाद ऒंदु बगॆय चर्मवाद्य | small kettle drum. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **डुग्गी** | स्त्री. | दे. 'डुगडुगी' | ನೋಡಿ "डुगडुगी" | नोडि "डुगडुगी" | same as 'डुगडुगी' |
| **डुबकी** | स्त्री. | 1. जल में प्रविष्ट होने की ऐसी क्रिया कि सारे अंग जल में छिप जाएं; | ಮುಳುಗು; | मुळुगु; | dip; |
| | | 2. जल में एक स्थान से गोता लगाकर दूसरे स्थान पर निकलने की क्रिया या भाव; | ಮುಳುಗಿ ಏಳುವಿಕೆ; | मुळुगि एळुविके; | dive, act of diving, plunge; |
| | | 3. बीच में अचानक या अनियमित रूप से होनेवाली अनुपस्थिति या गैरहाजिरी। | ಇದ್ದಕ್ಕಿದ್ದಂತೆ ಇಲ್ಲವಾಗುವಿಕೆ | इद्दक्किद्दंते इल्लवागुविके | absence. |
| **डुबवाना** | स.क्रि. | किसी को डुबाने के काम में प्रवृत्त करना, डुबाने का काम किसी दूसरे से कराना। | ಮುಳುಗಿಸುವಂತೆ ಮಾಡು | मुळुगिसुवंते माडु | to cause to be sunk or submerged or drowned, etc. |
| **डुबाना (डुबोना)** | स.क्रि. | 1. ऐसा काम करना जिससे कोई चीज़ डूब जाए; | ಮುಳುಗಿಸು; | मुळुगिसु; | to immerse, to dip; |
| | | 2. जीव को इस प्रकार जल या जलाशय में प्रविष्ट करना या कोई ऐसी क्रिया करना जिसके फलस्वरूप वह डूबकर मर जाए। | ಮುಳುಗಿಸಿ ಸಾಯಿಸು | मुळुगिसि सायिसु | to drown. |
| **डुबाव** | पुं. | 1. डूबने या डुबाने की क्रिया या भाव; | ಮುಳುಗಿಸುವಿಕೆ; | मुळुगिसुविके; | drowning, sinking; |
| | | 2. पानी की इतनी गहराई जिसमें कुछ या कोई डूब जाए। | ಮುಳುಗುವಷ್ಟು ಆಳವಾದ ನೀರು | मुळुगुवष्टु आळवाद नीरु | depth of water sufficient to be drowned. |
| **डुलना** | अ.क्रि. | किसी स्थान पर जमी, बैठी या लगी हुई अथवा किसी अवस्था में स्थित किसी चीज का थोड़ा-बहुत इधर-उधर होना। | ಅಲುಗಾಡು | अलुगाडु | to move, stir, etc. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| डुलाना (डोलाना) | स. क्रि. | 1. किसी को डोलने अर्थात् अपने स्थान से इधर-उधर करने में प्रवृत्त करना; | ಅಲುಗಾಡಿಸು; | अलुगाडिसु; | to make one move; |
| | | 2. किसी पदार्थ को बार-बार गति में लाना या हिलाना; | ಮತ್ತೆ-ಮತ್ತೆ ಚಟುವಟಿಕೆಯುಂಟು ಮಾಡು; | मत्तॆ-मत्तॆ चटुवटिकॆयुंटुमाडु; | to shake, to swing; |
| | | 3. किसी का मन चंचल या विचलित करना; | ಚಂಚಲಗೊಳಿಸು; | चंचलगॊळिसु; | to make some-one's mind unsteady, shaky; |
| | | 4. किसी प्राणी को चलने फिरने में प्रवृत्त करना, घुमाना। | ಅಡ್ಡಾಡಿಸು | अड्डाडिसु | to take out for a walk etc. |
| डूंडा | पुं. | ऐसा पशु जिसका एक सींग टूट गया हो। | ಕೊಂಬು ಮುರಿದ ದನ | कॊंबु मुरिद दन | animal with one horn, or with broken or crumpl-ed horns. |
| डूब | स्त्री. | 1. डूबने की क्रिया या भाव; | ಮುಳುಗುವಿಕೆ; | मुळुगुविकॆ; | the act of dipping, diving etc; |
| | | 2. गोता | ಗೋತ | गोत | dip, dive etc. |
| डूबना | अ. क्रि. | 1. पानी में या किसी द्रव्य पदार्थ में व्यक्ति या किसी वस्तु का पूरी तरह समा जाना; | ಮುಳುಗು; | मुळुगु, | to sink; |
| | | 2. (जीवों के संबंध में) जल में इस प्रकार समाना कि प्राण निकल जाएँ; | ಸಾಯುವಂತೆ ಮುಳುಗು; | सायुवंतॆ मुळुगु; | to be drowned; |
| | | 3. सूर्य, ग्रह, नक्षत्र आदि का अस्त होना; | ಸೂರ್ಯ, ಚಂದ್ರ, ತಾರೆ ಅಸ್ತವಾಗು; | सूर्य, चंद्र, तारॆ अस्तवागु; | to set (as sun); |
| | | 4. चौपट होना या बरबाद होना; | ಹಾಳಾಗು; | हाळागु; | to be destroyed, to be ruined; |
| | | 5. (ला.) किसी कार्य या व्यापार में लीन होना; | ಕಾರ್ಯಗ್ರಸ್ತವಾಗು | कार्यग्रस्तवागु; | to be absorbed, be engrossed, be lost (in business or study or thought etc.); |
| | | 6. दु:ख, निराशा, रोग आदि के कारण दिल का बैठ जाना। | ನಿರಾಶೆ, ದುಃಖ, ರೋಗಗಳಿಂದ ಮುಳುಗಿ ಹೋಗು | निराशॆ, दु:ख, रोगगळिंद मुळुगि होगु | to sink, to faint (as the heart) |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **डेक** | पुं. | समुद्री जहाजों की वह खुली जगह जो जहाज के ऊपरी, बीच के या नीचे के किसी भी हिस्से में एक किनारे से दूसरे किनारे तक बनी होती है। | ಹಡಗಿನ ಅಟ್ಟ | हडगिन अट्ट | deck. |
| **डेग (डेगची)** | पुं. | बड़ा पतीला। | ದೊಡ್ಡ ತಪ್ಪಲೆ | दॊड्ड तप्पलॆ | a big cooking vessel; |
| **डेढ़** | वि. | मान, मात्रा, संख्या आदि की किसी एक इकाई और उसकी आधी इकाई के योग का सूचक विशेषण। | ಒಂದೂವರೆ | ऒंदूवरॆ | one and a half times. |
| **डेरा** | पुं. | 1. पैदल यात्रा आदि के समय अस्थायी रूप से बीच में ठहरने का स्थान, पड़ाव; | ಮೊಕ್ಕಾಮು; | मॊक्कामु; | camp; |
| | | 2. छाया आदि का प्रबंध करके अस्थायी रूप से ठहरने के लिए किया जानेवाला आयोजन; | ಡೇರೆ; | डेरॆ; | temporary abode; |
| | | 3. ठहरने या रहने का स्थान, निवास स्थान। | ನಿವಾಸ | निवास | abode. |
| **डेला** | पुं. | आंखका कोआ या वह सफेद उभरा हुआ भाग जिसमें पुतली रहती है। | ಕಣ್ಣಿನ ಬಿಳಿ ಗುಡ್ಡೆ | कण्णिन बिळि गुड्डॆ | eye ball. |
| **डेवड़ा** | वि. | दे. ड्योढ़ा | ನೋಡಿ "ड्योढ़ा" | नोडि "ड्योढ़ा" | see 'ड्योढ़ा.' |
| **डेना** | पुं. | पक्षियों के पंख। | ಪಕ್ಷಿಗಳ ರೆಕ್ಕೆ | पक्षिगळ रॆक्कॆ | wing (of bird). |
| **डोंगा** | पुं. | 1. डुंगर प्लेट; | ಚಮಚ, ಸಣ್ಣ ತಟ್ಟೆ;' | चमच, सण्ण तट्टॆ; | entree dish, serving dish; service bowl; |
| | | 2. बिना पाल की बड़ी नाव। | ನಾವೆ, ದೊಡ್ಡ ದೋಣಿ | नावॆ, दॊड्ड दोणि | boat without a sail. |
| **डोंगी** | स्त्री. | एक प्रकार की छोटी खुली नाव। | ದೋಣಿ, ಚಿಕ್ಕನಾವೆ | दोणि, चिक्क नावॆ | a small boat. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **डोर** | स्त्री. | 1. सूतों आदि का बटा हुआ पतला मजबूत धागा; | ಹೊಸೆದ ದಾರ; | हॉसॅद दार; | string, thread; |
| | | 2. गुड्डी, पतंग आदि उड़ाने का वह धागा जिस पर मांझा लगा होता है। | ಪಟ ಹಾರಿಸುವ ದಾರ | पट हारिसुव दार | the kite flying thread (made sharper and stiffer by being treated with powdered glass). |
| **डोरा** | पुं. | रूई, सन, रेशम आदि के सूतों का बटकर बनाया हुआ पतला धागा। | ದಾರ | दार | cord, string. |
| **डोरिया** | पुं. | एक प्रकार का सूती कपड़ा जिसकी बनावट में बीच-बीच में कुछ मोटे डोरे या सूत होते हैं। | ಮಧ್ಯೆ-ಮಧ್ಯೆ ದಪ್ಪ ಎಳೆ ಇರುವ ಒಂದು ಬಗೆಯ ಹತ್ತಿಯ ಬಟ್ಟೆ | मध्यॆ-मध्यॆ दप्प ऍळॆ इरुव ऑंदु बगॆय हत्तिय बट्टॆ | doria, a kind of thin striped cloth. |
| **डोरी** | स्त्री. | रूई या रेशम के धागों को बटकर बनाया हुआ बहुत लम्बा डोरा या धागा। | ದಾರ | दार | string. |
| **डोल** | पुं. | 1. कुंए से पानी खींचने का बरतन; | ಭಾವಿಯಿಂದ ನೀರನ್ನೆತ್ತುವ ಪಾತ್ರೆ; | भावियिंद नीरन्नॅत्तुव पात्रॆ; | bucket; |
| | | 2. जहाज का मस्तूल। | ಹಡಗಿನ ಪಟಸ್ತಂಭ | हडगिन पटस्तंभ | (local) mast of a ship. |
| **डोलना** | अ.क्रि. | 1. किसी चीज का इधर-उधर आना-जाना या हिलना; | ಅಲುಗಾಡು; | अलुगाडु; | to swing, to oscillate; |
| | | 2. चलना-फिरना। | ಓಡಾಡು | ओडाडु | to walk about. |
| | | 2. जिसका प्रस्तुत विषय या दो पक्षों में से किसी एक से भी कोई संबंध न हो। | ಪ್ರಸ್ತುತ ವಿಷಯ ಅಥವಾ ಎರಡು ಪಕ್ಷಗಳಲ್ಲಿ ಯಾವುದಕ್ಕೂ ಸಂಬಂಧಿಸದ | प्रस्तुत विषय अथवा ऎरडु पक्षगळल्लि यावुदक्कू संबंधिसद | a third (person or party), an arbitrator. |
| तीसी | स्त्री. | 1. अलसी नाम का पौधा और उसके बीज; | ಅಗಸೆ ಗಿಡ, ಬೀಜ; | अगसॆ गिड, बीज; | linseed; |
| | | 2. वस्तुएं गिनने का एक नाम जिसका सैंकड़ा तीस पंचकों का अर्थात् 150 का होता है। | ವಸ್ತುಗಳನ್ನು ಎಣಿಸುವ ಒಂದು ಹೆಸರು, ಇದರಲ್ಲಿ ಶೇಕಡಾ-ಐದು ಮೂವತ್ತು ಅಂದರೆ 150ಕ್ಕೆ ಸಮ | वस्तुगळन्नु ऍणिसुव ऒंदु हॆसरु, इदरल्लि शेकडा – ऐदु मूवत्तु अंदरॆ 150क्कॆ सम | a measure of counting things prevalent in some parts of India with 30 groups of 5 each making a total of 150, but treated as equivalent to 100. |
| तुंग | वि. | बहुत ऊंचा, उन्नत। | ಎತ್ತರವಾದ | ऎत्तरवाद | high, elevated, lofty, tall. |
| तुंबा | पुं. | 1. सुखाए हुए कडुए कद्दू को बीच में से काट कर बनाया हुआ कटोरे के आकार का पात्र; | ಸೋರೆಬುರುಡೆ-ಯಿಂದ ಮಾಡಿದ ಪಾತ್ರೆ; | सोरॆबुरुडॆयिंद माडिद पात्रॆ; | hollowed gourd (in which mendicants carry water etc.); |
| | | 2. गोल कडुआ कद्दू या घीया। | ಸೋರೆಕಾಯಿ | सोरॆकायि | the gourd, lagenaria Vulgaris. |
| तुंबी | स्त्री. | 1. छोटी कडुई लौकी; | ಚಿಕ್ಕ ಸೋರೆಕಾಯಿ; | चिक्क सोरॆकायि; | long white gourd, lagenaria vulgaris; |
| | | 2. इसका बना हुआ छोटा पात्र। | ಸೋರೆ ಬುರುಡೆಯ ಚಿಕ್ಕ ಪಾತ್ರೆ | सोरॆबुरुडॆय चिक्क पात्रॆ | small, hollow gourd used as a pot. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| तुक | स्त्री. | 1. किसी छंद के चरणों के अन्तिम अक्षरों का मेल, अंत्यानुप्रास; | ಅಂತ್ಯಾನುಪ್ರಾಸ; | अंत्यानुप्रास; | rhyme; |
| | | 2. सामंजस्य; | ಸಾಮಂಜಸ್ಯ; | सामंजस्य; | harmony, co-ordination; |
| | | 3. औचित्य। | ಔಚಿತ್ಯ | औचित्य | propriety, suitability. |
| तुकबंदी | स्त्री. | 1. तुक मिलाने की क्रिया; | ಪ್ರಾಸ ಕೂಡಿಸುವಿಕೆ; | प्रास कूडिसुविकॆ; | forming rhymes, making verses; |
| | | 2. साधारण पद्यरचना; | ನಿಸ್ಸಾರವಾದ ಪದ್ಯ; | निस्सारवाद पद्य; | banal versification; |
| | | 3. भद्दी कविता। | ಕಟ್ಟ ಕವಿತೆ | कट्ट कवितॆ | shoddy poem, bad poetry. |
| तुकांत | वि. | जिस (कविता) के चरणों के अंत में तुक हो, तुकयुक्त, अंत्यानुप्रासयुक्त। | ಅಂತ್ಯಾನು-ಪ್ರಾಸವುಳ್ಳ | अंत्यानुप्रासवुळ्ळ | having terminal alliteration. |
| तुक्कड़ | पुं. | केवल तुक जोडने वाला, साधारण पद्य रचने वाला। | ಪ್ರಾಸ ಕೂಡಿಸಿ ಸಾಮಾನ್ಯ ಪದ್ಯಗಳನ್ನು ಬರೆಯುವವ | प्रास कूडिसि सामान्य पद्यगळन्नु बरॆयुवव | mere versifier, poetaster. |
| तुक्का | पुं. | 1. बिना फल का वाण; | ಮೊನೆಯಿಲ್ಲದ ಬಾಣ; | मॊनॆयिल्लद बाण; | arrow without a head; |
| | | 2. ऐसा प्रयत्न जिसकी सफलता संदिग्ध हो; | ಸಂದಿಗ್ಧ ಸಫಲತೆಯ ಪ್ರಯತ್ನ; | संदिग्ध सफलतॆय प्रयत्न; | unsure or failing means, a vain bid; |
| | | 3. अटकल पच्चू। | ಊಹಾಪೋಹ | ऊहापोह | mere conjecture, random guess. |
| तुच्छ | वि. | 1. महत्व, मान या मूल्य से रहित, क्षुद्र, हीन, नगण्य; | ಹೀನ, ನೀಚ; | हीन, नीच; | petty, worthless, insignificant, contemptible; |
| | | 2. अल्प, थोड़ा; | ಅಲ್ಪ, ಸ್ವಲ್ಪ; | अल्प, स्वल्प; | small, little, trivial; |
| | | 3. साररहित। | ನಿಸ್ಸಾರ | निस्सार | empty, void, vain. |
| तुच्छता | स्त्री. | तुच्छ होने की अवस्था या भाव। | ನೀಚತೆ, ಅಲ್ಪತೆ | नीचतॆ, अल्पतॆ | pettiness, worthlessness, despicableness, insignifcance. |
| तुझ | सर्व. | तू का वह रूप जो उसे कर्ता तथा संबंध कारक के अतिरिक्त अन्य कारकों में प्रयुक्त होने के पहले प्राप्त होता है। | 'ತೂ'ಎಂಬ ಸರ್ವನಾಮದ ಕಾರಕ ಪ್ರತ್ಯಯ ಹತ್ತುವ ರೂಪ | "तू" एंब सर्वनामद कारक प्रत्यय हत्तुव रूप | oblique form of 'तू'. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| तुझे | सर्व | तू का कर्ण और संप्रदान कारक का रूप, तुझको। | 'तू'ಎಂಬ ಸರ್ವನಾಮದ ಸಂಪ್ರದಾನ ಕಾರಕ ರೂಪ | "तू" एंब सर्वनामद संप्रदान कारक रूप | to/for thee. |
| तुड़ाना | स.क्रि. | 1. तोड़ने का काम कराना, तुड़वाना; | ಮುರಿಯುವಂತೆ ಮಾಡು; | मुरियुवंत माडु; | to cause to break; |
| | | 2. बंधन तोड़ना; | ಕಟ್ಟನ್ನು ಹರಿಯು; | कट्टन्नु हरियु; | to break, rend, tear; |
| | | 3. बड़े सिक्के या नोट को छोटे नोटों या सिक्कों मे परिवर्तित कराना, भुनाना। | ಚಿಲ್ಲರೆ ಮಾಡಿಸು | चिल्लर माडिसु | to change(a coin or currency note into smaller ones). |
| तुतलाना | क्रि. | बोलने में शब्द का मुंह से रुक-रुक कर तथा अस्पष्ट रूप से निकलना। | ತೊದಲು ನುಡಿಯು | तॊदलु नुडियु | to lisp, to stutter (in speaking). |
| तुनकमिजाज | वि. | बात-बात पर रुष्ट होने वाला, चिड़चिड़ा। | ಸಿಡುಗುಟ್ಟುವ | सिडुगुट्टुव | fretful, peevish, touchy, irritable. |
| तुम | सर्व. | 'तू' का बहुवचन रूप जिसका व्यवहार संबोधित व्यक्ति के लिए होता है तथा जो वक्ता की तुलना में छोटा या बराबरी का होता है। | 'तू'ಸರ್ವನಾಮದ ಬಹುವಚನ | "तू' सर्वनामद बहुवचन | you (non-honorific). |
| तुमुल | वि. | बहुत उत्कट, तीव्र या घोर, प्रचंड। | ಭಯಂಕರ, ಘೋರ, ಪ್ರಚಂಡ | भयंकर, घोर, प्रचंड | tumultuous, noisy, fierce, raging. |
| तुम्हारा | सर्व. | 'तुम' का संबंध कारक का रूप। | 'तुम'ಸರ್ವನಾಮದ ಸಂಬಂಧಕಾರಕ ರೂಪ... | "तुम" सर्वनामद संबंधकारक रूप | the gen-masc. of the pron. **तुम** , of you, your, yours. |
| तुम्हीं | सर्व. | तुम के साथ ही के योग से बना हुआ रूप, तुमही । | 'तुम'ಸರ್ವನಾಮಕ್ಕೆ 'ही' ಸೇರಿಸಿದುದರಿಂದಾದ ರೂಪ | "तुम" सर्वनामक्कॆ "ही" सेरिसिदुदरिंदाद रूप | you alone, you only. |
| तुरंग (तुरग) | पुं. | घोड़ा। | ಕುದುರೆ | कुदुरॆ | horse. |
| तुरंत | क्रिवि. | ठीक इसी समय, चटपट, तत्काल। | ಕೂಡಲೆ ತಕ್ಷಣ, ಈಗಲೆ | कूडलॆ, तक्षण, ईगलॆ | at once, quickly, forthwith, instantly, soon. |
| तुरत | वि. | दे. तुरंत। | ನೋಡಿ "तुरंत" | नोडि "तुरंत" | at once, quickly, forthwith, instantly, soon. |
| तुरपन | स्त्री. | एक तरह की हाथ की सिलाई। | ಒಂದು ಬಗೆಯ ಕೈಹೊಲಿಗೆ | ऒंदु बगॆय कै हॊलिगॆ | hand-stiching. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **तुरपना** | क्रि. | सूई धागे से बड़े-बड़े टांके लगाना या सीना। | ಕೈ ಹೊಲಿಗೆ ಹಾಕು, ತೇಪೆ ಹಿಡಿ | कै हॉलिगॆ हाकु, तेपॆ हिडि | to stitch in a particular manner. |
| **तुरही** | स्त्री. | फूंककर बजाया जाने वाला एक पतले मुंह का बाजा। | ತುತೂರಿ | तुतूरि | trumpet, clarion. |
| **तुरुप (तुरप)** | पुं. | ताश के खेलों में वह रंग जो प्रधान मान लिया जाता है तथा जिसका छोटे से छोटा पत्ता दूसरे रंग के बड़े से बड़े पत्ते को काट या मार सकता है। | ಇಸ್ಪೀಟಾಟದ ತುರುಪು | इस्पीटाटद तुरुपु | trump. |
| **तुरा** | पुं. | 1. जुल्फ; | ಗುಂಗುರು ಕೂದಲು | गुंगुरु कूदलु; | forelock; |
| | | 2. पक्षियों की शिखा, कलगी; | ಪಕ್ಷಿಗಳ ಶಿಖೆ; | पक्षिगळ शिखॆ; | plume of feathers, crest, nosegay; |
| | | 3. पगड़ी, टोपी आदि में लगा हुआ पर, फूलों का गुच्छा आदि, कलगी; | ರುಮಾಲು, ಟೋಪಿಗೆ ಸಿಕ್ಕಿಸಿಕೊಳ್ಳುವ ಹೂಗೊಂಚಲು; | रुमालु, टोपिगॆ सिक्किसिकॊळ्ळुव हूगॊंचलु; | an ornament worn in the turban, an ornamental tassel; |
| | | 4. विलक्षण विशेषता। | ವಿಚಿತ್ರವಾದ ವೈಶಿಷ್ಟ್ಯ | विचित्रवाद वैशिष्ट्य | (fig.) the best or cream. |
| **तुलनपत्र** | पुं. | आय-व्यय का वह लेखा जिसमें किसी निश्चित अवधि तक का यह विवरण रहता है कि किन मदों में कितनी आय और कितना व्यय हुआ तथा अंत में देने या पावने के खाते में कितना धन शेष है। | ಆಯವ್ಯಯ ಪಟ್ಟಿ, ಜಮಾ ಖರ್ಚು ಪಟ್ಟಿ, ಸಂತುಲನ ಪಟ್ಟಿ | आयव्यय पट्टि, जमाखर्चु पट्टि, संतुलन पट्टि | balance sheet. |
| **तुलना** | स.क्रि. | 1. तोला जाना, मापित होना; | ಅಳೆಯಲ್ಪಡು, ತೂಕವಾಗು; | अळॆयल्पडु, तूकवागु; | to be weighed; |
| | | 2. तौल या माप में समान होना; | ಅಳತೆಯಲ್ಲಿ ಸಮನಾಗು; | अळतॆयल्लि समनागु; | to be balanced; |
| | | 3. सन्नद्ध, कटिबद्ध, उतारू होना। | ಸೊಂಟ ಕಟ್ಟಿ ನಿಲ್ಲು, ಸನ್ನದ್ಧನಾಗು | सॊंट कट्टि निल्लु, सन्नद्धनागु | to be drawn up in array (as one army against another). |
| | स्त्री. | न्यूनाधिक का विचार, तारतम्य, बराबरी। | ಹೋಲು, ಹೋಲಿಸುವಿಕೆ, ತಾರತಮ್ಯ | होलु, होलिसुविकॆ, तारतम्य | comparison. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| तुलनात्मक | वि. | जिसमें दो या कई वस्तुओं, व्यक्तियों आदि की परस्पर की तुलना की गई हो अर्थात् समानता-असमानता, गुण-दोष आदि के **तारतम्य** का विवेचन किया गया हो, तुलनायुक्त। | ತುಲನಾತ್ಮಕವಾದ, ಹೋಲಿಕೆಯುಳ್ಳ, ತಾರತಮ್ಯ ವಿವೇಚಿಸಿದ | तुलनात्मक, होलिकॆयुळ्ळ, तारतम्य विवेचिसिद | comparative. |
| तुलनीय | वि. | तुलना किए जाने के योग्य, जिसकी या जिससे तुलना की जा सके। | ಹೋಲಿಸಲು ಯೋಗ್ಯವಾದ | होलिसलु योग्यवाद | worthy of comparison, comparable. |
| तुलवाई | स्त्री. | तोलवाने की क्रिया, भाव या मजदूरी। | ತೂಕ ಮಾಡುವಿಕೆ, ತೂಕ ಮಾಡಿದುದರ ಕೂಲಿ | तूक माडुविकॆ, तूक माडिदुदर कूलि | the act of weighing or the price paid for having (a thing) weighed. |
| तुलवाना (तुलाना) | स.क्रि. | किसी को कुछ तौलने में प्रवृत्त करना, **तौलाना**। | ತೂಕ ಮಾಡಿಸು | तूक माडिसु | to have (a thing) weighed, etc. |
| तुलसी | स्त्री. | 1. एक प्रसिद्ध पौधा, पत्ते या उसके बीज जो बहुत पवित्र माने गए हैं; | ತುಳಸಿ ಗಿಡ ತುಳಸಿ ದಳ; | तुळसि गिड, तुळसि दळ; | the shrub plant or seeds of holy basil, ocymum sanctum; |
| | | 2. गोस्वामी तुलसीदास (हिंदी के प्रसिद्ध कवि)। | ಹಿಂದಿ ಭಾಷೆಯ ಭಕ್ತ ಕವಿ ತುಳಸೀದಾಸ | हिंदि भाषॆय भक्त कवि तुळसीदास | the renowned medieval Hindi poet Goswami Tulsi Dass. |
| तुला | स्त्री. | 1. तराजू, कांटा; | ತಕ್ಕಡಿ, ತ್ರಾಸು; | तक्कडि, त्रासु; | balance or scale, pair of scales; |
| | | 2. ज्योतिष की बारह राशियों में से सातवीं राशि। | ತುಲಾರಾಶಿ | तुलाराशि | libra, the seventh sign of the Zodiac. |
| तुलाई | स्त्री. | तौलने की क्रिया, भाव या मजदूरी। | ತೂಕ ಮಾಡುವಿಕೆ ಅಥವಾ ಅದರ ಮಜೂರಿ | तूक माडुविकॆ अथवा अदर मजूरि | the act of weighing or the price paid for having (a thing) weighed. |
| तुलादान | पुं. | अपने शरीर के भार के बराबर तौल कर दिया जाने वाला अन्न, द्रव्य आदि का दान। | ಶರೀರದ ತೂಕದಷ್ಟು ಹಣ ಅಥವಾ ಧಾನ್ಯ ಆದಿಗಳ ದಾನ, ತುಲಾದಾನ | शरीरद तूकदष्टु हण अथवा धान्य आदिगळ दान, तुलादान | the gift to a Brahman of as much gold, silver, etc. as equals the weight of the body. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **तुल्य** | वि. | 1. समान, बराबर;<br>2. अनुरूप, सदृश। | ಸಮಾನವಾದ;<br>ಸದೃಶ್ಯ, ಅನುರೂಪ | समानवाद;<br>सदृश, अनुरूप | equal (to);<br>resembling, similar, analogous (to). |
| **तुषार** | पुं. | हवा में मिली भाप जो जमकर श्वेतकणों के रूप में पृथ्वी पर गिरती है, हिम, पाला। | ಹಿಮ, ಮಂಜು | हिम, मंजु | frost, mist. |
| **तुषारपात** | पुं. | बरफ का गिरना, पाला पड़ना, हिमपात। | ಮಂಜು ಬೀಳುವುದು ಅಥವಾ ಸುರಿಯುವುದು | मंजु बीळुवुदु अथवा सुरियुवुदु | snow fall, frost fall. |
| **तुष्ट** | वि. | 1. तोषयुक्त, तृप्त; | ತೃಪ್ತಿ ಹೊಂದಿದ; | तृप्ति होंदिद; | satisfied, contented; |
| | | 2. **प्रसन्न।** | ಪ್ರಸನ್ನ | प्रसन्न | pleased, glad, etc. |
| **तुष्टि** | स्त्री. | 1. तुष्ट होने की अवस्था। या भाव, तृप्ति; | ತೃಪ್ತಿ; | तृप्ति; | satisfaction, gratification, contentment; |
| | | 2. प्रसन्नता। | ಪ್ರಸನ್ನತೆ | प्रसन्नते | pleasure, delight. |
| **तुष्टिकरण** | | किसी को तुष्ट या प्रसन्न करने की **क्रिया या भाव।** | ಸಂತೃಪ್ತಿ-ಗೊಳಿಸುವಿಕೆ | संतृप्ति-गोळिसुविके | appeasement, placation. |
| **तुहिन** | पुं. | 1. तुषार, पाला;<br>2. बरफ। | ಮಂಜು;<br>ಹಿಮ | मंजु;<br>हिम | mist, dew;<br>frost. |
| **तूंबा** | पुं. | दे. 'तुंबा' | ನೋಡಿ "तुंबा" | नोडि "तुंबा" | see 'तुंबा'. |
| **तूंबी** | स्त्री. | दे. 'तुंबी', | ನೋಡಿ "तुंबी" | नोडि "तुंबी" | see तुंबी'. |
| **तू** | सर्व. | एक सर्वनाम जिसका प्रयोग मध्यम पुरुष एकवचन में ऐसे व्यक्ति के लिए होता है जो अपने से बहुत छोटा, तुच्छ या हीन हो, 'तुम' का एक वचन रूप। | ನೀನು, ಮಧ್ಯಮ ಪುರುಷ ಏಕವಚನ ವ್ಯಕ್ತಿವಾಚಕ, 'तुम'ನ ಏಕವಚನ ರೂಪ | नीनु, मध्यम पुरुष एकवचन व्यक्तिवाचक, "तुम" न एकवचन रूप | thou (used to imply depreciation or contempt, or by way of familiarity or endearment, or in addressing the deity to imply extreme reverence). |
| **तूणीर** | पुं. | बाण रखने का चोंगा, तरकश। | ಬತ್ತಳಿಕೆ | बत्तळिके | quiver. |
| **तूतिया** | पुं. | गंधकाम्ल के योग से बना हुआ तांबे का सार, नीला थोथा। | ಮೈಲುತುತ್ತ | मैलुतुत्त | blue vitriol, sulphate of copper. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **तूती** | स्त्री. | 1. **बांसुरी या शहनाई की तरह का एक प्रकार का पतला लंबा बाजा;** | ಕೊಳಲಿನಂತಹ ನೀಳವಾದ ವಾದ್ಯ; | कोळलिनंतह नीळवाद वाद्य; | a kind of musical instrument resembling a lute or clarionet. |
| | | 2. **एक छोटी चिड़िया जिसकी बोली बहुत मीठी होती है।** | ಮಧುರವಾಗಿ ಕೂಗುವ ಒಂದು ಚಿಕ್ಕ ಹಕ್ಕಿ | मधुरवागि कूगुव ओंदु चिक्क हक्कि | a small singing bird, loxia rosea; |
| **तूफान** | पुं. | 1. **आंधी, अंधड़, जिससे हवापानी आदि का भीषण** उत्पात हो; | ಬಿರುಗಾಳಿಯಿಂದ ಕೂಡಿದ ಮಳೆ; | बिरुगाळियिंद कूडिद मळॆ; | storm, tempest, hurricane; |
| | | 2. भारी आपत्ति, कहर; | ಭಾರಿ ಉಪದ್ರವ; | भारि उपद्रव; | affliction, calamity; |
| | | 3. हंगामा, होहल्ला। | ಗಲಾಟೆ, ಗಲಭೆ | गलाटॆ, गलभॆ | commotion, noise, riot. |
| **तूफानी** | वि. | 1. **तूफान संबंधी, तूफान का;** | ಬಿರುಗಾಳಿಯ; | बिरुगाळिय; | of or relating to a storm or tempest, stormy, tempestuous; |
| | | 2.(ला.) ऊधमी, उपद्रवी । | (ಲಾಕ್ಷಣಿಕ) ಉಪದ್ರವ ಮಾಡುವ, ತಂಟೆಕೋರ | (लाक्षणिक) उपद्रव माडुव, तटॆ कोर | (fig.) riotous, boisterous, violent. |
| **तूल** | पुं. | 1. **लाल रंग का सूती कपड़ा;** | ಕೆಂಬಣ್ಣದ ಹತ್ತಿ ಬಟ್ಟೆ; | कॆंबण्णद हत्ति बट्टॆ; | cotton cloth of red colour; |
| | | 2. **गाढ़ा लाल रंग;** | ಅಚ್ಚ ಕೆಂಬಣ್ಣ; | अच्च कॆंबण्ण; | dark red colour; |
| | | 3. **लंबाई, विस्तार।** | ಉದ್ದ, ವಿಸ್ತಾರ | उद्द, विस्तार | length, prolixity. |
| **तूलिका** | स्त्री. | **चित्र अंकित करने की कूंची।** | ಕುಂಚ | कुंच | painters' brush. |
| **तृण** | पुं. | **तिनका, घास।** | ಹುಲ್ಲು | हुल्लु | grass, blade of grass, straw. |
| **तृतीय** | वि. | **जो क्रमसंख्या, महत्व आदि के विचार से दूसरे के बाद हो, तीसरा।** | ಮೂರನೆಯ | मूरनॆय | the third. |
| **तृप्त** | वि. | **संतुष्ट, अघाया हुआ।** | ಸಂತುಷ್ಟ, ತೃಪ್ತಿ ಹೊಂದಿದ | संतुष्ट तृप्ति होंदिद | satiated, satisfied, contented. |
| **तृप्ति** | स्त्री. | **आवश्यकता या इच्छा की पूर्ति हो जाने पर होने वाली मानसिक शांति या मिलने वाला आनंद।** | ತೃಪ್ತಿ | तृप्ति | satisfaction, satiety. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **तृष्णा** | स्त्री. | 1. प्यास; | ದಾಹ, ಬಾಯಾರಿಕೆ; | दाह, बायारिकॆ; | thirst; |
| | | 2. विशेष इच्छा या कामना। | ಅತಿ ಆಶೆ | अति आशॆ | strong desire, eagerness, longing. |
| **तेंतालीस (तितालीस)** | वि. | चालीस और तीन। | ನಲವತ್ತಮೂರು | नलवत्त मूरु | (the number) forty-three. |
| **तेंतीस** | वि. | तीस और तीन। | ಮೂವತ್ತಮೂರು | मूवत्तमूरु | (the number) thirty-three. |
| **तेंदुआ** | पुं. | चीते की जाति का एक हिंसक जंतु जो प्रायः पीलापन लिए भूरा सा होता है और उसकी देह पर काले-काले गोल धब्बे या चित्तियां होती हैं। | ಚಿರತೆಯಂತಹ ಒಂದು ಹಿಂಸಕ ಪಶು | चिरतॆयंतह ऒंदु हिंसक पशु | leopard. |
| **तेईस** | वि. | बीस और तीन। | ಇಪ್ಪತ್ತಮೂರು | इप्पत्तमूरु | (the number) twenty three. |
| **तेग (तेगा)** | स्त्री. | तलवार, खड्ग। | ಕತ್ತಿ, ಖಡ್ಗ | कत्ति, खड्ग | sword, scimitar, |
| **तेज** | पुं. | 1. दीप्ति; | ತೇಜಸ್ಸು; | तेजस्सु; | splendour, glory, refulgence; |
| | | 2. प्रताप; | ಪ್ರತಾಪ; | प्रताप; | awe, strength, power; |
| | | 3. पंचमहाभूतों में से अग्नि नामक महाभूत; | ಪಂಚಭೂತಗಳಲ್ಲಿ ಒಂದು ತೇಜ ತತ್ವ; | पंचभूतगळल्लि ऒंदु तेज तत्व; | fire; |
| | | 4. गरमी, ताप। | ಬಿಸಿ, ಬೇಗೆ | बिसि, बेगॆ | heat, ardour. |
| | वि. | 1. तीक्ष्ण या पैनी धारवाला; | ಹರಿತವಾದ; | हरितवाद; | sharp, acute; |
| | | 2. द्रुतगामी, वेगवान; | ವೇಗವಾದ; | वेगवाद; | fast; |
| | | 3. प्रखर, प्रचंड, विकट; | ಪ್ರಚಂಡವಾದ | प्रचंडवाद; | violent, fiery; |
| | | 4. तीखे स्वाद का; | ಬಹಳ ಖಾರವಾದ; | बहळ खारवाद; | pungent, acrid; |
| | | 5. फुर्तीला; | ಸ್ಫೂರ್ತಿಯುಳ್ಳ; | स्फूर्तियुळ्ळ; | swift, quick; |
| | | 6. तीक्ष्ण बुद्धिवाला; | ಚುರುಕು ಬುದ್ಧಿಯುಳ್ಳ; | चुरुकु बुद्धियुळ्ळ; | smart, intelligent, quick-witted; |
| | | 7. शीघ्र प्रभाव उत्पन्न करने वाला; | ತಕ್ಷಣ ಪ್ರಭಾವ ಬೀರುವ; | तक्षण प्रभाव बीरुव; | effective, efficacious (as medicine); |
| | | 8. महंगा। | ಬಹಳ ಬೆಲೆಯೇರಿದ, ತುಟ್ಟಿ | बहळ बॆलॆयेरिद, तुट्टि | dear, costly. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **तेजपात (तेजपत्ता)** | पुं. | दालचीनी की जाति का एक पेड़ तथा उसका पत्ता जो मसाले और दवा के काम आता है। | ದಾಲ್ಚಿನ್ನಿ ಜಾತಿಯ ಮರ, ಅದರ ಎಲೆ | दाल्चिन्नि जातिय मर, अदर एॅलॅ | leaf of the Laurus cassia. |
| **तेजवान** | वि. | 1. तेज से युक्त, तेजस्वी: | ತೇಜಸ್ವಿ; | तेजस्वि; | luminous, refulgent, brilliant; |
| | | 2. प्रतापी। | ಪ್ರತಾಪಶಾಲಿ | प्रतापशालि | impressive, majestic, glorious. |
| **तेजस्विता** | स्त्री. | तेजस्वी होने की अवस्था, गुण या भाव। | ತೇಜಸ್ವಿತೆ | तेजस्वितॆ | brilliance, luminosity, glow, impressiveness, imposingness. |
| **तेजस्वी** | वि. | 1. जिसमें यथेष्ट तेज हो, दीप्तिमान; | ತೇಜಸ್ಸುಳ್ಳ; | तेजस्सुळ्ळ; | brilliant, splendid, bright; |
| | | 2. जिसके बल, बुद्धि, वैभव आदि का दूसरों पर यथेष्ट प्रभाव पड़ता हो, प्रभावशाली; | ಬುದ್ಧಿ ಶಕ್ತಿಗಳನ್ನು ಬೀರಬಲ್ಲ, ಪ್ರಭಾವಶಾಲಿ; | बुद्धि शक्तिगळन्नु बीरबल्ल, प्रभावशालि; | inspiring respect, dignified, noble; |
| | | 3. प्रतापी। | ಪರಾಕ್ರಮಿ, ಪ್ರತಾಪವುಳ್ಳ | पराक्रमि, प्रतापवुळ्ळ | powerful. |
| **तेजाब** | पुं. | एक तरह का रासायनिक खट्टा पदार्थ जो जल में घुलनशील होता है और दूसरी वस्तुओं को गला सकता है, अम्ल। | ಆಮ್ಲ | आम्ल | acid. |
| **तेजी** | स्त्री. | तेज होने की अवस्था, गुण, क्रिया या भाव। | ವೇಗವಾಗಿರುವಿಕೆ, ಹರಿತವಾಗಿರುವಿಕೆ | वेगवागिरुविकॆ, हरितवागिरुविकॆ | sharpness, haste, quickness, pungency. |
| **तेरस** | स्त्री. | चंद्रमास के किसी पक्ष की तेरहवीं तिथि, त्रयोदशी। | ತ್ರಯೋದಶಿ | त्रयोदशि | the thirteenth day of the lunar fortnight. |
| **तेरह** | वि. | दस और तीन। | ಹದಿಮೂರು | हदिमूरु | thirteen. |
| **तेरही** | स्त्री. | मरने की तिथि से तेरहवीं तिथि जिस दिन पिंडदान आदि करा कर मृतक के संबंधी शुद्ध होते हैं। | ಸತ್ತನಂತರ ಹದಿಮೂರನೆ ದಿನದ ಕರ್ಮ (ವೈಕುಂಠ ಸಮಾರಾಧನೆ | सत्तनंतर हदिमूरनॆदिनद कर्म (वैकुंठ समाराधनॆ) | the thirteenth day after death when the relatives of the deceased perform the rituals signifying the end of the postmortem rituals. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **तेरा** | सर्व. | 'तू' का संबंध कारक रूप, मध्यम पुरुष एकवचन सबंध कारक का सूचक सर्वनाम। | 'ತೂ'ಎಂಬ ಸರ್ವನಾಮದ ಸಂಬಂಧ ಕಾರಕ | "तू" एंब सर्वनामद संबंध कारक रूप | thy, thine. |
| **तेल** | पुं. | 1. तिलहन के बीजों या कुछ विशिष्ट वनस्पतियों को पेरकर निकाला जाने वाला स्निग्ध तरल पदार्थ; | ಎಣ್ಣೆ; | एण्णॆ; | expressed oil (prepared from sesamum, mustard-seed etc); |
| | | 2. वरवधू को विवाह से पूर्व हल्दी मिला हुआ तेल लगाने की एक रीति; | ವಿವಾಹ ಆದಿಗಳಲ್ಲಿ ಎಣ್ಣೆ ಶಾಸ್ತ್ರ; | विवाह आदिगळल्लि एण्णॆशास्त्र; | ceremony of pre-marital anointment; |
| | | 3. पशुओं के शरीर से निकलने वाली पतली चर्बी; | ಕೊಬ್ಬು; | कॊब्बु; | fat, tallow; |
| | | 4. कुछ विशिष्ट प्रकार के खनिज द्रव्य पदार्थ जो सहज में जल सकते हैं। | ಸೀಮೆ ಎಣ್ಣೆ, ಪೆಟ್ರೋಲು ಆದಿ ಖನಿಜ ಪದಾರ್ಥ | सीमॆ एण्णॆ, पॆट्रोलु आदि खनिज पदार्थ | petrol. |
| **तेलिन** | स्त्री. | तेली की या तेली जाति की स्त्री। | ಎಣ್ಣೆ ಮಾರುವವಳು | एण्णॆ मारुववळु | a woman of the teli caste or a woman who prepares oil, the wife of **teli.** |
| **तेलिया** | वि. | 1. तेल की तरह चिकना और चमकीला; | ಜಿಡ್ಡಾಗಿರುವ; | जिड्डागिरुव; | oily, unctuous; |
| | | 2. तेल की तरह हलके काले रंग वाला। | ಎಣ್ಣೆಯ ಬಣ್ಣದ | एण्णॆय बण्णद | dark, deep (colour). |
| **तेली** | पुं. | तेल पेरने और बेचने का पेशा करने वाली एक जाति। | ಗಾಣಿಗ, ಎಣ್ಣೆ ಮಾರುವವ | गाणिग, एण्णॆ-मारुवव | oilman, a caste whose business is to make or to sell oil. |
| **तेवर** | पुं. | 1. किसी विशिष्ट उद्देश्य या भाव से किसी की ओर या किसी पर डाली जाने वाली दृश्टि, त्यौरी; | ಸಿಟ್ಟಿನಿಂದ ಹುಬ್ಬು ಗಂಟಿಕ್ಕುವಿಕೆ; | सिट्टिनिंद हुब्बु गंटिक्कुविकॆ; | angry look, frown; |
| | | 2. भौंह, भृकुटी। | ಹುಬ್ಬು | हुब्बु | eyebrow. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| तेहरा (तिहरा) | वि. | 1. तीन परत किया हुआ, तीन तहों का; | ಮೂರು ಪದರದ; | मूरु पदरद; | threefold; |
| | | 2. जो एक साथ तीन हों, जिसकी तीन प्रतियां एक साथ हों। | ಮೂರರ ಸಮೂಹ | मूरर समूह | triplicate etc. |
| तैनात | वि. | किसी काम के लिए नियत या नियुक्त किया हुआ, मुकर्रर। | ಒಂದು ಕೆಲಸಕ್ಕಾಗಿ ನಿಯಮಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | ऒंदु कॆलस-क्कागि नियमि-सिल्पट्ट | appointed, posted. |
| तैनाती | स्त्री. | तैनात करने की क्रिया, अवस्था या भाव, मुकर्ररी। | ನೇಮಕ ಮಾಡುವಿಕೆ | नेमक माडुविकॆ | appointment, posting, deployment. |
| तैयार | वि. | 1. कुछ करने के लिए हर तरह से उद्यत, तत्पर, कटिबद्ध; | ಸಿದ್ಧ, ತಯಾರು; | सिद्ध, तयारु; | willing, prepared; |
| | | 2. जो पक कर खाने योग्य हो गया हो; | ತಿನ್ನಲು ಪಕ್ವವಾಗಿರುವ; | तिन्नलु पक्ववागिरुव; | ready to eat; |
| | | 3. जो बन कर बिलकुल ठीक और हर प्रकार से दुरुस्त हो गया हो; | ಉಪಯೋಗಕ್ಕೆ ಸಿದ್ಧವಾಗಿರುವ; | उपयोगक्कॆ सिद्धवागिरुव; | finished, completed; |
| | | 4. उपस्थित, प्रस्तुत मौजूद; | ಹಾಜರಿರುವ; | हाजरिरुव; | present; |
| | | 5. हृष्टपुष्ट, मोटाताजा। | ಚೆನ್ನಾಗಿ ಬೆಳೆದ | चॆन्नागि बॆळॆद | robust, healthy. |
| तैयारी | स्त्री. | 1. तैयार होने की अवस्था, क्रिया या भाव; | ಸಿದ್ಧತೆ; | सिद्धतॆ; | the state of being prepared, preparation; |
| | | 2. तत्परता, मुस्तैदी; | ತತ್ಪರತೆ; | तत्परतॆ; | preparedness, readiness; |
| | | 3. सजधज, सजावट। | ಏರ್ಪಾಡು | एर्पाडु | arrangement, show. |
| तैरना | अ.क्रि | 1. किसी जीव का हाथ-पैर आदि चलाते हुए पानी में इस प्रकार चलना या आगे बढ़ना कि वह डूब न जाए; | ಈಜಾಡು; | ईजाडु; | to swim; |
| | | 2. पानी के ऊपर-ऊपर फिरना। | ತೇಲಾಡು | तेलाडु | to float. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **तैराई** | स्त्री. | 1. तैरने की क्रिया या भाव; 2. तैरने या तैराने के बदले मिलनेवाला पारिश्रमिक। | ಈಜಾಡುವಿಕೆ; ಈಜಿದುದಕ್ಕೆ ದೊರೆಯುವ ಕೂಲಿ | ईजाडुविकॆ; ईजिदुदक्कॆ दॊरॆयुव कूलि | swimming; wages paid for swimming or causing one to swim. |
| **तैराक** | पुं. | वह वयक्त जो अच्छी तरह तैरना जानता हो। | ಒಳ್ಳೆಯ ಈಜುಗಾರ | ऑळ्ळॆय ईजुगार | swimmer. |
| **तैराकी** | स्त्री. | 1. तैरने की क्रिया या भाव; 2. वह उत्सव या मेला जिसमें तैरने की कलाओं, जल-क्रीड़ाओं का प्रदर्शन या प्रतियोगिता हो। | ಈಜುಗಾರಿಕೆ; ಈಜುಗಾರಿಕೆಯ ಸ್ಪರ್ಧೆ | ईजुगारिकॆ; ईजुगारिकॆय स्पर्धॆ | the act of swimming; exhibition of swimming-feats. |
| **तैराना** | स.क्रि. | दूसरे को तैरने में प्रवृत्त करना। | ಈಜುವಂತೆ ಮಾಡು | ईजुवंतॆ माडु | to cause (one) to swim. |
| **तैलचित्र** | पुं. | तेल के योगवाले रंग से बना हुआ चित्र। | ತೈಲಚಿತ್ರ | तैलचित्र | oil painting. |
| **तैश** | पुं. | आवेशपूर्ण क्रोध। | ಆವೇಶದಿಂದ ಕೂಡಿದ ಸಿಟ್ಟು | आवेशदिंद कूडिद सिट्टु | rage, wrath. |
| **तैसा** | क्रि. वि. | उस आकार-प्रकार, रूप-गुण आदि का, उस जैसा, वैसा। | ಹಾಗೆ, ಅದರಂತೆ | हागॆ, अदरंतॆ | in that manner, in like manner, so. |
| **तोंद** | स्त्री. | वक्ष से अधिक फूला या बढ़ा हुआ पेट। | ಬೊಜ್ಜು, ಹೊಟ್ಟೆ | बॊज्जु, हॊट्टॆ | protuberant belly, pot-belly, paunch. |
| **तो** | अव्य. | 1. तब, उस स्थिति में; 2. इसलिए, लिहाजा; 3. एक अव्यय जिसका प्रयोग किसी शब्द या बात पर जोर देने के लिए अथवा योंही किया जाता है। | ಆ ಸ್ಥಿತಿಯಲ್ಲಿ; ಆದ್ದರಿಂದ; ಯಾವುದಾದರೊಂದು ಮಾತನ್ನು ಒತ್ತಿ ಹೇಳಲು ಅಥವಾ ಸುಮ್ಮನೆ ಹೇಳಲು ಉಪಯೋಗಿಸುವ ಪದ | आ स्थितियल्लि; आद्दरिंद; यावुदादरॊंदु मातन्नु ऑत्ति हेळलु अथवा सुम्मनॆ हेळलु उपयोगिसुव पद | then, in that case, at that time; indeed, actually, in point of fact; therefore, moreover. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| तोड़ | पुं. | 1. तोड़ने या तोड़े जाने की क्रिया या भाव; | ಮುರಿಯುವಿಕೆ; | मुरियुविकॆ; | breaking, breach, fracture, rupture; |
| | | 2. कोई ऐसा काम, चीज या बात जो दूसरे काम, चीज़ या बात के प्रभाव को नष्ट या व्यर्थ कर सकता हो, प्रभावनाशक; | ವಿರುದ್ಧವಾದ ಪ್ರಭಾವ ಬೀರು-ವಂತಹ ಕಾರ್ಯ; | विरुद्धवाद प्रभाव बीरुवंतह कार्य; | antidote, countermeasure; |
| | | 3. दही का पानी। | ಮೊಸರಿನ ಜಲಾಂಶ | मॊसरिन जलांश | curd-water. |
| तोड़ना | स.क्रि | 1. आघात द्वारा किसी वस्तु को छोटे-छोटे खंडों में विभक्त करना; | ಒಡೆದು ಮುರಿಯು; | ऒडॆदु मुरियु; | to break, to tear, to rend; |
| | | 2. किसी वस्तु को ऐसा खंडित या नष्ट करना कि वह काम में आने योग्य न रह जाए; | ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ಬಾರದಂತೆ ಮಾಡು; | कॆलसक्कॆ बारदंतॆ माडु; | to destroy, to demolish, to ruin; |
| | | 3. किसी वस्तु के अंग को या उससे लगी हुई दूसरी वस्तु को नोचकर या अन्य प्रकार से आधार से पृथक् करना; | ಕಿತ್ತು ಮುರಿ; | कित्तु मुरि; | to pluck or gather (fruit etc.); |
| | | 4. किसी वस्तु का कोई अंग खंडित या बेकाम करना; | ಪೆಟ್ಟಾಗಿ ಮುರಿದು ಹೋಗು; | पॆट्टागि मुरिदु होगु; | to fracture; |
| | | 5. किसी नियम, निश्चय आदि को रद्द करना या कायम न रखना; | ಕಟ್ಟು ಕಟ್ಟಳೆಗಳನ್ನು ಮುರಿ; | कट्टु कट्टळॆ-गळन्नु मुरि; | to violate (a vow or law etc); |
| | | 6. किसी संस्था या कारबार आदि को सदा के लिए बंद करना; | ಸಂಘ ಸಂಸ್ಥೆಗಳ ಕಾರ್ಯ ಕಲಾಪ ನಿಲ್ಲಿಸು; | संघ संस्थॆगळ कार्य कलाप निल्लिसु; | to wind up or to liquidate (an institution etc.): |
| | | 7. बल, प्रभाव आदि घटाना या नष्ट करना; | ಶಕ್ತಿ ಪ್ರಭಾವಗಳನ್ನು ನಾಶಗೊಳಿಸು; | शक्ति प्रभावगळन्नु नाशगॊळिसु; | to disband; |
| | | 8. आगे के लिए न निभाना; | ನಿರ್ವಹಿಸದಿರು; | निर्वहिसदिरु; | to sever, to sunder (a tie, or friendship, etc.); |
| | | 9. बड़े सिक्कों या नोट को छोटे सिक्कों या नोटों में परिवर्तित कराना, भुनाना। | ಹಣ ಚಿಲ್ಲರೆ ಮಾಡಿಸು | हण चिल्लरॆ माडिसु | to change (money). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **तोड़फोड़** | स्त्री. | 1. तोड़ने और फोड़ने की क्रिया या भाव; | ಒಡೆದು ಮುರಿಯುವಿಕೆ; | ओडेदु मुरियुविकं; | breaking and smashing; |
| | | 2. जानबूझ कर हानि पहुंचाने के उद्देश्य से किसी भवन या रचना के कुछ अंशों को खंडित करना। | ನಷ್ಟಪಡಿಸುವಿಕೆ | नष्टपडिसुविकं | sabotage, destruction, breakage. |
| **तोड़ा** | पुं. | 1. किसी चीज़ को तोड़ कर उसमें से अलग किया या निकाला हुआ, अंश, खंड, टुकड़ा; | ಚೂರು, ತುಂಡು; | चूरु, तुंडु; | piece, a bit; |
| | | 2. घाटा, टोटा; | ನಷ್ಟ; | नष्ट; | scarcity, deficiency; |
| | | 3. संगीत और नृत्य का एक हिस्सा; | ಸಂಗೀತ ಮತ್ತು ನೃತ್ಯದ ಒಂದು ಭಾಗ; | संगीत मत्तु नृत्यद ओंदु भाग; | rhythmic structure in instrumental music and dance; |
| | | 4. सोने आदि की लच्छेदार और चौड़ी जंजीर या सिकरी जिसका व्यवहार आभूषण की तरह पहनने के लिए होता है; | ಚಿನ್ನದ ಒಡವೆ, ತೋಡಾ; | चिन्नद ओडवं, तोडा; | a chain-like ornament; |
| | | 5. टाट की वह थैली जिसमें चांदी के एक हजार रुपए आते या रखे जाते हैं। | ಸಾವಿರ ರೂಪಾಯಿಗಳ ಚೀಲ | साविर रुपायिगळ चील | purse, a bag of one thousand rupees. |
| **तोतला** | वि. | जो तुतलाकर बोलता हो, अस्पष्ट बोलनेवाला, तोतली जबानवाला। | ತೊದಲು ಮಾತನಾಡುವ | तॊदलु मातनाडुव | articulating imperfectly (as a child), lisping. |
| | पु. | तुतलाकर बोलनेवाला व्यक्ति। | ತೊದಲು ಮಾತನಾಡುವ ಮನುಷ್ಯ | तॊदलु मातनाडुव मनुष्य | lisper, stutterer. |
| **तोता** | पुं. | 1. हरे रंग का एक प्रसिद्ध पक्षी जिसकी चोंच लाल होती है; | ಗಿಳಿ; | गिळि; | parrot; |
| | | 2. बंदूक का घोड़ा। | ಬಂದೂಕಿನ ಕುದುರೆ | बंदूकिन कुदुरं | matchlock (of a gun). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **तोप** | स्त्री. | युद्ध में गोलाबारी करने का एक प्रसिद्ध अस्त्र जो अधिकतर दो या दो से अधिक पहियों की गाड़ी पर चलता है और जिसमें आगे की ओर बंदूक की नली जैसा नल लगा होता है। | ಫಿರಂಗಿ | फिरंगि | cannon. |
| **तोपखाना** | पुं. | 1. वह स्थान जहां तोपें और उनके आवश्यक उपकरण हों;<br>2. कई तोपों का कोई स्वतंत्र वर्ग या समूह जो प्रायः एक साथ रहता है और एक इकाई के रूप में काम करता है। | ತೋಪ್ಖಾನೆ, ಫಿರಂಗಿಗಳನ್ನಿರಿಸುವ ಸ್ಥಳ | तोपुखाने, फिरंगिगळन्निरिसुव स्थळ; | store for cannon and artillery;<br>artillery. |
| **तोपची** | पुं. | तोप चलानेवाला, गोलंदाज। | ಗುಂಡು ಹಾರಿಸುವವಗುंडु हारिसुवव | | gunner. |
| **तोरई (तोरी, तुरई)** | स्त्री. | एक प्रकार की बेल और उसकी फली जिसकी तरकारी बनती हैं। | ಹೀರೆಕಾಯಿ | हीरेकायि | **cucubitaceous** plant and its vegetable. |
| **तोरण** | पुं. | 1. किसी बड़ी इमारत या नगर का बाहरी फाटक, बहिर्द्वार;<br>2. उक्त फाटक की साज-सज्जा;<br>3. दीवारों, खंभों आदि की सजावट के लिए लगाई जानेवाली मालाएं आदि, वंदनवार। | ಹೆಬ್ಬಾಗಿಲು;<br>ಹೆಬ್ಬಾಗಿಲ ತಳಿರು ತೋರಣಗಳ ಅಲಂಕಾರ;<br>ಹೂ ಚಿಗುರೆಲೆಗಳಿಂದ ಮಾಡಿದ ಅಲಂಕಾರ, ತಳಿರು ತೋರಣ | हेब्बागिलु;<br>हेब्बागिल तळिरु तोरणगळ अलंकार;<br>हू चिगुरेलेगळिंद माडिद अलंकार, तळिरु तोरण | arch, gateway;<br>decorations of a gateway;<br>strings of flowers suspended across gateways on festive occasions, festoon. |
| **तोला** | पुं. | बारह माशे की एक तोल, इस तोल का बाट। | ತೊಲ, ತೊಲ ತೂಕದ ಬಟ್ಟು | तॊल, तॊल तूकद बट्टु | an Indian unit of weight, one eightieth of a seer. |
| **तोशक** | स्त्री. | रूई आदि से भरा बिछावन, हलका गद्दा। | ತೆಳುವಾದ ಮೆತ್ತೆ, | तॆळुवाद मॆत्ते | quilt. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **तोष** | पुं. | 1. मन की वह वृत्ति जिसमें प्राप्त वस्तु सुख आदि से अधिक की लालसा न हो, लिप्सा का अभाव, संतोष; | ಸಂತುಷ್ಟಿ, ಸಂತೋಷ; | संतुष्टि, संतोष; | satisfaction, gratification, contentment; |
| | | 2. असंतोष, कष्ट, हानि आदि का प्रतिकार हो जाने पर मन में होनेवाली तृप्ति, मानसिक शांति। | ಮಾನಸಿಕ ಶಾಂತಿ | मानसिक शांति | pleasure, joy, happiness. |
| **तोहफा** | पुं. | उपहार, भेंट। | ಉಪಹಾರ, ಸಮರ್ಪಣೆ | उपहार, समर्पणॆ | gratuitous gift, present. |
| **तौस** | स्त्री. | 1. अधिक गरमी या धूप के कारण लगनेवाली तेज प्यास जो शीघ्र शांत नहीं होती; | ತಾಪದಿಂದಾದ ದಾಹ; | तापदिंदाद दाह; | great thirst; |
| | | 2. ताप, ऊमस। | ಬಿಸಿಲಿನ ಬೇಗೆ | बिसिलिन बेगॆ | heat of the sun, heat. |
| **तौक** | पुं. | 1. हंसुली के आकार का गले का एक आभूषण; | ಅಡ್ಡಿಕೆ, ಕಂಠಾಭರಣ; | अड्डिकॆ, कंठाभरण; | a neck ring, necklace; |
| | | 2. अपराधियों, पागलों के गले में पहनाया जानेवाला लोहे का वह भारी घेरा या मंडल जिसके कारण वे इधर उधर जा या भाग नहीं सकते। | ಅಪರಾಧಿ ಅಥವಾ ಹುಚ್ಚರ ಕತ್ತಿಗೆ ಅತ್ತಿತ್ತ ಹೋಗದಿರಲು ಕಟ್ಟುವ ಕೊರಡು | अपराधि अथवा हुच्चर कत्तिगॆ अत्तित्त होगुदिरलु कट्टुव कॊरडु | collar (of iron, etc; for punishment). |
| **तौबा (तोबा)** | स्त्री. | 1. भविष्य में फिर वैसा काम न करने की प्रतिज्ञा ; | ಇನ್ನೆಂದೂ ಇಂತಹ ಕೆಲಸ ಮಾಡುವುದಿಲ್ಲವೆಂಬ ಪ್ರತಿಜ್ಞೆ; | इन्नॆंदू इंतह कॆलस माडुवुदिल्ल-वॆंब प्रतिज्ञॆ; | vowing never to repeat (an act); |
| | | 2. घृणित या निंद्य कर्म पुनः न करने की पश्चात्ताप या शपथपूर्वक की गई प्रतिज्ञा। | ಪಶ್ಚಾತ್ತಾಪದಿಂದ ಕೆಟ್ಟ ಕೆಲಸಗಳನ್ನು ಪುನಃ ಮಾಡೆನೆಂದು ಮಾಡಿದ ಪ್ರತಿಜ್ಞೆ; | पश्चात्तापदिंद कॆट्ट कॆलस-गळन्नु पुनः माडॆनॆंदु माडिद प्रतिज्ञॆ; | vowing to sin no more, repenting, penitence, repentance. |
| | अव्य. | उपेक्षा तथा घृणासूचक एक अव्यय। | ಅಸಹ್ಯವನ್ನು ಸೂಚಿಸುವ ಅವ್ಯಯ | असह्यवन्नु सूचिसुव अव्यय | fie, pish. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| तौर | पुं. | 1. ढंग, तरीका; | ರೀತಿ; | रीति; | manner, mode; |
| | | 2. चालचलन, चालढाल। | ವ್ಯವಹಾರ, ನಡವಳಿಕೆ | व्यवहार, नडवळिके | conduct, demeanour. |
| तौरतरीका | पुं. | चालढाल, चालचलन। | ರೀತಿನೀತಿ, ವ್ಯವಹಾರ | रीतिनीति, व्यवहार | way of acting, manner, deportment. |
| तौल | स्त्री. | 1. तौलने की क्रिया या भाव; | ತೂಕ ಮಾಡುವಿಕೆ; | तूक माडुविके | weighing; |
| | | 2. भार, वजन; | ಭಾರ, ತೂಕ; | भार, तूक; | weight or quantity measured by the balance; |
| | | 3. बटखरों के अलग-अलग प्रकार के मान के विचार से तौलने की नियत प्रणाली या मानक। | ತೂಕದ ಬಟ್ಟು | तूकद बट्टु | standard weight or measure of weight. |
| तौलना (तोलना) | स.क्रि | 1. तराजू, बटखरे आदि की सहायता से किसी पदार्थ का भार ज्ञात करना; | ತೂಕ ಮಾಡು; | तूक माडु; | to weigh, to balance; |
| | | 2. हाथ में लेकर या उठाकर किसी पदार्थ के भार का अनुमान करना; | ಕೈಯಿಂದ ತೂಕ ನೋಡು; | कैयिंद तूक नोडु; | to judge, to estimate; |
| | | 3. तुलना करके महत्व आदि का विचार करना; | ಹೋಲಿಸಿ ಗುಣ ತಿಳಿದುಕೊಳ್ಳು; | होलिसि गुण तिळिदु कॊळ्ळु; | to compare; |
| | | 4. किसी बात की ठीक स्थिति जानने या किसी के मन की थाह लेने के लिए विचारपूर्वक अनुभव या कल्पना करना। | ಯಾವುದಾದರೂ ವಿಷಯ ಅಥವಾ ಯಾರದಾದರೂ ಮನಸ್ಸಿನ ಸ್ಥಿತಿ ಗತಿಗಳನ್ನು ವಿಚಾರ ಮಾಡಿ ಊಹಿಸು | यावुदादरू विषय अथवा यारदादरू मनस्सिन स्थिति गतिगळन्नु विचार माडि ऊहिसु | to ponder, to deliberate. |
| तौलाई | स्त्री. | 1. तौलने की क्रिया या भाव; | ತೂಕ ಮಾಡುವಿಕೆ; | तूक माडुविके; | the act of weighing; |
| | | 2. तौलने का पारिश्रमिक या मजदूरी। | ತೂಕ ಮಾಡಿದು-ದರ ಕೂಲಿ | तूक माडिदुदर कूलि | price paid for having (a thing) weighed. |
| तौलाना | स.क्रि | तौलने का काम दूसरे से कराना, तौलवाना। | ತೂಕ ಮಾಡಿಸು | तूक माडिसु | to have (a thing) weighed, etc. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **तौलिया** | पुं. | शरीर पोंछने का विशेष प्रकार का मोटा अगोंछा। | ಟವಲು, ಚೌಕ | टवलु, चौक | towel. |
| **तौहीन** | स्त्री. | अनादर, अपमान। | ಅವಮಾನ | अवमान | insult, disrespect. |
| **त्यक्त** | वि. | त्यागा, छोड़ा हुआ, जिसका त्याग कर दिया गया हो। | ಬಿಟ್ಟ, ಬಿಡಲ್ಪಟ್ಟ | बिट्ट,बिडल्पट्ट | left, abandoned, forsaken, deserted. |
| **त्याग** | पुं. | 1. किसी वस्तु पर से अपना स्वत्व हटा लेने या अपनेपन का भाव मिटाकर उसे छोड़ देने की क्रिया, उत्सर्ग; | ತ್ಯಾಗ, ಉತ್ಸರ್ಗ; | त्याग, उत्सर्ग; | abandonment; |
| | | 2. नाता तोड़ने की क्रिया; | ಸಂಬಂಧ ವಿಚ್ಛೇದ; | संबंध विच्छेद· | deserting, parting (from); |
| | | 3. सांसारिक भोगों में लिप्त न रहने की क्रिया या भाव, वैराग्य; | ವೈರಾಗ್ಯ; | वैराग्य; | renunciation; |
| | | 4. परहित के लिए या उच्च लक्ष्य की प्राप्ति हेतु स्वार्थ की उपेक्षा; | ಇತರರ ಹಿತಕ್ಕಾಗಿ ಸ್ವಾರ್ಥವನ್ನು ಬಿಡುವಿಕೆ; | इतरर हितक्कागि स्वार्थवन्नु बिडुविकॆ; | forsaking, sacrifice; |
| | | 5. किसी पद या स्थान से संबंध न रखना। | ರಾಜೀನಾಮೆ | राजीनामॆ | resignation, abdication. |
| **त्यागना** | स.क्रि | त्याग करना, छोड़ना। | ಬಿಟ್ಟುಬಿಡು | बिट्टुबिडु | to abandon, to give up, to relinquish, to renounce, etc. |
| **त्यागपत्र** | पुं. | नौकरी, पद या सेवा छोड़ने के लिए कर्मचारी या अधिकारी द्वारा लिखा गया पत्र, इस्तीफा। | ರಾಜೀನಾಮೆಯ ಕಾಗದ | राजीनामॆय कागद | letter of resignation. |
| **त्यागी** | वि. | 1. सांसारिक सुखों से निर्लिप्त, विरक्त; | ಸಾಂಸಾರಿಕ ಸುಖಗಳಿಂದ ವಿರಕ್ತ | सांसारिक सुखगळिंद विरक्त; | renouncer, recluse; |
| | | 2. उच्च उद्देश्य के लिए स्वार्थ का त्याग करने वाला। | ಉನ್ನತ ಉದ್ದೇಶಕ್ಕಾಗಿ ತ್ಯಾಗ ಮಾಡುವ | उन्नत उद्देशक्कागि त्याग-माडुव | sacrificing, giving up, liberal. |
| **त्याज्य** | वि. | छोड़ने या त्यागने योग्य। | ತ್ಯಾಗ ಮಾಡಲು ಯೋಗ್ಯ | त्याग माडलु योग्य | suitable to be abandoned. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| त्यों | अव्य. | 1. उस प्रकार, उस तरह;<br>2. उसी समय। | ಹಾಗೇ;<br>ಆ ಕ್ಷಣದಲ್ಲಿ | हागे;<br>आ क्षणदल्लि | thus, so;<br>then, at the same time. |
| त्योरी | स्त्री. | 1. माथे का बल; माथे की सिलवट;<br>2. किसी विशिष्ट उद्देश्य से देखने वाली दृष्टि, निगाह, तेवर। | ಕಣ್ಣ ಹುಬ್ಬು;<br>ಉದ್ದೇಶಪೂರ್ವಕ ನೋಡುವ ನೋಟ | कण्ण हुब्बु;<br>उद्देशपूर्वक नोडुव नोट | eye-brow;<br>frown, angry look. |
| त्योहार (त्यौहार) | पुं. | 1. वह दिन जिसमें कोई धार्मिक या जातीय उत्सव मनाया जाता है, पर्व;<br>2. उक्त दिवस को मनाया जाने वाला उत्सव। | ಹಬ್ಬದ ದಿನ, ಹಬ್ಬ, ಪರ್ವದಿನ;<br>ಉತ್ಸವ | हब्बद दिन, हब्ब, पर्वदिन;<br>उत्सव | festival.<br>festivity. |
| त्योहारी | स्त्री. | छोटों या नौकरों आदि को त्योहार के उपलक्ष्य में दी जानेवाली वस्तु या धन। | ಹಬ್ಬ ಹರಿದಿನಗಳಲ್ಲಿ ಚಿಕ್ಕವರು, ಆಳು-ಕಾಳುಗಳಿಗೆ ಕೊಡುವ ಬಹುಮಾನ ಅಥವಾ ಹಣ | हब्ब हरिदिन-गळल्लि चिक्कवरु, आलु-कालुगळिगे कोडुव बहुमान अथवा हण | present made at a festival, festal gift. |
| त्रस्त | वि. | 1. बहुत अधिक डरा हुआ, भयभीत;<br>2. पीड़ित। | ಬಹಳ ಹೆದರಿದ;<br>ತುಂಬ ಕಷ್ಟಕ್ಕೀಡಾದ | बहळ हॆदरिद;<br>तुंब कष्टक्कीडाद | frightened, alarmed;<br>harrowed, oppressed. |
| त्राण | पुं. | 1. विपत्ति या भय के हेतु का निवारण, रक्षा, बचाव;<br>2. आश्रय, शरण;<br>3. रक्षा का साधन। | ಕಷ್ಟ ಭಯಗಳ ನಿವಾರಣೆ;<br>ಆಶ್ರಯ;<br>ಸಂರಕ್ಷಣೆಯ ಸಾಧನ | कष्ट भयगळ निवारणॆ;<br>आश्रय;<br>संरक्षणॆय साधन | protection, defence, preservation, salvation, deliverance;<br>shelter, help;<br>protection for the body, guard, armour. |
| त्राता | वि. | रक्षा करने वाला, रक्षक। | ರಕ್ಷಕ | रक्षक | protecting, defending. |
| | पुं. | रक्षा करने वाला व्यक्ति या साधन। | ಸಂರಕ್ಷಕ, ಸಂರಕ್ಷಣೆಯ ಸಾಧನ | संरक्षक, संरक्षणॆय साधन | protector, defender. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| त्रास | पुं. | 1. भय, डर;<br>2. कष्ट। | ಭಯ;<br>ಕಷ್ಟ | भय;<br>कष्ट | alarm, fear, dread; affliction, pain, trouble. |
| त्राहि | अव्य. | बचाओ, रक्षा करो। | ರಕ್ಷಿಸು ! ರಕ್ಷಿಸು ! | रक्षिसु ! रक्षिसु ! | save, deliver, mercy. |
| त्रिकाल | पुं. | 1. तीनों काल—भूत, वर्तमान और भविष्य;<br>2. तीनों समय—प्रातः, मध्याह्न और सायं। | ಭೂತ, ಭವಿಷ್ಯ ಮತ್ತು ವರ್ತಮಾನ ಕಾಲಗಳು;<br>ಬೆಳಿಗ್ಗೆ, ಮಧ್ಯಾಹ್ನ, ಸಾಯಂಕಾಲ | भूत, भविष्य मत्तु वर्तमान कालगळु;<br>बॆळिग, मध्याह्न सायंकाल | the three times or tenses—the past, present and future; morning, noon and evening. |
| त्रिकोण | पुं. | 1. तीन कोणों वाली वस्तु;<br>2. ज्यामिति में ऐसी आकृति या क्षेत्र जिसके तीन कोण हों, त्रिभुज। | ತ್ರಿಕೋಣ | त्रिकोण | triangular object; triangle. |
| त्रिज्या | पुं. | वृत्त के केंद्र से परिधि तक खिंची हुई सीधी रेखा जो व्यास की आधी है, व्यासार्ध। | ವ್ಯಾಸಾರ್ಧ, ತ್ರಿಜ್ಯ | व्यासार्ध, त्रिज्य | radius (of a circle). |
| त्रिभुज | पुं. | ज्यामिति में वह आकृति या क्षेत्र जिसकी तीन भुजाएं हों। | (ರೇಖಾಗಣಿತ)<br>ತ್ರಿಕೋಣ | (रेखागणित)<br>त्रिकोण | three-sided figure, triangle. |
| त्रिभुवन | पुं. | स्वर्ग, पृथ्वी और पाताल इन तीन भुवनों या लोकों का समाहार। | ಮೂರು ಲೋಕಗಳು-ಸ್ವರ್ಗ, ಮರ್ತ್ಯ, ಪಾತಾಳ | मूरु लोकगळु-स्वर्ग, मर्त्य, पाताळ | three worlds (heaven, earth and the lower region), universe. |
| त्रिमूर्ति | पुं. | ब्रह्मा, विष्णु और शिव—ये तीनों देवता। | ತ್ರಿಮೂರ್ತಿಗಳು-ಬ್ರಹ್ಮ, ವಿಷ್ಣು, ಮಹೇಶ್ವರ | त्रिमूर्तिगळु ब्रह्म, विष्णु, महेश्वर | trinity, the Hindu triad (as Brahma, Vishnu and Siva). |
| त्रिलोक | पुं. | स्वर्ग, मर्त्य और पाताल—ये तीनों लोक। | ಮೂರು ಲೋಕಗಳು—ಸ್ವರ್ಗ, ಮರ್ತ್ಯ, ಪಾತಾಳ | मूरु लोकगळु-स्वर्ग, मर्त्य, पाताळ | three worlds i.e. the sky, atmosphere and earth, or heaven, earth and the lower region. |
| त्रिविध | वि. | तीन प्रकार का, तीन रूपों वाला। | ಮೂರು ರೂಪಗಳ, ಮೂರು ರೀತಿಗಳ | मूरु रूपगळ, मूरु रीतिगळ | of three kinds, threefold, triple. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **त्रिवेणी** | स्त्री. | गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम जो प्रयाग में है। | ಪ್ರಯಾಗದಬಳಿ ಆಗುವ ಗಂಗೆ ಯಮುನೆ ಸರಸ್ವತಿಗಳ ಸಂಗಮ | प्रयागद बळि आगुव गंगं यमुनं सरस्वतिगळ संगम | the place (now called Allahabad) where the Ganges unites with the Jamuna and is supposed to receive underground the **Saraswati.** |
| **त्रिशूल** | पुं. | 1. लोहे का तीन फलों वाला एक प्रसिद्ध अस्त्र जो शिव जी का प्रधान अस्त्र है; | ಮೂರಲಗಿನ ಶಿವನ ಆಯುಧ, ತ್ರಿಶೂಲ; | मूरलगिन शिवन आयुध, त्रिशूल; | trident, a three-pointed pike or spear (esp. the weapon of **Siva**); |
| | | 2. दैहिक, दैविक और भौतिक—ये तीनों ताप या दुःख, त्रिताप। | ದೈಹಿಕ, ದೈವಿಕ ಮತ್ತು ಭೌತಿಕ ತಾಪತ್ರಯಗಳು | दैहिक, दैविक मत्तु भौतिक तापत्रयगळु | the three afflictions (physical, spiritual and material). |
| **त्रुटि** | स्त्री. | 1. भूल, चूक; | ತಪ್ಪು; | तप्पु; | error, mistake; |
| | | 2. दोष। | ದೋಷ | दोष | flaw, defect. |
| **त्रेता** | पुं. | हिंदुओं के अनुसार चार युगों में से दूसरा युग जिसकी अवधि 1296000 वर्ष है। | ನಾಲ್ಕು ಯುಗಗಳಲ್ಲಿ 1296000 ವರ್ಷಗಳ ಎರಡನೆಯ ಯುಗ | नाल्कु युगगळल्लि 1296000 वर्षगळ एरडनेय युग | the second **yug** or silver age of the Hindus (comprising 1,296,000 years). |
| **त्रैमासिक** | वि. | हर तीसरे महीने होने या निकलने वाला। | ತ್ರೈಮಾಸಿಕ | त्रैमासिक | quarterly. |
| **त्रैलोक्य** | पुं. | दे. 'त्रिलोक'। | ನೋಡಿ "त्रिलोक" | नोडि "त्रिलोक" | see 'त्रिलोक'. |
| **त्वचा** | स्त्री. | 1. जीव की काया का ऊपरी और प्रायः रोओं से युक्त आवरण, चर्म, चमड़ा, खाल; | ಚರ್ಮ; | चर्म; | skin (of men, serpents etc.), hide (as of a cow, deer etc.); |
| | | 2. छाल। | ತೊಗಟೆ | तोगटे | bark, rind. |
| **त्वरित** | वि. | तीव्र गतिवाला, तेज। | ಶೀಘ್ರಗಾಮಿಯಾದ, ತೀವ್ರ ಗತಿಯುಳ್ಳ | शीघ्रगमियाद, तीव्रगतियुळ्ळ | quick, swift, speedy. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **थकना** | अ.क्रि | 1. श्रम के कारण शिथिल होना, श्रांत होना; | ಶ್ರಮದಿಂದ ಬಳಲು; | श्रमदिंद बळलु; | to be tired, to be wearied, to be fatigued; |
| | | 2. उत्साह न रह जाना, तंग आना, हार जाना; | ನಿರುತ್ಸಾಹಗೊಳ್ಳು; | निरुत्साहगॊळ्ळु; | to be fed up, to be discomfited; |
| | | 3. वृद्धावस्था के कारण शरीर में शैथिल्य का आना। | ಮುದಿತನದಿಂದ ಶಿಥಿಲತೆ ಹೊಂದು | मुदितनदिंद शिथिलतॆ हॊंदु | to be exhausted, to flag, to be enervated. |
| **थकान** | स्त्री. | 1. थकने का भाव, थकावट, श्रांति; | ಬಳಲಿಕೆ; | बळलिकॆ; | weariness, fatigue, exhaustion; |
| | | 2. शैथिल्य। | ಶೈಥಿಲ್ಯ | शैथिल्य | lassitude. |
| **थकाना** | स.क्रि | 1. श्रांत करना; | ಬಳಲಿಸು; | बळलिसु; | to weary, to tire, to fatigue; |
| | | 2. शिथिल बना देना। | ಶಕ್ತಿ ಉತ್ಸಾಹ ಕುಂದುವಂತೆ ಮಾಡು | शक्ति उत्साह कुंदुवंतॆ माडु | to jade, to exhaust, to enervate. |
| **थकामांदा** | वि. | जो इतना अधिक थक गया हो कि अशक्त और अस्वस्थ-सा जान पड़ने लगे। | ಬಹಳ ಬಳಲಿದ | बहळ बळलिद | weary, tired, jaded. |
| **थकावट** | स्त्री. | दे. 'थकान'। | ನೋಡಿ "थकान" | नोडि "थकान" | see थकान. |
| **थक्का** | पुं. | किसी चीज़ का जमा हुआ टुकड़ा, लोंदा, पिंड। | ಹೆಪ್ಪುಗಟ್ಟಿ ಗಟ್ಟಿಯಾದ ವಸ್ತು | हॆप्पुगट्टि गट्टियाद वस्तु | anything congealed or conglomerated, clot, lump. |
| **थन** | पुं. | 1. गाय, भैंस, बकरी आदि चौपायों का वह अंग जिसमें दूध जमा रहता है, स्तन; | ಕೆಚ್ಚಲು; | कॆच्चलु; | udder; |
| | | 2. उक्त अंग का फली के समान उपांग जिसे दबाकर तथा खींचकर दूध निकाला जाता है, स्तन। | ಮೊಲೆ, ತೊಟ್ಟು | मॊलॆ, तॊट्टु | teat. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| थनेला | पुं. | 1. स्तन पर, विशेषतः स्त्रियों के स्तन पर, होने वाला एक तरह का फोड़ा; | ಹೆಂಗಸರ ಮೊಲೆಯಮೇಲೆ ಆಗುವ ಹುಣ್ಣು; | हॅंगसर मॉलॅय-मेलॅ आगुव हुण्णु; | inflamed breast (of a woman); |
| | | 2. एक तरह का कीड़ा जिसके गाय आदि के स्तन पर काटने से उनका दूध सूख जाता है। | ಪಶುಗಳ ಮೊಲೆಗೆ ಹತ್ತಿ ಹಾಲು ಕಡಿಮೆ ಮಾಡುವ ಒಂದು ಬಗೆಯ ಹುಳು | पशुगळ मॉलॅगॅ हत्ति हालु कडिमॅ माडुव ऑंदु बगॅय हुळु | a kind of insect that bites the udder of a cow etc. resulting in the drying up of the milk. |
| थपकना | स.क्रि | 1. प्यार या लाड़-चाव से अथवा आवेश शांत करने या उत्साहित करने के लिए किसी की पीठ पर हथेली से हलका आघात करना, थपकी देना, हथेली से धीरे ठोकना; | ಅಂಗೈಯಿಂದ ತಟ್ಟು | अंगैयिंद तट्टु; | to pat, to soothe; |
| | | 2. हथेली से इस प्रकार हलका आघात करना कि थपथप शब्द हो, थपथपाना। | ಅಂಗೈಯಿಂದ 'ಥಪ್ ಥಪ್' ಶಬ್ದವಾಗುವಂತೆ ತಟ್ಟು | अंगैयिंद "थप् थप्" शब्दवागुवंतॅ तट्टु | to strike or pat gently with the palm. |
| थपकी | स्त्री. | थपकने की क्रिया या भाव, हथेली का हलका आघात। | ನಿದ್ದೆ ಹೋಗುವಂತೆ ತಟ್ಟುವ ಅಂಗೈ ಏಟು | निद्दॅ होगुवंतॅ तट्टुव अंगै एट्टु | pat (on the body). |
| थपड़ी | स्त्री. | ताली, करतल ध्वनि। | ಚಪ್ಪಾಳೆ, ಕರತಲಧ್ವನಿ | चप्पाळॅ, करतल ध्वनि | clapping of hands. |
| थपथपी | स्त्री. | दे. 'थपकी'। | ನೋಡಿ "थपकी" | नोडि "थपकी" | see 'थपकी' |
| थपेड़ना | स.क्रि | थपेड़ा लगाना, थप्पड़ या चपत लगाना। | ಅಂಗೈಯಿಂದ ಬಲವಾಗಿ ಏಟು ಕೊಡು | अंगैयिंद बलवागे एटु कोडु | to slap, to strike a blow. |
| थपेड़ा | पुं. | 1. वेग से टकराने या लगने का ऐसा आघात जिससे थपथप शब्द हो, घातप्रतिघात, धक्का; | ಡಿಕ್ಕಿ ಹೊಡೆದುದರಿಂದ ಆಗುವ ಶಬ್ದ, ಘಾತ-ಪ್ರತಿಘಾತ; | डिक्कि हॉडॅदुदरिंद आगुव शब्द, घात-प्रतिघात; | dashing of waves, beating of wind; |
| | | 2. चपत, थप्पड़। | ಕೆನ್ನೆಗೆ ಅಂಗೈಯಿಂದ ಹೊಡೆದ ಏಟು | कॅन्नॅगॅ अंगैयिंद हॉडॅद एटु | blow, stroke, buffect. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **थप्पड़** | पुं. | गाल पर हाथ के पंजे से किया जाने वाला आघात, तमाचा, झापड़। | ಕೆನ್ನೆಗೆ ಅಂಗೈಯೇಟು | कन्नेगे अंगैयेटु | slap, spank, clap. |
| **थमना** | अ.क्रि | 1. रुकना, गतिहीन होना; | ಚಲಿಸದೆ ನಿಲ್ಲು; | चलिसदे निल्लु; | to stop, to come to a standstill; |
| | | 2. किसी आधार पर ठहरना; | ಆಧಾರದ ಮೇಲೆ ನಿಲ್ಲು; | आधारद मेले निल्लु; | to be supported by to rest (on); |
| | | 3. सब्र करना, धीरज धरना। | ಆತುರಪಡದೆ ತಡೆಯು | आतुरपडदे तडेयु | to wait, to be patient. |
| **थमाना** | स.क्रि | 1. संभालना, पकड़ाना; | (ವಸ್ತು,ವ್ಯಕ್ತಿ) ಒಪ್ಪಿಸು; | (वस्तु,व्यक्ति) ऑप्पिसु; | to cause or to get (one) to hold ( a thing), to put (a thing) into one's hands, to entrust; |
| | | 2. टिकाना। | ನಿಲ್ಲಿಸು | निल्लिसु | to recline. |
| **थरथर** | क्रि. वि. | भय आदि के कारण कांपते हुए, थरथराहट के साथ। | ಭಯದಿಂದ ಗಡಗಡ ನಡುಗುವ | भयदिंद गडगड नडुगुव | tremblingly, quiveringly, shiveringly. |
| | स्त्री. | कांपने की मुद्रा, थरथराहट। | ಗಡಗಡ ನಡುಗುವಿಕೆ | गडगड नडुगुविके | shake, shiver, tremour etc. |
| **थरथराना** | अ.क्रि | कांपना। | ನಡುಗು, ಕಂಪಿಸು | नडुगु, कंपिसु | to vibrate. |
| **थरथराहट** | स्त्री. | कंपकपी। | ನಡುಕ | नडुक | vibration, quivering, trembling. |
| **थरथरी** | स्त्री. | दे. 'थरथराहट'। | ನೋಡಿ "थरथराहट" | नोडि "थरथराहट" | see 'थरथराहट'. |
| **थर्मामीटर** | पुं. | शीशे की नली में थोड़ा पारा भर कर बनाया जाने वाला गर्मी नापने का एक यंत्र जिसमें पारे के चढ़ाव या उतार के अनुसार ताप की मात्रा जानी जाती है, तापमापी। | ತಾಪಮಾಪಕ, ಉಷ್ಣಮಾಪಕ, ಥರ್ಮಾಮೀಟರ್ | तापमापक, उष्णमापक, थर्मामीटर् | thermometer. |
| **थर्राना** | अ.क्रि | 1. भय आदि के कारण थरथर कांपना· | ಭಯದಿಂದ ಕಂಪಿಸು; | भयदिंद कंपिसु; | to tremble, to shudder; |
| | | 2. हिलना, कंपायमान होना, थरथराना। | ನಡುಗು | नडुगु | to vibrate, to quiver. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| थल | पुं. | 1. जलरहित भूमि, स्थल; | ಸ್ಥಳ; | स्थळ; | firm or dry ground, land (as opp. to water); |
| | | 2. जगह, स्थान; | ಜಾಗ; | जाग; | place, spot, site; |
| | | 3. फोड़े का घेरा, थाला। | ಗುಳ್ಳೆ, ಹುಣ್ಣುಗಳ ಸುತ್ತ ಊದಿದ ಜಾಗ | गुळ्ळॆ, हुण्णुगळ सुत्त ऊदिद जाग | swollen portion of a boil. |
| थलचर | पुं. | पृथ्वी पर रहने वाले जीव। | ಸ್ಥಲಚರಗಳು | स्थलचरगळु | terrestrial (animal). |
| थलथल | वि. | मोटाई या झोल के कारण हिलता हुआ। | ಸಡಿಲವಾದ, ಜೋಲು ಬಿದ್ದಿರುವ | सडिलवाद, जोलु बिद्दिरुव | loose, flabby, flaccid. |
| थवई | पुं. | मकान बनाने विशेषत: जोड़ाई करने वाले कारीगर, राजगीर। | ಕಟ್ಟಡ ಕಟ್ಟುವವ | कट्टड कट्टुवव | mason, bricklayer. |
| था | अ.क्रि | 'होना' क्रिया या वर्तमान कालिक 'है' का भूतकालिक रूप, रहा। | ಇತ್ತು | इत्तु | past tense of verb- 'be', was. |
| थाती | स्त्री. | 1. धरोहर, अमानत; | ಅಮಾನತ್ತು; | अमानत्तु; | anything given in charge, charge, trust; |
| | | 2. संचित धन, पूंजी। | ಸಂಗ್ರಹಿಸಿದ ಹಣ, ಆಸ್ತಿ | संग्रहिसिद हण, आस्ति | accumulated wealth, riches. |
| थान | पुं. | 1. बांधी हुई लंबाई का कपड़े का बड़ा टुकड़ा; | ಬಟ್ಟೆಯ ಥಾನು; | बट्टॆय थानु; | piece of cloth (supplied by mills in standard size); |
| | | 2. पशुओं के बांधे जाने की जगह। | ಪಶುಶಾಲೆ | पशुशालॆ | place, stall (of animals). |
| थाना | पुं. | 1. पुलिस-चौकी, पुलिस कार्यालय; | ಠಾಣೆ, ಪೋಲೀಸ್ ಠಾಣೆ, ಕೊತ್ವಾಲಿ | ठाणॆ, पोलीस् ठाणॆ, कॊत्वालि; | police station; |
| | | 2. बांस की कांठी। | ಬಿದಿರು, ಬೊಂಬಿನ ರಾಶಿ | बिदिरु, बॊंबिन राशि | heap or stack of bamboos. |
| थानेदार | पुं. | पुलिस-चौकी का प्रधान अधिकारी, दारोगा। | ಠಾಣೆದಾರ, ಕೊತ್ವಾಲ, ಠಾಣೆಯ ಪ್ರಭಾರಿ ಅಧಿಕಾರಿ, ಪೋಲೀಸು ಸಬ್ ಇನ್‌ಸ್ಪೆಕ್ಟರು | ठाणॆदार, कॊत्वाल, ठाणॆय प्रभारि अधिकारि, पोलीसु सब् इन्स्पॆक्टरु | officer in charge of police station, police sub-inspector. |
| थानेदारी | स्त्री. | थानेदार का कार्य या पद। | ಠಾಣೆದಾರನ ಕೆಲಸ ಅಥವಾ ಹುದ್ದೆ, ಪೋಲೀಸು ಸಬ್ ಇನ್‌ಸ್ಪೆಕ್ಟರ್ ಕೆಲಸ | ठाणॆदारन कॆलस अथवा हुद्दॆ, पोलीसु सब् इन्स्पॆक्टर् कॆलस | the office or functions of a **thanedar**. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **थाप** | स्त्री. | 1. थप की ध्वनि के साथ साथ तबले आदि पर किया गया हथेली का आघात; | 'ಥಪ್' ಎಂದು ತಬಲ ಮೇಲೆ ಹಾಕಿದ ಏಟು, ಚಾಪು; | 'थप्' एंदु तबल मेलॆ हाकिद, एटु, चापु; | pat, tap, a kind of stroke on a percussion instrument; |
| | | 2. एक चीज पर दूसरी चीज के भरपूर बैठने के कारण बनने वाला चिह्न। | ಬಲವಾಗಿ ಒತ್ತಿದುದರಿಂದಾದ ಗುರುತು | बलवागि ऑत्तिदुदरिंदाद गुरुतु | print, mark. |
| **थापना** | स.क्रि | 1. कोई चीज कहीं बैठाना, लगाना या स्थित करना; | ಸ್ಥಾಪಿಸು; | स्थापिसु; | to install; |
| | | 2. हाथ के पंजे की मुद्रा अंकित करना या छापना, थाप लगाना; | ಅಂಗೈ ಮುದ್ರೆ ಒತ್ತಿಸು; | अंगै मुद्रॆ ऑत्तिसु; | to pat one's paw (on anything); |
| | | 3. गोबर के उपले बनाना। | ಬೆರಣಿ ತಟ್ಟು | बॆरणि तट्टु | to pat (cow dung) into cakes, to patch or plaster (a wall with cakes of cow-dung). |
| **थापा** | पुं. | 1. गीली हल्दी, मेंहदी आदि से बनाया हुआ हाथ के पंजे का चिह्न या छापा; | ಅರಿಶಿನ ಗೋರಂಟಿ ಆದಿಗಳ ಕೈ ಚಿಹ್ನೆ; | अरिशिन गोरंटि आदिगळ कै चिह्नॆ; | impression or markmadewith the palm of the hand; |
| | | 2. चिह्न आदि अंकित करने का ठप्पा, छापा; | ಚಿಹ್ನೆಯನ್ನು ಅಂಕಿತಗೊಳಿಸುವ ಮುದ್ರೆ; | चिह्नॆयन्नु अंकित गॊळिसुव मुद्रॆ; | marking machine; |
| | | 3. सांचा। | ಅಚ್ಚು | अच्चु | die. |
| **थापी** | स्त्री. | 1. छत पीटने की चिपटी मुँगरी; | ಚಾವಣಿ ಬಡಿಯುವ ಸಾಧನ, ಕೊಡತಿ; | चावणि बडियुव साधन, कॊडति; | wooden bat used by masons for patting or beating smooth clay, etc., mallet, tamper; |
| | | 2. कच्चा घड़ा पीटने का कुम्हारों का चौड़े सिरे का लकड़ी या मिट्टी का एक औजार; | ಕುಂಬಾರನ ಕೊಡತಿ; | कुंबारन कॊडति; | instrument with which potters beat their clay; |
| | | 3. आशीर्वाद आदि देने के लिए धीरे-धीरे किसी की पीठ ठोंकने या थपथपाने की क्रिया। | ಆಶೀರ್ವಾದಕ್ಕಾಗಿ ಬೆನ್ನು ತಟ್ಟುವಿಕೆ | आशीर्वादक्कागि बॆन्नु तट्टुविकॆ | act of patting gently on the back. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **थामना** | स.क्रि | 1. हाथ में लेना, पकड़ना; | ಕೈಯಿಂದ ತಡೆದು ಹಿಡಿ; | कैयिंद तडॆदु हिडि; | to hold, to grasp; |
| | | 2. वेगपूर्वक आती, गिरती या आगे बढ़ती हुई चीज़ को हाथ से या अन्य प्रकार से रोकना; | ವೇಗವಾಗಿ ಬರುವುದನ್ನು ತಡೆದು ನಿಲ್ಲಿಸು; | वेगवागि बरुवुदन्नु तडॆदु निल्लिसु; | to clutch, to seize, to catch; |
| | | 3. गिरने से बचाना, संभालना। | ಬೀಳುವುದನ್ನು ತಡೆದು ನಿಲ್ಲಿಸು | बीळुवुदन्नु तडॆदु निल्लिसु | to prop, to support. |
| **थाल** | पुं. | धातु का चौडा छिछला तथा गोल बरतन, बडी थाली। | ತಟ್ಟೆ | तट्टॆ | large round flat plate or dish of metal. |
| **थाला** | पुं. | पेड़, पौधे आदि के चारों ओर का वह गोल गड्ढा जिसमें पानी भरा जाता है, आलबाल। | ಗಿಡ ಮರಗಳ ಬುಡದಲ್ಲಿ ನೀರೆರೆಯಲು ಮಾಡಿದ ಪಾತಿ | गिडमरगळ बुडदल्लि नीरॆरॆयलु माडिद पाति | basin or trench dug round the root of a tree for holding water. |
| **थाली** | स्त्री. | धातु का बना हुआ गोलाकार छिछला बरतन जिसमें भोजन करते हैं। | ಊಟದ ತಟ್ಟೆ | ऊटद तट्टॆ | small Indian metal platter. |
| **थाह** | स्त्री. | 1. किसी चीज की ऐसी अधिकता, गहराई, ज्ञान, महत्व आदि की सीमा जिसका पता लगाने के लिए प्रयत्न करना पड़े; | ಆಳ; | आळ; | depth; |
| | | 2. जलाशय में पानी के नीचे की जमीन या तल। | ಕೆರೆ ಕಟ್ಟೆಗಳ ತಳ | कॆरॆ कट्टॆगळ तळ | bottom. |
| **थिरक** | स्त्री. | थिरकने की क्रिया, अवस्था, ढंग या भाव, नृत्य या स्थिति विशेष में चंचलता के साथ पैरों का उठना, गिरना तथा हिलना। | ನಾಟ್ಯದಲ್ಲಿ ಪದವಿಕ್ಷೇಪ | नाट्यदल्लि पदविक्षेप | rhythmic movement of body, nimble footwork (in dancing). |
| **थिरकना** | अ.क्रि | 1. चंचलता के साथ पैरों को उठाते, गिराते या हिलाते हुए नाचना; | ನಾಟ್ಯವಾಡು, ತಾಳಕ್ಕೆ ಸರಿಯಾಗಿ ಪದವಿಕ್ಷೇಪ ಮಾಡು; | नाट्यवाडु, ताळक्कॆ सरियागि पदविक्षेप माडु; | to dance nimbly; |
| | | 2. नाचने में अंग को हावभाव के साथ संचालित करना; | ನಾಟ್ಯದಲ್ಲಿ ಹಾವಭಾವದೊಂದಿಗೆ ಅಭಿನಯಿಸು; | नाट्यदल्लि हावभावदॊंदिगॆ अभिनयिसु; | to move or dance with expressive action and gesture; |
| | | 3. आगे-पीछे डोलना। | ಹಿಂದಕ್ಕೂ ಮುಂದಕ್ಕೂ ತೂಗಾಡು | हिंदक्कू मुंदक्कू तूगाडु | to strut, to stalk. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| थिरना | अ.क्रि | 1. पानी आदि द्रव पदार्थों का हिलना रुक जाना, शांत और स्थिर होना; | ನೀರು, ದ್ರವ, ಸ್ಥಿರವಾಗಿ ನಿಲ್ಲು; | नीरु, द्रव स्थिरवागि निल्लु; | to be still, dead (as water or other liquid); |
| | | 3. किसी बात की यथार्थता के विषय में दृढ़ आत्मविश्वास, गर्वोक्ति। | ದೃಢವಾದ ಹೇಳಿಕೆ | दृढवाद हेळिके | assertion. |
| दावाग्नि | स्त्री. | वन की आग जो बांस आदि के रगड़ खाने से स्वतः लग जाती है। | ಕಾಡು ಕಿಚ್ಚು, ಕಾಳ್ಗಿಚ್ಚು, ದಾವಾಗ್ನಿ | काडु किच्चु, काळ्गिच्चु, दावाग्नि | forest conflagration. |
| दावानल | पुं. | दे० 'दावाग्नि'। | ನೋಡಿ "दावाग्नि" | नोडि "दावाग्नि" | same as 'दावाग्नि.' |
| दावेदार | पुं. | दावा करने वाला। | ಕ್ಲೇಮುದಾರ | क्लेमुदार | claimant. |
| दास | पुं. | नौकर, गुलाम। | ದಾಸ, ಸೇವಕ | दास, सेवक | slave, servant, |
| दासता | स्त्री. | दास होने की अवस्था या भाव। | ದಾಸ್ಯ, ಗುಲಾಮಗಿರಿ | दास्य, गुलमगिरि | slavery. |
| दासी | स्त्री. | सेवा-टहल करने वाली। | ದಾಸಿ, ಸೇವಕಿ | दासि, सेवकि | female or maid servant |
| दास्तान | स्त्री. | वृत्तांत, कहानी, विवरण। | ಕತೆ, ವಿವರ, ವೃತ್ತಾಂತ | कते, विवर, वृत्तांत | tale, story, account. |
| दाह | पुं. | 1. जलाना; | ದಹನ; | दहन; | burning; |
| | | 2. जलन, ताप; | ಉರಿ, ತಾಪ; | उरि, ताप; | sensation of burning, heat; |
| | | 3. शव जलाने का कृत्य। | ಸುಡುವಿಕೆ | सुडुविके | cremation. |
| दाहक | वि. | जलानेवाला, तप्त करनेवाला। | ಸುಡುವ | सुडुव | burning, causing heat. |
| दाहकर्म | पुं. | शव-संस्कार, शव जलाने का कृत्य। | ಶವ ಸಂಸ್ಕಾರ, ಹೆಣ ಸುಡುವಿಕೆ | शव संस्कार, हॆण सुडुविके | the ceremony of burning a corpse, cremation. |
| दाह-संस्कार | पुं. | दे० 'दाहकर्म'। | ನೋಡಿ "दाहकर्म" | नोडि "दाहकर्म" | same as 'दाहकर्म.' |
| दाहिना | वि. | मनुष्य के दाहिने हाथ की दिशा में स्थित। | ಬಲಗಡೆಯ | बलगडॆय | situated at the right hand. |
| दाहिने | क्रि. वि. | दाहिने हाथ की ओर। | ಬಲಗಡೆ | बलगडॆ | to the right. |
| दिक | पुं. | क्षय नामक ज्वर, तपेदिक। | ಕ್ಷಯ | क्षय | tuberculosis. |
| | वि. | परेशान। | ತೊಂದರೆಗೊಳಗಾದ | तॊंदरॆगॊळगाद | harassed. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **दिक्कत** | स्त्री. | मुश्किल, परेशानी। | ಕಷ್ಟ, ತೊಂದರೆ | कष्ट, तोंदरे | difficulty, trouble. |
| **दिखना** | अ. क्रि. | दिखाई देना, नजर आना। | ಕಂಡುಬರು | कंडुबरु | to be seen, to appear. |
| **दिखलाना** | स. क्रि. | 1. दिखलाने का काम करना। | ತೋರಿಸು; | तोरिसु; | to show, to direct, to demonstrate; |
| | | 2. दूसरे को देखने में लगाना; | ನೋಡುವಂತೆ ಮಾಡು; | नोडुवंतें माडु; | to cause to see; |
| | | 3. प्रदर्शित करना, प्रकट करना। | ಪ್ರಕಟವಾಗುವಂತೆ ಮಾಡು | प्रकटवागुवंतें माडु | to exhibit, to display. |
| **दिखाऊ** | वि. | 1.देखने या दिखाने योग्य; | ನೋಡಲು, ತೋರಿಸಲು ಯೋಗ್ಯವಾದ; | नोडलु, तोरिसलु योग्यवाद; | fit to be shown or exhibited, presentable; |
| | | 2. जो केवल देखने भर को हो परन्तु जिसमें तत्व कुछ न हो। | ತೋರಿಕೆಯ | तोरिकंय | showy, ostentatious. |
| **दिखाना** | स. क्रि. | दे. 'दिखलाना'। | ನೋಡಿ "दिखलाना" | नोडि "दिखलाना" | same as 'दिखलाना'. |
| **दिखावटी** | वि. | 1. जो देखने भर को अच्छा लगे, जो केवल ऊपर-ऊपर से देखने में सुंदर या अच्छा हो; | ತೋರಿಕೆಯ; | तोरिकंय; | showy, pretentious; |
| | | 2.मिथ्या, झूठा। | ಸುಳ್ಳಾದ | सुळ्ळाद | false. |
| **दिखावा** | पुं. | आडंबर, ढोंग। | ಆಡಂಬರ | आडंबर | show, ostentation. |
| **दिगंत** | पुं. | दिशा का अंत, छोर, क्षितिज। | ದಿಗಂತ, ಕ್ಷಿತಿಜ | दिगंत, क्षितिज | end of the direction, end of space, the horizon. |
| **दिगंबर** | पुं. | 1. शिव, शंकर; | ಈಶ್ವರ, ಶಿವ; | ईश्वर, शिव; | an epithet of Siva; |
| | | 2. ऐसे जैन साधुओं का एक संप्रदाय जो नंगे रहते हैं। | ಜೈನ ಸಾಧುಗಳ ಒಂದು ಸಂಪ್ರದಾಯ | जैन साधुगळ ओंदु संप्रदाय | an order of ascetics of the Jain sect who go naked. |
| | वि. | बिल्कुल नंगा, नग्न। | ಬೆತ್ತಲೆ, ನಗ್ನ | बेत्तलें, नग्न | stark naked, naked. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| दिग्गज | पुं. | वे हाथी जो पृथ्वी को संभालने के लिए चारों दिशाओं और चारों कोनों में स्थित हैं। | ಅಷ್ಟದಿಗ್ಗಜಗಳು | अष्टदिग्गजगळु | elephant of the quarter. |
| | वि. | हाथी की तरह बहुत बड़ा या भारी। | ಬಹಳ ಭಾರಿಯಾದ, ದೊಡ್ಡ | बहळ भारियाद, दोड्ड | great, large, huge. |
| दिग्दर्शन | पुं. | 1. किसी को यह बताना कि किस ओर किस काम में अथवा किस प्रकार आगे चलना या बढ़ना चाहिए; | ಮಾರ್ಗದರ್ಶನ; | मार्गदर्शन; | showing merely the direction, pointing out only the general mode or manner; |
| | | 2. विषय का सामान्य निरूपण एवं सर्वेक्षण। | ರೂಪರೇಖೆ | रूपरेखे | a general outline or survey of the subject. |
| दिग्भ्रम | पुं. | दिशा-संबंधी भ्रम, दिशाओं का न पहचाना जाना। | ದಿಗ್ಭ್ರಮೆ | दिग्भ्रमे | mistaking the way or direction, directional confusion. |
| दिग्विजय | स्त्री. | किसी राजा का दलबल के साथ भूमंडल के अन्य समस्त राजाओं को घूम-घूम कर परास्त करना। | ದಿಗ್ವಿಜಯ | दिग्विजय | the conquest of various countries in all directions, universal conquest. |
| दिठौना | पुं. | वह चिह्न जो बच्चों को कुदृष्टि से बचाने के लिए काजल से उनके गाल या मस्तक पर बना दिया जाता है। | ದೃಷ್ಟಿಬೊಟ್ಟು | दृष्टिबॊट्टु | a patch, or an artificial mole put on the forehead of a child to guard against the influence of a malignant eye. |
| दिन | पुं. | 1. वह समय जिसका आरंभ सूर्योदय से तथा अंत सूर्यास्त से होता है, चौबीस घंटे की अवधि; | ಹಗಲು, ದಿನ; | हगलु, दिन; | day (of twelve hours), day time, day (of twenty four hours); |
| | | 2. समय, काल। | ಸಮಯ | समय | time, circumstances. |
| दिनकर | पुं. | सूर्य। | ಸೂರ್ಯ | सूर्य | the sun. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| दिनचर्या | स्त्री. | दिन भर का कार्य, नित्य किए जाने वाले कार्यों का क्रमिक रूप, नित्य किए जाने वाले सब काम। | ದಿನಚರ್ಯೆ | दिनचर्य | daily routine. |
| दिन दहाड़े | क्रि. वि. | दिन में खुले तौर पर, खुले खजाने। | ನಡು ಹಗಲಲ್ಲಿ | नडु हगलल्लि | in broad daylight, in open day. |
| दिनांक | पु. | तारीख । | ತಾರೀಖು | तारीखु | date. |
| दिनमान | पुं. | सूर्योदय से सूर्यास्त तक के समय का मान जो घड़ियों और पलों अथवा घंटों और मिनटों में निश्चित होता है और बराबर कुछ न कुछ घटता-बढ़ता रहता है। | ಸೂರ್ಯೋದಯದಿಂದ ಸೂರ್ಯಾಸ್ತದ ವರೆಗಿನ ಕಾಲ ಪ್ರಮಾಣ | सूर्योदयदिंद सूर्यास्तदवरेगिन काल प्रमाण | length of a day. |
| दिनेश | पुं. | सूर्य। | ಸೂರ್ಯ | सूर्य | the sun. |
| दिमाग | पुं. | 1. सिर के भीतर का गूदा या भेजा; | ಮೆದುಳು; | मेदुळु; | brain, mind; |
| | | 2. सोचने-समझने आदि की शक्ति, बुद्धि, समझ; | ತಿಳಿವಳಿಕೆ; | तिळिवळिके; | intellect; |
| | | 3. अभिमान, घमंड | ಗರ್ವ | गर्व | conceit, pride. |
| दिमाग़ी | वि. | 1. दिमाग या मस्तिष्क संबंधी, दिमाग का, मानसिक; | ಬುದ್ಧಿಶಕ್ತಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ; | बुद्धिशक्तिगे संबंधिसिद; | of the brain or mind. |
| | | 2. घमंडी। | ಅಹಂಕಾರಿ | अहंकारि | conceited,proud. |
| दिया (दीया) | पुं. | मिट्टी के छोटे पात्र में तेल और रुई की बत्ती लगा कर जलाया जाने वाला चिराग। | ಹಣತೆ | हणते | lamp (earthen). |
| दियासलाई | स्त्री. | एक सिरे पर गंधक आदि मसाले लगा कर बनाई हुई छोटी पतली तीली जो रगड़ने से जल उठती है। | ಬೆಂಕಿಕಡ್ಡಿ | बेंकिकड्डि | match-stick. |
| दिल | पुं. | 1. शरीर के अंदर का हृदय नामक अंग जिसकी सहायता से शरीर में रक्त का संचार होता है; | ಹೃದಯ; | हृदय; | heart; |
| | | 2. हिम्मत, साहस; | ಧೈರ್ಯ, ಸಾಹಸ; | धैर्य, साहस; | courage; |
| | | 3. इच्छा। | ಇಚ್ಛೆ | इच्छे | will. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **दिलचस्प** | वि. | जिसमें मन रमे, रुचिकर। | ಮನಸ್ಸಿಗೆ ಹಿಡಿಸುವ | मनस्सिगे हिडिसुव | interesting. |
| **दिलचस्पी** | स्त्री. | दिलचस्प होने की अवस्था या भाव, चाव, शौक। | ಅಭಿರುಚಿ | अभिरुचि | interest. |
| **दिलजला** | वि. | जिसे बहुत अधिक मानसिक कष्ट पहुंचा हो, अत्यंत दुखी। | ನೊಂದ, ಬಹಳ ದುಃಖಗೊಂಡ | नोंद, बहळ दु:खगोंड | full of grudge, bitter. |
| **दिलदार** | वि. | 1. अच्छे दिल और स्नेहपूर्ण स्वभाववाला; | ಸಹೃದಯಿ; | सहृदायि; | of a good heart and loving nature; |
| | | 2. जिसके प्रति अनुराग किया जाए और जिसे दिल दिया जाए; | ಅನುರಾಗಿ; | अनुरागि; | beloved; |
| | | 3. रसिक; | ರಸಿಕ; | रसिक; | amorist; |
| | | 4. उदार। | ಉದಾರಿ | उदारि | large-hearted. |
| **दिलबहलाव** | पुं. | मनोरंजन, मन को प्रसन्न रखने का भाव। | ಮನೋರಂಜನೆ | मनोरंजनं | entertainment, amusement. |
| **दिलाना** | स. क्रि. | किसी को किसी दूसरे से कुछ प्राप्त कराना, दिलवाना। | ಕೊಡಿಸು | कोंडिसु | to cause to give, to cause to yield. |
| **दिलावर** | वि. | बहादुर, वीर, हिम्मत-हौसले वाला | ವೀರ | वीर | bold, brave, intrepid. |
| **दिलासा** | पुं. | क्षुब्ध या दुखित हृदय को दिया जाने वाला आश्वासन, ढारस, तसल्ली। | ಧೈರ್ಯ, ಸಮಾಧಾನ, ಸಾಂತ್ವನೆ ಸಂತೈಕೆ | धैर्य, समाधान, सांत्वनं, संतैकं | consolation, solace, encouragement, assurance. |
| **दिली** | वि. | दिल से संबंध रखने वाला, हार्दिक, घनिष्ठ। | ಹಾರ್ದಿಕವಾದ, ಗಾಢವಾದ | हार्दिकवाद, गाढवाद | of the heart, hearty, cordial. |
| **दिलेर** | वि. | बहादुर, वीर, साहसी। | ವೀರ, ಸಾಹಸಿ | वीर, साहसि | courageous, spirited, valourous. |
| **दिलेरी** | स्त्री. | बहादुरी, वीरता, साहस। | ಪೌರುಷ, ಸಾಹಸ | पौरुष, साहस | courageousness, spirit, valour. |
| **दिल्लगी** | स्त्री. | 1. हंसी परिहास, मजाक। | ಹಾಸ್ಯ, ಪರಿಹಾಸ | हास्य, परिहास | jest, joke, fun. |
| **दिल्लगीबाज** | वि., पुं. | वह जो प्रायः दूसरों को हंसाने वाली बातें कहता हो, हंसी या दिल्लगी करने वाला, हंसोड़। | ಪರಿಹಾಸ್ಯ ಮಾಡುವವ, ಹಾಸ್ಯಗಾರ | परिहास्य माडुवव, हास्यगार | jocular, jocose, jester, joker. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **दिल्ला** | पुं. | किनारों की ओर कुछ ढलुआँ गढ़ा हुआ लकड़ी का चौकोर टुकड़ा जिसे किवाड़ या खिड़की के पल्ले के ढांचे में शोभा के लिए जड़ देते हैं। | ಬಾಗಿಲ ಕದವನ್ನು ಅಂದಗೊಳಿಸಲು ಮಾಡಿದ ಹಲಗೆ, ಪುಟೀಪು | बागिल कदवन्नु अंदगॊळिसलु माडिद हलगॆ, पुटीपु | a panel of a door or window. |
| **दिवंगत** | वि. | जिस की आत्मा इस लोक को छोड़कर चली गई हो, परलोकवासी, जो मर गया हो। | ಪರಲೋಕವನ್ನು ಪಡೆದ, ನಿಧನ ಹೊಂದಿದ, ಸತ್ತ | परलोकवन्नु पडॆद, निधन हॊंदिद, सत्त | late, deceased. |
| **दिवस** | पुं. | दिन, रोज। | ದಿನ, ದಿವಸ | दिन, दिवस | a day. |
| **दिवाकर** | पुं. | सूर्य। | ಸೂರ್ಯ | सूर्य | the sun. |
| **दिवाल (दीवार)** | स्त्री. | मिट्टी, ईंट आदि का बनाया हुआ परदा या घेरा, भीत। | ಗೋಡೆ | गोडॆ | wall. |
| **दिवाला** | पुं. | अर्थहीनता की वह दशा जिसमें कोई व्यक्ति अथवा संस्था अपना ऋण न चुका सके, सर्वथा अभाव की स्थिति। | ದಿವಾಳಿ | दिवाळि | bankruptcy, insolvency. |
| **दिवालिया** | वि. | जिसके पास अपना ऋण चुकाने के लिए कुछ न रह गया हो, जिसका दिवाला निकल गया हो। | ದಿವಾಳಿಯಾದ | दिवाळियाद | bankrupt, insolvent. |
| **दिवाली (दीवाली)** | स्त्री. | कार्तिक की अमावस्या को पड़ने वाला हिन्दुओं का एक त्यौहार जिसमें दीप जलाए जाते हैं और लक्ष्मी का पूजन होता है। | ದೀಪಾವಳಿ ಹಬ್ಬ | दीपावळि हब्ब | a Hindu festival in the month of Kartik when lamps are lit on the house top at night and Lakshami is worshipped. |
| **दिवास्वप्न** | पुं. | 1. दिन को सोना, दिवस-निद्रा; 2. हवाई किला। | ಹಗಲ ನಿದ್ದೆ; ಹಗಲುಗನಸು, ದಿವಾಸ್ವಪ್ನ | हगल निद्दॆ; हगलुगनसु, दिवास्वप्न | reverie; day-dreaming. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **दिव्य** | वि. | 1. स्वर्ग या आकाश से संबंध रखने वाला; | ಸ್ವರ್ಗದ; | स्वर्गद; | celestial; |
| | | 2. अलौकिक, लोकोत्तर; | ಅಲೌಕಿಕ; | अलौकिक; | supernatural, wonderful; |
| | | 3. प्रकाशमान, अतिसुंदर। | ಅತಿಸುಂದರ | अतिसुंदर | brilliant, charming, beautiful. |
| **दिव्य-दृष्टि** | स्त्री | अलौकिक दृष्टि जिससे मनुष्य भूत, भविष्य, वर्तमान की बातों को प्रत्यक्ष की तरह देखता है। | ವರ್ತಮಾನ, ಭೂತ, ಭವಿಷ್ಯಗಳನ್ನು ಕಾಣುವ ನೋಟ, ದಿವ್ಯದೃಷ್ಟಿ | वर्तमान, भूत, भविष्यगळन्नु काणुव नोट, दिव्य दृष्टि | divine insight, clairvoyance. |
| **दिशा** | स्त्री. | 1. क्षितिज-मंडल के चार-पूर्व, पश्चिम, दक्षिण, उत्तर-भागों मे से एक; | ದಿಕ್ಕು; | दिक्कु; | one of the four directions; |
| | | 2. ओर, तरफ; | ಕಡೆ, ಪಕ್ಕ; | कडॆ, पक्क; | direction, |
| | | 3. मोड़, प्रवृत्ति विशेष। | ಒಲವು, ಪ್ರವೃತ್ತಿ | ऑलवु, प्रवृत्ति | side, trend. |
| **दिशा-भ्रम** | पुं. | दिशा-संबंधी भ्रम, दिग्भ्रम। | ದಿಗ್ಭ್ರಮೆ | दिग्भ्रमॆ | mistaking the way or direction, directional confusion. |
| **दिशाशूल** | पुं. | वह समय जब किसी विशेष दिशा में जाना वर्जित हो। | ದಿಕ್‌ಶೂಲೆ | दिक्शूलॆ | planetary conjunction inauspicious for journey in certain direction. |
| **दिसावर (देशावर)** | पुं. | 1. परदेश, अन्यदेश; | ವಿದೇಶ, ಪರದೇಶ; | विदेश, परदेश; | foreign country, |
| | | 2. व्यापारियों की बोलचाल में वह स्थान या देश जहां कोई माल भेजा जाता है या जहां से आता है; | ವ್ಯಾಪಾರಿಗಳು ವಸ್ತುಗಳನ್ನು ತರಿಸುವ ಮತ್ತು ಕಳಿಸುವ ಜಾಗ; | व्यापारिगळु वस्तुगळन्नु तरिसुव मत्तु कळिसुव जाग; | foreign mart; |
| | | 3. इस प्रकार का आया हुआ माल। | ವಿದೇಶಿ ಸರಕು | विदेशि सरकु | foreign goods brought in import. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **दिहाड़ी** | स्त्री. | 1. दिन, दिवस;<br>2. उतना समय जिसमें कोई मजदूर दैनिक पारिश्रमिक लेकर काम करता हो;<br>3. मजदूर को दी जाने वाली एक दिन की मजदूरी। | ದಿನ;<br>ದಿನಗೂಲಿಯ ಸಮಯ;<br>ದಿನದ ಕೂಲಿ | दिन;<br>दिनगूलिय समय;<br>दिनद कूलि | day;<br>daily working hours of a labourer;<br>daily wages given to a labourer. |
| **दीक्षांत** | पुं. | 1. पहले यज्ञ में हुए दोषों के मार्जन के लिए किया जानेवाला पूरक यज्ञ;<br>2. दीक्षा का अंत;<br>3. किसी सत्र की पढ़ाई का अंत। | ಲೋಪದೋಷಗಳ ನಿವಾರಣೆಗಾಗಿ ಮಾಡುವ ಅವಭೃತ ಯಜ್ಞ, ಶೇಷಯಜ್ಞ;<br>ದೀಕ್ಷಾ ವಿಸರ್ಜನೆ;<br>ಅಧ್ಯಯನದಲ್ಲಿ ಒಂದು ಹಂತದ ಸಮಾಪ್ತಿ | लोपदोषगळ निवारणंगागि- माडुव अवभृत यज्ञ, शेषयज्ञ;<br>दीक्षा विसर्जनं;<br>अध्ययनदल्लि ओंदु हंतद समाप्ति | supplementary sacrifice made to atone for the defects in a preceding one;<br>the end of a Diksha;<br>conclusion of a phase of education. |
| **दीक्षांत-भाषण** | पुं. | उपाधि या प्रमाण-पत्र आदि देने के समय समुत्तीर्ण स्नातकों को संबोधन कर दिया गया किसी विद्वान या नेता का भाषण। | ಘಟಿಕೋತ್ಸವ ಸಂದರ್ಭದ ಭಾಷಣ | घटिकोत्सव संदर्भद भाषण | convocation address. |
| **दीक्षांत समारोह** | पुं. | समुत्तीर्ण स्नातकों को उपाधि या प्रमाण-पत्र आदि प्रदान करने के समय आयोजित समारोह। | ಪದವಿ ದಾನ ಸಮಾರಂಭ | पदवि दान समारंभ | convocation. |
| **दीक्षा** | स्त्री. | किसी गुह्यमंत्र की वह शिक्षा जो आचार्य या गुरु से विधिपूर्वक शिष्य बनने अथवा किसी संप्रदाय में सम्मिलित होने के समय दी जाती है। | ಗುರು ಮಂತ್ರೋಪದೇಶ, ದೀಕ್ಷೆ | गुरु मंत्रोपदेश, दीक्षं | initiation. |
| **दीक्षित** | वि. | जिसे दीक्षा दी गई हो या जिसने गुरु से दीक्षा ली हो। | ದೀಕ್ಷೆ ಪಡೆದ | दीक्षं पडंद | initiated into. |
| **दीखना** | अ. क्रि. | दिखाई देना, देखने में आना, दृष्टिगोचर होना, प्रतीत होना। | ಕಣ್ಣಿಗೆ ಕಾಣಬರು | कण्णिगं काणबरु | to be visible. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **दीदी** | स्त्री. | बड़ी बहन को संबोधित करने का शब्द। | ಅಕ್ಕ | अक्क | addressing word to elder sister. |
| **दीन** | वि. | 1. गरीब, दयनीय दशा में पड़ा हुआ; | ಬಡವ, ದಯಾಪಾತ್ರ; | बडव, दयापात्र; | poor, miserable; |
| | | 2. धर्म, मजहब। | ಧರ್ಮ, ಮತ | धर्म, मत | faith, religion. |
| **दीनता** | स्त्री. | गरीबी, दुरवस्था। | ಬಡತನ, ದಯನೀಯ ಸ್ಥಿತಿ | बडतन, दयनीय स्थिति | misery, poverty. |
| **दीन-दुनिया** | स्त्री. | इहलोक तथा परलोक। | ಇಹ-ಪರ | इह-पर | this and the other world. |
| **दीप** | पुं. | दीया, चिराग। | ದೀಪ | दीप | lamp, lantern. |
| **दीपक** | पुं. | 1. दीया; | ದೀಪ; | दीप; | lamp, lantern; |
| | | 2. अर्थालंकार का एक भेद जहां उपमेय और उपमान का एक ही धर्म कहा जाए। | ದೀಪಕಾಲಂಕಾರ | दीपकालंकार | a figure of speech. |
| **दीपन** | पुं. | 1. दीप्त करना, जलाना; | ಉರಿಸುವಿಕೆ; | उरिसुविकॆ; | kindling, inflaming; |
| | | 2. उत्तेजित करना, उत्तेजन। | ಉತ್ತೇಜನ-ಗೊಳಿಸುವಿಕೆ | उत्तेजन-गॊळिसुविकॆ | stimulating. |
| **दीवाली (दीपावली)** | स्त्री. | दे. दिवाली। | ನೋಡಿ "दिवाली" | नोडि "दिवाली" | same as 'दिवाली'. |
| **दीपिका** | स्त्री. | 1. छोटा दीया; | ಚಿಕ್ಕದೀಪ; | चिक्क दीप; | lamp; |
| | | 2. किसी कठिन ग्रंथ का सरल आशय बताने वाली टीका या पुस्तक । | ಸರಳ ಟೀಕೆ | सरल टीकॆ | illustrator or illustration at the end of titles of books, and also alone. |
| | वि. | (समास के अंत में) प्रकाश करने वाली या स्पष्ट करनेवाली। | ಪ್ರಕಟಗೊಳಿಸುವ | प्रकटगॊळिसुव | (at the end of comp.) illustrator, elucidator. |
| **दीप्त** | वि. | 1. जलता हुआ, प्रज्वलित; | ಉರಿಯುತ್ತಿರುವ; | उरियुत्तिरुव; | blazing, flaming; |
| | | 2. चमकता या जगमगाता हुआ। | ಹೊಳಪಿನಿಂದ ಕೂಡಿದ | हॊळपिनिंद कूडिद | shining, bright, brilliant. |
| **दीप्ति** | स्त्री. | चमक, प्रभा, कांति। | ಕಾಂತಿ, ಹೊಳಪು | कांति, हॊळपु | brightness, splendour, brilliance, lustre. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **दीप्तिमान** | वि. | द्युतियुक्त, प्रभायुक्त, कान्तिमान्। | ಹೊಳೆಯುವ | हॉळेयुव | bright, brilliant, lustrous. |
| **दीमक** | स्त्री. | एक तरह की सफेद चींटी जो कागज, लकड़ी आदि के लिए बहुत हानिकर होती है। | ಗೆದ್ದಲು ಹುಳ | गॆद्दलु हुळ | white ant, termite. |
| **दीर्घ** | वि. | 1. बड़ा, काल, मान आदि के विचार से विस्तृत, उच्च; | ಉದ್ದ, ನೀಳ, ಎತ್ತರ; | उद्द, नीळ, ऎत्तर; | long (in space and time), lofty, high, tall; |
| | | 2. (अक्षर या वर्ण) जो दो मात्राओं का अर्थात गुरु हो। | ದೀರ್ಘಸ್ವರ | दीर्घ स्वर | a long vowel. |
| **दीर्घजीवी** | वि. | बहुत दिनों तक जीनेवाला। | ಬಹುಕಾಲ ಜೀವಿಸುವ | बहुकाल जीविसुव | long-lived, living long. |
| **दीर्घसूत्रता** | स्त्री. | दीर्घसूत्र या दीर्घसूत्री होने की अवस्था, प्रत्येक काम में देर करने की आदत। | ಕಾಲ ವಿಳಂಬ ಮಾಡುವಿಕೆ | काल विळंब माडुविके | procrastination, dilatoriness. |
| **दीर्घसूत्री** | वि. | जो हर काम में आवश्यकता से बहुत अधिक देर लगाता हो, बहुत धीरे-धीरे और देर में काम करने वाला। | ತಡ ಮಾಡುವ, ಕಾಲಹರಣ ಮಾಡುವ, ವಿಳಂಬಕಾರಿ | तड माडुव, काल हरण माडुव, विळंबकारि | slow, dilatory, procrastinating. |
| **दीर्घा** | स्त्री. | 1. लंबा तालाब; | ವಿಶಾಲವಾದ ಕೆರೆ; | विशालवाद कॆरॆ; | long tank; |
| | | 2. आने-जाने के लिए कोई लंबा और ऊपर से छाया हुआ मार्ग; | ಓಣಿ, ಓಡಾಡಲು ಮಾಡಿದ ದಾರಿ, ಕಾರಿಡಾರ್; | ओणि, ओडाडलु माडिद दारि कारिडार्; | corridor, gallery. |
| | | 3. आजकल किसी भवन के ऊपर कुछ ऊंचाई पर दर्शकों आदि के बैठने के लिए बना हुआ स्थान। | ಪ್ರೇಕ್ಷಕಾಂಗಣ, ದರ್ಶಕರು ಕೂಡಲು ಮಾಡಿದ ಎತ್ತರವಾದ ಜಾಗ, ಗ್ಯಾಲರಿ | प्रेक्षकांगण, दर्शकरु कूडलु माडिद ऎत्तरवाद जाग, ग्यालरि | gallery. |
| **दीर्घायु** | वि. | लंबी आयु वाला। | ದೀರ್ಘಾಯು | दीर्घायु | long-lived, long-living. |
| **दीवट** | स्त्री. | दीपक रखने के लिए लकड़ी, लोहे, पीतल आदि का बना आधार। | ದೀಪಾಧಾರ | दीपाधार | lamp-stand. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **दीवान** | पुं. | 1. राजसभा, न्यायालय, कचहरी;<br>2. मंत्री, वजीर। | ನ್ಯಾಯಾಲಯ, ರಾಜಸಭೆ, ಕಚೇರಿ;<br>ಮಂತ್ರಿ, ದಿವಾನ | न्यायालय, राजसभे, कचेरि;<br>मंत्रि, दिवान | royal court, court;<br>court minister. |
| **दीवाना** | वि. पुं. | पागल, विक्षिप्त, सनकी। | ಹುಚ್ಚ | हुच्च | mad, insane, |
| **दीवानी** | स्त्री. | 1. दीवान का पद और कार्य,<br>2. न्याय का वह विभाग जहां केवल आर्थिक विवादों पर विचार होता है। | ದಿವಾನಗಿರಿ;<br>ಸಿವಿಲ್ ನ್ಯಾಯಾಲಯ | दिवानगिरि;<br>सिविल् न्यायालय | office or jurisdiction of diwan;<br>pertaining to a civil court as opposed to the criminal one. |
| | वि. | दीवान-संबंधी। | ದಿವಾನಗಿರಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | दिवानगिरिगे संबंधिसिद | pertaining to diwan. |
| दीवार (दीवाल) | स्त्री. | दे. 'दिवाल'। | ನೋಡಿ "दिवाल" | नोडि "दिवाल" | see 'दिवाल' |
| दुंदुभी (दुंदभी) | स्त्री. | एक तरह का नगाड़ा। | ಒಂದು ಬಗೆಯ ನಗಾರಿ | ऒंदु बगॆय नगारि | a sort of large kettle drum. |
| **दुंबा** | पुं. | भेड़ों की एक जाति जिन की दुम चक्की के पाट की तरह गोल और भारी होती है। | ಟಗರಿನ ಒಂದು ಜಾತಿ | टगरिन ऒंदु जाति | a kind of sheep with a large, round and fat tail. |
| **दु:ख (दुख)** | पुं. | कष्ट, क्लेश, तकलीफ। | ದುಃಖ, ಕಷ್ಟ | दु:ख, कष्ट | trouble, pain, grief, distress. |
| **दु:खद** | वि. | दु:ख पहुंचाने वाला, कष्टकर। | ಕಷ್ಟದಾಯಕ | कष्टदायक | painful, grievous, troublesome,<br>one who gives or causes pain. |
| **दु:खदायक** | वि. | दे. 'दु:खद'। | ನೋಡಿ "दु:खद" | नोडि "दु:खद" | same as 'दुखद' |
| **दु:खदायी** | वि. | दे. 'दु:खद'। | ನೋಡಿ "दु:खद" | नोडि "दु:खद" | same as 'दुखद' |
| **दु:खांत** | वि. | जिस का अंत दु:खद हो। | ದುರಂತ, ದುಃಖಾಂತ | दुरंत, दुखांत | culminating in a tragedy. |
| **दु:खांत नाटक** | पुं. | वह नाटक जिसकी समाप्ति दु:खद घटना पर होती हो। | ದುರಂತ ನಾಟಕ, ರುದ್ರ ನಾಟಕ | दुरंत नाटक, रुद्र नाटक | tragedy. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **दु:खांतिका** | स्त्री. | दे. 'दु:खांत नाटक'। | ನೋಡಿ "ದು:ಖಾಂತನಾಟಕ" | नोडि "दु:खांतनाटक" | same as 'दु:खांत नाटक'. |
| **दु:खित** | वि. | जिसे कष्ट हो, पीड़ित, जिसे दुख पहुंचा हो। | ದುಃಖಗೊಂಡ | दु:खगोंड | pained, distressed, afflicted, unhappy. |
| **दु:खी** | वि. | जिसे दु:ख हो, जो कष्ट में हो। | ನೊಂದ, ದುಃಖಿತ | नोंद, दु:खित | sad, aggrieved, troubled, afflicted. |
| **दु:साध्य** | वि. | जो कठिनाई से सिद्ध किया जा सके, जिसका करना कठिन हो, दुष्कर । | ಸಾಧಿಸಲು ಕಠಿಣ-ವಾದ, ದುಷ್ಕರ | साधिसलु कठिणवाद, दुष्कर | difficult to be performed or accomplished, difficult to be managed or dealt with, arduous. |
| **दु:साहस** | पुं. | असंभव या दुष्कर कार्य की सिद्धि के लिए किया गया साहस, ऐसा साहस जिससे कुछ भी लाभ न हो, अनुचित साहस। | ಅಸಾಧ್ಯವಾದುದನ್ನು ಸಾಧಿಸಲು ಮಾಡುವ ಪ್ರಯತ್ನ, ಅನುಚಿತ ಸಾಹಸ | असाध्यवादन्नु साधिसलु माडुव प्रयत्न, अनुचित साहस | audacity, temerity, affrontery. |
| **दु:साहसिक** | वि. | जिसके लिए साहस करना ठीक न हो। | ಸಾಹಸಕ್ಕೆ ಅನುಚಿತವಾದ | साहसक्कॆ अनुचितवाद | presumptuous. |
| **दु:साहसी** | वि. | दे. 'दु:साहसिक'। | ನೋಡಿ "ದು:ಸಾಹಸಿಕ" | नोडि "दु:साहसिक" | same as 'दु:साहसिक.' |
| **दु:स्वप्न** | पुं. | बुरा या डरावना सपना, बुरे फल वाला स्वप्न। | ದುಸ್ವಪ್ನ, ಕೆಟ್ಟ ಕನಸು | दुस्वप्न, कॆट्ट कनसु | bad dream, incubus. |
| **दुअन्नी** | स्त्री. | दो आने का सिक्का। | ಎರಡಾಣೆ ಬೆಲೆಯ ಒಂದು ಹಳೆಯ ನಾಣ್ಯ | ऍरडाणॆ बॆलॆय ऑंदु हळॆय नाण्य | a two anna coin, the eighth part of a rupee. |
| **दुआ** | स्त्री. | 1 किसी के कल्याण के लिए की जाने वाली ईश्वर से प्रार्थना, निवेदन, विनती; | ಪ್ರಾರ್ಥನೆ; | प्रार्थनॆ; | prayer, supplication (to God): |
| | | 2. आशीर्वाद, असीस। | ಆಶೀರ್ವಾದ | आशीर्वाद | blessings. |
| **दुकान** | स्त्री. | वह स्थान जहां बेचने की चीजें सजा कर रखी गई हों, सौदा खरीदने और बेचने की जगह । | ಅಂಗಡಿ | अंगडि | shop. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| दुकानदार | पुं. | दुकान का स्वामी, दुकानवाला। | ಅಂಗಡಿಯವ, ಅಂಗಡಿಯ ಮಾಲೀಕ | अंगडियव, अंगडिय मालीक | shopkeeper. |
| दुकानदारी | स्त्री. | दुकानदार का धंधा। | ಅಂಗಡಿಯ ಕೆಲಸ | अंगडिय कॆलस | shopkeeping. |
| दुकूल | पुं. | रेशमी वस्त्र, चिकना और बारीक कपड़ा। | ರೇಶ್ಮೆ ಬಟ್ಟೆ, ನಯವಾದ ತೆಳುವಸ್ತ್ರ | रेश्मॆ बट्टॆ, नयवाद तॆळुवस्त्र | voil, fine upper garment. |
| दुकेला | वि. | जिसके साथ कोई और भी हो। | ಜೊತೆಯಿರುವ | जॊतॆयिरुव | accompanied by another. |
| दुक्का | पुं. | ताश का वह पत्ता जिस पर किसी रंग की दो बूटियां छपी हों। | ಎರಡರ ಇಸ್ಪೀಟು ಎಲೆ | ऍरडर इस्पीटु ऍलॆ | playing card with two pips. |
| दुक्की | स्त्री. | दे. 'दुक्का'। | ನೋಡಿ "दुक्का" | नोडि "दुक्का" | same as 'दुक्का'. |
| दुखड़ा | पुं. | दुःख, दुःखगाथा। | ದುಃಖದ ಕತೆ, ದುಃಖ | दु:खद कतॆ, दु:ख | woe, tale of woes. |
| दुखना | अ. क्रि. | दर्द करना, पीड़ा होना। | ನೋಯು, ನೋವಾಗು | नोयु, नोवागु | to pain or ache. |
| दुखाना | स. क्रि. | 1. पीड़ा पहुंचाना, कष्ट देना; | ನೋಯಿಸು; | नोयिसु; | to trouble, to cause pain, to torment, to hurt; |
| | | 2. स्पर्श आदि के द्वारा फुंसी घाव आदि में व्यथा उत्पन्न करना। | ನೋಯುವಂತೆ ಮಾಡು | नोयुवंतॆ माडु | to touch or probe so as to hurt (a sore etc.). |
| दुखिया | वि. | दुःख में पड़ा हुआ, विपद्ग्रस्त। | ವಿಪತ್ತಿಗೊಳಗಾದ, ದುಃಖಿತ | विपत्तिगॊळगाद, दु:खित | afflicted, in pain or distress. |
| दुखियारा | वि. | (स्त्री दुखियारी) दे० 'दुखिया'। | ನೋಡಿ "दुखिया" | नोडि "दुखिया" | same as 'दुखिया'. |
| दुगना (दुगुना) | वि. (स्त्री. दुगनी) | दोहरा, दूना। | ಎರಡು ಪಟ್ಟು | ऍरडु पट्टु | two-fold, double. |
| दुग्ध | पुं. | 1. दूध; | ಹಾಲು; | हालु; | milk; |
| | | 2. पौधों का दूध जैसा रस। | ಮರಗಿಡಗಳಿಂದ ಜಿನುಗುವ ಹಾಲು | मरगिडगळिंद जिनुगुव हालु | milky juice of plants, sap. |
| दुतकारना | स. क्रि. | 'दुतदुत' कह कर तिरस्कार करना, धिक्कारना। | ಧಿಕ್ಕರಿಸು, ತಿರಸ್ಕರಿಸು | धिक्करिसु, तिरस्करिसु | to reprimand, to rebuke slightingly. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **दुधमुंहा** | वि. | जो अभी माता के दूध पर ही रहता हो, छोटा बच्चा। | ಹಾಲು ಕುಡಿಯುವ (ಮಗು) | हालु कुडियुव (मगु) | suckling, an infant. |
| **दुधार (दुधारी, दुधारू)** | वि., स्त्री. | 1. दूध देनेवाली; | ಹಾಲು ಕರೆಯುವ; | हालु करॆयुव; | milch; |
| | | 2. जिससे अधिक मात्रा में दूध निकलता हो, जो अधिक दूध देती हो। | ಹೆಚ್ಚು ಹಾಲು ಕರೆಯುವ | हॆच्चु हालु करॆयुव | animal with a generous yield of milk. |
| **दुनाली** | वि. स्त्री. | जिसमें दो नालियां हों। | ಎರಡು ಕೊಳವಿಯ (ಕೋವಿ) | ऍरडु कॊळविय (कोवि) | double-barrelled (gun). |
| **दुनिया** | स्त्री. | 1. संसार, जगत; | ಪ್ರಪಂಚ; | प्रपंच; | the world; |
| | | 2. संसार में रहनेवाले लोग। | ಜಗದ ಜನ | जगद जन | the people of this world. |
| **दुनियादार** | पुं. | 1. संसार के धंधों में फंसा हुआ, संसारी; | ಸಾಂಸಾರಿಕ ವ್ಯಾಪಾರದಲ್ಲಿ ಸಿಲುಕಿದ ವ್ಯಕ್ತಿ; | सांसारिक व्यापारदल्लि सिलुकिद व्यक्ति; | one absorbed in worldly affairs, worldly; |
| | | 2. जो लोक–व्यवहार में कुशल हो, लोकचतुर। | ವ್ಯವಹಾರಕುಶಲ | व्यवहारकुशल | worldly wise. . |
| **दुनियादारी** | स्त्री. | 1. सांसारिक प्रपंच, संसार का जंजाल; | ಸಾಂಸಾರಿಕ ಪ್ರಪಂಚ; | सांसारिक प्रपंच; | worldly affairs; |
| | | 2. दुनियादार होने का गुण, व्यवहार-कुशलता। | ವ್ಯವಹಾರ ಕುಶಲತೆ | व्यवहार कुशलतॆ | worldly wisdom. |
| **दुनियावी** | वि. | दुनिया का, संसार-संबधी। | ಪ್ರಾಪಂಚಿಕ | प्रापंचिक | belonging to the world, mundane, worldly. |
| **दुपट्टा** | पुं. | 1. ओढ़ने की चादर, जो दो पाटों को जोड़कर बनाई जाती है; | ಎರಡು ಪದರದ ಹೊದಿಕೆ; | ऍरडु पदरद हॊदिकॆ; | a kind of mantle or piece of linen in which there are two breadths; |
| | | 2. उत्तरीय। | ಅಂಗವಸ್ತ್ರ | अंगवस्त्र | a cloth or sheet thrown loosely over the shoulders. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| दुपल्ली | वि. स्त्री. | एक प्रकार की टोपी। | ಒಂದು ಬಗೆಯ ಟೋಪಿ | ऑंदु बगॅय टोपि | a kind of cap consisting of two pieces. |
| दुबकना (दबकना) | अ. क्रि | भय के मारे सिमटकर तंग जगह या आड़ में छिपना। | ಹೆದರಿ ಮುದುರು | हॅदरि मुदुरु | to cower, to crouch, to be concealed, to lurk. |
| दुबला | वि. | क्षीण शरीर वाला, हल्के और पतले बदन वाला। | ಬಡಕಲಾದ, ಕ್ಷೀಣವಾದ | बडकलाद, क्षीणवाद | slim, lean, weak. |
| दुभाषिया | पुं. | दो भाषाएं जानने वाला वह मध्यस्थ जो उन भाषाओं के बोलने वाले दो व्यक्तियों की वार्ता के अवसर पर एक को दूसरे का अभिप्राय समझाए। | ಎರಡು ಭಾಷೆಗಳನ್ನು ಬಲ್ಲವ, ದುಭಾಷಿ | ऍरडु भाषॅगळन्नु बल्लव, दुभाषि | interpreter. |
| दुमंजिला (दोमंजिला) | वि. | जिसमें दो मंजिलें हों। | ಎರಡಂತಸ್ತಿನ (ಮನೆ) | ऍरडंतस्तिन (मनॅ) | of two floors or storeys (a house) etc. |
| दुम | स्त्री. | 1. पूंछ;<br>2. दुम की तरह पीछे की ओर जुड़ी हुई वस्तु;<br>3. वह जो बराबर पीछे लगा रहे। | ಬಾಲ;<br>ಬಾಲದಂತಹ ವಸ್ತು;<br>ಸದಾ ಹಿಂದೆ ಇರುವವ | बाल;<br>बालदंतह वस्तु;<br>सदा हिंदॅ इरुवव | tail;<br>tail-like additional end, hind-most part ;<br>constant follower. |
| दुमदार | वि. | 1. जिसके पूंछ हो;<br>2. जिसके पीछे पूंछ की तरह कोई वस्तु लगी या जुड़ी हो। | ಬಾಲವುಳ್ಳ;<br>ಬಾಲ ಅಂಟಿಸಿರುವ | बालवुळ्ळ;<br>बाल अंटिसिरुव | having a tail;<br>one which has something appended to as a tail. |
| दुरंगा | वि. | 1. दो रंगों वाला, जिसमें दो रंग हों;<br>2. जिसमें एकरूपता न हो;<br>3. चालबाजी से भरा हुआ, कपटपूर्ण। | ಎರಡು ಬಣ್ಣಗಳುಳ್ಳ;<br>ಬಣ್ಣಬದಲಾದ;<br>ಮೋಸ ಕಪಟಗಳಿಂದ ಕೂಡಿದ | ऍरडु बण्णगळुळ्ळ;<br>बण्ण बदलाद;<br>मोस कापटगळिंद कूडिद | having two colours;<br>unequivocal;<br>hypocritical, treacherous, having double-dealing. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **दुरंगी (दोरंगी)** | वि. स्त्री. | 1. दो रंग वाली; | ಎರಡು ಬಣ್ಣಗಳ; | एरडु बण्णगळ; | the property of having two colours; |
| | | 2. दो तरह का अर्थात कभी इस पक्ष के अनुकूल और कभी उस पक्ष के अनुकूल किया जानेवाला आचरण या व्यवहार। | ಮೋಸದ ವ್ಯವಹಾರವುಳ್ಳ, ಅನುಕೂಲಾನುಸಾರ ಪಕ್ಷ ಬದಲಾಯಿಸಿ-ಕೊಳ್ಳುವ ಸ್ವಭಾವದ | मोसद व्यवहार-वुळ्ळ, अनुकूलानुसार पक्ष बदलायिसिकोळ्ळुव स्वभावद कोनॆ मुट्टलु | duplicity, deceit, hypocrisy. |
| **दुरंत** | वि. | 1. जिसका अंत या पार पाना कठिन हो; | ಕೊನೆ ಮುಟ್ಟಲು ಕಠಿಣವಾದ; | कठिणवाद; | whose end is difficult to be reached, endless, infinite; |
| | | 2. बहुत कठिन, दुस्तर; | ದುಸ್ತರವಾದ; | दुस्तरवाद; | hard to be understood or known, unsurmountable; |
| | | 3. जिसका अंत या परिणाम बहुत बुरा हो। | ಪರಿಣಾಮದಲ್ಲಿ ಕೆಡುಕಿನ | परिणामदल्लि कॆडुकिन | having a bad end. |
| **दुरदुराना** | स. क्रि. | दुरदुर करते हुए तिरस्कार पूर्वक दूर करना, अपमान करते हुए भगाना या हटाना। | ದರದರನೆ ಹೊರಗೆ ತಳ್ಳು | दरदरनॆ होरगॆ तळ्ळु | to drive away indignantly. |
| **दुरभिसंधि** | स्त्री. | बुरे उद्देश्य से की गई गुप्त मंत्रणा, षड्यंत्र | ಷಡ್ಯಂತ್ರ | षड्यंत्र | conspiracy, secret plot. |
| **दुरवस्था** | स्त्री. | 1. बुरी हालत, कष्ट-पूर्ण दशा; | ಹೀನಸ್ಥಿತಿ; | हीनस्थिति; | wretched or miserable state; |
| | | 2. दरिद्रता आदि के कारण होनेवाली दयनीय दशा। | ದಯನೀಯಾವಸ್ಥೆ | दयनीयावस्थॆ | pitiable condition due to poverty etc. |
| **दुराग्रह** | पुं. | अनुचित रीति से किसी बात पर अड़ जाना, हठ, जिद्द। | ಹಠಗಾರಿಕೆ, ಸರಿಯಲ್ಲದುದಕ್ಕಾಗಿ ಹಟಹಿಡಿಯುವಿಕೆ | हठगारिकॆ, सरियल्लदुदक्कागि हट हिडियुविकॆ | obduracy, pertinacity. |
| **दुराग्रही** | वि. | जो दुराग्रह करे, हठी, जिद्दी। | ಹಟಗಾರ | हटगार | obdurate, pertinacious, mulish. |
| **दुराचरण** | पुं. | निंदनीय आचरण, कुकृत्य। | ಕೆಟ್ಟ ನಡವಳಿಕೆ | कॆट्ट नडवळिकॆ | bad behaviour, ill conduct, immorality, depravity. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| दुराचार | पुं. | दे. 'दुराचरण' | ನೋಡಿ "दुराचरण" | नोडि "दुराचरण' | same as 'दुराचरण'. |
| दुराचारी | वि. | निंद्य कर्म करनेवाला, कुत्सित आचरणवाला। | ದುರಾಚಾರಿ | दुराचारि | wicked, immoral, licentious. |
| दुरात्मा | वि. | जिसका अंतःकरण शुद्ध न हो, हृदय का खोटा, नीच प्रकृति का। | ಕೆಟ್ಟ ಮನಸ್ಸಿನ, ದುರಾತ್ಮ | कॆट्ट मनस्सिन, दुरात्म | evil-natured, wicked, mean, scoundrel. |
| दुराना | स. क्रि. | 1. दूर करना; | ದೂರ ಮಾಡು; | दूर माडु; | to remove; |
| | | 2. आंखों से ओझल करना, छिपाना। | ಕಣ್ಮರೆಮಾಡು, ಮರೆಮಾಚು | कण्मरॆ माडु, मरॆमाचु | to cause to disappear, to hide, to conceal. |
| दुरारोह | वि. | जिस पर चढ़ना कठिन हो। | ಏರಲು ಕಠಿಣವಾದ | एरलु कठिणवाद | difficult to ascend. |
| दुराव | पुं. | 1. दुराने की क्रिया, छिपाव, 2. छल। | ಬಚ್ಚಿಡುವಿಕೆ; ಮೋಸಗಾರಿಕೆ | बच्चिडुविकॆ; मोसगारिकॆ | concealment; deception. |
| दुराशा | स्त्री. | ऐसी आशा जिसका पूरा होना कठिन हो, झूठी आशा। | ದುರಾಶೆ | दुराशॆ | hoping against hope, false hope. |
| दुरुपयोग | पुं. | अनुचित उपयोग, बुरा इस्तेमाल। | ದುರುಪಯೋಗ | दुरुपयोग | misuse. |
| दुरुस्त | वि. | 1. जो अच्छी स्थिति में हो, ठीक; | ಸರಿಯಾದ; | सरियाद; | proper, sound; |
| | | 2. जिस का दोष निकाल दिया गया हो; | ಸರಿಪಡಿಸಲ್ಪಟ್ಟ; | सरिपडिसल्पट्ट; | mended, repaired; |
| | | 3. उचित, युक्तियुक्त। | ಯುಕ್ತಿಯುಕ್ತ | युक्तियुक्त; | fit, correct. |
| दुरुस्ती | स्त्री. | 1. दुरुस्त करने की क्रिया, सुधारना; | ಸರಿಪಡಿಸುವಿಕೆ; | सरिपडिसुविकॆ; | correction, mending; |
| | | 2. दुरुस्त होने की अवस्था। | ಸರಿಯಾಗಿರುವಿಕೆ | सरियागिरुविकॆ | fitness, propriety. |
| दुरूह | वि. | बहुत माथा-पच्ची करने पर भी जल्द समझ में न आनेवाला, कठिन। | ಊಹಿಸಲು ಕಷ್ಟವಾದ | ऊहिसलु कष्टवाद | abstruse, recondite, unintelligible. |
| दुरूहता | स्त्री. | कठिन या गूढ़ होने का भाव। | ಗೂಢ ಭಾವವುಳ್ಳದ್ದಾಗಿರುವಿಕೆ | गूढभाववुळ्ळ-द्दागिरुविकॆ | abstruseness, unintelligibility. |
| दुर्गंध | स्त्री. | बुरी गंध, बदबू। | ದುರ್ಗಂಧ | दुर्गंध | bad smell, stench. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **दुर्ग** | पुं. | गढ़, किला/कोट। | ಕೋಟೆ | कोटॆ | fort, castle, citadel. |
| **दुर्गति** | स्त्री. | 1. दुर्दशा;<br>2. दरिद्रता। | ಹೀನಸ್ಥಿತಿ;<br>ದರಿದ್ರತೆ | हीनस्थिति;<br>दरिद्रतॆ | distress, misery;<br>poverty. |
| **दुर्गम** | वि. | 1. जहां पहुंचना कठिन हो;<br>2. जो शीघ्र समझ में न आए, दुर्बोध। | ದುರ್ಗಮವಾದ;<br>ಬೇಗ ಬುದ್ಧಿ-ಗೋಚರವಾಗದ | दुर्गमवाद;<br>बेग बुद्धि-गोचरवागद | difficult to be traversed or travelled over, impassable;<br>hard to be understood. |
| **दुर्गा** | स्त्री. | पार्वती, भगवती। | ದುರ್ಗಿ, ಪಾರ್ವತಿ | दुर्गि, पार्वति | an epithet of Parvati, wife of Siva. |
| **दुर्गुण** | पुं. | ऐब, दोष, खामी। | ಕೆಟ್ಟಗುಣ, ದುರ್ಗುಣ | कॆट्टगुण, दुर्गुण | defect, fault, flaw. |
| **दुर्ग्राह्य** | वि. | जिसे पकड़ना या धारण करना दुष्कर हो। | ಗ್ರಹಿಸಲಾಗದ | ग्रहिसलागद | difficult to be seized or caught, difficult to hold. |
| **दुर्घट** | वि. | जिस का घटित होना कठिन हो, दु:साध्य। | ದುಃಸಾಧ್ಯವಾದ | दु:साध्यवाद | hard to be accomplished, difficult, impossible. |
| **दुर्घटना** | स्त्री. | अशुभ घटना, क्लेशकर घटना। | ದುರ್ಘಟನೆ | दुर्घटनॆ | accident, mishap. |
| **दुर्जन** | पुं. | दुष्ट मनुष्य। | ಕೆಟ್ಟ ಮನುಷ್ಯ, ದುರ್ಜನ | कॆट्ट मनुष्य, दुर्जन | bad man, villain, scoundrel. |
| **दुर्जनता** | स्त्री. | दुष्टता, बुराई। | ಕೆಟ್ಟತನ, ಕೆಡುಕು | कॆट्टतन, कॆडुकु | wickedness, villainy. |
| **दुर्जेय** | वि. | जो कठिनाई से जीता जा सके, जिस पर विजय पाना कठिन हो। | ಜಯಿಸಲಾಗದ | जयिसलागद | difficult to be conquered or won, invincible. |
| **दुर्दमनीय** | वि. | जिसे दबाना या वश में करना कठिन हो, जिसका दमन दुष्कर हो। | ಅಡಗಿಸಲಾಗದ, ಹತೋಟಿಯಲ್ಲಿರಿಸ-ಲಾಗದ | अडगिसलागद, हतोटियल्लि-रिसलागद | difficult to be subdued, untamable, indomitable. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **दुर्दशा** | स्त्री. | **बुरी हालत, दुरवस्था, दुर्गति।** | ಕೆಟ್ಟ ಸ್ಥಿತಿ, ದುರ್ಗತಿ | कॆट्ट स्थिति, दुर्गति | sad plight, misery, adversity. |
| **दुर्दिन** | पुं. | **बुरे दिन।** | ಕೆಟ್ಟ ದಿನ | कॆट्ट दिन | bad days, bad weather. |
| **दुर्दैव** | पुं. | **दुर्भाग्य, बुरी किस्मत।** | ದುರ್ಭಾಗ್ಯ | दुर्भाग्य | ill-luck, misfortune. |
| **दुर्धर्ष** | वि. | **जिसका पराभव न किया जा सके, जिसे वशवर्ती बनाना कठिन हो।** | ಜಯಿಸಲು ಆಗಲಾರದ | जयिसलु आगलारद | unconquerable, difficult to subdue. |
| **दुर्निवार** | वि. | **जिसका निवारण करना कठिन हो, जो सहसा न रोका जा सके, जिसे टालना कठिन हो।** | ನಿವಾರಿಸಲು ಸಾಧ್ಯವಾಗದ | निवारिसलु साध्यवागद | difficult to be kept back, unrestrainable, irrepressible, difficult to be checked or warded off, inevitable. |
| **दुर्नीति** | स्त्री. | **नीतिविरुद्ध आचरण, कुनीति।** | ನೀತಿ ವಿರುದ್ಧವಾದ ಆಚರಣೆ | नीति विरुद्धवाद, आचरणॆ | maladministration, impolicy. |
| **दुर्बल** | वि. | **1. शक्तिहीन, कमजोर;** | ಶಕ್ತಿಹೀನ; | शक्तिहीन; | of little strength, weak, feeble; |
| | | **2. क्षीणकाय।** | ಕೃಶ, ನಶಿಸಿಹೋದ | कृश, नशिसिहोद | thin, slender, emaciated, lean. |
| **दुर्बलता** | स्त्री. | **शक्तिहीनता, कमजोरी।** | ಅಶಕ್ತತೆ | अशक्ततॆ | weakness, feableness, thinness. |
| **दुर्बुद्धि** | वि. | **1. दुष्ट या नीच बुद्धि वाला; 2. मूर्ख।** | ನೀಚ ಬುದ್ಧಿಯ; ಮೂರ್ಖ | नीच बुद्धिय; मूर्ख | evil minded, wicked; silly, foolish, stupid. |
| **दुर्बोध** | वि. | **जो शीघ्र समझ में न आए, गूढ़, क्लिष्ट।** | ಗೂಢವಾದ, ಕ್ಲಿಷ್ಟ | गूढवाद, क्लिष्ट | difficult to be understood, unintelligible, abstruse. |
| **दुर्भाग्य** | पुं. | **बुरा भाग्य, बदकिस्मती।** | ಭಾಗ್ಯಹೀನತೆ, ದುರದೃಷ್ಟ | भाग्यहीनतॆ, दुरदृष्ट | misfortune, ill-luck. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| दुर्भाव | पुं. | बुरा भाव, तुच्छ विचार, किसी के प्रति मन में होनेवाला द्वेष। | ಕೆಟ್ಟ ಭಾವನೆ | कॆट्ट भावनॆ | bad disposition, malice, ill will. |
| दुर्भावना | स्त्री. | बुरी भावना, कुविचार। | ಕೆಟ್ಟ ಆಲೋಚನೆ | कॆट्ट आलोचनॆ | evil thought, bad inclination. |
| दुर्भिक्ष | पुं. | अकाल, कहत। | ಕ್ಷಾಮ | क्षाम | scarcity of provisions, famine. |
| दुर्भेद्य | वि. | जो कठिनाई से भेदा या छेदा जा सके, अति दृढ़। | ಭೇದಿಸಲು ಅಥವಾ ಒಡೆಯಲು ಆಗದ | भेदिसलु अथवा ऒडॆयलु आगद | difficult to be broke or torn asunder. impregnable. |
| दुर्मति | वि. | 1. बुरी मति या बुद्धिवाला; 2. खल, दुष्ट। | ದುಷ್ಟ ಬುದ್ಧಿಯ; ದುಷ್ಟ | दुष्ट बुद्धिय; दुष्ट | evil-minded; malicious, wicked. |
| दुर्मुख | वि. | कटुभाषी, कड़वा बोलने वाला। | ಕಟುಭಾಷಿ | कटुभाषि | scurrilous. |
| दुर्मुट (दुर्मुस, दुर्मुठ) | पुं. | सड़क आदि पर बिछाया गया कंकड़ पीट कर बराबर करने का एक औजार। | ದಮ್ಮಸು, ಜಲ್ಲಿ ಹಾಕಿ ಸಮಗೊಳಿಸಲು ಉಪಯೋಗಿಸುವ ಸಾಧನ | दम्मसु, जल्लि हाकि समगॊळिसलु उपयोगिसुव साधन | an instrument for pounding or ramming pavements etc., a pounder, a rammer. |
| दुर्लभ | वि. | जो कठिनाई से प्राप्त होता हो, दुष्प्राप्त। | ಕಷ್ಟದಿಂದ ದೊರೆಯು ಬಹುದಾದ | कष्टदिंद दॊरॆय बहुदाद | difficult to be obtained or found, scarce, rare. |
| दुर्वचन | पुं. | 1. बुरा पद, बुरी उक्ति या दूषित कथन; 2. गाली। | ಕೆಟ್ಟ ಮಾತು; ಬೈಗಳ | कॆट्ट मातु; बैगळ | bad or harsh language; abuse. |
| दुर्विनीत | वि. | जो विनीत न हो, उद्दण्ड। | ಅವಿಧೇಯ, ಉದ್ದಂಡ | अविधेय, उद्दंड | ill-mannered, impundent. |
| दुर्विपाक | पुं. | बुरा परिणाम, कुफल। | ಕೆಟ್ಟ ಪರಿಣಾಮ | कॆट्ट परिणाम | an evil consequence or result, producing bad fruit. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| दुर्वृत्ति | स्त्री. | 1. बुरी वृत्ति, खराब पेशा; | ಕೆಟ್ಟ ಕೆಲಸ; | कॆट्ट कॆलस; | disreputable occupation; |
| | | 2. बुरा आचरण या स्वभाव। | ಕೆಟ್ಟ ಆಚರಣೆ, ಸ್ವಭಾವ | कॆट्ट आचरणॆ, स्वभाव | disreputable conduct. |
| दुर्व्यवहार | पुं. | बुरा व्यवहार, बुरा बर्ताव, अनुचित या बुरा आचरण। | ಕೆಟ್ಟ ಆಚರಣೆ | कॆट्ट आचरणॆ | ill treatment, misconduct. |
| दुर्व्यसन | पुं. | बुरा या दूषित काम, चस्का जो बहुत कठिनता से छूट सके। | ಕೆಟ್ಟ ಚಟ | कॆट्ट चट | bad propensity, vice, addiction. |
| दुर्व्यसनी | वि. | जिसे किसी प्रकार का दुर्व्यसन हो, जिसे किसी चीज की बुरी तरह लत लग गई हो। | ಕೆಟ್ಟ ಚಟವುಳ್ಳ | कॆट्ट चटवुळ्ळ | addict, having vice or bad habit. |
| दुलकी | स्त्री. | घोड़े की कुछ-कुछ उछलते हुए मध्य गति से दौड़ने की एक चाल। | ಕುದುರೆಯ ನಡೆಯ ಒಂದು ಬಗೆ, ಕುಕ್ಕುಲೋಟ | कुदुरॆय नडॆय ऒंदु बगॆ, कुक्कुलोट | trot. |
| दुलती | स्त्री. | घोड़े आदि चौपायों का पीछे के दोनों पैरों से मारना। | ಕುದುರೆ,ಕತ್ತೆ ಹಿಂಗಾಲುಗಳ ಒದೆತ | कुदुरॆ कत्तॆ, हिंगालुगळ ऒदॆत | kick with the two hind legs (as by ass and horse). |
| दुलहन (दुलहिन) | स्त्री. | नई बहू, वह स्त्री जो अभी ब्याह कर लाई गई हो। | ಮದವಣಗಿತ್ತಿ, ಮದುಮಗಳು | मदवणगित्ति, मदुमगळु | bride. |
| दुलार | पुं. | छोटे बच्चों के प्रति ऐसा स्नेहपूर्ण व्यवहार जो उन्हें प्रसन्न करने के लिए किया जाता है लाड़-प्यार। | ಮಕ್ಕಳನ್ನು ಮುದ್ದು ಮಾಡುವಿಕೆ | मक्कळन्नु मुद्दु माडुविकॆ | fondling, affection. |
| दुलारना | स. क्रि. | अनेक प्रकार की स्नेहसूचक चेष्टाएं (शरीर पर हाथ फेरना, छाती से लगाना, चूमना आदि) करते हुए बच्चों या प्रेमपात्र को प्यार करना, लाड़-चाव करना। | ಮಕ್ಕಳು ಅಥವಾ ಪ್ರೀತಿಪಾತ್ರರನ್ನು ಮುದ್ದುಮಾಡಿ ಪ್ರೀತಿಸು | मक्कळु अथवा प्रीति पात्ररन्नु मुद्दुमाडि प्रीतिसु | to fondle, to show affection to, to love, to pet, to caress. |
| दुलारा (स्त्री. दुलारी) | वि. | जिसका बहुत दुलार या लाड़-चाव होता हो, लाड़ला। | ಪ್ರಿಯ ಪಾತ್ರ | प्रिय पात्र | beloved, dear, darling. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **दुविधा** | स्त्री. | ऐसी मन:स्थिति जिसमें दो या कई बातों में से किसी एक बात का निश्चय न हो रहा हो। | ಮನಸ್ಸಿನ ಅನಿಶ್ಚಿತತೆ, ದ್ವೈವಿಧ್ಯ | मनसिन अनिश्चिततें, द्वैविध्य | dilemma, fix. |
| **दुशाला** | पुं. | एक तरह की पशमीने की चादर जो दोहरी होती है और जिसके किनारे पर बेल बूटे होते हैं। | ಶಾಲು, ಜೋಡಿ ಶಾಲು | शालु, जोडि शालु | shawl, double shawl. |
| **दुश्चरित्र** | पुं. | बुरा चाल-चलन। | ಕೆಟ್ಟ ನಡತೆ | कॆट्ट नडतॆ | misdoing, ill conduct, depravity, profligacy. |
| | वि. | जिसका चरित्र बुरा हो, बदचलन, चरित्रहीन। | ಕೆಟ್ಟ ನಡತೆಯುಳ್ಳ | कॆट्ट नडतॆयुळ्ळ | deprave, degenerate, profligate. |
| **दुश्मन** | पुं. | शत्रु,वैरी, अहित चाहनेवाला। | ವೈರಿ, ಅರಿ, ಹಗೆ | वैरि, अरि, हगॆ | enemy, foe. |
| **दुश्मनी** | स्त्री. | शत्रुता, वैर। | ಹಗೆತನ | हगॆतन | enmity, hostility. |
| **दुश्वार** | वि. | कठिन, मुश्किल। | ಕಷ್ಟಕರ | कष्टकर | difficult, hard, arduous. |
| **दुष्कर** | वि. | जिसे करना कठिन हो, कष्टसाध्य। | ಮಾಡಲ-ಸಾಧ್ಯವಾದ | माडलसाध्यवाद | difficult to be performed or accomplished, hard to be done. |
| **दुष्कर्म** | पुं. | निन्दनीय तथा बुरा काम। | ಕೆಟ್ಟ ಕೆಲಸ | कॆट्ट कॆलस | evil act. |
| **दुष्काल** | पु. | 1. दुर्भिक्ष, अकाल; | ಕ್ಷಾಮ; | क्षाम; | famine, time of scarcity; |
| | | 2. बुरा समय। | ಕೆಟ್ಟಕಾಲ | कॆट्टकाल | an evil time, bad times. |
| **दुष्वृत्ति** | स्त्री. | पाप, बुरा काम। | ಕೆಟ್ಟ ಕೆಲಸ | कॆट्ट कॆलस | evil deed, misdeed, vicious act. |
| **दुष्ट** | वि. (स्त्री. दुष्टा) | जो जान बूझ कर दूसरों को कष्ट देता या परेशान करता हो, दूषित मनोवृत्ति वाला। | ದುಷ್ಟ, ಕೆಟ್ಟ | दुष्ट, कॆट्ट | wicked, bad, vile. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **दुष्टता** | स्त्री. | दुष्ट होने की अवस्था, गुण या भाव। | ಕೆಟ್ಟತನ | कॆट्टतन | badness, wickedness. |
| **दुष्टात्मा** | वि. | बुरे अंतःकरण या विचारों वाला। | ಕೆಟ್ಟ ಸ್ವಭಾವದ | कॆट्ट स्वभावद | of bad nature, evil-minded, wicked. |
| **दुष्प्राप्य** | वि. | जिसका मिलना कठिन हो, जो कठिनाई से प्राप्त होता हो। | ದುರ್ಲಭವಾದ | दुर्लभवाद | rare, scarce, difficult to achieve or attain. |
| **दुसूती** | स्त्री. | एक प्रकार का मोटा मजबूत कपड़ा जिसमें दो-दो धागों का ताना और बाना होता है। | ಎರಡೆಳೆ ನೆಯ್ದ ಗಟ್ಟಿ ಬಟ್ಟೆ | ऎरडॆळॆ नॆय्द गट्टि बट्टॆ | a kind of cloth, the threads of which are double. |
| **दुस्तर** | वि. | जिसे पार करना कठिन हो, जो आसानी से पार न किया जा सके। | ದಾಟಲಾಗದ, ದುರ್ಲಂಘ್ಯವಾದ | दाटलागद, दुर्लंघ्यवाद | difficult to be passed or overcome, insurmountable. |
| **दुस्सह** | वि. | जिसे सहना कठिन हो। | ಸಹಿಸಲಾಗದ | सहिसलागद | unbearable, intolerable. |
| **दुहना** | स. क्रि. | 1. स्तन और चूचुक को उंगलियों से दबाकर दूध निकालना; | ಹಾಲು ಕರೆ; | हालु करॆ; | to milk; |
| | | 2. निचोड़ना, सारभाग निकालना; | ಸಾರ ಹಿಂಡು; | सार हिंडु; | to squeeze; |
| | | 3. किसी को धोखे में रख कर रुपया, वस्तु आदि वसूल करना, अनुचित लाभ उठाना। | ಮೋಸಮಾಡಿ ಪರದ್ರವ್ಯ ಮುಂತಾದುವನ್ನು ಅಪಹರಿಸು | मोसमाडि परद्रव्य मुंतादुवन्नु अपहरिसु | to exploit. |
| **दुहरा (दोहरा)** (स्त्री. दुहरी, दोहरी) | वि. | 1. दो परतों का; | ಎರಡು ಮಡಿಕೆಯ; | ऎरडु मडिकॆय; | two-fold, double folded; |
| | | 2. दुगुना। | ಎರಡರಷ್ಟು | ऎरडरष्टु | double, twice as much. |
| **दुहराना (दोहराना)** | स. क्रि. | 1. किसी बात को बार-बार कहना, पुनरावृत्ति करना; | ಪುನಃಪುನಃ ಹೇಳು; | पुन:पुन: हेळु; | to repeat; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. अशुद्धि या गलती दूर करने के लिए एक बार और देखना। | ಮತ್ತೊಮ್ಮೆ ನೋಡು | मत्तॊम्मॆ नोडु | to revise. |
| दुहाई (दोहाई) | स्त्री. | रक्षा के लिए की गई पुकार, विपत्ति के समय रक्षा के लिए किसी समर्थ व्यक्ति या देवता को पुकारना, गुहार। | ಕಷ್ಟ ದುಃಖ ಗಳಿಂದ ಪಾರುಮಾಡೆಂದು ದೇವರಲ್ಲಿ ಬೇಡಿಕೆ | कष्ट दु:खगळिंद पारु माडॆंदु देवरल्लि बेडिकॆ | cry for help or mercy or justice, complaint, appeal. |
| दुहाना | स. क्रि. | दुहने में दूसरे को प्रवृत्त करना, दूसरे से दुहने का काम कराना। | (ಹಾಲು) ಕರೆಯಿಸು ಅಥವಾ ಹಿಂಡಿಸು | (हालु) करॆयिसु अथवा हिंडिसु | to cause to be milked, to have or get milked. |
| दुहिता | स्त्री. | पुत्री, कन्या। | ಮಗಳು, ಪುತ್ರಿ | मगळु, पुत्रि | daughter. |
| दूज | स्त्री. | चांद्र मास के हर पक्ष की दूसरी तारीख, द्वितीया। | ಬಿದಿಗೆ | बिदिगॆ | second day of a lunar fortnight. |
| दूत | पुं. (स्त्री. दूती) | 1. एक जगह से दूसरी जगह चिट्ठी-पत्री, संदेशादि पहुंचाने के लिए नियुक्त व्यक्ति, हरकारा; | ಚಾರ, ಹರಿಕಾರ, ದೂತ; | दूत | courier, messenger, |
| | | 2. किसी राजा या राष्ट्र का वह प्रतिनिधि जो राजनीतिक कार्य से अन्य राष्ट्र में भेजा गया हो या स्थायी रूप से रहता हो। | ರಾಯಭಾರಿ, ರಾಜದೂತ | रायभारि, राजदूत | emissary, ambassador, envoy. |
| दूतावास | पुं. | राजदूत के रहने का स्थान और उसका कार्यालय। | ರಾಯಭಾರ ಕಚೇರಿ, ದೂತಾವಾಸ | रायभार कचेरि, दूतावास | embassy, consulate, legation. |
| दूध | पुं. | 1. गाय, भैंस आदि के स्तन का प्रसिद्ध तरल पदार्थ जिस पर उनके बच्चे अधिक दिनों तक रहते हैं; | ಹಾಲು; | हालु; | milk; |
| | | 2. अन्न के कच्चे दानों तथा कुछ पौधों के अंगों में से निकलने वाला दूध के रंग का सा रस। | ಬೆಳೆಯುವಾಗ ಧಾನ್ಯಗಳಲ್ಲಿ ತುಂಬಿಬರುವ ಹಾಲಿನಂತಹ ರಸ | बॆळॆयुवाग धान्य-गळल्लि तुंबि बरुव हालिनंतह रस | milky juice of certain plants. |
| दूधिया | वि. | 1. दूध के रंग का, सफेद; | ಹಾಲ ಬಿಳುಪು; | हाल बिळुपु; | milk white, white, milky; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. जिसमें दूध मिला हो या दूध के प्रयोग से बना हो; | ಹಾಲು ಬೆರೆತ; | हालु बेरॆत; | containing or abounding in milk; |
| | | 3. कच्चा होने के कारण जिसमें अभी दूध हो। | ಎಳಸಾದ | एॆळसाद | quicy, tender, with substantial quantity of milk like juice. |
| **दून** | स्त्री. | 1. दूने का भाव; 2. दो पहाड़ों के बीच की जगह, घाटी। | ಇಮ್ಮಡಿ; ಕಣಿವೆ | इम्मडि कणिवॆ | double; valley. |
| **दूना** | वि. (स्त्री. दूनी) | दुगुना, दोगुना। | ಎರಡರಷ್ಟು | एॆरडरष्टु | double, twice as much, multiplied by two. |
| **दूब** | स्त्री. | एक प्रसिद्ध घास, दूर्वा। | ಹುಲ್ಲುಗರಿಕೆ, ದೂರ್ವೆ | हुल्लुगरिकॆ, दूर्वॆ | a kind of lawn grass, bent grass, panic grass, panicum dactylom. |
| **दूभर** | वि. | 1. भारी, बोझिल; | ಭಾರವಾದ; | भारवाद; | onorous, burdensome; |
| | | 2. कठिन, असह्य। | ಸಹಿಸಲಾಗದ | सहिसलागद | difficult to be borne, difficult. |
| **दूरंदेश** | वि. | दूर की बात सोचनेवाला, दूरदर्शी। | ದೂರದರ್ಶಿ | दूरदर्शि | far-sighted, far-seeing, prudent. |
| **दूरंदेशी** | स्त्री. | दूर की बात सोचने का गुण या शक्ति, दूरदर्शी होने का भाव, दूरदर्शिता। | ಮುಂದಾಲೋಚನೆ, ದೀರ್ಘ ದೃಷ್ಟಿ, ದೂರದೃಷ್ಟಿ | मुंदालोचनॆ, दीर्घ दृष्टि, दूरदृष्टि | far-sightedness, foresight, prudence. |
| **दूर** | क्रि. वि. | देश-काल आदि की दृष्टि से अधिक अंतर पर, फासले पर। | ದೂರದಲ್ಲಿರುವ | दूरदल्लिरुव | away, beyond, far off, distant, remote. |
| **दूरदर्शक** | वि. | जिसके द्वारा दूर तक की चीज देखी जाए, दूरबीन। | ದೂರದರ್ಶಕ, ದುರ್ಬೀನು | दूरदर्शक, दुर्बीनु | telescope. |
| **दूर-दर्शन** | पुं. | एक ऐसा यंत्र जिसमें ध्वनि के साथ-साथ दूरस्थ व्यक्ति, दृश्य आदि की छवि भी पर्दे पर दिखाई देती है, टेलिविजन। | ದೂರದರ್ಶನ | दूरदर्शन | television. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **दूरदर्शिता** | स्त्री. | दे. 'दूरंदेशी' | ನೋಡಿ "दूरंदेशी" | नोडि "दूरंदेशी" | same as 'दूरंदेशी' |
| **दूरदर्शी** | वि. | दे. 'दूरंदेश'। | ನೋಡಿ "दूरंदेश" | नोडि "दूरंदेश" | same as 'दूरंदेश'. |
| **दूरदृष्टि** | स्त्री. | दूरदर्शिता, दूरंदेशी। | ದೂರದೃಷ್ಟಿ | दूरदृष्टि | farsightedness, prudence. |
| **दूरबीन (दूरवीन)** | स्त्री. | एक यंत्र जिसके द्वारा दूर की वस्तुएं बड़ी और समीपस्थ दिखाई देती हैं। | ದೂರದರ್ಶಕ, ದುರ್ಬೀನು | दूरदर्शक, दुर्बीनु | telescope. |
| **दूरवर्ती** | वि. | जो दूरी पर स्थित हो, दूर का। | ದೂರದಲ್ಲಿರುವ | दूरदल्लिरुव | being in the distance, far removed, remote distant. |
| **दूरवीक्षण यंत्र** | पुं. | दे. 'दूरबीन'। | ನೋಡಿ "दूरबीन" | नोडि "दूरबीन" | same as 'दूरबीन' |
| **दूरी** | स्त्री. | अंतर, फासला। | ದೂರ | दूर | distance. |
| **दूरीकरण** | पुं. | दूर करने या हटाने की क्रिया। | ದೂರ ಮಾಡುವಿಕೆ | दूर माडुविकॆ | making distant, removing. |
| **दूर्वा** | स्त्री. | दूब, एक प्रकार की घास। | ಒಂದು ಬಗೆಯ ಹುಲ್ಲು | ऒंदु बगॆय हुल्लु | same as 'दूब'. |
| **दूल्हा (दुल्हा)** | पुं. | वह व्यक्ति जिसका ब्याह होने जा रहा हो या कुछ ही दिनों पहले हुआ हो, वर। | ಮದುಮಗ | मदुमग | bridegroom, husband. |
| **दूषण** | पुं. | 1. दोष, ऐब, दुर्गुण; | ದೋಷ, ದುರ್ಗುಣ; | दोष, दुर्गुण; | fault, blemish, defect; |
| | | 2. दूषित करने का कार्य या भाव। | ಕೆಡಿಸುವಿಕೆ | कॆडिसुविकॆ | corrupting, vitiating. |
| **दूषित** | वि. | दोषयुक्त, बुरा, कलंकित। | ದೋಷ ಅಥವಾ ಕಳಂಕದಿಂದ ಕೂಡಿದ | दोष अथवा कळंक-दिंद कूडिद | blemished, corrupted, defiled, spoiled. |
| **दूसरा** | वि. | 1. जो गिनती में दो के स्थान पर हो, पहले के बाद का; | ಎರಡನೆಯ; | ऍरडनॆय: | second, next; |
| | | 2. प्रस्तुत से भिन्न, दीगर। | ಬೇರೆಯದಾದ | बेरॆयदाद | another, different |
| **दृग** | पुं. | आंख | ಕಣ್ಣು | कण्णु | the eye. |
| **दृढ़** | वि. | 1. जो डिग न सके, जो विचलित न हो; | ದೃಢವಾದ; | दृढ़वाद; | fixed, firm; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. कड़े दिल का, मजबूत;<br>3. जिसमें कोई हेरफेर न हो सके, पक्का;<br>4. कस कर बंधा। | ಬಲವಾದ;<br>ಬದಲಾಯಿಸಲಾಗದ;<br>ಬಿಗಿದು ಕಟ್ಟಿದ | बलवाद;<br>बदलायिसलागद;<br>बिगिदु कट्टिद | tough,. strong;<br>irrevocable, confirmed;<br>firmly fastened, shut fast. |
| **दृढ़ता** | स्त्री. | दृढ़ होने का भाव, मजबूती। | ಬಿಗಿಯಾಗಿರುವಿಕೆ | बिगियागिरुविके | firmness, strength. |
| **दृढप्रतिज्ञ** | वि. | जो अपनी प्रतिज्ञा पर अटल रहे, अपनी प्रतिज्ञा पूरी करने वाला। | ದೃಢ ಪ್ರತಿಜ್ಞೆಯುಳ್ಳ, ಕೊಟ್ಟ ಮಾತಿಗೆ ತಪ್ಪದ | दृढ प्रतिज्ञयुळ्ळ, कॊट्ट मातिगॆ तप्पद | firm in keeping a promise or agreement, true to one's word. |
| **दृश्य** | पु. | 1. जो कुछ दीखे, वह सब कुछ जो दर्शक को दृष्टिगोचर हो;<br>2. नजारा, तमाशा। | ಕಣ್ಣಿಗೆ ಕಂಡುಬರುವ ನೋಟ;<br>ದೃಶ್ಯ, ತಮಾಶೆ | कण्णिगॆ कंडुबरुव नोट;<br>दृश्य, तमाशॆ | visible, visual;<br>scene, spectacle. |
| **दृश्यमान** | वि. | जो देखा जा रहा हो, जो दिखाई देता हो। | ಕಂಡುಬರುವ | कंडुबरुव | visible, perceptible. |
| **दृष्ट** | वि. | देखा हुआ, दिखाई पड़नेवाला। | ನೋಡಿದ, ಕಾಣಬರುವ | नोडिद, काणबरुव | seen, visible. |
| **दृष्टांत** | पु. | 1. प्रस्तुत विषय को समझने के लिए समान अभिप्राय वाली किसी दूसरी बात का कथन, उदाहरण, मिसाल;<br>2. अलंकार का एक भेद जहां उपमेय वाक्य का उपमान वाक्यों में तथा उन दोनों के धर्मों में बिंब-प्रतिबिंब भाव दिखाया जाता है। | ದೃಷ್ಟಾಂತ, ಉದಾಹರಣೆ;<br>ಸಾಹಿತ್ಯದಲ್ಲಿ ದೃಷ್ಟಾಂತಾಲಂಕಾರ | दृष्टांत, उदाहरणॆ;<br>साहित्यदल्लि दृष्टांतालंकार | example, instance, illustration;<br>(in rhet.) a figure of speech in which an assertion or statement is illustrated by example. |
| **दृष्टि** | स्त्री. | 1. देखने की शक्ति, नजर;<br>2. मत, विचार। | ನೋಡುವ ಶಕ್ತಿ;<br>ವಿಚಾರ, ಅಭಿಪ್ರಾಯ | नोडुव शक्ति;<br>विचार, अभिप्राय | eye-sight, vision;<br>view, notion. |
| **दृष्टिकोण** | पु. | देखने या सोचने-विचारने का पहलू। | ದೃಷ್ಟಿಕೋಣ | दृष्टिकोण | point of view. |
| **दृष्टिगत** | वि. | जो देखने में आया हो, जो दीख पड़ा हो। | ದೃಷ್ಟಿಗೆ ಬಿದ್ದ, ಗೋಚರಿಸಿದ | दृष्टिगॆ बिद्द, गोचरिसिद | seen, perceived |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **दृष्टिगोचर** | वि. | जो देखा जा सके, दिखाइ पड़ने वाला। | ಕಣ್ಣಿಗೆ ಕಾಣಿಸುವ | कण्णिगॆ काणिसुव | visible, within the range of sight, perceptible. |
| **दृष्टिपात** | पुं. | दृष्टि डालने या देखने की क्रिया, नजर डालना, अवलोकन। | ನೋಡುವಿಕೆ | नोडुविकॆ | look, glance, act of seeing. |
| **दृष्टिभ्रम** | पुं. | देखने के समय होने वाला ऐसा भ्रम जिससे चीज कुछ और हो पर दिखाई पड़े कुछ और। | ದೃಷ್ಟಿಭ್ರಮೆ | दृष्टिभ्रमॆ | optical illusion. |
| **देखना** | स. क्रि. | 1. नेत्रों द्वारा किसी का ज्ञान प्राप्त करना; | ನೋಡು; | नोडु; | to see, to look, to observe; |
| | | 2. खोजना; | ಹುಡುಕು; | हुडुकु; | to search; |
| | | 3.परखना (नाड़ी); | ಪರೀಕ್ಷಿಸು; | परीक्षिसु; | to feel (as pulse); |
| | | 4. निगरानी करना या रर ना; | ಮೇಲ್ವಿಚಾರಣೆ ಮಾಡು; | मेल्विचारणॆ माडु; | to supe vise; |
| | | 5. प्रबंध करना; | ಏರ್ಪಡಿಸು; | एर्पडिसु; | to manage; |
| | | 6. सोचना-समझना। | ವಿಚಾರಮಾಡು | विचारमाडु | to weigh well, to consider. |
| **देखभाल** | स्त्री. | अच्छी तरह देखने या भालने की क्रिया या भाव, हिफाजत। | ಚೆನ್ನಾಗಿ ನೋಡಿಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ | चॆन्नागि नोडिकॊळ्ळुविकॆ | looking after. |
| **देखरेख** | स्त्री. | निरीक्षण, निगरानी। | ರಕ್ಷಣೆ, ಪಾಲನೆ | रक्षणॆ, पालनॆ | same as '**देखभाल**'. |
| **देखादेखी** | स्त्री. | 1. एक दूसरे को देखने की क्रिया; | ಪರಸ್ಪರ ನೋಡುವಿಕೆ; | परस्पर नोडुविकॆ; | seeing or looking at one another; |
| | | 2. किसी को देख कर अनुकरण करना। | ಅನುಕರಣೆ | अनुकरणॆ | imitating, copying. |
| **देग** | स्त्री. | खाना पकाने का तांबे का बड़ा बरतन। | ದೊಡ್ಡ ತಪ್ಪಲೆ | दॊड्ड तप्पलॆ | cauldron. |
| **देगची** | स्त्री. | छोटी देग या पतीली। | ಚಿಕ್ಕ ತಪ್ಪಲೆ | चिक्क तप्पलॆ | small cauldron. |
| **देदीप्यमान** | वि | खूब चमकता हुआ, दमकता हुआ। | ಹೊಳೆಯುವ | हॊळॆयुव | shining intensely, resplendent. |
| **देन** | स्त्री. | 1. देने की क्रिया या भाव; | ಕೊಡುಗೆ; | कॊडुगॆ; | giving; |
| | | 2. दी गई वस्तु, योगदान। | ಕೊಡಲ್ಪಟ್ಟ ವಸ್ತು | कॊडल्पट्ट वस्तु | gift, contribution. |
| **देनदार** | वि. | कर्जदार, **ऋणी**। | ಸಾಲಗಾರ | सालगार | a debtor. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **देना** | स. क्रि. | 1. किसी वस्तु पर से अपना स्वामित्व हटा कर दूसरे को उसका स्वामी बनाना, प्रदान करना; | ಕೊಡು; | कॊडु; | to give, to grant; |
| | | 2. पैदा करना, जनना; | ಹುಟ್ಟಿಸು; | हुट्टिसु; | to produce, to la (eggs); |
| | | 3. अनुभव कराना (दुःख आदि); | ಅನುಭವ ಮಾಡಿಸು; | अनुभव माडिसु; | to cause (as pain etc.); |
| | | 4. (किवाड़ आदि कुछ विशिष्ट पदार्थों के संबंध में) बंद करना | (ಬಾಗಿಲು ಆದಿ ವಿಶಿಷ್ಟ ವಸ್ತುಗಳ ವಿಷಯದಲ್ಲಿ) ಮುಚ್ಚು; | (बागिलु आदि विशिष्ट वस्तुगळ विषयदल्लि) मुच्चु; | to close (a door); |
| | | 5. अदा करना। | ತೀರಿಸು | तीरिसु | to pay (a debt etc.). |
| **देय** | वि. | 1. देने योग्य, दातव्य; | ದಾನಾರ್ಹವಾದ; | दानार्हवाद; | fit to be given, proper for a gift, worth-giving; |
| | | 2. जो दिए या लौटाए जाने को हो। | ಕೊಡಬೇಕಾದ | कॊडबेकाद | to be returned or restored, to be paid, payable, due. |
| **देयता** | स्त्री. | देनदारी। | ಕೊಡಬೇಕಾದ ಬಾಕಿ | कॊडबेकाद बाकि; | payment due, indebtedness. |
| **देर** | स्त्री. | 1. उचित या नियत समय से अधिक लगने वाला समय, विलंब; | ವಿಳಂಬ; | विळंब; | delay; |
| | | 2. समय, वक्त। | ವೇಳೆ | वेळॆ | period of time. |
| **देव** | पुं. | 1. स्वर्ग में रहने वाला अमर प्राणी, देवता; | ದೇವರು; | देवरु; | deity, god; |
| | | 2. तेजोमय और पूज्य व्यक्ति; | ಪೂಜ್ಯವ್ಯಕ್ತಿ; | पूज्य व्यक्ति; | a respectable person; |
| | | 3. लंबे चौड़े शरीर वाला व्यक्ति। | ಭೀಮಕಾಯ ವ್ಯಕ್ತಿ | भीमकाय व्यक्ति | a huge fellow or thing. |
| **देवता** | पुं. | 1. स्वर्ग में वास करनेवाला दिव्य शक्ति संपन्न अमर प्राणी; | ದೇವರು; | देवरु; | deity, a god; |
| | | 2. देव प्रतिमा। | ದೇವರ ಪ್ರತಿಮೆ, ವಿಗ್ರಹ | देवर प्रतिमॆ, विग्रह | image of a deity, idol. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **देवत्व** | पुं. | देवता होने की अवस्था, गुण, पद और भाव। | ದೇವತ್ವ | देवत्व | godhood, godliness. |
| **देवदार** | पुं. | एक प्रसिद्ध पहाड़ी पेड़ जिसकी लकड़ी कड़ी, हल्की और पीले रंग की होती है। | ದೇವದಾರು ಮರ | देवदारु मर | devdar, cedar. |
| **देवदासी** | स्त्री. | वह कन्या जो किसी देवता को समर्पित कर दी जाती है और जो मंदिर में नर्तकी के रूप में सेवा करती है। | ದೇವ ಸಮರ್ಪಿತ ಕನ್ಯೆ, ದೇವದಾಸಿ | देव समर्पित कन्यें, देवदासि | temple dancer, dancing girl dedicated to a deity. |
| **देवनागरी** | स्त्री. | एक प्रसिद्ध लिपि जिसमें संस्कृत, हिंदी, मराठी आदि भाषाएं लिखी जाती हैं। | ದೇವನಾಗರಿ ಲಿಪಿ | देवनागरि लिपि | a script used for Sanskrit, Hindi, Marathi etc. |
| **देवर** | पुं. | पति का छोटा भाई। | ಗಂಡನ ತಮ್ಮ, ಮೈದುನ | गंडन तम्म, मैदुन | husband's younger brother. |
| **देवरानी** | स्त्री. | देवर की पत्नी। | ಮೈದುನನ ಹೆಂಡತಿ, ಓರಗಿತ್ತಿ | मैदुनन हेंडति, ओरगित्ति | wife of husband's younger brother. |
| **देवर्षि** | पुं. | नारद आदि देव ऋषि। | ದೇವ ಋಷಿಗಳು | देव ऋषिगळु | a divine sage. |
| **देवल** | पुं. | 1. देवाला, मंदिर; | ಗುಡಿ, ದೇವಸ್ಥಾನ; | गुडि, देवस्थान; | an idol temple; |
| | | 2. देव-पूजा से जीविका चलाने वाला ब्राहमण; | ಪೂಜಾರಿ; | पूजारि; | an attendent upon an idol who subsists on the offerings; |
| | | 3. धार्मिक व्यक्ति। | ಧರ್ಮಿಷ್ಠ | धर्मिष्ठ | a virtuous or pious man. |
| **देवांगना** | स्त्री. | 1. देवता की स्त्री; | ದೇವಾಂಗನೆ; | देवांगनें; | god's spouse; |
| | | 2. अप्सरा। | ಅಪ್ಸರೆ | अप्सरें | a celestial damsel. |
| **देवालय** | पुं. | 1. मंदिर; | ದೇವಾಲಯ; | देवालय; | temple, a pagoda, seat of a deity; |
| | | 2. देवताओं के रहने का स्थान, स्वर्ग। | ದೇವತೆಗಳ ನಿವಾಸ, ಸ್ವರ್ಗ | देवतंगळ निवास, स्वर्ग | residence of the gods, a division of heaven. |
| **देवी** | स्त्री. | 1. आद्याशक्ति, दुर्गा, सरस्वती, सावित्री; | ದೇವಿ, ಆದಿಶಕ್ತಿ; | देवि, आदिशक्ति; | a female deity, the goddess Durga, Saraswati, Savitri ; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. देवता की पत्नी; | ದೇವಪತ್ನಿ; | देवपत्नि; | wife of a deity; |
| | | 3. स्त्री के लिए एक आदर सूचक संबोधन। | ಸ್ತ್ರೀಯರನ್ನು ಆದರದಿಂದ ಕರೆಯುವ ಶಬ್ದ | स्त्रीयरन्नु आदरदिंद करेयुव शब्द | a respectful title applied to a lady. |
| देश | पुं. | 1. स्थान, क्षेत्र, प्रदेश विभाग; | ಸ್ಥಾನ, ಕ್ಷೇತ್ರ, ಪ್ರದೇಶ, ವಿಭಾಗ | स्थान, क्षेत्र, प्रदेश, विभाग; | place, region, country part, portion, province; |
| | | 2. एक राग; | ಒಂದು ರಾಗ; | ऒंदु राग; | a raga in music; |
| | | 3. किसी अंग या पदार्थ के आसपास का स्थान जैसे कटिदेश, ललाटदेश; | ಶರೀರದ ಭಾಗ; | शरीरद भाग; | portion of a body or region, e.g. waist region, forehead region; |
| | | 4. किसी का अथवा उसके पूर्वजों का जन्म स्थान। | ಪೂರ್ವಜರ ನಿವಾಸ ಸ್ಥಾನ | पूर्वजर निवास स्थान | a native place. |
| देशज | वि. | देश में उत्पन्न। | ದೇಶದಲ್ಲಿ ಹುಟ್ಟಿದ | देशदल्लि हुट्टिद | country born, native. |
| | पु. | जो बोलचाल की भाषा से स्वयं उत्पन्न हुआ हो। | ಆಡು ಭಾಷೆಯಿಂದ ಉತ್ಪನ್ನವಾದ ಶಬ್ದ, ದೇಶೀಯ ಶಬ್ದ | आडु भार्षेयिंद उत्पन्नवाद शब्द, देशीय शब्द | a word evolved indigenously, an indigenous word. |
| देश-निकाला | पु. | 1. देश से निर्वासन की क्रिया या भाव; | ದೇಶದಿಂದ ಹೊರಗೆ ಹಾಕುವಿಕೆ; | देशदिंद हॊरगॆ हाकुविकॆ; | expatriation; |
| | | 2. देश द्रोही को दिया जानेवाला दंड। | ದೇಶದ್ರೋಹಿಗಳಿಗೆ ವಿಧಿಸುವ ದಂಡನೆ | देशद्रोहिगळिगॆ विधिसुव दंडनॆ | exile. |
| देश-भक्त | पु. | जिसे अपना देश सर्वाधिक प्रिय हो। | ದೇಶ ಭಕ್ತ | देश भक्त | a patriot. |
| देश-भक्ति | स्त्री. | देशभक्त होने की अवस्था या भाव: | ದೇಶ ಭಕ್ತಿ | देश भक्ति | patriotism |
| देशांतर | पु. | 1 दूसरा देश, विदेश; | ದೇಶಾಂತರ, ಅನ್ಯದೇಶ, ವಿದೇಶ; | देशांतर, अन्यदेश, विदेश; | another country, abroad; |
| | | 2. भूगोल में उत्तर और दक्षिण ध्रुव को मिलाने वाली रेखा से पूर्व या पश्चिम की दूरी, जो अक्षांश की तरह संख्या सूचक अंशों में बताई जाती है। | ಉತ್ತರ ದಕ್ಷಿಣ ಧ್ರುವಗಳನ್ನು ಸೇರಿಸುವ ರೇಖೆಯಿಂದ ಪೂರ್ವ ಪಶ್ಚಿಮದ ದೂರ, ರೇಖಾಂಶ | उत्तर दक्षिण धृवगळन्नु सेरिसुव रेखॆयिंद पूर्व पश्चिमद दूर, रेखांश | longitude, the difference from the prime median |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **देशाटन** | पुं. | पर्यटन करना, भिन्न-भिन्न देशों में घूमना, यात्रा करना। | ದೇಶಾಟನ | देशाटनं | roaming or wandering through a country, touring in a country or countries. |
| **देशी** | वि. | 1. देश-संबंधी; | ದೇಶದ; | देशद; | belonging to a province, local; |
| | | 2. स्वयं उसके देश में बनने वाला। | ಸ್ವದೇಶೀ | स्वदेशी | indigenous. |
| **देशीय** | वि. | देखिए 'देशी'। | ನೋಡಿ "देशी" | नोडि "देशी" | see 'देशी'. |
| **देसी** | वि. | देखिए 'देशी'। | ನೋಡಿ "देशी" | नोडि "देशी" | see 'देशी'. |
| **देह** | स्त्री. | शरीर, तन, बदन। | ದೇಹ, ಶರೀರ | देह, शरीर | body, shape, the person, manifestation, physique. |
| **देह-त्याग** | पुं. | शरीर छोड़ना, मरण, मृत्यु। | ಸಾವು, ಮರಣ | सावु, मरण | voluntary death, resigning the body or physical form, death. |
| **देहधारी** | वि. | 1. जन्म लेकर शरीर धारण करने वाला; | ಶರೀರ ಧರಿಸಿದ; | शरीर धरिसिद; | possessing or assuming a body, incarnate; |
| | | 2. जिसके शरीर हो, शरीरी, जीव, प्राणी। | ಜೀವ, ಪ್ರಾಣಿ | जीव, प्राणि | living being, creature. |
| **देहली** | स्त्री. | 1. दीवार में लगे हुए दरवाजे में चौखट के नीचे की लकड़ी, दहलीज; | ಹೊಸ್ತಿಲು, ಹೊಸಲು; | होस्तिलु, होसलु; | the threshhold of a door, the lower part of the wooden frame of door; |
| | | 2. वह स्थान जहां पर उक्त लकड़ी लगती है। | ಹೊಸ್ತಿಲಿನ ಚೌಕಟ್ಟು | होस्तिलिन चौकट्टु | a raised terrace in front of a door. |
| **देहांत** | पुं. | देह का अंत, शरीरांत, मृत्यु। | ಮರಣ, ಸಾವು | मरण, सावु | end of the body, death. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **देहात** | पुं. | 1. गांव; | ಹಳ್ಳಿ; | हळ्ळि; | village; |
| | | 2. देश के वे भाग जिनमें अनेक गांव हों। | ಅನೇಕ ಹಳ್ಳಿಗಳುಳ್ಳ ಪ್ರದೇಶ, ಹಳ್ಳಿಗಾಡು | अनेक हळ्ळि-गळुळ्ळ प्रदेश, हळ्ळिगाडु | the country (as distinguished from town), country-side. |
| **देहाती** | वि. | 1. देहात-संबंधी; | ಹಳ್ಳಿಯ; | हळ्ळिय; | rural, pertaining to a village; |
| | | 2. देहात में रहनेवाला; | ಹಳ್ಳಿಗ; | हळ्ळिग; | a villager; |
| | | 3. असभ्य। | ಅನಾಗರಿಕ | अनागरिक | rustic, uncivilized. |
| **देहावसान** | पु. | दे. 'देहांत'। | ನೋಡಿ "देहांत" | नोडि "देहांत" | see 'देहांत'. |
| **दैत्य** | पुं. | 1. कश्यप के वे पुत्र जो दिति नामी स्त्री से पैदा हुए थे, असुर, राक्षस; | ದಿತಿಯಿಂದ ಹುಟ್ಟಿದ ಕಶ್ಯಪ ಋಷಿಯ ಮಕ್ಕಳು, ರಾಕ್ಷಸರು; | दितियिंद हुट्टिद कश्यप ऋषिय मक्कळु, राक्षसरु | sons of 'Diti', a race hostile to the gods, a demon, an evil spirit; |
| | | 2. बहुत बड़े डील-डौल वाला। | ದೈತ್ಯಾಕಾರದ ಮನುಷ್ಯ | दैत्याकारद मनुष्य | giant and very strong person. |
| **दैनंदिन** | वि., क्रि. वि. | 1. प्रतिदिन होनेवाला, नित्य का; | ಪ್ರತಿ ದಿನದ; | प्रति दिनद; | happening daily, continuous ; |
| | | 2. प्रतिदिन, नित्य, लगातार। | ಪ್ರತಿನಿತ್ಯ, ನಿತ್ಯ, ಒಂದೇ ಸಮನೆ | प्रतिनित्य, नित्य, ओंदे समने | day-by-day, continuously, every day. |
| **दैनंदिनी** | वि. स्त्री. | रोजनामचा, डायरी। | ದಿನಚರಿ, ಡೈರಿ | दिनचरि, डैरि | diary. |
| **दैनिक** | वि. | 1. दिन संबंधी, जैसे दैनिक समाचार; | ಪ್ರತಿದಿನದ; | प्रतिदिनद; | daily; |
| | | 2. एक दिन में होने वाला; | ಅಂದಂದಿನ; | अंदंदिन; | diurnal, |
| | | 3. नित्य या बराबर होता रहने वाला। | ಪ್ರತಿದಿನವೂ ನಡೆಯುವ | प्रतिदिनवू नडॆयुव | continuous, continual, constant. |
| **दैनिकी** | स्त्री. | जेब में रखी जानेवाली छोटी पुस्तिका जिसमें रोज के किए जानेवाले काम लिखे जाते हैं। | ಜೇಬು ಡೈರಿ, ಜೇಬು ದಿನಚರಿ ಪುಸ್ತಕ | जेबु डैरि, जेबु दिनचरि पुस्तक | a small pocket-diary which is used for day-to-day work. |
| **दैन्य** | पुं. | 1. दीन होने की अवस्था, दरिद्रता, कातरता; | ಬಡತನ; | बडतन; | poverty, indigence; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. नम्रता, | ನಮ್ರತೆ; | नम्रतं; | humbleness, meekness; |
| | | 3. एक प्रकार का संचारी भाव जिसमें कष्ट, दुख आदि के कारण मनुष्य कातर, दीन और नम्र हो जाता है। | (ಸಾಹಿತ್ಯ) ಸಂಚಾರಿ ಭಾವಗಳಲ್ಲಿ ಒಂದು | (साहित्य) संचारि भावगळल्लि ओंदु | depression, miserable state. |
| दैव | वि.,पु. | 1. देवता-संबंधी; | ದೈವಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ್ದು; | दैवक्कं संबंधिसिद्दु; | divine, relating to gods; |
| | | 2. देवताओं की ओर से होने वाला, दैवगति, भाग्य, प्रारब्ध; | ಪ್ರಾರಬ್ಧ ಕರ್ಮ; | प्रारब्ध कर्म; | fate, destiny, luck, fortune; |
| | | 3. देवता को अर्पित किया हुआ। | ದೈವ ಸಮರ್ಪಿತ | दैव समर्पित | a religious rite or offering, an oblation to gods. |
| दैवयोग | पु. | संयोग, इत्तिफाक। | ದೈವಯೋಗ | दैवयोग | a fortutous combination, accident, contingency, contingenency occurence of any unforeseen event. |
| दैववशात् | क्रि. वि. | दैवयोग से। | ದೈವಯೋಗದಿಂದ | दैवयोगदिंद | providentially, accidently. |
| दैवात् | क्रि. वि. | दैवयोग से, अकस्मात, अचानक। | ದೈವಯೋಗದಿಂದ, ಅಕಸ್ಮಾತ್ತಾಗಿ | दैवयोगदिंद, अकस्मात्तागि | providentially, by chance, fortutously. |
| दैवाधीन | वि. | भाग्य के भरोसे रहनेवाला, भाग्याधीन। | ದೈವಾಧೀನ | दैवाधीन | depending on fate, subject to fate. |
| दैविक | वि. | देवता-संबंधी । | ದೈವ ಸಂಬಂಧವಾದ | दैव संबंधवाद | relating to god, coming from or inspired by gods. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **दैवी** | वि. | 1. देव-संबंधी, ईश्वरीय, आकस्मिक;<br>2. दैव-विवाह की विधि से विवाहित स्त्री। | ದೈವ ಸಂಬಂಧದ, ಆಕಸ್ಮಿಕ;<br>ದೈವೀ ವಿವಾಹದ ರೀತಿಯಿಂದ ವಿವಾಹವಾದ ಸ್ತ್ರೀ | दैव संबंधद, आकस्मिक;<br>दैवी विवाहद रीतियिंद विवाहवाद स्त्री | coming from gods, accidental;<br>a woman married according to the form of marriage called 'daiva'. |
| **दैहिक** | वि. | देह-संबंधी, शारीरिक, देहजनित। | ಶಾರೀರಕ, ಶರೀರದಲ್ಲಿ ಹುಟ್ಟಿದ | शारीरिक, शरीरदल्लि हुट्टिद | belonging to the body, physical, corporeal, somatic. |
| **दो** | वि. | एक और एक, एक से एक अधिक, तीन से एक कम। | ಎರಡು | एरडु | two, more than one, the number two. |
| **दोआब (दोआबा)** | पु. | दो नदियों के बीच का अथवा उनसे घिरा हुआ प्रदेश। | ಎರಡು ನದಿಗಳ ನಡುವಣ ಭೂಮಿ | एरडु नदिगळ नडुवण भूमि | a tract of country lying between two rivers. |
| **दोगला (दोगली-स्त्री)** | पु. | 1. ऐसा जीव जो दो विभिन्न जातियों या नस्लों के माता-पिता के योग से उत्पन्न हुआ हो, वर्णसंकर; | ವರ್ಣ ಸಂಕರ; | वर्ण संकर; | cross-bread, hybrid, |
| | | 2. जो ऐसे व्यक्ति की संतान हो जिससे उसकी माता का विवाह न हुआ हो; | ಧರ್ಮ ಪತ್ನಿಯ ಸಂತಾನವಲ್ಲದ ಸಂತಾನ; | धर्म पत्निय संतानवल्लद संतान; | illegitimate, bastard , |
| | | 3. उक्त आधार पर उत्पन्न होनेवाला ऐसा व्यक्ति जो दोमुंहा, दो तरह की बात करनेवाला हो, अविश्वसनीय। | ಸಂಕರ ಜಾತಿಯ ವ್ಯಕ್ತಿ, ನಂಬಲಾಗದ ವ್ಯಕ್ತಿ | संकर जातिय व्यक्ति, नंबलागद व्यक्ति | a person of mean blood, deceitful person, double-faced. |
| **दो-टूक** | वि. | 1. दो टुकड़ेवाली;<br>2. स्पष्ट, खरा, दुविधा रहित। | ಇಭ್ಭಾಗವಾದ;<br>ಸ್ಪಷ್ಟವಾದ, ಖಡಾಖಂಡಿತವಾದ | इब्भागवाद;<br>स्पष्टवाद, खडाखंडितवाद | two-pieced;<br>clear, categorical, decisive |
| **दो-तरफा** | वि. | दोनों ओर का, दोनों तरफ से संबंध रखनेवाला। | ಎರಡೂ ಕಡೆಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | एरडू कडॆगॆ संबंधिसिद | having two sides, two-sided. |
| **दो-तल्ला** | वि. | जिसमें दो खंड या मंजिल हों, दो-मजंला। | ಎರಡಂತಸ್ತಿನ | एरडंतस्तिन | double-storeyed (house or building). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **दोना** | पुं. | पलास, महुए आदि के पत्ते या पत्तों को सीकों से खोंसकर बनाया जानेवाला कटोरे के आकार का पात्र, दोना। | ದೊನ್ನೆ | दोन्नॆ | leaves folded up in the shape of a cup or bowl. |
| **दोनों** | वि. | दो में से प्रत्येक। | ಎರಡೂ | एरडू | both, both of them. |
| **दोपहर** | पुं. | दिन के ठीक मध्य का समय, मध्याह्न, दिन के बारह बजे और उसके आसपास का समय। | ಮಧ್ಯಾಹ್ನ | मध्याह्न | mid-day, noon. |
| **दोबारा** | क्रि. वि. | एक बार हो चुकने के बाद फिर दूसरी बार, दूसरी दफा, पुनः, फिर। | ಪುನಃ ಎರಡನೆಯ ಸಲ | पुनः, एरडनॆय सल | twice, double, a second time, again. |
| **दोमुहाँ** | वि. | 1. जिसके दो मुख हों,<br>2. जिसके दोनों ओर मुख हों;<br>3. दोहरी चाल चलनेवाला;<br>4. दो मुहां (सांप)। | ಎರಡು ಮುಖದ;<br>ಎರಡೂ ಕಡೆ ಬಾಗಿಲುಳ್ಳ;<br>ವಂಚನೆಯ;<br>ಎರಡು ನಾಲಿಗೆ (ಹಾವು) | एरडु मुखद;<br>एरडू कडॆ बायुळ्ळ;<br>वंचनॆय;<br>एरडु नालिगॆ (हावु) | having two mouths;<br>two-faced, double mouthed;<br>a deceitful person;<br>a kind of serpant with two mouths. |
| **दोला** | स्त्री. | 1. डोली, पालकी;<br>2. झूला, हिंडोला;<br>3. ऐसी अवस्था जिसमें मनुष्य की स्थिति कभी एक ओर कभी दूसरी ओर होती है। | ಡೋಲಿ, ಪಲ್ಲಕ್ಕಿ;<br>ಉಯ್ಯಾಲೆ;<br>ನಿಶ್ಚಿತವಿಲ್ಲದ ಮನಸ್ಸಿನ ವ್ಯಕ್ತಿ, ತೂಗಾಡುವ ಮನಸ್ಸಿನವ | डोलि, पल्लक्कि;<br>उय्यालॆ;<br>निश्चितविल्लद मनस्सिन व्यक्ति, तूगाडुव मनस्सिनव | a palanquin,<br>a swing;<br>fluctuation, doubt, uncertainty. |
| **दोलायमान** | वि. | 1. झूलता हुआ, हिलता-डुलता हुआ;<br>2. अस्थिर, ढुलमुल। | ತೂಗಾಡುತ್ತಿರುವ;<br>ಅಸ್ಥಿರ ಬುದ್ಧಿಯ, ಅಸ್ಥಿರ | तूगाडुत्तिरुव;<br>अस्थिर बुद्धिय, अस्थिर | swinging, oscillating, rocking;<br>wavering, vascillating, fickle. |
| **दोष** | पुं. | 1. किसी चीज या बात में कोई ऐसी खराबी या बुराई जिसमें उसकी महता आदि में कमी होती हो, त्रुटि; | ದೋಷ | दोष, त्रुटि; | defect; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. कसूर, अवगुण;<br>3. जुर्म, पाप, अपराध;<br>4. आरोप, निन्दनीय; कमजोरी, भूल; | ತಪ್ಪು, ಅವಗುಣ;<br>ಪಾಪ,ಅಪರಾಧ;<br>ನಿಂದೆ, ಆರೋಪ; | तप्पु, अवगुण;<br>पाप, अपराध;<br>निंदे, आरोप; | fault, demerit;<br>crime, sin, guilt;<br>blame, blemish, weak-point,error; |
| | | 5. रचना कौशल में कमी। | (ಕಾವ್ಯ ಮುಂತಾದ್ದರ) ರಚನಾ ದೋಷ; | (काव्य मुंताद्दर) रचना दोष; | (in Rhet.) fault or defect of composition, poetic flaw; |
| | | 6. त्रिदोष (वात, पित्त, कफ)। | ತ್ರಿದೋಷ (ವಾತ,ಪಿತ್ತ,ಕಫ) | त्रिदोष (वात, पित्त, कफ) | disordor of three humours of the body. |
| **दोषारोपण** | पु. | दोष लगाना, यह कहना कि इसमें अमुक दोष है या इसने अमुक दोष किया है। | ತಪ್ಪು ಹೊರಿಸುವಿಕೆ, ದೋಷಾರೋಪಣೆ | तप्पु हॊरिसुविकॆ, दोषारोपणॆ | accusation, charge. |
| **दोषी** | वि. पु. | 1. जिस पर दोष लगा हो; | ತಪ್ಪಿತಸ್ಥ; | तप्पितस्थ; | faulty, defective, one who is at fault; |
| | | 2. दुष्ट; | ದುಷ್ಟ; | दुष्ट; | wicked; |
| | | 3. पापी;<br>4. जिसने कोई अपराध किया हो। | ಪಾಪಿ;<br>ಅಪರಾಧಿ | पापि;<br>अपराधि | sinner;<br>guilty person. |
| **दोस्त** | पु. | प्रायः समान अवस्था का तथा संग रहनेवाला वह व्यक्ति जिससे किसी का स्नेहपूर्ण संबंध हो, मित्र। | ಸ್ನೇಹಿತ, ಮಿತ್ರ | स्नेहित, मित्र | friend. |
| **दोस्ताना** | पु. वि. | 1. दोस्ती, मित्रता; | ಸ್ನೇಹ; | स्नेह; | friendship, friendliness; |
| | | 2. मित्रता का आचरण या व्यवहार। | ಸ್ನೇಹಪೂರ್ಣ ವ್ಯವಹಾರ | स्नेहपूर्ण व्यवहार | friendly, worthy of a friend. |
| **दोस्ती** | स्त्री. | मित्रहोने की अवस्था या भाव। | ಸ್ನೇಹ | स्नेह | friendship, amity. |
| **दोहद** | स्त्री. | 1. गर्भवती स्त्री के मन में उत्पन्न होने वाली अनेक तरह की इच्छाएं | ಗರ್ಭಿಣಿಯ ಬಯಕೆ; | गर्भिणिय बयकॆ | longings of a pregnant woman; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. वह काम, चीज या बात जिसकी इस अवस्था और रूप में कामना होती है; | ಬಯಸಿದ ವಸ್ತು; | बयसिद वस्तु; | the desired object itself; |
| | | 3. गर्भवती को होने वाली मिचली या कोई शारीरिक विकार; | ಗರ್ಭಿಣಿಯರಿ-<br>ಗಾಗುವ ವಮನ<br>ಮುಂತಾದವು; | गर्भिणिय-<br>रिगागुव वमन<br>मुंतादवु; | nuaseating feeling during pregnancy; |
| | | 4. गर्भवती होने के लक्षण। | ಗರ್ಭವತಿಯ<br>ಲಕ್ಷಣಗಳು | गर्भवतिय<br>लक्षणगळु | other such symptoms. |
| **दोहन** | पु. | गाए, भैंस आदि के स्तनों से दूध निकालने की क्रिया या भाव। | ಹಾಲು ಕರೆಯುವಿಕೆ | हालु बरेयुविके | milking. |
| **दोहा** | पु. | 1. चार चरणों वाला छंद जिसके पहले और तीसरे चरणों में 13-13 मात्राएं और दूसरे चौथे चरणों में में 11-11 मात्राएं होती हैं; | ಒಂದನೆಯ ಮೂರ-<br>ನೆಯ ಚರಣಗಳಲ್ಲಿ<br>13-13 ಮಾತ್ರೆಗಳು<br>ಮತ್ತು ಎರಡನೆಯ<br>ನಾಲ್ಕನೆಯ ಚರಣ<br>ಗಳಲ್ಲಿ 11-11<br>ಮಾತ್ರೆಗಳ ಒಂದು<br>ಛಂದ; | आंदनंय मूरनंय<br>चरणगळल्लि<br>13-13 मात्रेगळु<br>मत्तु एरडुनंय,<br>नाल्कनैय<br>चरणगळल्लि<br>11-11 मात्रेगळ<br>आंदु छंद; | poetic form of Hindi metre couplet, the verses of which rhyme, each verse consists of 24 matras which are distributed into 13 and 11 respectively; |
| | | 2. संगीत में, संकीर्ण राग का एक भेद। | ಸಂಗೀತದಲ್ಲಿ<br>ಸಂಕೀರ್ಣ ರಾಗದ<br>ಒಂದು ಭೇದ | संगीतदाल्ल<br>संकीर्ण रागद<br>आंदु भेद | in music, a kind of distinction in a small raga. |
| **दौड़** | स्त्री. | 1. दौड़ने की क्रिया या भाव; | ಓಟ; | ओट; | running, run; |
| | | 2. ऐसी प्रतियोगिता जिसमें वेग से आगे बढ़ा जाए; | ಓಟದ ಪಂದ್ಯ; | ओटद पंद्य; | race; |
| | | 3. सिपाहियों का किसी को पकड़ने अथवा तलाशी लेने के लिए किसी के घर पर वेग से पहुंचना; | ಪೇಗವಾಗಿ ಓಡಿ<br>ಹೋಗಿ ಆಕ್ರಮಿಸು-<br>ವಿಕೆ, ದಾಳಿ,<br>ಆಕ್ರಮಣ; | वेगवागि<br>ओडि होगि<br>आक्रमिसुविके,<br>दाळि, आक्रमण; | attack, raid, invasion; |
| | | 4. किसी क्षेत्र में बहुत से लोगों का एक दूसरे से आगे बढ़ने के लिए किया जानेवाला प्रयत्न। | ಸ್ಪರ್ಧೆ | स्पर्धे | competition, striving. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **दौड़धूप** | स्त्री. | ऐसा प्रयत्न जिसमें अनेक स्थानों पर बार-बार आना-जाना तथा अनेक आदमियों से मिलना और उनसे अनुनय करना पड़े। | ಕೆಲಸಕ್ಕಾಗಿ ಓಡಾಟ ಪ್ರಯತ್ನ | कॆलसक्कागि ओडाट प्रयत्न | running to and fro, running about, exertion, endeavour, all out effort, much effort. |
| **दौड़ना** | वि. | 1. अति वेग से चलना, ऐसी तेज चाल से चलना कि पांव पृथ्वी पर पूरा न पड़े; | ಓಡುವುದು; | ओडुवुदु | to run, to run about, to make efforts, endeavour, to rush, to advance quickly; |
| | | 2. काम के लिए बार-बार इधर-उधर आना-जाना। | ಕೆಲಸಕ್ಕಾಗಿ ಮತ್ತೆ-ಮತ್ತೆ ಅಲ್ಲಿಇಲ್ಲಿ ಓಡಾಡುವುದು | कॆलसक्कागि मत्तॆ-मत्तॆ अल्लि-इल्लि ओडाडुवुदु | to speed through quickly, to travel fast, to compete in race, to participate in a race. |
| **दौड़ाना** | स. क्रि. | 1. किसी को दौड़ने में प्रवृत्त करना; | ಓಡಿಸು | ओडिसु | to cause to run, to send after or in pursuit; |
| | | 2. फेरना (जैसे दीवाल पर कूची दौड़ाना)। | ಬ್ರಷ್ ಓಡಾಡಿಸುವುದು | ब्रष् ओडाडिसुवुदु | to run a brush e.g. in white-washing. |
| **दौत्य** | वि. पुं. | दूत संबंधी, दूत का काम, पद या भाव, दूतत्व। | ರಾಜದೂತರ ಕಾರ್ಯ ಅಥವಾ ದೌತ್ಯಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | राजदूतर कार्य अथवा दौत्यक्कॆ संबंधिसिद | the function, post or state of an ambassadorship, embassy, pertaining to an ambassador or messenger. |
| **दौर** | पुं. | 1. चक्कर, फेरा; | ಚಕ್ರಾಕಾರವಾಗಿ ಸುತ್ತುವಿಕೆ; | चक्राकारवागि सुत्तुविकॆ; | going round, moving in a circle; circular motion, |
| | | 2. वह क्रम, व्यवस्था अथवा समय जिसमें उपस्थित व्यक्ति कोई काम एक बार बारी-बारी से संपादित करे जैसे शराब का पहला दौर; | ಮದ್ಯಪಾನ ಗೋಷ್ಠಿ ಯಲ್ಲಿ ಮದ್ಯಪಾತ್ರೆಯನ್ನು ಪುನಃ ಪುನಃ ಸುತ್ತಿಸುವಿಕೆ; | मद्यपान गोष्ठियल्लि मद्यपात्रॆयन्नु पुनः पुनः सुत्तिसुविकॆ; | the going round or circulating of wine etc. |
| | | 3. सौभाग्य और दुर्भाग्य के दिनों का चलता रहनेवाला चक्र; | ಭಾಗ್ಯಚಕ್ರ; | भाग्य चक्र; | cycle of destiny or fate; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **4. प्रताप और वैभव अथवा उसके फलस्वरूप चारों ओर फैलने वाला आतंक।** | ಐಶ್ವರ್ಯ ಅಧಿಕಾರಗಳಿಂದಾದ ದರ್ಪದ ಆಳ್ವಿಕೆ | ऐश्वर्य अधिकार-गळिंदाद दर्पद आळ्विके | authority, circuit of rule, phase, stage. |
| **दौर-दौरा** | पु. | **किसी की ऐसी प्रधानता या प्रबलता जिसके सामने और बातें या लोग दबे रहते हैं।** | ಪ್ರಾಬಲ್ಯ | प्राबल्य | dominance, sway. |
| **दौरा** | पु. | **1. चारों ओर घूमने की क्रिया, भ्रमण;** | ನಾಕೂಕಡೆ ಸುತ್ತುವಿಕೆ, ಭ್ರಮಣ; | नाकू कडे सुत्तुविके, भ्रमण; | going round, a revolution, a turn; |
| | | **2. बराबर चारों ओर घूमते-फिरते रहने की अवस्था या दशा;** | ಪ್ರವಾಸ; | प्रवास; | tour; |
| | | **3. ऐसा आना-जाना जो समय समय पर बराबर होता रहता हो, सामयिक आगमन (बीमारी आदि का)।** | ಆಗಿಂದಾಗ್ಗೆ ರೋಗಗಳು ಕಾಣಿಸಿಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ | आगिंदाग्गे रोगगळु काणिसिकोळ्ळुविके | fit, attack of a disease. |
| **दौरान** | पु. | **1. दौर, चक्र;** | ಸುತ್ತುವಿಕೆ; | सुत्तुविके; | going round, revolving, whirling; |
| | | **2. उतना समय जितने में कोई काम बराबर चलता या होता रहता हो, काल का चक्र, दिनों का फेर।** | ಮಧ್ಯಾವಧಿ, ಕಾಲಚಕ್ರ, ದಿನಗಳ ಬದಲಾವಣೆ | मध्यावधि, कालचक्र, दिनगळ बदलावणे | intervening period, fortune, cycle, a period. |
| **दौलत** | स्त्री. | **1. वे अधिकृत सभी वस्तुएं जिनका आर्थिक मूल्य हो, धन और संपत्ति;** | ಆಸ್ತಿ-ಐಶ್ವರ್ಯ; | आस्ति-ऐश्वर्य; | wealth, riches, opulence; |
| | | **2. उक्त प्रकार की वे बहुत सी वस्तुएं जिनके अधिकार में होने या न होने पर कोई धनी या निर्धन कहलाता है;** | ಆಸ್ತಿವಂತಿಕೆ; | आस्तिवंतिके; | good fortune, prosperity, happy state of conditions, happiness; |
| | | **3. लाक्षणिक अर्थ में कोई अमूल्य तथा महत्वपूर्ण चीज, जैसे लेखनी ही उनकी दौलत है।** | ಬಹುಮೂಲ್ಯ ವಸ್ತು | बहुमूल्य वस्तु | an invaluable thing such as a talent (which is his wealth). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| दौलतमंद | वि. | अमीर, धनवान, मालदार। | ಹಣವಂತ, ಧನಿಕ | हणवंत, धनिक | wealthy, opulent, rich, fortunate, prosperous, happy. |
| दौहित्र | पु. | 1. लड़की का लड़का, दोहता, नाती;<br>2. तलवार;<br>3. तिल;<br>4. भूरी गाए का घी। | ಮಗಳ ಮಗ;<br>ಕತ್ತಿ;<br>ಎಳ್ಳು;<br>ಕಂದು ಹಸುವಿನ ತುಪ್ಪ | मगळ मग;<br>कत्ति;<br>एळ्ळु;<br>कंदु हसुविन तुप्प | daughter' son, grandson;<br>sword.<br>sesamum seed.<br>ghee from a brownish cow. |
| द्युति | स्त्री. | 1. प्रकाशमान होने की अवस्था, गुण या भाव, चमक;<br>2. शारीरिक सौंदर्य, लावण्य, छवि;<br>3. किरण। | ಕಾಂತಿ;<br>ಶರೀರ ಸೌಂದರ್ಯ;<br>ಪ್ರಕಾಶ ಕಿರಣ | कांति;<br>शरीर सौंदर्य;<br>प्रकाश किरण | light, brightness, majesty, dignity,<br>splendour, radiance, beauty, lustre;<br>rays of light. |
| द्युतिमान | वि. | जिसमें चमक या आभा हो, प्रकाशवाला। | ಕಾಂತಿಯುಕ್ತ, ಹೊಳೆಯುವ | कांतियुक्त, होळेयुव | bright, brilliant, splendid, lustrous. |
| द्योतक | वि. | प्रकाश करनेवाला, प्रकट करनेवाला, सूचक,। | ಪ್ರಕಾಶ ಬೀರುವ ಬೆಳಕಿಗೆ ತರುವ, ಸೂಚಿಸುವ | प्रकाश बीरुव, बेळकिगे तरुव, सूचिसुव | illuminating, bringing into light, making clear, significant. |
| द्रव | वि.पुं. | 1. पतला, तरल;<br>2. आर्द्र, गीला, तर। | ತರಳ, ದ್ರವ ರೂಪದ, ದ್ರವ;<br>ಒದ್ದೆ | तरळ, द्रवरूपद, द्रव;<br>ओद्दे | fluid, liquid, liquid substance,<br>wet. |
| द्रवित | वि. | 1. द्रव या तरल रूप में आया या लाया हुआ;।<br>2. दया से विह्वल। | ದ್ರವರೂಪಕ್ಕೆ ತಂದ;<br>ಕರುಣೆಯಿಂದ ಕರಗಿದ | द्रवरूपक्के तंद;<br>करुणेयिंद करगिद | melted, liquafied;<br>moved (by emotion) |
| द्रवीभूत | वि. | दे. 'द्रवित'। | ನೋಡಿ "द्रवित" | नोडि "द्रवित" | same as 'द्रवित'. |
| द्रव्य | पु. | 1. पदार्थ, वस्तु;<br>2. वह वस्तु जो गुण, क्रिया अथवा केवल गुण का आश्रय हो (वैशेषिक दर्शन); | ಪದಾರ್ಥ, ವಸ್ತು;<br>ವೈಶೇಷಿಕ ದರ್ಶನ ರೀತ್ಯಾ ಗುಣ, ಕ್ರಿಯೆ ಅಥವಾ ಕೇವಲ ಗುಣವನ್ನು ಆಶ್ರಯಿಸಿದ ವಸ್ತು; | पदार्थ, वस्तु;<br>वैशेषिक दर्शन रीत्या गुण, क्रिये अथवा केवल गुणवन्नु आश्रयिसिद वस्तु; | thing, material;<br>substratum of properties, matter; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. वह मूल वस्तु जिससे दूसरी वस्तुएं तैयार की जाती हैं, उपादान; | ಕಚ್ಚಾ ಮಾಲು; | कच्चा मालु; | elementary substance, any material to work upon; |
| | | 4. धन-दौलत; | ಐಶ್ವರ್ಯ; | ऐश्वर्य; | any possession, wealth, goods, property, money; |
| | | 5. पीतल; | ಹಿತ್ತಾಳೆ; | हित्ताळॆ; | brass, metal, bell-metal; |
| | | 6. जड़ीबूटी, औषधि; | ವನಸ್ಪತಿ, ಗಿಡ ಮೂಲಿಕೆಗಳು; | वनस्पति, गिड मूलिकॆगळु; | medicinal substance or drug; |
| | | 7. मद्य, शराब; | ಮದ್ಯ; | मद्य; | spirituous liquor; |
| | | 8. गोंद, लेप, लाख। | ಗೋಂದು, ಅರಗು | गोंदु, अरगु | gum, ointment, lac. |
| द्रष्टव्य | वि. | 1. दिखाई पड़नेवाला, दृष्टिगोचर; | ಕಾಣಬರುವ; | काणबरुव; | visible, perceptible; |
| | | 2. देखने में बहुत अच्छा लगने वाला, दर्शनीय, नयनाभिराम; | ನೋಡಲರ್ಹವಾದ; ಸುಂದರವಾದ; | नोडलर्हवाद, सुंदरवाद; | pleasing to sight, lovely, beautiful; |
| | | 3. जानने अथवा निरीक्षण करने योग्य; | ತಿಳಿಯಲು ಯೋಗ್ಯವಾದ | तिळियलु योग्यवाद; | to be seen, investigated, examined; |
| | | 4. जो निश्चित और प्रत्यक्ष रूप से किया जाने वाला हो। | ಪ್ರತ್ಯಕ್ಷವಾಗಿ ಮಾಡಲ್ಪಡುವ | प्रत्यक्षवागि-माडल्पडुव | to be performed as a duty. |
| द्रष्टा | वि.पु. | 1. देखने वाला, सामना, साक्षी: | ಪ್ರೇಕ್ಷಕ, ಸಾಕ್ಷಿ; | प्रेक्षक, साक्षि; | one who sees spectator, witness; |
| | | 2. सांख्य के अनुसार पुरुष और योग के अनुसार आत्मा जिसे दार्शनिक लोग सांसारिक कार्यों को केवल देखने वाला मानते हैं। | ಸಾಂಖ್ಯಾನುಸಾರ ಪುರುಷ ಹಾಗೂ ಯೋಗಾನುಸಾರ ಆತ್ಮ ಪ್ರತ್ಯಕ್ಷ ಸಾಕ್ಷಿ | सांख्यानुार पुरुष हागू योगानुसार आत्म प्रत्यक्ष साक्षि | according to Sankhya to be the Purusha or according to Yoga the atman who sees the whole world as an observer, sage. |
| द्राक्षा | स्त्री. | अंगूर, दाख, मुनक्का। | ಒಣದ್ರಾಕ್ಷಿ ಹಣ್ಣು | ओणद्राक्षि हण्णु | grape, vine, the dry fruit (grape). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **द्रावक** | वि. | 1. तरल बनाने वाला, द्रवीभूत करने वाला; | ತರಳವಾಗುವಂತೆ ಮಾಡುವ; | तरळवागुवंतं माडुव; | liquafying, melting; |
| | | 2. गलाने, पिघलाने वाला; | ಕರಗಿಸುವ; | करगिसुव; | flux used to assist the fusion of metals; |
| | | 3. करुणाभाव उत्पन्न करने वाला; | ಕರುಣಾಜನಕ; | करुणाजनक; | moving, touching (by emotion); |
| | | 4. चतुर, चालाक; | ಚತುರ; | चतुर; | sharp or clever man; |
| | | 5. मोम; | ಮೇಣ; | मेण; | wax, |
| | | 6. चंद्रकांतमणि। | ಚಂದ್ರಕಾಂತ ಮಣಿ | चंद्रकांत मणि | moonstone. |
| **द्रुत** | वि.पु. | 1. भागा हुआ, तीव्रगति वाला; | ತೀವ್ರಗತಿಯುಳ್ಳ, ವೇಗವುಳ್ಳ; | तीव्रगतियुळ्ळ, वेगवुळ्ळ; | quick, swift, speedy; |
| | | 2. पिघला हुआ, द्रवीभूत; | ಕರಗಿದ; | करगिद; | dissolved, melted, liquid; |
| | | 3. ताल की एक मात्रा का आधा। | ಅರ್ಧ ಮಾತ್ರೆಯ ತಾಳ | अर्धमात्रंय ताळ | a raga when the speed is doubled in fast tempo. |
| | क्रि. वि. | जल्दी, शीघ्र | ಶೀಘ್ರವಾಗಿ, ಬೇಗನೆ | शीघ्रवागि, बेगनं | quickly, swiftly. |
| **द्रुतगामी** | वि. | जल्दी या तेज चलने वाला, शीघ्रगामी। | ಶೀಘ್ರಗಾಮಿ, ವೇಗದ ನಡೆಯ | शीघ्रगामि, वेगद नडेय | fast moving, quick, light-footed. |
| **द्रुम** | पु. | वृक्ष, पेड़। | ಮರ | मर | tree. |
| **द्रोह** | पु. | 1. मन की वह वृत्ति जिसके कारण मनुष्य किसी से दुःखी होकर उसका अहित करते हुए उससे बदला लेना चाहता है; | ತೊಂದರೆಯುಂಟು-ಮಾಡಿ ತೀರಿಸಿ ಕೊಳ್ಳುವ ಸೇಡು; | तोंदरेयुंटुमाडि तीरिसि कोळ्ळुव सेडु; | malice, mischief, hostile action; |
| | | 2. द्वेषवश षड्यंत्र रचकर हानि पहुंचाने की क्रिया या भाव। | ಎರಡು ಬಗೆಯು-ವಿಕೆ, ದ್ರೋಹ, ಮೋಸ | एरडु बगेयुविकं, द्रोह, मोस | treachery, disloyalty, rebellion. |
| **द्रोही** | वि.पु. | द्रोह करने वाला, किसी के विरुद्ध षड्यंत्र रचनेवाला विश्वासघाती। | ದ್ರೋಹಿ, ಮೋಸಗಾರ | द्रोहि, मोसगार | hostile, disloyal, treacherous, perfidious. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| द्वंद्व | पु. | 1. जोड़ा, युगुल; | ಜೋಡಿ; | जोडि; | pair, couple: |
| | | 2. दो व्यक्तियों का परस्पर युद्ध; | ದ್ವಂದ್ವಯುದ್ಧ; | द्वंद्व युद्ध; | duel; |
| | | 3. ऐसे दो गुण, पदार्थ या स्थितियां जो परस्पर विरोधी हों जैसे–ताप और शीत; | ಪರಸ್ಪರ ವಿರೋಧೀ ವಿಚಾರಗಳು; | परस्पर विरोधी विचारगळु; | pair of conflicting powers, thoughts tendencies: |
| | | 4. संघर्ष; | ಸಂಘರ್ಷ, ಘರ್ಷಣೆ; | संघर्ष घर्षणं; | struggle, strife; |
| | | 5. उत्पात, उपद्रव, झगड़ा। | ಜಗಳ | जगळ | uproar, nuisance, disturbance. |
| द्वंद्व-युद्ध | पु. | 1.वह युद्ध जो दो दलों, व्यक्तियों आदि में हो और जिसमें कोई अन्य सम्मिलित न हो। | ದ್ವಂದ್ವ-ಯುದ್ಧ | द्वंद्व-युद्ध | duel, single combat. |
| द्वादश | वि. | जो संख्या में दस और दो हो, बारह का सूचक अंक या संख्या, जो इस प्रकार लिखी जाती हो–12 । | ಹನ್ನೆರಡು | हन्नेरडु | twelve, the number twelve. |
| द्वादशी | स्त्री. | चांद्रमास के किसी पक्ष की बारहवीं तिथि। | ದ್ವಾದಶಿ ತಿಥಿ | द्वादशि तिथि | the twelfth day of a lunar fortnight. |
| द्वार | पु. | 1. मकान, कमरे आदि की दीवार में बनाया हुआ भीतर-बाहर आने-जाने का विशेष प्रकार का छिद्र, दरवाजा; | ಬಾಗಿಲು; | बागिलु; | door, gate, passage. entrance; |
| | | 2. वह मार्ग जिसके द्वारा इंद्रियां अपने विषयों को ग्रहण करती हैं। | ನವದ್ವಾರ,ದ್ವಾರ | नवद्वार ,द्वार | an aperture of the human body. opening. |
| द्वारचार | पु. | दे. 'द्वारपूजा'। | ನೋಡಿ "द्वारपूजा" | नोडि "द्वारपूजा" | see 'द्वारपूजा'। |
| द्वारपाल | पु. | वह पुरुष जो दरवाजे पर पहरा देने के लिए नियुक्त हो, द्वारपाल, इयोढ़ीदार, दरबान। | ದ್ವಾರಪಾಲಕ | द्वारपालक | porter, gate—keeper. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| द्वारपूजा | स्त्री. | द्वार पर की जानेवाली पूजा जो विवाह के समय कन्या के घर पर होती है। | ವಧುವಿನ ಮನೆ ಬಾಗಿಲಲ್ಲಿ ಮದುವೆಯ ಸಮಯದಲ್ಲಿ ಆಗುವ ದ್ವಾರ ಪೂಜೆ | वधुविन मनें बागिलल्लि मदुवॅय समयदल्लि आगुव द्वार पूजॅ | one of the ceremonies held at the bride's door during the marriage. |
| द्वारा | पु. | 1. किसी माध्यम के आधार पर, जरिये; | ಮೂಲಕ, ಮುಖಾಂತರ; | मूलक, मुखांतर; | by means (of), through the medium (of); |
| | | 2. द्वार, दरवाजा। | ಬಾಗಿಲು | बागिलु | door, gate. |
| द्विकर्मक | वि. | दो कर्मों वाला, व्यारकण में क्रिया जो अकर्मक और सकर्मक दोनों रूप में चलती हो, जैसे खुजलाना। | (ವ್ಯಾಕರಣ) ಅಕರ್ಮಕ ಸಕರ್ಮಕ ಎರಡರಲ್ಲೂ ಪ್ರಯೋಗಿಸಲ್ಪಡುವ (ಕ್ರಿಯೆ) | (व्याकरण) अकर्मक सकर्मक ऍरडरल्लू प्रयोगिसल्पडुव (क्रियॅ) | having two objects or accusatives (in grammar verb). |
| द्विज | पु. | 1. ब्रह्मण; | ಬ್ರಾಹ್ಮಣ; | ब्राह्मण; | Brahmana; |
| | | 2. हिन्दुओं में ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य वर्ण का कोई पुरुष; | ಬ್ರಾಹ್ಮಣ,ಕ್ಷತ್ರಿಯ, ವೈಶ್ಯ ವರ್ಣಗಳಲ್ಲಿ ಹುಟ್ಟಿದ ಗಂಡು; | ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य वर्णगळल्लि हुट्टिद गंडु; | man of any of the first three castes of the Hindus; |
| | | 3. अंडे से पैदा होने वाला कोई जीव, जन्तु (जैसे पक्षी, सांप आदि)। | ಪಕ್ಷಿ ಆದಿಗಳ ಮೊಟ್ಟೆಯಿಂದಾದ ಜೀವ ಜಂತು | पक्षि आदिगळ मॉट्टॅयिंदाद जीवजंतु | any oviparous animal (as bird, snake, etc.); |
| | वि. | जो दो बार पैदा हुआ हो। | ಎರಡು ಜನ್ಮಗಳುಳ್ಳ | ऍरडु जन्मगळुळ्ळ | twice born. |
| द्वितीय | वि. | गिनती में दूसरा। | ಎರಡನೆಯ | ऍरडनॅय | second. |
| द्वितीया | स्त्री. | चंद्रमास की दूसरी तिथि। | ಬಿದಿಗೆ ತಿಥಿ | बिदिगॅ तिथि | the second day of a lunar fortnight. |
| द्वित्व | पु. | दो अथवा दोहरा होने का भाव | ದ್ವಿತ್ವ | द्वित्व | reduplication. |
| द्विपक्षी | वि. | 1. सौर मास के दो पक्षों में होने वाला; | ಸೌರ ಮಾಸದ ಎರಡೂ ಪಕ್ಷಗಳಲ್ಲಾಗುವ; | सौर मासद ऍरडू पक्षगळल्लागुव; | happening in a solar month; |
| | | 2. दो दलों या पक्षों से संबंध रखने वाला। | ಎರಡೂ ಪಕ್ಷ-ಗಳಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | ऍरडू पक्षगळिगॅ संबंधिसिद | bilateral, bipartite. |
| द्विरागमन | पु. | 1. दूसरी बार आना, पुनरागमन; | ಪುನರಾಗಮನ; | पुनरागमन; | return, coming again; |
| | | 2. देखें 'गौना'। | ನೋಡಿ "गौना" | नोडि "गौना" | same as "गौना". |
| द्विविध | वि. | दो प्रकार का, दो तरह का। | ಎರಡು ಬಗೆಯ | ऍरडु बगॅय | of two sorts, of two kinds. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **द्विविधा** | स्त्री. | दुबधा, असमंजस। | ಅಸಮಂಜಸ | असमंजस | dilemma, suspense, uncertainty. |
| **द्वीप** | पु. | 1. चारों ओर समुद्र से घिरा हुआ भू-भाग, जल के बीच का स्थल, टापू। | ದ್ವೀಪ | द्वीप | island, isle. |
| **द्वेष** | पु. | चित्त का वह भाव जो अप्रिय वस्तु या व्यक्ति का नाश करने की प्रेरणा करता है, वैमनस्य, शत्रुता, वैर। | ದ್ವೇಷ, ಹಗೆತನ | द्वेष, हगेतन | malice, spite, malignity, hostility, hatred, malevolence. |
| **द्वेषी** | वि. | द्वेष करने या रखने वाला। | ದ್ವೇಷಿ | द्वेषि | malicious, hostile. |
| | पु. | वैरी, शत्रु। | ಶತ್ರು | शत्रु | foe, enemy |
| **द्वैत** | पु. | 1. दो होने का भाव; | ದ್ವೈತ; | द्वैत; | duality, duplicity, dualising ; |
| | | 2. किसी को अन्य समझने का भाव; | ಭೇದಭಾವ; | भेद भाव; | discrimination, |
| | | 3. जोड़ा, युग्म; | ಜೋಡಿ; | जोडि; | pair, couple; |
| | | 4. असमंजस, अज्ञान। | ಅಸಮಂಜಸ | असमंजस | dualism, assertion of the two principles (as of life and soul, spirit and matter), god and the universe. |
| **द्वैतवाद** | पुं. | वह दार्शनिक सिद्धांत जिसमें जीव और आत्मा में भेद माना जाता है। | ಜೀವಾತ್ಮ ಭೇದವನ್ನು ಹೇಳುವ ದ್ವೈತ ದರ್ಶನ | जीवात्म भेदवन्नु हेळुव द्वैत दर्शन | doctrine of dualism. |
| **द्वयर्थक** | वि. | विकल्प से, जिसमें से दो या दो प्रकार के अर्थ निकलते हैं। | ಎರಡರ್ಥವುಳ್ಳ | एरडर्थवुळ्ळ | having two answers o interpretations. |
| **धंधा** | पु. | 1. वह उद्योग या कार्य जो जीविका-निर्वाह के लिए किया जाए; | ಜೀವನೋಪಾಯ; | जीवनोपाय; | occupation, vocation; |
| | | 2. व्यवसाय, व्यापार; | ವ್ಯಾಪಾರ, ವ್ಯವಸಾಯ; | व्यापार, व्यवसाय; | business, trade; |
| | | 3. कोई भी काम। | ಕೆಲಸ | कॆलस | work in general. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| धँसना (धसना) | अ. क्रि. | 1. किसी भारी चीज का दवाव पाकर भीतर घुसना या नीचे की ओर जाना; | ಹೂತುಹೋಗು; | हूतुहोगु; | to sink (into); |
| | | 2. कड़ी तथा नुकीली वस्तु का किसी तल में प्रविष्ट होना, गड़ना, चुभना; | ಚುಚ್ಚು; | चुच्चु; | to be pierced, to be stuck (into); |
| | | 3. किसी चीज का वेगपूर्वक किसी दूसरी चीज में प्रविष्ट होना, घुसना। | ಒಳಹೋಗು | ऑळहोगु | to enter into, to run into, to penetrate into, to thrust into. |
| धँसान | स्त्री. | 1. दलदल; | ಕೆಸರು; | कॆसरु; | quagmire, boggy land; |
| | | 2. धँसने की क्रिया, ढंग या भाव। | ಕೆಸರಿನಲ್ಲಿ ಹೂತು ಹೋಗುವಿಕೆ | कॆसरिनल्लि हूतु होगुविकॆ | act or state of sinking. |
| धँसाना | स. | 1. किसी चीज को धँसने में प्रवृत्त करना; | ಒಳ ಹೋಗುವಂತೆ ಮಾಡು; | ऑळ होगुवंतॆ माडु; | to cause to sink (into); |
| | | 2. चुभाना, गड़ाना; | ಇರಿ, ತಿವಿ; | इरि, तिवि; | to pierce, to stick (into); |
| | | 3. बलपूर्वक अन्दर प्रविष्ट करना या कराना। | ಬಲಪ್ರಯೋಗದಿಂದ ಒಳಹೋಗಿಸು | बल प्रयोगदिंद ऑळहोगिसु | to thrust (into), to cause to enter (into). |
| धँसाव | पु. | दे. 'धँसान' | ನೋಡಿ "धँसान" | नोडि "धँसान" | see as 'धँसान'। |
| धक | स्त्री. | भय आदि के कारण कलेजे के सहसा धड़कने से होनेवाला परिणाम। | ಎದೆ ಡವಡವ ಎಂದು ಹೊಡೆಯುವಿಕೆ | ऍदॆ डवडव ऍंदु हॊडॆयुविकॆ | palpitation. |
| धकधकाना | अ. क्रि. | 1. भय, उद्वेग आदि के कारण हृदय का धक-धक करना, धड़कना; | ಎದೆ ಡವಡವ ಎಂದು ಹೊಡೆ; | ऍदॆ डवडव ऍंदु हॊडॆ; | to beat, to throb, to palpitate; |
| | | 2. आग का दहकना या भभकना। | ಜ್ವಲಿಸು | ज्वलिसु | to blaze up, to burn brightly. |
| धकधकाहट | स्त्री. | दे. 'धकधकी'। | ನೋಡಿ "धकधकी" | नोडि "धकधकी" | see 'धकधकी'. |
| धकधकी | स्त्री. | कलेजे की धक-धक करने की अवस्था, क्रिया या भाव, हृदय की धड़कन। | ಎದೆಯು ಡವಡವ | ऍदॆयु डवडव | throbbing, palpitation. |
| धकेलना | स. क्रि. | धक्का देना, ढकेलना, आगे बढ़ाना। | ಮುಂದಕ್ಕೆ ನೂಕು, ತಳ್ಳು | मुंदक्कॆ नूकु, तळ्ळु | to shove, to push, to jostle. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| धक्कम-धक्का | पु. | 1. बार-बार बहुत से आदमियों के परस्पर धक्का देने की क्रिया या भाव; | ನೂಕು-ನುಗ್ಗಲು; | नूकु-नुग्गलु; | shoving and pushing, jostling; |
| | | 2. धक्केवाली भीड़, रेलपेल। | ನೂಕು-ನುಗ್ಗುವ ಜನಸಂದಣಿ | नूकु-नुग्गुव जनसंदणि | rush, throng, overcrowding. |
| धक्का | पु. | 1. किसीको धकेलने या आगे बढ़ाने के लिए उसके पीछे की ओर से डाला जानेवाला दबाव या क्रिया जानेवाला आघात; | ಹಿಂದಿನಿಂದ ತಳ್ಳುವಿಕೆ | हिंदिनिंद तळ्ळुविके | shove, push; |
| | | 2. शोक या दुःख का आघात, मानसिक आघात; | ದುಃಖದಿಂದ ಮನಸ್ಸಿನ ಮೇಲೆ ಆದ ಆಘಾತ; | दुःखदिंद मनस्सिन मेले आद आघात; | shock; |
| | | 3. सहसा या वेगपूर्वक लगनेवाला आघात, झटका, टक्कर; | ಡಿಕ್ಕಿ ಹೊಡೆಯುವಿಕೆ; | डिक्कि हॊडॆयुविके; | jog, jolt, |
| | | 4. हानि, क्षति; | ಹಾನಿ, ನಷ್ಟ; | हानि, नष्ट; | loss (in trade), damage; |
| | | 5. किसी को दुर्दशाग्रस्त करनेवाला कोई कार्य। | ದುರ್ದಶೆಗೀಡು ಮಾಡುವ ಕಾರ್ಯ | दुर्दशॆगीडु माडुव कार्य | setback. |
| धक्का-मुक्की | स्त्री. | अधिक भीड़ के कारण लगनेवाले धक्के आदि, रेलपेल। | ನುಗ್ಗಾಟ, ತಳ್ಳಾಟ, ನೂಕು ನುಗ್ಗಲು | नुग्गाट, तळ्ळाट, नूकु नुग्गलु | jostling, shoving and pushing, hustling. |
| धज्जी | स्त्री. | कपड़े, कागज, धातु लकड़ी आदि का वह पतला लंबा टुकड़ा या पट्टी, जो उन्हें काटने, चीरने, फाड़ने आदि पर निकलती है। | ಹರುಕು ಮುರುಕು ಚೂರುಗಳು, ಚಿಂದಿ | हरकु मुरुकु चूरुगळु, चिंदि | a slip (of cloth or paper), strip, shred, rag, tatter. |
| धड़ | पु. | 1. शरीर का वह बीचवाला भाग, जिसके अन्तर्गत छाती, पीठ और पेट हैं; | ಮುಂಡ; | मुंड; | trunk (of the body), the body; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. तना; | ಮರದ ಕಾಂಡ; | मरद कांड; | stem, trunk (of the tree); |
| | | 3. किसी चीज के जोर से गिरने का शब्द, धड़ाम। | 'ಧಡ್' ಎಂದು ಬಿದ್ದ ಶಬ್ದ | 'धड्' एंदु बिद्द शब्द | thud. |
| धड़क | स्त्री. | हृदय की गति बहुत तीव्र होने पर उसका तीव्र और स्पष्ट स्पन्दन। | ಹೃದಯದ ತೀವ್ರವಾದ ಮಿಡಿತ, ಸ್ಪಂದನ | हृदयद तीव्रवाद मिडित, स्पंदन | throbbing, palpitating, palpitation. |
| धड़कना | अ. क्रि. | हृदय का तीव्र स्पन्दन करना। | ವೇಗ ಹೃದಯವಾಗಿ ಸ್ಪಂದಿಸು | वेगवागि हृदय स्पंदिसु | to throb, to palpitate. |
| धड़का | पु. | 1. दिल की धड़कन, या उससे उत्पन्न शब्द; | ಹೃದಯ ಸ್ಪಂದನ ಶಬ್ದ; | हृदय स्पंदन शब्द; | thrust, palpitation; |
| | | 2. आशंका, भय, खटका। | ಹೆದರಿಕೆ, ಭಯ | हॆदरिकॆ, भय | apprehension, doubt. |
| धड़काना | स. क्रि. | 1. आशंका या खटका उत्पन्न करके किसी को दहलाना, डराना; | ಹದರಿಸು; | हॆदरिसु; | to frighten, alarm, terrify; |
| | | 2. किसी के दिल में धड़क पैदा करना। | ಹೃದಯ ಮಿಡಿಸು | हृदय मिडिसु | to cause to beat or palpitate. |
| धड़ल्ला | पु. | 1. निर्भीकता और उत्साह; | ನಿರ್ಭಯತೆ ಮತ್ತು ಉತ್ಸಾಹ; | निर्भयतॆ मत्तु उत्साह; | fearlessness and enthusiasm; |
| | | 2. तेजी। | ವೇಗ | वेग | swiftness, quickness. |
| धड़ल्ले से | क्रि. वि. | 1. निर्भीकतापूर्वक; 2. बिना झिझक के। | ನಿರ್ಭಯವಾಗಿ; ನಿಸ್ಸಂಕೋಚವಾಗಿ | निर्भयवागि; निस्संकोचवागि | fearlessly; without hesitation or hitch. |
| धड़ल्ले का | वि. | 1. निर्भीक, दबंग; | ಹೆದರದ; | हॆदरद; | fearless, overbearing; |
| | | 2. उत्साही, जोशीला। | ಉತ್ಸಾಹಿ | उत्साहि | zealous, ardent. |
| | क्रि. वि. | तेजी से। | ವೇಗದಿಂದ | वेगदिंद | swiftly, quickly |
| धड़ा | पु. | 1. पासंग; | ಸಮತೂಕ, ಪ್ರತಿಭಾರ, ಮಾರ್ತೂಕ; | समतूक, प्रतिभार, मार्तूक; | counter-balance, counter-balancing weight; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. आधान या पात्र का वजन, माल का वजन करते समय आधान के वजन के लिए दी गई छूट; | ಸಾಮಾನನ್ನು ತೂಗುವಾಗ ಪಾತ್ರೆಯ ತೂಕಕ್ಕೆ ಹಾಕಿದ ಬಟ್ಟು; | सामानन्नु तूगुवाग पात्रय तूकक्कं हाकिद बट्टु; | tare; |
| | | 3. पांच या चार सेर की एक तौल; | ಐದು ಅಥವಾ ನಾಲ್ಕು ಸೇರಿನ ತೂಕ; | ऐदु अथवा नाल्कु सेरिन तूक; | weight of five or four seers; |
| | | 4. दल। | ದಳ, ಪಡೆ | दळ, पडं | faction, block, bloc. |
| **धड़ाका** | पु. | 'धड़' से होने वाला जोर का शब्द या धमाका। | ಮೇಲಿಂದ 'ಧಡ' ಎಂದು ಬೀಳುವ ಶಬ್ದ | मेलिंद "धड्" एंदु बीळुव शब्द | explosion, crash, peal, a loud report. |
| **धड़ाधड़** | क्रि. वि. | 1. जल्दी-जल्दी और बराबर, लगातार; | ಬೇಗ-ಬೇಗನೆ, ನಿರಂತರವಾಗಿ; | बेग-बेगनं, निरंतरवागि; | one after another, in a quick succession, incessantly; |
| | | 2. धड़-धड़ शब्द करते हुए, तेजी से। | ಧಡ-ಧಡ ಎಂದು ಶಬ್ದ ಮಾಡುತ್ತಾ, ವೇಗದಿಂದ | धड-धड एंदु शब्द माडुत्ता, वेगदिंद | with the quick succession of rattling sounds, quickly with loud report, with a crash. |
| **धड़ाम** | पु. | ऊंचाई से वेगपूर्वक नीचे गिरने का शब्द, धड़ या धम शब्द। | ಮೇಲಿಂದ ವೇಗವಾಗಿ ಧಡ್ ಎಂದು ಬಿದ್ದ ಶಬ್ದ | मेलिंद वेगवागि धड् एंदु बिद्द शब्द | crash, thud. |
| **धड़ी** | स्त्री. | 1. पांच या चार सेर की एक पुरानी तोल, धड़ा, | ಐದು ಅಥವಾ ನಾಲ್ಕು ಸೇರಿನ ಹಳೆಯ ಕಾಲದ ತೂಕದ ಬಟ್ಟು; | ऐदु अथवा नाल्कु सेरिन हळय कालद तूकद बट्टु; | weight of five or four seers; |
| | | 2. राशि, ढेर। | ರಾಶಿ, ಗುಡ್ಡೆ | राशि, गुड्डं | quantity, large weight made up. |
| **धता** | पु. | चलता करना, दूर | ದೂರ ಮಾಡುವಿಕೆ, ತಳ್ಳಿ ಹಾಕುವಿಕೆ | दूर माडुविकं, तळ्ळि हाकुविकं | act of driving away, putting off, evasion. |
| **धतूरा** | पु. | दो-तीन हाथ ऊंचा एक पौधा और उसके फल जिसके बीज बहुत विषैले होते हैं। | ಧತ್ತೂರಿ ಗಿಡ | धतूरि गिड | thorn-apple (a powerful narcotic). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| धधक | स्त्री. | 1. धधकने या आग की लपट ऊपर उठने की क्रिया या भाव; | ಧಗಧಗ ಬೆಂಕಿ ಉರಿಯುವಿಕೆ; | धगधग बेंकि उरियुविकॆ; | blaze, flare up; |
| | | 2. आँच, ताप। | ಉರಿಯ ತಾಪ | उरिय ताप | heat of flame. |
| धधकना | अ. क्रि. | आग का लपटें छोड़ते तथा शब्द करते हुए जलना, दहकना, भड़कना। | ಧಗಧಗಿಸಿ ಬೆಂಕಿ ಉರಿ | धगधगिसि बेंकि उरि | to burn fiercely, to blaze, to flare. |
| धधकाना | स. क्रि. | ऐसी क्रिया करना जिससे आग धधकने लगे। | ಧಗಧಗಿಸುವಂತೆ ಬೆಂಕಿಉರಿಸು | धगधगिसुवंते बेंकि उरिसु | to cause to blaze, flare up. |
| धन | पु. | 1. संपत्ति, रुपया, पैसा आदि; | ಹಣ; | हण; | property, wealth, money; |
| | | 2. पूंजी; | ಮೂಲಧನ; | मूलधन; | capital; |
| | | 3. परम प्रिय या मूल्यवान् पदार्थ या व्यक्ति; | ಬಹುಮೂಲ್ಯವಾದ ಪ್ರಿಯ ವಸ್ತು ಅಥವಾ ವ್ಯಕ್ತಿ; | बहुमूल्यवाद प्रिय वस्तु अथवा व्यक्ति; | any valued possession, an object of affection or endearment, valuable articles; |
| | | 4. (गणित में) जोड़ी जानेवाली संख्या या मात्रा और उसका चिह्न; | (ಗಣಿತ) ಕೂಡುವ ಚಿಹ್ನೆ, ಪ್ಲಸ್; | (गणित) कूडुव चिह्नॆ, प्लस्; | (in Math.) the affirmative number or quantity and its mark, plus; |
| | | 5. धनिष्ठा नामक नक्षत्र। | ಧನಿಷ್ಠಾ ನಕ್ಷತ್ರ | धनिष्ठा नक्षत्र | the lunar mansion called 'धनिष्ठा'। |
| | वि. | जो विशिष्ट गुण, तत्व, तथ्य या वस्तु की सत्ता से युक्त हो, धनात्मक, ऋण का विपर्याय। | ಸ್ವೀಕೃತಿ ಸೂಚಕವಾದ (ಚಿಹ್ನೆ, ಸೂಚನೆ) | स्वीकृति सूचकवाद (चिह्नॆ, सूचनॆ) | positive. |
| धनतेरस | स्त्री. | कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी। इस दिन धन की प्राप्ति के लिए लक्ष्मी का पूजन करने का विधान है। | ಕಾರ್ತಿಕ ಬಹುಳ ತ್ರಯೋದಶಿ | कार्तिक बहुळ त्रयोदशि | the thirteenth day of the waning moon of the month of Kartik when the Hindus worship Lakshmi. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| धनधान्य | पु. | धन और अन्न आदि, समृद्धि, वैभव। | ಸಮೃದ್ಧಿ | समृद्धि | money and grain, all-round prosperity. |
| धनवान् | वि. | जिसके पास बहुत धन हो, धनी। | ಹಣವಂತ, ಧನಿಕ | हणवंत, धनिक | rich, wealthy. |
| धनहीन | वि. | जिसके पास धन न हो, निर्धन। | ಹಣವಿಲ್ಲದ, ನಿರ್ಧನ, ಬಡವ | हणविल्लद, निर्धन, बडव | deprived of wealth, indigent. |
| धनाढ्य | वि. | धनवान्। | ಧನಿಕ | धनिक | opulent, rich, wealthy. |
| धनादेश | पु. | 1. किसी अन्य स्थान पर रहने वाले व्यक्ति को डाकखाने के द्वारा भेजा जाने वाला धन; | ಮನಿಯಾರ್ಡರ್; | मनियार्डर्; | money-order; |
| | | 2. एक बैंक द्वारा अपनी ही शाखा के दूसरे बैंक से रुपया निकालने के लिए दिया गया लिखित आदेश। | ಬ್ಯಾಂಕ್ ಡ್ರಾಫ್ಟ್, | ब्यांक् ड्राफ्ट्, | a draft (issued by a bank). |
| धनिक | वि. | जिसके पास धन हो, धनी। | ಹಣಗಾರ | हणगार | rich, wealthy. |
| | पु. | 1. धनवान् व्यक्ति, अमीर; | ಹಣವಂತ, ಸಾಹುಕಾರ; | हणवंत, साहुकार; | rich or wealthy man |
| | | 2. महाजन। | ಲೇವಾದೇವಿ ಮಾಡುವವ | लेवादेवी माडुवव | money-lender, creditor. |
| धनिया | पु. | एक छोटा पौधा और उसके सुगंधित बीज या फल जो मसाले के काम में आते हैं। | ಕೊತ್ತುಂಬರಿ ಬೀಜ | कोत्तुंबरि बीज | coriander seed. |
| धनी | वि. पु. | 1. धनवान, मालदार; | ಧನಿಕ, ಆಸ್ತಿವಂತ; | धनिक, आस्तिवंत; | rich, opulent, wealthy; |
| | | 2. किसी प्रकार के गुण, कौशल आदि में श्रेष्ठ, सक्षम, समर्थ। | ಗುಣ, ಕೌಶಲ್ಯ ವಿದ್ಯೆ ಮುಂತಾದವು ಗಳಲ್ಲಿ ಸಮರ್ಥ, ಶ್ರೇಷ್ಠ | गुण, कौशल्य विद्ये मुंताद – वुगळल्लि समर्थ, श्रेष्ठ | efficient effective, competent (man). |
| धनुर्धर | पु. | 1. धनुष धारण करनेवाला (व्यक्ति); | ಧನುರ್ಧಾರಿ; | धनुर्धारि; | bearing a bow, armed with a bow; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. वह व्यक्ति जो धनुर्विद्या जानता हो, तीरंदाज, कमनैत। | ಬಿಲ್ಲುಗಾರಿಕೆಯನ್ನು ಬಲ್ಲವ | बिल्लुगारिकॆ-यन्नु बल्लव | archer, bowman. |
| **धनुर्विद्या** | स्त्री. | धनुष चलाने की विद्या, तीरंदाजी। | ಧನುರ್ವಿದ್ಯೆ | धनुर्विद्यॆ | art and science of archery. |
| **धनुष** | पु. | फलदार तीर फेंकने का वह अस्त्र जो बाँस या लचीले लोहे को झुकाकर उसके दोनों छोरों के बीच डोरी बाँधकर बनाया जाता है, कमान। | ಧನುಸ್ಸು, ಬಿಲ್ಲು | धनुस्सु, बिल्लु | bow, arch. |
| **धन्नासेठ** | पु. | बहुत बड़ा धनवान् व्यक्ति (परिहास और व्यंग्य)। | (ವ್ಯಂಗ್ಯ) ಭಾರಿ ಹಣವಂತ | (व्यंग्य) भारि हणवंत | opulent and affluent man, money-proud man. |
| **धन्य** | वि. | कृतार्थ, भाग्यशाली। | ಕೃತಾರ್ಥ | कृतार्थ | blessed, fortunate, lucky, happy. |
| | अव्य. | प्रशंसा या बड़ाई के योग्य, साधुवाद देने के लिए बोला जाने वाला शब्द। | ಪ್ರಶಂಸಾರ್ಹತೆಯ ಸೂಚಕ ಶಬ್ದ 'ಧನ್ಯ' | प्रशंसार्हतॆय सूचक शब्द "धन्य" | 'well done' 'bravo'! how fortunate! what happiness! blessing (on you). |
| **धन्यवाद** | पु. | किसी उपकार या अनुग्रह के बदले में कहा जाने वाला कृतज्ञतासूचक शब्द, शुक्रिया। | ವಂದನೆ, ಧನ್ಯವಾದ | वंदनॆ, धन्यवाद | expression of gratitude, (thanksgiving), thanks. |
| **धब्बा** | पु. | 1. दाग; | ಕಲೆ; | कलॆ; | coloured mark or patch, stain, blot. |
| | | 2. कलंक। | ಕಳಂಕ | कळंक | stigma, slur, blemish. |
| **धमक** | स्त्री. | 1. किसी भारी चीज के जमीन पर चलने या गिरने के कारण होनेवाला 'धम' शब्द जिससे जमीन में एक कंपन होता है; | ಯಾವುದಾದರೊಂದು ಭಾರಿ ಪದಾರ್ಥ ನೆಲದ ಮೇಲೆ ಬಿದ್ದಾಗ 'ಧಮ್' ಎಂದು ಆಗುವ ಶಬ್ದ ಹಾಗೂ ಕಂಪನ; | यावुदादरॊंदु भारि पदार्थ नॆलद मेलॆ बिद्दाग 'धम्' ऎंदु आगुव शब्द हागू कंपन; | vibrations caused by the fall, impact or movement of a heavy object on a surface, thumping sound, stamping |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. रोग आदि के कारण शरीर के किसी अंग में होने वाला कष्टदायक संवेदन। | ಅಸ್ವಸ್ಥತೆಯ ಕಾರಣ ಶರೀರಾಂಗ-ಗಳಲ್ಲಿ ಆಗುವ ನೋವು | अस्वस्थतॆय कारण शरीरांगगळल्लि आगुव नोवु | throbbing (of head etc. due to fever etc.), shooting pain. |
| धमकना | अ. क्रि. | 1. गिरने आदि के कारण 'धम' शब्द होना; | 'ಧಮ್' ಎಂದು ಶಬ್ದವಾಗು; | "धम्" ऍंदु शब्दवागु; | to fall with a thud ; |
| | | 2. उक्त प्रकार के शब्द के कारण कुछ-कुछ काँपना या हिलना; | ಧೊಪ್ಪನೆ ಬಿದ್ದು ಕಂಪಿಸು; | धॊप्पनॆ बिद्दु कंपिसु; | to quiver; |
